श्रीहरिः

भगवत्कृपा-अङ्क'की विषय-सूची

चरित्र

चित्र-सूची

बहुरंगे चित्र

दोरंगा चित्र

रेखा-चित्र

कृपासिन्धु भगवान् श्रीकृष्ण

यस्य श्रीकरुणार्णवस्य करुणालेशेन बालो ध्रुवः स्वेष्टं प्राप्य समार्यधाम समगाद्रङ्कोऽप्यविन्दच्छ्रियम्
याता मुक्तिमजामिलादिपतिताः शैलोऽपि पूज्योऽभवत् तं श्रीमाधवमाश्रितेष्टदमहं नित्यं शरण्यं भजे

वर्ष ५० } गोरखपुर, सौर माघ, श्रीकृष्ण-संवत् ५२०१, जनवरी १९७६ { संख्या १
पूर्ण संख्या ५९०

कृपासिन्धुकी चरण-वन्दना

चरण-कमल बंदौं हरि-राइ ।
जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै, अंधे कौं सब कछु दरसाइ ॥
बहिरौ सुनै, गूँग पुनि बोलै, रंक चलै सिर छत्र धराइ ।
सूरदास स्वामी करुनामय, बार-बार बंदौं तिहिं पाइ ॥
(सूरसागर १)

वेदोंमें भगवत्कृपा

उदु तिष्ठ स्वध्वर स्तवानो देव्या कृपा।
अभिख्या भासा बृहता शुशुक्वनिः॥ (ऋग्वेद ८। २३। ५)

मार्गदर्शक प्रभो! (भक्तोंकी रक्षाके निमित्त) आप सदा उत्थित (तत्पर) ही रहें। आप सुप्रसिद्ध, प्रकाशमान, दिव्य एवं महती कृपासे देदीप्यमान होते हैं अर्थात् स्तुतिसे प्रसन्न होकर निःसीम कृपालु होनेके कारण निजजनोंकी रक्षा-हेतु सदा प्रस्तुत रहते हैं।

त्वं विश्वस्य धनदा असि श्रुतो य ईं भवन्त्याजयः।
तवायं विश्वः पुरुहूत पार्थिवोऽवस्युर्नाम भिक्षते॥ (ऋग्वेद ७। ३२। १७)

हे प्रभो! सबके धन-प्रदाता एकमात्र आप ही हैं। जो भी आन्तर और बाह्य संघर्ष होते हैं, उनमें (विजेता-रूपमें) आपका ही यश सुना जाता है। हे बहुप्रार्थित परमात्मन्! समस्त प्राणी आपके हैं और यह प्रसिद्ध है कि अपनी रक्षाके लिये मानव आपसे ही याचना करते हैं।

दृते दृंह मा मित्रस्य मा चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ताम्। मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे। मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे। (यजुर्वेद ३६। १८)

अज्ञाननाशक प्रभो! (आपकी कृपासे) सब प्राणी मुझे मित्रकी दृष्टिसे देखें, मैं भी समस्त प्राणियोंको मित्रकी दृष्टिसे देखूँ। हम सब परस्पर मित्रकी दृष्टिसे देखें।

तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत्। पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतं शृणुयाम शरदः शतं प्र ब्रवाम शरदः शतमदीनाः स्याम शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात्। (यजुर्वेद ३६। २४)

देवताओंके हितचिन्तक तथा पापोंसे सर्वथा असंस्पृष्ट जो प्रभु आदित्यरूपसे पूर्व-दिशामें प्रत्यक्ष उदय होते हैं, (उनकी कृपासे) हम सौ वर्षोंतक जीवित रहें, सौ वर्षोंतक देखते रहें, सौ वर्षोंतक सुनते रहें, सौ वर्षोंतक बोलते रहें, सौ वर्षोंतक दीनतारहित रहें, सौ वर्षोंके बाद भी पुनः 'शरदः शतम्'की आवृत्ति होती रहे।

अभयं नः करत्यन्तरिक्षमभयं द्यावापृथिवी उभे इमे।
अभयं पश्चादभयं पुरस्तादुत्तरादधरादभयं नो अस्तु॥ (अथर्ववेद १९। १५। ५)

प्रभो! हमें अन्तरिक्षलोकसे अभय करें, द्युलोक एवं पृथ्वीलोक—इन दोनोंसे अभय करें। (आपकी कृपासे) हमें आगे, पीछे, ऊपर, नीचे—चारों ओरसे अभय प्राप्त हो।

अभयं मित्रादभयममित्रादभयं ज्ञातादभयं पुरो यः।
अभयं नक्तमभयं दिवा नः सर्वा आशा मम मित्रं भवन्तु॥ (अथर्ववेद १९। १५। ६)

हम मित्रसे अभय हों, शत्रुसे भी अभय हों, ज्ञात और अज्ञात—दोनोंसे अभय प्राप्त हों! रात्रि और दिवस अभयप्रद हों। समस्त दिशाएँ मेरी मित्र हों।

विश्वतोदावन्विश्वतो न आ भर यं त्वा शविष्ठमीमहे। (सामवेद ४३७)

दाता प्रभो! हम जिस अति बलिष्ठ (आप)की याचना करते हैं, वे (आप) सब प्रकारसे हमारी चारों ओरसे रक्षा करें।

इन्द्रस्य बाहू स्थविरौ युवानावनाधृष्यौ सुप्रतीकावसह्यौ।
तौ युञ्जीत प्रथमौ योग आगते याभ्यां जितमसुराणां सहो महत्॥ (सामवेद १८६९)

परमात्माके विचार और उत्साह अथवा व्यवसाय और अध्यवसायरूप दो सुन्दर भुजाएँ हैं, जो अति प्राचीन, नित्य नवीन, अधृष्य एवं बलिष्ठ हैं, जिनसे अनेक बार बाह्य एवं आभ्यन्तर शत्रुओंके महान् बलको पराजित किया गया है; प्रभु अपने भक्तोंकी रक्षाके लिये अवसर आनेपर उन सर्वोत्कृष्ट भुजाओंका उपयोग करते हैं।

उपनिषदोंमें भगवत्कृपा-दर्शन

नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन।
यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूꣳस्वाम्॥

(कठोपनिषद् १ । २ । २३)

ये परब्रह्म परमात्मा न तो प्रवचनसे, न बुद्धिसे, न बहुत सुननेसे ही प्राप्त हो सकते हैं, जिसको ये (कृपापूर्वक) स्वीकार कर लेते हैं, उसके द्वारा ही प्राप्त किये जा सकते हैं। ये परमात्मा उसके लिये अपने यथार्थ स्वरूपको प्रकट कर देते हैं।

अणोरणीयान्महतो महीयानात्मा गुहायां निहितोऽस्य जन्तोः।
तमक्रतुं पश्यति वीतशोको धातुः प्रसादान्महिमानमीशम्॥

(श्वेताश्वतरोपनिषद् ३ । २०)

वे सूक्ष्मसे भी सूक्ष्म, महान्से भी महान् परमात्मा इस जीवकी हृदयरूपा गुफामें छिपे हुए हैं। सबकी रचना करनेवाले परमेश्वरकी कृपासे उन संकल्परहित परमेश्वरको, उनकी महिमाको जो देख लेता है, वह सब प्रकारके दुःखोंसे रहित हो जाता है।

स एव काले भुवनस्य गोप्ता विश्वाधिपः सर्वभूतेषु गूढः।
यस्मिन् युक्ता ब्रह्मर्षयो देवताश्च तमेवं ज्ञात्वा मृत्युपाशांश्छिनत्ति॥

(श्वेताश्वतरोपनिषद् ४ । १५)

वे (परमदेव परमेश्वर) ही समयपर समस्त ब्रह्माण्डोंकी रक्षा करनेवाले तथा समस्त जगत्‌के अधिपति एवं समस्त प्राणियोंमें छिपे हुए हैं; जिनमें वेदज्ञ महर्षिगण और देवतालोग भी ध्यानद्वारा संलग्न हैं, उन परमदेव परमेश्वरको इस प्रकार जानकर मनुष्य मृत्युके बन्धनोंको काट डालता है।

एको वशी निष्क्रियाणां बहूनामेकं बीजं बहुधा यः करोति।
तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति धीरास्तेषां सुखं शाश्वतं नेतरेषाम्॥

(श्वेताश्वतरोपनिषद् ६ । १२)

जो अकेले ही बहुत-से अक्रिय जीवोंके शासक हैं और एक प्रकृतिरूप बीजको अनेक रूपोंमें परिणत कर देते हैं, उन हृदयस्थित परमेश्वरको जो धीर पुरुष निरन्तर देखते रहते हैं, उन्हींको सदा रहनेवाला परमानन्द प्राप्त होता है, दूसरोंको नहीं।

पूषन्नेकर्षे यम सूर्य प्राजापत्य व्यूह रश्मीन् समूह।
तेजो यत्ते रूपं कल्याणतमं तत्ते पश्यामि योऽसावसौ पुरुषः सोऽहमस्मि॥

(ईशावास्योपनिषद् १६)

हे भक्तोंका पोषण करनेवाले! हे मुख्य ज्ञानस्वरूप! हे सबके नियन्ता! हे भक्तोंके परम लक्ष्यरूप! हे प्रजापतिके प्रिय! इन रश्मियोंको एकत्र कीजिये या हटा लीजिये। इस तेजको समेट लीजिये या अपने तेजमें मिला लीजिये, जो आपका अतिशय कल्याणमय दिव्य स्वरूप है। आपके उस दिव्य स्वरूपको मैं आपकी कृपासे ध्यानके द्वारा देख रहा हूँ। वह जो सूर्यका आत्मा है, वह परम पुरुष आपका ही स्वरूप है, मैं भी वही हूँ।

आर्तत्राणपरायणनारायणाष्टदशकस्तोत्र

(अनुवादक—पं० श्रीरामाधारजी शुक्ल, शास्त्री, साहित्यकेसरी)

प्रह्लाद प्रभुरस्ति चेत्तव हरिः सर्वत्र मे दर्शय स्तम्भे चैनमिति ब्रुवन्तमसुरं तत्राविरासीद्धरिः ।
वक्षस्तस्य विदारयन्निजनखैर्वात्सल्यमावेदयन्नार्तत्राणपरायणः स भगवान् नारायणो मे गतिः ॥ १ ॥

'प्रह्लाद ! यदि तेरा स्वामी हरि सर्वत्र है तो तू उसे इस खंभेमें मुझे दिखा ।' दैत्यराज हिरण्यकशिपुके ऐसा कहते ही श्रीहरि वहाँ आविर्भूत हो गये और (प्रह्लादपर) स्नेह प्रदर्शित करते हुए उन्होंने हिरण्यकशिपुके वक्षःस्थलको अपने नखोंसे विदीर्ण कर दिया । इस प्रकार आर्तजनोंकी रक्षामें तत्पर रहनेवाले वे भगवान् नारायण मेरी गति हैं ।

श्रीरामात्र विभीषणोऽयमधुना त्वार्तो भयादागतः सुग्रीवानय पालयेऽहमधुना पौलस्त्यमेवागतम् ।
एवं योऽभयमस्य सर्वविदितं लङ्काधिपत्यं ददावार्तत्राणपरायणः स भगवान् नारायणो मे गतिः ॥ २ ॥

(सुग्रीवने कहा—) 'श्रीराम ! यह आर्त विभीषण अभी-अभी भयभीत होकर (शरणमें) आया है, आप इसकी रक्षा कीजिये ।' (तब श्रीराम बोले—) 'सुग्रीव ! उसे शीघ्र ले आओ, मैं इस समय उस शरणागत पुलस्त्यनन्दन विभीषणकी रक्षा अवश्य करूँगा ।' इस प्रकार जिन्होंने विभीषणको अभयदान तथा सर्वविदित लंकाका आधिपत्य प्रदान किया, वे आर्तजनरक्षक भगवान् नारायण मेरी गति हैं ।

नक्रग्रस्तपदं समुद्यतकरं ब्रह्मेश देवेश मां पाहीति प्रचुरार्तरावकरिणं देवेश शक्तीश च ।
मा शोचेति ररक्ष नक्रवदनाच्चक्रश्रिया तत्क्षणादार्तत्राणपरायणः स भगवान् नारायणो मे गतिः ॥ ३ ॥

ग्राहद्वारा पैर पकड़ लिये जानेपर जो अपनी सूँड़को ऊपर उठाकर 'ब्रह्मेश ! देवेश ! देवाधिदेव ! शक्तीश ! मेरी रक्षा कीजिये ।' यों उच्चस्वरसे आर्तनाद कर रहा था, उस गजेन्द्रकी उसी क्षण 'मा शोच—शोक मत कर'—यों कहते हुए जिन्होंने सुदर्शन चक्रद्वारा ग्राहके मुखसे छुड़ाकर रक्षा की, वे आर्तजनरक्षक भगवान् नारायण मेरी गति हैं ।

हा कृष्णाच्युत हा कृपाजलनिधे हा पाण्डवानां सखे क्वासि क्वासि सुयोधनादवगतां हा रक्ष मां द्रौपदीम् ।
इत्युक्तोऽक्षयवस्त्ररक्षिततनुं योऽरक्षदापद्गणादार्तत्राणपरायणः स भगवान् नारायणो मे गतिः ॥ ४ ॥

'हा कृष्ण ! हा अच्युत ! हा कृपाजलनिधे ! हा पाण्डु-पुत्रोंके सुहृद् ! आप कहाँ हैं ? आप कहाँ हैं ? सुयोधनद्वारा अपमानित की जाती हुई मुझ द्रौपदीकी रक्षा कीजिये ।' इस प्रकार पुकारे जानेपर जिन्होंने अक्षय वस्त्रद्वारा शरीरको सुरक्षित करते हुए आपत्तिसमूहसे द्रौपदीकी रक्षा की, वे आर्तजनरक्षक भगवान् नारायण मेरी गति हैं ।

यत्पादाब्जनखोदकं त्रिजगतां पापौघविध्वंसनं यन्नामामृतपूरणं च पिबतां संतापसंहारकम् ।
पाषाणश्च यदङ्घ्रितो निजवधूरूपं मुनेराप्तवानार्तत्राणपरायणः स भगवान् नारायणो मे गतिः ॥ ५ ॥

जिनके चरणकमलके नखोंका धोवन-जल त्रिलोकीके पापसमूहका विध्वंसक है, जिनका नाम अमृतसे भरपूर एवं उसका पान करनेवालोंके संतापका विनाशक है और जिनके चरणस्पर्शसे मुनि-पत्नी अहल्या पाषाणरूपको त्यागकर अपने मानव-रूपको प्राप्त हो गयी, वे आर्तजनरक्षक भगवान् नारायण मेरी गति हैं ।

यन्नामश्रुतिमात्रतोऽपरिमितं संसारवारांनिधिं त्यक्त्वा गच्छति दुर्जनोऽपि परमं विष्णोः पदं शाश्वतम् ।
तन्नैवाद्भुतकारणं त्रिजगतां नाथस्य दासोऽस्म्यहमार्तत्राणपरायणः स भगवान् नारायणो मे गतिः ॥ ६ ॥

जिनके नाम-श्रवणमात्रसे दुर्जन भी अपार संसारसागरको पार करके भगवान् विष्णुके अविनाशी परमपदको यदि प्राप्त हो जाता है तो यह कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है । (जब दुर्जनकी यह दशा है, तब मेरे लिये तो कहना ही क्या है; क्योंकि) मैं तो त्रिलोकीनाथका दास हूँ । ऐसे आर्तजनरक्षक भगवान् नारायण मेरी गति हैं ।

पित्रा भ्रातरमुत्तमाङ्कगमितं भक्तोत्तमं यो ध्रुवं दृष्ट्वा तत्सममारुरुक्षुमुदितं मात्रावमानं गतम् ।
योऽदात्तं शरणागतं तु तपसा हेमाद्रिसिंहासनं ह्यार्तत्राणपरायणः स भगवान् नारायणो मे गतिः ॥ ७ ॥

अपने भ्राता उत्तमको पिताद्वारा अपनी गोदमें बैठाया हुआ देखकर ध्रुवने भी उसीके समान प्रसन्न होकर गोदमें चढ़नेकी इच्छा की, किंतु विमाता सुरुचिने उन्हें तिरस्कारपूर्वक झिड़क दिया, तब ध्रुव तपस्या करके भगवान्‌के शरणागत हुए । इसके फलस्वरूप भक्तश्रेष्ठ ध्रुवको जिन्होंने स्वर्णसिंहासन प्रदान किया, वे आर्तजनरक्षक भगवान् नारायण मेरी गति हैं ।

नाथेति श्रुतयो न तत्त्वमतयो घोषस्थिता गोपिका जारिण्यः कुलजातिधर्मविमुखा अध्यात्मभावं ययुः ।
भक्तिर्यस्य ददाति मुक्तिमतुलां जारस्य यः सद्गतिर्ह्यार्तत्राणपरायणः स भगवान् नारायणो मे गतिः ॥ ८ ॥

व्रजके घोषोंमें रहनेवाली गोपिकाएँ न तो श्रुतिकी जानकार थीं; न उन्हें तत्त्वका ही ज्ञान था; अपितु वे कुल और जातिके धर्मसे विमुख जारिणी थीं; फिर भी (भगवद्गतमानसा होनेके कारण) वे अध्यात्मभावको प्राप्त हुईं । इस प्रकार जिनकी भक्ति अतुलनीय मोक्ष प्रदान करती है तथा जो जारकी भी सद्गति हैं, वे आर्तजनरक्षक भगवान् नारायण मेरी गति हैं ।

क्षुत्तृष्णार्तसहस्रशिष्यसहितं दुर्वाससं क्षोभितं द्रौपद्या भयभक्तियुक्तमनसा शाकं स्वहस्तार्पितम् ।
भुक्त्वातर्पयदात्मवृत्तिमखिलामावेदयन् यः पुमानार्तत्राणपरायणः स भगवान् नारायणो मे गतिः ॥ ९ ॥

जिन महापुरुषने द्रौपदीद्वारा भय और भक्तियुक्त मनसे अपने हाथसे दिये गये शाक-पत्रका भोग लगाकर अखिल आत्मवृत्तिको प्रदर्शित करते हुए भूख और प्याससे व्याकुल अपने सहस्र शिष्योंसहित क्षुब्ध दुर्वासाको तृप्त कर दिया, वे आर्तजनरक्षक भगवान् नारायण मेरी गति हैं ।

येनारक्षि रघूत्तमेन जलधेस्तीरे दशास्यानुजस्त्वायातं शरणं रघूत्तम विभो रक्षातुरं मामिति ।
पौलस्त्येन निराकृतोऽथ सदसि भ्रात्रा च लङ्कापुरे ह्यार्तत्राणपरायणः स भगवान् नारायणो मे गतिः ॥ १० ॥

दशाननका छोटा भाई विभीषण लंकापुरीमें अपने ज्येष्ठ भ्राता पुलस्त्यनन्दन रावणद्वारा राजसभामें तिरस्कृत होकर समुद्रतटपर आया और 'सर्वव्यापक रघुश्रेष्ठ श्रीराम ! मुझ दुःखातुर शरणागतकी रक्षा कीजिये ।'—यों पुकार की, तब जिन रघुवंशशिरोमणिने उसकी रक्षा की, वे आर्तजनरक्षक भगवान् नारायण मेरी गति हैं ।

येनावाहि महाहवे वसुमती संवर्तकाले महालीलाक्रोडवपुर्धरेण हरिणा नारायणेन स्वयम् ।
यः पापिद्रुमसम्प्रवर्तमचिराद्धत्वा च योगात् प्रियामार्तत्राणपरायणः स भगवान् नारायणो मे गतिः ॥ ११ ॥

प्रलयकालमें लीलामय महान् सूकरका रूप धारण करनेवाले जो नारायण श्रीहरि स्वयं अपनी प्रिया पृथ्वीको धारण करनेके कारण सम्मुख उपस्थित कण्टकवृक्ष-सदृश हिरण्याक्षको उस महासमरमें शीघ्र ही मारकर पृथ्वीको अपने दंष्ट्राग्रपर धारण किये हुए जलके ऊपर आये, वे आर्तजनरक्षक भगवान् नारायण मेरी गति हैं ।

योद्धासौ भुवनत्रये मधुपतिर्भर्ता नराणां वले राधाया अकरोद्रते रतिमनःपूर्तिं सुरेन्द्रानुजः ।
यो वा रक्षति दीनपाण्डुतनयान्नाथेति भीतिं गतानार्तत्राणपरायणः स भगवान् नारायणो मे गतिः ॥ १२ ॥

जो बलमें त्रिलोकीमें सर्वप्रधान योद्धा, मधु-वंशके स्वामी, मनुष्योंका भरण-पोषण करनेवाले और देवराज इन्द्रके अनुज (उपेन्द्र) हैं, जिन्होंने सुरतकालमें राधाकी रतिविषयिणी कामनाकी पूर्ति की है, जो दीन-हीन पाण्डुपुत्रों तथा 'हे नाथ ! (रक्षा कीजिये)' इस प्रकार कहनेवाले भयभीत जनोंके रक्षक हैं, वे आर्तजनरक्षक भगवान् मेरी गति हैं ।

यः सांदीपनिदेशतश्च तनयं लोकान्तरात्संनतं चानीय प्रतिपाद्य पुत्रमरणादुज्जृम्भमाणार्तये ।
संतोषं जनयन्नमेयमहिमा पुत्रार्थसम्पादनादार्तत्राणपरायणः स भगवान् नारायणो मे गतिः ॥१३॥

जिन अप्रमेय महिमाशाली श्रीकृष्णने गुरु सांदीपनिके आदेशसे अन्य लोकमें गये हुए गुरु-पुत्रको लाकर पुत्र-मरणसे अत्यन्त दुःखी गुरुको प्रदान किया और इस प्रकार पुत्रानयनरूप प्रयोजनकी पूर्तिद्वारा गुरुको संतुष्ट किया, वे आर्तजन-रक्षक भगवान् नारायण मेरी गति हैं ।

यन्नामस्मरणादघौघसहितो विप्रः पुराजामिलः प्राणान्मुक्तिमशेषितामनु च यः पापौघदावातियुक् ।
सद्यो भागवतोत्तमात्मनि मतिं प्रापाम्बरीषाभिधश्चार्तत्राणपरायणः स भगवान् नारायणो मे गतिः ॥१४॥

प्राचीन कालमें पापसमूहसे युक्त अजामिल नामक ब्राह्मण पापसमुदायरूप दावानलसे घिरा हुआ था, उसके प्राण जिनके नाम-स्मरणसे सर्वथा मुक्त हो गये, तत्पश्चात् उसकी बुद्धि तुरंत उत्तम भागवतोंमें संलग्न हो गयी और वह अम्बरीषनामसे प्रसिद्ध हुआ, वे आर्तजनरक्षक भगवान् नारायण मेरी गति हैं ।

योऽरक्षद्वसनादिनित्यरहितं विप्रं कुचैलाभिधं दीनादीनचकोरपालनपरः श्रीशङ्खचक्रोज्ज्वलः ।
तज्जीर्णाम्बरमुष्टिमात्रपृथुकानादाय भुक्त्वा क्षणादार्तत्राणपरायणः स भगवान् नारायणो मे गतिः ॥१५॥

दीन-अदीन (धनी-गरीब)रूप चाकरों (स्वामिमुखी भक्तों)के पालनमें तत्पर तथा शङ्ख और चक्रकी-सी उज्ज्वल कीर्तिवाले जिन श्रीकृष्णने सदैव अच्छे वस्त्र आदिसे हीन एवं फटे-पुराने वस्त्रधारी सुदामा नामक ब्राह्मणकी उनके पुराने वस्त्रमें बँधे हुए चावल-कणोंकी मुट्ठीमात्र खाकर रक्षा की, वे आर्तजनरक्षक भगवान् नारायण मेरी गति हैं ।

यत्कल्याणगुणाभिराममममलं मन्त्राणि संशिक्षते यत्संशेतिपतिप्रतिष्ठितमिदं विश्वं वदत्यागमः ।
यो योगीन्द्रमनःसरोरुहतमःप्रध्वंसविद्भानुमानार्तत्राणपरायणः स भगवान् नारायणो मे गतिः ॥१६॥

मन्त्र जिनके परम सुन्दर एवं निर्मल कल्याणगुणोंकी शिक्षा देते हैं, आगम इस विश्वको जिनके द्वारा प्रतिष्ठित बतलाता है और जो योगीन्द्रोंके मनः-कमलके अन्धकारका प्रध्वंस करनेमें निपुण सूर्य हैं, वे आर्तजनरक्षक भगवान् नारायण मेरी गति हैं ।

कालिन्दीहृदयाभिरामपुलिने पुण्ये जगन्मङ्गले चन्द्राम्भोजवटे पुटे परिसरे धात्रा समाराधिते ।
श्रीरङ्गे भुजगेन्द्रभोगशयने शेते सदा यः पुमानार्तत्राणपरायणः स भगवान् नारायणो मे गतिः ॥१७॥

जो महापुरुष यमुनाजीके हृदयाभिराम, पावन और जगन्मङ्गल पुलिनमें, चन्द्राम्भोज नामक वटवृक्षके दोनेमें, ब्रह्माद्वारा भलीभाँति पूजित कालिन्दीके कछारमें और श्रीरंगमें शेषनागके फणोंकी शय्यापर सदा शयन करते हैं, वे आर्तजनरक्षक भगवान् नारायण मेरी गति हैं ।

वात्सल्यादभयप्रदानसमयादार्तार्तिनिर्वापणादौदार्यादघशोषणादगणितश्रेयःपदप्रापणात् ।
सेव्यः श्रीपतिरेव सर्वजगतामेते हि तत्साक्षिणः प्रह्लादश्च विभीषणश्च करिराट् पाञ्चाल्यहल्या ध्रुवः ॥१८॥

वात्सल्य, अभयदानकी प्रतिज्ञा, आर्त-दुःख-निवारण, उदारता, पापके विनाश और असंख्य कल्याण-पदोंकी प्राप्ति करानेके कारण सभी लोकोंके लिये लक्ष्मीपति नारायण ही सेव्य हैं । इस विषयमें प्रह्लाद, विभीषण, गजेन्द्र, द्रौपदी, अहल्या और ध्रुव—ये सभी साक्षी हैं ।

॥ इति श्रीमदाद्यशंकराचार्यविरचितमार्तत्राणपरायणनारायणाष्टादशकं सम्पूर्णम् ॥

श्रीपादरूपगोस्वामिविरचित श्रीकार्पण्यपञ्जिकास्तोत्र

(अनुवादक—गोलोकवासी श्रीचिम्मनलालजी गोस्वामी, एम्० ए०, शास्त्री)

तिष्ठन् वृन्दाटवीकुञ्जे विज्ञप्तिं विदधात्यसौ। वृन्दाटवीशयोः पादपद्मेषु कृपणो जनः॥

वृन्दाकाननके कुञ्जमें स्थित हुआ यह दीनजन वृन्दावनेश्वर श्रीकृष्ण तथा वृन्दावनेश्वरी श्रीराधाके चरणकमलोंमें इस प्रकार निवेदन करता है।

*　　*　　*　　*　　*

योग्यता मे न काचिद् वां कृपालाभाय यद्यपि। महाकृपालुमौलित्वात् तथापि कुरुतं कृपाम्॥
अयोग्ये सापराधेऽपि दृश्यन्ते कृपयाकुलाः। महाकृपालवो हन्त लोके लोकेशवन्दितौ॥
भक्तेर्वा करुणाहेतोर्लेशाभासोऽपि नास्ति मे। महालीलेश्वरतया तदप्यत्र प्रसीदतम्॥
जने दुष्टेऽप्यभक्तेऽपि प्रसीदन्तो विलोकिताः। महालीला महेशाश्च हा नाथौ बहवो भुवि॥
अधमोऽप्युत्तमं मत्वा स्वमज्ञोऽपि मनीषिणम्। शिष्टं दुष्टोऽप्ययं जन्तुर्मन्तुं व्यधित यद्यपि॥
तथाप्यस्मिन् कदाचिद् वामधीशौ नामजल्पिनि। अवद्यवृन्दनिस्तारिनामाभासौ प्रसीदतम्॥
यदक्षम्यं नु युवयोः सकृद् भक्तिलवादपि। तदागः क्वापि नास्त्येव कृत्वाशां प्रार्थये ततः॥

यद्यपि मुझमें आपकी कृपाको प्राप्त करनेकी कोई योग्यता नहीं है, फिर भी महाकृपालुओंके मुकुटमणि होनेके कारण आप दोनों इस दीनपर अवश्य कृपा करें। हे लोकपालोंके द्वारा वन्दित प्रिया-प्रियतम! बड़े ही हर्षकी बात है कि इस जगत्में ऐसे महान् कृपालु भी देखे जाते हैं, जो अयोग्य एवं अपराधी जनके प्रति भी दयासे कातर हो जाते हैं (फिर आप तो उन सबके शिरोमणि ही ठहरे)। मैं जानता हूँ कि भक्ति ही आपके हृदयमें करुणाका संचार करती है, किंतु मुझ दीनमें भक्तिके लेशका आभास भी नहीं है। फिर भी आप दोनों बड़े ही लीलामय एवं सर्वसमर्थ हैं, अतः इस जनपर अवश्य प्रसन्न होइये। हे प्राणेश्वर! एवं हे प्राणेश्वरि! इस पृथ्वीपर बहुत-से ऐसे महान् कौतुकी एवं महासमर्थ पुरुष दुष्ट एवं अभक्तोंपर भी प्रसन्न होते देखे जाते हैं। यद्यपि यह प्राणी अधम होते हुए भी अपनेको उत्तम समझता है, अज्ञानी होनेपर भी अपनेको पण्डित मान बैठा है और दुष्टोंका सरदार होकर भी अपनेको शिष्ट माने हुए है और इस प्रकार वह आपका विशेष अपराधी है, फिर भी कभी-कभी यह आप दोनोंके नामका उच्चारण कर लेता है। अतः हे स्वामिन्! एवं स्वामिनि! मुझपर आप दोनों अवश्य रीझ जायँ; क्योंकि आपका नामाभास भी राशि-राशि दोषोंसे छुटकारा दिला देता है। एक बार भक्तिका लेशमात्र आचरण करनेपर भी आप दोनों जिसे क्षमा न कर दें, ऐसा अपराध कहीं भी दृष्टिगोचर नहीं होता—इसी आशाको लेकर मैं आपके श्रीचरणोंमें यह याचना कर रहा हूँ।

हन्त क्लीवोऽपि जीवोऽयं नीतः कष्टेन धृष्टताम्। मुहुः प्रार्थयते नाथौ प्रसादः कोऽप्युदञ्चतु॥
एष पापी रुदन्नुच्चैरादाय रदनैस्तृणम्। हा नाथौ नाथति प्राणी सीदत्यत्र प्रसीदतम्॥
हाहारावमसौ कुर्वन् दुर्भगो भिक्षते जनः। एतां मे शृणुतं काकुं काकुं शृणुतमीश्वरौ॥
याचे फूत्कृत्य फूत्कृत्य हाहाकाकुभिराकुलः। प्रसीदतमयोग्येऽपि जनेऽस्मिन् करुणार्णवौ॥
क्रोशत्यार्त्तस्वरैरास्ये न्यस्याङ्गुष्ठमसौ जनः। कुरुतं कुरुतं नाथौ [illegible]
वाचेह दीनया याचे साक्रन्दमतिमन्दधीः। किरतं करुणस्वान्तौ [illegible]

मधुराः सन्ति यावन्तो भावाः सर्वत्र चेतसः। तेभ्योऽपि मधुरं प्रेम प्रसादीकुरुतं निजम्॥
सेवामेवाद्य वां देवावीहे किंचन नापरम्। प्रसादाभिमुखौ हन्त भवन्तौ भवतां मयि॥
नाथितं परमेवेदमनाथजनवत्सलौ। स्वं साक्षाद्दास्यमेवास्मिन् प्रसादीकुरुतं जने॥
अञ्जलिं मूर्ध्नि विन्यस्य दीनोऽयं भिक्षते जनः। अस्य सिद्धिरभीष्टस्य सकृदप्युपपाद्यताम्॥

हाय! हाय! सर्वथा असमर्थ एवं पौरुषहीन होनेपर भी इस जीवको कष्टोंने ढीठ बना दिया है, इसीलिये हे स्वामिन् और स्वामिनि! यह बार-बार आपसे प्रार्थना करनेका दुःसाहस कर रहा है। इसे आपका यत्किञ्चित् प्रसाद तो मिलना ही चाहिये। हे स्वामिन् और स्वामिनीजू! हाय, हाय! यह पापी दाँतों-तले तृण दबाकर उच्च स्वरसे विलाप करता हुआ आपसे कृपाकी भीख माँगता है, अतः इस दुःखी जीवपर आप अवश्य ढरें। यह अभागा जन्तु हाहाकार करता हुआ आपसे करुणाकी याचना करता है। अतः हे प्रिया-प्रियतम! आप मेरी इस विनय-वाणीको अवश्य सुनें, मेरी प्रार्थनापर अवश्य कान दें। मैं व्याकुल होकर सुबक-सुबककर हाहाकार करता हुआ दीन शब्दोंमें आपसे (कृपाकी) याचना करता हूँ। अतः हे करुणासागर प्रिया-प्रियतम! इस अयोग्य जनपर भी आप अवश्य कृपा करें। मुखमें अँगूठा देकर यह जीव आर्त्तस्वरसे विलाप कर रहा है। अतः हे स्वामिन् एवं स्वामिनीजू! इसपर करुणाका एक छोटा-सा कण अवश्य डाल दें। अत्यन्त मन्दबुद्धि मैं क्रन्दन करता हुआ दीन-वाणीसे आप दोनोंसे प्रार्थना करता हूँ कि आप करुणापूर्ण हृदयसे मुझपर करुणाकी एक छोटी-सी लहर अवश्य बहा दें। सम्पूर्ण जगत्में अन्तःकरणके जितने भी मधुर भाव हैं, उन सबसे आपके चरणोंका प्रेम मधुरतर है। अतः कृपया उसी प्रेमका प्रसाद इस जनको दें। हे देव-शिरोमणि तथा महादेवि! मैं आज आपकी सेवाको ही चाहता हूँ, अन्य किसी वस्तुकी मुझे अभिलाषा नहीं है, अतः आप दोनों कृपा करके मुझ दीनके प्रति प्रसन्न हो जायँ। हे अनाथ-जनवत्सल प्रिया-प्रियतम! मुझे आपसे केवल यही याचना करनी है कि आप इस दीन-जनको प्रसन्न होकर अपनी प्रत्यक्ष सेवाका ही अधिकार प्रदान करें। मस्तकपर अञ्जलि बाँधकर यह दीन-जन आप दोनोंसे भीख माँगता है कि एक बार ही सही, इसका मनोरथ अवश्य सिद्ध करें।

* * * * *

क्वासौ दुष्कृतकर्माहं क्व वामभ्यर्थनेदृशी। किं वा कं वा न युवयोरुन्मादयति माधुरी॥
यया वृन्दावने जन्तुरनर्होऽप्येष वास्यते। तयैव कृपया नाथौ सिद्धिं कुरुतमीप्सिताम्॥
कार्पण्यपञ्जिकामेतां सदा वृन्दाटवीनटौ। गिरैव जल्पतोऽप्यस्य जन्तोः सिध्यतु वाञ्छितम्॥

कहाँ तो मैं पापाचारी और कहाँ आपसे इस प्रकारकी कृपाके लिये प्रार्थना करना! इन दोनोंमें कोई संगति नहीं है; परंतु मेरा क्या वश है। आप दोनोंकी अनुपम माधुरी जड-चेतन वर्गमेंसे किसको उन्मत्त नहीं बना देती? जिस कृपाके कारण यह जीव सर्वथा अयोग्य होनेपर भी वृन्दावन-वास कर रहा है, उसी कृपासे प्रेरित होकर हे स्वामिन् एवं स्वामिनि! मुझे अभिलषित सिद्धि प्रदान करें। हे वृन्दावनविहारी श्रीराधा-कृष्ण! यद्यपि यह जन्तु इस कार्पण्यपञ्जिका (दैन्योक्ति)का केवल वाणीसे ही उच्चारण कर रहा है (इसके भीतर दीनताका आभास भी नहीं है), फिर भी आप दोनोंकी कृपासे इसका मनोरथ अवश्य पूर्ण हो।

॥ श्रीमद्रूपगोस्वामिविरचितश्रीकार्पण्यपञ्जिकास्तोत्रम् ॥

श्रीभगवत्कृपाकटाक्षस्तोत्र

(रचयिता—श्रीदेवदत्तजी मिश्र, काव्य-व्याकरण-सांख्य-स्मृतितीर्थ)

यस्याश्रयेण गणिकागजग्राहजीवा
दुःखार्णवस्य परपारमगुः सुखेन ।
संसारदुःखजलधिं सुखमुत्तितीर्षु-
स्तं संश्रयामि भगवत्सुकृपाकटाक्षम् ॥ १ ॥

जिसके आश्रयसे वेश्या, गजराज और ग्राह आदि जीव सुखपूर्वक दुःखमय समुद्रके उस पार चले गये, मैं इस संसाररूप दुःख-समुद्रको सुखपूर्वक पार करनेकी इच्छासे भगवान्के उसी सुन्दर कृपाकटाक्षका आश्रय ग्रहण करता हूँ ।

यत्संश्रयाद् द्रुपदराजसुता सभायां
लज्जां ररक्ष रिपुहस्तगताप्यनग्ना ।
तं साम्प्रतं भगवतो सुलभं कटाक्ष-
मीहे सुरद्रुममहं शरणागतस्य ॥ २ ॥

जिसका आश्रय ग्रहण करनेसे द्रुपदराजकी पुत्री द्रौपदीने कौरव-सभामें शत्रुके हाथमें पड़कर भी विवस्त्रा न होते हुए अपनी लाज बचायी तथा जो शरणागतोंके लिये कल्पवृक्षके समान है, भगवान्के उस सुलभ कृपाकटाक्षकी मैं इस समय इच्छा करता हूँ ।

यस्यावलम्बनमशेषविशेषक्लेश-
कक्षैकदावज्वलनं भगवज्जनानाम् ।
तं प्रार्थयामि सुमदा भगवत्कटाक्षं
शीघ्रं तितीर्षुरथ दिष्टफलाम्बुराशिम् ॥ ३ ॥

जिसका अवलम्बन भगवद्भक्तोंके समस्त विशेष क्लेशरूप वनके लिये दावाग्नि-सदृश है, भगवान्के उस सुन्दर कृपा-कटाक्षकी मैं प्रार्थना करता हूँ, जिससे पूर्वजन्मार्जित पुण्य-पापके फलरूप समुद्रको शीघ्र ही पार कर जाऊँ ।

यस्यावलम्बमधिगम्य ततार सिन्धुं
श्रीमान् समीरणसुतः सुरसां विजित्य ।
श्रीमत्कटाक्षमहमद्य भवाम्बुराशिं
तर्तुं श्रयामि भजनीयकत्राणदक्षम् ॥ ४ ॥

जिसका अवलम्ब पाकर वायुनन्दन श्रीहनुमान्जी सुरसाको परास्तकर समुद्रको पार कर गये तथा जो भगवद्-भजन करनेवालोंकी रक्षा करनेमें निपुण हैं, आज मैं संसार-समुद्रको पार करनेके लिये भगवान्के उसी सुन्दर कृपाकटाक्ष-का आश्रय ग्रहण करता हूँ ।

यस्य प्रसादबलमेत्य युधिष्ठिराद्या
लाक्षागृहस्य दहनाद् विदधुः सुरक्षाम् ।
तेनैव शत्रुकुलमप्यदहन् समस्तं
तं संश्रयामि सदयं भगवत्कटाक्षम् ॥ ५ ॥

जिसका कृपा-बल प्राप्तकर युधिष्ठिर आदि पाँचों पाण्डवोंने लाक्षागृहकी अग्निसे अपनी सुरक्षा कर

उसी कृपा-बलसे अपने समस्त शत्रुओंको भी जला डाला (नष्ट कर दिया), भगवान्‌के उसी दयापूर्ण कृपाकटाक्षका मैं आश्रय ग्रहण करता हूँ।

तं श्रीनिकेतनमहं भवदुःखदुःखी
रक्षोगणैकदहनं भवसिन्धुपोतम्।
नित्यं स्मरामि भजनीयपदस्य विष्णोः
सौम्यं कृपायुतकटाक्षमरीन्द्रनाशम्॥ ६॥

जो भगवती श्रीलक्ष्मीका निवास-स्थान, राक्षसगणको भस्म करनेके लिये अग्नि-सदृश, संसार-समुद्रको पार करनेके लिये जहाजस्वरूप और शत्रुओंका विनाशक है, उपासनीय चरणवाले भगवान् विष्णुके उस सौम्य एवं कृपासे ओत-प्रोत कटाक्षका मैं सांसारिक कष्टसे व्याकुल होकर सदा स्मरण करता हूँ।

दैत्याश्च यं युधि विलोक्य गताः सुशान्तिं
ब्रह्मादयः सुरगणाः सततं समीहाम्।
कुर्वन्ति द्रष्टुमथ यं भगवत्कटाक्षं
तं प्रार्थयामि वृजिनार्णवमुक्तितीर्पुः॥ ७॥

दैत्यलोग युद्ध-भूमिमें जिसका दर्शन कर परम शान्तिको प्राप्त हो गये तथा ब्रह्मा आदि देवगण निरन्तर जिसके दर्शनकी अभिलाषा करते रहते हैं, उस कृपाकटाक्षकी पाप-समुद्रको पार करनेका इच्छुक मैं प्रार्थना करता हूँ।

सीतां जहार जननीं जगतः सुरारी
रक्षोनृपोऽतिबलवान् दशकन्धराख्यः।
रामस्य रोपकुटिलं निहतः कटाक्षं
पश्यन् सहैव निजमित्रजनैः स संख्ये॥ ८॥

अत्यन्त बलवान् देव-शत्रु राक्षस-राज दशकन्धरने जगज्जननी सीताका अपहरण किया, इसलिये वह संग्राम-भूमिमें भगवान् श्रीरामके क्रोधसे वक्र हुए कटाक्षको देखते हुए अपने मित्रजनोंके साथ ही मारा गया (उस कृपाकटाक्षका मैं स्मरण करता हूँ)।

कृष्णस्य कोपसुलभारुणपद्मपत्रं
श्रीमच्च शत्रुहननं भगवत्कटाक्षम्।
कंसो हतो निजस्वसुस्तनयैकमृत्यु-
र्मञ्चस्थितो भुवि पतंश्च निरीक्षमाणः॥ ९॥

अपनी बहनके पुत्रोंका कालस्वरूप कंस ऊँचे मञ्चपर बैठा हुआ भगवान् श्रीकृष्णके क्रोधसे स्वभावतः सुन्दर और शत्रुके लिये मृत्युस्वरूप अरुण पद्मपत्रके समान नेत्रोंके कटाक्षको (मञ्चसे) पृथ्वीपर गिरते समय देखता हुआ मारा गया (उसी कृपाकटाक्षको मैं देखना चाहता हूँ)।

ब्राह्मे मुहूर्ते चोत्थाय यः पठेत् सुसमाहितः।
तस्मै श्रीभगवान् कृष्णः प्रददाति शुभां मतिम्॥ १०॥

जो प्रातःकाल ब्राह्ममुहूर्तमें उठकर शान्तचित्तसे इस कृपाकटाक्षस्तोत्रको पढ़ेगा, उसे भगवान् श्रीकृष्ण सुन्दर बुद्धि प्रदान करेंगे।

भगवान्‌की दया

(अनन्तश्रीविभूषित दक्षिणाम्नाय शृङ्गेरी-शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीअभिनवविद्यातीर्थजी महाराजका प्रसाद)

परमर्षि गौतमजीने अपने गौतम-धर्म-सूत्र नामक धर्म-शास्त्रमें ब्राह्मणके लिये अड़तालीस आवश्यक संस्कारोंका निर्देश करते हुए आठ आत्मगुणोंपर अधिक बल दिया है। उनका कथन करते समय 'दया सर्वभूतेषु'—सभी प्राणियोंपर दयाको प्रथम स्थान दिया गया है।

दयाका क्या तात्पर्य है? न्यायशास्त्रमें 'परदुःखप्रहाणेच्छा' अर्थात् दुःखियोंका दुःख दूर करनेकी अभिलाषाको 'दया' कहा गया है। बिना दयाके इस संसारका संचालन सम्भव नहीं है। बच्चेका जन्म होते ही माता उसपर दया करती है। माँकी सदैव यही इच्छा होती है कि मेरा बच्चा कभी भूखा न रहे, कभी बीमार न पड़े, साफ-सुथरा, स्वस्थ और मुस्कराता रहे। इसी दयासे प्रेरित होकर वह स्वयं अनेक प्रकारके कष्ट सहकर भी बच्चेका लालन-पालन करती है।

दूसरोंकी दयासे ही मनुष्य बड़ा बना और बहुत कुछ कर सका। यदि आरम्भमें दया नहीं मिलती तो उसका जीवन ही सम्भव नहीं था। अध्यापक दया करें तो साधारण शिष्य भी शास्त्र-पारंगत हो सकता है। दयावान्‌के शासनमें सारी प्रजा अपनेको सुखी मानती है।

हममें दया है, परंतु वह सीमित है। हमारा ज्ञान भी सीमित है। मनुष्य ज्ञानवान् अवश्य है, परंतु सर्वज्ञ नहीं। हमारी दया वहींतक है, जहाँतक हमारा द्वेष न हो। अज्ञानवश मनुष्य किसीसे राग और किसीसे द्वेष करता है। संसार द्वन्द्वमय है। इसीलिये 'संसारी' व्यक्तिकी दयाकी सीमा होती है।

ज्ञानके विषयमें योगशास्त्रका कहना है कि मनुष्योंका ज्ञान सीमित होनेसे ईश्वरकी सिद्धि हो जाती है अर्थात् ईश्वरका अस्तित्व सिद्ध हो जाता है। इसका तात्पर्य यों समझिये—घड़ेका परिमाण (आकार) सीमित है। वही परिमाण आकाशमें सीमासे बँधा हुआ नहीं अर्थात् विभु-परिमाण है। कहीं भी हम आकाशके अभावका अनुभव नहीं कर सकते। क्षुद्रका प्रतियोगी महान् हुआ ही करता है। अतः जहाँपर परिपूर्ण ज्ञान सिद्ध हो; वहीं ईश्वर है—ऐसा मानना चाहिये।

इसी उदाहरणसे हम सोच सकते हैं कि हमारी सीमित दयाका भी कोई प्रतियोगी अवश्य है, जो अव्यय, नित्य एवं सर्वज्ञ है, वह समानरूपसे सम्पूर्ण जीवोंका हित करता है। वे सर्वसमर्थ एकरस परमात्मा हैं। लौकिक माता-पिता तो अपने परिवारपर ही दया करते हैं; सर्वत्र नहीं; परंतु भगवान् तो सर्वत्र दया करते हैं—

'पितासि लोकस्य चराचरस्य' (गीता ११। ४३)

भगवान् सारे संसारके पिता हैं। **'स पूर्वेषामपि गुरुः'** (यो० सू० १। २६)। उन्होंने ही तो कृपापूर्वक दक्षिणामूर्तिरूपसे आदिगुरु होकर महर्षियोंको ज्ञान दिया। अब भी वे ही भक्तोंके अन्तःकरणमें बैठकर, 'ज्ञानदीप'से अज्ञानका नाश कर उन्हें आत्मस्वरूपका प्रकाश दे रहे हैं।

हम कष्ट पड़नेपर दूसरोंकी दया चाहते हैं। सांसारिक पुरुष कितने भी समर्थ क्यों न हों, वे हमारे सारे दुःखोंका सर्वथा परिहार नहीं कर सकते। कविकी उक्ति है—

त्वयि सति शिव दातर्यस्मदभ्यर्थिताना-
मितरमनुसरन्तो दर्शयन्तोऽर्थिमुद्राम्।
चरमचरणपातैर्दुर्ग्रहं दोग्धुकामाः
करभमनुसरामः कामधेनौ स्थितायाम्॥
(कुवलयानन्द ५४)

'भगवान् शिव! हम-जैसे याचकोंकी कामनाएँ पूर्ण करनेवाले आपके रहते हुए यदि हम याचक-मुद्रा प्रदर्शित करते हुए दूसरेका अनुसरण करते हैं तो हमारी वैसी ही दशा होगी, जैसी दूध दुहनेकी इच्छासे कामधेनुके रहते हुए दुलत्ती मारनेवाली ऊँटनीका अनुसरण करनेसे होती है।'

भगवान् सबके लिये सुलभ हैं। अनन्य भक्तिमात्रसे संतुष्ट होकर वे हमारे कष्टोंका निवारण करते हैं।

व्याधस्याचरणं ध्रुवस्य च वयो विद्या गजेन्द्रस्य का
का जातिर्विदुरस्य यादवपतेरुग्रस्य किं पौरुषम्।
कुब्जायाः कमनीयरूपमधिकं किं तत्सुदाम्नो धनं
भक्त्या तुष्यति केवलं न च गुणैर्भक्तिप्रियो माधवः॥

उपर्युक्त श्लोकमें यह बताया गया है कि कैसे-कैसे लोगोंपर भगवान्‌की कृपा हुई और वे तर गये। प्राणि-हत्या कर मांस बेचनेवाला धर्मव्याध, प्रपञ्चपरिचयसे विहीन छोटी आयुवाला बालक ध्रुव, ज्ञानलेशरहित गजेन्द्र, जातिसे शूद्र विदुर, कंसका पिता पौरुषहीन उग्रसेन, कुरूपा कुबड़ी—कुब्जा और चिथड़ोंमें लिपटे गरीब सुदामा आदि केवल भक्तिसे भगवत्कृपाके पात्र बन अपने जन्म सार्थक कर गये।

वे कृपालु प्रभु यह नहीं देखते कि इसमें कौन-से गुण, पद, योग्यता या सामर्थ्य आदि हैं? भक्तिमात्रसे संतुष्ट होकर वे कृपावृष्टि करते हैं। भगवान्‌की भक्तिका अ[illegible] उनकी दया प्राप्त करनेमें ही मानव-जन्म सार्थक [illegible]

श्रीभगवत्कृपा-शक्ति

(अनन्तश्रीविभूषित पश्चिमाम्नाय श्रीद्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीअभिनव-सच्चिदानन्दतीर्थजी महाराजका शुभाशीर्वाद)

'श्रीभगवान्‌की इच्छा या लीला-शक्तिके बिना एक तृण या पत्तातक नहीं हिल सकता। अथवा तृण भी भगवत्कृपासे वज्र बन सकता है'—

'ईश्वरेच्छया तृणमपि वज्रीभवति'

(केन० ३ । १ शांकर वाक्य-भाष्यका उपोद्घात)

संस्कृत-भाषाकी उपर्युक्त प्राचीन उक्ति अत्यन्त प्रसिद्ध है। प्रत्येक आस्तिक व्यक्ति इसे निश्चितरूपसे ऐसा ही मानता है। भगवान्‌के अनुग्रह या कृपाके बिना संसारमें कोई श्रेय या प्रेय प्राप्त नहीं हो सकता।

केनोपनिषद्‌की देवताओंके विजयजन्य अभिमान-निवारणकी कथा पुराणोंमें भी आयी है, अतः अत्यन्त प्रसिद्ध है। अग्नि, वायु आदि देवगण अपना-अपना काम न कर सके और यह निश्चय हुआ कि भगवत्कृपा-शक्ति ही बलवती है—

दग्धुं तृणं वापि समक्षमस्य
यक्षस्य वह्निर्न शशाक विप्राः।
वायुस्तृणं चालयितुं तथान्ये
स्वान् स्वान् प्रभावान् सकलामरेन्द्राः॥

(लिङ्गपुराण, पूर्वार्ध ५३ । ५६)

'विप्रवृन्द! भगवद्रूप यक्षके सामने अग्निदेव न तो तृणको जला सके और न वायुदेव तृणको उड़ा ही सके, इसी प्रकार समस्त प्रधान-प्रधान देवता अपना-अपना प्रभाव दिखानेमें समर्थ न हुए।'

श्रीभगवान् अहैतुक कृपाकारक हैं। वे यह नहीं देखते कि यह मेरा भक्त है अथवा अभक्त। जिस प्रकार बादलोंकी सघन घटा यह नहीं देखती कि वह जिस भूभागपर बरसेगी, वहाँकी जमीन बंजर है अथवा उपजाऊ, वह तो बरस पड़ती है तथा सब ओर समानरूपसे बरसती है। जब अत्यन्त दुराचारियोंपर भी वे परम प्रभु द्रवित हो अपनी सुधामयी कृपावृष्टि करते हैं, फिर अनन्यशरणागत भक्तोंके लिये तो कहना ही क्या? कृपानिधानताके कारण कई बार वे अपनी प्रतिज्ञा छोड़कर भी भक्तोंकी प्रतिज्ञा पूर्ण करते हैं। भीष्म-स्तुतिके **'स्वनिगममपहाय मत्प्रतिज्ञामृतमधिकर्तुमवप्लुतो रथस्थः'** (श्रीमद्भा० १ । ९ । ३७) 'जो अपनी प्रतिज्ञा छोड़कर मेरी प्रतिज्ञाको सत्य करनेके लिये रथसे कूद पड़े।' आदि प्रसङ्ग इस बातको पुष्ट करते हैं।

श्रीभगवान्‌की कृपाशक्ति ही केनोपनिषद्‌की उमा, हैमवती, ब्रह्मविद्या, श्रीविद्या है, जिसने इन्द्रको ब्रह्मज्ञान प्रदान किया। तत्त्वतः वह प्रभुसे कभी भिन्न नहीं। 'वह सर्वदा उस सर्वज्ञ ईश्वरके साथ वर्तमान रहती है'—

'सा (हैमवती) नित्यमेव सर्वज्ञेश्वरेण सह वर्तते'

(केन० शांकरभाष्य ३ । १२)

भगवत्पूज्यपाद आद्य शंकराचार्यने भगवती कृपाशक्ति अम्बिकाकी 'श्रीविद्या,' 'त्रिपुरा,' 'षोडशी,' 'ललिता' आदि नामोंसे अनेक ग्रन्थोंमें स्तुति-आराधना की है—

अथ प्रवक्ष्यामि सुदुर्लभार्थां
विद्यां विशिष्टां त्रिपुराभिधानाम्।
या सा त्रिभेदापि जगत्यवाप्त-
त्रिंशत्प्रकारा त्रिदशाभिवन्द्या॥
त्रिमूर्तिसर्गाच्च पुराभवत्वात्
त्रयीमयत्वाच्च पुरैव देव्याः।
लये त्रिलोक्या अपि पूरणत्वात्
प्रायोऽम्बिकायास्त्रिपुरेति नाम॥

(प्रपञ्चसार ९ । १-२)

'अब मैं उस विद्याको कहूँगा, जिसकी प्राप्ति दुर्लभ है, जो देवताओंद्वारा वन्दनीया है, त्रिपुरा जिसका नाम है और जो त्रिभेदा (तीन भेदोंवाली) होती हुई भी इस जगत्‌में तीस प्रकारके रूप धारण करती है। देवी अम्बिका त्रिमूर्ति (सृष्टि-स्थिति-प्रलयरूपा), आद्या, त्रयीमयी (सत्त्व-रजस्तमोरूपा) तथा त्रिलोकीका लय हो जानेपर भी पूर्ण रहनेवाली होनेसे प्रायः त्रिपुरा कही जाती है।' यही भगवत्कृपारूपिणी महामाया कृपा-शक्ति कहलाती है।

विशेष जानकारीके लिये आचार्यचरणोंके तथा तत्तत्सम्प्रदायानुसारी आचार्यों एवं विद्वानोंके उपासना-ग्रन्थोंको देखना चाहिये। श्रीभगवत्कृपा-अनुभवके लिये मनुष्यमात्रको सतत प्रार्थना करनी चाहिये। जगत्‌को यह बात बतानेके उद्देश्यसे प्रकाश्यमान 'श्रीभगवत्कृपा-अङ्क' सफलता प्राप्त करे। यह हमारा शुभाशीर्वाद है।

श्रीभगवत्कृपा-प्राप्तिका साधन

(अनन्तश्रीविभूषित पूर्वाम्नाय गोवर्धन-पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीनिरंजनदेवतीर्थजी महाराजके सदुपदेश)

अनन्तकोटि-ब्रह्माण्डनायक परात्पर पूर्णतम पुरुषोत्तम अखण्ड सच्चिदानन्दघन परब्रह्म परमेश्वरकी कृपाप्राप्तिके बिना प्राणीका कल्याण कदापि सम्भव नहीं । परम निःश्रेयसका एकमात्र आधार उन्हीं अशरणशरण, अकारणकरुणावरुणालय, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान्, सर्वाधिष्ठान भगवान्की कृपा तो है ही, किंतु इस लोकमें सर्वविध सर्वाङ्गीण समुन्नतिका एकमात्र साधन भी भगवत्कृपा ही है । उसके बिना सुखोंके सभी साधन सर्वथा व्यर्थ सिद्ध हो जाते हैं । इतना ही नहीं, उलटे घोर दुःखके कारण बन जाते हैं । अतः यह स्पष्ट है कि भगवान्की कृपा ही प्राणिमात्रके लिये इहलोक और परलोकमें सुख-शान्ति प्राप्त करनेका एकमात्र उपाय है ।

भगवान्की कृपा प्राप्त करनेका सबसे सरल मार्ग भगवदाज्ञापालन ही है । लोकमें भी यदि हम किसीकी कृपा प्राप्त करना चाहें तो उसका सीधा-सा साधन उसका आज्ञापालक बन जाना है । कठोर-से-कठोर हृदयवाले पुरुष भी निरन्तर अपनी आज्ञाका पालन करनेवाले व्यक्तिपर कृपा-दृष्टि बनाये रखते देखे जाते हैं । फिर अत्यन्त कोमल स्वभाववाले प्रभुका तो कहना ही क्या है ?

भगवान्की कोमलता लोकोत्तर है । समस्त संसारकी ऐश्वर्य-माधुर्याधिष्ठात्री जगज्जननी भगवती पराम्बा महालक्ष्मी अपने कमलसे भी कोमल हाथोंसे भगवान्के श्रीचरणारविन्दोंका संवाहन करनेकी इच्छासे जब उनका स्पर्श करनेके लिये अग्रसर होती हैं, तब मन-ही-मन सकुचाती हैं कि कहीं मेरे इन कठोर हाथोंसे श्रीचरणारविन्दोंको कष्ट न हो जाय ।

प्रश्न हो सकता है कि लौकिक मनुष्योंकी तरह भगवान् प्रत्यक्ष होकर तो आज्ञा देते नहीं, फिर भगवान्की आज्ञाका पालन कैसे किया जाय ? किंतु हमारे विश्वजनीन, सर्वहितकारी, सर्वजनसुखकारी सनातन धर्मकी यह एक अद्भुत विशेषता है कि उसमें स्वयं भगवान् अपने श्रीमुखसे ही अपनी आज्ञाका स्पष्ट निर्देश करते हैं । अनादि अपौरुषेय विश्वकल्याणकारक वेदवाक्य और धर्म-शास्त्र ही भगवान्की आज्ञाएँ हैं । उनका पालन करना ही उन प्रभुकी आज्ञाका पालन और उनका उल्लङ्घन करना ही भगवान्की आज्ञाका उल्लङ्घन करना है । लौकिक व्यक्ति भी अपने स्वामीकी आज्ञाकी उपेक्षा करनेपर जैसे सांसारिक सुखोंसे वञ्चित रहता है, ठीक वैसे ही श्रीभगवदाज्ञास्वरूप वेद-शास्त्र (धर्मशास्त्र, स्मृतियाँ)के विधानका उल्लङ्घन करनेवाला व्यक्ति भी इहलोक और परलोकमें कभी किसी प्रकारकी भी सुख-शान्ति प्राप्त नहीं कर सकता । जो वेद-शास्त्रकी आज्ञाका उल्लङ्घन करता है, वह न तो भगवद्भक्त कहलानेका अधिकारी है और न उसे वैष्णव ही कहा जा सकता है । स्वयं श्रीभगवान्के वचन हैं—

> श्रुतिस्मृती ममैवाज्ञा यस्तामुल्लङ्घ्य वर्तते ।
> आज्ञोच्छेदी मम द्रोही मद्भक्तोऽपि न वैष्णवः ॥
> (वाधूलस्मृति १८९)

'वेद-शास्त्रप्रतिपादित वर्णाश्रमधर्मका उल्लङ्घन करनेवाला व्यक्ति मेरी आज्ञाका पालन नहीं करता, इसलिये वह मेरा भक्त नहीं, अपितु मेरा द्रोही है; फिर उसे वैष्णव कहलानेका अधिकार कहाँसे मिल सकता है ?'

भगवद्भक्तिद्वारा श्रीभगवत्कृपा प्राप्त करनेका भी यही एकमात्र उपाय है । अपने-अपने वर्ण और आश्रमके अनुसार यथाशक्ति, यथासम्भव स्वधर्मानुष्ठान करना चाहिये तथा उसके फलकी इच्छाका परित्याग कर अपने किये हुए सत्कर्म, सद्धर्मको भगवान्के श्रीचरणारविन्दोंमें अर्पण कर देना चाहिये । शास्त्र-निषिद्ध कर्मोंमें अपने मनको कभी प्रवृत्त न होने देना ही भगवद्भक्तिका सर्वश्रेष्ठ स्वरूप है । स्वयं भगवान्ने ही अपनी भक्तिके इस स्वरूपका स्पष्ट प्रतिपादन किया है—

> वर्णाश्रमाचारवता पुरुषेण परः पुमान् ।
> विष्णुराराध्यते पन्था नान्यस्तत्तोषकारकम् ॥
> (विष्णुपु० ३ । ८ । ९)

भगवान् कहते हैं—'यदि मुझे प्रसन्न करना चाहते हो तो अपने-अपने वर्णाश्रमोचित कर्तव्यकर्मका अनुष्ठान करो तथा बिना फलकी इच्छा रखे उन कर्मोंको मेरे चरणोंमें अर्पित कर दो । इसके अतिरिक्त कोई दूसरा उपाय मुझे संतुष्ट करनेका नहीं है ।' स्पष्ट है कि भगवान्के संतुष्ट होनेपर ही भगवान्की कृपा प्राप्त होगी तथा भगवत्कृपा-प्राप्तिसे ही सर्वविध दुःखोंकी आत्यन्तिक निवृत्ति और शाश्वत सुख-शान्तिकी प्राप्ति होगी । (प्रेषक—भक्त श्रीरामशरणदासजी)

भगवत्कृपाकी आवश्यकता

(अनन्तश्रीविभूषित ऊर्ध्वाम्नाय श्रीकाशीसुमेरुपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीशंकरानन्दजी सरस्वती महाराजका प्रसाद)

इस अद्भुत स्थावर-जङ्गमात्मक विश्वमें मानव-शरीर ही सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इसी शरीरमें विवेक अथवा ज्ञानकी प्रधानता है। इतर शरीरोंमें प्रकृति या अविद्याकी प्रधानता होनेके कारण उनमें विवेक-शक्तिकी न्यूनता एवं स्वभावानुबद्ध प्रवृत्तिके प्रभावका आधिक्य परिलक्षित होता है। व्याघ्र, सिंह आदि हिंसक प्राणियोंमें पिपासा-शान्त्यर्थ जिह्वाद्वारा जल-ग्रहणकी प्रवृत्ति सृष्टिके प्रारम्भसे एक ही प्रकारकी उपलब्ध होती आ रही है। गाय-भैंस आदि पशुओंमें घास-भूसा आदिकी भक्षण-क्रिया भी स्वभावानुकूल देखी जाती है। ये सब प्राणी प्रकृतिके अधीन होनेके कारण स्वतन्त्रतासे ज्ञानपूर्वक अपना विकास करनेमें असमर्थ हैं। मानवेतर समस्त प्राणियोंपर प्रकृतिका कठोर नियन्त्रण है, पर मनुष्यकी रचना ठीक इसके विपरीत है; क्योंकि इतर प्राणियोंकी अपेक्षा इसमें ज्ञानकी विशेषता है। यही कारण है कि मनुष्य प्रकृतिके ऊपर नियन्त्रण स्थापित करनेके लिये सतत सचेष्ट रहता आया है। तात्पर्य यह है कि विवेकमयी प्रतिभा ही वह विभाजक तत्त्व है, जिसके कारण मनुष्य प्राकृतिक सामान्य जगत्से भिन्न विशिष्ट भूमिकापर विराजित है। ईश्वरद्वारा सृष्टिका निर्माण सोद्देश्य हुआ है।

मानव-जीवनका एकमात्र उद्देश्य आत्म-स्वरूपका यथार्थ ज्ञान प्राप्त करना है। भगवती श्रुति कहती है—

इह चेदवेदीदथ सत्यमस्ति न चेदिहावेदीन्महती विनष्टिः।

(केनोपनिषद् २। ५)

'हे मानव! अपने इस जीवनमें यदि तूने ज्ञानद्वारा परमात्मतत्त्वको जान लिया, तब तो तेरा जीवन सार्थक है; अन्यथा तेरा (जन्म-मरण-लक्षणयुक्त) महान् विनाश ध्रुव है।' श्रुतिका यह ज्ञान भी ब्रह्मात्मैक्यविषयक साक्षात्काररूप ही विवक्षित है—

तमेव विदित्वाति मृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय॥

(शुक्लयजुः० वाजसनेयिसंहिता ३१। १८)

यदि यहाँपर श्रुतिको ब्रह्मात्मैक्य-ज्ञान अनभिप्रेत माना जाय तो 'अयमात्मा ब्रह्म,' 'तत्त्वमसि' आदि श्रुतियोंका अर्थ बाधित हो जानेसे अप्रामाण्य हो जायगा। प्रमाण अज्ञात-ज्ञापक होता है। जैसे चक्षु रूप-विषयमें प्रमाण है; क्योंकि रूपका ज्ञान चक्षुरितराजन्य है, चक्षुर्मात्रजन्य है। अतः रूप-प्रमामें चक्षु प्रमाण है। शब्दादिके ज्ञानमें श्रोत्रादि इन्द्रियाँ प्रमाण हैं। इसी प्रकार धर्म तथा ब्रह्मके विषयमें भी केवल शास्त्र प्रमाण हैं।

अब प्रश्न उठता है कि ब्रह्मात्मैक्य-ज्ञान कैसे हो? उसकी उपलब्धिमें किस साधनकी प्रधानता है?

इसपर वेदान्तविज्ञान-नभोमण्डलके प्रखर भास्कर भगवान् आद्य शंकराचार्य कहते हैं—

तटस्थिता बोधयन्ति गुरवः श्रुतयो यथा।
प्रज्ञयैव तरेद्विद्वानीश्वरानुगृहीतया॥

(विवेक-चूड़ामणि ४७७)

'गुरुजन ब्रह्मात्मैक्य-ज्ञानका तटस्थभावसे अर्थात् परोक्षतया ही बोध कराते हैं, जिससे भगवदनुग्रहसम्पन्न मुमुक्षु विद्वान् प्रज्ञा अर्थात् अखण्ड ब्रह्माकारवृत्तिरूप साक्षात्कारके द्वारा संसारार्णवको पार कर सके।' किंतु इस संतरणमें भगवदनुग्रह—ईशसंवरण ही मुख्य है। श्रुति भी कहती है—

यमेवैष वृणुते तेन लभ्य-
स्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूँ स्वाम्।

(कठोपनिषद् १। २। २३)

'जिस जिज्ञासु या साधकको परमात्मा स्वयं वरण करते हैं—अनुग्रह किंवा कृपा करते हैं, उसीको आत्मोपलब्धि अथवा ब्रह्मात्मैक्य-साक्षात्कार होता है।'

अनादिमायया सुप्तो यदा जीवः प्रबुध्यते।
अजमनिद्रमस्वप्नमद्वैतं बुध्यते तदा॥

(माण्डूक्यकारिका, आगम १६)

'अनादिमायामें प्रसुप्त जीव जब जाग जाता है, तब वह सुषुप्तिकालीनकारण-प्रपञ्च, स्वप्नकालीन सूक्ष्म-प्रपञ्च तथा जाग्रत्कालीन स्थूल-प्रपञ्चसे रहित ब्रह्मात्मैक्यरूप अद्वैत-तत्त्वका साक्षात्कार करता है।'

श्रीगौड़पादाचार्यकी उक्त कारिकाके 'यदा' शब्दका अभिप्राय प्रकट करते हुए श्रीसुरेश्वराचार्यजी लिखते हैं—

श्रुत्वाऽऽचार्यप्रसादेन योगाभ्यासबलेन च।
ईश्वरानुग्रहेणापि स्वात्मबोधो यदा भवेत्॥

(नैष्कर्म्यसिद्धि)

'वेदान्त तथा आचार्यकी कृपासे, निदिध्यासनरूप योगाभ्याससे और परमेश्वरके अनुग्रहसे जब स्वात्मबोध होता है अर्थात् आत्मसाक्षात्कार होता है।' इस व्याख्याके प्रसङ्गमें आचार्य श्रीसुरेश्वर स्पष्टरूपसे ईश्वर-कृपाकी उपादेयता एवं उसका महत्त्व प्रस्थापित करते हैं।

श्रीविद्याके परमाचार्य महर्षि दत्तात्रेयजी तथा दार्शनिक मूर्धन्यशिरोमणि श्रीहर्ष अपने 'खण्डनखण्डखाद्य'में ईश्वरानुग्रहको ही अद्वैततत्त्व-साक्षात्कारमें मुख्य प्रयोजन मानते हैं—

ईश्वरानुग्रहादेषा पुंसामद्वैतवासना ।
महाभयकृतत्राणा द्वित्राणां यदि जायते ॥
(१।२५)

'महाभय—संसारादिसे रक्षा करनेवाली यह अद्वैतवासना ईश्वरकी कृपासे ही उद्भूत होती है और दो-तीन ही पुरुषोंको अर्थात् कदाचित् किसी पुरुषको ही होती है।' यहाँ ईश्वरकी विशेष कृपाकी दुर्लभता प्रदर्शित हुई है।

इस प्रकार वेदान्तके विभिन्न ग्रन्थोंमें आचार्योंके लेखोंके अध्ययन एवं पर्यालोचन करनेके पश्चात् हम इस निष्कर्षपर पहुँचते हैं कि आत्मसाक्षात्कारके लिये शास्त्रकृपा, गुरुकृपा तथा आत्मकृपाके साथ-साथ भगवत्कृपा अत्यन्त अपेक्षित एवं उपादेय है। श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ सद्गुरुकी प्राप्ति और मुमुक्षा भी भगवत्कृपाके बिना नहीं होती, अतएव भगवान् शंकराचार्य कहते हैं—

दुर्लभं त्रयमेवैतद्देवानुग्रहहेतुकम् ।
मनुष्यत्वं मुमुक्षुत्वं महापुरुषसंश्रयः ॥
(विवेकचूडामणि ३)

'मनुष्यत्व, मुमुक्षुत्व तथा महापुरुष अर्थात् श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ सद्गुरुकी प्राप्ति भी भगवान्‌की कृपाके बिना नहीं होती।'

शास्त्र-कृपा शास्त्रोंके यथार्थ अवधारणकी शक्तिको कहते हैं। शास्त्र एवं स्वानुभवके आधारपर जिज्ञासुको तत्त्वज्ञान कराना गुरुकृपा कहलाती है। आचार्य एवं शास्त्र-वचनोंमें श्रद्धान्वित साधनद्वारा अन्तःकरणका निर्मल होना आत्मकृपा कहलाती है। इन कृपाओंसे अद्वैत-तत्त्वका बोध होता है। ये सभी कृपाएँ भगवत्कृपासे अनुप्राणित होती हैं। भावार्थ यह कि भगवत्कृपाके बिना अन्य कृपाएँ अकृतकृत्य ही रहती हैं—

यावन्नानुग्रहः साक्षाज्जायते परमेश्वरात् ।
तावन्न सद्गुरुः कश्चित् सच्छास्त्रमपि वा लभेत् ॥

'जबतक भगवत्कृपा नहीं होती, तबतक किसीको भी सद्गुरु अर्थात् श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ आचार्य तथा सच्छास्त्रकी उपलब्धि नहीं होती।' अतः शांकरवेदान्तदर्शनमें भगवत्कृपाकी नितान्त आवश्यकता है।

कृपा-कण

(अनन्तश्रीविभूषित उत्तराम्नाय बदरीक्षेत्रस्थ ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी श्रीकृष्णबोधाश्रमजी महाराज)

नाना प्रकारके संकल्प-विकल्पों और चिन्ताओंसे सांसारिक प्राणी दुखी रहते हैं, परंतु भगवत्कृपासे ये एक क्षणमें ही मिट जाते हैं। अतः उन्हींकी शरणमें जाना चाहिये।

× × ×

जबतक अहंकार रहता है, प्रभु नहीं आते। गजेन्द्रने सहस्र दिव्य वर्षोंतक अपने बलके अहंकारपर ग्राहसे युद्ध किया। जब उत्साह भङ्ग हो गया, तब प्रभुकी शरणमें जानेपर ही उसका संकटसे छुटकारा हुआ।

× × ×

दो वस्तुएँ ही प्राणीको इस संसार-सागरमें डूबनेसे बचाती हैं—अपना पुण्य और भगवान्‌की कृपा। अतः शुभ कर्मोंके द्वारा पुण्य-संचय करो और उन अकारण-करुणकी शरणमें जाओ।

× × ×

संसारमें लोग धनवानोंकी कृपा चाहते हैं। वे यदि धनवानोंके बदले भगवत्कृपाका अनुभव करें तो बन्धनसे ही छूट जायँ?

× × ×

भगवान्‌के बल और कृपाका अनुमान नहीं लगाया जा सकता। जिसे जितना विश्वास होता है, उसे उतनी ही शक्ति-सिद्धि मिल जाती है और वह भगवत्कृपासे कृतकृत्य हो जाता है। (संकलित)

भगवत्कृपासे आत्मस्वरूपकी प्राप्ति

(अनन्तश्रीविभूषित तमिलनाडुक्षेत्रस्थ काञ्ची-कामकोटिपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य वरिष्ठस्वामी श्रीचन्द्रशेखरेन्द्रजी सरस्वती महाराजका प्रसाद)

पातञ्जलयोगदर्शन मोक्ष-शास्त्र है। 'दर्शन' शब्दका अर्थ है साक्षात्कार। जो शास्त्र प्रमाणोंद्वारा तत्त्व-साक्षात्कारका उपाय अथवा स्वरूप बताता है एवं तत्त्वका बोध कराता है, वह 'दर्शनशास्त्र' कहलाता है।

योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः। (यो० सू० १। २)

'मनोवृत्तिका निरोध करना ही योग है।' यह योग तत्त्व-दर्शनके लिये बहुत उपयोगी है। भगवान् आदि शंकराचार्यके वचन हैं—

'अथ तत्त्वदर्शनाभ्युपायो योगः।'

'योग मोक्ष पानेका मुख्य साधन बन जाता है।'

मनोवृत्ति-निरोधरूप योग ईश्वर-भक्तिद्वारा सुगमतासे प्राप्त होता है। अविद्या आदि क्लेशों, धर्माधर्म, उनके फल वासना अथवा संस्कारोंके साथ तीनों कालोंमें सम्बन्ध न रखनेवाला पुरुष ही ईश्वर है। ईश्वरके ध्यानसे योगकी सिद्धि होती है। बृहदारण्यक उपनिषद्के वचन हैं—'(वह परमात्मा ही) सुनने योग्य, मनन करने योग्य और ध्यान करने योग्य है'—

'श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः।'

(४। ५। ६)

इस तरह निदिध्यासन तत्त्व-साक्षात्कारका उपाय कहा गया है। इसी बातकी परिपुष्टि श्वेताश्वतरोपनिषद्में भी की गयी है—

त्रिरुन्नतं स्थाप्य समं शरीरं
हृदीन्द्रियाणि मनसा संनिवेश्य।
ब्रह्मोडुपेन प्रतरेत विद्वान्
स्रोतांसि सर्वाणि भयावहानि॥
यथैव बिम्बं मृदयोपलिप्तं
तेजोमयं भ्राजते तत् सुधान्तम्।
तद्वाऽऽत्मतत्त्वं प्रसमीक्ष्य देही
एकः कृतार्थो भवते वीतशोकः॥

(२। ८, १४)

'सिर, ग्रीवा और वक्षःस्थल—इन तीनोंको ऊँचे रखते हुए शरीरको सीधा रख मनके द्वारा इन्द्रियोंको हृदयमें संनिविष्ट कर विद्वान् ओंकाररूपा नौकाके द्वारा सम्पूर्ण भयानक जल-प्रवाहोंको पार कर जाता है। जिस प्रकार मृत्तिकासे मलिन हुआ बिम्ब (सोने या चाँदीका टुकड़ा) शोधन किये जानेपर तेजोमय होकर चमकने लगता है, उसी प्रकार देहधारी जीव आत्मतत्त्वका साक्षात्कार कर अद्वितीय, कृतकृत्य और शोकरहित हो जाता है।'

श्रीमद्भगवद्गीतामें भगवान्‌की विज्ञप्ति है—

युञ्जन्नेवं सदाऽऽत्मानं योगी नियतमानसः।
शान्तिं निर्वाणपरमां मत्संस्थामधिगच्छति॥

(६। १५)

'आत्माको निरन्तर परमात्माके स्वरूपमें लगाता हुआ स्वाधीन मनवाला योगी मुझमें स्थितिरूपा परमानन्द-पराकाष्ठावाली शान्तिको प्राप्त होता है।'

वस्तुतः जीव परमात्माका साक्षात् अंश होनेके कारण सत् और आनन्दस्वरूप ही है, अपने स्वरूपको भूलकर यह बाह्य-जगत्में सुखकी खोज करने लगा, अतः व्यथित हुआ; ठीक उसी प्रकार जैसे कस्तूरीकी सुगन्धसे मोहित कस्तूरी-मृग उसे पानेके लिये घास सूँघता इधर-उधर भटकता रहता है, अपनी नाभिमें स्थित कस्तूरीकी ओर उसका ध्यान ही नहीं जाता। उपर्युक्त विवेचनसे स्पष्ट है कि जीवात्मा स्वतः मुक्त है, केवल बहिर्मुखताको मिटाना मात्र अभिप्रेत है। इसे कर्मयोगके आचरणसे, भक्तियोगके अनुष्ठानसे अथवा ज्ञानयोगद्वारा विवेकपूर्वक चाहे जिस प्रकार मिटा लिया जाय। जिस किसी भी प्रकारसे देश, काल, वस्तु, व्यक्तिकी अपेक्षासे मानी गयी 'परिच्छिन्नता'का नाश करना है।

आनन्दस्वरूप आत्मानुभव ही मोक्ष है। यह निर्विवाद है कि ईश्वरप्रणिधान (भगवत्कृपा)से योगके द्वारा विघ्न दूर होकर आत्मस्वरूप (मोक्ष)की प्राप्ति हो जाती है।

अनन्त कृपा-पयोधि श्रीराधा-माधव

(अनन्तश्रीविभूषित जगद्गुरु निम्बार्काचार्य 'श्रीजी' श्रीराधासर्वेश्वरशरणदेवाचार्यजी महाराज)

अनन्तकोटि-ब्रह्माण्डाधिपति, क्षराक्षरातीत, जगज्जन्मादि-हेतु, निरतिशय सौन्दर्य-माधुर्य-सौकुमार्य-सौगन्ध्य-लावण्य-कारुण्य-मार्दवादि निखिल कल्याण-गुणगणनिलय, कोटि-कन्दर्पदर्प-दलन-पटीयान्, नवलजलधर-रुचिर, अनन्त-कृपाधिष्ठान, सर्वनियामक, सर्वविलक्षण, सर्वदेवा-राध्य, सर्वेश्वर, परात्पर, परब्रह्म, वृन्दावन-नित्यनवनिकुञ्ज-विहारी, युगलकिशोर श्यामा-श्याम श्रीराधा-माधवकी अनन्त अचिन्त्य अपरिमेय अनिर्वचनीय असमोर्ध्व कृपाका वर्णन वाणी अथवा लेखनीका विषय नहीं है। कदाचित् वे अनुग्रह-विग्रह, अकम्पानुकम्पामय, अकारणकरुण, करुणा-वरुणालय श्रीहरि ही अपने अहैतुक युगल कृपाकटाक्षोंका अभिवर्षण कर जिस प्रपन्न रसिक भक्तको अभिषिक्त कर दें, वह भले ही श्रीप्रभुकी अनन्त कृपाके स्वरूपकी किंचित् अभि-व्यक्ति करनेमें कुछ समर्थ हो, अन्यथा इस प्राकृत जगत्में प्राकृत मानवकी प्राकृत भाषाके माध्यमसे उन अच्युत अनन्त गोविन्दकी अनिर्वचनीय कृपाका निर्वचन अत्यन्त दुरूह है।

भगवान् श्रीराधासर्वेश्वरकी कृपा अपरिमित, अनुपम और लोकातीत है। यह विविध-विचित्र-संस्थान-सम्पन्न चेतना-चेतनात्मक समग्र संसार उन्हीं लीलामय प्रभुकी अचिन्त्य-कृपाकी अभिव्यक्ति है। समग्र विश्व-ब्रह्माण्ड उन्हीं करुणार्णव सर्वेश्वरकी कृपापर ही अवस्थित है। सब कुछ उन जगन्नियन्ता-की कृपापर ही आधारित है। केवल साधन-सम्पन्नता, तपः-साधना, उपासना-सरणि आदिके बलपर ही वे लभ्य नहीं, अपितु—

'यमेवैष वृणुते तेन लभ्यः'

(कठोप० १ । २ । २३)

वे कृपैकलभ्य हैं, जिसे वे अपनी लोकोत्तर कृपा-मयी दृष्टिसे अभिषिक्त कर दें, वही उनके दिव्यातिदिव्य सच्चिदानन्दमय चिन्मय वपुके कमनीय दर्शनोंका असीम सौभाग्य प्राप्त कर सकता है। श्रीमद्भगवद्गीतामें कृपाके ये परमोच्च अद्भुत उदाहरण कितने सुन्दर हैं!—

अपि चेत्सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक्।
साधुरेव स मन्तव्यः सम्यग्व्यवसितो हि सः॥

(९ । ३०)

'कोई अत्यन्त दुराचारपरायण भी अनन्य भाव-संवलित होकर यदि सतत मुझे भजता है तो वह साधु अर्थात् श्रेष्ठ ही मानने योग्य है; क्योंकि वह यथार्थ निश्चयवाला है।'

अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्॥

(९ । २२)

'जो भक्तजन अनन्यभावसे निष्काम होकर मुझ सर्वेश्वर-का अनवरत चिन्तन करते हुए भजन करते हैं, उन नित्या-भियुक्त जनोंका योगक्षेम मैं स्वयं वहन करता हूँ।'

सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥

(१८ । ६६)

'समस्त धर्मोंके आश्रयका परित्याग कर तुम एकमात्र केवल मुझ परमानन्दकन्द गोविन्दकी अनन्य-शरणागतिका अवलम्ब ग्रहण करो। मैं तुम्हें निखिल पाप-पुञ्जोंसे उन्मुक्त कर दूँगा, तुम किसी प्रकारका शोक मत करो।'

ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्।
मम वर्त्मानुवर्तन्ते मनुष्याः पार्थ सर्वशः॥

(४ । ११)

'हे धनंजय! जो मुझे जिस प्रकार भजते हैं, मैं अखिलान्तरात्मा भी उन्हें उसी प्रकार भजता हूँ। विवेकीजन इसी रहस्यमयी बातको जानकर सर्वतोभावसे मेरे निर्दिष्ट पथ-का अनुगमन करते हैं।'

'सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते।'

(वा० रा० ६ । १८ । ३३)

श्रीप्रभुके पादपद्मोंमें एक बार भी सच्चे हृदयसे कोई यह कह दे कि 'भगवन्! मैं आपका हूँ,' केवल इतने कथनमात्रपर तो वे प्रभु अपनी अनन्तकृपा-कादम्बिनीकी अजस्र रसधारा-सीकरों-से उसे अभिषिक्त कर देते हैं। यह कृपाकी निस्सीम पराकाष्ठा है। वस्तुतस्तु वे श्रीराधामाधव कृपाके एकमात्र अधिष्ठान हैं, जहाँसे कृपा-पयस्विनी अखण्डरूपसे प्रवहमान है—'तदात्मानं सृजाम्यहम्', 'सम्भवामि युगे युगे' आदि अनुग्रहपूर्ण भगवद्वचन उसी निर्हैतुकी कृपाका द्योतन करते हैं।

श्रीगीतामें अर्जुनकी निम्नाङ्कित दिव्योक्ति भी उसी परम कृपाका संदर्शन कराती है—

मदनुग्रहाय परमं गुह्यमध्यात्मसंज्ञितम्।
यत्त्वयोक्तं वचस्तेन मोहोऽयं विगतो मम॥
(११।१)

'(हे अनुग्रह-निकेतन भगवन्!) मुझपर अनुग्रह (कृपा)-के निमित्त ही आपके द्वारा यह परम गोपनीय अध्यात्म-विषयक उपदेश प्राप्त हुआ, मेरे अन्तःस्थ अज्ञानका परिहार हो गया।'

यद्यपि इदमित्थं श्रीभगवत्कृपाका प्रतिपादन कभी सम्भव नहीं—

'यतो वाचो निवर्तन्ते। अप्राप्य मनसा सह।'
(तैत्तिरीय० २।४।१)

तथापि उनके मङ्गलमय अनुग्रहसे असम्भव भी सम्भव हो जाता है। श्रीमद्भागवतमें ब्रह्मा, श्रुतियाँ, ध्रुव, प्रह्लाद, नागपत्नियाँ आदिकी स्तुतियोंमें श्रीभगवत्कृपाके वैशिष्ट्यका दर्शन होता है। ब्रह्माजी कहते हैं—

रूपं यदेतदवबोधरसोदयेन
शश्वन्निवृत्ततमसः सदनुग्रहाय।
आदौ गृहीतमवतारशतैकबीजं
यन्नाभिपद्मभवनादहमाविरासम्॥
(श्रीमद्भा० ३।९।२)

'हे भगवन्! आपकी चित्-शक्तिके सम्प्रकाशित होनेके कारण अज्ञानान्धकार आपके निकट भी नहीं आ सकता, वह सदा ही दूर रहता है। आपका यह कमनीय रूप, जिसके नाभिकमलसे मैं प्रकट हुआ हूँ, जो सैकड़ों अवतारोंका आदि कारण है, वह सर्वप्रथम साधुजनोंपर कृपा-हेतु ही अवतरित हुआ है।'

त्वं भावयोगपरिभावितहृत्सरोज
आस्से श्रुतेक्षितपथो ननु नाथ पुंसाम्।
यद्यद्धिया त उरुगाय विभावयन्ति
तत्तद्वपुः प्रणयसे सदनुग्रहाय॥
(श्रीमद्भा० ३।९।११)

'हे प्रभो! आपका दिव्य पथ एकमात्र आपके गुणगण-श्रवणसे ही जाननेमें आ सकता है। आप यथार्थतः भक्त-जनोंके पराभक्तिसे विशुद्ध अन्तःकरणमें विराजते हैं। हे कृपामय गोविन्द! आपके प्रपन्न भावुक भक्त जैसी भावनासे युक्त होकर आपका स्मरण करते हैं, उन महापुरुषोंपर अनुग्रहार्थ अर्थात् कृपा-हेतु आप वही स्वरूप धारण करते हैं।'

दिष्ट्या हरेऽस्या भवतः पदो भुवो
भारोऽपनीतस्तव जन्मनेशितुः।
दिष्ट्याङ्कितां त्वत्पदकैः सुशोभन-
र्द्रक्ष्याम गां द्यां च तवानुकम्पिताम्॥
(श्रीमद्भा० १०।२।३८)

'हे अनुग्रह-विग्रह प्रभो! यह समग्र धरा तो आपका पादपद्म है। आपके अवतरित होनेसे इसका कष्ट दूर हुआ। हे गोविन्द! हमारे लिये यह बड़े सौभाग्यकी बात है कि आपके मङ्गलमय मनोहर चिह्नोंसे अङ्कित चरणारविन्दोंसे सुशोभित इस पृथ्वीका दर्शन करेंगे तथा इसी भाँति स्वर्गको भी आपकी अनुपम कृपासे कृतकृत्य देखेंगे।'

श्रुतियाँ भी प्रार्थना करती हैं—

दृतय इव श्वसन्त्यसुभृतो यदि तेऽनुविधा
महदहमादयोऽण्डमसृजन् यदनुग्रहतः।
पुरुषविधोऽन्वयोऽत्र चरमोऽन्नमयादिषु यः
सदसतः परं त्वमथ यदेष्ववशेषमृतम्॥
(श्रीमद्भा० १०।८७।१७)

'हे सर्वान्तर्यामिन्! प्राणियोंका साफल्य इसीमें है कि वे आपका निरन्तर चिन्तन करें, आपके उपदेशका अनुकरण करें; किंतु ऐसा न करनेपर उनका जीवन निरर्थक है तथा उनकी देहेन्द्रियोंकी स्थिति एवं प्राणोंका संचालन अर्थात् श्वास-ग्रहण वैसा ही है, जिस प्रकार लुहारकी धोंकनीमें वायुका प्रवेश एवं निस्सरण। महत्तत्त्व, अहंकार प्रभृतिद्वारा आपकी अनुकम्पासे आपके उनमें प्रविष्ट होनेपर ही इस निखिल ब्रह्माण्डकी सृष्टि सम्पादित होती है। अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय एवं आनन्दमय—इन पञ्चकोशोंमें पुरुष-रूपसे विराजनेवाले आप ही हैं।'

स तं विवक्षन्तमतद्विदं हरि-
र्ज्ञात्वास्य सर्वस्य च हृद्यवस्थितः।
कृताञ्जलिं ब्रह्ममयेन कम्बुना
पस्पर्श बालं कृपया कपोले॥
(श्रीमद्भा० ४।९।४

'भक्त ध्रुवपर प्रभुने कृपा की, तब वे भगवान्‌की स्तुति करना चाहते थे, किंतु किस प्रकार करें—यह नहीं जानते थे। सर्वान्तर्यामी भगवान् उनके मनकी बात जान गये और उन्होंने कृपापूर्वक हाथ जोड़े खड़े हुए ध्रुवका कपोल अपने वेदमय शङ्खसे छू दिया।'

प्रह्लादजी अपनी दीनता और भगवान्‌की अनुकम्पाके विषयमें कहते हैं—

क्वाहं रजःप्रभव ईश तमोऽधिकेऽस्मि-
न्जातः सुरेतरकुले क्व तवानुकम्पा।
न ब्रह्मणो न तु भवस्य न वै रमाया
यन्मेऽर्पितः शिरसि पद्मकरः प्रसादः॥
(श्रीमद्भा० ७। ९। २६)

'हे सर्वेश्वर! कहाँ तो तमोगुण-संवलित असुरकुलमें रजोगुणसे समुत्पन्न मैं और कहाँ आपकी असीम अनुकम्पा! नाथ! धन्य है, आपने अपना महान् प्रसादरूप सर्वताप-निवारक वह दिव्य करकमल मेरे मस्तकसे स्पर्श कराया है, जो विधि, शिव और लक्ष्मीजीके सिरपर भी कभी स्पर्श नहीं कराया गया।' अपने पौत्र दैत्यराज बलिके यज्ञमें वे भगवान् वामनसे कहते हैं—

त्वयैव दत्तं पदमैन्द्रमूर्जितं
हृतं तदेवाद्य तथैव शोभनम्।
मन्ये महानस्य कृतो ह्यनुग्रहो
विभ्रंशितो यच्छ्रिय आत्ममोहनात्॥
(श्रीमद्भा० ८। २२। १६)

'गोविन्द! आपने ही इसे ऐश्वर्यसम्पदायुक्त इन्द्रपद दिया था और आज आपने ही उसे छीन लिया। आपका देना जिस प्रकार सुन्दर है, उसी प्रकार आपका लेना भी परम सुन्दर है। मैं ऐसा अनुभव करता हूँ कि आपने इसपर महती कृपा की है, जो आत्माको व्यामुग्ध करनेवाली राज्य-सम्पदासे पृथक् कर दिया।'

दर्प-दलित कालियनागके रक्तरञ्जित फनोंपर नृत्य करते भगवान् बालकृष्णसे नागपत्नियाँ कहती हैं—

अनुग्रहोऽयं भवतः कृतो हि नो
दण्डोऽसतां ते खलु कल्मषापहः।
यद् दन्दशूकत्वममुष्य देहिनः
क्रोधोऽपि तेऽनुग्रह एव सम्मतः॥
(श्रीमद्भा० १०। १६। ३४)

'आपने हमपर यह महान् अनुग्रह किया है। वस्तुतः यह तो आपका प्रसाद ही है; क्योंकि आप जो दुरात्माओंको दण्ड देते हैं, उससे उनके समग्र पाप धुल जाते हैं; इस सर्पके अपराधी होनेमें किसी प्रकारका संशय ही नहीं है, कदाचित् ऐसा न होता तो इसे सर्पयोनि क्यों मिलती। अतः हम शुद्ध अन्तःकरणसे आपके इस क्रोधको भी आपका अनुग्रह ही समझती हैं।'

शास्त्र श्रीभगवत्कृपाके ऐसे असंख्य उदाहरणोंसे परिपूर्ण हैं। प्रभुका अनुग्रह-विग्रह ही आचार्यस्वरूप है, जो जगत्‌में भगवत्कृपावर्षण एवं भक्तिरसामृतकी निर्मल धारा प्रवाहित कर लोक-कल्याणके लिये प्रतिक्षण सजग है। नित्यनिकुञ्जेश्वरी परमाह्लादिनी श्रीराधाके मञ्जुल कृपाकटाक्षका वर्णन करते हुए आद्याचार्य भगवन्निम्बार्क महामुनीन्द्र वन्दना करते हैं—

व्रजन्तीं स्ववृन्दावने नित्यकालं
मुकुन्देन साकं विधायाङ्कमालम्।
समामोक्ष्यमाणानुकम्पाकटाक्षैः
श्रियं चिन्तये सच्चिदानन्दरूपाम्॥

'जो अहर्निश निश्चित समयपर कुञ्जविहारी श्रीश्यामसुन्दर प्रभुके साथ उन्हें अङ्कमाल देकर निज लीला-भूमि श्रीधाम वृन्दावनमें विहार करती हुई स्वशरणापन्न भक्तोंपर प्रेरित कृपाकटाक्षोंसे शोभायमान हैं, उन सच्चिदानन्दस्वरूपा रासेश्वरी श्रीवृषभानुनन्दिनीका मैं सदा ही चिन्तन एवं ध्यान करता हूँ।'

भगवच्चरणानुरागी श्रद्धालु रसिकजनोंके लिये संकेतमात्र पर्याप्त होता है। अनन्त कल्याणगुणार्णव प्रभुके जैसे धाम, नाम और लीला अनन्त हैं, उसी प्रकार उनकी कृपा भी अनन्त है। भगवत्कृपाके विना जीवका कल्याण कदापि सम्भव नहीं है।

परम भास्वती भागवती कृपा-शक्ति

(अनन्तश्री स्वामी श्रीकरपात्रीजी महाराज)

सर्वेश्वर सर्वशक्तिमान् परम प्रेमास्पद परमानन्दरससार-सर्वस्व भगवान्का किसीके अनुकूल होना ही उनकी कृपा है। परमानन्द परम प्रेमास्पद होनेके कारण प्रतिकूल दीखनेपर भी वे सबके अनुकूल रहते हैं। वे आप्तकाम, पूर्णकाम, आत्माराम एवं परम निष्काम हैं। अतः किसी भी कारणसे वे किसीके भी प्रतिकूल तो हो ही नहीं सकते। इसलिये जैसे भगवान् नित्य और व्यापक हैं, वैसे ही उनकी अनुकम्पा, कृपा भी नित्य एवं सर्वव्यापक ही है। जीवोंके हितार्थ ही भगवान्ने विधि-निषेधात्मक शास्त्रका प्रादुर्भाव किया। शास्त्र-विधिका पालन करनेसे जीव आत्म-कल्याणकी ओर अग्रसर होते हैं तो उनके प्रति भगवान्की अनुग्राहिका-शक्ति कृपा प्रकट होती है और जब जीव शास्त्रीय अनुज्ञाका अतिक्रमण कर शास्त्र-विरुद्ध निषिद्धाचरण करता है, तब भगवान् उसके हितार्थ ही दण्ड देते हैं। यही भगवान्का अनुग्रह और निग्रह कहा जाता है। सामान्यतया भी कोई प्राणी किसीके दुःखसे दयार्द्र होकर उसके हितानुकूल जो सहायता प्रदान करता है, उसको कृपा या अनुग्रह कहा जाता है।

अनुग्रह, अनुकम्पा, कृपा, आनुकूल्य, प्रसाद, स्नेह, श्रद्धा—सब हितकारी धर्म हैं। सामान्यतया नैयायिक आदिके मतानुसार यह आत्माका धर्म है। वेदान्तसिद्धान्तसे यह अन्तःकरणका ही एक उत्कृष्ट धर्म है। सर्वशक्तिमान् भगवान्की एक दिव्य अन्तरङ्ग शक्ति ही कृपा-शक्ति है। जैसे भगवान्की माया-शक्ति इस समस्त भोग्य प्रपञ्चका निर्माण करती है, संवित्-शक्ति जीवोंको ज्ञान-विज्ञान प्रदान करती है, आह्लादिनी शक्ति प्राणियोंको आनन्द-आह्लादादि प्रदान करती है, उसी प्रकार श्रीभगवान्की भास्वती भागवती कृपा-शक्ति भी भगवान्को सब प्राणियोंके अनुकूल बनाकर सर्वप्राणियोंका लौकिक, पारलौकिक अभ्युदय, परम निःश्रेयस सम्पादन कराकर उनको कृतार्थ करती रहती है।

श्रीभगवान् अनन्त ब्रह्माण्डका निर्माण करते हैं, अनन्तानन्त प्राणियोंके अनन्तानन्त जन्मोंके अनन्तानन्त कर्मोंको जानकर उनका फल प्रदान करते हैं; क्योंकि कर्म स्वयं जड हैं, वे देहेन्द्रिय-मन-बुद्धि आदिकी चेष्टा या हलन-चलनमात्र हैं। उन्हें यह भी विदित नहीं होता कि उनके कर्ता कौन हैं और उनका क्या फल है। कर्मजन्य अदृष्ट या अपूर्व भी जड ही है, जीव भी अल्पज्ञ है। उसे अपने एक जन्मके कर्मोंका भी ज्ञान नहीं है, अगणित जन्मोंका ज्ञान कहाँसे होगा, फिर अन्य जीवोंके कर्मोंका ज्ञान तो उसे हो ही कैसे सकता है। फलदान-सामर्थ्य जीवोंमें नहीं है। बिना सर्वज्ञ शक्तिमान्के यह व्यवस्था सम्भव नहीं हो सकती। परमेश्वर सर्वज्ञ सर्वशक्तिमान् हैं, परंतु वे आप्त-काम, पूर्णकाम हैं, उनका भूतनिकायसे कोई प्रयोजन नहीं। लोकमें बिना प्रयोजनके कोई मन्द पुरुष भी प्रायः किसी कर्ममें प्रवृत्त नहीं होता। लौकिक शासक प्रजासे कुछ उपहार, कर आदि लेता है, तब शासन आदि कार्य करता है। उसका निग्रहानुग्रहरूप शासन भी निष्प्रयोजन नहीं है, परंतु परमेश्वरका कोई भी प्रयोजन नहीं है। फिर भी वे यह सब करते हैं। केवल अकारण-करुणा, अनुग्रह, अनुकम्पा या कृपा-शक्तिके अधीन होनेके कारण ही वे इतने महामहोप-क्रममें प्रवृत्त होते हैं।

कई लोग कहते हैं, हमारा कर्म ही हमें फल देता है, बिना कर्मके तो ईश्वर भी फल नहीं देता; परंतु उन्हें ज्ञान नहीं है कि कर्म तभी सार्थक होता है, जब कोई काम ले और उसका फल दे। हमारे देश और समाजमें बहुत-से इंजीनियर, अधिवक्ता, चिकित्सक एवं श्रमिक हैं। उनसे भी कोई काम लेनेवाला और उसके बदलेमें वेतन, भत्ता आदि देनेवाला होता है, तभी उनकी विद्या या कर्मशक्ति सफल होती है, अन्यथा वे बेकारी, बेरोजगारीके ही शिकार बने रहते हैं। काम वही लेता है, जिसे आवश्यकता है। इधर परमेश्वरको कोई भी आवश्यकता नहीं है तो भी वे कृपावशात् ही प्राणियोंके कर्मोंके अनुसार कर्मोंका फल देते हैं।

कहा जाता है कि भगवान् यदि प्रपञ्चकी सृष्टि न करते तो जीव भी क्यों होते और दुःख भी क्यों होते ? परंतु यह कथन निर्मूल है; क्योंकि बीज और अङ्कुरकी धारा जैसे अनादि है, आमकी गुठली पहले हुई कि आमका पौधा पहले हुआ, यह नहीं कहा जा सकता। सोनेके पहले जागना और जागनेके पहले सोना जैसे प्रसिद्ध है और रातके पहले दिन और दिनके पहले रातका होना भी प्रसिद्ध ही है, इसी

तरह सृष्टिके पहले प्रलय और प्रलयके पहले सृष्टि तथा जन्मके पहले मरण और मरणके पहले जन्म, कर्मके पहले देहादि और देहादिके पहले कर्म प्रसिद्ध ही है। अतः जीव क्यों हुए, सृष्टि नहीं होती तो जीव न होता, संसार न होता आदि विकल्प निरर्थक हैं।

इसी प्रकार यदि ईश्वर कर्मोंका संनिधान न दें तो कर्म अपना फल न दे सकेंगे; क्योंकि वे ईश्वरसे अधिष्ठित ही कर्मफल-दान करनेमें समर्थ होते हैं, यह कहना भी युक्तिसङ्गत नहीं है; क्योंकि कर्मोंका फल प्रदान करनेका ईश्वरीय नियम है। अपौरुषेय वेद एवं तदाश्रित शास्त्रोंका स्वतः प्रामाण्य है, उनके अनुसार ईश्वर कर्मोंका संनिधान न करे, ऐसा हो ही नहीं सकता, क्योंकि उनमें बताये गये विधि-निषेधादि भी स्वयं परमात्माद्वारा निर्दिष्ट हैं। इसके अतिरिक्त महाप्रलयकालमें भी जीवात्मा सुषुप्तिके समान प्रापञ्चिक उद्वेगोंसे बचा रहता है और सावरण ब्रह्म-सुखका अनुभव होनेसे निरुपाय तथा प्रसन्न रहता है, तथापि वह निरावरण ब्रह्मसुखसे वञ्चित ही रहता है, अतः मोक्ष ही परम पुरुषार्थ है; पर वह ब्रह्मात्मसाक्षात्कारसे ही सम्भव है। महाप्रलयकालमें देह, इन्द्रिय, मन, बुद्धि आदि न होने एवं वेदान्त-श्रवणादि साधन न होनेसे ब्रह्मात्मसाक्षात्कार सम्भव ही नहीं है। अतः देहादि साधन प्राप्त करानेकी दृष्टिसे भी जीवोंके कल्याणार्थ ही भगवान् सृष्टि-कार्यमें संलग्न होते हैं। अवश्य ही सृष्टिमें दुःखादि उद्वेजक अनिष्ट पदार्थोंकी भी प्राप्ति होती है, परंतु वह भी जीवोंके हितार्थ ही है। वस्तुतः सुख-सुखसाधनकी अपेक्षा दुःख-दुःखसाधन ही अधिकाधिक रूपसे जीवोंके उपकारक हैं; क्योंकि उन्हींसे वैराग्य, विवेक एवं भगवत्प्राप्तिकी ओर जीवोंकी प्रवृत्ति होती है।

अतः सभी दृष्टियोंसे भगवान्की कृपासे ही प्राणियोंके कल्याणकी स्थिति बनती है। भगवान्की मङ्गलमयी सर्वशक्तिवर्तिनी परम भास्वती कृपा-शक्ति ही भगवच्चित्तको नवनीतके समान विशेषरूपसे द्रवित करके स्वयं प्रादुर्भूत होकर जीवका कल्याण करती है। उसके प्रादुर्भूत होनेपर भगवान्की सत्य-संकल्पना शक्ति भी तिरोहित हो जाती है। भगवान्की वह भास्वती भागवती कृपा यद्यपि व्यापक है तो भी उसका प्राकट्य दैन्ययुक्त प्राणियोंमें ही विशेषरूपसे होता है और उसीसे साध्यस्वरूपा सर्वोत्कृष्टा प्रेमा-भक्ति उत्पन्न होती है।

कृपास्य दैन्यादियुजि प्रजायते
यया भवेत् प्रेमविशेषलक्षणा।
भक्तिर्ह्यनन्याधिपतेर्महात्मनः
सा चोत्तमा साधनरूपिका परा॥

ज्ञान-विज्ञान भी भगवत्कृपैकसाध्य है। प्रभु स्वयं भक्तके हृदयमें प्रकट होकर अपनी अकारण-करुणासे दिव्य ब्रह्मात्म-विज्ञान प्रकट करते हैं—

तेषामेवानुकम्पार्थमहमज्ञानजं तमः।
नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता॥
(गीता १०। ११)

'अनुकम्पार्थं दयाहेतोरहमज्ञानजमविवेकतो जातं मिथ्याप्रत्ययलक्षणं मोहान्धकारं तमो नाशयाम्यात्मभावस्थः'
(शां० भा०)

दुर्लभ कैवल्यपदका प्रापक जो बुद्धियोग है, उसे भजन करनेवाले भक्तको भगवान् स्वयं ही प्रदान करते हैं—

तेषां सततयुक्तानां भजतां प्रीतिपूर्वकम्।
ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते॥
(गीता १०। १०)

इसीलिये परमपदप्राप्त्यर्थ गीताने भगवत्प्राप्तिको अनिवार्यरूपसे आवश्यक माना है—

तमेव चाद्यं पुरुषं प्रपद्ये
यतः प्रवृत्तिः प्रसृता पुराणी॥
(१५। ४)

वस्तुतः जीवोंका कल्याण भगवत्कृपापर ही निर्भर है। जीव भगवान्का निराकरण न करे, यह भी जीवके वशकी बात नहीं है; अतः शान्तिपाठद्वारा जीव उसके लिये भी प्रार्थना करता है—

'माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोत्, अनिराकारणं मेऽस्तु॥' (केन०—शान्तिपाठ)

'मैं ब्रह्मका निराकरण न करूँ, ब्रह्म मेरा निराकरण न करे।' जैसे उन्मादमें प्राणी अपनी तलवारसे ही अपना सिर काट डालता है, वैसे ही उन्मादके कारण जीव अपने परम प्रेमास्पद सर्वस्व भगवान्से द्वेष करता है, उनका खण्डन करता है।

केनोपनिषद्के वचनोंसे विदित होता है कि देवासुर-संग्राममें देवताओंकी प्रार्थनासे संतुष्ट हो भगवान्ने कृपासे ही दिव्य शक्ति प्रदान कर उन्हें विजयी

विजयके गर्वमें जब देवता भगवान्‌को भूल गये, तब भगवान्‌ने कृपा कर महामहिम अनन्त-वैभव दिव्य-तेज-सम्पन्न यक्षरूपमें प्रकट हो देवताओंका गर्व मिटाकर अपना बोध कराया। अग्नि उनके सामने एक तृणतक भी न जला सका और वायु उसे हिलातक न सका। इन्द्रकी तपस्यासे प्रसन्न होकर राजराजेश्वरी ब्रह्मविद्यारूपिणी भगवतीने इन्द्रको बतलाया कि भगवान्‌की कृपासे ही तुमलोग विजयी हुए हो। उन्हींकी कृपासे तुमलोग महीयान् होते हो।

प्रह्लादने ठीक ही कहा था—'राजन्! वे भगवान् मेरा ही बल नहीं हैं, अपितु आपका भी बल वे ही हैं, संसारके महान् बलवानोंका बल भी वे ही हैं'—

'न केवलं मे भवतश्च राजन्
स वै बलं बलिनां चापरेषाम्।'
(श्रीमद्भा० ७। ८। ८)

एतदालम्बनꣳ श्रेष्ठमेतदालम्बनं परम्।
एतदालम्बनं ज्ञात्वा ब्रह्मलोके महीयते॥
(कठोप० १। २। १७)

भगवान् और उनका पवित्र नाम ही अत्युत्तम आलम्बन है, यही सबका अन्तिम आश्रय है, इस आलम्बनको भलीभाँति जानकर (साधक) ब्रह्मलोकमें महिमान्वित होता है।'

न प्राणेन नापानेन मर्त्यो जीवति कश्चन।
इतरेण तु जीवन्ति यस्मिन्नेतावुपाश्रितौ॥
(कठोप० २। २। ५)

'प्राणीका जीवन केवल प्राण एवं अपानपर निर्भर नहीं है, किंतु ये दोनों जिसके आश्रित रहते हैं, वे भगवान् ही प्राण तथा अपानके व्यापारोंके आश्रय हैं।'

'स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः…।'

'भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।'
(ऋक्० १। ८९। ६–८)

साधक भगवान्‌की प्रार्थनासे ही अपने अधीन वेदमन्त्रों, शास्त्रोंको तेजस्वी शक्तिशाली बनाना चाहता है और भगवान्‌से ही अपने भद्र-दर्शन, भद्र-श्रवणकी आकाङ्क्षा करता है।

'अमृतस्य देव धारणो भूयासम्।'
(तै० उ० १। ४। १)

'रसं ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनन्दी भवति। को ह्येवान्यात् कः प्राण्याद् यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्। एष ह्येवानन्दयति।'

सर्वविध अभ्युदय तथा अमृतत्वकी प्राप्तिके लिये वेदों भगवान्‌से ही प्रार्थना की गयी है। कानोंसे रसरूप भगवान्‌को ही प्राप्त करके प्राणी आनन्दित होता है। यदि परमानन्द भगवान् न हों तो कोई श्वास-प्रश्वासमें भी सक्षम नहीं है वे ही सबको आनन्दित करते हैं।

'यदा ह्येवैष एतस्मिन्……प्रतिष्ठां विन्दते। अथ सोऽभयं गतो भवति।'
(तै० उ० २। ७। १)

जब साधक इस परमतत्त्व ब्रह्ममें प्रतिष्ठित होता है, तब वह भयशून्य प्रतिष्ठा प्राप्त करता है।

'आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न बिभेति कदाचन॥'
(तै० उ० २। ४। १)

ब्रह्मके स्वरूपभूत अमृतको प्राप्त हो साधक निर्भय होता है।

'ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः॥'
(श्वेता० ६। १३)

देवको जानकर ही सर्वबन्धनोंकी निवृत्ति होती है, क्लेशोंके क्षीण होनेपर ही जन्म-मृत्युकी निवृत्ति होती है।

'दृतय इव श्वसन्त्यसुभृतो यदि तेऽनुविधाः।'
(श्रीमद्भा० १०। ८७। १७)

जो भगवान्‌का अनुविध—अनुवर्ती है, वही वस्तुतः प्राणधारी है, अन्यथा अननुवर्ती प्राणी तो धौंकनीके समान ही श्वास लेते हैं।

परमेश्वरकी कृपा ही सर्वथापि प्राणियोंको लौकिक पारलौकिक अभ्युदय—निःश्रेयस तथा जीवन-कल्याण प्रदान करती है।

मूकं करोति वाचालं पङ्गुं लङ्घयते गिरिम्।
यत्कृपा तमहं वन्दे परमानन्दमाधवम्॥

परब्रह्मकी दयालुता

(लेखक—श्रीजगदाचार्यसिंहासनाधीश्वर महामहिमोपाध्याय श्रीकाञ्चीप्रतिवादिभयंकर श्रीअणङ्गराचार्यजी महाराज)

भगवद्गुणगणसिन्धौ दयाभिधानं मणिं समुद्दिश्य ।
करवै विपुलां निवृतिं कारुणिकस्याच्युतस्य कारुण्यात् ॥

शास्त्रोंसे ज्ञात होता है कि भगवान् समस्त दोषोंसे शून्य और समस्त कल्याण-गुणगणोंके आकर हैं । इस सम्बन्धमें 'शारीरकमीमांसा'में प्राप्त उभय-लिङ्गाधिकरणके **'न स्थानतोऽपि परस्योभयलिङ्गं सर्वत्र हि ।'** (३ । २ । ११) इस सूत्रका शावर-भाष्य विशेषरूपसे अवलोकनीय है । अस्तु !

यहाँ परब्रह्मकी दयाके सम्बन्धमें ही कुछ विचार किया जाता है । तैत्तिरीय-संहिताके प्रथम काण्डके षष्ठ प्रपाठक (११ । ८) में कहा गया है—**'प्रजापतिस्त्वां वेद प्रजापतिं त्वं वेद यं प्रजापतिर्वेद स पुण्यो भवति ।'** प्रजापति तुमको जानते हैं, प्रजापतिको तुम जानते हो और जिसको प्रजापति भी जानते हैं, वह पुण्यवान् होता है । परमपुरुष प्रजापति कभी किसी चेतनका वरण करते हैं और कभी कोई चेतन भी परमपुरुष प्रजापतिका वरण करता है, किंतु इन दोनोंमें परमात्माके द्वारा वरण किया जानेवाला चैतन्य जीव ही श्रेष्ठ एवं सौभाग्यशाली है—यही इस श्रुतिका तात्पर्य है । इस प्रकार परमपुरुष द्वारा सामान्य चेतनका वरण केवल दया-कार्य ही है, इसमें कोई संदेह नहीं है ।

कठोपनिषद् (१ । २ । २३) और मुण्डकोपनिषद् (३ । २ । ३)की श्रुति भी कहती है—

नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन ।
यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूं स्वाम् ॥

यहाँ भी कार्यमुखसे भगवती श्रुति भगवान्‌की दयाका ही निरूपण करती है। संसार किसी महाधनीका धन या खजाना नहीं देखता, उसकी धनाढ्यताका अनुमान उसके विशेष क्रिया-कलापसे ही तो होता है । इसी प्रकार दयालुओंकी दया भी उनकी वृत्तिसे ही ज्ञात होती है ।

अब देखिये—आप्तकाम भगवान् पृथ्वीपर अवतार क्यों लेते हैं ? आचार्योंका कथन है कि दयादि गुणोंके आविष्कारके लिये ही अज परमात्मा अनेकानेक अवतार ग्रहण करते हैं—

'प्रजापतिश्चरति गर्भे अन्तरजायमानो बहुधा विजायते ।'
(शुक्लयजु० ३१ । १९)

'स उ श्रेयान् भवति जायमानः ।' (ऋग्वेद ३ । ८ । ४)

'वेदोपबृंहणार्थाय तावग्राहयत प्रभुः ।' (वा० रा० १ । ४ । ६) के अनुसार वेदार्थके विस्तारके लिये रामायण एवं पुराणोंकी रचना हुई है । ध्यान देनेपर पुराणोंमें भगवान्‌के अवतारके मूल कारणोंमें दयाकी ही प्रधानता देखनेमें आती है । यद्यपि 'अवतार' शब्दके कई अर्थ हैं, तथापि उच्चस्थितिसे या अपनी देश, काल और वस्तु—इन तीनोंकी सीमासे रहित पूर्ण ब्रह्मरूपसे ससीम स्थितिमें नीचे उतरना ही यहाँ अवतार-शब्दका मुख्य अर्थ कहा जा सकता है । जैसा कि आचार्योंने कहा है—

शीलः क एष तव हन्त दयैकसिन्धो
क्षुद्रे पृथग्जनपदे जगदण्डमध्ये ।
क्षोदीयसोऽपि हि जनस्य कृते कृती त्व-
मत्रावतीर्य ननु लोचनगोचरोऽभूः ॥

'हे एकमात्र दयाके सागर ! अपने विराट् ब्रह्माण्डके बीच इस क्षुद्र जनपदमें क्षुद्र प्राणियोंके लिये पृथक् अवतार धारणकर जो आप नेत्रगोचर हो गये, आपका यह शील अनुपमेय है ।'

वेङ्कटनाथने 'दयाशतक'में निषादराज, सुग्रीव, शबरी, कुब्जा, सुदामा, व्रजरमणियों तथा मालीके निम्नत्व और व्यङ्कटाचलरूप श्रीभगवान्‌के श्रेष्ठत्व—इन दोनोंके संयोगका कारण भास्वती भगवती अनुकम्पाको ही बतलाया है—

निषादानां नेता कपिकुलपतिः क्वापि शबरी
कुचेलः कुब्जा सा व्रजयुवतयो माल्यकृदिति ।
अमीषां निम्नत्वं वृषगिरिपतेरुन्नतिमपि
प्रभूतैः स्रोतोभिः प्रसभमनुकम्पे शमयसि ॥
(६५)

यहाँ 'दया' पदसे अनृशंसता ही निर्दिष्ट है । श्रीसीताजीने हनुमान्‌से अपने संदेशमें इसे ही सबसे बड़ा धर्म बतलाया है—

'आनृशंस्यं परो धर्मस्त्वत्त एव मया श्रुतम् ॥'
(वा० रा० ५ । ३८ । ३९)

इससे स्पष्ट सिद्ध होता है कि भगवान् श्रीराम सीतादेवीसे दयाकी बार-बार चर्चा करते थे ।

परदुःखासहिष्णुता ही दया है, यह रामानुज-भाष्यका मत है । यही पराशर भट्टका भी मत है—**'स्वार्थनैरपेक्ष्येण**

दुःखाप्रसहनम् ।' मानव-सदृश साधारण शक्तिहीन प्राणी तो दूसरेके दुःखको दूर नहीं कर सकते, केवल देख-देखकर दुःखी ही हो सकते हैं; पर सर्वशक्तिमान् भगवान्‌की यह विशेषता है कि वे अपनी महनीया शक्तिसे दूसरेके दुःखको दूर करके भी दुःखी होते तथा पश्चात्ताप करते हैं । द्रौपदीकी करुण-पुकारकी चिन्ता उनके हृदयमें अन्ततक बनी ही रही—

गोविन्देति यदाक्रन्दत् कृष्णा मां दूरवासिनम् ।
ऋणं प्रवृद्धमिव मे हृदयान्नापसर्पति ॥

इसी प्रकार ग्राहके मुखसे गजेन्द्रका उद्धार करके भी वे रास्तेभर चिन्ता करते रहे कि 'मुझे धिक्कार है, जो मैं बेचारे हाथीके बार-बार चिल्लानेके बाद पहुँच सका !'

क्षमा, सौशील्य, वात्सल्यादि गुण भी दयाके पर्याय ही हैं । अपराधीको क्षमादान करना दयामूलक ही है ।

यद्यपि दया प्रभुका स्वाभाविक गुण है, किंतु इसका सार्वत्रिक प्रसार शास्त्र-मर्यादाका उच्छेद कर सकता है, अतः भगवान् कहीं-कहीं अपराधियोंपर अल्पदण्डके रूपमें भी उसका प्रयोग करते हैं; उदाहरणार्थ काकरूपधारी इन्द्रपुत्र जयन्तका उदाहरण दिया जा सकता है—

'वधार्हमपि काकुत्स्थः कृपया पर्यपालयत्'
(वा० रा० ५ । ३७ । ३३)

गोस्वामी तुलसीदासजीने उपर्युक्त श्लोकांशका अनुवाद करते हुए लिखा है—

कीन्ह मोह बस द्रोह जद्यपि तेहि कर बध उचित ।
प्रभु छाड़ेहु करि छोह को कृपाल रघुबीर सम ॥
(मानस ३ । २)

भगवान् अहैतुक कृपालु हैं । वे अकारण करुणा करते हैं ।

प्रलय-कालमें अचिद्विशिष्ट जन्तुओंको भी यह दया ही भगवान्‌से मिला देती है । **'वैषम्य-नैर्घृण्य'** आदि ब्रह्मसूत्रोंसे भगवान्‌की दया-कृपाकी महिमा ही वर्णित है । अतः जीवोंके कष्ट-फलमें भी भगवान्‌की दया-कृपाका अभाव नहीं है । धृतिसेतुसंरक्षण, सृष्टिसंचालन, सृष्टिके वैलक्षण्य एवं कर्मफलविपाककी दृष्टिसे ही यह विषमता दृष्टिगोचर होती है । वास्तवमें तो सर्वत्र-सदैव समानरूपसे भगवान्‌की दया ही बरस रही है ।

भगवत्कृपा—प्रयत्नसाध्य या कृपासाध्य ?

(संत श्रीविनोबा भावे)

प्रश्न—'मनुष्य-देह प्राप्त होनेमें हेतु प्रारब्ध है या भगवत्कृपा ?

उत्तर—जैसे ताली दोनों हाथोंसे बजती है, वैसे ही आपका प्रयत्न और प्रभुकृपा दोनोंके कारण मनुष्य-देह मिली है । हम जो कुछ पुण्य-कर्म, पूजा-पाठ, प्रार्थना, परोपकार, दान, धर्म करेंगे, हमारा उद्धार केवल उन्हींसे नहीं होगा, अपितु प्रभुकृपासे ही होगा । हमारा प्रयत्न निमित्त होगा । हम प्रयत्न करेंगे तो प्रभुकृपा होगी, उससे उद्धार होगा । वह मैंने प्रत्यक्ष अनुभवसे देखा है । एक बार एक पानीके टांकेके पास मैं खड़ा था । टांकेमें पानी नहीं था । टांकेमें सिमेंट लगा हुआ था । टांकेसे एक कीड़ा बाहर आनेकी कोशिश करता था । चढ़ता था, फिर गिरता था । यह देखकर मुझे दया आयी । मेरे हाथमें एक लकड़ी थी । वह लकड़ी मैंने कीड़ेके पास रखी, वह कीड़ा उसपर चढ़ा तो मैंने उसे यों बाहर निकाला । अब उस कीड़ेको कष्टसे किसने बचाया ? अगर कीड़ा प्रयत्न न करता तो मैं उसे बाहर नहीं निकालता और वह प्रयत्न करता परंतु मैं वहाँ नहीं होता तो वह बाहर नहीं निकल पाता । मुख्य है भगवान्‌की कृपा और निमित्त है अपना थोड़ा-सा प्रयत्न ।

प्रश्न—क्या ईश्वर-कृपासे ही पाप क्षीण होते हैं । उसमें अपनी कृति कुछ काम नहीं आती ?

उत्तर—भक्ति-मार्गकी भाषामें यही कहना पड़ेगा । किंतु ज्ञान-मार्गमें तो अपनी ही कृति मुख्य मानी गयी है । अगर दोनोंका समन्वय करना है, तो यों कहना होगा कि ईश्वर-कृपारूप अग्नि तो सब जगह पड़ी है । हम यदि उसके पास जायँगे, तो उसकी गर्मी मिलेगी । अगर दूर चले गये, तो कहाँसे मिलेगी ? इसमें कृपा और कृतित्व—दोनोंका मेल बैठ जाता है ।

प्रश्न—इस प्रकार तो ईश्वर-कृपा एक तटस्थ वस्तु हो जाती है । क्या उसमें अपना स्वतन्त्र कृतित्व कुछ भी नहीं है ?

उत्तर—ईश्वर-कृपा चुम्बकके समान हमें आकृष्ट करती है । यदि हम लोहेके समान उसका विरोध न करें, तो वह अपनी ओर हमें खींच लेगी; किंतु हम उसके बीच अपनी इच्छाका जो विरोधी विकर्षण लगाते हैं, यही बाधा है । चुम्बक लोहेसे सम्पूर्ण समर्पण चाहता है ।

—प्रेषक—श्रीरामकुमारजी जालान

पक्षीके अण्डोंपर भगवत्कृपा [पृष्ठ ३०८

क्षुद्र गिलहरीपर श्रीराम-कृपा

[पृष्ठ ३५५

नन्हे शुकपर श्रीचन्द्रमौलि-कृपा

[पृष्ठ ३२५

काकभुशुण्डिजीपर श्रीराम-कृपा

[१६६

बालक नारदपर संत-कृपा

[पृष्ठ ३८३

बालक ध्रुवपर देवर्षि नारदकी कृपा

[पृष्ठ ३८४

बालक ध्रुवपर विलक्षण कृपा

[पृष्ठ ३८५

अनुगृहीत गजेन्द्र

[पृष्ठ ३८७

भगवत्कृपाका रहस्य और दर्शन

(ब्रह्मलीन परमश्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दका)

भगवत्कृपाके महत्त्वका वाणीद्वारा पूर्णरूपसे वर्णन किया जाना असम्भव है; क्योंकि भगवान्‌की दयाका महत्त्व अपार है और वाणीद्वारा जो कुछ कहा जाता है; वह स्वल्प ही है। भगवान्‌की कृपाके रहस्यको जो कोई महापुरुष यत्किंचित् भी समझते हैं, वे भी जितना समझते हैं, उतना वाणीद्वारा बता नहीं सकते। भगवान्‌की कृपा सब जीवोंपर सदा-सर्वदा अपार है। लोगोंका इस विषयमें जितना अनुमान है, उससे भी भगवान्‌की कृपा बहुत अधिक है।

वास्तवमें भगवान्‌की कृपा सभी प्राणियोंपर बिना किसी कारणके समभावसे सदा ही स्वाभाविक है, अतः उसे निर्हेतुक ही कहना चाहिये; परंतु जो मनुष्य भगवान्‌की कृपापर जितना अधिक विश्वास करता है, अपनेपर जितनी अधिक कृपा मानता है, वह उनकी दयाका तत्त्व उतना ही अधिक समझता है तथा उसे उतना ही अधिक प्रत्यक्ष लाभ मिलता है। इसलिये उसको सहेतुक भी कहा जा सकता है, किंतु भगवान्‌का इसमें अपना कोई हेतु नहीं है।

भगवान् तो सर्वथा पूर्णकाम, सर्वशक्तिमान् एवं महान् ईश्वर हैं। उनमें किसी प्रकारकी कामना या इच्छाकी कल्पना ही कैसे हो सकती है, जिससे उनकी कृपामें किसी प्रकारके स्वार्थरूप हेतुको स्थान मिल सके। वे तो स्वभावसे ही—बिना कारण परम कृपालु हैं, सबके सुहृद् हैं। उनकी समस्त क्रियाएँ सम्पूर्ण जीवोंके हितके लिये ही होती हैं। वास्तवमें अकर्ता होते हुए भी वे दयावश जीवोंके हितकी चेष्टा करते हैं। अजन्मा होते हुए भी साधु पुरुषोंका उद्धार, धर्मका प्रचार और दुष्टोंका संहार करनेके लिये एवं संसारमें अपनी पुनीत लीलाका विस्तार कर लोगोंमें प्रेम और श्रद्धाका संचार करनेके लिये वे समय-समयपर अवतार धारण करते हैं। निर्गुण, निराकार और निर्विकार होते हुए भी अपने भक्तोंके प्रेमके अधीन होकर वे सगुण और साकाररूपसे दर्शन देनेके लिये बाध्य होते हैं। सर्वेश्वर, सर्वशक्तिमान् एवं सर्वथा स्वतन्त्र होते हुए भी वे प्रेमसे द्रवित होकर भक्तके अधीन हो जाते हैं—इन सबमें उनकी निर्हेतुकी परम कृपा ही कारण है।

जो भगवान्‌को प्राप्त हुए भगवद्भक्त हैं, जो भगवान्‌की कृपाके महत्त्वको समझ गये हैं, जिनमें उन कृपामय परमेश्वरकी कृपाका अंश व्याप्त हो गया है, उन महापुरुषोंका भी अन्य जीवोंसे किसी प्रकारके स्वार्थका सम्बन्ध नहीं रहता। उनकी समस्त क्रियाएँ केवल लोक-हितके लिये, किसी प्रकारके स्वार्थरूप हेतुके बिना ही होती हैं; तब फिर भगवान्‌की कृपा हेतुरहित हो, इसमें तो कहना ही क्या है! महापुरुषोंका किसी भी जीवके साथ किसी प्रकारका स्वार्थका सम्बन्ध नहीं रहता, इस विषयमें भगवान् स्वयं कहते हैं—

> नैव तस्य कृतेनार्थो नाकृतेनेह कश्चन।
> न चास्य सर्वभूतेषु कश्चिदर्थव्यपाश्रयः॥
>
> (गीता ३। १८)

'उस महापुरुषका इस विश्वमें न तो कर्म करनेसे कोई प्रयोजन रहता है और न कर्मोंके न करनेसे ही। सम्पूर्ण प्राणियोंमें भी उसका किंचिन्मात्र भी स्वार्थका सम्बन्ध नहीं रहता।' तो भी उसके द्वारा केवल लोकहितार्थ कर्म किये जाते हैं।

इसी तरह अपने विषयमें भी भगवान् कहते हैं—

> न मे पार्थास्ति कर्तव्यं त्रिषु लोकेषु किंचन।
> नानवाप्तमवाप्तव्यं वर्त एव च कर्मणि॥
>
> (गीता ३। २२)

'हे अर्जुन! मुझे इन तीनों लोकोंमें न तो कुछ कर्तव्य है और न कोई भी प्राप्त करनेयोग्य वस्तु अप्राप्त है, तो भी मैं कर्ममें ही बरतता हूँ।'

गोस्वामी तुलसीदासजीने भी कहा है—

> हेतु रहित जग जुग उपकारी। तुम्ह तुम्हार सेवक असुरारी॥
> स्वारथ मीत सकल जग माहीं। सपनेहुँ प्रभु परमारथ नाहीं॥
>
> (मानस ७। ४६। ३)

उपर्युक्त वर्णनसे यह सिद्ध है कि महापुरुषोंका और भगवान्‌का कोई कर्तव्य और प्रयोजन न रहते हुए भी लोगोंको उन्मार्गसे बचानेके लिये एवं नीति, धर्म और ईश्वरभक्तिरूप सन्मार्गमें प्रवृत्त करनेके लिये उनके द्वारा केवल लोक-हितार्थ सब क्रियाएँ हुआ करती हैं; इसमें उनकी अपार कृपा ही कारण है।

परम कृपालु और सर्वशक्तिमान् होते हुए भी समदर्शी और निःस्पृह होनेके कारण भगवान्‌के द्वारा अपने-आप कोई क्रिया नहीं की जाती। श्रद्धा-प्रेमपूर्वक शरणागत

होनेसे भक्तके हितके लिये ही उनमें क्रियाका प्रादुर्भाव और उनकी कृपाका विकास होता है।

यहाँ यह प्रश्न उठ सकता है कि यदि इस प्रकार भगवान्‌की समानभावसे सब जीवोंपर अपार कृपा है, तब फिर सभी जीवोंका कल्याण क्यों नहीं हो जाता ? विवेचन करनेसे इसका यही उत्तर मिलता है कि उनकी कृपाके तत्त्वको न जाननेके कारण लोग उस कृपासे विशेष लाभ नहीं उठा सकते। जैसे जगत्तारिणी भागीरथी गङ्गाकी धारा लोक-हितार्थ निरन्तर बहती रहती है, तथापि जो गङ्गाके प्रभावको नहीं जानते, जो श्रद्धा-भक्तिकी कमी होनेके कारण स्नान-पानादि नहीं करते, वे उससे विशेष लाभ नहीं उठा सकते; इसी तरह भगवान्‌की कृपाका प्रवाह अहर्निश गङ्गाके प्रवाहसे भी बढ़कर सर्वत्र बह रहा है, तथापि मनुष्य उसका प्रभाव न जाननेके कारण एवं श्रद्धा भक्तिकी कमी होनेके कारण भगवान्‌की शरण लेकर उनकी कृपासे विशेष लाभ नहीं उठा सकते।

भगवान्‌की सामान्य कृपाका साधारण लाभ तो सब जीवोंको समानभावसे मिलता ही है, परंतु जो उनकी कृपाका पात्र बन जाता है, वह उससे विशेष लाभ उठा सकता है। सूर्यकी धूप और प्रकाश सर्वत्र समानभावसे सबको सुलभ है, अतः समानभावसे उसका लाभ सबको मिलता है, किंतु सूर्यमुखी काँचपर उसकी शक्तिका विशेष प्रादुर्भाव होता है, उसके माध्यमसे तुरंत अग्नि प्रकट हो जाती है। सूर्यमुखी काँचकी भाँति जिसका अन्तःकरण शुद्ध होता है, जिसके अन्तःकरणमें भगवान्‌पर विशेष श्रद्धा और प्रेम होता है, वह उनकी दयासे विशेष लाभ उठा सकता है।

मनुष्यके संचित, प्रारब्ध और क्रियमाण—तीनों प्रकारके कर्मोंसे ही भगवान्‌की कृपाका सम्बन्ध है—पूर्वकृत पुण्यकर्मोंका संचय भगवान्‌की कृपासे ही हुआ है तथा उन संचित कर्मोंके अनुसार ही प्रारब्धभोगका विधान भगवान् दयापूर्वक जीवोंके हितके लिये ही करते हैं। अतः भगवान्‌की कृपाके रहस्यको समझनेवाला प्रारब्धभोगके समय हर एक अवस्थामें भगवान्‌की कृपाका दर्शन किया करता है। क्रियमाण शुभकर्म भी भगवान्‌की कृपासे ही बनते हैं, उनकी कृपासे ही मनुष्य सन्मार्गमें अग्रसर हो सकता है। अतः सभी कर्मोंसे भगवान्‌की कृपाका नित्य सम्बन्ध है।

श्रद्धा-भक्तिपूर्वक विचार करनेसे क्षण-क्षणमें, पद-पदपर, प्रत्येक अवस्थामें मनुष्यको भगवान्‌की कृपाके दर्शन होते रहते हैं। सब जीवोंको जल, वायु, प्रकाश आदि तत्त्वोंसे सुख मिल रहा है, उनके जीवनका निर्वाह हो रहा है, खान-पान आदि कार्य चल रहे हैं, इन सबमें ईश्वरकी कृपा समान रूपसे व्याप्त है।

मनुष्यके शुभ और अशुभ कर्मोंके अनुसार फलभोगकी व्यवस्था कर देनेमें भगवान्‌की कृपाका ही हाथ है।

थोड़ा-सा जप, ध्यान और सत्सङ्ग करनेसे मनुष्यके जन्म-जन्मान्तरके पापोंका नाश होनेका जो भगवान्‌ने विधान बनाया है, इसमें तो भगवान्‌की अपार कृपा भरी हुई है।

भगवान्‌की शरण होकर प्रेम और करुणाभावसे प्रार्थना करनेपर प्रत्यक्ष प्रकट हो जाना, भक्तके हर प्रकारके दुःखों और संकटोंको दूर करना, शरणागतकी सब प्रकारसे रक्षा करना, हर एक प्रकारके पापकर्मसे उसे बचाना, यह उनकी विशेष कृपाका प्रदर्शन है। भक्त प्रह्लादकी भाँति, दृढ़ विश्वास रखकर भक्ति करनेवाले भक्तके हितके लिये बिना उसकी इच्छा और प्रार्थनाके भी स्वयं प्रकट होकर उसे दर्शन देना तथा सम्पूर्ण संकटोंसे उसकी रक्षा करना, यह भगवान्‌की कृपाका अतिशय विशेष प्रदर्शन है।

महात्मा और शास्त्रोंके द्वारा या स्वतः लोगोंके अन्तःकरणमें प्रेरणा करके अथवा स्वयं अवतार लेकर लोगोंको बुरे कर्मोंसे हटाकर अच्छे कर्मोंमें लगा देना, यह भी भगवान्‌की विशेष कृपाका प्रदर्शन है।

स्त्री, पुत्र, धन और मकान आदि सांसारिक पदार्थोंकी प्राप्ति और उनका विनाश होनेमें एवं शारीरिक स्वास्थ्य ठीक रहने और न रहनेमें, रोग और संकटादिकी प्राप्ति और उनके विनाशमें तथा सुख-सम्पत्ति और दुःखोंकी प्राप्तिमें भी अर्थात् प्रत्येक अवस्थामें मनुष्यको भगवान्‌की कृपाका दर्शन करनेका अभ्यास करना चाहिये।

स्त्री, पुत्र, धन और मकान आदि सांसारिक पदार्थोंकी वृद्धिमें समझना चाहिये कि भगवान्‌ने पूर्वकृत पुण्यकर्मोंके फलस्वरूप ये सब पदार्थ दूसरोंको सुख पहुँचानेके लिये, श्रेष्ठ कर्म करनेके लिये, अपने (भगवान्)में प्रेम बढ़ानेके लिये और हर प्रकारसे ईश्वर-भक्तिमें इनका प्रयोग करनेके लिये ही दिये हैं—ऐसा समझकर उन सांसारिक पदार्थोंसे जो केवल शरीर-निर्वाहमात्रके लिये ही अपना सम्बन्ध रखता है और उन सबको ईश्वरके ही काममें लगा देता है, वही ईश्वरकी कृपाका रहस्य

ठीक समझता है; जो उन पदार्थोंको भोगोंमें खर्च करता है, वह भगवान्‌की कृपाके तत्त्वको नहीं समझता।

सांसारिक भोग-पदार्थोंके नाशके समय समझना चाहिये कि इन सबमें मेरी भोगबुद्धि और आसक्ति होनेके कारण ये ईश्वर-भक्तिमें बाधक थे, अतः परम कृपालु भगवान्‌ने मुझे कृपावश अपनी ओर आकर्षित करनेके लिये इन सबको हटाया है, इसमें भगवान्‌की परम कृपा है। जिस प्रकार संसारमें देखा जाता है कि पतंगे या इसी प्रकारके दूसरे जन्तु रोशनीको देखकर उसपर आसक्त हो जाते हैं, मोहवश उसमें उछल-उछलकर पड़ते और भस्म हो जाते हैं। उनकी ऐसी बुरी दशा देखकर कृपालु मनुष्य उस रोशनीको वहाँसे हटा देता या बुझा देता है; इस कार्यमें उस मनुष्यकी उन पतंगोंपर महान् कृपा है, यद्यपि वे पतंगे इस बातको नहीं समझते। उनकी समझमें तो उस रोशनीको हटानेवाला अत्यन्त निर्दयी और महान् शत्रु हो सकता है; पर यह उनका अज्ञान है; भूल है। इसी प्रकार हमारे भोले भाई भी, जो ईश्वरकी कृपाका रहस्य नहीं जानते, इन सब सांसारिक पदार्थोंका अभाव होते देखकर नाना प्रकारसे ईश्वरको दोष दिया करते हैं; परंतु भगवान् तो परम कृपालु हैं, इसलिये वे उनके अपराधकी ओर नहीं देखते। 'मुझपर परम कृपा करके भगवान्‌ने पूर्वकृत पापकर्मोंसे उऋण करनेके लिये, भविष्यमें पापोंसे बचानेके लिये और समस्त भोगसामग्रीको प्रत्यक्ष क्षणभङ्गुर दिखाकर उनमें वैराग्य उत्पन्न करनेके लिये इन सबका वियोग किया है'—ऐसा समझकर जो सांसारिक भोगपदार्थोंके वियोगमें भी भगवान्‌की कृपाका दर्शन कर सदा प्रसन्न रहता है, वही उनकी कृपाके रहस्यको ठीक समझता है।

ऐसे ही जब शरीर नीरोग रहे तो समझना चाहिये कि 'भगवान्‌को सर्वव्यापी समझकर सबमें भगवान्‌का दर्शन करते हुए दूसरोंकी सेवा करनेके लिये, श्रेष्ठ पुरुषोंका सङ्ग करके भगवान्‌के गुण, प्रभाव, तत्त्व और रहस्यको समझनेके लिये और उनके भजन-ध्यानका निरन्तर अभ्यास करनेके लिये भगवान् कृपा करके मुझे नीरोग रखते हैं'—ऐसा समझकर इस क्षणभङ्गुर शरीरको जो परम कृपालु परमात्माके काममें उपर्युक्त उद्देश्यानुसार लगा देता है, वही उनकी कृपाके रहस्यको ठीक समझता है।

शरीर रोगग्रस्त होनेपर समझना चाहिये कि 'पूर्वकृत पापकर्मोंसे उऋण करनेके लिये, भविष्यमें पापोंसे बचानेके लिये, शरीरमें वैराग्य उत्पन्न करनेके लिये और बार-बार अपनी स्मृति दिलानेके लिये परम कृपालु भगवान्‌ने मुझे पुरस्काररूप यह अवस्था दी है'—यह समझकर जो रोगादिकी प्राप्तिमें भी किसी प्रकारकी चिन्ता न कर आनन्दपूर्वक अपने मनको निरन्तर भगवान्‌के चिन्तनमें लगा देता है तथा भगवान्‌के उपर्युक्त उद्देश्योंको समझ-समझकर सदा हर्षित होता रहता है, वही भगवान्‌की कृपाके रहस्यको ठीक समझता है।

इसी तरह सुखी और दुःखी, महात्मा और पापीके साथ मिलन और विछोह होनेके समय एवं उनसे किसी प्रकारका भी सम्बन्ध होते समय सदा भगवान्‌की कृपाका-दर्शन करना चाहिये।

अच्छे पुरुषोंसे भेंट हो तो समझना चाहिये कि इनके गुणों और आचरणोंका अनुकरण करवानेके लिये, इनके उपदेशोंको, आचरणोंको काममें लाकर भगवान्‌में (अपनेमें) प्रेम बढ़ानेके लिये भगवान्‌ने परम कृपा करके मेरी इनसे भेंट करायी है।

उनके साथ वियोग होनेपर समझना चाहिये कि ऐसे पुरुषोंका सङ्ग सदा रहना दुर्लभ है, इस महत्त्वको समझानेके लिये, पुनः उनसे मिलनेकी उत्कट इच्छा उत्पन्न करनेके लिये और उनमें प्रेम बढ़ानेके लिये भगवान् कृपा करके ही उनसे वियोग कराते हैं।

दुष्ट, दुराचारी पुरुषोंसे भेंट होनेपर समझना चाहिये कि दुराचारोंसे होनेवाली हानियोंको प्रत्यक्ष दिखाकर दुर्गुण और दुराचारमें विरक्ति उत्पन्न करनेके लिये भगवान् ऐसे मनुष्योंसे भेंट कराते हैं।

उनके वियोगमें समझना चाहिये कि कुसङ्गके दोषोंसे बचानेके लिये ही भगवान् अपनी कृपासे ऐसे दुराचारी मनुष्योंसे वियोग कराते हैं।

दुःखी मनुष्यों और जीवोंसे भेंट होनेपर समझना चाहिये कि अन्तःकरणमें करुणाभावकी वृद्धि करनेके लिये, उनकी सेवा करनेका अवसर प्रदान करनेके लिये और संसारसे वैराग्य उत्पन्न करनेके लिये कृपामय भगवान् कृपा करके ही ऐसे जीवोंसे भेंट कराते हैं।

सुखी मनुष्यों और जीवोंसे भेंट होनेपर समझना चाहिये कि इन सबको सुखी देखकर प्रसन्न होनेकी शिक्षा देनेके लिये भगवान्‌ने कृपा करके इनसे भेंट करायी है।

इन सबके वियोगमें समझना चाहिये कि जनसमुदायकी आसक्तिको दूर करके संसारसे परम वैराग्य उत्पन्न करनेके लिये और एकान्तमें रहकर भजन-ध्यानका दृढ़ अभ्यास करनेके लिये भगवान्‌ने कृपापूर्वक ऐसा अवसर दिया है।

इसी तरह अन्य सब घटनाओंमें, सभी अवस्थाओं... सदा-सर्वदा, भगवान्‌की कृपाका दर्शन करना ... अभ्यास करके मनुष्य सब जीवोंपर जो ...

कृपाका प्रवाह बह रहा है, उसके रहस्यको समझकर उससे विशेष लाभ उठा सकता है।

कृपामय परमेश्वरकी सब जीवोंपर इतनी कृपा है कि सम्पूर्णरूपसे तो मनुष्य उसे समझ ही नहीं सकता; मनुष्य अपनी बुद्धिसे अपने ऊपर जितनी अधिक-से-अधिक कृपा समझता है, उतना समझना भी बहुत ही उत्तम है; मनुष्य ईश्वर-कृपाकी यथार्थरूपसे तो कल्पना भी नहीं कर सकता।

लोग भगवान्‌को दयासागर कहते हैं; किंतु विचार करनेपर प्रतीत होता है कि यह उपमा भी पर्याप्त नहीं है, यह तो उनकी अपार कृपाका किंचित् परिचयमात्र है। समुद्र परिमित—सीमाबद्ध है और भगवान्‌की दया असीम और अपार है; तथापि संसारमें समुद्रसे बड़ी वस्तु प्रत्यक्ष न होनेके कारण लोग उसीकी उपमा देकर भगवान्‌की कृपाके महत्त्वको समझानेकी चेष्टा किया करते हैं।

सब जीवोंपर भगवान्‌की ऐसी अपार कृपा होते हुए भी उसके रहस्यको न समझनेके कारण मनुष्य उससे विशेष लाभ नहीं उठा सकते और अपनी मूर्खताके कारण निरन्तर दुःखोंमें निमग्न रहते हैं।

भगवान्‌की कृपाका महत्त्व अपार है; उससे जो मनुष्य जितना लाभ उठाना चाहे, उतना ही उठा सकता है। भगवान्‌की कृपाको एवं उसके रहस्य और तत्त्वको बिना समझे वह कृपा समानभावसे साधारण फल देती है; उसे जो जितना अधिक समझता है, उसे वह उतना ही अधिक फल देती है और समझकर उसीके अनुसार क्रिया करनेसे अत्यधिक फल देती है।

भगवान्‌की कृपाका ऐसा प्रभाव है कि उसका रहस्य और तत्त्व जाननेवालेसे वह स्वयं क्रिया करवा लेती है। अर्थात् जैसे किसी दरिद्री मनुष्यके घरमें पारस पड़ा हो, पर उसे उसका ज्ञान न हो, वह उसे साधारण पत्थर ही समझ रहा हो तो वह मनुष्य उससे विशेष लाभ नहीं उठा सकता, केवल पत्थर-जैसा ही काम ले सकता है; किंतु ऐसा करते-करते यदि अकस्मात् उस पारसका लोहेसे सम्बन्ध हो जाय तो वह उसे विशेष लाभ भी दे देता है; एवं ऐसा अद्भुत चमत्कार देखकर या किसी दूसरे गुणज्ञ पुरुषके समझानेसे वह उस पारसको ठीक पारस समझ लेता है, उस पारसके गुण और प्रभावका उसे भलीभाँति ज्ञान हो जाता है, तब ऐसा ज्ञान उस मनुष्यसे विशेष क्रिया करवाकर उसे पूर्ण फलका भागी बना देता है। इसी प्रकार जब किसी विशेष घटनासे या किसी महापुरुषके सङ्गसे भगवान्‌की कृपाके रहस्य, तत्त्व और प्रभावका मनुष्यको कुछ ज्ञान हो जाता है, तब वह ज्ञान उससे स्वयं क्रिया करवाकर उसे पूर्ण फलका भागी बना देता है।

जो मनुष्य इस रहस्यको समझ जाता है कि भगवान् परम कृपालु तथा सबके सुहृद् हैं, उसे तुरंत ही परम शान्ति मिल जाती है। भगवान्‌ने स्वयं कहा है—

सुहृदं सर्वभूतानां ज्ञात्वा मां शान्तिमृच्छति ॥
(गीता ५। २९)

'हे अर्जुन! मेरा भक्त मुझे सम्पूर्ण भूतप्राणियोंका सुहृद् अर्थात् स्वार्थरहित दयालु और प्रेमी तत्त्वतः जानकर शान्तिको प्राप्त होता है।'

क्यों न हो? हम प्रत्यक्ष देखते हैं कि जब किसी साधारण राजाधिराज या सेठ-साहूकारके विषयमें हमारा यह विश्वास हो जाता है कि अमुक राजा या सेठ बड़ा दयालु और शक्तिशाली है, वह सबपर कृपा करता है एवं मुझसे मिलना चाहता है और प्रेम करना चाहता है तो हमें कितना आनन्द होता है, कितना आश्वासन मिलता है, कितनी शान्ति मिलती है एवं किस प्रकार उससे मिलकर उसकी कृपासे लाभ उठानेकी चेष्टा होती है! फिर सर्वशक्तिमान्, अनन्त कोटि ब्रह्माण्डोंके स्वामी भगवान्‌के विषयमें जिसको यह विश्वास हो जाय कि भगवान् परम कृपालु, सबके सुहृद् हैं, वे मुझसे प्रेम करना चाहते हैं, मुझपर उनकी अपार कृपा है, मिलनेकी इच्छावालोंसे वे स्वयं मिलना चाहते हैं, वह श्रद्धालु भक्त भगवान्‌की उस कृपासे परम लाभ उठानेकी चेष्टा करे और उसे परम-शान्ति प्राप्त हो, इसमें आश्चर्य ही क्या है? इस प्रकार भगवान्‌की कृपाके रहस्यको समझनेवाला स्वयं भी परम दयालु और सबका सुहृद् बन जाता है, उसे स्वयं भगवान् मिल जाते हैं, वह भगवान्‌का अतिशय प्यारा बन जाता है, भगवान्‌की और उसकी एकता हो जाती है।

उस परम कृपालु, सबके सुहृद्, सर्वशक्तिमान् परमेश्वरकी अपार कृपा हमलोगोंपर स्वतः स्वाभाविक है। क्षण-क्षणमें उसकी कृपाका स्वाभाविक लाभ हमको मिल रहा है। इसलिये उसकी ओर लक्ष्य करके भगवान्‌की कृपाके रहस्य, प्रभाव और तत्त्वको समझनेके लिये हमें तत्पर हो जाना चाहिये; क्योंकि यह मनुष्य-शरीर भगवान्‌की निर्हैतुकी दयासे ही प्राप्त हुआ है, इसीमें यह जीव भगवान्‌की दयाको समझकर उनका परम प्रेमपात्र बन सकता है।

मातृ-पितृ-भक्तिसे भगवत्कृपा-प्राप्ति

(लेखक—महात्मा श्रीसीतारामदास ओंकारनाथजी महाराज)

वारंवारके आवागमनसे भ्रान्त और क्लान्त जीवसमूह संसारके दीर्घ पथपर अनिवार्यरूपसे बढ़े चले जा रहे हैं ग्लानि-शून्य आनन्द अर्थात् भूमासुखकी खोजमें। लौकिक विषय तो भूमासुख प्रदान नहीं कर सकते, केवल संताप-पर-संताप देते रहते हैं। किसी भी लौकिक उपायद्वारा भूमासुख, परमानन्द प्राप्त नहीं किया जा सकता। वह तो भगवत्कृपासे ही प्राप्त हो सकता है। कृपा-प्राप्तिके लिये जीवको सदैव शास्त्र-पथका अवलम्बन ग्रहण करना होगा।

भारतके वेद-वेदान्त-उपनिषद्-सांख्य-पातञ्जल-तन्त्र-पुराण आदि भूमासुख प्राप्त करनेका उपाय बतलाते हैं।

सांख्यदर्शनके अनुसार—

'अथ त्रिविधदुःखात्यन्तनिवृत्तिरत्यन्तपुरुषार्थः।'

(१। १)

'त्रिविध दुःखोंकी (आधिभौतिक—मनुष्य-पशु आदिके द्वारा उत्पन्न, आधिदैविक—ग्रह-पीड़ा आदिसे उत्पन्न तथा आध्यात्मिक शरीर और मन आदिसे उत्पन्न) आत्यन्तिक निवृत्ति परम पुरुषार्थ है।' इसका उपाय है—

'प्रकृतेर्भिन्नमात्मानं विचारय सदानघ।'

प्रकृतिसे आत्माको सदा पृथक् देखना। वेदान्तदर्शन कहता है—वेदान्तशास्त्रके श्रवण, मनन और निदिध्यासन-द्वारा अखण्ड ब्रह्माकार-वृत्तिकी परम्पराका सर्जन करते हुए 'अहं ब्रह्मास्मि'—इस 'ज्ञान'की स्थितिको प्राप्त करनेपर भूमासुख—ब्रह्मानन्द प्राप्त होता है। पातञ्जलदर्शन कहता है—चित्तकी वृत्तियोंका निरोध कर लेनेपर भूमासुख—कैवल्यकी प्राप्ति होती है। शिवयोग, मन्त्र-हठ-लय-राजयोग आदि योग-समूह भी परमानन्द-प्राप्तिके उपाय पृथक्-पृथक् रूपसे बतलाते हैं। कोई भी मार्ग असत्य नहीं है, अधिकारि-भेदके अनुसार विभिन्न शास्त्र विभिन्न उपायोंको बतलाते हैं।

वर्तमानकालमें हम जिन परिस्थितियोंके बीच अवस्थित हैं, उनमें सांख्य, वेदान्त, पातञ्जल, न्याय-वैशेषिक, मीमांसा-दर्शनके द्वारा प्रतिपादित पथ अथवा मन्त्र-हठ-लय-राज आदि योगोंका अवलम्बन करके भूमासुखकी प्राप्ति करना जनसाधारणके लिये असम्भव-सा जान पड़ता है। अतः श्रीभगवान्‌ने प्रकारान्तरसे गीतामें निष्काम कर्मका उल्लेख किया है। संसारके कर्ता श्रीभगवान् हैं, हम उनके दास हैं। जो कुछ हम करते हैं, वह उनकी प्रीतिके लिये ही। हम ऐसा कोई कर्म नहीं करेंगे, जिसके द्वारा भगवान् प्रसन्न न हों। इस प्रकार जो मनुष्य श्रीभगवान्‌की प्रीतिके लिये ही भगवान्‌का स्मरण करते हुए कर्म करते हैं, वे भगवत्कृपा और इस प्रकार भूमासुखकी प्राप्ति करनेमें समर्थ होते हैं।

अर्थात् सबका मूल भगवत्कृपा है। श्रीभगवान्‌की कृपाके बिना दुःखोंकी आत्यन्तिक निवृत्ति सम्भव नहीं है। अब निष्काम कर्मयोगके ही एक प्रकार—माता-पिताकी सेवा-द्वारा भगवत्कृपा-प्राप्तिकी एक सत्य घटनाका वर्णन किया जाता है—

पुत्रका कर्तव्य है माता-पिताकी सेवा करना। माता-पिता साक्षात् परमेश्वर ही हैं—यह समझकर जो माता-पिताकी सेवा करता है, वह कोई अन्य साधन किये बिना ही कृतार्थ हो जाता है। जो पुत्र माता-पिताकी सेवा नहीं करता, उनके साथ दुर्व्यवहार करता है, उनको कटुवचन बोलता है, समर्थ होकर भी उनका भरण-पोषण नहीं करता, वह अभागा यदि शतशः धर्माचरण करे तो भी सब निरर्थक होगा। पितृद्रोही अभागे पुत्रके नरक-गमनसे बचनेका उपाय शास्त्र भी नहीं बतलाते। वह जबतक जीवित रहता है, प्रायः यहाँके अपयश, तिरस्कारादि दुःख भोगता रहता है और मरनेके बाद अनन्तकालतक नरकमें वास करता है।

मातृ-पितृ-भक्त सुसंतान मनुष्य नहीं, देवता है। श्रीभगवान्‌को प्राप्त करनेके लिये उसे कोई अन्य साधना नहीं करनी पड़ती। भगवान् स्वयं आकर उसे दर्शन देते हैं।

महाराष्ट्र प्रदेशके पण्ढरपुर नगरमें पुण्डरीक नामक एक ब्राह्मण रहते थे। वे पहले मातृ-पितृ-भक्त थे। विवाहके बाद वे स्त्रीमें अत्यन्त आसक्त हो गये। अब माता-पिताकी सेवा करना तो दूर, उनकी खोज-खबर भी नहीं लेते थे। माता-पिता किसी प्रकार कष्टसे दिन व्यतीत करने लगे। उधर स्त्रीको संतुष्ट करनेके लिये वे सतत सचेष्ट रहने लगे। एक दिन पुण्डरीककी पत्नी कथा सुनने गयी। वहाँ ... कह रहे थे—

तारकं ब्रह्म व्याचष्टे तेन ब्रह्म भवन्ति हि ।
भगवाननन्तकालेऽत्र तारकस्योपदेशतः ॥
अविमुक्ते स्थिताञ्जन्तून् मोचयेन्नात्र संशयः ।
नाविमुक्तसमं क्षेत्रं नाविमुक्तसमा गतिः ।
नाविमुक्तसमं लिङ्गं सत्यं सत्यं पुनः पुनः ॥
पुरी न काशीसदृशी त्रिलोक्याम्''''''॥

(स्कन्दपु० काशीखण्ड ५ । २७, २९—३१)

"काशीके तुल्य कोई स्थान नहीं है। काशीमें मृत्यु होनेसे भगवान् शंकर 'तारक ब्रह्म' मन्त्रका उपदेश करते हैं। काशीमें देह-त्याग करनेपर मनुष्यकी मुक्ति हो जाती है। तात्पर्य यह कि काशीमें जाकर केवल पड़ा ही रहे, किसी प्रकार काशीसे बाहर न जाय, वह भी कृतार्थ हो जाता है।"

काशीका ऐसा माहात्म्य सुनकर पुण्डरीककी स्त्रीने घर आकर पुण्डरीकसे कहा—'मुझे काशी ले चलो। मैं काशी-वास करूँगी।' पुण्डरीक बोले—'काशी बहुत दूर है, वृद्ध माता-पिताको लेकर कैसे जाना होगा?' पत्नी बोली—'मैं यह सब कुछ भी नहीं सुनती। तुम्हें काशी चलना ही होगा।'

पुण्डरीक लाचार होकर काशी जानेके लिये प्रस्तुत हो गये। उन्होंने माता-पितासे काशी जानेकी बात कही तो वे कहने लगे—'काशी बहुत दूर है, कैसे चल पायेंगे?' पुण्डरीक बोले—'जैसे भी हो चलना ही पड़ेगा।'

पुण्डरीकने काशीके लिये प्रस्थान किया। पाँच-छः मील जानेके बाद उनकी स्त्री बोली—'अब मैं चल नहीं पा रही हूँ।' उन्होंने स्त्रीको कंधेपर बैठा लिया। बूढ़े माता-पिता तो चल ही कैसे पाते? अतः उनके गलेमें रस्सी बाँधकर खींचते-खींचते बहुत दिनोंमें किसी प्रकार वे काशीधाम पहुँचे।

संयोगवश काशीके एक आश्रममें कथा हो रही थी, पुण्डरीक भी वहाँ गये। कथावाचक मातृ-पितृ-सेवाका माहात्म्य सुना रहे थे—

पिता धर्मः पिता स्वर्गः पिता हि परमं तपः ।
पितरि प्रीतिमापन्ने प्रीयन्ते सर्वदेवताः ॥
सर्वतीर्थमयी माता सर्वदेवमयः पिता ।
मातरं पितरं तस्मात् सर्वयत्नेन पूजयेत् ॥
मातरं पितरं चैव यस्तु कुर्यात् प्रदक्षिणम् ।
प्रदक्षिणीकृता तेन सप्तद्वीपा वसुंधरा ॥

(पद्मपु० सृष्टिखण्ड ४७ । ९, ११-१२)

'(पुत्रके लिये) पिता ही धर्म है, पिता ही स्वर्गादि है, अतः जिस पुत्रकी माता-पितामें (उनकी सेवा-पूजामें) प्रीति हो जाती है, उसके ऊपर समस्त देवगण प्रसन्न हो जाते हैं। माता सम्पूर्ण तीर्थमयी है और पिता समस्त देवमय है, इसलिये पुत्रको तन-मनसे माता-पिताकी सेवा-पूजा करनी चाहिये। जो माता-पिताकी प्रदक्षिणा करता है, उसने निश्चय ही सम्पूर्ण वसुंधराकी परिक्रमा कर ली।' तथा—

पित्रोरनर्चनं कृत्वा भुङ्क्ते यस्तु सुताधमः ।
कृमिकूपेऽथ नरके कल्पान्तमपि तिष्ठति ॥
रोगिणं चापि वृद्धं च पितरं वृत्तिकर्शितम् ।
विकलं नेत्रकर्णाभ्यां त्यक्त्वा गच्छेच्च रौरवम् ॥
नाराध्य पितरौ पुत्रस्तीर्थदेवान् भजन्नपि ।
तयोर्न फलमाप्नोति कीटवद्भ्रमते महीम् ॥

(पद्मपु० सृ० खं० ४७ । १८-१९,२१

'जो पुत्र जन्मदाता माता-पिताकी सेवा-पूजा किये बिना ही स्वयं भोजनादि कार्य सम्पन्न करता है, वह अधम निश्चय ही कल्पपर्यन्त कृमि-कूप-नरकमें निवास करता है। जो पुत्र रोग-ग्रस्त, वृद्धावस्थापन्न, नेत्र-कर्ण-शक्तिरहित अथवा धन सम्पत्तिके अभावसे दुःखित माता-पिताका परित्याग करता है वह (मरनेके बाद) रौरव-नरकको प्राप्त होता है। जो पुत्र आराधनीय माता-पिताकी आराधना नहीं करता, वह तीर्थ सेवन और देवार्चन करता हुआ भी उनके फलोंको प्राप्त नहीं होता, अपितु पृथ्वीपर कीट-पतंगवत् जीवन व्यतीत करता है।'

न जाने किस शुभ क्षणमें यह कथा पुण्डरीकके कर्ण-कुहरोंमें प्रविष्ट हुई। उनके पूर्व संस्कार जाग्रत् हुए, हृदय अनुतापसे भर गया। वे दौड़े आये और माता-पिताके चरणोंमें गिरकर रोते-रोते बोले—'पिताजी! माँ! मुझे क्षमा कर दीजिये। मेरे-जैसे मातृ-पितृ-द्रोही महापापीको अनन्त नरक अनिवार्य है। मैंने कभी आपलोगोंकी सेवा नहीं की, दुर्व्यवहार करता रहा। यदि आपलोग क्षमा नहीं करेंगे तो मुझे कल्पभर नरक भोगना पड़ेगा।'

उनके चरण पकड़कर पुण्डरीक क्रन्दन करने लगे। क्षमाके अवतार माता-पिता उनसे बोले—'बेटा! हमलोगोंने तो अपना प्रारब्ध भोगा, इसमें तुम्हारा कोई दोष नहीं है। जाओ, हमलोगोंने तुम्हें क्षमा कर दिया।' पुण्डरीक बोले—'अब मैं विश्वनाथजी और अन्नपूर्णाजीका दर्शन करने नहीं जाऊँगा। आप ही मेरे विश्वनाथ और अन्नपूर्णा हैं।'

कुछ दिन काशीमें रहकर पुण्डरीकने माता-पिताकी आज्ञाका पालन किया। वहाँसे प्रस्थानके समय उन्होंने एक कावड़ (पालकी) ली। उसके दोनों छोरपर माता-पिताको बैठाकर वे पण्ढरपुरकी ओर चले। पण्ढरपुर पहुँचकर वे दिन-रात माता-पिताकी सेवामें ही लग गये। भक्त जैसे परमात्माकी सेवा करता है, उसी प्रकार वे माता-पिताकी सेवामें रत हो गये। स्नान कराना, भोजन कराना, चरण-सेवा करना, पंखा झलना आदिमें ही वे सदा लगे रहते। उनको छोड़कर क्षणमात्र भी अलग नहीं जाते। उनके चरणप्रान्तमें ही सो जाते। माता-पिताकी सेवाके अतिरिक्त अब उनको और कोई चिन्ता न थी। सतत माता-पिताकी सेवा करते-करते पुण्डरीककी चित्त-शुद्धि हो गयी।

देहाभिमानी मनुष्यका चित्त तबतक अशुद्ध रहता है, जबतक वह शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्ध आदि बाह्य विषयोंके द्वारा देहको सुखी करना चाहता है, आत्म-स्वरूपको भूलकर तथा देहको आत्मा समझकर उसीकी परिचर्या करता रहता है, उसीकी वाञ्छित-अवाञ्छित वस्तुकी प्राप्तिसे तुष्ट या रुष्ट होता है। जब चित्त किसी विषयकी आकाङ्क्षा नहीं करता, आलोक (ज्ञान)में, पुलकमें, आनन्दमें अपने-आपमें डूबा रहता है, तभी वह शुद्ध होता है। अस्तु,

माता-पिताकी सेवा करते-करते जब पुण्डरीककी विषय-स्पृहा दूर हो गयी, तब उनके विकसित हृदय-कमलमें नित्य देदीप्यमान ज्योतिका आविर्भाव हुआ। भगवान्से अब रहा न गया। एक दिन पुण्डरीक माता-पिताकी सेवामें संलग्न थे, उसी समय प्रभु प्रकट होकर बोले—'हे पुण्डरीक! देख, मैं तेरी मातृ-पितृ-भक्तिसे संतुष्ट हो उपस्थित हुआ हूँ। तुझे मेरी सेवा-पूजा कर मुझे नमस्कार करना चाहिये।' भगवान्के इन वचनोंको सुनकर पुण्डरीकने कहा—'हे भगवन्! आप यहाँ क्यों पधारे हैं? आपको किसने बुलाया था?' 'अरे, तू बड़ा भोला है। मैं ही स्वयं तुझे दर्शन देने आया हूँ।' भगवान्ने उत्तर दिया। 'हे करुणासिन्धो! जिस सेवासे प्रसन्न हो आप मेरे पास आये हैं, आपके लिये मैं उस सेवाको कैसे छोड़ दूँ। जबतक मैं अपने माता-पिताकी सेवासे निवृत्त न हो लूँ, तबतक यदि आप रुकना स्वीकार करें तो इस ईंटपर खड़े रहिये।' इस प्रकार कहते हुए पुण्डरीकने उन कृपालु प्रभुके आसनासीन होनेके लिये एक ईंट पीछे फेंक दी।

माता-पिताकी सेवा-पूजामें पुण्डरीककी ऐसी तत्परता देख कृपासिन्धु भगवान् दया-द्रवित हो उनके हाथों बिक गये। वे अपनी मुनि-मनोमोहिनी, अमृत-वर्षा-वर्षिणी वाणीसे पुण्डरीकको वरदान देते हुए कहने लगे—'जबतक आकाशमें चन्द्रमा और सूर्य रहेंगे, तबतक मैं पण्ढरपुरमें इसी प्रकार अवस्थित रहूँगा। आजसे यह पण्ढरपुर तीर्थरूपमें परिणत हो गया। चन्द्र-सूर्यके स्थितिकालपर्यन्त तेरी यह मातृ-पितृ-भक्तिकी कथा कोटि-कोटि कण्ठोंसे कीर्तित होगी।' यह मातृ-पितृ-भक्ति भगवत्कृपाका कैसा सुमधुर फल है!

आजतक श्रीभगवान् (विठोवा) ईंटके ऊपर चरणयुगल अवस्थान करके उसी प्रकार स्थित हैं। जिनके माता-पिता जीवित हैं, उनके लिये सर्वप्रयत्नसे मात-पिताको संतुष्ट करना अवश्य कर्तव्य है।

जो मनुष्य अपनी सेवाद्वारा अपने माता-पिताको प्रसन्न कर लेता है, उसपर भगवान् प्रसन्न होकर अपनी अमोघा कृपा-सुधाका अभिवर्षण करते हैं। उसके समस्त क्लेश सदाके लिये मिट जाते हैं। वह अनिर्वचनीय आनन्द, परम शान्ति, भूमासुखका अनुभव कर कृतकृत्य हो जाता है।

'राम ! कृपा करि होहु दयाला'

राम ! कृपा करि होहु दयाला। दरसन देहु करो प्रतिपाला ॥ टेक ॥
बालक दूध न देई माता। तौ वै क्यूँ करि जिवै विधाता ॥ १ ॥
गुण औगुण हरि कुछ न विचारै। अंतरि हेत प्रीति करि पालै ॥ २ ॥
अपनो जानि करै प्रतिपाला। नैन निकटि उर धरै गोपाला ॥ ३ ॥
'दादू' कहै नहीं बस मेरा। तूँ माता मैं बालक तेरा ॥ ४ ॥

—(श्रीदादूवाणी)

भगवान्का मङ्गलमय विधान

(ब्रह्मलीन श्रद्धेय स्वामी श्रीशरणानन्दजी महाराज)

श्रीभगवान्के मङ्गलमय विधानके अधीन सारी सृष्टि कार्य कर रही है, उसी मङ्गलमय विधानसे मानवको यह स्वाधीनता मिली है कि वह मिली हुई वस्तु, योग्यता, सामर्थ्यका विवेकके आदरद्वारा सदुपयोग कर सकता है और विवेकका अनादर कर दुरुपयोग भी कर सकता है।

परम सुहृद्का कैसा उदार विधान है कि वाणीका दुरुपयोग करनेपर भी बोलनेकी शक्ति मिलती ही है। इसका अर्थ यह नहीं है कि जिसने बोलनेकी शक्ति दी है, उसने मानवको मिथ्या बोलनेका आदेश दिया है। यदि ऐसा होता तो यह विवेक कि हमसे कोई मिथ्या न बोले, कैसे प्राप्त होता ? यह जानते हुए भी कि हमसे कोई मिथ्या न बोले, हम मिथ्या बोलते हैं, अर्थात् अपने प्रति बुराई न चाहते हुए भी परके प्रति बुराई कर बैठते हैं। यह स्वाधीनता मानवेतर किसी अन्य प्राणीको नहीं है। प्राप्त विवेकके अनुरूप करने, धरने, रहने आदिकी प्रेरणा मङ्गलमय विधानसे मानवको मिली है; पर स्वाधीनताके कारण मानव उस विधानका अनादर करता है। परिणाम स्पष्ट है, समस्त सृष्टिका सिरमौर मानव अनेक प्रकारकी पराधीनता, जडता, अभाव आदिमें आबद्ध हो जाता है।

असमर्थता अनुभव करते ही सर्वसमर्थका आश्रय स्वतः प्राप्त होता है। सामर्थ्यका दुरुपयोग ही अकर्तव्य है। अनेक बार सामर्थ्यका दुरुपयोग करनेपर भी वह मिलता ही रहता है। विवश होकर भले ही विधान मानवको रोग, शोक आदिमें आबद्ध करे, उसमें भी उसकी अपार करुणा है। पर यह रहस्य तभी स्पष्ट होता है, जब दुःखीपर वैधानिक दृष्टिसे आये हुए दुःखका प्रभाव हो जाता है। दुःख जो स्वभावसे ही प्रिय नहीं है, जिसकी कोई आवश्यकता अनुभव नहीं करता, उसका निर्माण एकमात्र मङ्गलमय विधानसे ही होता है।

सुखका चला जाना और दुःखका आ जाना, इस विधानसे सभी भलीभाँति परिचित हैं, पर विधानका आदर न करनेसे सुखका जाना और दुःखका आना मानवको रुचिकर नहीं होता। पर जिन्होंने विधानका आदर किया है, वे मानव यह भलीभाँति अनुभव करते हैं कि सर्वतोमुखी विकासके लिये सुखका जाना और दुःखका आना अनिवार्य है। सामर्थ्यका सदुपयोग करनेपर जो विकास होता है, असमर्थ होनेपर भी वही विकास होता है। यह कैसा विचित्र विधान है, जिसमें समर्थ और असमर्थ दोनोंका ही हित निहित है।

सामर्थ्यके दुरुपयोगका परिणाम यदि रोग और शोक न होता तो न जाने कितना भयंकर विप्लव हो जाता। प्रवृत्तिके अन्तमें यदि सामर्थ्यके ह्रासका विधान न होता तो मानव न जाने कबतकके लिये प्रवृत्तिमें ही आबद्ध रहता। यदि जन्मके साथ मृत्यु, संयोगके साथ वियोग, उत्पत्तिके साथ विनाश न होता तो न जाने कितनी भयंकर दुर्दशा मानव-समाजकी हो जाती। क्या मृत्यु, वियोग, विनाश और असमर्थता मानवको अविनाशी, नित्य, अनन्त, दिव्य-चिन्मय जीवनकी ओर अग्रसर होनेका पाठ नहीं पढ़ाती ? यह सभीको विदित है कि पराधीनताकी पीड़ाने ही स्वाधीनताकी माँग प्रदान की है। इसी प्रकार किसी-न-किसी अभावसे ही पूर्णताकी माँग जाग्रत् होती है। इतना ही नहीं, वर्तमानकी वेदनामें ही भविष्यकी उपलब्धि निहित है। इस विधानकी जितनी महिमा गायी जाय, कम है।

विधानमें आस्था उन्हीं प्राणियोंकी नहीं होती, जो बलके दुरुपयोगको ही जीवन मान लेते हैं। यद्यपि सबलसे सभी रक्षाकी आशा करते हैं; किंतु वे स्वयं निर्बलोंके प्रति बलका दुरुपयोग कर बैठते हैं। उसका परिणाम यह होता है कि सबल निर्बल हो जाता है और निर्बल सबल। जिसका अधिकार किसीकी उत्पत्तिमें नहीं है, वह किसीका विनाश भी नहीं कर सकता, अपितु बलके दुरुपयोगसे वह निर्बलताका आह्वान करता है, जो भूल है। मङ्गलमय विधान किसीको निर्बल देखना नहीं चाहता, पर जब मानव मिली हुई स्वाधीनताका दुरुपयोग करता है, तब दुरुपयोगसे बचानेके लिये उसे निर्बल करना पड़ता है। इसमें भी कितना हित निहित है! पर उसे वे ही देख पाते हैं, जिन्होंने विधानका आदर किया है।

जो हो रहा है, वह सभीके लिये हितकर है; पर जो कर रहे हैं, उसीपर विचार करना है। विवेक

विरोधी सम्बन्ध, विश्वास तथा कर्म विधानका अनादर है। उसीका परिणाम है—अकर्तव्य, आसक्ति, असाधन आदिकी उत्पत्ति, जो विनाशका मूल है। विवेक-विरोधी कर्मके त्यागमें कर्तव्यपरायणता, विवेक-विरोधी सम्बन्धके त्यागमें असङ्गता एवं विवेक-विरोधी विश्वासके त्यागमें ही उसकी शरणागति स्वतः प्राप्त होती है, जिसे देखा नहीं है। विधानका आदर करनेपर कर्तव्यपरायणता, असङ्गता एवं शरणागति स्वतः प्राप्त होती है। कर्तव्यपरायणता जगत्‌के लिये, असङ्गता अपने लिये और शरणागति प्रभुके लिये उपयोगी होती है। इस दृष्टिसे मङ्गलमय विधानके आदरमें ही मानव-जीवनकी पूर्णता निहित है।

जो विधानका निर्माता है, न जाने उसमें कितनी करुणा है। भिन्नतामें साक्षात् एकताका दर्शन होनेसे भिन्नता एकमात्र सृष्टिकी शोभा है, अन्य कुछ नहीं। अनेकतामें एकताका दर्शन होनेसे रसकी वृद्धि होती है और एकतामें एकताका अनुभव करनेसे केवल दुःखकी निवृत्ति होती है। दुःखकी निवृत्ति वास्तविक माँगका एक अङ्गमात्र है, सर्वाङ्ग नहीं।

दुःख-निवृत्तिके साथ-साथ अनन्त नित्य चिन्मय तथा नित्य नव रसकी भी माँग है। असङ्गता प्राप्त होनेपर दुःख-निवृत्ति, शान्ति तथा स्वाधीनताकी प्राप्ति होती है; किंतु स्वाधीनताका आश्रय पाकर अहंभाव जीवित रहता है, कारण कि जो दुःख, अशान्ति, पराधीनता अनुभव करता था, वही दुःख-निवृत्ति, शान्ति एवं स्वाधीनताका अनुभव करता है। इस दृष्टिसे असङ्गता अपने लिये उपयोगी है। पर जिसके मङ्गलमय विधानसे विवेक-विरोधी सम्बन्धके त्यागकी सामर्थ्य मिलती है, उसके लिये जीवन शरणागतिसे ही उपयोगी होता है। शरणागति अहंको शरण्यकी अगाध प्रियतामें परिणत करती है।

विवेक-विरोधी कर्मके त्यागमें ही कर्तव्यपरायणताकी अभिव्यक्ति होती है, जिससे जीवन जगत्‌के लिये उपयोगी होता है। विवेकरूप प्रकाश अनन्तके मङ्गलमय विधानका प्रतीक है। विधानका आदर करनेपर विवेक-विरोधी कर्म, सम्बन्ध और विश्वासका अन्त स्वतः हो जाता है तथा कर्तव्यपरायणता, असङ्गता एवं शरणागतिकी अभिव्यक्ति अपने-आप होती है, जिसमें मानवका लेशमात्र भी प्रयास अपेक्षित नहीं है। मानवका प्रयास केवल प्राप्तविवेकके आदरमें है अर्थात् जाने हुए असत्‌के त्यागमें है। सत्‌के सङ्ग और सर्वतोमुखी विकासके लिये साधनकी अभिव्यक्ति मङ्गलमय विधानसे स्वतः होती है। इस दृष्टिसे विधानके आदरमें ही मानव-जीवनकी पूर्णता निहित है।

अहैतुकी कृपा

(लेखक—श्रीकृष्णानन्दजी महाराज 'मौनी')

उस नील-सरोवरमें अनेक कमल थे। उनमें मैं भी एक था। प्रभातकालीन सूर्यकी मन्द मुस्कानसे सब कमल खिले। मैं भी खिला। कमलकी सभी अच्छाइयाँ मुझमें थीं—रंग था, रूप था, कान्ति थी, सुन्दरता थी; पर पराग न था। फिर तो वह कमल भी किस कामका, जिसमें पराग न हो।

इस अवसरपर तुम भ्रमर बनकर आये। मन्द मारुतसे हिल-हिलाकर तुम्हारे स्वागतके लिये सब कमल आगे बढ़े……।

पर तुम सबको छोड़कर इस अकिंचनपर आ बैठे। मैं लज्जासे, संकोचसे संकुचित हो गया। मैंने सोचा तुम पराग चुराने आये हो; पर देखा क्या, तुम पराग लगाकर चले गये।

दिनेश दिनकी अन्तिम दाह-क्रिया करके पश्चिम-सागरमें डूब गया। सब कमल अन्तिम विदा लेकर अन्धकारकी निस्तब्धतामें मूर्छित हो गये; पर मैं फिर भी खिला ही रहा!

कृपानुभूति

(पूज्यपाद योगिराज अनन्तश्री देवरहवा बाबा)

यह मानना अनुचित न होगा कि यह सृष्टि-रचना भगवान्‌की कृपाका ही फल है। जगत्‌में हम जो कुछ भी देखते, सुनते या समझते हैं, उसके नियन्ता भगवान् हैं। भगवान्‌से यह सारा जगत् ओतप्रोत है—

ईशा वास्यमिदं सर्वं यत्किं च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्य स्विद् धनम्॥

(ईशावास्योप० १। १)

'अखिल ब्रह्माण्डमें जो कुछ भी जड-चेतनस्वरूप जगत् है, यह समस्त ईश्वरसे व्याप्त है, उस ईश्वरको साथ रखते हुए (स्मरण करते हुए) सांसारिक पदार्थोंका त्यागपूर्वक उपभोग करो, उनमें आसक्त न होओ; क्योंकि भोग्य पदार्थ किसका है? अर्थात् किसीका भी नहीं।'

इस मन्त्रमें दो भाव हैं, एक तो ईश्वरकी व्यापकताके विषयमें और दूसरा हम मनुष्योंके लिये सांसारिक वस्तुओंके उपभोगके सम्बन्धमें। परमात्मा सर्वाधार और सर्वव्यापक हैं। भगवान्‌की व्यापकतासे यह संकेत किया गया है कि हम सांसारिक वस्तुओंका उपभोग करते समय यह सदा स्मरण रखें कि उन वस्तुओंमें भगवान् विद्यमान हैं और उन वस्तुओंका भोग न कर हमें बिना आसक्तिके उनका सदुपयोग करना चाहिये। यदि केवल इतना ही हमारा ध्यान रहे तो संसारमें सारा काम-काज करते हुए भी भगवान्‌को प्राप्त करनेमें हमें कोई विलम्ब नहीं होगा।

गोस्वामी तुलसीदासजी रामचरितमानसमें कहते हैं—

जड़ चेतन गुन दोषमय बिस्व कीन्ह करतार।
संत हंस गुन गहहिं पय परिहरि बारि बिकार॥

(१। ६)

विधाताने इस जड-चेतन विश्वको गुण-दोषमय रचा है; पर विवेकी पुरुष हंसके समान दोषरूप जलको छोड़कर गुणरूप दूधको ग्रहण करते हैं। अभिप्राय यही है कि वे भोगोंमें आसक्त होकर संसारमें फँसते नहीं।

सांसारिक वस्तुओंके उपभोगके समय हमें क्या-क्या करना चाहिये, जिससे भगवान्‌का स्मरण भी होता रहे और भोगोंमें आसक्ति भी न हो अर्थात् त्यागका भाव भी बना रहे, इसके लिये शास्त्रोंमें तरह-तरहके विधान बतलाये गये हैं। उदाहरणार्थ—प्रातःकाल जब हम सोकर उठनेके बाद पृथ्वीपर पैर रखते हैं तो हमारे लिये पृथ्वीको यह कहते हुए प्रणाम करनेका संकेत है—'**विष्णुपत्नि नमस्तुभ्यं पादस्पर्शं क्षमस्व मे।**' (नारदपु० १। ६६। २) स्नान करते एवं जल ग्रहण करते समय भगवान् 'वरुण' की स्तुति करनेका तथा गङ्गा, गोदावरी, नर्मदा आदि मुख्य-मुख्य नदियोंके नामस्मरणका विधान है। ठीक इसी प्रकार स्नानके पश्चात् वस्त्र धारण करनेका भी विशिष्ट स्तोत्र है। सारांश यह है कि दैनिक जीवनमें होनेवाले प्रत्येक कर्ममें कुछ-न-कुछ ऐसे ही विधान हैं कि यदि विशेष न हो सके तो कम-से-कम भगवान्‌का इसी निमित्तसे इतना स्मरण तो नित्य हो ही जाय। हमारे धर्म-शास्त्रोंमें आसन्न-मृत्युके लिये भी जो शास्त्रीय विधान हैं, अन्यत्र प्राप्त होने असम्भव हैं। यह भगवत्कृपा ही है। इस प्रकार पग-पगपर अपने द्वारा होनेवाले समस्त कर्मोंको भगवान्‌को समर्पित कर उनका स्मरण रखते हुए ही जो लोग करते हैं, उनका जीवन उत्तरोत्तर भगवन्मय हो जाता है, वे इसी जीवनमें मुक्त हो जाते हैं।

तात्पर्य यह कि सांसारिक भोगोंमें त्यागबुद्धि होने भगवद्भक्तिका उदय होता है। भगवद्भक्तिसम्पन्न व्यक्ति आसक्तिका स्वयमेव ह्रास हो जाता है—

लाभु कि किछु हरि भगति समाना। जेहि गावहिं श्रुति संत पुरान॥
हानि कि जग एहि सम किछु भाई। भजिअ न रामहि नरतनु पाई॥

(मानस ७। १११। ४-५)

भगवान्‌की भक्तिके समान कोई लाभ नहीं तथा दुर्लभ मानव-देह पाकर भी भोगोंमें फँसे रहना, भगवद्भजन न करना—इससे बढ़कर कोई हानि नहीं, यह समस्त शास्त्रोंका निचोड़ है।

सारांश यह है कि भोगासक्तिका त्याग और सर्वव्यापी भगवान्‌का सतत स्मरण ही उनकी कृपाकी अनुभूति करानेमें सहायक होते हैं।

(प्रेषक—श्रीरामकृष्णप्रसादजी एडवोकेट)

वेदमें भगवत्कृपाका चित्ताकर्षक चित्रण

(वेददर्शनाचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी श्रीगङ्गेश्वरानन्दजी महाराज, उदासीन)

उत वात पितासि न उत भ्रातोत नः सखा ।
स नो जीवातवे कृधि ॥
(ऋक्० १० । १८६ । २)

'भगवत्कृपा' शब्दमें 'भगवतः कृपा' षष्ठी समास है। दूसरे शब्दोंमें 'भगवत्' और 'कृपा'—इन दोनोंके मेलसे यह शब्द निष्पन्न हुआ है। 'भगवत्' शब्दका प्रथमाके एकवचनमें 'भगवान्' और बहुवचनमें 'भगवन्तः'—ऐसा विभक्त्यन्त रूप बनता है। क्रमशः 'भगवान्' शब्द दो बार, 'भगवन्तः' तीन बार और 'कृपा' शब्द आठ बार ऋग्वेदमें प्रयुक्त हुआ है। अनुग्रह, अनुकम्पा, दया इत्यादि कृपाके ही नामान्तर हैं। 'दय' धातुके 'दयसे' शब्दका ग्यारह बार और 'दयसे' रूपका सात बार तथा 'दयध्वम्', 'दयस्व' शब्दोंका प्रयोग एक-एक बार ऋग्वेदमें दृष्ट है। सायणाचार्यने 'दयसे' शब्दका अर्थ 'अनुगृह्णासि' स्वीकार किया है। निम्न मन्त्र द्रष्टव्य है—

ते त्वा मदा इन्द्र मादयन्तु शुष्मिणं तुविराधसं जरित्रे ।
एको देवत्रा दयसे हि मर्तानस्मिञ्छूर सवने मादयस्व ॥
(ऋक्० ७ । २३ । ५)

इस मन्त्रमें 'दयतिरनुग्रहार्थः' सायणभाष्यकी उक्तिसे 'दयसे'का 'अनुगृह्णासि' अर्थ सुस्पष्ट है। मन्त्रार्थ इस प्रकार है—(इन्द्र) षड्विध ऐश्वर्यसम्पन्न परमात्मन्! (शुष्मिणम्) बलवान्, (तुविराधसम्) बहुधन, अति समृद्ध, (त्वा) आपको, (ते) वे, (मदाः) प्रसादक—प्रसन्नताके कारण आपके भक्तके द्वारा किये हुए अर्चन-वन्दन आदि विविध क्रियाकलाप (मादयन्तु) प्रसन्न करें।

तात्पर्य—प्रभो! आप साधकद्वारा श्रद्धापूर्वक अनुष्ठित अर्चन, वन्दन, आत्मनिवेदनादिसे संतुष्ट हो अपने भक्तको दुस्तर संसार-महोदधिसे पार करनेकी अवश्य अनुकम्पा करें; क्योंकि समस्त देवोंमें अनुप्रविष्ट विविध देव: उनके विभिन्न नाम तथा अनेक रूपोंके कल्पनाका आधार केवल आप[1] ही हैं।

अतः समस्त देवप्रपञ्च आपका ही विस्तार है। दूसरे शब्दोंमें वे (देवगण) भले ही स्थान-भेद, क्रिया-भेदसे तीन अथवा अनन्त कहे जायँ, वस्तुतः वे आपके[2] ही स्वरूप हैं; आपसे पृथक् उनकी सत्ता नहीं। अतः करुणावरुणालय! आप (मर्तान् दयसे हि) साधक मनुष्योंपर निश्चित अनुग्रह करते हैं। (शूर) वीर, बाह्य तथा अन्तर शत्रुओंके विनाशमें समर्थ, (सवने) सवनोपलक्षित यज्ञादि समस्त कार्योंमें साधकोंके अर्पण किये गये विविध सोमादि उपहारोंसे, (मादयस्व) स्वयं प्रसन्न हों एवं साधकोंको अभीष्ट प्रदान करके अनुगृहीत करें। उपर्युक्त मन्त्रद्वारा भगवदनुग्रहपर पूर्ण प्रकाश डाला गया है।

अब क्रमशः 'भगवान्', 'भगवन्तः' एवं 'कृपा' शब्दका जिन मन्त्रोंमें निर्देश हुआ है, उनपर कुछ विचार किया जाता है। उनमेंसे कतिपय मन्त्र निम्नलिखित हैं—

भग एव भगवाँ अस्तु देवास्तेन वयं भगवन्तः स्याम ।
तं त्वा भग सर्व इज्जोहवीति स नो भग पुर एता भवेह ॥
(ऋक्० ७ । ४१ । ५)

अर्थात् (देवाः) देवगण! अथवा देवतुल्य विद्वद्गण (भग एव) स्व-स्व कार्यमें प्रवर्तमान प्राणिवर्गके आराध्य जगदीश्वर[3] ही (भगवान्) षड्विध ऐश्वर्यसम्पन्न हैं। अस्तु (लडर्थे लोट) (तेन) उस षड्विध ऐश्वर्यसम्पन्न आराध्य जगन्नियन्ता परमात्माकी कृपासे हम साधक (भगवन्तः)

१. (१) एकस्यात्मनः (निरु० ७ । ४ । ४), (२) सुपर्णं विप्राः कवयो वचोभिरेकं सन्तं बहुधा कल्पयन्ति । (ऋक्० १० । ११४ । ५), (३) यो देवानां नामधा एक एव (ऋक्० १० । ८२।३), (४) यत्र देवाः समगच्छन्त विश्वे (ऋक्० १० । ८२ । ६), (५) एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति (ऋक्० १ । १६४ । ४६), (६) रूपंरूपं मघवा बोभवीति मायाः कृण्वानस्तन्वं परि स्वाम् । (ऋक्० ३ । ५३ । ८), (७) इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते । (ऋक्० ६ । ४७ । १८) ।

२. 'आत्मा सर्वं देवस्य देवस्य' (निरु० ७ । ४ । ४) अर्थात् विविध देवोंके नाम, रूप तथा रथादि उपकरण समस्त एक ईश्वरके ही स्वरूप हैं।

३. 'भग' शब्द 'निघण्टु' (१ । ३ । ७)में पठित एवं विवृत है। 'भज सेवायाम्' धातुसे कर्ममें 'घ' प्रत्यय करनेपर 'ज'को 'ग' होकर निष्पन्न होता है 'भज्यते सर्वसंभजनीयमाश्रियते सेव्यते' इसकी व्युत्पत्ति है।

अद्वैतमतमें भगवत्स्वरूप, ब्रह्मस्वरूप, भक्तिसिद्धान्तमें भगवान्‌के समान भगवल्लोकनिवासी शङ्खचक्रादि चिह्न-मण्डित (स्याम) विग्रहधारी बन जायँ। हम ही नहीं (सर्वं इत्) समस्त साधक—सम्पूर्ण प्राणिवर्ग ही (भग) परमात्मन् ! (त्वा) आपका (जोहवीति) अपनी समीहित सिद्धिकी कामनासे पुनः-पुनः आह्वान करते हैं।

तात्पर्य—प्रत्येक प्राणी प्रार्थना करता है—प्रभो ! हमपर आप ऐसी कृपा करें, जिससे हमारे सब मनोरथ पूर्ण हों। (प्रार्थना-का अर्थ ही है अभीष्टसिद्धिके लिये अनुग्रह करनेका भगवान्‌से अनुरोध, अतः प्रार्थनाप्रधान प्रायः सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय-को ही भगवदनुग्रहका प्रतिपादक कहा जाय तो कुछ अत्युक्ति न होगी।) अतः (भग) अस्मदाराध्यदेव (सः) वह कृपासागर आप (नः) हमारे (पुर एता) पुरोगामी नेता मार्गदर्शक (इह) इस भूलोकमें अथवा वेदविहित कर्मा-नुष्ठानमें (भव) बनें। अथवा नामदेव, मीरा, रविदास प्रभृति भक्तोंकी तरह हमारी आँखोंके सामने निराकारसे साकार बनकर गमन करें। दर्शनकी प्यासी आँखोंको तृप्त करें। उपर्युक्त षड्विध ऐश्वर्यका विवरण इस प्रकार है—

(१) निःसीम ऐश्वर्यपूर्ण प्रभुता, यथेष्ट कार्यकारिता। (२) ज्ञान, क्रियाभेदसे द्विविध वीर्य-शक्ति, पराक्रम। (३) यश, कीर्ति। (४) श्री, विपत्तिका निवारण। (५) ज्ञान और (६) वैराग्य।

इस प्रकार प्रभुके छः ऐश्वर्य हैं। सबके साथ निःसीमता एवं पूर्णताका अन्वय है। प्रभु श्रीकृष्णके विग्रहमें उपर्युक्त छहों प्रकारके ऐश्वर्यका विकास होनेके कारण ही वे पूर्णावतार या स्वयं भगवान् माने गये।

भगवान्‌के छः ऐश्वर्य निम्न श्लोकमें उल्लिखित हैं—

ऐश्वर्यस्य समग्रस्य धर्मस्य यशसः श्रियः।
ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीरणा॥
(विष्णुपु० ६।५।७४)

'सम्पूर्ण ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान और वैराग्य—इन छहोंका नाम भग है।'

'भगवत्' शब्दके विवेचनके पश्चात् जिन मन्त्रोंमें 'कृपा'का प्रयोग हुआ है, उन मन्त्रोंपर दृष्टिपात करें—

उदु तिष्ठ स्वध्वर स्तवानो देव्या कृपा।
अभिख्या भासा बृहता शुशुक्वनिः॥
(ऋक्० ८।२३।५)

(सु) शोभन (अध्वर) मार्गदाता ! मार्गदर्शक (अध्वानं राति ददाति उपदिशति इति अध्वरः तत्सम्बुद्धौ अध्वर) अर्थात् वेदोक्त माध्यमसे कर्मयोग, भक्तियोग, ज्ञानयोग, ध्यानयोगादि विविध मार्गोंके उपदेशक परमात्मन् ! (उत् तिष्ठ) उठें, हमारे रक्षणादि कार्यमें सतत तत्पर रहें। ('उ' निपात केवल पादपूरक है, अर्थविशेषका सूचक नहीं।) आप (स्तवानः) स्तुति किये जानेपर (कृपा) अनुग्रहसे (शुशुक्वनिः) देदीप्यमान हो चमकते हैं। आपकी कृपा देवी दिव्य (भाः) भासमाना, चमकीली, चमत्कारिणी एवं बृहती महती है।

भावार्थ—स्तोता भक्त ज्यों ही आपकी स्तुति आरम्भ करता है, तत्क्षण (अविलम्ब) आप उसपर अपनी अद्भुत चमत्कारिणी महती कृपा करते हैं, जिससे आपका कृपा-भाजन वह भक्त मुक्ति एवं मुक्तिके दिव्यानन्दका अनुभविता बन जाता है।

यह किसीसे छिपा नहीं है कि भगवत्कृपासे असम्भव कार्य भी अनायास निष्पन्न हो जाते हैं। इस सम्बन्धमें भगवत्कृपाकी महिमाका यह अनवद्य पद्य अति प्रसिद्ध है—

मूकं करोति वाचालं पङ्गुं लङ्घयते गिरिम्।
यत्कृपा··· ··· ··· ··· ··· ॥

'जिसकी कृपासे वाक्-शक्तिहीन गूँगा प्राणी प्रखर वक्ता बन जाता है एवं पङ्गु व्यक्ति, जो जङ्घापादादिरहित होनेके कारण एक-दो पग भी नहीं चल सकता, दुर्गम पर्वतपर भी चढ़ जाता है।'

शास्त्रोंमें भी भगवत्प्राप्तिका साधन भगवत्कृपाको माना गया है। भगवत्कृपा भगवद्भक्तिपर निर्भर है। गीतामें—

पुरुषः स परः पार्थ भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यया।
(८।२२)

भगवद्भक्तिको भगवत्कृपाद्वारा[४] भगवत्प्राप्तिका कारण माना है। क्रम यह है—पहले साधकको भगवान्‌का अनन्य भक्त बनना होगा, पश्चात् भगवत्कृपाभाजन इस भक्तको ब्रह्म-साक्षात्कार या भगवद्दर्शनके द्वारा अनायास ही ब्रह्मप्राप्ति या भगवत्प्राप्तिरूपा मुक्तिका लाभ हो जाता है।

४. तमेव शरणं गच्छ सर्वभावेन भारत। तत्प्रसादात्परां शान्तिं स्थानं प्राप्स्यसि शाश्वतम्॥ (१८।६२)

भगवत्कृपा-प्राप्तिका अमोघ साधन—शरणागतिका सूचक 'शरणम्' शब्द आठ बार, सप्तम्यन्त 'शरणे' शब्द तीन बार ऋग्वेदमें पठित है। विस्तारभयसे केवल दो-चार स्थलोंपर ही यहाँ विचार किया जाता है—

पुरु त्वा दाश्वान् वोचेऽरिरग्ने तव स्विदा ।
तोदस्येव शरण आ महस्य ॥ (ऋक्० १ । १५० । १)

(अग्ने) अग्रणी भक्तदुःखदावदग्ध परमात्मन्! (तव स्विदा) आपका ही (अरिः) अर्ता, प्रापक, विविध उपहारोंका समर्पक मैं सेवक, मैं साधक (पुरु वोचे) धन दो, पुत्र दो, यश दो इत्यादि विविध प्रार्थना-वाक्योंको बोलता हूँ। वर्तमानमें ही नहीं, अपितु भूतकालमें भी आपकी सेवामें मैंने नाना प्रकारके वाक्यरूप उपहार अर्पित किये हैं। अतः मैं अन्य प्राणियोंकी तरह मौन क्यों रहूँ। अर्थात् जोरदार शब्दोंमें आपके समक्ष अपनी बहुत-सी माँगें उसी प्रकार प्रस्तुत करता हूँ, जैसे घरका अन्तरङ्ग सेवक (महस्य) महान् (तोदस्य)[5] शिक्षक अर्थात् कुमार्गगमनसे रोककर सन्मार्गमें लगानेवाले स्वामीकी शरणमें (आ) आया हुआ निःसंकोच अपनी माँगें प्रस्तुत करता है।

तात्पर्य—भला अपनी सतत सेवाओंसे जो स्वामीका सच्चा सेवक—विश्वसनीय बन गया है, उसे क्या कभी स्वामीके समक्ष अपने या दूसरेके सम्बन्धमें किसी प्रकारकी बात कहनेमें हिचकिचाहट हो सकती है? ठीक उसी तरह मैं आपका सच्चा सेवक होनेके नाते आपको कुछ भी कहनेमें नहीं घबराता हूँ। पाठकोंको अवगत हो गया होगा कि शरणागत भक्तका अपने आराध्यदेवके साथ किस प्रकार निःसंकोच व्यवहार एवं वार्तालाप निष्पन्न हो जाता है!

प्रभु कृपा करके शरणागत भक्तमें अपने दिव्य तेजकी स्थापना करते हैं। फिर वह अग्निकी तरह देदीप्यमान, अति तेजस्वी, समस्त जनसमाजसे आहूत अर्थात् विश्व-समादरणीय बन जाता है। समस्त जनसमाज अपने कल्याणके लिये उसे सभाओं और गृहोंमें आमन्त्रित करते हैं। समस्त जनता उसके चरणोंमें नतमस्तक हो जाती है। इसी अभिप्रायका सूचक निम्न-निर्दिष्ट मन्त्र है—

उदु ष्य शरणे दिवो ज्योतिरयंस्त सूर्यः ।
अग्निर्न शुक्रः समिधान आहुतः ॥
(ऋक्० ८ । २५ । १९)

(सूर्यः) सर्वप्रेरक अन्तर्यामी, (ष्यः) वह मित्र और वरुण परमात्मा [हिंसा-पीड़ा-संकटसे भक्तका रक्षक होनेके कारण मित्र तथा अनिष्टनिवारक होनेसे वरुण, क्रियाभेदसे परमात्माके ही नाम हैं।] (दिवः) द्योतमान स्वप्रकाश सच्चिदानन्द परमेश्वरकी शरणमें वर्तमान अर्थात् शरणागत भक्तमें (ज्योतिः) विचित्र तेजको (उद् अयंस्त उद्यच्छति, उद्गमयति) उद्गत करते हैं। अर्थात् भगवत्कृपासे शरणागत भक्त अलौकिक तेज-सम्पन्न हो जाता है। पश्चात् वह(भक्त)अग्निकी तरह शुद्ध, दीप्त एवं (आहुतः) आहूत, आमन्त्रित, समस्त विश्वका समादरणीय बन जाता है।

अद्वैताचार्य विद्वद्वरिष्ठ मधुसूदन सरस्वतीने त्रिविध शरणागतिका 'सर्वधर्मान् परित्यज्य' (गीता १८ । ६६) श्लोककी व्याख्यामें जो उल्लेख किया है, उसका आधार वेद-मन्त्र इस प्रकार है—

इन्द्र त्रिधातु शरणं त्रिवरूथं स्वस्तिमत् ।
छर्दिर्यच्छ मघवद्भ्यश्च मह्यं च यावया दिद्युमेभ्यः ॥
(ऋक्० ६ । ४६ । ९)

(इन्द्र) परमात्मन्! (त्रिधातु) तीन प्रभेदोंसे युक्त (त्रिवरूथम्) आध्यात्मिक, आधिभौतिक, आदिदैविक भेदसे त्रिविध तापके निवारक (छर्दि रेफ उपजनः—छर्दिःछदिस्वत्) आच्छादनयुक्त, अर्थात् दुर्जनोंसे बचावके लिये जो भक्तोंको छिपाकर सुरक्षित रखता है, उस (शरणम्) अवलम्बन—शरणागतिको (यच्छ) प्रदान करें; केवल मुझे ही नहीं, हमारे प्रेमी, धनी, समृद्ध वदान्यशिरोमणि अन्य प्राणियोंको भी।

तात्पर्य—हम सबको आप अपनी शरणमें लें, जिससे हमारा कोई बाल भी बाँका न कर सके; (यावय, दिद्युम्, एभ्यः) शत्रुओंसे प्रयुक्त दिद्यु—चमकीले, अग्नि उगलते हुए आयुधको मेरे सहित इन सबसे पृथक् करें, आपके अनुग्रहसे हम सब शत्रुके किसी भी आयुधका निशाना न बनें आदि वाक्यांशोंके माध्यमसे इसी भावको प्रकट किया गया है।

पहले कहा गया है, शरणागतिके तीन प्रकार हैं। वे नीचे दिये जाते हैं—

तस्यैवाहं ममैवासौ स एवाहमिति त्रिधा ।
भगवच्छरणत्वं स्यात् साधनाभ्यासपाकतः ॥
(गीता १८ । ६६की गूढार्थदीपिका-टीका)

अर्थात् 'मैं उन्हींका हूँ, वे मेरे ही हैं और मैं वही हूँ' इस पद्धतिसे भगवच्छरणागति तीन प्रकारकी है। क्रमशः

---

५. हितैषी होनेपर भी इधर-उधर घातपातमें (स्वच्छन्दतामें बाधक) होनेके कारण स्वामी सेवकको आपाततः पीड़ाकारी भासता है। [illegible] 'तुद' व्यथने धातुसे 'पचाद्यच्'से 'अच्' प्रत्यय करनेपर निष्पन्न 'तोद' शब्द स्वामीके अर्थमें प्रयुक्त हुआ है।

प्रथम मन्द, द्वितीय मध्य, तृतीय अधिमात्र-तीव्र दूसरे शब्दोंमें जैसे-जैसे निरन्तर अभ्याससे साधनामें परिपक्वता सम्पन्न होती है, वैसे-वैसे साधक क्रमशः एकसे दूसरी भूमिकापर आरोहण करता है।

प्रथम भूमिकामें भक्तको भगवान्‌का परोक्ष ज्ञान होता है। शास्त्रोंके परिशीलनसे प्रभुकी लोकोत्तर महिमासे परिचित हो सांसारिक राजा-महाराजाओंकी परवाह न करता हुआ वह केवल प्रभुकी दासताको स्वीकार करता है।

शरणागतिका द्वितीय आदर्श भक्त सूरदासके जीवनमें दृष्टिगोचर होता है। सूरदासजी चले जा रहे थे, मार्गमें एक गहरा गड्ढा था। कहीं भक्त गिर न जाय, इस हेतु भगवान्‌ने सूरदासजीका हाथ पकड़ लिया। प्रभु जाने लगे तो (सूरदासजी कहीं प्रभु चले न जायँ, इसलिये) दृढ़ताके साथ हाथ पकड़े रहे। अन्तमें प्रभुने बलपूर्वक अपना हाथ छुड़ा लिया और जाने लगे। सूरदासजी बोल उठे—

'हस्तमुत्क्षिप्य यातोऽसि बलात् कृष्ण किमद्भुतम्।'

'हे कृष्ण! बलपूर्वक आप हाथ छुड़ाकर जा रहे हैं, इसमें क्या अलौकिकता है। बलवान् व्यक्ति दुर्बलसे हाथ छुड़ा ही लेता है। मैं आपका पराक्रम तभी मान सकता हूँ, जब आप मेरे हृदयसे निर्गत हो सकें।' यह अतिशय परिपूर्ण प्रेम ही द्वितीय शरणागतिकी कक्षा है।

तात्पर्य—संसारके सभी पदार्थोंको भक्त अपना न मानकर उनसे सर्वथा उपरत हो केवल प्रभुमें ही अपनी ममताको केन्द्रित करता है। उसका वही निरतिशय प्रेमपरिप्लुत ममतातिरेक द्वितीय कक्षाकी शरणागति या भक्ति है।

'स एवाहम्' (वही मैं हूँ) इस प्रकार अद्वैतानुभूति सर्वोत्तम शरणागतिकी तीसरी कक्षा है। यमराज अपने अनुचरोंको आदेश दे रहे हैं—

सकलमिदमहं च वासुदेवः परमं पुमान् परमेश्वरः स एकः।
इति मतिरचला भवत्यनन्ते हृदयगते व्रज तान् विहाय दूरात्॥
(विष्णुपु० ३।७।३२)

"अनुचरवर्ग! जिन महापुरुषोंकी अपने हृदयविहारी अनन्त निःसीम अपरिच्छिन्न प्रभुमें इस प्रकारकी मति, अटल भावना है कि 'मैं और यह समस्त जगत् अर्थात् हम सब वासुदेवके ही स्वरूप हैं' उन महापुरुषोंको निगृहीत करनेका भूलकर भी प्रयास न करना, उनसे दूर ही रहना। वे वासुदेव परमपुरुष अद्वितीय, सजातीय-विजातीय-स्वगत-भेद-वर्जित परमेश्वर हैं।" गीतामें भी कहा है—

बहूनां जन्मनामन्ते ज्ञानवान् मां प्रपद्यते।
वासुदेवः सर्वमिति स महात्मा सुदुर्लभः॥
(७।१९)

सर्वत्र वासुदेवकी भावनासे युक्त भक्त अतिदुर्लभ कहा गया है। तात्पर्य यह कि समस्त जगत् वासुदेवस्वरूप है। इस भावनाका उदय अनेक जन्मोंकी साधनाका पक्व सुमधुर फल है। उक्त भावनासे भूषित कोई विरला ही प्राणी होगा।

गीताके प्रारम्भमें **'शाधि मां त्वां प्रपन्नम्'** (२।७), मध्यमें **'गतिर्भर्ता प्रभुः साक्षी निवासः शरणं सुहृत्'** (९।१८) तथा उपसंहारमें **'सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज'** (१८।६६) शरणागतिका उल्लेख होनेसे गीताका तात्पर्य शरणागतिमें ही मानना होगा। उपक्रम (आरम्भ), परामर्श (मध्य) तथा उपसंहार (समाप्ति) में जिसका वर्णन हो, वही सिद्धान्त वक्ताको अभिप्रेत होता है; क्योंकि अपने अभिप्रेत विषयको दृढ़ करनेके लिये वक्ता बार-बार उसका निर्देश करनेसे चूकता नहीं।

वैष्णव भक्ति-निबन्धोंमें विद्वद्वरेण्य वैष्णवाचार्योंने षड्विध शरणागति स्वीकार की है। उसीका नामान्तर प्रपत्ति-योग है। इसका उल्लेख **'मुमुक्षुर्वै शरणमहं प्रपद्ये'** (श्वेताश्वतरोपनिषद् ६।१८) में स्पष्ट है।

आनुकूल्यस्य संकल्पः प्रातिकूल्यस्य वर्जनम्।
रक्षिष्यतीति विश्वासो गोप्तृत्ववरणं तथा॥
आत्मनिक्षेपकार्पण्ये षड्विधा शरणागतिः।
(अहिर्बुध्न्यसंहिता ३७।२८-२९)

आनुकूल्यस्य संकल्पः—

प्रभुको जो प्रिय हैं, उन्हीं कार्योंको करनेका मनमें विचार तथा प्रयत्न करना अर्थात् गीता (के १६।१-३ श्लोकों) में वर्णित दैवी-सम्पत्तिके नामसे प्रख्यात छब्बीस सद्गुणोंका जीवनमें उपादान ही प्रथम शरणागति है।

प्रातिकूल्यस्य वर्जनम्—

गीता १६।४में निर्दिष्ट दम्भ, दर्पाभिमानादि दुर्गुण आसुरी-सम्पत्ति हैं, जिनको **'निबन्धायासुरी मता'** (१६।५) इस उक्तिसे 'बन्धनके कारण' कहा गया है, उनका परित्याग द्वितीय शरणागति है।

रक्षिष्यतीति विश्वासः—

'भगवान् पिता हैं, मैं उनका प्रिय पुत्र हूँ। संकटके समय क्या पिताद्वारा कभी पुत्रकी उपेक्षा सम्भव है? अतः भयंकरातिभयंकर परिस्थितिमें भी वे मेरी रक्षासे कभी चूकेंगे नहीं; अवश्य ही दुःख-महोदधिसे मुझे उबारेंगे'—इस प्रकारका दृढ़ विश्वास ही तृतीय शरणागति है। **'योगक्षेमं वहाम्यहम्'** (गीता ९।२२)—'मैं भक्तका योगक्षेम वहन करता हूँ।'

'कौन्तेय प्रतिजानीहि न मे भक्तः प्रणश्यति' (गीता ९ । ३१)—'कुन्तीनन्दन ! घण्टानादसे उद्घोषित कर दो कि मेरे भक्तका कभी विनाश नहीं होता' आदि भगवद्वचन तृतीय शरणागतिको ही दृढ़ कर रहे हैं ।

गोप्तृत्ववरणम्—

रक्षाके लिये किसी दूसरेका सहारा न लेना, मुख न ताकना, प्रभुको ही एकमात्र अपना रक्षक स्वीकार करना, आवश्यकता पड़नेपर अपनी अभीष्ट-पूर्तिके लिये प्रभुका ही दरवाजा खटखटाना, किसी दूसरेकी सहायताकी आशा स्वप्नमें भी न करना । 'समस्त जगत् मेरे ही आराध्यदेव प्रभुके द्वारका भिखारी है । मैं भी उसीसे अभीष्टकी याचना करूँगा, भिखारीसे भीख माँगना क्या शोभास्पद है ?' इस भावकी दृढ़ता का होना ।

कहा जाता है कि एक बार एक जंगलमें सम्राट् अकबरके प्राण पिपासासे संकटमें पड़ गये । एक किसानने अपने निमित्त सुरक्षित जलके दानसे उसकी रक्षा की । उपकृत सम्राट्ने किसानको अपना हस्ताक्षरयुक्त पत्र दिया, जिसके आधारपर वह निःशङ्क सम्राट्के दरबारमें जा सका । बादशाहने प्राणदाता किसानको स्नेहपूर्वक सदा साथ रहनेकी अनुमति दी और कहा कि 'आपके लिये कोई वस्तु अदेय नहीं, जो माँगेंगे, वही मिल जायगी ।'

एक दिन मस्जिदमें वह सम्राट्के साथ गया । नमाज पढ़ते हुए सम्राट्की शारीरिक चेष्टाओंसे उस किसानको अनुभव हुआ कि सम्राट् भगवान्से कुछ माँग रहे हैं । पूछनेपर सम्राट्ने भी उसकी पुष्टि की । किसान सम्राट्के पाससे बिना कुछ माँगे चल दिया । सम्राट्के रोकनेपर भी नहीं रुका । अन्तमें सम्राट्ने सस्नेह कहा—'मित्र ! खाली हाथ क्यों जा रहे हैं ?' तब विवश होकर किसानको कहना ही पड़ा कि 'भिखारीका भिखारी क्यों बनूँ, जिनके आप भिखारी हैं, यदि आवश्यकता होगी तो उन सबके दाता विश्वनियन्ता प्रभुसे ही माँग लूँगा ।'

बस, प्रभुके अतिरिक्त किसी औरके आगे हाथ न पसारना चतुर्थ शरणागति है ।

आत्मनिक्षेपः—

विश्व-रूप-दर्शनसे संत्रस्त अर्जुन गीता (११ । ४१-४५) में कह रहे हैं—'आप समस्त चराचर जगत्के पालक हैं । जब कोई आपके समकक्षका ही नहीं तो किसीके आपसे उत्कृष्ट होनेकी तो सम्भावना ही क्या । आप पूज्य, जगद्वन्द्य, जगद्गुरु हैं, आपका प्रभाव अतुलनीय है । अतः मैं आपके श्रीचरणोंमें नतमस्तक हूँ । आप मुझपर प्रसन्न हों । आपकी महिमाको न जानते हुए मित्र मानकर एकान्त अथवा जनसमाजके समक्ष मैंने आपके प्रति उपेक्षारूप जो अपराध किये हैं, आप भक्तवत्सल दयानिधि हैं, आशा ही नहीं, दृढ-विश्वास है कि आप अपने जनकी उस अवज्ञापर ध्यान न देंगे ।'

इसके अतिरिक्त 'मनः संयम्य मच्चित्तो युक्त आसीत मत्परः' (गीता ६ । १४), 'मन्मना भव मद्भक्तः' (गीता ९ । ३४) आदि श्लोकोंमें 'आत्मनिक्षेप' शरणागतिकी ओर संकेत किया गया है । आत्मनिक्षेपका अर्थ है—अपने जीवनको प्रभुके हाथमें सौंप देना । मन-वचन-कर्मसे निष्काम प्रभु-सेवामें तत्परता ही पञ्चम शरणागति है ।

कार्पण्यम्—

कार्पण्य (दैन्य) शब्दका अर्थ है—आर्तस्वरसे प्रभु-प्रार्थना । भगवान्को यह भाव अत्यन्त प्रिय है । अपना पृथक् अस्तित्व मिटा डालना ही दैन्यकी पराकाष्ठा है ।

शरणागति ही नहीं, अपितु शरणागत भक्तोंका उद्धार भी वैदिक कथाओंमें विशेष उपलब्ध हैं । ऋग्वेदके २५ सूक्तोंके द्रष्टा 'दीर्घतमा ऋषि'का क्रूर सेवकके खड्गप्रहारसे शरीरके टुकड़े-टुकड़े किये जानेपर भी देहावसान न होना, यथापूर्व जीवित रहना, प्रबल पापके प्रभावसे भ्रष्टबुद्धि क्रूर दासका आत्महत्या करके संसारसे चल बसना, दुष्ट अनुचरद्वारा रस्सियोंसे बाँधकर नदीमें फेंकनेपर भी न डूबना, प्रत्युत जीवित रह अङ्गराजकी सभामें पहुँच कर विशेष प्रतिष्ठा प्राप्त करना, जन्मान्ध होनेपर भी दृष्टि-शक्तिसे सम्पन्न होना प्रभृति घटनाएँ भगवत्कृपाका ही अद्भुत प्रभाव है । (वेदोप० चं० श्लोक ४५-४६, ऋ० १ । १४७ । ३ तथा १५८ । ५) अत्रिसुता अपालाके श्वेत कुष्ठकी निवृत्ति होकर उसका शरीर सूर्यके समान देदीप्यमान हो जाना । (वेदोप० चं० श्लोक ९२, ऋ० ८ । ९१ । ७) बन्धु आदि भ्राताओंके प्रार्थना करनेपर सुबन्धुका पुनः जीवित हो जाना । (वेदोप० चं० श्लोक ९३, ऋ० ५ । २४ तथा १० । ५७-६०) इत्यादि अद्भुत चमत्कारोंसे ईश्वर-कृपाका जाज्वल्यमान सामर्थ्य प्रमाणित होता है । स्मरण रहे, अग्न्यादि नामसे जगदीश्वर ही स्तुत्य हैं, अग्न्यादि देवता नहीं । अतः अग्न्यादिकी कृपासे सम्पन्न कार्य जगदीश्वरकी कृपाका ही लोकोत्तर परिणाम है । अधिक क्या कहें, भगवत्कृपाके चमत्कारी उदाहरणोंका संग्रह ही वेद, अष्टादश पुराण, महाभारत, रामायण तथा संतवाणी जिसका समस्त विश्व साक्षी है ।

अनिर्वचनीया कृपा-शक्ति

(स्व० महामना पं० श्रीमदनमोहनजी मालवीय)

हमारे सामने जन्मसे लेकर शरीर छूटनेके समयतक बड़े-बड़े चित्र-विचित्र दृश्य दिखायी देते हैं। जो हमारे मनमें इस बातको जाननेकी बड़ी उत्कण्ठा उत्पन्न करते हैं कि वे कैसे उपजते हैं और कैसे विलीन होते हैं ? हम प्रतिदिन देखते हैं कि प्रातःकाल पौ फटते ही सहस्र किरणोंसे विभूषित सूर्य-मण्डल पूर्व दिशामें प्रकट होता है और आकाशमार्गसे विचरता, सारे जगत्‌को प्रकाश, गर्मी और जीवन पहुँचाता सायंकाल पश्चिम दिशामें पहुँचकर नेत्रपथसे ओझल हो जाता है। गणित-शास्त्रके जाननेवालोंने गणना कर यह निश्चय किया है कि यह सूर्य पृथ्वीसे नौ करोड़ अट्ठाईस लाख तीस सहस्र मीलकी दूरीपर है। यह कितने आश्चर्यकी बात है कि वह इतनी दूरीसे इस पृथ्वीके समस्त प्राणियोंको प्रकाश, गर्मी और जीवन पहुँचाता है। सूर्य प्रत्येक ऋतुमें अपनी सहस्र किरणोंसे पृथ्वीसे जलको खींचकर आकाशमें ले जाता है और वहाँसे मेघका रूप बनाकर फिर जलको पृथ्वीपर बरसा देता है तथा इस प्रकार सब घास, पत्ती, वृक्ष, अनेक प्रकारके अन्न और समस्त जीवधारियोंको प्राण और जीवन देता है।

गणित-शास्त्र बतलाता है कि जैसा यह एक सूर्य है, ऐसे असंख्य सूर्य हैं और इससे बहुत बड़े-बड़े भी हैं, जो सूर्यसे भी अधिक दूर होनेके कारण हमको छोटे-छोटे तारोंके समान दिखायी देते हैं। सूर्यके अस्त होनेपर प्रतिदिन हमको आकाशमें अनगिनत तारे-नक्षत्र-ग्रह चमकते दिखायी देते हैं। सारे जगत्‌को अपनी किरणोंसे सुख देनेवाला चन्द्रमा अपनी शीतल चाँदनीसे रात्रिको ज्योतिष्मती करता हुआ आकाशमें सूर्यके समान ही पूर्व दिशासे पश्चिम दिशाको जाता है। प्रतिदिन रात्रिके आते ही दसों दिशाओंको प्रकाश करती हुई नक्षत्र-तारा-ग्रहोंकी ज्योति ऐसी शोभा धारण करती है कि उसका वर्णन नहीं किया जा सकता। ये सब तारा-ग्रह एक सूत्रमें बँधे हुए गोलकोंके समान अलङ्घनीय नियमोंके अनुसार दिन-से-दिन, महीने-से-महीने, वर्ष-से-वर्ष बँधे हुए मार्गोंमें चलते हुए आकाशमें घूमते दिखायी देते हैं। क्या यह प्रबन्ध किसी विवेकवती शक्तिका रचा हुआ है, जिसको स्थावर-जङ्गम सब प्राणियोंको जन्म देना और पालना अभीष्ट है अथवा यह केवल जड-पदार्थोंके अचानक संयोगमात्रका परिणाम है ? क्या यह परम आश्चर्यमय गोलकमण्डल अपने-आप जड पदार्थोंके एक दूसरेके खींचनेके नियममात्रसे उत्पन्न हुआ है और अपने-आप आकाशमें वर्ष-से-वर्ष, युग-से-युग घूम रहा है, अथवा इसके रचने और नियमसे चलानेमें किसी चेतन शक्तिका हाथ है ? बुद्धि कहती है कि है। वेद भी कहते हैं कि है। सूर्य और चन्द्रमाको, आकाश और पृथ्वीको परमात्माने रचा—

> **सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्।**
> **दिवं च पृथिवीं चान्तरिक्षमथो स्वः॥**
>
> (ऋक्० १० । १९० । ३)

प्राणियोंकी रचना—

इसी प्रकार हम देखते हैं कि प्राणात्मक जगत्‌की रचना इस बातकी घोषणा करती है कि इस जगत्‌का रचनेवाला एक ईश्वर है। यह चैतन्य जगत् अत्यन्त आश्चर्यसे भरा हुआ है। जरायुसे उत्पन्न होनेवाले मनुष्य, सिंह, हाथी, घोड़े, गौ आदि; अण्डोंसे उत्पन्न होनेवाले पक्षी; पसीने और मैलसे पैदा होनेवाले कीड़े पृथ्वीको फोड़कर उगनेवाले वृक्ष—इन सबकी उत्पत्ति रचना और इनका जीवन परम आश्चर्यमय है।

श्रुति भगवती कहती है—

> **वालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च।**
> **भागो जीवः स विज्ञेयः स चानन्त्याय कल्पते॥**
>
> (श्वेता० ५ । ९)

एक बालके आगेके भागके खड़े-खड़े सौ भाग कीजिये और उन सौमेंसे एकके फिर सौ खड़े-खड़े टुकड़े कीजिये और इनमेंसे एक टुकड़ा लीजिये तो आपके ध्यानमें आयेगा कि कितना सूक्ष्म जीव है। यह जीव गर्भमें प्रवेश करनेके समयसे शरीररूपसे बढ़ता है। विज्ञानके जाननेवाले विद्वानोंने अणुवीक्षण-यन्त्रसे देखकर यह बताया है कि मनुष्यके वीर्यके एक बिन्दुमें लाखों जीवाणु होते हैं और उनमेंसे एक ही गर्भमें प्रवेश पाकर टिकता और वृद्धि पाता है। नारीके शरीरमें ऐसा प्रबन्ध किया गया है कि यह जीव गर्भमें प्रवेश पानेके समयसे एक नलीके द्वारा आहार पाये, इसकी वृद्धिके साथ-साथ नारीके गर्भमें एक जलसे भरा थैला बनता जाता है, जो गर्भको

पोसते बचाता है । इस सूक्ष्म-से-सूक्ष्म, अणु-से-अणु वालके भागके भागके दस हजारवें भागके समान सूक्ष्म वस्तुमें यह शक्ति कहाँसे आती है, जिससे वह धीरे-धीरे अपनी माता और पिताके समान रूप, रंग और सब अवयवोंको धारण कर लेता है ? कौन-सी शक्ति है, जो गर्भमें इसका पालन और संवर्धन करती है ? वह क्या अद्भुत रचना है, जिससे बच्चेके उत्पन्न होनेके थोड़े समय पूर्व ही माताके स्तनोंमें दूध आ जाता है ? कौन-सी शक्ति है, जो असंख्य प्राणधारियोंको, सब मनुष्योंको, सब पशु-पक्षियोंको, सब कीट-पतंगोंको, सब पेड़-पल्लवोंको पालती है और उनको समयसे चारा और पानी पहुँचाती है ? कौन-सी शक्ति है, जिससे चींटियाँ दिनमें भी और रातमें भी सीधी भीत (दीवाल)पर चढ़ती चली जाती हैं ? कौन-सी शक्ति है, जिससे छोटे-से-छोटे और बड़े-से-बड़े पक्षी अनन्त आकाशमें दूर-से-दूरतक बिना किसी आधारके उड़ा करते हैं ?

इस आश्चर्यमयी कृपाशक्तिकी खोजमें हमारा ध्यान मनुष्यके रचे हुए एक घरकी ओर जाता है । हम देखते हैं, हमारे सामने यह एक घर बना हुआ है । इसमें भीतर जानेके लिये एक बड़ा द्वार है । इसमें अनेक स्थानोंमें पवन और प्रकाशके लिये खिड़कियाँ तथा झरोखे हैं । भीतर बड़े-बड़े खम्भे, दालान और कोठरियाँ हैं, उनमें भिन्न-भिन्न प्रकारसे मनुष्यको सुख पहुँचानेका प्रबन्ध किया गया है । घरके भीतरसे पानी बाहर निकालनेके लिये नालियाँ बनी हुई हैं । ऐसे विचारसे घर बनाया गया है कि रहनेवालोंको यह सब ऋतुओंमें सुखदायक हो । इस घरको देखकर हम कहते हैं कि इसका रचनेवाला कोई चतुर पुरुष था, जिसने रहनेवालोंके सुखके लिये जो-जो प्रबन्ध आवश्यक था, उनको विचारकर घर रचा । हमने रचनेवालेको देखा भी नहीं, तो भी हमको निश्चय होता है कि घरका रचनेवाला कोई था या है और वह ज्ञानवान् एवं विचारवान् पुरुष है ।

अब हम अपने शरीरकी ओर देखते हैं । हमारे शरीरमें भोजन करनेके लिये मुख बना है । भोजन चबानेके लिये दाँत हैं । भोजनको पेटमें पहुँचानेके लिये गलेमें नली बनी है । उसीके पास पवनके मार्गके लिये एक दूसरी नली बनी हुई है । भोजनको रखनेके लिये उदरमें स्थान बना है । भोजन पचकर रुधिरका रूप धारण करता है, वह हृदयमें जाकर इकट्ठा होता है और वहाँसे फिर बँटकर सब नलोंमें होकर शरीरके सम्पूर्ण अङ्गोंको शक्ति, सुख और शोभा पहुँचाता है । भोजनका जो अंश शरीरके लिये आवश्यक नहीं है, उसके मल होकर बाहर जानेके लिये मार्ग बना है । रसका जो अंश शरीरको पोसनेके लिये आवश्यक नहीं है, उसके निकलनेके लिये दूसरी नली बनी हुई है । देखनेके लिये हमारी दो आँखें, सुननेके लिये दो कान, सूँघनेको नासिकाके दो रन्ध्र और चलने-फिरनेके लिये हाथ-पैर बने हैं । संतानोत्पत्तिके लिये जननेन्द्रियाँ हैं । हम पूछते हैं, क्या यह परम आश्चर्यमयी रचना केवल जड पदार्थोंके संयोगसे हुई है या इसके जन्म देने और वृद्धिमें हमारे घरके रचयिताके समान, किंतु उससे अनन्तगुना अधिक (किसी) ज्ञानवान्, विवेकवान्, शक्तिमान् कृपामय प्रभुका प्रभाव है ?

इसी विचारमें डूबते और उतराते हुए जब अपने मनकी ओर ध्यान देते हैं तो हम देखते हैं कि हमारा मन भी एक आश्चर्यमयी वस्तु है । इसकी विचार-शक्ति, कल्पनाशक्ति, गणनाशक्ति, रचनाशक्ति, स्मृति, धी, मेधा—सब हमको चकित करती हैं । इन शक्तियोंसे मनुष्यने क्या-क्या ग्रन्थ लिखे हैं, कैसे-कैसे काव्य रचे हैं, क्या-क्या आविष्कार किये हैं और कर रहे हैं । यह थोड़ा आश्चर्य नहीं उत्पन्न करता ।

हमारी बोलनेकी और गानेकी शक्ति भी हमको आश्चर्यमें डुबा देती है । हम देखते हैं कि यह प्रयोजनवती रचना सृष्टिमें सर्वत्र दिखायी पड़ती है और यह रचना ऐसी है कि जिसके अन्त तथा आदिका पता नहीं चलता । इस रचनामें एक-एक जातिके शरीरधारियोंके अवयव ऐसे नियमसे बैठाये गये हैं कि उन्हें देख, सुन और समझकर इनके 'निर्माता'के प्रति हम बरबस कृतज्ञ हो उठते हैं । सारी सृष्टि शोभासे पूर्ण है । हम देखते हैं कि सृष्टिके आदिसे सारे जगत्में एक कोई अद्भुत शक्ति काम कर रही है, जो सदासे चली आयी है, सर्वत्र व्याप्त है और अविनाशी है ।

हमारी बुद्धि विवश होकर इस बातको स्वीकार करती है कि ऐसी ज्ञानात्मिका रचनाका कोई आदि, सनातन, अज, अविनाशी, सत्-चित्-आनन्दस्वरूप, जगद्व्यापक, अनन्त शक्ति-सम्पन्न रचयिता है । उसी एक अनिर्वचनीया कृपाशक्तिको हम ईश्वर, परमेश्वर, परब्रह्म, नारायण, भगवान्, वासुदेव, शिव, राम, कृष्ण, विष्णु, जिहोवा, गॉड, खुदा, अल्लाह आदि अनेकों नामोंसे पुकारते हैं ।

दया और कृपा

(लेखक—पूज्यपाद श्रीप्रभुदत्तजी ब्रह्मचारी)

दृष्टं जनं सम्पतितं बिलेऽस्मिन्
कालाहिना क्षुद्रसुखोरुतर्षम्।
समुद्धरैनं कृपयाऽऽपवर्ग्यै-
र्वचोभिरासिञ्च महानुभाव॥
(श्रीमद्भा० ११। १९। १०)

उद्धवजी भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रसे उपदेश करनेकी प्रार्थना करते हुए कह रहे हैं—'हे महानुभाव भगवन्! आपका जो यह निज-जन है, इस संसाररूप अंधे कुएँमें पड़ा है, कालरूप काले नागने इसे डस लिया है, तो भी इस क्षुद्रकी सांसारिक सुखकी तीव्र तृष्णा जाती नहीं, और भी अधिक बढ़ती जाती है। आप इस (अपने निज) दासपर कृपा कीजिये। इसका उद्धार कीजिये। आप संसारसे मुक्त करके अपवर्ग—मोक्ष देनेवाली अपनी अमृत-वाणीसे मुझे सींच दीजिये, सराबोर कर दीजिये।'

दया, कृपा, अनुकम्पा, करुणा, अनुग्रह—ये शब्द प्रायः समान अर्थवाची हैं। फिर भी दया और कृपामें तनिक अन्तर है। दया प्राणिमात्रपर समानरूपसे की जाती है—'दया सर्वभूतेषु' दयामें भेदभाव, पक्षपात नहीं होता। मत्स्यपुराणमें दयाका लक्षण बताते हुए कहा गया है—'जो सम्पूर्ण भूतोंमें अपने आत्माके ही समान हितके लिये, शुभ कल्याणके लिये वर्तता है, निरन्तर समानभावसे आचरण करता हुआ प्रसन्न होता है, उसकी उस क्रियाका नाम 'दया' है। चाहे दूसरा पुरुष हो या अपना बन्धुवर्ग, चाहे मित्र हो अथवा अपनेसे द्वेष करनेवाला शत्रु ही क्यों न हो, इन सबमें अपने आत्माके ही सदृश जो वर्ताव किया जाता है, उसीको 'दया' कहते हैं—

आत्मवत् सर्वभूतेषु यो हिताय शुभाय च।
वर्तते सततं हृष्टं क्रिया ह्येषा दया स्मृता॥
× × ×
परस्मिन् बन्धुवर्गे वा मित्रे द्वेष्टरि वा सदा।
आत्मवद् वर्तितव्यं हि दयैषा परिकीर्तिता॥
(अत्रिसंहिता ४१)

दया सर्वसाधारण जनोंपर एक समान की जाती है, किंतु कृपा अपने निज-जनपर ही की जाती है। अपना आज्ञाकारी नम्रतासे दास हो, अपना अभिन्न मित्र हो, अपना पुत्र हो—इनपर कृपा की जाती है। जैसे एक तो सामान्य धर्म होता है, दूसरा विशेष धर्म। गङ्गा-स्नान करना, भगवान्का नाम-स्मरण करना, स्वधर्मका पालन करना—ये सामान्य धर्म हैं, इन्हें सब कर सकते हैं, किंतु विशेष रूपसे किसीको कोई अनुष्ठान बताना, विशिष्ट मन्त्रकी दीक्षा देना—ये विशेष धर्म हैं। इसी प्रकार सामान्य रूपसे सबपर द्रवित होनेकी वृत्ति 'दया' तथा विशेष स्नेहसे किसीके प्रति करुणार्द्र हो जाना 'कृपा' कहलाती है। सिद्धान्ततः सामान्य-धर्मसे विशेष-धर्म बलवान् होता है, अतः 'दया'से 'कृपा' अधिक बलवती कही जा सकती है।

कृपा और दयाके भेदको स्पष्ट समझनेके लिये अम्बरीष और दुर्वासाका ही दृष्टान्त ले लीजिये। वैसे भगवान्की दया तो अम्बरीष और दुर्वासा दोनोंपर समान ही थी, किंतु अम्बरीषपर विशेष कृपा थी। क्यों थी? इसलिये कि उन्होंने अपना सर्वस्व भगवान्को ही अर्पण कर रखा था। वे अपने लिये कुछ भी पुरुषार्थ नहीं करते थे। उन्होंने अपना तन-मन-प्राण तथा समस्त कर्म भगवान्के ही अर्पण कर रखे थे। उनके पैर चलते तो केवल भगवान्के क्षेत्रोंकी यात्राके लिये ही। उनका सिर सदा भगवान्की वन्दनामें ही नत रहता था। उन्होंने माला, चन्दन आदि समस्त भोग-सामग्रियोंको भगवान्की सेवामें ही समर्पित कर रखा था। भोगोंको भोगनेकी इच्छासे नहीं, अपितु इन वस्तुओंको भगवत्समर्पण करनेसे मुझे भगवान्का प्रेम प्राप्त हो, जो प्रेम सर्वसाधारण जनोंको नहीं, भगवान्के निज-जनोंको ही प्राप्त होता है—इस इच्छासे ही वे समस्त कर्तव्य-कर्मोंमें प्रवृत्त होते थे। इस प्रकार उन्होंने अपने समस्त कर्म यज्ञपुरुष, इन्द्रियातीत भगवान्के ही प्रति सर्वात्मभावसे समर्पित कर दिये थे। वे भगवद्भक्त ब्राह्मणोंकी आज्ञानुसार ही पृथ्वीका शासन करते थे। उन्होंने अपनी (निजकी) कोई इच्छा रखी ही न थी—

पादौ हरेः क्षेत्रपदानुसर्पणे
शिरो हृषीकेशपदाभिवन्दने।
कामं च दास्ये न तु कामकाम्यया
यथोत्तमश्लोकजनाश्रया रतिः॥
एवं सदा कर्मकलापमात्मनः
परेऽधियज्ञे भगवत्यधोक्षजे।
सर्वात्मभावं विदधन्महीमिमां
तन्निष्ठविप्राभिहितः शशास ह॥
(श्रीमद्भा० ९। ४। २०-२

एक ओर तो सर्वात्मसमर्पण करनेवाले राजा अम्बरीष, दूसरी ओर शापकी पोटली सदा सिरपर लादे हुए अपनेको ही सर्वसमर्थ समझनेवाले महर्षि दुर्वासा। राजा व्रतके पारण-हेतु ज्यों ही भोजन करने बैठे, त्यों ही महर्षि दुर्वासा आ गये। राजा अतिथिको भोजन कराये बिना कैसे खायँ? उन्हें भोजनका निमन्त्रण दिया गया। दुर्वासा तो दुर्वासा ही ठहरे। निमन्त्रण तो स्वीकार कर लिया, किंतु मध्याह्न-संध्यादि नित्यकर्मोंके लिये यमुना-तटपर चले गये। बड़ी देर हो गयी। तिथिका लोप न हो, इसलिये राजाने ब्राह्मणोंकी आज्ञासे केवल तुलसी और गङ्गाजल पीकर व्रतका पारण किया। अपनेसे पहले पारण किये जानेपर दुर्वासा राजा अम्बरीषपर अत्यन्त कुपित हुए और राजाको मारनेके लिये उन्होंने कृत्या उत्पन्न की।

राजाने तो अपने समस्त पुरुषार्थ प्रभुके अर्पण कर रखे थे। अतः न तो वे भयभीत हुए और न उन्होंने कृत्याके निवारणार्थ कोई प्रयत्न ही किया, प्रत्युत ज्यों-के-त्यों ही निर्भय खड़े रहे।

जो सर्वस्व-समर्पण कर देते हैं, उनके योग और क्षेमकी समस्त जिम्मेवारी कृपासिन्धु भगवान् स्वयं ले लेते हैं। यद्यपि राजर्षि अम्बरीष शाप देनेमें समर्थ थे, किंतु उन्होंने तो शाप-वरदान सभी कुछ प्रभुको समर्पित कर दिया था। वे अपना बचाव स्वयं करते तो भगवान्‌का सुदर्शन चक्र कभी बीचमें न आता। जब राजा भगवान्‌के भरोसे ही खड़े रहे, तब तुरंत सुदर्शनने आकर कृत्याको जला दिया और दुर्वासा-जीकी ओर झपटा। अब दुर्वासाजी लैया-पैंया भगे, इन्द्रलोक, ब्रह्मलोक, शिवलोक—सर्वत्र गये। कहीं शरण न पाकर भगवान् विष्णुकी शरणमें गये—'भगवन्! सुदर्शन चक्रसे मेरी रक्षा कीजिये।' भगवान्‌ने कहा—'भैया! मैं कुछ नहीं कर सकता। मैं तो भक्तोंके अधीन हूँ। अन्य किसीका मामला होता तो मैं हस्तक्षेप कर भी देता। यह भक्तका अभियोग है, मेरी सामर्थ्यके बाहर है।'

दुर्वासाजी बोले—'भगवन्! ऐसा न कहें, आप सर्वसमर्थ हैं, मैं भी तो आपका भक्त ही हूँ।'

भगवान्‌ने कहा—'भक्त आप अवश्य हैं; किंतु दयाके पात्र हैं। कृपाके पात्र तो राजा अम्बरीष ही हैं।'

दुर्वासाजीने कहा—'आप मेरा परित्याग कर रहे हैं और अम्बरीषको अपना रहे हैं, आपकी दृष्टिमें तो कृपामें और दयामें कोई अन्तर नहीं होना चाहिये।'

भगवान्‌ने कहा—'मेरी दया तो आप दोनोंपर समान ही है, किंतु निज-जन होनेसे अम्बरीषपर कृपा विशेष है, उनके मामलेमें मैं हस्तक्षेप नहीं कर सकता। बताऊँ, कि मैं उन्हें क्यों नहीं छोड़ सकता?—देखिये ब्रह्मन्! मैं अपने भक्तोंका एकमात्र आश्रय हूँ, इसलिये साधुप्रकृतिके भक्तोंको छोड़कर न तो मैं अपने आपको चाहता हूँ और न अपनी अर्धाङ्गिनी लक्ष्मीको ही। ऋषिवर! आप ही सोचिये, जो मेरे भक्त अपनी स्त्री, घर, पुत्र, परिवार, गुरुजन, परिजन, प्राण, धन तथा यहाँतक कि इहलोक और परलोकतकको भी छोड़कर केवल एकमात्र मेरी ही शरणमें रहते हैं, भला उन्हें मैं कैसे छोड़ सकता हूँ?'—

> नाहमात्मानमाशासे मद्भक्तैः साधुभिर्विना।
> श्रियं चात्यन्तिकीं ब्रह्मन् येषां गतिरहं परा॥
> ये दारागारपुत्राप्तान् प्राणान् वित्तमिमं परम्।
> हित्वा मां शरणं याताः कथं तांस्त्यक्तुमुत्सहे॥
> (श्रीमद्भा० ९। ४। ६४-६५)

दुर्वासाजीने कहा—'भगवन्! यदि मैं अनन्य भगवद्-भक्तोंके सदृश कृपाका पात्र नहीं तो दयाका तो पात्र हूँ। मेरे ऊपर दया ही कीजिये।'

तब भगवान्‌ने कहा—'हाँ, दया करके मैं उपाय बताता हूँ। आप उन्हीं अम्बरीषकी शरणमें जाइये, आपका दुःख दूर हो जायगा।'

महर्षि दुर्वासाने ऐसा ही किया और वे दुःखसे छूट गये। यही दया और कृपामें अन्तर है। इसलिये भगवान्‌से कोई सम्बन्ध जोड़ लेना चाहिये।

वैष्णव-शास्त्रोंमें भगवत्कृपाके लिये कोई सम्बन्ध स्थापित करना परम आवश्यक माना गया है। दास्य, सख्य, वात्सल्य और मधुर—इन चार भावोंसे भगवान्‌के साथ सम्बन्ध स्थापित किया जाता है।

भगवान्‌की दया तो चराचर प्राणिमात्रपर है, किंतु उनकी कृपाकी उपलब्धिके लिये उनसे सम्बन्ध स्थापित करना पड़ेगा। मुझ साधन-हीनका तो यही क्रन्दन है—

> अति अगनित अपराध पात्र हौं नाथ कहाऊँ।
> भव सागर अति भीम परयो तामें बिलखाऊँ॥
> शरणागत हौं भगनि हरे! मोहिं अपनाओ।
> सब साधन तें हीन दीन हूँ दरस दिखाओ॥

[illegible]
[illegible]

भगवत्कृपाके अधिकारी

(दिवंगत महामहिम डॉ० सर्वपल्ली श्रीराधाकृष्णन्, भूतपूर्व राष्ट्रपति, भारत-गणराज्य)

'भगवत्कृपाकी प्राप्ति अपने प्रयत्नसे सम्भव नहीं है'—यह धारणा प्रगाढ़ भक्ति उत्पन्न करती है। भक्तिमें जहाँ केवल विश्वास और प्रेमकी आवश्यकता होती है, वहाँ प्रपत्तिमें हम केवल भगवान्‌के प्रति समर्पित हो जाते हैं। अपने आपको उनके हाथोंमें विना शर्त सौंप देते हैं और उन्हें अधिकार दे देते हैं कि वे इच्छानुसार हमारा उपयोग करें। इसमें इसी बातका महत्त्व है कि हमारे समर्पणमें निश्छल और पूर्ण पवित्रता हो और वह विनम्र तथा सरल विश्वाससे उत्प्रेरित हो। इसमें भक्ति-साधनोंकी तीव्रताकी अपेक्षा समर्पणकी पूर्णताको यथार्थ धर्म-निष्ठाका स्वरूप माना गया है। जब हम अपने अन्तःकरणको शून्य कर देते हैं, तब भगवान् उसपर अपना अधिकार जमा लेते हैं। हमारे गुण, अभिमान, ज्ञान, हमारी सूक्ष्म कामनाएँ, हमारी अलक्षित मान्यताएँ और बुरी धारणाएँ ही भगवान्‌को हमपर अधिकार जमानेसे रोकती हैं। हमें अपनेको सर्वकामना-विहीन बनाकर पूर्ण विश्वासके साथ भगवान्‌पर निर्भर हो जाना चाहिये। भगवान्‌के साँचेमें ढलनेके लिये हमें अपने सम्पूर्ण अधिकारोंको उन्हें समर्पित कर देना चाहिये[1]।

ज्ञान और प्रपत्तिमयी भक्तिके अन्तरको 'मर्कट-किशोर-न्याय' और 'मार्जार-किशोर-न्याय'से अभिव्यक्त किया गया है। बंदरका बच्चा अपनी माँको स्वयं उछलकर पकड़ता है और जोरसे पकड़े रहता है, अतः उसकी रक्षा हो जाती है। इस प्रकार बंदरके बच्चेके लिये किंचित् प्रयास अपेक्षित है, बिल्ली अपने बच्चेको स्वयं उठाकर मुखमें रख लेती है, अपनी रक्षाके लिये बिल्लीके बच्चेको कुछ नहीं करना पड़ता। ज्ञानमें कुछ सीमातक भगवत्कृपाका अधिकार प्राप्त किया जाता है और प्रपत्तिमें भगवत्कृपाका सर्वथा उन्मुक्त प्रदान होता है। प्रपत्तिमें प्रपन्नकी योग्यता या कृत-सेवाओंपर ध्यान नहीं दिया जाता[2]। इस विचारका समर्थन पूर्व ग्रन्थोंमें भी मिलता है। जिसपर परमात्मा कृपा करते हैं, उसीको परमात्माकी प्राप्ति होती है, उसीके समक्ष वे अपने स्वरूपको अभिव्यक्त करते हैं[3]। अर्जुनसे यह कहा गया है कि उन्हें विश्वरूपका दर्शन प्रभुकृपासे ही हुआ[4]। किम्बहुना श्रीशंकराचार्य और खण्डनखण्डखाद्यकार भी स्वीकार करते हैं कि केवल भगवान्‌के अनुग्रहसे ही हमें मोक्षकी प्राप्ति होती है[5]।

---

१. सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज। अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥ (गीता १८। ६६)

२. प्रपत्तिमें ये छः भाव सहायक हैं—(१) अनुकूल बननेका संकल्प (आनुकूल्यस्य संकल्पः), (२) प्रतिकूलताका अभाव (प्रातिकूल्यस्य वर्जनम्), (३) प्रभुसे रक्षा-प्राप्तिमें विश्वास (रक्षिष्यतीति विश्वासः), (४) रक्षकके रूपमें उनका वरण करना (गोप्तृत्ववरणम्), (५) अत्यन्तदैन्यकी भावना (कार्पण्यम्) और (६) पूर्ण आत्मसमर्पण (आत्मनिक्षेपः)।

अन्तिम सहायक-तत्त्व (पूर्ण आत्मसमर्पण)को परम्पराक्रमसे प्रपत्तिका पर्याय ही माना जाता है, जो साध्य अर्थात् अङ्गी है और शेष पाँच तत्त्व साधक अर्थात् अङ्ग हैं।

उपर्युक्त तथ्यकी 'षड्विधा शरणागतिः'—इस वाक्यसे तुलना कीजिये, जिसकी व्याख्या अष्टाङ्गयोगकी तरह की जाती है तथा जिसमें समाधिरूप आठवाँ अङ्ग वस्तुतः साध्य होता है और अन्य सातों अङ्ग सहायक माने जाते हैं।

३. यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूँ स्वाम्। (कठोपनिषद् १। २। २३)

४. मया प्रसन्नेन तवार्जुनेदं रूपं परं दर्शितमात्मयोगात्। तेजोमयं विश्वमनन्तमाद्यं यन्मे त्वदन्येन न दृष्टपूर्वम्॥ (गीता ११। ४७)

५. तदनुग्रहहेतुकेनैव च विज्ञानेन मोक्षसिद्धिर्भवितुमर्हति। (ब्रह्मसूत्र २। ३। ४१ का शां० भा०)

तथा—

ईश्वरानुग्रहादेव पुंसामद्वैतवासना। महाभयकृतत्राणा द्वित्राणां यदि जायते॥ (खण्डनखण्डखाद्य १। २५)

'अर्थात् केवल ईश्वरके अनुग्रहसे दो-तीन पुरुषोंमें अद्वैतभावना जाग्रत् होती है, जो महान् भयसे त्राण करनेवाली है।'

॥ श्रीः ॥

अनुग्रहमूर्ति भगवान् श्रीगणेश

देवताओंपर अनुग्रह [पृष्ठ ४००

शुक्रशर्मा एवं विद्रुमापर अनुग्रह [पृष्ठ ४०१

२— भक्त मुद्गलपर कृपा [पृष्ठ ४०२

भगवान् वेदव्यासपर अनुग्रह

भगवान् सूर्यकी कृपा

देवी अदितिपर कृपा

[पृष्ठ ४०५

तेजोमयी दृष्टिमात्रसे दैत्य भस्म

[पृष्ठ ४०५

प्रजाजनपर कृपा

[पृष्ठ ४०६

धर्मराज युधिष्ठिरपर कृपा

[पृष्ठ ४०७

दुःखमें भगवत्कृपा

(नित्यलीलालीन परमश्रद्धेय भाईजी श्रीहनुमानप्रसादजी पोद्दार)

जब मनुष्य केवल अनुकूल सांसारिक भोगपदार्थोंकी प्राप्तिमें भगवत्कृपा मानता है, तब वह बड़ी भारी भूल करता है। भगवान्‌की कृपा तो निरन्तर है, सबपर है और सभी अवस्थाओंमें है, किंतु जो ये अनुकूल भोगपदार्थ हैं, जिनमें अनुकूल-बुद्धि रहती है, ये सब तो मनुष्यको मायाके, मोहके बन्धनमें बाँधनेवाले होते हैं। मायाके मोहमें बाँधकर जो भगवान्‌से अलग कर देनेवाली वस्तु है, उसकी प्राप्तिमें भगवत्कृपा मानना ही भूल है। पर होता यह है कि जब मनुष्य भगवान्‌का भजन करता है, भगवान्‌के नामका जप करता है, रामायण और गीतादिका पाठ करता है और संसारके भोगोंकी प्राप्तिमें जरा-सी सफलता प्राप्त होती है, तब वह ऐसा मान लेता है कि मेरी यह कामना पूरी हो गयी, मुझे यह लाभ हो गया। ऐसे पत्र मेरे पास बहुत आते हैं और मैं उन्हें प्रोत्साहित भी करता हूँ, परंतु यह ढंग ठीक नहीं है।

जहाँ मनुष्य अनुकूल भोगोंमें भगवान्‌की कृपा मानता है, वहाँ प्रतिकूलता होनेपर वह उलटा ही सोचेगा। वह कहेगा—'भगवान् बड़े निर्दयी हैं, भगवान्‌की मुझपर कृपा नहीं है।' अधिक क्षोभ होगा तो वह कह बैठेगा कि 'भगवान् न्याय नहीं करते।' इससे भी अधिक और क्षोभ होगा तो वह यहाँतक कह देगा कि 'भगवान् हैं ही नहीं, यह सब कोरी कल्पना है। भगवान् होते तो इतना भजन करनेपर भी ऐसा क्यों होता?' यों कहकर वह भगवान्‌को अस्वीकार कर देता है। इसलिये अनुकूल स्थितिकी प्राप्तिमें भगवत्कृपा है, यह मानना ही भूल है।

पहले-पहल जब मनुष्यको सफलता मिलती है, तब तो उसमें वह भगवान्‌की कृपा मानता है, पर आगे चलकर वह कृपा छिप जाती है या यों कहिये कि वह कृपाको भूल जाता है। फिर तो वह अपनी कृतिको एवं अपने ही अहंकारको सफलता देने लगता है—'अमुक कार्य मैंने किया, अमुक सफलता मैंने प्राप्त की।' इस प्रकार वह अपनी बुद्धिका, अपने [illegible] अपनी चतुराईका, अपने कला-कौशलका घमंड करता है, अभिमान करता है। भगवान्‌को भूलकर वह अपने [illegible] पूजा करने लगता है—'सफलता मैंने प्राप्त की है, इसलिये अब मेरी पूजा होनी ही चाहिये। मैंने धनोपार्जन किया, मैंने विजय प्राप्त की, मैंने अमुक सेवा की, मैंने राष्ट्र-निर्माण किया, मैंने राज्य, देश तथा धर्मकी रक्षा की'—इस प्रकार सर्वत्र प्रत्येक कर्ममें अपना 'अहं' जोड़कर वह अहंका पूजक तथा प्रचारक बन जाता है और जब इस 'अहं'की—'मैं'की पूजा नहीं होती, उसमें किसी प्रकारका किंचित् भी व्यवधान उपस्थित होता है, तब वह बौखला उठता है, दल बनाता है; इस प्रकार परस्पर दलबंदी होती है, राग-द्वेष एवं शत्रुताका वायुमण्डल बनता है, बढ़ता है। मनुष्य जब ऐसे किसी प्रवाहमें बहने लगता है, तब भगवान् दया करके 'ब्रेक' लगाते हैं। उसे उस पतनके प्रवाहसे लौटानेके लिये वे कृपा करते हैं। श्रीमद्भागवतका प्रसङ्ग है—

दैत्यराज बलिकी शक्ति बढ़ी। वे विश्वविजयी हो गये। देवताओंकी शक्ति क्षीण हो गयी। वे भयभीत होकर छिप गये। बलिका प्रतापसूर्य सम्पूर्ण विश्वपर छा गया। बलि भगवान्‌के भक्त थे, वे भगवान्‌की कृपा मानते थे; पर उनके मनमें भी अपने इस विषयका अहंकार तो आया ही। उसमें निमित्त चाहे जो कुछ बना हो, पर भगवान्‌ने बलिपर कृपा की। उनके सारे राज्य और ऐश्वर्यका अपहरण कर लिया। उक्त प्रसङ्गमें यह प्रश्न हो सकता है कि बलिके साथ भगवान्‌ने ऐसा क्यों किया? उत्तर स्पष्ट है कि भगवान्‌ने बलिपर कृपा करनेके लिये ऐसा किया। भगवान्‌ने उनपर यह कृपा किसलिये की? दयामय भगवान्‌ने अपनी कृपा-दृष्टि इसलिये की कि बलिको जो अपने राज्यका, अपनी विजयका अहंकार-सा हो गया था, वह इसी प्रकार बढ़ता रहता तो पता नहीं वे क्या कर बैठते भगवान्‌को भूलकर। बलि कुछ कर न बैठें, उनका ऐश्वर्य-विजय-मद न रहे, वे भगवान्‌की ओर लग जायँ, इसलिये भगवान्‌ने उनपर कृपा की। बलिने स्वयं इसे स्वीकार किया है। यह बात समझमें आनी कठिन है कि बलिका राज्य ले लिया, उनका सर्वनाश कर दिया, इसमें क्या कृपा की; पर यह सत्य है कि भगवान्‌ने उनपर बड़ी कृपा की।

बलिके पितामह भक्तराज प्रह्लादने वहाँ भगवान्‌की स्तुति करते हुए कहा—'प्रभो! आपने ही बलिको ऐश्वर्यपूर्ण इन्द्रत्व प्रदान किया था। आज आपने उसे छीनकर इसपर बड़ी कृपा की है। [illegible]

करनेवाली राज्यश्रीसे मुक्त हो गया है। लक्ष्मीके मोहसे बड़े-बड़े विद्वान् मोहित हो जाते हैं। ऐसी लक्ष्मीको छीनकर महान् उपकार करनेवाले, समस्त लोकोंके महेश्वर, सबके अन्तर्यामी तथा सबके परम साक्षी आप श्रीनारायणदेवको मैं नमस्कार करता हूँ।' (श्रीमद्भा० ८। २२। १६-१७)

जब भगवान् किसीपर इस प्रकार कृपा करते हैं, तब उसके ऐश्वर्यका विनाश कर देते हैं। एक बार तो वह दुःखी हो जाता है। इसी प्रकार जिसके सम्मानकी वृद्धि हो जाती है, भगवान् उसका अपमान करवा देते हैं, लाञ्छित कर देते हैं, जिससे वह मानकी मायासे छूटकर भगवान्‌की ओर बढ़े। इस प्रकारकी जितनी भी लीलाएँ होती हैं, सबमें भगवान्‌की कृपा ही हेतु होती है। जो संसार-सरितामें बह रहा है, वह भगवान्‌को मानेगा ही क्यों? जबतक जगत्‌में सफलता मिलती है, तबतक मनुष्य बुद्धिका अभिमान करता ही है और इसलिये भगवान् तथा धर्म—दोनों ही उससे दूर हो जाते हैं। वह मोहवश अपने लिये असम्भव और अकर्तव्य कुछ भी नहीं मानता—'मैं चाहे जो कर सकता हूँ, मेरे सामने कौन बोलनेवाला है? किसकी जगत्‌में शक्ति है, जो मेरी उन्नतिमें बाधा दे सके?' यों वह बकने लगता है; पर भगवान्‌की कृपासे ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जो उसकी सारी सफलताको चूर्ण कर देती है। तब वह फिर भगवान्‌की ओर देखता है। जबतक मनुष्यको संसारका आश्रय मिलता है, तबतक वह भगवान्‌की ओर ताकता भी नहीं। जबतक उसकी प्रशंसा करनेवाले, उसे आश्रय देनेवाले, उसकी बुरी अवस्थामें भी कुछ मित्र, बन्धु-बान्धव रहते हैं, तबतक वह उन्हींकी ओर देखता है। द्रौपदीके चीर-हरणका प्रसङ्ग देखिये—भगवान्‌की ओर उसने तबतक नहीं देखा, तबतक उन्हें नहीं पुकारा, जबतक उसे तनिक भी किसीकी आशा बनी रही। उसने पाण्डवोंकी ओर देखा, द्रोणकी ओर देखा, विदुरकी ओर देखा और देखा पितामह भीष्मकी ओर। उसे आशा थी कि ये मुझे बचा लेंगे, किंतु जब वह सब ओरसे निराश हो गयी, उसे कहीं किंचित् भी आश्रय नहीं रह गया, तब उसने निराश्रयके आश्रय और निर्बलके बल भगवान्‌का स्मरण किया। भगवान्‌को आते कितनी देर लगती! जहाँ अनन्य-भावसे करुण आह्वान हुआ कि वे भक्तवत्सल प्रभु दौड़ पड़े।

जगत्‌के अपनत्व, बन्धुत्व आदिके प्रति मनुष्यकी ममता जब नहीं छूटती, तब भगवान् कृपा करके ऐसी स्थिति उत्पन्न कर देते हैं, जिससे उसे उनसे मुक्ति मिल जाय, उस ममताके बन्धनसे छूटनेके लिये वह विवश हो जाय और जब उस ममतासे वह छूट जाता है, तब उसकी आँख खुलती है और वह सोचता है कि मैं धोखेमें था, मुझे 'मेरा-मेरा' करनेवाले सब पराये ही रहे, सब समयपर धोखा ही देनेवाले रहे। संसारका यह नियम ही है कि सांसारिक लोग सफलताके साथ चलते हैं और असफलताकी गन्ध पाते ही सब-के-सब धीरेसे सरक जाते हैं; फिर ढूँढ़नेपर भी उनका पता नहीं चलता। सुखके समय जो प्रगाढ़ मैत्रीका प्रदर्शन करता था, तब वैसा प्रेम नहीं दिखाता। उस समय केवल भगवान् ही दीखते हैं और वे बड़े ही मधुर एवं स्नेहपूर्ण शब्दोंमें कहते हैं—'भाई! निराश मत हो, मेरे पास आओ!' सच बात तो यह है कि अपने परम सुखद अङ्कमें लेनेके लिये ही वे ऐसा करते हैं। अपनानेके लिये ही वे उसे जगत्‌से निराश करते हैं। फिर भी हम भूल करते हैं। धनमें, मानमें, कीर्तिमें अर्थात् जगत्‌की प्रत्येक सफलतामें ही भगवान्‌की कृपाका अनुभव करते हैं, यह भी अत्युत्तम है; किंतु दीनता, दुःख, अभाव, अकीर्ति और असम्मानकी स्थितिमें भी हमें उनकी मधुरमङ्गलमयी कृपाका विशेष अनुभव करना चाहिये।

एक विधवा बहन हैं, अच्छे घरकी हैं। भगवान्‌की भक्ता हैं, भजन करती हैं। उन्होंने बताया—'मैं परिवारमें रहती, मेरे बाल-बच्चे होते, देवरानियों-जेठानियोंकी भाँति मैं वस्त्राभूषण पहनती, इस प्रकार मैं संसारमें रम जाती, भजन करनेकी जैसी सुविधा और मन आज है, वैसा तब नहीं रहता। यह भगवान्‌की कृपा थी, जिसने मुझे जगत्‌के सारे प्रलोभन और सारे विषयोंसे दूर कर दिया, हटा दिया और अपनी ओर लगनेका सुअवसर दिया।' वास्तवमें यही बात है। भगवान्‌की दी हुई वह विपत्ति हमारे लिये परम मङ्गलमयी है, जिसने हमें भगवान्‌में लगा रखा है। मनुष्य अमुक-अमुक प्रकारके वस्त्र पहननेको, अमुक-अमुक प्रकारके मकानमें रहनेको, अमुक प्रकारके भोजन करनेको और लोग मुझसे अमुक प्रकारसे बात करें, इसको तथा ऐसे ही अन्यान्य सांसारिक सुविधाओंको सुख मान रहा है, पर वस्तुतः वे सुख नहीं हैं। किसीने आपको आदरसे बुलाया और किसीने दुत्कार दिया—ये दोनों शब्द ही हैं। इनसे कुछ भी बनता-बिगड़ता नहीं। किसीने पाँच सम्मानकी बात कह दी और किसीने पाँच गाली दे दी। यद्यपि गाली देनेवालेने अपनी हानि अवश्य की; पर यदि आपके मनमें मानापमानकी भावना न हो तो आपका उससे कुछ नहीं

बिगड़ा; किंतु हमलोगोंने एक कल्पना कर ली—जगत्में हमारी कितनी अप्रतिष्ठा हो गयी, हम कितने अपदस्थ हो गये ! हमें इन सब बातोंका नित्य बड़ा भारी डर लगा रहता है । जरा-सी निन्दा होने लगती है तो हम डर जाते हैं, काँप उठते हैं । पर भगवान् यदि जानते हैं कि निन्दासे ही इसका गर्व-ज्वर उतर सकेगा तो वे चतुर चिकित्सकके द्वारा कड़वी दवा दी जानेकी भाँति उसकी निन्दा करा देते हैं ।

निन्दा, अपमान, अकीर्ति, तिरस्कार, अप्रतिष्ठा तथा लाञ्छन आदि अवसरोंपर यदि हम भगवान्की कृपा मान लें तो हम पार हो जायँ । कृपा तो वह है ही, पर हमें तो अवकाश ही नहीं है कि हम इसपर विचार कर सकें । जबतक सफलता है, तबतक मिथ्या आदर है। हम समझते हैं—'हमें अवकाश कहाँ है, कितना काम है, हमारे कितने सम्बन्धी हैं, कितने मित्र हैं, कहीं पार्टी है, कहीं मीटिंग है, कहीं खेल है, कहीं कुछ है । सब लोग हमें बुलाते हैं, वहाँ हमें जाना ही है । क्या करें ।' इत्यादि । पर भगवान्ने तनिक-सी कृपा की और लोगोंके मनमें यह बात आ गयी कि इसके बुलानेसे बदनामी होगी तो आज सबने बुलाना बंद कर दिया । मुखसे बोलनेमें भी सकुचाने लगे । भगवान्ने तनिक-सा उपाय कर दिया कि बस, अवकाश-ही-अवकाश मिलने लगा । पास बैठनेसे निन्दा हो जायगी, इतना जानते ही लोग पास बैठना छोड़ देंगे । संसार तो वहीं रहता है, जहाँ कुछ पानेकी आशा रहती है; वह पानेकी वस्तु चाहे प्रशंसा ही क्यों न हो । जहाँ कुछ पाना नहीं, वहाँ संसार क्यों जायगा; फिर तो लोग दूर ही रहेंगे ।

एक बहुत बड़े धनी हैं, मानी हैं, उनके साथ बैठनेको मिल जाय, वे अपने साथ बैठा लें, कितनी प्रसन्नता होती है; यश जो बढ़ता है और कहीं वे हमारे घर आ जायँ, तब तो ओहो हो ! कितने भाग्यवान् हैं हम । इतने बड़े आदमी हमारे घर आये ।' यह बड़ाई पानेका रोग है । मान पाना, बड़ाई पाना, यश पाना, धन पाना, आराम पाना—जहाँ कुछ भी पानेकी इच्छा है और जहाँ वह पूरी होती है, वहाँ हम सब चाहते हैं, वहाँ हम सब जाते हैं । पर जहाँ यह पानेकी इच्छा पूरी न हो, कुछ देना पड़े, कुछ त्याग करना पड़े, चाहे मानका ही त्याग करना पड़े, कुछ बदनामी मिले, वहाँसे आदमी हट जाता है, कहता है यहाँ मेरा क्या काम ! फिर जगत्वाले सब अलग हो जाते हैं, जब उनको पानेकी कोई आशा नहीं रह जाती । अपने घरके प्राणप्रिय व्यक्तियोंके मनमें भी, जिनके लिये लोग प्राण देते रहते हैं, ऐसी बात आ जाती है । पिता कमाते थे, उनसे कुछ मिलता था; बड़े पूज्य थे, पर जब उनसे कुछ भी मिलनेकी आशा नहीं रहती, सेवा-शुश्रूषा करनी पड़ती है, तब पुत्र भी सोचने लगता है—'अब तो ये वृद्ध हो गये । बड़ा कष्ट है इन्हें,' दूसरे शब्दोंमें—'ये मर जायँ तो अच्छा है ।' अपने परिवारवालोंकी जाने दीजिये, अपना ही शरीर दो-चार वर्ष रुग्ण रह जाता है, ओषधि खानेपर भी अच्छा नहीं होता तो निराशा हो जाती है और मनमें आता है कि शरीर छूट जाय तो अच्छा हो । साथ रहनेवाले, मित्र, बन्धु-बान्धव तरह-तरहकी बातें कहने लगते हैं—'घर नरक हो गया, रहना तो यहीं है, क्या किया जाय, बड़ा दुःख है ।' वे लोग उसके साथ रहनेमें सुख नहीं मानते । उस समय मित्रता नहीं रह जाती । बन्धुत्व विलीन हो जाता है । सारा प्रेम और सारी आत्मीयता हवा हो जाती है ।

ऐसे अवसर भगवान् मनुष्यको चेतनेके लिये ही देते हैं । भगवान् क्या करते हैं ? मनुष्य जिसे-जिसे सुखकी सामग्री मानता है, उसे मिटा डालते हैं । सुखकी सारी सामग्रियोंको तहस-नहस कर डालते हैं और जहाँ सुखकी सामग्री मिटी कि सब झंझट मिटा । जहाँतक चीलकी चोंचमें मांसका टुकड़ा है, वहाँतक कौवे-चील उसके पीछे-पीछे उड़ते हैं । जहाँ मांसका टुकड़ा गिरा कि उससे दूर भागे । जगत्की वस्तुएँ मांसके टुकड़ेकी तरह हैं और सारे मनुष्य कौवेकी तरह ।

मान नहीं रहे, धन नहीं रहे, स्वास्थ्य नहीं रहे, यश नहीं रहे, मकान नहीं रहे, नौकर-चाकर नहीं रहे, खानेको न रहे तो फिर कौन पास आयेगा ? पर यदि कोई बुद्धिमान् हो तो निश्चय ही सोचेगा कि भगवान्ने कितनी कृपा की कि मेरे जितने गिरनेके अवसर थे, सबको हटा लिया ।

श्रीमद्भागवतमें नलकूबर और मणिग्रीवकी कथा आती है । ये दोनों कुबेरके पुत्र थे, अहंकारमें मत्त थे । दिन-रात विहार किया करते थे । इनको कोई रोकनेवाला नहीं था ।

यौवनं धनसम्पत्तिः प्रभुत्वमविवेकता ।
एकैकमप्यनर्थाय किमु यत्र चतुष्टयम् ॥
(हितोपदेश-प्रस्ताविका ११)

'यौवन, धन-सम्पत्ति, प्रभुत्व और अविवेक—इन चारोंमेंसे एक भी हो तो अनर्थका कारण होता है, पर जहाँ ये चारों एक साथ उपस्थित हो जायँ, वहाँ तो फिर कहना ही क्या है।' कुबेर-पुत्रोंमें ये चारों विद्यमान थे। यौवनका मद था, धनका मद था, अधिकारका मद था, कुबेरके पुत्र थे, स्वेच्छाचारी थे, अविवेकी थे। एक दिनकी बात है—ये दोनों अप्सराओंके साथ नंगे स्नान कर रहे थे—विलास कर रहे थे। उधरसे देवर्षि नारदजी आ निकले। श्रीनारदजीको देखते ही स्त्रियाँ तो शीघ्र ही बाहर निकल गयीं और वस्त्र पहन लिये, किंतु वे दोनों बड़े उद्दण्ड थे, उसी तरह नंगे खड़े रहे। श्रीनारदजीने कहा—'तुम दोनों जडकी भाँति खड़े हो, जाकर वृक्ष हो जाओ।'

प्रश्न होता है, ऋषि-मुनि तो क्षमाशील होते हैं, बुरा करनेवालेका भी भला करते हैं; फिर श्रीनारदजीमें क्रोध कैसे उत्पन्न हुआ और उन्होंने नलकूबर और मणिग्रीवको शाप कैसे दे दिया? उस प्रसङ्गमें कहा गया है कि संतोंकी अवमानना बड़े विनाशकी वस्तु है, करनेवालेके लिये। दूसरी बात, जब धनमें, राज्यमें, अधिकारमें, सफलतामें आदमी अंधा हो जाता है, तब जबतक उसके पास वे वस्तुएँ रहती हैं, तबतक उसका अंधापन नहीं मिटता। उसे प्रेमपूर्वक समझानेका प्रयत्न किया जाय तो वह उलटा नाराज हो जाता है, बिगड़ खड़ा होता है। ऐसी अवस्थामें उसकी दवा यही है कि वह वस्तु उसके पास न रहे। जो धन-दुर्मदान्ध होते हैं, जिनको धनके मदने अंधा कर दिया है, अपनी सफलताके नशेमें जो बिल्कुल पागल हो रहे हैं, अंधे हो रहे हैं, ऐसे दुष्टोंके लिये दरिद्रता ही परम ओषधि है—

'असतः श्रीमदान्धस्य दारिद्र्यं परमञ्जनम्।'
(श्रीमद्भा० १०।१०।१३)

उनके पाससे उन वस्तुओंका हट जाना ही उनको नेत्रदान करना है। यदि किसीको ज्ञान-मद हो जाता है तो भगवान् उसे भी हर लेते हैं। भगवान् हमारी मनचाही नहीं करते। श्रीनारदजीने इसीलिये उन्हें शाप दिया कि जिससे उन बेचारोंका यह रोग—धन-मद नष्ट हो जाय। उनको आँखें मिल जायँ और वे भगवान्‌को प्राप्त करें। जडतारूपा इस कड़वी दवाके साथ श्रीनारदजीने उनको मधुरतम दुर्लभ आशीष भी दी कि 'वृक्षयोनि प्राप्त होनेपर भी मेरी कृपासे इन्हें भगवान्‌की स्मृति बनी रहेगी और देवताओंके सौ वर्ष बीतनेपर भगवान् श्रीकृष्णका सांनिध्य प्राप्त होगा, तब इनकी जडता दूर हो जायगी। इन्हें भगवच्चरणोंका प्रेम प्राप्त होगा। ये कृतार्थ हो जायँगे।'

स्वयं श्रीनारदजीने चाहा था कि हम राजकुमारीसे विवाह कर लें, पर भगवान्‌ने उन्हें वानरका मुख दे दिया। यह कथा शिवपुराण और रामचरितमानसमें आती है। श्रीनारदजीको बड़ा दुःख हुआ। श्रीभगवान्‌को बहुत कुछ कह गये—'भगवान् तो स्वेच्छाचारी हैं, उन्हें किसीका सुख-सौभाग्य नहीं सुहाता। वे अपना ही भला चाहते हैं' आदि परंतु भगवान्‌ने उनपर कृपा की। पीछे उन्हें पश्चात्ताप भी हुआ। भगवान्‌ने उन्हें बताया कि हमने आपके हितके लिये ऐसा किया था—

अवगुन मूल सूलप्रद प्रमदा सब दुख खानि।
ताते कीन्ह निवारन मुनि मैं यह जियँ जानि॥
(मानस ३।४४)

'आप-सरीखे विरक्तके लिये स्त्री सारे अवगुणोंकी जड़, शूलप्रद तथा समस्त दुःखोंकी खान है, यही मनमें विचारकर मैंने आपका विवाह नहीं होने दिया।'

भगवत्कृपाका यह विलक्षण भाव देखकर श्रीनारदजीका शरीर रोमाञ्चित हो गया। नेत्रोंमें प्रेम तथा आनन्दके अश्रु छलक उठे—

'मुनि तन पुलक नयन भरि आए।'
(मानस ३।४४।१)

यह समझ लेनेकी बात है। कहीं हमारे विषयोंका हरण होता है, मनचाही वस्तु नहीं मिलती, वहाँ निश्चय ही समझना चाहिये कि भगवान् हमपर कृपा करते हैं। भगवान्‌की कृपाका कोई एक रूप नहीं है। वह न मालूम कब, किस रूपमें प्रकट होती है; पर जागतिक असफलता भी उसीका एक रूप है। इस संसारके भोगोंकी, अनुकूल विषयोंकी प्राप्तिमें जो भगवान्‌की कृपा मानते हैं—यह भगवान्‌की कृपाका एकाङ्गी दर्शन है और एक प्रकारसे असत्-दर्शन है। भगवान्‌की कृपा निरन्तर है, सबपर है, सब समय है, अपितु जहाँ भगवान् हमारे अनुकूल विषय-भोगोंका अपहरण करते हैं, विनाश करते हैं, वहाँ भगवान्‌की कृपा विशेषरूपसे प्रस्फुटित होती है। जब मनुष्य भगवान्‌को भूल जाता है, उनकी अवहेलना करता है, अध्यात्मको, परमार्थको सर्वथा भूलकर लौकिक स्वार्थकी सिद्धिमें लग जाता है, तब भगवान्

कृपा करते हैं । जो पापके प्रवाहमें बह रहा है, भगवान् उसको उस प्रवाहसे बचानेके लिये उसके ऐश्वर्यको, उसकी सफलताको बलात्कारसे हर लेते हैं । जो वस्तु उसे अभिलषित है, उसे प्राप्त नहीं होने देते और जो वस्तु उसे प्राप्त है, जिसने उसे मोहित कर रखा है, उसे छीन लेते हैं, नष्ट कर देते हैं—

'यस्याहमनुगृह्णामि हरिष्ये तद्धनं शनैः ।'

(श्रीमद्भा० १० । ८८ । ८)

यह मान-भङ्ग, ऐश्वर्य-नाश आदि भगवान्की महती कृपासे होता है । यदि कोई धनका होकर रह रहा है तो भगवान् चाहते हैं कि वह हमारा होकर रहे । वे उसका धन-ऐश्वर्य आदि सब कुछ ले लेते हैं । भगवान् तो चाहते हैं उसे अपनाना, वे उसे अपनी गोदमें लेना चाहते हैं; पर जबतक वह जगत्को अपनाये है, तबतक ऐसे मोहमें रहता है कि मानो सारा जगत् ही हमारा है । उसे भ्रम रहता है कि सारा जगत् हमसे प्यार करता है । वह जगत्में चारों ओर आशा लगाये रहता है । उसमें फूलकर वह भगवान्को भूल जाता है । उसमें जगत्का प्रेम, जगत्की ममता, जगत्का बन्धन प्रगाढ़ और विस्तृत होता जाता है । भगवान् उसे दिखाते हैं कि तुम्हारे साथ प्रेम करनेवाला, तुम्हें अपना माननेवाला, तुम्हें आश्रय देनेवाला मेरे अतिरिक्त कोई स्थिति, कोई अवस्था, कोई प्राणी और कोई सम्बन्धी है ही नहीं । ये सब धोखेकी वस्तुएँ हैं । वह इन्हें धोखेकी वस्तु मान ले, इसके लिये भगवान् ऐसी स्थिति उत्पन्न करते हैं । जैसे हम आपसे प्रेम करते हैं, आपके लिये प्राण देनेकी बात करते हैं; पर कहीं आपपर कोई लाञ्छन लग जाय, आपका कोई पाप प्रकट हो जाय, जगत् आपसे घृणा करने लगे, आपके पास बैठनेमें लोक-लज्जाका अनुभव होने लगे, उस समय हम आपके पास नहीं बैठ सकेंगे और बड़ा सुन्दर तर्क देते हुए कह देंगे—'अंदरसे हमलोगोंका प्रेम तो बना ही है, पर बाहर प्रकट करके अपयश लेनेसे क्या लाभ ?' कल-तक जो लोग उसकी बड़ाईमें, उसके यशमें, उसके सुखमें हर समय हिस्सा ले रहे थे, आज वह बुरा आदमी माना गया है; इसलिये वे उसे 'अपना' स्वीकार नहीं करते । उनका प्रेम, ममत्व, अपनापन कहाँ चला गया ? मनुष्य पाप करता है, पर क्या वह अपनेसे घृणा करता है ? श्रीनारदजीने प्रेमका स्वरूप बताया—'गुणरहितं कामनारहितम् ।' (ना० भ० सू० ५४) प्रेम गुणरहित और कामनारहित होता है अर्थात् प्रेम गुण और वस्तुकी अपेक्षा नहीं करता ।

सच बात तो यह है कि भोगासक्त संसारवालोंको हमसे प्रेम है ही नहीं । सच्चे प्रेमी तो प्रभु हैं, जो गुण नहीं देखते और कामना तो उनके मनमें है ही नहीं । भगवान्का प्रेम ही असली प्रेम है, अतएव भगवान्को छोड़कर जो भोगोंमें मन लगाता है, यह बड़े ही दुर्भाग्यकी बात है । मजेकी बात तो यह है कि जगत्में जिन लोगोंके पास जगत्की कुछ वस्तुएँ हैं, वे अपनेको भाग्यवान् मानते हैं और मूर्खतावश और लोग भी उन्हें 'भाग्यवान्' कहते हैं; किंतु एक फकीर जिसके पास जागतिक वस्तुओंका अभाव है और जिनकी उसे कामना भी नहीं है तथा जो अपनी स्थितिमें भगवान्का स्मरण करते हुए सर्वथा निश्चिन्त और मस्त है, उसे लोग गरीब या अभागा कहते हैं और कह देते हैं—'बेचारेको सुख कहाँ ?' पर जो पदार्थ हमें भगवान्से दूर कर दे और नरकानलमें दग्ध करनेमें सहायक हो, उस पदार्थजनित भाग्यशीलताके लिये क्या कहा जाय ? श्रीशिवजी कहते हैं—

सुनहु उमा ते लोग अभागी । हरि तजि होहिं बिषय अनुरागी ॥

(मानस ३ । ३२ । २)

'वे अभागे हैं, भाग्य फूटा है उनका, जो भगवान्को छोड़कर विषयोंसे प्रेम करते हैं । सौभाग्यवान् कौन ? जो सबको छोड़कर भगवान्की सेवामें लग जाता है ।' भरतजीने श्रीलक्ष्मणके भाग्यकी सराहना करते हुए कहा था—

अहह धन्य लछिमन बड़भागी । राम पदारबिंदु अनुरागी ॥

(मानस ७ । ० । २)

'लक्ष्मणके समान कौन बड़भागी है, जिसका श्रीरामके चरण-कमलोंमें अनुराग है ।' श्रीतुलसीदासजीने कहा है—

रमा बिलासु राम अनुरागी । तजत बमन जिमि जन बड़भागी ॥

(मानस २ । ३२३ । ४)

'रमाके वैभवको जो श्रीरामानुरागी जन वमनके समान त्याग देते हैं, वे ही बड़भागी हैं ।' भोगरूपमें तो लक्ष्मी अलक्ष्मीके रूपमें—दुर्भाग्यके रूपमें ही रहती है । उस दुर्भाग्यके रूपको दूर करनेके लिये भगवान् कृपा करते हैं और कृपा करके, हमने जिसे सौभाग्य मान रखा है, उसे हर लेते हैं । भगवान्के प्रेमको [illegible]

वस्तुओंको भगवान् हर लेते हैं, दूर कर देते हैं। मान गया, धन गया, यश गया, प्रतिष्ठा गयी, सब कुछ चला गया— मनुष्य रोने लगता है, छटपटाने लगता है; पर उस समय दयामय प्रभु मधुर-मधुर मुसकराते हैं, हँसते हैं कि 'यह मेरा प्यारा बच्चा विपत्तिसे बच गया।' जिसे हम सम्पत्ति मानते हैं, सचमुच वह विपत्ति ही है—

विपदो नैव विपदः सम्पदो नैव सम्पदः।
विपद् विस्मरणं विष्णोः सम्पन्नारायणस्मृतिः॥

'जगत्की विपत्ति विपत्ति नहीं, जगत्की सम्पत्ति सम्पत्ति नहीं, भगवान्की विस्मृति ही विपत्ति है और भगवान्की स्मृति ही सम्पत्ति है।' श्रीतुलसीदासजीके शब्दोंमें—

कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई॥
(मानस ५। ३१। २)

जिस कालमें भगवान्का साधन-भजन—उनका मधुर स्मरण नहीं होता, वह काल भले ही सौभाग्यका माना जाय, उस समय चाहे चारों ओर यश, कीर्ति, मान, पूजा होती हो, सब प्रकारके भोग उपस्थित हों, समस्त सुख उपलब्ध हों; पर जो भगवान्को भूला हुआ है, भगवान्की ओरसे उदासीन है वह तो विपत्तिमें ही है—असली विपत्ति है यह। इस विपत्तिको भगवान् हरण करते हैं अपने स्मरणकी सम्पत्ति देकर। यहाँ भी भगवान्की कृपा प्रतिफलित होती है।

जब हम धन-पुत्रकी प्राप्ति, व्यापारकी उन्नति, कमाई, प्रशंसा, शरीरके आराम, अच्छे मकान, कीर्ति, अधिकार आदिको भगवान्की कृपा मान लेते हैं, तब उसे बहुत छोटेसे दायरेमें ले आते हैं और गलत समझते हैं। भगवान्की कृपा यहाँ भी है, परंतु ये समस्त सामग्रियाँ भगवान्की पूजाके उपकरण बनी हुई हों तो और यदि ये भोग-सामग्रियाँ, सारी-की-सारी वस्तुएँ भगवान्के पूजनका उपकरण न बनकर अपने ही पूजनमें मनुष्यको लगाती हैं तो वहाँ भगवान्का तिरस्कार होता है, अपमान होता है। वस्तुतः भगवान् इनको इसीलिये देते हैं कि इनके द्वारा उनकी पूजा करके मनुष्य कृतार्थ हो जाय; पर ऐसा न करके वह यदि इनका स्वामी बनकर भगवान्को भूल गया तो वह भोगोंका स्वामी नहीं, उनका किङ्कर है। भोग उसे चाहे जहाँ ले जाते हैं, उसे धर्मच्युत कर देते हैं। वह भोगोंका गुलाम है। भगवान्ने भोगोंको 'दुःखयोनि' कहा है। भोगोंपर स्वामित्व हो, मन निगृहीत हो, सारे-के-सारे भोग और अन्तःकरण निरन्तर भगवान्की सेवामें लगे हों, तभी भोगोंका स्वामित्व है। ऐसा नहीं है तो भोगका स्वामी कहलाकर भी वह भोगका गुलाम ही बना हुआ है और जहाँ भोगोंकी गुलामी है, वहाँ भगवान्की कृपा कैसी? भगवान्की कृपा तो वहाँ प्रकट होती है, जहाँ सारी गुलामी छूटकर केवल भगवान्की दासता होती है, जहाँ तमाम परतन्त्रता टूट चुकी होती है, रह गया होता है केवल भगवान्का चरणाश्रय। जितनी-जितनी भोगोंकी वृद्धि होती है, उतनी-उतनी उनकी दासता बढ़ती है। जिसकी जितनी बड़ी ख्याति है, बड़ी कीर्ति है, उसकी उतनी ही अधिक बदनामी होती है। इसलिये भोगबाहुल्य भगवान्की कृपाका लक्षण नहीं है। भगवान्की सच्ची कृपा तो वहाँ मानी जाती है, जहाँ भगवान्का प्रेम है और भगवच्चरणानुराग है कितने ही साधक भगवान्से कहते हैं—'अमुक आदमी कितन सुखी हो गया, कितने पैसेवाला हो गया, उसके व्यापार हे गया, आपने उसपर कृपा की। हमारे साथ तो आपक दुर्भाव है।' पर उन्हें कैसे समझाया जाय कि भोगबाहुल्य तो भगवान्की अकृपाका लक्षण है। गोस्वामी तुलसीदासजी घोषणा की—

जाके प्रिय न राम-बैदेही।
तजिये ताहि कोटि बैरी सम, जद्यपि परम सनेही॥
तज्यो पिता प्रह्लाद, बिभीषन बंधु, भरत महतारी।
बलि गुरु तज्यो, कंत ब्रजबनितन्हि भये मुद मंगलकारी॥
(विनयप० १७४। १-२

जिनको भगवान् सीताराम प्यारे नहीं हैं, वे या प्यारे-से-प्यारे हों, परम स्नेही हों तो भी त्याज्य हैं यदि हम किसीके माता, पिता, भाई, गुरु स्वामी हैं त हमारा यह कर्तव्य है कि हम उन्हें भगवान्में लगाने प्रयास करें, न कि उन्हें नरकोंमें पहुँचानेका प्रबन्ध कर दें। वह पिता पिता नहीं, वह माता माता नहीं, वह भाई भाई नहीं, वह गुरु गुरु नहीं और वह देवता देवता नहीं, जो भगवान्से हटाकर हमें भोगोंमें लगा दे।

तुलसी सो सब भाँति परम हित पूज्य प्रानतें प्यारो।
जासों होय सनेह राम-पद, एतो मतो हमारो॥
(विनयप० १७४। ४)

'वही परम हितैषी है, वही परम पूज्य है, वही प्राणोंका प्यारा है, जिससे श्रीरामके चरणोंमें स्नेह बढ़े, यह हमारा (तुलसीदासजीका) निश्चित मत है।' भगवान्‌में मन लगे, भोगोंसे मन हटे।

वास्तवमें भोगको प्रोत्साहन देना मनुष्यको बिगाड़ना है, उसे बुरे मार्गमें लगाना है। ऐसे मार्गमें लगा देना तो उसके साथ शत्रुता करना है। ऐसी कोई वस्तु कोई किसी प्राणीको दे दे कि वह भगवान्‌को भूल जाय, अमृतको भूलकर विष खा ले तो वह मित्र नहीं। उसका मुख ऊपरसे मीठा है, पर उसके भीतर हलाहल भरा हुआ है। मित्र वह है, जो अंदरसे मित्र है और जो हमें सुधार देता है। विषय-भोगोंमें लगानेवाले मित्र कदापि मित्र नहीं। ऐसे ही मित्रके लिये कहा गया है—'**विषकुम्भं पयोमुखम्** ' (चाणक्यनीति २। ५)। ऐसे जहर-भरे दुधमुँहे घड़े के सदृश ऊपरसे मीठे बोलकर विषयोंमें लगानेवाले मित्रोंको छोड़ देनेमें ही कल्याण है। संसारके विषय-भोग ठीक ऐसे ही हैं। वे देखनेमें अमृत-से लगते हैं, पर परिणाममें विष ही सिद्ध होते हैं। '**परिणामे विषमिव**' (गीता १८। ३८)। माता, पिता, गुरु, भाई, मित्र—किसीको दूध बताकर विष दे देना, उसका उपकार करना नहीं, बुरा करना है। अतएव सबको स्पष्ट बता देना चाहिये कि इस विषसे बचो। यह मार देगा, यह नरकोंमें डाल देगा। पर यह कहना तो तभी बनता है, जब हम स्वयं इससे बचे हुए हों। असली वस्तु तो यही है कि भोगोंकी प्राप्ति, भोगोंकी स्पृहा, भोगोंको प्राप्त करनेकी कामना, मकान, मोटर, अधिकार, पद, पाँच आदमी मेरे आगे-पीछे चलें—यह कामना तथा यह सब देखकर मनका ललचाना आदि नरकरूप ही कहे गये हैं—

ते नर नरकरूप जीवत जग भव-भंजन-पद-बिमुख अभागी ॥
(विनयप० १४० । १)

संसारकी प्रलोभनीय वस्तुओंको दे देना, इनमें लगा देना, इनमें आकर्षण उत्पन्न कर देना, उनकी महत्ता बता देना हितकर नहीं है, अतः उचित नहीं है। यह तो उसके साथ वैर करना है। जिनके पास ये सामग्रियाँ हैं, उनको भी इनकी बुराइयोंसे अवगत करा देना चाहिये।

भगवान्‌की कृपाका आश्रय लें और वह जब जिस रूपमें आये, उसका स्वागत करें। यदि वह कृपा हमारा मान भङ्ग करनेवाली हो, प्रतिष्ठा मिटानेवाली हो, जगत्‌से सम्पर्क हटानेवाली हो तो यह समझना चाहिये कि भगवान्‌का सांनिध्य शीघ्र प्राप्त होनेवाला है। जगत् तभीतक पकड़ता है, जबतक उसे कुछ मिलता रहे। बूढ़े माता-पिताको भी लोग कहते हैं— 'भगवान् अब तो आपकी सुन लें तो अच्छा है' अर्थात् ये चल बसें, तो सुख रहे। जगत्‌के भोग किसीके नहीं हैं। किसीका प्रेम यथार्थ नहीं है। धनमें, मानमें, कीर्तिमें—कहीं भी सुख नहीं है। केवल जो आत्मा है, जो हमारा अपना स्वरूप है, जो सदा हमारे साथ है, इस शरीरके नष्ट होनेपर जो हमारे साथ रहेगा, उसीमें सुख है। यह धन, कीर्ति और मानका सुख तो उधार लिया हुआ मिथ्या सुख है। हम इसे सच्चा सुख समझ लेते हैं, यह हमारी भूल है। ये न तो सुख हैं और न ये सदा रहते ही हैं।

साधकको चाहिये कि वह निरन्तर भोगोंसे मन हटाता रहे, भोग हमारे शत्रु हैं—यह भाव मनमें बार-बार भरता रहे और प्रेममय, आनन्दमय भगवान्‌में मन लगाता रहे। हमें चाहिये कि हम इसके लिये पूरा प्रयत्न करें। भोगोंका नाश हो तो दुःखी न होकर परम सौभाग्य मानें, उसमें सहज सुहृद् श्रीभगवान्‌की कृपाका अनुभव करें। भगवान् हमारे नित्य सुहृद् हैं। वे कभी अकृपा करना जानते ही नहीं। मलेरिया होनेपर डाक्टरने कड़वी दवा दे दी, हम मानते हैं कि यह हमारे लाभके लिये है। इसी प्रकार आवश्यक होनेपर भगवान् हमें कड़वी दवा देंगे। डाक्टरद्वारा हमारे हितके लिये किये जानेवाले अङ्गच्छेद (ऑपरेशन)की भाँति आवश्यकता पड़नेपर वे हमारे अङ्ग भी काट सकते हैं, पर उसमें हमारा लाभ ही होगा। हमारे भयानक दुःखदायी रोग-दोष दूर करनेके लिये भगवान् हमपर कृपा कर रहे हैं, यह समझना चाहिये। भगवान्‌की कृपा समझकर निरन्तर उनका नाम लेते रहें और अपना जीवन भगवान्‌की इच्छाके अनुकूल बनायें। भगवान् हमारा सारा कार्य करते हैं, वे नित्य हमारा हित ही करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे, यह विश्वास रखेंगे तो निश्चय ही हम निहाल हो जायेंगे।

कृपाके विलास

(लेखक—अनन्तश्री स्वामी अखण्डानन्दजी सरस्वती महाराज)

(१)

ईश्वरवादी मानव-समाजमें यह सिद्धान्त सर्वसम्मतिसे मान्य है कि ईश्वर सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान्, अपराधीन, परमप्रेमास्पद एवं परम कृपालु हैं। किसी-किसी सम्प्रदायमें ऐसा स्वीकार करते हैं कि ईश्वर सर्वथा स्वतन्त्र होनेपर भी प्रेमके परतन्त्र हैं। अब प्रश्न यह है कि ईश्वर जीवके हृदयमें रहनेवाले प्रेमके परतन्त्र हैं अथवा अपने हृदयमें रहनेवाले प्रेमके ? जीव भगवान्के सौन्दर्य, औदार्य, सौशील्य, माधुर्य आदि सद्गुणोंको देखकर जैसे उनपर मुग्ध हो जाता है तो ईश्वर जीवके किन गुणोंको देखकर उसके प्रति मुग्ध होते हैं ? वस्तुतः ईश्वर किसी अन्यके गुणोंको देखकर मुग्ध नहीं होते। उनमें ही उनका स्वरूपसिद्ध कोई सहज स्वाभाविक गुण है कि वे स्वयं अपनी कृपा बरसाने लगते हैं—**'मेघ जलमय प्रभु कृपामय', 'कृपैव प्रभुतां गता,' 'प्रभु मूरति कृपामई है'** आदि पद्यांश इसी तथ्यको परिपुष्ट करते हैं।

प्राचीन ग्रन्थोंमें कारुण्य, कृपा, अनुकम्पा, अनुग्रह, पुष्टि, दया आदिके नामसे एक ही वस्तु प्रसिद्ध है और वह है—भगवान्का सहज स्वभाव। वह नैमित्तिक नहीं है, प्रत्युत भागवत आनन्दका सरल-सरल, तरल-तरल, पावन प्रवाह है।

(२)

भगवत्सम्बन्धी अनेक प्रश्नों और समस्याओंका समाधान उनकी कृपामें ही निहित है; जैसे—निराकार साकार क्यों होता है ? अव्यक्त व्यक्तिके रूपमें क्यों प्रकट होता है ? पूर्ण परिच्छिन्न कैसे हो जाता है ? अकाल कालकी धारामें कैसे आ जाता है ? कारण कार्यके रूपमें कैसे परिणत होता है ? वह मनुष्य, पशु-पक्षी आदिके रूपमें क्यों अवतीर्ण होता है ? असम्बन्ध होनेपर भी सम्बन्धी क्यों बनता है—इन सबका, ऐसी अनेक मानसिक विकल्प ग्रन्थियोंका और बौद्धिक उलझनोंका एक ही समाधान है—दृश्यके अनेक नाम-रूपमें अजस्र प्रवहमान एवं तरंगायमान कृपा-स्रोतस्विनीकी अखण्ड धारा। सत्पुरुष अपनी अन्तर्दर्शिनी, तत्त्वावगाहिनी दृष्टिसे इसका सतत दर्शन करते रहते हैं। कृपा एक दर्शन है, भाव नहीं। श्रीमद्भागवतमें अनुकम्पाके समीक्षणका वर्णन है, प्रतीक्षणका नहीं। समीक्षण प्राप्तका होता है और प्रतीक्षण अप्राप्तका। सम्पूर्ण जीव-जगत्का कृपामय परमेश्वरमें ही उन्मज्जन-निमज्जन हो रहा है। कृपा-प्राप्तिकी लालसा मत करो, उसको पहचानो।

(३)

श्रीमद्भागवतके व्याख्याता महानुभावोंने कहा है कि जब श्रीयशोदामाताने बालकृष्णको बाँधनेके लिये हाथमें रस्सी उठायी, तब भगवान्की स्वतःसिद्ध अनेक शक्तियाँ उसमें बाधा डालनेके लिये उद्यत हो गयीं। व्यापकता कहती थी कि जिनका ओर-छोर नहीं, वे रस्सीकी लपेटमें कैसे आयेंगे ? पूर्णता कहती थी कि जिनमें बाहर-भीतर नहीं, वे रस्सीके भीतर कैसे अँटेंगे। असङ्गता घोषणा कर रही थी कि प्रभुके शरीरके साथ रस्सीका सङ्ग असम्भव है। अद्वितीयताने स्पष्ट मना कर दिया कि 'स्व'में 'स्व'का क्या बन्धन ? बन्धन 'पर'के साथ होता है। इस आपाधापीके समय श्रीमती भगवती भास्वती कृपादेवी मन-ही-मन मुसकरा रही थीं। उन्होंने एक बार अपनी तिरछी चितवनसे देखा और सब शक्तियाँ निष्प्राण-सी धरी-की-धरी रह गयीं। बालकृष्ण प्रभु बन्धनमें आ गये। 'दामोदर' नाम-रूप प्रकट हो गया। भक्त केवल प्रेमकी रस्सीसे ही नहीं, पशु बाँधनेकी रस्सीसे भी प्रभुको बाँध लेते हैं। भक्तमें इतना सामर्थ्य कहाँसे आता है ? इस प्रश्नका उत्तर है—**'कृपयाऽऽसीत् स्वबन्धने।'** ठीक ही है, भगवती कृपा ही 'शक्तिचक्रवर्तिनी' है, भगवान्की प्रेयसी पटरानी !

(४)

जब घर-बाहर—सर्वत्र प्रलयाग्निकी ज्वाला धधकने लगती है, अपने पाप-तापकी मायासे सम्पूर्ण विश्व झुलसने लगता है, उस समय एक सच्ची माँ जैसे अपने शिशुओंको गोदमें उठा लेती है, वक्षःस्थलसे चिपका लेती है, उनको बाहरकी आती वायु भी नहीं लगने देती, उनकी शय्या बन जाती है, अपनी छातीके दूधसे ही उनका पालन-पोषण करती है, वैसे ही महाप्रलयके समय भगवान् सब जीवोंको अपनी ही सत्ता, ज्ञान और आनन्दमें लीन कर लेते हैं। उनके संस्कार-शेष बीजके सिवा अर्थात् उनके जीवत्वके सिवा और कुछ भी शेष नहीं छोड़ते। जैसे माँके गर्भमें शिशु समग्र सम्पोषण और संवर्द्धन प्राप्त करता है, उसी

प्रकार यह जीव ईश्वरके गर्भमें विश्राम, आराम, शान्ति और पुष्टि प्राप्त करता है। महाप्रलयके समय भी इस प्रकार जीवकी शय्या बनकर उसे आराम देना और प्रलय-कालानलके तापसे बचा लेना—यह भगवान्की कृपाका ही एक स्वरूप है। यह 'जननी-कृपा' है और जीवके जीवनमें भी सर्वदा ही अनुगत रहती है। जब-जब जीवरूप पौधा मुरझाने लगता है, तब-तब उसकी वृद्धि-समृद्धि एवं पुष्टि-तुष्टिके लिये वह जननी ही 'उज्जीवनी' बनकर आती है। आप किसी भी जीवके जीवनमें इस माँका दर्शन कर सकते हैं। यह उपवास और भोजन, शोषण और पोषण, प्रक्षालन और स्नेहन—सभी प्रक्रियाओंसे जीवका हित करती रहती है। इसको पहचाननेमें देर-सवेर हो सकती है, परंतु इसके क्रियान्वित होनेमें कभी कोई रुकावट नहीं पड़ती।

(५)

प्रलयके समय जीव शयनमें होता है। विस्मृति और अज्ञानका गहरा पर्दा इसको चारों ओरसे आच्छादित किये रहता है। उसे कोई दुःख नहीं होता—यह तो ठीक है; परंतु इस शयन-दशामें कुछ धर्म, अर्थ, भोग, मोक्ष भी तो नहीं है। कोई शिशु सोता ही रहे—निद्रा-तन्द्रामें अलसाया हुआ निकम्मा पड़ा रहे, यह बात किसी भी वात्सल्यमयी जननीको कैसे रुचिकर हो सकती है? वह चाहती है कि हमारा बेटा उठे, भले-बुरेको पहचाने, कुछ करे, कुछ कमाये, अपने पौरुषसे कुछ भोगे। भला कौन ऐसी माँ होगी, जो यह न चाहेगी? वही माँ अपने बालकको जगाती है। एक-एकको अलग-अलग जगाती है। एक साथ जगाती है। सबके आलस्य भगाती है। स्नान-मार्जन कराती है। हाँ, वही माँ जो जननी थी, 'प्रबोधनी' हो गयी। यह प्रबोधनी कौन है? यह प्रभुकी कृपा है। यदि यह जीव प्रलयकी प्रगाढ़ निद्रामें सोता ही रहता तो क्या इसको किसी पुरुषार्थकी प्राप्ति होती? श्रीमद्भागवतके अनुसार सोते हुए ग्वाल-बालोंको जगानेके लिये स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण शृङ्गध्वनि करते हुए आते हैं—'प्रबोधयन् शृङ्गरवेण चारुणा।' जागरणके पश्चात् श्रीकृष्णके साथ ही वे वन-वनमें प्रवेश करते हैं। अनेक रूप-प्रपञ्चका दर्शन होता है। यदि ईश्वर चैतन्य साथ न हो तो न प्रपञ्चका दर्शन हो और न उसकी क्रीडाका हो, इसलिये यहाँ आकर कृपा ही अनेक प्रकारसे इसकी सर्जन-विसर्जन करने लगती है। जो कुछ कारण-दशामें सूक्ष्म, छुपा या सुप्त था, उसको वह विस्तारके साथ फैलाती है। अन्तःकरण, बहिःकरण, विषय, प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा, स्मृति, क्षिप्त-विक्षिप्त, एकाग्र, निरुद्ध, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध आदि सभी स्थूल-सूक्ष्म विषयोंका विस्तार, प्रचार-प्रसार प्रपञ्चनी कृपा ही करती है। अविद्या निद्रामें सुषुप्त जीवको जहाँ कुछ भी प्रतिभात नहीं होता था, वहाँ अब सब कुछ प्रतीत होने लगा। शिशुके नेत्र खुल गये, मन काम करने लगा। सोते हुए जीवोंको जागरण-दशामें लानेवाली यह 'प्रबोधनी' कृपा है।

(६)

अब कृपाका एक नया विलास प्रकाशमें आता है। इस कृपा-की अभिव्यक्तिके बिना कोई भी प्राणी अपनी अनुकूलता और प्रतिकूलता—सुपथ्य और कुपथ्यको नहीं जान सकता। वृक्ष अपनी वृद्धिके लिये कहाँसे मुड़े? चींटी शक्करके साथ कैसे जुड़े? पक्षी कौन-सा चारा खाये? पशु कौन-सी घास चरे? यह भोजन जीवनका साधन है और यह मरणका—यह कैसे जान पड़े? करना न करना, खाना न खाना, छिपना-प्रकट होना, बोलना न बोलना—ये सब प्राणियोंको कैसे ज्ञात हों? सचमुच वही वात्सल्यमयी जननी कृपा प्रशिक्षणी-रूप धारण करके जीवनमें विशेष ज्ञानकी एक धारा प्रवाहित करती है। अग्निका स्पर्श दाहक है, माताका वक्षःस्थल वाहक है। पाँवसे चलना, हाथसे खाना, प्यास लगनेपर जल पीना, इष्ट-अनिष्टकी पहचान कराना—यह सब भगवान्की 'प्रशिक्षणी' कृपाका विलास है।

(७)

इसी प्रशिक्षणसे जीवनमें प्रणयन अर्थात् निर्माणका अवतारण होता है। जीवनके प्रणयनका मूल प्रशिक्षण ही है। इसके बिना जीव-जगत् सब अंधे ही रहें। अन्तरमें बैठकर प्रवृत्ति और निवृत्तिके लिये उन्मुख कौन करता है? वह अन्तःप्रविष्ट शास्ताकी प्रशासन शक्ति ही है। वह सभी वस्तुओं, व्यक्तियों और भावोंका परस्पर विश्लेषण, विशेष रूप, आकृति, गुण, धर्म, स्वभावकी रचनामें भिन्न-भिन्न प्रकारका उत्पादन, संभरण और संहरण क्यों करती है? वह किसीके पूर्व-संस्कारोंका अनुगमन अथवा नवीनीकरण ही क्यों करती है? विचार-दृष्टिसे देखनेपर यह शक्ति किसी हेतु, निमित्त या प्रयोजनसे प्रेरित नहीं जान पड़ती। यह शक्ति अहैतुक ही कार्य करती है, यह 'प्रणयिनी' कृपाके सिवा इसके लिये दूसरा नाम नहीं हो सकता।

(८)

इसी प्रणयनके अनन्तर इष्ट-अनिष्टका भाव परिपक्व हो जाता है, तब इष्ट-प्राप्ति और अनिष्टको दूर करनेकी इच्छा होती है। यह इच्छा ही 'अभिलाषिणी' कृपाका रूप है। जो अभिलाष देता है, वही प्राप्त भी कराता है और प्राप्तिके साधन भी देता है। धर्म, अर्थ, काम—कुछ पाना है तो उसके लिये लौकिक-वैदिक कर्म चाहिये। कर्मके करण-उपकरण चाहिये। कर्मका अधिकारी कर्ता चाहिये। उपयुक्त स्थान और समय चाहिये। सहायक और सामग्री चाहिये। विशेष ज्ञान चाहिये। यह सब लेकर कौन आता है? प्रभुकी 'प्रापणी' कृपाके ही ये भिन्न-भिन्न रूप हैं। यह है सर्वदा, सर्वत्र, सबपर; परंतु पहचानता है कोई-कोई।

(९)

अनुकूल अथवा प्रतिकूल वस्तुकी प्राप्ति होनेपर दातापर दृष्टि जानी चाहिये; परंतु कुछ ऐसी मोहमयी लीला चल रही है कि अनुकूलमें राग हो जाता है, प्रतिकूलमें द्वेष और दातापर दृष्टि जाती नहीं। रागसे पक्षपात और द्वेषसे क्रूरता तथा रागमें स्वाद और द्वेषमें कटुताका जन्म होता है। परंतु ऐसा क्यों होता है? ऐसी दशामें प्रभुकी कृपा कहाँ प्रसुप्त हो जाती है? गम्भीरतासे देखें, वह कहीं जाती नहीं है; हमारी स्वतन्त्र विवेकशक्तिको जाग्रत् करती रहती है। क्या कल्पित गणित ठीक-ठीक सीख लेनेपर वास्तविक गणितका साधन नहीं बनता? बिना सुख-दुःखके झकोरे सहन किये किसके जीवनमें स्फूर्तिका उदय हुआ है? इस प्रक्रियामें जो लोग प्रभुके कृपा-वैभवको देखकर मुग्ध होने लगते हैं, उन्हें वह प्रभुके सम्मुख कर देती है और 'अनुरोधनी' बन जाती है।

(१०)

यह मोहनी किस-किस विलक्षण और विचक्षण रीतिसे विभिन्न-लक्षण जीवोंको संसारकी विविध प्रवृत्तियोंमें लगाकर 'प्रवर्तनी' नाम धारण करती है यह पृथक्-पृथक् निरूपण करना शक्य नहीं है। संसारमें जितनी क्रियाएँ हैं, भाव है, संज्ञा है—सभी इस नवनवायमान 'अभिव्यञ्जनी'के ही रूपान्तर हैं। जो इनके बाह्य स्वाँगके रंगमें ही अपने अन्तरङ्गको रँग लेता है, वह चक्रवातमें तृणके समान उड़ता-पड़ता रहता है और जो इसके अन्तरङ्गमें विराजमान करुणावरुणालय प्रभुके तरंगायित रूपको देख लेता है, वह क्षण-क्षण उनका दर्शन करके आनन्दमग्न रहता है।

(११)

प्रभुकी कृपाका एक रूप है—'आकर्षणी'; परंतु वह प्रारम्भमें 'विकर्षणी'का रूप ग्रहण करके आती है। विकर्षणी भी अपना सहज सौरभ तब प्रकट करती है, जब वह 'तापनी' होकर हृदयमें प्रपञ्च-संवेदनके प्रति ताप उत्पन्न कर चुकती है। कहनेका अभिप्राय यह है कि जब ईश्वर-वियोगिनी वृत्ति प्रपञ्च-संयोगमें ताप और ज्वालाका अनुभव करने लगती है—संसारकी सुरभित वस्तुमें भी दुरभिसंधिकी शङ्का होती है, रसमें भी विष स्पष्ट जान पड़ता है, सरूपतामें छिपी कुरूपता दीखने लगती है, सुकुमार मारका दूत लगने लगता है, मधुर स्वर सुख-विधुरताके कर्णभेदी ध्वनि-सदृश प्रतीत होने लगते हैं और प्रिय-सम्बन्ध बन्धन लगने लगते हैं तब यह 'तापनी' संसारकी ओरसे विकर्षितकर प्रभुकी आकर्षण-धारामें डाल देती है। अब ऐसा लगने लगता है कि कोई मेरा प्रेमी है। वह मुझे बलात् अपनी ओर खींच रहा है। मेरा वास्तविक प्रियतम वही है। मेरा निवास-स्थान उसीके पास है। इतने दिनोंतक मैंने घोर अन्धकारमें, पराये घरमें जीवन व्यतीत किया है। मैंने भ्रमवश दुःखको सुख माना है। मैं जहाँ हूँ, वहाँ शान्ति नहीं है, प्रकाश नहीं है, सुख नहीं है। मुझे अपने प्रियतमके उस रसमय, मधुमय प्रदेशमें चलना चाहिये, जहाँ बस, वही-वह विहार करता है।

(१२)

जब इस प्रकारके संकल्प उठने लगते हैं, तब इनके प्रवाहमें वासनाके मल धुलने लगते हैं। कृपा 'क्षालनी' होकर आती है और धीरे-धीरे अन्तर्देश पवित्र होने लगता है। तब वह कृपा 'द्रावणी' और 'स्नेहनी' भी बनती है। प्रभुके लिये तीव्र व्याकुलताकी ज्वालासे वह अन्तःकरणको द्रुत करती है और उसमें परमानन्दमय प्रभुके लिये एक प्रकारकी स्निग्धता उत्पन्न करती है। इस क्षालन, द्रावण और स्नेहनकी प्रक्रियाके बिना हृदयमें रासायनिक प्रभाव (संवेदन) उत्पन्न नहीं होता और उसमें भगवदाकार होनेकी योग्यता नहीं आती। वासनाएँ दूसरा आकार बना देती हैं। ममता कठोर बनाती है और अन्योन्यमुखता रक्षा करती है। इन तीनों दोषोंकी निवृत्तिके लिये कृपा उक्त तीनों रूप धारण करती है और क्षालित, द्रावित एवं स्निग्ध हृदयमें भगवान्‌के प्रासादिक रूपका अनुभव कराती है। अब उसका एक नाम 'प्रसादनी' भी हो जाता है।

(१३)

इस अवस्थामें ईश्वरके जिस स्वरूपका अनुभव होता है, वह अत्यन्त विविक्त एवं स्पष्ट नहीं होता; क्योंकि वासनाओंके शान्त हो जानेपर भी अविद्याके संस्कार बने रहते हैं, परंतु हृदय शुद्ध होनेके कारण ईश्वरको सम्पूर्ण रूपसे अपना विषय बनानेके लिये एक दिव्य वृत्तिका उदय होता है। उसमें व्याकुलता नहीं है। दाह और ताप भी नहीं हैं; परंतु सम्पूर्ण अनुभूतिके लिये एक आन्तरिक प्रयत्न होता रहता है। इस प्रयत्नको 'अन्वेषणी', 'विवेचनी' अथवा 'जिज्ञासनी' कृपाका नाम दिया जा सकता है। इसमें अपने अन्वेष्य अथवा अनुसंधेय वस्तुके अतिरिक्त किसी अन्य विषयकी ओर चिन्तनकी धारा नहीं गिरती। परिणामतः 'प्रकाशनी' कृपा अभिव्यक्त हो जाती है। उस समय अपने अन्तःकरणके ही सूक्ष्मतम आधार-प्रदेशमें भगवत्स्वरूपकी स्फूर्ति होने लगती है। यह स्वरूप न घटादिके समान प्रत्यक्ष होता है और न स्वर्गादिके समान परोक्ष। वस्तुतः वह अवेद्य अपरोक्ष ही होता है, परंतु 'अन्वेषणी'से पृथक्, 'विवेचनी'से स्वरूप और 'जिज्ञासनी'से प्रत्यक्चैतन्याभिन्न ब्रह्मके रूपमें अनुभव होता है। इस अनुभूतिको 'मेलनी'की संज्ञा दी जा सकती है; क्योंकि जिसका अनुसंधान कर रहे थे, वह अब मिल गया है। यह मेलनी ऐसी है कि फिर वियोजनी अथवा संयोजनी वृत्तिका संसर्ग नहीं होता; क्योंकि वियोग-संयोगकी कल्पनाके लिये अब कोई अवकाश नहीं रहता। कर्मके नष्ट होनेपर फलका नाश अथवा ह्रास होता है, किंतु प्रमाण-वृत्तिके रहने न रहनेका प्रमेय वस्तुपर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। वस्तुके लिये स्मरणी-विस्मरणी भी अकिंचित्कर है। भक्तिमार्गमें भी मेलनी केवल नित्य सम्बन्धकी अभिव्यञ्जनी होती है; उत्पादनी नहीं।

(१४)

इसमें संदेह नहीं कि यह सर्वविध बन्धनसे मुक्त कर देती है, चाहे इसका रूप कुछ भी क्यों न हो! इसलिये मेलनीका ही एक नाम 'मोचनी' हो जाता है। यह अनात्मासे, अविद्यासे, द्वैतभ्रमसे सर्वथा मुक्त करनेमें समर्थ है। इसके बाद तीन रूप प्रकट होते हैं—'शमनी'में सम्पूर्ण वृत्तियोंकी उपशान्ति होकर प्रशान्तका समान हो जाता है। 'प्रकाशनी'में वृत्तियोंकी प्रतीतिमात्र रहती है अर्थात् वृत्तियोंकी अनुवृत्तिका कोई महत्त्व नहीं रहता और 'ह्लादनी' रसिक, रस्य और रसनको परमानन्द, एकरस कर देती है। तब भूमि, वृक्ष, लता, पशु, पक्षी, पर्वत, नदी, सूर्य, चन्द्रमा, अग्नि, समीर, आकाश, मन, भोक्ता, भोग्य, कर्ता, कर्म (कहाँतक गिनायें?) सब कुछ भगवन्मय हो जाता है। धाम, नाम, रूप, लीला, गुण, स्वभाव, दुर्जन, सज्जन—सब कुछ रस-स्वरूप परमात्माकी निर्माण-लीलामात्र होते हैं। यह 'ह्लादनी' कभी 'अभिसारणी' और कभी 'माननी' होकर आती है। सुखकी व्यञ्जनाके लिये मनाती है, मिलनेके लिये नदीकी तरह बहती है, आनन्दधारामें हिम-शिलाके समान मान करके बैठ जाती है। यह चाहे जो रूप धारण करे, रहती है—'भावनी,' 'रञ्जनी', 'तर्पणी' और 'नन्दनी'। चाहे आँख-भौं चढ़ी हो, चाहे प्रसन्न, वह प्रियतमकी प्रसन्नताके लिये अपनी प्रियताकी अभिव्यक्ति ही होती है; क्योंकि अब आनन्द-रसके सिवा दूसरी कोई वस्तु है ही नहीं। इसीसे यह कभी मिलकर 'मोदनी' दिखायी देती है तो कभी 'मादनी' दीखती है। संयोग और वियोग घुल-मिलकर एक हो चुके होते हैं और उनकी आकृतिविशेष होनेपर भी तत्त्वविशेष नहीं होता। वे रस-विशेषके उल्लास हैं, प्रेमके प्रकाश हैं, प्रीति-महार्णवकी तरंगें हैं; कभी दो हैं, कभी एक हैं। वहाँ 'कभी' है, परंतु काल नहीं। 'वहाँ' है; परंतु देश नहीं। दो हैं, परंतु द्वैत नहीं। यह 'सरूपणी' कृपा अभेदस्वरूपा ही है।

(१५)

इस कृपाका स्वरूप देश-काल-वस्तु-व्यक्तिसे परे भी है और उनमें अनुस्यूत भी। वस्तुतः कृपाके अतिरिक्त और कोई महत्ता-सत्ता नहीं है। वह 'अरूपिणी' रहकर सर्वरूपमें प्रकाशित होती है। कृपा और कृपालु दो तत्त्व नहीं हैं। जब, जो, जहाँ कृपालुका स्वरूप है, तब, वहाँ, वही कृपाका स्वरूप है। आत्मा-परमात्माका भेद और अभेद—दोनों ही कृपा हैं। जब सम्पूर्ण विश्व-प्रपञ्च अन्धतमसाच्छन्न होता है, तब क्या हमारे नेत्रोंके भीतरसे सूर्य-ज्योति देखकर झाँकती हुई नहीं भान होती! अन्धकारके पीछे क्या सूर्यमण्डल जगमगाता हुआ नहीं होता! अन्धकार, दुःख, मृत्युके आगे-पीछे सर्वत्र वही मधुमयी ज्योति झिलमिल रही है। इस [illegible] हमको केवल पहचानना पड़ता है, पाना नहीं। [illegible] अब भी हमें पहचानना है। इसमें कोई [illegible]

या आत्मा ? सगुण-निर्गुणका भेद व्यावहारिक है, पारमार्थिक नहीं ।

(१६)

'रूपिणी' कृपा तब समझमें आती है, जब वह हमारे इष्टके स्मरणमें हेतु बनती है—जैसे सत्सङ्ग मिले, भगवद्धाम मिले, कुछ कालतक भगवान्‌की आराधना मिले । भक्तकी दृष्टिसे वह रूपिणी कृपा होगी; क्योंकि वह साधनका रूप धारण करके आयी है । यह कृपा अपने-अपने पुरुषार्थ—धर्म, अर्थ, काम, मोक्षकी प्राप्तिमें अनुकूलता उत्पन्न करनेपर पहचानी जाती है । जिज्ञासुको संत मिले, अर्थीको सेठ मिले, कामीको कामिनी मिले और धर्मात्माको सत्पात्र मिले तो उसे वह भगवान्‌की रूपिणी कृपा समझेगा; परंतु यह दृष्टि पुरुषार्थकी उपाधिसे है । इसमें कृपाकी सच्ची पहचान नहीं है । सच्ची कृपामें अपनी इच्छा या आवश्यकतापर दृष्टि नहीं जाती । उसमें प्रत्येक परिस्थितिमें ही उसका समीक्षण होता है, प्रतीक्षण नहीं, प्रार्थना भी नहीं । जो है, उसके लिये क्या प्रतीक्षा और क्या प्रार्थना ? उसकी अनेकरूपता वैसी ही है, जैसी रासलीलाके समय श्रीकृष्णकी अनेकरूपता या ब्रह्माके प्रति अनन्त रूपका दर्शन । कृपाकी पहचान हो जानेपर उसमें स्मरण, प्रतिष्ठा और निष्ठाकी भी आवश्यकता नहीं रहती । जो कुछ है, नहीं है, भासता है, नहीं भासता है, प्रिय है, अप्रिय है, भेद है, अभेद है—बस, कृपाका ही विलास है ।

ईश्वर-कृपा-विवेचन

शिष्य—जब ईश्वरकी कृपा होगी और वे अनुकम्पा करेंगे, तब क्या संसारकी समस्त आसक्तियाँ क्षणभरमें छिन्न-भिन्न हो जायँगी ?

स्वामीजी—हाँ, उनकी कृपा हो तो ऐसा हो सकता है; किंतु उनका कृपापात्र बननेके लिये स्वयंको शुद्ध बनाना आवश्यक है । पहले स्वयंको शुद्ध और पवित्र न बनाओगे तो कैसे कृपा करेंगे ?

शिष्य—परंतु गुरुदेव ! यदि तन-मन-वचनका संयम हो जाय तो कृपाकी आवश्यकता ही क्या रह जायगी और यदि संयम ही हो सके, तब तो अपनी आत्मोन्नति मैं स्वतः कर ही सकता हूँ ?

स्वामीजी—तू एक बार अन्तःकरणसे प्रयत्न तो करके देख, उनकी कृपा होती है या नहीं—इसपर विचार पीछे करना । पुरुषार्थ किये बिना हाथ-पर-हाथ रखकर बैठे रहनेसे कोई भी उनकी कृपा नहीं पा सकता ।

× × × ×

शिष्य—भगवन् ! ऐसी बात सुननेमें आती है कि जो लोग किसी समयमें महापापी और व्यभिचारी थे, वे किसी प्रकारका साधन-भजन किये बिना ही ईश्वर-कृपासे अनायास ही उनका दर्शन प्राप्त कर सके । इसका क्या कारण है ?

स्वामीजी—लोग बाहरसे पापी, व्यभिचारी और दुराचारी होते हुए भी ईश्वर-दर्शन कर सके, इस विषयमें यह अवश्य समझना चाहिये कि उनके हृदयमें पहले एक बार तीव्र अशान्ति उत्पन्न हो चुकी होती है । जब इस प्रकारकी अशान्तिसे उनका हृदय सुलगने लगता है, भोगोपभोगके प्रति तिरस्कार उत्पन्न हो जाता है, उन्हें किसी प्रकार भी शान्ति नहीं मिलती, तब वे भगवान्‌की कृपा प्राप्त करनेके लिये हृदयके पवित्र भावसे प्रार्थना करते हैं और प्रभु उसे सुनते ही हैं ।

× × × ×

शिष्य—देव ! मैं ऐसा समझता हूँ कि जो लोग इन्द्रियादिका निग्रह कर काम-कञ्चनादिका त्याग करके ईश्वर-कृपा-प्राप्तिके लिये सर्वदा तत्पर रहते हैं, उन्हें पुरुषार्थवादी अथवा स्वावलम्बी कह सकते हैं और जो केवल ईश्वरके नामपर विश्वास रखकर उसपर ही निर्भर रहते हैं, उनकी संसारासक्ति ईश्वर स्वयं ही दूर करते हैं और अन्तमें वे ही उन्हें परमपद भी प्रदान करते हैं ।

स्वामीजी—हाँ, किंतु ऐसे भाववाले भक्त विरले ही होते हैं । ऐसे साधक ही कृपासिद्ध माने जाते हैं

—स्वामी विवेकानन्द

भगवत्कृपासे सत्सङ्ग या सत्सङ्गसे भगवत्कृपा ?

(लेखक—महामण्डलेश्वर स्वामी श्रीभजनानन्दजी सरस्वती महाराज)

परमात्मतत्त्वकी प्राप्ति मनुष्य-जीवनका परम पुरुषार्थ है। श्रीमद्भगवद्गीतामें तत्त्व-प्राप्तिके लिये कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग आदि साधन बताये गये हैं; किंतु वर्तमान समयमें मनुष्य कोई भी कठिन पारमार्थिक साधन करनेमें अपनेको असमर्थ पाता है। कभी वह समयके अभावका बहाना बनाता है, कभी पारिवारिक समस्याओंका और कभी शारीरिक अस्वस्थताका। पर सचाई यह है कि उसमें साधन करनेकी रुचि या लगन ही नहीं होती। यदि एक बार सच्ची लगन उत्पन्न हो जाय तो साधकको सभी ओरसे सहायता प्राप्त होने लगती है। जो मार्ग अगम दिखायी देता था, वही सुगम हो जाता है।

यदि सुगमताकी दृष्टिसे देखा जाय तो प्रभु-कृपा-प्राप्तिके लिये सत्सङ्गसे बढ़कर और कोई साधन नहीं दीखता। सत्सङ्गतिसे मनुष्य सहज ही दुस्तर भवसागरको पार कर जाता है। दूसरी ओर जिस साधकके हृदयमें सत्सङ्ग करनेकी इच्छा उत्पन्न हो, उसे अपने ऊपर भगवान्‌की बड़ी भारी कृपा समझनी चाहिये; क्योंकि—

सतसंगत मुद मंगल मूला। सोइ फल सिधि सब साधन फूला॥
(मानस १ । ३ । ४)

सत्सङ्ग सब मङ्गलोंका मूल है। जैसे फूलसे फल, फलसे बीज और बीजसे वृक्ष होता है, उसी प्रकार कृपा-साध्य सत्सङ्गसे विवेक, विवेकसे 'सत्'का ग्रहण और उससे भक्तिकी प्राप्ति होती है। सत्सङ्गसे इस प्रकार सहज ही मनुष्य आवागमनके चक्रसे छूट जाता है। ऐसा क्यों कहा गया? इसलिये कि भगवान्‌को उनकी भक्तिसे प्राप्त करना सबसे सुगम है और भक्ति सत्सङ्गसे सहज ही प्रकट हो जाती है। इसीलिये गोस्वामीजीने सत्सङ्गको संसृतिका अन्त बताया—

भगति सुतंत्र सकल सुख खानी। बिनु सतसंग न पावहिं प्रानी॥
पुन्य पुंज बिनु मिलहिं न संता। सतसंगति संसृति कर अंता॥
(मानस ७ । ४४ । ३)

तथा—

बिनु सतसंग बिबेक न होई। राम कृपा बिनु सुलभ न सोई॥
(मानस १ । ३ । ४)

सत्सङ्गके समान लाभ कोई लाभ नहीं और यह सुलभ होता है केवल भगवत्कृपासे—

गिरिजा संत समागम सम न लाभ कछु आन।
बिनु हरि कृपा न होइ सो गावहिं बेद पुरान॥
(मानस ७ । १२५)

भगवान् शंकर बतला रहे हैं—'गिरिजा! कोई देश या काल ऐसा नहीं है, जहाँ संत दुर्लभ हों'—

सबहि सुलभ सब दिन सब देसा। सेवत सादर समन कलेसा॥
(मानस १ । १ । ६)

परंतु निकट होते हुए भी संतोंकी पहचान नहीं हो पाती, पता नहीं चलता कि अमुक व्यक्ति संत है। 'जो 'सत्' पदार्थ परमात्माके यथार्थ तत्त्वको जानता है और उसे उपलब्ध कर चुका है, वही संत है।' महाभारतमें कहा गया है—

सन्तो हि सत्येन नयन्ति सूर्यं
सन्तो भूमिं तपसा धारयन्ति।
सन्तो गतिर्भूतभव्यस्य राजन्
सतां मध्ये नावसीदन्ति सन्तः॥
(महा० वन० २९७ । ४८)

'सत्पुरुष सत्यके बलसे सूर्यका संचालन करते हैं। संत-महात्मा अपनी तपस्यासे इस पृथ्वीको धारण करते हैं। राजन्! सत्पुरुष ही भूत, वर्तमान और भविष्यके आश्रय हैं। श्रेष्ठ पुरुष संतोंके बीचमें रहकर कभी दुःख नहीं उठाते हैं।'

संतोंकी महिमाको भगवान् श्रीरामने स्वयं नारदजीके प्रति सविस्तर कहा और यहाँतक कह दिया कि—

मुनि सुनु साधुन्ह के गुन जेते। कहि न सकहिं सारद श्रुति तेते॥
(मानस ३ । ४५ । ४)

ऋषभदेवजीने अपने पुत्रोंको उपदेश देते हुए कहा—

महान्तस्ते समचित्ताः प्रशान्ता
विमन्यवः सुहृदः साधवो ये।
(श्रीमद्भा० ५ । ५ । २)

'महापुरुष (संत) वे ही हैं, जो समचित्त, शान्त-स्वभाव, क्रोधहीन, सबके सुहृद् और सदाचारसम्पन्न हों।' ऐसे संतोंका मिलना वस्तुतः भगवत्कृपासे ही सम्भव होता है। काकभुशुण्डिजी गरुड़जीसे कहते हैं—

आजु धन्य मैं धन्य अति जद्यपि सब बिधि हीन।
निज जन जानि राम मोहि संत समागम दीन॥
(मानस ७ । १२३ क)

या आत्मा ? सगुण-निर्गुणका भेद व्यावहारिक है, पारमार्थिक नहीं ।

(१६)

'रूपिणी' कृपा तब समझमें आती है, जब वह हमारे इष्टके स्मरणमें हेतु बनती है—जैसे सत्सङ्ग मिले, भगवद्धाम मिले, कुछ कालतक भगवान्की आराधना मिले । भक्तकी दृष्टिसे वह रूपिणी कृपा होगी; क्योंकि वह साधनका रूप धारण करके आयी है । यह कृपा अपने-अपने पुरुषार्थ—धर्म, अर्थ, काम, मोक्षकी प्राप्तिमें अनुकूलता उत्पन्न करनेपर पहचानी जाती है । जिज्ञासुको संत मिले, अर्थीको सेठ मिले, कामीको कामिनी मिले और धर्मात्माको सत्पात्र मिले तो उसे वह भगवान्की रूपिणी कृपा समझेगा; परंतु यह दृष्टि पुरुषार्थकी उपाधिसे है । इसमें कृपाकी सच्ची पहचान नहीं है । सच्ची कृपामें अपनी इच्छा या आवश्यकतापर दृष्टि नहीं जाती । उसमें प्रत्येक परिस्थितिमें ही उसका समीक्षण होता है, प्रतीक्षण नहीं, प्रार्थना भी नहीं। जो है, उसके लिये क्या प्रतीक्षा और क्या प्रार्थना ? उसकी अनेकरूपता वैसी ही है, जैसी रासलीलाके समय श्रीकृष्णकी अनेकरूपता या ब्रह्माके प्रति अनन्त रूपका दर्शन । कृपाकी पहचान हो जानेपर उसमें स्मरण, प्रतिष्ठा और निष्ठाकी भी आवश्यकता नहीं रहती । जो कुछ है, नहीं है, भासता है, नहीं भासता है, प्रिय है, अप्रिय है, भेद है, अभेद है—बस, कृपाका ही विलास है ।

ईश्वर-कृपा-विवेचन

शिष्य—जब ईश्वरकी कृपा होगी और वे अनुकम्पा करेंगे, तब क्या संसारकी समस्त आसक्तियाँ क्षणभरमें छिन्न-भिन्न हो जायँगी ?

स्वामीजी—हाँ, उनकी कृपा हो तो ऐसा हो सकता है; किंतु उनका कृपापात्र बननेके लिये स्वयंको शुद्ध बनाना आवश्यक है । पहले स्वयंको शुद्ध और पवित्र न बनाओगे तो कैसे कृपा करेंगे ?

शिष्य—परंतु गुरुदेव ! यदि तन-मन-वचनका संयम हो जाय तो कृपाकी आवश्यकता ही क्या रह जायगी और यदि संयम ही हो सके, तब तो अपनी आत्मोन्नति मैं स्वतः कर ही सकता हूँ ?

स्वामीजी—तू एक बार अन्तःकरणसे प्रयत्न तो करके देख, उनकी कृपा होती है या नहीं—इसपर विचार पीछे करना। पुरुषार्थ किये बिना हाथ-पर-हाथ रखकर बैठे रहनेसे कोई भी उनकी कृपा नहीं पा सकता।

× × × ×

शिष्य—भगवन् ! ऐसी बात सुननेमें आती है कि जो लोग किसी समयमें महापापी और व्यभिचारी थे, वे किसी प्रकारका साधन-भजन किये बिना ही ईश्वर-कृपासे अनायास ही उनका दर्शन प्राप्त कर सके । इसका क्या कारण है ?

स्वामीजी—लोग बाहरसे पापी, व्यभिचारी और दुराचारी होते हुए भी ईश्वर-दर्शन कर सके, इस विषयमें यह अवश्य समझना चाहिये कि उनके हृदयमें पहले एक बार तीव्र अशान्ति उत्पन्न हो चुकी होती है । जब इस प्रकारकी अशान्तिसे उनका हृदय सुलगने लगता है, भोगोपभोगके प्रति तिरस्कार उत्पन्न हो जाता है, उन्हें किसी प्रकार भी शान्ति नहीं मिलती, तब वे भगवान्की कृपा प्राप्त करनेके लिये हृदयके पवित्र भावसे प्रार्थना करते हैं और प्रभु उसे सुनते ही हैं ।

× × × ×

शिष्य—देव ! मैं ऐसा समझता हूँ कि जो लोग इन्द्रियादिका निग्रह कर काम-कञ्चनादिका त्याग करके ईश्वर-कृपा-प्राप्तिके लिये सर्वदा तत्पर रहते हैं, उन्हें पुरुषार्थवादी अथवा स्वावलम्बी कह सकते हैं और जो केवल ईश्वरके नामपर विश्वास रखकर उसपर ही निर्भर रहते हैं, उनकी संसारासक्ति ईश्वर स्वयं ही दूर करते हैं और अन्तमें वे ही उन्हें परमपद भी प्रदान करते हैं ।

स्वामीजी—हाँ, किंतु ऐसे भाववाले भक्त विरले ही होते हैं । ऐसे साधक ही कृपासिद्ध माने जाते हैं।

—स्वामी विवेकानन्द

भगवत्कृपासे सत्सङ्ग या सत्सङ्गसे भगवत्कृपा ?

(लेखक—महामण्डलेश्वर स्वामी श्रीभजनानन्दजी सरस्वती महाराज)

परमात्मतत्त्वकी प्राप्ति मनुष्य-जीवनका परम पुरुषार्थ है। श्रीमद्भगवद्गीतामें तत्त्व-प्राप्तिके लिये कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग आदि साधन बताये गये हैं; किंतु वर्तमान समयमें मनुष्य कोई भी कठिन पारमार्थिक साधन करनेमें अपनेको असमर्थ पाता है। कभी वह समयके अभावका बहाना बनाता है, कभी पारिवारिक समस्याओंका और कभी शारीरिक अस्वस्थताका। पर सचाई यह है कि उसमें साधन करनेकी रुचि या लगन ही नहीं होती। यदि एक बार सच्ची लगन उत्पन्न हो जाय तो साधकको सभी ओरसे सहायता प्राप्त होने लगती है। जो मार्ग अगम दिखायी देता था, वही सुगम हो जाता है।

यदि सुगमताकी दृष्टिसे देखा जाय तो प्रभु-कृपा-प्राप्तिके लिये सत्सङ्गसे बढ़कर और कोई साधन नहीं दीखता। सत्सङ्गतिसे मनुष्य सहज ही दुस्तर भवसागरको पार कर जाता है। दूसरी ओर जिस साधकके हृदयमें सत्सङ्ग करनेकी इच्छा उत्पन्न हो, उसे अपने ऊपर भगवान्‌की बड़ी भारी कृपा समझनी चाहिये; क्योंकि—

सतसंगत मुद मंगल मूला। सोइ फल सिधि सब साधन फूला॥
(मानस १। २। ४)

सत्सङ्ग सब मङ्गलोंका मूल है। जैसे फूलसे फल, फलसे बीज और बीजसे वृक्ष होता है, उसी प्रकार कृपा-साध्य सत्सङ्गसे विवेक, विवेकसे 'सत्'का ग्रहण और उससे भक्तिकी प्राप्ति होती है। सत्सङ्गसे इस प्रकार सहज ही मनुष्य आवागमनके चक्रसे छूट जाता है। ऐसा क्यों कहा गया? इसलिये कि भगवान्‌को उनकी भक्तिसे प्राप्त करना सबसे सुगम है और भक्ति सत्सङ्गसे सहज ही प्रकट हो जाती है। इसीलिये गोस्वामीजीने सत्सङ्गको संसृतिका अन्त बताया—

भक्ति सुतंत्र सकल सुख खानी। बिनु सतसंग न पावहिं प्रानी॥
पुन्य पुंज बिनु मिलहिं न संता। सतसंगति संसृति कर अंता॥
(मानस ७। ४४। ३)

तथा—

बिनु सतसंग बिबेक न होई। राम कृपा बिनु सुलभ न सोई॥
(मानस १। २। ४)

सत्सङ्गके समान अन्य कोई लाभ नहीं और वह सुलभ होता है केवल भगवत्कृपासे—

गिरिजा संत समागम सम न लाभ कछु आन।
बिनु हरि कृपा न होइ सो गावहिं बेद पुरान॥
(मानस ७। १२५)

भगवान् शंकर बतला रहे हैं—'गिरिजा! कोई देश या काल ऐसा नहीं है, जहाँ संत दुर्लभ हों'—

सबहि सुलभ सब दिन सब देसा। सेवत सादर समन कलेसा॥
(मानस १। १। ६)

परंतु निकट होते हुए भी संतोंकी पहचान नहीं हो पाती, पता नहीं चलता कि अमुक व्यक्ति संत है। 'जो 'सत्' पदार्थ परमात्माके यथार्थ तत्त्वको जानता है और उसे उपलब्ध कर चुका है, वही संत है।' महाभारतमें कहा गया है—

सन्तो हि सत्येन नयन्ति सूर्यं
सन्तो भूमिं तपसा धारयन्ति।
सन्तो गतिर्भूतभव्यस्य राजन्
सतां मध्ये नावसीदन्ति सन्तः॥
(महा० वन० २९७। ४८)

'सत्पुरुष सत्यके बलसे सूर्यका संचालन करते हैं। संत-महात्मा अपनी तपस्यासे इस पृथ्वीको धारण करते हैं। राजन्! सत्पुरुष ही भूत, वर्तमान और भविष्यके आश्रय हैं। श्रेष्ठ पुरुष संतोंके बीचमें रहकर कभी दुःख नहीं उठाते हैं।'

संतोंकी महिमाको भगवान् श्रीरामने स्वयं नारदजीके प्रति सविस्तर कहा और यहाँतक कह दिया कि—

मुनि सुनु साधुन्ह के गुन जेते। कहि न सकहिं सारद श्रुति तेते॥
(मानस ३। ४५। ४)

ऋषभदेवजीने अपने पुत्रोंको उपदेश देते हुए कहा—

महान्तस्ते समचित्ताः प्रशान्ता
विमन्यवः सुहृदः साधवो ये।
(श्रीमद्भा० ५। ५। २)

'महापुरुष (संत) वे ही हैं, जो सम-चित्त, शान्त-स्वभाव, क्रोधहीन, सबके सुहृद् और सदाचारसम्पन्न हों।' ऐसे संतोंका मिलना वस्तुतः भगवत्कृपासे ही सम्भव होता है। काकभुशुण्डिजी गरुड़जीसे कहते हैं—

आजु धन्य मैं धन्य अति जद्यपि सब बिधि हीन।
निज जन जानि राम मोहि संत समागम दीन॥
(मानस ७। १२३ क)

'यद्यपि मैं सब प्रकारसे तुच्छ हूँ, फिर भी श्रीरामचन्द्रजीने आज मुझे अपना निज-जन जानकर संत-समागम दिया।'

श्रीरघुनाथजीकी भक्तिको सुलभ और समस्त सुखोंकी जननी बताया गया है। संत उस त्रिताप-नाशिनी कलिमल-हारिणी भक्तिका अकारण दान करते रहते हैं; परंतु मिलते कब हैं? जब अकारणकरुण भगवान् द्रवित होते हैं, तब—

रघुपति-भगति सुलभ, सुखकारी। सो त्रयताप-सोक-भय-हारी॥
बिनु सतसंग भगति नहिं होई। ते तब मिलैं द्रवै जब सोई॥

जब द्रवै दीनदयालु राघव, साधु संगति पाइये।
जेहि दरस-परस-समागमादिक पापरासि नसाइये॥
(विनयप० १३६। १०)

श्रीरघुनाथजीकी दयासे संत-समागम होता है और उसके फलस्वरूप पाप-पुञ्जोंका नाश होता है।

सेवत साधु द्वैत-भय भागै। श्रीरघुवीर-चरन लय लागै॥
देह-जनित विकार सब त्यागै। तब फिरि निज स्वरूप अनुरागै॥
(विनयप० १३६। ११)

सत्सङ्गसे सांसारिक द्वन्द्व—राग-द्वेष, मान-अपमान, हर्ष-शोक आदि समाप्त हो जाते हैं और जीव अपने निज स्वरूपमें अनुरक्त हो जाता है अर्थात् जीवनका परम पुरुषार्थ—परमात्म-तत्त्व प्राप्त कर लेता है।

सत्सङ्गका इसीलिये इतना महत्त्व है कि यह अत्यन्त सुगम साधन होते हुए भी ऊँचा-से-ऊँचा लाभ प्रदान करता है। परमात्माकी प्राप्तिसे बढ़कर ऊँचा लाभ अन्य कोई हो ही नहीं सकता। भगवान् श्रीरामको प्राप्त करनेमें विभीषणको क्या परिश्रम करना पड़ा? भगवत्कृपासे ही उन्हें परम भागवत हनुमान्‌जीका सत्सङ्ग मिला—

अब मोहि भा भरोस हनुमंता। बिनु हरिकृपा मिलहिं नहिं संता॥
(मानस ५। ६। २)

और सत्सङ्गके फल-स्वरूप विभीषणपर श्रीराघवेन्द्रकी कृपा मानो उमड़ पड़ी। भगवान्‌ने उन्हें लंकाका अविचल राज्य ही नहीं दिया, प्रत्युत अपना अलौकिक प्रेम भी प्रदान किया—

सुनु लंकेस सकल गुन तोरें। तातें तुम्ह अतिसय प्रिय मोरें॥
(मानस ५। ४८। १)

श्रीराम-कृपासे जिसे सत्सङ्ग मिलता है, उसके सारे संशय दूर हो जाते हैं अर्थात् अपने भूले हुए स्वरूपकी स्मृति हो जाती है। काकभुशुण्डिजी कहते हैं—

राम कृपाँ तव दरसन भयऊ। तव प्रसाद सब संसय गयऊ॥
(मानस ७। ६८। ४)

यहाँ गोस्वामीजी 'राम-कृपा'पर विशेष बल देते प्रतीत होते हैं। सत्सङ्ग भगवत्कृपा-प्राप्तिका एकमात्र सुगम और अमोघ उपाय है। एक निमिषका सत्सङ्ग भी दुर्लभ होता है, परंतु सत्सङ्ग मिलता उसीको है, जिसे प्रभुकी कृपा प्राप्त होती है, जिसकी ओर प्रभु कृपा कर एक बार देख लेते हैं—

सत संगति दुर्लभ संसारा। निमिष दंड भरि एकउ बारा॥
(मानस ७। १२२। ३)

संत बिसुद्ध मिलहिं परि तेही। चितवहिं राम कृपा करि जेही॥
(मानस ७। ६८। ४)

यह निर्णय असम्भव-सा है कि भगवत्कृपासे सत्सङ्गकी प्राप्ति होती है अथवा सत्सङ्गसे भगवत्कृपा-प्राप्ति। वस्तुतः इन दोनोंको अन्योन्याश्रित ही कहा जा सकता है।

दीनकी पुकार

कृपानिधान करियो कछु कृपा दीन माथै ॥टेक॥
मैं आदि तुमरो अंसा, अब विसर गयो निजबंसा।
सांसे में आव विहावै, प्रभु तोहि दया सुख थावै॥
तुम जीवों के प्रति-पाला निज देवा देव दयाला।
सब के जो अंतरजामी, अब मोहि दया कर स्वामी॥
हम दीना दीन पुकारैं, तुम सुण हो सिरजनहारैं।
अब तारण विरद विचारो, सांई वेग मुझ तारो॥
हमसूं कुछ नांहि लहीजै, तुम देव दया निज कीजै।
'हरिदेव' सदा हरि तेरो, चित चरण कमलको चेरो॥

—संत श्रीहरिदेवदासजी महाराज

भगवत्कृपाका दुःखावतार !

(लेखक—सिद्धपीठाधीश्वर स्वामी श्रीरामप्रसन्नाचार्यजी महाराज)

इस संसारमें आर्त-प्रपन्न भक्त तो तत्क्षण ही (प्रपत्त्युत्तर-कालमें ही) अजर, अमर, प्रशान्त वैकुण्ठमें अपने भावनानुकूल सारूप्य, सायुज्य, सामीप्य, सालोक्य मुक्तिरूपा भगवत्कृपा प्राप्त कर लेते हैं; किंतु दृप्त-प्रपन्न भक्त शरीरावसानपर्यन्त इस संसारमें रहना चाहते हैं और तदनन्तर मोक्षकी प्रार्थना करते हैं। यद्यपि उनके शरणागत होनेके साथ ही उन्हें मुक्ति उपलब्ध हो जाती है, तथापि उनकी इस प्रकारकी प्रार्थना सुनकर उनकी इच्छा पूर्ण करनेके लिये भगवान् इस शरीरपर्यन्त उन्हें संसारमें रखनेके लिये राजी हो जाते हैं।

अब शङ्का यह होती है कि इस जीवनके पुण्यमय प्रारब्धको रखकर केवल सुखमय जीवन-यापनकी व्यवस्था तथा पापमय प्रारब्धोंको नष्टकर दुःखरहित जीवन-यापनकी व्यवस्था करनेमें समर्थ होते हुए भी भगवान् ऐसा क्यों नहीं करते ? इसका समाधान करते हुए कवि-तार्किककेसरी सर्वतन्त्रस्वतन्त्र श्रीवेदान्तदेशिक स्वामीजी 'न्यासतिलक'के माध्यमसे कहते हैं—

शोकास्पदांशमथनाश्रयतां भवाब्धौ
रागास्पदांशसहजं न रुणत्सि दुःखम्।
नोचेदमी जगति रङ्गधुरीण भूयः
क्षोदिष्ठभोगरसिकास्तव न स्मरेयुः॥
(१३)

'हे रङ्गधुरीण भगवन्! आप पिछले जन्मोंके प्रारब्धोंको नष्ट कर देते हैं, किंतु इस जन्मके पापमय प्रारब्धको नष्ट नहीं करते; क्योंकि जब इस शरीरमें सुख-ही-सुख मिलता रहेगा तो क्षुद्र सांसारिक भोगोंमें लिप्त भक्त आपको स्मरण ही नहीं करेंगे।'

भगवान् यदि मानवको दुःख न दें तो क्षुद्र स्त्री, पुत्र, परिवार और भोगोंमें फँसा रहनेसे संसारमें उसकी रुचि उत्पन्न होगी और भगवदनुभवकी चाह समाप्त हो जायगी तथा भगवत्कृपासे परे होकर उसे पुनः न जाने किस अनर्थका सामना करना पड़ेगा। अतः श्रीभगवान् अपने भक्तों (यह 'भक्त' शब्द भक्ति-मार्गपर चलनेवाले साधकोंका वाचक है।)के प्रारब्धके अन्तर्गत पापोंको निमित्त बनाकर दुःखमयी परिस्थियोंको उत्पन्नकर उन्हें सांसारिक दोषोंका अनुभव कराकर संसारसे विरक्त बना देते हैं।

यह भी भगवान्का कृपा करनेका एक प्रकार है। अपने अंश (जीव)को इस संसारसे विरक्त एवं अपने प्रति अनुरक्त बनानेके लिये वे स्वयं अपने कृपा-प्रदर्शनका वर्णन करते हैं—

यस्यानुग्रहमिच्छामि धनं तस्य हराम्यहम्।
बान्धवेभ्यो वियोगेन भृशं भवति दुःखितः॥
यदि मां तेन दुःखेन संतप्तो न परित्यजेत्।
तं प्रसादं करिष्यामि यः सुरैरपि दुर्लभः॥

'जिस पुरुषपर मैं कृपा करना चाहता हूँ, उसकी सम्पत्तिको हर लेता हूँ तथा उसे बन्धुओंसे वियुक्त कर देता हूँ, उस वियोग-दुःखसे संतप्त होता हुआ भी यदि वह मेरा परित्याग नहीं करता तो उसके ऊपर मैं वह कृपा करता हूँ, जो देवताओंको भी (अत्यन्त) दुर्लभ है।' कहा भी गया है—

हरिर्दुःखानि भक्तेभ्यो हितबुद्ध्या करोति हि।
शस्त्रक्षाराग्निकर्माणि स्वपुत्रस्य पिता यथा॥

'श्रीभगवान् हित करनेके विचारसे भक्तोंको दुःख उसी प्रकार देते हैं, जिस प्रकार पिता अपने पुत्रको कठिन रोगसे बचानेके लिये शस्त्र, क्षार और अग्निसे उसकी चिकित्सा करता है।'

भगवान् भी संसारसे वैराग्य और भगवदनुभवकी पात्रता उत्पन्न करने एवं सुख देनेके लिये इन दृप्त-प्रपन्नों (भक्तों)-को दुःख देते हैं; क्योंकि दुःखानुभव होनेपर ही अच्छी तरहसे सुखका आस्वादन किया जा सकता है। अतएव शास्त्रमें कहा गया है—

अग्नेः शीतेन तोयस्य तृषा भक्तस्य च क्षुधा।
क्रियते सुखकर्तृत्वं तद्विलोमस्य चेतरैः॥

अर्थात् शीत ही अग्निको सुखप्रद बनाता है तथा पिपासा और क्षुधा जल और अन्नको सुखदायक बनाते हैं। वैसे अग्नि आदि भी शीत आदिको सुखप्रद बनाते हैं। शीत, भूख, प्यास आदि दुःख देनेवाले हैं। इनसे होनेवाले दुःखके तारतम्यसे ही सुख प्राप्त होता है।

इस विवेचनसे स्पष्ट है कि दुःख ही सुखको मधुर बनाता है। दुःख दिये बिना भगवान् जीवोंको सुख नहीं भोगाते; क्योंकि सुख-दुःख दोनों परस्पराश्रित हैं। वे प्रारब्धानुसार होनेवाले दुःखोंको नहीं रोकते। यह एक विलक्षण भगवत्कृपा है, जो दुःखरूपमें संनिहित है। यह सबकी समझमें आनेवाली बात नहीं, प्रपन्न भक्त ही भगवत्कृपाके उस 'दुःखावतार'को पहचानकर प्रसन्न होते हैं।

कृपा-शक्ति

(लेखक——अनन्तश्री जगद्गुरु रामानुजाचार्य पुरुषोत्तमाचार्य रङ्गाचार्यजी महाराज)

'कृपा' भगवान्‌की एक विशेष शक्ति है, भगवच्छक्तिके सामान्य स्वरूपका यथार्थ ज्ञान होनेपर ही उसके विशेषरूप 'कृपाशक्ति'का यथार्थ ज्ञान हो सकता है। अतः प्रथम भगवच्छक्तिके स्वरूपका प्रतिपादन किया जाता है—

कृपा-शक्ति—

इस 'भगवच्छक्ति'के सृष्टि, स्थिति, संहार, अनुग्रह और निग्रह—ये पाँच कार्य हैं। शास्त्रोंमें इसका **'पञ्चकृत्यकरीं नुमः'** रूपसे वर्णन है। इसमें 'अनुग्रह' कृपाका पर्याय है, अतः अनुग्रह ही कृपाशक्ति है। इसलिये 'कृपाशक्ति'का अन्तर्भाव षड्‌गुणोंमें है, कारण कि परमात्माके कृपा, वात्सल्य, सौशील्य, माधुर्य, गाम्भीर्य, सौकुमार्य आदि अनन्त गुण षड्‌गुणोंके ही विततिं (विस्तार) रूपमें हैं। दर्शनशास्त्रमें कार्य और कारणमें अभेद माना गया है। इस मतमें 'कृपाशक्ति' साक्षात् भगवान् वासुदेव ही है।

कृपा-शक्ति-निरोध—

यहाँ उन कारणोंका भी निर्देश किया जाता है, जिनकी उपस्थितिमें 'कृपाशक्ति'का प्राकट्य नहीं होता। उनमें जिह्मभाव, अनृतभाव, मायाभाव—ये तीन कपूयाचरण अर्थात् दुर्भावनाएँ तथा भगवत्तुष्टि, शरणवरणतुष्टि, कालतुष्टि, भाग्यतुष्टि—ये चार आध्यात्मिक 'तुष्टियाँ' प्रमुख हैं।

कपूयाचरण—

(१) जिह्मभाव—दुष्टता, टेढ़ापन, वचन-भाव-क्रियामें कुटिलता अर्थात् सरलताका अभाव।

(२) अनृतभाव—असत्य अर्थात् मन, वाणी, क्रिया आदि द्वारा यथार्थताको छिपानेका भाव एवं वैसा ही आचरण करना।

(३) मायाभाव—मान, पूजा और प्रसिद्धिके लिये दूसरोंको ठगकर अपनी श्रेष्ठताका भाव दिखाना।

ये तीनों भाव वैष्णवशास्त्रमें 'कपूयाचरण' कहे गये हैं। इनके रहते जीवोंपर भगवत्कृपा प्रकट नहीं होती अर्थात् वे नित्य-निरन्तर अजस्र-धारासे बरसती हुई कृपासे विमुख हो उसके अनुभवसे वञ्चित रहते हैं। इसके विपरीत—

'सरल स्वभाव न मन कुटिलाई। जथा लाभ संतोष सदाई॥'
(मानस ७। ४५। १)

—ऐसा जिनका स्वभाव है, वे भगवत्कृपाका नित्य-निरन्तर अनुभव कर कृतकृत्य हो जाते हैं।

आध्यात्मिक तुष्टियाँ—

(१) **भगवत्तुष्टि**—स्वस्वरूप(जीवात्मस्वरूप), परस्वरूप (परमात्मस्वरूप) आदिका ज्ञान होनेपर किसीके इस उपदेशसे कि जीवात्मा परमात्माकी वस्तु है, वे अवश्यमेव उसपर 'कृपा' करेंगे; इसके लिये ध्यान, धारणा, अभ्यास आदि साधनोंकी आवश्यकता नहीं है—ऐसा सुनकर जो केवल भगवान्‌के भरोसे-पर ही 'तुष्ट' होकर रह जाता है, ध्यान, धारणा, अभ्यास आदि नहीं करता, उसकी वह तुष्टि 'भगवत्तुष्टि' कहलाती है।

(२) **शरणवरणतुष्टि**—परमात्मा तो सर्वसामान्य हैं, उनकी विशेष कृपाका प्राकट्य 'अकस्मात्' मान लेनेपर वैषम्य आदि दोष एवं 'सर्वमुक्ति' प्रसङ्ग आ जायगा। अतः व्याजमात्रके लिये केवल वाणीसे 'शरणवरण' शब्द (मैं शरणागत हूँ)का उच्चारण करना पर्याप्त है, दूसरे उपाय ध्यान, अभ्यास आदिकी आवश्यकता ही नहीं है—इस प्रकार उत्पन्न तुष्टिको 'शरणवरणतुष्टि' कहते हैं।

(३) **कालतुष्टि**—काल सबका कारण है, असमयमें कोई कुछ नहीं कर सकता। जब किसीका 'भगवत्कृपा'-प्राप्तिका समय (काल) आयगा, तब उसे कृपा अवश्य प्राप्त हो जायगी, उसके लिये ध्यान-अभ्यास आदि उपायोंकी आवश्यकता नहीं है, इस विचारसे उत्पन्न तुष्टि 'कालतुष्टि' है।

(४) **भाग्यतुष्टि**—कुछ साधक ऐसा भी मानते हैं कि 'भगवत्कृपा'-प्राप्तिका हेतु न भगवान् हैं, न शरणवरण और न काल ही, उसका हेतु तो केवल भाग्य ही है। भाग्यके विपरीत होनेपर ये सब व्यर्थ हैं। जब अनुकूल भाग्य आयगा, तब अपने-आप ही'भगवत्कृपा' हो जायगी। इसके लिये ध्यान, धारणा, अभ्यास, कीर्तन आदि करनेकी आवश्यकता नहीं है। यह 'भाग्यतुष्टि' है।

उपर्युक्त 'आध्यात्मिक तुष्टियाँ' और 'कपूयाचरण' (दुर्भावनाएँ) भगवत्कृपाशक्तिके निरोधक हैं, अतः साधकोंको इनसे सावधान रहना चाहिये।

जो भी हो, 'शक्ति' और 'शक्तिमान्' दोनों सदा संश्लिष्ट रहते हैं, यह निश्चित है—

नैव शक्त्या विना कश्चिच्छक्तिमानस्ति कारणम्।
न च शक्तिमता शक्तिर्विनैकाप्यवतिष्ठते॥

प्रपन्नता और भगवत्कृपा

(लेखक—जगद्गुरु रामानुजाचार्य वेदान्तमार्तण्ड श्रीरामनारायणाचार्य त्रिदण्डिस्वामीजी महाराज)

अकारणकरुण, करुणा-वरुणालय, अखिलकल्याणगुण-गणार्णव, निखिलहेयप्रत्यनीक, उभयविभूतिनायक, भगवान् श्रीमन्नारायणकी सर्वात्मना शरणागतिको ही संसृति-चक्रमें आवर्तमान मानव-प्रभृति समस्त प्राणिनिकायके लिये 'परम निःश्रेयस' शब्दसे अभिहित किया गया है। तदर्थ सद्ग्रन्थोंमें कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग, शरणागति (प्रपत्ति)योग एवं आचार्यानुग्रह—इन पाँच योगोंका साधनके रूपमें विधान किया गया है। इनमें भी प्रपत्ति ही अमोघ साधन है—ऐसी शास्त्रतत्त्ववेत्ता मनीषियोंकी मान्यता है। प्रपत्तिको ही न्यास-विद्या, साध्यभक्ति, अनन्यभक्ति, शरणवरण आदि नामोंसे भी निर्दिष्ट किया गया है। इसके स्वरूपका चित्रण पञ्चरात्रकी संहिताओंमें तथा प्रबन्ध-ग्रन्थोंमें भी विभिन्न रूपमें किया गया है। हमारा उद्देश्य भगवान्‌की असीम कृपाके बिना सुलभ नहीं होगा, इस प्रकार पूर्ण विश्वासके साथ प्रभु-कृपाकी याचना करना प्रपत्ति या शरणागति कही गयी है—

अनन्यासाध्ये स्वाभीष्टे महाविश्वासपूर्वकम् ।
तदेकोपायतायाच्ञा प्रपत्तिः शरणागतिः ॥
(विष्वक्सेनसंहिता)

मैं सारे दोषोंका असाधारण निलय हूँ, साधनरूप धनसे रहित—अकिंचन एवं गतिशून्य हूँ, मेरा दूसरा कोई रक्षक नहीं है। आपका 'पतितपावन'—यह असामान्य विरद है। मैं आपकी शरण हूँ। आप मेरे कर्मोंपर ध्यान न देकर अपने प्रपन्नजन-संरक्षणैकव्रतकी ओर दृष्टिपात करें और संसारसे मेरे समुद्धारका एकमात्र साधन बनें। इस प्रकारकी प्रार्थना-रूपा मति ही शरणागति है—

अहमस्म्यपराधानामालयोऽकिंचनोऽगतिः ।
त्वमेवोपायभूतो मे भवेति प्रार्थनामतिः ॥
शरणागतिरित्युक्ता सा देवेऽस्मिन् प्रयुज्यताम् ।
(अहिर्बुध्न्यसंहिता ३७ । ३०-३१)

इस प्रपत्ति नामक साधनको अपनाकर साधक-जीव 'प्रपन्न' कहलाता है। वह प्रभुका पूर्ण कृपा-भाजन बनकर माताकी गोदमें सोये हुए बालककी तरह निश्चिन्त एवं निर्भय हो जाता है। प्रभुके प्राकट्यके अवसरपर अम्बा देवकी कहती हैं—'प्रभो! मृत्युरूप सर्पसे भयभीत होकर सभी योनियोंमें भागता हुआ जीव आपकी अहैतुकी कृपासे मानव-शरीर प्राप्त कर जब आपके चरणकमलोंकी शरण लेता है, तब मृत्युकी बाधासे छुटकारा पाकर सुखकी नींद सोता है'—

मर्त्यो मृत्युव्यालभीतः पलायन्
लोकान् सर्वान् निर्भयं नाध्यगच्छत् ।
त्वत्पादाब्जं प्राप्य यदृच्छयाद्य
स्वस्थः शेते मृत्युरस्मादपैति ॥
(श्रीमद्भा० १० । ३ । २७)

प्रातःस्मरणीय श्रीगोस्वामीजी इसी तथ्यको इस प्रकार प्रकट करते हैं—

सुखी मीन जे नीर अगाधा। जिमि हरि सरन न एकउ बाधा॥
(मानस ४ । १६ । १)

प्रपन्नशेखर भगवत्पाद यामुनाचार्यजीने भी अपने-आपको अन्य साधनोंमें असमर्थ पाकर भगवान्‌के चरणोंकी शरण ग्रहण की है—

न धर्मनिष्ठोऽस्मि न चात्मवेदी
न भक्तिमांस्त्वच्चरणारविन्दे ।
अकिंचनोऽनन्यगतिः शरण्य
त्वत्पादमूलं शरणं प्रपद्ये ॥
(आलवन्दारस्तोत्र २५)

'हे शरण्य! मेरेमें न तो धर्मनिष्ठा है, न आत्मज्ञान है और न आपके चरणोंमें भक्ति ही है। अतः जिसकी अन्यगति नहीं है, ऐसा मैं अकिंचन आपकी शरण हूँ।' प्रपन्नको प्रभु-कृपाकी अनुभूति अनवरत होती रहती है, जिससे वह उनका साक्षात्कार कर 'कृतकृत्योऽत्र जन्मनि'—इसी जन्ममें कृतार्थ हो जाता है।'

प्रपत्ति भी व्याजमात्र है, शरण्य प्रभुकी अद्भुत कृपा ही सारे फलोंकी साधिका है। प्रभु-मुखकी श्रीसूक्ति है—

नाहं पुरुषकारेण न चाप्यन्येन हेतुना ।
केवलं स्वेच्छयैवाहं प्रेक्ष्ये कंचन कदाचन ॥

'मैं किसी भी प्रार्थना (संस्तुति) या अन्य साधनोंसे नहीं, वरन् अपनी इच्छासे ही कभी किसी जीवपर अपनी दयादृष्टि डाल देता हूँ।'

प्रपत्तिनिष्ठा भगवान्‌के वात्सल्यको उद्बोधित एवं कृपाको उद्वेलित कर देती है। सुवत्सला गौकी भाँति ... प्रभु प्रपन्नोंके अपराधोंको भोग्य एवं उपहार ...

कृपाकी सरस वर्षा कर देते हैं। अन्य साधनोंकी तुलनामें प्रपत्तिकी यह विशेषता है कि वह एक बार अनुष्ठित होती है और प्रभुको द्रवित कर प्रपन्नको अक्षय फलभागी बना देती है।

'प्रपन्नश्चातको यद्वत् ।'

चातक सारे जलाशयोंसे मन हटाकर स्वातीकी बूँदकी प्रतीक्षा करता है, वैसे ही प्रपन्न प्रयोजनान्तरों एवं उपायान्तरोंका त्याग कर प्रभुके चरणोंको ही उपायोपेय मानकर एकनिष्ठ रहे।

करुणासागर, परम पिता प्रभु अपनी अहैतुकी कृपासे निम्नयोनियोंमें भटकते जीवोंको अपनी शरणमें आने-हेतु साधन-धाम विचित्र मनुष्य-शरीर प्रदान करते हैं—

विचित्रा देहसम्पत्तिरीश्वराय निवेदितुम्।
पूर्वमेव कृता राजन् हस्तपादादिसंयुता॥

× × ×

कबहुँक करि करुना नर देही। देत ईस बिनु हेतु सनेही॥
साधन धाम मोच्छ कर द्वारा। ... ...॥

(मानस ७। ४३। ३, ४२। ४)

इस प्रकार प्रभु-कृपा उनकी प्रपत्ति एवं उपासनाके लिये मिले इस नरदेहको माया-मोहित यह जीव जब **'अमृतस्य पुत्राः', 'स स्वराड् भवति'**—'मैं अखिल ब्रह्माण्डाधिपति अविनाशी सर्वेश्वरका पुत्र हूँ,' 'मैं मुक्तिरूप साम्राज्यका सम्राट् बननेयोग्य हूँ' आदि श्रौत-वचनोंको भूलकर (विषयोंमें रमण करता हुआ) विनाशकी दिशामें जाने लगता है, तब वे परम दयालु परमपिता स्वजात-सम्बन्धसे इसे अपनानेके लिये इसका अनुसरण करने लगते हैं। जिसके फलस्वरूप अबुद्धिपूर्वक किये गये भी इसके असत्कर्मोंमें यदि कोई अज्ञात—यादृच्छिक, आनुषङ्गिक और प्रासङ्गिक सुकृत बन जाते हैं, तब प्रभु उनका बहाना लेकर तथा उन्हें विशुद्ध पुण्यका रूप देकर अपनी सहज करुणासे जीवोंको अपनाते और उनका उद्धार कर देते हैं।

विष्णुधर्मोत्तरपुराणमें अज्ञात सुकृतीकी एक रोचक कथाका उल्लेख है—'देविका नदीके तटपर एक विष्णु-मन्दिर था। उसमें जलता हुआ अखण्ड दीपक जब बुझने लगा, तब उसकी बत्तीको एक मूषिकाने खानेके लिये खींच लिया, जिससे दीपक जलने लगा। दीपक जलानेके अनजाने पुण्यसे वह मूषिका मरनेके बाद विदर्भनरेशकी ललिता नामकी सुन्दरी कन्या हुई। कालान्तरमें वह काशीनरेशकी पटरानी तथा महती भगवद्भक्ता बन गयी।'

अजामिल-जैसे महान् पापीका उद्धार भी प्रभुने उसके द्वारा उच्चरित 'नारायण' नामको प्रासङ्गिक पुण्य मानकर अपने अनुग्रहसे ही किया। भगवद्विमुख पापियोंके द्वारा घुणाक्षर-न्यायसे बने पुण्योंको भी वास्तविक पुण्य मानकर जब उनका भी उद्धार भक्तवत्सल भगवान् कर देते हैं, तब उनके अनन्य अनुरागी प्रपन्न भक्तोंपर उनकी विशेष कृपा स्वाभाविक ही है, इसमें कहना ही क्या है। प्रपन्नोंकी महिमा शास्त्रोंमें अनेकत्र वर्णित है। अपने दूतोंके कानोंमें यमराज कहते हैं—

स्वपुरुषमभिवीक्ष्य पाशहस्तं
वदति यमः किल तस्य कर्णमूले।
परिहर मधुसूदनप्रपन्नान्
प्रभुरहमन्यनृणामवैष्णवानाम्॥

(विष्णुपुराण ३। ७। १४)

'भगवान्‌के प्रपन्न भक्तोंके पास आपलोग नहीं जायँगे; क्योंकि मैं भक्तिविमुख जीवोंका ही स्वामी हूँ, वैष्णवोंका नहीं।'

कमलनयन वासुदेव विष्णो
धरणिधराच्युत शङ्खचक्रपाणे।
भवशरणमितीरयन्ति ये वै
त्यज भट दूरतरेण तानपापान्॥

(विष्णुपुराण ३। ७। ३३)

"(दूतो)! 'हे कमलनयन! हे वासुदेव! हे विष्णो! हे धरणिधर! हे अच्युत! हे शङ्खचक्रपाणे! मैं आपकी शरण हूँ,' ऐसी प्रार्थना करनेवाले प्रपन्न सर्वथा निष्पाप हो जाते हैं। आपलोग उनके समीप न जायँ। उनसे सर्वथा दूर रहें।"

भगवान्‌को परम प्राप्य बतलानेवाली वामनपुराणकी सूक्तिके अनुसार 'शार्ङ्गधारी भगवान् विष्णुके जो प्रपन्न होते हैं, वे न तो यमपुरी जाते हैं और न उनका नरकमें ही वास होता है'—

देवं शार्ङ्गधरं विष्णुं ये प्रपन्नाः परायणम्।
न तेषां यमसालोक्यं न च ते नरकौकसः॥

इस प्रकार प्रपन्न अपने जीवनमें प्रभु-कृपाकी झाँकी देखता हुआ चिन्तारहित एवं कृतार्थ हो जाता है। प्रपन्नता और भगवत्कृपाका अविनाभाव सम्बन्ध है। प्रपन्नपर प्रभुकी पूर्ण कृपा होती है, यही लोक-वेदका सार है।

अद्वैत (शांकर)-सिद्धान्तमें भगवत्कृपाका स्वरूप

(लेखक—अनन्तश्री स्वामी नन्दनन्दनानन्दजी सरस्वती महाराज)

वदन्ति तत्तत्त्वविदस्तत्त्वं यज्ज्ञानमद्वयम्।
ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानिति शब्द्यते॥
(श्रीमद्भा० १ । २ । ११)

अखिल विश्व-प्रपञ्चके तत्त्वको जाननेवाले तत्त्वदर्शी महायोगिवृन्द जिस अन्तिम तत्त्वको अद्वय ज्ञान मानते हैं, उसी अद्वयतत्त्वको औपनिषद् ब्रह्म, हैरण्यगर्भ सिद्धान्तवाले परमात्मा और सात्वत लोग भगवान् आदि नामोंसे पुकारते हैं। उसी परम-तत्त्व, परब्रह्म, परमात्मा अथवा भगवान्की कृपा-प्राप्तिकी अभिलाषा आब्रह्मस्तम्बपर्यन्त सभी जीव निरन्तर करते हैं।

वस्तुतः जीव अनादि, अविद्यापरवश, दिक्-काल-वस्तु-परिच्छेदपरिच्छिन्न, अल्पज्ञान, अल्पशक्ति, अल्पसाधनसम्पन्न, अनादिकालसे भवाटवीमें परिभ्रमणसे परिश्रान्त एवं तापन, सम्प्रतापन, तामिस्र, अन्धतामिस्र, सूचीमुख आदि अनेक नरकोंकी भीषण यातनाओंसे सर्वथा निराश, निराश्रय हो जब एकमात्र परमाश्रय अकारणकरुण करुणा-वरुणालयके द्वारपर अपनेको पटक देता है, तब वह शरणागत कहलाता है और यहींसे भगवत्कृपाका श्रीगणेश अर्थात् जीवके सर्वविध कल्याणका सूत्रपात होता है। सामान्यतः यह प्रश्न उठता है कि अद्वैतसिद्धान्तमें जब अपनेसे द्वितीय है ही नहीं, तब कौन किससे प्रार्थना करेगा और कौन किसपर कृपा करेगा ?

किंतु यह शङ्का अत्यन्त साधारण स्तरपर ही उठती है। वस्तुतः वर्तमान अनादि संसारके जन्म, मृत्यु, जरा, व्याधि आदि अनन्तानन्त दुःखोंसे संत्रस्त कोई भाग्यशाली जीव ही इस भवाटवीको अनेकार्थ-परिप्लुत मानकर ऐहिका-मुष्मिक विषयवितृष्ण अर्थात् वैराग्यसम्पन्न हो, श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ महापुरुषकी शरणमें जाकर अत्यन्त दीनभावसे स्वात्मरक्षाके लिये प्रार्थना करता है। उस समय गुरुदेव कृपा कर दुःखनिवृत्तिका उपाय बतलाते हैं। इस प्रकार इस दुःख-निवृत्तिका निमित्त गुरुकृपा और शास्त्रकृपा है। इसीलिये तो श्रुतिने भी कहा है—'**तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेच्छ्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम्**' (मुण्डक० १ । २ । १२) और समस्त जगत्में अद्वैत भावना करता हुआ भी '**नाद्वैतं गुरुणा सह**'—गुरुके साथ अद्वैत-भावना न करे। इससे सिद्ध हुआ कि गुरु-शरणागतिसे ही निःश्रेयसका मार्ग प्रशस्त हो सकता है। अतः गुरुकृपाका एकमात्र आश्रय श्रीमद्भगवत्पाद शंकराचार्यने प्रतिपादित किया है—

अपारसंसारसमुद्रमध्ये सम्मज्जतो मे शरणं किमस्ति।
गुरो कृपालो कृपया वदैतद्विश्वेशपादाम्बुजदीर्घनौका॥
(प्रश्नोत्तरी १)

अपार संसारके अगाध समुद्रमें डूबता-उतराता जीव अपनी रक्षाका उपाय केवल गुरुप्रसादसे ही प्राप्त कर सकता है और परम कृपालु गुरु ही ऐसे सम्मग्न शिष्यका उद्धार करनेमें समर्थ हैं। पर आद्याचार्य कहते हैं कि विश्वेशपादाम्बुज ही दीर्घ नौका है। भगवान् भाष्यकार गीता अध्याय १२के सप्तम श्लोकके भाष्यमें लिखते हैं—

तेषां मदुपासनैकपराणामहमीश्वरः समुद्धर्ता कुत इत्याह, मृत्युसंसारसागरात्, मृत्युयुक्तः संसारो मृत्युसंसारः स एव सागर इव सागरो दुस्तरत्वात् तस्मान्मृत्युसंसार-सागरादहं तेषां समुद्धर्ता भवामि न चिरात्, किं तर्हि क्षिप्रमेव, हे पार्थ! मय्यावेशितचेतसां मयि विश्वरूपे आवेशितं समाहितं चेतो येषां ते मय्यावेशितचेतसः तेषाम्॥

'हे पार्थ! मुझ विश्वरूप परमेश्वरमें ही जिन्होंने अपना चित्त समाहित कर दिया है, ऐसे केवल एक मुझ परमेश्वरकी उपासनामें ही लगे हुए उन भक्तोंका मैं ईश्वर उद्धार करने-वाला होता हूँ। किससे (उनका उद्धार करते हैं)? मृत्युयुक्त संसारसमुद्रसे। मृत्युयुक्त संसारका नाम मृत्यु-संसार है, वही पार उतरनेमें कठिन होनेके कारण सागर है, उससे मैं उनका विलम्बसे नहीं, किंतु शीघ्र ही उद्धार कर देता हूँ।'

इसमें संदेह नहीं कि आद्यशंकराचार्य भगवत्पादप्रवर्तित वर्तमान अद्वैतसिद्धान्तविचारधारा अत्यन्त कट्टरतासे अद्वैतवादका प्रतिपादन और द्वैतप्रपञ्चका पारमार्थिक तिरस्कार करती है, परंतु व्यवहारसत्ता तो प्रतीयमान प्रपञ्चरूपमें प्रतिभासित हो रही है, उसका पारमार्थिक बोध होनेपर भी भगवत्प्रीतिको व्यावहारिकरूपसे स्वीकारकर गुरूपदिष्ट महावाक्यद्वारा ही इस द्वैतका उद्धार सम्भव है। अतएव यज्ञ-यागादि वैदिक कर्मकलापकी उपयोगिता चित्त-शुद्धिमें और उपासनाकी उपयोगिता इष्टदेवता-प्रसाद-

प्राप्तिद्वारा मुमुक्षुता, विवेक, वैराग्य, शम, दमादि षट्-सम्पत्तिके सम्पादनमें साधन मानी जाती है। इस कारण आचार्य विवेकचूडामणिमें कहते हैं—

तटस्थिता बोधयन्ति गुरवः श्रुतयो यथा।
प्रज्ञयैव तरेद् विद्वानीश्वरानुगृहीतया ॥
(४ ७७)

अर्थात् गुरु और श्रुतिद्वारा प्रदत्त ज्ञान भी परोक्ष रह जाता है, जबतक ईश्वरानुग्रहद्वारा प्राप्त प्रज्ञा उसको प्रत्यक्षरूपसे ग्रहण न कर ले। इसी तथ्यको श्रीभगवान्‌ने गीतामें प्रतिपादित किया है—

तेषामेवानुकम्पार्थमहमज्ञानजं तमः।
नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता ॥
(१०।११)

'हे अर्जुन! उन (भक्तों)के ऊपर अनुग्रह करनेके लिये ही मैं स्वयं उनके अन्तःकरणमें एकीभावसे स्थित हुआ अज्ञानसे उत्पन्न हुए अन्धकारको प्रकाशमय तत्त्वज्ञानरूप दीपकद्वारा नष्ट करता हूँ।' इससे स्पष्ट है कि अपरोक्षज्ञानकी प्राप्तिका मुख्य साधन ईश्वरानुकम्पा ही है।

उपनिषद्, ब्रह्मसूत्रादि ज्ञानकाण्डविवेचनमें कठोरतम अद्वैतका प्रतिपादन करनेपर भी उपासना-क्षेत्रमें आचार्यश्रीका अनुपम अद्वितीय स्थान है—

अविनयमपनय विष्णो दमय मनः शमय विषयमृगतृष्णाम्।
भूतदयां विस्तारय तारय संसारसागरतः ॥
(षट्पदी १)

'हे करुणामय नारायण विष्णो! हमारे अपराधोंको क्षमा करो, इन्द्रिय-मनका दमन करो, संसार-प्रपञ्चरूपा मृगतृष्णाका शमन करो, प्राणिमात्रमें दयाका विस्तार करो और संसार-सागरसे पार करो।' इसी षट्पदी प्रार्थनाके अन्तमें भगवत्पाद परम करुणावरुणालय नारायणकी चरण-शरणमें जाते हैं—

नारायण करुणामय शरणं करवाणि तावकौ चरणौ।
(षट्पदी ७)

इस प्रकार आचार्य शंकर भक्त्यर्थ कल्पित द्वैतको अद्वैतसे भी सुन्दर मानते हुए इष्ट देवताके साथ अनुपम द्वैतशून्य अभिन्न स्नेहका परिचय देते हैं। विविध देवताओंकी विविध रूपोंमें उपासना करते हुए भी वे उन सबको परमार्थतः सर्वथा अभिन्न, एकरूप, एकरस परब्रह्म ही समझते हैं। इस प्रकार लक्ष्मी-नृसिंह-स्तोत्रमें 'लक्ष्मीनृसिंह मम देहि करावलम्बम्।'की पुकार करनेवाले आचार्य सौन्दर्यलहरीमें श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी पराम्बासे कहते हैं—

दृशा द्राघीयस्या दरदलितनीलोत्पलरुचा
दवीयांसं दीनं स्नपय कृपया मामपि शिवे।
अनेनायं धन्यो भवति न च ते हानिरियता
वने वा हर्म्ये वा समकरनिपातो हिमकरः ॥
(५७)

'हे परम करुणामयि, पुत्रवत्सले, पराम्बे, शिवे! ईषदुत्फुल्ल कमलकी शोभासे युक्त विशाल नेत्रोंसे मुझ अत्यन्त लघु और दीनको भी कृपावृष्टिका स्नान करायें, इससे यह दीन तो धन्य-धन्य हो जायगा और आपकी कोई हानि भी न होगी। जैसे हिमवर्षिणी चन्द्र-ज्योत्स्ना समानरूपसे परम विभूतिसम्पन्न उच्च प्रासादपर पड़ती है, वैसे ही निर्विशेष आह्लादकतासे वनके लता-गुल्मोंपर भी पड़ती है।'

कहना न होगा कि आचार्यचरणका स्तोत्रसाहित्य अलौकिक भगवत्करुणाके आह्लादका अनुपम साधन है।

पुरुषं वा स्मरेद्देवीं स्त्रीरूपं वा विचिन्तयेत्।
अथवा निष्कलं ध्यायेत् सच्चिदानन्दलक्षणम् ॥

पुरुष, स्त्री, सच्चिदानन्द-लक्षण सर्वथा निष्कल अथवा समस्त विश्व-प्रपञ्चमें व्याप्त सचराचर विग्रहके रूपमें परब्रह्म शक्तिका चिन्तन किया जा सकता है। तदनुसार आचार्य शंकरने भी विष्णु, कृष्ण, नरसिंह, शंकरादि पुमान् रूपसे और शिवा, भवानी, लक्ष्मी, ललिता, त्रिपुराम्बा आदि मातृरूपसे तथा सर्वथा निर्गुण निष्कल परब्रह्मका परमात्मरूपसे परमोत्कृष्ट स्तरपर स्तवन किया है। प्रत्येक स्थितिमें आचार्यका इष्ट देवतासे निकटतम संनिधान एवं अद्वितीय असाधारण संस्पर्श (कृपाप्राप्ति) है।

जगदम्बा पराम्बाकी लोकोत्तर दयार्द्रताके फलस्वरूप स्वयं बालशंकर (द्रविड) शिशुरूपमें पराम्बाका दिव्य सुधामय स्तन्यपानकर धन्य हो गये। इस तथ्यका आचार्य स्वयं वर्णन करते हैं—

तव स्तन्यं मन्ये तुहिनगिरिकन्ये हृदयतः
पयःपारावारः परिवहति सारस्वत इव।
दयावत्या दत्तं द्रविडशिशुरास्वाद्य तव यत्
कवीनां प्रौढानामजनि कमनीयः कवयिता ॥
(सौन्दर्यलहरी ७५)

'हे धरणिधर हिमालयकी पुत्रि ! आपके करुणामय हृदयसे समुद्भूत पयोधाराका क्षीरसमुद्र साक्षात् सारस्वत सुधा-प्रवाह-रूपमें प्रवाहित हो रहा है, जिसका आस्वादन-पान परम दयावती पराम्बाने (द्रविड़ जातिमें समुत्पन्न) शिशुको करा दिया और जिसके आस्वादनने उस परमप्रगल्भ शिशुको महाकवियोंकी पङ्क्तिमें अत्यन्त रमणीय (कमनीय) कविता करनेवाला कवि बना दिया ।' इस प्रकार जगदीश्वरी अघटितघटनापटीयसी कृपासे प्रकृति-मूक और जड भी महाकवि बन जाते हैं ।

वस्तुतः वेदादि सच्छास्त्रोंका प्राकट्य ही परम करुणामय श्रीभगवान्‌की कृपाका सर्वोत्कृष्ट प्रमाण है । अनादिनिधना वाग्रूपा समस्त वेदराशिको अपने निःश्वासरूपसे अवतरित करना अथवा स्वयं श्रीहरिका श्वाससमीरद्वारा शब्द-ब्रह्मरूपमें अवतीर्ण होना अविद्या-परवश जीवके उद्धाररूपा कृपावत्सलताका अनुपम प्रमाण है । विवेकशून्य जीवके भगवदुन्मुख होनेकी कोई आशा नहीं थी, यदि अकारणकरुण भगवान् स्वयं हठात् उसका उद्धार न करते । पाषाणशिला अहल्याका उद्धार निश्चय ही असम्भव था, यदि अशरण-शरण श्रीराम उसके उद्धारके लिये दृढ़ संकल्प न करते—

गृहते गवनि, परसि पद पावन, घोर सापते तारी ।

परमकरुणामय परमप्रकाशरूप सदाशिव ही करुणावश विमर्शरूपिणी शक्ति बनकर गुरु-शिष्य-व्याजसे समस्त शास्त्र, तन्त्र, मन्त्र-यन्त्र-जालको प्रकट करते हैं । आद्य भगवान् शंकराचार्यविरचित 'प्रपञ्चसार'तन्त्र-ग्रन्थमें इस तत्त्वका विशेष विवेचन किया गया है । तन्त्रशास्त्र उपासनाकाण्डका प्राण है । उसमें अमोघ एवं अमूल्य साधन तथा साध्य हैं ।

देशकालपदार्थात्मा यद्यद्वस्तु यथा तथा ।
तत्तद्रूपेण या भाति तां श्रये सांविदीं पराम् ॥

परमसंविद्रूपा पराशक्ति पराम्बा ही सदाशिवानुग्रहस्वरूप प्रकाशात्मा शिवके प्रति विमर्शरूपिणी बन बिम्ब-प्रतिबिम्ब-दर्पण तत्सम्बन्ध तथा तन्निवृत्तिका सम्पादन करती हैं । वे ही उपाधि-भेदसे उपहत चैतन्यमें प्रतीत होनेवाले सुख-दुःखका सम्पादन तथा दर्पण एवं प्रतिबिम्ब-भाव-निवर्तनद्वारा जीवके दिक्काल-वस्तु-परिच्छेदका उन्मूलन कर उसे पुनः सर्वात्मभाव परमोत्कृष्ट तत्त्वमें पहुँचा देती हैं । अद्वैतसिद्धान्तके परमाचार्य अद्वैतसिद्धिकार श्रीमधुसूदन सरस्वती महाराजका कथन है—

तस्यैवाहं ममैवासौ स एवाहमिति त्रिधा ।
भगवच्छरणत्वं स्यात् पूर्वाभ्यासानुपाकतः ॥
(गीता १८ । ६६ की गूढार्थदीपिका-टीका)

'मैं उनका ही हूँ, प्रभु मेरे हैं और मैं वही हूँ—ये तीन पर्याय केवल पूर्वजन्मान्तरीय संस्कारोंके भेदसे भिन्नत्वेन प्रतीत होते हैं, परंतु वस्तुतः तीनों साध्यके अभेदसे परस्पर प्रायः अभिन्न ही हैं ।'

अतः अद्वैतसाम्राज्यलक्ष्मी (कृपा)को प्राप्त करके ज्ञानमहाब्धिराशि शुक, भगवत्पाद आचार्य शंकर, रसिक-शिरोमणि आचार्य मधुसूदन सरस्वती, अद्वैतपथप्रदर्शक श्रीश्रीधर स्वामी, चतुःसनत्कुमार तथा श्रीदत्तात्रेय प्रभृति महापुरुष स्वयं भगवत्कृपाके केन्द्रमें पहुँचकर भवाटवी-परिश्रान्त जीवोंपर कृपा-दृष्टि-वृष्टिसे अनन्तानन्त जीवोंका उद्धार करते रहे हैं, कर रहे हैं और करते रहेंगे ।

त्रिपुरारिकी उदारता

देव नर किंनर कितेक गुन गावत पै
पावत न पार जा अनंत गुन पूरे को ।
कहै 'पदमाकर' सुगाल के बजावत ही
काज करि देत जन-जाचक जरूरे को ॥
चंद की छटान जुत पन्नग-फटान-जुत
मुकुट विराजै जटाजूटनके जूरे को ।
देखौ त्रिपुरारि की उदारता अपार जहाँ
पैये फल चारि फूल एक दै धतूरे को ॥

—महाकवि पद्माकर

रामस्नेही-सम्प्रदायमें भगवत्कृपाका स्वरूप

(लेखक—श्रीभगवद्दासजी महाराज शास्त्री, भूतपूर्वाचार्य सिंहस्थल, रामस्नेही-सम्प्रदाय)

राजस्थानमें रामस्नेही-सम्प्रदायके चार आचार्यपीठ हैं—(१) सिंहस्थल, (२) खेड़ापा, (३) रेण और (४) साहपुरा। इन चारों प्रमुख सम्प्रदायोंकी साधना-पद्धतियोंमें प्रायः समानता रही है, फिर भी इनकी पृथक्-पृथक् उत्कृष्ट परम्पराएँ, पृथक्-पृथक् आचार्य और आदर्श हैं।

रामस्नेही-सम्प्रदायमें गुरु-कृपा और भगवत्कृपामें प्रायः भेद नहीं माना जाता—

'रामस्नेही जाको नामा। हरिगुरु साधु संगति विश्रामा॥'

(श्रीदयालुपरची)

साधकके जीवनमें सद्गुरुका महत्त्व कम नहीं होता। सद्गुरु भगवत्कृपासे मिलते हैं और उनसे ही भव-सागरका क्लेश मिटता है—

रामदास सतगुरु मिल्या, मिलिया राम-दयाल।
सुखसागर मैं रम रह्या मेट्या विषै-जंजाल॥

× × ×

साध संगत विन रामदास किणी न पायौ राम॥

× × ×

रामदास हितकर किया पावै पद निरवाण।

अर्थात् विना गुरुकी कृपाके निर्वाण प्राप्त नहीं हो सकता।

भगवत्कृपाकी महत्ताको स्वीकार करते हुए श्रीरामदासजी महाराज कहते हैं—

प्रथम वंद परब्रह्म नित, जिना दिये सिर पाव।

'उन परब्रह्मको प्रथम नमस्कार करता हूँ, जिन्होंने सिर-पाँव (अर्थात् विवेक एवं तदनुसार आचरण-हेतु करण) देकर उपकार किया।'

श्रीहरिरामदासजी महाराज कहते हैं कि गर्भमें शरीरकी रक्षा भगवत्कृपासे ही होती है। उन्होंने भगवान्का उपकार मानते हुए उनके भजनको महत्त्व दिया है—

जिन यौ नर तेरौ तन धरियो, सौं कारीगर ध्यावरे।
जिन प्रतपाल करी गरभन में, विन ही आव उपावरे॥

× × ×

ऐसे ते राम सिवर नर बावरे।

मनुष्य-शरीरकी यह विशेषता मानी गयी है कि इसमें भगवान्ने विशेष कृपा करके विवेक-बुद्धि दी है, जो और योनियोंको प्राप्त नहीं। श्रीरामदासजी महाराजकी अनुभव-वाणीमें कहा गया है—

अकल दई है रामजी, किरपा कर करतार।
रामदास संतां लई और चले जग हार॥

बुद्धि-विवेक प्राप्त करके जब मनुष्य सद्गुरुकी कृपासे अपना परम पुरुषार्थ 'ज्ञान' पा जाता है, तब वह हर समय उन्हींके ध्यानमें निमग्न रहने लगता है—

गुरु गोविंद की महर ते, हम तो पाया ग्यान।
रामदास इक राम कूँ, अंतर उपजै ध्यान॥

गुरु और गोविन्द—दोनोंकी ही कृपासे ज्ञानोपलब्धि मानी गयी है।

गोविन्दकी कृपासे ज्ञान पानेवाले संत उसका महत्त्व भलीभाँति जानते हैं, वह ज्ञान भवसागरसे पार लगा देता है। भगवान्की कृपा वास्तवमें अद्भुत है, उसका रहस्य कोई नहीं जान सकता। संत श्रीहरिरामदासजी महाराजने भगवत्कृपाको निम्नाङ्कित पदमें (गति शब्दसे व्यक्त) करते हुए उसकी भूरि-भूरि महिमा गायी है—

हो अजोनी राम तेरी गति किनीय न जांनी।
ताहि दलीप उभै महूरत मैं हरि सुख मांहि मिलांनी॥
सात दिवस मैं जानि परीषत परम दसा परसांनी।
जिन गजराज तारि लीयौ छिनमें, सिंवरे सारंगपांनी॥
तोता राम पढावत गिनका, पुहंती पार विवांनी।
हेत सुता हरि नांव पुकारत, अजामेल उबरांनी॥
सेना काज भये हरि नाई, भगत आपनौ जांनी।
जन हरिराम अनंत निज महमा सागर सिला तिरांनी॥

(अनुभववाणी पद ११)

'भगवान्ने कृपा कर राजा दिलीपको दो घड़ीमें और परीक्षित्को सात दिनोंमें ही परम पद दे दिया, अजामिलका उद्धार किया, तोता पढ़ानेवाली वेश्याको तार दिया, सेना नाईपर कृपाकर उसका रूप ही धारण कर लिया और जिन प्रभुने सागरमें शिला तैरा दी, उनकी महिमा अनन्त है।' ये सब भगवत्कृपाके ही प्रमाण हैं।

हरि ही कृपा करके साधु-सङ्गत देते हैं, जो परम गति देनेकी विलक्षण क्षमता रखती है। भगवान् मङ्गलकरण अर्थात् कृपालु हैं, वे जीवके दुःख-द्वन्द्व मिटा देते हैं। उसे संसार-बन्धनसे छुड़ा देते हैं। वे कृपालु 'राम' पतित-पावन जो हैं—

यों भजि पूरण परमानंदा। मंगल करणा हरणा दुख दंदा॥
नर सुर नाग लोक तिहुँ नायक। निज मन सदा सकल सुख दायक॥

× × ×

हरि हितकर साध सत संगति, भाव भगति परमा गति सेवा॥
जन हरिराम राम पतितपावन, पद वंदन आतम गुरुदेवा॥

(श्रीहरिरामदासजी महाराज)

'श्रीराम मङ्गलमय कृपालु और सब प्रकारका सुख देनेवाले हैं। उनकी कृपाके बिना दूसरा कौन है, जो जन्म-मरणका कष्ट निवारण करे।

बिना श्रीराम-कृपाके कर्मोंसे अर्थात् तीनों प्रकारके कर्म-फलोंसे छुड़ानेवाला कोई और नहीं है—

..................कीया करम कहो किम छूटै।

× × ×

तोड़ ताड़ सबही ले खावै, राम बिना कहो कूण छुड़ावै॥

यह जीव नाना प्रकारकी योनियोंमें भटकता है। केवल मनुष्य-योनिमें ही यह अपने परमार्थका साधन कर सकता है। इसे आवागमनकी चक्कीसे केवल श्रीराम-कृपा ही छुड़ा सकती है। संत-जन उसी पतितको पावन करनेवाली सहायता (कृपा)की याचना करते हुए कहते हैं—

बिरही बचन जीव करुणाकर भक्त बिछल बिर्द भारी।
अबके साय करो परमानंद पावनपतित मुरारी॥

पतितोंको पावन करनेके लिये वे परम अनुग्रह करके सगुण रूप धारण करते हैं—

निर्गुण आप सगुण जनहेता, जीव उधारण देह धरेता॥

(श्रीहरलालदासजी महाराज)

जीवमात्रपर कृपा करना श्रीभगवान्‌का स्वभाव है, पर संतोंको वे विशेष सुख देते हैं—

साचा सांई यू खड़ा वे, संताई सुख दैण॥

(श्रीजयमलदासजी महाराज)

किंतु रामस्नेही-सम्प्रदायमें, जैसा कि पहले कहा जा चुका है, गुरु-कृपा और श्रीराम-कृपाको समान रूपसे महत्त्व दिया गया है। श्रीदयालजी महाराजने 'नामी नाम-निर्णयका अंग' साखीमें स्पष्ट कहा है—

'लहै जथारथ गुरुकृपा आत्म परचै होय।'

अहैतुकी गुरु-कृपासे आत्मपरिचय होनेमें किंचित् भी संदेह नहीं। श्रीरामदासजी महाराजने तो हृदय-ग्रन्थि खोलनेके लिये गुरु-कृपासे ही कुंजी प्राप्त की है—

फिरपा कीनी कूंची गीनी, ताला दूर छडंदा है।
सतगुरु बोल्या अंतर खोल्या हरी हीरा आखंदा है॥

गुरुकी कृपासे हृदयमें हरिरूप हीरेका दर्शन करना सहज है, फिर भी सम्प्रदायके आचार्योंने श्रीरामकी शरणमें गये बिना अनन्त जन्मोंसे दृढ़ हुआ भ्रम मिटना असम्भव ही माना है—

अब राषि सरनै राम मोहि। बोह बेर भरम्यो बिन तोहि॥

'आपके बिना बहुत बार (बारंबार) भ्रममें ही पड़ा रहा हूँ। हे प्रभो! अब तो कृपा कर मुझे शरणमें रख लीजिये।'

जगन्माताकी कृपा

तुम्हारा विश्वास, आन्तरिकता, आत्मसमर्पण जितना ही पूर्ण होता जायगा, भगवत्कृपा और अभयकी छाया भी उतनी ही तुम्हारे साथ रहेगी। जब तुम जगन्माताकी कृपा पा चुके हो, माताकी अभय-छाया जब तुम्हारी रक्षा कर रही है, तब तुम्हें स्पर्श करनेकी भी शक्ति किसमें है? फिर तुम्हें किससे भय करनेकी आवश्यकता है? इसका कणमात्र मिलते ही तुम समस्त विघ्न-बाधाओं और विपत्तियोंसे छूट जाओगे। जब यह (कृपा) पूर्णभावसे विराजमान होकर तुम्हें घेर लेगी, तब तुम निश्चिन्त होकर अपने पथपर चल सकोगे, तब तुम अपनेको विपत्तियोंसे अग्राह्य कर सकोगे; क्योंकि वह पथ माताका ही पथ है। इस जगत् या अन्य किसी भी अदृश्य जगत्‌से कितनी भी प्रबल विपरीतता क्यों न आये, तुम्हें कुछ भी हानि नहीं पहुँचा सकेगी। माँकी कृपाके स्पर्शसे सारी बाधाएँ सहायक बन जाती हैं, दुर्बलता ही अजेय शक्ति हो उठती है, कारण जगन्माताकी कृपा श्रीभगवान्‌का ही निर्देश है।

—योगीराज श्रीअरविन्द

कृपापात्रकी प्रत्यभिज्ञा

(लेखक—स्वामी श्रीअनिरुद्धाचार्य वेंकटाचार्यजी महाराज, तर्कशिरोमणि)

यहाँ 'भगवत्कृपा-पात्र'की प्रत्यभिज्ञा (पहचान) के ज्ञापक (परिचायक) कतिपय हेतुओंका उल्लेख किया जाता है, इनसे साधक 'अबतक मैं भगवत्कृपाका पात्र बना अथवा नहीं'—इस रूपसे अपनी प्रत्यभिज्ञा निश्चितरूपसे कर सकता है। इन हेतुओंका जैसा उपयोग अपनी प्रत्यभिज्ञामें होता है, वैसा दूसरोंकी प्रत्यभिज्ञामें असंदिग्ध रूपसे नहीं हो सकता; क्योंकि—

'सुगुप्तस्यापि दम्भस्य ब्रह्माप्यन्तं न गच्छति।'

मनुष्य अपनेको ही यथार्थरूपसे पहचान सकता है, दूसरोंको नहीं। यह सुभाषित-न्याय प्रसिद्ध है।

संतोंने अनुभवद्वारा समस्त शास्त्रोंका परीक्षण कर एक मतसे यह निर्णय किया है कि दुर्लभ मानव-शरीर मिल जानेपर इस चेतन (जीव) का उत्तमोत्तम एवं महत्तम कर्तव्य 'भगवत्कृपाका पात्र' बनना ही रह जाता है। यही उसका अहोभाग्य एवं मानव-जन्मकी सफलता है। वह मानव बड़ा अभागा है, जिसका 'भगवत्कृपा-पात्र' बने बिना ही प्राणान्त हो गया हो। महाभारतमें भगवान् व्यासदेवने 'भगवत्कृपा-पात्र'को श्रेष्ठतर माना है—**'न मानुषाच्छ्रेष्ठतरं हि किंचित्'** अर्थात् रत्न, मुक्ता, प्रवाल आदि अचेतन जीव; आम्र, निम्ब, अश्वत्थ आदि अर्धचेतन जीव; कृमि, कीट, पतंग आदि चेतन जीव—तीन प्रकारके इन पार्थिव जीवों तथा पिशाच, राक्षस, यक्ष, गन्धर्व, पैत्र्य, ऐन्द्र, प्राजापत्य, ब्राह्म आदि आठ प्रकारके दैव जीवों एवं ब्रह्मा, रुद्र, इन्द्र आदि अनन्त आधिकारिक जीवोंकी अपेक्षा 'भगवत्कृपा-पात्र' प्राणी श्रेष्ठतर चेतन है। भगवान् मनुका भी इस विषयमें यही उद्घोष है—

'किं भूतमधिकं ततः।'

(मनुस्मृति १। ९५)

अर्थात् इस ब्रह्माण्डमें 'भगवत्कृपा-पात्र' जीवसे अधिक महान् कोई जीव नहीं है।

प्रत्यभिज्ञाके उपाय—

यहाँ संतोंद्वारा प्राप्त 'भगवत्कृपा'के उन ज्ञापक हेतुओंका उल्लेख किया जाता है, जिनसे मानवको यह विदित हो सके कि 'अबतक मैं भगवत्कृपाका पात्र बन पाया हूँ अथवा नहीं।' इसका उल्लेख संत ज्ञानेश्वर महाराज, भक्त शठको[प] स्वामी, श्रीमद्रामानुजाचार्य, सूरदासजी, तुलसीदास[जी] आदि भगवत्-रसिक संतोंने अपने-अपने ग्रन्थोंमें अने[क] रूपोंमें किया है।

१—संत श्रीज्ञानेश्वर महाराजने गीताकी प्रसिद्ध [एवं] यथार्थ टीका 'भावार्थदीपिका' (ज्ञानेश्वरी)में इस विषय[का] इस प्रकार विवेचन किया है—'जिस मानवके हृदय[में] वैराग्यका अङ्कुर प्रस्फुटित हो चुका हो एवं तत्त्व-जिज्ञासा[के] लिये जिसकी शास्त्र-श्रवणमें रुचि हो, उसको निस्संशय [और] निर्भय होकर यह निश्चय कर लेना चाहिये कि मैं भगवत्कृ[पाका] पात्र बन गया हूँ।' हृदयमें वैराग्यका उदय एवं शा[स्त्र]-श्रवणमें रुचि—ये दोनों भगवत्कृपाके बिना नहीं रहते। अ[तः] **'साहचर्यनियमो व्याप्तिः'** (तर्कसंग्रह, अनुमानखण्ड) इस न्यायसे ये भगवत्कृपाके सूचक हैं।

२—स्वामी रामानुजाचार्यजीके जीवनकी एक घटना है—एक दिन उनके शिष्योंने सेवामें उपस्थित हो यह जिज्ञासा प्रकट की कि 'भगवन्! अभीतक [हम] भगवत्कृपाके पात्र हुए अथवा नहीं—इसकी प्रतीति कैसे [हो] सकती है?' इसका समाधान करते हुए आचार्यचर[णने] कहा—''जिसने सबसे बड़े 'अज्ञान' एवं सबसे बड़े 'ज्ञान'[के] स्वरूपोंका यथार्थ आकलन कर लिया है, उसका [यह] निश्चय करना वृथा न होगा कि 'मैं भगवत्कृपाका [पात्र] हूँ।' बिना भगवत्कृपाके इन दोनोंके स्वरूपोंका आ[कलन] असम्भव है।''

३—संत श्रीशठकोप स्वामीद्वारा अनुगृहीत 'सहस्रगी[ति]'के व्याख्यारूप 'भगवद्विषय' ग्रन्थमें उल्लेख है—''जिसकी सत्सङ्गमें रुचि है, जो सत्कार, कीर्ति एवं धनोपलब्धिके लिये नहीं, अपने उद्धारके उद्देश्यसे सत्सङ्ग करता है, जिसमें आभ्यन्तर वैष्णवताका विकास है, उसको तत्काल यह निश्चय कर लेना चाहिये कि 'मैं भगवत्कृपाका पात्र हूँ।' बिना भगवत्कृपाके मानवके मनमें सत्सङ्गके प्रति

रुचि और आभ्यन्तर वैष्णवताका विकास नहीं होता।"

'प्रपन्नपारिजात'में वैष्णवताके दो प्रकार उपलब्ध हैं—बाह्य वैष्णवता और आभ्यन्तर वैष्णवता। तिलक, छाप, कण्ठी, माला आदि 'बाह्य वैष्णवता' कहलाते हैं। दया, क्षमा, अनसूया, शौच, अनायास, माङ्गल्य, अकार्पण्य, अस्पृहा—ये आठ आत्म-गुण आभ्यन्तर 'वैष्णवता' हैं। जीवात्माके उद्धारके लिये दोनों आवश्यक हैं, किंतु भगवत्कृपाके बिना आभ्यन्तर वैष्णवता विकसित नहीं हो सकती। अतः यह भगवत्कृपाके पात्रत्वकी सूचिका है।

दया, क्षमा, अनुसूया, शौच आदिके स्वरूप प्रसिद्ध हैं, केवल अनायासके स्वरूपका विवेचन किया जाता है। उसका स्वरूप है—

'आनुकूल्यस्य संकल्पः प्रातिकूल्यस्य वर्जनम्।'

अर्थात् प्राणियोंके अनुकूल चलना एवं उनके प्रतिकूल आचरण न करना 'अनायास' है। जो प्राणियोंके सुख-दुःखमें उनके साथ खड़ा है, परमात्मा भी उसके साथ खड़े हैं। जिसने अपने हृदयमें दूसरोंको स्थान दिया है, उसको परमात्मा भी अपने हृदयमें स्थान देते हैं। दूसरे शब्दोंमें वह 'भगवत्कृपाका पात्र' है।

'अकारण कृपा है प्रभु करुणानिधानकी'

(रचयिता—श्रीपृथ्वीसिंहजी चौहान 'प्रेमी')

गर्भ बीच अर्भककी रक्षा कर जन्म देती,
देख-रेख करती जवानी चढ़तीकी है।
देती है कलत्र-पुत्र, कुलको बढ़ाती और
भूलें साफ माफ कर देती जिंदगीकी है॥

भजन कराती है, विरक्ति उपजाती,
चित्त-शुद्धि कर देती भक्ति-मुक्ति अति नीकी है।
भींजते नहीं हैं वे, जो तर्कके वितान ताने,
बरसे हरीकी कृपा सब पै सरीखी है॥

अग-जग ऊपर बरसती अखण्ड रूप,
सीमा पार करती जमीन-आसमानकी।
'प्रेमी कवि' दूरीकी जरा भी मजबूरी नहीं,
बिना कान सुनती है सबके जबानकी॥

शूल बन आती, कभी फूल बन आती,
पर जानी नहीं जाती बिरलोंने पहचान की।
भव-वरुणालयके तारणको केवल,
अकारण कृपा है प्रभु करुणानिधानकी॥

कृपामयी श्रीमद्भगवद्गीता

(लेखक—स्वामी रामसुखदास)

जीवात्मा परमात्माका अंश है। इसने परमात्मासे विमुख होकर प्रकृति और उसके कार्य त्रिगुणात्मक संसारसे सम्बन्ध मान लिया है। इसी कारण उसे (सबपर सब समय सामान्य रीतिसे बरसती हुई) भगवत्कृपाका अनुभव नहीं हो पाता। जबतक मनुष्यकी सांसारिक पदार्थोंमें संग्रह और सुख-बुद्धि रहेगी, तबतक भगवद्विमुखताके कारण उसमें भगवत्कृपा-दर्शनका सामर्थ्य ही कैसे आ सकता है ? जब कि भगवान् सर्वत्र व्याप्त हैं, उसी प्रकार उनकी कृपा भी सर्वत्र परिपूर्ण है, निरन्तर है, सब प्राणियोंपर समानरूपसे है।

जीव भगवान्के सम्मुख हो जाता है, तब उसके समस्त बन्धन कट जाते हैं और आगेकी सारी जिम्मेवारी स्वयं भगवान्की हो जाती है। यही सम्मुखता कृपामय ग्रन्थ श्रीमद्भगवद्गीताके प्राकट्यका कारण है। अर्जुनद्वारा एक अक्षौहिणी शस्त्रास्त्र-सुसज्जित सेनाको छोड़ अकेले भगवान् श्रीकृष्णको स्वीकार किया जाना उनकी भगवत्सम्मुखताका एक उत्कृष्ट उदाहरण है। घटना इस प्रकार है—

महाभारत-युद्धकी तैयारी हो चली थी। भगवान् श्रीकृष्णकी सहायता प्राप्त करनेके लिये दुर्योधन उनके पास पहुँचा। भगवान् विश्राम कर रहे थे। दुर्योधन जाकर उनके सिरहानेकी ओर सिंहासनपर बैठ गया। कुछ समय पश्चात् ही अर्जुन भी वहाँ पहुँचे। उनका उद्देश्य भी भगवान्को युद्धमें अपनी ओर सम्मिलित करनेका था। भगवान्के विश्राममें विघ्न न डालकर अर्जुन उनके चरण-प्रान्तमें विनयावनत मुद्रामें खड़े हो गये। कुछ समय पश्चात् जब भगवान्की निद्रा भङ्ग हुई तो उनकी दृष्टि पहले अर्जुनपर पड़ी और प्रश्न हुआ—'कैसे आये ?' अर्जुनके उत्तर देनेसे पूर्व ही दुर्योधन बोल पड़ा—'पहले मैं आया हूँ, श्रीकृष्ण ! युद्धमें आप हमारे पक्षमें रहिये।' भगवान्ने अब दुर्योधनपर दृष्टिपात किया। स्थितिका अनुमान लगाया। दोनों पक्षके वरिष्ठ पुरुष उनको अपनी सेनामें सम्मिलित करनेका निमन्त्रण लेकर आये थे। भगवान् तो राजनीतिके भी पण्डित हैं। उन्होंने व्यवस्था दी—'ठीक है, दुर्योधन ! पहले तुम आये हो, पर मेरी दृष्टि पहले अर्जुनपर पड़ी है; फिर नीति-शास्त्र भी यही कहता है कि जब किसी वस्तुका विभाजन करना हो तो पहला अवसर छोटेको दिया जाय; अतः जो छोटा हो, वही पहले अपनी माँग रखे।' अर्जुन अवस्थामें दुर्योधनसे छोटे थे। इसलिये पहले माँगनेका अवसर उन्हें मिला। श्रीकृष्णने प्रस्ताव रखा—'एक पक्ष तो मुझे ले ले, मैं कोई शस्त्र धारण नहीं करूँगा और दूसरा पक्ष मेरी एक अक्षौहिणी सेना ले सकता है, जो अस्त्र-शस्त्रोंसे सुसज्जित रहेगी।' दुर्योधन मन-ही-मन एक अक्षौहिणी सेनाकी कामना कर रहा था पर बड़ा होनेके नाते पहले माँग तो सकता नहीं था। पहले अर्जुनने ही अपना प्रस्ताव रखा—'भगवन् ! मुझे सेना नहीं चाहिये, मैं तो आपको ही चाहता हूँ।' दुर्योधन यह सुनकर प्रसन्न हो गया।

दुर्योधनकी मनचाही हो गयी। उसे एक अक्षौहिणी सेना प्राप्त हुई और अर्जुनको निःशस्त्र भगवान् श्रीकृष्ण मिले। दुर्योधन अब अभिमानसे फूला नहीं समाता था। उसने सर्वत्र ढोल पीटना आरम्भ कर दिया कि 'मैंने आज श्रीकृष्णको ठग लिया।' उधर भगवान्ने एकान्त होते ही अर्जुनको फटकारा—'तुम्हें अवसर दिया, फिर भी तुमने सेना न माँगी। मुझे लेकर क्या करोगे ? मैं तो शस्त्र भी न उठाऊँगा।'

अर्जुनने कहा—'मेरा काम शस्त्रोंसे नहीं चलता। मुझे तो आपसे ही काम है; क्योंकि मेरे मनमें बहुत दिनोंसे इच्छा थी कि आप मेरे सारथि हों, मेरे रथके घोड़े हाँकें, मेरे जीवनकी बागडोर आपके हाथोंमें हो।' अर्जुनका निवेदन ही भगवत्कृपाको स्वीकार करना है।

दुर्योधनने वैभव स्वीकार किया, वह भगवान्से विमुख हो गया और अर्जुनने स्वयंको ही भगवान्को सौंप दिया, इसलिये वे भगवान्के सम्मुख होकर उनकी महती कृपाके प्रियपात्र बन गये।

दस दिन युद्ध हो चुका था। ग्यारहवें दिन संजयने युद्धभूमिसे आकर धृतराष्ट्रको समाचार दिया कि 'भीष्म युद्धमें गिरा दिये गये, वे शर-शय्यापर पड़े हैं।' धृतराष्ट्र सुनकर मूर्च्छित हो गये। कुछ समय पश्चात् जब उन्हें चेत आयी, तब पूछा—'भीष्म कैसे गिरा दिये गये ?'

तब संजयने दस दिनोंसे चले आ रहे महाभारत-युद्धका वर्णन क्रमशः धृतराष्ट्रको सुनाया है । धृतराष्ट्र और संजयका संवाद वैशम्पायनजी जनमेजयके प्रति कहते हैं ।

श्रीमद्भगवद्गीताका आरम्भ 'अथ'से होता है ।

'अथ व्यवस्थितान्दृष्ट्वा' (१ । २०)

तथा 'इति'से समाप्ति भी द्रष्टव्य है—

'इत्यहं वासुदेवस्य (१८ । ७४)

श्रीमद्भगवद्गीताका श्रीगणेश भगवान्की असीम कृपाके कारण ही हुआ है । महाभारत-युद्धारम्भसे पूर्व व्यासजीने नेत्रहीन धृतराष्ट्रसे कहा—'युद्धका होना अवश्यम्भावी है । यदि तुम यहाँ बैठे-बैठे ही संग्राम देखना चाहो तो मैं तुम्हें दिव्य नेत्र प्रदान करूँ ।'

धृतराष्ट्रमें कुटुम्बीजनोंका वध देखनेका साहस नहीं था । उसने दिव्य दृष्टिकी प्राप्तिका प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया, किंतु यह याचना की कि 'मैं युद्धका सारा वृत्तान्त सुनना अवश्य चाहता हूँ ।' तब व्यासजीने संजयको दिव्य दृष्टि प्रदान की और कहा—'राजन् ! संग्रामभूमिमें कोई ऐसी बात नहीं होगी, जो यह न जान सके ।' इसके बाद संजयने ही धृतराष्ट्रको भगवान् श्रीकृष्ण और अर्जुनके मध्य घटित हुए संवादको अक्षरशः क्रमानुसार सुनाया ।

श्रीमद्भगवद्गीता भगवान्का साक्षात् अनुग्रह है, इसमें दो मत नहीं हो सकते । अर्जुनने न तो भगवान्के समक्ष कोई तात्त्विक विवेचन सुननेकी इच्छा व्यक्त की और न धर्म-सम्बन्धी कोई जिज्ञासा ही की । उन्होंने तो भगवान्से कहा—

यावदेतान्निरीक्षेऽहं योद्धुकामानवस्थितान् ।
कैर्मया सह योद्धव्यमस्मिन् रणसमुद्यमे ॥
(१ । २२)

'हे कृष्ण ! जबतक मैं युद्धक्षेत्रमें डटे हुए युद्धके अभिलाषी इन विपक्षी योद्धाओंको भली प्रकार देख न लूँ कि इस युद्धरूप व्यापारमें मुझे किन-किनके साथ युद्ध करना योग्य है, (तबतक रथको यहीं खड़ा रखिये) ।' इस प्रकार अर्जुन तो युद्धके लिये संनद्ध हैं, अपनेसे युद्ध करनेवाले राजाओंको वे देखना चाहते हैं । ऐसे अर्जुनको भगवद्गीताका उपदेश करना केवल कृपा नहीं तो और क्या है ?

भगवान्ने अर्जुनका रथ उनकी आज्ञासे दोनों सेनाओंके मध्य ले जाकर खड़ा कर दिया । उन्होंने रथ ऐसे स्थानपर खड़ा किया, जहाँ भीष्म और द्रोण विद्यमान थे । फिर वे बोले—'हे पार्थ ! युद्धके लिये आये हुए इन कुरुवंशियोंको देखो—

उवाच पार्थ पश्यैतान् समवेतान् कुरूनिति ।
(१ । २५)

यहाँ 'कुरुवंशियों'को देखनेके लिये कहना भी अर्जुनको अपने कौटुम्बिक स्नेहमें बाँधनेकी युक्ति ही है । अन्यथा भगवान् कह सकते थे—'धार्तराष्ट्रान् समानिति' । 'युद्धभूमिमें एकत्रित इन धृतराष्ट्रके पुत्रोंको देखो ।'

रथको भीष्म और द्रोण अर्थात् पितामह और गुरु-जैसे आदरणीय जनोंके सम्मुख खड़ा करना और फिर यह कहना कि 'कुरुवंशियोंको देखो'—भगवान्के विशिष्ट प्रयोजनकी ओर इंगित करता है । वस्तुतः संसारमें दो प्रकारके सम्बन्ध ही मुख्य माने गये हैं—(१) योनि-सम्बन्ध, जिसके अन्तर्गत माता, पिता, पितामह, भाई, मामा, नाना आदि सम्बन्धी आते हैं । (२) विद्या-सम्बन्ध अर्थात् आचार्य अथवा गुरुका सम्बन्ध । अर्जुन प्रथमतः इन दोनों सम्बन्धोंको देखकर ही मोहाविष्ट हो युद्ध करनेसे हिचकिचाये—

कथं भीष्ममहं संख्ये द्रोणं च मधुसूदन ।
इषुभिः प्रति योत्स्यामि पूजार्हावरिसूदन ॥
(२ । ४)

अर्जुन बोले—'हे मधुसूदन ! मैं रणभूमिमें किस प्रकार बाणोंसे भीष्मपितामह और द्रोणाचार्यके विरुद्ध लड़ूँगा; क्योंकि हे अरिसूदन ! ये दोनों ही पूजनीय हैं ।'

यदि दुर्योधन या कर्णके सम्मुख रथ खड़ा किया जाता तो निश्चय ही अर्जुनके हृदयमें युद्धोत्साह और शौर्य उत्पन्न होते । पर दोनों आदरणीय जनोंके सामने रथ खड़ा करनेसे अर्जुनको ऐसा प्रतीत हुआ कि इन गुरुजनोंकी हत्या मैं कैसे कर सकूँगा ? उधर वंशके नाशका दृश्य सामने उपस्थित हो आया । अतः अर्जुनके मनका मोह प्रकट हो गया । इस सुप्त मोहको जाग्रत् करना ही भगवान्की कृपाका उपक्रम था । मोहके कारण उन्होंने युद्ध करनेसे इन्कार कर दिया । फलस्वरूप भगवान्ने कृपा करके अर्जुनको निमित्त बनाकर गीतामृतका ऐसा उपदेश किया, जिससे अनन्तकालतक अनन्त मोहाविष्ट जीवोंका कल्याण होता रहेगा ।

मोहाविष्ट और विषादयुक्त अर्जुन बोले—'हे कृष्ण! न तो मुझे विजय चाहिये, न राज्य और न सुख। मैं ऐसा युद्ध नहीं करता। मुझ निःशस्त्रको धृतराष्ट्रके पुत्र रणमें मार डालें तो यह भी मेरे लिये कल्याणकारक होगा।' (१।४६) ऐसा कहकर वे रथके पिछले भागमें शोकाविष्ट होकर बैठ गये।

उस समय उन्हें प्रोत्साहित करनेके लिये भगवान् कुछ तीखे वचन कहते हैं—'हे अर्जुन! क्लैब्य (कायरता)को छोड़ दो। अरे! उत्साहित होनेके समय तुममें यह मोह कैसे उत्पन्न हुआ? हृदयकी दुर्बलताको त्यागकर युद्धके लिये खड़े हो जाओ।' (२।२-३)

भगवान्ने यह उद्बोधन केवल कृपा-दृष्टिसे ही किया, अन्यथा वे कह सकते थे—'युद्ध नहीं करना चाहते हो तो न करो। जैसा तुम्हारी समझमें आये, वैसा ही करो।' पर यह बात भगवान्ने अन्तमें कही—'यथेच्छसि तथा कुरु' (१८।६३)।

भगवान्के हृदयमें उसी प्रकार करुणा उमड़ रही थी जैसे बछड़ेको देखते ही गायके स्तनोंमें दूध निकल पड़ता है। वे अर्जुनका कल्याण चाहते हैं। साधारण मनुष्यमात्रकी जैसी मनःस्थिति होती है, वैसी ही मनःस्थितिका ध्यान रखते हुए गीताका उपदेश करना, भगवान्की विशिष्ट कृपाका एक विलक्षण उदाहरण है।

गीतामृतरूपा भगवत्कृपाका प्रत्येक अध्यायके अनुसार अवलोकन किया जाय तो कृपापूर्वक भगवान्का अर्जुनके सामने अपने-आपको विशेषतासे प्रकट करना और अर्जुनके मनमें क्रमशः भगवान्के प्रति विशेष आदर एवं श्रद्धा-भावका बढ़ना द्रष्टव्य है। अब इसी दृष्टिसे प्रत्येक अध्यायके कतिपय कृपापरक स्थलोंका संक्षिप्त विवेचन प्रस्तुत है—

मोहग्रस्त अर्जुन ज्यों ही अपनेको मोहितचित्त स्वीकार करते हैं और कल्याणकारक साधन पूछते हैं, त्यों ही भगवान् करुणा करके साधारण जनकी भाषामें मुस्कराते हुए उपदेश आरम्भ कर देते हैं।

दूसरे अध्यायके ग्यारहवेंसे तीसवें श्लोकतक भगवान्ने सत्-असत्का विवेचन किया, किंतु इस प्रसङ्गमें उन्होंने ब्रह्म, अविद्या, माया, ईश्वर, प्रकृति, जीव, आत्मा, अनात्मा, अधिभूत, अधियज्ञ आदि दार्शनिक शब्दावलिका प्रयोग किया ही नहीं, इस विवेचनमें देह-देही, शरीर-शरीरी, नित्य-नाशवान् जैसे सामान्य जनकी समझमें आनेवाले शब्दोंका ही प्रयोग हुआ है। तात्पर्य यह कि गीता मनुष्यमात्र (चाहे वह अपढ़ हो या विद्वान्, मूर्ख हो या बुद्धिमान्)के कल्याणकी दृष्टिसे कही गयी है।

पहले अध्यायके इकतीसवें श्लोकमें अर्जुन जहाँ कहते हैं कि **'न च श्रेयोऽनुपश्यामि'**—युद्धमें श्रेय नहीं देख रहा हूँ, वहीं दूसरे अध्यायके सातवें श्लोकमें 'निश्चित श्रेय'के लिये पूछ रहे हैं—**'यच्छ्रेयः स्यान्निश्चितं ब्रूहि तन्मे।'** इस प्रसङ्गको देखनेसे एक बात तो यह सिद्ध होती है कि अर्जुन मारनेसे डर रहे हैं, मरनेसे नहीं। इसलिये भगवान्ने उनके हृदयसे 'मारनेका भय' निकालनेकी भावना और कर्तव्य दृष्टिसे ही कहा—**'धर्म्याद्धि युद्धाच्छ्रेयोऽन्यत् क्षत्रियस्य न विद्यते।'** (२।३१) अर्थात् क्षत्रियके लिये धर्मयुक्त युद्धसे बढ़कर कल्याणकारी दूसरा कोई कर्तव्य ही नहीं है। फिर भी अर्जुन अभीतक मोहित हैं और पुनः प्रश्न करते हैं—**'तदेकं वद निश्चित्य येन श्रेयोऽहमाप्नुयाम्'** (३।२), इस प्रश्नके उत्तरमें भगवान्ने कृपा कर कर्तव्य-पालनको ही परम कल्याणकारक बताया—

श्रेयान् स्वधर्मो विगुणः परधर्मात् स्वनुष्ठितात्।
स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः॥
(३।३५)

'अच्छी प्रकार आचरण किये हुए दूसरेके धर्मसे गुणरहित भी अपना धर्म अति उत्तम है। अपने धर्ममें मरना भी कल्याणकारक है और दूसरेका धर्म भयप्रद है।'

जो अर्जुन मोहासक्तिके कारण अपने कर्तव्यसे च्युत हो रहे हैं, उन्हें भगवान् सहज धर्मयुक्त कर्तव्यमें आरूढ़ करनेके उद्देश्यसे उपदेश दे रहे हैं। यह उनकी ऐसी कृपा है, जिसकी अर्जुनने कभी वाञ्छा और जिज्ञासा भी न की थी। भगवान्का स्वभाव ही अहैतुकी कृपा करना है।

श्रेष्ठ पुरुष अपने हृदयका गोपनीय-से-गोपनीय रहस्य भी अपने कृपाभाजनके सामने प्रकट कर देते हैं। अर्थात् उससे कुछ भी दुराव नहीं रखते। इसी दृष्टिसे भगवान्ने तीसरे अध्यायमें कृपापूर्वक कर्तव्यपालनपर बल देते हुए अर्जुनसे कहा—'मेरा तीनों लोकोंमें कोई कर्तव्य नहीं है, फिर भी मैं कर्तव्य निवाहता हूँ। मैं कर्म न करूँ तो बड़ी हानि हो जाय; क्योंकि सब मनुष्य मेरे ही मार्गका अनुसरण करते हैं

अर्थात् यदि मैं शास्त्रोक्त कर्मका आचरण न करूँ तो सब मनुष्य नष्ट हो जायँ[1]।' (इस प्रकार भगवान्ने इन श्लोकोंमें कृपापूर्वक यह प्रकट किया है कि मैं तीनों लोकोंका आदर्श पुरुष हूँ ।)

इस उपदेशके पश्चात् क्षत्रियोंके कर्मका महत्त्व बतलाते हुए भगवान्ने चौथे अध्यायमें परम्परासे प्राप्त कर्मयोग और उसकी अनादिताको सिद्ध किया । तत्पश्चात् अपनेको आदि उपदेष्टा बताकर वे कहते हैं कि मैं वही उपदेश, जो लोपप्राय हो गया था, फिर कहता हूँ । युद्ध-भूमिमें युद्धकी बात न करके इस प्रकार ज्ञान, भक्ति और निष्काम-कर्मकी बात करना भगवान्की केवल विशिष्ट कृपा ही है, अन्य कुछ नहीं।

पाँचवें अध्यायका आरम्भ अर्जुनकी इस जिज्ञासासे होता है कि 'हे कृष्ण ! आपने सांख्यनिष्ठा और योगनिष्ठा बतलायी (३ । ३), परंतु मेरे लिये दोनोंमेंसे कौन-सी निश्चितरूपसे श्रेयस्कर है—यह स्पष्ट बतलाइये ।'

ज्ञानयोग और कर्मयोगका विस्तृत विवेचन करते हुए और उन्हें तत्त्व-प्राप्तिका स्वतन्त्र साधन बतलाते हुए अन्तमें भगवान् कहते हैं—'हे अर्जुन ! मुझे सम्पूर्ण भूत-प्राणियोंका सुहृद् (तत्त्वसे) जान लेनेमात्रसे मनुष्य परम शान्तिको प्राप्त हो जाता है'—

'सुहृदं सर्वभूतानां ज्ञात्वा मां शान्तिमृच्छति ॥'
(५ । २९)

'ज्ञात्वा' पदसे भगवान् अर्जुनको मानो आश्वासन देते हैं कि 'तुम क्यों चिन्ता करते हो, केवल मुझे सब भूतोंका अर्थात् अपना भी सुहृद् जान लो, इतने मात्रसे तुम्हारेद्वारा कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग—सबका अनुष्ठान स्वयमेव ठीक-ठीक होने लगेगा ।'

यह भगवान्की कितनी कृपा है ! कितना सुगम उपाय है जीवनके चरम-लक्ष्यकी प्राप्तिका !!

अर्जुनकी दृष्टि दोषरहित है, इसीलिये भगवान् उनके बिना पूछे ही विशेष कृपा करके उन्हें ध्यान और भक्तिकी विशेषतासे अवगत कराते हैं और आदेश देते हैं—'कर्मिभ्यश्चाधिको योगी तस्माद्योगी भवार्जुन' (६ । ४६) इससे हे अर्जुन ! तुम योगी बनो; क्योंकि कर्म करनेवालोंसे भी योगी श्रेष्ठ है।

छठे अध्यायके तीसवें श्लोकमें तो भगवान्ने कृपा करके यह विलक्षण सत्य उद्घाटित कर दिया कि समस्त जगत्में जितने भी रूप हैं, वे सब मेरे ही वेष हैं—

यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति ।
तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति ॥

इसी अध्यायमें अर्जुनने मनसम्बन्धी प्रश्न भी किया है । उन्हें शङ्का होती है कि योगमें श्रद्धालु पुरुष संयमी न होनेके कारण यदि अन्त समयमें योगसे विचलित हो जाय तो उसकी क्या गति होती है ? कहीं वह उभयभ्रष्ट हो नष्ट तो नहीं हो जाता ?—'कच्चिन्नोभयविभ्रष्टश्छिन्नाभ्रमिव नश्यति' (६ । ३८) । अर्जुनका यह अडिग विश्वास है कि 'मेरे इस संशयको दूर करनेवाला भगवान्के अतिरिक्त और कोई नहीं हो सकता ।' उत्तरमें भगवान् भी अपना हृदय खोलकर रख देते हैं । अर्जुनको अत्यन्त कृपा करके उन्होंने 'तात' शब्दसे सम्बोधित किया । (यह सम्बोधन समस्त गीतामें एक ही बार आया है ।) भगवान्ने आश्वासन देते हुए कहा—'न हि कल्याणकृत्कश्चिद् दुर्गतिं तात गच्छति ॥' (६ । ४०) 'हे पार्थ ! भगवदर्थ कर्म करनेवाला कभी दुर्गतिको प्राप्त नहीं होता ।'

मनुष्यको वस्तुतः अन्तकालकी गति और उससे त्राण दिलानेवाली उपासना—दो ही प्रश्नोंके विषयमें सर्वाधिक जिज्ञासा रहती है । अकारण-कृपालु भगवान् श्रीकृष्णने भी अर्जुनको निमित्त बनाकर सर्वसामान्यकी सद्गतिके भावसे गीतामें इन्हीं दो प्रसङ्गोंका सर्वाधिक विवेचन किया है[2] ।

सातवें अध्यायको स्वयं भगवान्ने अपनी ओरसे कहना आरम्भ किया है। (६।४७ में) भक्तोंकी बात आते ही भगवान् मानो मग्न हो गये, ठीक उसी प्रकार जैसे भगवान्की बात

---

१. न मे पार्थास्ति कर्तव्यं त्रिषु लोकेषु किंचन । नानवाप्तमवाप्तव्यं वर्त एव च कर्मणि ॥
यदि ह्यहं न वर्तेयं जातु कर्मण्यतन्द्रितः । मम वर्त्मानुवर्तन्ते मनुष्याः पार्थ सर्वशः ॥
उत्सीदेयुरिमे लोका न कुर्यां कर्म चेदहम् । संकरस्य च कर्ता स्यामुपहन्यामिमाः प्रजाः ॥
(गीता ३ । २२–२४)

२. छठे अध्यायके सैंतीसवें, अड़तीसवें और उनतालीसवें श्लोकोंमें किये गये प्रश्नोंके उत्तरमें भगवान्ने छठे ... ८, सातवेंके ३०, आठवेंके २६, नवेंके ३४ और दसवें अध्यायके ११—अर्थात् कुल १०९ श्लोकोंमें अन्तकालीन ... विस्तृत विवेचन किया ।

चलते ही भक्त मग्न हो जाते हैं। इस अध्यायमें भगवान् अपने चारों प्रकारके भक्तोंका वर्णन करते हुए आर्त और अर्थार्थी भक्तको भी उदार बतलाते हैं (७ । १७)। यह उनकी कितनी कृपावत्सलता है! आशय यह प्रतीत होता है कि ये (आर्त, अर्थार्थी आदि) संसारसे हटकर मुझ परमात्माकी ही ओर लग गये—यह इनकी उदारता है।

आठवें अध्यायमें भगवान्‌ने कृपापूर्वक बतलाया कि अन्तकालमें जो कोई मेरा ही स्मरण करता हुआ शरीर-त्याग करता है, वह मेरे ही भावको प्राप्त होता है (८ । ५), यह कहते हुए भगवान् पुनः इसीको और स्पष्ट करते हुए (८ । ६ में) कहते हैं कि मनुष्य अन्तकालमें जिस-जिस भावका स्मरण करता हुआ मरता है, उसी भावके अनुसार उसकी गति होती है अर्थात् स्वर्ग, नरक या अन्य योनिकी प्राप्ति होती है। जिस अन्तकालमें भोगोंका स्मरण करते हुए मरनेवाला मनुष्य शूकर-कूकर या कीट-पतंगकी योनि प्राप्त करता है, उसी अन्त समयमें भगवान्‌को स्मरणकर परमगतिको प्राप्त हो सकता है, चाहे उसका विगत जीवन कैसा ही क्यों न रहा हो। यह न्यायकारी प्रभुका कैसा कृपापूर्ण संविधान है! प्रभुके इस विधानमें न्याय और कृपाका विलक्षण साम्य दृष्टिगोचर होता है।

तदनन्तर भगवान्‌ने पुनः स्वयं अपनी ओरसे ही कहा—

इदं तु ते गुह्यतमं प्रवक्ष्याम्यनसूयवे।
ज्ञानं विज्ञानसहितं यज्ज्ञात्वा मोक्ष्यसेऽशुभात्॥
(९ । १)

कौन ऐसा दयालु होगा, जो विना पूछे अपने हृदयकी गुह्यतम बात बतायेगा? यही नहीं, भगवान्‌ने इस गुह्यतम ज्ञानके आठ विशेषण दिये हैं—

राजविद्या राजगुह्यं पवित्रमिदमुत्तमम्।
प्रत्यक्षावगमं धर्म्यं सुसुखं कर्तुमव्ययम्॥
(९ । २)

'यह ज्ञान (१) सब विद्याओंका राजा, (२) समस्त गोपनीयोंका भी राजा, (३) अति पवित्र, (४) उत्तम, (५) प्रत्यक्ष फलवाला, (६) धर्मयुक्त, (७) साधन करनेको बड़ा सुगम और (८) अविनाशी है।'

लोकमें भी अपने उपदेशकी प्रशंसा स्वयं करनेमें सज्जन पुरुष कुछ संकोचका अनुभव करते हैं; किंतु भगवान्‌के हृदयमें कृपाका समुद्र उमड़ रहा है और अर्जुन दोषदृष्टिरहित—'अनसूय' हैं, अतः वे अर्जुनको (और उनके निमित्तसे जीवमात्रके हितकी दृष्टिसे) परम-परम कल्याणका मार्ग बताते हुए कहते हैं—

भूय एव महाबाहो शृणु मे परमं वचः।
यत्तेऽहं प्रीयमाणाय वक्ष्यामि हितकाम्यया॥
(१० । १)

'हे महाबाहो! फिर भी मेरे परम रहस्ययुक्त और प्रभावयुक्त वचनोंको सुनो, जो मैं तुझ अतिशय प्रेम रखनेवालेके प्रति हितकी इच्छासे कहूँगा।'

नवें अध्यायका आरम्भ जहाँ भगवान्‌ने 'गुह्यतमम्' शब्दसे किया, वहाँ दसवेंके आरम्भमें 'परमं वचः' कह रहे हैं और वह भी हितकामनाके भावसे। इसका उद्देश्य अर्जुनको भलीभाँति अपने कर्तव्यका भान कराना एवं उनकी शङ्काओंको निर्मूल करना है। भगवान् चाहते हैं कि अर्जुनका मोह नष्ट हो जाय, इसीलिये इतना कहनेके पश्चात् भी वे असंतोष अनुभव करते हैं, उनकी तृप्ति नहीं होती; अतः दूसरे प्रकारसे उसी विषयका प्रतिपादन करते हैं। जीवके कल्याणकी ऐसी उत्कट कामना वे अकारणकरुणार्णव ही कर सकते हैं। वे कहते हैं—'जिस रहस्यको न देवता जानते हैं, न महर्षि, वही अपने लीलासे प्रकट होनेका रहस्य मैं तुम्हें बताता हूँ[3]।

इस प्रकार कहकर भगवान्‌ने दसवें अध्यायके पाँच श्लोकों (२–६)में अपनी योग-शक्ति और विभूतियोंका वर्णन किया और सातवें श्लोकमें उनके फलरूप अविचल भक्तियोगकी प्राप्ति बतायी। अर्जुनने जब योगशक्ति और विभूतियोंका विस्तारसहित वर्णन करनेके लिये स्तुति और प्रार्थना की [क्योंकि भगवान्‌का अमृत-वचन

३. न मे विदुः सुरगणाः प्रभवं न महर्षयः। अहमादिर्हि देवानां महर्षीणां च सर्वशः॥ (१० । २)

४. दसवें अध्यायके बारहवेंसे पंद्रहवेंतकके श्लोकोंमें अर्जुनने भगवान्‌की विभूति जाननेके लिये स्तुति की है और सोलहवेंसे अठारहवेंतक तीन श्लोकोंमें प्रार्थना की है। पंद्रहवें श्लोकमें तो अर्जुनकी श्रद्धा इस सीमातक बढ़ गयी है कि उन्होंने इस एक ही श्लोकमें भगवान्‌के प्रति पाँच सम्बोधन दे डाले—

स्वयमेवात्मनाऽऽत्मानं वेत्थ त्वं पुरुषोत्तम। भूतभावन भूतेश देवदेव जगत्पते॥

'हे भूतोंको उत्पन्न करनेवाले! हे भूतोंके ईश्वर! हे देवोंके देव! हे जगत्‌के स्वामी! हे पुरुषोत्तम! आप स्वयं ही अपनेको जानते हैं।'

सुननेसे उनकी तृप्ति ही नहीं होती थी (१० । १८)] तब भगवान्ने कृपापूर्वक अपनी इक्यासी विभूतियोंका वर्णन किया। सम्भवतः अर्जुनको भ्रम था कि भगवान्की विभूतियाँ इतनी ही हैं अर्थात् सीमित हैं, इसलिये उन्होंने 'अशेषेण' (१० । १६) पदका प्रयोग किया, किंतु भगवान्ने कृपापूर्वक यह भी बता दिया कि मैं तो समस्त जगत्को अपने एक अंशसे ही व्याप्त करके स्थित हूँ और इसीलिये उन्होंने अपनी विभूतियोंको 'प्राधान्यतः' (१० । १९) बतलाया। जिसका अन्त ही नहीं है, उसे 'अशेषेण' (पूर्णतासे) कैसे बताया जा सकता है ?—

'विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत् ॥'

(१० । ४२)

उपर्युक्त श्लोक ही ग्यारहवें अध्यायका बीज है। अर्जुनको जिज्ञासा हुई कि वह रूप भी देखूँ, जिसके एक अंशमें ही सम्पूर्ण जगत् स्थित है। भगवान्की अचिन्त्य एवं अनन्त विभूति एवं ऐश्वर्यको सुनकर अर्जुनको अपनी भूल तब समझमें आयी, जब १० । ४२में भगवान्ने अपने किसी एक अंशमें समस्त जगत्को स्थित बताया, इसलिये वे ११ । ३में अत्यन्त विनम्रतासे कहते हैं—'हे प्रभो! आप जो कुछ कह रहे हैं, वह ठीक वैसा ही है, मैं भी उसे वैसा ही मानता हूँ, अब मैं आपके उसी रूपको देखना चाहता हूँ (जिसके एक अंशमें समस्त जगत् स्थित है)।' फिर कहते हैं—'यदि आप यह समझते हैं कि मैं उस रूपको देख पानेमें समर्थ हूँ तो उसे (अवश्य) दिखायें (अन्यथा जैसा आप उचित समझें)।' यहाँ वे १० । १६की तरह न बोलकर विनम्रतासे कहते हैं। यह भाव देखकर कृपालु प्रभु मानो अर्जुनपर न्यौछावर हो जाते हैं और प्रसन्न होकर कहते हैं—'पश्य मे पार्थ रूपाणि शतशोऽथ सहस्रशः' (११ । ५)—हे अर्जुन! एक रूप तो क्या, तुम मेरे सैकड़ों और हजारों रूपोंको देखो।

उपर्युक्त प्रसङ्गसे यह सिद्ध है कि साधकका भगवदाश्रय, दैन्य और अपनी इच्छाओंका भगवदिच्छाओंमें विलय भगवान्को अत्यन्त प्यारा है। ऐसे साधककी इच्छा पूरी करनेके लिये भगवान् तरसते रहते हैं तथा कभी कोई अवसर मिल जाता है तो अभीष्टसे अत्यधिक सेवा करते हैं।

इस प्रकार ग्यारहवाँ अध्याय भगवदनुग्रहकी स्वीकृतिसे ही आरम्भ हुआ—

मदनुग्रहाय परमं गुह्यमध्यात्मसंज्ञितम्।
यत्त्वयोक्तं वचस्तेन मोहोऽयं विगतो मम ॥

(११ । १)

जब समस्त ब्रह्माण्डोंको ही भगवान्ने अपने एक अंशमें धारण किया हुआ बता दिया, तब अर्जुनने भगवान्के अनुग्रह और उनके उपदेशकी प्रशंसा की। तभी उनके हृदयमें विश्वरूप-दर्शनके बहाने प्रभुकी विशिष्टतम कृपा प्राप्त करनेकी अभिलाषा जाग्रत् हुई। वे भगवान्की प्रशंसा करते हुए यहाँतक कह बैठे कि 'मोहोऽयं विगतो मम'—मेरा मोह दूर हो गया। परम कृपालु भगवान् तो जानते थे कि अभी मोह दूर नहीं हुआ, इसीलिये उन्होंने आगे ११ । ४९ में कहा—'मा ते व्यथा मा च विमूढभावः'। इसमें रहस्य यह है कि अर्जुनने भगवान्का प्रभाव जाना और उसे जानकर ही बोल पड़े कि मेरा मोह दूर हो गया। वास्तवमें साधकको भगवान्के प्रभावका थोड़ा-सा ज्ञान हो जानेपर प्रायः ऐसा ही भान होता है। अर्जुनकी इसी स्थितिको समझकर भगवान्ने कृपापूर्वक कहा—

'हे पार्थ! तुम मेरे सैकड़ों-हजारों, नाना प्रकारके, नाना वर्ण और आकृतिवाले अलौकिक रूपोंको देखो।' यह है अर्जुनपर विशिष्ट कृपाका एक अन्य उदाहरण! भगवान्ने अपनी ओरसे ही अपना विराट्-रूप प्रकट किया तो अर्जुन उसे देख नहीं पाये। पाँचवेंसे सातवें श्लोकतक भगवान्ने पाँच बार 'पश्य' शब्दका प्रयोग किया। इससे सिद्ध हुआ कि अर्जुन विराट्-रूप देख ही न सके। उन्हें देखनेमें असमर्थ जानकर ही भगवान्ने हितकी कामनासे उन्हें दिव्य चक्षुओंका दान किया—'दिव्यं ददामि ते चक्षुः' (११ । ८) और तब अर्जुनने विराट्-रूपका दर्शन किया। वह रूप देखनेके बाद जब अर्जुनने भयभीत होकर स्तुति और प्रार्थना की कि मुझे तो फिर वही (चतुर्भुज) रूप दिखाइये, मैं अत्यन्त भयभीत हो रहा हूँ, मुझपर प्रसन्न हो जाइये (११ । ४५), तब भगवान्ने कहा—

मया प्रसन्नेन तवार्जुनेदं
रूपं परं दर्शितमात्मयोगात्।
तेजोमयं विश्वमनन्तमाद्यं
यन्मे त्वदन्येन न दृष्टपूर्वम् ॥

(११

'हे अर्जुन! अनुग्रहपूर्वक (प्रसन्न होकर) ही योगशक्तिके प्रभावसे अपना यह परमतेजोमय,

और सीमा-रहित विराट्-रूप तुम्हें दिखाया है, जो कि तुम्हारे सिवाय पहले किसीके द्वारा नहीं देखा गया।'

इस विराट्-रूपमें भगवान्ने अर्जुनकी शङ्का—'यद्वा जयेम यदि वा नो जयेयुः' अर्थात् युद्धमें हम जीतेंगे या वे हमें जीतेंगे ? (२।६)का भी उत्तर दे दिया। उन्होंने विशेष अनुग्रह करके दिखा दिया कि विकराल दाँतोंवाले एवं अग्निके समान प्रज्वलित उनके मुखमें धृतराष्ट्रके पुत्र, भीष्म, द्रोण आदि सभी समा रहे हैं। इस प्रकार जो मृत्युको प्राप्त नहीं हुए थे, उन्हें भी मृत दिखाकर भगवान्ने अर्जुनको कृपापूर्वक आसन्न-भविष्यका दर्शन करा दिया और सावधान कर दिया कि तुम जो युद्ध नहीं करनेको कहते हो एवं गुरुजनोंकी मृत्युसे डर रहे हो, वे सब तो मरनेवाले ही हैं, चाहे तुम युद्ध करो या न करो। ऐसा कहकर भगवान्ने फिर समझाया—तुम क्षत्रिय-धर्मका पालन करो और विजयश्री प्राप्त करो—

> तस्मात्त्वमुत्तिष्ठ यशो लभस्व
> जित्वा शत्रून् भुङ्क्ष्व राज्यं समृद्धम्।
> (११।३३)

यहाँ भगवान्का आशय यही है कि मनुष्यको सदैव अपने कर्तव्य-पालनमें तत्पर रहना चाहिये। फलकी इच्छा नहीं करनी चाहिये।

भगवान्ने भी जब देखा कि अर्जुन मेरे विराट्-रूपको देखकर डर गये हैं और अब ये अधिक समयतक मेरे इस 'तेज'को सह न सकेंगे, तब कृपालु प्रभु अपने प्यारे सखाके अनुरोधपर पुनः चतुर्भुज रूप हो मुस्कराते हुए बोले—'(सखे) अर्जुन! तुम डरो मत। मोहको प्राप्त न हो। मेरे चतुर्भुज-रूपको फिर देखो।' अर्जुन चतुर्भुज-रूपको देखकर आश्वस्त हुए तो भगवान्ने अपनी विशिष्ट कृपा उद्घाटित की—'हे अर्जुन! मेरा यह चतुर्भुज-रूप देखनेको अति दुर्लभ है। वेद, दान, तप, यज्ञ आदिसे भी यह नहीं देखा जा सकता। यह तो अनन्य-भक्तिसे ही देखा जा सकता है।'

विराट्-रूपका दर्शन कराकर भगवान्ने अर्जुनपर अभूत-पूर्व कृपा की। किसी नाटकमें भी पात्र अपना असली रूप नहीं बताता। यदि वास्तविक रूप प्रकट कर दिया जाय तो अभिनयकी सफलता ही संदिग्ध हो जाय। इसीलिये भगवान्ने अपना विराट्-रूप अनुग्रह करके दोषदृष्टिरहित अनन्य-भक्त अर्जुनको ही दिखाया, अन्य लोगोंको नहीं। आगे बारहवें अध्यायमें भगवान्ने अर्जुनके पूछनेपर सगुणोपासना-की श्रेष्ठतापर प्रकाश डाला।

गीताके तीन षट्कोंमें पहला कर्मका, दूसरा भक्तिका और तीसरा ज्ञानका प्रकरण माना जाता है। वैसे तो तीनों षट्कोंमें ही कर्म, भक्ति और ज्ञानयोगका वर्णन हुआ है, किंतु अन्तिम षट्कमें जितना ज्ञानका वर्णन है, उससे भी अधिक वर्णन पहले षट्कमें कर्मका हुआ और मध्य षट्कमें तो उपासना-का ही वर्णन सर्वाधिक है। इससे सिद्ध यही होता है कि गीतामें सर्वाधिक वर्णन भक्तियोगका ही हुआ है। बारहवें अध्यायके १९, तेरहवें अध्यायके ३४ और चौदहवें अध्यायके २०—कुल ७३ श्लोकोंमें उपासनाका प्रकरण चला है। इस लम्बे प्रकरण-में केवल भगवान् ही बोलते गये हैं, अर्जुन मात्र श्रोता रहे हैं। इसके पश्चात् अठारहवें अध्यायके ७१ श्लोक भी दोनों उपासनाओंके वर्णनमें ही कहे गये हैं। इससे यह सिद्ध होता है कि भगवान्को उपासनाविषयक प्रसङ्ग रुचिकर लगता है; क्योंकि उपासना जीवोंका कल्याण करनेमें अत्यन्त सहायक है।

भगवान्ने इन श्लोकोंसे ज्ञानमार्ग और भक्तिमार्ग—दोनोंका ही विवेचन विशद रूपसे किया है। भगवान्के इस वर्णनके पीछे उनका यह कृपा-भाव है कि मनुष्यमात्र किसी भी मार्गका अवलम्बन लेकर अपना कल्याण करे।

बारहवें अध्यायमें सगुणोपासनाका विवेचन करनेके पश्चात् भगवान्ने तेरहवें अध्यायमें अव्यक्त अक्षर निर्गुणको जानने और उसकी उपासनाका वर्णन करते हुए क्षेत्र-क्षेत्रज्ञको भली प्रकार जाननेका फल परमात्माकी प्राप्ति बताया। चौदहवें अध्यायमें प्रकृतिके कार्य गुणोंको लेकर मुख्यतः गुणातीतके लक्षण, आचरण और गुणातीत होनेके उपाय बताये और विशिष्ट अनुग्रहके रूपमें यह रहस्य उद्घाटित किया—

> मां च योऽव्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते।
> स गुणान् समतीत्यैतान् ब्रह्मभूयाय कल्पते॥
> (१४।२६)

'जो अव्यभिचारी भक्तिरूप योगके द्वारा सदा मुझे भजता है, वह तीनों गुणोंका उल्लङ्घन करके ब्रह्ममें एकी-भावसे स्थित होनेके लिये योग्य होता है।'

पंद्रहवें अध्यायको तो भगवान्‌की महती कृपा ही कहा जा सकता है; क्योंकि एक तो भगवान्‌ने अर्जुनके बिना पूछे ही इसे आरम्भ किया, दूसरे सम्पूर्ण गीतामें एक यही अध्याय ऐसा है, जिसे भगवान्‌ने 'गुह्यतम शास्त्र'की संज्ञा दी है—

इति गुह्यतमं शास्त्रमिदमुक्तं मयानघ।
एतद् बुद्ध्वा बुद्धिमान् स्यात्कृतकृत्यश्च भारत॥
(१५।२०)

भगवान्‌ने कृपा करके इस अध्यायमें अपना परम गोपनीय प्रभाव भली प्रकारसे कहा है। जो मनुष्य भगवान्‌को सर्वोत्तम समझ लेता है, फिर उसका मन एक क्षणके लिये भी भगवच्चिन्तनका त्याग नहीं कर सकता। जब मनुष्य भगवान्‌का प्रभाव भली प्रकार समझ लेता है, तब वह परमात्माकी शरण होकर उनकी कृपासे अन्ततः परमतत्त्वको पा लेता है।* (क्रमशः)

भगवत्कृपाका भरोसा

(ब्रह्मलीन विरक्त संत श्रीगुलाबदासजी महाराज)

मनुष्य-जीवनका परम पुरुषार्थ है प्रभु-चरणोंमें पूर्ण समर्पण। अपने आपको सदाके लिये प्रभुमें स्थापित कर देना, उनकी कृपाके भरोसे ही रहना, उनकी ही आज्ञाका पालन करना—

एक भरोसो एक बल एक आस बिस्वास। एक राम घनस्याम हित चातक तुलसीदास॥

प्रभुमें विश्वास और उनके चरणोंका आश्रय स्वीकार करतेही विषयोंसे उपरामता होने लगती है और अहंता-ममताके कारण जो भूल हुई है, वह भी उनकी कृपासे मिट जाती है। अहंता-ममताका अन्धकारपूर्ण आवरण भगवत्कृपाकी शक्तिसे छिन्न-भिन्न हो जाता है। यदि मनुष्य एक बार सच्चे हृदयसे प्रभुकी शरणमें चला जाय तो वे कृपालु उसकी भूलको भी क्षमा कर देते हैं। वस्तुतः उनका स्वभाव ही क्षमाशील है, अतः वे अपने प्रपन्नकी भूलपर ध्यान ही नहीं देते। वे भक्तवत्सल हैं। जैसे गौ अपने नवजात शिशुको स्नेहपूर्वक चाट कर उसे शुद्ध—निर्मल बना देती है, उसी प्रकार वे प्रभु अपने शरणापन्न भक्तोंके अवगुण ध्यानमें न लाकर अथवा कृपापूर्वक नष्ट करके, उन्हें (भक्तोंको) पवित्र-बना देते हैं। नृसिंह-अवतारमें भक्त प्रह्लादको जिह्वासे चाटकर अपूर्व कृपा-वर्षा की। शरणागतके लिये कृपापरवश प्रभु जब सेठ तथा दासीका रूपतक बना लेते हैं, उनकी कृपाद्वारा जहरसे अमृत बनना तो साधारण-सी बात है। नरसी मेहताके लिये वे (माहेरा) भरने सेठ बनकर प्रकट हुए। सखूबाईके लिये दासी-भावसे सारा कार्य करते हुए उन्होंने भक्तवत्सलताका अद्भुत स्नेहमय भाव प्रकट किया। मीराके लिये विषको अमृत बना दिया, कहाँतक गिनाएँ, उनकी भक्तवत्सलताके अनन्त आख्यान हैं। संतोंने कहा है कि—

राम भरोसो राखिये ऊणत नहीं काई। पूरणहारा पूरसी कलपो मत भाई॥

जबसे यह शरीर मिला है, सब व्यवस्था हो रही है। अतः संकल्प-विकल्पको त्यागकर सबके सहायक श्रीरामजीका भजन करना चाहिये—

जबसे यह बानक बना सब सूंझ बनाई। 'दरिया' विकलप मेटके भजो राम सहाई॥

सभी प्रकारकी व्यवस्था करनेवाली हमारी सच्ची माँ है भगवत्कृपा। बच्चा (जीवात्मा) जब माँ (भगवत्कृपा) को भूलकर बाह्य विषयोंसे ही खेलने लगता है और अधिक उत्पात करता है, तब कृपामयी माँ प्रतिकूल परिस्थितिरूपा लाठी दिखाकर इधरसे हटाती है। पुचकार एवं फटकार दोनों स्थितियोंमें बालक (भक्त) माँ (भगवत्कृपा) की गोदमें ही जाना चाहता है; क्योंकि उसे एकमात्र भरोसा माँ (कृपा) का ही है। (प्रेषक—श्रीमाजी सा,

---

* इस लेखका शेषांश फरवरीके अङ्कमें देखना चाहिये।

विश्वास और भगवत्कृपा

जैसे अरुणोदयमात्रसे अमावस्याकी घोर निशाका नाश हो जाता है, इसी प्रकार भगवान्‌का पूर्ण विश्वास होनेके पूर्व ही अर्थात् थोड़े ही विश्वाससे पाप-तापरूप तम नष्ट हो जाता है। मनुष्य तभीतक पापाचरण करता है और तभीतक संसारके विविध दुःखोंके दावानलमें दग्ध होता रहता है, जबतक कि उसका ईश्वरके अस्तित्वमें विश्वास नहीं होता। 'ईश्वर है'—इस विश्वाससे ही मनुष्य निर्विकार, निःशङ्क, निर्भय और निश्चिन्त हो जाता है। भगवान्‌पर विश्वास करनेवाला पुरुष इस बातको भलीभाँति जानता है कि भगवान् सर्वव्यापी, सर्वदर्शी, सर्वशक्तिमान्, परमदयालु, योगक्षेमवाहक, विश्वम्भर और परम सुहृद् हैं। ऐसी अवस्थामें वह काम, लोभ या भय आदि किसी कारणसे भी पाप नहीं करता। जब एक पुलिस-अधिकारीको देखकर मनुष्य विधान-विरुद्ध काम करनेमें हिचकता है, किसी सुयोग्य गुरुजनके सामने पाप करनेमें संकुचाता है, तब वह सबके स्वामी और परमगुरु भगवान्‌को सामने समझकर पाप कैसे कर सकेगा? जब भगवान् विश्वम्भर योगक्षेमका निर्वाह करनेवाले हैं, तब साधक अपने और परिवारके भरण-पोषणादिके लिये न्यायपथको छोड़कर पाप-पथपर क्यों जायगा? जब वह अपने परम सुहृद्, परम दयालु, सर्वशक्तिमान् परमात्माको सर्वव्यापीरूपसे सर्वत्र देखेगा, तब ऐसा कौन-सा ताप या भय है, जो उसे जला सकेगा या पापके मार्गमें ले जायगा? भगवद्विश्वासी पुरुष तो वस्तुतः ईश्वरकी ही दयापर भरोसा करनेवाला बन जायगा, उसे पद-पदपर, पल-पलमें भगवत्कृपाका प्रत्यक्ष अनुभव होता रहेगा।

जो भगवत्कृपापर निर्भर रहता है, वह किसी कालमें दुःखी नहीं हो सकता। वह तो प्रत्येक बातमें भगवान्‌का विधान समझकर और भगवान्‌के विधानको उनकी दयासे ओतप्रोत देखकर प्रफुल्लित होता रहता है। वह समझता है कि मेरे नाथने मेरे लिये जो कुछ विधान कर दिया है, वही परम कल्याणरूप है और वास्तवमें है भी ऐसा ही। उसकी बुद्धिमें ही यह भाव नहीं आता कि 'भगवान्‌का कोई विधान कभी जीवके लिये अमङ्गलरूप होता है।' मङ्गलमय भगवान् अपने अंश जीवका अमङ्गल कभी कर ही नहीं सकते। जब कभी वे किसीके लिये कोई दुःखका विधान करते हैं तो अत्यन्त ही दयाके वश हो, उसके कल्याणार्थ ही करते हैं। जैसे जननी अपने बच्चेके कल्याणके लिये कभी-कभी उसके साथ ऐसा व्यवहार करती है, जो बच्चेको बड़ा क्रूर प्रतीत होता है और वह भूलवश मातासे अप्रसन्न भी होता है, परंतु माता उसकी अप्रसन्नताकी कुछ भी परवाह न कर अपने उस व्यवहारको नहीं छोड़ती; क्योंकि उसका हृदय स्नेहसे भरा है, वह बच्चेका परम हित चाहती है। इसी प्रकार स्नेह-सुधाके असीम सागर भगवान्, जिनके स्नेहकी एक बूँदने ही विश्वकी सारी माताओंके हृदयोंमें पैठकर उनको अनादिकालसे स्नेहमय बना रखा है, अपने प्यारे बच्चोंके लिये उनके हितार्थ ही दण्ड-विधान किया करते हैं। उनका दण्ड-विधान वैसा ही होता है, जैसे माता बच्चेको आगके समीप जानेसे रोककर उसे अलग कर देती है, नहीं मानता तो कभी-कभी उसे बाँध देती है। अथवा उसके हाथसे छूरी या और कोई ऐसी चीज, जो उसको हानि पहुँचानेवाली है और उसने मोहवश ले रखी है, बलात् छीन लेती है तथा बुरा आचरण न छोड़नेपर डराती-धमकाती है। भगवान्‌के विधानद्वारा मनुष्यमें विषय-भोगोंके योग्य शक्ति न रहना, विषयोंसे अलग होनेको बाध्य होना, विषयोंका हठात् छिन जाना या नाश हो जाना आदि कार्य इसी श्रेणीके हैं। वास्तवमें विषयभोग—दुनियाके धन-धाम, यश-कीर्ति, स्त्री-पुत्र आदि पदार्थ तो मनुष्यको नरकाग्निकी ओर ले जानेवाले हैं, जो इनमें रचता-पचता है, वह दुःख-दावानलमें दग्ध होनेसे नहीं बच सकता। भला, भगवान् जो हमारे परम सुहृद् और परम हितैषी हैं, हमें वे वस्तुएँ क्यों देने लगे? और क्यों हमें इनमें आसक्त रहनेकी स्वतन्त्रता प्रदान करने लगे!

जो लोग केवल इन वस्तुओंकी रक्षा और प्राप्तिमें ही भगवान्‌की कृपा समझते हैं, वे बड़ी भूल करते हैं। ये वस्तुएँ तो हमें संसार-सागरमें डुबानेवाली हैं, दयालु भगवान् हमें संसार-समुद्रमें ढकेलनेके लिये इनको कैसे दे सकते हैं? माता क्या कभी प्यारी संतानको जान-बूझकर आरम्भमें मीठे लगनेवाले जहर-भरे लड्डू दे सकती है? क्या कभी उसे सोनेकी पिटारीमें रखकर काला नाग (सर्प) दे सकती है! क्या कभी उसे लाल-लाल लपटोंवाली आगमें झोंक सकती है! फिर भगवान् हमें ये विषय-भोग देकर ऐसा क्यों

करेंगे ? इसीलिये जब ये विषय नहीं रहते, जब विषय-नाशरूप सांसारिक दृष्टिका कोई दुःख आता है, तब भगवान्‌के विश्वासी भक्तोंका चित्त हर्षसे नाच उठता है, वे उसको भगवत्कृपासे ओतप्रोत देखकर, उसमें भगवत्कृपाकी माधुरी मूर्तिके दर्शनकर शिशुकी भाँति उसको जोरसे पकड़ लेते हैं। उसमें उन्हें बड़ा आनन्द मिलता है, इस बातका प्रत्यक्ष अनुभव तब होता है, जब हम दुःख आनेपर भगवान्‌की बड़ी भारी कृपा मानते हैं।

इसका यह अर्थ नहीं कि भगवान्‌से सांसारिक वस्तु माँगनेवालोंको भगवत्कृपा नहीं मिलती। मिलती है; क्योंकि प्रत्येक वस्तु आती है उन्हींके भण्डारसे, परंतु ऐसी चीजोंके माँगनेवाले गलती करते हैं। भगवान्‌पर ही आस्था रखनेवाले विश्वासी अर्थार्थी-भक्त यदि कोई ऐसी वस्तु माँगते हैं तो भगवान् उन्हें दे देते हैं और फिर उसी तरह उसकी सँभाल भी करते हैं, जैसे माता छोटे शिशुके हठ पकड़ लेनेपर उसे चाकू दे देती है, पर कहीं लग न जाय, इस बातकी ओर सतर्क दृष्टि भी रखती है। भगवान्‌की कृपाके रहस्यको जाननेवाला सच्चा निर्भर भक्त तो ऐसी वस्तुएँ माँगता ही नहीं, माँग भी नहीं सकता। उसकी दृष्टिमें इनका कोई मूल्य ही नहीं रहता। वह तो भगवान्‌की इच्छामें ही परम सुखी होता है। कभी माँगता है तो बस, यही माँगता है—'हे भगवन्! मैं सदा आपके इच्छानुसार बना रहूँ, आपकी इच्छाके विपरीत मेरे चित्तमें कभी कोई वृत्ति ही न उदय हो।' भगवान् मङ्गलमय हैं, उनकी अनिच्छामयी इच्छा भी कल्याणमयी है, अतएव इस प्रकारकी प्रार्थना करनेवाला भक्त भी मङ्गलमयी इच्छावाला अथवा सर्वथा इच्छारहित—निःस्पृह बन जाता है। वह नित्य-निरन्तर भगवान्‌के चिन्तनमें ही लगा रहता है और उसीमें उसको शान्ति मिलती है, थोड़ी देरके लिये भी यदि किसी कारणवश भगवान्‌का विस्मरण हो जाता है तो वह उस मछलीसे भी अनन्तगुना अधिक व्याकुल होता है, जो जलसे अलग होते ही छटपटाने लगती है। वह संसारमें सर्वत्र, सब ओर, सब समय अपने प्रभुकी मुनि-मनोमोहिनी छविको देखता और पल-पलमें पुलकित होता रहता है। सारा विश्व उसे अपने प्रभुसे भरा दीखता है। वह सबको सुख पहुँचाता है। किसी भी वेषमें आये हुए पिताको पहचान लेनेपर जैसे सुपुत्र उसका अपमान और अहित नहीं कर सकता, उसे किंचित् भी दुःख नहीं पहुँचा सकता, इसी प्रकार भक्त संसारके प्रत्येक जीवके वेषमें अपने प्यारेको पहचानकर उनका सत्कार और हित करता है तथा प्राणपणसे सुख पहुँचानेकी ही चेष्टा करता है।

'जापै राम राजी होत करिकैं कृपाकी कोर'

(रचयिता—ठा० श्रीरणवीरसिंहजी शक्तावत 'रसिक')

जामैं राम राजी होत करिकैं कृपाकी कोर,
राजी होत तापै नर-अमर तमाम हीं,
होत बल-बुद्धि-ज्ञान-सागर उजागर सो,
नागर-गुनागर कहात ठाम-ठाम हीं।
हाथ मैं हमेस विजै-लच्छमी रहत बनी,
सहज सफल होत ताके सब काम हीं,
जग में 'रसिक' ताके जसके पताके उरि,
पार सविताके जाइ होत चिरनाम हीं॥

शरणागति और भगवत्कृपा

(लेखक—स्वामी श्रीसनातनदेवजी महाराज)

कृपा प्रभुका स्वभाव है। स्वरूप भी कहा जाय तो अनुचित न होगा। भगवान्‌के निज-जन कहते हैं—'प्रभु-मूरति कृपामई है।' कृपाके सिवा भगवान्‌में और कुछ है ही नहीं। जो और कुछ-सा दिखायी देता है, वह भी कृपाका ही विलास है। उनके प्यार और मार—दोनों ही कृपामय हैं। माँ बच्चेको डाँटती और मारती भी है; किंतु क्या उसकी मारमें प्यार नहीं है ? माँ तो अल्पशक्ति और अल्पज्ञ है; इसलिये सम्भव है, उसकी मारमें कोई प्रति-शोधका अंश और प्यारमें स्वार्थकी गन्ध रह जाय; परंतु प्रभु तो सर्वसमर्थ और सर्वज्ञ हैं, उन्हें किसीसे कुछ भी पाने या लेनेकी अपेक्षा नहीं रह सकती। अतः वे जो भी विधान करते हैं, वह आपातदृष्टिसे भले ही भयावह और असह्य जान पड़े, परंतु उसमें जीवका हित-ही-हित भरा रहता है। उनका कोई भी विधान जीवके अहितका कारण हो—यह सम्भव नहीं है।

किंतु क्षुद्र जीव प्रभुकी इस अनवरत बरसती हुई कृपाका आकलन नहीं कर पाता। उसने अपनेको इस देह-गेहकी संकुचित परिधिमें ऐसा बाँध दिया है कि उसे अपनी अल्प-मतिके अनुसार जो अपने अनुकूल दीखता है, उसमें प्रभुकी कृपा और जो प्रतिकूल जान पड़ता है, उसमें उनका कोप दिखायी देता है; परंतु वह बेचारा यह नहीं जानता कि प्रभुका कोप भी कृपाका ही विलास है—

'क्रोधोऽपि देवस्य वरेण तुल्यः।'

(पाण्डवगीता २३)

हो सकता है उस (कोप)से उसके इस पार्थिव-शरीरकी कोई क्षति या कोई आर्थिक संकट उपस्थित हो जाय और समाजमें उसे नीचा देखना पड़े, परंतु यह सब होनेपर भी प्रभुके कृपाकोपद्वारा उसका वास्तविक मङ्गल ही सम्पादित होता है। उसे यह विचारना चाहिये कि उसके पास जो कुछ है, वह सब प्रभुका ही तो दिया हुआ है। स्वेच्छासे या स्वप्रयत्नसे तो उसने कुछ भी प्राप्त नहीं किया। यदि उसे ऐसा लगता है कि मैंने अमुक वस्तु या अमुक परिस्थिति अपने पुरुषार्थसे प्राप्त की है तो उसे सोचना चाहिये कि उस पुरुषार्थकी शक्ति, योग्यता और प्रेरणा भी क्या उसने स्वयं ही उपार्जित की थी, क्या वे किसीकी देन नहीं हैं ? अतः जो शक्तिके स्रोत और प्रेरणाके प्रदीप हैं, वे परम उदार प्राणाधार ही वास्तवमें सब कुछ देते हैं, वे ही देते रहे हैं और वे ही देते रहेंगे। वे इतने उदार हैं कि आप उनकी देन स्वीकार नहीं करेंगे तो भी वे देना बंद नहीं करेंगे, आप उनकी सत्ता स्वीकार नहीं करेंगे तो भी वे कुपित नहीं होंगे और आप उनसे विरोध करेंगे तो भी वे आपका अहित नहीं करेंगे। इस प्रकार आपका काम तो उन्हें स्वीकार न करनेपर भी चलता रह सकता है, परंतु फिर काम ही चलेगा, राम नहीं मिलेगा। उनके पवित्र प्रेम और उदार आश्रयमें जो अनुपम रस, शान्ति और निश्चिन्तता है, उनसे आप वञ्चित ही रह जायँगे। ऐश्वर्य तो रावण, हिरण्यकशिपु और कंसका भी कम नहीं था; परंतु विभीषण, प्रह्लाद और उग्रसेनको जो भक्ति-रस और भगवत्संरक्षण प्राप्त था, उससे तो वे वञ्चित ही रहे।

इस प्रकार यद्यपि भगवत्कृपा अहैतुकी और सार्वभौ[म] है, तथापि उसकी अनुभूति उन्हींको होती है, जो अपन[ा] कुछ न मानकर सब प्रकार प्रभुके शरणापन्न हो जाते हैं।

कामनाओंका जाल जीवको स्वार्थ और मोहमें फँसा[ये] रखता है। उनके कारण उसकी दृष्टि अत्यन्त कुण्ठित हो जाती है और वह भगवत्कृपाका दर्शन करनेकी क्षमता खो बैठती है। यदि प्राणी कामनाओंको छोड़कर भगवद्विधान[में] संतुष्ट रहनेका स्वभाव बना ले तो पद-पदपर उ[से] भगवत्कृपाका दर्शन होगा। कामना ही चित्तकी अशु[द्धि] है। जब इस मलका मार्जन हो जाता है, तब हृदय-दर्प[ण] शुद्ध हो जाता है और उसमें भगवान्‌के कर्तृत्वका स्प[ष्ट] आभास पड़ने लगता है। इससे शनैः-शनैः अपने कर्तृत्व[की] भ्रान्ति विलीन होने लगती है और फिर कर्तृत्वके सा[थ] कर्ताका भी लोप हो जाता है। कर्ताका न रहना अहंताकी निवृत्ति है और अहंताकी निवृत्ति ही स[च्ची] शरणागति है। शरणागतकी अपनी कोई सत्ता नहीं रहती फिर वह न रहकर उसके प्रभु ही रह जाते हैं। इस[से] पहले तो शरणागतिकी भावना ही होती है। यद्यपि वह साधनरूप होनेसे श्रेयस्कर ही है। ममता तो इससे प[हले] ही समर्पित हो जाती है।

अहंताकी निवृत्ति ही शरणागतिकी पूर्ति है। ऐसे शरणागतका अपना कुछ नहीं रहता। वह कर्म और भोग—दोनोंसे असङ्ग हो जाता है। उसे सब कुछ अपने प्रभुका लीला-विलास ही जान पड़ता है। वह स्वस्वरूपसे उसका तटस्थ प्रेक्षक या साक्षीमात्र रहता है और देहदृष्टिसे अपने प्रियतमके हाथका खिलौना। खिलौनेका प्रयोजन अपने खिलाड़ीका मनोरञ्जन ही होता है, अपने लिये उसे कुछ नहीं चाहिये। अतः ऐसे महापुरुष अपने प्राणप्रेष्ठको रस प्रदान करते हैं और बदलेमें कुछ नहीं चाहते। भगवान्‌को उनकी ही आवश्यकता होती है और भगवान् उन्हींके अधीन कहे जाते हैं। यद्यपि भगवान् आप्तकाम हैं, तथापि ऐसे भक्तोंके प्रीति-रसका आस्वादन करनेके लिये वे सकाम हो जाते हैं। उन्हींकी दृष्टिसे भगवान् 'भक्तभक्तिमान्' कहे जाते हैं। यही है जीवनकी चरम परिणति और मानव-जन्मकी सफलता। ऐसे भक्त ही मुक्तिका तिरस्कार करते हैं। उन्हें पाकर मुक्ति 'मुक्त' हो जाती है। ऐसे मोक्ष-संन्यासी महापुरुषोंके चरणस्पर्शसे वसुंधरा पुण्यवती हो जाती है और तीर्थोंको तीर्थत्व प्राप्त होता है।

ऐसे महापुरुष ही भगवत्कृपाका ठीक-ठीक आकलन कर सकते हैं। उन्हें सृष्टिके कण-कणमें और जीवनके क्षण-क्षणमें भगवत्कृपाके ही दर्शन होते हैं। उनकी दृष्टिमें कृपा ही भगवान्‌का स्वरूप होता है और सम्पूर्ण प्रपञ्च उस कृपा-शक्तिका ही विस्तार जान पड़ता है। उनके द्वारा जो कुछ भी होता है, वह सब भगवान्‌की कृपा-शक्तिका ही लीला-विलास होता है। भगवत्कृपासे भिन्न उनका अपना भी कोई अस्तित्व नहीं होता। अतः उनके द्वारा जो भी चेष्टा होती है, वह सर्वमङ्गलकारिणी ही होती है। उन्हें आधार बनाकर प्रभु ही लोक-कल्याण करते हैं। वे प्रभुके लीला-विलासका रसास्वादन करते हैं और प्रभु उनके प्रीति-रसका पान करते हैं। दोनों ही अलौकिक और चिन्मय हैं। यही है प्रेमी और प्रियतमका चिन्मय नित्य-विहार।

भगवत्कृपा एवं शरणागति

(रचयिता—श्रीकेशवदेवजी शास्त्री 'केशव')

भगवत्कृपा भक्तिसे होती, भक्त शान्ति-गति लाते हैं।
शरणागत-भक्तोंकी सद्‌गति, वेद-पुराण सुनाते हैं॥
शरणागत आये जो प्रभुके, सबने संकट ढाया है।
ध्रुव, प्रह्लाद, अजामिल, गणिका, सबने गौरव पाया है॥
भारई के अण्डे भारतमें, घण्टा टोर बचाये हैं।
जौ भर सूँड़ उबारा गज को, प्रभु नंगे पद धाये हैं॥
द्रुपद सुता की टेर सुनी जब, साड़ी-वास बलाया था,
लंकापति बन गया विभीषण, शरण-प्रताप बताते हैं॥ भगवत्कृपा०॥
कर्मठ बनो, करो पुरुषारथ, लोकलाभ निष्ठा लाओ।
प्रातः सायं प्रभु चिंतन कर, भगवद्—भक्ति हृदय लाओ॥
जब आश्रय होगा प्रभु-पदका, सात्त्विक भक्ति सुहायेगी।
शरणागति होगी जब प्रभुकी, पावन मनगति लायेगी॥
भगवत्कृपा बिना मानव ना, वांछित फल ला सकता है,
भगवच्छरणागति-प्रतिमा से, पुरुष-प्रदीप जगाते हैं॥ भगवत्कृपा०॥

युगल-उपासनामें कृपा-रहस्य

(लेखक—श्रीश्रीकान्तशरणजी महाराज)

युगलचरण-कृपा-पात्र प्रातःस्मरणीय श्रीगोस्वामीजी महाराजने श्रीसीतारामजीकी तात्त्विक एकताका बड़ा ही सटीक वर्णन किया है—

गिरा अरथ जल बीचि सम कहिअत भिन्न न भिन्न ।
बंदउँ सीता राम पद जिन्हहि परम प्रिय खिन्न ॥

(मानस १ । १८)

'श्रीसीताजी और श्रीरामजी वाणी और अर्थ, जल और जलकी तरंगके समान कहनेमें तो भिन्न-भिन्न हैं, पर (तत्त्वतः) भिन्न नहीं हैं। मैं उनके चरणोंकी वन्दना करता हूँ, जिन्हें दीन परम प्यारे हैं।'

'वाणी' और 'अर्थ' तत्त्वतः एक हैं। मान लें 'पय' वाणी है तो 'दूध' इसका अर्थ है। इसमें 'पय' और 'दूध' एक ही वस्तु हैं; उसी प्रकार 'जल' और 'जलकी लहर'—दोनों जल-रूपसे एक वस्तु हैं, इसी प्रकार श्रीसीताजी और श्रीरामजी एक ही हैं। दोनों मिलकर एक अखण्ड ब्रह्मतत्त्व हैं। 'गिरा अरथ' मात्र कहा गया होता तो 'गिरा' स्त्रीलिङ्ग है, इससे 'अरथ' प्रकट होता है। अतः श्रीसीताजी कारण और पुँल्लिङ्ग पद 'अरथ' रूप श्रीरामजी कार्य समझे जाते। ऐसे ही 'जल' पुँल्लिङ्ग है, इसलिये श्रीरामजीके लिये है और 'बीचि' पद स्त्रीलिङ्ग है, इस कारण श्रीसीताजीके लिये है। जलसे बीचि प्रकट होती है। अतः श्रीरामजी कारण और श्रीसीताजी कार्य समझी जातीं। दो बार हेर-फेर कर कहनेमें दोनों रूपोंमें कार्य-कारणका निषेध किया गया है।

श्रीभरतजीने भी दोनोंका अन्तर्यामित्व साथ-साथ कहा है—

'अन्तरजामी रामु सिय……' । (मानस २ । २५६)

लीला-व्यापारमें भी श्रीजी सदा सहायिकारूपमें श्रीहरिके साथ रहती हैं—

एवं यदा जगत्स्वामी देवदेवो जनार्दनः ।
अवतारं करोत्येषा तदा श्रीस्तत्सहायिनी ॥
राघवत्वेऽभवत् सीता रुक्मिणी कृष्णजन्मनि ।
अन्येषु चावतारेषु विष्णोरेषानपायिनी ॥
देवत्वे देवदेहेऽयं मनुष्यत्वे च मानुषी ।
विष्णोर्देहानुरूपां वै करोत्येषाऽऽत्मनस्तनुम् ॥

(श्रीविष्णुपु० १ । ९ । १४२, १४४-१४५)

अर्थात् 'इस प्रकार संसारके स्वामी देवाधिदेव श्रीविष्णु-भगवान् जब-जब अवतार धारण करते हैं, तब-तब श्रीलक्ष्मीजी उनके साथ रहती हैं। श्रीहरिके श्रीराम होनेपर ये श्रीसीता-जी हुईं और श्रीकृष्णावतारमें श्रीरुक्मिणीजी हुईं। इसी प्रकार अन्य अवतारोंमें भी ये भगवान्‌से कभी पृथक् नहीं होतीं। भगवान्‌के देवरूप होनेपर ये दिव्य शरीर धारण करती हैं और मनुष्य होनेपर मानवीरूपमें प्रकट होती हैं। विष्णुभगवान्‌के अनुरूप ही ये अपना शरीर भी बना लेती हैं।'

शङ्का—उपर्युक्त विवेचनके अनुसार श्रीसीताजी और श्रीरामजी—दोनों एकरूप (ब्रह्म) ही हैं, फिर—

आदिसक्ति जेहिं जग उपजाया । सोउ अवतरिहि मोरि यह माया ॥

(मानस १ । १५१ । २)

श्रीसीताजीको 'माया' कहकर भिन्न बतानेका क्या कारण है ?

समाधान—(क) जैसे श्रीरामजीके अंशसे नाना त्रिदेव उत्पन्न होते हैं, वैसे ही श्रीसीताजीके अंशसे उन त्रिदेवोंकी शक्तियाँ (मायाएँ) प्रादुर्भूत होती हैं और फिर यह भी प्रमाण है कि—

'माया सब सिय माया माहूँ ।' (मानस २ । २५२ । २)

सभी मायाएँ श्रीसीताजीकी मायामें हैं। इस प्रमाणसे सृष्टिकी उत्पत्तिकी मुख्य कारणरूपा मूलप्रकृति भी श्रीसीताजीकी इच्छासे प्रादुर्भूत होती है। यथा—

'यत्कटाक्षेण वै जाता मूलप्रकृतिसंज्ञिता ।'

अर्थात् जिन श्रीसीताजीके कटाक्षसे मूलप्रकृति उत्पन्न हुई है, वे ही माया जगत्-रचनामें कारण हैं। इसीलिये ऊपर श्रीसीता-जीके प्रति 'जग उपजाया' आदि कहा गया है। श्रीराम-जीकी सृष्टि-इच्छा होनेपर आप अपने कटाक्षसे मूलप्रकृति (माया)के माध्यमसे जगत्-रचना आदि करती हैं, इससे श्रीरामजीने इन्हें अपनी माया कहा है। अन्यत्र भी—

……………………………'माया जानकी ।
जो सृजति जगु पालति हरति रुख पाइ कृपानिधान की ॥

(मानस २ । १२५ छन्द)

अर्थात् हे कृपानिधान ! श्रीजानकीजी आप (श्रीरामजी) की माया (आदिशक्ति) हैं, वे आपका रुख पाकर जगत्को रचती, पालती और संहार करती हैं । सृष्टि-रचना जीवोंपर कृपा करनेके लिये ही होती है, इसलिये यहाँ प्रभुको 'कृपानिधान' कहा गया है ।

त्रिगुणात्मिका माया जड है, वह अचित्-तत्त्वके नामसे कही जाती है । श्रीसीताजी वह माया नहीं हैं, प्रत्युत चिद्रूपा हैं—

'हेमाभया द्विभुजया सर्वालंकारया चिता ।'
(रामतापनीयोप० पू० २७)

'विश्वमूला, विश्वमाता, स्वर्णवर्णा और चिद्रूपा, सुन्दरी, दिव्य रूपवाली श्रीसीताजी एकान्तमें विराजमान हैं'—

एकान्तेऽवहितां सीतां दिव्यरूपां मनोरमाम् ।
विश्वाद्यां विश्वजननीं स्वर्णरूपां चिदात्मिकाम् ॥
(सुन्दरीतन्त्र, प्रथम-पटल)

अयोध्याधिपति श्रीरामजी परब्रह्म हैं और उनकी अर्धाङ्गिनी श्रीसीताजी ज्ञानमय-विग्रहवाली कही गयी हैं—

योऽसावयोध्याधिपतिः स परब्रह्मशब्दितः ।
तस्य या जानकी देवी साक्षात्सा चिन्मयी स्मृता ॥
(पद्म० पाताल० रा० २९ । ६३)

श्रीजानकीजीमें 'कृपा'-गुणकी प्रधानता है । कृपाका पर्याय माया शब्द भी है—

'माया दम्भे कृपायां च ।'

अर्थात् 'माया' पद कृपा और दम्भके अर्थमें आता है, इस कोष-प्रमाणसे कृपारूप गुणकी प्रधानतासे भी श्रीसीताजी-को माया कहा जाता है, जैसे आनन्द-गुणकी प्रधानतासे ब्रह्म 'आनन्द' नामसे कहा जाता है ।

श्रीजानकीजी कृपामयी हैं और श्रीरामजी परम कृपालु हैं । फिर यह भी लिखा गया है कि श्रीरामजीका रुख पाकर श्रीजानकीजी जगत्-रचना करती हैं । प्रश्न उठता है, संसार तो दुःखमय है, इससे मुक्त होकर ही जीव सुखी होते हैं, ऐसे दुःखमय संसारकी रचना इन्होंने क्यों की ?

रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड (दो० ७७—८२)में विद्या-मायाके द्वारा काकभुशुण्डिजीके प्रति इसका रहस्य प्रकट किया गया है । वहाँ श्रीरामजीने हँसकर काकभुशुण्डिजीको मायाद्वारा अपने उदरमें ले जाकर अनन्त कालतक करोड़ों ब्रह्माण्डोंका भ्रमण कराया, उनमेंसे एक-एक ब्रह्माण्डमें एक-एक सौ वर्ष काकभुशुण्डिजीका रहना हुआ था । जब कृपालु श्रीरामजीने उनको श्रमित एवं प्रेममें व्याकुल देखा, तब हँसकर उन्हें बाहर निकाल दिया । बाहर आनेपर काकभुशुण्डिजीको जान पड़ा कि यह सब दृश्य तो मैंने दो ही घड़ीमें देखे हैं ।

इस कौतुकका पारमार्थिक रहस्य यह है कि श्रीरामजीने हँसकर काकभुशुण्डिजीपर माया प्रेरित की है, अतः उनकी हँसी मायामूलक है—

'माया हास बाहु दिगपाला ।' (मानस ६ । १४ । ३)

हँसना प्रसन्नतासे होता है, जिसपर प्रभु प्रसन्न होते हैं, उसपर कृपा करके अपनी विद्या-माया प्रेरित कर उसके द्वारा उसे अपने ऐश्वर्यका ज्ञान कराते हैं । वह माया भगवान्के शरीरमें अनन्त ब्रह्माण्डोंका ज्ञान कराती है ।

श्रीकौसल्याजीको ऐश्वर्य दिखानेमें भी उन्होंने हँसकर ही लीला प्रारम्भ की है, यथा—

'प्रभु हँसि दीन्ह मधुर मुसुकानी ॥'
(मानस १ । २०० । ४)

'देखरावा मातहि निज अद्भुत रूप अखंड ।'
(मानस १ । २०१)

इस ऐश्वर्य-ज्ञानसे यह स्पष्ट हो जाता है कि जगत् भगवान्का शरीर है, वे अपने विविध अङ्ग-रूप चराचर जीवोंका उनके कर्मानुसार पारस्परिक सम्बन्धोंसे पालन करते हैं । सभी उनके शरीर हैं, अतएव (हस्त-पाद आदि सेवक-रूप अङ्गोंके समान) सभी जीव अपने शरीरी भगवान्के सेवक हैं, अतः सबको उन श्रीहरिका ही भजन करना चाहिये ।

तात्पर्य—भगवान् अपनी संतानोंको दो घड़ीसे अधिक पृथक् नहीं रहने देते । दो ही घड़ीमें अनन्त काल एवं अनन्त ब्रह्माण्डोंका चक्कर लगवाकर संसारकी विलक्षणता दिखा, इनका अपनेमें गाढ़ प्रेम उत्पन्न कर फिर इन्हें अपने पास बुला लेते हैं । त्रिपाद्-विभूतिमें जीवोंकी स्वाभाविक स्थितिसे उन्हें विशेष सुख देनेके लिये श्रीसीतारामजी इस जगत्की रचना करके उन जीवोंको उनके अनादि कर्मानुसार घुमाते रहते

हैं। जैसे माता बच्चेको अधिक सुख देनेके लिये शय्यापर शयन करा देती है कि बच्चा सोकर उठेगा, फिर इसे भूख लगेगी, तब मैं इसे दूध पिलाकर विशेष सुखी करूँगी। इससे मेरा बच्चा विशेष प्रसन्न एवं पुष्ट होगा। बच्चा (शिशु) प्रायः दो ही घड़ी सोता है। उसके अधिक विलम्बतक सोते रहनेपर माता चिन्तित हो उसको जगानेका प्रयत्न करती है।

लीला-व्यापार विशेषकर माता श्रीजानकीजीके द्वारा होता है, इसीसे इन्हें 'जग-उपजाया' आदि कहा गया है। प्राणियोंका मोहवश होना, उनका सोना और नानात्वरूप जगत्‌के व्यवहारोंका अनुभव करना—उस निद्रामें उनका स्वप्न देखना है।

नित्य-धामकी दो ही घड़ियोंमें जीव यहाँके सैकड़ों कल्पोंका चक्कर लगा लेता है। फिर माता श्रीसीताजी ही चिन्तित हो अपनी अंशभूता मूलप्रकृतिके द्वारा इसे जाग्रत् होनेकी प्रेरणा करती हैं।

श्रीजानकीजीको प्रसन्न करनेके लिये किसी साधनकी आवश्यकता नहीं है; क्योंकि माताकी अपनी संतानपर स्वभावतः कृपा होती है, अतः आप निष्कारण प्रसन्न होकर आश्रितकी रक्षा करनेवाली हैं।

देखिये, भगवान् श्रीरामजीने प्रतिज्ञा करते हुए कहा है—

'सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते।'

(वा०रा० ६। १८। ३३)

अर्थात् दीन होकर 'मैं आपका हूँ'—यह याचना करते हुए। इसमें मुमुक्षुके लिये भगवान्‌की शरण होनेकी एक क्रिया है, परंतु श्रीजानकीजीने ऐसी किसी भी क्रियाकी अपेक्षा नहीं रखी, वे अपने मातृस्वभावसे स्वतः चिरकालसे पड़े हुए अपराधी जीवोंको श्रीहरि-शरणागतिका अधिकारी होते न देखकर वात्सल्यवश उनका पुरुषकारत्व ही करती हैं।

श्रीजानकीजीने घोर अपराधी जयन्तकी और अत्यन्त दुःखदायिनी राक्षसियोंकी भी रक्षा क्रमशः श्रीरामजीसे और श्रीहनुमान्‌जीसे करवायी। ये सब श्रीजानकीजीके ही अपराधी थे। इनके प्रति भी उनके हृदयमें इस प्रकारकी कृपा थी, तब और आश्रित प्राणियोंके प्रति कृपा करनेके विषयमें तो कहना ही क्या है? अतः युगल-उपासनामें श्रीजानकीजीकी कृपा अत्यन्त सुलभ है।

माताएँ स्वामीके द्वारा ही संतानोंकी रक्षा करवाती हैं। इसी रीतिसे मुमुक्षुओंका परम कल्याण होता है।

श्रीरामजीके साथ प्रथम श्रीसीताजीकी उपासना करनी चाहिये। श्रीसीताजी निर्हेतुकी, क्षमामयी एवं कृपामयी हैं। वे प्रथम उपासित होनेपर आश्रितोंके दोषोंको क्षमा कर उनपर कृपा करती हैं। फिर अपने स्वाभाविक पुरुषकारत्वसे स्वामी श्रीरामजीमें भी वैसी ही क्षमा एवं कृपाकी वृद्धि करती हैं।

जब श्रीसीताजी प्रसन्न हो अपने स्वभावानुसार स्वामीको अनुकूल कर (उक्त रीतिसे) उनमें भी निर्हेतुकी क्षमा एवं कृपा उद्दीप्त करती हैं, तब बद्ध जीवोंके पापोंको दिखानेवाली स्वामीकी सर्वज्ञता एवं सर्वज्ञतासे देखे हुए दोषोंके प्रति उन्हें दण्ड देनेमें प्रवृत्त करनेवाली उनकी सर्वशक्तिमत्ता—ये दोनों निरुपम रह जाती हैं। जीव अधिकारी सिद्ध होकर कृतकृत्य हो जाता है।

इस प्रकार युगल-स्वरूपकी एकता, इनके सम्बन्ध एवं स्वभावका तत्त्व, रहस्य आदि समझते हुए उपासकोंको इनकी उपासना करनी चाहिये।

'समर्थ राम कृपालु हो'

समर्थ राम कृपालु हो, दाता बड़े दयाल।
किरपा लघु दीरघ करो, निर्धन करण निहाल॥
निर्धन करण निहाल, हरो विपदा दे समता।
निवल सवल कर ल्योह, मूक मूढ़ करिहौ वकता॥
'रामचरण' कह रामजी! यह तुम्हारी चाल।
समर्थ राम कृपालु हो, दाता बड़े दयाल॥

—श्रीरामचरणजी महाराज

भगवान् शंकरका कृपा-वैभव

आहुकापर कृपा [पृष्ठ ३९२

बालक नभगपर कृपा [पृष्ठ ३९३

२— उपमन्युपर कृपा [पृष्ठ ३९४

अर्जुनपर कृपा

महिषासुर-उद्धार [पृष्ठ ३९७

देवी कौशिकी एवं कालिकाका प्राकट्य [पृष्ठ ३९७

सुदर्शनपर कृपा [पृष्ठ ३९८

बालिका शशिकलापर

श्रीजानकीजीकी अहैतुकी कृपा

(लेखक—स्वामी श्रीसीतारामशरणजी महाराज)

मर्यादापुरुषोत्तम भगवान् श्रीराघवेन्द्रकी प्राणवल्लभा ाजननी श्रीजानकीजीकी अहैतुकी कृपाका शास्त्रोंमें ात्र विशद वर्णन हुआ है। 'श्रीगुणरत्नकोश'में स्वामी ापराशर भट्ट कहते हैं—

मातर्मैथिलि राक्षसीस्त्वयि तदैवार्द्रापराधास्त्वया
रक्षन्त्या पवनात्मजाल्लघुतरा रामस्य गोष्ठी कृता।
काकं तं च विभीषणं शरणमित्युक्तिक्षमौ रक्षतः
सा नः सान्द्रमहागसः सुखयतु क्षान्तिस्तवाकस्मिकी ॥
(५०)

'हे माता मैथिलि ! राक्षसराजपुरी लंकामें अपने विषयमें ात्य-नवीन अपराध करनेवाली उन राक्षसियोंकी बिना ारणागति ग्रहण किये ही उनपर रुष्ट श्रीहनुमान्‌जीसे अनेक ातुदर्शक वाक्योंद्वारा रक्षा करके आपने रघुकुलभूषण ाीराघवेन्द्रकी क्षमामयी सभाको अत्यन्त लघु कर दिया; क्योंकि ाीराघवेन्द्रने तो जयन्त तथा विभीषणकी 'मैं आपका हूँ'—ास प्रकार शरणागति ग्रहण करनेपर रक्षा की, किंतु आप ापने क्षमागुणकी प्रबलतासे शरणागतिकी अपेक्षा न करके ाकेवल अहैतुकी कृपासे ही रक्षा करती हैं, आपकी वह अहैतुकी ाक्षमा हमारे-सदृश महान् अपराधियोंको सुखी करे।'

श्रीमद्वाल्मीकि-रामायणके एक प्रसङ्गके अनुसार ात्रिजटाने जब श्रीराम-विजय-सूचक स्वप्नका दर्शन ाकिया, तब उसने सब राक्षसियोंसे कहा—'श्रीराघवेन्द्र-द्वारा राक्षसोंको घोर भय उपस्थित हुआ है, अतः श्री-विदेहनन्दिनीसे हम सब क्षमाकी याचना करें। यद्यपि हम-लोगोंने श्रीवैदेहीकी बहुत ही भर्त्सना की है, किंतु श्रीमैथिली केवल प्रणाममात्रसे ही प्रसन्न होती हैं, महान् भयसे रक्षाके लिये हम सब राक्षसियोंके उनके प्रति प्रणतिमात्र ही पर्याप्त है।' राक्षसियोंका यह विचार स्वगोष्ठीगत ही रह गया। उन्होंने श्रीविदेहनन्दिनीको प्रणाम नहीं किया—

भर्त्सितामपि याचध्वं राक्षस्यः किं विवक्षया।
राघवाद्धि भयं घोरं राक्षसानामुपस्थितम् ॥
प्रणिपातप्रसन्ना हि मैथिली जनकात्मजा।
अलमेषा परित्रातुं राक्षस्यो महतो भयात् ॥
(५। २७। ४५-४६)

अनेक जन्मोंके सुकृत उदय होनेपर ही भगवान्‌के श्रीचरणोंमें जीवका मस्तक झुकता है। रजोगुणकी अधिकता तथा पुण्यके अभावके कारण ही राक्षसियोंके मस्तक श्री-जानकीजीके चरणोंमें नहीं झुके। जब राक्षसियोंके मुखसे श्री-मैथिलीने श्रीराम-विजय-सूचक स्वप्न श्रवण किया, तब अपनी ओरसे ही उन्होंने उन राक्षसियोंसे कहा—'यदि वास्तवमें मेरे प्रियतम विजयी होंगे तो सब प्रकारसे मैं तुमलोगोंकी रक्षा करूँगी'—

ततः सा ह्रीमती बाला भर्तुर्विजयहर्षिता।
अवोचद् यदि यत्तथ्यं भवेयं शरणं हि वः ॥
(वा० रा० ५। २७। ५४)

श्रीजानकीजीके इस अभयदानकी सार्थकता युद्धकाण्ड-में हुई। जब दुष्ट रावणका वध हो चुका, तब प्रभुका विजय-संदेश सुनानेके लिये श्रीमैथिलीके समीप श्रीहनुमान्‌जी पधारे। श्रीहनुमान्‌जीसे विजय-संदेश श्रवणकर वे अत्यन्त प्रसन्न हुईं। प्रसन्नताके कारण उनका कण्ठ अवरुद्ध हो गया। श्रीहनुमान्‌जीने पूछा—'मैंने श्रीराघवेन्द्रका विजय-संदेश सुनाया, किंतु आप मुझसे बोल क्यों नहीं रही हैं?' श्री-मैथिलीने उत्तर दिया—'आनन्दातिरेकके कारण मेरा कण्ठ रुँध गया है तथा इससे सुन्दर कोई प्रत्युत्तर (कहनेयोग्य वचन) मेरे पास है नहीं, पृथ्वीके समग्र स्वर्ण-रत्नादि एवं तीनों लोकोंका साम्राज्य भी इस वचनके ऊपर न्यौछावर किये जायँ तो भी इस वचनके योग्य नहीं होंगे।'

अन्तमें श्रीहनुमान्‌जीने हाथ जोड़कर विनम्र-भावसे श्रीमैथिलीसे प्रार्थना की—'हे जनकनन्दिनि ! यदि आपकी आज्ञा हो तो मैं इन राक्षसियोंका वध कर दूँ; क्योंकि इन्होंने आपको बहुत ही कष्ट दिया है। वास्तवमें ये सभी घोररूपा एवं दुष्ट आचरण करनेवाली हैं।' इस प्रकार हनुमान्‌जीकी प्रार्थनापर यशस्विनी श्रीजनकनन्दिनी आश्रित-रक्षणरूप परमधर्मसे युक्त वचन बोलीं—'हे वानरराज ! राजा-की सेवाके परवश राजाज्ञाके अनुसार काम करनेवाली, आज्ञा-भङ्ग करनेपर दण्ड पानेवाली, पराधीन रावणकी इन दासियों-पर भला कौन कोप कर सकता है?'

श्रीजनकनन्दिनीके इस कथनका तात्पर्य यह है कि इन राक्षसियोंने रावणके परवश होकर अपराध किया, अतः इस अपराधकी भाजन वे नहीं हैं, किंतु रावण ही है।

श्रीजानकीजी हनुमान्‌जीसे पुनः कहती हैं—हे वानरश्रेष्ठ ! पूर्वकालमें किसी जंगलमें एक बाघके खदेड़नेसे एक व्याध वृक्षपर चढ़ गया। उस वृक्षपर एक ऋक्ष निवास करता था। वृक्षके समीप जाकर बाघने ऋक्षसे कहा—'तुम इस व्याधको नीचे गिरा दो; क्योंकि यह हमलोगोंका शत्रु है। ऋक्षने कहा—'मेरे निवासस्थानपर आये हुए इस व्याधको'

मैं नीचे नहीं गिराऊँगा; क्योंकि ऐसा करनेसे शरणागतिधर्म कलङ्कित हो जायगा।' ऐसा कहकर ऋक्ष जब सो गया, तब बाघने व्याधसे कहा—'तुमको मैं छोड़ दूँगा, तुम सोये हुए ऋक्षको वृक्षसे गिरा दो।' कृतघ्न व्याधने सोये हुए ऋक्षको वृक्षसे ढकेल दिया। किंतु पूर्वाभ्यासके बलसे ऋक्ष वृक्षकी शाखाको पकड़कर किसी भाँति बच गया, नीचे नहीं गिरा। तब बाघने ऋक्षसे कहा—'देखो, यह व्याध कितना दुष्ट है, तुम्हारे साथ इसने विश्वासघात किया, अब इस विश्वासघाती व्याधको तुम नीचे ढकेल दो। हम दोनों मिलकर इसे खायेंगे। हम दोनों एक जंगलमें रहनेके कारण मित्र हैं।' इस प्रकार बारंबार बाघके कहनेपर भी ऋक्षने व्याधको नीचे नहीं गिराया तथा बाघसे कहा—'मैं इस अपराधीकी रक्षा करूँगा; क्योंकि शरणागति-धर्ममें अपराधियोंकी भी रक्षाका विधान है।' इस प्रकार श्रीजानकीजीने श्रीहनुमान्‌जीको यह गाथा सुनाकर अपनी शरणागतवत्सलता प्रकट की।

पापानां वा शुभानां वा वधार्हाणामथापि वा।
कार्यं कारुण्यमार्येण न कश्चिन्नापराध्यति॥
(वा० रा० ६।११३।४५)

'पापी हो या पुण्यात्मा, अथवा वधके ही योग्य क्यों न हो, आर्य महापुरुषको तो ऐसे अपराधियोंपर भी कृपा ही करनी चाहिये; क्योंकि ऐसा एक भी जीव नहीं है, जिसने अपराध न किया हो। सभी जीवोंसे कुछ-न-कुछ अपराध कभी-न-कभी बन ही जाते हैं, अतः अपराधी जीवोंपर कृपा करनेसे ही कृपाका उत्कर्ष है।' श्रीजानकीजी कहती हैं—'हे कपिश्रेष्ठ! पापमय होनेके कारण तुम्हारे विचारसे ये राक्षसियाँ वधके योग्य हैं, किंतु मेरे विचारसे तो ये दयाकी ही पात्र हैं; क्योंकि मलिनके लिये ही स्नानकी अपेक्षा होती है। यदि ये राक्षसियाँ पुण्यमयी होतीं तो इनकी रक्षा पुण्यसे ही हो जाती, हमारी क्या आवश्यकता होती? हमारे लिये तो इनके पाप ही भेटस्वरूप हैं, पुण्य नहीं। यदि कहो कि अपराधियोंको दण्ड न देनेसे धर्मशास्त्रकी मर्यादा लुप्त हो जायगी तो शास्त्रानुसार अपराधी शरणागतकी रक्षा करना विशेष-धर्म भी कहा गया है। विशेष-धर्मके समक्ष सामान्य-धर्म शिथिल हो जाते हैं। धर्मशास्त्र सामान्य जीवोंके लिये है। शरणागतरक्षकरूप विशेष-शास्त्र शरणमें आये हुए विशेष व्यक्तियोंके लिये है, अतः दोनों शास्त्र अपने-अपने स्थलमें उपयोगी हैं।' भगवती सीताकी कृपाको अहैतुकी सिद्ध करते हुए श्रीगुणसुधासार 'हरिस्तोत्र'में स्वामी श्रीवीरराघवाचार्यजी कहते हैं—

तव क्षान्ति भट्टारकगुरुरवादीत्तव नुता-
वकस्मादुद्भूतामिह जननि केचिज्जडधियः।
प्रसन्ना हीत्युक्तेः प्रणिपतनतो मैथिलसुता
सहेतुः सापि स्यादिति जगदुरापातमतितः॥
स्वबुद्ध्यैव प्रोक्तं प्रणतसुमुखीति त्रिजटया
न चैतद्धर्मस्ते नलिनदलनेत्रप्रियतमे।
यदेकाक्षीप्रख्यायतबहुलहिंसानवधिक-
प्रवृद्धागोरक्षाः पवनतनयाद्रक्षितवती॥

"हे जननि! श्रीपराशरभट्ट स्वामीने 'श्रीगुणरत्नकोश'में आपकी अहैतुकी क्षमाका वर्णन किया है, किंतु कुछ जडबुद्धिवाले पुरुष ऐसा कहते हैं कि श्रीमिथिलेशनन्दिनी भी प्रणतिसे प्रसन्न होती हैं, अतः उनकी करुणा सहैतुकी है। बिना विचारे ही ऐसा कथन हो सकता है। अपनी बुद्धिसे ही त्रिजटाने कहा है कि श्रीमैथिली प्रणिपातसे प्रसन्न होती हैं; किंतु राजीवनयन श्रीरामकी प्रियतमे! 'प्रणिपात-प्रसन्नता' आपका धर्म नहीं है। आप तो अहैतुकी करुणाकी सागर हैं, तभी तो आपने एकाक्षी-प्रभृति विख्यात हिंसापरायण ताजे अपराध करनेवाली राक्षसियोंकी श्रीहनुमान्‌जीसे रक्षा की।"

भगवान् श्रीरामकी प्राप्तिमें श्रीजानकीजी पुरुषकार (सिफारिश करनेवाले) का कार्य करती हैं, यह वैष्णव-सम्प्रदायमें प्रसिद्ध है। श्रीजानकीजीकी उपस्थितिमें जयन्त-जैसे महापराधीकी रक्षा हो गयी तथा इनकी अनुपस्थितिमें वाली-जैसे अल्पापराधीका वध हो गया। समग्र रामायणमें पद-पदपर श्रीजानकीजीकी अहैतुकी कृपाका प्रत्यक्ष दर्शन होता है।

'चहियतु कृपा लली सीता की'

चहियतु कृपा लली सीता की।
नवधाभक्ति ज्ञानका करना, रही न संक वेद गीता की॥
वेद पुरान कहावत षटमत, करत वाद नर वपु वीता की।
झगर करत उरझो नहिं सुरझो, मिटी न एक दूत भय ताकी॥
जाकी ओर तनक भरि चितवति, करत सहाय राम जन ताकी।
'अग्रअली' भजु जनकनंदिनी, पाप भँडार ताप रीता की॥

—स्वामी श्रीअग्रदासजी महाराज

भगवत्कृपाभिलाषी ही कृपाधिकारी

(लेखक—महन्त श्रीनृत्यगोपालदासजी महाराज, शास्त्री)

कृपाविग्रह श्रीभगवान् स्वाभाविक रूपसे सभी भूत-प्राणियों-पर कृपा करते हैं; क्योंकि वे 'सहज कृपाला' हैं। जीवमात्रपर उनकी अहैतुकी कृपा है—'सब पर मोहि बराबरि दाया', (मानस ७। ८६। ४) 'सुहृदं सर्वभूतानाम्' (गीता ५। २९) उन्हींकी दिव्य वाणी है। वे कृपाकी साक्षात् मूर्ति हैं। उन कृपामयकी अनवरत अक्षुण्णरूपसे प्रवाहित कृपाधारामें सभी अवगाहन कर सकते हैं। इसमें देश, काल, पात्रकी अपेक्षा नहीं।

अभागा जीव ऐसी सर्वसुलभ कृपा-गङ्गामें भी स्नानकर अपनेको पवित्र नहीं करता। मोह, अविद्याके अन्धकारसे घिरा वह उसके समीप भी नहीं जाता। पर हमें यह न भूलना चाहिये कि प्रतिपल अनुभवमें आनेवाली भगवत्कृपा ही जीवमात्रका परम अवलम्ब है। भगवत्कृपा-सुधा जीवका प्राण है। कृपामय जीवन ही वास्तविक जीवन है, सफल और कृतकृत्य है।

भगवान्‌की मानवमात्रपर बरसती कृपा-सुधाका स्वरूप क्या है? उत्तर है कि सर्वप्रथम तो मानव-शरीरकी प्राप्ति भी उनकी कृपाका ही परिणाम है—

कबहुँक करि करुना नर देही। देत ईस बिनु हेतु सनेही॥
(मानस ७। ४३। ३)

भारत-भूमिमें जन्म, पुनः स्वस्थ शरीर, तीर्थ-सेवन, सत्सङ्ग, भजन-कीर्तन आदि उनकी कृपाके फल हैं—

'जब द्रवै दीनदयालु राघव साधु संगति पाइये।'
(विनयप० १३६। १०)

प्रभुकी कृपा अनुकूल-प्रतिकूल सभी परिस्थितियोंमें छिपी है। अनुकूल परिस्थितियोंमें तो वह है ही, किंतु प्रतिकूलतामें छिपी भगवत्कृपा उस कड़वी भेषजके समान है, जो सेवनकाल-में अप्रिय प्रतीत होते हुए भी परिणाममें सुखद है, आनन्ददायक है।

भगवत्कृपा सभी दिशाओंमें ओत-प्रोत है, चतुर्दिक् व्याप्त है। जीवनकी भूतकालिक घटनाओंपर तनिक दृष्टिपात कीजिये तो पायेंगे कि हम प्रत्येक पगपर भगवत्कृपासे सुरक्षित रहे हैं। उसी प्रकार भविष्यमें भी प्रभु-कृपारूप वरदहस्त निरन्तर हमपर बना रहेगा। कृपा विश्वासकी जननी और श्रद्धाकी भगिनी है। भगवान्‌के साक्षात् दर्शन उनकी कृपाके रूपमें ही होते हैं।

आचार्योंने भगवत्प्राप्तिके विषयमें कहा है कि वह साधन-साध्य नहीं, कृपा-साध्य है। उनका यह कथन साधनोंके त्यागमें कदापि अभिलक्षित नहीं है। जिस प्रकार ढके हुए पात्रमें वर्षा-जल प्रविष्ट नहीं होता, उसके प्रवेशके लिये पात्रका मुख खुला रखना आवश्यक है, उसी प्रकार कृपासे लाभान्वित होनेके लिये साधनोंसे यथासम्भव मुख नहीं मोड़ना चाहिये। साधकोंके साधनक्रमसे ही तो उनकी जिज्ञासा बनी रहती है। जिज्ञासा न होनेसे भगवत्प्राप्तिका लक्ष्य कैसे बन सकता है? कृपाभिलाषिता बनी रहे, यही मानवके लिये अभीष्ट है।

कृपाभिलाषिताका स्वरूप क्या है? अपने अभिमान, अहंकारको पूर्णतः विस्मृत कर दासानुदासपनका अनुसंधान करना अथवा आत्यन्तिक दैन्यभावको ग्रहण कर सतत साधनस्वरूप स्वधर्मका पालन करते हुए प्रभु-कृपाकी बाट जोहना।

साधक यह विश्वास बनाये रखे कि भगवान् ही कर्ता-कारयिता हैं, उनकी कृपासे ही हमारी वर्तमान स्थिति है और भविष्यमें भी उनकी कृपा निरन्तर प्राप्त होती रहेगी। कृपाभिलाषी सदा उत्कण्ठित, लालायित, पिपासाकुल रहता है—स्नेहमयी कृपा-दृष्टिके लिये।

'कृपा रावरी कीजै'

साजन! सुध ज्यूँ जाणौ त्यूँ लीजै।
तुम बिन मेरे और न कोई, कृपा रावरी कीजै॥
दिन नहिं भूख, रैण नहिं निद्रा, यों तन पलपल छीजै।
'मीरां'के प्रभु गिरधरनागर, मिलि बिछुरन नहिं दीजै॥

सनातन-धर्म और भगवत्कृपा

(लेखक—शास्त्रार्थमहारथी पं० श्रीमाधवाचार्यजी शास्त्री)

श्रीमन्नारायण भगवान्का एकत्व अव्याहत है, वहाँ अनेकत्वकी कल्पना सर्वथा अनुपादेय है। वैसे ही भगवत्संकल्पित तत्तन्नियमभूत धर्मका भी एकत्व अपरिहार्य है। जैसे भगवान्का अनेक होना किसी भी मतान्तरवादीको अभीष्ट नहीं हो सकता, उसी प्रकार भगवान्के नियमोपनियमोंकी समष्टिका संग्राहक जो 'धर्मापर' नामक तत्त्व है, उसकी भी अनेकता युक्तिसिद्ध नहीं कही जा सकती। फलतः भगवान् एक हैं और धर्म भी एक ही है। प्राचीन ग्रन्थोंमें 'निर्विशेष धर्म' शब्दद्वारा ही उस तत्त्वको अभिव्यक्त किया गया है—

धर्मो विश्वस्य जगतः प्रतिष्ठा।

(तैत्तिरीयारण्यक १० । ६३ । ७)

धारणाद् धर्म इत्याहुर्धर्मो धारयते प्रजाः।

(महा० कर्ण० ६९ । ५८)

सर्वज्ञ भगवान् चारों युगोंकी परिस्थितिके ज्ञाता हैं। अतः युगान्तरमें विशुद्ध धर्मके स्थानमें धर्माभासोंका प्राबल्य हो जायगा, यह जानकर 'धर्म' शब्दके साथ 'सनातन' विशेषणका प्रयोग हुआ, जिससे सर्वसाधारणको धर्मका विशुद्ध परिचय हो सके। इसलिये 'आथर्वण' श्रुतिमें कहा गया है—

सनातनमेनमाहुरुताद्य स्यात्पुनर्णवः।
अहोरात्रे प्र जायेते अन्यो अन्यस्य रूपयोः॥

(१० । ८ । २३)

अर्थात् मनुष्योंके पालनीय धर्मको 'सनातन' नामसे कहा गया है। यद्यपि वह अनादि है, प्राचीनतम है, तथापि सार्वकालिक कल्याणक्षम होनेके कारण युगानुरूप नये-से-नया भी है। जैसे दिन-रात बदलते हैं; परंतु सूर्य उसी प्रकार निर्विकार रहता है, वैसे ही सृष्टि-रचना और संहार भी होते रहते हैं; परंतु वह सनातन-धर्म पूर्ववत् अक्षुण्ण बना रहता है।

श्रीमद्भगवद्गीतामें भगवान्की स्तुति करते हुए अर्जुनने उन्हें 'सनातन' नामसे स्मरण किया है—

'सनातनस्त्वं पुरुषो मतो मे।' (११ । १८)

भगवान्ने भी जीवका स्वरूप सनातन बतलाया है; 'अचलोऽयं सनातनः' (गीता २ । २४), इससे सिद्ध हुआ कि भगवान् भी सनातन हैं और जीव भी 'सनातन' शब्दवाच्य है। तदनुसार जीवको ब्रह्मतक पहुँचानेवाले मार्गका नाम भी 'सनातन-धर्म' है।

श्रीमन्नारायण अनेक कल्याणगुणोंके आगार हैं। सुप्रसिद्ध 'आलवन्दारस्तोत्र (२१)में' भगवान्के कतिपय गुणोंका वर्णन किया गया है—

वशी वदान्यो गुणवानृजुः शुचि-
र्मृदुर्दयालुर्मधुरः स्थिरः समः।
कृती कृतज्ञस्त्वमसि स्वभावतः
समस्तकल्याणगुणामृतोदधिः॥

तदनुसार वे दयालु और वदान्य अर्थात्—अकारण-करुण, करुणावरुणालय हैं। दानशौण्ड बहुप्रद और वरदराज भी हैं। भगवान्के उक्त दोनों गुण जीवमात्रपर निर्हेतुक वात्सल्य प्रकट करनेपर ही चरितार्थ होते हैं। अतः वे सब-पर ही निरन्तर अयाचित कृपा करते रहते हैं।

यह जीव वेदोक्त पञ्चाग्नि-विद्याके अनुसार सर्वप्रथम मेघके गर्भमें जलरूपसे प्रविष्ट होता है—वहाँसे बरसकर पृथ्वीके गर्भसे अन्न-तृणादिके रूपमें प्रकट होता है। तदनन्तर भोक्ता प्राणीके वैश्वानर नामक अग्नि-गर्भमें रह-कर रजोवीर्यका रूप धारण करता है। अन्तमें वह जीव-धारियोंमें माताके गर्भमें प्रविष्ट होकर पाँचवीं आहुतिमें शरीरधारी बनकर जन्म लेता है। इन पाँचों आहुतियोंमें एकमात्र भगवत्कृपा ही उसे जीवित और स्थानान्तरित करती है। प्रधानतया माताके गर्भमें जिस जठराग्निमें भक्षित भोजनादि कठिन पदार्थ भी—कुछ ही घंटोंमें परिपक्व हो जाते हैं, उसी अग्नि-कुण्डमें यह जीव (एक वीर्य-बिन्दुके सत्रह लक्ष कीटोंमेंसे) एक कीट-रूपसे परिवर्तित और परिवर्द्धित होता हुआ अन्यून नौ-दस मास और हस्ती आदि योनियोंमें तो चार वर्षतक जीवित रहता है। यह भगवान्की कृपाका ही प्रत्यक्ष एवं चमत्कारी निदर्शन है।

गर्भगत बालकके पोषणार्थ माताकी और बालककी नाभिसे सम्बन्धित एक नाल (गर्भस्थ) शिशुको माताद्वारा

भक्षित भोजनका सूक्ष्म रस निरन्तर पहुँचाती है। जो भगवान् बिना पेट और बिना मुखवाले मांसपिण्डभूत गर्भगत जीवको भी अपने कृपामय विधानसे पालित करते हैं, वे कितने कृपालु हैं! इसका अनुमान इसीसे लगाया जा सकता है।

हमें अपने घरमें अमुक वस्तुके अभावकी चिन्ता एक-दो दिन पूर्व होती है; परंतु भगवान्‌को गर्भगत बालकके जन्म लेनेपर उसकी नालके उच्छिन्न हो जानेसे खान-पानकी क्या व्यवस्था हो ? इसकी चिन्ता बालकके जन्मसे चार-पाँच मास पूर्व होती है। इसीलिये सगर्भाके स्तनोंमें दूधका निर्माण प्रारम्भ हो जाता है। भगवान्‌की यह अहैतुकी असामान्य कृपा यों तो प्राणिमात्रपर होती है, इसमें कुछ संदेह नहीं, परंतु 'भूतानां प्राणिनः श्रेष्ठाः'—परम्पराके अनुसार तारतम्यसे भगवान्‌की सर्वाधिक कृपाके पात्र भगवदाज्ञाभूत वेदादिशास्त्रानुमोदित सनातन-धर्मके सिद्धान्तों-पर प्राण-पणसे चलनेवाले ज्ञानी मनुष्य ही हैं। श्रीमद्भगवद्गीता-में भगवान्‌ने स्वयं घोषणा की है—

'ज्ञानी त्वात्मैव मे मतम्' (७।१८)

अर्थात् ज्ञानी तो मेरा अपना आत्मा ही है। वस्तुतः सनातन-धर्म भगवान्‌का अपना ही स्वरूप है, अतः उसपर भगवान्‌की विशेष कृपाका होना स्वाभाविक ही है। तदनुसार सनातन-धर्मपर श्रीमन्नारायणकी जो अनन्त विशेष कृपाएँ हैं, उनमेंसे कतिपयका उल्लेख यहाँ किया जाता है—

भगवन्निःश्वासभूत वेदोंमें एकमात्र सनातन-धर्मका ही प्रतिपादन हुआ है। यह निर्हेतुकी कृपा केवल सनातन-धर्मको ही प्राप्त हुई है[1]।

सनातन-धर्मकी रक्षाके लिये समय-समयपर भगवान् अवतरित होते हैं, यह सौभाग्य भी सनातन-धर्मको ही प्राप्त है। यह भगवत्कृपाका दूसरा निदर्शन है।

सनातन-धर्मके अतिरिक्त प्रायः सभी मताभिमानी सज्जन ईश्वरके चाक्षुष साक्षात्कारमें सर्वथा असमर्थ हैं। वे लोग अपनी इस असमर्थताको भगवान्‌के निराकार होनेका बहाना बनाकर शब्दजालमें छिपानेका प्रयत्न करते हैं; परंतु सनातन-धर्म समस्त बुद्धिजीवी प्राणियोंको ईश्वरके साक्षात्कारका खुला निमन्त्रण देता है। यह धर्म ईश्वरदर्शनाभिलाषी व्यक्तिको महर्षि पतञ्जलिके विद्यालयमें प्रविष्ट होकर यम, नियम, आसन, प्राणायाम, धारणा, ध्यान, समाधि आदि अष्टाङ्ग योगोंका अनुष्ठान करते हुए हस्तामलकको भाँति स्वयं भगवत्साक्षा-त्कार कर सकनेका अवसर प्रदान करता है। यह सनातन-धर्मपर तीसरी भगवत्कृपा है।

अन्यान्य मतावलम्बियोंकी मान्यताके अनुसार उनके बताये हुए मार्गपर चलता हुआ मनुष्य अन्तमें अमुक स्थानविशेषतक ही पहुँच सकता है, किंतु जन्म-मरणके बन्धनसे सर्वथा छूटकर मुक्त नहीं हो सकता। इस प्रकार अन्यान्य मतवादी सदा-सर्वदाके लिये मोक्षके अधिकारी नहीं बन सकते; परंतु सनातन-धर्मकी पद्धतिका अनुसरण करते हुए जीव ब्रह्मलोकपर्यन्त समस्त पुनरावर्ती लोक-लोकान्तरोंको लाँघकर उस परमपदको प्राप्त हो जाता है, जहाँसे 'न स पुनरावर्तते'के अनुसार उसे पुनः कभी लौटनेकी आवश्यकता नहीं पड़ती। यह सनातन-धर्मपर चौथी भगवत्कृपा है।

अन्य मतोंमें व्यक्तिविशेषकी योग्यताका कुछ भी ध्यान न रखकर सर्वसाधारणके लिये एक समान मार्ग ही उपदिष्ट है; परंतु सनातन-धर्ममें व्यक्तिगत योग्यताके तारतम्यसे सात्त्विक, राजस और तामस सभी प्रकारके अधिकारियोंके लिये श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वन्दन, दास्य, सख्य और आत्मनिवेदन—नवधा मार्ग उपदिष्ट हैं। ज्ञानयोग, भक्तियोग, कर्मयोगादि साधन भी हैं तथा साधककी प्रकृतिके अनुकूल उनके इष्टदेव भी पृथक्-पृथक् हैं। इस प्रकार सनातन-धर्ममें सभी योग्यताके व्यक्ति अपनी-अपनी योग्यताके अनुसार भगवत्प्राप्तिके किसी भी मार्गका अनुसरण करके परमपदके अधिकारी बन सकते हैं। यह सनातन-धर्मपर पाँचवीं भगवत्कृपा है।

इस प्रकार सनातन-धर्मपर भगवत्कृपाके अन्य भी अगणित प्रकार विद्यमान हैं। लेखका कलेवर बढ़ जानेके भयसे उन सबका यहाँ उल्लेख नहीं किया जा रहा है।

---

१. इस विषयका सप्रमाण विशेष निरूपण लेखकके 'क्यों ?' नामक ग्रन्थमें देखा जा सकता है।

भारतीय वाङ्मयमें भगवत्कृपाका दर्शन

(लेखक—पं० श्रीजानकीनाथजी शर्मा)

स्खलन्नयनवारिभिर्विरचिताभिषेकश्रिये
त्वराभरतरंगतः कवलितात्मविस्फूर्तये ।
निशातशरशायिना सुरसरित्सुतेन स्मृतेः
सपद्यवशवर्ष्मणे भगवतः कृपायै नमः ॥[1]

(हरिभक्ति-रसामृतसिन्धु २ । १ । ५६)

किसी भी सत्तथ्यके निर्णयमें प्रमाणभूत वेद-पुराण एवं धर्मशास्त्र ही सबकी शरण, दर्पण या नेत्र हैं—

अनेकसंशयोच्छेदि परोक्षार्थस्य दर्शकम् ।
सर्वस्य लोचनं शास्त्रं………………॥

(हितोपदेश, प्रस्ताविका १०)

'तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते' (गीता १६ । २४)

किंतु जटिल शास्त्रीय गुत्थियोंका निर्णय—तत्त्व-निर्धारण भी उत्सर्गापवाद, सामान्य-विशेष, पूर्वोत्तरपक्ष, विविध प्रकारके गुणवाद, भूतार्थकादि वादोंके ज्ञान एवं भ्रम-प्रमाद-विप्रलिप्सा-करणापाटव, पक्षपातशून्यता, न्यायैक-शरण्यता तथा भगवत्कृपासे ही हो पाता है, अन्यथा 'वेदस्य चेश्वरात्मत्वात्तत्र मुह्यन्ति सूरयः' (श्रीमद्भा० ११ । ३ । ४३) 'वेद भगवद्रूप है, उसमें बड़े-बड़े बुद्धिमान् भी मोहित हो जाते हैं । पद-पदपर व्यामोहकी दुरन्तता भी सम्भव ही है; फिर मन्त्र, ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद्, श्रौत, गृह्य, स्मार्त, कल्प, धर्मसूत्र, निरुक्त, चतुर्लक्षणी एवं द्वादश-लक्षणी-मीमांसायुक्त वेद, इनके भाष्य एवं सभी वेदाङ्गोंका भी सम्यक् ज्ञान अत्यन्त दुष्कर है । वस्तुतः इनका ठीक-ठीक ज्ञान तो केवल ईश्वरकृपासे ही शक्य है । इनके द्रष्टा, रचयिता यायावर, औदुम्बर, वालखिल्य, फेनप, सैकत, ईश्वरैकप्राण ऋषिगण ही थे । सनकादि, मार्कण्डेय, नारद, अत्रि, अङ्गिरा, पुलह, पुलस्त्य, वसिष्ठ, वाल्मीकि, व्यास, शुकदेव, गौतम, जैमिनि, पतञ्जलि, पाणिनि, शंकर, रामानुज, मण्डन मिश्र, वाचस्पति मिश्र, विज्ञानभिक्षु, कालिदास आदि सभी विद्वद्गण एवं स्वायम्भुव मनु, इन्द्र, वरुण, कुबेर, सूर्य, चन्द्र, गुरु, शुक्रादि देवाचार्य-असुराचार्य, ध्रुव, प्रह्लादादि दैन्य, विरक्ति एवं भक्तियुक्त तपसे ही षड्ग्रन्थिभेदनादिपूर्वक भगवत्कृपा एवं साक्षात् श्रीभगवान्का सांनिध्य लाभकर कृतार्थ हुए तथा अब भी भगवत्कृपाविशेषार्थ लालायित—सचेष्ट रहते हैं—

जासु कृपा अज सिव सनकादी। चहत सकल परमारथ बादी॥

(मानस ३ । ५ । ३)

इस प्रकार ये वेद, शास्त्र एवं सम्प्रज्ञात, असम्प्रज्ञात समाधिसिद्ध योगि-ऋषि-मनीषिगण—'श्रुतयस्त्वयि हि फलन्त्य-तन्निरसनेन भवन्निधनाः।' (श्रीमद्भा १० । ८७ । ४१) तथा 'अतत्यजन्तो मृगयन्ति सन्तः' (श्रीमद्भा० १० । १४ । २८) के अनुसार नेति-नेति निषेध करते हुए परमात्माको शुद्ध सन्मात्ररूप ही निश्चित करते हैं—

'सदेव सोम्येदमग्र आसीत' (छान्दो० ६ । २ । १)

एवं—

रूपं यत्तत्प्राहुरव्यक्तमाद्यं
ब्रह्मज्योतिर्निर्गुणं निर्विकारम् ।
सत्तामात्रं निर्विशेषं निरीहं
स त्वं साक्षाद्विष्णुरध्यात्मदीपः ॥

(श्रीमद्भा० १० । ३ । २४)

इस प्रकार मूलतः स्वयंमें ब्रह्मका शुद्ध स्वरूप लक्षण, चित्, ज्ञान, आनन्द, कृपा-कोपादिसे सर्वथा मुक्त ही है, पर तटस्थता ग्रहणकर अव्यक्तादि रूपमें सृष्ट्युन्मुख होनेपर वही परमात्मा चिदानन्दरूप एवं 'जन्माद्यस्य यतः' (ब्रह्मसूत्र १ । १ । २, श्रीमद्भा० १ । १ । १) जन्म, पालन, प्रलय-गुणलक्षणोपेत होता है । इस प्रकार इस सगुणरूपमें पालनमें कृपा एवं प्रलयमें प्रकोपादि द्वन्द्वात्मक लक्षण युगपत् ही अन्तःप्रविष्ट होते हैं, अतः ब्रह्माने कहा है—'कालाग्निसदृशः क्रोधे क्षमया पृथिवीसमः।' (वा० रा० १ । १ । १८) 'वे क्रोधमें कालाग्निके समान और क्षमामें पृथिवीके सदृश हैं ।' इसीलिये भक्तोंको जहाँ इनकी मूर्ति कृपामयी प्रतीत होती है—'है तुलसिहि परतीति एक प्रभु मूरति कृपामई है', वहीं असुरोंके लिये वह कालरूप भी है—

१. शरशय्यापर पड़े गङ्गातनय भीष्मने जब भगवान्का स्मरण किया, उस समय जिन मङ्गलमयी करुणादेवीने प्रभुके नेत्रोंसे मानो उनके अभिषेकके लिये अश्रु-धारा-सी उँडेल दी, जिसके कारण श्रीमत्प्रभु [illegible] अपनी सुध-बुध ही खो बैठे और पहुँच गये, उन प्रभुकी कृपादेवीको मैं नमस्कार करता हूँ ।

रहे असुर छल छोनिप बेषा। तिन्ह प्रभु प्रगट कालसम देखा॥

(मानस १ । २४० । ४)

कालरूप तिन्ह कहँ मैं भ्राता। सुभ अरु असुभ कर्म फल दाता॥

(मानस ७ । ४० । ३)

इस प्रकार शास्त्रानुसार निर्गुण भगवान् उपासक भक्तोंके अनुग्रहार्थ ही सगुण साकार एवं अनुग्रह रूप बनते हैं—

चिन्मयस्याप्रमेयस्य निर्गुणस्याशरीरिणः।
उपासकानां कार्यार्थं ब्रह्मणो रूपकल्पना॥

(रामपूर्वता० १ । ७)

······ ······। साधकानां हितार्थाय······

(कुलार्णवतन्त्र ६ । ६८)

'तत्तद्वपुः प्रणयसे सदनुग्रहाय।'

(श्रीमद्भा० ३ । ९ । ११)

अगुन अरूप अलख अज जोई। भगत प्रेम बस सगुन सो होई॥

(मानस १ । ११५ । १)

यद्यपि भक्ति, तप आदि साधनोंका एवं उनके भेदोंका भी अन्त नहीं है, पर वेद-पुराणोंके अनुसार सात्त्विक भक्तियुक्त साधन ही आशुतोष प्रभुको तुष्ट करने एवं उनकी कृपा प्राप्त करनेके लिये उपयुक्त बताये गये हैं। यथार्थ विधि-वचन भी एतादृश ही हैं—

'अतप्ततनुर्न तदामोऽश्नुते', 'नातप्ततपसां प्राप्यः शंकरः परमेश्वरः।' (वाराहपु० २०७ । ३५-३६, शिवपुराण, उमासंहि० १२ । ४७ आदि)

दुराराध्य पै अहहिं महेसू। आसुतोष पुनि किएँ कलेसू॥

(मानस १ । ६९ । २)

कृपामूर्ति, आशुतोष शिवकी कृपा-प्राप्तिके लिये पार्वतीकी तपस्या शिवपुराण, कुमारसम्भव, मानसादिमें प्रसिद्ध है—

रिषिन्ह गौरि देखी तहँ कैसी। मूरतिमंत तपस्या जैसी॥

(मानस १ । ७७ । १)

इसी प्रकार मनुस्मृतिके रचयिता स्वायम्भुव मनु भी 'तप्यमानस्तपो घोरमिदमन्वाह भारत' (श्रीमद्भा० ८ । १ । ८) प्रभुकृपाप्राप्त्यर्थ घोर तप करते हैं। अतः एक ओर जहाँ यह कृपा सामान्यतया सर्वत्र है, वहीं दूसरी ओर विशेष कृपा शास्त्रदृष्ट्या दुर्लभ भी है—'क्रियामात्रेय लायते।' अतः भगवत्प्रसादप्राप्त्यर्थ यहाँ उसपर कुछ विस्तारसे विचार किया जाता है—

अमरसिंहने अपने 'नामलिङ्गानुशासन' (१ । ७ । १८)में 'कारुण्यं करुणा घृणा। कृपा दयानुकम्पा स्यादनुक्रोशोऽप्यथो हसः॥'से कृपाके दया, करुणा, घृणा, कारुण्य, अनुक्रोश एवं अनुकम्पा—ये छः पर्याय[२] बतलाये हैं। हेमचन्द्रने 'अभिधानचिन्तामणि' (३६९)में एक पर्याय 'शूक' भी लिखा है—

'दया शूकः कारुण्यं करुणा घृणा। कृपानुकम्पानुक्रोशाः।'

(काण्ड ३)

मोनियर विलियम्सके अनुसार 'शूक' शब्द बह्वर्थक है, यह दयावाचक भी है, पर साहित्यमें इस अर्थमें उन्हें कहीं प्रयुक्त नहीं मिला। इसके अतिरिक्त अनुग्रह, अभ्युपपत्ति, अनुभाव, औदार्य, प्रसाद आदि शब्द भी इसके निकटार्थक या पर्याय[३] ही कहे जायँगे। वैसे साहित्यमें 'प्रसाद'-गुणको काव्योंका प्राण भी कहा गया है, इसीसे 'शक्ति' होती है। जिससे काव्यका विश्वमें दिग्दिगन्त प्रचार होता है, प्रायः यह शक्ति देवताप्रसादजनित ही होती है, अतः प्रसाद भी यहाँ देवताप्रसाद ही है। यही दशा 'करुणा'की है। वैसे समस्त काव्योंका बीज (वाल्मीकीय) रामायण है—

'पठ रामायणं व्यास काव्यबीजं सनातनम्।'

(बृहद्धर्मपुराण १ । ३० । ४७)

और रामायणका बीज है 'करुणा'—

'श्लोकत्वमापद्यत यस्य शोकः।' (रघुवंश १४ । ७०)

'क्रौञ्चद्वन्द्ववियोगोत्थः शोकः श्लोकत्वमागतः।'

(ध्वन्यालोक १ । ५)

'सोऽनुव्याहरणाद् भूयः शोकः श्लोकत्वमागतः।'

(वा० रा० १ । २ । ४०)

—इन वचनोंमें 'शोक' भी करुणाका ही पर्याय है। भवभूतिके अनुसार तो एकमात्र करुणा ही 'रस' है और निमित्त-भेदसे यही पुनः शृङ्गार, हास्य, रौद्र, वीर एवं अद्भुत आदि रसोंमें रूपान्तरित या विवर्तित होता है। जैसे एक जल ही कभी आवर्त, कभी बुद्बुद, कभी

२. 'भगवद्गुणदर्पण'में इन सभी पर्यायोंके अन्तर एवं भगवान् श्रीराममें इनका समावेश निर्दिष्ट है।

३. मानस ८ । ८७-८८ को देखें—प्रसाद, प्रसन्नता, प्रियता, आत्मीयता, स्नेह, प्रीति आदि भी इसके निकटार्थक ही प्रतीत होते हैं। इस प्रकार कृपाद्वारा स्वरूपप्राप्तितक पहुँचना शब्दोंद्वारा भी सिद्ध है।

तरंग आदि रूपोंमें परिणत या रूपान्तरित होता रहता है—

> एको रसः करुण एव निमित्तभेदाद्-
> भिन्नः पृथक्पृथगिवाश्रयते विवर्तान् ।
> आवर्तबुद्बुदतरंगमयान् विकारा-
> नम्भो यथा सलिलमेव हि तत्समस्तम् ॥
> (उत्तरराम० ३ । ४७)

इस प्रकार जहाँ 'प्रभु मूरति कृपामई है'की बात है, वहीं काव्यशास्त्र-बीज करुणामयी भागवती शक्ति ही भगवान् है—'रसेषु करुणो रसः'—यह दीखने लगता है—'कृपैव प्रभुतां गता ।'

वेदोंमें भगवत्कृपा—

कृपारसरसिक भावुक भक्तोंने 'दयाशतक', 'करुणाशतक', 'करुणाकल्पलता', 'करुणाक्रन्दन,' 'करुणाराधन[4]' आदि कई स्वतन्त्र ग्रन्थ एवं स्तोत्र लिख डाले। वैसे 'करुणा' शब्द बहुत प्राचीन है एवं वेदोंमें (ऋक्० १ । १०० । ७, कृष्णयजुः १ । ६ । ४ । ४०, अथर्ववेदीय शौनकसंहिता १२ । ३ । ४७, पैप्पलादसंहिता १७ । ४०-८ आदि) भी सादर व्यवहृत हुआ है । वेदोंके अनुसार भक्तानुग्रहकातर प्रभु करुणासे ही अवतरित होते हैं । मानसकारका कथन है—

> 'तहाँ बेद अस कारन राखा............ ॥'
> × × ×
> सो केवल भगतन हित लागी । परम कृपाल प्रनत अनुरागी ॥
> जेहि जन पर ममता अति छोहू। जेहिं करुना करि कीन्ह न कोहू॥
> गई बहोर गरीब नेवाजू। सरल सबल साहिब रघुराजू॥
> (मानस १ । १२ । ३-४)

अर्थात् वेदोंके अनुसार प्रभु केवल अपने भक्तोंकी दर्शनजनित मनःकामना पूरी करनेके लिये ही अवतीर्ण होते हैं; क्योंकि उनकी अपने भक्तोंपर अत्यन्त ममता एवं करुणा रहती है और वह करुणा जिसपर भी एक बार हो गयी, बढ़ती ही गयी; उसपर आपने पुनः कभी भी कोप नहीं किया (देखिये—मानस १ । २७ से २८ दोहापर्यन्त) । वे कृपालु स्वभावसे ही अपने भक्तोंकी गयी (खोयी) वस्तुओंके भी बहुरानेवाले, गरीबनिवाज, सरल एवं सबल उपास्य स्वामी हैं । अस्तु,

उपनिषदोंमें भगवत्कृपा—

केनोपनिषद्की यक्ष-गाथा शिवपुराण एवं देवीभागवतमें भी उपबृंहित हुई है। इसके अनुसार भगवत्कृपासे ही देवताओंको विजय मिली थी, पर उन्हें अहंकार हो गया कि वह विजय उन्हींकी थी। पर यक्षने वायु, अग्निको दिखला दिया कि वे एक तृणको भी हिलाने-जलानेमें असमर्थ हैं। फिर उमा हैमवतीने इन्द्रको यक्ष-ब्रह्मका ज्ञान कराया। इस प्रकार उमाकी कृपासे इन्द्रको ब्रह्म-संस्पर्श प्राप्त हुआ और वे सभी देवताओंमें श्रेष्ठ हुए—'तस्माद्वा इन्द्रोऽतितरां नेदिष्ठं पस्पर्श।' (केनोप० ४ । ३) । फिर यही बात साधनरूपमें दैवी-आसुरी सम्पत्तिरूपमें सर्वत्र वर्णित हुई । (द्रष्टव्य—गीता ४ । ७-८, ८, १५-१६, ९ । ३, १६ । ३-४, १७ । ६ आदि, इनमें अतिमान या अभिमान प्रभुको सर्वथा अनभिप्रेत है ।) इसके अतिरिक्त 'नायमात्मा' श्रुति जो कठोपनिषद् (१ । २ । २३) तथा मुण्डकोपनिषद् (३ । २ । ३) आदिमें मिलती है और जिसे आचार्य रामानुजने अपने वेदान्त दर्शनके श्रीभाष्य १ । १ । १, १ । २ । १०, १ । ४ । ६, ३ । २ । २३, ३४ और ३ । ४ । ४६ गीताभाष्य ३ । १, ७ । १ की प्रस्तावना ८ । १४ तथा सर्वदर्शन-संग्रह ४ । २० । ३२ इत्यादि अनेक स्थलोंपर उद्धृत किया है (उनके अनुसार) यह बतलाती है कि सफलता, विजय एवं ईश्वर-दर्शनप्राप्ति केवल भगवत्कृपासे ही साध्य[5] है ।

---

४. 'करुणाराधन-स्तोत्र' पण्डित जगद्धर भट्टकी 'स्तुति-कुसुमाञ्जलि'का पंद्रहवाँ स्तोत्र है । इसमें कविकी उत्प्रेक्षा सर्वत्र देखते ही बनती है । नवें श्लोकमें वे कहते हैं—'हे कृपालु भगवान् शंकर ! इस करुणादेवीने तो भगवती श्रीउमादेवीको भी मात कर दिया । उमा-पार्वतीने तो तपद्वारा आपके शरीरार्धका ही अपहरण किया था, पर इस करुणाने तो आपका सर्वस्व ही हरण कर लिया, जिससे आपको सैकड़ों अवतारतक धारण करने पड़े'—

> करुणा तव जीवितेश्वरीमविजेष्टे भगवन्नुमामपि । उमया हृतमर्धमेव यत् सकलस्त्वं पुनरेतया हृतः ॥

५. इसपर शंकराचार्यका भाष्य कुछ और ही है । उनके अनुसार यह वरण शरणागति आदिसापेक्ष है ।

श्रीमद्भागवतमें भगवत्कृपा—

श्रीमद्भागवतमें भगवान्‌के महाकारुणिक, 'भद्रप्रदयः' (८।३।१९) 'घृणार्दितः' (१०।१२।२७) आदि अनेक विशेषण प्राप्त होते हैं। इसमें भगवत्कृपाका स्मरण सर्वत्र ही बड़ा मार्मिक है। वे भक्तको अपनाने तथा सम्पत्यादि दानके लिये ही आप्तकाम होते हुए भी उनके द्वारा भक्तिपूर्वक समर्पित जल-तुलसीदल आदि ग्रहण करते हैं—

> नैवात्मनः प्रभुरयं निजलाभपूर्णो
> मानं जनादविदुषः करुणो वृणीते।
> यद् यजनो भगवते विदधीत मानं
> तच्चात्मने प्रतिमुखस्य यथा मुखश्रीः॥
> (७।९।११)

'भगवान् तो आत्मलाभसे ही पूर्ण हैं, वे क्षुद्र पुरुषोंसे पूजाकी इच्छा नहीं रखते। वे केवल करुणावश ही अपने भक्तोंद्वारा की हुई परिचर्याको स्वीकार कर लेते हैं; क्योंकि जिस प्रकार अपने मुखकी शोभा प्रतिबिम्बको भी सुशोभित करती है, उसी प्रकार भक्त भगवान्‌के प्रति जो-जो मान प्रदर्शित करता है, वह उस भक्तको ही प्राप्त होता है।'

श्रीमद्भागवतमें कृपाके और पर्यायोंकी तुलनामें अनुग्रह[1] शब्दका प्रयोग अधिक है। ध्रुवकी दृष्टिमें भगवान्‌का हृदय अपने भक्तोंके लिये लाक्षा या नवनीतके समान द्रवित होनेवाला या वाश्रा (वाश्रा) अर्थात् तुरंत ब्यायी गायके समान स्रवणशील वात्सल्य 'कृपा-कातर' कहा गया है—

> अप्येवमर्य भगवान् परिपाति दीनान्
> वा (स्रे) श्रेव वत्सकमनुग्रहकातरोऽस्मान्॥
> (४।९।१७)

श्रीमद्भागवतमें संत-मिलन, सत्कर्मानुष्ठान, भगवद्दर्शन आदिको भी भगवत्कृपामूलक ही बतलाया गया है—

> अनुग्रहाय भद्रं व एवं मे दर्शनं कृतम्॥
> (४।२४।२७)

'इस समय तुमपर कृपा करनेके लिये ही मैंने तुम्हें इस प्रकार दर्शन दिया है।'

> ....आत्मा मे दर्शितोऽबहिः।
> यच्चकर्थाङ्ग मत्स्तोत्रं मत्कथाभ्युदयाङ्कितम्।
> यद्वा तपसि ते निष्ठा स एष मदनुग्रहः॥
> (३।९।३७-३८)

'हे तात! तुमने जो मेरी कथाओंके वैभवसे युक्त मेरी स्तुति की और तपस्यामें तुम्हारी रुचि हुई—यह मेरी कृपाका ही फल है।'

श्रीमद्भागवतके (३।२०।२५) 'अनुग्रहाय भक्तानामनुरूपात्मदर्शनम्' तथा (३।९।११) 'तत्तद्वपुः प्रणयसे सदनुग्रहाय'में भी भक्तके मनोऽनुरूप भगवद्दर्शन-को—प्रभुके साक्षात्कारको या भगवदवतारको भक्तपर अनुग्रह या कृपामूलक ही बताया गया है।

इसमें भक्तके क्लेश एवं अन्यथा स्थितिमें भी मङ्गल-विधान तथा कृपाकी भावना द्योतित की गयी है। श्रीनारदजी अपनी माताकी अनुपस्थितिमें ऐसा ही मानते हैं—

> तदा तदहमीशस्य भक्तानां शमभीप्सतः।
> अनुग्रहं मन्यमानः प्रातिष्ठं दिशमुत्तराम्॥
> (१।६।१०)

'तब उस घटनाको भक्तोंका मङ्गल चाहनेवाले भगवान्‌का अनुग्रह समझकर मैं उत्तर दिशाकी ओर चल दिया।'

स्वयं प्रभु भी श्रीमुखसे इसे स्वीकार करते हैं—

> 'यस्याहमनुगृह्णामि हरिष्ये तद्धनं शनैः॥'
> (१०।८८।८)

पर श्रीमद्भागवतके ही अनुसार सहज भगवत्कृपा-प्राप्त प्राणीका दुरन्त काल भी बाल बाँका नहीं कर सकता। (१।१८।१, ८।२।३३, ८।३।१९)।

दुष्टोंके उद्धारमें भी भगवत्कृपा मूल है। 'कालिय-उद्धार' (१०।१६)में 'अनुग्रह' शब्द बार-बार प्रयुक्त है (द्रष्टव्य ३४, ५२, ५९, ६७ आदि श्लोक)।

अपनी माताका क्लेश देख कृपापरवश होकर श्री-भगवान् स्वयं ही बँध जाते हैं—'कृपयाऽऽसीत् स्वबन्धने' (१०।९।१८)। भगवान्‌की भृत्यवश्यता, कृपाप्रसादका यह सुख लक्ष्मी, शिव, ब्रह्मादि अथवा ज्ञानियोंको भी प्राप्य नहीं है—

> एवं संदर्शिता ह्यङ्ग हरिणा भृत्यवश्यता।
> स्ववशेनापि कृष्णेन यस्येदं सेश्वरं वशे॥
> नेमं विरिञ्चो न भवो न श्रीरप्यङ्गसंश्रया।
> प्रसादं लेभिरे गोपी यत्तत् प्राप विमुक्तिदात्॥
> नायं सुखापो भगवान् देहिनां गोपिकासुतः।
> ज्ञानिनां चात्मभूतानां यथा भक्तिमतामिह॥
> (१०।९।१९–२१)

---

[1] श्रीमद्भागवतमें 'अनुग्रह' शब्द संज्ञा एवं क्रियापदके रूपमें लगभग सौ बार प्रयुक्त है।

इसी प्रकार किसी प्राणीको अपनाना—उसका वरण करना भी भगवत्कृपाका ही कार्य है—

'अनुगृह्णातु गृह्णातु वैदर्भ्याः पाणिमच्युतः ॥'
(१० । ५३ । ३८)

यहाँ त्रिलोककृत् परमात्मा भी श्रीकृष्ण ही हैं, यह विदर्भ-वासियोंको ज्ञात नहीं है, अतः वे परमात्माके अनुग्रह और श्रीकृष्णके पाणिग्रहणकी बात कर रहे हैं।

प्रभुके लीलावतार-धारणका कारण भी उनकी करुणा या उनका अनुग्रह ही बतलाया गया है—

अनुग्रहाय भूतानां मानुषं देहमास्थितः ।
भजते तादृशीः क्रीडा याः श्रुत्वा तत्परो भवेत् ॥
(१० । ३३ । ३७)

श्रीमद्भागवतके 'यथा यथाऽऽत्मा' (११ । १४ । २६) श्लोकमें तप या भगवत्प्रेमद्वारा आत्म-मार्जनसे ही सूक्ष्म तत्त्वदर्शनक्षमता-प्राप्ति निर्दिष्ट है तथा भगवच्चरणोंकी प्राप्ति भी भगवत्कृपासे ही सम्भव बतलायी गयी है—

'सोऽहं तवाङ्घ्र्युपगतोऽस्म्यसतां दुरापं
तच्चाप्यहं भवदनुग्रह ईश मन्ये ।'
(१० । ४० । २८)

'हे ईश ! मैं आपकी चरण-शरणमें आया हूँ । आपके चरण असत्पुरुषोंके लिये सर्वथा दुष्प्राप्य हैं । मुझ अधमको उनका दर्शन हुआ, यह मैं आपकी ही कृपाका फल समझता हूँ ।'

इस ग्रन्थमें भक्तोंमें भगवत्कृपाकी होड़के विषयमें भी गुप्त चर्चा है । कहते हैं कि देवर्षि नारदद्वारा प्रह्लादकी (श्रीमद्भा० ७ । १–१० आदिमें) कथा सुनकर युधिष्ठिरको मनः-क्षोभ हुआ कि अहो ! प्रह्लादका भाग्य ही सबसे श्रेष्ठ था, जिनपर भगवान्‌की सर्वाधिक कृपा हुई; क्योंकि स्वयं प्रह्लादने कहा था—

क्वाहं रजःप्रभव ईश तमोऽधिकेऽस्मि-
ञ्जातः सुरेतरकुले क्व तवानुकम्पा ।
न ब्रह्मणो न तु भवस्य न वै रमाया
यन्मेऽर्पितः शिरसि पद्मकरः प्रसादः ॥
(७ । ९ । २६)

'हे ईश ! कहाँ तो इस तमःप्रधान असुरकुलमें रजोगुणसे उत्पन्न हुआ मैं और कहाँ आपकी कृपा ! अहो ! जो परमपुरुषार्थस्वरूप कर-कमल आपने कभी ब्रह्मा, महादेव और लक्ष्मीजीके सिरपर भी नहीं रखा, वही मेरे मस्तकपर रखा ।'

और स्वयं भगवान् नृसिंहने भी प्रह्लादसे कहा था—

'भवान् मे खलु भक्तानां सर्वेषां प्रतिरूपधृक् ॥'
(७ । १० । २१)

और तभी—

'नाम जपत प्रभु कीन्ह प्रसादू । भगत सिरोमनि भे प्रहलादू ॥'
(मानस १ । २५ । २)

वस्तुतः प्रह्लाद-जैसी कृपा तो किसीपर भी नहीं हुई ।

युधिष्ठिरके इस प्रकार तरसनेपर नारदजीने उन्हें सान्त्वना दी और कहा कि वस्तुतः आपलोग ही अधिक भाग्यशाली हैं क्योंकि ये साक्षात् परब्रह्म आपके यहाँ निवास कर रहे हैं और मुनिगण भी आपके यहाँ निरन्तर आ रहे हैं । आपलोगोंकी तो इन्होंने (भगवान् श्रीकृष्णने) पग-पगपर रक्षा की है—

यूयं नृलोके बत भूरिभागा
लोकं पुनाना मुनयोऽभियन्ति ।
येषां गृहानावसतीति साक्षाद्
गूढं परं ब्रह्म मनुष्यलिङ्गम् ॥
(७ । १५ । ७५)

इसके अतिरिक्त प्रह्लादके यहाँ तो ये सब बातें भी न थीं-

'न तु प्रह्लादस्य गृहे परं ब्रह्म वसति, न च तस्य ब्रह्म मातुलेयादिरूपेण वर्तते ।···अतो यूयमेव ततोऽपि अस्मत्तोऽपि भूरिभागाः ।' (७ । १० । ५० पर श्रीधरी व्याख्या) ।

किंतु 'लघुभागवतामृतकार'ने आगे चलकर इसी प्रकार इन पाण्डवोंसे भी क्रमशः यादवों, उद्धव, गोपी, राधिकादिकी विशेष कृपा-प्रीतिकी बात सिद्ध की है । अन्य लोग अर्जुन, हनुमान्, गरुड़ एवं लक्ष्मी आदिको विशेष कृपापात्र मानते हैं । यह तो रसिक भक्तों तथा आलोचकोंकी चिन्तन-पद्धति है । वस्तुतः विशुद्ध भजन, ईश्वर-सम्बन्ध-सेवा-संनिधान ही उत्तरोत्तर कृपोपलब्धि है ।

अन्य पुराणोंमें भगवत्कृपा—

प्रायः अन्य पुराणों—नारदपुराण (१ । ८), विष्णुधर्म (१ । ५७) तथा महाभारतके नारायणीयधर्म आदिमें भी भगवत्कृपाका अनुसंधान बड़ी समाहिततासे हुआ है । इनमें 'लाड़ दे करा

है, लादनवाला साथ देके सिद्धान्तसे सभी साधनों एवं सिद्धियोंकी हेतु भगवत्कृपा ही मानी गयी है। भगवत्कृपा-दृष्टिसे ही मानवकी प्रवोध, सात्त्विकता एवं ज्ञान-मोक्षकी ओर प्रवृत्ति बतलायी गयी है—

जायमानं हि पुरुषं यं पश्येन्मधुसूदनः।
सात्त्विकस्तु स विज्ञेयो भवेन्मोक्षे च निश्चितः॥
एवमात्मेच्छया राजन् प्रतिबुद्धो न जायते॥
(महा० शान्ति० ३४८। ७३, ७५)

'जन्म-मरणके चक्करमें पड़े हुए जिस पुरुषको भगवान् मधुसूदन अपनी कृपादृष्टिसे देख लेते हैं, उसे सात्त्विक जानना चाहिये। वह मोक्षका सुनिश्चित अधिकारी हो जाता है। अपनी इच्छामात्रसे कोई ज्ञानी नहीं होता।'

तुलसी-साहित्यमें भगवत्कृपा—

मानसमें केवल 'कृपा' शब्द सात सौ बारके लगभग प्रयुक्त है। (द्रष्टव्य—श्रीबदरीदास तथा श्रीसूर्यकान्त आदिके कोश, शब्द-सूची आदि) साथ ही गोस्वामीजीकी दीनता एवं भगवत्कृपानुसंधित्सा सर्वाधिक दीखती है। वे 'तत्तेऽनुकम्पां सुसमीक्षमाणः'के अनुसार रात-दिन भगवत्कृपाकी ही प्रतीक्षा करते हैं—

'नाथ! कृपा ही को पंथ चितवत दीन हौं दिन रात।'
(विनयप० २२१। १)

'छप्पयरामायण' उनकी अत्यन्त भावपूर्ण रचना है। इसमें इकतीस छप्पय हैं, प्रत्येक छप्पयके अन्तिम चरणमें—'कृपा करहु श्रीरामचन्द्र, मम हरहु सोक-संतापना'से कृपाकी याचना की गयी है। गोस्वामीजीके स्वामी भगवान् श्रीरामचन्द्र अत्यन्त कृपालु हैं—

करुनामय रघुनाथ गोसाईं। बेगि पाइअहिं पीर पराईं॥
(मानस २। ८४। १)

करुनामय मृदु राम सुभाऊ।······················॥
(मानस २। ३९। २)

अति कोमल करुना निधान बिनु कारन पर उपकारी॥
साधन हीन दीन निज अघ बस सिला भई मुनि नारी।
गृह तें गवनि परसि पद पंकज घोर साप ते तारी॥
(विनयप० १३। १६६। १-२)

इसी प्रकार निषादकी धार्मिक योग्यता, जयन्तका व्यवहार, जटायुका व्रतानुष्ठान, शबरी, सुग्रीव आदिकी स्थिति क्या थी; पर प्रभुने सबको अपनाया। अहल्याके लिये तो कुछ शक्य ही न था, केवल कृपाद्वारा ही उनका उद्धार हुआ। सम्भवतः इसीलिये 'कोमल चित अति दीन दयाला,' 'अति कोमल रघुबीर सुभाऊ' आदि उक्तियाँ मानसमें पद-पदपर उपलब्ध हैं। श्रीगोस्वामीजी महाराज केवल श्रीभगवान्‌की कृपामात्रसे ही सभी कल्याणोंकी प्राप्ति सम्भव मानते हैं। विभीषणादिके विषयमें वे लिखते हैं—

करुनाकरकी करुना भई।
मिटी मीचु, लहि लंक, संक गइ, काहू सों न खुनिस खई॥
बिधि-हरि-हर-मुनि सिद्ध, सराहत, मुदित देव दुंदुभी दई।
कौसिक-सिला-जनक-संकट हरि भृगुपतिकी टारी टई॥
खग-मृग, सबर-निसाचर, सबकी पूँजी बिनु बाढ़ी सई॥
(गीतावली ५। ३७। १, ३-४)

विभीषणको अमरत्व एवं लंकाके राज्यकी प्राप्ति हुई। उसका देव-दानव सबसे प्रेम हो गया। इसी प्रकार प्रभु-कृपाद्वारा श्रीविश्वामित्रजी, जनकजी आदिके क्लेश दूर हुए। निशाचरोंके पुण्य क्या थे? पर भागवती कृपाशक्तिने इनको भी अत्यन्त दुर्लभ मोक्ष प्रदान कर दिया।

कृपाशक्तिका सार्वत्रिक चमत्कार—भगवान्‌की कृपाशक्ति अघटनघटनापटीयसी है, उसके लिये कुछ भी असम्भव नहीं है। शास्त्रोंमें कहा गया है कि भगवत्कृपाकी लीलाशक्ति जलको थल, धूलिको पर्वत, तृणको वज्र, अग्निको वर्फ तथा हिमादिको अग्नि आदिमें भी परिवर्तित कर सकती है। श्रीगोस्वामीजी महाराज कहते हैं—

गरल सुधा रिपु करहिं मिताई। गोपद सिंधु अनल सितलाई॥
गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही। राम कृपा करि चितवा जाही॥
(मानस ५। ४। १-२)

बिष पियूष सम करहु अगिनि हिम तारि सकहु बिनु बेरें।
तुम सम ईस कृपालु परम हित पुनि न पाइहौं हेरें॥
(विनयप० १८७। ४)

बिनहीं ऋतु तरुवर फलत सिला द्रवति जल जोर।
राम लखन सिय करि कृपा जब चितवत जेहि ओर॥
सिला सुतिय भइ गिरि तरे मृतक जिये जग जान।
राम अनुग्रह सगुन सुभ सुलभ सकल कल्यान॥
(दोहावली १७३-१७४)

कृपिन देइ पाइय परौ बिनु साधे सिधि होइ।
सीतापति सनमुख समुझि जो कीजिय सुभ
(दोहावली

काम-क्रोधादि षड्वर्गोंका संयम या 'योगसिद्धि' भी साधनोंसे सम्भव नहीं, एकमात्र भगवत्कृपा ही उसे सम्पन्न करा सकती है—

यह गुन साधन ते नहिं होई। तुम्हरी कृपाँ पाव कोइ कोई॥

(मानस ४ । २० । ३)

जेहि निसि सकल जीव सूतहिं तव कृपापात्र जन जागै।

(विनयप० ११ । ९३)

बिनु तव कृपा दयालु दासहित मोह न छूटै माया॥

(विनयप० १२३ । १)

भगवच्चरितमें अनुराग होना—भगवद्भजनमें लगना तो विशेष भगवत्कृपाका परिणाम है ही—

अति हरिकृपा जाहि पर होई। पाउँ देइ एहि मारग सोई॥

(मानस ७ । १२८ । २)

भगवत्कृपासे विद्या-प्राप्ति भी अनायास ही सम्भव है—

जेहि पर कृपा करहिं जनु जानी। कबि उर अजिर नचावहिं बानी॥

(मानस १ । १०४ । ३)

प्रभुकी कृपा हीन-दीन एवं उपेक्षितोंका भी सभी प्रकार परम मङ्गल करती है। गुह, केवट, विभीषण, जटायु, सुग्रीव, मारीच आदि हीन-जाति, हीन-योनि प्राणियों तथा राक्षसोंको भगवत्कृपाने सुप्रतिष्ठित एवं भक्त-संतोंकी गोष्ठीमें सम्मानित किया है—

केवट निसिचर बिहँग मृग किये साधु सनमानि।
तुलसी रघुबर की कृपा सकल सुमंगल खानि॥

(दोहावली २२८)

ते भरतहिं भेंटत सनमाने। राज सभाँ रघुराज बखाने॥

(मानस १ । २८ । ४)

वे भजते-न-भजते ही कृपा करते हैं—

'भजत कृपा करिहहिं रघुराई॥'

(मानस १ । १९९ । ३)

भगवत्स्मरण-ध्यानादि भगवत्सम्बन्धसे भगवत्कृपा होती है और पुनः भगवत्कृपासे प्राणी भगवत्तुल्य अथवा सामीप्य, सायुज्यादि मुक्तियोंका भागीदार बन जाता है—

जानकीसकी कृपा जगावती सुजान जीव जागि त्यागि मूढ़ता अनुराग श्रीहरे।
तुलसीदास प्रभु कृपाल निरखि जीवजन विहालु, भंज्यो भवजाल परम मंगलाचरे॥

(विनयप० ७४ । १-४)

किंतु इन्द्रादि देवता तथा राजा-महाराजोंकी कृपा या कोपसे जीवकी स्वरूपानुरूपता—स्वरूप-प्रतिष्ठा-अप्रतिष्ठामें कुछ बनता-बिगड़ता नहीं; ये केवल लौकिक लाभ-हानि ही कर सकते हैं। अतः श्रीतुलसीदासजीको इनकी कृपाकी चिन्ता नहीं है। प्रभु तो थोड़ी ही सेवासे निहाल कर देते हैं—

कृपाँ जिनकी कछु काजु नहीं न अकाजु कछू जिनकें मुखु मोरें।
करैं तिनकी परवाहि ते, जो बिनु पूँछ-बिषान फिरैं दिन दौरें।
तुलसी जेहिके रघुनाथसे नाथु, समर्थ सुसेवत रीझत थोरें।
कहा भव भीर परी तेहि धौं, बिचरै धरनीं तिनसों तिनु तोरें॥

(कवितावली ७ । ४९)

वस्तुतस्तु भगवान्के करुणा-प्रभावका तो वर्णन शक्य ही नहीं है—

पाप हरे, परिताप हरे, तनु पूजि भो हीतल सीतलताई।
हंसु कियो बकतें, बलि जाउँ, कहाँ लौं कहौं करुना-अधिकाई॥

(कवितावली ७ । ५८)

स्वारथको परमारथको रघुनाथु सो साहेबु, खोरि न लाई॥

(कवितावली ५७ । ४)

गोस्वामीजी कहते हैं कि प्रभुने कृपा कर मेरे पाप भगाये, दुःख भगाये, मुझे जगत्पूज्य, पावन बनाया। मेरा हृदय भी शुद्ध शीतल हो गया। अधिक क्या कहूँ, मैं बगुलेसे हंस हो गया—प्रभुने लोक-परलोक, स्वार्थ-परमार्थ, जागतिक एवं आध्यात्मिक सभी प्रकारके कल्याण कर दिये।

कृपा एवं द्रुति—अत्यधिक कृपाके लिये तुलसी-साहित्यमें 'द्रव' धातुका प्रयोग हुआ है। जैसे—'औढर दानि द्रवत पुनि थोरे', 'पर दुख द्रवहिं संत सुपुनीता', 'द्रवउ सो श्री भगवाना', 'द्रवउ सकल कलिमल दहन', 'कस न दीन पर द्रवहु उमावर', 'जब द्रवै दीन दयाल राघव साधु संगति पाइये', 'बिनु बिस्वास भगति नहिं, तेहि बिनु द्रवहिं न राम।' इत्यादि। गोस्वामीजीने द्रौपदी, प्रह्लादादिपर कई उत्प्रेक्षाएँ लिखी हैं—

त्राहि तीनि कह्यो द्रौपदी तुलसी राज समाज।
प्रथम बढ़े पट बिय बिकल चहत चकित निज लाज॥
सभा सभासद निरखि पट पकरि उठायो हाथ।
तुलसी कियो इगारहों बसन बेस जदुनाथ॥

(दोहावली १६८-१६९)

'भगत सिरोमनि भे प्रहलादू' पर भी कवितावली आदिमें कविकी अनेक उत्प्रेक्षाएँ हैं। 'तीव्रसंवेगानामासन्नः'

भगवान् श्रीरामकी कृपामयी लीलाएँ

अहल्यापर कृपा

केवटपर कृपा

जटायुपर कृपा

शवरीपर कृपा

का भाव 'जाते बेगि द्रवउँ मैं भाई । सो मम भगति भगत सुखदाई ॥' (मानस ३ । १५ । १) में व्यक्त हुआ है। (३ । १६)के अनुसार 'हृत्कमलवासी' कृपालु भगवान् प्रह्लाद, गजेन्द्र, ध्रुव, द्रौपदी आदिके समान ही जहाँ और जब चाहें, किसी भक्तके सामने प्रकट हो सकते हैं ।

इसी प्रकार 'कुण्डलियारामायण' (तुलसी-ग्रन्थावली भाग २, पृ० ८४८) में—

'दीनदयाल दया करौ दीन जानि शिव मोहि ।
सीताराम सनेह उर सहज संत गुण होहिं ।
राम कृपा सुख नित रहौं जगतजनित संशय हरौ ।
कह तुलसीदास संकर उमा दीनदयाल दया करौ ॥'

तथा 'कलिधर्माधर्मनिरूपण' (तुलसी-ग्रन्था० २ । पृ० ८३०)पर भी भगवत्कृपा-महिमा प्रदर्शित है । अस्तु,

प्राणीके सारे क्लेशोंका उपशम भी प्रभुकी कृपासे ही सम्भव है—

जब कब राम-कृपा दुख जाई । तुलसिदास नहिं आन उपाई॥
(विनयप० १२७ । ५)

कृपाका तारतम्य—गोस्वामीजी 'कृपा कोप बध बंध गुसाईं' आदिसे सरलतापूर्वक भाव-तारतम्य ही मानते हैं तथा द्रवण, अनुकम्पा, अनुग्रह, कृपा आदिमें भी कुछ तारतम्य मानते दीखते हैं । यदि गम्भीरतासे देखा जाय तो सुग्रीवादिके प्रति 'ताडना, शिक्षण' आदिमें 'कृपा'की भावना स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है । वस्तुतः निरवच्छिन्न भजन, भगवत्प्राप्ति एवं भगवत्सांनिध्य ही उनकी पूर्ण कृपा है। भगवत्सांनिध्यमें भी अहंकार, अनाचार, असद्ग्राह, अनीति प्रभुके व्याकोपके ही हेतु हैं, जैसे दुर्योधन, रावणादिको प्राप्त प्रभु-सांनिध्य व्याकोपरूप ही था—

'सो धौं कहा जु, न कियो सुजोधन, अबुध आपने मान जरै ।'
(विनयप० १३७ । ४)

गोस्वामीजीका साहित्य प्रसादपूर्ण है, इसमें मनुष्य जिस लक्ष्य, साधना—ज्ञान, भक्ति आदिको लेकर प्रवृत्त होता है, उसे सर्वत्र वही मिलने लगता है। कुछ लोग इस रहस्यको न जानकर घबराते हैं । उनकी प्रत्येक चौपाईमें 'र, म' देखकर; प्रति-प्रकरण वेद, उपनिषद्, शास्त्र, पुराणोंकी दुहाई देखकर; चारों ओर देव, यक्ष, गन्धर्वोंको विमानसे आते-जाते, नगाड़े बजाते, स्तुति करते एवं लीला देखते देखकर; सुन्दर, मङ्गल, रुचिर आदि शब्दोंके पर्याय आदिका विस्तार देखकर; मानस, गीता-वली आदिमें श्रीरामके रूप-ध्यानादिका विस्तृत वर्णन देखकर; मानससर, कल्पित लक्ष्मी, परशुरामके युद्धयज्ञ तथा चित्रकूट-आदिमें वर्णन रूपकोंकी शृङ्खला देखकर; उपमामें करोड़ों काम-रतिका तिरस्कार और सर्वत्र अजामिल, वाल्मीकि, व्याध, गणिका, मारीच आदिको कृपापूर्वक तारते-उद्धारते देखकर उन लोगोंको पुनरुक्ति-दोषकी प्रतीति होती है । फिर गोस्वामीजीका कृपासम्बन्धी अनुसंधान तो सर्वाधिक है । वास्तविक बात तो यह है कि यह सब उनका कृपा-प्रसाद-प्रदत्त सहज वरदान या अभ्यासरूप प्रसाद है । परमात्मदेवकी कृपाका पार वे स्वयं भी नहीं पा सकते; फिर वेद, शास्त्र, पुराणादिके विषयमें तो कहना ही क्या ?

'बिनु कारन रामु कृपाल'

जहाँ जमजातना, घोर नदी, भट कोटि जलच्चर दंत-टेवैया ।
जहाँ धार भयंकर, वार न पार, न बोहितु नाव, न नीक खेवैया ॥
'तुलसी' जहँ मातु-पिता न सखा, नहिं कोउ कहूँ अवलंब-देवैया ।
तहाँ बिनु कारन रामु कृपाल बिसाल भुजा गहि काढ़ि लेवैया ॥
(कवितावली ७ । ५२)

भगवत्कृपाकी पहचान

(लेखक—श्रीपरिपूर्णानन्दजी वर्मा)

वाराणसीके एक शास्त्रीजीसे प्रायः इस विषयपर मेरा पत्र-व्यवहार होता रहा है कि जब कर्मका फल भोगना आवश्यक है, तब भगवान्‌की कृपाकी आवश्यकता कहाँ रही ? हम भगवान्‌से उसकी माँग ही क्यों करें ? एक बार उन्होंने श्लोकरूपमें इस प्रकार उत्तर दिया—

अपारः संसारः प्रतिपदविकारः सुखहरः
क्षणं नो विश्रामः क्वचिदपि न कामः फलति नः ।
तथाप्येतद् भ्रातः शपथवचनं वच्मि भवतो
भवानीभक्तस्य स्थिरसहचरी स्यात् कमलजा ॥

'इस अपार संसारमें पद-पदपर सुखको हरनेवाले विकार भरे पड़े हैं, न तो क्षणभरका विश्राम मिलता है, न हमारा कोई काम ही सिद्ध होता है; फिर भी भाई ! तुमसे शपथपूर्वक कहता हूँ कि भगवती लक्ष्मी जगदम्बिकाके भक्तकी सदा सहचरी बनी रहती हैं ।'

मैंने उन्हें लिखा कि यह तो सही है कि भगवान् भूखा उठाते हैं, पर भूखा सुलाते नहीं; किंतु भाग्यका चक्र भक्तिके फलकी अपेक्षा अधिक बलवान् है । इसपर श्रीशास्त्रीजी सम्भवतः कुछ खीझ गये और उन्होंने दूसरा श्लोक लिखा—

भाग्यं न मन्ये समयं न मन्ये
ग्रहं न मन्ये न च कर्मबन्धम् ।
मन्ये परं केवलमेकमेव
क्रीडाविनोदं जगदम्बिकायाः ॥

'मैं न भाग्यको मानता हूँ, न समयको, न ग्रहको और न कर्म-बन्धनको । मैं केवल एक ही वस्तुको श्रेष्ठ मानता हूँ कि जो कुछ हो रहा है, वह जगदम्बिका महामायाका क्रीड़ा-विनोद है ।'

यहाँपर एक प्रश्न यह उठता है कि हमारी तो जान संकटमें है और जगदम्बिका क्रीड़ा-विनोद कर रही हैं ? इसका उत्तर मुझे वृन्दावनमें मिला । श्रीबाँकेविहारीजीके एक अनन्य सेवक, जो बड़े धनी तथा सम्पन्न पुरुष हैं, दिन-रात भगवान्‌की सेवामें जुटे रहते हैं । उनका नवयुवक ज्येष्ठ पुत्र अचानक कालके वशीभूत हो गया। लोग सहानुभूति प्रकट करने उनके यहाँ दौड़ पड़े; पर पिताके चेहरेपर शिकन भी न थी । एक व्यक्तिने कह दिया—'भगवान्‌की इतनी सेवा करनेवालेपर यह विपत्ति !'

यह बात उन्हें चुभ गयी । वे बड़े सौम्यभावसे बोले—'देखो भाई ! उन्होंने (परमात्माने) मेरा घर तो देखा है, पर मैंने उनका घर नहीं देखा । वहाँ क्या लिखा-पढ़ा जाता है, यह मुझे ज्ञात नहीं । फिर मैं उन्हें दोष क्यों दूँ ? मेरे घरकी बुराई तो उन्हें ज्ञात है । वहाँ किसको, कब बुलाया अथवा भेजा जाता है, यह हमलोगोंकी समझके बाहरकी बात है; पर यह सत्य है कि उन सर्वज्ञ दयालु प्रभुके यहाँ न्याय ही होगा, उनका प्रत्येक विधान मङ्गलमय ही होगा ।'

हम सबके लिये यह बड़े मर्मकी बात है । हम हर बातमें भगवान्‌की अनुकूलतारूपा कृपा ही चाहते हैं । यहाँतक कि चोरी करनेके पहले चोर भी मन्दिरके सामने हाथ जोड़ लेता है, चोरीमें प्राप्त सफलताको वह भगवान्‌की कृपा समझता है । चोरबाजारीसे धन कमानेवाला व्यापारी भी अपनेको इसी कृपाका आश्रित मानता है । प्रायः लोगोंकी तो यह गलत धारणा ही बन गयी है कि जो काम बनता है, वह भगवान्‌की कृपा और जो बिगड़ता है, वह उनकी निष्ठुरताका फल है ।

पर ऐसा सोचनेवाला यह नहीं जानता कि परमात्मा वास्तवमें क्या हैं । आइये, इस विषयपर कुछ विचार करें—यदि वे करुणासागर होनेके साथ ही क्रूर तथा कठोर दण्डनायक भी हैं तो उनपर दोषारोपण हो सकता है और तब तो वे गुण-अवगुण दोनोंसे युक्त होनेके कारण भगवान् नहीं, साधारण न्यायाधीश हो गये । यदि वे करुणासिन्धु हैं तो हम क्यों न मान लें कि हमारे कर्मानुसार जितनी विपत्ति आनेवाली थी, उसमें कुछ कमी हो गयी । करुणासिन्धुने उसके आघातको हल्का कर दिया । यदि काम बिगड़ता है तो उसमें हमारा कर्मफल निमित्त है, पर उनकी कृपासे उतना नहीं बिगड़ा, जितना बिगड़ना चाहिये था । जिसने भगवत्कृपाको इस रूपमें समझ लिया, उसका जीवन बहुत कुछ सार्थक हो गया ।

'गमालील बेली' नामक एक अमेरिकन पत्रकारने लिखा था कि 'संसारमें यदि कुछ जानने योग्य है तो वह

है ईश्वर और अपना आत्मा ।' 'ओवेनयंग' लिखते हैं कि 'जो व्यक्ति ईश्वरका शत्रु है, वह किसी मनुष्य-का मित्र नहीं हो सकता ।' यूनानी दार्शनिक 'प्लेटो'का कहना था कि 'सत्य ही भगवान्‌का स्वरूप है और प्रकाश ही उनकी छाया है ।' ईरानी दार्शनिक 'शेख सादी'ने एक स्थलपर लिखा है—'मुझे ईश्वरसे अधिक डर उससे लगता है है, जो ईश्वरसे नहीं डरता ।' स्काटलैंडके एक पादरी 'राबर्ट मरे मैकचेपीन'ने कहा है कि 'एक बार भी ईश्वरके निकट चले जाओ तो तुम्हें अन्य सब कुछ तुच्छ प्रतीत होगा ।' किंतु यह सब तो उनकी महत्ताका प्रतिपादन हुआ ।

उनकी कृपाके विषयमें अमेरिकाके सुप्रीम कोर्टके मुख्य न्यायाधीश 'जान जे'ने बहुत ही मार्केकी बात कही है—'ईश्वर जो कुछ कर रहे हैं, वह हमारे लाभके लिये ही है । जब हम सम्पत्तिसे भरपूर रहते हैं, तब वे हमारी कृतज्ञताकी परीक्षा लेते हैं । जब हम बहुत साधारण जीवन बिताते हैं, तब हमारे संतोषकी परीक्षा होती है । विपत्तिकालमें वे देखते हैं कि हममें उनके प्रति कितना आत्मसमर्पण है ? जब हम लोभ-लालचमें पड़ जाते हैं, तब समझना चाहिये कि हमारी दृढ़ताकी परीक्षा हो रही है । इस प्रकार प्रतिक्षण वे हमारी परीक्षा ले रहे हैं, जिससे वे जान सकें कि उनमें हमारा कितना विश्वास है तथा उनके प्रति हमारी कितनी आस्था है ।'

ईश्वर ही संसारका संचालन कर रहे हैं । हमको तो केवल अपने कर्त्तव्यका पालन करना है, वह भी बुद्धिमानीके साथ । परिणाम भगवान्‌के हाथों छोड़ देना चाहिये—

'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन ।'

(गीता २ । ४७)

परमात्माको पहचानना कठिन है । भगवान्‌ने गीतामें कहा है कि मैं अपनी योगमायासे आच्छादित हूँ । इसलिये मन्दबुद्धि मुझे नहीं पहचानते—

नाहं प्रकाशः सर्वस्य योगमायासमावृतः ।
मूढोऽयं नाभिजानाति लोको मामजमव्ययम् ॥

(गीता ७ । २५)

मेरी शरण ग्रहणकर जो इस मायाको पार कर जाते हैं, वे मुझे पाते हैं और इस मायाके वशीभूत होनेसे जिनका ज्ञान नष्ट हो जाता है, वे भोगासक्त मूढ़ मुझे नहीं प्राप्त कर सकते ।

मायाका विकार मनपर अपनी छाप डाल देता है । प्राणी जिससे मनन करता है, उस अन्तःकरणको मन कहते हैं । बृहदारण्यक उपनिषद्‌में मनको समस्त संकल्पोंका अयन—स्थान कहा गया है—

सर्वेषाᳮसंकल्पानां मन एकायनमेवम् । (२ । ४ । ११)

अद्वय, अविभक्त, परमात्मा, भगवान्, ब्रह्म—उन्हें कुछ कहिये, वे परमसत्य हैं । सत्यको जाननेवाले ही इस तथ्यको जानते हैं—

वदन्ति तत्तत्त्वविदस्तत्त्वं यज्ज्ञानमद्वयम् ।
ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानिति शब्द्यते ॥

(श्रीमद्भा० १ । २ । ११)

'तत्त्ववेत्तागण ज्ञाता और ज्ञेयके भेदसे रहित अखण्ड अद्वितीय ज्ञानको तत्त्व कहते हैं । उसीको कोई ब्रह्म, कोई परमात्मा और कोई भगवान्‌के नामसे पुकारते हैं ।'

उपर्युक्त विवेचनसे यह सिद्ध हुआ कि भगवत्कृपाके इच्छुकको पहले भगवान्‌की शरणमें जाना होगा, भगवान्‌से प्रेम करना होगा । जिस प्रेमके लिये बृहदारण्यक उपनिषद्‌ने लिखा है कि 'जीवोंके लिये प्रेमके विषय केवल परब्रह्म परमात्मा हैं और उन्हें भी (जीव) उसी प्रकार प्रिय हैं (१ । ४ । ८) तथा जीव उनसे वैसा ही प्रेम करे, जैसा अपनेसे—

'आत्मानमेव प्रियमुपासीत'

वह प्रेम निःस्वार्थ होना चाहिये । श्रीमद्भागवतमें लिखा है कि श्रीकृष्णका भक्त पाँचों प्रकारकी मुक्ति या मोक्ष नहीं चाहता, उसे धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष—इन चारोंकी कामना भी नहीं है । यदि उसे ये सब दिये भी जायँ तो ग्रहण नहीं करता । उसे बस, केवल भगवान्‌की सेवा करना ही अभीष्ट है । भक्त सब कुछ भगवान्‌पर छोड़ देता है, वे कृपा करें, न करें; दें, न दें; जो कुछ चाहें, वही करें; हमें कुछ नहीं चाहिये—

सालोक्यसार्ष्टिसामीप्यसारूप्यैकत्वमप्युत ।
दीयमानं न गृह्णन्ति विना मत्सेवनं जनाः ॥

(श्रीमद्भा० ३ । २९ । १३)

शक्तिसे शक्तिमान् पृथक् नहीं हो सकता । जीवसे भगवान् या भगवान्‌से जीवका पृथक् होना सम्भव नहीं है; पर भोगैश्वर्यमें फँसे जीव इस आनन्दसे विमुख हैं, दूर हैं । निकट रहकर भी दूर रहना कितना बड़ा दुर्भाग्य है !

जब हम इस तथ्यको जान लेते हैं अर्थात् परम प्रेमी दयालु प्रभुके साथ अपने अटूट सम्बन्धको पहचान लेते हैं, तब भगवत्कृपाकी अखण्ड धारा हमें ऊपर-नीचे, बाहर-भीतर सर्वत्र आप्लावित करती हुई दीख पड़ती है । हमारा दारिद्र्य सदाके लिये समाप्त हो जाता है ।

गांधीजीका सर्वोच्च सामर्थ्य—भगवन्निष्ठा और भगवत्कृपा

(लेखक—सम्मान्य श्रीकाकासाहेब कालेलकर)

दक्षिण अफ्रिकाका अपना जीवन-कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करके महात्मा गांधीजी सन् १९१५ ई०में भारत लौटे। लगभग तबसे अन्ततक मैं उनके सम्पर्कमें रहा। मुझे एक लम्बे समयतक श्रीगांधीजीके सम्पर्कमें रहनेका शुभ अवसर मिला, इसे मैं भगवान्‌की कृपा मानता हूँ।

उनका मुझे विशेष आकर्षण क्यों रहा ? यह बात कुछ शब्दोंमें कहकर ही मैं गांधीजीकी भगवद्भक्तिसे सम्बन्धित विशेषताएँ स्पष्ट कर सकूँगा।

भारत-जैसे धर्मपरायण देशको अर्थात् यहाँकी जनताको भगवान्‌ने दुनियाके सम्पूर्ण धर्मोंका परिचय प्राप्त कराया। इससे इस जमानेके युवक-युवती अलिप्त कैसे रहें ? मैंने स्वयं धर्म-निष्ठायुक्त वायुमण्डलमें अपना बाल्यकाल व्यतीत किया। भक्ति-भावसे भगवान्‌की पूजा-अर्चा करनेमें और व्रत, उत्सव, त्योहार, आतिथ्य, उपवास और तपस्या आदिमें मेरा सब प्रकारसे उत्तमोत्तम सम्पर्क रहा।

उसके बाद मेरी गणित-भक्तिने ही मुझे जीवन-रहस्यको समझनेकी उत्कट भावना दी। मैं बुद्धिवादी नास्तिक बना। फिर तो रूढ़ि धर्मकी निन्दा करनेमें मुझे उतना ही आनन्द आता, जितना बचपनमें पूजा-अर्चामें आता था।

परंतु मेरी उस समयकी तत्त्वनिष्ठा ही मुझे चरित्र-शुद्धि और जीवन-रहस्यको समझनेकी जिज्ञासाकी ओर ले गयी। मैं वेदान्तका भक्त बना। लम्बे समयके विचारके फलस्वरूप मैं इस निर्णयपर पहुँचा कि भारतकी राजनीतिक मुक्तिके बिना आध्यात्मिक मुक्ति न इष्ट है, न शक्य है।

उन दिनों भारतके उद्धारका उत्कट प्रयत्न करनेवाली एक ही राजनीतिक संस्था थी—कांग्रेस; किंतु उसका वैधानिक मार्ग मुझे पसंद न था। मैं तो गुप्तरूपसे फौजी तैयारी करके भारतको स्वतन्त्र करानेमें भलाई मानता था। यह काम कितना कठिन है, इसका अनुभव होनेके बाद भगवत्कृपाने मुझे गांधीजीसे परिचय कराया।

'राष्ट्रमत'-जैसा तेजस्वी मराठी अखबार चलाते हुए दक्षिण अफ्रिकामें गांधीजी वहाँके भारतीयोंको कैसे तैयार कर रहे हैं, इसकी जानकारी मुझे पहलेसे ही थी। मैं स्वयं एक क्रान्तिकारी गुप्त संस्थाकी सेवाके उपरान्त, स्वामी विवेकानन्दके रामकृष्णमिशनके साथ परिचित होता जा रहा था और कविवर रवीन्द्रनाथके 'शान्ति-निकेतन'में शिक्षाकार्य करनेकी थोड़ी सेवा मैंने मान्य भी की थी। रेवरेंड एंड्रूज-जैसे चरित्रवान् भगवद्भक्त अंग्रेजके माध्यमसे वहाँ गांधीजीसे मेरा परिचय हो सका और मैंने देखा गांधीजी चरित्रवान् एवं महान् राष्ट्रसेवक तो हैं ही, किंतु उनकी सेवाके पीछे असली प्राणतत्त्व है उनकी भगवद्भक्तिका।

उन दिनों मैं अपनी नित्यकी मौन-प्रार्थनामें कहता कि 'हे प्रभो ! मुझे राजनीतिक नेता नहीं बनना है, अपितु सफल क्रान्तिकारी गुप्त सेनापति बनना है।' उच्च चारित्र्यके बिना जीवनका उद्धार न होगा; किंतु यदि मैं समाजमें संत बनकर ईश्वरका जयगान करने लगूँ तो लोग मेरी भक्ति-पूजा करेंगे, उसमें चारित्र्यकी साधना गौण बनेगी। संतोंके सम्पर्कसे जो सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं, लोगोंमें उन्हींका आकर्षण बढ़ेगा। मुझे तो अध्यापक, शिक्षाशास्त्री और सेवापरायणके रूपमें ही दुनियाके सामने रहना है। मैंने देखा कि इसी आदर्शको पूर्णरूपसे सिद्ध करनेवाले महात्मा गांधी थे। उनकी सच्ची भगवद्भक्ति थी। वे आदर्श चारित्र्यके उपासक थे। देशमें सेवापरायण युवक-युवतियोंको तैयार करना उनका पवित्र उद्देश्य था। इससे बढ़कर मुझे और क्या चाहिये था ?

एक तो मैंने देखा कि गांधीजी प्रार्थनामें विश्वास करते थे। गीताके श्लोक बोलते हुए वे भगवद्भक्तिमें तल्लीन हो जाते थे। किंतु उसका प्राकट्य न हो जाय (यह तल्लीनता दूसरोंपर प्रकट न हो), इसका भी वे ध्यान रखते थे। जब उन्होंने देखा कि मैं सचमुच उनकी जीवन-साधनाको समझना चाहता हूँ और उनके आश्रममें रहकर राष्ट्र-सेवकोंको तैयार करनेमें तल्लीन हूँ, तब वे अपने विषयमें कभी-कभी स्पष्ट शब्दोंमें भी बोलने लगे थे।

एक दिन ऐसे ही किसी प्रसङ्गमें बोलते हुए उन्होंने कहा—'भोजन और नींदके बिना भी मैं सम्भवतः दीर्घकालतक जी सकूँगा, किंतु राम-नामके बिना एक क्षण भी जीना मेरे लिये असह्य है।'

गांधीजी पूरे-पूरे (सच्चे) भक्त थे । उनके प्रत्येक शब्दकी मेरे पास कीमत थी । समाज-जीवनके अनुभवी लोग राष्ट्र-सेवकोंकी कीमत तो सूक्ष्मदृष्टिसे आँकते ही आये थे। गांधीजीके उस वचनका मेरे ऊपर जो प्रभाव पड़ा, उसको क्या कहूँ ! प्रार्थना मौन रहकर किंतु उत्कटभावसे कैसे करनी चाहिये, इसका नमूना मैं गांधीजीमें ही देख सका था।

अब भगवत्कृपाके सम्बन्धमें गांधीजीके विचार क्या थे, यह स्पष्ट करना सरल होगा।

गांधीजीका जीवन-रहस्य उनके सत्याग्रहमें है, यह तो मैं पढ़ भी चुका था और देख भी चुका था; इसीलिये तो मैं उनका अनुयायी बना था। अब एक दिन आत्म-परीक्षण करते उनसे सुना—'हम सत्याग्रहके लिये ही जीते हैं, किंतु हमारी निष्ठा तबतक टिकेगी और तब सफल होगी, जब हम भगवत्कृपाके योग्य बनेंगे।'

बस, गांधीजीका यह वाक्य मेरे हृदयकी गहराइयोंतक पहुँच गया। गांधीजीमें मैंने जो कुछ तेजस्विता, सत्यनिष्ठा देखी, उसके पीछे कौन-सी शक्ति है, इसीका मानो उस वाक्यके द्वारा मुझे नये ढंगसे विशेष परिचय मिला । गांधीजीका सामर्थ्य था उनकी भगवन्निष्ठामें और उन्हें आध्यात्मिक समाधान मिलता था—अनुभवमें आयी हुई भगवत्कृपासे।

मैंने अपने सुदीर्घ जीवनमें अनेक देशोंकी यात्रामें अनेक संत देखे, किंतु भगवन्निष्ठाकी उत्कटता और भगवत्कृपाका अनुभव जितना गांधीजीमें देखा, उतना और कहीं भी न पा सका।

आज जब जीवन-कार्य लगभग समाप्त हो रहा है और भगवान्‌के चरणोंतक पहुँचनेकी एक ही अभिलाषा शेष है, तब गांधीजीका पवित्र स्मरण ही सर्वोच्च प्रेरणा दे रहा है।

'कृपा करौ अब, दरसन देहु मुरारी'

महा प्रभु, तुम्हें बिरद की लाज।
कृपा-निधान, दानि दामोदर, सदा सँवारन काज॥
जब गज-चरन ग्राह गहि राख्यौ, तबहीं नाथ पुकार्‌यौ।
तजिकै गरुड़ चले अति आतुर, नक्र चक्र करि मार्‌यौ॥
निसि-निसि ही रिषि लिए सहस-दस दुरवासा पग धार्‌यौ।
ततकालहिं तब प्रगट भए हरि, राजा-जीव उबार्‌यौ॥
हिरनाकुस प्रहलाद भक्त कौं बहुत सासना जार्‌यौ।
रहि न सके, नरसिंह रूप धरि, गहि कर असुर पछार्‌यौ॥
दुस्सासन गहि केस द्रौपदी, नगन करन कौं ल्यायौ।
सुमिरत हीं ततकाल कृपानिधि, बसन-प्रवाह बढ़ायौ॥
मागधपति बहु जीति महीपति, कछु जिय मैं गरबाए।
जीत्यौ जरासंध, रिपु मार्‌यौ, बल करि भूप छुड़ाए॥
महिमा अति अगाध, करुनामय भक्त-हेत हितकारी।
सूरदास पर कृपा करौ अब, दरसन देहु मुरारी॥

(सूरसागर १०९)

कृपा-रहस्य

(लेखक—श्रीबलदेवजी उपाध्याय, एम्० ए०, डी० लिट्०)

असीम भगवान्‌की कृपा भी असीम ही है । उनका न कहीं ओर है न छोर; न आदि है, न अन्त; वह अनन्तकोटि ब्रह्माण्डनायक करुणावरुणालय परमैश्वर्य-सम्पन्न भगवान्‌की ही लीलाका विलास है, उनका एक नैसर्गिक गुण है । इस नैसर्गिकी कृपासे सम्पन्न उनका हृदय-कलश सदा-सर्वदा छलकता रहता है, परंतु अनधिकारी (अजिज्ञासु) व्यक्तिको उसका अनुभव नहीं होता । भागवती कृपाके अमृत-विन्दुओंका रसास्वादन करनेके लिये जीवमें कृपाके प्रति सम्मुखता अपेक्षित होती है ।

उस कृपाका अधिकारी बननेके लिये तामस-राजस गुणोंका परित्याग तथा सात्त्विक गुणोंका ग्रहण जीवके लिये नितान्त आवश्यक होता है । इसके लिये स्वधर्माचरण प्राथमिक निष्ठा है । भारतीय वैदिक-समाजके अनुसार जिस वर्णमें किसी व्यक्तिका जन्म होता है, उसके लिये निश्चित किये गये धर्म ही 'स्वधर्म' माने गये हैं । उनका आचरण करनेसे व्यक्ति अपनेको सात्त्विक गुणोंका अधिष्ठान बनानेमें समर्थ होता है ।

अधिकारी भक्तके लिये चैतन्य महाप्रभुने कुछ अन्य गुणोंकी सत्ताको भी आवश्यक बतलाया है—

तृणादपि सुनीचेन तरोरिव सहिष्णुना ।
अमानिना मानदेन कीर्तनीयः सदा हरिः ॥

इस श्लोकमें जिन चार गुणों—तृणसे भी अधिक नम्रता, वृक्षके समान द्वन्द्वसहिष्णुता, अमानिता तथा मान-दातृत्वका उल्लेख किया गया है, उनमें अमानित्वका अपना वैशिष्ट्य है । अभिमान साधकको कभी आगे नहीं बढ़ने देता, न वह उसे भगवत्प्राप्तिके लिये समर्थ ही होने देता है । गोस्वामी तुलसीदासजीने संतोंके लक्षणोंमें इसका विशिष्ट उल्लेख किया है—

कोमल चित दीनन्ह पर दाया । मन बच क्रम मम भगति अमाया ॥
सबहि मानप्रद आपु अमानी । भरत प्रान सम मम ते प्रानी ॥
(मानस ७ । ३७ । २)

फलतः अमानिता तथा मानदायकता परस्पर संयुक्त रहते हैं, ये भागवत-गुण हैं—भगवान्‌की ओर साधकको प्रेरित ... गुण । इसीलिये भगवान्‌के सहस्र नामोंके अन्तर्गत इन दोनोंके साथ, इनसे ही सम्बद्ध एक तीसरे नामका उल्लेख किया गया है—

'अमानी मानदो मान्यः ।' (विष्णुसहस्रनाम ९३ ...

इन तीनोंमें क्रमिक विकास भी लक्षित किया जा सक... है । जो व्यक्ति अभिमानशून्य होता है, वही दूसरेको मा... (सम्मान) देता है और तभी वह मान्य होता है, दूसरों... हाथों मान पानेका अधिकारी होता है । निष्कर्ष यह है भागवती कृपाका अधिकारी होनेके लिये 'अमानी' हो... नितान्त आवश्यक है ।

जीवके हृदयमें 'आर्तभाव'के उदित होनेकी वि... आवश्यकता है । 'अमानिता' तथा 'आर्तता'—दोन... कार्य-कारणभावका सम्बन्ध भी लक्षित किया ... सकता है । जो अमानी होगा, अभिमान तथा अहंका... विहीन होगा, वही 'आर्त' हो सकेगा । मानी व्यक्ति अ... आपको सर्वसमर्थ समझता है । वह अपनेसे बड़ा तथा अ... शक्तिशाली किसीको मानता ही नहीं । फलतः वह भाग... कृपाके अनुभवका अधिकारी कथमपि नहीं हो सकत... आर्त व्यक्ति अपनी एक ही करुण-पुकारसे भगवान्‌को अ... ओर खींचनेमें समर्थ होता है ।

श्रीमद्भागवतके गज-ग्राह-प्रसङ्गमें गजका ग्रहण आर्त... प्रतीक-रूपमें किया गया है । अष्टम स्कन्धके द्वितीय ... तृतीय अध्यायोंमें इस प्रसङ्गका मार्मिक विवरण प्रस्तुत ... गया है—

न मामिमे ज्ञातय आतुरं गजाः
कुतः करिण्यः प्रभवन्ति मोचितुम् ।
ग्राहेण पाशेन विधातुरावृतो-
ऽप्यहं च तं यामि परं परायणम् ॥
(श्रीमद्भा० ८ । २ । ३२)

'अहो ! विधाताके इस ग्राहरूप पाशमें पड़नेपर अत्यन्त आतुर हुए मुझको, जब ये मेरे साथी हाथी ही नहीं उबार सके, तब हथिनियाँ तो छुड़ा ही कैसे सकती हैं ! अतः अब मैं सबके परमाश्रय उन श्रीहरिकी ही शरण लेता हूँ ।'

स्तुति सुनकर भगवान् पधारे और उन्होंने कृपापूर्वक अपने दुर्दमनीय सुदर्शन चक्रसे ग्राहको मारकर गजेन्द्रका मोक्षण किया ।

ऊपर उद्धृत पद्यमें 'आतुर' एवं 'आर्त' शब्द व्याकरण-दृष्टिसे भिन्न शब्द ही माने जाते हैं, परंतु भाषाशास्त्रीय-दृष्टिसे 'आतुर' आर्तसे निष्पन्न शब्द है; फलतः शास्त्रकी दृष्टिसे भी भगवत्कृपाको उद्रिक्त करनेके लिये 'आर्तभाव'की नितान्त उपादेयता है और यह तभी सम्भव है, जब जीवमें अमानिताका उदय होता है। पुराणोंमें इस तथ्यका प्रतिपादन शब्दतः तथा तात्पर्यतः बहुशः किया गया है।

भगवान्‌की कृपाके रहस्यका उद्घाटन श्रीकृष्णकी ऊखल-बन्धन-लीलाके प्रसङ्गमें बड़ी मार्मिकतासे किया गया है। श्रीयशोदा मैया दूध पीते हुए बालकृष्णको अपनी गोदसे उतारकर उफनते हुए दूधको सँभालनेके लिये चली गयीं, तब श्रीकृष्णने रुष्ट होकर दहीके मटकेको फोड़ दिया और भागकर मक्खनके भाण्डके पास पहुँचे। वहाँ वे उलूखलपर चढ़कर मक्खन निकालकर बंदरोंको लुटाने लगे। यह देखकर माता यशोदा छड़ी लेकर दौड़ीं और कुछ दूरपर ही उन्होंने अपने लालाको पकड़ लिया। उन्होंने चाहा कि गोपाल-को उलूखलमें बाँधकर उनकी स्वच्छन्द गतिको सीमित कर दिया जाय। इस बन्धनकार्यके लिये उन्होंने घरके भीतरसे एक डोरी लाकर उन्हें बाँधना चाहा; परंतु डोरी दो अङ्गुल छोटी रही, बाँधना न हो सका। दूसरी रस्सी लायी गयी, परंतु वह भी दो अङ्गुल छोटी निकली। तीसरी भी जब इस त्रुटिसे मुक्त न रही, तब मैयाने घरभरकी समस्त डोरियाँ लाकर एक अम्बार ही खड़ा कर दिया; परंतु महान् आश्चर्य! ये समस्त डोरियाँ मिलकर भी दो अङ्गुल छोटी रहीं—लालाकी कमरको न बाँध पायीं। भगवान् बन्धनमें न आ सके। माता दौड़-धूप करते-करते नितान्त परिश्रान्त हो गयी—शरीर पसीनेसे लथपथ हो गया, कबरीकी माला खिसक गयी। माताको अत्यन्त विथकित देखकर श्रीकृष्णचन्द्र कृपया स्वयं बन्धनमें आ गये—

स्वमातुः स्विन्नगात्राया विस्रस्तकबरस्रजः।
दृष्ट्वा परिश्रमं कृष्णः कृपयाऽऽसीत् स्वबन्धने॥

(श्रीमद्भा० १०। ९। १८)

इस प्रसिद्ध लीलामें बन्धन-रज्जुकी द्व्यङ्गुलिन्यूनताका रहस्य क्या है? सब बन्धनडोरियाँ दो ही अङ्गुलि न्यून होती थीं। भगवान् बँधें, तो कैसे बँधें। उनकी ऐश्वर्यशक्ति उन्हें बन्धनमें डालनेके लिये क्या कथमपि आदेश देती थी? नहीं, कभी नहीं। इस रहस्यका उद्घाटन कवि कर्णपूरने अपने सरस 'आनन्दवृन्दावनचम्पू'में सुन्दर ढंगसे किया है—

'भजज्जनपरिश्रमो निजकृपा चेति द्वाभ्यामेवायं बद्धो भवति, नान्यथेति। यावत् तदुद्भयानुत्पत्तिरासीत्, तावदेव दाम्नां द्व्यङ्गुलिन्यूनताऽऽसीत्। सम्प्रत्युभयमेव जातमिति पुनरुद्यममात्रे तया क्रियमाण एव बन्धनमुररीचकार।

(आनन्दवृन्दावनचम्पू ६। १४)

भक्तका 'भजन-परिश्रम' एवं सर्वेश्वरकी 'स्वनिष्ठकृपा'—इन दोनोंके व्यक्त होनेपर ही सर्वेश्वर बन्धन स्वीकार करते हैं। इनके अतिरिक्त उन्हें बाँधनेका अन्य कोई साधन नहीं। उन्हें बाँधनेके लिये उपनीत डोरियाँ इसकी सूचना अपनी दो अङ्गुलिकी न्यूनताके द्वारा दे रही थीं। जब भगवान्‌ने भक्तरूपिणी माताका परिश्रम देखा, तब उनकी कृपाशक्तिका सद्यः आविर्भाव हुआ और वे स्वतः बन्धनमें आ गये। कृपाशक्तिके आनेपर श्रीकृष्णचन्द्रकी अन्य समस्त शक्तियाँ या तो छिप जाती हैं या आवश्यकता होनेपर उसीका अनुगमन करती हैं।

इस संदर्भका निष्कर्ष यही है कि भगवान्‌की कृपाशक्तिको जागरित तथा उद्बुद्ध करनेके लिये भक्तमें 'भजन-परिश्रम'-की नितान्त आवश्यकता है। जबतक वह भगवान्‌के भजनमें परिश्रम नहीं करता, उसमें अपनी पूरी शक्ति नहीं लगाता, तटस्थ वृत्तिसे ही भजनमें निमग्न रहता है, तबतक उनकी नैसर्गिकी कृपाशक्तिका आविर्भाव ही नहीं होता।

स्वधर्मके आचरणसे शुद्ध सात्त्विक हृदयमें आर्तभावका उन्मेष तथा भगवान्‌के नामरूप-चिन्तनमें भक्तका घोर परिश्रम—ये दोनों ही मिलकर भगवान्‌की असीम कृपाका उन्मीलन करते हैं, जिससे साधक कृतकार्य हो जाता है। भागवती कृपाका यही रहस्य है।

अपार दयार्णव भगवान् जीवको संकटसे मोक्ष प्रदान करें, यही विनम्र प्रार्थना है—

यं धर्मकामार्थविमुक्तिकामा
भजन्त इष्टां गतिमाप्नुवन्ति।
किं त्वाशिषो रात्यपि देहमव्ययं
करोतु मेऽदभ्रदयो विमोक्षणम्॥

(श्रीमद्भा० ८। ३। १९)

'धर्म, अर्थ, काम और मोक्षकी इच्छावाले पुरुष जिनका भजन करते हुए अपनी अभीष्ट गति प्राप्त करते हैं, यही नहीं, जो उन्हें नाना प्रकारके भोग और सुदृढ़ शरीर प्रदान करते हैं, वे परमदयालु प्रभु मेरा उद्धार करें।'

भगवत्कृपा—एक महती शक्ति

(लेखक—पं० श्रीदीनानाथजी शास्त्री, सारस्वत, विद्यावागीश, विद्यावाचस्पति, विद्यानिधि)

पाण्डव पाँच ही थे, इधर कौरव थे सौ और फिर उनके संरक्षक भीष्म, द्रोण, कर्ण, अश्वत्थामा, कृतवर्मा और कृपाचार्य-जैसे महान् बलशाली और सुप्रसिद्ध महायोद्धा थे। पाण्डवोंकी सेना सात अक्षौहिणी थी और कौरवोंकी ग्यारह अक्षौहिणी। कौरव-दलमें नारायणी सेना भी शस्त्रास्त्रोंसे सुसज्जित थी, जिसे स्वयं दुर्योधनने श्रीकृष्णसे आग्रहपूर्वक माँगा था। इतना होते हुए भी कौरवगण पाण्डवोंका बालतक बाँका न कर सके।

सो धौं कहा जु न कियो सुजोधन, अबुध आपने मान जरै।
प्रभु-प्रसाद सौभाग्य विजय जस पांडवनै बरिआइ बरै॥
(विनयप० १३७। ४)

यही दिव्यशक्ति 'भगवत्कृपा' कहलाती है। यह कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुम् समर्थ है। जिसको पुरुष सोच नहीं सकता, उसे यह चरितार्थ कर देती है।

केनोपनिषद्में यक्षकी कथाके संदर्भमें इस रहस्यका सुस्पष्ट प्रतिपादन उपलब्ध होता है। परमात्माकी शक्तिसे शक्तिमान् अग्नि, वायु तथा इन्द्र आदि भी उस समय शक्तिसे रहित हो जाते हैं, जब अहंकारवश ये अपने आपको ही सर्वसमर्थ मान लेते हैं। परमात्माकी कृपा-शक्तिसे ही सभी अनुप्राणित हैं, यह निर्विवाद है—

तेऽग्निमब्रुवञ्जातवेद एतद्विजानीहि किमेतद् यक्षमिति तथेति॥ तदभ्यद्रवत्तमभ्यवदत्कोऽसीत्यग्निर्वा अहमस्मीत्यब्रवीज्जातवेदा वा अहमस्मीति॥ तस्मिꣳस्त्वयि किं वीर्यमित्यपीदꣳ सर्वं दहेयं यदिदं पृथिव्यामिति॥ तस्मै तृणं निदधावेतद्दहेति। तदुपप्रेयाय सर्वजवेन तन्न शशाक दग्धुं स तत एव निववृते। नैतदशकं विज्ञातुं यदेतद्यक्षमिति॥
(३। ३। ३–६)

"देवताओंने अग्निसे कहा—'हे अग्ने! इस यक्षका पता तो लगाओ कि यह कौन है?'—'बहुत अच्छा' कहकर अग्नि उसके पास गये। यक्षने पूछा—'तुम कौन हो? और तुममें क्या बल है?' उन्होंने कहा—'मैं अग्नि अपर नाम जातवेदस् हूँ। जगत्में जो कुछ भी पदार्थ हैं, मैं उसे जला सकता हूँ।' यक्षने उन्हें एक तिनका दिया और कहा—'इसे जलाओ।' अग्नि सम्पूर्ण वेगसे उसपर दौड़े, पर जला न सके। वे वहाँसे लौट आये और बोले—'मैं उस यक्षको न जान सका।'"

'अथ वायुमब्रुवन्वायवेतद्विजानीहि किमेतद्यक्षमिति तथेति॥ तदभ्यद्रवत्तमभ्यवदत्कोऽसीति वायुर्वा अहमस्मीत्यब्रवीन्मातरिश्वा वा अहमस्मीति। तस्मिꣳस्त्वयि किं वीर्यमित्यपीदꣳ सर्वमाददीय यदिदं पृथिव्यामिति॥ तस्मै तृणं निदधावेतदादत्स्वेति तदुपप्रेयाय सर्वजवेन तन्न शशाकादातुं स तत एव निववृते नैतदशकं विज्ञातुं यदेतद्यक्षमिति॥
(३। ३। ७–१०)

"तत्पश्चात् देवताओंने वायुको यक्षका पता जाननेके लिये भेजा। वायु यक्षके पास गये। यक्षने पूछा—'तुम कौन हो? और तुममें कितना बल है?' वायुने कहा—'मैं पृथ्वीकी कोई भी वस्तु उड़ा सकता हूँ। मेरा नाम मातरिश्वा है।' यक्षने उन्हें वही तिनका उड़ानेको दिया, पर वे न उड़ा सके और वहाँसे वापस लौट आये तथा देवताओंसे बोले—'मैं भी यक्षको न जान सका।'"

फिर यक्षको जाननेके लिये इन्द्र गये। पर यक्ष तबतक अन्तर्धान हो चुका था। उसकी जगह उन्हें हिमालयकी पुत्री उमादेवी मिलीं। उन्होंने कहा—

'आपलोगोंमें जो शक्ति है, वह ब्रह्मकी है। ब्रह्मकी विजयमें अपनी विजय समझो।' अर्थात् भगवान् जब इन देवताओंसे अपनी शक्ति खींच लिया करते हैं, तब वे देवता भी निस्तेज हो जाया करते हैं। सूर्य एवं चन्द्रादि भगवान्‌की कितनी अमोघ शक्तियाँ हैं, पर प्रलयकालमें ये ही शक्तियाँ कुछ नहीं कर सकतीं।

ये जो वृक्ष, पर्वत आदि आकाशमें ठहरे हुए हैं, जबतक उनमें भगवान्‌की शक्ति है, तबतक वे सुरक्षित हैं, उन्हें कोई भी नहीं गिरा सकता; पर भगवान्‌की शक्ति उनसे हटते ही मकान, वृक्ष, पहाड़ आदि अनायास गिर पड़ते हैं। महाभारत-युद्धके बाद भगवान् श्रीकृष्णने अर्जुनको रथसे उतर जानेको कहा, उतरते ही वह जल गया, जो भीष्म, द्रोण आदिके अस्त्रोंसे पहले ही दग्ध हो चुका था। श्रीकृष्णकी कृपाशक्तिके प्रभावसे ही वह तबतक सुरक्षित रहा था।

'श्रीकृष्णस्य कृपालवो यदि भवेत् कः कं निहन्तुं क्षमः'

भगवत्कृपाका परमार्थ

(लेखक—पं० श्रीसूरजचंदशाह सत्यप्रेमी ('डाँगीजी')

यह सम्पूर्ण विश्व, वह परिपूर्ण विश्वम्भर और दोनोंकी अनुभूति करनेवाली अचिन्त्य सम्यक्-दृष्टिकी प्राप्ति ही भगवत्कृपाका परमार्थ है । प्रातःस्मरणीय गोस्वामीजीकी घोषणा है कि—

बिनु सतसंग बिबेक न होई । राम कृपा बिनु सुलभ न सोई ॥

(मानस १ । २ । ४)

श्रीराम-कृपाके बिना सत्सङ्ग सुलभ नहीं और सत्सङ्गके बिना विवेक-दृष्टि नहीं और—

'बिनु बिबेक संसार घोर निधि पार न पावै कोई'

बिना विवेक-दृष्टिके संसारसागरसे कोई पार नहीं पा सकता । अब हम विचार करें कि जीवनके इस पारमार्थिक फलका स्वारस्य क्या है ? संत तुकारामजीकी अमंगवाणी है—

सेवितो हा रस वाटितो आणीका । ध्यारे होउ नका रान-भरी ॥

भगवत्कृपाके इस रसका मैं स्वयं सेवन कर रहा हूँ और अन्य सबके लिये वितरण करता हूँ—सब इस रसका पान करें और ग्राम्य-विषयरसमें मुग्ध होकर संसारसागरमें गोते न लगायें, न डूबें, न बहें । तरनेका उपाय करें । अब यह सोचें कि यह भगवत्कृपा उपलब्ध कैसे होती है ?—

मन क्रम बचन छाँड़ि चतुराई । भजत कृपा करिहहिं रघुराई ॥

(मानस १ । १९९ । ३)

वैसे तो भगवत्कृपा सबपर एवं सब समय अनवरत बरस रही है; परंतु मन, वचन, कर्मसे सम्पूर्ण चतुराई छोड़कर निरन्तर श्रीहरि-भजन करनेसे भगवत्कृपाकी अनुभूति होती है ।

नाम घेतां उठाउठी । पड़े संसाराची तुटी ॥

निरन्तर प्रभुका स्मरण हो, यही प्रभुकृपाका मूल है और जीवनमें केवल स्मरण ही रह जाय, यही फल है । स्मरणमें 'स्'—स्वीकृति छूट गयी; यही मरण है, यही संसार है, यही नास्तिकता है । 'वह नहीं'—यही नास्तिकता है और 'वह है'—यही आस्तिकता है । केवल 'है' ही कालनिरपेक्ष, अनादि और अनन्त है— इस चिन्मय सत्ताकी अखण्ड प्रतीति ही तत्-कृपा—भगवत्कृपा है ।

जिनका भ्रम निर्मूल हो गया हो, वे ही तन्निष्ठ और तत्परायण हैं, वे ही भगवत्कृपा-प्राप्तिके यथार्थ पात्र हैं—

तद्बुद्धयस्तदात्मानस्तन्निष्ठास्तत्परायणाः ।
गच्छन्त्यपुनरावृत्तिं ज्ञाननिर्धूतकल्मषाः ॥

(गीता ५ । १७)

'तद्रूप है बुद्धि जिनकी और तद्रूप है मन जिनका तथा उस सच्चिदानन्दघन परमात्मामें ही है निरन्तर एकीभावसे स्थिति जिनकी, ऐसे तत्परायण पुरुष ज्ञानके द्वारा पापरहित हुए अपुनरावृत्तिको अर्थात् परमगतिको प्राप्त होते हैं ।'

अब हम विचार करें, उस भगवत्कृपाके पाँच रूप हैं, जो हमें पञ्चदेवोंसे प्राप्त होते हैं और उसकी विश्लेषण-विधिसे पाँच ही फल हैं—पहली है करुणा, जो हमें भगवच्छक्ति पराम्बाके कृपा-कटाक्षसे प्राप्त होती है, वह अकारण होती है । ठीक उसी प्रकार, जैसे हमारी माँ बिना ही किसी हेतुके जन्मदान और स्तनपान आदि विविध सत्कर्मोंसे हमपर सहज ही करुणा करती है ।

या देवी सर्वभूतेषु निद्रारूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥

(दुर्गासप्तशती ५ । २२—२५)

हम दिनभर कार्यरत रहते हैं । रात्रिमें माता काली निद्रारूपसे आकर हमें विश्राम, शान्ति और सामर्थ्य प्रदान करती हैं । उनके प्राप्त हो जानेपर ही हम दिनभर कार्यरत रह सकते हैं ।

महाकालीरूप मृत्यु आती है और जीवन-भरके अभिमानको खा जाती है । हमें चिरनिद्रा—चिरशान्तिका दान कर देती है, इसीलिये किसीके मरनेपर हम कहते हैं, 'अमुक व्यक्ति शान्त हो गया ।'

इस प्रकार उस जगदम्बाकी परम करुणा समझकर हम निरन्तर उसकी उपकार-स्मृतिमें ही निहाल हो जायँ । फिर जन्मदात्री सरस्वती और पालनकर्त्री लक्ष्मीजीकी करुणाका तो क्या कहना । जगदम्बाकी परम कृपा धन्य है कि वह जीवन्मुक्तिका दान कर बिना मरे ही

रुवा जाती है । उसके वक्षःस्थलमें करुणा-ही-करुणा है । यह भगवत्कृपाका पहला रूप है—पराम्बाकी करुणा ।

दूसरा रूप है भगवान् शंकरकी दया—वे आशुतोष हैं—शीघ्र दया करते हैं और भूलमें पड़े हुए प्राणियोंका भी उद्धार करते हैं । रावण, भस्मासुर, बाणासुर आदि असुर-दैत्योंपर भी दया करके वे उन्हें सम्पूर्ण वैभव प्रदान करते हैं और विष्णुभगवान्को सौंप देते हैं, जिनके प्रसादसे उनका उद्धार हो जाता है—

मच्चित्तः सर्वदुर्गाणि मत्प्रसादात् तरिष्यसि ।

(गीता १८ । ५८)

भगवान्ने यह आदेश दिया है कि 'मेरेमें चित्त लगानेवाले मेरे प्रसादसे सब संकटोंको पार कर जाते हैं ।' यह विष्णुभगवान्का प्रसाद ही तीसरा रूप है, जिससे सब दुःखोंका सदाके लिये नाश हो जाता है—

प्रसादे सर्वदुःखानां हानिरस्योपजायते ।

(गीता २ । ६५)

भगवत्कृपाका एक और रूप है, जो 'अनुग्रह'के नामसे विख्यात और सर्वगुह्यतम है—सबसे अधिक स्मर्तव्य है । इस अनुग्रहका मर्म जिसने समझ लिया, वह निहाल हो गया । यह अनुग्रह सूर्यनारायणपर हुआ, **'इमं विवस्वते योगं प्रोक्तवानहमव्ययम्'** (गीता ४ । १) जिसे आजकल वे सम्पूर्ण विश्वपर बरसा रहे हैं । निर्लिप्त होकर फलकी इच्छा किये बिना सब कर्म करते हुए भी सर्वथा सजग हैं ।

यह (अनुग्रह) योग अव्यय है । हम भी सब परिस्थितियोंमें निर्लिप्त रहकर सम्पूर्ण कर्म करते हुए भी उनसे अलग रहें और भगवत्कृपाका अनुभव करें ।

अनुग्रहका अर्थ है अनुकूल ग्रहण करना—किसी भी परिस्थितिको हम प्रतिकूल न समझें । **'मत्तः स्मृतिर्ज्ञानमपोहनं च'** (गीता १५ । १५) अपोहन और स्मृति—दोनोंको ही प्रभु-प्रदत्त समझकर निरन्तर प्रभु-कृपाका ही अनुभव करते रहें ।

प्रत्येक परिस्थितिमें प्रत्येक व्यक्तिपर उनकी सर्वथा कृपा है । हमारी इच्छा पूरी हो जाय तो 'लाख' (क्योंकि भगवदिच्छासे मिली है) और पूरी न हो तो 'सवा लाख' क्योंकि उसमें हमारी सम्मति न रहनेसे केवल शुद्ध भगवदिच्छा (सर्वश्रेष्ठ) है । हमारी इच्छा पूरी न हो, तो उसमें (हमारी इच्छामें) दोष समझकर प्रभु-इच्छाकी प्रतीक्षा करें । ईसामसीहने अन्त समयमें यही कहा—'प्रभो ! तुम्हारी इच्छा पूरी हो ।' अनुग्रहका स्वरूप प्रभु-कृपाका अन्तिम रूप है ।

सर्वत्र सर्वथा अनुकूल ग्रहण करना और प्रतिकूलताकी इति कर देना ही कृपा-प्रतीतिका उत्कृष्ट लक्षण है । यह प्रतीति उपलब्ध हुई कि हमारे जीवनसे विघ्नोंका अन्त हो जायगा, फिर 'विघ्न' शब्द हमारे लिये कोई अर्थ न रख पायगा और हम विघ्ननाशक गणपतिके मङ्गलमय गुणका अनुभव करेंगे—

महिमा जासु जान गनराऊ । प्रथम पूजिअत नाम प्रभाऊ ॥

(मानस १ । १८ । २)

फिर हरिनाम, हरिनाम ही रह जायगा, जो भगवत्कृपाका अन्तिम और प्रथम रूप है । सम्पूर्ण कृपाका परमार्थ एक ही एक, जहाँ एकानेकका भी भेद नहीं है ।

'भगवत्कृपा यदि मान ले'

(रचयिता—श्रीजेष्ठमलजी व्यास 'मास्टर')

जीवन सफल, जग जन्म भी, भगवत्कृपा यदि मान ले ।
भूले नहीं, भटके नहीं, यदि शक्ति यह पहचान ले ॥
तो तीव्रतर फिर तीव्रतम, शुचि विकलता प्रभु-मिलनकी ।
अनुभूति भी हो मधुर शीतल, विरहके उस ज्वलनकी ॥
हो आस अरु विश्वास भी प्रभु कृपाके सत्तत्त्वका ।
वह बीज है, वह वृक्ष है, इस सृष्टिके मातृत्वका ॥
हो ज्ञात या अज्ञातमें हिमस्पर्श, शीतल ही करे ।
त्यों ही अदृष्ट कि दृष्ट हो, हरिकृपा मंगल ही भरे ॥

असमर्थता—सर्वसमर्थकी !

(लेखक—पं० श्रीरामदरशजी त्रिपाठी, पत्रकार)

साधक जो आज है, वह कल नहीं था। जन्मसे मरण-तक प्रतिक्षण उसके स्वरूपमें परिवर्तन होता रहता है, यह एक वैज्ञानिक तथ्य है। इस परिवर्तनको माप लिया जाय अथवा उसका वास्तविक आकलन हो जाय, यह सम्भव नहीं। नवजात शिशु किस क्षण किशोर हो जाता है और इस अन्तरालमें कितना काल व्यतीत हो जाता है, उसमें प्रतिक्षण होनेवाले परिवर्तनका विभागके साथ पूरा-पूरा समयाङ्कन नहीं किया जा सकता; किंतु वे परिवर्तन किन्हीं नियमोंसे नियमित अवश्य हैं। नियम है तो नियामक होगा ही। वह नियामक ही भगवान् हैं और नियम ही उनकी कृपा है।

पृथ्वी बिना भेद-भाव अर्थात् जाति, धर्म, लिङ्ग, जडता, चेतनता आदिका विचार किये सबको धारण करती है। जल बिना भेदभावके सरसता एवं तरलता देता है। सूर्यकी रश्मियाँ समानभावसे उष्णता और प्रकाश देती हैं। आकाश उन्मुक्त विचरणका अवकाश देता है और वायु भी इसी प्रकार सर्वत्र व्याप्त होकर जीवनदान करता है। इनमें काल, देश, धर्म, जाति, सजीव-निर्जीव (जड-चेतन) या सूक्ष्म-स्थूलके लिये कोई विभेद नहीं देखा जाता। ये ही पाँच तत्त्व हैं, जिनका वैज्ञानिक एकीकरण मानव-शरीर है। सृष्टिके नियमोंके अनुसार प्राणियोंका शरीर नियामककी कृपाका प्रसाद है अर्थात् मानव स्वयं भगवत्कृपाका सजीव प्रतिफल है।

भगवत्कृपा हुई, फलस्वरूप सृष्टिका एक चेतन प्राणी—मानव प्रत्यक्ष हुआ। उसने जिज्ञासासे प्रयास प्रारम्भ किया और साधना, तप, स्वाध्याय, मनन आदिद्वारा वह इस निष्कर्षपर पहुँचा कि जीव स्वयं कुछ नहीं, मात्र ईश्वरका अंश है। यह सत्यता ज्यों-ज्यों दृढ़ होती गयी, त्यों-त्यों वह पूर्णताकी ओर अर्थात् अंशीको प्राप्त करनेकी दिशामें अग्रसर होता गया और उसने विश्वासपूर्वक उद्घोष किया—'अहं ब्रह्मास्मि'। इस लक्ष्यतककी मानी हुई दूरी और उसे तय करना जिन नियमोंके अन्तर्गत नियमित है, उसे ही समझ लेनेके प्रयासमें दर्शनशास्त्रोंकी उत्पत्ति हुई। भगवत्कृपा उस दार्शनिक प्रक्रियाका चरम प्राप्तव्य—लक्ष्य है।

सगुण-निर्गुण, निराकार-साकार, हिंदू-मुस्लिम, सिख-ईसाई आदि दार्शनिक एवं धार्मिक परिवेशोंमें उसे बाँधनेकी अनन्तकालसे कोटि-कोटि चेष्टाएँ हुईं और यह भी मान लिया जाने लगा कि 'वह यही है।' वस्तुतः 'वह यही है'—यह आज भी संदिग्ध है। जिसने अपनी साधनासे जैसा समझा, उसने उसे वैसा ही बता दिया। विभिन्न धर्मोंकी स्थिति उस शिक्षा-संस्थाकी-सी है, जहाँ प्रत्येक विषयका प्राध्यापक उस विषय-विशेषके निर्धारित समयमें वही विषय छात्रोंको पढ़ाकर अपने उत्तरदायित्वका निर्वाह कर लेता है, अपने कर्तव्यकी इतिश्री मान लेता है। ठीक दूसरे कालांश (period)में दूसरे विषयका प्राध्यापक दूसरा विषय पढ़ा देता है, किंतु विद्यालयका प्राचार्य सामूहिक उत्तरदायित्वसे बँधा है कि उसके विद्यालयमें पढ़नेवाले छात्र प्रतिकालांशमें पढ़ाये गये विषयोंका ज्ञानार्जन करें, परीक्षामें उचित अङ्क प्राप्तकर उत्तीर्ण हो सकें। इसी प्रकार परमात्माको समझनेके लिये अथवा उनके विषयमें उचित अङ्क प्राप्त कर उत्तीर्ण होनेके लिये सभी विषयों (धार्मिक सम्प्रदायों, मान्यताओं)-का उचित ज्ञान प्राप्त करना कर्तव्य है। उसके लिये आवश्यक है कि पूर्वाग्रहोंको त्यागकर जिज्ञासु-भावसे उसकी जानकारी-हेतु सभी विषयोंका गम्भीरतासे मनन अर्थात् एकाग्र-चिन्तन किया जाय। ऐसा करनेसे ही उनका स्वरूप प्रत्यक्ष होगा। तब साधकके चिन्तनमें, उसके व्यवहारमें और उसके चतुर्दिक् विद्यमान परिवेशमें यह स्पष्ट हो जायगा कि वे न निराकार हैं, न साकार; न वे किसी धर्ममें बँधे हैं, न सम्प्रदायमें; अपितु वे सर्वत्र हैं, सर्वव्यापी हैं। 'क्यों,' 'क्या,' 'कैसे,' तथा 'मैं' और 'तू'से भी परे हैं। उनके लिये न कोई धार्मिक बन्धन है, न तार्किक समर्थन।

वे सर्वत्र हैं, उनकी कृपा भी सर्वत्र है, यह निश्चित है। उनमें कृपाके अतिरिक्त कुछ और है ही नहीं, जो वे किसीको दे सकें। उनमें लेनेकी शक्ति नहीं है। वे केवल दे सकते हैं, वह भी मात्र कृपा; किंतु देनेके बाद वे अपने ही नियमोंसे कुछ ऐसे नियमित हैं कि अपनी कृपा वापस नहीं ले सकते। जैसे सूर्यने जो उष्णता बिखेर दी, उसे वह वापस नहीं ले सकता, इसी प्रकार भगवान्में यह शक्ति नहीं है कि वे हमें अथवा इस सृष्टिके किसी भी अंशको अपनी कृपासे वञ्चित रख स[illegible] वे सर्वसमर्थ होते हुए भी ऐसा करनेमें सर्वथा असमर्थ

भगवत्कृपाकी सर्वोत्कृष्टता

(लेखक—प्रो० श्रीरंजन सूरिदेव, एम्० ए०)

मनुष्यकी शक्ति सीमित है। मानवकी वह ससीम शक्ति और बुद्धि जहाँ कोई काम नहीं कर पाती, मनुष्य जहाँ सर्वथा निरुपाय हो जाता है, वहींसे असीम शक्तिसम्पन्न अहैतुकी भगवत्कृपाका कार्य प्रारम्भ होता है।

भगवत्कृपा ही सर्वोपरि है, इसमें संदेह नहीं। आस्तिक या नास्तिक, पौरस्त्य या पाश्चात्य, सभी दर्शनकारोंका चिन्तन भागवती चेतना (सत्ता)के संदर्भमें हुआ है। यह बात दूसरी है कि आस्तिक दार्शनिकोंने भागवती सत्तापर प्रत्यक्षतः अपनी अखण्ड आस्था व्यक्त की है और नास्तिक दार्शनिकोंने परोक्षतः (मण्डनात्मिका शैलीकी अपेक्षा खण्डनात्मिका शैलीमें) भागवती सत्ताको स्वीकृत किया है। अनेकरूपात्मक जगत्में भगवान्‌के रूपकी स्वीकृतियाँ भी अनेक प्रकारकी हो सकती हैं, किंतु अनेक (विभक्त)में फिर उन्हीं एक (अविभक्त) सच्चिदानन्दस्वरूप भगवान्‌की स्वीकृति ही उभरकर सामने आती है, जिनकी कृपा सर्वोपरि है।

ईश्वरकी स्वीकृति विभिन्न धर्मोंमें हुई है। आधुनिक विचारक मानवताके मानदण्डकी प्रतिष्ठाके संदर्भमें ईश्वरवादकी उपेक्षा करके पुरुषार्थको महत्त्व देते हैं। उनकी धारणा है कि ईश्वरवादसे भाग्यवाद जुड़ा हुआ है, इसलिये इन दोनों वादोंके व्यापक सिद्धान्तसे पुरुषार्थकी अवधारणा शिथिल पड़ जाती है; किंतु उनकी यह धारणा निश्चय ही विचारणीय है। तात्त्विकता तो यह है कि भगवत्कृपाको सर्वोपरि माननेवाला व्यक्ति कभी पुरुषार्थसे च्युत नहीं होता। भारतीय चिन्तन-धारामें भगवदाश्रित रहनेके साथ-ही-साथ पुरुषार्थके प्रति भी सदा जागरूक रहनेका संकेत किया गया है। अपने हाथोंको कार्यव्यस्त और मनको भगवदाश्रित रखनेका सनातन संदेश भारतीय विचारधाराकी अपनी मौलिक विशेषता है। अहंभावनासे स्वार्थमूलक कर्मासक्ति बढ़ती है; परंतु मन जब भगवदाश्रित रहता है, तब अहंभावनाका विनाश होकर फलासक्तिरहित कर्मशीलताका विकास होता है। इसीलिये कर्म मनुष्यके अधीन है, परंतु उसका फल तो भगवत्कृपापर ही आधृत है। यद्यपि कुछ लोग ... कर्मकी अवधारणाको स्वीकार नहीं करते, उनका तर्क है कि कर्म सदा सकाम ही हो सकता है, निष्काम नहीं, तथापि ईश्वरवादको न माननेके कारण ही कदाचित् वे ऐसा सोचते हैं।

पूर्वोक्त ईश्वरवादसे पुरुषार्थकी अवधारणाके शिथिल पड़नेकी बात अवश्य ही तथ्यहीन है; क्योंकि भारतीय चिन्तन-पद्धतिमें भगवान्‌की (सत्ताकी) स्वीकृति षडैश्वर्य-सम्पन्न प्रधान पुरुषके रूपमें की गयी है। 'ऐश्वर्य'की प्राप्ति बिना 'पुरुषार्थ' कष्टसाध्य या असाध्य है। यहाँतक कि मोक्ष-प्राप्ति भी पुरुषार्थ-सिद्धिका ही प्रतीक है। भगवान्‌की षडैश्वर्य-सम्पन्नता उनमें निहित पुरुषार्थके प्रति प्रेरणा देनेवाली सत्ताको संकेतित करती है।

भगवान् महावीरका वचन है—'जैसे तैरना जानते हुए भी यदि कोई जलकी धारामें कूदकर हाथ-पाँव नहीं हिलाता तो वह डूब जाता है, इसी प्रकार शास्त्र जानते हुए भी यदि कोई तदनुसार आचरण नहीं करता तो वह विपत्तिमें पड़ जाता है।' ऐसी स्थिति—विपत्तिमें पड़नेपर तो केवल भगवान् ही सहायता करते हैं। अतएव पुरुषार्थके संदर्भमें सत् और असत्‌की विवेक-ख्याति आवश्यक है। यों तो पुरुषार्थ अपने-आपमें निष्क्रिय या निष्फल है। यह सक्रिय और सफल तभी होता है, जब 'पुरुष' उसे अपने 'अर्थ' (प्रयोजन)के लिये प्रयुक्त करता है। नीतिकारोंका कहना है—

> काकतालीयवत्प्राप्ते दृष्ट्वापि निधिमग्रतः।
> न स्वयं दैवमादत्ते पुरुषार्थमपेक्षते॥

अर्थात् संयोगवश या भगवत्कृपावश सामने धनका ढेर दिखलायी पड़ता है तो स्वयं दैव उसे उठाकर गठरीमें नहीं बाँध देता, किंतु उसकी प्राप्तिके लिये पुरुषार्थकी अपेक्षा होती है।

कहना न होगा कि जीवनका प्रत्येक क्षण पुरुषार्थसे ही गतिशील रहता है। शास्त्र पढ़ लेना कोई बड़ी भारी बात नहीं, बड़ी बात है—शास्त्रज्ञानके प्रकाशमें क्रियावान् होना। असली विद्वान् तो क्रियावान् ही होता है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि सक्रियता ही जीवन है और सक्रिय होनेकी प्रेरणा भी भगवत्कृपासे सतत प्राप्त है।

मनुष्यके बहुत प्रयास करनेपर भी जो कार्य सिद्ध नहीं होता, भगवत्कृपासे वह अनायास ही सफल होते देखा गया है। इसीलिये भगवान्को 'अघटितघटनापटीयान्' विशेषणसे विभूषित किया गया है। स्पष्ट है कि लौकिक उपायोंसे जिन विपत्तियोंका प्रतिकार नहीं हो सकता, उनसे रक्षा भगवत्कृपा अपने अचिन्त्य-अलौकिक स्वरूपमें प्रकट होकर स्वतः कर देती है।

निःसंदेह भगवत्कृपाकी अनुभूति तर्कसे नहीं प्राप्त हो सकती, उसकी उपलब्धि तो एकान्त भक्तिसे ही सम्भव है। ज्ञानातीत सर्वोच्च सत्ताके प्रति अवितर्क भावसे आत्म-समर्पण ही पराभक्ति है और यह भक्ति भी भगवत्कृपासे ही प्राप्त होती है—

'तस्यैव तु प्रसादेन भक्तिरुत्पद्यते नृणाम्॥'

जिस प्रकार सूर्य अस्पृश्योंके घरसे भी अपनी किरणोंको नहीं समेटते, उसी प्रकार भगवत्कृपा आस्तिक या नास्तिकका कोई विभेद न कर सबपर समानरूपसे बरसती रहती है। यह और बात है कि नास्तिकोंको पूर्वाग्रहवश अपने ऊपर धारासार बरसनेवाली भगवत्कृपाका कोई आभास नहीं होता। यों सम्पूर्ण सृष्टि ही भगवत्कृपाकी प्रभावशालिनी विततिसे संवलित है; क्योंकि उसकी सर्वाधिक व्यापक सत्ता सर्वथा अनुल्लङ्घनीय है।

अवश्य ही भगवत्कृपा सबपर समानरूपसे है, किंतु जो अज्ञ प्राणी उसकी अनुभूति नहीं कर पाता, वही अपनेको दुःखी समझता है। जहाँ निरन्तर भगवत्कृपा-की अनुभूति होती है, वहाँ विभूतिमत्ता, श्रीमत्ता, ऊर्जितत्व आदि महार्घ उत्कर्ष सहज ही दृष्टिगत होते हैं। निष्कर्ष यह कि सुख और आनन्द भगवत्कृपाकी अनुभूतिके प्रतीक हैं और जहाँ भगवत्कृपाकी अनुभूति नहीं होती, वहाँ दुःख और निरानन्द जड़ जमाये रहते हैं।

आध्यात्मिक क्षेत्रमें भगवत्कृपाकी वर्षाको ही 'शक्तिपात' कहा गया है। वह 'शक्तिपात' सबपर समानरूपसे होता है। तान्त्रिक आचार्योंके मतसे जीवकी स्वरूप-स्थितिके उपायका नाम ही 'शक्तिपात' है। भगवदनुग्रह या भगवत्कृपा इसीका नामान्तर है। इसे छोड़कर शुद्ध पौरुष-प्रयत्नसे भगवत्प्राप्ति सम्भव नहीं है। वस्तुतः भगवन्मुखी वृत्तिके मूलमें सर्वत्र भगवत्कृपा माननी ही पड़ेगी।

शक्तिपात या भगवत्कृपामें कृपणता नहीं होती। सक्रम या अक्रम भावसे सबपर भगवत्कृपा अवश्यमेव होती है। इस संदर्भमें महामहोपाध्याय डॉ० श्रीगोपीनाथजी कविराजका मूल्यवान् मन्तव्य मननीय है—

शक्तिपात अथवा श्रीभगवान्की कृपाके बिना कोई जीव पूर्णत्व-लाभ नहीं कर सकता। यहाँतक कि पूर्णत्वके मार्गमें भी प्रवेश नहीं कर सकता। शक्तिपातका तारतम्य जीवके आधार (धारणाशक्ति)के भेदसे होता है; परंतु यह भी सत्य है कि जीव चाहे कितने ही निम्न अधिकारका हो और कितना ही भोगाकाङ्क्षायुक्त हो, एक बार शक्तिपात होनेपर वह परमपदको अवश्य प्राप्त हो जायगा। भोगाकाङ्क्षादि अन्तरायके रहनेसे उसकी गतिमें विलम्ब होगा, नहीं तो शीघ्रातिशीघ्र—यहाँतक कि क्षणमात्रमें भी कार्य हो सकता है। शक्तिपातके समय योग्यताका विचार नहीं होता, परंतु स्वभावतः योग्यताके अनुसार ही शक्तिपातकी मात्रा निर्दिष्ट होती है। वह मात्रा कुछ भी हो, भगवच्छक्ति-की ऐसी ही महिमा है कि इसका एक बार पात होनेपर वह जीवको भगवद्धाममें पहुँचाये बिना शान्त नहीं होती, इसमें कोई संदेह नहीं।

निश्चय ही दस्यु रत्नाकरसे महर्षि वाल्मीकिके पदपर प्रतिष्ठित होनेमें उक्त चेतश्चमत्कारी शक्तिपात या भगवत्कृपा-का ही हाथ है। इससे बढ़कर भगवत्कृपाकी उदारताका प्रमाण और क्या हो सकता है? इस संदर्भमें महामाहेश्वराचार्य उत्पलदेवकृत भगवत्स्तुति भी ध्यातव्य है—

शक्तिपातसमये विचारणं
प्राप्तमीश न करोषि कर्हिचित्।
अद्य मां प्रति किमागतं यतः
स्वप्रकाशनविधौ विलम्बसे॥

उक्त स्तुतिके क्रममें कहा गया है कि भगवान् जीवपर कृपा करनेके समय पात्र-अपात्रका भी विचार नहीं करते।

स्थावरान्तमपि देवस्य स्वरूपोन्मीलनात्मिका।
शक्तिः पतन्ती सापेक्षा न क्वापि……॥

यहाँ 'स्थावरान्त' पदसे सूचित होता है कि अत्यन्त अयोग्यमें भी शक्तिपात होता है। उपर्युक्त विवेचनसे यह स्पष्ट है कि भगवत्कृपा ही सर्वोपरि है। बिना

पौरुषकी सफलतामें भी संदेह ही रहता है, इसलिये पौरुष और भगवत्कृपाको अन्योन्याश्रित मानकर ही अविश्रान्त भावसे कर्ममें प्रवृत्त रहना चाहिये। भगवत्कृपा उसीपर होती है, जिसके कर्तृत्वाभिमान नहीं होता। जो अहंकारविमूढ़ होता है, वही अपनेको कर्ता मानता है। गीता (३। २७)में कहा है—'अहंकारविमूढात्मा कर्ताहमिति मन्यते।' इसलिये आवश्यकता इस बातकी है कि अपनेद्वारा किये जानेवाले समस्त कर्मोंको भगवान्‌की आराधना मानी जाय। 'यद्यत्कर्म करोमि तत्तदखिलं शम्भो तवाराधनम्।' (शिवमानसपूजा ४) भगवान्‌के प्रति पूर्ण समर्पित भावसे कर्म करनेवालोंको ही भगवत्कृपाकी अनुभूति होती है और भगवत्कृपासे संवर्द्धित मनुष्य अपने जीवनमें कभी पराजित नहीं होता—

लाभस्तेषां जयस्तेषां कुतस्तेषां पराजयः।
येषां हृदिस्थो भगवान् मङ्गलायतनो हरिः॥
(गरुडपु० २। २६। ४६)

'जिनके हृदयमें मङ्गलके भण्डार श्रीहरि विराजमान हैं, उनके लिये लाभ और जयकी प्राप्ति निश्चित है। उनकी पराजय किसी प्रकार नहीं हो सकती।'

भगवत्कृपाकी भाँति भगवान्‌के अस्तित्वकी अनुभूति भी तभी हो सकती है, जब मनुष्य अपने बौद्धिक तर्कजालसे मुक्त रहे। दुर्निवार दुःख या भयकी स्थितिमें पड़ा हुआ मनुष्य यदि सहसा सुख या निर्भयताकी स्थितिमें आ ज[ाता] है तो उस अवस्थामें संशयात्मा या नास्तिक होते हुए भी उसे यह माननेको बाध्य होना पड़ता है कि मनुष्यकी विचा[र] परिधिसे परे कोई एक लोकोत्तर शक्ति अवश्य है, जो अनेक और मङ्गलमय तत्त्वोंका अनन्त कोष है। इस अलौ[किक] शक्तिको, जो अबतक वैज्ञानिकोंको भी बुद्धिगम्य नहीं हो सकी है, हम ईश्वर या भगवान् कहें या न कहें, किंतु उ[स] विशिष्ट शक्तिकी सर्वोत्कृष्टताको अर्थात् स्थूल सांसारि[क] जीवनके अन्तरालमें प्रवाहित एक विराट् शक्तिमयी अवस्था[को] स्वीकार करना ही पड़ेगा।

भगवान् और उनकी अहैतुकी कृपाके प्रति विश्वास[के] निमित्त हृदयकी सरलता पहली शर्त है और उसकी अनुभू[ति] निराकाङ्क्षा या निरपेक्षताकी भावनासे ही होती है। भगवत्कृपा[के] प्रति विश्वास उसी मनुष्यमें उत्पन्न होता है, जिस[का] हृदय शिक्षा, संस्कार, आचार, उपदेश, शास्त्र और महापुरुष[ोंके] वचनोंसे शुद्ध हो गया है। सरल हृदयमें विश्वास उत्प[न्न] होनेपर ही महाशक्तिरूपा भगवत्कृपाकी सर्वोत्कृष्टताकी अनुभू[ति] होती है और यह अनुभूति न केवल सांसारिक अभ्युद[यकी] अपितु मोक्ष-सुखकी प्राप्तिका भी कारण बनती है। इ[स] प्रकार अनन्य एवं सर्वोत्कृष्ट महाशक्तिरूपा भगवत्कृप[ासे] ही विश्वकी समग्र सृष्टि प्रस्फुटित—प्रस्पन्दित है।

'कल्याण कृपासे ही होता'

(रचयिता—श्रीपथिकजी महाराज)

भगवान् हमारे जीवनका कल्याण कृपासे ही होता।
भव-दुःख-विनाशक आत्मज्ञान-विज्ञान कृपासे ही होता॥
जिससे सब दोष दिखा करते, जिससे कि असुर-दानव डरते।
उस सद्विवेकका प्रेमसहित सन्मान कृपासे ही होता॥
अच्छे दिन बीते जाते हैं, गुरु-जन सब विधि समझाते हैं।
भोगस्थलसे योगस्थलमें प्रस्थान कृपासे ही होता॥
शीतलता जिससे आती है, सारी अतृप्ति मिट जाती है।
वह नित्य प्राप्त है शान्ति-सुधा, पर पान कृपासे ही होता॥
यद्यपि हैं नित्य सुलभ साधन, सब, साध न पाते साधक जन।
जो जडमय है, वह चिन्मय हो, यह ध्यान कृपासे ही होता॥
वह कृपा निरन्तर रहती है, कुछ भी न किसीसे चहती है।
हम 'पथिक' उसे देखें, ऐसा उत्थान कृपासे ही होता॥

कृपा-अकृपा-रहस्य

(लेखक—श्रीहरिकृष्णदासजी गुप्त 'हरि')

इस जीवनमें हम सदा किसी-न-किसीकी कृपाके लिये लालायित तथा किसी-न-किसीकी अकृपाका विचार करके आशङ्कित रहते हैं। कृपाओंकी उपलब्धि और अकृपाओंके निवारण-हेतु राग-द्वेष एवं दीनता-चाटुकारितापूर्ण तरह-तरहकी सुचेष्टाएँ-कुचेष्टाएँ करते-करते हमारी आयु बीत जाती है और हम कोल्हूके बैल बने गोल-परिधिमें ही चक्कर लगाते रहते हैं, मंजिलतक नहीं पहुँचते, ठिकानेपर नहीं लगते।

अन्ततः ऐसा क्यों ?

कोल्हूके बैलके समान ही हमारी आँखोंपर भी पट्टी बँधी हुई है। उसे खोलकर दृष्टिपात करें तो सहज ही पता चलेगा कि हमारी इस करुण-भयावह स्थितिका एकमात्र कारण है हमारी चाहोंकी अनन्तता। एक-एक चाहमें शाखाओं-प्रशाखाओंके नित्य-नित्य जन्म लेते रहनेके कारण चाहोंके जंगल खड़े हो जाते हैं। एक शब्दमें हम मात्र 'चाहपुञ्ज' बनकर रह जाते हैं। ये चाह-महारानियाँ अपने चंगुलमें फँसे किसी भी बेचारेसे क्या-क्या चाकरियाँ नहीं करातीं, क्या-क्या चक-फेरियाँ नहीं कटातीं ?

अचाह हो जाना जितना सरल दीखता है, उतना है नहीं। ठीक दिशामें सतत, तीव्र एवं एकचित्ततासे किये गये सुप्रयास रंग ला सकते हैं—गहरा, गाढ़ा, साफल्य-सूचक। हाँ, मोरचा दोहरा लगाना होगा। एक ओर तो हमें अगणित चाहोंके जंगलसे, जो हमने अपनेमें खड़े कर रखे हैं, अपनी मूल चाहको (अन्य सब चाहें, जिसके पसारामात्र हैं, शाखा-पत्ते मात्र हैं) खोज निकालना होगा और तब अन्य सब चाहोंसे नाता तोड़ बस, उसीका होकर रह जाना होगा।

हमारी खोज जिस मूल चाहसे हमारा साक्षात्कार करायेगी, वह यही होगी कि 'हम पूर्ण हों, सम्पूर्ण तृप्त हों।' दूसरे शब्दोंमें कह सकते हैं कि अचाह होना ही हमारी मूल चाह है। कृपा-अकृपाके मूलके सम्बन्धमें सोच-विचारकर हम इस निश्चयपर पहुँचेंगे कि कोई सत्ता है—परम सत्ता, जो सर्वसमर्थ है, जिसकी इच्छाके बिना पत्ता भी नहीं हिलता।

अब यह स्पष्ट हो गया कि हमें करना क्या है ? ले-देकर एक ही काम हमें करना है कि और सब चाहोंके झमेलेको छोड़कर मूल चाहकी ही (हाथीके पाँवमें जिस तरह सबका पाँव समाया रहता है, उसी तरह सब चाहोंके इसी एक चाहमें समाये रहनेके कारण सौदा घाटेका किसी स्थितिमें नहीं रहेगा) पूर्तिके लिये सजग हो जायँ, सामान्य कृपा-अकृपाकी चिन्ता छोड़कर उस परम सत्ताकी ही कृपोपलब्धिके लिये जुट जायँ। हाँ, लगें तन-मनसे, जुटें जी-जानसे !

ठीक डगरपर पैर धरने और पैर धरकर पैरपर पैर धरे चले जानेकी देर है, काम बनते देर नहीं लगेगी। क्षण-क्षण, पद-पदपर सफलता हमारे पाँव चूमेगी। परम सत्ताके साक्षात्कारी संतजनोंसे यह पता चलनेपर कि वह परम सत्ता अकृपालु तो किसीके प्रति है ही नहीं, उसकी अकृपाकी आशङ्कासे तो अतिशीघ्र छुटकारा हो ही जायगा, साथ ही यह जाननेमें आनेपर कि वह सबके प्रति सहज कृपालु है—अनन्त कृपालु, उसकी कृपोपलब्धिमें संदेहके लिये अवकाश भी नहीं रहेगा। यह इसलिये कि है ही वह, उसके अतिरिक्त मैं-तू-यह-वह और कोई भी तो नहीं। कोई भी अपने प्रति सदैव-सर्वथा कृपालु ही होता है, अकृपालु कदापि नहीं, रंचमात्र नहीं। उसके लीला-रूपको लें—यह सारा संसार और इसमें जो कुछ हो रहा है, उसकी लीला ही है, तो भी यही बात निष्कर्षरूपसे बच रहेगी कि वह परम सत्ता हमपर अनवरत कृपा कर रही है।

और भी शीघ्र काम बनाना है तो एक काम और कर डालना होगा; छोटा-सा ही। क्रियाकी प्रतिक्रिया होती ही है—यह सुनिश्चित सिद्धान्त है। इसीके अनुसार हमें भी उस परम सत्तापर उसकी अमित कृपा पानेके लिये थोड़ी-सी अपनी कृपा कर देनी होगी। वह यह कि परम सत्ताकी अपनेपर होती अविरल-अतिशय कृपा-वर्षा और अपने बीचमें हम कोई व्यवधान खड़ा न करें।

इतना करते ही नितान्त असंदिग्ध रहें, वह परम कृपामयी परम सत्ता अविलम्ब हमारी चाह पूरी करेगी—हम अचाह होंगे। अचाह होनेका आशय—वही होंगे, जो वह स्वयं है और जिससे बढ़कर होनेको और कुछ है ही नहीं। यह स्वरूप-प्राप्ति ही उसकी कृपा-प्राप्तिका पर्याय है। आप्तकाम होना ही—चिरतृप्तिमूलक भगवत्कृपा‑[illegible]सिद्धि है, महती लब्धि है।

भगवत्कृपा—एक विवेचन

(लेखक—साहित्यमहोपाध्याय प्रो० श्रीजनार्दनजी मिश्र, 'पङ्कज', एम्० ए०, शास्त्री, काव्यतीर्थ, षड्विषयाचार्य)

क्या भगवत्कृपा नित्य-सिद्ध है?—यह आजके युगका एक तर्क-पूर्ण प्रश्न है। यदि वह नित्यसिद्ध है तो साधन-अनपेक्षित है और यदि साधन-सिद्ध है तो साधन भी अनेक हैं—उच्चावच, दुरूह एवं दुर्गम।

संसारमें आकृमि देव-दानव सभीको 'सुख' अभीष्ट है और सुख भी वह, जो शाश्वत, चिरन्तन एवं निरतिशय हो। निरतिशयका अर्थ है—सबसे बढ़कर, जिससे अतिशय कोई दूसरा न हो। जो न कभी कम हो, न कभी दूर हटे और न कभी खो जाय अर्थात् जो सदा एकरस बना रहे; पर पुनः प्रश्न यह उठता है कि ऐसा सुख क्या इस विनाशी और प्रतिक्षण परिवर्तनशील जगत्में अथवा तादृश किसी भी जागतिक पदार्थमें प्राप्त हो सकता है?

इसका उत्तर एक ही होगा कि इस भौतिक जगत्में ऐसा सुख सम्भव नहीं है, जो कुछ है—सुखाभास है, सुखकी प्रतीतिमात्र है। इस सम्बन्धमें सांख्य-दर्शनमें महर्षि कपिलके दो सूत्र प्रसिद्ध हैं—

'कुत्रापि कोऽपि सुखीति।' (६। ६)

अर्थात् क्या कहीं भी इस विश्वमें कोई पूर्ण सुखी व्यक्ति है? ऐसा प्रश्न कर वे पुनः इसका समाधान करते हुए स्वयं विवेचन करते हैं—

'तदपि दुःखशबलमिति दुःखपक्षे निःक्षिपन्ते विवेचकाः।' (६। ८)

अर्थात् सभी सुखियोंके सुख भी दुःखमिश्रित हैं, अतः विवेचकोंकी दृष्टिसे वे सभी एक प्रकारके दुःख ही हैं। अतः सिद्ध है कि—

> न चेन्द्रस्य सुखं किंचिन्न सुखं चक्रवर्तिनः।
> सुखमस्ति विरक्तस्य मुनेरेकान्तजीविनः॥
> (पाद्मीय भागवत-माहा० ४। ७५)

'इन्द्र अथवा चक्रवर्ती राजाको भी कुछ सुख नहीं है, सुख तो एकमात्र एकान्तवासी वैराग्यवान् मुनिको ही है।'

हाँ, यदि कहीं सुखकी अक्षय सत्ता है तो वह है श्रीभगवान्के चरणोंकी शरणमें। गोस्वामीजीके शब्द हैं—

'सुखी मीन जे नीर अगाधा। जिमि हरि सरन न एकउ बाधा।' (मानस ४। १६। १)

अब क्या हो? इन्द्र भी सुखी नहीं, चक्रवर्ती भी सुखी नहीं। हाँ, 'मुनेरेकान्तजीविनः'—एकान्तवासी (एकमात्र परमेश्वरका सहारा लेनेवाले) मुनिको सुख है।

कपिलजीके उपर्युक्त सूत्रका आशय इतना ही है कि जगत्के सभी भौतिक सुख क्षणस्थायी हैं, क्षणभङ्गुर हैं तथा किंचित्कालोपभोग्य हैं।

अनादिकालसे अर्थात् जबसे सृष्टि है, गगन-पवन है तभीसे प्राणी सुखकी खोजमें भटक रहा है। विचारणीय इतना ही है कि खोज सही जगह हो रही है या अनुचित जगह। सही जगह प्राप्त हो चुकी है, तब तो सुख ही नहीं, परम सुख करतलामलकवत् है और यदि अनुचित जगह खोज की जा रही है तो उसकी प्राप्ति असम्भव होगी। महात्मा कबीरदासजीने सुखाभासके पीछे भटकनेवाले ऐसे ही लोगोंके लिये कहा था—

> **कस्तूरी कुंडलि बसै मृग ढूँढै बन माँहि।**
> **ऐसें घटि घटि राम है, दुनियाँ देखै नाँहिं॥**
> (कबीर-ग्रन्थावली ५३। १)

इससे तो यही निष्कर्ष निकला कि सुख तो है, पर जहाँ है, वहाँ खोज नहीं और जहाँ सुख नहीं है, वहीं खोज की जा रही है। वस्तुतः अन्वेषकको ज्ञान होना चाहिये कि उसके एकमात्र साध्य हैं—श्रीभगवान्। इस प्रकार साध्य स्थिर हो जानेपर अपनी स्थिति और शक्तिके अनुसार उसकी प्राप्तिके लिये किये जानेवाले प्रयत्नका नाम 'साधना' है।

भगवान् और भक्तके बीच दयालु-दीन, दानी-भिखारी, पतितपावन-पातकी, नाथ-अनाथ आदि नित्य-सिद्ध और स्वतःसिद्ध सम्बन्ध बतलाये गये हैं; बीचमें मात्र विस्मृति है। हम अपना सम्बन्ध भूले हुए हैं, अल्पज्ञताके कारण पर भगवान् तो सर्वज्ञ हैं, वे हमें कैसे भूल सकते हैं? जीव एवं ईश्वरके बीच अनेक सम्बन्ध हैं, उनमें किसी एकको केवल ठीक-ठीक जान लेना है। अंशांशिभाव

अङ्गाङ्गिभाव, जन्य-जनकभाव, सख्य-भाव और दास्य-भाव आदि स्वतःसिद्ध हैं । एक गगन है और दूसरा तारा; एक सागर है, दूसरा बिन्दु; एक वृक्ष है, दूसरा फल; एक आधार है, दूसरा आधेय; एक भित्ति है, दूसरा उसपर अङ्कित चित्र ।

श्रुति-स्मृति, ऋषि-मुनि एवं साधु-संतोंके मतानुसार तो अवतार-लीलाओंके क्रममें अवतरित श्रीभगवान्के परिकर भी नित्य-सिद्ध ही हैं । वस्तुतः उनके लिये साधनोंकी अपेक्षा नहीं है, तथापि वे लोकमर्यादा-पालनकी दृष्टिसे साधन-भजन करते हुए हमारा पथ-प्रदर्शन करते रहते हैं । कौसल्या, यशोदा, देवकी, रोहिणी एवं दशरथ, नन्द, उपनन्द, वसुदेव आदि प्रभुकी लीलाके अन्तरङ्ग अभिनेता (पात्र) हैं—नित्य-सिद्ध परिकर हैं ।

कहते हैं—व्रजकी गोपियोंमें भी कुछ तो नित्य-सिद्धा थीं और कुछ साधन-सिद्धा । गोपियोंने अपनी दिनचर्यामें ही साधनोंको समाविष्ट कर रखा था । वे घरेलू कार्य-कलापोंमें ही परमात्मा, सर्वेश्वर श्यामसुन्दरसे अहर्निश युक्त थीं । श्रीकृष्णसे उनका नित्यसंयोग था, वियोग तो मात्र बाह्य लीलाएँ थीं । निम्नलिखित श्लोकमें उन गोपियोंकी दिनचर्याकी झाँकी देखिये—

> या दोहनेऽवहनने मथनोपलेप-
> प्रेङ्खेङ्खनार्भरुदितोक्षणमार्जनादौ ।
> गायन्ति चैनमनुरक्तधियोऽश्रुकण्ठ्यो
> धन्या व्रजस्त्रिय उरुक्रमचित्तयानाः ॥
> (श्रीमद्भा० १० । ४४ । १५)

'गौओंको दुहती हुई, धान कूटती हुई, चावल और चिउरा तैयार करती हुई, घर-दरवाजोंको लीपती हुई, दही-दूधको बिलोती हुई, पलनेपर रोते बच्चोंको लोरियाँ सुना-सुनाकर चुप कराती हुई, तुलसी आदि पौधोंमें जल देती हुई, झाड़ू-बहारू लगाती हुई—किमधिकम्, वे अपने सारे घरेलू काम-काजोंमें लगी हुई भी गाढ़ अनुरागपूर्वक गोविन्दके गुण गाती-गाती रोने लगती थीं, उनका कण्ठ गद्गद हो जाता था । श्रीशुकदेवजी कहते हैं—परीक्षित् ! व्रजकी रमणियाँ धन्य हैं; क्योंकि उनके चित्तमें सदैव श्यामसुन्दर निवास करते हैं ।'

नर-देहकी प्राप्ति तो भगवान्की अहैतुकी कृपाका ही फल है । स्वर्ग-नरक तथा अपवर्गतक पहुँचानेमें यह सीढ़ीका काम करता है । भव-सागरके लिये यह एक प्रकारका बेड़ा (बाँस या लकड़ीका ठट्टर) है । नाव और जहाज तो कभी टूट भी जाते हैं, पर बेड़ा अपनी विशेषता रखता है । वह पानीपर तैरता रहता है । उसपर बैठनेवालोंको डूब जानेका भय नहीं है ।

साधनकालमें साधक जिस प्रकारके भाव और जैसी श्रद्धासे भावित होकर परमात्माकी उपासना करता है, उसको उसी भावके अनुसार परमात्माकी प्राप्ति होती है । शांकर-भाष्यानुसार जो अभेदरूपसे (परमात्मासे अपनेको अभिन्न मानकर) उनकी (परमात्माकी) उपासना करते हैं, उन्हें अभेदरूपसे परमात्माकी प्राप्ति होती है और जो भेदरूपसे भजते हैं, उन्हें भगवान् भेदरूपसे दर्शन देते और भगवत्कृपाकी वर्षा करते हैं । भगवत्कृपा अचिन्त्य और अतर्क्य है ।

'नहीं बनेगा काम हरि किरपाके बिना'

> बिना तुम्हारी मेहरके, दरस कबू नहिं होय ।
> चाहे हम सब माल-धन, सहित जानके खोय ॥
> सहित जानके खोय, बुद्धि विद्या सगरी ।
> नहीं होवें दीदार, बिना किरपाके तुमरी ॥
> कहे 'शाहन्शाह' छोड़ सकल चतुराई मना ।
> नहीं बनेगा काम हरि किरपाके बिना ॥

परम विश्रामप्रदायिनी भगवत्कृपा

(लेखक—श्रीबजरंगबलीजी ब्रह्मचारी, एम्० ए० (द्वय), साहित्यरत्न)

मानव-जीवनकी माँग केवल दाम-काम अथवा आरामकी अधिकाधिक उपलब्धि कर लेना मात्र नहीं है, उसकी माँग है—'परम विश्राम' अथवा 'दुर्लभ राम'। मधुरातिमधुर मधुका पान करनेवाली मधुमक्खियाँ, रंग-बिरंगे पंखोंसे अलंकृत तितलियाँ तथा दर्जनों बच्चोंको एक साथ जन्म देनेवाले कूकर-शूकर-जैसे प्राणियोंने भोजन, स्थान तथा संतान-प्रजननके सांसारिक सुखोंकी होड़में मनुष्यको बहुत पीछे ढकेल दिया है। इसीलिये विवेकके प्रकाशमें हमें मानव-जीवनकी सही-सच्ची माँगकी खोज करनी है।

मानव-जीवनका चरम लक्ष्य केवल दुःख-सुखका भोग करना नहीं, अपितु उनके बन्धनसे मुक्त होना है। तरंग जलका परित्याग कर, घटाकाश महाकाशकी महिमाको नकारकर तथा कुण्डल कनककी व्यापकताको भुलाकर अपने अस्तित्व एवं महत्त्वकी स्थापना नहीं कर सकते। इसी प्रकार जगत्पति जगदीश्वरकी सत्ता-महत्ता और कृपाको भुलाकर केवल जगत्का चिन्तन कर कोई भी अक्षय शक्ति, दैवी सम्पत्ति तथा परम शान्तिकी प्राप्ति नहीं कर सकता। जगत्की कृपा हममें अन्धकार तथा भगवत्कृपा ज्योति-जागृति लाती है।

सुन्दर जीवनके निर्माणसे ही देश, राष्ट्र, समाज और संसार—इन सबका समुचित उत्थान हो सकता है। 'पर'से हटकर 'स्व'का सतत चिन्तन करने, अधिकारकी आहुति देकर कर्तव्य-पथपर दृढ़तासे चलने तथा जगत्के सभी नाते निभाते हुए जगदीशकी कृपापर पूर्ण आस्था रखनेसे सुन्दर व्यक्तित्वका निर्माण होता है। भगवत्कृपासे सुन्दर व्यक्तित्व-निर्माणकी सभी आवश्यक साधन-सामग्रियाँ हम सबको सुलभ हैं। अब गुरु-कृपाके मार्गदर्शन तथा स्वयंके आत्मनिरीक्षण-द्वारा उन प्रभु-प्रदत्त सामग्रियोंका सदुपयोग करना है।

सुन्दर जीवन-निर्माणकी आधारशिला भावशुद्धि है। भावशुद्धिके बिना कर्मशुद्धि असम्भव है। भाव-अशुद्धिसे भ्रान्ति तथा भावशुद्धिसे शान्ति और परमपदकी प्राप्ति होती है। हीरेकी प्राप्तिके पश्चात् काँचके मनकेसे मोह अपने-आप कम हो जाता है, जाग जानेपर स्वप्नका भ्रम स्वयमेव दूर हो जाता है। इसी भाँति भावशुद्धि होते ही प्रभुकी कृपा और उनसे अभिन्नताकी अनुभूति अपने-आप होने लगती है।

मानव-जीवन ही सृष्टि-निर्माताकी सबसे श्रेष्ठ कृति है। संसारकी कोई भी शक्ति अथवा सम्पत्ति मानव-जीवनकी प्राप्तिसे बढ़कर नहीं हो सकती। सम्पूर्ण मानव-जीवन अथवा अरबों-खरबों रुपये खर्च करके भी उसके एक छोटे-से अङ्गका निर्माण नहीं किया जा सकता। तत्त्वज्ञान तथा भौतिक-विज्ञान दोनोंने मानव-शक्तिकी गरिमाको स्वीकार किया है; क्योंकि इन दोनोंका अन्वेषक आविष्कारक तथा प्रचारक मनुष्य ही तो है और मानव-जीवनकी प्राप्तिका हेतु केवल 'भगवत्कृपा' है—

'जीवे दुःखाकुले तस्य कृपा काप्युपजायते'

'जीवको व्याकुल देखकर भगवान् कृपापूर्वक कभी यह मानव-शरीर दे देते हैं।' किंतु मानव-जीवनकी श्रेष्ठता तभी सार्थक होगी, जब श्रेष्ठताके दाताकी अहैतुकी कृपाको हम व्यावहारिक रूप देंगे। हमारे आचार-विचार एवं कार्यकी प्रत्येक ईंट सत्यकी सीमेंट तथा भगवद्भक्तिकी जलधारमें इस प्रकार सनी होनी चाहिये, जिससे हमारे वज्रवत् सुदृढ़ चरित्ररूप प्रासादका निर्माण हो सके। राष्ट्रियताके उत्थान तथा मानवताके कल्याणके लिये ऐसे दृढ़-व्रतरत सुन्दर व्यक्तित्वकी सर्वत्र अपेक्षा और आवश्यकता है।

प्रभुकी अहैतुकी कृपाका आदर करनेसे सभी समस्याओंका समाधान सरलतासे हो जाता है। जो हमारे न चाहनेपर भी हमको चाहते हैं, जो हमारे न जाननेपर भी हमको जानते हैं और जो हमारे न माननेपर भी हमको मानते हैं तथा प्रेम करते हैं; वे तो इतने अकारणकरुण परम कृपालु हैं कि हमारे कुछ न करनेपर भी हमको सब कुछ

देते रहते और शत्रुभावसे मनन करनेवालेका भी वे कल्याण ही करते हैं। मित्रभावसे ध्यान करनेवालोंका तो योग-क्षेम भी वे स्वयं वहन करते हैं। इससे बढ़कर उनकी कृपाका और कौन उदाहरण हो सकता है!

मानव-जीवनकी पूर्णता स्वाधीनतामें निहित है। इस स्वाधीनताका ही दूसरा नाम—भक्ति, मुक्ति, शान्तिधाम अथवा परम विश्राम है। धर्म, अर्थ और कामको पुरुषार्थ तथा मोक्षरूप प्रभु-प्रेमको परम पुरुषार्थ कहा गया है। बन्धन और मोक्षका कारण मानव-मनमें निहित अनेक कामनाओंकी उत्पत्ति और निवृत्ति है। कामनाकी उत्पत्तिसे दुःख, पूर्तिसे सुख तथा निवृत्तिसे परम विश्रामकी प्राप्ति होती है। रागसे कामनाओंकी उत्पत्ति और त्यागसे कामनाओंकी निवृत्ति होती है। इसीलिये भगवान्ने सभी प्रकारके कर्मोंको अपने चरणोंमें अर्पित करनेको कहा है—

यत्करोषि यदश्नासि यज्जुहोषि ददासि यत्।
यत्तपस्यसि कौन्तेय तत्कुरुष्व मदर्पणम्॥

(गीता ९। २७)

'हे अर्जुन! तुम जो कुछ कर्म करते हो, जो कुछ खाते हो, जो कुछ हवन करते हो, जो कुछ दान देते हो और जो कुछ स्वधर्माचरणरूप तप करते हो, वह सब मुझे अर्पण कर दो।'

इस प्रकार भगवत्प्रीत्यर्थ अथवा जनकल्याणार्थ सर्वस्व-समर्पणकी भावना दृढ़ होते ही व्यक्ति भगवत्कृपासे—

'क्षिप्रं भवति धर्मात्मा शश्वच्छान्तिं निगच्छति।'

(गीता ९। ३१)

'अति शीघ्र धर्मात्मा बनकर परम विश्रामको प्राप्त हो जाता है।'

'भगवत्कृपा अपार निधि'

(रचयिता—स्वामी श्रीरंगीलीशरण देवाचार्यजी, काव्यतीर्थ, मीमांसा-शास्त्री, साहित्य, वेदाचार्य)

लोभ-लाभ की लालसा, कुकलि काल को सूल।
कृष्ण-कृपा उन्मूलनी, भव सम्भव सब शूल॥
स्वर्गादिक जग भोग सों, जिय की जरन न जाय।
कृष्ण-कृपा पावन शरन, जरन की जर जर जाय॥
महा महा महिमामयी, ममतामयी अपार।
भगवत्कृपा अपार निधि, केहि विधि पावे पार॥
घटाटोप कलि कोपको, कृष्ण-कृपा की बाट।
निकट विकट संकट कटै, टूटै कपट कपाट॥
कृपा-कोर घन ओर लखि, जन मन मोर नचाय।
विषय-वासना बास सों, कृपया कृष्ण बचाय॥
कृष्ण करोगे कब कृपा, कृपा सिन्धु समुदार।
दीनबन्धु निज बन्धु पर, सुधा-सिन्धु सुख-सार॥

भगवत्कृपाके विचित्र रूप

(लेखक—डॉ० श्रीभगवतीप्रसादसिंहजी, एम्० ए०, पी-एच्० डी०, डी० लिट्०)

साधना-मार्गके कुछ पथिक अभ्युदय अथवा भौतिक उत्कर्षके उपादानोंकी उपलब्धि, सांसारिक इच्छाओंकी पूर्ति अथवा अभीष्ट लौकिक कार्योंकी सिद्धिमें ही भगवत्कृपाके प्रकाशका अनुभव करते हैं। उसे ईश्वरकी अनुकूलता मानकर वे भगवान्के असीम अनुग्रहके प्रति विविध रूपोंमें कृतज्ञता ज्ञापन करते हैं और फिर दूने उत्साहसे उन्नततर उपलब्धियोंके लिये इष्टदेवकी उपासनामें प्रवृत्त होते हैं; किंतु यदि दैवयोगसे अभीप्सित वस्तुकी प्राप्ति नहीं हुई अथवा उनकी इच्छाके विरुद्ध परिणाम निकला, तब या तो वे साधना-पथसे पराङ्मुख हो जाते हैं या प्रतिक्रियास्वरूप उसके घोर विरोधी बन जाते हैं। इस प्रकारकी मनःस्थितिका विश्लेषण करनेपर विदित होता है कि ऐसा साधक अथवा भक्त (कहलानेवाला प्राणी) वास्तवमें अपनेको आराध्यका अनुगत न मानकर नियामक समझता है। अतः उससे अपनी इच्छाके अनुकूल आचरणकी ही आशा रखता है, अन्यथा होनेपर वह अपना मानसिक संतुलन खो देता है। इससे उसके द्वारा सिद्धान्तरूपमें स्वीकृत सेवक-स्वामि-भाव व्यवहारमें स्वामि-सेवक-भावमें परिणत हो जाता है।

गम्भीरतापूर्वक विचार करनेपर यह पता चलता है कि अध्यात्म-साधनाको विनष्ट करनेवाली इस भावनाके मूलमें अर्थार्थी-भाव अथवा सकाम-उपासना है। उस (मानव) की कर्म, ज्ञान अथवा भक्ति-साधनाका उद्देश्य वस्तुतः भव-संतरण न होकर वैषयिक सुखोंको प्राप्त कर भव-मज्जनका सुयोग लाभ करना है। अतः उनकी प्राप्तिमें सहायक होनेवाला ही कृपा-सिन्धु है, दयासागर है, भक्तवत्सल है तथा बाधा उपस्थित करनेवाला अन्यायी, स्वेच्छाचारी और घोर शत्रु है। कबीरने ऐसे स्वार्थी साधकोंको भक्तिमार्गका कलङ्क माना है—

> भक्ति बिगाड़ी कामिया, जिह्वा इन्द्री स्वाद।
> सूने घरको पाहुना, जनम गया बरबाद॥

सम्यग्दृष्टिसम्पन्न साधक अनुकूलताको भगवत्कृपा और प्रतिकूलताको प्रारब्ध-भोग मानकर दोनों प्रकारकी परिस्थितियोंमें प्रसन्न रहते हुए मनोगत अन्धकारसे मुक्त होते हैं—

> सुख होवे सो हरि कृपा, दुख कर्मनका भोग।
> 'बनारास' यों काटिये मन मूरखका रोग॥

किंतु यह उपदेश साधारण स्थितिके साधकोंके लिये है। विशेष उत्कर्ष-प्राप्तिके स्पृही साधकोंको अपेक्षाकृत कठोर अनुशासनके भीतरसे गुजरना पड़ता है; यह साधनाम्र 'विपर्यय-मार्ग' अथवा 'उलटा रास्ता'के नामसे जाना जाता है। संसारके लोग जिसे काम्य समझते हैं, वे सारी वस्तुएँ उन साधकोंके लिये त्याज्य हैं। यहाँ जो कुछ श्रेयस्कर माना जाता है, उस मनःस्थितिको प्राप्त जनके लिये वे सभी हानिकर ही हैं, लोकमें जिसे उन्नति समझा जाता है, वह उसके लिये अवनतिका मूल स्रोत है। इतना ही नहीं, लौकिक बुद्धि जिसे ईश्वरकी प्रतिकूलताका प्रतीक समझती है, वह रुग्णता, पारिवारिक संकट, अपमान और निर्धनता ही तब पारमार्थिक उन्नतिका मुख्य साधन बन जाती है। आवागमनके चक्रमें फँसे हुए जीवोंके उद्धारकी जगन्नियन्ताने यह विचित्र पद्धति बना रखी है—

> ईश्वर छोरें जाहि को, तासु पुत्र धन लेयँ।
> अरु डारें अपमान करि, रोग वृद्धि करि देयँ॥
> रोग वृद्धि करि देयँ रहै नहिं कोई आसा।
> लोग निरादर करैं, हृदय महँ होइ प्रकासा॥
> यहि विधि लावैं सरन निज, रहै कमल पद सेव।
> ईश्वर छोरें जाहि को, तासु पुत्र धन लेयँ॥

वेद-पुराण, काव्य-ग्रन्थ तथा संत-चरित ऐसी गाथाओंसे ओतप्रोत हैं, जिनमें कृपाके इस अलौकिक स्वरूपका निदर्शन तथा गुणगान हुआ है।

महात्मा कबीर भी इसी निष्कर्षपर पहुँचे थे—

> सुखके माथे सिल पड़ो जो नाम हरीका जाय।
> बलिहारी वा दुःखकी पल-पल नाम रटाय॥

गोस्वामी तुलसीदासजी भगवत्कृपाके विविध रूपोंका विवेचन करते हुए दुःखात्मिका परिस्थितियोंको अन्तःशुद्धिका साधन मानकर उनकी सृष्टिमें नियामकका आयोजन स्पष्ट करते हुए कहते हैं—

> राम कृपा भाजन तुम्ह ताता। हरि गुन प्रीति मोहि सुखदाता॥
> ताते नहिं कछु तुम्हहि दुरावउँ। परम रहस्य मनोहर गावउँ॥
> सुनहु राम कर सहज सुभाऊ। जन अभिमान न राखहिं काऊ॥
> संसृति मूल सूलप्रद नाना। सकल सोक दायक अभिमाना॥
> ताते करहिं कृपानिधि दूरी। सेवक पर ममता अति भूरी॥
> जिमि सिसु तन ब्रन होइ गोसाईं। मातु चिराव कठिन की नाईं॥

जदपि प्रथम दुख पावइ रोवइ बाल अधीर।
ब्याधि नास हित जननी गनति न सो सिसु पीर॥
(मानस ७। ७३। २—४; ७४ क)

पुत्रके शरीरमें फोड़ा हो जानेपर माता उसे शल्य-चिकित्सकके पास ले जाती है और हृदय कठोर करके उसका ऑपरेशन कराती है। बच्चा दर्दसे तड़फड़ाता है, किंतु रोगकी आत्यन्तिक निवृत्तिसे प्राप्त होनेवाले भावी सुखको दृष्टिमें रखते हुए माता बालकके तात्कालिक कष्टपर ध्यान नहीं देती। भक्तवत्सल भगवान् भी यही रीति अपनाते हैं; इससे अल्पज्ञताके कारण साधकको आरम्भमें तो कष्ट होता है, किंतु इससे उसके जन्म-जन्मान्तरके संचित एवं प्रारब्ध-मल नष्ट हो जाते हैं और कालान्तरमें उसके 'ऊर्ध्व-स्थिति' प्राप्त करनेका मार्ग प्रशस्त हो जाता है।

अध्यात्म-साधनाका इतिहास ऐसे उदाहरणोंसे भरा पड़ा है, जिनमें विषम तथा विपरीत परिस्थितियाँ ही भोगमय जीवनसे वितृष्ण बनाकर विषयी जीवोंको जीवन्मुक्त महा-पुरुष बनानेमें सहायक हुईं। उदात्तीकरणकी मनोवैज्ञानिक पद्धतिद्वारा लौकिक भोगोंमें लिप्त मनको विरक्तिपूर्वक भगवत्प्रेम-के आस्वादनका अभ्यासी बनानेका सिद्धान्त वैष्णव-भक्ति-आन्दोलनकी सबसे बड़ी देन है। सगुणमार्गी भक्तोंकी कृतियोंमें इसकी पद-पदपर पुष्टि की गयी है—

विषय-बारि मन-मीन भिन्न नहिं होत कबहुँ पल एक।
ताते सहौं बिपति अति दारुन, जनमत जोनि अनेक॥
कृपा डोरि बनसी पद अंकुस, परम प्रेम-मृदु-चारो।
एहि बिधि बेधि हरहु मेरो दुख, कौतुक राम तिहारो॥
(विनयप० १०२। ३-४)

अनादिकालके भोगाभ्यासी मनको विषयोंसे पृथक् करना अत्यन्त दुष्कर व्यापार है। वह स्त्री-पुत्र, बन्धु-बान्धव, जमीन-जायदाद, शत्रु-मित्र आदि अगणित सम्बन्ध-सूत्रोंसे बँधा है, चिपका हुआ है। सामान्यतया उसके लिये इनसे अलग हो पाना अकल्पनीय है। जबतक इन सम्बन्धोंसे उसे रस प्राप्त होता रहेगा, वह इनमें लिप्त रहेगा। छूटनेका एकमात्र उपाय है, तीव्र झटका अथवा गहरा आघात। यह असह्य अपमान, घोर दारिद्र्य, प्रिय व्यक्तिका आकस्मिक निधन आदि किसी भी माध्यमसे प्राप्त हो सकता है।

अयोध्याके प्रसिद्ध संत महात्मा बनादासजीने आपबीतीके आधारपर इस सिद्धान्तका दृढ़तासे समर्थन किया है। उनका बारह वर्षका एकमात्र पुत्र सामान्य बीमारीसे सहसा दिवंगत हो गया। इस घटनाने उनकी जीवनधाराको एक नया मोड़ दिया। पुत्रके शवको लेकर गाँववालोंके साथ वे अयोध्या चले गये। वहाँ उन्होंने भरतके आदर्शपर चौदह वर्षतक रामघाटपर नाम-साधना करके इष्टदेवका साक्षात्कार प्राप्त किया। इस घटनाको उन्होंने ईश्वरकी असीम कृपा मानी—

कृपापात्रको रुज मिलै, निर्धनता अपमान।
कुल कुटुम्बको नास भै अति करुना भगवान्॥
अति करुना भगवान्, बंसको छेदन कीना।
ममता रही न कहूँ, सिथिल मन तन सुठि खीना॥
बनादास पीछे दिये, दृढ़ता आतम ज्ञान।
कृपापात्रको रुज मिलै, निर्धनता अपमान॥

इसके विपरीत जिस सम्पन्नता और सुखको लोग ईश्वरीय कृपाका फल मानते हैं, वह उनके मतसे जगन्नियन्ताकी अप्रसन्नताका प्रतीक और अधोगतिका द्वार है—

हरि-बिमुखनको मिलत है, तन सुख औ धन धाम।
मान प्रतिष्ठा अमित बल, माया केर गुलाम॥
माया केर गुलाम, रामको मूलि न जाने।
खान-पान सनमान माहिं, निसि-दिन लपटाने॥
बनादास दिन मृषा गे, अहनिसि भोगत काम।
हरि-बिमुखनको मिलत है, तन सुख औ धन धाम॥

हममेंसे प्रत्येक व्यक्ति जगल्लीलाकी इस अनबूझ पहेलीको देखकर आश्चर्यचकित होता है। कोई भगवान्के सिर अन्याय-का दोष मढ़कर संतोष करता है तो कोई प्रारब्धका भोग मानकर; किंतु कितने ऐसे हैं, जो अनाचारियोंकी भौतिक समृद्धिको इन्द्रजाल समझकर उसके पीछे झाँकती हुई महाप्रकृतिकी कुटिल भौंहोंका दर्शन कर पाते हैं।

करुणा, कृपा अथवा दया भगवान्का नित्य गुण है। घोर आपत्तियोंको दैवीप्रकोप अथवा रोषका परिणाम मानने-वाले मोहग्रस्त जीव प्रत्यक्ष प्रतिकूलतामें निहित कल्याण-भावनाका अनुभव नहीं कर सकते। काली घटाओंमें रह-रहकर कौंधनेवाली बिजलीकी अन्धकारभेदन-शक्तिकी प्रतीति कितनोंको होती है? किंतु प्रेममार्गके धीर पथिक इस रहस्यको हृदयंगम कर मृत्युमें भी नित्य जीवन-सुखका अनुभव करते हैं। जागतिक ज्वालाकी लपटोंके बीच प्रियतमकी कृपावारि-धारासे सिंचित होनेका अनुभव तथा अवगुणमें गुण-दर्शन सच्चे भक्तकी पहचान है।

भगवत्कृपा कैसे प्राप्त करें ?

(लेखक—स्वामी श्रीज्योतिर्मयानन्दजी)

यह जगत् भगवद्विभूतिके द्वारा जीवन धारण कर रहा है, भगवत्कृपाकी धारा-प्रपात वर्षा हो रही है। एक औंधे प्यालेके समान मनुष्यका क्षुद्र मन उस कृपाकी पूर्णताका अनुभव करनेमें असमर्थ है ।

योगमार्गके नव-सिखुआ बहुधा भगवत्कृपाकी प्राप्ति और पुरुषार्थ (साधना)—इन दोनों विरोधी भावनाओंका पोषण करते हैं। उनका कहना है कि यदि भगवत्कृपासे ही मनुष्य चरम प्रगति करनेमें समर्थ हो सकता है तो वह पुरुषार्थ क्यों करे ? इसके विपरीत यदि वह अपने पुरुषार्थसे ही सफल होता है तो भगवत्कृपाकी बात ही क्यों की जाय !

तथापि योगदर्शनके सिद्धान्तोंको गम्भीर दृष्टिसे देखनेपर यह सुस्पष्ट हो जाता है कि पुरुषार्थ और भगवत्कृपा, भाग्य तथा संकल्पकी स्वतन्त्रताके समान एक ही सिक्केके दो पहलू हैं। पुरुषार्थ मनुष्यके अहंभावकी चेतनाके इर्द-गिर्दसे प्रारम्भ होता है और उस अवस्थाको लक्ष्यमें रखकर अग्रसर होता है, जिस अवस्थामें पहुँचनेपर अन्तरात्मा इन्द्रिय, मन और बुद्धिकी सीमामें आबद्ध नहीं रहता और इस प्रकार परमात्माके साथ अभेदभावका अनुभव करता है; दूसरी ओर मनुष्यके अस्तित्वमें ईश्वरीय सत्ताकी बढ़ती हुई अभिव्यक्ति भगवत्कृपा है ।

वास्तविक पुरुषार्थ मनुष्यके भीतर अभेदभावको विकसित करता है। अभेदभावापन्न व्यक्ति लौकिक जीवनके एकत्व अर्थात् ईश्वरके सामने आत्म-समर्पण कर देता है। साधकके व्यावहारिक जीवनमें उसका पुरुषार्थ भगवत्कृपाको आकर्षित करता है तथा भगवत्कृपा उसके पुरुषार्थको सम्पन्न और पूर्ण बनाती है। अपनी प्रगतिके उच्चस्तरमें उसको यह तथ्य ज्ञात हो जाता है कि भगवत्कृपा और पुरुषार्थमें कोई विभेद नहीं है !

ईश्वर बाह्य सत्ता नहीं है, वह सारी सृष्टिको परिव्याप्त करनेवाली अन्तरतम सत्ता है। इसलिये जीवनमें अन्तःकेन्द्रकी ओर अग्रसर होनेके प्रयत्नमें सदा 'भीतरी खिंचाव'के द्वारा सहायता मिलती है। यह भीतरी खिंचाव और कुछ नहीं, [illegible]ा है। जब हमें भगवत्कृपाकी चाह होती है, तब हम अपनी दृष्टिको अपने भीतर गहराईतक दौड़ाते हैं। जब हम भगवान्को आत्मसमर्पण करते हैं, तब हम अपनी ही अन्तरतम सत्ताको आत्मसमर्पण करते हैं। आत्मसमर्पणकी प्रक्रिया जब प्रयत्नके द्वारा फलीभूत होने लगती है, तब वह पुरुषार्थ कहलाती है; परंतु जब अनायास फलीभूत होने लगती है, तब हम उसे भगवत्कृपा कहते हैं।

भगवत्कृपा-प्राप्तिको स्वतः सिद्ध मानकर पुरुषार्थ न करना एक बड़ी भूल है। योगशास्त्रमें मनुष्यके पुरुषार्थको चा[र] प्रकारके उद्देश्यमें अभिव्यक्त किया गया है—धर्म (जीवन आचार-सम्बन्धी वैशिष्ट्य), अर्थ (जीवनमें भौतिक वैशिष्ट्य), काम (जीवनमें प्रजननसम्बन्धी वैशिष्ट्य) और मो[क्ष] (जीवनकी अनन्तताका वैशिष्ट्य)। एक साधक आचा[र]-सम्बन्धी जागरूकता बढ़ाते हुए जीवन-यापन करनेके लि[ये] सचेष्ट रहता है और अपने भौतिक साधनोंको तथा अप[ने] बन्धु-बान्धव और परिवारके साथ अपने जीवनको सब प्रका[र] की तृष्णाके उच्छेदकी प्राप्तिकी ओर लगा देता है; यह सा[री] प्रक्रिया पुरुषार्थका क्षेत्र है ।

पर क्या किसी भी मनुष्यके लिये इस दु[ष्]कृत्यमें सफलता प्राप्त करना सम्भव है, यदि वह पू[र्णतः] अपनी अहंभावनाके द्वारा प्रेरित होकर कार्य करता [है?] अन्तरात्माकी सहायताके बिना मनुष्यके लिये आध्यात्[मिक मु]क्तिकी अभिलाषा करना भी असम्भव होगा। भगव[त्]कृपा ही उस पुरुषार्थका रूप धारण करती है, जो आत्[मा]नुभूतिमें लगाता है । वह प्रत्येक मानव-प्राणीके भीत[र] अन्तरतम तथ्यके रूपमें स्थित है ।

साधकका व्यक्तित्व योग-मार्गपर जैसे-जैसे संयमित हो जाता है, वैसे-ही-वैसे भगवत्कृपा विभिन्न रूप ग्रहण कर[ती] जाती है। कृपाके सामान्यतः चार रूप होते हैं—(१) आत्मकृपा, (२) गुरुकृपा, (३) शास्त्रकृपा और (४) ईश्वरकृपा । जैसे एक नदी पहाड़से निकलकर चौड़ी होती हुई आगे बढ़ती है और मैदानमें बहती हुई समुद्रमें गिरती है, उसी प्रकार पुरुषार्थका लघु प्रयत्न बढ़ते हुए और विस्तारको प्राप्त करते हुए कृपारूप समुद्रमें एकाकार हो जाता है।

(१) आत्मकृपा—जब जीवात्मा स्वयं मानव-शरीरमें निज स्वरूपका अनुभव प्राप्त करनेकी उत्कण्ठाको विकसित करता है, तब उसे आत्मकृपा कहते हैं। अपने आत्माद्वारा प्रेरित हुए बिना मनुष्य योगमार्गपर अग्रसर नहीं हो सकता, तथापि यह जान लेना आवश्यक है कि अतीतकालके शुभ कर्म मनुष्यको इस योग्य बनाते हैं कि वह अपनी आन्तरिक हृदयग्राहिता तथा रुचिको आत्मानुभवकी प्राप्तिमें विकसित करे।

(२) गुरुकृपा—जब साधक साधनाके मार्गमें चलनेके लिये अधिकाधिक गम्भीर और सचेत हो जाता है, तब वह आध्यात्मिक मार्गप्रदर्शककी खोजमें लगता है। उसकी अध्यात्म-मार्गपर चलनेकी उत्कण्ठा उसे एक अज्ञात शक्तिकी सहायतासे एक अध्यात्म-पथ-प्रदर्शक (गुरु)की प्राप्ति करा देती है। उन गुरुके आज्ञानुसार चलनेपर उनकी कृपासे साधककी पारमार्थिक अड़चनें चमत्कारिक ढंगसे दूर हो जाती हैं। जब बिना अधिक प्रयास किये स्वभावगत दोष दूर हो जाते हैं और जब तृष्णासे विरक्ति बढ़ने लगती है और आध्यात्मिक उन्नतिके लिये मानसिक एकाग्रता तथा आकाङ्क्षाकी वृद्धि होती है, तब हम समझने लगते हैं कि गुरुकृपा हमारे भीतर कार्य करने लगी है।

(३) शास्त्रकृपा—गुरुकृपाका पर्यवसान शास्त्रकृपामें होता है। जब साधककी अन्तर्दृष्टि उपनिषद्, गीता, योगवासिष्ठ तथा दूसरे योगसम्बन्धी ग्रन्थोंके अध्ययनसे विकसित होती है, तब जानना चाहिये कि उसको शास्त्रकृपा प्राप्त हो रही है। उसकी विवेकशील दृष्टिसे शास्त्र अपने रहस्यमय कोशको नहीं छिपाते। जो लोग शास्त्रकृपासे समृद्ध नहीं हैं, वे आध्यात्मिक उपदेशोंसे प्रेरणा प्राप्त करनेमें समर्थ नहीं होते। वे इन्द्रियोंको उतने उत्तेजित करनेवाली नाना प्रकारकी पुस्तकें पढ़कर अपना मन-बहलाव करते हैं और जीवनमें क्षणिक उन्नतिके लिये निरर्थक अभिलाषाको महत्त्व देकर मनोविनोद करते हैं। साधकके लिये रहस्यमय धर्मग्रन्थोंकी गङ्गा प्रवाहित हो रही है, वह क्यों सड़े पानीके मटमैले कुण्डमें डुबकी लगाकर अपने-आपको गंदा करेगा?

(४) ईश्वरकृपा—जब साधकका चित्त संसारके विषयोंसे विरक्त हो जाता है और निरन्तर भगवान्‌की ओर प्रवाहित होने लगता है, तब इसको ईश्वरकृपाकी पूर्णताकी अभिव्यक्ति समझना चाहिये। भगवत्कृपाद्वारा उपासक सदा भगवान्‌की स्मृतिमें तल्लीन रहता है। ज्ञानयोगी सतत 'अहं ब्रह्मास्मि'रूपा भावनाके उत्कट निदिध्यासनकी साधना करता है। राजयोगी गम्भीर समाधिमें स्थित होनेकी साधना करता है और कर्मयोगी सृष्टिके माध्यमसे भगवान्‌की सेवा करता है।

भगवत्कृपाकी अजस्र-वृष्टिसे आप आप्लावित हों!

भगवान्‌की दयालुता

(रचयिता—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री, 'राम')

हौ तौ दया-सिन्धु जौ न बनि दीनबंधु कहा
दिन दिन दीन-मुख देखि दुख पावतो।
काशीधाम वामदेव मुकुति लुटावतो क्यों
रावरो अमोघ राम-मंत्र जौ न पावतो॥
राम जू! क्यों हू आप पावन कहावतो जौ
पतितन हेरि हेरि हिय न लगावतो।
गाइ गुन-गाथ तो पै माथ को नवावतो
जौ, नाथ न अनाथन को हाँक सुनि धावतो॥

कृपानिधिकी कृपा

(१)

हरि ! तुम सौं पहिचानि को, मोहि लगाव न लेस ।
इहिं उमंग फूल्यौ रहौं, बसौं कृपाके देस ॥

(२)

स्याम-सुजान[२]-हियें बसियै रहै नैननि त्यौं लसियै भरि भाइनि[३] ।
बैननि बीच बिलास करै मुसक्यान-सखी सौं रचौं[४] चित-चाइनि ॥
है बस जाके सदा घनआनंद ऐसी रसाल महा सुखदाइनि ।
चेरि भई मति मेरि निहारिकै सील-सरूप कृपा ठकुराइनि ॥

(३)

मोसे अनपहचानकौं, पहचानै हरि ! कौन ।
कृपा-कान मधि नैन ज्यौं, त्यौं पुकार मधि मौन ॥

(४)

फीके सवाद परे सब ही अब ऐसो कछू रसपान कृपा को ।
नीरस मानि कहै न लहै गति, मोहि मिल्यौ मन मान कृपा को[६] ॥
रीझनि लै भिजियौ हियरा घनआनंद-स्याम-सुजान-कृपा को[७] ।
मोल लियौ बिन मोल, अमोल है प्रेम-पदारथ दान कृपा को ॥

(५)

सुख-सुदेसको राज लहि, भरा अमर अवनीस ।
कृपा कृपानिधिकी सदा, छत्र हमारे सीस ॥

—कविवर संत श्रीघनानंद

---

(१) अर्थात् मैं पहचाने जानेके योग्य नहीं हूँ । (२) चतुर-चूड़ामणि । (३) भावोंसे भरकर । (४) हिल-मिलकर । (५) जिस प्रकार आपके नेत्रोंमें कृपाके कान लगे हुए हैं, उसी प्रकार मेरी पुकार मौनमें है । (६) मुग्ध हुए मनको जबसे कृपाका मान प्राप्त हुआ है, तबसे वह मोक्षको नीरस मानकर उसे न माँगता है और न [illegible] लेता ही है । (७) कुशल-शिरोमणि श्रीकृष्णकी कृपाके आनन्दमय अपने रीझरूपी वृष्टिके द्वारा मेरे हृदयको रससिक्त कर दिया है । (८) हम अमर नरेश ।

जासु कृपा नहिं कृपाँ अघाती

(लेखक—श्रीभगवतकिशोरदासजी वैष्णव 'प्रेमनिधि')

श्रीराम परम कृपालु हैं, निस्सीम करुणामय हैं, उनके सुकोमल हृदयमें कृपा सदैव छलकती रहती है। दीन-हीन आर्तजनोंपर द्रवित-चित्त रहना उनका सहज स्वभाव है। केवल श्रीराम ही कारणरहित कृपालु स्वामी हैं। जड-पाषाण सर्वसाधनहीन अहल्यापर कृपा करना उनके दीनवत्सल स्वभावका परिचायक है। श्रीगोस्वामीजीने कहा है—

अस प्रभु दीनबंधु हरि कारन रहित दयाल।
तुलसिदास सठ तेहि भजु छाड़ि कपट जंजाल॥
(मानस १। २११)

श्रीराम परम उदार हैं, वे दीनजनोंपर स्वाभाविक रूपसे द्रवित होकर उनका दुःख दूर करते हैं—

ऐसो को उदार जग माहीं।
बिनु सेवा जो द्रवै दीन पर राम सरिस कोउ नाहीं॥
(विनयप० १६२)

अनन्त, अखण्ड, सम्पूर्ण ऐश्वर्य-ज्ञान-बल-वीर्य-पराक्रम-लक्ष्मी और वैराग्यादि गुणगणके सागर भगवान्‌में यदि कृपा न होती तो हमारे-जैसे क्षुद्र जीव कोटि-कोटि कल्पपर्यन्त साधन करके मर जाते और प्रभुकी प्राप्ति सुदुर्लभ ही रहती। कारण यह है—

यद्ब्रह्मकल्पनियुतानुभवेऽप्यनाश्यं
तत्किल्बिषं सृजति जन्तुरिह क्षणार्धे॥
(श्रीवैकुण्ठस्तव ६१)

'जो हजारों-लाखों ब्रह्मकल्पपर्यन्त निरन्तर भोगनेपर भी नष्ट न हो सके, उतना बड़ा पाप जीव आधे क्षणमें उपार्जन कर लेता है।' ऐसे अधम पतित जीवोंपर 'नाभुक्तं क्षीयते कर्म कल्पकोटिशतैरपि'—यह न्याय लागू कर दिया जाय तो उनकी क्या दशा होगी? उनके लिये सर्वतन्त्र-स्वतन्त्र सर्वेश्वरको भी द्रवित करनेवाली कोई महान् शक्ति चाहिये, जो दीन-हीनोंका परित्राण कर सके। वेद-शास्त्र, आचार्य तथा संतोंने उस महासमर्था शक्तिका नाम भगवत्कृपा रखा है—

रक्षणे सर्वभूतानामहमेव परो विभुः।
इति सामर्थ्यसंधानं कृपा सा पारमेश्वरी॥
(भगवद्गुणदर्पण २। १)

'मैं परात्पर प्रभु अशेष जीवमात्रोंका संरक्षण करनेमें परमसमर्थ हूँ—इस प्रकारके गुणका अनुसंधान करानेवाली पारमेश्वरी शक्ति कृपा ही है।' कृपाके समान तो कृपा ही है। उस कृपाके बिना वे परमेश्वर निरञ्जन-निराकार ही बने रहते; यही नहीं, उनके समस्त सद्गुण भी महत्त्वहीन हो जाते। उनका दिव्य धाम सूना ही रह जाता। वे दीन-हीनोंको क्यों चाहते और आर्तजन भी उनका ही द्वार क्यों खटखटाते! यह कृपादेवीकी ही अद्भुत सामर्थ्य है, जो अनन्त-विभूतिनायक भगवान् भी भक्त-पराधीन बन जाते हैं।

उनका 'करुणानिधान' कितना प्रिय नाम है! प्रभुके अनन्त कोटि नामोंमें श्रीजनक-किशोरीजीको यही नाम अत्यन्त प्रिय है। वे अपने प्राणधन प्रियतम लोकललाम नयनाभिराम प्रभु श्रीरामको इसी प्रियनामसे स्मरण करती हैं। यही कारण है कि श्रीरामके अन्तरङ्ग प्रिय परिकर श्रीमारुतनन्दनजीने श्रीकिशोरीजीका विश्वास और आशीर्वाद प्राप्त करनेके लिये—'राम दूत मैं मातु जानकी। सत्य सपथ करुनानिधान की॥' (मानस ५। १२। ५)—कहकर ही उनसे आत्मीय भाव उपलब्ध किया था।

वेदोंकी ऋचाएँ भगवत्कृपा-प्राप्तिकी प्रार्थनाओंसे भरी पड़ी हैं। उपनिषदें, शास्त्र तथा पुराण भगवत्कृपाकी कथाओंको कहते थकते नहीं हैं। देवर्षि, ब्रह्मर्षिगण, संत-महात्मा भगवद्भक्ति-वृद्धिके लिये भगवत्कृपाको प्राप्त करनेकी लालसा रखते हैं—

ऐश्वर्यश्रवणाद् भक्तिरुत्पन्नापि न वर्द्धते।
विना गुणानुसंधानाद् भगवत्पादपद्मयोः॥
तस्माद् गुणानुसंधानं कर्तव्यं भक्तिसिद्धये।
(भगवद्गुणदर्पण द्वि० प०)

श्रीरामानन्द-सम्प्रदायके रहस्योंको प्रकट करते हुए स्वामी श्रीमधुराचार्यजी महाराजने 'भगवद्गुणदर्पण'में कृपागुण-अनुसंधानके विषयमें कहा है कि 'प्रभुके ऐश्वर्यका श्रवण करनेसे भक्ति तो अवश्य उत्पन्न हो जाती है, परंतु जबतक प्रभुके कृपा-दया-करुणादि माधुर्य गुणोंका अनुसंधान न किया जाय, तबतक उनके श्रीचरणकमलोंमें निरन्तर प्रेमकी वृद्धि नहीं होती। इसलिये भक्तिकी

शुद्धिके लिये दीन-हीन, स्वसामर्थ्यका सर्वथा अभाव माननेवाले और प्रभु-प्रेम-प्राप्तिकी सच्ची लगनसे युक्त भक्तको नित्य-निरन्तर उनके मधुर गुणोंका चिन्तन अवश्य करते रहना चाहिये ।'

प्रभुकी कृपा तो जगत्में बिना भेदभावके निरन्तर सचराचर प्राणिमात्रपर बरसती ही रहती है, परंतु आर्त होकर उसका अनुसंधान करके आनन्दरस-सिन्धुमें मग्न होनेवाले इस जगत्में विरले ही हैं ।

अनादिकालसे मोहनिद्रामें प्रसुप्त जीवको कृपामयी श्रीजीकी प्रेरणासे द्रवितचित्त प्रभुने मानव-देह प्रदान करनेका शुभ संकल्प किया, यही है भगवत्कृपाकी अवतरण-भूमि—

कबहुँक करि करुना नर देही। देत ईस बिनु हेतु सनेही ॥

(मानस ७ । ४३ । ३)

यह परम्परा अद्यावधि अक्षुण्ण ही है—

एवं निसर्गसुहृदि त्वयि सर्वजन्तोः
स्वामिन्न चित्रमिदमाश्रितवत्सलत्वम् ।

(आलवन्दारस्तोत्र १३)

'प्रभो ! इस प्रकार नैसर्गिक स्वभावसे ही सर्वसुहृद् आपका सभी जीवोंपर अकारण कृपा करना कोई आश्चर्यकी बात नहीं है । स्वामिन् ! आप तो इसी प्रकार आश्रित-जनोंपर सदैव वात्सल्य रखते ही आये हैं ।'

श्रीजी भगवत्कृपाकी साकार प्राणमयी प्रतिमा हैं । उनका कृपापूर्ण भाव भक्त और भगवान्—दोनोंको आह्लादित कर देता है । इसलिये वे आह्लादिनी महाशक्ति भी कहलाती हैं । वे करुणानिधानके कृपाधनको अखिल विश्वके जीवोंके लिये उदारहृदयसे सर्वदा लुटाते रहना ही चाहती हैं । कृपारूपिणी कल्याणी श्रीजानकीजी कारुण्यपूर्ण हृदयसे निरन्तर भगवत्कृपारस वितरण करते हुए कभी अघाती नहीं हैं— 'जासु कृपा नहिं कृपाँ अघाती ।' (मानस १ । २७ । २) जब प्रभु कृपा करते हैं, तब कृपामूर्ति श्रीजी चाहती हैं कि प्रभु इतनी ही कृपा करके क्यों रह गये, उनके पास कमी क्या है, वे अधिक कृपा क्यों नहीं करते ? श्रीजीकी भावना देखकर जब करुणानिधान अधिक कृपा करते हैं, तब कृपा स्वयं चाहती है कि प्राणनाथ कुछ और उदारता बरतते तो मैं सबको कृतार्थ कर देती । यह भगवत्कृपाका परम रमणीय स्वरूप है ।

यह जीव मुझको प्राप्त हो जाय, इसके लिये भी प्रबल वे स्वयं ही करते हैं । भगवान्‌के वचन हैं—

तेषामहं समुद्धर्ता मृत्युसंसारसागरात् ।
भवामि नचिरात्पार्थ मय्यावेशितचेतसाम् ॥

(गीता १२ । ७)

'हे अर्जुन ! उन मुझमें चित्त लगानेवाले प्रेमी भक्तोंका मैं शीघ्र ही मृत्युरूप संसार-समुद्रसे उद्धार करनेवाला होता हूँ ।' परंतु मायाके प्रबल साम्राज्यमें बड़े-बड़े धीर-वीर गिर जाते हैं, तब दण्ड देकर कभी-कभी प्रभु उनकी शुद्धि भी करना चाहते हैं । ऐसे अवसरपर श्रीकिशोरीजी प्रभुको पुनः-पुनः उनपर कृपा करनेकी प्रेरणा देती रहती हैं—

दुःखार्णवे निमग्नानां दृष्ट्वा जीवानहैतुकः ।
करुणासिन्धुरामस्य जायते कोऽप्यनुग्रहः ॥
पुण्यं भवति चाज्ञातं रामस्यानुग्रहेण हि ।

(श्रीरामप्राप्तिपद्धति १)

'दुःखसागरमें डूबते हुए जीवोंको देखकर करुणासिन्धु श्रीरामके हृदयमें अकारण ही कृपा उमड़ती है। सहज अनुग्रहके फलस्वरूप उनसे कोई अज्ञात पुण्य अवश्य ही हो जाता है, जिसको निमित्त बनाकर प्रभु उनका उद्धार कर देते हैं।'

जिनको धर्माचरण एवं योगाभ्यासका किंचिन्मात्र अधिकार नहीं है तथा तत्त्वज्ञान-प्राप्तिसे भी जो वञ्चित ही हैं, वे तृणादिक भी प्रभुकी क्रीड़ाभूमि श्रीअवधकी रजके सम्बन्धमात्रसे समस्त द्वन्द्वोंसे विमुक्त हो परमपद—साकेत-धामको प्राप्त हो गये । धन्य है भगवत्कृपा !

कृपालु प्रभु कहते हैं कि जो भक्त प्रेमसे मेरा भजन करते हैं, उनसे मेरा इतना अभेदभाव हो जाता है कि वे मेरे आत्मामें रमण करते हैं और मैं उनके ।

दया दुःखितोंपर, वात्सल्य दोषयुक्त अल्पज्ञोंपर, सुशीलता दीन-हीन-मन्दजनोंपर तथा उदारता अकिंचन दरिद्रोंपर ही सुशोभित होती है । अवतार लेकर प्रभु भक्तोंके साथ इतनी आत्मीयता कर लेते हैं कि उनके सम्बन्धसे अपनी श्रेष्ठताका भी अनुभव करने लगते हैं—

'एषा सा दृश्यते सीते राजधानी पितुर्मम ।'

(वा० रा० ६ । १३० । ५५)

'सीते ! देखो, यह मेरे पूज्य पिताजीकी राजधानी अयोध्या दीख रही है । यह मेरा निजधाम है ।'—ऐसे

कहकर दशरथजीके दिवंगत होनेपर चौदह वर्षके पश्चात् भी उनके सम्बन्धसे भगवान् श्रीराम अपनेको कृतार्थ मान रहे हैं। अभिप्राय यह कि मैं परब्रह्म परमात्माका अवतार हूँ, यह बात कोई कदाचित् माने या न माने, परंतु मैं दशरथकुमार हूँ, क्या कोई इस बातमें भी कुछ शङ्का कर सकता है?

यज्जातीयो यादृशो यत्स्वभावः
पादच्छायां संश्रितो योऽपि कोऽपि।
तज्जातीयस्तादृशस्तत्स्वभावः
श्लिष्यत्येनं सुन्दरो वत्सलत्वात्॥
(सुन्दरबाहुस्तव ३०)

'भगवच्चरणारविन्दोंकी छायाका आश्रित जिस-किसी प्रकारका, जो कोई भी, जिस किसी जातिका हो, जिस किसी प्रकारका और जैसे भी स्वभावका हो, प्रभु उसी जातिके, उसी प्रकारके और उसी स्वभावके बनकर कृपावात्सल्यवश उसका प्रेमपूर्वक आलिङ्गन करते हैं।' वे कृपापरवश प्रेमियोंके प्रेमबन्धनमें प्रीतिपूर्वक स्वयं बँध जायँ तो उनको कौन रोक सकता है; क्योंकि भगवत्कृपा ही जीवलोककी रक्षिका है, धर्म-संरक्षण तथा प्रभुके आत्मीय जनोंकी सुरक्षा भी कृपाशक्तिके ही अधीन है। आदिकविकी उक्ति है—

रक्षिता जीवलोकस्य धर्मस्य च परिरक्षिता॥
रक्षिता स्वस्य धर्मस्य स्वजनस्य च रक्षिता।
(वा० रा० १।१।१३-१४)

कृपा और आत्मबल—

क्षुद्र विषयोंको भोगनेके लिये भी जब शक्तिकी आवश्यकता है, तब भगवद्विषयानुसंधानके लिये कितना अपरिमित आत्मबल चाहिये—यह सभी विचारक समझ सकते हैं। 'नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः।' (मुण्डक० ३।२।३); परंतु जब कोई साधक प्रभुके प्रेमरसका आस्वादन करना चाहता है, तब वे करुणानिधान स्वयं कृपापूर्वक उसे बल (मुझे भगवत्प्रेम तो अवश्य प्राप्त होगा ही—इस प्रकारका उत्साह और विश्वास) प्रदान करते हैं, जिसको पाकर जीव कृतार्थ हो जाता है।

देवकल्पमृजुं दान्तं रिपूणामपि वत्सलम्।
(वा० रा० २।२१।६)

'प्रभु श्रीराम देवताके समान शुद्ध, सरल और जितेन्द्रिय तो हैं ही, परंतु विलक्षणता यह है कि वे शत्रुओंपर भी कृपावत्सलता रखते हैं।'

राम-रावण-युद्धमें रावण श्रीरामका नाम मिटा देना चाहता था। उसने घमासान युद्ध किया। सबका बदला चुका लेनेकी ठान ली। प्रभुने शत्रुको संतुष्ट करनेके लिये अपनी कुछ शक्तिका प्रयोग कर दिखाया। रावणके रथ-आयुध सभी नष्ट हो गये, वह मरणोन्मुख हो गया, उस समय प्रभुके हृदयमें करुणा छा गयी। दयालु देव द्रवित होकर कहने लगे—

कृतं त्वया कर्म महत् सुभीमं हतप्रवीरश्च कृतस्त्वयाहम्।
तस्मात् परिश्रान्त इति व्यवस्य न त्वां शरैर्मृत्युवशं नयामि॥
(वा० रा० ६।५९।१४२)

'तुमने आज बड़ा भयंकर काम (युद्धकर्म) किया है, मेरे अजेय वीरोंको तुमने आहत कर दिया है। आज तुम अत्यन्त थक गये हो, इसलिये थके हुएको मैं बाणोंसे मारना नहीं चाहता हूँ।' कृपालुने कृपाकर पुनः स्पष्ट करते हुए कहा—

प्रयाहि जानामि रणार्दितस्त्वं प्रविश्य रात्रिंचरराज लङ्काम्।
आश्वस्य निर्याहि रथी च धन्वी तदा बलं प्रेक्ष्यसि मे रथस्थः॥
(वा० रा० ६।५९।१४३)

'निशाचरराज! जाओ, आज तुम विश्रान्तिके लिये लंकामें चले जाओ, तुम संग्राममें थककर बहुत ही लाचार हो गये हो। घरमें विश्रामकर, स्वस्थ होकर तथा नया रथ, धनुष-बाण, शस्त्रास्त्र आदिसे सुसज्जित होकर पुनः आना, तब मेरे बलको देखना।'

कितनी कृपा है, कितनी निर्भयता है, कितनी शक्ति है! आचार्योंने प्रभुके इस कृपा-गुणका महत्त्वाङ्कन किया है—

यत्तादृशागसमरिं रघुवीर वीक्ष्य
विश्राम्यतामिति मुमोचिथ मुग्धमाजौ।
कोऽयं गुणः कतरकोटिगतः क्रियान्वा
कस्य स्तुतेः पदमहो बत कस्य भूमिः॥
(अतिमानुषस्तव २७)

"हे श्रीरघुवीर! जो इस प्रकारके महाशत्रु देवकण्टक त्रिभुवन-विजयी रावणको आपने कृपापरवश 'जाओ, विश्राम करो'—कहकर प्राण-संशयसे मुक्त कर दिया, वह आपका विलक्षण गुण कैसा, किस कोटिका और कितना महान् है? इस स्तुतिके योग्य अन्य कौन हो सकता है?"

भगवत्कृपाका वैशिष्ट्य

(लेखक—श्रीदिनेश जयन्तीलालजी रावल)

मनुष्य भौतिक समृद्धिमें शाश्वत सुख, संतोष, शान्ति और आनन्द ढूँढ़नेका प्रयास करता है, परंतु भौतिक सुख स्वभावतः अपूर्ण और नाशवान् है, अतएव उससे स्थायी सुख कैसे मिल सकता है ? अपनी इस चेष्टामें निष्फल मानव स्वतः भगवान्‌की ओर आकर्षित होता है तथा संतों और सद्‌ग्रन्थोंका आश्रय लेकर अपने अनुकूल आध्यात्मिक मार्गकी खोज करता है। सुखकी खोजमें भटकते हुए मानवकी भेंट भौतिक सुखोंमें आनन्द माननेवाले और उसीको जीवनका परम और चरम लक्ष्य माननेवाले लोगोंसे होती है, अतः वह भी उन्हींकी तरह भौतिक सुख प्राप्त करनेका ध्येय बताता है, किंतु गम्भीर विचार, सत्सङ्ग, सत्-शास्त्र-अध्ययन या अन्य किसी प्रकारसे भी उसे जब यह दृढ़ विश्वास हो जाता है कि यह संसार दुःखमय है, इसमें सच्चे सुखका लेश भी नहीं है, अब तो एकमात्र प्रभु ही मेरे हैं, तब उसे संतों और भगवान्‌की अहैतुकी कृपाका दिव्य अनुभव होता है, वह साधारण सांसारिक जनोंकी कृपाकी अपेक्षा ईश्वरीय कृपाकी विशिष्टताको समझता है।

भगवत्कृपाकी विशेषताके सम्बन्धमें विचार करते समय एक बात स्पष्ट समझमें आती है कि भगवान् सर्वसुहृद् हैं, अतएव उनकी कृपादृष्टि सब प्राणियोंपर एक-सी होती है; परंतु उसके अनुभवका आनन्द जैसा ईश्वरीय मार्गमें जानेवाले श्रद्धालु साधकको प्राप्त होता है, वैसा भगवद्विमुख लोगोंको नहीं होता; क्योंकि ऐसे मनुष्य स्थूल सुख-दुःखको भगवान्‌की कृपा अथवा अकृपाके रूपमें देखते हैं। वे इस बातको भूल जाते हैं कि मङ्गलमय भगवान्‌का प्रत्येक विधान प्राणिमात्रके मङ्गलको लक्ष्यमें रखकर निश्चित होता है। श्रीभगवान् कहीं और कभी भी अकृपा नहीं करते। जैसे साधारण मनुष्य कारणवश अपने सम्पर्कमें आनेवाले लोगोंपर कृपा-अकृपा करते हैं, वैसी नीति श्रीभगवान्‌पर लागू नहीं होती; क्योंकि वे तो अहैतुकी कृपा करनेवाले हैं। भगवान् और सांसारिक जन—दोनोंके कृपा करनेके कारण भिन्न-भिन्न होते हैं।

ईश्वर-विमुख मानव साधारणतः धनवान् और सत्तावान्‌की कृपा-याचना करता है, परंतु धन-सत्तावाला मनुष्य किसीपर कृपा करनेके पहले इस बातपर विचार करता है कि कृपाकाङ्क्षी मनुष्य अपने लिये कितना उपयोगी सिद्ध हो सकेगा; क्योंकि वह कितना भी ऐश्वर्यशाली क्यों न हो, वस्तुतः अभावग्रस्त ही है, अतः वह याचकके अन्य गुण-दोषोंपर ध्यान नहीं देता। याचक कृपाद्वारा प्राप्त वस्तुका सदुपयोग करता है या दुरुपयोग, इसकी भी जानकारी वह नहीं रखता। फलतः भौतिक सुखोंकी लालसावाला मनुष्य जनसाधारणके लिये दुःखद हो जाता है, परंतु भगवान्‌की कृपा करनेकी रीति इससे नितान्त पृथक् है। वे जिसके ऊपर कृपा करते हैं, उसके दोषोंको उग्र या सौम्य—किसी भी उपायसे दूर कर उसके अन्तःकरणकी शुद्धि करते हैं; क्योंकि भगवान्‌को छल-छिद्र या कपट अच्छा नहीं लगता। परमार्थ पथपर मिथ्याचारी या दम्भी नहीं चल सकता। इसलिये अध्यात्ममार्गके पथप्रदर्शक महापुरुष प्रभुमें शुद्ध भावकी स्थापना करने तथा दम्भ या चतुराई न करनेकी सलाह देते हैं। इसका कारण यह है कि भगवान् सर्वज्ञ और सर्वविद् होनेके कारण सब प्राणियोंके अन्तःकरणकी स्थिति जानते हैं। अतः दम्भ करना भगवत्कृपावर्षणको रोकनेके लिये छाता लगानेके सदृश है।

श्रीभगवान् अहैतुकी कृपा करते हैं, यह बात सच होनेपर भी साधकको सिद्धिके प्रलोभनमें न पड़कर साधन-मार्गमें आनेवाले आधिभौतिक और आधिदैविक विघ्नोंसे क्षुब्ध न होकर इस मार्गका दृढ़तापूर्वक अनुसरण करना चाहिये। ऐसे दृढ़ और श्रद्धालु साधकके मार्गमें यदि विघ्न भी आता है तो भगवत्कृपा उसका निवारण कर उसे सही लक्ष्यतक पहुँचा देती है।

भगवत्कृपा श्रीभगवान्‌का स्वरूप ही है, इसलिये सम्पूर्णरूपसे इसका रहस्य स्वयं भगवान् ही जानते हैं। स्थूल सुखको भगवत्कृपा और स्थूल दुःखको भगवान्‌की अकृपा मानना बड़ी भूल है। साधनमार्गमें चलते समय दुःख या यातना भी भोगनी पड़े तो साधक उसे अपने प्रियतमका प्रसाद मानकर प्रसन्नतापूर्वक शिरोधार्य करता है। यद्यपि जगत्‌की दृष्टिमें भक्त दुःख और यातना

भोगता है, तथापि भगवत्कृपासे उसके मनमें शान्ति और आनन्दका समुद्र लहराता रहता है। यह भगवत्कृपाकी ही विलक्षणता है। भगवत्कृपा भक्तको सुख और दुःखमें धैर्यपूर्वक समान रहनेकी क्षमता प्रदान करती है। भक्तका धैर्य कैसा होना चाहिये, इसका वर्णन करते हुए किसी कविने कहा है—

मेरु तो डगे पण जेनां मन नव डगे
मरने मांगी पड़े ब्रह्माण्डजी।
विपति पड़े तो मे वणसे वहिजे
सोइ हरिजन ना प्रयाणजी॥

सच्चा भक्त तो दुःखको भी भगवत्कृपाका ही वरदान समझता है; क्योंकि दुःखमें उसको भगवान्‌का निरन्तर स्मरण होता है। अपने भक्तोंके प्रकार बतलाते हुए श्रीभगवान्‌ने आर्त भक्तको सर्वप्रथम स्थान दिया है; क्योंकि आर्त हृदयकी पुकार भगवान्‌के पास शीघ्रातिशीघ्र पहुँचती है और दुःखमें आर्तभावकी अपेक्षाकृत अधिकता होनेके कारण भगवत्कृपाका अनुभव शीघ्रतासे होता है। इसी कारण माता कुन्ती भगवान्‌से याचना करती हैं कि प्रभो! हमें सदा दुःख-ही-दुःख दो, जिससे निरन्तर आपका स्मरण होता रहे। भक्तकी दृष्टिमें भगवत्स्मरण ही सबसे बड़ा सुख तथा भगवान्‌का विस्मरण ही सबसे बड़ा दुःख है।

भगवत्कृपासे साधककी दृष्टि केवल बदलती ही नहीं, अपितु नयी प्राप्त भी होती है। साधारण मनुष्य थोड़ी शारीरिक यातनासे त्रस्त हो जाता है, किंतु अनेक संतोंने जीवनके अत्यन्त कष्टप्रद यातनाकालमें भी भगवत्कृपाका दर्शन किया है और इससे प्राणान्तकारी कष्टमें भी उनके मनकी स्थिरता तथा भगवत्कृपामें श्रद्धा बनी रही, उनका वह श्रद्धारूप दीप निरन्तर जलता रहा, जो आज भी असंख्य साधकोंका पथप्रदर्शन करता है और करता रहेगा।

भगवत्कृपाका एक अन्य वैशिष्ट्य यह भी है कि वह साधकको कदापि भगवद्विमुख नहीं होने देती, अपितु समस्त निर्बलताओंको पार करनेमें उसकी सहायता करती है। अभिमान मनुष्यके लिये अधोगतिका कारण बनता है, परंतु भगवत्कृपा अभिमानकी कारणरूपा कामनाओंको भगवान्‌से तन्मय कर देती है। जो कुछ होता है, वह केवल भगवदिच्छासे ही होता है—ऐसा विश्वास दिलाकर अर्थात् साधकका अभिमान मिटाकर उसे पतनसे बचा लेती है; क्योंकि जो अपनेको ही सम्पूर्ण कर्मोंका कर्ता मानता है, उसीके लिये अभिमान बन्धनरूप होता है।

भगवत्कृपाका पापनाशक होना भी उसका वैशिष्ट्य है। कहा जाता है कि भगवत्कृपा पापहारिणी शक्ति है। स्वयं भगवान्‌की वाणी है—'अत्यन्त दुराचारी मनुष्य भी यदि अनन्यभावसे मेरा भजन करता है तो वह शीघ्र ही साधु बन जाता है; क्योंकि उसने सत्यमार्गको ग्रहण कर लिया है (गीता ९।३०-३१)। इस भगवद्वाणीसे यह सिद्ध हो जाता है कि भगवत्कृपाकी महिमा कितनी महत्त्वपूर्ण है और यह मनुष्यमें कितना अद्भुत परिवर्तन ला सकती है! भगवत्कृपाका यह अप्रतिम चमत्कार है। अशरण-शरण भगवान्‌की श्रद्धापूर्वक एकात्मभावसे शरण ग्रहण करनेपर भगवत्कृपा अपने प्रभावको प्रकट करती है और शरणापन्नके दुर्गुणोंको दूर कर उसे सद्गुणोंका धाम बना देती है और इस प्रकार पाप और दुर्गुणके अनिवार्य परिणाम अधोगतिसे बचा लेती है। भगवान् अन्तर्यामी होनेके कारण साधनमार्गमें आगे बढ़नेके लिये साधककी आवश्यक वस्तुओंका योगक्षेम स्वयं वहन करते हैं और उसकी याचनापर भी उसे साधनमार्गसे च्युत करनेवाली वस्तु प्रदान नहीं करते। अतएव साधनाके मार्गमें दृढ़ रहनेके लिये भगवत्कृपा ही साधकका मुख्य आधार है। भगवत्कृपाके बिना साधन-मार्गमें प्रगति नहीं हो सकती, अतएव भक्तको अन्य अवलम्बन छोड़कर केवल भगवत्कृपाका ही अवलम्बन ग्रहण करना चाहिये। भगवत्कृपाका वैशिष्ट्य अनन्त, अपार एवं असीम है, यहाँ तो उसका दिग्दर्शनमात्र करानेका प्रयत्न किया गया है।

परम कृपालुसे याचना

अब तौ कृपा करौ गोपाल।
दीनबन्धु करुनानिधि स्वामी अंतर परम कृपाल॥
जग आसा विषफल मत ख्वावौ प्यावौ भक्ति रसाल।
'नागरिया' पर दया करौ किन जन दुख हरन दयाल॥
(नागर-समुच्चय)

भगवत्कृपाका रहस्य

(लेखक—आचार्य श्रीविश्वम्भरजी द्विवेदी)

भगवत्कृपा भक्ति-वेदान्तका प्रमुख अङ्ग है। भगवदनुकम्पा, भगवदनुग्रह आदि इसके अनेक नाम हैं। भगवत्कृपाकी अमृतमयी वृष्टि जबतक भक्तके भाव एवं हृदय-जगत्में नहीं होती, तबतक भीतर-बाहर सर्वत्र व्याप्त भगवान् भी उसके लिये नहींके समान होते हैं; क्योंकि भगवान् सर्वप्रथम भाव अथवा भावनामें ही अस्तित्व ग्रहण करते हैं। भाव ही भगवान्की सगुण, साकार एवं सापेक्ष सत्ताका मुख्य कारण है।

रामचरितमानसमें भगवान् शंकरका एक ऐसा ही दिव्य प्रेमभाव भगवान्के सर्वत्र व्यापक होनेकी घोषणा करता है। यदि उन्हें प्रकट देखना है तो पहले अपने हृदयमें उसी प्रेमभावको जगाना होगा, जिसके वशीभूत हो भगवान् सर्वत्र प्रकट हो जाते हैं—

हरि ब्यापक सर्बत्र समाना। प्रेम तें प्रगट होहिं मैं जाना॥
देस काल दिसि बिदिसिहु माहीं। कहहु सो कहाँ जहाँ प्रभु नाहीं॥
अग जगमय सब रहित बिरागी। प्रेम तें प्रभु प्रगटइ जिमि आगी॥
(१। १८४। ३-४)

प्रत्येक मनुष्यकी भावात्मक तरलता उसे बलपूर्वक काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद एवं मत्सर आदि कुप्रवृत्तियोंमें बहा ले जाती है, किंतु वही भावात्मक तरलता उन्हें भगवान्की शरणमें तबतक नहीं ले जा पाती, जबतक वह स्वयं भगवत्कृपासे स्वच्छ, पवित्र एवं सत्त्वगुणी नहीं बन जाता।

साथ ही हम यह भी जानते हैं कि चराचर प्राणियोंका अकारण कल्याण करनेके लिये अमृतस्वरूपा भगवत्कृपा उनपर अविराम बरसती ही रहती है, फिर भी उनका भाव-क्षेत्र परिष्कृत एवं संस्कृत नहीं होता। जैसे पानीमें भी मछली प्यासी ही रह जाती है, उसी तरह वे अपने जीवनमें भगवान्की और उनकी अजस्र कृपाकी अनुभूति नहीं कर पाते।

भक्ति-सिद्धान्तके अनुसार अपने जीवनमें निरन्तर विद्यमान रहनेवाली भगवत्कृपाकी श्रद्धा-विश्वाससे युक्त साधना द्वारा अनुभूति हो जाना ही भगवत्प्राप्ति किंवा भगवत्-साक्षात्कारमें हेतु है।

भगवत्कृपाका स्वरूप—

भगवान्की सतत प्रवाहशीला सहज कृपा सार्वकालिक है। न वह कालसापेक्ष है और न साधनोंपर ही निर्भर करती है। वह अहैतुकी है, अतएव अकारण ही सबपर बरसती रहती है। वह देश, काल, वस्तु और व्यक्तिसे परे भी है और उन सबमें अनुस्यूत भी[1]। वह रूप-रहिता रहकर भी सर्वरूपोंमें प्रकाशित होती है। वह अपने मूलाधारमें एकरस है। आशय यह कि कृपा और कृपालु दो भिन्न तत्त्व नहीं हैं[2]। हम कृपालुसे इष्टकी प्राप्ति और अनिष्टकी निवृत्ति आदिकी जो कुछ भी अभिलाषा रखते हैं, वह हमें 'अभिलाषिणी' नामक भगवत्कृपासे ही प्राप्त होती है।

इस प्रकार जब जहाँ जो कृपालुका स्वरूप है, तब वहाँ वही कृपाका भी स्वरूप है। वास्तवमें भगवान्की मूर्ति ही भगवत्कृपाका रूप है, भगवान्के विग्रहसे भिन्न भगवत्कृपाका कोई दृश्य रूप नहीं है[3]। अतः सभी भगवद्विभूतियोंमें अरूपिणी भगवत्कृपाका स्वरूप झलकता है; क्योंकि वे स्वयं भगवान्के ही तैजस-अंशसे उत्पन्न हैं[4]। अतएव घोर तमसाच्छन्न विश्व-प्रपञ्चमें भी हमारे अन्तर्बाह्य नेत्रोंके भीतर जो सूर्य-ज्योति एवं आशाका प्रकाश बेरोक-टोक झाँकता हुआ प्रतीत होता है, वह भगवान्की कृपाकी ही मङ्गलमयी ज्योति

---

१. मत्तः परतरं नान्यत् किंचिदस्ति धनंजय। मयि सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव॥ (गीता ७। ७)

२. गिरा अरथ जल बीचि सम कहिअत भिन्न न भिन्न। (मानस १। १८)

३. प्रभु मूरति कृपामयी है। (वि० प० १७०)

४. यद्यद्विभूतिमत्सत्त्वं श्रीमदूर्जितमेव वा। तत्तदेवावगच्छ त्वं मम तेजोंऽशसम्भवम्॥ (गीता १०। ४१)

है। वह जीवमात्रको सतत प्राप्त होती रहती है। इसे पाना नहीं होता, केवल पहचानना पड़ता है। यह सार्वकालिक है, अतः इसकी प्राप्तिके हेतु किसी विशेष समयकी प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती। सतत प्रवाहशीला होनेसे जीवमात्रको इसका सुखद-शीतल स्पर्श प्राप्त होता रहता है।

इस प्रकार यद्यपि यह त्रिकालाबाधित 'कृपा' तत्त्वतः एकरस, अखण्ड एवं अविनाशिनी है, तथापि जीवमात्रके कल्याणके लिये तथा उसके प्रेय एवं श्रेयकी समस्त सुविधाएँ जुटाने-हेतु वह स्वयं कभी जननी, कभी उज्जीवनी, कभी प्रबोधिनी, कभी प्रपञ्जिनी, कभी शिक्षाप्रदायिनी, कभी प्रणयिनी, कभी अभिलाषिणी, कभी प्रापणी एवं कभी अभिव्यञ्जनी आदि अनेक रूपोंको ग्रहण करती रहती है, जिनसे जीवमात्रको ऐहिक और पारलौकिक श्रेय प्राप्त करनेके अवसर एवं यथायोग्य सुविधाएँ प्राप्त होती रहती हैं।

निःसंदेह सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान्, स्वाधीन, परम प्रेमास्पद एवं परम कृपालु परमेश्वरकी 'कृपा' स्वयं उनका ही एक 'सहज स्वभाव' है, जो कभी किसी निमित्तके बिना ही भागवत आनन्दका तरल-से-तरल पावन प्रवाह बनकर जगत्का सतत कल्याण करता है। इस पावन प्रवाहमें स्वयं उन्हींके सौन्दर्य, औदार्य, सौशील्य एवं माधुर्य आदि गुणोंकी सुरभि तथा शीतलता मिश्रित रहती है, जिसे पाकर अर्थात् जिसका अनुभव करके जगत्के प्राणिमात्र कृतार्थ हो जाते हैं।

दुःख-शोकादिमें भी हितकारिणी भगवत्कृपा—

ऊपर वर्णित भगवत्कृपाके स्वरूपसे कदाचित् यह प्रश्न उठ सकता है कि क्या दुःख-शोकादिकी अवस्थामें भी भगवत्कृपाका हितकारिणी होना अनुभव-सिद्ध है? यदि है तो इसका प्रमाण क्या है?

इसका उत्तर यह है कि इसमें कोई संदेह नहीं कि भगवत्कृपाका परिणाम अथवा फल सर्वदा सुखद एवं आकर्षक ही होता है, अतः प्रभुकी कृपाका एक रूप 'आकर्षिणी' भी है; किंतु वह प्रारम्भमें विकर्षिणीका रूप ग्रहण करके ही आती है। यह विकर्षिणी भी अपना सहज सौरभ तभी प्रकट करती है, जब वह हृदयमें प्रपञ्च-संवेदनके प्रति 'तापनी' बन चुकती है। आशय यह है कि जब ईश्वर-वियोगिनी वृत्ति प्रपञ्च-संयोगमें ताप और ज्वालाका अनुभव करने लगती है—संसारकी सुरभिमें दुर्गन्धकी, रसमें विष, सौन्दर्यमें कुरूपता, सुकुमारमें मारकत्व, मधुर स्वरमें नीरस एवं कर्णभेदी गड़गड़ाहट, प्रिय सम्बन्धमें बन्धन, समतामें विषमता तथा आत्मत्वमें परत्वकी दारुण प्रतीति करने लगती है, तब यह 'तापनी' जीवका संसारसे विकर्षण कर उसे प्रभुकी आकर्षण-धारामें डाल देती है। उस समय उसे ऐसा अनुभव होता है—'मेरा भी कोई प्रेमी है। मैं अकेला और असहाय नहीं हूँ। कोई मेरी ओर अवलम्बनका वरद हस्त बढ़ा रहा है। वह मुझे अपनी ओर बलपूर्वक खींच रहा है। वही मेरा वास्तविक प्रियतम है, जो मुझ-सदृश संसार-परित्यक्तको भी अपना रहा है। उसीके पास मेरा वास्तविक निवास है। अबतक तो मैं घोर अन्धकारमें, भ्रममें, पराये घरमें भटक रहा था, दयनीय जीवन काट रहा था, भ्रमवश दुःखको सुख मान बैठा था। मैं जहाँ हूँ, वहाँ तो प्रकाश, शान्ति और सुखमें-से एक भी नहीं है। मुझे अपने प्रियतमके उस रसमय-मधुमय प्रदेशमें चला जाना चाहिये, जहाँ सतत सुख-शान्ति एवं प्रकाशस्वरूप केवल वही-वह नित्य विहार करता है।' मानवकी उक्त प्रकारकी अनुभूति ही इस तथ्यमें प्रमाण है कि दुःख-शोकादिकी अवस्थामें भी भगवत्कृपा हितकारिणी ही होती है।[5]

भगवत्कृपाके विभिन्न रूप—

सामान्यतः अनुकम्पा, दया, कृपा, करुणा आदि शब्द प्रायः एक ही अर्थमें बोले जाते हैं, किंतु भक्ति-सिद्धान्तकी दृष्टिसे देखनेपर वस्तुतः इन शब्दोंमें भेद है।

---

५. प्रस्तुत संदर्भसे मिलाइये—

(क) अनुग्रहोऽयं भवतः कृतो हि नो दण्डोऽसतां ते खलु कल्मषापहः। यद् दन्दशूकत्वममुष्य देहिनः क्रोधोऽपि तेऽनुग्रह एव सम्मतः॥ (श्रीमद्भा० १०। १६। ३४)

(ख) भिक्षुगीतम्–(तितिक्षुद्विजोपाख्यान) श्रीमद्भागवत, एकादश स्कन्ध, २३वाँ अध्याय।

(ग) विपदः सन्तु नः शश्वत्तत्र तत्र जगद्गुरो। भवतो दर्शनं यत् स्यादपुनर्भवदर्शनम्॥ (श्रीमद्भा० १। ८। २५)

अनुकम्पा एक ऐसा भाव है, जो किसी स्वामीके हृदयमें सेवककी असहायावस्था, विवशता एवं अत्यन्त समर्पणशीलताका अनुभवकर उसके उपकारार्थ उत्पन्न होता है।

दया वह भाव है, जो किसी विपन्न, दीन-हीन, दुःखी व्यक्तिके प्रति जाग्रत् होता है। अतएव यदि हम करुणाको इस विषयके अन्तर्गत न लें तो दया और करुणा प्रायः समान दशाओं एवं समान आलम्बनोंको पाकर जाग्रत् होते हैं। अनुग्रह और पुष्टि शब्द अवश्य ही कृपाके अधिक निकटवर्ती हैं।

अब केवल 'कृपा' शब्द रह जाता है, वह उक्त शब्दोंका सजातीय होकर भी भावकी दृष्टिसे वस्तुतः उनसे पर्याप्त मात्रामें आगे है। कृपा—विशेषतया भगवत्कृपा, जिसे हम समझनेका प्रयास कर रहे हैं, न तो किसी वातावरण-विशेषपर आश्रित है और न किसी विशिष्ट आलम्बनपर ही अनिवार्यतः निर्भर है। वह तो भगवान्को ऐश्वर्यवान् और प्रभुको प्रभुतासम्पन्न तथा विभुको व्यापक बने रहने-हेतु बाध्य करनेवाली उनकी अपनी नैसर्गिक प्रकृति—शक्ति है, जिसके बाहर भगवान् कभी रह ही नहीं सकते। वह भागवती कृपा ही भगवान्की चक्रवर्तिनी शक्ति तथा उनकी अपनी परम प्रेयसी पटरानी है, वही अखिल ब्रह्माण्डकी योग-क्षेम-व्यवस्थापिका साम्राज्ञी तथा कर्म-प्रवाहमें पतित एवं सतत जन्म-मरणके भवचक्रमें पड़े हुए सम्पूर्ण भूतोंको अपनी-अपनी भुक्ति अथवा मुक्तिके लिये निर्बाध अवसर देनेवाली त्रिशक्ति-[7] स्रोतस्विनी त्रिवेणी है। इससे जीवमात्रका हित-ही-हित होता है, वह चाहे कर्मप्रवाहकी किसी भी स्थितिमें क्यों न हो[8]। यह 'कृपा' ही एक ऐसा पारमार्थिक तत्त्व है, जो स्वयं ही अपने धारक अथवा आधारकी केन्द्रीय शक्ति बन गया है। 'कृपैव प्रभुतां गता' अर्थात् कृपा स्वयं ही प्रभुकी 'प्रभुता' बनकर समस्त चराचर प्राणिमात्रके लिये लौकिक 'हित' और पारलौकिक श्रेय बिखेर रही है। सम्पूर्ण विश्व उसकी एकरसा ममतामयी छायामें पालित-पोषित एवं समृद्ध हो रहा है।

भगवत्कृपानुभूति—

भक्तिमार्गी साधनाका भावयोगी सर्वप्रथम श्रद्धाका सम्बल लेकर इस मार्गमें प्रवेश करता है। भावनाके मन्दिरमें आविर्भूत भगवान्को वह कभी मन-मन्दिरमें, कभी भगवान्की प्रतिमाओंमें और कभी उनकी विभूतियोंमें मानसिक भावनाद्वारा प्रतिष्ठित कर उनकी उपासना करता है। उसकी उपासना नवधाभक्तिकी पद्धतियोंसे नित्य-निरन्तर वृद्धिको प्राप्त होती रहती है। इस साधनावस्थामें उसे भगवत्कृपाका परोक्ष ज्ञान ही रहता है; क्योंकि तबतक उसकी साधना शास्त्रोपदेश, गुरुदीक्षा एवं भक्तिमार्गी रूढ़ियोंकी लीकपर ही चल रही होती है। साधककी यह जीवन-स्थिति भगवत्कृपाके परोक्ष ज्ञानका फल है। यही स्थिति अत्यन्त दृढ़ एवं पुष्ट होकर भगवत्कृपाकी 'परोक्ष-प्रतीति'[9]का स्थान ले लेती है। यह आकर साधककी श्रद्धा विश्वासमें समरस होकर अचल हो जाती है। कितने ही प्रलोभन, आकर्षण एवं संकट आयें, उसे डिगा नहीं सकते, किंतु अबतक भी भगवत्कृपाकी अपरोक्षानुभूति उसे सिद्ध नहीं होती है, यद्यपि उसकी भूमिका तैयार हो चुकती है।

भगवत्कृपाकी अपरोक्षानुभूति, जिसे हम सच्चे अर्थमें भगवत्कृपानुभूति कह सकते हैं—उस साधकके जीवनमें तब जगती है, जब भगवत्स्वरूपमें तदाकार एकमात्र वृत्तिमें समरस हुआ उसका अन्तःकरण अ...

---

६. एको रसः करुण एव निमित्तभेदाद् भिन्नः ··· ··· ··· ··· ···सलिलमेव तु तत्समस्तम्॥ (उ० रा० च० ३। ४७)

७. तीन शक्तियाँ—सर्जन, पालन एवं प्रलयकी त्रिमूर्ति शक्ति।

८. सुरसरि सम सब कहँ हित होई। (मानस १। १३। ५)

९. जानें बिनु न होइ परतीती। बिनु परतीति होइ नहिं प्रीती॥
प्रीति बिना नहिं भगति दिढ़ाई। जिमि खगपति जल कै चिकनाई॥ (मानस ७। ७। ४)

सभी प्रकारकी चित्तवृत्तियोंसे रहित होकर भगवान्‌के सच्चिदानन्दघन स्वरूपमें इतना तन्मय हो जाय, ऐसा ओत-प्रोत हो जाय कि उसे देह-गेह आदि पार्थिव एवं स्वर्ग-मोक्ष आदि अपार्थिव पदार्थोंकी स्मृति भी न रह जाय। यही भगवत्कृपानुभूति है।

भगवत्कृपाकी ऐसी भाव-समाधिके परमानन्दमें लीन भक्तको समाधि और व्युत्थान—सभी दशाओंमें, भीतर-बाहर सभी स्थानोंमें, ब्रह्मासे लेकर तृणसमूह पर्यन्त सभी प्राणी-पदार्थोंमें, तथाकथित सुख-दुःखमयी सभी परिस्थितियोंमें, ऊँच और नीचमें सर्वत्र केवल भगवत्कृपाकी ही अनुभूति होती है। वह सब कुछके रूपमें और सब कुछमें भगवत्कृपाको ही पाकर अमर हो जाता है। उसकी समस्त अनुभूतियाँ समाप्त हो जाती हैं और वह भगवन्मय अथवा भगवत्कृपामय होकर कृतकृत्य हो जाता है।

भागवत आनन्दके अनुभवको प्राप्त भक्त भी भगवत्कृपाका आश्रय नहीं छोड़ता। रामचरितमानसमें भी माता सीता भगवान्‌की परमाद्या आह्लादिनी शक्ति अपने सर्वश्रेयस्करी रूपमें भगवत्कृपाकी ही अभिव्यक्ति हैं—

उद्भवस्थितिसंहारकारिणीं क्लेशहारिणीम्।
सर्वश्रेयस्करीं सीतां नतोऽहं रामवल्लभाम्॥

(मानस १ श्लोक ५)

'जो उत्पत्ति, स्थिति (पालन) और संहार करनेवाली, क्लेशनाशिनी तथा सम्पूर्ण मङ्गलोंकी प्रदात्री हैं, उन श्रीरामचन्द्रजीकी प्रियतमा सीताजीको मैं नमस्कार करता हूँ।'

पारमार्थिक तत्त्व तो यही है कि भगवत्कृपा चाहे आकर्षिणी हो या विकर्षिणी, परंतु उन दोनोंका परिणाम मङ्गलमय ही होता है।

भक्त और भगवत्कृपा—

भक्ति-सिद्धान्तमें भगवत्कृपा ही भगवत्प्राप्तिका मूल आधार है।

श्रीमद्भागवतमहापुराणके अवलोकनसे ज्ञात होता है कि ध्रुव और प्रह्लाद—दोनों ही भक्त थे। दोनोंके हृदयमें प्रभुकी प्रभुता किंवा उनकी कृपाके प्रति अगाध श्रद्धा एवं असीम विश्वास था। यहाँ भक्तिके क्षेत्रमें दोनोंको ही यदि हम किसी विशिष्ट जाति, देश, काल, संस्कृति एवं वातावरणकी परिधिसे बाहर केवल भक्तके रूपमें देखें तो हमें ज्ञात होगा कि साधना और सिद्धि—दोनों दृष्टियोंसे भगवत्कृपाने दोनोंका समानरूपसे पालन-पोषण किया और उन्हें भक्तिके चरम लक्ष्य भगवत्सांनिध्यकी प्राप्ति करा दी, जिसे पाकर वे भक्तयुगल कृतार्थ हो गये, धन्य हो गये। ध्रुव अटल पद पा गये और प्रह्लाद भक्तशिरोमणि बन गये।

इस प्रकार भगवत्कृपाके अमृत-कणोंकी अनवरत वृष्टि हो रही है। जिन भाग्यशाली मानवोंके हृदय भगवद्भक्तिके द्वारा जिस रूपमें शुद्ध हो गये हैं, उन्हें उसी अनुपातसे उसका रसास्वाद मिलता है। अतः भगवत्कृपाका रहस्य समझनेके लिये सभीको उसका आश्रय लेकर भगवद्भक्तिमें प्रवृत्त हो जाना चाहिये।

जय जय जय श्रीकृपानिधान

छूटि गये कर्मन के बंधन,
मिट्यौ मोह सूझे सुस्थान॥
दरस्यौ भक्ति-पंथ अनुरागी,
सूझे सब्द स्वरूप निदान।
देखत नहीं उलूक सकामी,
जद्यपि दिनकर है विद्यमान॥
राजत एक महा सरवोपर,
बढ़्यौ प्रताप और न समान।
'दामोदर' हित सुर मुनि वंदित,
जय जय जय श्रीकृपानिधान॥

भगवत्कृपाका कारण

(लेखक—श्रीअशोककुमारजी विद्यार्थी)

भगवत्कृपाका कारण क्या है ? यह एक विचारणीय प्रश्न है।

संत तुलसीदासजीका कथन है कि भगवत्कृपाका कोई भी कारण नहीं। वह अकारण ही होती है। यदि उसका कोई कारण माना ही जाय तो वह भगवान्का कोमल-चित्त और दयालु होना ही है—

कोमल चित अति दीन दयाला। कारन बिनु रघुनाथ कृपाला॥

(मानस ३। ३२। १)

× × ×

बिनु कारन दीन दयाल हितं। छबि धाम नमामि रमा सहितं॥

(मानस ६। ११० के उपरान्त छंद)

स्वामी श्रीरामानन्दाचार्यजीका कथन है कि सभी साधनोंसे हीन होना ही भगवत्कृपा-प्राप्तिका साधन है—

भगवत् (कृपा) प्राप्त्युपायो हि सर्वसाधनहीनता।

(रामानन्ददिग्विजय १५। ११२)

नारदजीका कथन है कि भगवत्कृपाकी प्राप्ति महात्माओंकी कृपा अथवा भगवत्कृपाके लेशसे होती है। महात्माओंकी सङ्गति दुर्लभ, अगम्य और अमोघ है। वह सङ्गति भी भगवत्कृपासे ही मिलती है; क्योंकि भगवान् और संतोंमें भेदका अभाव है—

मुख्यतस्तु महत्कृपयैव भगवत्कृपालेशाद्वा। महत्सङ्गस्तु दुर्लभोऽगम्योऽमोघश्च। लभ्यते तु तत्कृपयैव। तस्मिंस्तज्जने भेदाभावात्। (ना० भ० सू० ३८-४१)

कतिपय आचार्य भगवत्प्राप्ति या भगवत्कृपाका कारण भगवत्कृपाको ही मानते हैं—'माँ ! तुम्हारी प्राप्ति अखण्ड पुण्यसे नहीं होती, अतः पुण्यके होनेसे होती है और न होनेसे नहीं होती—ऐसा तर्क-वितर्क करना ही व्यर्थ है। वह (आपकी प्राप्ति) तो आपकी कृपासे ही होती है, उसे (पाप) रोक नहीं सकते और उस कृपाकी प्राप्ति हो जानेपर कार्यनाशकी चिन्ता कैसी ? यदि तुम इस गुणरहित पुत्रका परित्याग कर दोगी तो आज तुम्हारी वह करुणा व्यर्थ हो जायगी, बस, मुझे इसी बातकी चिन्ता है। इस विषयमें मेरे वचनपर सबका एकमत होगा; क्योंकि जिस जलमें गंदगी अर्थात् जो शुद्ध है, उसकी शुद्धता नहीं की जाती।'—

नावाप्तिरस्ति तव मातरखण्डपुण्यात्
तस्मात्तदस्ति न च वेति वृथा वितर्कः।
सा तु त्वदीयकृपयैव न सा प्रधृष्या
हेतौ स्थिते किमिति कार्यविपत्तिचिन्ता॥
हास्यस्यमुं यदि सुतं गुणलेशशून्यं
कारुण्यमद्य विफलं तु तवेति चिन्ता।
स्यादैक्यमत्यमिह मे वचने समेषां
शोध्यं विनास्ति न हि शोधकता जलस्य॥

इस प्रकार उक्त कथनोंसे प्रमाणित होता है कि भगवत्कृपाका कारण संत-कृपा है और संत-कृपाका कारण भगवत्कृपा है।

परंतु यदि यह माना जाय कि भगवत्कृपा अकारण है तो **'कारणाभावे कार्याभावः'** अर्थात् कारणके अभावमें कार्यका अभाव होता है—इस सिद्धान्तके विपरीत है। यदि भगवत्कृपाका कारण भगवत्कृपाको ही मानें तो अपनी ही अपेक्षाके कारण आत्माश्रय (**स्वापेक्षापादकोऽनिष्टप्रसङ्ग आत्माश्रयः**) दोष होता है। यदि भगवत्कृपाका कारण संत-कृपा और संत-कृपाका कारण भगवत्कृपा मानें तो या तो परस्परापेक्षित्वके कारण अन्योन्याश्रय (**स्वापेक्षितत्वनिबन्धनोऽनिष्टप्रसङ्गोऽन्योन्याश्रयः**) अथवा परम्पराके विराम न होनेके कारण अनवस्था (**अव्यवस्थितपरम्परारोपाधीनानिष्टप्रसङ्गोऽनवस्था**) नामक दोष आता है। इसलिये कहा जा सकता है कि उपर्युक्त सभी कथन असमीचीन हैं; परंतु भगवत्कृपा स्वतः कारणरूप है। इसलिये अकारण माननेसे **'कारणाभावे कार्याभावः'**के सिद्धान्तसे विरोध नहीं होता; क्योंकि वहीं कहा गया है कि कार्यके अभावसे कारणका अभाव नहीं होता—**'न तु कार्याभावात् कारणाभावः।'** भगवत्कृपाको कारणरूप माननेपर इसमें आरोपित उक्त आत्माश्रय दोष भी नहीं आता; क्योंकि स्वाश्रित होना कारणका गुण है, दोष नहीं। इसी प्रकार संत और भगवान्में अभेद (**तस्मिंस्तज्जने भेदाभावात्**) माननेपर अन्योन्याश्रय दोष नहीं आता और अनादि होनेके कारण प्रमाणकीय अनवस्था होनेसे दोष नहीं है—**'बीजाङ्कुरवत् प्रमाणकीयमनवस्था न दोषाय, अनादित्वात्।'**

यदि भगवत्कृपाका कोई कारण माना जाय तो वह अनादि,

अनन्त और नित्य नहीं हो सकती, परंतु भगवत्स्वरूपा होनेसे वह अनादि, अनन्त तथा नित्य है।

अतएव उपर्युक्त सभी कथन समीचीन हैं और भगवत्कृपाको स्वतन्त्र बतलाना भी यथार्थ है। संत-कृपा भी भगवत्कृपासे ही होती है—

अब मोहि भा भरोस हनुमंता। बिनु हरि कृपा मिलहिं नहिं संता॥
जौं रघुबीर अनुग्रह कीन्हा। तौ तुम्ह मोहि दरसु हठि दीन्हा॥
(मानस ५।६।२-३)

मानसमें महर्षि वाल्मीकि भी कहते हैं—

तुम्हरिहि कृपाँ तुम्हहि रघुनंदन। जानहिं भगत भगत उर चंदन॥
(२।१२६।२)

मानसके उत्तरकाण्डमें कहा गया है—

अति हरि कृपा जाहि पर होई। पाउँ देइ एहिं मारग सोई॥
(७।१२८।२)

अतः भक्त अपनेको केवल कारणरहित भगवत्कृपाकी शरणमें अर्पित कर कहता है—

सर्वसाधनहीनस्य पराधीनस्य सर्वतः।
पापपीनस्य दीनस्य श्रीरामः शरणं मम॥
रघुपते करुणावरुणालय
त्वमसि दीनसमुद्धरणव्रती।
अत इदं विनयामि पुनः पुनः
सहजया दयया परिपाहि माम्॥

'सम्पूर्ण साधन-सम्पत्तिसे रहित, चारों ओरसे (विषयोंके) पराधीन और बढ़े हुए पापवाले मुझ दीनके श्रीराम ही रक्षक हैं। हे रघुपते! करुणा-सिन्धो!! आपने तो दीन-समुद्धरणका व्रत ले रखा है। अतः बार-बार मैं यह विनय करता हूँ कि आप अपनी स्वाभाविकी दयासे मेरी रक्षा कीजिये।'

भगवत्कृपाकी अभिव्यक्ति

(लेखक—श्रीआनन्दस्वरूपजी गुप्त)

विश्वके मूलमें जो एक अखण्ड चेतन-तत्त्व है, जो सृष्टि, स्थिति तथा संहारका आदि कारण है, जो प्रत्येक जड तथा चेतन पदार्थका परम आत्मा है, जिसकी सत्तामात्रसे अखिल विश्वकी तथा विश्वके प्रत्येक जीव (प्राणी)की [ऋत (अर्थात् सृष्टिके निश्चित नियमों)के आधारपर] अनवरत ऊर्ध्वगति हो रही है, वही समष्टि चेतनतत्त्व भगवत्तत्त्व है। अग्निकी चिनगारीके समान या सूर्यकी किरणके समान जीव उसी भगवत्-तत्त्वकी व्यष्टिरूपमें अभिव्यक्ति है। समष्टि भगवत्-तत्त्वसे प्रकट होकर व्यष्टिरूप जीव-तत्त्व कर्मफलके रूपमें सुख-दुःखको भोगता तथा अनेक उतार-चढ़ावका अनुभव करता हुआ अन्तमें उसी भगवत्-तत्त्वमें लीन हो तद्रूप हो जाता है। इसी क्रमको जीवकी ऊर्ध्वगति कहते हैं। इस संसारवृक्षका मूल (अर्थात् समष्टिरूप अखण्ड चेतन-सत्ता) ही इसका ऊर्ध्व है, उस ऊर्ध्व अर्थात् मूलकी ओर जीवकी ऐच्छिक अथवा अनैच्छिक गति ही उसकी ऊर्ध्वगति है और जीवोंकी इस नैसर्गिक ऊर्ध्वगतिमें भगवत्-तत्त्व अर्थात् भगवान्की ओरसे निरन्तर जो सहायता प्राप्त होती रहती है, वही भगवत्कृपाका पारमार्थिक स्वरूप है। भगवत्कृपाके इस स्वरूपकी ही विविध अनुभवगम्य लौकिक रूपोंमें अभिव्यक्ति होती रहती है।

अलौकिक भगवत्-तत्त्वका तथा भगवत्कृपाका लोकमें जो सर्वश्रेष्ठ उपमान मिल सकता है, वह सूर्य तथा उसका तेजोमय प्रकाश है। सूर्यका प्रकाश बिना किसी पक्षपातके सर्वसाधारणको प्राप्त हो रहा है। सूर्यके तेज और प्रकाशसे संसारका प्रत्येक चर-अचर पदार्थ अनुप्राणित एवं प्रकाशित है। इसी प्रकार सृष्टिकी स्थितिके निमित्त भगवत्कृपाका प्रवाह बिना किसी भेद-भावके अनवरतरूपसे प्रवाहित होता हुआ इस महान् संसार-वृक्षका सिंचन कर रहा है। इस संसार-वृक्षका सर्वश्रेष्ठ फल मनुष्य है; क्योंकि वह ज्ञानपूर्वक इस अजस्र प्रवाहित भगवत्कृपाका आस्वादन करनेमें समर्थ है। माताके गर्भाशयमें मनुष्य-शरीर एक बिन्दुसे विकसित होकर शिशु-शरीरके रूपमें परिणत हो जाता है, गर्भाशयसे बाहर आनेपर उसके पोषणके निमित्त माताके स्तनोंमें दूधका बनना तथा माता-पिताके हृदयमें उत्पन्न ममता और स्नेहके कारण उनका शिशुके पालन-पोषण, संवर्धन-शिक्षण आदिमें [illegible] होना; मनुष्यके जीवन-[illegible] के निमित्त अन्न [illegible] तथा वनस्पतिवर्गकी [illegible] सूर्य [illegible] द्वारा प्रकाशकी यथोचित [illegible] [illegible] वर्षा आदिका [illegible] [illegible] विविध रूपोंमें पुनः-पुनः [illegible]

स्वाभाविक जीवनक्रियाद्वारा शरीरका पुनः स्वास्थ्य लाभ करना तथा विषयोंसे आक्रान्त मानव-मानसका उचित समय पाकर पुनः ज्ञानके प्रकाशसे आलोकित हो उठना एवं उच्च तथा सात्त्विक भावनासे समन्वित हो जाना—यह सब कुछ भगवत्कृपाके कारण ही होता है। इस प्रकारकी सार्वजनीन भगवत्कृपाको समष्टिरूप भगवत्कृपा कहा जा सकता है।

परंतु जिस प्रकार व्यक्तिविशेषके द्वारा किसी विशेष साधन तथा उपायसे किसी भौतिक उद्देश्यकी पूर्तिके लिये, अपने लिये या समूहविशेषके लिये, सूर्यका विशेष तेज एवं प्रकाश प्राप्त करना सम्भव है—जैसे आजकल पृथ्वीपर बिखरे हुए सूर्यके तेज और प्रकाशको वैज्ञानिक साधनोंद्वारा संगृहीत करके ऊर्जामें परिणत करनेकी योजना बनायी जा रही है, उसी प्रकार कोई भी व्यक्ति आध्यात्मिक साधनोंद्वारा अपने लिये भगवत्कृपाको विशेषरूपमें भी प्राप्त कर सकता है और उस कृपाका सहारा पाकर तीव्र गतिसे शीघ्रातिशीघ्र ऊपर उठने या अपवर्गकी प्राप्तिमें समर्थ हो सकता है। कभी-कभी भगवान् स्वयं ही किसी व्यक्तिके कष्ट-निवारणके लिये या उसपर अकस्मात् आयी हुई विपत्तिको हटानेके लिये अपनी सहज कृपा करते हैं। भगवान्की यह अहैतुकी कृपा प्रायः सभी प्राणियोंको समय-समयपर मिलती रहती है, चाहे वे इसका अनुभव करें या न करें। भगवान् रुद्र होनेपर भी शिव हैं, मृत्युरूप होनेपर भी अमृतस्वरूप हैं। सृष्टिका संहार पुनः उसे नवीनता प्रदान करनेके लिये ही होता है; पतझड़के पश्चात् ही वृक्षोंपर नये और कोमल पत्तोंकी बहार सम्भव है, मृत्यु भी मनुष्यको नवीन जीवन प्रदान करनेके लिये होती है, शरीरकी व्याधि प्रायः शरीरको स्वच्छ तथा निर्मल करनेके लिये ही आती है। मनुष्य अपने इकलौते पुत्रकी मृत्युसे या धन-नाश आदि अनेक कारणोंसे अगाध शोकसागरमें डूब जाता है, मालूम पड़ता है कि उसका अब इस शोकसागरसे उद्धार नहीं होगा, परंतु कालकी महिमा या भगवत्कृपाका चमत्कार ही है कि समय बीतनेपर उसका वह शोक न जाने कहाँ विलीन हो जाता है और वह अन्य पुरुषोंकी तरह (भगवान्की मायासे मोहित होकर) पुनः लोक-व्यवहारमें लिप्त हो जाता है। मनुष्यके ऊपर महान्-से-महान् संकट आते हैं, वह समझने लगता है कि अब वह सदाके लिये नाशको प्राप्त हो गया, परंतु जब उस संकटके बवंडरमें भी उसकी जीवन-कली कुसुमित हो जाती है, तब वह यदि सहृदय हुआ तो समझने लगता है कि भगवान् वस्तुतः रुद्र होते हुए भी शिव हैं। धन्य हैं वे व्यक्ति, जो अपने आपको भगवत्कृपाका पात्र बनानेका सच्चे हृदयसे निरन्तर प्रयत्न करते रहते हैं। ऐसे व्यक्ति ही भगवान्के पोषण-कार्यमें साधनरूप बनते हैं।

'करिहैं कृपा निबाहि'

भजौ सुत, साँचे स्याम पिताहि।
जाके सरन जात ही मिटिहै दारुन दुखकी दाहि॥
कृपावंत भगवंत सुने मैं छिनि छाँड़ौ जिनि ताहि।
तेरे सकल मनोरथ पूजैं जो मथुरा लौं जाहि॥
वे गोपाल दयाल दीन तू, करिहैं कृपा निबाहि।
और न ठौर अनाथ दुखिन कौं मैं देख्यौ जग माँहि॥
करुना बरुनालयकी महिमा मोपै कही न जाहि।
'व्यासदास'के प्रभुको सेवत हारि भई कहु काहि ?॥

भगवत्कृपाकी व्यापकता

(लेखक—श्रीओमप्रकाशजी)

अविनाभाव, अव्यभिचरित सम्बन्ध या नित्य साहचर्यको व्याप्ति कहते हैं अथवा हेतु और उसके व्यापक साध्यका जो सामानाधिकरण्य है, उसे व्याप्ति कहते हैं। जिसमें यह व्याप्ति रहती है, वह व्याप्य है और जिसकी यह व्याप्ति होती है, वह व्यापक कहलाता है। व्याप्य कभी भी व्यापकसे बाह्य नहीं रह सकता—

अनधिकदेशकालनियमं व्याप्यम्। अन्यूनदेशकालवृत्तिर्व्यापकम्॥

इस प्रकार स्वरूपतः सर्वदेशकाल-सम्बन्धको व्यापकत्व कहा जाता है—

सर्वदेशसम्बद्धत्वं हि व्यापकत्वम्।

विशिष्टाद्वैतदर्शनमें भगवान्के व्यापकत्वके सम्बन्धमें कहा गया है कि त्याज्य गुणोंके विरोधी जो उपादेय सद्गुण हैं, उनका जो आकर हो, नित्य हो तथा 'स्व'से भिन्न निखिल वस्तुमें रहता हो, उसे व्यापक कहते हैं—

हेयप्रत्यनीकगुणगणाकरत्वे नित्यत्वे च सति स्वेतरनिखिलवस्तुमात्रवृत्तित्वं व्यापकत्वम्॥

विष्णुसहस्रनाममें भगवान्को व्याप्त, व्यापी, विष्णु, अनन्त, विभु आदि कहा गया है। जिसकी व्याख्यामें आचार्य शंकर लिखते हैं—

कारणत्वेन सर्वकार्याणां व्यापनाद् व्याप्तः।

(विष्णुसहस्रनाम शां० भा० ५७)

"कारणरूपसे सब कार्योंको व्याप्त करनेके कारण 'व्याप्त' है।"

आकाशवत् सर्वगतत्वाद् व्यापी 'आकाशवत् सर्वगतश्च नित्यः' इति श्रुतेः, कारणत्वेन सर्वकार्याणां व्यापनाद् वा व्यापी॥

(विष्णुसहस्रनाम शां० भा० ६३)

"आकाशके समान सर्वव्यापी होनेसे 'व्यापी' है। श्रुति कहती है—'आकाशके समान सर्वगत और नित्य है।' इसलिये समस्त कार्योंमें कारणरूपसे व्याप्त होनेके कारण 'व्यापी' है।"

व्याप्ता मे रोदसी पार्थ कान्तिश्चाभ्यधिका मम॥
क्रमणाच्चाप्यहं पार्थ विष्णुरित्यभिसंज्ञितः।

(महा० शान्ति० ३४१। ४२-४३)

"हे पार्थ! पृथ्वी और आकाश मुझसे व्याप्त हैं तथा मेरा विस्तार भी बहुत है। इस विस्तारके कारण ही मैं 'विष्णु' कहलाता हूँ।"

नित्यत्वात् सर्वात्मत्वाद् देशकालपरिच्छेदाभावादनन्तः।

(विष्णुसहस्रनाम शां० भा० १०८)

"नित्य, सर्वगत और देशकालपरिच्छेदसे रहित होनेके कारण भगवान् 'अनन्त' हैं।"

सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म।

(तै० उ० २। १)

'ब्रह्म सत्य, ज्ञान और अनन्त हैं।'

गन्धर्वाप्सरसः सिद्धाः किंनरोरगचारणाः।
नान्तं गुणानां गच्छन्ति तेनानन्तोऽयमव्ययः॥

(वि० पु० २। ५। २४)

"इनके गुणोंका अन्त गन्धर्व, अप्सरा, सिद्ध, किंनर, नाग और चारण आदि कोई भी नहीं पा सकते, इसलिये ये अविनाशी देव 'अनन्त' कहलाते हैं।"

सर्वत्र वर्तमानत्वात् त्रयाणां लोकानां प्रभुत्वाद् वा विभुः।

(विष्णुसहस्रनाम शां० भा० १०७)

"सर्वत्र वर्तमान होने तथा तीनों लोकोंके प्रभु होनेके कारण 'विभु' हैं।"

इस प्रकार भगवान् जैसे स्वरूपतः सर्वव्यापक हैं, उसी प्रकार उनकी कृपा भी सर्वव्यापक है। देश और कालका व्यवधान भगवत्कृपाकी व्यापकताका खण्डन नहीं कर सकता। कोई भी मर्यादा भगवत्कृपाको सीमित नहीं कर सकती। भगवत्कृपाके अधिकारी पापी-पुण्यात्मा, राक्षस, देवता सभी हैं—

सर्वाचारविवर्जिताः शठधियो व्रात्या जगद्वञ्चका
दम्भाहंकृतिमानपैशुनपराः पापान्त्यजा निष्ठुराः।
ये चान्ये धनदारपुत्रनिरताः सर्वाधमास्तेऽपि हि
श्रीरामस्य पदारविन्दशरणाः शुद्धा भवन्ति द्विज॥

द्विजो वा राक्षसो वापि पापी वा धार्मिकोऽपि वा।
राम रामेति यो वक्ति स मुक्तो नात्र संशयः॥

'हे विप्र ! जो सम्पूर्ण आचार-विचारोंसे रहित, शठ-बुद्धिवाले, यज्ञोपवीत-संस्कार न होनेसे पतित, संसारके साथ द्वेष रखनेवाले, दम्भ, अहंकार, मान और दुष्टताके परायण, निष्ठुर, पापी अन्त्यज, दूसरोंके धन, स्त्री और पुत्रमें रत (आसक्त) और सभी दृष्टिसे अधम हैं, वे भी श्रीरामके चरणारविन्दकी शरण होते ही तुरंत शुद्ध हो जाते हैं।'

'ब्राह्मण हो या राक्षस, पापी हो या धर्मात्मा—कोई भी क्यों न हो, जो राम-रामका उच्चारण करता है, वह निःसंदेह मुक्त हो जाता है।'

भगवत्कृपा बड़ी शक्तिशालिनी है, उसके समक्ष कुछ भी असम्भव नहीं है—

चरन कमल बंदौं हरिराइ।
जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै, अंधे कौं सब कछु दरसाइ॥
बहिरो सुनै, गूँग पुनि बोलै, रंक चलै सिर छत्र धराइ।
सूरदास स्वामी करुनामय, बार-बार बंदौं तिहिं पाइ॥

(सूरसागर १।१)

भगवत्कृपाकी व्यापकता इतनी विस्तृत है कि द्वेषभावसे स्मरण करनेवालोंपर भी वह अबाधरूपसे बरसती है—

खल मनुजाद द्विजामिष भोगी। पावहिं गति जो जाचत जोगी॥
उमा राम मृदुचित करुनाकर। बयर भाव सुमिरत मोहि निसिचर॥
देहिं परम गति सो जियँ जानी। अस कृपाल को कहहु भवानी॥

(मानस ६।४४।२-३)

न्यायशास्त्रके प्रकाण्ड विद्वान् श्रीउदयनाचार्यजी भगवत्कृपाकी इसी व्यापकताको लक्ष्य कर ईश्वरसे उनका खण्डन करनेवाले नास्तिकोंके उद्धारकी माँग करते हुए कहते हैं—'प्रभो ! आपके खण्डनमें निरत होनेके कारण ये नास्तिक लोग आपके बड़े चिन्तक हैं। अन्तर इतना ही है कि ये विपरीत विधिसे आपका चिन्तन करनेवाले हैं—

इत्येवं श्रुतिनीतिसम्प्लवजलैर्भूयोऽभिराक्षालिते
येषां नास्पदमादधासि हृदये ते शैलसाराशयाः।
किंतु प्रस्तुतविप्रतीपविधयोऽप्युच्चैर्भवच्चिन्तकाः
काले कारुणिक ! त्वयैव कृपया ते भावनीया नराः॥

(न्यायकु० ५।१८)

विद्वान् हो या मूर्ख, धनी हो या गरीब, पापी हो या धर्मात्मा, आस्तिक हो या नास्तिक, पुरुष हो या स्त्री, बालक या वृद्ध, पवित्र हो या अपवित्र, ब्राह्मण हो या चाण्डाल, गुणवान् हो या गुणशून्य, कोई भी हो, कैसा भी हो, सबीपर भगवत्कृपा-सुधाका वर्षण होता है—

अपि चेत्सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक्।
साधुरेव स मन्तव्यः सम्यग्व्यवसितो हि सः॥
क्षिप्रं भवति धर्मात्मा शश्वच्छान्तिं निगच्छति।
कौन्तेय प्रति जानीहि न मे भक्तः प्रणश्यति॥
मां हि पार्थ व्यपाश्रित्य येऽपि स्युः पापयोनयः।
स्त्रियो वैश्यास्तथा शूद्रास्तेऽपि यान्ति परां गतिम्॥

(गीता ९।३०-३२

'यदि कोई अतिशय दुराचारी भी अनन्य भावसे मेरा भक्त होकर मुझको भजता है तो वह साधु ही मानने योग्य है; क्योंकि वह यथार्थ निश्चयवाला है अर्थात् उसने भलीभाँति निश्चय कर लिया कि परमेश्वरके भजनके बिना अन्य कुछ भी नहीं है। अतः वह शीघ्र ही धर्मात्मा हो जाता है और सदा रहनेवाली परम शान्तिको प्राप्त हो जाता है। हे अर्जुन ! तू निश्चयपूर्वक सत्य जान कि मेरा भक्त नष्ट नहीं होता। पार्थ ! स्त्री, वैश्य, शूद्र तथा पापयोनि—चाण्डालादि जो कोई भी हों, मेरी शरण होकर वे भी परम गतिको ही प्राप्त होते हैं।'

कृपा-परवश भगवान् भक्तके एक भी अपराध हृदयमें धारण नहीं करते—

मिलत कृपा तुम्ह पर प्रभु करिही। उर अपराध न एकउ धरिही॥

(मानस ५।५६।१

कारुनीक दिनकर कुल केतू। दूत पठायउ तव हित हेतू॥

(मानस ६।३६।१

भगवत्कृपाकी इयत्ता नहीं है। वह अनन्त और सर्वव्यापक है। पापी और अधर्मोपर तो वह और भी अधिक बरसती है तथा उनके सुधारके निमित्त और कल्याण-पथको प्रशस्त करनेके लिये हृदयमें शुभ प्रेरणा करती है तथा उन्हें संतोंकी सङ्गति प्रदान किया करती है। इसी शुभ प्रेरणा और सत्सङ्गतिके कारण भयानक-से-भयानक पापियोंके जीवन-मार्गमें आकस्मिक परिवर्तन होता है। वाल्मीकि-जैसे भीषण डाकूपर जब भगवत्कृपाकी शीतल छाया पड़ी तो उसके परिणामस्वरूप उनकी नारदजीसे भेंट हुई। '**बिनु हरि कृपा मिलहिं नहिं संता।**' (मानस ५।६।२) '**लभ्यते तु तत्कृपयैव**' (ना० भ० सू० ४०) फिर क्या था, वे भगवत्कृपाके आदर्श पात्र बन

गये। ऐसी गाथाओंसे हमारे प्राचीन वाङ्मय तो भरे पड़े हैं, आज भी भगवत्कृपाके प्रसादरूप ऐसे अगणित आकस्मिक परिवर्तन देखे जा सकते हैं। ऐसा कोई भी देश या काल नहीं है, जहाँ भगवत्कृपाकी वृष्टि न होती हो। वर्तमानमें दुःखद प्रतीत होनेवाले कार्योंके गर्भमें भी भगवत्कृपा निहित रहती है, जिससे वे कालान्तरमें मधुर फलके रूपमें परिणत हो जाते हैं। अतएव अनुभवी संत और विचारक इसी निर्णय या निश्चयपर पहुँचते हैं कि भगवान् जो कुछ भी करते हैं, अच्छा ही करते हैं। भगवत्कृपाका क्षेत्र व्यापक ही नहीं, सर्वव्यापक है। जो प्रत्येक कार्यकी तहमें भगवत्कृपाका ही दर्शन और रसास्वादन करते हैं, वे ही भगवत्कृपाके वास्तविक पारखी हैं और उन्हें ही प्रत्येक कार्य सुखद मालूम पड़ता है। भगवत्कृपाके इस व्यापक रूपका दर्शन करनेवालोंका आत्मबल बहुत ऊँचा होता है और उनके आगे विष अमृत बन जाता है तथा आग भी हिमके समान शीतल हो जाती है।

भगवत्कृपाकी उपादेयता और महत्त्व

(लेखक—आचार्य श्रीविष्णुदेवजी उपाध्याय)

मुण्डकोपनिषद्की श्रुति कहती है—'परावर परमात्माका दर्शन कर लेनेपर जीवकी (अविद्यारूप) हृदयग्रन्थि टूट जाती है, उसके सभी संशय नष्ट हो जाते हैं और इस (द्रष्टा)के कर्म क्षीण हो जाते हैं।'[1] इसी प्रकार उस परमात्माको बिना जाने आध्यात्मिक, आधिदैविक एवं आधिभौतिक—इन त्रिविध दुःखोंका[2] विनाश वैसे ही असम्भव है, जैसे विभु और अमूर्त आकाशको परिच्छिन्न और मूर्तस्वरूप चर्मके समान लपेट लिया जाना।[3] किंतु मनुष्यका दुर्भाग्य है कि वह अपनी अज्ञानमूलक वासनाके कारण सच्चिदानन्दस्वरूप परमात्माकी सहज प्राप्तिके पथसे दूर चला (भटक) जाता है। इस प्रकार लक्ष्यभ्रष्ट होनेका मुख्य कारण भोगोंमें राग है। इसके कारण जीवका आकर्षण संसार और उसके विषयोंकी ओर विशेष होता है, परमात्माकी प्राप्तिकी ओर उसकी दृष्टि ही नहीं रहती। ऐसी स्थितिमें अपनी इच्छाशक्तिको, चिन्तनको थका देनेवाले प्रयत्नोंकी ओर अथवा तपश्चर्यापूर्ण अनुशासनकी ओर मोड़ना कम कष्टसाध्य नहीं होता। अतः मनुष्यके लिये परम प्रभुके प्रति अपने प्रेमकी बलि चढ़ाना ही अधिक संगत एवं कल्याणप्रद साधन प्रतीत होता है।[4] स्वयं भगवान्का ही कथन है—'मैं न तो स्वर्गमें रहता हूँ और न योगियोंके हृदयमें ही। मैं तो वहाँ निवास करता हूँ, जहाँ मेरे भक्त मेरे गुणोंका गान करते हैं।'[5] किंतु सर्वोच्च स्वतन्त्रता प्राप्त करनेके लिये भक्ति की जानी चाहिये पूर्ण आत्मसमर्पणकी भावनाके साथ।[6] जब भक्ति प्रबल हो जाती है, तब भगवान् दयालु होकर भक्तको

---

१. भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः। क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे॥ (२। २। ८)

२. काम, क्रोध, मद, लोभ और मोह—ये आध्यात्मिक दुःख हैं, भयंकर अग्निकाण्ड, तूफान और अनावृष्टिके कारण उत्पन्न हाहाकारसे परिपूर्ण अकाल-प्रभृति दुःख आधिदैविक हैं और सिंह, सर्प आदिद्वारा प्राप्त दुःख आधिभौतिक हैं।

३. यदा चर्मवदाकाशं वेष्टयिष्यन्ति मानवाः। तदा देवमविज्ञाय दुःखस्यान्तो भविष्यति॥

(श्वेताश्वतर० ६। २०)

४. भगवान् श्रीकृष्णका वचन है—

पुरुषः स परः पार्थ भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यया। यस्यान्तःस्थानि भूतानि येन सर्वमिदं ततम्॥

(गीता ८। २२)

'हे पार्थ! वह परमपुरुष, जिसमें सब भूत निवास करते हैं और जिससे यह सारा संसार व्याप्त है, अनन्य भक्तिके द्वारा प्राप्त किया जा सकता है।'

५. नाहं वसामि वैकुण्ठे योगिनां हृदये न वै। मद्भक्ता यत्र गायन्ति तत्र तिष्ठामि नारद॥

(पद्मपुराण, उत्तरखण्ड ९४। २३)

६. 'O love, I give myself to Thee, Thine ever, only Thine to be.'

ऐसा ज्ञान प्रदान करते हैं[७] कि भक्त अपने सब कर्मोंका सम्पादन वैराग्यपूर्वक (फलाकाङ्क्षाविरहित होकर) करता हुआ अपने-आपको भगवान्‌के साथ घनिष्ठ रूपमें संयुक्त अनुभव करने लगता है। परिणामस्वरूप उसे संसारके भौतिक युद्धोंसे छुटकारा मिल जाता है, पृथ्वीपर स्वर्ग उतर आता है और वह मुक्त हो जाता है। ऐसी अवस्थाको प्राप्त भक्त चाहे समाधिमें लीन रहे अथवा शास्त्रविहित कर्तव्य-कर्ममें, उसके लिये दोनों एक-सी ही बातें हैं। भगवत्कृपाकी महिमा तब और बढ़ जाती है, जब हम देखते हैं कि भारतके सभी मूर्धन्य ऋषियों और आचार्योंने अपनी प्रार्थनाओं तथा रचनाओंमें स्थान देकर इसके महत्त्वका मुक्तकण्ठसे प्रतिपादन किया है। 'हे स्वतः देदीप्यमान प्रभो ! आप हमारे साथ रहें और हमें अपना आशीर्वाद प्रदान करें।'[८] 'हे प्रभो ! आप हमारे पिता हैं, आप पिताकी ही भाँति हमें शिक्षा दें।'[९] कठोपनिषद् हमें बतलाती है—'ये (परमपिता) जिसका वरण करते हैं, उसके द्वारा ही प्राप्त किये जा सकते हैं। तत्पश्चात् वे परमप्रभु उस जीवके प्रति अपने यथार्थ स्वरूपको अभिव्यक्त कर देते हैं।'[१०] श्वेताश्वतरोपनिषद्में वर्णित है—'सृष्टिके आरम्भमें जो एक और निर्विशेष होकर भी अपनी शक्तिके द्वारा बिना किसी प्रयोजनके ही बहुविध वर्ण (रूप-रंग) धारण करते हैं तथा अन्तमें यह विश्व जिनमें विलीन हो जाता है, वे प्रकाशस्वरूप परमात्मा हमें ऐसा ज्ञान प्रदान करें, जो शुभ कर्मोंकी ओर ले जाता है।'[११] 'अवधूतगीता'में यह रहस्योद्घाटन इस प्रकार किया गया है—'केवल परमात्माकी दयासे ही बुद्धिमान् मनुष्योंके अन्तःकरणमें महान् संकटोंसे रक्षा करनेवाली अद्वैतवासनाका उदय होता है।'[१२] भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुनसे कहते हैं—'हे अर्जुन ! मैंने प्रसन्न होकर दयावश अपनी दिव्य शक्तिके द्वारा तुझे अपना यह अदृष्टपूर्व, तेजोमय, अनन्त और आद्य परमरूप दिखाया है।'[१३] अन्तमें अर्जुन स्वयं भी यह स्वीकार करते हैं कि 'हे अच्युत ! आपकी कृपासे मेरा (अज्ञानजनित) मोह (भ्रम) नष्ट हो गया है और मेरी स्मृति लौट आयी है।'[१४] आचार्य शंकर केवल भगवान्‌को ही 'रक्षा करनेवाले ज्ञानके अनुग्रहयुक्त प्रदाता'—इन शब्दोंमें स्वीकार करते हैं।

७. तेषामेवानुकम्पार्थमहमज्ञानजं तमः। नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता॥ (गीता १०। १

'दयालु होनेके कारण मैं भक्तोंके अन्तःकरणमें एकीभावसे स्थित हुआ ज्ञानरूप चमकते हुए दीपकके द्वारा अज्ञ उत्पन्न अन्धकारको नष्ट कर देता हूँ।'

आगस्टीन कहते हैं—"I withdrew into my inner self with Thee as my guide. And I was able to do t because Thou didst become my helper. So I entered, and saw with the eye of my soul—but above and bey that eye, above and beyond my mind—a light in which was no variation, when first I knew T Thou didst lift me up that I might see that there was some thing for me to perceive to which I still blind. And Thou didst beat through my feeble sight shining on me with such force that I trembled love and awe, and I realized that in my unlikeness to Thee I was far removed from Thee. And T didst answer from afar. 'Verily I am that I am.' And I heared as one hears in one's heart hearts, and thenceforth there was naught could make me doubt." ('confessions' VII)

८. 'स नः पितेव सूनवेऽग्ने सूपायनो भव। सचस्वा नः स्वस्तये।' (यजु० ३।

९. पिता नोऽसि पिता नो बोधि। (यजु० ३७।

१०. यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूं स्वाम्॥ (१। २।

११. य एकोऽवर्णो बहुधा शक्तियोगाद्वर्णाननेकान्निहितार्थो दधाति।
वि चैति चान्ते विश्वमादौ स देवः स नो बुद्ध्या शुभया संयुनक्तु॥ (४।

१२. ईश्वरानुग्रहादेव पुंसामद्वैतवासना। महाभयपरित्राणा विप्राणामुपजायते॥ (अवधूतगीता

१३. मया प्रसन्नेन तवार्जुनेदं रूपं परं दर्शितमात्मयोगात्। तेजोमयं विश्वमनन्तमाद्यं यन्मे त्वदन्येन न दृष्टपूर्वम्॥ (गीता ११।

१४. नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्धा त्वत्प्रसादान्मयाच्युत॥ (गीता १८।

'तदनुग्रहहेतुकेनैव च विज्ञानेन मोक्षसिद्धिर्भवितुमर्हति ।'

(२ । ३ । ४१)

केवल भारतीय ऋषि और आचार्य ही नहीं, भूमण्डलपर प्रचलित अन्य सभी धर्मों तथा सम्प्रदायोंके विद्वान् आचार्य भगवत्कृपाके प्रति अपनी श्रद्धाके फूल समर्पित करते हैं। एकहार्टकी पुकार है—'परमेश्वर ! हम आपसे विनय करते हैं कि इस खण्डित जीवनसे निकलने और उस संयुक्त जीवनको पानेके लिये आप हमारी सहायता करें।'[१५] सेंट अन्सेलम (St. Ansalem) कहते हैं—'जबतक आप ही मुझे शिक्षा न देंगे, मैं आपकी चाह नहीं कर सकता और जबतक आप ही अपने-आपको प्रकट न करेंगे, मैं आपको पा नहीं सकता।'[१६] केनेडी (Kenedy) लिखित 'सेंट पाल ऐण्ड दि मिस्ट्री रिलीजन्स'में एक प्रार्थना है—'हे परमश्रेष्ठ ! हम आपको धन्यवाद देते हैं; क्योंकि आपकी कृपासे ही हमने ज्ञानका यह प्रकाश पाया है । आपने हमारा उद्धार किया है। हम आनन्द मनाते हैं कि आपने पूर्णरूपसे हमें अपना दर्शन दिया है और हमारे नश्वर शरीरोंको दिव्यत्व प्रदान किया है।'[१७] 'ओल्ड टेस्टामेंट'में वर्णित है—'जिस प्रकार पिता अपने बच्चोंपर दया करता है, उसी प्रकार परमात्मा उनपर दया करते हैं, जो उनसे डरते हैं।'[१८]

अपनी दयनीय दशा सुधारनेके लिये हमारे पास भगवद्भक्तिके अतिरिक्त अन्य कोई मार्ग नहीं, जिसका फल भगवत्कृपा है, जो मानवीय दुःख-कष्टोंकी परिसमाप्तिका अमोघ उपाय है । यह एक तथ्य है कि 'यदि हम उनपर भरोसा करें, स्वयंको उनके चरणोंमें समर्पित कर दें तो वे कृपासिन्धु होनेके कारण बुराइयोंपर विजय पानेमें हमारी सहायता करनेके लिये सदैव सब प्रकारसे संनद्ध रहते हैं। अतः इस संघर्षमय संसारमें यदि हम अपना जीवन शान्तिपूर्वक व्यतीत करनेके लिये हृदयसे इच्छुक हैं तो हमें परमप्रभुसे दयाकी भीख माँगनेके लिये शीघ्र तत्पर हो जाना चाहिये । सबका कल्याण केवल तभी सम्भव है, जब प्रत्येक प्राणी श्रद्धा और विश्वासके साथ उनके दरबारमें उपस्थित होकर यह प्रार्थना करे—

अविनयमपनय विष्णो दमय मनः शमय विषयमृगतृष्णाम् ।
भूतदयां विस्तारय तारय संसारसागरतः ॥

(विष्णुषट्पदी १)

'हे विष्णो ! आप मेरी अविनय दूर कर दें, मेरे मनको संयमी बना दें, विषयोपभोगकी मृगतृष्णा शान्त कर दें, जीवोंके प्रति करुणाका विस्तार कर दें और मुझे संसारसागरके उस पार उतार दें ।'

भगवान्‌की अमोघ कृपा

'प्रभुकी कृपा हम सभीपर सदा-सर्वदा अनन्त है, इस बातपर दृढ़ विश्वास कर लेना चाहिये । हमारी अयोग्यता प्रभुकृपामें जरा भी बाधक नहीं हो सकती । व्यक्तिका प्रभुकृपापर तथा अपनी अयोग्यतापर पूरा विश्वास हो जाय अर्थात् अपनी अयोग्यता और प्रभुकी कृपा जहाँ एक साथ मिल जायँ, वहाँ प्रभुकी प्राप्तितक हो जाती है । प्रभु-कृपाकी प्राप्तिके लिये अपनी अयोग्यता ही योग्यता तथा अधिकार है । मनुष्य बेचारा किसपर क्या कृपा करे, वह तो स्वयं ही कृपाका भिखारी है । बस, भगवान्‌की अमोघ कृपापर ही हम सबको विश्वास करना चाहिये ।'

—'श्रीभाईजी'

---

१५. We beseech Thee, Lord God, to help us escape from the life that is divided into the life that is united,—'Evans,' Eng. translation I, p. 207.

१६. I cannot seek Thee except Thou teach me, nor find Thee except Thou reveal Thyself.

१७. We give thanks to Thee, Most High, for by Thy grace we received this light of knowledge. Having been saved by Thee, we rejoice that Thou didst show Thyself to us wholly, that Thou didst deify us in our mortal bodies by the vision of Thyself.

१८. Like as a father pitieth his children, so the Lord pitieth them that fear Him.—Psalm ciii, 13.

भगवत्कृपाका तात्पर्य

(लेखिका—सुश्रीबनारसीदेवी)

तात्पर्य-विषयमें ही शब्दका प्रामाण्य होता है—'तात्पर्य-विषय एव शब्दप्रामाण्यमिति ।'

उद्देश्य ही तात्पर्य है—

तात्पर्यका अर्थ है उद्देश्यत्व अर्थात् अभिप्रायी विषयत्व । विषयमें ही शब्दका प्रामाण्य होता है । इसलिये अर्थवाद-वाक्योंमें प्रशंसापरक वाक्य प्रवृत्तिके उद्देश्यसे और निन्दापरक-वाक्य निवृत्तिके उद्देश्यसे प्रयुक्त होनेके कारण प्रवृत्ति और निवृत्तिको ही उनका तात्पर्य माना जाता है । तात्पर्यका अर्थ है—वक्ताका अभिप्राय । अभिप्रेत या विवक्षित अर्थको समझना ही तात्पर्य-ज्ञान कहलाता है । प्रकरणसे ही विवक्षित अर्थका निश्चय किया जाता है । प्रवृत्ति-निवृत्तिके विषयमें वक्ताका अभिप्राय ही अभिधेय होनेसे विधि है । प्राचीन नैयायिकोंके मतमें 'इष्टसाधनत्व' और नवीन नैयायिकोंके मतमें 'आप्ता-भिप्राय' विध्यर्थ है । विधिमें स्वार्थ-बोधनद्वारा ही तात्पर्य है—'स्वार्थद्वारैव तात्पर्यम्'। (न्यायकुसुमाञ्जलि ५ । १६)

अतएव भगवत्कृपाका तात्पर्य प्रकरण अथवा स्वार्थ-बोधनद्वारा सहजमें विदित किया जा सकता है । 'भगवान्' शब्दका अर्थ है—"जो (सबका) भरण, पोषण, आधार, शरणके योग्य, सर्वत्र व्यापक और कृपालु—इन षड्गुणोंसे पूर्ण हो, उसे 'भगवान्' कहना चाहिये ।"

> रक्षणे सर्वभूतानामहमेव परो विभुः ।
> इति सामर्थ्यसंधानं कृपा सा पारमेश्वरी ॥
>
> (भगवद्गुणदर्पण २ । १)

"समस्त प्राणियोंकी रक्षा करनेमें मैं ही सर्वव्यापक परम समर्थ हूँ, इस प्रकार सामर्थ्यका जो अनुसंधान है, वह सामर्थ्यशालिनी 'कृपा' है ।"

"अपने स्वार्थकी अपेक्षा न करके दूसरोंके दुःखविनाशकी जो इच्छा है, उसे ही 'करुणा' कहते हैं ।"

अतएव भगवत्कृपाका तात्पर्य भगवत्कृपा-शब्दके अर्थसे ही विदित है ।

सूरदासजीने भगवत्कृपा, भगवान् और भक्तका बड़ा ही मार्मिक चित्रण किया है—

> भक्त विरह कातर करुनामय डोलत पाछैं लागे ।
> सूरदास ऐसे स्वामी कौं देहि पीठि सो अभागे ॥

तुलसीदासजीने भगवत्कृपाका तात्पर्य बतलाया है—

> आकर चारि लच्छ चौरासी । जोनि भ्रमत यह जिव अबिनासी ॥
> फिरत सदा माया कर प्रेरा । काल कर्म सुभाव गुन घेरा ॥
> कबहुँक करि करुना नर देही । देत ईस बिनु हेतु सनेही ॥
> नर तनु भव बारिधि कहुँ बेरो । सन्मुख मरुत अनुग्रह मेरो ॥
> करनधार सदगुर दृढ़ नावा । दुर्लभ साज सुलभ करि पावा ॥
>
> (मानस ७ । ४३ । २-४)

भगवान् स्वभावतः परम दयालु हैं । दयालुताके आगे कुछ भी अकार्य नहीं है—

> नाकार्यमस्ति किमपीह दयालुतायाः ।
>
> (रा० दि० ५ । ३३)

सज्जनलोग असज्जनोंपर भी दया करते हैं—

> सतामेषोऽमलः पन्था दयन्ते ह्यसतामपि ॥
>
> (रा० दि० १५ । ३२)

दया-द्रवित चित्तवाले सत्पुरुषोंके लिये आपत्तिकालमें यह दया करने योग्य है या नहीं—इस प्रकारकी धारणा (भावना) शोभा नहीं देती—

> अयं योग्योऽथवायोग्य इत्येवं सम्प्रधारणा ।
> आपत्काले न शोभेत दयार्द्रमनसां सताम् ॥
>
> (रा० दि० १७ । १६)

अतएव भगवत्कृपाका तात्पर्य योग्यायोग्यका विचार किये विना दुर्जनोंपर भी अहैतुकी दया करनेमें है ।

श्रीमद्भगवद्गीताके माध्यमसे भगवान् अर्जुनसे कहते हैं—

> मत्प्रसादादवाप्नोति शाश्वतं पदमव्ययम् ॥
>
> (१८ । ५६)

'मेरे कृपाप्रसादसे जीव सनातन अविनाशी परमपदको प्राप्त हो जाता है।'

मच्चित्तः सर्वदुर्गाणि मत्प्रसादात्तरिष्यसि ॥

(१८ । ५८)

'मुझमें चित्तवाला होकर तू मेरी कृपासे समस्त संकटोंको अनायास ही पार कर जायगा।'

अर्जुनका उत्तर भी देखिये—

नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्धा त्वत्प्रसादान्मयाच्युत ॥

(१८ । ७३)

'हे अच्युत ! आपके कृपा-प्रसादसे मेरा मोह नष्ट हो गया और मैंने स्मृति प्राप्त कर ली।' अतएव शाश्वत अव्यय परम-पदकी प्राप्ति ही भगवत्कृपाका तात्पर्य है।

लौकिक सुख तो वास्तवमें दुःख ही है—

परिणामतापसंस्कारदुःखैर्गुणवृत्तिविरोधाच्च दुःखमेव सर्वं विवेकिनः । (यो० सू० २ । १५)

'परिणामदुःख, तापदुःख और संस्कारदुःख—ऐसे तीन प्रकारके दुःखोंके कारण और तीनों गुणोंकी वृत्तियोंमें परस्पर विरोध होनेके कारण विवेकीके लिये सब-के-सब (कर्मफल) दुःखरूप ही हैं।'

ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते ।
आद्यन्तवन्तः कौन्तेय न तेषु रमते बुधः ॥

(गीता ५ । २२)

'जो ये इन्द्रियों तथा विषयोंके संयोगसे उत्पन्न होनेवाले सब भोग हैं, यद्यपि विषयी पुरुषोंको सुखरूप भासते हैं, तथापि वे दुःखके ही हेतु हैं और आदि-अन्तवाले अर्थात् अनित्य हैं। इसलिये हे अर्जुन ! बुद्धिमान् विवेकी पुरुष उनमें नहीं रमता।'

अतएव भगवत्कृपाका तात्पर्य लौकिक सुखमें न होकर पारलौकिक शाश्वत सुखमें है, जो अमृतस्वरूप है। इस प्रकार दुःखोंकी आत्यन्तिक निवृत्ति और शाश्वत आनन्द प्रदान करना ही भगवत्कृपाका तात्पर्य है। संतोंकी उक्ति है—'ईश्वर-प्रेमियोंके लिये है उनका स्नेह और पापियोंके लिये है उनकी दया।'

भगवत्कृपा

(लेखक—श्रीराजेन्द्रकुमारजी धवन)

प्रायः अधिकांश मानव ऐसा अनुभव करते हैं कि जीवनमें जब भीषण संकटमयी परिस्थिति आती है तो उपयुक्त समयपर कोई ऐसी आकस्मिक, अप्रत्याशित घटना घटित हो जाती है, जिसके कारण अद्भुत ढंगसे हमारी उस संकटसे रक्षा हो जाती है। ईश्वरकी सत्ताको अस्वीकार करनेवाले लोग ऐसी घटनाओंको 'संयोग' (Chance) मानते हैं।* परंतु ईश्वरकी सत्ताको अबाध-रूपसे स्वीकार करनेवाले भाग्यवान् मनुष्य इसे परमकृपालुकी मङ्गलमयी कृपा ही समझते हैं। सत्यरूपमें विश्वकी कोई भी घटना अकारण नहीं घटती। जो कुछ भी घटित हो रहा है, वह उन करुणावरुणालयकी परम रहस्यमयी अहैतुकी कृपाका परिणाम ही है। भगवान् कृपाके अनन्त, असीम, अथाह सिन्धु हैं। इस अवर्णनीय, अतुलनीय, अचिन्त्य, अगाध कृपा-सिन्धुकी थाह कौन पा सकता है ? उन परमकृपालु प्रभुका श्रीविग्रह कृपामय है, उसमें कृपा-ही-कृपा भरी है—

'प्रभु-मूरति कृपामई है ॥' (विनय-पत्रिका १७० । ७)

भगवान्‌की समस्त शक्तियोंमें 'कृपा-शक्ति' प्रधान है। अन्य सभी शक्तियाँ इसीके अनुगत एवं नियन्त्रणमें रहनेवाली हैं। इस 'कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुं समर्था' कृपा-शक्तिके कारण ही भगवान् अपने भक्तके अधीन हो जाते हैं—**'अहं भक्तपराधीनः'** (श्रीमद्भा० ९ । ४ । ६३)। पापी-से-पापी व्यक्ति भी यदि आर्त होकर उनकी शरणमें आ जाय तो वे उसका भी उद्धार कर देते हैं। उनकी विज्ञप्ति है—

सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज ।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः ॥

(गीता १८ । ६६)

'सब धर्मोंको अर्थात् सम्पूर्ण कर्मोंके आश्रयको त्यागकर केवल एक मुझ सच्चिदानन्दघन वासुदेव परमात्माकी ही अनन्यशरणको प्राप्त हो, मैं तुझे सम्पूर्ण पापोंसे मुक्त कर दूँगा, तू शोक मत कर।'

---

* जड प्रकृतिजन्य बुद्धिके अभिमानसे अभिभूत होनेके कारण सत्य घटना (भगवत्कृपा)को संयोग (Chance) माननेवाले लोग आस्तिकताको समझ ही नहीं सकते। वे जड बुद्धिकी दासतामें आबद्ध होनेके कारण उसे आकस्मिक कहकर उससे पिण्ड छुड़ाना चाहते हैं, परंतु यह नहीं जानते कि कोई भी घटना अकारण नहीं हुआ करती।—सम्पादक

भगवान्‌की परम कल्याणकारिणी कृपा सब समय और सब जगह अणु-अणुमें व्याप्त है। प्राणिमात्रपर भगवान्‌की समान अहैतुकी कृपा है—

'सुहृदं सर्वभूतानाम्' (गीता ५। २९)

दिव्य भगवत्कृपा भक्त-अभक्त, आस्तिक-नास्तिक, भले-बुरे—सभी प्रकारके व्यक्तियोंपर समानरूपसे सदैव बरस रही है—

अयमुत्तमोऽयमधमो जात्या रूपेण सम्पदा वयसा।
श्लाघ्योऽश्लाघ्यो वेत्थं न वेत्ति भगवाननुग्रहावसरे॥
(प्रबोध-सुधाकर २५२)

'किसीपर कृपा करते समय भगवान् ऐसा विचार नहीं करते कि यह जाति, रूप, धन और आयुसे उत्तम है या अधम ! अथवा स्तुत्य है या निन्द्य !'

समस्त जीवोंपर अदभ्रकरुणामय प्रभुकी इतनी कृपा है कि पूर्णरूपसे उसे समझ पाना भी असम्भव है। मनुष्य अपने ऊपर उस अचिन्त्य चमत्कारिणी कृपाको जितना अधिक मानता है तथा उसपर जितना अधिक विश्वास करता है, उसे उतना ही अधिक लाभ होता है। भगवत्कृपाकी तुलना माँकी कृपासे भी नहीं की जा सकती; क्योंकि माँकी कृपा मोह-ममता-मिश्रित होती है, परंतु अचिन्त्यानन्तगुणसम्पन्न भगवान्‌की कृपा पूर्णतः विशुद्ध होती है। इतना ही नहीं, जगत्‌भरकी माताओंकी सम्मिलित कृपा उन अपरिमेय परमात्माके कृपा-सिन्धुकी एक बूँदके बराबर भी नहीं है। भगवान् परम कृपालु होनेके साथ ही पूर्णकाम, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान् और सर्वलोकमहेश्वर भी हैं। वे सभीका अकारण हित करनेवाले हैं—

कोमलचित अति दीन दयाला। कारन बिनु रघुनाथ कृपाला॥
(मानस ३। ३२। १)

उनकी परममङ्गलमयी अहैतुकी कृपा विभिन्न रूपोंमें प्रकट होकर सबका मङ्गल करती है।

भगवत्कृपाकी पहचान

भगवत्कृपाको मनुष्य यथार्थतः तभी पहचान सकता है, जब वह जड जगत्‌के समस्त आश्रयोंका परित्याग करके एकमात्र भगवत्कृपाका ही आश्रय ले लेता है। फिर भी शाखाचन्द्र-न्यायके अनुसार कुछ ऐसी बातें लिखी जाती हैं, जिनसे भगवत्कृपाकी पहचान होती है—

स्त्री, पुत्र, धन-सम्पत्ति आदि अनुकूल सांसारिक भोग-पदार्थोंकी प्राप्ति हो जाना ही भगवत्कृपा नहीं है। अनुकूलतामें परम हितैषी प्रभुकी जितनी कृपा रहती है, उससे भी विशेष कृपा प्रतिकूलतामें रहती है—

लालने ताडने मातुर्नाकारुण्यं यथार्भके।
तद्वदेव महेशस्य नियन्तुर्गुणदोषयोः॥

'जिस प्रकार बच्चेको प्यार करने और ताड़ना देने—दोनोंमें माताकी दया ही है, उसी प्रकार जीवोंके गुण-दोषोंका नियन्त्रण करनेवाले भगवान्‌की सब प्रकारसे उनपर कृपा ही है।'

एक ही भगवत्कृपा हमारी साधारण दृष्टिके अनुसार दो रूपोंमें आया करती है—अनुकूल और प्रतिकूल। संसारमें जितनी भी प्रतिकूलताएँ आती हैं, वे सब भगवान्‌की विशुद्ध कृपाका ही परिणाम हैं। कृपामय भगवान्‌की कृपा चाहे जिस रूपमें भी आये, सदैव परम मङ्गल ही करती है। मान-अपमान, सुख-दुःख, प्रशंसा-निन्दा और लाभ-हानि—सभी रूपोंमें भगवत्कृपा जीवोंका कल्याण करनेके लिये ही आती है। भगवत्कृपाके दिव्य साम्राज्यमें सुख-दुःखकी ये परिस्थितियाँ भी प्रातिभासिकमात्र हैं, वास्तवमें उनकी सत्ता नहीं है।

जब संसारसे 'वैराग्य' उत्पन्न होने लगे, तब मनुष्यको अपनेपर विशेष भगवत्कृपा समझनी चाहिये। जब भगवान्‌में प्रेमकी वृद्धि और संसारसे आसक्तिका ह्रास होने लगे, तब अपनेपर भगवान्‌की अपार कृपा समझनी चाहिये। अपने भीतर दैवी-सम्पत्तिके गुणोंका आना भगवत्कृपा-वृष्टिका चिह्न है। संतोंका सङ्ग प्राप्त होना भगवत्कृपाका असाधारण फल है।

भगवत्कृपाकी अनुभूति

सर्वप्रथम यह दृढ़ निश्चय कर लें कि मङ्गलमय भगवान्‌के प्रत्येक विधानमें उनकी परम कल्याणकारिणी अहैतुकी कृपा रहती है, फिर चाहे जैसी भी स्थिति आये, यही मानते रहें कि अहो ! प्रभुकी हमपर अपार कृपा है। ऐसा माननेसे कुछ कालके अनन्तर ही भगवत्कृपाका प्रत्यक्ष अनुभव होने लगेगा।

वर्षाके समय यदि हम किसी पात्रको खुले स्थानमें सीधे रखें तो वह जलसे पूर्ण हो जायगा और यदि उसे उलटकर रख दें तो जल उसपर गिरते ही इधर-उधर बिखर जायगा। इसी प्रकार भगवत्कृपा-प्राप्तिकी अनुभूतिके लिये भगवान्‌की सम्मुखता अपेक्षित है।

जैसे सूर्यकी किरणें सबपर समभावसे पड़ती हैं, परंतु सूर्यकान्तमणिपर पड़नेसे उसमें विशेष शक्ति आ जाती है, इसी प्रकार यद्यपि भगवत्कृपा सभीपर समभावसे होती है, तथापि 'सुयोग्य पात्र'* के संसर्गसे वह विशेषरूपसे प्रकाशित अथवा फलवती होती है ।

भगवन्नाम-जपमें जिसकी लगन लग जाती है, उसे शीघ्र ही भगवत्कृपाका अनुभव होने लगता है ।

हमारी दृष्टि जगत्के मिथ्या आश्वासनोंकी ओरसे हटकर जब एकमात्र भगवत्कृपाकी ओर ही लग जाती है, तब हमें भगवत्कृपाकी अनुभूति होने लगती है ।

यहाँ यह भी समझ लेना चाहिये कि भगवत्कृपाकी पहचान भी भगवत्कृपासे ही होती है ।

भगवत्कृपा और अवतार

निखिलसौन्दर्यमाधुर्यरसामृतसारभूत करुणावरुणालय भगवान् जन्म-मरणसे सर्वथा अतीत होनेपर भी मनुष्योंपर करुणा करके उनका परम कल्याण करनेके लिये समय-समयपर अवतार-लीला किया करते हैं—

हितार्थं सुरमर्त्यानां लोकानां प्रभवाय च ।
बहुशः सर्वभूतात्मा प्रादुर्भवति कार्यतः ॥
(हरिवंश० हरिवंशपर्व ४१ । १४)

'सर्वभूतात्मा श्रीभगवान् देवता एवं मनुष्योंका कल्याण तथा लोकोंका अभ्युदय करनेके लिये कार्यवश बारंबार प्रादुर्भूत होते हैं ।'

अनुग्रहाय भूतानां मानुषं देहमास्थितः ।
भजते तादृशीः क्रीडा याः श्रुत्वा तत्परो भवेत् ॥
(श्रीमद्भा० १० । ३३ । ३७)

'भगवान् जीवोंपर कृपा करनेके लिये ही अपनेको मनुष्यरूपमें प्रकट करते हैं और ऐसी लीलाएँ करते हैं, जिन्हें सुनकर जीव भगवत्परायण हो जाय ।'

'कृपासिंधु जन हित तनु धरहीं ।'
(मानस १ । १२१ । १)

गो द्विज धेनु देव हितकारी । कृपासिंधु मानुष तनुधारी ॥
(मानस ५ । ३८ । २)

निराकार-निर्गुण भगवान् अवतीर्ण होकर साधु पुरुषोंका परित्राण (अर्थात् साधु पुरुषोंके भाव और सिद्धान्तकी रक्षा ही वास्तविक रक्षा है ।), पापियोंका विनाश (उद्धार) तथा धर्मकी संस्थापनाका कार्य करते हैं । इन तीनों ही कार्योंमें उनकी समान एवं हितभरी अहैतुकी कृपा निहित है ।

भगवत्कृपा और साधक

साधक तीन प्रकारके होते हैं । पहले प्रकारका साधक भगवत्कृपाकी चाह तो करता है, परंतु अपनी ओरसे कोई भी साधन नहीं करता । ऐसे साधकको अत्यल्प लाभ होता है ।

दूसरे प्रकारका साधक उत्साहपूर्वक साधन तो करता है, परंतु उसके करनेमें अपने बल (परिश्रम)को ही महत्त्व देता है, भगवत्कृपाको नहीं । ऐसे साधकको वास्तविक लाभकी प्राप्ति विलम्बसे होती है ।

तीसरे प्रकारका साधक उपर्युक्त दोनों प्रकारके साधकोंसे उत्तम माना गया है । वह दूसरे प्रकारके साधककी भाँति उत्साहपूर्वक अपने पूर्ण सामर्थ्यानुसार साधन तो करता है, पर उसमें अपना बल न मानकर केवल भगवत्कृपाका ही बल मानता है । वह मानता है कि मुझपर भगवान्की अपार अहैतुकी कृपा है, इसीलिये मुझे साधन करनेका बल प्राप्त हुआ और मुझसे साधन बन पड़ता है, यदि अपने बलसे ही भगवत्प्राप्ति शक्य होती तो बहुत पहले ही हो गयी होती, मुझे इतने जन्म न लेने पड़ते । इस प्रकारका साधक भगवान्को विशेष प्रिय है । अतः इसे पूर्ण लाभ प्राप्त होता है ।

साधकको यही मानना चाहिये कि मुझसे जो कुछ भी साधन हो रहा है, सब अदभ्रकरुणामय भगवान्की कृपाशक्तिसे ही हो रहा है । साधकको अपनी ओरसे पूर्ण उत्साहके साथ साधन तो करना चाहिये, परंतु भरोसा अपने बलपर न रखकर अहैतुकी भगवत्कृपापर ही रखना चाहिये । इस प्रकार भगवत्कृपाका आश्रय लेकर साधन करनेसे उसकी आश्चर्यजनक उन्नति होने लगती है । ऐसे साधकको भगवत्कृपासे वह तत्त्व मिलता है, जिससे बढ़कर कोई लाभ नहीं है—

यं लब्ध्वा चापरं लाभं मन्यते नाधिकं ततः ।
(गीता ६ । २२)

---

* जिसे भगवान्की मङ्गलमयी अहैतुकी कृपापर पूर्ण एवं दृढ़ विश्वास है तथा जिसने एकमात्र भगवच्चरणोंका ही आश्रय ले लिया है, वही प्रभु-कृपाका 'सुयोग्य पात्र' है ।

भगवत्कृपामें बाधा !

(लेखक—श्रीराधाकृष्णजी)

हे जगदाधार ! सर्वत्र और सदैव आपकी ही कृपा सूर्यकी किरणोंके समान चमक रही है। सूर्य और चन्द्रमा अपनी किरणें बरसा रहे हैं, नदियाँ न जाने कहाँ-कहाँसे जलको लिये चली आती हैं, सागर तरंगित हो रहा है, धरती शस्यश्यामला बनी हुई अन्न और जीवनका दान कर रही है। अन्न, जल, सूर्य, अग्नि—सब कुछ तो है, क्या नहीं है। भगवत्कृपासे ही प्राणिमात्र जीवन धारण करते हैं। जीवन एक घटना है। दुःख-कष्ट भी भगवान्‌की कृपासे ही प्राप्त होते हैं। सर्वत्र उनकी कृपा ही है, सर्वदा वे ही नाना रूपोंमें दर्शन देते हैं; किंतु आजका विज्ञान भगवान्‌के अस्तित्वको अस्वीकार कर रहा है।

याद आता है, जब सन् १९३१ ई०में गोलमेज-सम्मेलन-के प्रसङ्गमें महात्मा गांधी लंदन गये थे तो उनसे मिलनेके लिये विश्वके महान् वैज्ञानिक आइन्स्टीन भी जर्मनीसे आये हुए थे। दोनों महापुरुषोंमें जो बातचीत हुई थी, उसमें ईश्वरका प्रसङ्ग भी आया था। आइन्स्टीनने ग्रह, नक्षत्र, तारे, नीहारिका, उल्का आदिके नियम और नियन्त्रणको लक्ष्यमें रखते हुए कहा था—'इस विशाल सृष्टिके नियम और क्रममें कोई ऐसा व्यापक सूत्र है, जिसके कारण भगवान्‌के अस्तित्वको स्वीकार करना ही पड़ता है।'

महात्मा गांधीने कहा—'मैं तो यह भी माननेको तैयार हूँ कि आप और मैं नहीं हैं, किंतु भगवान्‌का अस्तित्व अवश्य है।'

आजका मनुष्य अहंकारसे भरा हुआ है। वह भगवान्‌के अस्तित्व और उनकी कृपाओंको अस्वीकार करता हुआ चल रहा है। इसी कारण वह आज इतना दुःखी और संतप्त है, जितना पहले कभी नहीं था। वह स्वयं अपनी पीड़ाके उपक्रमका साधन जुटाता है—परमाणु बम और हाइड्रोजन बम-जैसे घातक अस्त्र-शस्त्र तैयार करता है। क्या परमाणु बम मानव-जातिको सुखी बना सकेंगे ? अर्थशास्त्रके नियम और सिद्धान्त इतनी तेजीसे और ऐसे क्रान्तिकारी ढंगसे परिवर्तित होते हैं कि उन परिवर्तनोंके द्वारा मानव-मनपर परमाणु बमसे भी अधिक घातक प्रभाव पड़ता है। प्रबुद्ध वर्गने स्वयं अपनेको नियन्ता समझ लिया है। इस अभिमानने उसकी प्रगतिके उन्न मार्ग अवरुद्ध कर डाले। जिस भौतिक प्रगतिको वह विकासका नाम दे रहा है, वह विनाशकी एक पूर्वभूमिका मात्र ही कही जा सकती है। आजका मानव जो उत्पन्न कर रहा है, वह भी प्रभुकी कृपाके समक्ष स्वीकृ हो रहा है। हे प्रभो ! आपके सिवा इतनी बड़ी कृपा कौन कर सकता है ? सर्वत्र आपकी कृपा-ही-कृपा है।

× × ×

पर्वतपर शिवाजीका विशाल दुर्ग बन रहा था, दृढ़ और शक्तिशाली दुर्ग। मजदूर, कारीगर, बढ़ई, लुहार, थवई आदि लगे हुए थे। काम तीव्रगतिसे चल रहा था। शिवाजी अपने उस निर्माण-कार्यको देखकर मन-ही-मन प्रसन्न हो रहे थे। उनके अन्तःकरणमें एक प्रच्छन्न अहंकार भी बढ़ रहा था कि मेरेद्वारा एक विशाल निर्माणका कार्य सम्पन्न हो रहा है। मेरेद्वारा न जाने कितने विशेषज्ञ, कारीगर, मजदूर, थवई आदिका पालन-पोषण हो रहा है। इतने-इतने मनुष्योंको रोजी-रोटी देना अपने-आपमें एक बहुत बड़ी बात है। शिवाजीके इस अहंकारको या तो उनका अन्तर जान रहा था या अन्तर्यामी ही। इसी समय वहाँ समर्थ स्वामी रामदास आते हुए दिखलायी दिये। शिवाजीको उनके दर्शनसे बड़ी प्रसन्नता हुई। स्वयं गुरुदेव मेरे समीप पधारे हैं ! शिवाजी कृतार्थ थे।

'शिवबा !'

शिवाजीका मस्तक झुका हुआ था—'आज्ञा हो, भगवन् !'

समर्थ स्वामीने एक चट्टानकी ओर संकेत किया विशाल चट्टान थी वह। समर्थ स्वामीने कहा—'देख, व शिला है न ? उसके दो खण्ड करा दे।'

'जैसी आज्ञा, गुरुदेव !'

मजदूर जुट गये। घनकी चोटें पड़ने लगीं शिलाखण्ड टूटने लगा। टूटकर वह दो भागोंमें विभ हो गया। परम आश्चर्यकी बात ! शिलाखण्डके बीचों

एक खाली जगह थी, जिसमें पानी भरा हुआ था। उस पानीमेंसे एक मेढ़क उछल आया। वह धरतीपर उछलता चला जा रहा था। समर्थ स्वामी रामदासने पूछा—'देखता है शिवबा! इस चट्टानके भीतर इस मेढकके लिये किसने पानी भरा? पत्थरसे आवृत इस चट्टानमें कौन भोजन दिया करता है? किसने अबतक इसका पालन किया है?'

शिवाजीका अहंकार चूर-चूर हो गया। उन्होंने समर्थ स्वामीके चरणोंमें अपना माथा रख दिया।

अहंकारका पल्ला छोड़ दीजिये, तभी आप उस प्रभुकी अनन्त कृपाओंको देख सकेंगे। यह कार्य इसने किया है, उसने किया है—ऐसा समझना सरासर भूल है; करता वही है, जिसे प्रभु प्रेरणा देते हैं। किसी भी माध्यमसे उसीकी इच्छा पूरी होती है।

लोग धन-सम्पत्तिकी प्राप्तिमें भी भगवान्‌का नाम जोड़ने लगे हैं और कहते हैं कि भगवान्‌की कृपासे ही मुझे सम्पत्ति मिली है, भगवान्‌की कृपासे ही मैं मुकदमा जीत गया। आप भगवान्‌के प्यारे थे तो क्या वह मुकदमा हारनेवाला व्यक्ति भगवान्‌को अप्रिय था! मानव-निर्मित बातोंमें भगवान्‌की कृपाकी जाँच मत कीजिये। वह उससे कहीं ऊँची वस्तु है।

सारी धरती भगवान्‌ने बनायी है। कुछ लोग ऐसे हैं, जो इस धरतीको बेचते हैं और कहते हैं कि यह धरती हमारी है। इस जमीनपर मैं ही खेती कर सकता हूँ। कोई कहता है कि यह मेरा घर है। इसे मैंने बनवाया है; किंतु उस घरमें बिल बनाकर जो चींटियाँ रहती हैं, उनसे पूछिये कि वह किसका घर है? उसकी दीवालपर जो छिपकली दिखलायी दे रही है, उससे पूछिये कि यह स्थान किसका है तो क्या वह आपका नाम बतलायेगी? ईश्वर और उनकी कृपाको समझनेमें भूल मत करो। उसे ठीक-ठीक समझनेकी चेष्टा कीजिये। रामकृष्ण परमहंस कहा करते थे कि 'हे ईश्वर! आप हैं कैसे, यह मैं नहीं जानता। इसलिये यह मुझे आप ही समझा दें कि आप कैसे हैं।'

रोगमें, दुःखमें, भावमें, अभावमें, हर समय, हर जगह प्रभुकी कृपा बरस रही है। मानव-निर्मित मापदण्डसे उसे नापने बैठेंगे तो ठीक-ठीक नाप नहीं सकेंगे।

भगवान्‌की कृपा सब जगह है, किंतु सबसे बड़ी कृपा उसपर है, जिसका मस्तक स्वयं भगवान् ही अपने चरणोंकी ओर झुका देते हैं।

विश्वकवि श्रीरवीन्द्रनाथकी 'गीताञ्जलि'में सबसे पहली कविता है—

'आमार माथा नत करे दाओ'
'मेरे मस्तकको नीचे झुका दो।'

छोटा-सा मनुष्य, किंतु उसका अहंकार कितना बड़ा है! वह स्वयं अपना मस्तक उनके चरणोंपर नहीं झुकाता, इसके लिये भी वह भगवान्‌को पुकारता है। वह इतना लघु है कि उसका मस्तक भगवान्‌की चरण-धूलिसे भी अति तुच्छ है, किंतु वह विराट् अहंकार लिये बैठा है और कहता है कि मेरे मस्तकको आप ही अपने चरणोंकी धूलिके नीचे झुका दें।

सांसारिक पद-मर्यादाओंके द्वारा मनुष्य अपनेको गौरव-मण्डित समझता है। वह कहता है कि मैं बहुत बड़ा अधिकारी हूँ, मैं उद्भट विद्वान् हूँ, उद्योगपति—पूँजीपति हूँ; किंतु यह उपलब्धि नहीं। छोटी-छोटी उपलब्धियोंद्वारा अपने-आपको महान् गौरवशाली समझना केवल अपनी परिक्रमा है, अहंकारका खेल है। इसी अहंकारकी गठरीको सिरपर लिये हुए मनुष्य प्रतिपल मरणकी ओर अग्रसर हो रहा है। अहंकारके इस खेलमें हम अपने-आपको ही छलते रहेंगे। इसीलिये कवीन्द्र श्रीरवीन्द्रने अन्तमें कहा है—

'सकल अहंकार हे आमार
डुबाव चोखेर जले!'

'हे प्रभो! मेरे समस्त अहंकारको नेत्रोंके अश्रु-जलमें डुबा दो।'

जबतक मनमें अहंकार है, तबतक हमें सच्ची भगवत्कृपाकी अनुभूति नहीं हो सकती। वे कृपालु प्रभु हमारे अहंकार और स्वार्थपरताको देख-देखकर मुस्कुराते रहते हैं।

अतः भगवत्कृपाकी प्राप्तिके लिये अहंकारका परित्याग कर भगवद्भक्तिमें लग जाना चाहिये।

भगवत्कृपाकी महिमा

(लेखक—डॉ० श्रीसनत्कुमारजी आचार्य, एम्० ए०, एम्० एड्०, डी० फिल्०, साहित्य-वेदान्ताचार्य, साहित्यरत्न)

भारतीय वाङ्मयके अनुशीलन और गहन चिन्तनके अनन्तर विचारक इस निष्कर्षपर पहुँचता है कि सृष्टिसे लेकर संहार-पर्यन्त समस्त क्रियाकलाप भगवत्कृपा-प्रसूत है। समस्त कल्याण-गुणोंकी आश्रयभूता एवं हेय-गुणोंसे सर्वथा रहित भगवान्‌की कृपा समस्त प्राणियोंपर सदैव बरसती रहती है। 'लोकवत्तु लीलाकैवल्यम्' (ब्रह्मसूत्र २ । १ । ३३) आदि वचनोंद्वारा मनीषियोंने सृष्टिके प्रयोजनके रूपमें भगवान्‌की लीलाका प्रतिपादन अवश्य किया है, किंतु गम्भीरतासे विचार करनेपर हम इस निष्कर्षपर पहुँचते हैं कि लीलासे कहीं अधिक उनकी कृपा ही सृष्टिका कारण है—

अचिदविशिष्टान् प्रलये जन्तूनवलोक्य जातनिर्वेदा।
करणकलेवरयोगं वितरसि वृषशैलनाथकरुणे त्वम्॥

(दयाशतकम् १७)

उपर्युक्त श्लोकके माध्यमसे आचार्य वेदान्त-देशिकका तात्पर्य है कि सृष्टिमें भगवान्‌की कृपा ही हेतु है। प्रलयकालमें जडवत् पड़े हुए प्राणियोंको देखकर भगवत्कृपा उद्भूत होती है, तब भगवान् सृष्टिके लिये प्रवृत्त होते हैं तथा प्राणियोंको पूर्व-कर्मानुसार शरीर, इन्द्रिय आदि प्रदान करते हैं कि ये जीव पुनः संसारमें जायँ और सत्कर्मानुष्ठानद्वारा भव-बन्धनसे मुक्त होकर अपने अगाध आनन्दस्वरूपका अनुभव करें।

यद्यपि समग्र शास्त्र कर्मफलकी प्रधानताका उद्घोष करते हैं और प्रपञ्चकी बहुरूपताका कारण भी पूर्वकर्म ही सिद्ध होता है, किंतु इतना सब होनेके उपरान्त भी भगवत्कृपाकी स्वतन्त्रता अक्षुण्ण ही बनी रहती है। उनपर वैषम्य और नैर्घृण्य दोषका आरोपण न हो सके, केवल इसीलिये वे (परमात्मा) सृष्टिके आदिमें जीवोंके कर्मफलका आश्रय लेते हैं। सुकृत और दुष्कृतका अनुष्ठान प्राणियोंद्वारा निरन्तर होता रहता है, किंतु किन कर्मोंका फल अभी भोगना है, किनका बादमें, इसकी व्यवस्था पूर्णतया भगवदधीन ही है। उदाहरणार्थ—किसी प्राणीद्वारा अनेकों सत्कर्म हुए हैं, साथ ही कुछ दुष्कर्म भी। जन्म ग्रहण करनेके अवसरपर भगवान् चाहें तो पाप-कर्मानुसार उसे कूकर, सूकर आदि योनियोंमें डालकर पवित्र बना दें; (क्योंकि इन नीच योनियोंमें नये पाप तो बनते नहीं और पुराने पाप नष्ट हो जाते हैं। तदनन्तर भगवत्कृपासे पुनः मनुष्य-शरीर प्राप्त होनेपर ऐसी योग्यता प्राप्त हो जाती है, जिससे वह अपना कल्याण कर सकता है) या पुण्य-कर्मानुसार उसे किन्हीं योगियोंके कुलमें जन्म दे दें, जिससे तप-अनुष्ठान आदिद्वारा उसके पूर्वकृत पापादि कर्मोंका फल भस्मसात् हो जाय और वह आत्मबोध प्राप्त करके मुक्त हो जाय। कहनेका तात्पर्य यह कि कर्मफल-भोगके अवसरपर भी भगवत्कृपाकी स्वतन्त्रता बनी ही रहती है। अजामिल, पिंगला आदिके दृष्टान्त इतिहासमें विद्यमान हैं, जिनसे ज्ञात होता है कि भगवत्कृपा संचित और क्रियमाण कर्मोंको तो समाप्त कर ही देती है, प्रारब्ध कर्ममें भी संशोधन करती है।

शास्त्रोंमें अपवर्ग प्राप्त करनेके लिये कर्म, ज्ञान, भक्ति आदि जितने भी साधन बताये गये हैं, वे साध्यको प्राप्त करनेके स्वतन्त्र उपाय नहीं हैं। उनके अनुष्ठानसे प्रथमतः भगवान्‌का मुखोल्लास (आराधन) किया जाता है, जिससे भगवान्‌में कृपाका स्फुरण होता है, उसके प्रभावसे वे साधकको अपना लेते हैं। भगवत्सम्बन्ध हो जानेसे वह सरलतासे भगवत्स्वरूपका अनुभव करने लगता है।

'यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूँ स्वाम्।' (कठ० १ । २ । २३) श्रुतिका तात्पर्य यह कि जबतक जीव भगवान्‌के सम्मुख होकर भगवत्कृपाका अनुभव नहीं करेगा, तबतक उसका उद्धार नहीं हो सकता। भगवत्-स्वरूपाधिकृत प्राणीद्वारा शेष जीवनमें केवल सुकृतोंका अनुष्ठान होता है, दुष्कृतकी ओर तो उसकी प्रवृत्ति हो ही नहीं सकती। साथ ही किये जा रहे कर्मोंके प्रति कोई राग न होनेसे वह उनके फलका भागी भी नहीं होता। 'तदधिगम उत्तरपूर्वाघयोरश्लेषविनाशौ, तद्व्यपदेशात्' (ब्रह्मसूत्र ४ । १ । १३) आदिसे ब्रह्मसूत्रकारने इसी तथ्यका प्रतिपादन किया है।

भगवत्कृपा-प्राप्तिकी आवश्यकता न मानते हुए दूसरे साधनोंको स्वतन्त्र उपाय मानकर अपवर्गके लिये जो प्रयत्नशील होते हैं, उन्हें यही कहा जा सकता है कि संनिकटमें बह रही भगवती भागीरथीका परित्याग करके वे मृगमरीचिकासे अपनी पिपासा शान्त करना चाहते हैं। जिस प्रकार मृगमरीचिकासे प्यास नहीं बुझती, उसके लिये जलकी अपेक्षा होती है, भले ही वह कूप, तड़ाग, नदी आदि किसीके आश्रयसे घड़ा, लोटा, चुल्लू आदि किसी साधनद्वारा प्राप्त किया जाय, उसी प्रकार अपवर्ग-प्राप्तिके लिये एकमात्र

भगवत्कृपा ही उपाय है, भले ही वह भगवान् विष्णु, राम, कृष्ण, शिव, सूर्य, गणेश एवं भगवती दुर्गा आदि किसी की आराधना अथवा कर्म, ज्ञान, भक्ति, प्रपत्ति आदि किसी भी साधनसे प्राप्त की जाय। 'कर्मादि पृथक्-पृथक् साधन हैं या अङ्गाङ्गिभावसहित हैं' आदि विवादोंका प्रशमन भी उसी समय हो जाता है, जब हम यह समझ लेते हैं कि अपवर्ग-प्राप्तिके लिये एकमात्र साधन भगवत्कृपा या भगवत्परितोष है। भगवत्परितोषके लिये कर्मादि पृथक्-पृथक् तथा मिलकर भी साधन हो सकते हैं।

इसी प्रसङ्गमें यह भी विचारणीय है कि कर्मादि किस प्रकार भगवत्कृपा-प्राप्तिमें सहायक होते हैं। विद्वानोंने भगवत्कृपा या मोक्ष प्राप्त करनेके लिये प्रमुख रूपसे कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोगका प्रतिपादन किया है। भक्तिका ही एक भेद प्रपत्ति या शरणागति है, जिसमें साधक सर्वतोभावसे भगवच्चरणोंमें समर्पित हो जाता है और सम्पूर्ण भार उन्हींपर छोड़ देता है। इस प्रकार प्रपत्तिको चतुर्थ साधनके रूपमें भी स्वीकार किया गया है। इन चारों साधनोंका सम्यक् रूपसे अनुष्ठान करनेके लिये अनुभवी आचार्य (संत महापुरुषों) का मार्गदर्शन नितान्त आवश्यक है। उनके बिना उचित रीतिसे इनका आचरण सम्भव न होनेके कारण आचार्य (संत महापुरुषों) की महिमा बढ़ती गयी और उन्हें भी भगवत्तुल्य ही समझा जाने लगा। जिसके फलस्वरूप आचार्याभियान नामक स्वतन्त्र साधनका प्रतिपादन भी विद्वानोंने किया। इस प्रकार कर्म, ज्ञान, भक्ति, प्रपत्ति और आचार्याभियान—ये पाँच साधन माने जाने लगे। इनमें भी सम्प्रदायनिष्ठ जन अपनी परम्पराके अनुसार न्यूनातिरेक करते देखे जाते हैं। कुछ लोग कर्मज्ञानोपकृत भक्ति, कुछ लोग कर्मभक्तिसहकृत ज्ञान और कुछ लोग ज्ञान-भक्तियुक्त निष्काम कर्मको भगवत्प्रीणनका साधन बतलाते हैं। कर्मके भी दो भेद माने गये हैं—सकाम कर्म और निष्काम कर्म। प्रथमतः कर्मका तात्पर्य शास्त्रप्रतिपादित यज्ञादिके अनुष्ठानरूप सकाम कर्मसे ही है, जो प्रायः त्रिवर्ग-प्राप्ति या स्वर्ग-प्राप्तिका साधन है। किंतु अपवर्ग-प्राप्तिके लिये समस्त शुभाशुभ कर्मों और उनके फलोंमें आसक्तिका पूर्णतया त्याग अपेक्षित होनेके कारण कर्मका तात्पर्य निष्काम कर्मयोगमें होना चाहिये। फलाभिसंधिरहित निष्कामकर्मद्वारा भगवत्कृपा और अपवर्गकी प्राप्ति होती है।

ये साधन जीवको भगवत्कृपाके सम्मुख करनेमें सर्वथा समर्थ हैं। जितने साधन प्राप्त हैं, उनकी रक्षा और जो अप्राप्त हैं, उनकी प्राप्ति करा देना भगवत्कृपाका कार्य है। तभी तो भगवान्की **'योगक्षेमं वहाम्यहम्'** प्रतिज्ञा चरितार्थ होती है।

'अनुचर भयौ रहौं'

जैसैं राखहु तैसैं रहौं।
जानत हौ दुख-सुख सब जन के, मुख करि कहा कहौं॥
कबहुँक भोजन लहौं कृपानिधि, कबहुँक भूख सहौं।
कबहुँक चढ़ौं तुरंग, महा गज, कबहुँक भार बहौं॥
कमल-नयन, घन-स्याम-मनोहर, अनुचर भयौ रहौं।
सूरदास-प्रभु भक्त-कृपानिधि, तुमरे चरन गहौं॥

(सूरसागर १६१)

भगवत्कृपाका स्वरूप

(लेखक—श्रीलालारामजी शुक्ल)

कतिपय सज्जनोंसे समागम, सम्भाषण एवं परस्पर परामर्शका अवसर प्राप्त होनेसे कुछ निष्कर्ष निकला। तदनुसार अधिकांश लोग संत-महात्माओं तथा प्रभु-परायण महापुरुषोंको शान्त, निरीह तथा परमानन्द-मग्न देख और सुनकर ऐसा निश्चय करते हैं कि इन भाग्यशाली महापुरुषोंको विना इन्द्रियसंयम किये, शरीरको बिना कठिनाइयोंमें डाले तथा बिना साधन और पुरुषार्थके केवल भगवत्कृपाके ही कारण यह शान्ति, संतोष और अखण्डानन्द प्राप्त हुआ है। साथ ही वे लोग अपने आपको भगवत्कृपासे वञ्चित तथा अयोग्य समझकर दुःखी होते हैं तथा उदासीन-से हो प्रमादका आश्रय लेते हैं। ऐसे भोले-भाले सज्जनोंको भगवत्कृपाके स्वरूपका ठीक-ठीक ज्ञान हो जाना नितान्त आवश्यक और अनिवार्य है। अस्तु,

भगवत्कृपापर ध्यान जाते ही स्वभावतः प्रश्न उठता है कि भगवान्‌की कृपा विश्वव्यापिनी है या एकदेशीया ? अर्थात् प्राणिमात्र भगवत्कृपाका पात्र है या केवल भगवान्‌के प्रिय भक्त ही ? प्रश्नके अनुसार स्वाभाविक उत्तर भी अविरोध भावसे सम्मुख आ खड़ा होता है कि जब भगवान् विश्वव्यापी और समदर्शी हैं तो उनकी कृपा एकदेशीया या व्यक्तिगत कैसे हो सकती है ! स्वयं भगवान्‌की ही परम आह्लादिनी सुधामयी वाणी है—

समोऽहं सर्वभूतेषु न मे द्वेष्योऽस्ति न प्रियः ।

(गीता ९ । २९)

अखिल बिस्व यह मोर उपाया। सब पर मोहि बराबरि दाया॥

(मानस ७ । ८६ । ४)

अर्थात् न तो कोई मेरा प्यारा है और न किसीसे मुझे द्वेष है। यह समस्त विशाल विश्व मेरा ही उत्पन्न किया हुआ है और प्राणिमात्रपर मेरी दया भी समान ही है।

वास्तवमें अहैतुकी दयाका नाम ही 'कृपा' है। भगवान् प्राणिमात्रके लिये परम मङ्गलमय और परम हितैषी हैं। इतना अवश्य है कि प्रभु अपने सेवककी रुचि रखते हैं और उसके योग-क्षेमका भार अपने ऊपर उठा लेते हैं। यहाँतक कि कभी-कभी तो अपने भक्तोंको प्रियतम समझते हुए वे कह देते हैं—'हम भगतनके भगत हमारे'। परंतु योग-क्षेमका भार उठा लेना तथा भक्तको प्रियतम समझना केवल भगवान्‌की अपनी कृपा ही है या इसमें और कुछ भी सम्मिलित है ? इसपर कुछ विचार करना है।

यह सम्पूर्ण भार तो भगवान् 'भक्त' बननेके पश्चात् ही अपने कंधोंपर उठाते हैं। यदि इसको ही भगवत्कृपा कह दें तो इसमें 'भक्त' बनना या सम्पूर्ण रूपसे प्रभुकी शरण प्राप्त कर लेना ही प्रभु-कृपा-प्राप्तिका कारण हुआ; अतः इस प्रकार तो प्रभु-कृपा केवल भक्तोंके लिये ही सुरक्षित हुई, अन्य जीव इससे वञ्चित रहे; परंतु ऐसा मान लेनेसे भगवान्‌के उपर्युक्त वाक्य—'सब पर मोहि बराबरि दाया'का खण्डन हो जाता है। अतएव कृपाको तो भगवान्‌का सहज स्वभाव या उनका पवित्र नियम ही कह सकते हैं; क्योंकि भगवान् तो कल्पवृक्षके समान हैं। जो उनकी छायामें जायगा, उसके पाप-ताप शान्त हो जायँगे अर्थात् जो अपनेको प्रभु-शरणमें डाल देता है, उसके त्रिविध तापोंका शमन हो जाता है। जबतक कोई अनन्यभावसे भगवान्‌का नहीं बन जाता, अनन्य धारणासे प्रभु-उपासनामें संलग्न नहीं होता और सब आश्रयोंको छोड़कर सर्वाश्रयदाता केवल भगवान्‌का ही आश्रय नहीं लेता, तबतक उसके लिये प्रभुका यह अटल विधान भी लागू नहीं होता। भगवान् तो कहते हैं—

अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्॥

(गीता ९ । २२)

'जो अनन्यभावसे मेरेमें स्थित हुए भक्तजन मुझ परमेश्वरको निरन्तर चिन्तन करते हुए, निष्काम भावसे भजते हैं, उन नित्य एकीभावसे मेरेमें स्थितिवाले पुरुषोंका योग-क्षेम मैं स्वयं प्राप्त कर देता हूँ।'

भाव यह निकला कि यह सब फल भगवत्-परायण हो जानेपर ही प्राप्त होता है। प्रथम हमको प्रभुका बन जाना आवश्यक है, फिर तो हमारा सम्पूर्ण भार उठा लेनेको भगवान्‌की अटल प्रतिज्ञा है ही। अब रहा यह प्रश्न कि प्रभु-परायण कैसे हुआ जाय ?

वेद, शास्त्र और संत-मतसे यह तो निर्विवाद सिद्ध है कि मनुष्य कर्म करनेमें स्वतन्त्र और फल भोगनेमें परतन्त्र है। भगवत्प्राप्त्यर्थ साधन करना, जन्म-मरणसे मुक्त होनेके प्रयत्नमें लगाना और सुखस्वरूप परमात्मदेवका

वह परम धाम, जहाँ जानेपर लौटकर नहीं आना होता, प्राप्त कर लेना ही मनुष्यके कर्म और पुरुषार्थकी इति है। इसी कार्यके लिये यह मनुष्य-जन्म मिला है और इस ध्येयतक पहुँचनेके लिये प्रभुदत्त शक्ति और स्वतन्त्रता भी प्राप्त है। फिर भी यदि अपनी शक्तिको भूलकर तथा प्रमाद, आलस्य और विलासितामें पड़कर मनुष्य अपनेको सदुद्देश्य-प्राप्तिसे विरत रखता है तो यह उसीका अपना दोष है। श्रीगोस्वामीजी कहते हैं—

बड़ें भाग मानुष तनु पावा। सुर दुर्लभ सब ग्रंथन्हि गावा॥
साधन धाम मोच्छ कर द्वारा। पाइ न जेहिं परलोक सँवारा॥

सो परत्र दुख पावइ सिर धुनि धुनि पछिताइ।
कालहि कर्महि ईस्वरहि मिथ्या दोष लगाइ॥

(मानस ७। ४२। ४;४३)

इस प्रकार यह सिद्ध होता है कि प्रायः लोग मूर्खतावश अपने कर्तव्य-कर्मोंको भगवत्कृपाके तथाकथित आश्रयपर छोड़कर आलसी बन बैठते हैं और इस पारसमणिरूप मानव-जीवनको नष्ट कर देते हैं। फिर वे समय, भाग्य और ईश्वरको अपनी दुर्गतिका कारण कहते हुए पश्चात्तापकी अग्निमें जलते रहते हैं।

अब हमें भगवत्कृपाके सत्-स्वरूपकी ओर भी दृष्टि डालना है, जो देश, काल और वस्तुके परिच्छेदसे रहित तथा विश्वव्यापी है और प्राणिमात्र समान रूपसे उसका पात्र है।

कल्पना करें एक ऐसे पथभ्रष्ट पथिककी, जो स्वनिकेतका मार्ग छोड़कर कण्टकाकीर्ण पथमें पड़ गया हो, जहाँ उसे चारों ओर भीषण अन्धकार ही दृष्टिगोचर होता हो, भयंकर जीव-जन्तुओंके गर्जन-शब्द उसको भयभीत और व्याकुल बना रहे हों, ऐसी दशामें वह विलाप-कलाप करता हुआ भटकता-फिरता हो और उसे किसी प्रकार भी निर्दिष्ट मार्ग न सूझता हो—ऐसी दयनीय दशाको प्राप्त उस बटोहीको यदि कोई सहृदय महापुरुष कृपा कर सुझाव दे दें—'ऐ भोले बटोही! तू कहाँ मारा-मारा फिरता है। तेरा मार्ग तो इधर है, आ जा मेरे पास, मैं तुझे तेरे मनोनीत स्थानपर पहुँचा दूँगा।' तो इस प्रकार अकारण ही ठीक-ठीक निर्दिष्ट मार्ग बता देना कृपाका स्वरूप हुआ। ठीक इसी प्रकार इस भवसागरके पाप-ताप-पीड़ित तथा मोह-शोकादिके थपेड़ोंसे संतप्त प्राणीके लिये भगवान् अपना पावन आदेश देकर इस दुःखद जंजालसे मुक्त होनेकी युक्ति तथा सुखस्वरूप स्वधाम पहुँचनेका मार्ग बतलाते हैं। उनकी घोषणा है—

सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥

(गीता १८। ६६)

अहा! प्रभुकी यह कैसी अकारण करुणा है, कैसे दयापूर्ण शब्द हैं—'ऐ भोले-भाले भूले बटोही! तू क्यों तापसे संतप्त होकर क्लेश उठा रहा है, आ जा मेरी शीतल छायामें, छोड़ दे इस नादानीको, मत घबरा अपने किये पापोंसे, क्या तू मेरी अटल प्रतिज्ञाको भूल गया—
'सनमुख होइ जीव मोहि जबहीं। जन्म कोटि अघ नासहिं तबहीं॥'

(मानस ५। ४३। १)

आ जा, देर मत कर। बिना यहाँ आये तेरा क्लेशोंसे मुक्त हो पाना नितान्त असम्भव है। बस, जीवको इस प्रकार सचेत करना ही प्रभु-कृपा है, जिससे न कोई जीव वञ्चित है और न कोई स्थान खाली है। भगवान् तो कल्पतरु-सदृश हैं। यदि मानव उनके कृपारूप आदेशपर पूर्ण विश्वास करके उनकी शरणमें पड़ जाय तो उद्धार होना निश्चित ही है। अन्यथा वह शूकर-कूकर नीचाति नीच योनियोंमें कर्मफल भोगता हुआ भटकता ही रहेगा।

हमें सर्वकाल और सर्वस्थानोंमें अपने ऊपर भगवत्-कृपाका पूर्ण अनुभव करते हुए प्रमाद-आलस्यको छोड़, विषयोंसे चित्तको मोड़कर शीघ्र ही अपने मनकी डोरको भगवत्पदारविन्दमें जोड़ देना चाहिये।

सुगम साधन

भगवान् दयालु हैं, प्रेमी हैं। उनकी दया और प्रेम सब जगह परिपूर्ण हो रहे हैं। अणु-अणुमें उनकी दया और प्रेमको देखकर हमें मुग्ध होना चाहिये। हर समय प्रसन्न रहना चाहिये। इसको साधन बना लेना चाहिये। इसमें न कुछ परिश्रम है और न किसी अन्य वस्तुकी आवश्यकता ही है।

—श्रीजयदयालजी गोयन्दका

भगवत्कृपाका स्वरूप और कार्य

(लेखक—श्रीसोमचैतन्यजी श्रीवास्तव, शास्त्री, एम्० ए०, एम्० ओ० एल्०)

भगवान् परात्पर ब्रह्म होते हुए भी सर्वथा निर्वैयक्तिक, लोकातीत, निरासक्त तथा जीवोंके परम सुहृद् हैं। वे इस सृष्टिरूप पुरीको रचकर इसमें अनुप्रविष्ट हुए हैं तथा इसीमें ओत-प्रोत होकर विश्वात्मा एवं अन्तर्यामीरूपसे चराचर जगत्का धारण, पोषण एवं नियन्त्रण कर रहे हैं। उन्हींकी अध्यक्षतामें यह सम्पूर्ण प्रकृति सतत गतिशील है। वेदान्तके शब्दोंमें सम्पूर्ण सृष्टि ईश्वरकी लीला है तो वेदके शब्दोंमें अखिल ब्रह्माण्ड उस परमात्माकी महिमा है—'**एतावानस्य महिमा**' (ऋ० १० । ९० । ३)।

ईश्वरके मुख्यतः पाँच कृत्य हैं—सर्जन, गोपन, संहार, निग्रह एवं अनुग्रह। वस्तुतः ये सभी कृत्य अनुग्रहके ही रूप हैं। भगवान् जीवोंके पूर्वजन्मार्जित कर्मफलको सुख-दुःखके भोगद्वारा क्षीण करने एवं नानाविध अनुभवोंका संचय कर उन्हें अध्यात्म-मार्गपर आरूढ करनेके लिये सृष्टिकी रचना करते हैं। भगवन्महिमाकी अभिव्यक्ति, प्राणियोंके क्रमिक विकास, बहुविध ज्ञान-विज्ञानकी अवतारणा एवं ईश्वरीय प्रयोजनकी पूर्तिके लिये वे परम पिता एक नियत कालतक सृष्टिका रक्षण एवं पालन करते हैं। वे प्रकृति तथा जीवोंको विश्राम देनेके लिये संहारद्वारा प्रलयकालकी नियत अवधिको प्रस्तुत करते हैं। वे ही मुक्तिके योग्य पात्र होनेपर जीवात्माको पाशमुक्त कर मोक्ष प्रदान करते हैं—

ईश्वरः सर्वभूतानामात्ममुक्तिप्रदायकः ॥

(शिवसंहिता १ । २)

ईश्वर करुणा-रसके सागर हैं एवं उनका अनुग्रह अहैतुक होता है। इस अनुग्रहका मूल ईश्वर एवं जीवके नित्य सम्बन्धमें है। जीव ईश्वरका नित्य सनातन अंश है। वह सृष्टिमें ईश्वर-लीलाका अङ्ग बनने तथा ईश्वरकी महिमाको अभिव्यक्त करनेके लिये आता है। यद्यपि वह सृष्टिमें आकर जगत्के प्रपञ्च एवं अविद्यामें फँसकर अपने स्वरूपको तथा अंशी ईश्वरके साथ अपने नित्य सम्बन्धको भूल जाता है; पर भगवान् उसे कभी नहीं भूलते। जीवकी अज्ञान-दशामें भी वे परोक्षरूपसे उसका धारण, नियन्त्रण एवं मार्गदर्शन करते रहते हैं तथा नानाविध मार्गोंसे प्रेरितकर उसे पुनः आत्मा एवं परमात्माके मिलन-मार्गपर, अर्थात् मोक्षके मार्गपर ले आते हैं। इसीलिये श्रीमद्भगवद्गीता (९ । १८) में भगवान्को जीवमात्रका 'गति, भर्ता, प्रभु, साक्षी, निवास, शरण एवं सुहृद्' बताया गया है। भगवदनुग्रह होनेपर ही सत्कर्ममें रुचि, हृदयमें भक्तिका उदय, विषयोंसे वैराग्य, महापुरुषोंका सङ्ग और मोक्षकी कामना उत्पन्न होती है तथा जीवको परमपदकी प्राप्ति होती है।

दुर्लभं त्रयमेवैतद्देवानुग्रहहेतुकम्।
मनुष्यत्वं मुमुक्षुत्वं महापुरुषसंश्रयः ॥

(विवेकचूडामणि ३)

'मनुष्य-जन्म, मोक्षकी कामना एवं भगवद्रूप महात्माओंका सत्सङ्ग—ये तीनों वस्तुएँ दुर्लभ हैं, केवल करुणामय भगवान्की कृपासे ही प्राप्त होती हैं।'

ईश्वरानुग्रहादेव पुंसामद्वैतवासना।
महाभयपरित्राणा विप्राणामुपजायते ॥

(अवधूतगीता १ । १)

'ईश्वरके अनुग्रहसे ही विवेक-वैराग्यादि साधन-सम्पत्तिसे युक्त मुमुक्षु पुरुषोंमें अद्वैतज्ञानकी वासना उत्पन्न होती है, जो संसाररूप महान् भयसे मुक्त कर देती है।'

सर्वकर्माण्यपि सदा कुर्वाणो मद्व्यपाश्रयः।
मत्प्रसादादवाप्नोति शाश्वतं पदमव्ययम् ॥
मच्चित्तः सर्वदुर्गाणि मत्प्रसादात् तरिष्यसि ॥
तमेव शरणं गच्छ सर्वभावेन भारत।
तत्प्रसादात्परां शान्तिं स्थानं प्राप्स्यसि शाश्वतम् ॥

(गीता १८ । ५६, ५८, ६२)

'मेरे परायण हुआ कर्मयोगी तो सम्पूर्ण कर्मोंको सदा करता हुआ भी मेरी कृपासे सनातन अविनाशी परमपदको प्राप्त हो जाता है। मुझमें चित्तवाला होकर तुम मेरी कृपासे समस्त संकटोंको अनायास ही पार कर जाओगे। हे भारत! तुम सब प्रकारसे उस परमेश्वरकी ही शरणमें जाओ। उस परमात्माकी कृपासे ही तुम परम शान्ति तथा सनातन परमधामको प्राप्त होओगे।'

ईश्वरीय अनुग्रह ही ईश्वरके दर्शन एवं आत्मसाक्षात्कारका एकमात्र साधन है।

यमेवैष वृणुते तेन लभ्यः ॥ (कठोपनिषद् १।२।२३)

'भगवान् जिसे वरण कर लेते हैं, केवल उसीको वे प्राप्त होते हैं।' मनुष्य धर्म, सुकर्म, तप, ज्ञानार्जन, आत्म-साक्षात्कार आदिके लिये कितना भी पुरुषार्थ क्यों न करे, फिर भी ये सब प्रयत्न भगवद्दर्शन, आत्मसाक्षात्कार अथवा ब्रह्मानन्दकी तुलनामें तो अत्यन्त सीमित और क्षुद्र ही सिद्ध होंगे अर्थात् भगवत्प्राप्ति अथवा तत्त्व-साक्षात्कार प्रयत्नसाध्य—क्रियासाध्य न होकर भगवान्की अहैतुकी कृपाका ही फल है। मनुष्य अपनी शारीरिक क्रियाओं, प्राण-जगत्की वासनाओं, हृदयके भावावेगों एवं मन तथा बुद्धिके व्यापारोंद्वारा निरन्तर अनेक कर्मोंकी जटिल जाल-शृङ्खला बुन रहा है; जबकि केवल न्यायके बलपर, केवल अपने गुणों एवं कर्मोंके आधारपर किसीको भी मुक्ति या मोक्षकी प्राप्ति सम्भव नहीं है। यह भगवान्की कृपा-शक्ति ही है, जो विश्वकी न्याय-व्यवस्थामें हस्तक्षेप करते हुए अनेक भूलोंको निरन्तर मिटा रही है, कष्टों एवं दुःखोंको सहन करनेकी शक्ति देती है, सफलताकी कठोर परीक्षाओंमेंसे गुजरनेका बल देती है, निराशामें आशाकी किरण बनकर चमकती है तथा विकासके मार्गपर बढ़ते हुए प्रत्येक प्राणीको सहायता देनेके लिये सदैव तत्पर रहती है।

भगवान्की करुणा जगत्में सदैव सहस्र-सहस्र धाराओंमें अमोघ वेगके साथ प्रवाहित हो रही है। वही सत्य-ज्ञानके रूपमें बुद्धिको प्रदीप्त एवं प्रेरित करती है, शक्तिके रूपमें कार्योंको सिद्ध करती है, शान्तिके रूपमें सभी संघर्षोंका शमन करती है एवं पावनकारिणीके रूपमें सभी विकारों एवं दोषोंको धोकर पवित्र कर देती है। अनुग्रह दोषों और अपूर्णताओंका विचार नहीं करता, ईश्वरका वात्सल्य तो प्रेममयी माँद्वारा दुर्बल और भटके हुए बच्चेको प्यार, आलम्बन एवं सहायता देनेकी भाँति ही है। जैसे गौ नवजात बछड़ेके शरीरपर लिपटे मल-आदिको चाटकर साफ कर देती है, वैसे ही परम करुणामयी वात्सल्य-मूर्ति कृपा-जगदम्बा भी हमारे दोषों और भूलोंको पोंछकर हमें निर्मल, पवित्र बना देती है।

ईश्वरीय अनुग्रहका रहस्य सदा अज्ञात ही रहेगा। कब, कहाँ, कैसे और किसपर ईश्वरका अनुग्रह हुआ—इसकी व्याख्या मानवीय बुद्धिकी तर्कणासे सम्भव नहीं है। ईश्वरीय कृपा अपनी रहस्यमयी दृष्टिसे कूड़ेमें छिपे रत्नकी भाँति अपात्र दीखनेवाले व्यक्तिमें भी पात्रता देख लेती है एवं उसके उद्धारके लिये अपने कार्यका समय तथा पद्धति भी निश्चित कर लेती है। छोटे-बड़े, पापी-पुण्यात्मा, पण्डित-मूर्ख सभी ईश्वर-कृपाके पात्र हो सकते हैं, हुए हैं। अहल्या, पिंगला, गुह, कुचेल, जगाई-मधाई आदि इसके प्रसिद्ध उदाहरण हैं।

अनुग्रहका एक और पक्ष है—दण्ड देने एवं सुधारनेका। ईश्वर धर्मके व्यवस्थापक हैं। अधर्मके नियन्त्रण एवं धर्मकी रक्षाके लिये वे अपनी दण्ड-रक्षाकी शक्तियोंका विनियोग करते हैं। वे जीवोंको उनके दुष्कर्मके अनुसार दण्ड देते हैं, जिससे वे सुधर सकें तथा पुनः पूर्ण आनन्दकी प्राप्ति, स्वरूपोपलब्धिके लिये प्रयत्नशील हो सकें। दुर्गासप्तशतीके अनुसार देवी भगवती असुरोंका वध सदय हृदयसे करती हैं, जिससे ये अधम भी संग्राममें शस्त्रपूत मृत्युका वरणकर उच्च गतिको प्राप्त हो सकें। वे भी तो जगन्माताकी संतान ठहरे। उनके मङ्गल-विधानकी योजना भी तो उन्हें ही करनी है। दण्डात्मक हो या सुधारात्मक—इस अनुग्रहका मृदु या क्रूर रूप चिकित्सककी ओषधि या शल्य-चिकित्सककी शल्यक्रियाकी भाँति मङ्गलभावनासे ही युक्त होता है। माता-पिता अपने बच्चोंको जब मृदु या कठोर दण्ड देते हैं, तब उनके मनमें भी संतान-हितकी भावना ही होती है, क्रूरता या बदला लेनेकी नहीं।

पृथ्वीपर जब दुष्कर्मकर्ताओंकी संख्या अधिक हो जाती है एवं अधर्मकी वृद्धिके कारण सृष्टिका संतुलन बिगड़ने लगता है, तब पापियोंके संहार, धर्मात्माओंकी रक्षा एवं धर्मकी स्थापनाके लिये स्वयं भगवान् अवतार ग्रहण करते हैं। यह अवतार-कार्य भगवान्का अनुग्रह ही होता है—

'नृणां निःश्रेयसार्थाय व्यक्तिर्भगवतो नृप।'

(श्रीमद्भा० १०।२९।१४)

वे मानव-रूपमें आकर पार्थिव-जगत्का बहुत-सा ताप-संताप अपने ऊपर ले लेते हैं। यह उनकी परम कारुणिकता है। पर वस्तुतः इस अवतार-लीलामें धर्म-संरक्षण, दुष्ट-उद्धार आदि तो गौण कार्य हैं, मुख्य प्रयोजन तो भक्तोंके बीच विचरते हुए उनके प्रेमका आस्वादन करना ही है। जो लोग उन्हें हृदयसे प्यार करते हैं, प्रभु उनके पास आये बिना नहीं रह सकते—

'ये भजन्ति तु मां भक्त्या मयि ते तेषु चाप्यहम्॥'

(गीता ९।२९)

भक्ति और अनुग्रहमें परस्पर आदान-प्रदानका सम्बन्ध सदा बना रहता है। यह सम्बन्ध भक्त और भगवान्के प्रेम-विनिमयपर आधारित है।

ईश्वरके कृपा-कार्योंका पता उनके परिणामोंसे लगता है। संतों एवं भक्तोंके चरित्र तथा शास्त्र इसके प्रमाण हैं। अम्बरीषकी दुर्वासाके शापसे रक्षा, भक्त प्रह्लादका त्राण, द्रौपदीकी शील-रक्षा, अजामिल एवं गजका उद्धार आदि इसके उदाहरण हैं। आधुनिक युगमें जगद्गुरु श्रीशंकराचार्य, आचार्य श्रीरामानुज, संत ज्ञानदेव, संत तुकाराम, भक्तिमती मीराँबाई, चैतन्य महाप्रभु, गोस्वामी तुलसीदासजी आदिके जीवन भगवत्कृपाके चमत्कारपूर्ण उदाहरणोंसे भरे पड़े हैं। नाना कठिनाइयोंके होते हुए भी इन सिद्ध भक्त महात्माओंको अल्पकालमें जो असाधारण सफलता मिली, उसकी व्याख्या अन्य प्रकारसे सम्भव ही नहीं है। जैसे प्रकाशकी एक किरण क्षणभरमें ही कोठरीके सम्पूर्ण अन्धकारको नष्टकर उसे आलोकित कर देती है, वैसे ही भगवत्कृपा भी क्षणभरमें ही प्रारब्ध-कर्मोंको नष्टकर भक्तके जीवनको ईश्वरीय ज्योतिसे भरपूर कर देती है।

ईश्वरीय कृपाका सबसे बड़ा चमत्कार है—मानव-प्रकृतिमें परिवर्तन, असाधुको तत्क्षण साधु बना देना। भगवान्‌की यह अभय वाणी है—

अपि चेत्सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक्।
साधुरेव स मन्तव्यः सम्यग्व्यवसितो हि सः॥
क्षिप्रं भवति धर्मात्मा शश्वच्छान्तिं निगच्छति।
कौन्तेय प्रति जानीहि न मे भक्तः प्रणश्यति॥
(गीता ९। ३०-३१)

'हे कौन्तेय! यदि अत्यन्त दुष्टाचरणवाला व्यक्ति भी अनन्यभावसे मेरी भक्ति करता है तो उसे साधु ही मानना चाहिये; क्योंकि उसने (भगवच्छरणापन्न होकर भक्ति करनेका) सम्यक् निश्चय कर लिया है। (इस अनन्य-भावयुक्त भक्तिके परिणामस्वरूप) वह शीघ्र ही धर्मात्मा हो जाता है एवं शाश्वत परमशान्तिको प्राप्त होता है। हे अर्जुन! यह निश्चयपूर्वक जान लो कि मेरा भक्त कभी नष्ट नहीं होता।'

यद्यपि कृपा भगवान्‌में रहनेवाली शाश्वत स्वतः स्फूर्त अहैतुकी शक्ति है तथा वह शक्ति अपनेको अभिव्यक्त करने या क्रियाशील होनेके लिये किसी अन्य उत्तेजक या प्रेरक कारणकी अपेक्षा नहीं करती, तथापि भगवान्‌की सर्वभावसे सर्वात्मना शरणागति, अनन्यभावसे स्मरण एवं भगवत्प्रीत्यर्थ कर्म भगवदनुग्रहरूप मन्दिरके कपाटको खोल देनेके अमोघ साधन हैं। भगवत्प्रेमकी यज्ञाग्निमें अपने 'स्व'की पूर्णाहुति देनेसे ही भगवदनुग्रहकी आप्यायिनी वृष्टि होती है। योगी श्रीकृष्णप्रेमने अनुग्रह (Grace)की परिभाषा करते हुए लिखा है—

'इस नश्वर संसारमें जब भी कोई व्यक्ति पूर्ण आत्माहुति देता है, अपनी आत्माको भगवत्प्रेमकी ज्वालामें मिला देता है, तब जो विस्फोट होता है, उसीका नाम 'अनुग्रह' है। इस धरतीपर होमी गयी कोई भी आत्माहुति कभी व्यर्थ नहीं जाती।'*

जीव संसारमें अपने कर्म-बन्धनोंसे बँधा हुआ है। इन कर्म-बन्धनोंका मूल अहंता, ममता एवं कामनामें है। ईश्वरको सर्वाङ्गरूपसे समर्पण करते ही साधक कर्मफलोंसे विमुख हो जाता है एवं उन कर्मफलोंके प्रेरक कारण कामना, ममता एवं अहंके मूल भी सूख जाते हैं। परिणाम यह होता है कि उसके कर्म-बन्धन समाप्त हो जाते हैं। जैसे घासके बहुत बड़े ढेरको एक छोटी-सी चिनगारी भस्मसात् कर देती है, वैसे ही भगवत्कृपाका लेशमात्र जन्म-जन्मान्तरके कर्मोंको नष्ट करनेमें समर्थ है। ईश्वरके प्रति पूर्ण समर्पित होनेमें ही जीवनकी परिपूर्णता है। जब जीव अपनी बुद्धि, हृदय, मन एवं प्राणको पूर्णतया भगवत्कृपाके प्रति उन्मुक्त कर देता है, तब भगवत्कृपा अवतरित होकर उसमें दिव्य ज्ञान, प्रेम, शान्ति, पवित्रता, ज्योति तथा शक्ति भरकर उसको दिव्य बना देती है एवं भगवद्यन्त्रके पुर्जेके रूपमें भगवत्कार्यकी सिद्धिके लिये उसका उपयोग करती है।

ईश्वर-कृपा तो सर्वत्र-सर्वदा बरस रही है एवं सबके मङ्गल तथा मुक्तिके लिये कार्य कर रही है। आवश्यकता इस बातकी है कि हम उसके कार्यमें बाधक न बनें। उसके प्रति संशय या अश्रद्धा करनेसे या उसकी ओरसे मुख फेर लेनेसे हम अपने तथा भगवत्कृपाके कार्यमें अवरोध पैदा कर देते हैं। ईश्वर मनुष्योंको पशुवत् हाँककर नहीं ले जाते। उन्होंने मनुष्यको स्वतन्त्र इच्छाशक्ति एवं अच्छा-बुरा पहचाननेकी बुद्धि—विवेक-बुद्धि दी है। जीवन कठपुतली नहीं

* 'In this world of dust and din whenever any body has given complete Atmahuti—merging his self in the flame of Love divine, there is an explosion which is grace. No true Atmahuti on earth can ever be in vain.'

है और न वह यन्त्रकी भाँति जड ही है। अतः उसे ईश्वर-कृपाको अपने अंदर कार्य-साधन करने देनेके लिये सहर्ष सहमति देनी होगी। इस सहमतिका रूप है—ईश्वरानुग्रहमें श्रद्धा, विश्वास तथा अपने-आपको भगवत्कृपाके पूर्णतया अधीन मान लेना, इसके बाद भगवत्कृपाके कार्यमें बाधक असत्य, कपट, अज्ञान एवं अन्य आसुरी भावोंको अपने अंदरसे तथा आस-पासके वातावरणसे दूर करते रहना। जीवके सत्यसंकल्प, समर्पण, सच्चाई, विश्वास आदिसे ही भगवत्कृपाकी वह दृढ़ नींव पड़ेगी, जिसपर भागवत-जीवनके दिव्य भवनका सुदृढ़ निर्माण सम्भव है। साधकमें जिस अनुपातमें विश्वास, सच्चाई, भक्ति, अनासक्ति, समर्पण और अभीप्सा बढ़ती जायगी, उसी अनुपातसे भगवत्कृपा भी उसमें अधिकाधिक मात्रामें अवतरित हो अपना कार्य करने लगेगी। समर्पणकी पूर्णताके साथ ही साधक भी पूर्णतया भगवत्कृपामय हो जायगा—भगवान्‌के हाथका यन्त्र बन जायगा।

ईश्वरानुग्रहका तत्काल प्रत्युत्तर तब मिलता है, जब व्यक्तिको अपना सब कुछ नष्ट हुआ दीखता है, सभी साधन एवं शक्तियाँ समाप्तप्राय हो जाती हैं अर्थात् साधनोंका आश्रय मिट जाता है, अहंकार नष्ट हो जाता है, एकमात्र भगवान् ही उसे परमबन्धु एवं रक्षक दिखलायी पड़ते हैं; तब वह परम दीन हो अत्यन्त आर्तभावसे प्रभुको पुकारता है। करुणा एवं विह्वलतासे परिपूर्ण, रोम-रोमसे उठी उस आर्त पुकारका उत्तर भगवान् तुरंत देते हैं। निमिषमात्रमें भगवान्‌की रक्षाकारिणी अनुग्रह-शक्ति आर्तभक्तकी रक्षाके लिये आ उपस्थित होती है एवं उसका परित्राण करती है।*

कृषिकी सफलताके लिये जैसे किसानका पुरुषार्थ एवं दैव-कृपाके रूपमें समयपर आकाशसे वृष्टि—दोनों आवश्यक हैं, वैसे ही ईश्वरानुग्रहकी सिद्धिके लिये भी जीवका भक्ति, योग, तप, धर्माचरणादि पुरुषार्थ एवं भगवान्‌की दया—दोनोंका होना आवश्यक है। जीवको भगवत्कृपाका सुपात्र बननेके लिये निरन्तर प्रयत्न करते रहना चाहिये एवं भगवत्कृपाका अवतरण होनेपर उसे सतत कार्यशील रखनेके लिये अपना अनुकूल प्रयत्न, तप आजीवन करते रहना चाहिये। पूर्ण श्रद्धा, विश्वास, शरणागति, दीनता, सच्चाई, समर्पण, प्रेम एवं गुरुनिष्ठा होनेपर जीवनमें पग-पगपर ईश्वरानुग्रहके चमत्कार दिखायी देते हैं। करुणामय भगवान्‌की करुणाका अनुभव कर मनुष्यमात्र सुखी हो जाय—यही मङ्गलमयी कामना है।

भक्ति और अनुग्रह

नानुग्रहस्तव विना त्वयि भक्तियोगं
नानुग्रहं तव विना त्वयि भक्तियोगः।
बीजप्ररोहवदसावनयोर्न कस्य
भूत्यै परस्परनिमित्तनिमित्तिभावः॥

(स्तुतिकु० ९। ३३)

हे भगवन्! भक्तियोग बिना (अर्थात् आपकी भक्तिके बिना) आपका अनुग्रह नहीं प्राप्त होता और आपके अनुग्रहके बिना भक्तियोग सिद्ध नहीं होता। प्रभो! इन आपके अनुग्रह और भक्तियोगका यह बीज और अंकुरके समान परस्पर निमित्त-निमित्ति (कार्य-कारण) भाव किसका कल्याण नहीं करता? अर्थात् सभीका कल्याण करता है।

* The Divine grace intervenes only when you are at the end of your tether, after all your mighty efforts. For then, feeling lost, as you call out Him with every fiber of your being to save you from your shipwreck. His love answers, and to your heart is flooded with love. His light knelling the doom of centuries of darkness.—Yogj Sri Krishna prema.

भगवत्कृपा—स्वरूप और संसिद्धि

(लेखक—श्रीदेवदत्तजी, श्रीअरविन्द-आश्रम)

श्रीमाताजीके वचन हैं—'कालमें एक क्षण भी नहीं, देशमें एक रजःकण भी नहीं, जो भगवत्कृपाके अहर्निश कार्य और उसके निरन्तर प्रभावका प्रतीक न हो। यदि तुम कृपाके साथ सम्बद्ध हो तो तुम्हें वह सर्वत्र दिखायी देगी, तुम आनन्दपूर्ण जीवन व्यतीत करने लगोगे, पूर्ण शक्ति तथा अनन्त आह्लादसे परिपूर्ण हो उठोगे और भागवतकार्यमें यही सबसे बड़ा सहयोग होगा।'

भगवत्कृपा अपने मूल स्वरूप, स्वभाव और विधायिका शक्तिमें अचिन्त्य होते हुए भी मानव-चेतनाके स्तरपर उपलब्ध है। जब हम इसे अहैतुकी या **'अप्राप्य मनसा सह'**-की संज्ञा देते हैं तो इसका अर्थ यह नहीं होता कि इसका कोई उद्देश्य या हेतु नहीं है। हाँ, इसका हेतु बुद्धिके स्तरपर अधिगम्य नहीं होता। इसीलिये मानव अपनी सीमाको ही अन्त मानकर कृपाको अहैतुकी घोषित करता आ रहा है।

मानवकी वर्तमान चेतनाके स्तरसे अलभ्य होनेका अर्थ यह नहीं है कि भगवत्कृपाके स्वरूपको हम जान ही नहीं सकते। 'अज्ञात' एक स्थिति होनेपर भी अज्ञेय नहीं हो सकता; अतः प्राणिमात्रमें एक ऐसी स्थितिकी सम्भावना निहित है, जो कृपाके माध्यमसे भागवत जीवनमें प्रतिष्ठाका आधार बनकर कृपालुको कृपापात्रसे संयुक्त कर सकती है।

इस दृष्टिसे विचार करनेपर यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि मानव ही एक ऐसा प्राणी है, जो अपनी चेतनाको आधार बनाकर परा चेतना (परमात्मा)के प्रति जिज्ञासु हुआ है। इस जिज्ञासाका आधार भी भगवत्प्रदत्त विशिष्ट मानव-रचना ही है। यह भगवत्कृपाके प्राकट्य (अभिव्यक्ति)-का ही परिणाम है कि मनुष्य श्रेय और प्रेयके चुनावमें आंशिकरूपसे ही सही, पर स्वतन्त्र हो सका।

इस जीवनमें भी हम शरीर और प्राणकी सारी शक्तियों-का उपयोग नहीं कर पाते। अधिकतर मन, प्राण और शरीरमेंसे किन्हीं एक या दोसे तादात्म्य स्थापित कर उनके नियम अन्यपर लादा करते हैं। फलस्वरूप हम जीवनकी वास्तविक रचनाके विषयमें न जानते हुए जीवनकी आचार-पद्धति, ज्ञान और आनन्दकी अवहेलना करते हुए अपने कर्म, संकल्प और चिन्तनको अज्ञानके हाथों सौंपकर इच्छाओं, [illegible], प्रयत्न और असफलताओंके साम्राज्यमें छटपटाते रहते हैं। अपने शुद्ध स्वरूपकी ओर दृष्टिपात न करनेके कारण जगत्के प्रति आश्चर्यचकित होते रहते हैं।

पर यह असमर्थताका बोध और सीमाओंका ज्ञान ही भागवत उपस्थितिका प्रथम प्रमाण है; क्योंकि असमर्थको समर्थकी और सीमितको असीमकी आवश्यकता है। महाभारतके यक्ष-प्रश्नकी कथामें परम आश्चर्य यही माना गया है कि नित्य मर्त्यशील मानव अपनेको मर्त्य क्यों नहीं मानता। इसका दूसरा पक्ष है कि अमृत तत्त्वकी कौन-सी झलक हमें इतना मुग्ध किये है कि हम मृत्युको स्वीकार नहीं कर पाते। अनन्तताके साथ चेतनाके सम्पर्ककी यह अलक्ष्य प्रेरणा ही भगवत्कृपा है।

विकासकी कसौटी यही है कि प्रेरणासे हम कहाँतक लाभ उठा सकते हैं और हमारी चेतनासे इसका कहाँतक सायुज्य स्थापित हो सकता है। श्रीमाँ कहती हैं—'अपनी पसंद और भगवत्कृपा—इन दोनोंमेंसे किसी एकको चुननेमें हम सदैव स्वाधीन हैं। अपनी पसंदका चुनाव करते ही हमें ऊपर वर्णित सीमाओंकी दासता स्वीकार करनी पड़ती है। फिर भी अहंकारके वशीभूत होकर मनुष्य कृपापथको स्वीकार नहीं कर पाता। उसे अपनी सीमाओंकी दासताका आभास भी नहीं होता। इसी अवस्थामें वह कृपाके वास्तविक हेतुको समझनेमें असमर्थ रहता है। पर भगवत्कृपाकी मूल शक्ति तब भी उसे अधिष्ठान और विकासके आरोहणका मार्ग दिखाती रहती है।

प्रश्न उठता है कि भगवत्कृपाका स्रोत क्या है? सृष्टिके आदि कारणका सूत्र इस प्रकार ग्रहण किया जा सकता है कि भगवान् अपने आनन्दके निजास्वादनके लिये अपनी चित्-शक्तिकी क्रीड़ाके माध्यमसे अपने ही स्वरूपमें प्रकट होकर सृष्टि करते हैं। यह अनन्तकी सान्त (ससीम) अभिव्यक्ति है। इस प्रक्रियामें आत्म-सत्, आत्म-चित् और आत्म-आनन्द सृष्टिके ऊर्ध्व भागका निर्माण करते हैं। इसके निम्न अर्द्धांश—जड प्राण और मनःकृपा ही इनके परस्पर आकर्षणकी शक्ति है। सृष्टिके निर्माणके लिये जहाँ परमेश्वर और आदि शक्तिके माध्यमसे लीलाका विस्तार होता है, वहींसे कृपाकी परम स्रोतस्विनी प्रवाहित होती है।

आदि सृष्टिके मूलमें स्थित होनेके कारण कृपाकी शक्ति कारणाश्रिता नहीं, अपितु कारणस्वरूपा है। यह अपनी लीलाके विस्तारके लिये किसी अन्य शक्तिपर निर्भर नहीं करती; क्योंकि शक्तिका मूलस्वरूप कृपाके माध्यमसे ही प्रकाशित

हो उठता है। इसी कारण कृपा अर्थनिरपेक्ष होती है, निरर्थक नहीं। सर्वदा जीवोंपर बरसती रहने तथा उन्हें मुक्त करने और मूलस्वरूपको पहचाननेमें सहायिका होनेपर भी यह मूलतः पुरुषके पुरुषत्वको जगाकर उसके माध्यमसे ही कार्य करती है तथा दिव्यताकी ओर उन्मुख होने और उसका वरण करनेकी शक्ति प्रदान करती है।

कृपाको द्रवित करनेवाली प्रार्थनाकी शक्ति एवं श्रद्धा-सचाई और समर्पणकी त्रिवेणीसे ही महाशक्ति (परमसत्ता)के चरण पखारे जा सकते हैं। तभी वासनाओंसे मुक्त होनेकी तथा पवित्रता, शान्ति और सत्यको पानेकी अभीप्सा भागवती कृपाके अवतरणका पथ प्रशस्त करती है। इस अवतरणके बाद ही प्राप्त होता है विशुद्ध भागवत प्रेम एवं निजस्वरूपा अचला भक्ति। इसी कारण औढरदानी भगवान् शिवकी शक्ति माहेश्वरीको 'कृपा' तथा भगवान् श्रीकृष्णकी शक्ति राधाको प्रेमस्वरूपा वर्णित किया गया है।

भागवती कृपाके इस रूपका साक्षात्कार हमारी आन्तरिक सुरक्षा तथा विभिन्न स्तरोंसे अभिव्यक्त प्रार्थनाओंसे भी आगे देखनेकी शक्ति और दृष्टि प्रदान करता है। कृपाके इन व्यष्टि-भावापन्न लक्षणोंके अतिरिक्त भी उसका एक महान् स्वरूप है। विश्वास और श्रद्धाका सम्बल साथ हो तो मानव अतिशीघ्र भगवदाश्रयका आकाङ्क्षी और अधिकारी हो सकता है। फिर यह आश्रयका भाव ही हमें समर्पणतक पहुँचा देता है। यहाँ कृपा-लाभके अतिरिक्त अन्य किसी तत्त्वकी अनुभूति नहीं होती।

कृपा-लाभका आनन्द कृतज्ञतामें है। स्रष्टाकी सृष्टिको शुद्ध करनेके (अहं) भावसे मुक्ति पाकर हम यह मानें कि प्रत्येक स्थिति भगवदनुग्रहसे परिपूर्ण और भगवन्निर्दिष्ट है। शक्ति और श्रद्धा—दोनोंका चरम लक्ष्य समर्पणके माध्यमसे कृपा-लाभ ही है।

कृपा तर्क-बुद्धिके परेका तत्त्व है। भगवत्कृपा अमृत-स्वरूपिणी परम करुणामयी परमात्म-सत्ताकी सर्वव्यापिनी अनुग्रह-मूर्ति है।

भगवत्कृपासे सर्वार्थसिद्धि

(लेखक—श्रीऋषभचन्दजी)

प्रायः सभी पौरस्त्य और पाश्चात्त्य ईश्वरवादियोंने धर्मोंमें-कृपाके हस्तक्षेप एवं कार्यको ही आध्यात्मिक जीवनकी सफलता—सिद्धिका सर्वोच्च साधन माना है, किंतु लोगोंकी धारणा है कि यह हस्तक्षेप रहस्यपूर्ण तथा अपूर्व है। कृपा, जहाँ-कहीं अवतरित होना चाहती है, वायुकी तरह पहुँचती है। इसपर पुण्यात्माओंका अधिकार नहीं जम सकता, अतः निकृष्ट पापीको भी इससे निराश होनेकी आवश्यकता नहीं; क्योंकि यह गिरे और भटके लोगोंके भग्न हृदयोंको प्रेमके उपचारसे उन्हें स्वस्थ कर देती है। अहंकारी और मदमत्त लोगोंकी ओर यह विशेष दृष्टि डालती है, सतत उनके कल्याणका साधन जुटाती है—विभिन्न विपत्तिरूप थपेड़ोंद्वारा उनके अहंकारको चूर-चूर करती रहती है। यह शीतकालमें सुकोमल ओस-बिन्दुकी तरह और गर्मीमें शीतल दक्षिणी वायु अथवा श्मशान-अन्धकारके बीच प्रकाशकी चमककी तरह आती है। कभी-कभी तो यह आँधी या भूकम्पकी तरह मानवके अन्तरात्मामें उफान लाते हुए आ पहुँचती है। इसकी क्रोधपूर्ण मुखाकृतियाँ उतनी ही आशिषस्वरूप हैं, जितनी कि इसकी आनन्द फैलानेवाली मुसकानें। जब कभी यह जोरसे पीड़ा पहुँचाती है, तब वह पीड़ा केवल निद्रित एवं आलसी लोगोंको उठाने और जगानेके लिये आवश्यक होती है। वस्तुतः कृपाके कार्यके बिना जीवन विभिन्न योनिरूप झाड़ियोंमें फँसा पड़ा रहेगा और प्राणी अन्धकारमय तमसमें भटकते ही रह जायँगे।

कृपा भगवान्‌का प्रेम है, जो जड़-चेतन—सबपर बरस रहा है। इसीके माध्यमसे जीव परम सत्य एवं चेतना-के अनन्त प्रकाशकी ओर जानेमें सक्षम हो सकते हैं। इसके आविर्भावके पूर्व यहाँकी प्रत्येक वस्तु गहन अन्धकार और जडतामें निमग्न थी, कृपास्वरूप प्रेम अवतरित हुआ, सुषुप्त आत्मा जाग्रत् हुआ और क्रमशः अपनी अनन्त एवं सनातन चेतनाकी ओर अग्रसर होने लगा। प्रेमस्वरूपिणी कृपा सर्वव्यापिनी, सर्वाधारा और सर्वरूपान्तरकारिणी है। यह सर्वत्र है। यह स्पष्ट एवं गुह्य—समस्त विश्वशक्तियोंकी जटिल क्रीडाके पीछे विद्यमान उच्चतम क्रियाशक्ति है।

हमें अपने आपको पूर्णरूपसे भगवान्‌की कृपापर छोड़ देना चाहिये; क्योंकि भगवान्‌ने कृपा और प्रेमका

करके ही जगत्को ऊपर उठानेका भार स्वीकार किया है। भगवान्का प्रेम ही जगत्के कल्याणके लिये परम शक्ति 'कृपा'के रूपमें प्रकट हुआ है। केवल मनुष्यके भीतर ही नहीं, अपितु अत्यन्त अंध—जड प्रकृतिके समस्त आवुओंमें इसने अपने आपको उड़ेल दिया है, जिससे यह संसारको मूल परम सत्यकी ओर फिरसे ला सके। इसी अवतरणको भारतीय धर्म-शास्त्रोंमें परम यज्ञ कहा गया है। कृपा ही प्रेम है, जो सम्पूर्ण जगत्में व्याप्त होकर अधिकतम बलशालिनी परा शक्तिके रूपमें अहंके मोटे पर्देके पीछेसे कार्य कर रहा है। प्रचलित धारणा तो यह है कि कृपा कुछ ऐसी वस्तु है, जो अचानक ही आती है। वह कहाँसे आती है, यह मालूम नहीं होता और आश्चर्यमय परिणाम उत्पन्न करके पुनः वहाँ लौट जाती है। यह तो कृपाके कार्यका अचानक घटित होनेवाला बाहरी परिणाममात्र है, किंतु जगत्के सदसत्—प्राणिमात्रके अंदर इसकी सतत क्रियाशील उपस्थितिका दर्शन नहीं है। कृपा तो सभी प्राणियों, वस्तुओं और घटनाओंमें सर्वविद् एवं सर्वसंचालक प्रेमके रूपसे विद्यमान है और इसकी सशक्त क्रियासे लाभान्वित होनेके लिये श्रद्धा एवं विश्वासके साथ इसकी ओर झुकना ही पर्याप्त है। कृपा सबके लिये एक समान प्राप्य है, पर प्रत्येक व्यक्ति अपने भावके अनुसार इसे ग्रहण करता है। यह बाहरी परिस्थितियोंपर निर्भर न करके सच्ची अभीप्सा और उद्घाटनपर निर्भर करती है।

जो लोग किसी भौतिकवादी झुकावसे प्रभावित नहीं हुए हैं, जिनका अन्तःकरण कामनाओंकी कालिमासे नितान्त अछूता है और जिनका हृदय आध्यात्मिक रहस्योंके प्रति सूक्ष्मतया ग्रहणशील है, वे जीवनके घटना-चक्रोंमें कृपाकी रहस्यमयी क्रियाका कुछ बोध कर सकते हैं, किंतु जो लोग आध्यात्मिक जीवनका, प्रधानतया योग-जीवनका, अनुसरण करते हैं, वे तो इस ठोस तथ्यको जानते ही होंगे कि बाह्य रूपोंके पीछे विद्यमान यह अनन्त, आश्चर्यमयी सर्वशक्तिमयी कृपा प्रत्येक वस्तुको सुसंगठित और व्यवस्थित करती है और हमलोगोंके चाहने अथवा न चाहने, जानने अथवा न जाननेपर हमलोगोंको चरम लक्ष्यकी ओर ही ले जा रही है। यह संसारमें आसक्त हुए हमलोगोंको विकास-मार्गपर आरूढ़ रख रही है। जब हमलोग बहककर भटक जाते हैं, हमारी अन्तर्दृष्टि मलिन पड़ जाती है और हृदयकी अग्नि मन्द पड़ जाती है, तब भी कृपाशक्ति हमें सुदूर प्रकाशकी ओर संकेत करती रहती है और हमारे कानोंमें कहती रहती है— **'अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥'** (गीता १८। ६६)—मैं तुझे सभी पापोंसे मुक्त कर दूँगी, तू शोक मत कर। जब हम किसी उत्तेजनापूर्ण इच्छासे उद्वेलित हो अथवा किसी वासना या भ्रान्तिसे अंधे होकर भागवत-संकल्पके विरुद्ध विद्रोह करते हैं, तब अनिष्ट एवं विपत्तिद्वारा कृपा हमारा मार्गदर्शन करती है और तीव्र वेदनाके द्वारा हमें सजग करती है, जिससे इच्छा या भ्रान्ति पीड़ाकी अग्निमें जलकर विलीन हो जाय और हमलोग पुनः भगवान्की प्रसारित भुजाओंकी ओर मुड़ सकें। यदि कृपाका चाप हमारी सत्ताके वक्र और निर्बल भागोंपर कभी-कभी बोझरूप और पीड़ामय हो जाता है तो यह केवल भगवान्के 'भार' (Divine's yoke) को सहन करनेके हेतु हमें पर्याप्त सबल एवं सीधा बनानेके लिये ही होता है।

वस्तुओंके सम्बन्धमें हमारा मूल्याङ्कन अत्यन्त छिछला और अज्ञानमूलक होता है। जिसे हम भला-बुरा, शुभ-अशुभ, प्रसन्न-विपन्न अथवा सहायक-बाधक मानते हैं, वह सब दयालु विधाताके कामकी ही वस्तु है, जिसका वे प्रत्येक जीवके चरम कल्याणके लिये उपयोग करते हैं। भगवान् सौभाग्यकी ही तरह दुर्भाग्यका भी उपयोग उतनी ही स्पष्टदर्शिनी कृपाके साथ करते हैं। यदि आवश्यक हो तो जीवको अज्ञान-जालसे निकालनेके लिये वे विपत्ति एवं मृत्युका उपयोग करनेमें भी नहीं हिचकते। जब एक बार हमारी आँखें भगवत्कृपाकी सतत उपस्थिति एवं हस्तक्षेपके रहस्यकी ओर पूर्णरूपसे खुल जाती हैं, तब हम अपने जीवनकी परिस्थितियोंके सम्बन्धमें शिकायत नहीं करते, अपितु उन सबमें उन्हीं सर्वप्रेमीके हाथ पाकर कृतार्थ होते रहते हैं, जो हमें निर्भ्रान्त और अमोघरूपसे अपनी ओर, अपने शाश्वत सामञ्जस्य तथा आनन्दकी ओर ले जा रहे हैं। यही है हमारे लक्ष्यकी चरम परिपूर्णता।

यदि हम सचमुच ही तीव्र अभीप्साकी अवस्थामें हैं तो कोई भी ऐसी परिस्थिति नहीं है, जो हमारी अभीप्साकी सफलतामें सहायता न करे। सभी हमारी मदद करेंगे। अखण्ड और निरपेक्ष चेतन सत्ताने सभी वस्तुओंको हमारे चारों ओर व्यवस्थित किया है और हम अपनी अज्ञानावस्थामें इसे न पहचानकर सर्वप्रथम इनका विरोध भी कर सकते हैं, कष्टकी शिकायत भी कर सकते हैं और उन्हें बदल देनेके लिये जी-तोड़ प्रयत्न भी कर सकते हैं; किंतु जब हम अपने और घटनाके बीच थोड़ी दूरी रखकर अधिक विचार करते हैं, तब स्पष्ट प्रतीत होता है कि हमारी निर्धारित प्रगतिके लिये यह नितान्त आवश्यक था। शुभ संकल्प ही हमारे चारों ओर सब कुछ रचता है। वह विश्वात्मा ही हमारे जीवनकी व्यवस्था और संचालन कर रहा है, न कि अन्य संयोग अथवा आकस्मिक घटनाओंका अज्ञात चक्र।

अपने आध्यात्मिक जीवनमें सदा ही हम अधिकाधिक आश्चर्य और कृतज्ञताके साथ निरीक्षण करते हैं कि कैसे हमें अनुभूतियाँ मिलती हैं, कैसे हमारी चेतनापरसे एकके बाद दूसरा पर्दा हटता जाता है! हमारी दृष्टिके समक्ष सत्यका क्रमशः उच्चतर स्वरूप प्रकट होता जाता है, अन्धकारका जमा हुआ ढेर बात-की-बातमें ऐसे दूर हो जाता है, मानो ये सब जादूके खेल हों! जो हम व्यक्तिगत कठोर श्रम, अनुशासन और प्रार्थनासे नहीं प्राप्त कर सकते, वह अचानक ही केवल कृपासे हमें प्राप्त हो जाता है। हमें पता भी नहीं लगता कि यह प्रकाशमय संकेत कहाँसे आ मिला, यह निश्चित आवश्यक स्थिति कैसे स्थापित हो गयी, किसी हठी समस्याके लिये कैसे यह एक नया समाधान सूझ गया। हमें स्पष्ट प्रतीत होता है कि जैसे अवरोधी कठिनाई हमारे रास्तेसे दूर फेंक दी गयी और हमारी दृष्टिके समक्ष एक महिमान्वित दीप्तिमान् क्षितिज प्रकट हो गया हो। जब हम अपनेको भ्रान्त और निराश्रित अनुभव करते हैं और आगे बढ़नेका रास्ता नहीं देख पाते, अचानक ही हमारे अंदर एक दिव्य प्रकाश-किरण उद्भूत हो जाती है और एक अनजानी शक्ति हमें भयावने जंगलसे बाहर निकाल ले जाती है। अतएव किसी भी काल, परिस्थिति या घटनामें हमें विषादयुक्त अथवा आशाहीन होनेकी आवश्यकता नहीं है। कृपाके आशीर्वादस्वरूप प्राप्त व्यथाका प्रत्येक आघात परमानन्दकी ओर पदारोहणमें सहायक सिद्ध होता है। एक नेत्र है, जो अपनी प्रेमभरी सावधानीसे निद्रारहित रहता है और भुजा है, जो सहायता और आराम देनेमें क्लान्तिरहित है, इसी प्रकार हमें निरन्तर सजग और उत्साहसे परिपूर्ण रहना चाहिये। नष्टप्राय अनुभव करना तो मानो ईश्वरको अस्वीकार करना तथा उनकी कृपाको दूर हटाना है।

भगवत्कृपाके सामने कौन अधिकारी है और कौन अनधिकारी? सब कोई उन एक ही कृपा-अम्बाकी संतानें हैं। उनका प्रेम सब किसीपर एक-सरीखा बरस रहा है; परंतु हर एकको वे उसकी प्रकृति और ग्रहण-सामर्थ्यके अनुसार परिस्थिति, संयोग आदि देती हैं।

किंतु कृपा-माँका पूर्ण वात्सल्य प्राप्त करनेके लिये हमें उसकी सर्वोच्च प्रज्ञामें ऐकान्तिक विश्वास करना होगा, आत्मसमर्पणका उच्चतम आदर्श स्थापित करना होगा; क्योंकि माँ हमारे कल्याणके विषयमें सर्वाधिक जानती है। यदि अभीप्सा उसको अर्पित की जाय और अर्पण सचमुच पर्याप्त श्रद्धा एवं उत्कण्ठाके साथ किया जाय तो परिणाम आश्चर्यजनक होगा।

भगवत्कृपाकी सहायता प्राप्त करनेके लिये पवित्रता, अकल्मषमें आत्मदान और सहज श्रद्धा-विश्वास—ये तीन मुख्य शर्तें हैं। श्रद्धा न रखना मानो कृपाके विरुद्ध अपनी सत्ताका दरवाजा बंद कर देना है। भगवत्कृपा सदैव कल्याण-कार्य करनेके लिये तैयार है; पर हमें इसे ऐसा करनेका मौका देना चाहिये। कम-से-कम इसके कार्यमें अवरोध नहीं पैदा करना चाहिये। आत्मदान न करनेसे हम अहंकाररूप अज्ञानमें असहायभावसे आबद्ध रह जाते हैं। आत्मदानसे पवित्रता आती है और पवित्रतासे कृपाका कार्य निश्चितरूपसे सरल हो जाता है। हम अपने-आपको पूर्णरूपसे भगवान्‌को सौंप दें, तभी हम भली प्रकारसे भगवत्कृपाको प्राप्त [illegible] सकेंगे।

विश्व-प्रकृतिकी गतियोंपर कठोर तर्कसंगत नियन्तृत्व 'न्याय' कहलाता है। परिस्थितिका अज्ञात विधान, कारणकी रूढ़िगत विधि और परिणाम—इन तीनोंसे वैश्व शक्तियोंकी क्रियाएँ शासित होती हैं। बुद्धदेवके कथनानुसार इसमें न तो कोई अपवाद है, न कोई बचनेका छिद्र। जैसा कोई बोता है,

वैसा ही काटता भी है । अपने कर्मके स्वाभाविक एवं अनिवार्य परिणामोंसे छूटनेका कोई उपाय नहीं है । केवल भगवत्कृपामें ही यह शक्ति है कि वह इस विश्वव्यापी न्यायके कार्यमें हस्तक्षेप करके उसके क्रमको बदल सके । विश्व-प्रकृतिके नियन्तृत्वका अतिक्रमण करनेका अधिकारपूर्ण स्वातन्त्र्य कृपाको ही है; क्योंकि यह प्रकृतिकी परिधिके बाहरसे ही कार्य करती है—इसका एकाधिपत्य इसकी सर्वसमावेशकारिणी परात्परतामें ही निहित है । इसकी स्वतन्त्रताका तात्पर्य उच्छृङ्खल स्वेच्छाचारिता नहीं है, वरं यह प्रेमकी सर्ववेत्ता प्रज्ञाकी एकाधिपत्य स्वतन्त्रता है । वैश्व-न्याय तो इस प्रेमका बहिर्गत अंश अर्थात् अस्थिर जगत्-व्यापारमें यान्त्रिक क्रियामात्र है । एक बार श्रीमाँने कृपाकार्यको एक उदाहरणद्वारा यों समझाया था—'कोई मनुष्य सीढ़ीसे नीचे उतर रहा है, एक स्थानच्युत खपड़ा ठीक उसके सिरपर गिरनेवाला ही है । आकर्षणके नियमानुसार वह खपड़ा गिरेगा और उसके सिरको क्षति पहुँचायेगा ही; किंतु आश्चर्य, अचानक ही उसके पीछेसे एक हाथ आगे बढ़ आता है और खपड़ेको पकड़ लेता है । अतः वह मनुष्य बच गया । उसके पीछेसे किसी व्यक्तिका यों हस्तक्षेप करना ही कृपाका हस्तक्षेप है, जो प्रकृतिके कठोर नियन्तृत्वको उड़ा देता है ।'

अनुग्रहमूर्ति माँ ! तेरी कृपाके लगातार हस्तक्षेपके बिना ऐसा कौन था, जो इस विश्वव्यापी न्यायके छुरेकी निर्दय धारके नीचे न आया होता !

हमें एकमात्र भगवत्-कृपाके लिये ही प्रार्थना करनी चाहिये । एक बार जब हमने अपनेको कृपाके प्रति समर्पित कर दिया, तब जो कुछ वह निर्णय करे, उसे सहर्ष स्वीकार करना चाहिये और जो कुछ हमपर घटित हो, चाहे हमारी मानसिक धारणाके अनुसार शुभ या अशुभ, इष्ट या अनिष्ट कुछ भी क्यों न हों, उन सबमें कृपाके पवित्र संकल्पको ही अनुभव करनेकी चेष्टा करनी चाहिये । हर वस्तुको, हर परिस्थितिको भगवान्‌की देन, भगवत्कृपा और पूर्ण सामञ्जस्यका परिणाम मान लें तो वह हमें अधिक सचेतन, बलशाली और सच्चा बनानेमें सहयोग करती है, यही 'युक्त-वृत्ति' है । यदि इस युक्त-वृत्तिको धारण कर रखें तो हम समस्त घटनाओं-से लाभ उठा सकेंगे; क्योंकि माँ कृपाके प्रति श्रद्धा और विश्वास उन्हें हमारे अंदर और ऊपर सरलतासे और स्वतन्त्रतासे कार्य करने देंगे । अपने रहस्यमय रसायनके द्वारा पराजयको विजयमें तथा दुर्भाग्यको परम भाग्यमें बदल देंगे । यही सारे जगत्‌के आध्यात्मिक जिज्ञासुओंकी विश्वगत अनुभूति है । किंतु दूसरी ओर, यदि इसी वस्तुको, इसी परिस्थितिको हम हानि पहुँचानेवाली अशुभ शक्ति-स्वरूप भाग्यप्रदत्त विपत्ति मान लें तो यह हमें क्षीण, सुस्त और भारी बना देगी; हमारी चेतना, बल और सामञ्जस्यको हर लेगी । यहाँपर प्रह्लादका शास्त्रीय उदाहरण सर्वथा उपयुक्त है; कृपापर उसकी ऐकान्तिक निर्भरता थी, कृपाने उसे सभी परीक्षाओंमेंसे सुरक्षित निकाल लिया । संदेह या शङ्का तो कृपाके कार्य-मार्गका बाधक है । सरल एवं प्रश्नातीत श्रद्धा-विश्वास ही सभी कठिनाइयोंके विरुद्ध सर्वोत्तम रक्षक है । जो लोग अभीप्सा करते हैं उनके लिये कृपा और सहायता सतत विद्यमान हैं और श्रद्धा विश्वासके साथ ग्रहण करनेपर उनकी शक्ति असीम हो जा[illegible] है । यदि कृपाका उत्तर शीघ्रतर नहीं आता हो तो [illegible] विश्वासपूर्ण अनन्त धैर्यके साथ प्रतीक्षा करनी चा[illegible] तथा मन या प्राणको विचलित नहीं होने देना चाहि[illegible] धैर्य और अध्यवसाय होनेपर सभी प्रार्थनाएँ [illegible] हो जाती हैं । भगवान्‌की कृपाशक्ति, संकल्पश[illegible] और क्रियापर पूर्ण श्रद्धा बनाये रखनेसे सभी [illegible] ठीक हो जाता है । इस युक्त-वृत्तिसे एक क्ष[illegible] लिये भी गिर जानेपर कृपा-कार्यमें रुकावट या देर हो स[illegible] है । भगवत्कृपामें सम्पूर्ण और अडिग विश्वास सर्वार्थसिद्धिके लिये अचूक उपाय है ।

भगवत्कृपाकी अनुभूति

(लेखक—पं० श्रीगौरीशंकरजी द्विवेदी)

'भगवान्‌की कृपा' कहनेसे सामान्यतः यही समझमें आता है कि भगवान् पृथक् हैं और उनकी कृपा कोई अन्य वस्तु या शक्ति है। पर बात वस्तुतः ऐसी नहीं है। जैसे शीतल चाँदनी और चन्द्र दो कहलानेपर भी एक ही हैं, इसी तरह भगवान् और भगवत्कृपा अभिन्न हैं, दोनों स्वरूपतः एक हैं।

जो लोग अद्वैतवादी हैं, उनके मतसे 'ब्रह्म' ही एकमेवाद्वितीय है। ब्रह्मके सिवा और कुछ नहीं है, **'नेह नानास्ति किंचन।'** (कठ० २ । १ । ११) वे जगत् और जागतिक व्यापारको ब्रह्मकी शक्तिविशेष—प्रकृति अथवा मायाका कार्य मानते हैं। इसी शक्तिविशेषके द्वारा वह **'एकमेवाद्वितीयम्'** (छान्दो० ६ । २ । १) ब्रह्म एकसे अनेक होता है, चराचरात्मक अनन्त विश्व-व्यापारमें परिणत हो जाता है। किसलिये ? **'लोकवत्तु लीलाकैवल्यम्।'** (ब्रह्मसूत्र २ । १ । ३३)—आनन्दके लिये—केवल लीलाके लिये। जैसे लोकमें लीलाका आनन्द लेनेके लिये लोग अभिनय करते हैं—हैं कुछ और, बन जाते हैं कुछ और। गोस्वामीजी कहते हैं—

ईस्वर अंस जीव अविनासी। चेतन अमल सहज सुख रासी ॥
सो मायाबस भयउ गोसाईं। बँध्यो कीर मरकट की नाईं ॥
(मानस ७ । ११६ । १-२)

ब्रह्म एकसे अनेक होकर (लीला) अभिनय करता है। भगवान् श्रीकृष्ण गीतामें कहते हैं—

दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया।
मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते ॥
(७ । १४)

'मेरी इस त्रिगुणमयी दैवी मायाका पार पाना बहुत कठिन है। जो मेरे शरणापन्न होते हैं, वे ही इस मायाको पार कर सकते हैं।' प्रश्न है, क्या मायाके वशीभूत हुआ जीव भगवान्‌के शरणापन्न हो सकता है ? मायासे मुक्त हुए विना भगवच्छरणागति कैसे प्राप्त होगी ? यह अन्योन्याश्रय जाल-जैसा लगता है; परंतु इसका भी उपाय है और वह है—भगवत्कृपा।

भगवत्कृपासे ही शरणागतिकी प्राप्ति होती है और जीव मायामुक्त भी हो जाता है। भगवत्कृपासे ही साधन-भजनकी प्रवृत्ति सहज सुलभ होती है। गीतामें भजन करनेकी चार विधियाँ बतलायी गयी हैं—

चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन।
आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ ॥
(७ । १६)

पुण्यात्मा जीव चार प्रकारसे भगवान्‌का भजन करते हैं। एक तो वह जो आर्त होकर भगवान्‌के सामने अपना दुःख सुनाता है—मेरा उद्धार करो, प्रभो !—

तू दयालु, दीन हौं, तू दानि, हौं भिखारी।
हौं प्रसिद्ध पातकी, तू पाप-पुंज-हारी ॥
(विनयप० ७९ । १)

दूसरा वह जो जिज्ञासु होकर भगवत्तत्त्व, भगवान्‌के रूप-गुण-लीलाको जानना चाहता है। तीसरा अभावग्रस्त होकर भगवान्‌से अभाव दूर करनेकी याचना करता है, अर्थार्थी बनता है, अपनी अन्यान्य कामनाओंकी पूर्तिके लिये भगवान्‌से प्रार्थना करता है। चौथा एकमेवाद्वितीयस्वरूप अपने इष्टदेवमें लीन हो तत्त्वज्ञानकी प्राप्तिकी साधना करता है, जो उसके भजनकी चरम सीमा है।

प्राप्त तो अप्राप्त वस्तुको किया जाता है—तो क्या भगवत्कृपा अप्राप्त है ? इसका उत्तर यह है कि भगवान् और उनकी कृपामें अविनाभाव-सम्बन्ध है। जहाँ भगवान् हैं, वहाँ उनकी कृपा है। भगवान् कण-कणमें व्याप्त हैं, अखिल विश्व-ब्रह्माण्डके भीतर और बाहर सर्वत्र हैं, इस दृष्टिसे उनकी कृपा भी सर्वत्र व्याप्त है। भगवान् और भागवती शक्ति, प्रकृति या माया—सब भगवत्कृपामय हैं। अवतारका हेतु भी कृपा ही है—

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥
परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे ॥
(गीता ४ । ७-८)

'भारत ! जब-जब धर्मकी हानि और अधर्मकी वृद्धि होती है, तब-तब मैं अपने रूपको रचता हूँ अर्थात् प्रकट करता हूँ; क्योंकि साधु पुरुषोंका उद्धार करनेके लिये और दूषित कर्म करनेवालोंका नाश करनेके लिये तथा धर्म-स्थापन करनेके लिये मैं युग-युगमें प्रकट होता हूँ।'

भगवान्‌की पालन-पोषण अथवा रक्षणरूप कृपाशक्ति ही अवतार धारण करती है और साधुओंका परित्राण करके धर्मकी स्थापना करती है। इतना ही नहीं, दुष्टोंका नाश करके अधर्मके अभ्युत्थानको रोकना भी कृपा-शक्तिकी ही लीला है। अतएव उत्पत्ति और विनाश—दोनों ही कृपाशक्तिकी लीला है। इतने सुव्यवस्थित

विश्व-ब्रह्माण्डका संचालन कृपाशक्तिकी ही महिमाको प्रकट करता है। यह कृपाशक्ति अनन्त रूप धारण करके विश्वका कल्याण कर रही है। सूर्यमें यही दीप्तिरूप है तथा विश्वमें सबको समान रूपसे प्रकाश और ऊष्मा प्रदान करके जीवन-दान करते रहना भी इसीका सत्कार्य है।

भगवत्कृपाकी महिमा अपरम्पार है। ब्रह्मसूत्रमें कहा है—**'जन्माद्यस्य यतः'** (१।१।२) "इस विश्व-ब्रह्माण्डकी उत्पत्ति, स्थिति और विनाश जिससे होता है, वह 'ब्रह्म' है।" वस्तुतः उत्पत्ति, स्थिति और विनाशकी शक्ति भागवती कृपाकी ही प्रतीक है। कृपा ही सर्जन करती है, वही पालन और संहार भी करती है।

तत्त्वकी दृष्टिसे कृपाशक्तिकी कृति समझमें आती है, परंतु अनेक प्राणियोंको इसकी प्रत्यक्ष अनुभूति क्यों नहीं होती? घट-घटमें व्याप्त यह चेतन कृपाशक्ति सारे प्राकृतिक व्यापारोंका संचालन करती है, कठपुतलीके समान सबको नचाती रहती है। उसी चेतन शक्तिके सम्पर्कका सही मार्ग न जान पानेके कारण उसे प्राप्त करनेके लिये व्याकुल यह पाञ्चभौतिक पुतला उन्नति-अवनति, यश-अपयश आदि नाना भूमिकाओंमें नाचता रहता है, हर्ष-शोक, सुख-दुःख आदि द्वन्द्वोंका भागी बनता है।

जीवको कृपाकी अनुभूति तो होती है, परंतु जबतक उसको कर्तृत्वका अभिमान रहता है, वह मायाके पाशमें आबद्ध रहता है। यद्यपि वह भगवत्कृपाके ही सहारे जीता है, तथापि माया—अहंकारगत विमूढ़ता उसे कृपाकी प्रत्यक्ष शीतल अनुभूतिसे दूर रखती है। गीता भी कहती है—

प्रकृतेः क्रियमाणानि गुणैः कर्माणि सर्वशः।
अहंकारविमूढात्मा कर्ताहमिति मन्यते॥
(३।२७)

'सारे कर्म प्रकृतिके गुणोंके द्वारा किये हुए हैं, तो भी अहंकारसे विमूढ़ अन्तःकरणवाला पुरुष मैं कर्ता हूँ—ऐसे मान लेता है।'

जबतक जीव अपनेको कर्ता समझता है, तबतक वह भगवत्कृपाका रसास्वादन नहीं कर सकता। भगवत्कृपाकी अनुभूतिसे दूर रहनेके कारण ही उसे मायाकृत सुख-दुःख, मानापमानादिका भोग भोगना पड़ता है। यह भी भगवत्कृपाका एक आश्चर्यमय स्वरूप है। जब वह भगवच्छरणापन्न हो जाता है तो उसकी जीवनधाराका स्रोत भगवान्की ओर मुड़ जाता है और वह उनकी कृपाकी प्रत्यक्ष अनुभूति करने लगता है। साधनमें भय-प्रलोभनादि सामने आते रहते हैं, पर भगवान् स्वयं कहते हैं—'मेरे परायण हुआ भक्त तो मेरी कृपासे सनातन अविनाशी पदको प्राप्त हो जाता है। मेरी कृपासे मेरे आश्रित रहनेवाला पुरुष समस्त संकटों (चाहे व्यावहारिक संकट हो—अथवा पारमार्थिक)से अनायास ही पार हो जायगा, यदि तू (हे अर्जुन!) अहंकारके कारण मेरी (कृपाकी) बातको नहीं सुनेगा तो नष्ट हो जायगा।' विचित्र सुदृढ़ताभरे वचन हैं—

सर्वकर्माण्यपि सदा कुर्वाणो मद्व्यपाश्रयः।
मत्प्रसादादवाप्नोति शाश्वतं पदमव्ययम्॥
मच्चित्तः सर्वदुर्गाणि मत्प्रसादात्तरिष्यसि।
अथ चेत्त्वमहङ्कारान्न श्रोष्यसि विनङ्क्ष्यसि॥
(गीता १८।५६, ५८)

भगवान्के आवाहनभरे आश्वासनको नहीं माननेसे ही यह जीव त्रितापानलमें जल रहा है—देवदुर्लभ मानव-शरीर और भगवान्की अनुकूलता (अनुग्रहप्राप्ति)का स्वर्ण-अवसर भगवत्कृपासे ही मिला है। हमें सावधानीसे इसका सदुपयोग कर लेना चाहिये—

नृदेहमाद्यं सुलभं सुदुर्लभं
प्लवं सुकल्पं गुरुकर्णधारम्।
मयानुकूलेन नभस्वतेरितं
पुमान् भवाब्धिं न तरेत् स आत्महा॥
(श्रीमद्भा० ११।२०।१७)

'यह मनुष्य-शरीर समस्त शुभ फलोंकी प्राप्तिका मूल है और अत्यन्त दुर्लभ होनेपर भी मेरी कृपासे अनायास ही सुलभ हो गया है। इस संसार-सागरसे पार जानेके लिये यह एक सुदृढ़ नौका है। मेरी शरण ग्रहण करनेमात्रसे गुरुदेव इसके केवट बनकर पतवारका संचालन करने लगते हैं। स्मरणमात्रसे ही मैं अनुकूल (कृपा-) वायुके रूपमें इसे लक्ष्यकी ओर बढ़ाने लगता हूँ। इतनी सुविधा होनेपर भी जो इस शरीरके द्वारा संसार-सागरसे पार नहीं हो जाता, वह तो अपने हाथों अपने आत्माका हनन—अधःपतन कर रहा है।

इह चेदवेदीदथ सत्यमस्ति
न चेदिहावेदीन्महती विनष्टिः।
भूतेषु भूतेषु विचित्य धीराः
प्रेत्यास्माल्लोकादमृता भवन्ति॥
(केन० २।५)

'यदि इस जन्ममें ब्रह्मको जान लिया, तब तो ठीक और यदि उसे इस जन्ममें न जाना, तब तो बड़ी भारी हानि है। बुद्धिमान् लोग उसे समस्त प्राणियोंमें उपलब्ध करके इस लोकसे जाकर (मरकर) अमर हो जाते हैं।'

भगवत्कृपाके पर्याय

(लेखक—डॉ० श्रीसियारामजी 'प्रवर' एम्० ए०, पी-एच्० डी०, साहित्यरत्न, आयुर्वेदरत्न)

समग्र ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान और वैराग्यके समाहारस्वरूप भगवान्की कृपा 'भगवत्कृपा' है । अतः भगवत्कृपा भक्तको भी किसी अंशमें उपर्युक्त षाड्गुण्यसे समुपेत करती ही है। 'क्रप्' धातुका सम्प्रसारण 'कृप्' है, उसमें 'अङ्' और 'टाप्' का योग होनेपर 'कृपा' शब्द निष्पन्न होता है । इसे 'कृ' और 'पा' धातुओंका यौगिक रूप भी मान सकते हैं । उस दशामें कृपाके अर्थमें 'भगवान्का अपने विरदकी रक्षा करना' या 'भक्तका पालन करना'—ये भाव भी समाविष्ट हो जाते हैं । 'भगवद्गुणदर्पण'में 'कृपा'की जो व्याख्या की गयी है, उसमें भगवान्का अपने सामर्थ्यके अनुसंधानके साथ समस्त प्राणियोंकी रक्षाका भाव मुख्यतः परिगणित है। अब हम यहाँ भगवत्कृपाके पर्यायोंपर संक्षेपमें विचार करेंगे ।

करुणा, दया, अनुकम्पा, अनुक्रोश, शूक, अनुग्रह, छोह, प्रसाद, अनुकूलता, शरण, अवलम्बन आदि शब्द 'कृपा'के पर्याय हैं । उर्दूका रहम शब्द भी इसी अर्थमें प्रयुक्त होता है । ये शब्द एकार्थी नहीं, समानार्थी हैं। इनके अर्थोंमें कुछ अंशोंमें समानता और कुछ अंशोंमें थोड़ी भिन्नता भी है । ये एक-दूसरेके स्थानपर भी प्रयुक्त हो सकते हैं । उदाहरणार्थ—दया, अनुकम्पा और करुणा प्रायः एक ही भावमें ग्रहण कर लिये जाते हैं । दया और कृपाको भी अधिकतर एकार्थीके रूपमें प्रयुक्त हुआ देखा जाता है। 'रहम' शब्द दया और अनुकम्पाका पर्याय है । भगवान् दया अर्थात् रहम करते हैं, अतः वे रहीम हैं । 'नेवाज' शब्दका अपभ्रंश 'निवाज' हो गया है । 'गरीबनिवाज' एक बहुप्रचलित विशेषण है, जो दीनदयालु या भगवान्के लिये भी प्रयुक्त होता है। गोस्वामी तुलसीदासजीने भी इस शब्दको ग्रहण किया है—

नाथ गरीबनिवाज हैं । (विनयप० १४८ । ५)

तथा—

सोऊ तुलसी निवाज्यो ऐसो राजा रामु रे ॥

(विनयप० ७१)

दया या करुणाके अर्थमें 'घृणा' शब्दका प्रयोग भी संस्कृतमें मिलता है;[1] किंतु हिंदीमें इसका इस अर्थमें व्यवहार कहीं दिखायी नहीं देता । 'घृ सेके' धातुसे बने 'घृणा' शब्दका अर्थ है—'घ्रियते सिच्यते हृदयमनया, दयारसेन हि हृदयं सिक्तमिवार्द्रं भवतीति घृणा ।' 'घृ'का अर्थ सींचना है । जो हृदयको सींचे, वह 'घृणा' (करुणा) है[1] ।

करुणा—

'कृ' धातुमें 'उनन्' और 'टाप्'के योगसे 'करुणा' शब्द बना है । 'परदुःखहानेच्छा'—पर-दुःख-निवारण करनेकी इच्छा इसका अर्थ है । यही तो दया या अनुकम्पा है । करुणा एक शाश्वत मानवीय भावशक्ति है ।[2] कालिदासने रघुवंशमें मृत्युको करुणा-विमुख कहा है;[3] और मेघदूतमें करुणावृत्ति-वालोंके आत्माकी आर्द्रता प्रकट की गयी है ।[4]

'भगवद्गुणदर्पण'के चौथे परिच्छेदमें करुणाकी व्याख्या इन शब्दोंमें हुई है—

आश्रितार्त्यग्निमहिम्नो रक्षितुर्हृदयद्रवः ।
अत्यन्तमृदुचित्तत्वमश्रुपातादिकृद् द्रवत् ॥
कथं कुर्यां कदा कुर्यामाश्रितार्त्तिनिवारणम् ।
इतीच्छा दुःखदुःखित्वमार्त्तानां रक्षणत्वरा ॥
परदुःखानुसंधानाद् विह्वलीभवनं विभोः ।
कारुण्यात्मगुणस्त्वेष आर्त्तानां भीतिवारकः ॥

'रक्षक भगवान्का हृदय अत्यन्त मृदुल है, इसी कारण वह आश्रित जनोंकी दुःखाग्निकी ज्वालासे द्रवित हो जाता है और अश्रुपात आदिके रूपमें बाहर फूट निकलता है । फिर तो वे अकुला उठते हैं कि इन आश्रितोंका कष्टनिवारण मैं

---

१. मन्दमस्यन्निपुलतां घृणया मुनिरेष वः । प्रणुदत्यागतावज्ञं जघनेषु पशूनिव ॥

(किरातार्जुनीयम् १५ । १३)

२. स्कन्दपुराणके काशीखण्डमें करुणाको कान्ता और दयास्वरूपा कहा है—'कूटस्था करुणा कान्ता कूर्मयाना कलावती ।' इसकी टीकामें कहा है—'करुणा दयास्वरूपा ।'

३. करुणाविमुखेन मृत्युना हरता त्वां वद किं न मे हृतम् ॥ (रघुवंश ८ । ६७)

४. प्रायः सर्वो भवति करुणावृत्तिरार्द्रान्तरात्मा ॥ (मेघदूत, ७)

कब और किस प्रकार करूँ ? उनकी यह इच्छा और आर्तोंके परित्राणकी त्वरा ही परदुःखदुःखित्व है। सर्वव्यापक प्रभुका परदुःखके अनुसंधानसे विह्वल हो जाना उनका करुणा-गुण है, जो आर्तोंके भयका निवारक है।'

गोस्वामी तुलसीदासजीने करुणा-गुणकी इन विशेषताओंको अत्यन्त संक्षेपमें इस प्रकार कह दिया है—

करुनामय रघुनाथ गोसाँई। बेगि पाइअहिं पीर पराई॥
(मानस २। ८४। १)

महर्षि शाण्डिल्यने भगवान्‌का मुख्य गुण करुणा ही माना है—

मुख्यं तस्य हि कारुण्यम्॥ (शां० भक्तिसूत्र ४९)

यहाँतक कि परम करुणामय भगवान्‌ने शिवरूपमें विश्वहितार्थ विष-पानतक कर लिया—

पान कियो बिषु, भूषन भो,
करुनावरुनालय साइँ हियो है॥
(कवितावली ७। १५७)

दीनोंपर उनका स्नेह और कारुण्य इतना प्रबल है कि वे उनकी आर्त्ति क्षणभर भी नहीं देख सकते—

सकत न देखि दीन कर जोरें॥ (विनयप० ६। २)

इससे स्पष्ट है कि जब भगवान् जीवके दुःखको देखकर विह्वल हो जाते हैं और उसे शीघ्रातिशीघ्र दूर करनेके लिये तत्पर रहते हैं, तब भला, वे भक्तपर क्रोध कैसे कर सकते हैं ? गोस्वामी तुलसीदासजी कहते हैं—

जेहि जन पर ममता अति छोहू। जेहिं करुना करि कीन्ह न कोहू॥
(मानस १। १२। ३)

शास्त्र-वचन है कि शिशुके लालन-कर्मके क्रममें यदि माता उसका ताड़न भी कर देती है तो वह उसका अकारुण्य नहीं कहा जाता, उसी प्रकार गुण-दोषोंके नियन्ता भगवान्‌का दण्ड-विधान भी अकरुण नहीं है—

लालने ताडने मातुर्नाकारुण्यं यथार्भके।
तद्वदेव महेशस्य नियन्तुर्गुणदोषयोः॥

भगवान् श्रीराम करुणासुखसागर हैं। सेवक-हित-कारिता उनका विरद है। वे अपने जनके गुणोंको ग्रहण करते हैं और दोषोंका दलन। उनकी जितनी तत्परता भक्तके गर्व-तरुके उन्मूलनमें है, उतनी ही उन्हें वर देनेमें भी होती है—

जन गुनगाहक राम दोषदलन करुनायतन॥
(मानस १। ३३६)

करुनानिधि मन दीख बिचारी। उर अंकुरेउ गरब तरु भारी॥
बेगि सो मैं डारिहउँ उखारी। पन हमार सेवक हितकारी॥
(मानस १। १२८। २-३)

सुनि केवट के बैन प्रेम लपेटे अटपटे।
बिहसे करुनाऐन चितइ जानकी लखन तन॥
(मानस २। १००)

बिदा कीन्ह करुनायतन भगति बिमल बरु देइ॥
(मानस २। १०२)

जहाँ उन्हें प्रीतिका अंशमात्र भी दिखायी पड़ा, वहीं वे भक्तकी अभिलाषा-पूर्तिके लिये 'एवमस्तु' कह देते हैं—

देखि प्रीति सुनि बचन अमोले। एवमस्तु करुनानिधि बोले॥
(मानस १। १४९। १)

एवमस्तु करुनानिधि कहेऊ। (मानस १। १५०। ४)

दया—

दय्+अङ्+टाप्—इति दया। 'दय्' धातुके अर्थ हैं—सहानुभूति प्रदर्शित करना, पसंद करना, प्यार करना, रक्षा करना, देना, बाँटना, जाना आदि। दयामें इन सब भावोंका समावेश रहता है। किसीको कष्टापन्न या दुःखदग्ध देखकर द्रवितचित्त होकर उसकी सहायताके लिये अपना सर्वस्व लगा देनेको तत्पर हो जाना 'दया-भाव' कहलाता है। इस भावमें स्वार्थका स्पर्शतक नहीं रहता—

दया दयावतां ज्ञेया स्वार्थस्तत्र न कारणम्॥
(भ० गु० द० परि० १)

'दया' दूसरोंके दुःख, खेद, संशय आदिको देखकर उत्पन्न होती है। दयाका मुख्य आधार चित्तकी कोमलता है—

कोमलचित दीनन्ह पर दाया॥ (मानस ७। ३७। २)

दयामें ऐसे दिव्य गुणोंकी अवस्थितिके कारण ही आध्यात्मिक गुणोंमें इसका इतना उच्च स्थान है। शाक्त-मतमें जो शक्तियोंके विभिन्न रूप बताये गये हैं, उनमें 'दया' अन्यतम है—

श्रद्धा मेधा स्वधा स्वाहा क्षुधा निद्रा दया गतिः॥
संस्थिताः सर्वतः पार्श्वे महादेव्याः पृथक् पृथक्।
(देवीभागवत १। १५। ६०-६१)

अर्थात् भगवती महादेवीके पार्श्वभागमें श्रद्धा, मेधा, स्वधा, स्वाहा, क्षुधा, निद्रा, दया और गति—ये सभी ओरसे पृथक्-पृथक् संस्थित रहती हैं।

'भगवद्गुणदर्पण'के प्रथम परिच्छेदमें भगवान्के दया-गुणका व्याख्यान इन शब्दोंमें हुआ है—

'प्रतिकूलानुकूलोदासीनसर्वचेतनाचेतनवस्तुविषयस्वरूप-सत्त्वोपलम्भनरूपपालनानुगुणव्यापारविशेषो हि भगवतो दया।'

अर्थात् प्रतिकूल और अनुकूलपर ध्यान न देकर चेतन और अचेतन सभीके अनुपालन करनेका भगवान्का स्व-व्यापारविशेष उनकी 'दया' है।

इस भावको गोस्वामी श्रीतुलसीदासजी इन शब्दोंमें व्यक्त करते हैं—

राम सुस्वामि कुसेवकु मोसो। निज दिसि देखि दयानिधि पोसो॥
(मानस १। २७। २)

तथा—

अस प्रभु दीनबंधु हरि कारन रहित दयाल।
(मानस १। २११)

बिनु कारन दीनदयाल हितं।
(मानस ६। ११०। छंद ६)

ऋषियोंके अस्थि-समूहको देखकर श्रीराम दयाद्रवित हो उठते हैं—

अस्थि समूह देखि रघुराया। पूछी मुनिन्ह लागि अति दाया॥
(मानस ३। ८। ३)

इसीलिये भक्तगण श्रीसीताजीके स्वरमें प्रार्थना करते हैं—

दीन दयाल बिरिदु संभारी। हरहु नाथ मम संकट भारी॥
(मानस ५। २६। २)

फिर भी भक्ति ऐसी अनुपम वस्तु है, जिससे भगवान् द्रवित हो जाते हैं और भक्तपर स्वयमेव दया करते हैं—

जातें बेगि द्रवउँ मैं भाई। सो मम भगति भगत सुखदाई॥
(मानस ३। १५। १)

कहहु सो भगति करहु जेहिं दाया॥ (मानस ३। १३। ४)

भगवान्की दया ही अतिशय प्रबल 'माया'से पिण्ड छुड़ा सकती है और मायाके परिवार—काम, क्रोध, लोभादि दूर कर सकती है। यही 'क्लेश', 'संकट'या 'भेददृष्टि'से जीव-का उद्धार होना है और यही 'कुशल' है—

अतिसय प्रबल देव तव माया। छूटइ राम करहु जौं दाया॥
(मानस ४। २०। १)

क्रोध मनोज लोभ मद माया। छूटहिं सकल राम की दाया॥
(मानस ३। ३८। २)

अब दीनदयाल दया करिए। मति मोरि बिभेदकरी हरिए॥
(मानस ६। ११०। छंद १०)

अब पद देखि कुसल रघुराया। जौं तुम्ह कीन्हि जानि जन दाया॥
(मानस ५। ४५। ४)

जिसपर भगवान्की दया होती है, उसके योग-क्षेमका वहन भी वे ही करते हैं, जिससे वह विजयी, विनयी, गुणसागर और यशस्वी बन जाता है। अतः गोस्वामीजी-ने इसे 'शुभकुशल' माना है—

जामवंत कह सुनु रघुराया। जा पर नाथ करहु तुम्ह दाया॥
ताहि सदा सुभ कुसल निरंतर। सुर नर मुनि प्रसन्न ता ऊपर॥
सोइ बिजई बिनई गुन सागर। तासु सुजसु त्रैलोक उजागर॥
(मानस ५। २९। १-२)

कृपा और दयाके अर्थोंमें सूक्ष्म अन्तर है। मार्दव भगवान्का सहज गुण है। उनका कोमल चित्त जब जनकी दीनताको लक्ष्य करके द्रवित होता है, तब उनका वह गुण 'दया' कहलाता है। 'दयालुता' भगवान्का स्वभाव है; उस स्वभावको क्रियामें ढालना उनकी 'कृपालुता' है। शिवभक्त शूद्रके गुरुजीकी शंकर-स्तुतिपर ध्यान देनेसे यह भेद स्पष्ट हो जायगा—

संकर दीनदयाल अब एहि पर होहु कृपाल।
साप अनुग्रह होइ जेहिं नाथ थोरेहीं काल॥
(मानस ७। १०८ घ)

जेहिं उपाय पुनि पाय जनु देखै दीनदयाल।
सो सिख देइअ अवधि लगि कोसलपाल कृपाल॥
(मानस २। ३१३)

कृपामें स्नेहकी कोमलता लक्षित होती है और दयामें आर्द्रता। दयामें कोमलता अतिको पहुँच जाती है। कोमलतामें (मधुर) कृतित्व और (सर्व-) समत्व है, आर्द्रतामें (स्वचित्त-) अवशत्व और (जन-प्रति) निजत्व है।

दीनता देखकर द्रवित होनेका नाम 'दया' है, अतः दया विश्वात्माका जीव-बन्धुत्व है। किंतु अपने ही 'पन' अथवा 'बिरद'के संधानसे जब भगवान्के चित्तकी मृदुता भक्तको आत्मसात करती है, तब वह 'कृपा' कही

जाती है। कृपालुताका यह भाव भगवान्‌का जीवस्वामित्व है, जो श्रीरामचरितमानसमें 'रघुराई' शब्दके द्वारा व्यक्त किया जाता है —

कोमलचित कृपाल रघुराई ॥ (मानस ५ । १३ । २)

सिव अज पूज्य चरन रघुराई । मो पर कृपा परम मृदुलाई ॥
(मानस ७ । १२३ । २)

अनुकम्पा —

अनु+कम्प+अ+टाप्—इति अनुकम्पा । 'गुरोश्च हलः' (पा० अ० ३ । ३ । १०३) इति 'अ' । उपर्युक्त प्रकारसे व्युत्पन्न अनुकम्पा शब्द पर-पीड़ा देखकर अत्यन्त विकल हो जानेका भाव प्रकट करता है। ऐसा व्यक्ति समवेदनाकी प्रबल प्रेरणासे दुःखीके दुःख-निवारणार्थ यथाशक्ति प्रयास करता है । अतः भगवद्गुणदर्पणके तीसरे परिच्छेदमें अनुकम्पाकी परिभाषा इस प्रकार की गयी है—

रक्षिताश्रितभक्तानामनुरागसुखेच्छया ।
भूयोऽभीष्टप्रदानाय यच्च ताननुधावति ॥
अनुकम्पा गुणो ह्येष प्रपन्नप्रियगोचरः ॥

रक्षित एवं आश्रित भक्तोंपर अनुराग करने एवं उन्हें सुख पहुँचानेकी इच्छासे तथा उनकी अभीष्ट-पूर्तिके लिये जो उनपर द्रवित होना है, वह शरणागतोंका परम प्रिय गुण 'अनुकम्पा' कहलाता है। अनुकम्पाके विषयमें ध्यातव्य यह है कि यह पूर्वसे रक्षित और आश्रित भक्तपर ही होती है। शबरी और जटायुपर भगवदनुकम्पा प्रकट हुई थी ।

काव्यका **'कम्पसे नानुकम्पसे'** वाक्य परपीड़ासे काँप जाना, अर्थात् अत्यन्त व्यथित हो जाना ध्वनित करता है।

गुरु या ऋषिके द्वारा शिष्योंको धर्मका उपदेश कर उन्हें उसका निश्चित ज्ञान करा देना भी 'अनुकम्पा' है—

ऋषेः शिष्यानुकम्पार्थं वदतो धर्मनिश्चयम् ॥
(मार्कण्डेयपुराण ३ । ५)

अनुक्रोश—

अनु+क्रुश+अ—इति अनुक्रोशः । 'हलश्च' (पा० अ० ३ । ३ । १२१) इति घञ् । 'क्रुश' धातुके दो अर्थ हैं—रोना और बुलाना। किसी दुःखीकी पुकारपर व्यथित—व्याकुल हो जानेका भाव 'अनुक्रोश' कहलाता है। इसमें सौहार्द और संवेदना—दोनोंका संयोग रहता है । निम्नाङ्कित पङ्क्तिसे 'अनुक्रोश'के अर्थपर प्रकाश पड़ता है—

सौहार्दाद् वा विधुर इति वा मय्यनुक्रोशबुद्ध्या ॥
(मेघदूत, उ० ५२)

इस प्रकार अनुक्रोशका भाव अरबी शब्द 'रहम'के निकट है। रहममें इसके समान संवेदना तो है, किंतु ऐसा सौहार्द नहीं है। अनुक्रोश प्रधानतः चित्तकी मृदुलताको व्यक्त करता है। कोमलभावके साथ परहितवाञ्छा अनुक्रोश है। प्रतिमानाटकके पाँचवें अङ्कमें सीताजीके वचन—'तावदिमान् **बालवृक्षान् उदकप्रदानेन अनुक्रोशयिष्यामि'**—नवजात बाल-वृक्षोंको जलप्रदान मनोमार्दवकी ही व्यञ्जना करता है । अ० शा० तृ० अङ्कमें दुष्यन्तके वचन 'भगवन् **कामदेव, न ते मय्यनुक्रोशः'**में अनुक्रोश 'सहानुभूति' और 'अभिज्ञान-शाकुन्तलम्'के तृतीय अङ्कमें दुष्यन्त कथन **'न ते मां प्रत्यनुक्रोशः'** में दयालुताका वाचक है।

शूक—

शूक शब्द **'शो तनूकरणे'** धातुमें **'उल्कादयश्च' (उण ४ । ४०)** सूत्रसे 'ऊक' प्रत्यय लगानेपर व्युत्पन्न होता है 'शूक'का अर्थ है—**'श्लक्ष्णतीक्ष्णव्यग्रभागः'** । इससे अर्थ विकास होकर अनुक्रोश, दया, करुणा, कृपाका भाव शूक समाहित हो गया है ।

अनुग्रह—

अनु+ग्रह+अ—इति अनुग्रहः । निग्रहका उलटा अनुग्रह है । निग्रहकी पकड़ 'पकड़' है, अनुग्रहकी पकड़ 'बेपकड़' है। अतः भगवान्‌की पकड़ रोधिका नहीं, बोधिका है—पोषिका है। वह भङ्गीकरण नहीं अङ्गीकरण है। फलितार्थ यह कि भगवान्‌का कर-कमलकृत निग्रह भी अनुग्रह ही है। भगवान् सभी दशाओंमें जीवपर अनुग्रह-भाव ही रखते हैं, उनका दण्ड-विधान भी अनुग्रहपूर्ण है। श्रीमद्भागवतकी यही प्रतिपत्ति है—

अप्येवमर्य भगवान् परिपाति दीनान्
वाश्रेव वत्सकमनुग्रहकातरोऽस्मान् ॥
(श्रीमद्भा० ४ । ९ । १७)

जिस प्रकार गौ अपने बछड़ेको चाटकर शुद्ध करती, दूध पिलाती और रक्षा करती है, उसी प्रकार भगवान् भी दीनजनोंकी सब प्रकारसे रक्षा करनेके लिये विकल रहते हैं। बरबस उनकी कामनाएँ पूर्ण करते तथा भवसागरसे उनका त्राण करते हैं। जीवमात्रका जो सतत सम्पोषण हो रहा है, वह सब भगवान्‌का अनुग्रह ही तो है । श्रीमद्भागवत(२ । १० । ४)में इसीलिये भगवदनुग्रहको पोषणरूप कहा है—**'पोषणं तदनुग्रहः ।'**

सामान्य लोक-व्यवहारमें भी देखा जाता है कि दरिद्रावस्थामें किसीका पोषण करना उसपर अनुग्रह समझा जाता है। प्रभुका अवतार-धारण भी भक्तोंपर अनुग्रह करनेके लिये ही होता है—

स्वलीलाकीर्तिविस्ताराद् भक्तेष्वनुजिघृक्षया ॥

अतः भगवान्‌को भृत्यानुग्रहकातर समझकर 'तवास्मि प्रपन्नोऽहम्' कहते हुए उनके सम्मुख होना चाहिये।

गोस्वामी तुलसीदासजीने भी भगवान्‌की अनुग्रह-प्रवणताका दिग्दर्शन कराया है। मानसमें भगवान् श्रीरामका नारदजीके प्रति कथन है—

सुनु मुनि तोहि कहउँ सहरोसा। भजहिं जे मोहि तजि सकल भरोसा॥
करउँ सदा तिन्ह कै रखवारी। जिमि बालक राखइ महतारी॥
गह सिसु बच्छ अनल अहि धाई। तहँ राखइ जननी अरगाई॥
(३।४२।२-३)

भगवान् श्रीराम तो अनुग्रह करनेमें इतने बढ़े हुए हैं कि वे एक ही प्रकारसे नहीं, सब प्रकारसे भक्तपर अनुग्रह करते हैं। जितने भी प्रकारके सुख हो सकते हैं, उन सबकी मानो वे भक्तपर एक साथ वर्षा कर देते हैं और ऐसा करनेमें वे अपने 'नियम' अर्थात् न्याय-भाव आदिकी भी चिन्ता नहीं करते। वे तो भक्तके प्रेममें ही मग्न हो जाते हैं। उनका यह स्नेह असीम होता है और 'छोह'की स्थितितक चला जाता है। श्रीभरतजीकी यही अनुभूति है—

निज पन तजि राखेउ पनु मोरा। छोहु सनेहु कीन्ह नहिं थोरा॥
कीन्ह अनुग्रह अमित अति, सब बिधि सीतानाथ।
(मानस २।२६५।४; २।२६६)

कभी-कभी भगवान्‌का अनुग्रह विचित्र रूपमें होता है। प्रतीत होता है कि हम किस अनिष्टमें फँस गये; किंतु वह अनिष्ट-आभासमयी स्थिति भगवान्‌के स्वरूपको अधिक स्पष्ट करनेका या भगवद्रूप किसी संतके मिलनका हेतु बन जाती है। उदाहरणार्थ, भगवान् श्रीरामको नाग-पाशसे बँधा देखकर गरुड़जीको जो संशय हुआ था, वह अन्ततोगत्वा श्रीभुशुण्डिसे उनके सत्सङ्गके रूपमें परिणत हो गया, जो शोक-मोह-निवारक और प्रभुपद-प्रीति-दृढ़कर सिद्ध हुआ। श्रीगरुड़जीका कथन है—

देखि चरित अति नर अनुसारी। भयउ हृदयँ मम संसय भारी॥
मोह भ्रम अब हित करि मैं माना। कीन्ह अनुग्रह कृपानिधाना॥
जो अति आतप ब्याकुल होई। तरु छाया सुख जानइ सोई॥
जौं नहिं होत मोह अति मोही। मिलतेउँ तात कवन बिधि तोही॥
राम कृपाँ तव दरसन भयऊ। तव प्रसाद सब संसय गयऊ॥
(मानस ७।६८।१-२,४)

कृपा और अनुग्रहके अर्थोंमें सूक्ष्म भेद है। कृपाके साथ स्नेहकी प्रधानता रहती है और अनुग्रहके साथ रक्षा करनेके भावकी। मानसके निम्नाङ्कित वचनोंसे यह स्पष्ट हो जायगा—

मो पर कृपा सनेहु बिसेषी। खेलत खुनिस न कबहूँ देखी॥
(२।२५९।३)

जौं रघुबीर अनुग्रह कीन्हा। तौ तुम्ह मोहि दरसु हठि दीन्हा॥
(५।६।३)

मातु बिबेक अलौकिक तोरें। कबहुँ न मिटिहि अनुग्रह मोरें॥
(१।१५०।२)

अनुग्रहका आधार भगवत्ता अर्थात् भगवान्‌का प्रभुत्व, ऐश्वर्य और सम्पन्नता है। अनुग्रहमें कृपा, दया, प्रणत-पालन, छोह आदिका भी अन्तर्निवेश है—

जय जय सुरनायक जन सुखदायक प्रनतपाल भगवंता।
गो द्विज हितकारी जय असुरारी सिंधुसुता प्रिय कंता॥
पालन सुर धरनी अद्भुत करनी मरम न जानइ कोई।
जो सहज कृपाला दीन दयाला करउ अनुग्रह सोई॥
(मानस १।१८५। छं० १)

भगवान्‌के स्वकीय अनुग्रहद्वारा प्रदत्त प्रेमा-भक्ति भगवत्प्रसाद होनेसे निर्मोहा, अक्षय और अनन्त होती है। इसे 'अनपायिनी' भक्ति भी कहते हैं—

परमानंद कृपायतन मन परिपूरन काम।
प्रेम भगति अनपायनी देहु हमहि श्रीराम॥
(मानस ७।३४)

छोह—

'छोह' जन-भाषामें ममताके अर्थमें व्यवहृत होता है। अपने विशुद्ध रूपमें ममता 'मोह' नहीं, किंतु 'कृपा'की कोटिमें पहुँच जाती है। श्रीरामचरितमानसके निम्नाङ्कित कथनोंके अनुसार 'छोह'का अर्थ 'करुणामयी कृपा' अथवा 'ममता' है—

करब सदा लरिकन्ह पर छोहू। दरसनु देत रहब मुनि मोहू॥
(१।३५९।४)

बिप्र सहित परिवार गोसाईं। करहिं छोहु सब रौरिहि नाईं॥
(२।२।२)

जौं बिधि जनमु देइ करि छोहू। होहुँ राम सिय पूत पुतोहू॥
(२।१४।४)

भगवान् श्रीरामकी भक्तोंपर ममता और भक्तवत्सलता 'छोह' बन गयी है। भक्तोंके प्रति भगवान्‌का स्नेहमय छोह इतना प्रबल है कि वे उनके प्रणकी रक्षाके लिये अपना प्रण छोड़ देते हैं। भीष्मके प्रणकी रक्षाके लिये भगवान् श्रीकृष्णका अपना प्रण तोड़ देना प्रायः विश्व-विश्रुत ही है। 'मानस'में श्रीभरतजीकी भी यही अनुभूति है—

निज पन तजि राखेउ पन मोरा। छोहु सनेहु कीन्ह नहिं
(२।२६५

भगवान् श्रीराम और भगवती श्रीसीताका 'छोह' स्नेह और ममताका सुधासागर है, तभी तो वे जिसपर छोह करते हैं, वह अजर-अमर और गुणनिधि बन जाता है। माता सीता हनुमानजीको आशीर्वाद देती हैं और श्रीरामके छोहको इससे भी अधिक महत्त्वपूर्ण बतलाती हैं—

आसिष दीन्हि राम प्रिय जाना। होहु तात बल सील निधाना॥
अजर अमर गुन निधि सुत होहू। करहुँ बहुत रघुनायक छोहू॥
(मानस ५। १६। १-२)

भगवान् ही छोहपूर्वक जीवको माया-विमुक्त करते हैं। यह छोह अनुग्रह-जैसा ही कार्य करता है। श्रीहनुमानजी कहते हैं—

नाथ जीव तव मायाँ मोहा। सो निस्तरइ तुम्हारेहिं छोहा॥
(मानस ४। २। १)

प्रसाद—

'प्रसाद' वह है, जो सदा साथ रखने या शिरोधार्य करने योग्य हो। जीवके लिये गुरु और भगवान्का परम प्रसाद यही है कि वह ज्ञानके द्वारा संशय-विनिर्मुक्त हो, क्लेश-क्षपण कर परासिद्धि प्राप्त कर ले। मार्कण्डेयपुराणमें एक स्थलपर कहा गया है—

ज्ञानदर्शितमार्गाश्च विधूतक्लेशकल्मषाः।
मत्प्रसादादसंदिग्धाः परां सिद्धिमवाप्स्यथ॥
(३। ७८)

'मेरे प्रसाद (कृपा)से ज्ञानद्वारा दर्शित मार्गके पथिक, पाप-क्लेश-विनिर्मुक्त और संशयरहित होनेपर तुमलोगोंको परा सिद्धिकी प्राप्ति होगी।'

श्रीमद्भगवद्गीता (२। ६४-६५)के अनुसार रागद्वेष-रहित आत्मसंयमी व्यक्तिको 'प्रसाद' की प्राप्ति होती है। 'प्रसाद' प्राप्त होनेपर सम्पूर्ण दुःखोंकी निवृत्ति हो जाती है। 'प्रसाद' चित्त-नैर्मल्यरूप होता है, जिससे स्थितप्रज्ञताकी सम्प्राप्ति होती है। योगियोंके लिये यह योगका फल है तो भक्तोंके लिये भगवान्का कृपा-प्रसाद। सुतरां, प्रसादकी विशेषता है—सर्वक्लेशप्रणाश-पुरःसर चित्तकी प्रसन्नता।

भगवान् श्रीराम भुशुण्डिजीको ऐसी ही दुर्लभ वस्तु प्रसादरूपमें प्रदान करते हैं—

अबिरल भगति बिसुद्ध तव श्रुति पुरान जो गाव।
जेहि खोजत जोगीस मुनि प्रभु प्रसाद कोउ पाव॥
(७। ८४ क)

रत्नराशियोंमें सबसे महार्घ निधि है भक्ति। वह तो भगवान्का प्रत्यक्ष प्रसाद है। भगवान् भक्तिको सर्वाङ्गसहित … हृदयासनपर आसीन कर देते हैं—

भगति ग्यान बिग्यान बिरागा। जोग चरित्र रहस्य बिभागा।
जानब तैं सबही कर भेदा। मम प्रसाद नहिं साधन खेदा।
(मानस ७। ८४। ४)

नामु जपत प्रभु कीन्ह प्रसादू। भगत सिरोमनि भे प्रहलादू।
(मानस १। २५। २)

प्रसादका व्युत्पत्ति-लभ्य अर्थ 'प्रसन्नता' भी है। प्रसन्नता अर्थात् निर्मलता। भगवत्प्रसाद कालुष्य-नाश करता है। काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह, मत्सर—ये जीवके महान् कालुष्य हैं। भगवत्प्रसाद (नाम-प्रसाद)से इनपर विजय प्राप्त होती है और चित्त निर्मल बनता है। गोस्वामी तुलसीदासजी कहते हैं-

सेवक सुमिरत नामु सप्रीती। बिनु श्रम प्रबल मोह दलु जीती॥
(मानस १। २४। ४)

सुक सनकादि सिद्ध मुनि जोगी। नाम प्रसाद ब्रह्मसुख भोगी॥
(मानस १। २५। १)

भगवान् श्रीरामकी माधुर्य-लीलाका रहस्य जानना भी भगवत्प्रसादसे ही सम्भव है।

यह भगवत्प्रसाद ही था कि तुलसीदासजीने श्रीराम-रहस्य समझा और उसकी दिक्कालाद्यनवच्छिन्न अनुभूति कोटि-कोटि सुजनोंतक सम्प्रेषित करते हुए वे उसकी अत्यन्त मनोरम अभिव्यक्ति कर सके। वे कहते हैं—

संभु प्रसाद सुमति हियँ हुलसी। रामचरितमानस कबि तुलसी।
(मानस १। ३५। १

भगवत्प्रसादसे समस्त संशय, मोह, भ्रम आदि न[ष्ट] हो जाते हैं, हृदयमें समस्त सद्गुणोंका वास हो जाता [है] और सकल क्लेशहारिणी परम श्रेयोमयी भक्ति चित्तमें द[ृढ़] हो जाती है—

मैं कृतकृत्य भइउँ अब तव प्रसाद बिस्वेस।
उपजी राम भगति दृढ़ बीते सकल कलेस॥
(मानस ७। १२[…]

यही कारण है कि भगवदीय 'प्रसाद' भगवत्स्वरूप ही है।

अनुकूलता—

प्रभुकी पञ्चमी शक्ति अर्थात् अनुग्रह-शक्ति सर्वशक्तियों[का] समाहार है। ऐश्वर्य और माधुर्यकी अधिष्ठात्री स[भी] शक्तियाँ अनुग्रह-शक्तिके अधीन होकर काम करती हैं। अ[तः] अनुग्रह-शक्तिमें सभी शक्तियोंका समायोजन होता है। अ[तः] यह अनुग्रह भक्तपर भगवान्की अनुकूलताका ही एक स्व[रूप] है। इस भावको श्रीहनुमानजीके मुखसे गोस्वामी तुलसीदा[स] इन शब्दोंमें कहलाते हैं—

ता कहँ प्रभु कछु अगम नहिं जा पर तुम्ह अनुकूल ।
तव प्रभावँ बड़वानलहि जारि सकइ खलु तूल ॥
(मानस ५ । ३३)

अनुकूलता ही 'सम्मुखता' है । 'सन्मुख मरुत अनुग्रह मेरो'के अनुसार भवसागर-तितीर्षुके लिये भगवान्का अनुग्रह ही जलयानको गति देनेवाला अनुकूल वायु है ।

क्योंकि 'भगतिहि सानुकूल रघुराया' (मानस ७ । ११५ । ३)—भगवान् भक्तिके प्रति अनुकूल रहते हैं और जब वे अनुकूल रहते हैं, तब भक्तपर अनुग्रहकी वर्षा निरन्तर होती ही रहती है । भक्तिरूपिणी सीताके अनुकूल होनेपर विशोकावस्था प्राप्त हो जाती है—

सब बिधि सानुकूल लखि सीता । भे निसोच उर अपडर बीता ॥
(मानस २ । २४१ । ३)

यह भक्ति श्रीरामके सुयश और चरितके श्रवणसे प्राप्त होती है और इससे प्रभुकी अनुकूलताकी अनुभूति होती है—

कलि मल समन दमन मन राम सुजस सुखमूल ।
सादर सुनहिं जे तिन्ह पर राम रहहिं अनुकूल ॥
(मानस ३ । ६ क)

मार्कण्डेयपुराणका वचन है कि लोकमें दैवकी अनुकूलता महाभाग्योदयकारिणी होती है—

दैवानुकूलता लोके महाभाग्यप्रदर्शिनी ॥
(२ । ५९)

जिसपर प्रभु अनुकूल होते हैं, उसे न तो त्रिताप दग्ध कर सकते हैं और न किसी प्रकारकी क्लान्ति ही रह सकती है । तात्पर्य यह कि उसके लिये कुछ भी अगम्य, अप्राप्य नहीं रह जाता—

तुम्ह कृपाल जा पर अनुकूला । ताहि न ब्याप त्रिबिध भव सूला ॥
(मानस ५ । ४६ । ३)

शरण—

जिससे दुःख-नाश हो, वह 'शरण' है । इसके चार अर्थ हैं—गृह, रक्षयिता, रक्षण और वध । 'वध-अर्थमें इसका प्रयोग हिंदीमें नहीं हुआ है । आगार और रक्षण-अर्थोंमें ही यह हमें मिलता है ।

'शरण' भगवत्कृपाकी चरम परिणति है । 'शरण' शब्द जीव और ईश—दोनोंके संदर्भमें प्रयुक्त होता है । जीवके विषय-में इसका अर्थ है—भगवान्का आश्रय ग्रहण करना और भगवान्के संदर्भमें—जीवका परम आश्रय, जिसे 'वीरशैवमत'-में 'स्थल' कहा गया है । शरणद और शरण-रूप होनेसे ही भगवान्को शरण्य-वरेण्य कहा गया है । 'मोरें सबइ एक तुम्ह स्वामी' (मानस १ । ७१ । ३)में शरणका यही भाव है । शरणमें आये हुए जीवको प्रभु अवश्य अपनाते हैं । भगवान् श्रीरामका कथन है—

कोटि बिप्र बध लागहिं जाहू । आएँ सरन तजउँ नहिं ताहू ॥
(मानस ५ । ४३ । १)

इतना ही नहीं, वे उसकी स्वप्राणवत् रक्षा करते हैं—

जौं सभीत आवा सरनाईं । रखिहउँ ताहि प्रान की नाईं ॥
(मानस ५ । ४३ । ४)

'शरण' अथवा 'प्रपन्नता'का अर्थ है जीवका यह सम्प्रधारण कि 'मैं तुम्हारा हूँ' । यही जीवका प्रभुके सम्मुख होना है । ऐसा होते ही भगवान् उसे अपना लेते हैं और सर्वथा अभय कर देते हैं ।

अवलम्बन—

'अवलम्बन'के आश्रय, सहारा, संरक्षण आदि अर्थ होते हैं । यह शरणागत भक्तका भाव है । भगवान् भक्तके भावोंके अनुसार अपने भाव प्रकट करते हैं । अतः अवलम्बन और आश्रय उनकी कृपाके द्योतक हो जाते हैं । 'राम नाम अवलंबन एकू' (मानस १ । २६ । ४)-जैसे वचनोंमें अवलम्बनका अर्थ सहारा तो है ही, कृपामयता भी है । 'देहि अवलंब कर कमल' (विनयपत्रिका ५८।१)में तो कृपाका स्पष्ट प्रत्यक्षण है । भरतजी-ने श्रीरामसे ऐसी कृपाकी याचना की, जिसके सहारे वे श्रीराम-वनवासकी दीर्घ अवधिसे पार पा सकें । श्रीरामने उनका बहुत प्रबोधन किया, किंतु 'आधार'के बिना उनके चित्तको शान्ति नहीं मिल रही थी । तब प्रभुने उन्हें अपनी पादुकाएँ दीं, जो स्नेह और सेवाकी प्रत्यक्ष वरदान थीं । उन्हें पाकर श्रीभरत ऐसे मुदित हुए मानो श्रीसीताराम अवधमें ही रह गये हों—

सो अवलंब देव मोहि देई । अवधि पारु पावौं जेहि सेई ॥
(मानस २ । ३०६ । ४)

भगवत्कृपाके कतिपय पर्यायोंके अति संक्षेपमें किये हुए इस विवेचनको स्थानाभाववश यहीं विश्राम दिया जाता है । इन सबपर पृथक्-पृथक् विस्तृत लेख लिखे जानेपर ही यह विषय अधिक स्पष्ट हो सकता है । फिर भी एक लेखकी सीमामें जो कहा जा सका है, वह यदि सुधीजनोंके लिये रुचिकारक हो सका तो यह श्रम सफल होगा ।

'प्रभु-मूरति कृपामई है'

(लेखक—श्रीरामलालजी)

प्रभु-मूर्तिका तात्पर्य है—अव्यक्त-निराकार, निर्विकार, सर्वशक्तिमान् निर्गुण परमात्माकी अभिव्यक्ति—मूर्तिमत्ता। इस मूर्तिमत्ताकी ही रूपाकृति है उनका कृपामय होना। भगवान्‌की कृपामयताका ज्ञान प्रेमपरक विश्वास-कल्पतरुका अमृतफल है। नानापुराणनिगमागम, अनेकानेक रामायण और शास्त्र-महासागरका मन्थन करनेवाले गोस्वामी तुलसीदासजीने प्रभुके कृपास्वरूपका साक्षात्कार प्रतीति-मूलक निरूपित किया है—

'है तुलसिहिं परतीति एक प्रभु-मूरति कृपामई है।'

(विनयपत्रिका १७० । ७)

प्रभु-कृपा-चिन्तनके आधार हैं—उनके स्वरूपका अङ्कन, उनकी कृपामूर्तिमत्ता, कृपा-शक्तिका साक्षात्कार तथा कृपारसका आस्वादन। परमात्माकी आदि अभिव्यक्ति विराट् पुरुष है—

'आद्योऽवतारः पुरुषः परस्य।'

(श्रीमद्भा० २ । ६ । ४१)

विराट् पुरुष ही महाविष्णु हैं, जिनके रूप तथा कार्यमें उनके भगवत्तत्त्वकी अभिव्यक्ति होती है। चिन्मय परमेश्वर निराकार होते हुए भी भक्त-हितार्थ सगुण रूप धारण कर लेते हैं—

भक्तार्थं सगुणो जातो निराकारोऽपि चिन्मयः॥

(श्रीमद्भागवतमाहात्म्य ३ । ५८)

वराहपुराणमें उल्लेख है कि अपनेद्वारा उत्पन्न सृष्टिके विषयमें आदि विष्णु विराट् पुरुषको चिन्ता हुई—'मैं अमूर्त हूँ, विना स्वरूपके कर्म नहीं कर सकता, इसलिये अपने स्वरूपका निर्माण करूँ।' इस तरह वे विचार कर ही रहे थे कि सृष्टि उत्पन्न होनेसे पहले ही उनका स्वरूप प्रत्यक्ष हो गया। उन आदि-विष्णुने तीनों लोकोंको अपने शरीरमेंसे निकलकर इस स्वरूपमें प्रवेश करते देखा। तब अपने स्वरूपको वरदान देते हुए उन्होंने कहा—'तुम सर्वज्ञ और सर्वकर्ता हो तथा समस्त लोक तुम्हें नमस्कार करते हैं। तुम त्रिलोकीका पालन करनेमें समर्थ हो, इसलिये सनातन विष्णु हो जाओ'—

सर्वज्ञः सर्वकर्ता त्वं सर्वलोकनमस्कृतः॥
त्रैलोक्यप्रतिपालाश्च भव विष्णुः सनातनः।

(३१ । ७-८)

निराकार परमात्माका स्वरूप ही 'भगवत्'-शब्दका वाच्य है और 'भगवत्'-शब्द ही उस आदि एवं अक्षय स्वरूपका वाचक है—

तदेव भगवद्वाच्यं स्वरूपं परमात्मनः।
वाचको भगवच्छब्दस्तस्याद्यस्याक्षयात्मनः॥

(श्रीविष्णुपुराण ६ । ५ । ६९)

परब्रह्म परमेश्वरके लिये ही 'भगवत्'-शब्दकी सत्यता चरितार्थ होती है। हे मैत्रेय! इस प्रकार यह महान् 'भगवान्'-शब्द परब्रह्मस्वरूप श्रीवासुदेवका ही वाचक है, किसी औरका नहीं—

एवमेष महाञ्छब्दो मैत्रेय भगवानिति।
परमब्रह्मभूतस्य वासुदेवस्य नान्यगः॥

(श्रीविष्णुपुराण ६ । ५ । ७१)

विराट् पुरुषका 'भगवत्'-रूप ही कृपामूर्ति है। भगवान्‌की कृपासे प्राकृतिक चक्षु आदि इन्द्रियोंसे भी उनके स्वरूपका ग्रहण सम्भव है—

रूपं सत्यं खलु भगवतः सच्चिदानन्दसान्द्रं
योग्यैर्ग्राह्यं भवति करणैः सच्चिदानन्दरूपम्।
मांसाक्षिभ्यां तदपि घटते तस्य कारुण्यशक्त्या
सद्यो लब्ध्या तदुचितगतेर्दर्शनं स्वेहया वा॥

(बृहद्भागवतामृत २ । ३ । १७५)

श्रुति परब्रह्म परमात्माके अमूर्त और मूर्त—दोनों रूपोंका वर्णन करती है—

'द्वे वाव ब्रह्मणो रूपे मूर्तं चैवामूर्तं च।

(बृहदारण्यक० ३ । ३ । १)

दोनों रूप निर्विवादरूपसे कृपामूर्ति हैं। ब्रह्मको नेति-नेति कहनेवाले वैदिक मन्त्रद्रष्टा ऋषियोंने परमात्माके अमूर्त और मूर्तरूपका दर्शन अथवा साक्षात्कार किया है। संतकवि गोस्वामी तुलसीदासजीके मानसमें दयामय मूर्त ब्रह्म—श्रीरामका स्तवन किया गया है—

जय प्रनतपाल दयाल प्रभु संजुक्त सक्ति नमामहे।

(मानस ७ । १२ । छन्द १)

कृपासिन्धु श्रीरामकी करुणाके स्मरणमें महान्

भगवद्भक्त महाराजा रघुराजसिंहने उनकी वैदिक मूर्तिमत्ता-का संदर्भ प्रस्तुत किया है—

> करुनासिंधु मुरारि, करुनाई को कहि सकै।
> जाको वेद पुकारि, नेति नेति भाषत रहैं॥
>
> (रामस्वयंवर, पृष्ठ ९२)

वैदिक ऋषिने परमात्मा सोमदेवका स्तवन किया है—

> यः सोम सख्ये तव रारणद् देव मर्त्यः।
> तं दक्षः सचते कविः।
>
> (ऋग्वेद १। ९१। १४)

ऋग्वेदके भाष्यकार महामति आचार्य सायणने उपर्युक्त ऋचामें 'सचते'का अर्थ अनुग्रह करना किया है।

'हे देव! द्योतमानसोम तव सख्ये त्वदीये सखित्वे निमित्तभूते सति यो मर्त्यो मरणधर्मा यजमानो रारणद् रणत्येतत्सूक्तरूपेण स्तोत्रेण त्वां स्तौति तं यजमानं कविः क्रान्तदर्शी दक्षः सर्वकार्यसमर्थः त्वं सचते सेवसे अनुगृह्णासि।'

इसका स्पष्टीकरण है—'हे सोमदेव परमेश्वर! जो मनुष्य बन्धुताके कारण इस सूक्तरूप स्तोत्रसे आपकी स्तुति करता है, उसपर अतीत-ज्ञाता और सर्वकार्यसमर्थ आप अनुग्रह करते हैं।'

वैदिक ऋषिने परमात्मासे लोककल्याणकारी अनुग्रहकी कामना की है—

> त्वं विष्णो सुमतिं विश्वजन्यामप्रयुतामेवयावो मतिंदाः।
>
> (ऋग्वेद ७। १००। २)

इस ऋचामें प्रयुक्त 'सुमतिं मतिम्'को आचार्य सायणने अनुग्रह-बुद्धि कहा है। उनका भाष्य है—

'हे एवयाव एवाः प्राप्तव्याः कामाः तान् यावयति प्रापयति स्तोतृमित्येवयावः हे एवयावन् विष्णो त्वं विश्व-जन्यां सर्वजनहितमप्रयुतां दोषैर्विमुक्तां सुमतिं मतिं अनुग्रह-बुद्धिं दाः अस्मभ्यं देहि।'

उपर्युक्त भाष्यका आशय यह है—'हे मनोरथ पूर्ण करनेवाले विष्णो! आप हमें सबके लिये कल्याणकारी और दोषरहित पवित्र अनुग्रह-बुद्धि प्रदान करें।'

वैकुण्ठनायक भगवान् विष्णु सहज कृपालु हैं, दीनोंपर दया करनेवाले हैं। ब्रह्माने उनसे असुरोंद्वारा उत्पीड़ित पृथ्वी-का संकट दूर कर अनुग्रह करनेकी प्रार्थना की है—

> जो सहज कृपाला दीनदयाला करउ अनुग्रह सोई।
>
> (मानस १। १८५। छन्द)

भगवान्‌की कृपासे ही उनके कृपामय रूपका साक्षात्कार होता है। भगवान्‌के रूपका प्रत्यक्ष दर्शन कर ब्रह्माने निवेदन किया कि 'स्वयंप्रकाश परमात्मन्! आपका यह श्रीविग्रह भक्तजनोंकी लालसा पूर्ण करनेवाला है। मुझपर आपकी चिन्मयी इच्छाका मूर्तिमान् स्वरूप आपका साक्षात् कृपा-प्रसाद है। मुझे अनुगृहीत करनेके लिये ही आपने इसे प्रकट किया है। कौन कहता है कि यह पञ्चभूतोंकी रचना है? यह तो अप्राकृत शुद्ध सत्त्वमय है। मैं या अन्य कोई समाधि लगाकर भी आपके इस सच्चिदानन्द-विग्रहकी महिमा नहीं जान सकता, आत्मानन्दानुभवस्वरूप साक्षात् आपकी महिमाको कैसे जान सकता है?'—

> अस्यापि देव वपुषो मदनुग्रहस्य
> स्वेच्छामयस्य न तु भूतमयस्य कोऽपि।
> नेशे महि त्ववसितुं मनसान्तरेण
> साक्षात्तवैव किमुतात्मसुखानुभूतेः॥
>
> (श्रीमद्भा० १०। १४। २)

अभिप्राय यह है कि प्रभुकी कृपा ही उनके अनुग्रहमय श्रीविग्रहका दर्शन करानेमें निमित्त है। परमभागवत श्रीशुकदेवजीने कहा है कि ब्रह्मा, शंकर आदि बड़े-बड़े देवता भी अपने शुद्ध हृदयसे जिनके स्वरूपका चिन्तन करते रहते हैं, वे मुझपर अनुग्रह करें—

> गतव्यलीकैरजशंकरादिभि-
> र्वितर्क्यलिङ्गो भगवान् प्रसीदताम्।
>
> (श्रीमद्भा० २। ४। १९)

सच्चिदानन्दघनस्वरूप परम सुखपूर्ण दयामय—कृपामूर्ति-का चिन्तन कर जिसका मन निर्मल हो जाता है, इस तरहके प्राणीको भगवान् अपना लेते हैं, सर्वस्वदान—आत्मस्वरूप प्रदान करते हैं।

पञ्चम नानक (पातशाह) गुरु अर्जुनदेवकी वाणी है—

> माई री मनु मेरो मतवारो॥
> पेखि दइआल अनन्द सुख पूरन हरि-रसि पिओ खुमारो।
> निरमल भइओ ऊजल जसु गावत बहुरि न होवत कारो॥

संत ज्ञानेश्वर करुणाकर कृपासिन्धु रुक्मिणीवल्लभ पाण्डुरंग भगवान् विठ्ठलके कृपामय चिन्मय रूपकी

बड़ी विलक्षण झाँकी प्रस्तुत करते हुए कहते हैं—संत-समागममें आत्माराम भगवान् पण्ढरीनाथ साक्षात् प्रकट हो गये। आज स्वर्णिम दिन है, अमृतकी वृष्टि हो रही है, भीतर-बाहर सर्वत्र व्यापक भगवान्का दर्शन हो गया—

आजी सोनियाचा दिनु। वर्षे अमृताचा घनु।
हरि पाहिला रे हरि पाहिला रे।
सबाह्याभ्यंतरी अवघा व्यापक मुरारी।
बरवा संतसमागमु। प्रगटला आत्मारामु।
कृपासिंधु करुणाकर। बाप रखुमा देवीवर॥

(मराठी वाङ्मयाचा इतिहास, पृ० ६११)

भक्तके मनोरथको पूर्ण करनेके लिये कृपामय प्रभु सदा उद्यत रहते हैं, भक्त-संरक्षण-पोषणके लिये ही वे सगुण रूप धारण करते हैं। यही उनकी भक्तवत्सलता है, कृपामयता है। महात्मा एकनाथका भगवान्की भक्तवत्सलताके सम्बन्धमें एक मार्मिक अभंग (पद्य) है—'भगवान् विठ्ठलदेव सुन्दर-ही-सुन्दर हैं, वे भीमरथी—भीमा नदीके तटस्थ पण्ढरपुरमें खड़े हैं, उनको देखनेसे विश्राम मिलता है, शरीरमें शान्ति प्रवाहित होती है, भगवान्की मूर्ति अनुपम है, वे भक्तोंके कार्यको पूरा करनेके लिये खड़े हैं, यह छोटी-सी (बाल) मूर्ति कैवल्यका सारतत्त्व है, आनन्दका कन्द है, परमानन्द है। इस विलक्षण अनुपम मूर्तिमें मेरा मन लग गया है—

नागरें गोमटें रूप तें गोजिरें। उभें ते साजिरें भीमातटीं॥
पाहता विश्रांती देहा होय शांती। अनुपम्य मूर्ती विठ्ठलदेव॥

भक्ताचिया काजा राहिलासे उभा।
कैवल्या चा गाभा बालमूर्ति॥
आनंदाचा कंद उभा परमानंद।
एका जनार्दनीं छंद मज त्याचा॥

(मराठी वाङ्मयाचा इतिहास, पृ० ३४६)

परमात्मा सृष्टि, स्थिति और संहारके लिये अमूर्तसे मूर्त हो जाते हैं। इन तीनों कार्योंमें उनकी नित्य, अव्यय, सनातन कृपा तत्पर रहती है। विराट् पुरुषके महत् और असीम रूपका वर्णन नहीं हो सकता। पुरुषसूक्तके माध्यमसे वेद उन्हें सहस्रशीर्षा, सहस्राक्ष और सहस्रपात् बतलाकर मौन हो जाते हैं, उनके तो अनन्त मस्तक हैं, अनन्त चक्षु, अनन्त हाथ और अनन्त चरण हैं। उनकी कृपा उन्हींकी तरह अनन्त और असीम है, तद्रूप है, अभिन्न है।

परमेश्वरने वराह, मत्स्य, कूर्म, नृसिंह आदि रूपोंमें अभिव्यक्त होकर चराचर सृष्टिमें अपनी कृपाका विस्तार किया—

अनुग्रहाय भूतानां मानुषं देहमास्थितः।

(श्रीमद्भा० १०।३३।३७)

गोस्वामी तुलसीदासजीने मानुषदेहधारी भगवान् श्रीरामकी मूर्ति—आकृतिको कृपामयी कहा है। बड़े-बड़े संत-महात्माओं और भक्त-कवियोंने भगवान् श्रीराम और श्रीकृष्णके कृपामय श्रीविग्रहका स्वानुभवानुसार वर्णन किया है। भगवान्के अङ्ग-प्रत्यङ्ग कृपामय हैं। वे कृपाके परमायतन हैं। गुण, शील और कृपाके परमधाम श्रीरमण भगवान् श्रीरामको श्रीशंकरजी प्रणाम करते हैं—

गुन सील कृपा परमायतनं। प्रनमामि निरंतर श्रीरमनं॥

(मानस ७।१३ छन्द)

भगवान् करुणावरुणालय हैं। भक्त कवि महाराजा रघुराजसिंहने उनका स्तवन किया है—

जय करुणावरुणालय रूपा। जय जय केशव कौसल भूपा॥

(रामस्वयंवर, पृष्ठ ९५६)

भक्तकी आर्त पुकार सुनकर भक्तवत्सल कृपासिन्धुके अङ्ग-प्रत्यङ्गमें करुणाकी तरंगें उठने लगती हैं। महाकवि रत्नाकरने द्रौपदीकी करुण-पुकारसे अधीर द्वारकानाथके अङ्ग-प्रत्यङ्ग—सर्वाङ्गमें करुणा-संचारका अत्यन्त मार्मिक वर्णन किया है, जिससे उनके अनुग्रहमय रूपपर यथेष्ट प्रकाश पड़ता है—

दीन द्रौपदी की परतंत्रता पुकार ज्यों ही
तंत्र बिन आई मन-जंत्र बिजुरीनि पै।
कहै रतनाकर त्यों कान्ह की कृपा की कानि
आनि लसी चातुरी-विहीन आतुरीनि पै॥
अङ्ग परयौ थहरि लहरि दृग-रंग परयौ
तंग परयौ बसन सुरंग पँसुरीनि पै।
पांचजन्य चूमन हुमसि हौंठ बक्र लाग्यो
चक्र लाग्यो घूमन उमगि अँगुरीनि पै॥

भगवान्के अङ्ग-प्रत्यङ्ग ही नहीं, उनके वसन (परिधान) एवं दिव्य आयुध शङ्ख-चक्र आदि सब-के-सब द्रौपदीकी रक्षाके लिये आतुर हो उठे, द्रवित हो उठे। ऐसे तो कृपामय प्रभुके समग्र अङ्ग, आयुध, आभूषण आदि उन्हींके स्वरूपभूत हैं और वे प्रभुके द्वारा सम्पन्न होनेवाले सृष्टि-पालन-संहार-कार्यमें अपनी सम्पूर्ण भूमिका निभाते हैं। पर कृपा

महाशक्ति विशेषरूपसे उनकी दृष्टि, हाथ और चरणमें सतत अभिव्यक्त है और प्रभुका हृदय तो मानो कृपाका आगार ही है। यद्यपि समस्त सृष्टिपर प्रभुकी कृपा निरन्तर बरसती रहती है, तथापि भक्तजन उसे अधिकाधिक पानेके लिये लालायित रहते हैं, कृपामय प्रभुसे वे यही कहते रहते हैं कि "नाथ! एक बार भी जो आपकी शरणमें आकर 'मैं तुम्हारा हूँ' ऐसा कहकर याचना करता है, वह अपनी प्रतिज्ञाको सदा स्मरण रखनेवाले आपका कृपापात्र बन जाता है; पर क्या आपकी यह प्रतिज्ञा एकमात्र मुझको ही छोड़कर प्रवृत्त होती है?"—

ननु प्रपन्नः सकृदेव नाथ
तवाहमस्मीति च याचमानः।
तवानुकम्प्यः स्मरतः प्रतिज्ञां
मदेकवर्ज्यं किमिदं व्रतं ते॥
(आलवन्दारस्तोत्र ६०)

कृपामयी प्रभु-मूर्तिमें उनकी मङ्गलमयी मुखाम्बुजश्रीकी महिमा ऐसे तो अचिन्त्य है, पर उसमें साधुओं—देवप्रकृतिके प्राणियोंके परित्राण, दुष्टता करनेवालों—राक्षसी प्रकृतिके असुरोंके विनाश और धर्मके संस्थापनका बीजमन्त्र संस्थित रहता है। संत-महात्माओंकी दृष्टिमें यह मुखाम्बुजश्री मञ्जुल-मङ्गलप्रदायिनी है। गोस्वामी तुलसीदासजीकी विज्ञप्ति है कि रघुकुलको आनन्द देनेवाली श्रीरामचन्द्रजीके मुखारविन्दकी जो श्री—अनुग्रह-ज्योति राज्याभिषेकके समाचारसे न तो प्रसन्नताको प्राप्त हुई और न वनवासके दुःखसे मलिन ही हुई, वह सदा मङ्गल प्रदान करती हुई मेरा कल्याण करे—

प्रसन्नतां या न गताभिषेकत-
स्तथा न मम्ले वनवासदुःखतः।
मुखाम्बुजश्री रघुनन्दनस्य मे
सदास्तु सा मञ्जुलमङ्गलप्रदा॥
(मानस २। श्लोक २)

व्रजरमण भगवान् श्रीकृष्णके सौन्दर्य-माधुर्यके अनुपम मर्मज्ञ रसिकशेखर बिल्वमंगलको कृपानिधि प्रभुके मुख-सौन्दर्यकी कृपासे तृप्त होनेकी अभिलाषा है। वे कहते हैं—'जब मैं श्रीकृष्णके लीला-चिन्तन और स्वरूपके ध्यानमें एकाग्रचित्त हो सुधि-बुधि खोकर तल्लीन रहूँ, तब वे परम कृपानिधि मेरे सामने अत्यन्त प्रसन्न, निर्मल मुखचन्द्रके तेजसे ललित लीलाके लिये अपनी मुरलीके नादामृतसे मेरे चित्तकी एकाग्रता—समाधि भङ्ग कर दें। मुझे उनका प्रत्यक्ष दर्शन कब होगा, उनका मुखचन्द्र मुझपर कब अमृत-वृष्टि करेगा?'—

पुनः प्रसन्नेन मुखेन्दुतेजसा
पुरोऽवतीर्णस्य कृपामहाम्बुधेः।
तदेव लीलामुरलीरवामृतं
समाधिविघ्नाय कदा नु मे भवेत्॥
(श्रीकृष्णकर्णामृत १। २४)

त्रेतायुगमें अवतरित नित्य सनातन भगवान् श्रीराम—वनवासी सीतापति जटाचीरधारीके रूपमें प्रसिद्ध हैं। प्रभुकी जटा पूर्ण कृपामयी है। उन्होंने अपनी जटासे जटायुकी अङ्गरजको झाड़कर उसे वेद-पुराणवर्णित परमगति प्रदान की। भक्तहृदय रघुराजसिंहने जटाकी कृपामयताका वर्णन इस प्रकार किया है—

कछुक दूर आगे चलि रघुपति बिकल विहंग निहार्‌यो।
कृपानिधान जटायु-अंग रज निज जटानि सों झार्‌यो॥
प्रभुपद परसि गीध तनु त्यागो, निज ध्यायन करि करखी।
गीधराज कहँ दई रामगति वेदपुरानन परखी॥
(रामस्वयंवर, पृष्ठ ७९२)

प्रभुके नेत्र कृपामृतके क्षीरसागर हैं। वे सर्जन, पालन, संहार और निग्रहके कार्यमें अपनी साकार अभिव्यक्तिके पाँचवें अङ्ग अनुग्रहको अपने नेत्रकमलमें प्रतिष्ठित कर लोक-लोकान्तर—समस्त ब्रह्माण्डका निरन्तर अबाध गतिसे कल्याण करते रहते हैं। प्रभु शरणागतकी सब प्रकारसे रक्षा करते हैं, वे कृपा-अमृतसे आर्द्र दृष्टिद्वारा चराचर जगत्‌का अवलोकन करते हैं। प्रभुकी कृपामयी—करुणामयी दृष्टिके शरणागत होनेपर प्राणिमात्र अभय हो जाते हैं। प्रभुका अवलोकन दयापूर्ण है।

प्रभु जिस प्राणीको कृपापूर्वक देखते हैं, उसके जीवन-पथके समस्त विघ्न नष्ट हो जाते हैं। प्रभु तो सबको कृपापूर्वक देखते हैं—यह सामान्य कृपावलोकन समस्त सृष्टिका अमङ्गल नष्ट करता रहता है। प्रभुने श्रीरामरूपमें प्रकट होकर अपनी कृपा-दृष्टिसे रावणको योगिवृन्ददुर्लभ गति प्रदान कर देवताओंको अभय कर दिया, उनकी शान्ति-वृद्धि की, दिव्य सम्पत्तिका संरक्षण किया—

कृपादृष्टि करि वृष्टि प्रभु अभय किए सुर बृंद।
(मानस

प्रभुके तरुण (प्रफुल्ल), अरुण (प्रेममय) नेत्रकमल कृपापरिपूर्ण हैं—

'.........कृपापरिपूरन तरुन अरुन राजीव बिलोचन ।'
(गीतावली ७ । १६ । ६)

प्रभु अपने करुणामय कटाक्षसे उनके नेत्र शीतल कर देते हैं, जो उनकी ओर निर्निमेष दृष्टिसे देखते रहते हैं। यही कारण है कि प्रभुका भक्त सदा यही सोचता रहता है कि किसी क्षण यशोदानन्दन परम कृपालु दयासिन्धु नित्य नवकिशोर श्रीकृष्ण मुझे अपने नेत्र-कमलोंसे देख लें। रसिकशेखर विल्वमंगलके शब्दोंमें वह कहता रहता है—'श्यामसुन्दर अपने नयनकमलसे, जो लीलाविलाससे अत्यन्त प्रफुल्ल हैं तथा प्रेम, शृङ्गार-रस या अनुरागके प्रवाहसे शीतल और आनन्दित करनेवाले हैं, जो नीले और अपाङ्गभागमें थोड़े-थोड़े अरुण हैं, दया और प्रेमके रंगमें रँगे हैं, जो अलौकिक एवं मदिर हाव-भावसे अथवा विभ्रमसे युक्त हैं, मेरी ओर किस समय देखेंगे ! मैं चञ्चल कटाक्षयुक्त, नीले-लाल रसस्निग्ध नेत्रवाले श्रीकृष्णकी कृपा-दृष्टिसे कब कृतार्थ होऊँगा !'—

लीलायताभ्यां रसशीतलाभ्यां
नीलारुणाभ्यां नयनाम्बुजाभ्याम् ।
आलोकयेदद्भुतविभ्रमाभ्यां
काले कदा कारुणिकः किशोरः ॥
(श्रीकृष्णकर्णामृत १ । ४५)

प्रभुके भ्रू-कटाक्षपर महाकालस्वरूपिणी, संहार-रूपिणी निग्रह-शक्तिके संकेतसे समस्त सृष्टि महा-प्रलयसमुद्रमें समा जाती है, पर भक्तों और संतोंकी दृष्टिमें वह कृपासे परिपूर्ण है तथा अत्यन्त सुन्दर हैं—

भ्रूसुंदर करुनारस-पूरन ।
(गीतावली १ । २६ । ४)

प्रभुके मुख और अधरस्मितकी करुणाकी महिमाका पार पाना अत्यन्त कठिन है। प्रभुने मुखसे पूतना-जैसी प्राणघातिनीका स्तन्य-पान कर उसे अपनी कृपाशक्तिसे परम गति प्रदान की। प्रभुका मुखमण्डल करुणाका सदन है—

करुणासदन बदन अवलोकत कोटि मदनमदहारी ।
(रामस्वयंवर, पृष्ठ ४१)

प्रभुका मुखकमल निस्संदेह आनन्दधाम है, वह नित्य प्रफुल्लित—कभी न कुम्हलानेवाला कमल है। उसका सौन्दर्य अपार है। सदय-स्मित (हास्य अथवा मुसकान) और चितवनसे वह शोभित रहता है—

वीक्षन्तोऽहरहः प्रीता मुकुन्दवदनाम्बुजम् ।
नित्यं प्रमुदितं श्रीमत् सदयस्मितवीक्षणम् ॥
(श्रीमद्भा० १० । ४५ । १८)

कृपानिधान प्रभुकी श्रीमुखवाणी है—'मेरा एक-एक अङ्ग अत्यन्त सुन्दर और हृदयहारी है। सुन्दर मुख और प्यारभरी चितवन कृपाप्रसादकी वर्षा करती है। उद्धव ! मेरे इस सुकुमार स्वरूपका ध्यान करना चाहिये और अपने मनको मेरे एक-एक अङ्गमें लगाना चाहिये'—

सर्वाङ्गसुन्दरं हृद्यं प्रसादसुमुखेक्षणम् ।
सुकुमारमभिध्यायेत् सर्वाङ्गेषु मनो दधत् ॥
(श्रीमद्भा० ११ । १४ । ४१)

निस्संदेह प्रभुके कृपामय मुखसे निःसृत वाणी कृपामृतसे सनी हुई है। मनु-शतरूपा तपस्यामें रत थे, तभी कृपासिन्धु आकाशवाणीके माध्यमसे बोल उठे—

मागु मागु बरु भै नभ बानी । परम गभीर कृपामृत सानी ।
(मानस १ । १४४ । १)

प्रभुके वक्षःस्थल, हृदय, मन, चित्त—सब-के-सब चिन्मय कृपाके मूर्तिमान् स्वरूप हैं। उनका वक्षःस्थल मोतियोंकी माला, केसरके अनुलेपन और व्याघ्रनखसे अलंकृत है। प्रभु अपने कृपामय वक्षःस्थलपर पदप्रहार करनेवाले भृगु ऋषिके पदको श्रीलक्ष्मीके साथ धारण करते हैं। महर्षि भृगु भगवान्‌के निवासस्थान वैकुण्ठमें गये, प्रभु लक्ष्मीके अङ्कदेशमें सिर रखकर लेटे हुए थे। भृगुने वक्षः-स्थलपर पद-प्रहार किया, भक्तवत्सल भगवान्‌ने कहा 'आपके चरण बड़े कोमल हैं, आपके चरणोंसे चिह्नित मेरे वक्षःस्थलपर लक्ष्मीजी सदा निवास करेंगी'—

अद्याहं भगवल्लँक्ष्म्या आसमेकान्तभाजनम् ।
वत्स्यत्युरसि मे भूतिर्भवत्पादहतांहसः ॥
(श्रीमद्भा० १० । ८९ । ११)

प्रभुका हृदय तो मानो केवल कृपा ही है, वह अनुग्रहकी अक्षय, अव्यय और नित्यनिधि है। उनका हृदय अनुग्रहरूप चन्द्रमासे निरन्तर प्रकाशमान रहता है—

हृदयँ अनुग्रह इंदु प्रकासा। सूचत किरन मनोहर हासा॥

(मानस १ । १९७ । ४)

प्रभुके मुखकी मृदु मुसकानसे यह पता चलता है कि उनका हृदय अनुग्रहसे परिपूर्ण है।

प्रभुका चित्त परम कृपामय है। वह कोमलता, भक्तार्ति-द्रवता और करुणासे परिपूर्ण है। गृध्रराज जटायुके शब्दोंमें—'हे राम! मैं आपके हृदयको अच्छी प्रकार जानता हूँ। आप शरणागतोंकी रक्षा करनेवाले एवं सरस-चित्तसे सेवकोंपर कृपा-वर्षा करनेवाले हैं। इसीलिये तो आपने मुझे पिताकी उपमा दी है'—

नीके कै जानत राम हियो हौं।
प्रनतपाल, सेवक-कृपालु-चित, पितु-पटतरहिं दियो हौं॥

(गीतावली ३ । १४ । १)

प्रभुके कर-कमलका अनुग्रह उनकी विशिष्टतम प्रतिपालन-शक्ति अथवा रक्षण-शक्तिका अन्यतम अक्षर अवयव है। प्रभुके हस्तकमल शरणागतपर कृपा करते हैं। उनके सम्मुख होकर जीवन-यापन करना ही शरणागति है। सदय-हृदय प्रभु ऐसे शरणागतोंके सिरपर अपने हस्तकमलकी मृदुल शीतल छत्रच्छाया रखते हैं। अपने चरण-चिह्नका स्मरण करनेवाले गृध्रपति जटायुके सिरका प्रभुने अपने करसे स्पर्श किया और उसकी समस्त पीड़ाका शमन हो गया। यह है उनके हस्तानुग्रहका निर्मल शीतल प्रताप—

कर सरोज सिर परसेउ कृपासिंधु रघुबीर।

(मानस ३ । ३०)

गोवर्धनको धारण कर उनके अनुग्रहमय हस्तकमलने भगवान्‌की भक्तवत्सलता तथा स्वजन-रक्षाका परिचय दिया। भगवान्‌ने मूसलाधार वृष्टि देखकर विचार किया कि यह सारा व्रज मेरे आश्रित है, मेरेद्वारा स्वीकृत है और एकमात्र मैं ही इसका रक्षक हूँ। ऐसा विचारकर उन्होंने खेल-खेलमें एक ही हाथसे गिरिराजको उखाड़कर अपनी कनिष्ठिका अँगुलीपर धारण कर लिया और व्रजवासियोंको शरण प्रदान की—

इत्युक्त्वैकेन हस्तेन कृत्वा गोवर्धनाचलम्।
दधार लीलया कृष्णश्छत्राकमिव बालकः॥

(श्रीमद्भा० १० । २५ । १९)

महाकवि सेनापतिने हस्तकमलपर गोवर्धन धारण करनेवाले करुणामय श्रीकृष्णके सतत भजनमें रत रहनेकी सीख दी है—

करुनालय सेवौ सदा, गोबर्धन गिरिवर-धरन॥

(कवित्तरत्नाकर ५ । ५)

प्रभुकी भुजाएँ अपने भक्तोंकी पीड़ा दूर करनेके लिये, उनका संरक्षण करनेके लिये फड़क उठती हैं। वे कृपामयी हैं। सुग्रीवने जब यह कहा कि वालीने मुझे शत्रुकी तरह बहुत मारा, मेरा सर्वस्व छीन लिया और स्त्रीका भी अपहरण कर लिया, तब सेवकके दुःखको दूर करनेके लिये दीनदयालुकी भुजाएँ फड़क उठीं—

सुनि सेवक दुख दीनदयाला। फरकि उठीं द्वै भुजा बिसाला॥

(मानस ४ । ५ । ७)

प्रभुकी भुजाओंका स्मरण करते ही दुर्गम संसार-समुद्र सुगम हो जाता है। ये भुजाएँ भगवान्‌के दिव्य शरीरमें ऐसी शोभित हैं, मानो अति सुन्दर श्यामशरीररूप पर्वतसे दो यमुनाकी धाराएँ निकली हैं, जो बलरूप अथाह निर्मल जलसे भरी हैं तथा शृङ्गाररूप सूर्यसे उत्पन्न हुई हैं। इन भुजाओंकी वेद, पुराण, शेष, शारदा और शुकदेवजी भी स्नेहपूर्वक सराहना करते हैं। ये कल्पलताकी भी श्रेष्ठ कल्पलता और कामधेनुकी भी कामधेनु हैं तथा अपने शरणागत दीन एवं प्रणत पुरुषोंको अभयपद देकर अन्ततक उनका निर्वाह करती हैं। ये अपने दासोंपर सदासे छाया करती आयी हैं, अब भी करती हैं और आगे भी करती रहेंगी—

जे भुज बेद-पुरान, सेष-सुक-सारद सहित सनेह सराहैं।
कलपलताहु की कलपलता बर, कामदुहहु की कामदुहा हैं॥
सरनागत-आरत-प्रनतनिको दै दै अभय पद ओर निबाहैं।
करि आई, करिहैं, करती हैं तुलसिदास दासनि पर छाहैं॥

(गीतावली ७ । १३ । ८-९)

प्रभुने अपनी कृपामयी बाहुओंसे सुदामाका परिरम्भण कर उन्हें कृतार्थ कर दिया। सुदामाके वचन हैं कि कहाँ तो मैं दरिद्र और पापी और कहाँ श्रीके धाम प्रभु! उन्होंने मुझे अपनी बाँहोंमें भर लिया—

क्वाहं दरिद्रः पापीयान् क्व कृष्णः श्रीनिकेतनः।
ब्रह्मबन्धुरिति स्माहं बाहुभ्यां परिरम्भितः॥

(श्रीमद्भा० १० । ८१ । १६)

यमलार्जुन-लीला-प्रसङ्गमें माँ यशोदाने प्रभुके कटिप्रदेशमें रस्सी डालकर उन्हें ऊखलसे बाँधना चाहा। वे उन्हें रस्सीसे बाँधने लगीं, रस्सी बार-बार दो अङ्गुल घटती रही। माँ घरकी सारी रस्सी जोड़ डालनेपर भी प्रभुको बाँध न सकीं। भगवान्‌ने देखा कि माँका शरीर प...

हो गया है, वे क्लान्त हैं, तब कृपा करके वे स्वयं बन्धनमें आ गये। विराट् पुरुष चिन्मय परब्रह्म श्रीकृष्णका श्रीविग्रह किसके बन्धनमें आ सकता है, पर माँके श्रमको दूर करनेके लिये बन्धन स्वीकार कर सम्पूर्ण विग्रह अनुग्रहरूप हो उठा—

दृष्ट्वा परिश्रमं कृष्णः कृपयाऽऽसीत् स्वबन्धने।

(श्रीमद्भा० १०। ९। १८)

ग्वालिनी यशोदाने मुक्तिदाता मुकुन्दसे जो अनिर्वचनीय कृपाप्रसाद प्राप्त किया, वह ब्रह्मा, शंकर, लक्ष्मीको भी न प्राप्त हो सका—

नेमं विरिञ्चो न भवो न श्रीरप्यङ्गसंश्रया।
प्रसादं लेभिरे गोपी यत्तत् प्राप विमुक्तिदात्॥

(श्रीमद्भा० १०। ९। २०)

प्रभुने उलूखलसे बँधे हुए यमलार्जुनके रूपमें शापग्रस्त कुबेरपुत्र नलकूबर और मणिग्रीवका वृक्षयोनिसे उद्धार कर उनपर अपूर्व कृपा की। प्रभुके कटिप्रदेशकी कृपामयता स्तुत्य है।

प्रभुकी जाँघ भगवद्भक्तोंसे ईर्ष्या और द्वेष करनेवाले असुरों और दैत्योंके लिये सद्गति प्राप्त करानेवाली अनुग्रह-वेदी है। जाँघपर ही प्रभु (विष्णु) ने मधु-कैटभ और हिरण्यकशिपुको रखकर उनका वध किया और ब्रह्मा तथा प्रह्लादकी ही क्रमशः रक्षा नहीं की, अपितु उपर्युक्त दुरात्माओंको भी सद्गति प्रदान की। कल्पके अन्तमें सम्पूर्ण जगत्‌के एकार्णवमें निमग्न होनेपर भगवान् विष्णु शेषनागकी शय्यापर शयन कर रहे थे कि उनके कानोंके मैलसे भयंकर असुर मधु-कैटभ उत्पन्न हुए और भगवान्‌के नाभिकमलसे विराजमान ब्रह्माजीका वध करनेको उद्यत हो गये। प्राण-रक्षाके लिये ब्रह्माने योगनिद्राकी स्तुतिके द्वारा भगवान्‌को जगाया। प्रभुने दोनों असुरोंसे पाँच हजार वर्षतक युद्ध किया। भगवान्‌की वीरतासे प्रसन्न होकर दोनोंने उनसे वर माँगनेको कहा। प्रभुने कहा—'तुम दोनों मेरे हाथों मारे जाओ।' जब उन्होंने सम्पूर्ण जगत्‌में जल-ही-जल देखा तो यही चतुराईसे स्वीकार किया कि 'जहाँ पृथ्वी जलमें डूबी न हो, सूखा स्थान हो, वहीं हमारा वध करो।' शङ्ख-चक्र-गदाधारी प्रभुने उन दोनोंके मस्तक अपनी जाँघपर रखकर चक्रसे काट डाले। इस तरह जाँघ ब्रह्माकी प्राणरक्षिका हुई, अनुग्रहकारिणी हुई और असुर मधु-कैटभके लिये सद्गतिप्रदायिनी सिद्ध हुई—

तथेत्युक्त्वा भगवता शङ्खचक्रगदाभृता।
कृत्वा चक्रेण वै छिन्ने जघने शिरसी तयोः॥

(दुर्गासप्तशती १। ६९)

इसी तरह प्रभुने जाँघपर ही हिरण्यकशिपुको रखकर उसे अपने नखोंसे फाड़ डाला और भक्त प्रह्लादपर अनुग्रह किया तथा हिरण्यकशिपुको सद्गति प्रदान की—

द्वार्यूरु आपात्य ददार लीलया
नखैर्यथाहिं गरुडो महाविषम्॥

(श्रीमद्भा० ७। ८। २९)

प्रभुके चरण और चरणरज—दोनों अनुग्रह-निधि हैं, कृपाके महामहिम स्वरूप हैं। वेद, पुराण, संत-महात्माओं, ऋषियों, मुनियों, भक्तों, कवियों और समस्त सच्छास्त्रोंने प्रभुके चरण और चरणरजकी महिमाका विस्तृत वर्णन किया है, उनके आश्रय-ग्रहणको परम सौभाग्य स्वीकार किया है। प्रभुके चरण परम अद्भुत और अनुग्रह-पयस्विनी गङ्गाके एकमात्र आश्रय हैं। वे असहायों, दीनों, उपासकों, भक्तों, दैत्यों और देवताओंको शरणागति प्रदान कर अभय करते रहते हैं। इन चरणोंसे कृपाकी ज्योति—अमृतकी निर्मल प्रासादिक निर्झरी निरन्तर प्रवाहित होती रहती है। ये मधुके—माधुर्य-रसके उत्स हैं।

विष्णोः पदे परमे मध्व उत्सः॥

(ऋग्वेद १। १५४। ५)

आचार्य सायणने उपर्युक्त ऋचाका भाष्य इस प्रकार किया है—

'विष्णोर्व्यापकस्य परमेश्वरस्य परम उत्कृष्टे निरतिशये केवलसुखात्मके पदे स्थाने (चरणे) मध्वो मधुरस्य उत्सो निस्यन्दो वर्तते।'

आशय यह है कि विष्णुके पदसे मधुका क्षरण होता रहता है, जरा, जन्म, मरण आदिका भय समाप्त हो जाता है और संकल्पमात्रसे ही समस्त सुखोंकी प्राप्ति हो जाती है।

आचार्य रामानुजने प्रभुके अनुग्रहमय चरणोंकी महिमा वर्णित करते हुए कहा है—

पितरं मातरं दारान् पुत्रान् बन्धून् सखीन् गुरून्।
रत्नानि धनधान्यानि क्षेत्राणि च गृहाणि च॥
सर्वधर्मांश्च संत्यज्य सर्वकामांश्च साक्षरान्।
लोकविक्रान्तचरणौ शरणं तेऽव्रजं विभो॥

(शरणागतिगद्य)

'विभो! पिता, माता, स्त्री, पुत्र, भाई, मित्र, गुरु, रत्न, धन-धान्य, क्षेत्र, गृह, सम्पूर्ण धर्म, समस्त कामनाओं और अक्षरत्वको भी छोड़कर मैं सम्पूर्ण जगत्‌को लाँघनेवाले आपके युगल चरणोंकी शरणमें आया हूँ।'

भगवान्‌के अनुग्रहमय चरण संसार-सागरसे पार जानेके लिये नौकास्वरूप हैं । प्रभुके निष्कपट भक्त भयंकर और दुस्तर संसार-सागरको चरण-नौकाके सहारे पार करते हैं—

स्वयं समुत्तीर्य सुदुस्तरं द्युमन्
भवार्णवं भीममदभ्रसौहृदाः ।
भवत्पदाम्भोरुहनावमत्र ते
निधाय याताः सदनुग्रहो भवान् ॥
(श्रीमद्भा० १० । २ । ३१)

प्रभुके भक्तोंपर इस सदनुग्रहका मूलाधार है उनके अत्यन्त कृपामय चरणकमल और उनका आश्रय ।

प्रभुकी चरण-रजकी महिमाका अङ्कन उन्हींकी चरणरज-कृपासे सम्भव है । पतिशापग्रस्त अहल्या प्रभुकी चरणरज-कृपासे तपस्याकी मूर्तिमती आकृति हो गयीं अन्यथा उनका उद्धार होना कठिन था । उनकी स्वीकृति है —

अहो कृतार्थास्मि जगन्निवास ते
पादाब्जसंलग्नरजःकणादहम् ।
स्पृशामि यत्पद्मजशंकरादिभि-
र्विमृग्यते रन्धितमानसैः सदा ॥
(अध्यात्मरा० १ । ५ । ४३)

'हे प्रभो ! आपके जिन पदारविन्दोंकी रज ब्रह्मा-शंकर आदि एकाग्रचित्तसे सर्वदा खोजते रहते हैं, हे जगन्निवास ! आपके उन्हीं चरण-कमलोंके रजःकणका स्पर्श पाकर मैं कृतार्थ हो गयी अर्थात् आपकी कृपामयी चरणद्वारा मेरा उद्धार हो गया ।'

प्रभुकी चरण-रजको प्राप्त करनेके लिये शंकर, ब्रह्मा प्रभृति देवगण एवं भक्तजन तो लालायित रहते ही हैं, भक्तकवि रहीमकी दृष्टिमें उसी कणको पाने और विशाल पशु-योनिसे छूटनेके लिये गजराज भी अपने मस्तकपर सूँड़से धूलि फेंकते रहते हैं । कितनी अनुग्रहपरकता चित्रित है रहीमकी भगवत्पदरज-सम्बन्धी इस उक्तिमें ।—

धूर धरत नित सीस पैं, कहु रहीम केहि काज ।
जेहि रज मुनि-पतनी तरी, सो ढूढ़त गजराज ॥
(रहीमरत्नावली १०७)

प्रभुके चरण-कमलपराग (रज)के स्पर्शसे पृथ्वी अपनेको कृतार्थ मानती है—

परसि राम पद पदुम परागा । मानति भूमि भूरि निज भागा ।
(मानस २ । ११२ । ४)

नित्य गङ्गा-तटपर रहनेवाला और नित्य पदपद्म-सम्भूता गङ्गाजीका जल पीनेवाला केवट प्रभुके पदपद्मकी रजको अपनी निजि सम्पत्ति मानता है । प्रभुके आगमनके शुभ अवसरका उपयोग करना चाहता है वह, उनके चरणोंको धोनेमें । यद्यपि वह निवेदन करता है कि मेरी एकमात्र जीविकास्वरूपा नौका कहीं रजःस्पर्शसे अहल्याकी तरह नारीकी आकृति न प्राप्त कर ले, पर मूलमें बात तो यह है कि वह प्रभुकी चरणरजको अपने कठवताके गङ्गाजलमें मिलाकर परिवारसहित पी जाना चाहता है । वह सोचता है कि ऐसा स्वर्णिम संयोग फिर कहाँ मिलेगा ! प्रभुकी चिन्मय, भगवत्स्वरूपिणी कृपामयी रज गङ्गा-जलमें मिलाकर पी लेनेपर वह प्रभु (श्रीराम)की लीलाका नित्य परिकर बन गया—

पद पखारि जलु पान करि आपु सहित परिवार ।
पितर पारु करि प्रभुहि पुनि मुदित गयउ लेइ पार॥
(मानस २ । १०१)

केवटने प्रभुकी चरण-रज-कृपाका पूर्ण रसास्वादन किया । उनके चरणोंको धोकर और समस्त परिवारसहित स्वयं चरणामृतको पीकर उस रजकृपाके द्वारा अपने पितरोंको भवसागरसे पार कर आनन्दपूर्वक प्रभुको गङ्गाके उस पार उतार दिया । उपर्युक्त प्रसङ्गमें भगवती गङ्गाजी अपने उत्पत्ति-स्थान—प्रभुके अनुग्रहमय नखका दर्शन कर हर्षित हो गयीं—

पद नख निरखि देवसरि हरषी ।
(मानस २ । १०० । ३)

प्रभुके अनुग्रहमय सौन्दर्यसारसर्वस्व चरण भक्तोंके अक्षय धन हैं । उनकी वन्दनामें महामति विल्वमंगलकी विज्ञप्ति है—

मणिनूपुरवाचालं वन्दे तच्चरणं विभोः ।
ललितानि यदीयानि लक्ष्माणि व्रजवीथिषु ॥
(श्रीकृष्णकर्णामृत १ । १६)

'मैं श्यामसुन्दर व्रजरसेश्वर आनन्दकन्द वृन्दावनचन्द्रके चरणकमलोंकी वन्दना करता हूँ, जो मनोरम (शुभ स्वस्तिक, शङ्ख, चक्र, वज्र, कलश, कमल, अंकुश, मत्स्य आदि) चिह्नोंसे समलंकृत हैं तथा (पद्मराग इत्यादि) मणियोंसे जटित नूपुर—मञ्जीरकी रुनझुन ध्वनिसे शिंजित, अतिशय मधुर और मनोहर हैं ।'

प्रभुका श्रीविग्रह कृपामृतसे कोमल होकर सदा द्रवित होता रहता है । भगवत्प्रेमसे जो आनन्द प्राप्त होता है, वही कृपामृत है । प्राणीके चित्तमें मूर्तिमान् भगवत्-प्रेमानन्दकी दृष्टि ही कृपा-सुधा कहलाती है । इस प्रेममयी आनन्दस्वरूपिणी कृपामें आकारित प्रभुकी प्राप्ति ही कृपामयी प्रभु-मूर्तिका साक्षात् दर्शन है । 'प्रभु-मूरति कृपामई है' की भावना करनेवाले भक्त प्रभुकी कृपामयी मूर्तिसे यही निवेदन करते हैं कि जिस तरह स्वाति-नक्षत्रके जलकी कामना चातक-चित्त करता है, उसी प्रकार मेरा चित्त कृपामृत [illegible] लालसा करता है—

कृपा-सुधा-जलदान माँगिबो कहौं सो साँच निसोतो।
स्वाति-सनेह-सलिल-सुख चाहत चित-चातक सो पोतो॥

(विनयपत्रिका १६१ । २)

प्रभुका प्रेमामृत—अनुग्रह उन्हींकी स्वेच्छात्मक कृपा-की देन है। मानसकारने प्रेमको अमृत, विरहको मन्दराचल और भरतजीको गहरा समुद्र कहा है। देवता और साधुओंके हितके लिये कृपासिंधु श्रीरामने भरत-समुद्र (चरित)-का मन्थन कर प्रेमामृत—अनुग्रह प्रकट किया—

पेम अमिअ मंदरु बिरहु भरतु पयोधि गँभीर।
मथि प्रगटेउ सुर साधु हित कृपासिंधु रघुबीर॥

(मानस २ । २३८)

आशय यह है कि प्रेमामृत—प्रभु-अनुग्रह भक्तचरितसे उद्भूत होता है। भरतपर प्रभुकी कृपा-मूर्तिने पूर्ण अनुग्रह किया। उनकी स्वीकृति है कि कृपानिधानने मुझपर साङ्गोपाङ्ग अनुग्रह किया—

कृपा अनुग्रहु अंगु अघाई। कीन्हि कृपानिधि सब अधिकाई॥

(मानस २ । २९९ । ३)

प्रभु 'रसो वै सः'के रूपमें वर्णित हैं। कृपा निस्संदेह 'रस' है, दिव्यतम रस है। रस आस्वादित होता है—'रस्यते आस्वाद्यते, इति रसः।' रसका आस्वादन चमत्कारी सुख प्रदान करता है। महाकवि कर्णपूरका कथन है—

'..........'चमत्कारि सुखं रसः।'

(अलंकारकौस्तुभ ५ । १२)

प्रभुकी कृपा चमत्कारपूर्ण दिव्य सुख अथवा आनन्द प्रदान करती है। प्रभु करुणारस-अयन हैं—

रघुपति राजीवनयन सोभातनु, कोटि मयन,
करुनारस-अयन चयन-रूप भूप, माई।

(गीतावली ७ । ३ । १)

कमलनयन प्रभु (श्रीराम) करोड़ों कामदेवोंके समान सुन्दर शरीरवाले, करुणारसके आगार और आनन्दस्वरूप हैं।

प्रभुको भक्तानुग्रह-विग्रह कहा जाता है; क्योंकि वे भक्तोंके परित्राण और दुरात्माओंके उद्धारमें निरन्तर संलग्न रहते हैं। उन्हें सत्पुरुषोंके पालन तथा दुष्टोंके निग्रहका यथार्थ ज्ञान रहता है। वे अनुग्रह-निग्रह—दोनों स्थितियोंमें सबपर कृपा करते हैं, यही उनकी कृपामयता है।

उनकी कृपाकी रीति श्रीरामप्रेम-मूर्ति भरत-जैसे दैन्य-प्रिय भक्त ही समझते हैं। भरतजीकी उक्ति है—

मैं प्रभु कृपा रीति जियँ जोही। हारेहूँ खेल जितावहिं मोही॥

(मानस २ । २५९ । ४)

प्रभुकी सामान्य कृपा भक्त, भूमि, ब्राह्मण, गौ और देवताओंके संरक्षणमें तत्पर रहती है। प्रभुके आश्रित जीवोंको उनकी कृपा ही जगाती है—

जानकीसकी कृपा जगावती सुजान जीव।

(विनयपत्रिका ७४ । १)

सामान्य कृपाके अतिरिक्त प्रभु स्वेच्छासे कृपा करते हैं। वे जीवको आज्ञा देकर कार्य (सेवा)पर नियुक्त करते हैं।

विशाल वटवृक्षके एक पल्लवपर शयन करनेवाले बाल-मुकुन्द भगवान्ने मार्कण्डेय मुनिपर स्वेच्छासे कृपा की। भयंकर प्रलय-दृश्य उपस्थित था। प्रभुने कहा—'मैंने तुमपर कृपा की है, तुम मेरे शरीरमें प्रवेश कर विश्राम करो। तुम्हारे निवास-की व्यवस्था की गयी है'—

अभ्यन्तरं शरीरे मे प्रविश्य मुनिसत्तम।
आस्स्व भो विहितो वासः प्रसादस्ते कृतो मया॥

(महाभा० वन० १८८ । ९८)

प्रभुकी स्वेच्छा-कृपाका अवतरण मुचुकुन्दपर भी हुआ था प्रभुने गुफामें प्रवेश कर कहा—'मैं तुमपर अनुग्रह करनेके लिये इस गुफामें प्रविष्ट हुआ हूँ। मेरा शरणागत जन—भक्त किसी भी प्रकारकी चिन्ता करने योग्य नहीं है'—

सोऽहं तवानुग्रहार्थं गुहामेतामुपागतः॥
मां प्रपन्नो जनः कश्चिन्न भूयोऽर्हति शोचितुम्।

(श्रीमद्भा० १० । ५१ । ४३-४४)

प्रभु भक्तेच्छा-कृपा भी करते हैं। मनु-शतरूपाके तपस्या कालमें प्रभुने प्रकट होकर भक्तकी इच्छा पूरी की मनुने प्रभुसे याचना की—'हे दानियोंके शिरोमणे हे कृपानिधान! मैं आपके समान पुत्र चाहता हूँ।' करुणानिधि प्रभुने कहा—'ऐसा ही हो। मैं अपने समान (दूसरा) कहाँ खोजूँ। स्वयं ही तुम्हारे पुत्ररूपमें प्रकट होऊँगा'—

देखि प्रीति सुनि बचन अमोले। एवमस्तु करुनानिधि बोले।
आपु सरिस खोजौं कहँ जाई। नृप तव तनय होब मैं आई।

(मानस १ । १४९ । १)

शतरूपाने कहा—'राजाने जो वर माँगा है, वह मुझे प्रिय है, पर साथ-ही-साथ आपके निज-जन जो अखण्ड सुख और परम गति प्राप्त करते हैं, वही सुख, वही गति आपके चरणोंमें वही प्रेम, वही ज्ञान और वही रहन-सहन कृपा करके हमें प्रदान कीजिये।' शतरूपाकी कोमल, गूढ़, मनोहर वाक्य-रचना सुनकर कृपाके समुद्र भगवान्ने कहा—'तुम्हारे मनमें जो ... है; वह सब मैंने तुम्हें दे दिया—

सुनि मृदु गूढ़ रुचिर बर रचना। कृपासिंधु बोले मृदु बचना॥
जो कछु रुचि तुम्हरे मन माहीं। मैं सो दीन्ह सब संसय नाहीं॥

(मानस १। १५०। १)

एकनाथ महाराजने सहज कृपाके रूपपर प्रकाश डालते हुए कहा है कि भक्तका काम करनेमें भगवान्‌को लज्जा नहीं आती । यह अनुभव देखो। पण्ढरीके राजा (भगवान् पाण्डुरंग विठ्ठल) उदार हैं, वे जाति, कुल (पवित्र अथवा चाण्डाल)—किसी भी बातका विचार नहीं करते। मैं आनन्दित होकर उनके शरणागत हूँ—

भक्ताचीये काजे। देव करितां न लाजे।
हा तों पहा अनुभव। उदार पण्ढरीचा राव॥
न विचारी याती कुल। शुचि अथवा चांडाळ।
एका जनार्दनीं शरण। एका भावें चिंतकोण॥

(एकनाथ-वाणी)

भक्त कवि रहीमने इसी सहज कृपासे प्रेरित होकर कहा है कि लता-बेलिका कोई महत्त्व नहीं है, फिर भी करुणामय प्रभु उनका प्रतिपालन करते हैं। ऐसे कृपामयको छोड़कर प्राणी किस अन्यकी शरणमें जाय—

अमरबेलि बिनु मूल की प्रतिपालत है ताहि।
रहिमन ऐसे प्रभुहिं तजि खोजत फिरिए काहि॥

(रहीमरत्नावली ७)

प्रभुकी कृपा-मूर्तिकी वन्दना है—जो आत्माराम होनेपर भी व्रजरमणियोंके प्रति हृदयकी प्रेम-प्रवणतासे युक्त हो गये, भक्तोंपर कृपा करने तथा असुरोंको मारनेके बहाने और इस लोकमें विहारकी इच्छासे व्रजभूमिमें अवतरित हुए, उन्हीं नवजलधरश्याम आनन्दमय पुरुष (श्रीकृष्ण)की मैं वन्दना करता हूँ—

व्रजस्त्रीणां प्रेमप्रवणहृदयो वा द्विजवधू-
कृपायुक्तो भक्तेष्वसुरनिधनक्रमनिपुणः।
अपि स्वात्मारामो य इह विजिहीर्षुर्व्रजमगात्
तमानन्दं वन्दे नवजलदजालोदरविभम्॥

(हरिभक्तिकल्पलतिका १। २)

आचार्य शंकरकी उक्ति है—'हे प्रभो! मैं धन्य हूँ, आपकी कृपासे कृतकृत्य हूँ, संसार-बन्धनसे विमुक्त हूँ, नित्यानन्द-स्वरूप और पूर्ण हूँ।' अद्वैत-वेदान्तके सूक्ष्म दार्शनिक धरातलपर विचरण करनेवाले पूर्ण तथा नित्यानन्दस्वरूप होनेका आधार शंकराचार्यने भगवदनुग्रहको स्वीकार किया है। आत्मवित्‌को प्रभु-मूर्तिके अनुग्रहकी नितान्त आवश्यकता है, आचार्यके कथनसे यह ध्वनित होता है—

धन्योऽहं कृतकृत्योऽहं विमुक्तोऽहं भवग्रहात्।
नित्यानन्दस्वरूपोऽहं पूर्णोऽहं त्वदनुग्रहात्॥

(विवेकचूडामणि ४८९)

इतना ही नहीं, उनका तो प्रभुके अनुग्रहका प्रतिपादन यहाँतक है कि जो करोड़ों कामदेवोंसे भी सुन्दर हैं, वाञ्छित फल देते हैं, उन दयासागर श्रीकृष्णको छोड़कर युगल नेत्र अन्य किस विषयका दर्शन करनेको उत्सुक हैं ?—

कन्दर्पकोटिसुभगं वाञ्छितफलदं दयार्णवं कृष्णम्।
त्यक्त्वा कमन्यविषयं नेत्रयुगं द्रष्टुमुत्सहते॥

(प्रबोधसुधाकर १९१)

आचार्य निम्बार्कका निवेदन है—'हे हरे! शास्त्र तथा लोकमें यदि चेतन जीव ही आपके समान नहीं है तो आपसे अधिक गुणवाला समर्थ दूसरा हो ही कौन सकता है। अतः मैं सुधानिधि, कमलनयन, शरणद आपकी शरण ग्रहण करता हूँ'—

त्वत्समो यदि ह नास्ति चेतनः कस्त्वदाधिकगुणाकरः प्रभुः।
त्वां प्रयामि शरणं शरण्यकं पुण्डरीकनयनं सुधानिधिम्॥

(कृष्णस्तवराज १)

आचार्य निम्बार्ककी तरह मध्वाचार्यने भी कहा है—मैं दोनों हाथ उठाकर शपथपूर्वक कहता हूँ कि भगवान्‌के समान इस चराचर जगत्‌में कोई नहीं है। वे सर्वश्रेष्ठ हैं। इस कथनका तात्पर्य यह है कि मध्वाचार्यने भगवान्‌को परम शरण्य स्वीकार किया है। चैतन्य महाप्रभुका निवेदन है कि 'हे नन्दनन्दन! विषम संसार-सागरमें पड़े हुए मुझ दासको कृपापूर्वक अपने चरणकमलके एक धूलि-कणके समान समझ लीजिये'—

अयि नन्दतनूज किङ्करं पतितं मां विषमे भवाम्बुधौ।
कृपया तव पादपङ्कजस्थितधूलीसदृशं विचिन्तय॥

(पद्यावली ७१)

हमें अपने मनको यह कहकर सदा सावधान करते रहना चाहिये कि भक्तानुग्रह-विग्रह, प्रभुकी कृपामयी मूर्ति ही नयनोंके लिये दर्शनीय है—

'नयननि निरखि कृपासमुद्र हरि।'

(विनयपत्रिका २०५। ३)

कृपामय प्रभु—अनुग्रहपति प्रभु अनुग्रह-ही-अनुग्रह हैं, कृपा-ही-कृपा हैं। कृपामयी प्रभुमूर्ति वन्द्य है, आराध्य है, उपास्य है।

भगवत्कृपाके विविध रूप

(लेखक—डॉ० श्रीअवधबिहारीलालजी कपूर, एम्० ए०, डी० फिल्०)

परिस्थिति और भगवत्कृपा—

'भगवान् कृपालु हैं, हम कैसे जानें। कृपालु होते तो क्या हमारी यही दशा होती ? जन्म-मृत्यु और आधि-व्याधिका चक्कर तो लगा ही रहता है—ऊपरसे यह मँहगाई, भ्रष्टाचार, अभाव, अराजकता और अशान्ति ! भगवान्ने कभी किसी द्रौपदीका चीर बढ़ाया होगा, कभी किसी हिरण्यकशिपुसे किसी प्रह्लादकी रक्षा की होगी, कभी किसी गजकी पुकारपर वे नंगे पाँव भागे चले आये होंगे उसे ग्राहसे छुड़ानेके लिये। पर आज जब एक नहीं अनेकों दुर्योधन और ग्राह उद्यत हैं हमें नंगा करके निगल जानेके लिये। हमारा संकट देखकर न तो उन (परमात्मा) का हृदय पसीजता है, न हमारी पुकार ही उनके कानमें गूँजती है।' भगवान्को कैसे लगते होंगे ये शब्द ! वे भक्तवत्सल हैं, भक्तोंपर कृपा करना उनका सहज-स्वभाव है। वे सदा वही करते हैं, जो उनके भक्त चाहते हैं। भक्तोंकी वाञ्छा पूर्ण करनेके अतिरिक्त उनका और कृत्य ही क्या है !—

> कृष्ण सेई सत्य करे, जेई माँगे भृत्य।
> भक्तवाञ्छा पूर्ति बिनु नाहिं अन्य कृत्य॥
> (चै० च० २। १५। १६६)

भगवान्की कृपा भी उनके स्वरूपकी तरह व्यापक है। सामान्य पुरुष उन्हें निष्ठुर भले ही कहें, पर भगवद्विश्वासी पुरुषोंकी दृष्टि जिधर भी जाती है, उधर उन्हें केवल कृपाकी वृष्टि ही होती दीखती है। उनकी कृपासे ही सूर्य और चन्द्रमा नियमित समयपर उदित होकर प्रकाशका विस्तार करते हैं, पवन आन्दोलित होता है, बादल वृष्टि करते हैं, अग्नि उष्णता प्रदान करती है, पृथ्वी अन्न उपजाती है, वृक्षोंमें पुष्प खिलते हैं, फल लगते हैं। प्रत्येक पदार्थ अपने-अपने स्वभावके अनुसार कुछ निश्चित नियमोंका पालन करता है। यदि अग्नि, जो आज उष्णता प्रदान करती है, एक क्षणमें उष्णता प्रदान करे और दूसरेमें शीतलता; जल, जो आज शीतल है, एक क्षणमें शीतल दूसरे क्षणमें उष्ण; ओषधियाँ, जो आज एक स्थितिमें हमारे प्राणोंकी रक्षा करती हैं, उसी स्थितिमें कभी प्राण-घातक हो जाती तो क्या जीवन सम्भव हो सकता था। क्या प्रकृतिकी नियमबद्धता और एकरूपता(Uniformity of nature) भगवान्की कृपालुताका सबसे बड़ा प्रमाण नहीं है !

जो लोग भगवान्को संसारके दुःख-दर्द, अभाव-अशान्ति और जन्म-मृत्युका कारण मानकर निष्ठुर ठहराते हैं, वे यह नहीं जानते कि सुखकी अपेक्षा दुःखमें, भावकी अपेक्षा अभावमें और अमरत्वकी अपेक्षा मृत्युमें भगवान्की कृपा अधिक है। सुख जीवको मोहकी नींद सुलाता है, दुःख जगाकर रखता है; सुख उसे भगवान्से विमुख कर अशान्त बनाता है, दुःख भगवान्की ओर उन्मुख कर शाश्वत सुख और शान्तिका मार्ग प्रशस्त करता है।

यदि सांसारिक सुख जीवके लिये हितकर होता तो माँ कुन्ती भगवान् श्रीकृष्णसे दुःखका वरदान क्यों माँगतीं ! यदि अभाव अहितकर होता तो ईसामसीह क्यों कहते कि 'ऊँटका सूईके छेदमें प्रवेश पाना सम्भव है, पर सम्पन्न व्यक्तिका संसार-सागरसे पार होना कठिन है !' यदि ऐश्वर्य-भोग कल्याणकारी होता तो रावण और हिरण्यकशिपु दुराचारी क्यों कहलाते !

अवतार और भगवत्कृपा—

भगवान् केवल अप्रत्यक्ष रूपसे विश्वकी समुचित व्यवस्था करके ही जीवोंपर कृपा नहीं करते, प्रत्युत वे कृपापूर्वक प्रत्येक युगमें प्रत्यक्ष रूपसे प्रकट होकर भी भू-भार-हरण करते हैं। ऐसा कौन-सा विशेष कारण है, जिसके लिये उन्हें स्वयं अवतरित होना पड़ता है !

चैतन्य-चरितामृतकार श्रीकविराज कृष्णदास गोस्वामीका कहना है कि स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण भू-भार-हरणके लिये अवतरित नहीं होते। यह कार्य तो आनुषङ्गिक रूपसे उनके अंश क्षीरोदशायी विष्णुद्वारा सम्पन्न हो जाता है (चै० च० १। ४। १२)। क्षीरोदशायी विष्णु श्रीकृष्णके अभ्यन्तर रहकर उन्हींके अङ्ग-प्रत्यङ्गद्वारा असुर-संहारादि कार्य करते हैं। लगता है कि श्रीकृष्ण स्वयं यह

कार्य करते हैं, पर वास्तवमें असुर-संहारादिद्वारा युग-धर्म-प्रवर्तन उनका कार्य नहीं है और इस कार्यके लिये वे अवतीर्ण होते भी नहीं, उनके अवतीर्ण होनेका रहस्य कुछ और ही है। कुन्तीदेवीने कुरुक्षेत्र-युद्धके पश्चात् श्रीकृष्णके द्वारका जानेके पूर्व अपने स्तवनमें इस रहस्यका उद्घाटन करते हुए कहा है कि श्रीकृष्णका अवतरण भक्तियोगविधानार्थ होता है (श्रीमद्भा० १ । ८ । २०) । उनका तात्पर्य उस भक्तियोगसे नहीं, जिसका लक्ष्य सालोक्यादि मुक्ति प्राप्त करना है; अपितु रागानुगा-भक्तिसे है, जिसका लक्ष्य प्रेम-रूप धनकी प्राप्ति है ।

रागानुगा-भक्तिका प्रचार कर प्रेम-दान करनेके लिये श्रीकृष्ण इतने उत्कण्ठित क्यों रहते हैं ? इसीलिये कि वे परम-करुण हैं । करुणत्वके कारण जीवको रागानुगा-भक्तिद्वारा उस योग्यताको प्रदान करनेकी उनकी व्याकुलता स्वाभाविक है, जिसके द्वारा वह उनके असमोर्ध्व माधुर्यका आस्वादन कर परमानन्द प्राप्त कर सकता है—उस माधुर्यका जो स्थावर-जङ्गम सभीके चित्तको आकर्षित करनेकी सामर्थ्य रखता है, जिसके लिये आत्माराम मुनिगण भी लालायित रहते हैं, जिसके लिये लक्ष्मी भी तरसती हैं और जिसके आस्वादनका लोभ स्वयं श्रीकृष्णको भी हो आता है (चै० च० २ । २१ । ८६-८८) । उनकी व्याकुलता स्वाभाविक इसलिये भी है कि उनकी कृपाके बिना जीवके लिये उस योग्यताको प्राप्त करनेका कोई अन्य उपाय ही नहीं है (चै० च० २ । २४ । १३५) ।

श्रीजीवगोस्वामीजीने इस बातपर विशेष बल दिया है कि भक्ति श्रीकृष्णकी आह्लादिनी प्रधाना स्वरूप-शक्तिवृत्ति है और भगवान्‌के स्वरूपमें ही उस (भक्ति)की स्थिति है । भगवान् स्वयं ही जीवके हृदयमें भक्तिका संचार करते हैं । जीवको ज्ञान-कर्म-योगादि—किसी साधनसे उस भक्तिको प्राप्त करनेमें कठिनता होती है, परंतु वह केवल श्रीकृष्ण-कृपासे उसे सरलतासे प्राप्त कर सकता है—

> ब्रह्माण्ड भ्रमिते कोन भाग्यवान् जीव ।
> गुरु-कृष्ण प्रसादे पाय भक्ति-लता-बीज ॥
>
> (चै० च० २ । १९ । १३३)

सचमुच भक्ति-प्राप्तिका कोई अन्य साधन है ही नहीं; भक्ति स्वयं ही साधन भी है और साध्य भी । जिस प्रकार साध्य-भक्ति भगवान्‌की कृपासे प्राप्त होती है, उसी प्रकार साधन-भक्ति भी उन्हींकी कृपासे उपलब्ध होती है। भक्तिके जितने भी साधन और उपकरण हैं, वे प्रपञ्चात्मक (जगत्‌के-से) दीखनेपर भी प्रपञ्चातीत और भगवान्‌की स्वरूप-शक्तिके कृपाप्रसाद हैं । श्रवण-कीर्तनादि साधनकी जितनी भी क्रियाएँ हैं, सब श्रीकृष्ण-कृपासे ही सम्भव हैं—

> 'कृष्णेरे भजय ।'
>
> (चै० च० २ । २४ । १४३)

कुन्तीदेवीके स्तवनसे श्रीकृष्ण-अवतरणके एक अन्य रहस्यका भी उद्घाटन होता है। उन्होंने कहा है—'हे भगवन् ! जिसके नाम-स्मरणमात्रसे सारे अपराध दूर हो जाते हैं, वही तुम (गोपी यशोदाकी दहीकी हँड़ियाँ तोड़ देनेके कारण) अपनेको अपराधी मानते हो, भय भी जिससे भयभीत होता है, वही तुम (माया-बन्धनसे मुक्ति देनेवाले होनेपर भी) रज्जु-बन्धनसे भयभीत हो—नेत्रोंसे कज्जल-मिश्रित अश्रु-विसर्जन करते हुए नीचा मुँह किये खड़े हो जाते हो । तुम्हारी उस समयकी छविका स्मरण कर मैं विमुग्ध हुए बिना नहीं रहती ।' स्पष्ट है कि श्रीकृष्णको प्रेम-वश्यता स्वीकार कर भक्तके प्रेम-सुधा-आस्वादनमें जो सुख मिलता है, वह उन्हें अपनी भगवत्ता और अपने आनन्दस्वरूपसे भी नहीं मिलता। प्रेमका अगाध समुद्र भगवान् श्रीकृष्णकी भगवत्ता, विभुता और अचिन्त्य शक्तिमत्ताको अपने अतल-तलमें समेटकर उन्हें यशोदाके वात्सल्य-अमृतका आस्वादन करनेका सुयोग देता है । इस रसका आस्वादन करना भी रसिकशेखर श्रीकृष्णकी लीलाका एक उद्देश्य है ।

ब्रह्माजीने भी देवकी-गर्भस्थ श्रीकृष्णकी स्तुति करते समय कहा—'हे भगवन् ! विनोद अथवा लीलाके अतिरिक्त आपके अवतरणका कोई अन्य कारण मेरी समझमें नहीं आता (श्रीमद्भा० १० । २ । ३९) । लीला भगवान् और उनके लीला-परिकरोंको आनन्द-विभोर कर देती है । अप्रकट लीलामें श्रीकृष्ण अपने नित्य परिकरोंकी प्रेम-सुधाका आस्वादन करते हैं और विशेष कृपावश प्रकट लीलामें संसारके बद्ध जीवोंको भक्तिका दान कर प्रेम-रसका आस्वादन करते हैं । जीवोंको भक्तिका दान कर उनके प्रेमरसका करना भगवान्‌के अवतारका एक विशेष कार

हृदयमें निक्षिप्त ह्लादिनी (शक्ति)के आनन्दकी चमत्कारिता भगवान्‌के स्वरूपमें स्थित अर्थात् स्वरूपगत ह्लादिनीके आनन्दकी अपेक्षा कहीं अधिक है; जिस प्रकार वंशीवादककी वंशीध्वनि उसकी अपनी ही फूत्कारके सिवा और कुछ नहीं है, पर वंशी-रन्ध्रोंमें प्रवेश करते ही वह इतनी मधुर हो जाती है कि वंशीवादक स्वयं भी विमुग्ध हो जाता है, उसी प्रकार भगवान्‌की ह्लादिनी-शक्ति भक्तके हृदयमें निक्षिप्त होनेपर एक अपूर्व आनन्द-चमत्कारिता धारण कर लेती है, जो भगवान्‌को भी विमुग्ध कर देती है ।

जिस प्रकार वात्सल्यमयी माँ अपने शिशुको स्तनपान कराकर उसे तृप्त करती है और स्वयं भी तृप्त होती है, उसी प्रकार करुणाकर भगवान् अपने भक्तोंको तो धन्य करते ही हैं, स्वयं भी धन्य होते हैं । भक्तके प्रति कृपा कर वे उसपर अनुग्रह करनेका भाव रखते हों, ऐसा नहीं, यदि भक्त उनके अनुग्रहको स्वीकार कर ले तो वे अपने-आपको ही अनुगृहीत अनुभव करते हैं। भिन्न-भिन्न रुचिके भक्तोंके लिये वे भिन्न-भिन्न रूपोंका विस्तार करनेकी कृपा करते हैं और उनके थोड़ा भी उन्मुख होनेपर उलटा अपने आपको उनका ऋणी मानते हैं ।

जीवोंकी बद्धावस्थामें भी उन्हें अपनी सेवा-पूजाका अवसर प्रदान करनेके लिये ही वे प्रपञ्चात्मक जगत्‌में मूर्तरूपसे प्रकट होते हैं, गोलोकके मणिमय निकुञ्जोंको छोड़कर भक्तकी टूटी-फूटी झोपड़ीमें रहते हैं, प्रपञ्चात्मक जगत्‌के सभी बन्धनोंको स्वीकार करते हैं, गर्मी, जाड़ा, वर्षा, भूख, प्यास और अनेक प्रकारकी यातनाओंमें रस लेते-से दीख पड़ते हैं और यदि किसी अनुरक्त भक्तके पाले पड़ जायँ तो उसके शासनमें रहकर उसकी डाँट-फटकार भी सहते हैं । फिर भी उसकी प्रेम-सेवा स्वीकार कर उसका अनुग्रह मानते हैं ।

श्रीमद्भागवतादि अपने वाङ्मयावतारों (मधुर लीला-कथाओं)के रूपमें तो वे प्रकट ही रहते हैं, जो जीवोंको संसार-सागरसे पार करनेके लिये सेतु-स्वरूप हैं । पर जो लोग उनकी इस कृपाको स्वीकार कर उनकी लीला-कथाओंका श्रवण-कीर्तन करनेकी इच्छामात्र करते हैं, उनके प्रति कृतज्ञतावश वे उनके हृदयमें स्वयं आबद्ध हो जाते हैं—

सद्यो हृद्यवरुध्यतेऽत्र कृतिभिः शुश्रूषुभिस्तत्क्षणात् ।
(श्रीमद्भा० १ । १ । २)

धाम और भगवत्कृपा—

धामरूपमें प्रकटित होकर तो वे अपने कृपा-वस्त्रको भूतलपर विछाये रखते हैं, जिससे वे लोग जिनसे किसी प्रकारका भजन-साधन नहीं बनता, यदि केवल उनके धाममें आकर पड़ जायँ तो धाम अपने अचिन्त्य प्रभावसे उनके जन्म-जन्मान्तरके पापोंका मार्जन कर उन्हें अपनी अपार दैवी सम्पत्तिका अधिकारी बना देता है । पर जो लोग उनकी इस कृपासे आकृष्ट होकर श्रद्धापूर्वक धामकी शरण लेते हैं भगवान् उनका भी आभार मानते हैं; क्योंकि वे भगवान्‌की [illegible] जीवोद्धाररूप एक साध पूरी करते हैं । भगवान्‌की अपनी उक्ति है कि वे अपने भक्तोंके पीछे फिरते रहते हैं, जिससे उनके चरणोंकी रज उड़कर उनके ऊपर पड़े और वे धन्य हो जायँ—

अनुव्रजाम्यहं नित्यं पूयेयेत्यङ्घ्रिरेणुभिः ।
(श्रीमद्भा० ११ । १४ । १६)

धामरूपमें भक्तोंको अपने वक्षःस्थलपर धारण कर वे अपनी इस साधको सहज ही पूरी कर अपनेको धन्यातिधन्य मानते हैं।

नाम और भगवत्कृपा—

नामरूपमें उनकी कृपाके विषयमें जितना भी कहा जाय, थोड़ा है । नाममें उन्होंने अपनी सारी कृपा-शक्ति कूट-कूटकर भर दी है । नाम-स्मरणका साधन भी कितना सरल कर दिया है; इसमें न देशका कोई नियम रखा है, न कालका, न पात्रताका । नाम-स्मरणकी कोई लंबी अवधि निर्धारित नहीं की है । केवल एक बार श्रद्धापूर्वक व निरपराधभावसे नाम लेनेसे जीवके सभी पापोंका नाश हो जाता है और उसमें भक्तिका उन्मेष हो जाता है—

एक कृष्णनाम करे सर्व पाप नाश ।
प्रेमेर कारण भक्ति करे न प्रकाश ॥
(चै० च० १ । ८ । २

इतनी कृपा करनेपर भी वे स्वयं कृतज्ञ होते हैं व्यक्तिके प्रति, जो केवल एक बार उनका नाम स्मरण कर लेता

सकृत् संकीर्तितो देवः स्मृतो वा मुक्तिदो नृणाम् ।
कृतज्ञोऽसौ घृणी शश्वत् स कथं वो न संस्मृतः ॥
(इतिहासोत

कैसी विलक्षण, कैसी मधुर, कैसी रसमयी कृपा रसिक-शेखर श्रीकृष्णकी !

विपत्तिमें भगवत्कृपा

(लेखक—श्रीहर्षदराय प्राणशंकर वधको)

सम्राट् फिलिपके जीवनका एक प्रसङ्ग है। एक दिन वह राजमहलकी छतपर खड़ा था। उसी समय उसने देखा कि एक कैदीको फाँसी दी जा रही है। वह बोल उठा—'हे भगवन्! मुझपर आपकी कैसी महती कृपा है! मैं आज राजगद्दीके महान् सुखको भोगता हूँ और उस मनुष्यको फाँसी-के तख्तेपर लटकना पड़ रहा है!' पीछे ही खड़े फिलिपके गुरुने यह बात सुनी और वे बोले—'राजा! तू भूल रहा है, परमात्माकी जो कृपा तुम्हें राज्यकी यह सुख-सम्पत्ति देनेमें है, वही कृपा इस मनुष्यको फाँसीपर लटकानेमें भी है।'—कैसा महान् सत्य है! मनुष्यकी सीमित, संकीर्ण और संकुचित दृष्टि लौकिक सुखोंमें भगवान्की कृपाका अनुभव करती है और दुःखोंमें उनकी अकृपा देखती है। भगवत्कृपाकी तो अनवरत वर्षा हो रही है। हमारे सीमित विचारोंके कारण हमें उसकी अनुभूति और साक्षात्कार नहीं हो पाता।

हमें भगवत्कृपाकी प्रतीक्षा नहीं करनी है, अपितु उसकी 'समीक्षा' करनी है। प्रतीक्षा तो उसकी की जाती है, जो प्राप्त नहीं है। भगवत्कृपा तो सदा-सर्वदा प्राप्त है और समीक्षा प्राप्त वस्तुकी ही होती है।

परमात्मा स्वयं मङ्गलस्वरूप हैं—

मङ्गलं भगवान् विष्णुर्मङ्गलं गरुडध्वजः।
मङ्गलं पुण्डरीकाक्षो मङ्गलायतनो हरिः॥
(गरुडपु० उ० ख० ३५। ४६)

मङ्गलस्वरूप भगवान् कभी अमङ्गल नहीं करते। विष्णुसहस्रनामस्तोत्रमें भगवान्के स्वस्तिद, स्वस्तिकृत्, स्वस्ति, स्वस्तिभुक्, स्वस्तिदक्षिण आदि मङ्गलप्रद नाम हैं। तदनुरूप परमात्माका प्रत्येक विधान भी कल्याणप्रद ही होता है। वे मङ्गलमय विष्णु सर्वव्यापक हैं। जीवन और मृत्युमें, मित्र और शत्रुमें, रोग और आरोग्यमें, धनकी प्राप्ति और हानिमें, मान और अपमानमें—हमें सर्वत्र मङ्गलस्वरूप परमात्माके ही स्पर्शका अनुभव होना चाहिये। इसीलिये 'गीताञ्जलि'के कवि श्रीरवीन्द्रनाथ ठाकुरने भावविभोर हो गाया है—'हे परमात्मन्! मुझे वह शक्ति दो, जिसके द्वारा मैं जीवनके सारे स्पर्शोंको प्रेमद्वारा अपना सकूँ—चाहे कोई प्रसङ्ग आनन्दका हो या शोकका, लाभका हो या हानिका, उदयका हो या अस्तका।'

नरसी मेहताके पुत्र शामलशाहकी मृत्यु हो गयी है और वे गाते हैं—

भलुं थयुं भांगी जंजाल, सुखे भजीशुं श्रीगोपाल।

'अच्छा हुआ जंजाल छूट गया, अब सुखसे श्रीगोपाल-का भजन करूँगा।' वे कहते हैं—

'जे गम्युं जगत गुरुदेव जगदीशने ते तणे खरखरो फोक करवो।
आपणो चिंताओ अर्थ कई नवसरे, उगरे एक उद्वेग धरवो॥'

'जगत्में जिससे स्नेह था, उसे गुरुदेव जगदीशने ले लिया। अब मेरी चिन्ताका कोई विषय नहीं रह गया। एक उद्वेगसे छुटकारा मिला।'

तुकारामजीकी पत्नी बड़ी उग्र-स्वभाववाली और कर्कशा थी। इसके लिये तुकारामजी भगवान्का आभार मानते और कहते कि पत्नीके प्रतिकूल होनेसे उसके जालमें न फँसकर मैं सुगमतापूर्वक परमात्माको प्राप्त कर सका। एकनाथजीकी पत्नी अनुकूल स्वभावकी थी तो उन्होंने प्रभुका आभार इस रूपमें माना कि उनकी पत्नी उनके साधन-मार्गमें सहायक बनी। इस प्रकार नरसी मेहताने पुत्रकी मृत्युमें, तुकारामने प्रतिकूल पत्नीकी प्राप्तिमें और एकनाथजीने अनुकूल पत्नीकी प्राप्तिमें परमात्माके अनुग्रहका ही दर्शन किया।

किसा गौतमीका इकलौता पुत्र मर गया। वह शोकाकुल हो भगवान् बुद्धके पास आयी और दीक्षित हुई। 'त्रिपिटक' ग्रन्थमें भिक्षुणी पटाचाराकी बड़ी प्रशंसा है। उसके केवल एक प्रवचनसे पाँच सौ स्त्रियाँ भगवान् बुद्धसे दीक्षित होकर भिक्षुणी बन गयीं। पटाचाराका पूर्व-जीवन देखिये—उसने अपने माता-पिताकी आज्ञाके विरुद्ध अपनी पसंदसे विवाह किया। वह बहुत दूर देशमें रहने चली गयी। दो पुत्रोंका जन्म होनेके बाद एक दिन वह माता-पितासे मिलने चली। पति और बालक उसके साथ थे। मार्गमें जंगल पड़ा। उसके पतिको एक सर्पने डँस लिया और वह मर गया। एक जंगली जानवर

उसके एक पुत्रको उठा ले गया। उसका बड़ा पुत्र एक झाड़ीमें प्रवेश कर उसीके भीतर ही लुप्त हो गया। वह हताश होकर हृदय-द्रावक विलाप करती हुई श्रावस्तीमें अपने माता-पिताके घर पहुँची। वहाँ खबर मिली कि उसकी अनुपस्थितिमें उसके पिताका घर गिर गया और माता-पिता दोनों उसीमें दब गये। शोकातुर पटाचारा भगवान् बुद्धकी शरणमें गयी। तथागतने उसे सांसारिक सम्बन्धके मिथ्यात्वका परिज्ञान कराया, शाश्वती शान्ति और सुख-दुःखसे परे जीवनकी अविनश्वर स्थितिसे उसे सम्यक् प्रबुद्ध किया। त्रितापकी उग्रतम ज्वालाओंसे दग्ध पटाचाराको भगवान् तथागतके शब्दोंसे परम शान्ति और समाधान प्राप्त हुआ।

बचपनसे ही संत रबियाने अनेक स्नेही जनोंके अवसान, भीषण दरिद्रता, रोग, गुलामी आदिको बिना घबराहट, सहज ही हँसते-हँसते सहन किया। भगवान्की करुणा, कृपा और न्यायप्रियताके विषयमें शङ्का करना भक्तिमती रबियाके विचारसे मूर्खता और अश्रद्धाकी सीमा थी।

जो विपत्ति परमात्माका अखण्ड स्मरण कराती है, वह अभिशाप नहीं, वरदान है; अकृपा नहीं, अनुग्रह है।

नारदपञ्चरात्रमें स्वयं परमात्माके वचन हैं—

देशत्यागो महान् व्याधिर्विरोधो बन्धुभिः सह।
धनहानिरपमानं च मदनुग्रहलक्षणम्॥

'देशत्याग, महान् रोग, बन्धु-बान्धवोंसे विरोध, धन-हानि और अपमान—ये मेरी कृपाके लक्षण हैं।'

इसी प्रकार श्रीमद्भागवतमें भगवान्की उक्ति है—

यस्याहमनुगृह्णामि हरिष्ये तद्धनं शनैः।
ततोऽधनं त्यजन्त्यस्य स्वजना दुःखदुःखितम्॥
स यदा वितथोद्योगो निर्विण्णः स्याद्धनेहया।
मत्परैः कृतमैत्रस्य करिष्ये मदनुग्रहम्॥
(१०।८८।८-९)

'जिसपर मैं अनुग्रह करता हूँ, उसका धन धीरे-धीरे हर लेता हूँ। जब वह निर्धन हो जाता है, तब उसके सगे-सम्बन्धी उस दुःखाकुलको छोड़ देते हैं। पुनः जब उसका धनप्राप्तिका सारा प्रयत्न निष्फल हो जाता है और उधरसे उसका मन विरक्त हो जाता है, तब वह मेरे प्रेमी भक्तोंका आश्रय लेकर उनसे सम्बन्ध स्थापित करता है। उस समय मैं उसपर कृपा करता हूँ।'

भगवान् श्रीकृष्णने इन्द्रकी मानहानि करते समय कहा—

मया तेऽकारि मघवन् मखभङ्गोऽनुगृह्णता।
मदनुस्मृतये नित्यं मत्तस्येन्द्रश्रिया भृशम्॥
मामैश्वर्यश्रीमदान्धो दण्डपाणिं न पश्यति।
तं भ्रंशयामि सम्पद्भ्यो यस्य चेच्छाम्यनुग्रहम्॥
(श्रीमद्भा० १०।२७।१५-१६)

'इन्द्र! तुम अपने ऐश्वर्य और धन-सम्पत्तिके मदसे उन्मत्त हो रहे थे, इसलिये तुमपर अनुग्रह करके ही मैंने तुम्हारा यज्ञ-भङ्ग किया है, जिससे तुम नित्य-निरन्तर मुझे स्मरण रख सको। जो ऐश्वर्य और धन-सम्पत्तिके मदसे अंधा हो जाता है, वह मुझ दण्डपाणिको नहीं देखता। मैं जिसपर अनुग्रह करना चाहता हूँ, उसे ऐश्वर्य-भ्रष्ट कर देता हूँ।'

हमलोग परमात्माके कल्याणकारी संकेतोंको समझ नहीं पाते। मनुष्य परमात्माकी इच्छामें अपनी इच्छा मिला दे तो वह सदाके लिये सुखी हो सकता है। महात्मा ख्रीष्ट कहते हैं—'परमेश्वरकी इच्छासे बढ़कर कुछ नहीं है, उससे कम भी कुछ नहीं है, दूसरा कुछ है ही नहीं।'

यद्यपि प्रभु हमारी आवश्यकताओंको जानते हैं, फिर भी अज्ञतावश हम अपनी आवश्यकता उन्हें सूचित करें तो जो उत्तर हमारे लिये सबसे हितकर है, उसको प्राप्त करनेके लिये सर्वज्ञ ईश्वरपर भरोसा भी करना चाहिये।

विपदः सन्तु नः शश्वत्तत्र तत्र जगद्गुरो।
भवतो दर्शनं यत्स्यादपुनर्भवदर्शनम्॥
(श्रीमद्भा० १।८।२५)

'हे जगद्गुरो! हमारे ऊपर सर्वदा पद-पदपर विपत्तियाँ आवें; जिससे कि हमें फिर संसारकी प्राप्ति न करानेवाला आपका दुर्लभ दर्शन मिलता रहे।

दुःखमें छिपी भगवत्कृपा

प्राचीन कालकी बात है, एक महात्मा थे, जो भगवान्‌का दर्शन करनेके साथ-साथ उनसे वार्तालाप भी करते थे। एक दिन एक गरीब भक्त उन महात्माके पास उपस्थित होकर कातर स्वरमें कहने लगा—'महाराज! मैं अत्यन्त दरिद्र हूँ और प्रतिदिन और अधिक दरिद्र ही होता जाता हूँ; अब तो मेरे पास कुछ भी नहीं रहा। तीन-चार दिन हुए, मेरी फूसकी झोपड़ी भी जल गयी। अब तो मैं राहका भिखारी हो गया हूँ। प्रभु जिसे देते हैं, उसे भलीभाँति देते हैं और जिसका लेते हैं, उसका सर्वस्व छीन लेते हैं, इसका क्या कारण है? यह जाननेके लिये मैं आपके पास आया हूँ। मैं जानता हूँ कि आप प्रभुके प्रिय भक्त हैं और सदा उनसे वार्तालाप करते हैं, इसलिये आप मेरा संशय अवश्य दूर करनेकी कृपा करेंगे।'

महात्मा उस गरीब भक्तकी बात सुनकर मन-ही-मन विचार करने लगे कि इसकी बात तो सच है, संसारमें प्रायः ऐसा ही देखनेमें आता है। इसकी मीमांसा भी अवश्य होनी चाहिये। इस प्रकार मनमें सोचकर उन्होंने उस गरीब भक्तसे कहा—'अच्छा, अब तुम जाओ, मैं समयपर भगवान्‌से इस विषयमें प्रश्न करूँगा।' वह गरीब भक्त चला गया। अवसर पाकर महात्माने एक दिन प्रभुसे पूछा—'प्रभो! आप तो असीम दयालु, न्यायकारी, गरीबनिवाज, दीनदयालु, दीनबन्धु और भक्तोंका योग-क्षेम वहन करनेवाले हैं, तथापि भक्तोंको इतना दुःख क्यों देते हैं?'

प्रभुने कहा—'इसका उत्तर हम पीछे देंगे, पहले तुम मेरा एक काम करो। मुझे एक ईंटकी आवश्यकता है, उसे शीघ्र ले आओ।' महात्मा यह सुनकर ईंट खोजने चले गये। शहरमें जाकर देखा तो ईंटनिर्मित भव्य अट्टालिकाएँ, महल तथा सेठोंके नाना प्रकारके बँगले हैं, किंतु उनमेंसे ईंट निकालनेकी उनकी इच्छा नहीं हुई। तत्पश्चात् निर्धनोंकी बस्तीमें गये। वहाँ देखा कि एक गरीबका घर आधा गिरा हुआ है और शेष भी गिरनेवाला है। महात्मा उस टूटे हुए घरमेंसे एक ईंट लेकर भगवान्‌के पास उपस्थित हुए। भगवान्‌ने पूछा—'बताओ यह ईंट तुम कहाँसे लाये?'

महात्माने उत्तर दिया—'अमुक मुहल्लेके अमुक गरीब मनुष्यके आधे गिरे हुए मकानमेंसे यह ईंट लाया हूँ।' यह सुनकर भगवान् बोले—'यह तो तुमने अच्छा नहीं किया, जो उस शहरके धनी लोगोंकी सुन्दर-सुन्दर अट्टालिकाओंके रहते हुए भी एक गरीबके अर्ध-भग्न गृहमेंसे ईंट निकाल ली?' महात्माने कहा—'प्रभो! सुन्दर-सुन्दर मकानोंमेंसे यदि एक ईंट निकाल लेता तो उनका सौन्दर्य बिगड़ जाता। अतः मैं ऐसा न करके एक अर्ध-भग्न मकानमेंसे ईंट निकाल लाया हूँ। इतना ही नहीं, इस ईंटके निकालते ही शेष मकान भी गिर पड़ा, अब उस स्थानपर नवीन मकान तैयार होगा।'

यह सुनकर भगवान्‌ने कहा—'भक्तका सर्वस्व हरण करनेमें मेरा भी ऐसा ही अभिप्राय है। भक्तोंको अधिक देनेके लिये ही मैं उनका अल्प ले लेता हूँ, उनको अच्छा देनेके लिये ही उनसे बुरा लेता हूँ, उनको निवृत्ति देनेके लिये ही प्रवृत्तिसे दूर कर देता हूँ और उनको मुक्ति देनेके लिये ही उनके पाससे माया हटा लेता हूँ। यह भक्तकी परीक्षा है। इसमें जो उत्तीर्ण होता है, वही मेरा विशेष कृपापात्र होता है।'

महात्माने उस गरीब भक्तको भगवान्‌के इस उपदेशका अभिप्राय समझाकर उसका संशय दूर करते हुए कहा—'वत्स! याद रखो, प्रभु सुख देने और हमें अपनानेके लिये ही दुःखका दृश्य दिखाते हैं। इस दुःखमें ही भगवत्कृपा छिपी है। वर्तमानमें ही दुःखका फल सुख मिल जाय, यह निश्चित नहीं है; किंतु इससे पापोंका नाश होकर जीव भगवत्-सम्मुख हो सकता है, पवित्र तो वह निःसंदेह होगा ही। यही भगवत्कृपा है।*

* स्वामी ज्योतिर्मयानन्दजी-द्वारा विरचित 'सद्गुरु-उपदेश या शान्ति-सोपान' से उद्धृत।

विपत्ति या भगवत्कृपा

(लेखक—श्रीगोविन्दजी शास्त्री, एम्० ए०, साहित्यरत्न)

भक्तोंके उपाख्यान मानो विपत्तियोंके निरङ्कुश नर्तनकी कथाएँ हैं, किंतु ऐसी प्रत्येक कथामें करुणामयकी उपस्थिति भी अनिवार्य हो जाती है। इस प्रकार देखें तो विपत्ति भगवान्के प्रकट होनेकी भूमिका है। मानव विपत्तिग्रस्त होकर दुःखी हो जाता है और कभी-कभी इस बातके रहस्य (कि यह विपत्ति पुराने पापोंको नष्ट करके भगवत्प्राप्तिमें सहायक है)को न समझनेके कारण अनात्मवादी भी बन जाया करता है; फिर विपत्तिमय होकर उसे दासवत् भोगता है। वह विपत्तिके सौन्दर्य और गुणोंको पहचान नहीं पाता। यदि विपत्तिमें पाप-प्रक्षालनकी शक्ति न होती तो भगवान् अपने भक्तोंके लिये उसका विधान कदापि न करते।

विपत्ति दुःखकर इसलिये प्रतीत होती है कि हम सुखके लिये अधिकार-बुद्धिसे लालायित रहते हैं और विपत्तिके सामने दासकी तरह असहाय भावसे समर्पित हो जाते हैं। उस समय हमारा विवेक कुण्ठित हो जाता है। दुःखद स्थितिको हम विपत्ति मानते हैं, परंतु वास्तविक विपत्ति तो वह सम्पत्ति ही है, जिसके वशीभूत हो हम भगवान्को भूलकर अनाचारमें लिप्त हो जाते हैं। वह सम्पत्ति किस कामकी, जिसमें व्यक्ति स्वार्थी, मोहान्ध और राक्षस बन जाय !

परमेश्वरकी सृष्टिमें कोई भी वस्तु नितान्त अनुपयोगी अतएव अमङ्गलकर नहीं है। विपत्तिके विषयमें भी ऐसा ही समझना चाहिये। भगवान्की अकारण-करुणाका साक्षात्कार करनेके लिये विपत्तिसे बढ़कर अन्य कोई माध्यम नहीं। उस विपत्तिको हम अशुभ कैसे मानें, जो हमें निरभिमान बनाती है, कातरभावसे युक्त कर भगवान्की शरणमें ले जाती है और दुःखियोंके प्रति सहजरूपसे संवेदनशील बनाती है। विपत्ति व्यक्तिको निर्मल करती है, उसके दुष्कर्मोंको भोगरूप देकर नष्ट करती है और भविष्यमें पापोंसे बचनेका क्रियात्मक उपदेश देती है।

प्रायः देखा जाता है कि भगवान्के भक्त विपत्तियोंसे पीड़ित और दुःखग्रस्त रहते हैं। ऐसे [illegible]ओंको लेकर कुछ लोग भक्तोंका उपहास करते हैं और [illegible] प्रति अविश्वास भी प्रकट करते हैं। इसे युगका प्रभाव कहें या लोगोंकी अल्पज्ञता। वस्तुतः विपत्तियाँ भगवान्की दी हुई वरदान हैं। भक्तपर विपत्ति आनेका रहस्य ही यह है कि भगवान् अपने आनेसे पहले भक्तको स्वच्छ एवं पवित्र कर देना चाहते हैं। जो विपत्तियोंको देखकर घबराते और रोते हैं, वे उनसे लाभ कैसे उठा सकते हैं ?

यह प्रकृतिकी व्यवस्था है, जो व्यष्टि एवं समष्टि-स्तरपर उभयथा कार्यरत है। प्रत्येक युगमें विपत्तियोंका प्रसार होता है और जब विपद्ग्रस्त जन-समुदाय शरण होकर भगवान्को पुकारता है, तब परम पुरुष प्रकट होते हैं। भगवान्का स्वरूप विपत्तिमें आभासित होने लगता है। वे इतने करुण और भक्त-दुःख-कातर हैं कि अनन्तकोटि ब्रह्माण्डके नियन्ता, सर्वसमर्थ और निरपेक्ष होकर भी भक्तकी आर्त पुकारपर वराह, नृसिंह-जैसे नानाविध रूप धारण कर लेते हैं। वे भक्तकी पीड़ासे कराह उठते हैं।

भगवान् सर्वसमर्थ हैं और कृपा उनकी शक्ति है। अशरणशरण और अकारण-करुणामय भगवान्के पास कृपा-ही-कृपा है, मङ्गल-ही-मङ्गल है, शुभ-ही-शुभ है। सामान्य स्थितिमें व्यक्ति भगवान्की शक्तियोंका साक्षात्कार और अनुभव नहीं कर सकता, इसलिये उसे निर्मल एवं भगवत्कृपाको धारण करनेमें समर्थ बनना आवश्यक है। यह सामर्थ्य ज्ञानयोग, भक्तियोग एवं कर्मयोग आदि विभिन्न मार्गोंसे प्राप्त हो सकता है। इन सभी मार्गोंमें विपरीत स्थितियाँ विपत्तिके रूपमें आती हैं, जिनसे मुक्त होकर 'अथवा जिनके आवरणको भेदकर आगे बढ़ना भगवान्की कृपासे ही सम्भव होता है। जिसने अहंकारके वश होकर अपने आपको कुछ समझना आरम्भ कर दिया, वही पतित हुआ और जिसने अनुकूलता या प्रतिकूलता, सम्पत्ति या विपत्तिको भगवान्की वस्तु समझकर सादर स्वीकार किया, उसपर भगवान्की कृपा हुई।

इस संसारकी वस्तुमात्र भगवान्का स्वरूप हैं या भगवान्की हैं—'ईशा वास्यमिदꣳ सर्वम्' (ईशोप० १), 'यस्येदं सेश्वरं वशे' (श्रीमद्भा० १० । ९ । १९)

आदि वाक्य इस तथ्यकी पुष्टि करते हैं। इस सत्यको व्यवहारमें उतार लेनेवाला कभी पछताता नहीं, सम्पत्ति और विपत्ति उसके लिये अर्थहीन हो जाती हैं। प्रत्येक वस्तुको भगवान्‌का अनुग्रह या भगवत्स्वरूप माननेवाला असङ्गता प्राप्त कर लेता है और असङ्गता तथा विश्वाससे भगवान्‌का सामीप्य प्रकट होने लगता है।

हम सभी जानते हैं, आजके व्यक्तिमें उन्नतिकी उद्दाम लालसा है, विकास करनेकी उत्कट कामना है और यह सब करके वह सुखी होना चाहता है, किंतु हो रहा है सब कुछ इसके विपरीत ही। सुख-प्राप्तिके लिये किये जा रहे विस्तारसे दुःख बढ़ रहा है। ऐसी दशा भारतमें रहनेवालोंकी ही नहीं, अपितु अमेरिका-जैसे सम्पन्न, सुविधा-युक्त और समुन्नत देशमें रहनेवाले भी दुःखी हैं, भयभीत हैं, बेचैन हैं। कोई जलवायु और धरतीके संदूषण (भूकम्प)-से भयभीत हैं तो कोई जनसंख्या-वृद्धिके भविष्यको सोचकर आशङ्कित हैं तथा कोई पानीकी सम्भावित कमीपर विचार करके ही अत्यन्त चिन्तित हैं।

सत्य यह है कि मनुष्य सम्पत्ति और ज्ञानके अहंकारसे गर्विष्ठ होकर पथभ्रष्ट हो गया है। इसलिये वह बाहुल्यसे भयभीत एवं वैभवसे त्रस्त है। इसके विपरीत यदि उसके क्षुद्र अहंका यह विस्तार न होता, वह सब कुछ भगवान्‌का मान लेता, जो हो रहा है, उसे भागवती कृपा समझ लेता तो निश्चय ही दुःखी न होता। उसकी यह धारणा कि तत्त्वोंकी दूषितता मानवकृत है और इसपर नियन्त्रण कर पाना मनुष्यके हाथमें है अथवा जनसंख्यामें वृद्धि मनुष्यकी इच्छा और क्रियासे हो रही है तथा इसपर नियन्त्रण किया जा सकता है अथवा बढ़ती जनसंख्याको भोजन देनेका दायित्व समाजधरोंपर है—अज्ञानमूलक एवं मिथ्या है। वस्तुतः इन क्रिया-कलापोंकी जड़ तो प्रकृति है। मानवको इस तरहके विकास और विस्तारकी प्रेरणा भी वही देती है और यह संदूषण तथा अभाव भी उसीकी अनिवार्य व्यवस्थाएँ हैं। मानवके पास तो इसका सरल उपाय 'संयम' है।

हम जानते हैं, कोई भी वस्तु व्यवहारमें आनेसे विकृत भी होती है और जीर्ण भी। समाजमें भी जब यह व्यवहारजनित जीर्णता एवं विकृति पनपती है तो उसका संशोधन प्राकृतिक आवश्यकता बन जाता है। इस स्थितिमें भगवान् शंकर रुद्र बन जाया करते हैं। वे संसारके स्वामी हैं। जीर्ण और विकृत वस्तु उन्हें पसंद नहीं, इसलिये वे उसे नष्ट कर देते हैं। यह विनाश निर्माणकी पूर्वपीठिका है। आजकी विषमतासे भी लोग इसीलिये पीड़ित हैं कि वे भगवान्‌से विमुख होते जा रहे हैं। वे अपने प्रति अहंकारकी सीमातक आश्वस्त हैं। इस समग्र विकासको भगवान्‌की लीला समझनेवाले न भयातुर होते हैं और न आशङ्काग्रस्त ही।

आजके वैज्ञानिक जिसे भविष्यकी विपत्ति समझते हैं, वह भी भगवान्‌की कृपा ही है। मनुष्य शास्त्रानुकूल जितना कुछ कर सकता है, उसे तटस्थ-भावसे करके भगवान्‌के अर्पित कर दे तो व्यर्थकी आशङ्का और चिन्तासे मुक्त हो सकता है। वस्तुतः जो होना है, वह तो होगा ही। आज चिन्ताकी संक्रामक व्याधि और भयकी बीमारी जितनी कल्पना-जनित गणितसे फैल रही है, उतनी किसी भी युगमें नहीं फैली थी और यह इसलिये कि व्यक्ति भगवान्‌को पहचाननेके लिये, उनकी शक्तिको समझनेके लिये तैयार ही नहीं है। वह अपने आपको ही कर्ता-भर्ता मान बैठा है। वह यह भूल गया है कि प्रकृतिके नियमोंमें कोई दोष या कमी नहीं हो सकती। भगवान् कभी भी निर्दय नहीं बन सकते। जो प्रकृति अण्डेको आकाशमें निक्षेप करनेसे पहले पंख उगा देती है और जो भागवती कृपा उनकी चोंचके लिये चुग्गेकी व्यवस्था करती है, वह समर्थ भी है और निर्दोष भी।

'कृपा करिकै जेहिकों अपनायो'

दीनदयाल कहाइकै धाइकै दीनन सों क्यों सनेह बढ़ायो।
त्यों 'हरिचंद' जू बेदनमें करुनानिधि नाम कह्यो क्यों गनायो॥
एती रुखाई न चाहिये तापै कृपा करिकै जेहि कों अपनायो।
ऐसो ही जो पै सुभाव रह्यो तो गरीब-नेवाज क्यों नाम धरायो॥

(प्रेममाधुरी, ३९)

भगवत्कृपासे दुःख-निवृत्ति

(लेखक—पं० श्रीधुंडिराज रामचंद्र महाराज)

संसारके सभी जीव सदा आत्यन्तिक दुःखनिवृत्तिपूर्वक परमानन्द-प्राप्तिकी कामना करते हैं । 'सुखमेव मे स्यात्, दुःखं मनागपि मा भूत्'के अनुसार वे अहर्निश सुखार्थ ही प्रयत्नशील रहते हैं, पर उन्हें सफलता नहीं मिलती । दुःखकी निवृत्ति तो होती ही नहीं, उलटे दुःख-निवृत्त्यर्थ किये गये प्रयत्नोंसे कभी-कभी दुःखकी और वृद्धि हो जाती है । यद्यपि व्यावहारिक उपायोंद्वारा दुःख थोड़ा-बहुत कम होता-सा दीखता है, पर वह भी अन्तमें भ्रान्ति-मूलक ही सिद्ध होता है ।

कर्माण्यारभमाणानां दुःखहत्यै सुखाय च ।
पश्येत् पाकविपर्यासं मिथुनीचारिणां नृणाम् ॥

(श्रीमद्भा० ११ । ३ । १८)

राजा निमिसे योगेश्वर प्रबुद्ध कहते हैं—'राजन् ! दुःखके नाश और सुखकी प्राप्तिके लिये स्त्री-पुरुष-सम्बन्धमें बँधकर कर्मानुष्ठान करनेवाले पुरुषोंको जो विपरीत फल मिलता है, उसे देखना चाहिये ।'

व्यावहारिक उपायोंसे दुःखकी पूर्णतया निवृत्ति नहीं हो सकती; क्योंकि **'कारणनाशात्कार्यनाशः'**—यह शास्त्र-सिद्धान्त है । दुःख कार्य है, विचार किया जाय तो अविद्या, अज्ञान (अथवा पाप) ही दुःखके कारण दीखेंगे **'अज्ञानमेवास्य हि मूलकारणम्'** (अ० रा० ७ । ५ । ९) । शरीर-परिग्रहसे दुःखका उपभोग प्राप्त होता है । शुभाशुभ कर्मसे शरीर-परिग्रह प्राप्त होता है—**'क्रिया शरीरोद्भवहेतुरादृता'** (अ० रा० ७ । ५ । ८) । राग-द्वेषसे शुभाशुभ कर्म होते हैं, देहाभिमानसे राग-द्वेषकी उत्पत्ति होती है, अविवेकसे देहाभिमान होता है और अविवेकके मूलमें भेदशून्य सच्चिदानन्द स्वात्मस्वरूपका अज्ञान स्थित रहता है । यह दुःखकी कारण-परम्परा है । अविवेकी पुरुष इस कारण-परम्पराको न जाननेके कारण दुःखनिवृत्त्यर्थ व्यवहारिक उपायोंको अपनाते हैं, किंतु जबतक कारणरूप अज्ञानकी निवृत्ति नहीं होती, तबतक कार्यरूप दुःखका भी नाश नहीं हो सकता । अज्ञानकी यह निवृत्ति ही शास्त्रकारोंके शब्दोंमें मोक्ष है—**'अविद्यास्तमयो मोक्षः'** । इस मोक्षावस्थामें आध्यात्मिकादि समस्त दुःखोंकी कारणसहित निवृत्ति होती है । इतना ही नहीं, यह अद्वैत अनिर्वचनीय आनन्दकी एक भूमिका तथा श्रेष्ठ पुरुषार्थ है—**'ब्रह्मावगतिर्हि पुरुषार्थः।'** (ब्र० सू० शा० भा० १ । १ । १) ऐसे मोक्षकी इच्छाको धारण करनेवाला मुमुक्षु कहलाता है । आचार्य शंकरका कथन है—

संसारबन्धनिर्मुक्तिः कदा झटिति मे भवेद् ।
इति या सुदृढा बुद्धिरीरिता सा मुमुक्षुता ॥

(सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसंग्रह १२७)

'कब मेरी शीघ्र-से-शीघ्र संसार-बन्धनसे मुक्ति होगी— ऐसी जो दृढनिश्चयात्मिका बुद्धि है, वह मुमुक्षुता कहलाती है।'

सम्पूर्ण संसार असत्—जड, दुःखमय और शान्तिशून्य है, आनन्दस्वरूप तो एकमात्र परमात्मा ही है—यह मुमुक्षुकी भावना है । परमात्मस्वरूपके यथार्थ ज्ञान बिना मोक्ष सिद्ध नहीं हो सकता । श्रुति साक्षी है कि परमात्माको ही जानकर पुरुष मृत्युके पार हो सकता है। इससे भिन्न मोक्ष-प्राप्तिका कोई अन्य मार्ग नहीं है—

तमेव विदित्वाति मृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय

(शुक्लयजुः, वाजसने० ३१ । १८)

अर्जुनके प्रति भगवान् श्रीकृष्णके वचन हैं—

तस्मादज्ञानसम्भूतं हृत्स्थं ज्ञानासिनात्मनः ।
छित्त्वैनं संशयं योगमातिष्ठोत्तिष्ठ भारत ॥

(गीता ४ । ४२)

'अर्जुन ! तुम समत्वबुद्धिरूप योगमें स्थित हो जाओ और अज्ञानसे उत्पन्न हुए अपने हृदयस्थित संशयको ज्ञानरूप तलवारद्वारा छेदन करके युद्धके लिये खड़े हो जाओ ।'

अविद्या (अज्ञान)-नाशक एवं मोक्षप्रद ज्ञानकी प्राप्तिके लिये साधक अनेक प्रकारके कष्टमय एवं दुष्कर साधनोंका आश्रय लेते हैं, परंतु वे जबतक परमेश्वरके कृपापात्र नहीं बनेंगे, तबतक उन्हें (सत्) ज्ञानकी प्राप्ति नहीं हो सकती । ज्ञान-प्राप्ति भगवान्‌के अनुग्रहसे ही सम्भव है ।

श्रुतिने परमात्माके मूर्त-अमूर्त—सगुण-निर्गुण रूप निरूपित किये हैं—

द्वे वाव ब्रह्मणो रूपे मूर्तं चैवामूर्तं च ।

(बृहदारण्यक० २ । ३ । १)

इन दोनोंमें किंचिदपि भेद नहीं है। श्रीशंकराचार्यका कथन है—

भूतेष्वन्तर्यामी ज्ञानमयः सच्चिदानन्दः ।
प्रकृतेः परः परात्मा यदुकुलतिलकः स एवायम् ॥
(प्रबोधसुधाकर १९५)

'जो भगवान् समस्त भूतोंमें व्याप्त, ज्ञानमय, सच्चिदानन्दस्वरूप, प्रकृतिसे परे और परात्मा हैं, वे ही ये यदुकुल-तिलक श्रीकृष्ण हैं।'

सगुण-निर्गुणैक्यकी अवस्थामें भी निर्गुणका संशय-विपर्ययरहित यथार्थ ज्ञान सगुण परमात्माकी कृपाके बिना नहीं हो सकता। निर्गुण स्वरूपके ज्ञानकी प्राप्तिके लिये प्रयत्न करनेवाले देहाभिमानी पुरुषोंकी अवस्थाका चित्रण भगवान् श्रीकृष्णके शब्दोंमें उपलब्ध होता है—

क्लेशोऽधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्तचेतसाम् ।
अव्यक्ता हि गतिर्दुःखं देहवद्भिरवाप्यते ॥
(गीता १२ । ५)

'उन सच्चिदानन्दघन, निराकार, ब्रह्ममें आसक्त हुए चित्तवाले पुरुषोंके साधनमें क्लेश अर्थात् परिश्रम विशेष है; क्योंकि देहाभिमानियोंसे अव्यक्तविषयक गति दुःखपूर्वक प्राप्त की जाती है अर्थात् जबतक शरीरमें अभिमान रहता है, तबतक शुद्ध सच्चिदानन्दस्वरूपमें स्थिति होनी कठिन है।'

समस्त जीव माया-नदीमें फँसकर अहर्निश दुःखका अनुभव करते हैं। माया-नदी अत्यन्त दुस्तर है। भगवदाश्रयके बिना अपनी सामर्थ्यसे उसे तैरकर पार करना सर्वथा असम्भव है। भवगंतरणरूप दुःसाध्य कर्म भगवान् और उनकी कृपाके आश्रयके बिना पूरा नहीं हो सकता। जिसको तैरनेका अच्छा अभ्यास है, उसे भी महानदीको तैरकर पार करनेके लिये तुंबी-फलका आश्रय लेना आवश्यक है, अन्यथा हाथ-पाँवके नितान्त थकनेके बाद वह डूब सकता है।

परमेश्वर मायातीत और मायाके नियन्ता हैं, इसलिये माया-निवारणार्थ भगवच्छरणागतिकी आवश्यकता है—

दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया ।
मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते ॥
(गीता ७ । १४)

भगवान् कहते हैं—'यह अलौकिक अर्थात् अति अद्भुत त्रिगुणमयी मेरी योगमाया बड़ी दुस्तर है, परंतु जो पुरुष निरन्तर मेरेको ही भजते हैं, वे इस मायाको उल्लङ्घन कर जाते हैं अर्थात् संसारसे तर जाते हैं।'

तेषां सततयुक्तानां भजतां प्रीतिपूर्वकम् ।
ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते ॥
(गीता १० । १०)

'मेरे ध्यानमें लगे हुए और निरन्तर प्रेमपूर्वक (मेरा) भजन करनेवाले भक्तोंको मैं तत्त्वज्ञानरूप योग देता हूँ, जिससे वे मुझे ही प्राप्त होते हैं।'

परमेश्वरकी शरणागति ही शान्ति-प्राप्तिका उपाय अथवा साधन है। भगवान्‌के वचन हैं—

ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति ।
भ्रामयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया ॥
तमेव शरणं गच्छ सर्वभावेन भारत ।
तत्प्रसादात्परां शान्तिं स्थानं प्राप्स्यसि शाश्वतम् ॥
(गीता १८ । ६१-६२)

'अर्जुन! शरीररूप यन्त्रमें आरूढ़ हुए सम्पूर्ण प्राणियोंको अन्तर्यामी परमेश्वर अपनी मायासे उनके कर्मोंके अनुसार भ्रमाते हुए सब प्राणियोंके हृदयमें स्थित हैं। इसलिये भारत! सब प्रकारसे उन परमात्माकी ही अनन्य-शरणको प्राप्त हो, उनकी कृपासे ही तुम परम शान्ति और सनातन परम धामको प्राप्त होओगे।'

अर्जुन, उद्धव आदि अनेक भक्तोंको भगवान्‌की ही कृपासे मोक्ष प्राप्त हुआ है। श्रीकृष्णके मुखसे श्रीमद्भगवद्गीता सुनकर अर्जुनने कहा—

नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्धा त्वत्प्रसादान्मयाच्युत ।
(गीता १८ । ७३)

'अच्युत! आपकी कृपासे मेरा मोह नष्ट हो गया है और मुझे स्मृति (ज्ञान) प्राप्त हुई है।'

इसी तरह उद्धवकी भी एक परिताप-स्वीकृति है—'प्रभो! मैं मोहके अन्धकारमें भटक रहा था। आपके संनिधान (सत्सङ्ग) से यह नष्ट हो गया'—

विद्राजितो मोहमदान्धकारो
य आश्रितो मे तव संनिधानात् ॥
(श्रीमद्भा० ११ । २९ । ३७)

उपर्युक्त विवेचनसे यह स्पष्ट है कि भगवान् ज्ञान प्रदान कर शरणागतको मुक्त करते हैं, परंतु यह शङ्का की जा सकती है कि भगवान् यदि भक्तको ही मोक्ष देते हैं तो उनपर राग-द्वेष, विषमता, निर्दयता आदि दोषोंका आरोपण हो सकता है। एकको मुक्त करेंगे और दूसरोंको संसार-दावानलमें ही छोड़ देंगे, इससे उन्हींके मुखसे निकले 'समोऽहं सर्वभूतेषु न मे द्वेष्योऽस्ति न प्रियः।' (गीता ९ । २९) वचनमें विपरीतता, आयेगी । श्रीशंकराचार्यने गीताभाष्यमें इस शङ्काको प्रस्तुत किया है—

'रागद्वेषवांस्तर्हि भगवान् यतो भक्तानुगृह्णाति, नेतरानिति'

'यदि भगवान् राग-द्वेषसे युक्त हैं तो वे भक्तोंपर ही अनुग्रह करेंगे, दूसरोंपर नहीं।' परंतु इस शङ्काका उत्तर गीताके उपर्युक्त श्लोकके उत्तरार्द्धमें ही है। भगवान् कहते हैं—

ये भजन्ति तु मां भक्त्या मयि ते तेषु चाप्यहम् ॥
'जो भक्त मुझे प्रेमसे भजते हैं, वे मेरेमें और मैं भी उनमें प्रत्यक्ष प्रकट हूँ।'

परमेश्वरके स्वरूपमें विषमता नहीं है और न नैर्घृण्य—निर्दयता ही है। वे मूर्तिमान् कृपास्वरूप हैं—

वैषम्यनैर्घृण्ये न सापेक्षत्वात्तथा हि दर्शयति ॥
(ब्रह्मसूत्र २ । १ । ३४)

—इस श्रुतिके अनुसार वे जीवोंके शुभाशुभ कर्मोंकी अपेक्षा रखकर सृष्टि करते हैं। परमेश्वर अग्निके सदृश हैं। शीतपीड़ित मनुष्य यदि अग्निके समीप जाता है तो अग्निद्वारा उसका शीत निवारण हो जाता है, किंतु जो उसके समीप जाना ही नहीं चाहता, उसके शीतका निवारण किस प्रकार सम्भव हो सकता है? जो जीव अनन्य-चित्तसे प्रेमपूर्वक भजनद्वारा भगवान्का सामीप्य प्राप्त कर लेते हैं, वे ही संसारके दुःखसे निवृत्त होकर मोक्षके अधिकारी होते हैं—

दूरस्थानां यथा अग्निः शीतं नापनयति समीपमुपसर्पतामपनयति तथा अहं भक्तानुगृह्णामि नेतरान् ॥
(गीताभाष्य ९ । २९)

ईश्वर सूर्यके सदृश हैं। जिस तरह सूर्यका प्रकाश सर्वत्र विद्यमान है, किंतु अति स्वच्छ दर्पणमें अभिव्यक्त अर्थात् प्रतिबिम्बित होता है, अस्वच्छ घटादि पदार्थोंमें उसकी अभिव्यक्ति नहीं हो सकती, इसका अर्थ यह नहीं कि सूर्य दर्पणसे प्रेम एवं घटादि अस्वच्छ पदार्थोंसे द्वेष करते हैं—

'यथा हि सर्वत्र विद्यमानोऽपि सावित्रः प्रकाशः स्वच्छे दर्पणादावेवाभिव्यज्यते न त्वस्वच्छे घटादौ, तावता न दर्पणे रज्यति न वा द्वेष्टि घटम् एवं सर्वत्र समोऽपि स्वच्छे भक्तचित्तेऽभिव्यज्यमानोऽस्वच्छे चाभक्तचित्ते अनभिव्यज्यमानोऽहं न रज्यामि कुत्रचिद् न वा द्वेष्मि कंचित् ।'
(गीता-गूढार्थ-दीपिका ९ । २९)

जो परमात्म-सामीप्य प्राप्त कर लेनेका प्रयत्न नहीं करते, यदि उनके दुःखोंकी निवृत्ति नहीं हुई तो यह दोष परमात्माका नहीं है अथवा जिनका अन्तःकरण मल-विक्षेपादि दोषोंसे मलिन है, उनके हृदयमें यदि परमात्माकी अभिव्यक्ति नहीं होती तो इसमें परमात्माका क्या दोष है? जिन्होंने परमात्म-सामीप्य (संनिधान) प्राप्त कर लिया है, उन शुद्ध अन्तःकरणवाले भक्तोंके हृदयमें ईश्वरकी अभिव्यक्ति होती है—

ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम् ॥
(गीता ४ । ११)

परमेश्वरसे किसी-न-किसी भावनासे सम्बन्ध स्थापित होनेपर कृतार्थता प्राप्त होती है। भगवान्के साथ प्राणीका सम्बन्ध राग, द्वेष, भय, प्रेम—किसी भी भावनासे हो जाय तो वे मोक्ष प्रदान कर देते हैं। उदाहरणार्थ—भयसे कंस, द्वेषसे शिशुपाल, दन्तवक्त्र आदि नरेश और कामसे गोपियोंको मोक्ष मिला है—

गोप्यः कामाद् भयात् कंसो द्वेषाच्चैद्यादयो नृपाः ।
सम्बन्धाद् वृष्णयः स्नेहाद् यूयं भक्त्या वयं विभो॥
(श्रीमद्भा० ७ । १ । ३०)

परमात्मा पारस-सदृश हैं। लोहा यदि पारसको काटनेके लिये उसपर गिर पड़े तो भी पारसके संसर्गसे उसे सुवर्णत्व ही प्राप्त होता है, इसी तरह द्वेषके कारण भी परमेश्वरसे जिनका सम्बन्ध हो जाता है, उनको मोक्ष मिलता ही है। श्रीशंकराचार्यका कथन है—

लोहशलाकानिवहैः स्पर्शाश्मनि भिद्यमानेऽपि।
स्वर्णत्वमेति लौहं द्वेषादपि विद्विषां तथा प्राप्तिः॥
(प्रबोधसुधाकर २०५)

पूतनाका दृष्टान्त तो जगत्प्रसिद्ध है। अपने स्तनमें कालकूट विष लगाकर भगवान्का नाश करनेके लिये दूषित अभिप्रायसे उन्हें स्तन्यपान करानेवाली पूतनाको जिन्होंने माताकी गति प्रदान की, ऐसे कृपालु प्रभुको छोड़कर किस अन्यकी शरण वरणीय है—

अहो बकी यं स्तनकालकूटं जिघांसयापाययदप्यसाध्वी।
लेभे गतिं धात्र्युचितां ततोऽन्यं कं वा दयालुं शरणं व्रजेम॥
(श्रीमद्भा० ३।२।२३)

परमात्मा मोक्ष प्रदान करनेके लिये सदैव तैयार हैं, इसके लिये केवल अपने अन्तःकरणमें तीव्र तथा उत्कट लालसाकी आवश्यकता है। भक्तके हृदयमें भगवद्दर्शनकी तीव्र इच्छा उत्पन्न होनेपर भगवान् उसके अन्तःकरणमें ही अभिव्यक्त होकर ज्ञान प्रदान कर देते हैं। भगवान् श्रीकृष्णके वचन हैं—

तेषामेवानुकम्पार्थमहमज्ञानजं तमः।
नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता॥
(गीता १०।११)

'अर्जुन! अपने भक्तोंपर अनुग्रह करनेके लिये ही मैं स्वयं उनके अन्तःकरणमें एकीभावसे स्थित हुआ अज्ञानसे उत्पन्न हुए अन्धकारको प्रकाशमय तत्त्वज्ञानरूप दीपकद्वारा नष्ट करता हूँ।'

त्रिविध तापदग्ध जीवोंको यथार्थ शान्ति, आनन्द और अभय प्रदान करना भगवान्का व्रत है—

सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते।
अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद् व्रतं मम॥
(वा० रा० ६।१८।३३)

"जो एक बार भी शरणमें आकर 'मैं आपका हूँ' ऐसा कहकर मुझसे रक्षाकी याचना करता है, उसे मैं समस्त प्राणियोंसे अभय कर देता हूँ—यह मेरा व्रत है।"

संसारमें सर्वाधिक भय मृत्युका है, जीव अज्ञानसे मृत्युको सत्य मानकर उससे भयभीत रहता है और उसके पाशसे छूटनेके लिये वह बहुत कुछ प्रयत्न भी करता है, पर उससे बच नहीं सकता। भगवान् मृत्युरूप संसार-सागरसे अपने भक्तोंका उद्धार करते हैं—

ये तु सर्वाणि कर्माणि मयि संन्यस्य मत्पराः।
अनन्येनैव योगेन मां ध्यायन्त उपासते॥
तेषामहं समुद्धर्ता मृत्युसंसारसागरात्।
भवामि नचिरात्पार्थ मय्यावेशितचेतसाम्॥
(गीता १२।६-७)

'पार्थ! जो मेरे परायण हुए भक्तजन सम्पूर्ण कर्मोंको मुझमें अर्पण करके मुझ सगुणरूप परमेश्वरको ही तैलधाराके सदृश अनन्य ध्यानयोगसे निरन्तर चिन्तन करते हुए भजते हैं, मुझमें चित्तको लगानेवाले उन प्रेमी भक्तोंका मैं शीघ्र ही मृत्युरूप संसार-समुद्रसे उद्धार करनेवाला होता हूँ।'

प्रतिज्ञापूर्वक भगवान् ऐसा आश्वासन देते हैं। गीतामें अनेक विषयोंका प्रतिपादन करनेके पश्चात् उपसंहारमें भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं—'अर्जुन! तुम शोक मत करो, मैं तुम्हें सर्वपातकोंसे मुक्त कर दूँगा, परंतु तुम समस्त धर्मोंके आश्रयका परित्याग कर केवल मेरी ही शरणमें आ जाओ'—

सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥
(१८।६६)

भगवत्कृपा-प्राप्तिका यह अमोघ मन्त्र है।

तात्पर्य यह कि केवल परमेश्वर ही मोक्षदाता हैं। जीवके दुःखकी निवृत्ति तथा सच्चे सुख, शान्ति और अभयकी प्राप्ति तबतक नहीं हो सकती, जबतक उसे भगवत्-कृपाकी अनुभूति नहीं हो जाती। वैसे तो भगवत्कृपा सतत गम्भीर सरस रही है, परंतु जो उस कृपाके सम्मुख होता है, उसे उस कृपा-प्रसादका प्रत्यक्ष अनुभव हो जाता है। यह कृपा ही भगवच्छरणागति—शरणागतिकी प्रतिपादिका है।

भगवत्कृत निग्रह भी अनुग्रह है

(लेखक—श्रीरेवानन्दजी गौड़, एम्० ए०, व्याकरणाचार्य, साहित्यरत्न)

श्रुति, स्मृति, पुराण, इतिहास आदि सभी धार्मिक ग्रन्थोंमें अनेक उपाख्यान ऐसे मिलते हैं, जिनमें भगवत्कृपाके प्रत्यक्ष दर्शन होते हैं। गीध, शबरी, अजामिल, केवट, गज, गणिका—ये सब तो भगवत्कृपाकी जीवोद्धारक शक्तिके अनुपम उदाहरण हैं ही। विचारणीय तो यह है कि भगवत्कोप भी श्रेयस्कर और परमपदका साधन है। भगवान्‌की क्रोध-दृष्टि—उनका रौद्र रूप भी विश्व-कल्याणकी भावनासे परिपूर्ण है। आइये, सूक्ष्म बुद्धिसे 'तेन रुष्टोऽभवत् प्रभुः, दारुणं कठिनं चास्य महद् दुःखं भविष्यति', 'बोले राम सकोप तब' आदि स्थलोंका विवेचन करें।

निःसंदेह भगवत्कृपा-दृष्टि मङ्गलमयी है, परंतु भगवत्कोप-दृष्टि भी तो वैसी ही है। भगवन्निग्रह भी अनुग्रहकोटिमें ही परिगणित है। प्रभुका रोष भी तोष-तुल्य और कल्याणकारी है, उनका शाप भी वरदान और दिशाबोधक है, तभी तो ऋषि-मुनियोंने अपने अनुभवके बलपर एकस्वरमें कहा है—'देवस्य क्रोधोऽपि वरेण तुल्यः।'—परमात्माका क्रोध भी वरदानके समान है। भगवान् लीलावश जन्म लेते हैं, रोते हैं, हँसते हैं, खाते-पीते हैं, रुष्ट और तुष्ट होते हैं, अपना देवत्व भूलकर साधारण मानवकी भाँति आचरण करते हैं, ऐसा क्यों? वे मनुष्यकी भाँति एकपर रुष्ट और दूसरेपर तुष्ट होते हैं। इन सब विषयोंके समाधानके लिये 'जन्म कर्म च मे दिव्यमेवं यो वेत्ति तत्त्वतः।' (गीता ४। ९) पर विचार कर लेना ही पर्याप्त है। भगवान्‌के जन्म-कर्म तथा समस्त क्रियाकलाप अलौकिक हैं। वे लोक-संग्रहकी भावनासे साधारण जनको रुष्ट भासते हैं, तात्त्विक दृष्टिसे तो ऐसी सम्भावना ही नहीं है।

कहाँ तो कृपामय, शीलवान्, कोमल और मङ्गलमय भगवान् और कहाँ उनमें रोष-क्रोध—भला, इन दोनोंमें सामञ्जस्य कैसा! भगवान्‌का क्रोध तो बहुत दूरकी बात है, माता-पिताका पुत्रपर, गुरुका शिष्यपर और वैद्य-डाक्टरका कुपथ्य करनेवाले रोगीपर किया गया क्रोध भी परिणाममें अमृतके समान सत्पथदर्शक और कल्याणकारी होता है। यदि ये तीनों मोह, भय अथवा लोभसे अपने कर्तव्यकी अवहेलना करें अर्थात् क्रमशः पुत्रकी स्वेच्छाचारिता, शिष्यकी अनुशासन-... और रोगीके कुपथ्य-सेवनपर अपनी प्रतिकूल प्रतिक्रिया प्रकट न करें तो महान् अनर्थ हो सकता है। संनिपातका रोगी कुपथ्य (घी, दूध, दही) माँगे तो वैद्य न देगा; क्योंकि उसे तो निष्ठुर और क्रूर बनकर रोगीको नीरोग करना है। डाक्टर ऑपरेशनके समय अपने मनमें यदि रोगीके प्रति दयाभाव रखे तो ठीक है, परंतु वह ऑपरेशन-कार्यमें भी दया दिखाये तो यह कदापि उचित नहीं कहा जा सकता। उसे तो बड़ी निर्दयतासे व्रणका ऑपरेशन करना पड़ता है, यदि वह ऐसा न करे तो आत्मघाती है। नीति भी तो यही है—

> सचिव बैद गुर तीनि जौं प्रिय बोलहिं भय आस।
> राज धर्म तन तीनि कर होइ बेगिहीं नास॥
> (मानस ५। ३७)

आत्मकल्याणके लिये मन, वचन और कर्मसे सत्य-प्रतिष्ठा आवश्यक है। आन्तरिक और बाह्य सत्यमें एकरूपता आवश्यक है। भगवती जगदम्बा भक्तोंके लिये शिवरात्रि और असुरोंके लिये कालरात्रि हैं। दयामयी माँके हृदयमें कृपा और युद्धमें रोषका अवलोकन कीजिये—

> चित्ते कृपा समरनिष्ठुरता च दृष्टा
> त्वय्येव देवि वरदे भुवनत्रयेऽपि।
> (श्रीदुर्गासप्त० ४। २२)

'वरदायिनी देवि! हृदयमें कृपा और युद्धमें निष्ठुरता—ये दोनों बातें तीनों लोकोंके भीतर केवल आपमें ही देखी गयी हैं।'

माँका हृदय वात्सल्यसे परिपूर्ण है, वे सोचती हैं कि ये राक्षस हैं, देवविरोधी हैं, इनका विनाश तो अवश्यकरणीय है; परंतु इनके विनाशका पर्यवसान अमृतमय होना चाहिये। इसी दयाभावसे परिपूर्ण है कालरात्रि भगवती देवीका क्रोध। वे चाहतीं तो दृष्टिमात्रसे ही उन्हें भस्म कर देतीं, परंतु उन्हें भस्म नहीं करना है, अपितु मोक्ष देना है—यह है चण्डीकी चण्डता, कालीकी क्रूरता, जो सदैव कृपासे परिपूर्ण है—

> दृष्ट्वैव किं न भवती प्रकरोति भस्म
> सर्वासुरानरिषु यत् प्रहिणोषि शस्त्रम्।
> लोकान् प्रयान्तु रिपवोऽपि हि शस्त्रपूता
> इत्थं मतिर्भवति तेष्वपि तेऽतिसाध्वी॥
> (श्रीदुर्गासप्त० ४। १९)

'आप शत्रुओंपर शस्त्रोंका प्रहार क्यों करती हैं ? समस्त असुरोंको दृष्टिपातमात्रसे ही भस्म क्यों नहीं कर देतीं ? इसमें एक रहस्य है। ये शत्रु भी हमारे शस्त्रोंसे पवित्र होकर उत्तम लोकोंमें जायँ—इस प्रकार उनके प्रति भी आपका विचार अत्यन्त उत्तम (कल्याणकारी) रहता है।'

समुद्र-तटपर पहुँचकर भगवान् श्रीराम समुद्रसे विनय करते हैं, उससे मार्ग माँग रहे हैं। तीन दिन बीत गये, परंतु जड समुद्र टस-से-मस नहीं हुआ। तब भगवान श्रीराम क्रोध-मुद्रामें बोले—

विनय न मानत जलधि जड़ गए तीनि दिन बीति।
बोले राम सकोप तब भय बिनु होइ न प्रीति॥

(मानस ५ । ५७)

भगवान् श्रीराम क्रुद्ध हैं, उन्होंने अग्निबाणसे समुद्रको सोख लेनेकी बात सोची। जड जलधि व्याकुल हो उठा, उसने भयभीत होकर प्रभुकी शरण ली और प्रार्थना करने लगा—

प्रभु भल कीन्ह मोहि सिख दीन्ही। मरजादा पुनि तुम्हरी कीन्ही॥

(मानस ५ । ५८ । ३)

'हे प्रभो ! आपने बहुत अच्छा किया, यह मुझपर आपका क्रोध नहीं, शिक्षा है। मेरे लिये आपका यह क्रोध वरदान बन गया। हे प्रभो ! आपने मेरे शोषणके लिये अग्निबाणका संधान तो कर ही लिया, अब कृपया इसका प्रयोग मुझपर न कर मेरे तटवासी पापी राक्षसोंपर करके मुझे कृतार्थ कीजिये—'

एहिं सर मम उत्तर तट बासी। हतहु नाथ खल नर अघ रासी॥
सुनि कृपाल सागर मन पीरा। तुरतहिं हरी राम रनधीरा॥

(मानस ५ । ५९ । ३)

समुद्रकी प्रार्थना सुनकर परम कृपालु प्रभु श्रीराम, जिन्हें क्रोध छू भी नहीं सकता, प्रसन्न हो गये। उन्होंने उस बाणद्वारा समुद्र-तटवासी उन पापी निशाचरोंका वध कर उन्हें अपने दिव्य धाममें भेज दिया। प्रभुके पवित्र क्रोधसे समुद्रके साथ-साथ पापी राक्षस भी कृतार्थ हो गये।

वस्तुतः भगवान् सहज कृपालु, सुशील और कोमल हैं। वे किसीपर क्रुद्ध नहीं होते, किसीका निग्रह नहीं करते, किसीको प्रतिकूल परिस्थितिमें नहीं डालते, किसीका पुत्र-धन-धान्य नहीं छीनते। वे तो मङ्गल-भवन अमङ्गलहारी हैं, उनमें अमङ्गल कहाँ, क्रोध कहाँ ! वे तो प्राणिमात्रको मङ्गलमय बनाते हैं। अपने भक्तको मङ्गलमय बननेके लिये वे क्षणमात्रके लिये कोपभाजन भी बनते हैं, धन्य प्रभु ! उनका उलाहना भी सहते हैं—'परम स्वतंत्र न सिर पर कोई।' (मानस १ । १२६ । १) फिर भी उसे विपरीत परिस्थितियोंमें डालकर उसका अहंकार दूर करते हैं। प्रभो ! आपका कोप भी निस्संदेह वरदान है।

भगवत्कृपाका अनुभव

एक भक्त थे, उनके एक ही पुत्र था, जो सौन्दर्यसम्पन्न, सुशील एवं धर्मात्मा था। सांसारिक कष्टोंमें ही भक्तकी परीक्षा होती है। कालदेवको भक्तका पुत्र-सुख अच्छा न लगा, इसलिये वे उसे छीन ले गये; किंतु भक्त-प्रवरने इसे भी भगवत्कृपा मानकर मृत्युका उपकार ही समझा। भक्तको किञ्चित् भी शोक-दुःख नहीं हुआ। लोगोंने उनसे इस विचित्र व्यवहारपर आश्चर्य प्रकट करते हुए पूछा—'तुम्हारा इकलौता पुत्र संसारसे उठ गया और तुम प्रसन्न हो रहे हो, उन्माद हो गया है क्या ?' भक्तजी मन्द हँसीके साथ बोले—'माली स्वामीके उपवनका प्रफुल्लित सुन्दर पुष्प अपने स्वामीको देकर प्रसन्न होता है या रोता है ? कुछ समयके लिये प्रभुकी इस संसार-वाटिकाका पुष्प (पुत्ररूपमें) मेरी सँभालमें था, अतः यह मेरा कर्तव्य था कि मैं तन-मन-प्राणसे उसकी देख-भाल करूँ। अब समय पूरा होनेपर प्रभुने उसे स्वीकार कर लिया, इस कारण मुझे बड़ा हर्ष हो रहा है। प्रभुका उपकार तो इसलिये मानता हूँ कि उनकी वस्तुके प्रति न जाने कितनी बार मेरे मनमें (ममता रूप) कुटिलता आयी, उसकी सुरक्षामें भी मुझसे अनेक त्रुटियाँ हुईं; परंतु प्रभुने मेरी इन भूलोंकी ओर कुछ ध्यान न दिया, मुझे कभी उलाहना नहीं दिया। भगवान्की इस कृपाका अनुभव कर यदि मैं प्रसन्न होता हूँ तो इसमें क्या आश्चर्य है ?'

अहैतुकी भगवत्कृपा

(लेखक—डॉ० श्रीसुरेशचन्द्रजी सेठ, एम्० ए०, पी-एच्० डी०)

जीवको अनन्त योनियोंमें कष्ट भोगते हुए देखकर अकारण कृपा करनेवाले करुणानिधान प्रभुका हृदय पसीज उठता है, तब वे इसे अपनी प्राप्ति करनेके लिये स्वर्ण-अवसरके रूपमें मानव-देह प्रदान करते हैं। मनुष्य कितना अज्ञ है कि इस अनुपम शरीरको प्राप्त करके भी इसका दुरुपयोग कर डालता है! सत्-चर्चाके समय अनेक साधक यह तर्क भी प्रस्तुत करते हैं कि यह मानव-शरीर तो विकासवादके अनुसार स्वाभाविक रूपमें विकसित हुआ है। कर्मवादके अनुयायी यह कहते हैं कि मानव-शरीरकी प्राप्ति सत्कर्मोंका परिणाम है। इसके अतिरिक्त अन्य भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण भी आजके युगमें प्रस्तुत किये जाते हैं, किंतु संतोंका कथन है कि मानव-शरीर तो प्रभुकी अहैतुकी कृपासे ही मिला करता है—

कबहुँक करि करुना नर देही। देत ईस बिनु हेतु सनेही॥
(मानस ७। ४३। ३)

इसका स्पष्टीकरण संत-वाणी और अनुभूतिमें उपलब्ध होता है कि यदि हम आधुनिक विचारकोंके अनुसार यही मान लें कि मानव-शरीर विभिन्न प्राणि-शरीरोंके स्वाभाविक क्रमिक विकासका फल है तो भी यह तो स्वीकार करना ही होगा कि मनुष्य-शरीर प्राप्त करनेके पूर्व यह प्राणी किसी विकसित पशु-योनिमें रहा होगा। उस अवस्थामें जब उसे सत्-असत्का ज्ञान ही नहीं था, तब न तो कर्मकी शुद्धिका आधार ही इस मानव-शरीरकी प्राप्तिका कारण बन सकता है और न किसी व्यक्तिका निजी प्रयास ही। अतः यह स्वीकार करना पड़ता है कि प्राणीको मनुष्य-शरीरकी प्राप्ति होना केवल प्रभुकी अहैतुकी कृपाका ही परिणाम है।

मनुष्य-शरीर विधाताकी सर्वोत्कृष्ट रचना है। आजतक विश्वमें भौतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टिसे जितनी भी खोजें हुई हैं, उनका श्रेय मानव-शरीर एवं उसकी बुद्धिको ही दिया जा सकता है। देनेवालेने मनुष्यको सब कुछ देकर भी अपनेको इतनी कुशलतासे छिपा लिया है कि मनुष्य यही समझने लगता है, मानो इस समस्त सृष्टिका मालिक वह स्वयं ही है। इस समझका ही दुष्परिणाम है कि जो करना चाहिये, वह कर नहीं पाता और जो नहीं करना चाहिये, उसे ही करते रहनेमें अपना सम्पूर्ण जीवन लगा देता है, इसीलिये वह प्रभुकी अहैतुकी कृपाका अनुभव नहीं कर पाता।

यह बिल्कुल स्पष्ट है कि संसारमें जो कुछ भी है, वह परिवर्तनशील, क्षणभङ्गुर एवं नश्वर है। इस सत्यताकी अनुभूतिके लिये व्यक्तिका शिक्षित होना, न होना कोई अर्थ नहीं रखता। एक निरक्षर व्यक्ति भी जीवनके इस सत्यको दिन-रात खुली आँखोंसे देख रहा है। फिर भी अपने ज्ञानके अनादरके कारण वह अपने ही जीवनके सत्यको स्वीकार नहीं करता, जिसका दुष्परिणाम यह होता है कि मनुष्य अपने जीवनकी वास्तविक आवश्यकताका अनुभव ही नहीं कर पाता और दिन-रात सुख-दुःखके चक्रमें पड़ा रहकर वास्तविक शान्ति और आनन्दसे वञ्चित रह जाता है। यह मनुष्यके जीवनका कितना दुर्भाग्यपूर्ण चित्र है! वह प्रभुकी जिस अहैतुकी कृपाद्वारा नरसे नारायण बननेके लिये जगत्में भेजा गया था, उसे पूर्ण किये बिना बीचमें ही अटककर रह जाता है और लक्ष्य चूक जाता है। संत कबीरदासजीका यह दोहा इसी विषयका संकेत करता है—

रात गँवाई सोय कै दिवस गँवायो खाय।
हीरा जनम अमोल था कौड़ी बदले जाय॥

आजका पढ़ा-लिखा नवयुवक इस प्रकारकी चर्चाको सारहीन मानता है तथा इन बातोंपर विचार करना ही व्यर्थ समझता है। वह इसे समयके दुरुपयोगसे अधिक कुछ नहीं मानता। उसे सुख-सुविधाओंको जुटाकर जीवनको भौतिक बाह्याडम्बरोंसे युक्त बनानेकी बात ही उपयुक्त लगती है। सत्यकी प्राप्ति उसके लिये कल्पनाकी वस्तु है।

संतोंसे सुना है—'राम'को वही व्यक्ति पाता है, जो जीवनसे 'काम'का अन्त कर देता है—कामरहित अथवा इच्छारहित हो जाता है। 'काम' और 'राम' एक दूसरेके विपरीत हैं। यह बिल्कुल ऐसा ही है जैसे कोई रोगी हानिकारक भोग्य-पदार्थोंका सेवन करके नीरोग बनना चाहे। जिनको जगत्की वस्तुओं, अवस्थाओं एवं परिस्थितियोंमें सुखका अनुभव होता है अथवा उनमें किंचित् भी आकर्षण है, ऐसे कामासक्त व्यक्तियोंको 'राम'की

अहैतुकी कृपाका पता चल पाना कठिन है। 'काम'को हृदयमें स्थान देनेवाले व्यक्तिसे 'राम' निकट रहते हुए भी सदा दूर रहते हैं और रहेंगे। प्रभुने अपने मङ्गलमय विधानद्वारा मनुष्यको प्राप्त परिस्थितिके सदुपयोग एवं दुरुपयोगकी पूरी स्वतन्त्रता दे रखी है। यह व्यक्तिपर ही निर्भर करता है कि वह प्राप्त परिस्थितिका सदुपयोग करे अथवा दुरुपयोग। इतना अवश्य है कि वर्तमान परिस्थितिके सदुपयोगसे ही विगड़ा हुआ भूतकाल और भविष्यकाल स्वतः सुधर जाता है। अतः प्रत्येक भगवद्भक्तको वर्तमानके सदुपयोगपर गम्भीरतापूर्वक दृष्टि रखनी चाहिये।

संसारकी अनुकूलता एवं प्रतिकूलता सदा टिकनेवाली नहीं है। अनुकूलताओं एवं प्रतिकूलताओंमें जीवन-बुद्धि रखनेका दुष्परिणाम यह होता है कि व्यक्ति आशा और भयके चक्रमें पड़कर अहैतुकी भगवत्कृपाकी अनुभूतिसे वञ्चित रह जाता है। जिसे संसारका सीमित सौन्दर्य ही आकृष्ट कर लेता है, उसे असीम सौन्दर्यका दर्शन नहीं हो सकता। संसारके रस-विरस हो जानेपर अलौकिक रस मिला करता है। असत्यके त्यागसे ही सत्यकी वास्तविक अनुभूति हो सकती है।

प्रभुकी यह कैसी अनूठी कृपा है कि मनुष्य-शरीरको प्राप्त करके भी जो प्राणी निज ज्ञानका आदर नहीं कर पाते, उन्हें प्रकृति एक दिन भोगोंसे असंतुष्ट कर जीवनके सत्यको स्वीकार करनेके लिये बाध्य कर देती है। वे व्यक्ति विशेष बुद्धिमान् हैं, जो अपने विवेकका आदर कर पहलेसे ही प्रभु-प्राप्तिको जीवनका लक्ष्य बना लेते हैं। जीवनका प्रत्येक क्षण, प्रत्येक श्वास कालरूपी अग्निमें निरन्तर स्वाहा हो रहा है, यह जानते हुए भी यदि व्यक्ति भौतिक वस्तुओंकी प्राप्तिमें ही जीवन-बुद्धि करता है तो इसे मानव-जीवनके घोर दुरुपयोग-के सिवा और क्या कहा जा सकता है ? इसका यह अर्थ कदापि नहीं कि व्यक्ति जगत्के काम आना ही छोड़ दे। उसे जो वस्तु, योग्यता, सामर्थ्य मिली है, उसका सदुपयोग इसीमें है कि वह जगत्के काम आ जाय; किंतु ज्ञानका आदर और प्रयत्नकी सार्थकता प्रभुकी अखण्ड स्मृतिमें ही निहित है। साधकोंको यह अवश्य देखना चाहिये कि उन्हें हृदयके केन्द्रपर जगत् प्रिय लगता है अथवा प्रभु ! जो साधक जगत्की सेवा करते हुए प्रभुकी अखण्ड स्मृतिको जाग्रत् रखते हैं, उन्हें मानना चाहिये कि हमपर प्रभुकी विशेष कृपा है।

उस कृपालुकी अहैतुकी कृपाका सही दर्शन उन्हीं साधकोंको होता है, जो भगवत्स्मरणके साथ-साथ जगत्के प्रत्येक कार्यको प्रभुकी प्रियताके लिये ही करते हैं। इससे पहले प्रभुकी वास्तविक कृपाका अनुभव प्रायः हो ही नहीं पाता। जो लोग शरीरके लिये संसारको अपना समझते हैं, वे प्रारम्भमें ही इतनी बड़ी भूल कर बैठते हैं कि फिर वासनाके जालसे निकलना उनके लिये अत्यन्त कठिन हो जाता है। सच्ची बात तो यह है कि शरीर संसारकी सेवाके लिये मिला है, न कि संसारके भोगके लिये। अतः जो शरीरके लिये संसारको मानते हैं, वे सुख-दुःखके चक्रमें पड़कर कष्ट उठाते हैं और जो शरीरको संसारके लिये मानते हैं, वे संसारके लिये भी उपयोगी सिद्ध होते हैं और संसारसे पार होकर उस प्रभुके लिये भी। अब यह हमपर निर्भर करता है कि हम किस मार्गको चुनें।

प्रभुने कृपा करके हमें क्रिया-शक्ति, विचार-शक्ति एवं भाव-शक्ति—सभी कुछ दे दिया है। क्रिया-शक्तिके बलपर एवं विचार-शक्तिके उपयोगद्वारा आज अनूठे-अनूठे आविष्कार हो रहे हैं। जीवनकी सुख-सुविधाके लिये अनेकों वस्तुएँ उपलब्ध हुई हैं और हो रही हैं, फिर भी विश्व विनाशकी ओर ही अग्रसर होता जा रहा है। जीवनमें अशान्ति, आक्रोश, निराशा आदिकी घुटन बढ़ती जा रही है। इसका मूल कारण है—प्रभुकी अहैतुकी कृपासे प्राप्त शक्तियोंका दुरुपयोग। जो क्रिया-शक्ति जगत्की सेवामें उपयुक्त थी, उसे व्यक्ति स्वार्थमें लगा रहा है, जो ज्ञान अपने काम आना चाहिये था, उसे वह केवल दूसरोंको उपदेश देनेमें ही लगा रहा है और जो प्रेम प्रभुके काम आना चाहिये था, उसे नश्वर वस्तुओंमें लगा रहा है। वस्तुतः प्रभुकी कृपाके दर्शनके लिये हमें भगवत्प्रदत्त शक्तियोंका सदुपयोग भगवत्प्रीत्यर्थ करना ही होगा, तभी हमें प्रभुकी अहैतुकी कृपा-शक्तिका पूर्ण रहस्य ज्ञात हो सकेगा।

अहेतुकी भगवत्कृपाकी नित्यता

(लेखक—श्रीभुगुनन्दनजी मिश्र)

वैसे तो समस्त प्राणी रात-दिन अपने-अपने कार्योंमें लगे हैं, परंतु मनुष्य सबसे अधिक व्यस्त प्राणी माना जा सकता है; क्योंकि अन्य प्राणियोंकी अपेक्षा उसकी बुद्धि अधिक विकसित है। समस्त जड-चेतनवर्गकी सृष्टि यद्यपि एक ही परम तत्त्व भगवान्‌से हुई है, तथापि मनुष्योंमें गुणकर्मकी प्रधानताके कारण बुद्धि, ज्ञान एवं क्रियाशक्तिकी न्यूनाधिकता प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर होती है। प्रश्न उठ सकता है कि जब मनुष्यमात्र एक ही परम पिताकी संतान हैं तो उनमें यह न्यूनाधिकता क्यों पायी जाती है ? क्या परमात्मा भेद-भावका आश्रय लेकर मनुष्योंको न्यूनाधिकमात्रामें ये सब प्राकृतिक पदार्थ प्रदान करते हैं ! यदि ऐसा है तो वे समदर्शी एवं न्यायप्रिय कहलानेके अधिकारी कदापि नहीं हो सकते। वास्तवमें बात ऐसी नहीं है। पिता तो अपने सभी पुत्रोंको समान दृष्टिसे प्यार करता है एवं उनकी सब प्रकारसे उन्नति चाहता है। पूर्वकर्मानुसार उनकी रुचि एवं योग्यता भिन्न स्तरकी होती है, इसी कारण विभिन्न प्रयत्न करते रहनेपर भी यदि वे अपने पिताके इच्छानुसार अपनी सर्वाङ्गीण उन्नति एक समान स्तरपर नहीं कर पाते तो इसमें पिताकी कृपा तथा उसकी समदर्शिताको दोषी नहीं ठहराया जा सकता; फिर भी जो पुत्र अपने पिताकी इच्छाको निकटसे जानकर उसका श्रद्धापूर्वक आदर करता है और तदनुसार स्वयं आचरण भी करने लगता है, वह पिताकी कृपाका विशेष अधिकारी बन जाता है।

मानव-जीवन ही ऐसा स्वर्णिम अवसर है, जिसमें प्रत्येकको भगवत्कृपाकी अनुभूति हो सकती है; आवश्यकता है केवल श्रद्धा एवं विवेकशील बुद्धिका आश्रय लेकर अनासक्तभावसे कर्तव्य कर्ममें तत्पर रहनेकी। संसारमें जितने भी बड़े-बड़े कार्य हुए और हो रहे हैं, उनका कोई-न-कोई संचालक अवश्य था और है। जंगली वृक्ष एवं वनस्पतियोंको रोपनेवाले व्यक्तिकी हम कभी कल्पना भी नहीं करते, किंतु सार-सँभालके साथ लगाये गये किसी उद्यानके पंक्तिबद्ध वृक्ष एवं पौधोंको देखकर हमारे मनमें उस उद्यानके योग्य कर्त्ता, भर्त्ता, संरक्षक व्यक्तिके अस्तित्वका विश्वास अवश्य होता है। यद्यपि उद्यानमें हमें उसका स्वामी प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर नहीं होता, किंतु हम सहजभावसे अपनी मान्यताको श्रद्धापूर्वक स्वीकार कर लेते हैं। यही बात सृष्टिकर्त्ताके सम्बन्धमें भी पूर्णरूपसे मान्य हो सकती है। जब एक उद्योगपति कारखाना स्थापित करता है, तब वह उसके लिये मशीनरी आदि उपकरण जुटानेके साथ-साथ कारखानेके कर्मचारियोंकी सुख-सुविधाओंकी समुचित व्यवस्था भी करता है, जिससे कारखाना नियमितरूपसे निर्विघ्न चलता रहे एतदर्थ कारखानेकी देख-भाल भी वह स्वयं करता है या अपने विश्वसनीय अधिकारियोंद्वारा किये जानेकी व्यवस्था रखता है।

सांसारिक व्यक्तियोंका परस्पर स्वार्थ-सम्बन्ध रहता है, इसलिये उनमें किसीकी किसीके प्रति हेतुरहित कृपाका प्रश्न ही नहीं उठता, किंतु इस अनन्त विश्व-ब्रह्माण्डकी विलक्षण रचनापर ध्यान देनेसे उन ब्रह्माण्डनायककी अहैतुकी कृपा स्पष्टरूपसे सर्वत्र विद्यमान दिखायी देती है। उनकी सर्वसमर्थ, सर्वव्यापक कृपा देव-दानव, पण्डित-मूर्ख, सज्जन-दुर्जन, राजा रंक, भक्त-अभक्त—सभीपर समानरीतिसे बरस रही है। सूर्यका प्रकाश, वायुकी शीतलता, जलकी तरलता तथा अन्नकी प्राणदायिनी शक्तिका लाभ समस्त प्राणियोंको समान रूपसे प्राप्त हो रहा है। पृथ्वी, चन्द्रमा एवं सौरमण्डलकी नियमितरूपसे होनेवाली विविध गतिविधियाँ संसारके प्राणियोंकी उत्पत्ति, स्थिति एवं उनके भरण-पोषण तथा संरक्षणमें रात-दिन सहायक हो रही हैं। मनुष्य, पशु, पक्षी सर्प, कीट, पतंगादि विविध प्राणी अपने-अपने स्वभावोंके अनुसार जन्मते और मरते हैं। प्रश्न होता है कि यह सब किसकी अध्यक्षतामें और किसकी सत्तासे हो रहा है? कठोपनिषद्‌के अनुसार—

भयादस्याग्निस्तपति भयात्तपति सूर्यः।
भयादिन्द्रश्च वायुश्च मृत्युर्धावति पञ्चमः॥
(२ । ३ । ३)

'इस (परमेश्वर) के भयसे अग्नि तपता है, इसीके भयसे सूर्य तपता है तथा इसीके भयसे इन्द्र, वायु और पाँचवाँ मृत्यु दौड़ता है।'

उस अनन्त सामर्थ्यशाली भगवत्-सत्ताकी सार्वभौम व्यवस्थापर जरा सूक्ष्म बुद्धिसे विचार करें तो हमें संसारके प्राणिमात्रके प्रति उसकी अनन्त अहैतुकी कृपाका विस्तार दिखायी देगा। बड़े-बड़े पर्वतों एवं वनोंके कारण संसारमें वर्षाकी नियमित व्यवस्था, वनस्पतियों, ओषधियों एवं खनिजवर्गकी उत्पत्ति, अनेक प्रकारके वृक्षोंसे भिन्न-भिन्न प्रकारके स्वादिष्ट फलोंकी उत्पत्ति, भिन्न-भिन्न देशोंकी जलवायुके अनुसार अन्न एवं वनस्पतियोंकी उत्पत्ति, गौ, भैंस, बकरी आदिसे दूधकी उत्पत्ति किसके लिये किस उद्देश्यसे की गयी है ! परमात्मा इनके बदले हमसे क्या मूल्य ले रहे हैं ! यदि वे महासागरोंके खारे जलको सूर्यकी गर्मीसे भाप

रूपमें परिवर्तित कर, बादलोंके माध्यमसे मीठा कर वर्षाद्वारा पृथ्वीपर गिराने तथा नदी एवं झरनोंमें प्रवाहित करनेकी व्यवस्था न करते तो सृष्टिकी क्या दशा होती ? क्या चन्द्रमा एवं सूर्यके समान शीतलता, प्रकाश एवं ऊर्जा संसार-भरको निःशुल्क देनेकी व्यवस्था कोई बड़े-से-बड़ा बिजलीघर कर सकता है ? यदि आधुनिक नगर-निकायोंके नियमानुसार संसारके निवासियोंपर उपर्युक्त सुख-सुविधापूर्ण व्यवस्थाके लिये टैक्स लगा दिया जाता तो क्या हमारी जीवनयात्रा सुलभ एवं सुखद हो सकती थी ? यह तो समष्टि-जगत्पर उनकी नित्य अहैतुकी कृपाका ही प्रसाद है, जिसका लाभ देश, काल, जाति, धर्म, ऊँच, नीचकी भेद-भावनासे रहित होकर समस्त संसार उठा रहा है। उन विश्वम्भरकी अनन्त अहैतुकी कृपाके माप-तौलका अनुमान करने योग्य पैमाना संसारमें किसीके पास नहीं है।

अब अपने जीवनपर दृष्टिपात करके उस अदृष्ट भगवत्कृपाका दर्शन करें, जो हमारे जन्मकालसे लेकर जीवनपर्यन्त हमारे साथ छायाके समान लगी हुई है। जन्मसे पूर्व जब हम गर्भावस्थामें थे, तब माताके भोजनका सार—रसाहार नलीद्वारा सीधे हमारे उदरमें पहुँचा देनेकी सुन्दर व्यवस्था की गयी और हमारे शरीरके जन्मसे पूर्व ही बिना दाँतोंके चूसने योग्य दुग्ध पर्याप्त मात्रामें माताके स्तनोंमें उतार दिया गया; साथ ही अच्छी-बुरी सभी अवस्थाओंमें पालन-पोषण एवं संरक्षण करनेकी ममता भी माताके हृदयमें भर दी गयी। बाल्यावस्थामें उस अदृष्ट भगवत्सत्ताने ही अनेक प्रकारके अनिष्टों एवं बाधाओंसे जीवनको सुरक्षा प्रदान की। इसके पश्चात् उसने अपना ज्ञानरूप प्रकाश हमारे मन, बुद्धि एवं इन्द्रियोंमें चेतनाके रूपमें फैलाना प्रारम्भ कर दिया और अन्ततः वह हमारे अन्तःकरणरूप दर्पणमें स्वयं भी प्रकाशित हो उठी।

इतनी महती एवं सर्वव्यापिका भगवत्सत्ता हमारे व्यष्टि-जीवनमें इस प्रकार ओतप्रोत है कि उसकी कृपाके बिना हम कुछ भी करनेमें समर्थ नहीं हो सकते। वह हमारे शरीरकी समस्त क्रियाओंकी संचालिका एवं नियामिका है। प्राणके स्पन्दन एवं मनकी स्फुरणाओंकी प्रेरकके रूपमें सदैव सर्वत्र विराजमान है, किंतु हमारी बुद्धिपर अज्ञानका पर्दा पड़ा रहनेके कारण हमें दिखायी नहीं देती; फिर भी वह तो माताके समान अहर्निश हमारे कल्याणके उद्देश्यसे ही सारी परिस्थितियाँ उत्पन्न करती रहती है। जो परिस्थिति हमारी स्थूल बुद्धिको अशुभ एवं प्रतिकूल प्रतीत होती है, वही समय आनेपर हमारे लिये परम हितकारी सिद्ध होती है। उस समय हमें विश्वास हो जाता है कि भगवत्सत्ता नित्य ही हमारे कल्याणकारी भविष्यका निर्माण करनेके प्रयोजनसे ही जीवनमें सारे परिवर्तन उपस्थित करती रहती है।

यद्यपि वह अहैतुकी भगवत्कृपा चिरकालसे सृष्टिके प्राणियोंके हितकी दृष्टिसे ही क्रियाशील हो रही है, फिर भी हम क्षुद्र अहंकारका आश्रय लेकर जीवनमें घटित होनेवाली परिस्थितियोंका निर्माणकर्ता अपने-आपको मान बैठते हैं। इसके विपरीत यदि हम स्वयं कर्ता न बनते अथवा उस प्रभुको ही कर्ता मानते तो हमें अपने मनके विपरीत एवं अरुचिकर परिस्थितियोंका कभी सामना न करना पड़ता।

केवल आस्तिक बुद्धिके आश्रयसे ही हम उस नित्यप्राप्त भगवत्कृपाका अनुभव करनेमें समर्थ हो सकते हैं, तर्कद्वारा कदापि नहीं; क्योंकि मानुषी बुद्धिकी गति भी निर्दिष्ट सीमासे आगे नहीं हो सकती। 'ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति।' (गीता १८।६१)के अनुसार भगवान् सर्वव्यापक हैं, अतः उनकी कृपाकी वर्षा भी सर्वत्र हो रही है। हमलोगोंमेंसे अधिकांशने तो विषयासक्तिके कारण भगवत्कृपारूपा वर्षासे भयभीत होकर अपनेको देहरूप परिच्छिन्न कारागारमें बंद कर लिया है। कुछ लोगोंने धन, धाम, विद्या, पद, प्रतिष्ठाके मिथ्याभिमानका लबादा ओढ़कर अपने-आपको सब ओरसे ढक लिया है, इस कारण वे भगवत्कृपारूपा वर्षाके पवित्र स्नानका लाभ प्राप्त करनेसे सर्वथा वञ्चित बने रहते हैं। केवल थोड़ेसे ही व्यक्ति, जो संसारमें धधकती हुई त्रितापोंकी भीषण अग्निसे बचनेके इच्छुक हैं, भगवत्कृपाकी शरण लेते हैं। ऐसे पुरुष भगवद्वाणीमें अटूट निष्ठा स्थापित करके भगवत्कृपासे इसी जीवनमें आत्मकल्याणके अधिकारी बन जाते हैं—

तत्प्रसादात्परां शान्तिं स्थानं प्राप्स्यसि शाश्वतम्॥

(गीता १८।६२)

संसारके सभी देशोंके पुण्यात्मा पुरुषों, संत-महात्माओं एवं भगवद्भक्तोंके जीवन-चरित्रोंमें भगवान्की अहैतुकी कृपाके असंख्य उदाहरण उपलब्ध हैं। यदि हम भी तीव्र जिज्ञासापूर्वक अपनी समस्त मलिन वासनाओंपर विजय प्राप्त करके अपनेको भगवत्कृपाके योग्य अधिकारी बना सकें तो आज भी हमारे कल्याणका द्वार खुला है। वह अहैतुकी भगवत्कृपाशक्ति माताके समान हमें अपनी करुणामयी गोदमें उठानेके लिये न जाने कबसे प्रतीक्षा कर रही है!

अहैतुकी कृपा ही प्रभुका स्वभाव

(लेखक—पं० श्रीसुरेशचन्द्रजी तिवारी, एम्० ए०)

तुलसी उराउ होत रामको सुभाउ सुनि,
को न बलि जाइ, न बिकाइ बिनु मोल को।
(कवितावली ७ । १५)

मानव-जीवनके विभिन्न पहलुओंको भलीभाँति प्रभावित करनेवाले निरुपम ग्रन्थ 'रामचरितमानस'से मानवको कितना प्रकाश मिल सकता है, यह मानसका प्रायः प्रत्येक पाठक जानता है। साहित्यकी महत्ता यह नहीं है कि वह एक विशिष्टवर्गतक सीमित रह जाय, उसकी एक-एक पङ्क्ति, एक-एक शब्द और शब्दका एक-एक वर्ण मानवमात्रके हृदयको स्पन्दित करनेवाला होना चाहिये। लोकनायक तुलसीदासजीका सम्पूर्ण वाङ्मय उनकी लोकानुग्रह-कारिणी भावनाका परिणाम है, जो प्रयासजन्य नहीं, स्वभावजन्य है। उनकी अभिव्यक्तियोंमें पयस्विनीकी सहजता है।[1]

मायिक जगत्की द्वन्द्वात्मिका सरितामें डूबता-उतराता, हँसता-रोता और उसे ही श्रेय मानकर उसका अभिनन्दन करता हुआ आजका यान्त्रिक मानव अहंमन्यताकी अर्गलासे विजडित है। आज उसकी सारी दौड़-धूप मोहमूला प्रकृतितक ही सीमित है, परंतु मनुष्यका चरम प्राप्तव्य जड-प्रकृति नहीं, प्रत्युत प्रकृतिसे सर्वथा विलक्षण कोई अन्य वस्तु है, जो परम चैतन्य है और जिसके अनुग्रहसे जागतिक व्यापारमें चेतना विलसती है। अतएव कर्तव्य यही है कि इस जड[2] और मर्त्य[3] देहके द्वारा उस अक्षर अमृतत्व-को प्राप्त किया जाय, जो सर्वभूतोंके हृद्देशमें अवस्थित है और कृपालुता ही जिसका स्वरूप है। आदिमें व्यक्त हुई उस अक्षर ब्रह्मकी कल्पना **'एकोऽहं बहु स्याम्'** ही अनुग्रह-भावनासे स्नात है, अर्थात् निर्गुण-निराकार ब्रह्मका सगुण-साकार होना कृपामूलक है[4]। यह कृपा भी किसी अन्यकी इच्छासे नहीं, स्वेच्छासे है और यह इच्छा उनका धर्म है, स्वभाव है।

गोस्वामी तुलसीदासजीकी पवित्र दैवी अनुभूतिमें श्री-राम रम गये हैं। वे उनके हृदय और तत्प्रेरित अप्रतिहत वाणीके अधिष्ठान हैं। उनके सात्त्विक भावोंकी साकार-सजीव मूर्ति हैं श्रीराम, जिनके अणु-अणुमें अनुग्रहका भाव प्रतिष्ठित है।[5] वह सतत प्रवाहशील कारुण्य-जल एक स्थानपर कैसे ठहर सकता है? वे चाहें या न चाहें, वह तो प्रवाहित होगा ही, प्रवाह उसका धर्म जो है।

अगुण, अरूप, अलख परमात्माके विप्र-धेनु-सुर-संत-हित दाशरथि (श्रीराम) बननेके पश्चात् उनका मूलभूत गुण अनुग्रह कहाँ प्रतिष्ठित है[6]? देखिये—

हृदयँ अनुग्रह इंदु प्रकासा। सूचत किरन मनोहर हासा॥
(मानस १ । १९७ । ४)

लीला-जगत्में श्रीराम-स्वभावके मूलमें यही कृपा-शक्ति कार्यशील रही है[7]। इसी शक्तिकी अजस्रताने 'राम'को प्रभुके अनेक नामोंसे श्रेष्ठ सिद्ध कराया। चन्द्रमा उल्लास, शान्ति और शीतलता-प्रदायक है। ऐसा चन्द्रमा अपने प्रतीकार्थमें भगवान् श्रीरामके हृदयमें बाल्यावस्थासे ही उदित हो गया था, जिसकी चन्द्रिका उनके मधुर स्मित एवं हास्यमें सुव्यक्त होती रहती थी।

श्रीरामकी क्षण-क्षण नूतन अनुग्रहपूर्ण राकाके समीप आनेवाली सृष्टिकी प्रत्येक वस्तु चाहे वह जड हो या चेतन—कृतकृत्य हुए बिना न रही। उनकी स्वभावजन्य कृपालुता-ने अद्वितीय भूमिकाका सफल निर्वाह किया है। श्रीरामने जहाँ

---

१. चली सुभग कबिता सरिता सो। राम बिमल जस जल भरिता सो॥ (मानस १ । ३८ । ६)

२. गगन समीर अनल जल धरनी। इन्ह कइ नाथ सहज जड़ करनी॥ (मानस ५ । ५८ । १)

३. अंड कटाह अमित लय कारी। कालु सदा दुरतिक्रम भारी॥ (मानस ७ । ९३ । ४)

४. अगुन अरूप अलख अज जोई। भगत प्रेम बस सगुन सो होई॥ (मानस १ । ११५ । १)

५. है तुलसिहिं परतीति एक प्रभु-मूरति कृपामई है। (विनयप० १७० । ७)

६. अनुग्रहाख्यहृत्स्थेन्दुसूचकस्मितचन्द्रिकः। (अ० रा० १ । ३ । १८)

७. राम भलाई आपनी भल कियो न काको। जुग-जुग जानकिनाथको जग जागत साको॥ (विनयप० १५२ । १)

अपने सुहृदोंपर कृपा की, उनकी प्रशंसा की, वहीं लोकप्रपीड़क दुष्ट जीवोंको भी अपनाया। मित्रों और शुभचिन्तकोंके प्रति तो प्रत्येक व्यक्ति सद्भाव रख सकता है, परंतु शत्रुके प्रति सहृदयताका वर्ताव करनेवाले तो प्रभु श्रीराम ही हैं, जिनके स्वभावके प्रति अवधेश दशरथजीकी धारणा थी—

'जासु सुभाउ अरिहि अनुकूला।' (मानस २ । ३१ । ४)

और भरतजीको भी विश्वास था—

'अरिहुक अनभल कीन्ह न रामा।' (मानस २ । १८२ । ३)

मन्थराकी कुमन्त्रणाके परिणामस्वरूप कैकेयीके हृदयमें प्रतिशोधकी ज्वाला धधक रही थी, जिसकी आँचसे महाराज दशरथका कोमल वपु रातभर झुलसता रहा। प्रातःकाल श्रीरामने माता कैकेयीसे पूछा—

मोहि कहु मातु तात दुख कारन। करिअ जतन जेहिं होइ निवारन॥
(मानस २ । ३९ । ३)

'माता! मुझे पिताजीके दुःखका कारण बतलाओ, जिससे वह यत्न किया जाय, जिसके द्वारा उसका निवारण हो।'

और कैकेयीने भी उन सब कारणोंको बता डाला, जो साक्षात् कठोरताको भी व्याकुल कर देनेवाले कहे गये हैं; किंतु श्रीरामके हृदयकी तो बात ही निराली है।[1] निम्नलिखित पङ्क्तियाँ उनके विलक्षण स्वभावका यत्किंचित् दिग्दर्शन कराती हैं—

बोले बचन बिगत सब दूषन। मृदु मंजुल जनु बाग बिभूषन॥
सुनु जननी सोइ सुतु बड़भागी। जो पितु मातु बचन अनुरागी॥
तनय मातु पितु तोषनिहारा। दुर्लभ जननि सकल संसारा॥
(मानस २ । ४० । ३-४)

'वे सब दूषणोंसे रहित ऐसे कोमल और सुन्दर वचन बोले, जो मानो वाणीके भूषण ही थे। हे माता! सुनो, वही पुत्र बड़भागी है, जो माता-पिताके वचनोंका अनुरागी (पालन करनेवाला) है। हे जननी! (आज्ञा-पालनके द्वारा) माता-पिताको संतुष्ट करनेवाला पुत्र सारे संसारमें दुर्लभ है।'

मुनिगन मिलनु बिसेषि बन सबहि भाँति हित मोर।
तेहि महँ पितु आयसु बहुरि संमत जननी तोर॥
(मानस २ । ४१)

'वनमें विशेषरूपसे मुनियोंसे मिलाप होगा, जिसमें मेरा सभी प्रकारसे कल्याण है। उसमें भी पिताजीकी आज्ञा और फिर हे जननी! तुम्हारी सम्मति है।'

और फिर—

भरतु प्रानप्रिय पावहिं राजू। बिधि सब बिधि मोहि सनमुख आजू॥
(मानस २ । ४१ । १)

'प्राणप्रिय भरत राज्य पायेंगे। (इन सभी बातोंको देखकर यह प्रतीत होता है कि) आज विधाता सब प्रकारसे मेरे सम्मुख—अनुकूल है।'

किंतु—

अंब एक दुखु मोहि बिसेषी। निपट बिकल नरनायकु देखी॥
थोरिहिं बात पितहि दुख भारी। होति प्रतीति न मोहि महतारी॥
राउ धीर गुन उदधि अगाधू। भा मोहि तें कछु बड़ अपराधू॥
जातें मोहि न कहत कछु राऊ। मोरि सपथ तोहि कहु सतिभाऊ॥
(मानस २ । ४१ । ३-४)

'हे माता! मुझे एक दुःख विशेषरूपसे हो रहा है, वह महाराजको अत्यन्त व्याकुल देखकर। इस थोड़ी-सी बातके लिये ही पिताजीको इतना भारी दुःख हो, हे माता! मुझे इस बातपर विश्वास नहीं होता; क्योंकि महाराज तो बड़े ही धीर और गुणोंके अथाह समुद्र हैं। अवश्य मुझसे कोई बड़ा अपराध हो गया है, जिसके कारण महाराज मुझसे कुछ नहीं कहते! तुम्हें मेरी सौगन्ध है, माता! तुम सच-सच कहो।'

यह है श्रीरामका स्वभाव, जिसका चिन्तन करते-करते वियोग-व्यथासे पीड़ित महाराज दशरथने अपनी पार्थिव-लीला समाप्त की थी—

राम रूप गुन सील सुभाऊ। सुमिरि सुमिरि उर सोचत राऊ॥
(मानस २ । १४८ । ३)

'श्रीरामचन्द्रजीके रूप, गुण, शील और स्वभावको याद करके राजा हृदयमें सोच करते हैं।'

वह अनुग्रहपूर्ण स्वभावका ही तो लालित्य था, जिसने परशुरामजी-जैसे क्रोधी और क्षात्रद्रोहीको संस्कारी साधु बना दिया।[2] उनके तीक्ष्ण कुठारको कुण्ठित कर डाला—

बहइ न हाथु दहइ रिस छाती। भा कुठारु कुंठित नृपघाती॥
भयउ बाम बिधि फिरेउ सुभाऊ। मोरे हृदयँ कृपा कसि काऊ॥
(मानस १ । २७९ । १)

उन परम प्रभुका हृदय कितना कोमल, स्वभाव कितना मृदुल है! वे खर-दूषण, ताटका, कुम्भकर्ण और रावण

---

१. बरो राज, बन दियो नारि बस गरि गलानि गयो राउ। ता कुमातुको मन जोगवत ज्यों निज तन मरम कुघाउ॥
(विनय० १०० । ६)

२. परसुधरहि जित किये महामुनि जे चितए कबहूँ न कृपा हैं।
(गीतावली ७ । १३ । ५)

आदि घोर अत्याचारी राक्षसोंको भी अपने दिव्य धाममें भेजते हैं। भगवान् श्रीरामने यह सिद्ध कर दिया कि उनकी कृपा केवल भक्तोंपर ही नहीं, अपितु अभक्तोंपर भी उतनी ही है।

प्रभुका यह स्वभावँ उनकी अकारण कृपालुता-का परिचायक है, जिसके कारण वे अपने शत्रुओंकी भी अधोगति नहीं देख सकते। यही कारण है कि सद्यः वैधव्यप्राप्ता, रुदनरता मन्दोदरीके मुखसे हठात् ये शब्द निकल पड़ते हैं—

> अहह नाथ रघुनाथ सम कृपासिंधु नहिं आन।
> जोगि बृंद दुर्लभ गति तोहि दीन्हि भगवान॥
>
> (मानस ६। १०४)

युद्धमें काम आये छोटे-बड़े सभी राक्षसोंको वे स्वभाववश अपना रूप एवं धामतक दे डालते हैं—

> रामाकार भए तिन्ह के मन। मुक्त भए छूटे भव बंधन।
>
> (मानस ६। ११३। ४)

रामकथाके परिसमापनकी वेलामें परम भक्त काकभुशुण्डि, जिनके लिये कोई देश अथवा ब्रह्माण्ड अगम्य नहीं रह गया है, प्रायः सभी महापुरुषों एवं देवताओंके सम्पर्कमें आनेके बाद निष्कर्षरूपमें कहते हैं—

> अस सुभाउ कहुँ सुनउँ न देखउँ। केहि खगेस रघुपति सम लेखउँ॥
>
> (मानस ७। १२३। २)

'पक्षिराज गरुड़जी! मैं किसीका भी ऐसा स्वभाव न कहीं सुनता हूँ, न देखता हूँ; अतः श्रीरघुनाथजीके समान किसे गिनूँ (समझूँ)।'

इतिहास परम समर्थ प्रभु श्रीरामके दयालु स्वभावका युग-युग यशोगान करता रहेगा।

श्रीहरिका अनुग्रह

> हरि! तुम बहुत अनुग्रह कीन्हों।
> साधन-धाम बिबुध दुरलभ तनु, मोहि कृपा करि दीन्हों॥
> कोटिहुँ मुख कहि जात न प्रभुके, एक एक उपकार।
> तदपि नाथ कछु और माँगिहौं, दीजै परम उदार॥
> विषय-बारि मन-मीन भिन्न नहिं होत कबहुँ पल एक।
> ताते सहौं बिपति अति दारुन, जनमत जोनि अनेक॥
> कृपा डोरि बनसी पद अंकुस, परम प्रेम-मृदु चारो।
> एहि बिधि बेधि हरहु मेरो दुख, कौतुक राम तिहारो॥
> हैं श्रुति-विदित उपाय सकल सुर, केहि केहि दीन निहोरै।
> तुलसिदास येहि जीव मोह-रजु, जेहि बाँध्यो सोइ छोरै॥
>
> (विनयपत्रिका १०२)

---

१०. बैरिउ राम बड़ाई करहीं। बोलनि मिलनि बिनय मन हरहीं॥ (मानस २। १९९। ४)

भक्त रसखानपर कृपा

भक्त विल्वमंगलपर कृपा

'भक्तोंकी करुण पुकार सुन—तुम विविध रूप धर आये'

राजर्षि सत्यव्रतपर कृपा

[पृष्ठ ४०१

वराहभगवान्का प्राकट्य

हिरण्याक्ष-उद्धार

[पृष्ठ ४१४

गर्भस्थ प्रह्लादपर देवर्षि नारदकी कृपा

[पृष्ठ ४१५

'भक्तोंकी करुण पुकार सुन—तुम विविध रूप धर आये'

ग्पधर सर्पोंके बीच भक्त प्रह्लाद

[पृष्ठ ४१६

नृसिंहभगवान्‌का प्राकट्य

[पृष्ठ ४१६

द्विजवर कश्यप एवं देवी अदितिपर कृपा

[पृष्ठ ४१८

दैत्यराज बलिपर वामनभगवान्‌की कृ

[पृ

भगवत्कृपाका अजस्र स्रोत

(लेखक—श्रीरामनाथजी 'सुमन')

भगवान् कृपालु-शील-कोमल हैं, करुणासागर हैं, 'स्व'-'पर' भेदसे परे हैं, फिर भी अपने हैं, नितान्त अपने—हम जो कुछ हैं, उससे भी अधिक वे अपने हैं। जहाँ हम हैं, वहाँ भी हैं वे और जहाँ हम नहीं हैं, नहीं हो सकते हैं, वहाँ भी हैं। वे हमारे अंदर-बाहर, ऊपर-नीचे, आगे-पीछे, दायें-बायें—सर्वत्र हैं। कुछ भी उनसे रिक्त नहीं है।

हम, हमारा यह जगत्, सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड और अन्तरिक्षमें तैरते अगणित ब्रह्माण्डोंके परे भी जो कुछ है, वह उन्हींके अंशका प्रक्षेप है। ये ग्रह, उपग्रह, नक्षत्र, आकाश और आकाशके परे जो अनन्त लोक हैं, उन्हींके अंदर उनकी अहैतुकी अचिन्त्य शक्तिसे उत्पन्न, स्थित और प्रतीयमान हैं। इस विराट् विश्वकी समस्त वस्तुएँ भिन्नधर्मा होकर भी उन्हींकी कृपा और करुणाद्वारा एक दूसरेसे संग्रथित हैं। उन्हींकी कृपा विविध रूपोंमें प्रकट है।

हम भजन-पूजन, वन्दना, आरती, अर्चना और भक्तिसे उन्हें पकड़नेकी चेष्टा करते हैं। सत्कर्मोंसे उन्हें [illegible] चाहते हैं; ज्ञान-विज्ञानसे उनके स्वरूपको समझनेका यत्न करते हैं। मन्त्र-तन्त्रसे उन्हें सिद्ध करते हैं; अगणित [illegible]-देवियोंमें उनकी छवि ढूँढ़ते हैं। यह जो कुछ हम करते [illegible] करना चाहते हैं या करनेका प्रयास करते हैं, वह सब उन्हींकी दयाके अन्तर्गत उन्हींकी कृपा एवं उन्हींकी करुणा है।

हम एक गलित कुष्ठरोगीको छटपटाते देख क्षणभरके लिये खड़े हो जाते हैं, उसके प्रति सहानुभूतिसे द्रवित होते हैं, उसे जीवनका आश्वासन देते हैं। प्रेरणा और उत्कटतर हुई तो उसकी सेवा-सहायता भी करते हैं, दवाका प्रबन्ध कर देते हैं या अपने ही हाथसे उसकी शुश्रूषा करनेमें जुट जाते हैं अर्थात् उसके लिये कुछ करते हैं। उसके लिये कह लीजिये या अपने लिये कह लीजिये—यह चेतना, यह स्फुरणा, यह प्रेरणा भी उन्हींकी है। यह उनकी कृपा है। अथवा समझें तो कोढ़ी और उसका दर्शक-सेवक—उनकी ही कृपाके मूर्त रूप हैं।

यह जगत् उन्हींकी काया है। उनकी आकृति इसमें दिखायी पड़ती है। काया कहिये या माया—एक ही बात है। जो कुछ है, उनका है और जो कुछ नहीं है, वह भी उनका है। कण-कण उनकी करुणासे ओतप्रोत है। भला-बुरा एक भी प्राणी नहीं, [illegible] एक भी बात नहीं, पशु-पक्षी, मानव, देव, देवेश्वर एक भी जीवन नहीं, जिसमें उनकी करुणा, उनकी कृपाका अमृत न हो। वे हैं वहाँ भी, जहाँ हम उन्हें नहीं देखते, नहीं जानते, नहीं पहिचानते, नहीं खोज पाते।

इसीसे उनकी कृपाको अचिन्त्य कहा गया है। जब भगवान् चिन्तनीय होकर भी अचिन्त्य हैं तो उनकी कृपा वैसी क्यों न होगी? जहाँ हम सोच भी नहीं सकते, कल्पना भी नहीं कर सकते, वहाँ भी वे हैं। किसने इसका अनुभव न किया होगा?

मेरे पास अपना कुछ नहीं है। क्या दे सकता हूँ उनको? जो कुछ है, सब उनका है। मैं भी उनका हूँ, पर भूल जाता हूँ। पूजाके दम्भसे भर उठता हूँ। हम सब पामर प्राणी हैं। उनका नाम जपते हैं, कीर्तन करते हैं, पूजाकी घंटियाँ बजाते हैं, प्रसाद चढ़ाते हैं। हमें खुशी होती है और भक्तिका सूक्ष्म अहंकार इसमें जाग्रत् होता है। विचार करें, इससे भी हम अहंकारकी तुष्टि चाहते हैं। पूजामें हमारा इष्टदेव 'मैं' होता है या भगवान् होते हैं? आरतीमें घी-कर्पूर जलता है या हम जलते हैं? हम फूल चढ़ाते हैं या प्राण निवेदन करते हैं? प्राण, जो हमारा उतना नहीं, जितना उनका है।…कभी सोचा है? संत कहते हैं—'**तेरी तुझको सौंपते क्या लागे है मोर?**' परंतु यहाँ तो उनकी वस्तु है, फिर भी उन्हें देनेमें कठिनाई है और यदि देते भी हैं तो बड़े गाजे-बाजे, बड़े दिखावे और देनेके अभिनयके साथ। दाता हम बने होते हैं और भीख उनसे माँगते हैं!

भक्ति भी कभी-कभी प्रभुसे पृथक् करती है। उसमें भी एक नशा, एक अहंकार होता है। सम्भवतः सब अहंकारोंसे बड़ा, सघन और प्रबल। जबतक यह अनुभूति न हो कि 'हमारा कुछ नहीं है, हम कुछ नहीं हैं, अनन्त रूपोंमें तुम्हीं हो, तुम्हीं करते हो यह पूजा, तुम्हीं देते हो, तुम्हीं लेते हो', तबतक कुछ नहीं। [illegible] हुआ नहीं कि बस, वे ही-वे रह जाते हैं। पर यह सब भी उन्हींकी ही करुणा, उन्हींकी कृपाके अधीन है—

सोइ जानइ जेहि देहु जनाई। जानत तुम्हहि तुम्हइ होइ जाई॥

(मानस [illegible])

साधनाके शिखरमें अपनी बात कहना भी नास्तिकता है, पर वे ही कहलाते हैं। मैं मौन रहना चाहता हूँ, पर वे मौन नहीं रहने देते—

'[illegible] मोरी बिरथा जानी, [illegible]।'

पामर हूँ । योग, जप, तप, पूजा कुछ नहीं; परंतु जहाँ कुछ नहीं है, वहाँ भी उनकी करुणा है, कृपा है । जगत्को छोड़ नहीं पाता हूँ, सुत-वित्त-दारामें लिप्त । परंतु जिनमें लिप्त हूँ, वे ही छोड़कर चले जाते हैं । बार-बार देखा है, कोई नहीं है अपना । सब हैं, पर अपने-अपने लिये हैं । घोर संकटमें वे सब हट गये हैं, अकेला रह गया हूँ । यह भी उन्हींकी कृपा है—यह जगत्से परित्यक्त, सर्वहारा होनेका महान् अनुभव; क्योंकि जहाँ कोई नहीं है, वहाँ भी हैं वे । जो निरालम्ब है, उसके अवलम्ब । सबसे हटाते हैं, सबको हटाते हैं अर्थात् अपने पास खींचते हैं । कैसी अद्भुत दया है यह ! जहाँ सन्नाटा है, निर्जनता है, किसीकी पदचाप नहीं है, वहाँ वे हैं, केवल वे । जगत्का जब आत्यन्तिक लोप हो जाता है, तब उनकी करुणा निराश, निरवलम्ब, दीनजनको अपनी प्रलम्ब बाहोंमें भर लेती है । जहाँ दूसरा है, वहाँ वे नहीं हैं और जहाँ वे हैं, वहाँ दूसरा नहीं है । यह कृपाकी वर्षा, यह एकान्त मिलन—

प्रेम गली अति साँकरी जामें दो न समायँ ।

अधमाधम हूँ, परंतु न जाने कितनी बार उनकी कृपाके अमृतसे मर-मरकर जी गया हूँ । बीहड़ मार्ग, कुश-कण्टकोंसे आच्छादित—कण्टक जो पगतलोंको रक्तका अर्घ्य देनेको विवश करते हैं । चतुर्दिक् निबिड़ अन्धकार, कुछ सूझता नहीं; राह खो गयी है । थका तन, हारा मन, विकृत और क्षत-विक्षत जीवन । अकस्मात् उसमें प्रकाशका एक विन्दु उगता है । अरे, कोई हाथ पकड़कर अंधेको ले चला है । उस अमृत-स्पर्शको शब्दोंमें प्रकट नहीं किया जा सकता । यह अहैतुकी भगवत्कृपा !

पर वे निर्दय भी हैं । जब प्राण उत्तप्त होकर उन्हें पुकारते हैं, तब भी वे नहीं आते । बुलाता हूँ और वे दूर भाग जाते हैं । मिलनके लिये आतुर हृदयमें विरहकी व्यथा फूटती है । रोता हूँ । सिर पटकता हूँ । कहाँ हैं आप ? कहाँ चले गये हैं ? आपके बिना एक-एक क्षण कठिन बीतता है । वे देखते-सुनते हैं, पर आते नहीं । मैं समझ नहीं पाता, उनका यह कैसा खेल है ! परंतु यह भी उनकी करुणा है, कृपा है । मिलन है, पर है क्षणिक; किंतु जहाँ विरह है, वहाँ चिर-मिलन है; वहाँ प्रियतमका शरीर नहीं है, परंतु प्रियतम तो सदा ही हृदयमें बैठे मुस्कराते हैं । सदा उन्हें देख सकता हूँ । सदा वे वर्तमान हैं—

दिलके आईनेमें है तस्वीरे यार,
जब जरा गर्दन झुकाई देख ली ।

तो फिर विरह विरह नहीं है । मेरी व्यथामें भी उन्हींकी कथा है । उसमें भी वे ही मूर्त हैं । अब समझ पाया हूँ कि यह सब उन्हींकी कृपा है ।

यह जो जगत्-व्याप्त पूजा है, उन्हींकी है । सूर्य-च[न्द्र] नित्य उन्हींकी आरती कर रहे हैं; नक्षत्र उन्हींकी थाल के अक्षत हैं । कोटि-कोटि फूल नित्य खिलते हैं, इस उनकी ही सुवास है; लाखों दीपक कालकी धारामें बहा दिये जाते हैं, उनमें उनका ही प्रकाश है । चाँदनी उनकी मुस्कान है । काल नित्य उनकी पूजामें रत है इसी विराट् पूजामें मेरा भी एक दीपक है । मेरा मेरा नहीं, उनका ही । ये सारे दीप उन्हींके ते[ज] विन्दुसे दीप्त हैं । सबमें उनकी कृपा ही उनके स्नेह[की] बाती बनी जल रही है ।

तब साधनाके दम्भमें, उपासनाके गर्वमें वे क[ैसे] मिलेंगे ? अपनेको उन्हींमें उड़ेल दो, रिक्त कर दो । अहं[के] उस आत्यन्तिक विसर्जनमें ही उन्हें पाया जा सक[ता] है । हम उन्हींमें संचरित हैं, यह भान होनेपर कु[छ] करना शेष नहीं रहता; कोई पूजा वहाँ अर्पि[त] नहीं । ऐसा प्राणी जो करता है, वही पूजा है; जहाँ चलता है, वही परिक्रमा है—

जहँ जहँ डोलौं सो परिकरमा, जो कछु करौं सो पूजा ।

हर विन्दुपर प्रियतम हैं, उनके चरण हैं । उनका क[ोई] नियत पथ नहीं है; क्योंकि प्रत्येक पग उनकी मंजिल समग्र पथ ही मंजिल है । न तो कहींसे आना है, न क[हीं] जाना है । सर्वत्र उन्हें पाया जा सकता है, स[र्वत्र] उनके दर्शन सुलभ हैं; परंतु यह देखना और प[ाना] साधनासे सम्भव नहीं, उनकी कृपासे ही सम्भव है साधना कुछ है भी तो उन्हींकी कृपाका संकेत है, य[ह] एक इशारा है कि प्रियतमकी दृष्टि उधर है, वे तुम्हें देख रहे हैं, बुला रहे हैं—मेरे पास आओ; सब कुछ छोड़कर मेरे पास आओ, सब धर्मोंका त्याग कर मेरे पास आओ । मेरी करुणा और कृपाकी धारामें अपनेको डुबा दो । हे नश्वर ! अमृत तुम्हें पुकार रहा है—उनकी कृपाका सनातन अमृत । आज उससे प्राणोंको तृप्त कर दो । भगवत्कृपाका अजस्र स्रोत बह रहा है, उसमें नहाकर अमल धवल बन जाओ ।

———

वेदोंमें भगवत्कृपा

(लेखक—आचार्य श्रीमुंशीरामजी शर्मा, एम्० ए०, 'सोम')

क्लेशबहुल जगत्में कभी-कभी सुखकी स्वल्प झलकियाँ भी अविवेकीके सामने आती रहती हैं, पर दुःख तो आकर प्राणीको ऐसा दबोच लेता है, जैसे बिल्ली चूहेको। इसलिये महर्षि पतञ्जलि तथा कपिलकी उक्ति है—

'परिणामतापसंस्कारदुःखैर्गुणवृत्तिविरोधाच्च दुःखमेव सर्वं विवेकिनः। (योगसूत्र २ । १५)

'विवेकी पुरुष सुखोंके परिणाम-ताप-संस्कारादिका सूक्ष्म-रूपसे विचारकर इस जगत्के सभी दृश्योंको दुःखमय ही मानते हैं।' दृश्य भोगात्मक हैं। भोगमें सुख-दुःख दोनों ही प्राप्त होते हैं। सुख भी एकान्ततः सुख नहीं होता, वह दुःखसे मिश्रित रहता है। सुखभोगमें जो आयास और परिश्रम करने पड़ते हैं, वे स्वतः क्लेशप्रद हैं। एक सुखाभिलाषा पूरी हुई तो दूसरी उत्पन्न हो जाती है। अभिलाषाओंका अन्त नहीं, इसीलिये सुख-प्राप्तिके इस पथमें दुःखोंका अन्त नहीं। तो क्या दुःख अनन्त हैं—असीम हैं? क्या इनका अन्त नहीं हो सकता? ऋषि आश्वासन देते हुए कहते हैं—'दुःख सावधि हैं, अनन्त नहीं। जो भोगे जा चुके हैं अथवा भोगे जा रहे हैं, उन दुःखोंका त्याग नहीं किया जा सकता; किंतु भविष्यके दुःखोंका नाश किया जा सकता है—'हेयं दुःखमनागतम्' (योगसूत्र २ । १६)।

योगदर्शनके अनुसार क्लेशके पाँच रूप हैं—अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश। इन पाँचों प्रकारके क्लेशों-का क्षेत्र अविद्या ही है। क्लेश कभी प्रसुप्त हो जाते हैं, कभी तनु हो जाते हैं, कभी उन्हें काट भी दिया जाता है और कभी वे अपने विशाल रूपको खुलकर प्रकट करने लगते हैं। अभिनिवेश मृत्युका क्लेश है और यह क्लेशोंमें सबसे बड़ा है। यह प्रायः सभीके सिरपर चढ़ा रहता है। विश्वका कोई भी जन्मधारी प्राणी या पदार्थ इसके प्रभावसे मुक्त नहीं हो सकता। इसे स्वरसवाही कहा जाता है—बिना किसीकी शिक्षा लिये यह अपने रसमें ही बहता रहता है। पर है यह भी अविद्याके क्षेत्रमें ही पनपनेवाला। ज्ञानका प्रकाश होते ही इसका प्रभाव समाप्त हो जाता है। जबतक देह है, तबतक मृत्यु भी उसकी सङ्गिनी बनी है, पर ज्ञानका प्रकाश मृत्युके प्रभावको ही कम नहीं करता, उसके भयको तथा उसको भी समाप्त कर देता है। भगवती श्रुतिके शब्दोंमें—

अकामो धीरो अमृतः स्वयम्भू रसेन तृप्तो न कुतश्चनोनः।
तमेव विद्वान् न बिभाय मृत्योरात्मानं धीरमजरं युवानम्॥
(अथर्ववेदसंहिता १० । ८ । ४४)

जगज्जालके कण-कणमें एक ही विभूति रमी हुई है। प्रत्येक प्राणीके अन्तःस्थलमें उसका निवास है। वह सबके हृदयदेशमें स्थित है; अन्तर्यामिरूपमें रमकर भी सबसे पृथक् है। यह सर्वव्यापक सूक्ष्मतम सत्ता अकाम और अमृत है। व्याप्य वस्तुओंके रूप परिवर्तित होते रहते हैं, पर इस व्यापकके रूपमें कहींसे कोई भी न्यूनता नहीं, परिवर्तन नहीं। यह नित्य रसतृप्त, धीर, अजर, सतत युवा और स्वयम्भू है। जो इसे जान लेता है, ज्ञानके प्रकाशमें देख लेता है, उसे मृत्यु कभी भयभीत नहीं कर सकती। 'तमेव विदित्वाति मृत्युमेति'—(शुक्लयजुर्वाजसनेयिसंहिता ३१ । १८; श्वेताश्व० उ० ३ । ८, ६ । १५)—जिसने इस भगवती पराशक्तिका दर्शन कर लिया, वह मृत्युको अतिक्रान्त कर जाता है। मृत्युसे पार जानेके लिये अन्य कोई उपाय नहीं है। इसका एकमात्र उपाय है—सबके भीतर छिपी इस महाशक्तिका दर्शन।

'यह दर्शन कैसे हो? मेरी आँखें तो बाहरकी ओर लगी हैं' बाहरी दृश्योंको ही देख रही हैं। यह परमानन्दमयी शक्ति तो भीतर है। मैं भीतर कैसे प्रवेश करूँ? कैसे इसके अन्तःसामीप्यको प्राप्त करूँ?' ऋषि कहते हैं 'कि इसके नामका जप कर। यह नाम प्रणव है, नित्य नूतन ओंकार है। ओंकारके अर्थकी भावना करते हुए जप कर। इससे तेरी चेतना बाहरसे हटकर प्रत्यक्ष भीतर चली जायगी और कृपा-भगवतीके परमानन्दमय दर्शनमें जो अन्तराय या विघ्न हैं, उनका अभाव हो जायगा। वे मिट जायँगे। पर जप कैसे हो? अर्थके भावमें कैसे डूबा जाय?—

वि मे कर्णा पतयतो वि चक्षुर्वीदं
ज्योतिर्हृदय आहितं यत्।
वि मे मनश्चरति दूर आधीः
किं स्विद् वक्ष्यामि किमु नू मनिष्ये॥
(ऋग्० ६ । ९ । ६)

क्या बोलूँ! क्या मनन करूँ! [illegible]

तेरा ध्यान धरूँ ? ज्यों ही जप करने बैठता हूँ, त्यों ही कान बाहरके शब्दोंको सुननेमें लग जाते हैं। आँखें बंद हैं, पर वे भी अपने द्वारा पहले देखे रूपोंको देखने लगती हैं और हृदयमें प्रतिष्ठित यह ज्योति—मन नाना प्रकारकी आधियों, चिन्ताओंमें विचरण करने लगता है। नामका जप और अर्थका भावन—दोनों रुक जाते हैं।' ऋषि कहते हैं कि 'यदि ऐसा है तो भी तू धैर्य धारण कर, चिन्ता मत कर; क्योंकि तू जो कुछ कहेगा, उन प्रचेतस महादेवके लिये जैसे भी शब्दोंका प्रयोग करेगा, वे तेरा मङ्गल ही करेंगे। जैसे बने, वैसे तू जिह्वासे नाम रटता रह। मन भागता है, भागने दे। आँख और कान अपने-अपने विषयोंमें दौड़ लगाते हैं, लगाने दे। तू नामको मत छोड़।

'मा चिदन्यद्विशंसत सखायो मा रिषण्यत।'

(ऋक्० ८। १। १; अथर्व २०। ८५। १)

प्रभुके अतिरिक्त तू अन्य किसीकी स्तुति मत कर। भगवद्विरुद्ध किसी प्राणी, पदार्थ तथा परिस्थितिको हृदयमें महत्त्व मत दे; क्योंकि ऐसा करनेसे तू परमार्थसे भ्रष्ट हो जायगा। तू एकमात्र अपने प्रभुको पकड़; उनके आश्रयका परित्याग मत कर। पुत्र जैसे अपने पिताका पल्ला पकड़ लेता है, उसी प्रकार तू भी अपने उस सच्चे माता-पिताके पल्लेको पकड़ ले। न पकड़ सके तो रो, तेरे हृदयका विलाप तेरे माता-पिताको हिला देगा और वे सब कुछ छोड़कर तुझे अपनाने, गोदमें लेनेके लिये दौड़ पड़ेंगे।

आ घा गमद्यदि श्रवत्सहस्रिणीभिरूतिभिः।
वाजेभिरुप नो हवम्। (सामवेद ७४५)

प्रभुका बल अनन्त है, उनकी शक्ति असीम है, उनके रक्षण-उपाय अनेक हैं। तू रो-रोकर अपना रुदन-स्वर, हृदयसे निकली आर्त-पुकार उनके निकटतक पहुँचा, वे आयेंगे, अवश्य आयेंगे, हजारों रक्षाशक्तियोंके साथ प्रकट होंगे। उनका वरदहस्त तेरे सिरपर होगा, तू निहाल हो जायगा।

क्या तू अपनेको निर्बल अनुभव करता है? तब तो अवश्य ही उन सम्बलोंके भी सम्बल, आश्रयोंके भी आश्रय, आधारोंके भी परमाधार प्रभुको पकड़। तू दीन और वे दीन-दयालु, तू निरवलम्ब और वे सर्वश्रेष्ठ आलम्बन, तू मझधारमें गोते खानेवाला और वे पार लगानेवाले हैं। उनकी कृपाका—अनुकम्पाका कोई ओर-छोर नहीं।

एतदालम्बनं श्रेष्ठमेतदालम्बनं परम्।

(कठोपनिषद् १। २। १७)

विद्म हि त्वा तुविकूर्मिं तुविदेष्णं तुवीमघम्।
तुविमात्रमवोभिः॥ (ऋक्० ८। ८१। २)

नहि नु ते महिमनः समस्य न मघवन् मघवत्त्वस्य विद्म।
न राधसोराधसो नूतनस्येन्द्र नकिर्ददृश इन्द्रियं ते॥

(ऋक्० ६। २७। ३)

अनुत्तमा ते मघवन्नकिर्नु न त्वावाँ अस्ति देवता विदानः।

(शुक्लयजु० ३३। ७९)

प्रभुकी शक्ति अल्पज्ञ जीवके लिये अकल्पनीय है। हम सोच भी नहीं सकते कि प्रभु कहाँसे, किस प्रकार आकर हमें बचा लेते हैं, अपनी गोदमें उठा लेते हैं। उनकी भगवत्ता, उनकी महिमा, उनकी सफलतादायिनी, सिद्धिप्रदायिनी शक्ति अनिर्वचनीय है, अज्ञेय है। उनके कर्म, उनके दान, उनके विभव उनके रक्षण, उनका ज्ञान—सब कुछ महान् है, अद्भुत है विचित्र है। वे विचित्रतम वय, प्राण, जीवन, शक्तिके धारक हैं वे अद्भुत रूपसे दर्शनीय हैं। उनकी प्रत्यक्ष एवं साक्षात् अभि व्यक्ति, सम्पत्ति, शक्ति सभी विचित्र हैं। उनकी समता करनेवाला यहाँ कोई भी नहीं है। मुक्तात्मा उनका सायुज्य प्राप्त कर उन-जैसे हो जाते हैं, पर सृष्टिके उद्भव, स्थिति एवं संहारकी क्षमता उनमें भी नहीं आ पाती। प्रभु भक्तोंके लिये उपा हैं। वे आनन्दघन हैं और सबसे बढ़कर वे कृपा-कोष दया-निधि हैं। हम अहंके शिखरपर चढ़ते हैं, गिर पड़ते हैं, प्रभुको पुकारते ही उनकी कृपासे उठ भी जाते हैं। कभी कभी उनका कृपा-कोप भी अपनी तीव्र भ्रू-भङ्गि का निक्षेप करने लगता है, पर उसमें छिपी करुणा जीवके हि अन्तमें कल्याणकारिणी ही सिद्ध होती है।

क्रत्वः समह दीनता प्रतीपं जगमा शुचे।
मृळा सुक्षत्र मृळय॥
अपां मध्ये तस्थिवांसं तृष्णाविदज्जरितारम्।
मृळा सुक्षत्र मृळय॥

(ऋक्० ७। ८९। ३-

'हे समह—पूजनीय! हे शुचे—पवित्र ज्योति! दीनताके कारण कर्तव्यपथसे पृथक् होकर विपरीत पथपर पड़ा। इस विपरीत मार्गने मुझे झाड़-झंखाड़में दिया है, निर्जन वनमें ला पटका है। हे सुक्षत्र—क्षत्रोंसे त्राण करनेकी शोभन शक्ति रखनेवाले! दया

दया करो, इस विकट संकटसे मेरा उद्धार करो, मुझे पुनः सुपथसे ले चलो। देव! आप-जैसे आनन्द-सागरके रहते भी मैं प्यासा मरूँ, यह आपके विरदके विपरीत है। दयानिधे! द्रवित हो जाओ, रूठो मत, अपनी कृपा-दृष्टिसे मुझे भी आनन्दित कर दो।'

प्रभु ही जीवके सच्चे अपने हैं। अथवा यह कहना चाहिये कि वे ही एकमात्र अपने हैं, अन्य सब पराये हैं।

य आपिर्नित्यो वरुण प्रियः सन् त्वामागांसि कृणवत् सखा ते।
(ऋक्० ७।८८।६)

आ हि ष्मा सूनवे पिताऽऽपिर्यजत्यापये। सखा सख्ये वरेण्यः।
(ऋक्० १।२६।३)

—प्रभु अपने हैं, पिता हैं, भ्राता हैं, सखा हैं। अपना व्यक्ति अपने लिये क्या नहीं करता? पिता पुत्रके लिये, सखा सखाके लिये, भ्राता सहोदर भ्राताके लिये अपने प्राणतक होम देनेके लिये तैयार हो जाता है। यह लौकिक अनुभूति है। पारलौकिक अनुभूति तो पारमार्थिकी है, परम अर्थवाली है, विशुद्ध सत्यपर आधारित है। अपना सब कुछ प्रभु हैं। वे भी अपने भक्तके लिये सब कुछ करते हैं। इस लोकमें जो असम्भव-जैसा जान पड़ता है, उसे भी वे सम्भव कर देते हैं।

प्रभु नंगेको वस्त्रसे आच्छादित कर देते हैं, आतुर रोगीके रोगको भेषज देकर हटा देते हैं, अंधा उनकी कृपासे आँखें पा जाता है और पंगु चलनेकी योग्यता प्राप्त कर लेता है।

प्रभुकी इस अहैतुकी कृपाका अनुभव प्रायः सभी भक्तोंको हुआ है। व्यास, सूर, तुलसी आदि भक्तोंने तो उसका वर्णन भी किया है।

'मूकं करोति वाचालम्', 'बहिरो सुनै मूक पुनि बोलै', 'पंगु चढ़ै गिरिवर गहन' आदि पङ्क्तियाँ कथनमात्र नहीं, अनुभूतिपरक हैं। वेद मुक्तस्वरमें इस अनुभूतिका उद्घोष करते हैं—

स ईं महीं धुनिमेतोररम्णात्। (ऋक्० २।१५।५)

'प्रभु गरजती हुई महती ध्वनिको एकदम शान्त कर देते हैं।'

प्रभुकी अपनी दया-सम्बन्धी यह जीव जाने-अनजाने न जाने कितने पाप करता रहता है, पर उनकी कृपा उसे बचाती है, प्रायश्चित्त कराती है तथा विकृतियोंसे निकालकर सुकृतियोंकी ओर प्रेरित करती रहती है। निरन्तर अपने अन्तस्से निकलती हुई आवाजका यदि हम श्रवण और अनुगमन करते रहें तो निःसंदेह पावन पथपर चलनेके अभ्यासी बन सकते हैं। वेद-मन्त्र है—

उत त्वं मघवञ्छृणु यस्ते वष्टि ववक्षि तत्।
यद् वीळयासि वीळु तत्॥ (ऋक्० ८।४५।६)

पिता! आप मघवा हैं, ऐश्वर्यकी राशि हैं। आपके कोशमें किसी प्रकारकी कमी नहीं है। भक्त जो कामना करता है, उसे आप पूर्ण कर देते हैं। आप उसकी सर्वाङ्ग निर्बलताका उन्मूलन करके उसे बलवान् बना देते हैं।

प्रभो! आप सोम हैं, संजीवनी शक्ति हैं। आप जिसे जीवित रखना चाहते हैं, उसे कोई मार नहीं सकता। आपको स्तोत्र बड़े प्यारे हैं, भक्तिभरे स्तुति-गान जब भक्तके कण्ठसे निकलते हैं, तब आप बड़े चावसे उन्हें सुनते हैं। आप ही पालक और रक्षक हैं।

पिता! आज मैं भी पूछ रहा हूँ कि मैं कब आपके भीतर प्रविष्ट होऊँगा (आपको प्राप्त करूँगा)? कब वह अवसर आयेगा, जब मैं आप-जैसे वरणीयका अपनत्व प्राप्त करूँगा! आप ही एकमात्र यहाँ वरण करने योग्य हैं। किसीको चुनना है तो वह एक आप ही हैं। आप ही पथके विघ्नोंको भी हटानेवाले हैं। पिता! क्या आप मेरे इस हव्यको ग्रहण करेंगे? मेरी पुकारको सुनेंगे? क्या वह स्वर्ण-घटिका इस जीवनमें उदित होगी, जब मैं प्रसन्न मनसे आपकी लावण्यमयी मुख-मुद्राको देख सकूँगा?

देव! आपकी खोजमें मैं इधर-उधर बहुत भटका; संतों, कवियों, साधकों और विद्वानोंके पास गया, पर सबने एक ही बात कही—'उन प्रभुकी कृपा प्राप्त करो। अनुनय-विनय करके उन्हें मना लो। उनकी कृपासे ही तुम्हारा पाप कटेगा। उन दयालु देवकी दया ही निखिल ताप-शमनी ओषधि है।' (ऋक्० ७।८६।२)

क्व स्य ते रुद्र मृळयाकुर्हस्तो यो अस्ति भेषजो जलाषः।
अपभर्ता रपसो दैव्यस्याभी नु मा वृषभ चक्षमीथाः॥
(ऋक्० २।३३।७)

रुद्र आप! ऐसे हाथ (अङ्गुलियों)से रखते हैं, पापोंको पकड़ते हैं। आपका दयार्द्रित वरद कर जिसके सिरपर पड़ गया, उसे ओषधियोंकी ओषधि मिल गयी। संतापका शमन हो गया। कितनी मोहकता है

हाथमें । दाहक अग्नि एकदम बुझ गयी, शान्त हो गयी ।'

भक्त तड़प रहा था, पापका प्रचण्ड पावक धक्-धक् कर जल रहा था, आपके कृपा-करका स्पर्श होते ही न जाने वह कहाँ छू-मन्तर हो गया। एक नहीं, अनेक बार ऐसे अनुभव हुए। क्या दिव्य शक्तियोंके प्रति मैंने कोई अपराध किया था? पिता! आप ही जानें। मैं तो इतना ही जानता हूँ कि आप मेरे साथ रहते हैं और यदि कोई पाप इस मन या तनसे हो भी गया तो उससे आपने ही मुझे बचाया और समस्याओंका समाधान किया है। आपकी अमोघ क्षमा मुझे मिली है, मैं इतना तो अवश्य ही जानता हूँ।

पिता! अब एक ही आकाङ्क्षा है—यह जो कुछ है, आपका है, आपका ही दिया हुआ है। जब-जब इस शरीर-यन्त्रपर दृष्टि जाती है, तब-तब आपका संकेत प्राप्त होता है। मैं चाहता हूँ, जैसे इस शरीरने आपका आभास प्राप्त किया है, वैसे ही यह मन भी अब सर्वात्मना आपका ही होकर रहे। मेरी बुद्धिको ऐसा मोड़ दीजिये, जिससे यह आपका अदभ्र प्रकाश प्राप्त करती रहे—

स्वामिद्धि त्वायवोऽनुनोनुवतश्चरान्। सखाय इन्द्र कारवः।
(ऋक्० ८। ९२। ३३)

मेरी शिल्पकारिता, काव्यकला और बुद्धिविशारदताकी सार्थकता इसीमें है कि वह आपका ही स्तवन करे, आपके ही सामने झुके। कोई ऐसी युक्ति बतलाइये, जिससे मेरी साधना आपके मनको प्रसन्न कर सके। कर्मकाण्डमें वह सामर्थ्य नहीं कि जिससे आपको मापा जा सके। मेरे भीतर समर्पणमयी भावना भर दीजिये। मुझे और कुछ भी नहीं चाहिये। मेरे तो एकमात्र आप हैं। मेरे सर्वस्व! मेरे प्राण! अन्तराराम! मेरे शाश्वत सम्बन्धी! आप मेरे हैं और मैं आपका हूँ—

त्वमस्माकं तव स्मसि। (ऋक्० ८। ९२। ३२)

आज मेरी समस्त मतियाँ आपकी सङ्गिनी, सहेली, अनुचरी बननेके लिये व्याकुल हो उठी हैं। ये उमड़ रही हैं, विस्तृत व्योममें फैल रही हैं, आपका अञ्चल छूने और पकड़नेके लिये—'आकाशस्तल्लिङ्गात्।' (वेदान्त-दर्शन १। १। २२) इस आकाशमें आपके कुछ चिह्न पाये जाते हैं, इसीलिये ये मतियाँ आकाशमें संतनित हो रही हैं। तुम्हारे मिलनका क्षेत्र कहा गया है—

'हृद्यपेक्षया तु मनुष्याधिकारत्वात्।'
(ब्रह्मसूत्र १। ३। २५)

इस आकाशमें ये मतियाँ आपकी खोज कर रही हैं, आपके ही स्पर्शकी आकाङ्क्षा रखती हैं। क्यों भटकाते हैं इन्हें? मेरी विनयको क्यों अनसुनी कर रहे हैं? प्यासे चातकको घोसे गिरनेवाले उत्सकी—आकाशकी वर्षधाराकी आवश्यकता है। मेरी मतिको भी तुम्हारे सम्बन्धकी आकाङ्क्षा है। छू दीजिये, देव! छू दीजिये! यह भी क्या प्यासी रहे? इस तृषितको तृप्ति प्रदान कीजिये। इसकी पिपासाको शान्त कीजिये। कृपानिधान! कृपाकी कोर इधर भी कर दीजिये। जलकी एक बूँद इसके मुखमें भी डाल दीजिये—

कथं वातो नेलयति कथं न रमते मनः।
किमापः सत्यं प्रेप्सन्तीर्नेलयन्ति कदा चन॥
(अथर्ववेदसंहिता १०। ७। ३७)

देव! न जाने कितने दिन बीत गये, कितनी रातें निकल गयीं, कितने वर्ष और कितने जन्म एक-पर-एक बीतते गये; किंतु आपके दर्शनकी लालसा ज्यों-की-त्यों बनी है। यह प्राण चलता ही रहता है, यह मन विश्रामका नामतक नहीं लेता। ये जीवन-कर्म निरन्तर प्रवहमान हैं। इनकी गतिमें, इनकी क्रियामें केवल आपके दर्शनकी लगन बसी हुई है। इस असत् नाम-रूपके प्रपञ्चमें आप ही एकमात्र सत्य हैं। आपकी प्राप्तिकी आकाङ्क्षामें ही ये प्राण और मन धावमान हैं—ये मतियाँ विस्तृत हैं। इनकी गतियोंकी गति, परम गति एवं परम लक्ष्य एकमात्र आप हैं।

नह्यन्यं बळाकरं मर्डितारं शतक्रतो। त्वं न इन्द्र मृळय।
यो नः शश्वत् पुराविथाऽमृध्रो वाजसातये।
स त्वं न इन्द्र मृळय॥ (ऋक्० ८। ८०। १।२)

मेरे एकमात्र इष्टदेव! आपके अतिरिक्त अन्य कोई भी त्राता नहीं है। मैं क्या, यहाँ सब-के-सब केवल आपकी ओर देख रहे हैं, आपकी ही शरण चाहते हैं। इन सबपर आक्रमण होते हैं, किंतु आपपर कोई आक्रमण कर ही नहीं सकता। आप ही सबको बचाते आये हैं। दयालु देव! दया कीजिये, मुझे भी बचाइये, अपना आश्रय दीजिये, अपनी कृपादृष्टिकी वर्षाद्वारा मेरे भी क्लेशजालकी ज्वाला शान्त कीजिये।

उपनिषद्-पुराणादिमें भगवत्कृपाका स्वरूप

(लेखक—डॉ० श्रीसर्वानन्दजी पाठक, एम्० ए०, पी-एच्० डी० (द्वय), डी० लिट्०)

'भग' शब्द ऐश्वर्यवाचक है। 'भग' शब्द 'भज सेवायाम्' धातुसे 'पुंसि संज्ञायां घः प्रायेण' (पाणि० ३ । ३ । ११८) सूत्रद्वारा 'घ' प्रत्ययके योगसे निष्पन्न होता है अन्ततोगत्वा भगके आगे मतुप्—वत् प्रत्ययका योग करनेपर 'भगवत्' शब्द निष्पन्न होकर सर्वैश्वर्यशाली, सर्वशक्तिमान्, पूर्णब्रह्म, परमात्मा, परमतत्त्व, परमचैतन्य आदि अर्थका द्योतक होता है। वे ही भगवान् अपनी शक्तिस्वरूपा कृपाका सर्वत्र निक्षेप करते हैं। भगवान् त्रिकाल कृपालु हैं। भगवत्तत्त्वसे कथमपि, कदापि अकृपा होनेकी सम्भावना ही नहीं है, भले ही दुर्बलहृदय मानव इस तथ्यको न समझ सके। कृपासिन्धु, दयासागर आदि प्रभुके असंख्य नाम उनकी इसी कृपालुताके द्योतक हैं। थोड़ा धैर्य और गम्भीरताके साथ संसारका विचार तथा भगवद्विश्वास करनेपर इस सतत क्रियाशील भगवत्कृपाका अनुभव होने लगता है। इसके लिये वेद, उपनिषद्, गीता, पुराण आदि सच्छास्त्रोंका अध्ययन, परिशीलन, मनन और आचरण करना परमावश्यक तथा उपयोगी है। इसके साथ-साथ साधु-महात्माओंकी सङ्गति भी अनिवार्य है।

भारतीय संस्कृति जिन श्रुति-शास्त्रोंपर आधारित है, उनमें सच्चिदानन्दस्वरूप दो प्रकारका माना गया है। उसका एक रूप निर्गुण, निराकार है, जो मन तथा वाणीके लिये अगोचर है। योगी अपनी यौगिकी साधनासे निर्बीज समाधिमें उसका साक्षात्कार कर अमरत्वकी उपलब्धि करते हैं। ज्ञानी तत्त्व-चिन्तनद्वारा दृष्ट-श्रुत समस्त पदार्थोंसे मनको पृथक् कर ब्रह्मरूपसे उसमें अवस्थित हो जाते हैं, पर सर्वसाधारण साधक उसके इस निर्गुण स्वरूपकी उपासनामें कठिनताका अनुभव करते हैं। जगत्की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलयमें उन परम प्रभुकी अपार करुणा है। उनके इन सगुण, साकार, चिन्मय रूपोंके ध्यान-स्मरण, नाम-जप तथा लीला-चिन्तनसे मानव-हृदय परम शुद्ध हो जाता है। मनुष्य इन रूपोंमेंसे किसी एकको नैष्ठिक रूपसे अपने हृदयमें विराजमान कर कृपा-नौकाद्वारा अनन्त संसार-सागरसे पार हो जाता है। भगवान्के विविध अवतार उनकी कृपालुताके ही द्योतक हैं।

सत्त्वमूर्ति भगवान्के अवतारोंकी कोई संख्या नहीं है—वे अगणित हैं[1]। भारतके आस्तिक सम्प्रदायोंमें भगवान्के चौबीस अवतारोंकी विशेष प्रसिद्धि है[2]।

भगवान् केवल मानवके ऊपर उसके भक्तिभावसे प्रेरित होकर कृपा नहीं करते, अपितु वे विश्वमात्रके चर-अचर समस्त प्राणियोंपर अपनी अहैतुकी कृपाका निक्षेप करते हैं। विचारणीय है—दूर्वा (घास) निरन्तर विविध प्राणियोंके पादाघातसे पिसती रहती है, अग्निकी चिनगारीके समान सूर्य-किरणोंसे तपती रहती है, छाग (बकरी) आदि पशु-प्राणियोंद्वारा निरन्तर चर्वित तथा कुदालोंसे उन्मूलित होती रहती है, फिर भी वह सदा-सर्वदाके लिये अपना जीवन खो नहीं देती—समय-समयपर पनप उठती है और लहलहाने लगती है। इस तरहकी विपत्तियोंको निरन्तर झेलकर भी वह जीवित ही रहती है। यह सर्वव्यापी प्रभुकी कृपालुता ही है[3]।

श्रीमद्भगवद्गीतामें भगवत्कृपाकी उपलब्धिके साधनभूत तीन यौगिक मार्गोंका प्रतिपादन हुआ है—कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग। इन तीनोंमें जो भी अनुकूल प्रतीत हो, उसीका अवलम्बन कर साधक अपने साध्यको प्राप्त कर सकता है। प्रत्येक साधकको एक ही साध्यकी प्राप्ति होगी, वह चाहे जिस मार्गसे प्रस्थान करे। चरम लक्ष्य सबका एक ही है—परम शिव परमात्मा अथवा तदनुकम्पाकी प्राप्ति या अनुभूति।

---

१. अवतारा ह्यसंख्येया हरेः सत्त्वनिधेर्द्विजाः। यथाविदासिनः कुल्याः सरसः स्युः सहस्रशः॥ (श्रीमद्भा० १ । ३ । २६)

२. श्रीमद्भा० (१ । ३ । २५)।

३. [illegible]

हाथमें ! दाहक अग्नि एकदम बुझ गयी, शान्त हो गयी ।'

भक्त तड़प रहा था, पापका प्रचण्ड पावक धक्-धक् कर जल रहा था, आपके कृपा-करका स्पर्श होते ही न जाने वह कहाँ छू-मन्तर हो गया । एक नहीं, अनेक बार ऐसे अनुभव हुए । क्या दिव्य शक्तियोंके प्रति मैंने कोई अपराध किया था ? पिता ! आप ही जानें । मैं तो इतना ही जानता हूँ कि आप मेरे साथ रहते हैं और यदि कोई पाप इस मन या तनसे हो भी गया तो उससे आपने ही मुझे बचाया और समस्याओंका समाधान किया है । आपकी अमोघ क्षमा मुझे मिली है, मैं इतना तो अवश्य ही जानता हूँ ।

पिता ! अब एक ही आकाङ्क्षा है—यह जो कुछ है, आपका है, आपका ही दिया हुआ है । जब-जब इस शरीर-यन्त्रपर दृष्टि जाती है, तब-तब आपका संकेत प्राप्त होता है । मैं चाहता हूँ, जैसे इस शरीरने आपका आभास प्राप्त किया है, वैसे ही यह मन भी अब सर्वात्मना आपका ही होकर रहे । मेरी बुद्धिको ऐसा मोड़ दीजिये, जिससे यह आपका अदभ्र प्रकाश प्राप्त करती रहे—

स्वामिद्धि त्वायवोऽनुनोनुवतश्चरान् । सखाय इन्द्र कारवः ।

(ऋक्० ८ । ९२ । ३३)

मेरी शिल्पकारिता, काव्यकला और बुद्धिविशारदताकी सार्थकता इसीमें है कि वह आपका ही स्तवन करे, आपके ही सामने झुके । कोई ऐसी युक्ति बतलाइये, जिससे मेरी साधना आपके मनको प्रसन्न कर सके । कर्मकाण्डमें वह सामर्थ्य नहीं कि जिससे आपको मापा जा सके । मेरे भीतर समर्पणमयी भावना भर दीजिये । मुझे और कुछ भी नहीं चाहिये । मेरे तो एकमात्र आप हैं । मेरे सर्वस्व ! मेरे प्राण ! अन्तराराम ! मेरे शाश्वत सम्बन्धी ! आप मेरे हैं और मैं आपका हूँ—

स्वमस्माकं तव स्मसि । (ऋक्० ८ । ९२ । ३२)

आज मेरी समस्त मतियाँ आपकी सङ्गिनी, सहेली, अनुचरी बननेके लिये व्याकुल हो उठी हैं । ये उमड़ रही हैं, विस्तृत व्योममें फैल रही हैं, आपका अञ्चल छूने और पकड़नेके लिये—'आकाशस्तल्लिङ्गात् ।' (वेदान्त-दर्शन १ । १ । २२) इस आकाशमें आपके कुछ चिह्न पाये जाते हैं, इसीलिये ये मतियाँ आकाशमें संतनित हो रही हैं । *२ तुम्हारे मिलनका क्षेत्र कहा गया है—

'हृद्यपेक्षया तु मनुष्याधिकारत्वात् ।'

(ब्रह्मसूत्र १ । ३ । २५)

इस आकाशमें ये मतियाँ आपकी खोज कर रही हैं, आपके ही स्पर्शकी आकाङ्क्षा रखती हैं । क्यों भटकाते हैं इन्हें ? मेरी विनयको क्यों अनसुनी कर रहे हैं ! प्यासे चातकको घोसे गिरनेवाले उत्सकी—आकाशकी वर्षा-धाराकी आवश्यकता है । मेरी मतिको भी तुम्हारे स्पर्शकी आकाङ्क्षा है । छू दीजिये, देव ! छू दीजिये ! यह भी क्यों प्यासी रहे ? इस तृषितको तृप्ति प्रदान कीजिये । इसकी पिपासाको शान्त कीजिये । कृपानिधान ! कृपाकी कोर इधर भी कर दीजिये । जलकी एक बूँद इसके मुखमें भी डाल दीजिये—

कथं वातो नेलयति कथं न रमते मनः ।
किमापः सत्यं प्रेप्सन्तीर्नेलयन्ति कदा चन ॥

(अथर्ववेदसंहिता १० । ७ । ३७)

देव ! न जाने कितने दिन बीत गये, कितनी रातें निकल गयीं, कितने वर्ष और कितने जन्म एक-पर-एक बीतते गये; किंतु आपके दर्शनकी लालसा ज्यों-की-त्यों बनी है । यह प्राण चलता ही रहता है, यह मन विश्रामका नामतक नहीं लेता । ये जीवन-कर्म निरन्तर प्रवहमान हैं । इनकी गतिमें, इनकी क्रियामें केवल आपके दर्शनकी लगन बसी हुई है । इस असत् नाम-रूपके प्रपञ्चमें आप ही एकमात्र सत्य हैं । आपकी प्राप्तिकी आकाङ्क्षामें ही ये प्राण और मन धावमान हैं—ये मतियाँ विस्तृत हैं । इनकी गतियोंकी गति, परम गति एवं परम लक्ष्य एकमात्र आप हैं ।

नह्यन्यं बळाकरं मर्डितारं शतक्रतो । त्वं न इन्द्र मृळय ।
यो नः शश्वत् पुराविथाऽमृध्रो वाजसातये ।
स त्वं न इन्द्र मृळय ॥ (ऋक्० ८ । ८० । १ । २)

मेरे एकमात्र इष्टदेव ! आपके अतिरिक्त अन्य कोई भी त्राता नहीं है । मैं क्या, यहाँ सब-के-सब केवल आपकी ओर देख रहे हैं, आपकी ही शरण चाहते हैं । इन सबपर आक्रमण होते हैं, किंतु आपपर कोई आक्रमण कर ही नहीं सकता । आप ही सबको बचाते आये हैं । दयालु देव ! दया कीजिये, मुझे भी बचाइये, अपना आश्रय दीजिये, अपनी कृपादृष्टिकी वर्षाद्वारा मेरे भी क्लेशजालकी ज्वाला शान्त कीजिये ।

उपनिषद्-पुराणादिमें भगवत्कृपाका स्वरूप

(लेखक—डॉ० श्रीसर्वानन्दजी पाठक, एम्० ए०, पी-एच्० डी० (द्वय), डी० लिट्०)

'भग' शब्द ऐश्वर्यवाचक है । 'भग' शब्द 'भज सेवायाम्' धातुसे 'पुंसि संज्ञायां घः प्रायेण' (पाणि० ३ । ३ । ११८) सूत्रद्वारा 'घ' प्रत्ययके योगसे निष्पन्न होता है अन्ततोगत्वा भगके आगे मतुप्—वत् प्रत्ययका योग करनेपर 'भगवत्' शब्द निष्पन्न होकर सर्वैश्वर्यशाली, सर्वशक्तिमान्, पूर्णब्रह्म, परमात्मा, परमतत्त्व, परमचैतन्य आदि अर्थका द्योतक होता है। ये ही भगवान् अपनी शक्तिस्वरूपा कृपाका सर्वत्र निक्षेप करते हैं । भगवान् त्रिकाल कृपालु हैं । भगवत्तत्त्वसे कथमपि, कदापि अकृपा होनेकी सम्भावना ही नहीं है, भले ही दुर्बलहृदय मानव इस तथ्यको न समझ सके । कृपासिन्धु, दयासागर आदि प्रभुके असंख्य नाम उनकी इसी कृपालुताके द्योतक हैं । थोड़ा धैर्य और गम्भीरताके साथ संसारका विचार तथा भगवद्विश्वास करनेपर इस सतत क्रियाशील भगवत्कृपाका अनुभव होने लगता है। इसके लिये वेद, उपनिषद्, गीता, पुराण आदि सच्छास्त्रोंका अध्ययन, परिशीलन, मनन और आचरण करना परमावश्यक तथा उपयोगी है । इसके साथ-साथ साधु-महात्माओंकी सङ्गति भी अनिवार्य है ।

भारतीय संस्कृति जिन श्रुति-शास्त्रोंपर आधारित है, उनमें सच्चिदानन्दस्वरूप दो प्रकारका माना गया है। उसका एक रूप निर्गुण, निराकार है, जो मन तथा वाणीके लिये अगोचर है। योगी अपनी यौगिकी साधनासे निर्बीज समाधिमें उसका साक्षात्कार कर अमरत्वकी उपलब्धि करते हैं । ज्ञानी तत्त्व-चिन्तनद्वारा दृष्ट-श्रुत समस्त पदार्थोंसे मनको पृथक् कर द्रष्टारूपसे उसमें अवस्थित हो जाते हैं, पर सर्व-साधारण साधक उसके इस निर्गुण स्वरूपकी उपासनामें कठिनताका अनुभव करते हैं । जगत्की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलयमें उन परम प्रभुकी अपार करुणा है। उनके इन सगुण, साकार, चिन्मय रूपोंके ध्यान-स्मरण, नाम-जप तथा लीला-चिन्तनसे मानव-हृदय परम शुद्ध हो जाता है । मनुष्य इन रूपोंमेंसे किसी एकको नैष्ठिक रूपसे अपने हृदयमें विराजमान कर कृपा-नौकाद्वारा अनन्त संसार-सागरसे पार हो जाता है । भगवान्के विविध अवतार उनकी कृपालुताके ही द्योतक हैं ।

सत्त्वमूर्ति भगवान्के अवतारोंकी कोई संख्या नहीं है—वे अगणित हैं[1] । भारतके आस्तिक सम्प्रदायोंमें भगवान्के चौबीस अवतारोंकी विशेष प्रसिद्धि है[2] ।

भगवान् केवल मानवके ऊपर उसके भक्तिभावसे प्रेरित होकर कृपा नहीं करते, अपितु वे विश्वमात्रके चर-अचर समस्त प्राणियोंपर अपनी अहैतुकी कृपाका निक्षेप करते हैं । विचारणीय है—दूर्वा (घास) निरन्तर विविध प्राणियोंके पादाघातसे पिसती रहती है, अग्निकी चिनगारीके समान सूर्य-किरणोंसे तपती रहती है, छाग (बकरी) आदि पशु-प्राणियोंद्वारा निरन्तर चर्वित तथा कुदालोंसे उन्मूलित होती रहती है, फिर भी वह सदा-सर्वदाके लिये अपना जीवन खो नहीं देती—समय-समयपर पनप उठती है और लहलहाने लगती है । इस तरहकी विपत्तियोंको निरन्तर झेलकर भी वह जीवित ही रहती है । यह सर्वव्यापी प्रभुकी कृपालुता ही है[3] ।

श्रीमद्भगवद्गीतामें भगवत्कृपाकी उपलब्धिके साधनभूत तीन यौगिक मार्गोंका प्रतिपादन हुआ है—कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग । इन तीनोंमें जो भी अनुकूल प्रतीत हो, उसीका अवलम्बन कर साधक अपने साध्यको प्राप्त कर सकता है। प्रत्येक साधकको एक ही साध्यकी प्राप्ति होगी, वह चाहे जिस मार्गसे प्रस्थान करे । चरम लक्ष्य सबका एक ही है—परम पिता परमात्मा अथवा तदनुकम्पाकी प्राप्ति या अनुभूति ।

---

१. अवतारा ह्यसंख्येया हरेः सत्त्वनिधेर्द्विजाः । यथाविदासिनः कुल्याः सरसः स्युः सहस्रशः ॥
(श्रीमद्भा० १ । ३ । २६)

२. श्रीमद्भा० (१ । ३ । २५)।

३. निष्पिष्टापि परं पदाहतिशतैः शश्वद्बहुप्राणिनां संतप्तापि करैः सहस्रकिरणैरग्निस्फुलिङ्गोपमैः ।
छागाद्यैश्च विचर्वितापि सततं मृष्टापि कुद्दालकैर्दूर्वा न म्रियते कृशापि सततं धातुर्दया दुर्बले ॥

उपनिषद्वाङ्मयमें आत्मा, परमात्मा तथा ब्रह्म आदि अतीन्द्रिय तत्त्वोंका विवेचन हुआ है। इस वाङ्मयके अनुसार जीवात्माको मुक्ति या मोक्षके रूपमें भगवत्कृपाका दर्शन मिलता है। उपनिषद्-विद्याके लिये संसारके अशेष धर्मावलम्बी उदात्त भावना प्रकट करते हैं—यह सर्वश्रेष्ठ विद्याके रूपमें सर्वत्र अभिमत है। इसके अनुसार मनन, चिन्तन तथा अभ्यास करनेसे मनुष्य जीवन्मुक्त होकर अवर्णनीय भगवत्कृपाकी अनुभूति—उपलब्धि कर सकता है। वेदान्त-सिद्धान्तमुक्तावलीकारने स्कन्दपुराणके वचनसे इसकी महिमाके वर्णनमें यहाँतक घोषणा की है—'जिस पुरुषका मन उस अपार सच्चिदानन्द-सागर परब्रह्ममें लीन हो गया है, उसका कुल पवित्र हो जाता है, माता कृतकृत्य हो जाती है और उसके कारण सम्पूर्ण वसुन्धरा पुण्यवती हो उठती है[४]।'

ब्रह्मज्ञानीकी दृष्टिमें सारा विश्वब्रह्माण्ड सच्चिदानन्दस्वरूप हो जाता है। उसे यह असत्, जड और दुःखरूप प्रतीत नहीं होता। उसकी दृष्टिमें तो द्रष्टा, दृश्य तथा दृष्टिका भेद भी नहीं रह जाता—सम्पूर्ण अनुभूयमान तत्त्व एकाकारमें परिणत हो जाता है। वह तो एक निश्चल, निर्बाध तथा निष्कल चिदानन्दघन सत्तामात्र रह जाता है। उसके द्वारा जो कुछ कार्य-व्यापार सम्पन्न होते हैं, वे दूसरेकी दृष्टिमें सम्पद्यमान प्रतीत होते हैं। वह स्वयं तो अनन्त भगवत्कृपा-सागरमें मग्न रहता है।

उपनिषद् मुख्यतया ज्ञान-विज्ञानका प्रतिपादक है। ज्ञान-विज्ञानका अभिप्राय यहाँ भगवत्कृपाकी अनुभूतिसे है। जो साधक संयतचित्त तथा पवित्र आचरणसे युक्त है, वह विष्णु—वासुदेव नामक सर्वव्यापक परब्रह्म परमात्माके परम उत्कृष्ट पद—स्थान अर्थात् स्वरूपको प्राप्त कर लेता है[५]। जिस प्रकार स्वामीको अपने समक्ष हाथमें वज्र उठाये देखकर सेवकलोग नियमानुसार उसकी आज्ञामें प्रवृत्त होते रहते हैं, उसी प्रकार सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र और तारा आदिरूप यह सारा जगत् अपने अधिष्ठाताओंके सहित निरन्तर उस(ब्रह्म)की आज्ञामें संलग्न रहता है। जो इस (ब्रह्म)को जान लेते हैं, वे अमर हो जाते हैं[६]। यही भगवत्कृपामयी परमगति है। जिस समय अपने-अपने विषयोंसे निवृत्त हुई पाँचों ज्ञानेन्द्रियाँ मनके सहित (आत्मामें) स्थित हो जाती हैं तथा बुद्धि भी अपनी चेष्टा छोड़ देती है, उसी अवस्थाविशेषको परमगति कहते हैं[७]।

उस परावर (कारण-कार्यरूप) ब्रह्म अर्थात् आत्म-तत्त्वका साक्षात्कार होनेपर इस जीवकी बुद्धिमें स्थित अविद्या-वासनामय कामरूप हृदयग्रन्थि, लौकिक पुरुषोंके ज्ञेय पदार्थविषयक सम्पूर्ण संदेह, जो उसके मरण-पर्यन्त गङ्गाकी धाराके समान प्रवहमान रहते हैं, विच्छिन्न हो जाते हैं। उसके संशय नष्ट हो जाते हैं तथा अविद्या निवृत्त हो चुकती है, ऐसे पुरुषके विज्ञानोत्पत्तिसे पूर्व जन्मान्तरमें किये हुए और ज्ञानोत्पत्तिके साथ-साथ किये जानेवाले सभी कर्म नष्ट हो जाते हैं। पूर्वकृत कर्मोंका कोई संस्कार शेष नहीं रह जाता। तात्पर्य यह कि उस सर्वज्ञ, नित्य, अलौकिक परावर (कारणरूपसे पर तथा कार्यरूपसे अवर) परम तत्त्वका साक्षात्कार हो जानेपर संसारके कारणका उच्छेद हो जानेसे यह पुरुष शाश्वतरूपसे मुक्त हो जाता है[८]। परमात्मा बन्धनके कारण (अविद्या)का हनन

---

४. कुलं पवित्रं जननी कृतार्था वसुन्धरा पुण्यवती च तेन। अपारसंवित्सुखसागरेऽस्मिल्लीनं परे ब्रह्मणि यस्य चेतः॥ (वेदान्तसिद्धान्तमुक्तावली ८७)

५. यस्तु विज्ञानवान् भवति समनस्कः सदा शुचिः। स तु तत्पदमाप्नोति यस्माद्भूयो न जायते॥
विज्ञानसारथिर्यस्तु मनःप्रग्रहवान्नरः। सोऽध्वनः पारमाप्नोति तद्विष्णोः परमं पदम्॥ (कठोपनिषद् १।३।८-९)

६. यदिदं किं च जगत्सर्वं प्राण एजति निःसृतम्। महद्भयं वज्रमुद्यतं य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति॥ (कठोपनिषद् २।३।२)

७. यदा पञ्चावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह। बुद्धिश्च न विचेष्टति तामाहुः परमां गतिम्॥ (कठोपनिषद् २।३।१०)

८. भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः। क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे॥ (मु० उ० २।२।८)

करनेसे 'हंस'-संज्ञाधारी हैं। वे ही इस त्रिलोकीके मध्यमें स्थित हैं और कोई नहीं। अविद्या और उसके कार्यका दाह करनेवाले होनेसे वे अग्निके समान अग्नि भी हैं (ईश्वर आकाशातीत अग्नि हैं)। सलिलमें अर्थात् देहरूपमें परिणत हुए जलमें वे आत्मभावसे संनिविष्ट अर्थात् सम्यग्रूपसे स्थित हैं। अथवा यज्ञ-दानादिके द्वारा सलिल (जल)के समान स्वच्छ हुए अन्तःकरणमें स्थित वेदान्त-वाक्यार्थके सम्यग्ज्ञानके फलरूप अविद्या और उसके कार्यका दाह करनेवाले अग्नि-नामधारी परमात्माको जानकर भी पुरुष मृत्युके पार हो जाता है, इसके अतिरिक्त मोक्षोपलब्धिके लिये कोई दूसरा मार्ग नहीं है[९]।

कृपालु भगवान् मुमुक्षु चिन्तकोंको मोक्षरूप सर्वोत्कृष्ट कृपा प्रदान कर सदाके लिये कृतकृत्य कर देते हैं।

पुराणोंमें कृपालु परमात्माके साकार-निराकार—दोनों रूपोंमें दर्शन मिलते हैं। सम्पूर्ण पुराण-वाङ्मय भगवान्के विलाससे परिपूर्ण है। जब आततायियोंके अत्याचारसे पीड़ित होकर भक्त आर्तभावसे प्रभुका स्मरण करता है, तब वे अविलम्ब किसी भी साकाररूपमें अभिव्यक्त होकर उसका त्राण करते हैं। धर्मके ऊपर जब-जब संकट आता है, उसकी रक्षाके लिये वे तुरंत अवतीर्ण हो जाते हैं। मत्स्य आदि अवतार इसी रहस्यके द्योतक हैं। स्वायम्भुव मनुके द्वितीय पुत्र उत्तानपादकी सुनीति नामक पत्नीसे उत्पन्न पुत्र ध्रुवने नारदजीके परामर्शसे विष्णुकी आराधना की, तब कृपासागर भगवान्ने ध्रुवके न चाहनेपर भी छत्तीस हजार वर्षपर्यन्त राज्यभोगके साथ ही वह पद प्रदान किया, जिसकी परिक्रमा नक्षत्रगण करते हैं[१०]।

दैत्यराज हिरण्यकशिपुके विविध अत्याचारों तथा यातनाओंसे पीड़ित होकर भी प्रह्लादने भगवान्का नाम जपना तथा उनकी स्तुति करना नहीं छोड़ा। तब साक्षात् भगवान्ने नृसिंहके रूपमें आविर्भूत हो अविलम्ब उस बालक भक्तका त्राण किया[११]। इसी प्रकार भगवान्ने मधु-कैटभ, ससैन्य महिषासुर, धूम्रलोचन, चण्ड-मुण्ड, रक्तबीज, निशुम्भ-शुम्भ आदि आततायी दैत्य-दानवोंका महाकाली, महालक्ष्मी तथा महासरस्वती आदि शक्ति-रूपोंमें अवतीर्ण होकर उद्धार किया, इस प्रकार भयभीत देवताओं एवं मनुष्योंकी रक्षा की[१२]।

धैर्य, विश्वास और दृढ़ताके साथ साधना-पथपर अग्रसर होनेसे मनुष्यको सर्वत्र और सर्वदा भगवत्कृपाकी प्रत्यक्ष अनुभूति होती है।

विश्वके प्रायः समस्त धर्म, सम्प्रदाय और मत जगन्नियन्ता ईश्वर या परमात्माके अस्तित्वमें आस्था रखते हैं—निर्गुण-निराकार या सगुण-साकार परमेश्वरकी अनुकम्पा-पर विश्वास करते हैं। उन्हीं कृपालु परमेश्वरकी अहैतुकी अनुकम्पासे विश्व-व्यापार निर्बाधरूपसे संचालित हो रहा है। यह उसी भगवत्कृपापर अवलम्बित होकर चिर कालसे अपने अस्तित्वमें विद्यमान है। भगवान् हमारे लिये लौकिक या पारलौकिक अक्षय सुखका विधान करते हैं। अतः हमें प्रभुकी कृपालुतापर आस्था रखकर, शाश्वत चिरशान्तिकी उपलब्धिके लिये सतत सचेष्ट रहकर एकान्त मनसे उनका स्मरण करना चाहिये।

---

९. एको हꣳसो भुवनस्यास्य मध्ये स एवाग्निः सलिले संनिविष्टः। तमेव विदित्वाति मृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय॥

(श्वेताश्वतर० ६।१५)

१०. प्रस्थिते तु वनं पित्रा दत्त्वा गां धर्मसंश्रयः। षट्त्रिंशद्वर्षसाहस्रं रक्षिताव्याहतेन्द्रियः॥
धर्मोऽग्निः कश्यपः शुक्रो मुनयो ये वनौकसः। चरन्ति दक्षिणीकृत्य भ्रमन्तो यत्सतारकाः॥

(श्रीमद्भा० ४।९।२२, २१)

'इस लोकमें भी जब तुम्हारे पिता तुम्हें राज्य देकर वनको चले जायँगे, तब तुम छत्तीस हजार वर्षतक बिना इन्द्रिय-शक्तिका ह्रास हुए धर्ममें स्थित रहकर पृथ्वीका शासन करोगे। फिर उस लोकमें निवास करना—जिसकी नक्षत्रगण एवं धर्म, अग्नि, कश्यप और शुक्र आदि वनवासी मुनिगण प्रदक्षिणा करते हुए घूमा करते हैं (वह ध्रुवलोक मैं तुम्हें देता हूँ)।'

११. विष्णुपुराण १।१७—२०।

१२. दुर्गासप्तशती, अध्याय १—१०।

पञ्चरात्र और भगवत्कृपा

पञ्चरात्र भगवच्छास्त्र है, वैष्णव-धर्म अथवा भागवत-धर्मका सरस वाङ्मय है, जो प्राणिमात्रके लिये करुणा-वरुणालय देवर्षि नारदकी अत्यन्त निर्मल प्रासादिक देन है। भागवत-धर्म ही सात्वत, ऐकान्तिक तथा पञ्चरात्र नामसे व्यवहृत होता आ रहा है। पञ्चरात्र भ्रमरूप अन्धकारको नष्ट करनेवाला (ज्ञान-) दीपक है—

पञ्चरात्रमिदं शुद्धं भ्रमान्धध्वंसदीपकम् ॥

(नारदपञ्चरात्र १ । १ । ४३)

पञ्चरात्र-शास्त्रके क्षेत्रमें 'रात्र'का अर्थ ज्ञान होता है। यह ज्ञान पाँच प्रकारका कहा गया है, इसलिये यह भगवच्छास्त्र पञ्चरात्र कहलाता है। यह मूर्तिमान् भगवदनुग्रह है, भगवत्कृपाका वाङ्मय है; क्योंकि अपने नैष्ठिक, ऐकान्तिक भक्तों—सात्वतोंको भागवत-धर्मरूप अमृतसे तृप्ति प्रदान करनेके लिये भगवान् आदिनारायणने ब्रह्माके माध्यमसे देवर्षि नारदको इस (पञ्चरात्र)का व्याख्याता (उपदेष्टा) बनाया, जिन्होंने इसके सिद्धान्तका अपने जीवनमें आचरण करते हुए जगत्के प्राणिमात्रको इस श्रेष्ठ धर्म अथवा भागवत-ज्ञानका उपदेश दिया। पञ्चरात्र-शास्त्रके भक्तिमूलक सिद्धान्तोंके अनुसार आचरण करनेवाले प्राणी जन्म-मरण और जराके भयसे मुक्त हो जाते हैं, यह प्रथम ज्ञान है। दूसरा ज्ञान है मुमुक्षुओंकी भगवान्के चरणदेशमें तल्लीनता तथा शरणागतिविषयक। तीसरा ज्ञान मङ्गलमय श्रीकृष्णभक्तिप्रद दास्यभाव-वरणविषयक है। चौथा है—सर्वसिद्धिप्रद यौगिक ज्ञान; यह योगियोंका सर्वस्व और सिद्ध पुरुषोंके लिये महान् सुखप्रद है। पाँचवें ज्ञानका रूप है संसार (लोक)का स्वरूप-विवेचन तथा उसमें वैराग्य और त्यागद्वारा सात्त्विक भागवत-जीवनका अनुष्ठान। ऐसा मत नारद-पञ्चरात्रके (प्रथम रात्रके प्रथम अध्यायके ४३वेंसे ५२वें) श्लोकोंमें वर्णित है—

'ज्ञानं परमतत्त्वं च जन्ममृत्युजरापहम्', 'ज्ञानं द्वितीयं परमं मुक्तिप्रदं शुद्धम्', 'ज्ञानं शुद्धं तृतीयं च यतो दास्यं लभेद्धरेः', 'चतुर्थं यौगिकं ज्ञानं सर्वसिद्धिप्रदं परम्', 'सर्वस्वं योगिनां···सिद्धानां च सुखप्रदम्', 'ज्ञानं च तद्वै वैषयिकं नृणाम्'।

पञ्चरात्रमें वर्णित उपर्युक्त ज्ञान भगवच्छरणागति तथा [illegible] कृपाकी प्राप्तिका एकमात्र आधार है।

पञ्चरात्र दो प्रकारका कहा गया है—दिव्य और मुनि-भाषित। जिस ज्ञानका उपदेश भगवान् वासुदेव स्वयं करते हैं, वह दिव्य और जिसका उपदेश परम्परासे ऋषि-मुनियों द्वारा होता है, वह मुनिभाषित कहा जाता है—

'वासुदेवेन यत्प्रोक्तं तद्दिव्यम्', 'ऋषिभिश्च तपोषः स्वयं प्रणीतं यच्छास्त्रं तज्ज्ञेयं मुनिभाषितम्।'

—ऐसा मत ईश्वर-संहिताके प्रथम अध्यायके ५४वें ५६वें श्लोकोंमें वर्णित है। पञ्चरात्र-शास्त्रके ज्ञानः सिद्धान्त-रूपमें विस्तारसे वर्णन जनमेजय और वैशम्पाय के संवादरूपमें महाभारत-शान्तिपर्वके ३४८वें अ ३४९वें अध्यायोंमें उपलब्ध होता है, जिसके द्वा पञ्चरात्रकी सनातन तथा वैदिक परम्परापर प्र प्रकाश पड़ता है। देवर्षि नारदने पञ्चरात्रसिद्धान्त (ज्ञा रहस्य और संग्रहसहित) भगवान् नारायणसे प्राप्त किया था इस प्रकार यह आदि और महान् धर्म सनातन कालसे च आ रहा है, भगवान्के भक्त ही इस धर्मको धारण करते हैं

यह पञ्चरात्रगत भागवत-धर्म ऋग्वेदमें भी वर्णित है—

'ऋग्वेदपाठपठितम्'

(महा० शान्ति० ३४८ । २२

इस सात्वत धर्मके उपदेष्टा सूर्य और मनु भी कहे ग हैं। श्रीमद्भागवतपुराणमें भगवान्का स्मरण सात्वतपति रूपमें किया गया है और ऐकान्तिक भक्तोंको सात्व कहा गया है।

पञ्चरात्रका सिद्धान्त भगवच्छरणागति, भगवान्व प्रसन्नता तथा कृपा-प्राप्तिपर विशेष बल देता है। आत्म और अनात्माका विवेक करानेवाला सांख्य, चित्तवृत्तियों निरोधका उपदेश देनेवाला योग, जीव और ब्रह्मके अभेदव बोध करानेवाला वेदोंका आरण्यक भाग—उपनिषद् तथ भक्तिमार्गका प्रतिपादक पञ्चरात्र—ये शास्त्र एक दूसरेके अ कहे जाते हैं; क्योंकि इनका एकमात्र लक्ष्य है जीवात्माक परमात्मपदमें प्रपन्न करना। सारे कर्मोंको भगवान् नारायण के चरणोंमें समर्पित कर देना ही एकान्त भक्त (पञ्चरात्रमतावलम्बियों)का धर्म है—

एवमेकं सांख्ययोगं वेदारण्यकमेव च ॥
परस्पराङ्गान्येतानि पाञ्चरात्रं च कथ्यते ।
एष एकान्तिनां धर्मो नारायणपरात्मकः ॥
(महा० शान्ति० ३४८ । ८१-८२)

मुख्य बात यह है कि जो पञ्चरात्र (धर्म)के ज्ञाता हैं और उसमें निर्दिष्ट कर्मके अनुसार सेवापरायण हो अनन्य-भावसे भगवान्‌के शरणागत हैं, वे ही उनमें प्रवेश करते हैं—

पाञ्चरात्रविदो ये तु यथाक्रमपरा नृप ।
एकान्तभावोपगतास्ते हरिं प्रविशन्ति वै ॥
(महा० शान्ति० ३४९ । ७२)

नारदप्रोक्त पञ्चरात्रमें भगवत्कृपा-स्वरूप-अनुशीलनके प्रमुख आधार हैं—भगवान् और उनका तात्त्विक (स्वरूप-) चिन्तन, प्रपन्नता—शरणागति, वैष्णवता—भगवान्‌को प्रसन्न करनेवाला और उनकी अनुकूलता—अभिमुखता प्राप्त करानेवाला वैष्णव आचार, भागवत धर्मावलम्बन और भगवदनुग्रहकी अनुभूति ।

पञ्चरात्रके प्रतिपाद्य नारायण अथवा वासुदेव (श्रीकृष्ण) परात्पर, विभु, स्वात्माराम, पूर्णकाम और भक्तानुग्रहकातर हैं, भक्तपर अनुग्रह करनेके लिये वे सदा विह्वल रहते हैं । भगवान् शंकरने उनकी वन्दना की है—

वन्दे वन्द्यं च महतां परात् परतरं विभुम् ।
स्वात्मारामं पूर्णकामं भक्तानुग्रहकातरम् ॥
(नारदपञ्च० १ । १२ । ३३)

नारदपञ्चरात्रमें भगवान् श्रीकृष्णकी आराधनाका प्रति-पादन किया गया है । वे वेदोंके लिये अनिर्वचनीय और अगम्य हैं, स्वेच्छामय सर्वेश्वर हैं, उनका कोई ईश्वर नहीं है । वे नित्य, सत्य, निर्गुण, ज्योतिरूप, सनातन और प्रकृतिसे परे हैं । वे सृष्टिमात्रपर कृपा करते हैं । वे जिसके रक्षक होते हैं, उसका सदा कल्याण होता रहता है । उनकी कृपा रक्षा अथवा पालन-पोषणकी शक्तिमें सम्पूर्ण रूपसे अन्तर्हित है—

रक्षिता यस्य भगवान् कल्याणं तस्य संततम् ।
(नारदपञ्च० १ । १४ । ४)

भगवान् भक्तानुग्रहकातर हैं तो भक्तानुग्रहकारक भी हैं । वे भक्तोंपर अनुग्रह करते हैं, यह भक्तानुग्रह उनकी प्राणिमात्रपर समान कृपासे कहीं विशिष्ट स्वरूपवाला है । सुखनिधान, सौन्दर्यनिधि, भक्तानुग्रहकारक भगवान्‌का नारदपञ्चरात्रमें इस प्रकार निरूपण किया गया है—

सुखदृश्यं सुरूपं च भक्तानुग्रहकारकम् ।
(१ । ३ । ७४)

पञ्चरात्रका निश्चित सिद्धान्त है कि भगवत्कृपाकी अनुभूति-के मार्गमें प्रपन्नता अव्यय पाथेय है, जो भगवच्चरणमें निष्काम भक्तिकी प्रतीक है । महादेवजीने नारदजीको त्रिगुणातीत सच्चिदानन्दस्वरूप परब्रह्म श्रीराधापतिके भजनकी सीख दी—

भज सत्यं परं ब्रह्म राधेशं त्रिगुणात् परम् ।
(नारदपञ्च० २ । २ । १००)

प्रपत्ति ही जीवका स्वाभाविक धर्म है, इससे बढ़कर कोई दूसरी विद्या (ज्ञान) नहीं है, भगवान् विष्णु ही परम दैवत (परमात्मा) हैं; परमात्माके चरणमें दास्यभावकी प्राप्ति ही महान् सिद्धि है और वैष्णव ही सर्वोत्तम ज्ञानदाता—गुरु हैं—

न प्रपत्तेः परा विद्या न विष्णोर्दैवतं परम् ।
न तद्दास्यात्परासिद्धिर्न गुरुर्वैष्णवात्परः ॥
(भरद्वाजसंहिता, परिशिष्ट १ । ५३)

आत्मार्पणका ही नाम प्रपत्ति है । मुनिवर भरद्वाजकी उक्ति है कि परासिद्धि—महती कृपा-प्राप्तिके लिये प्राणी सर्वथा समर्थ है, इसके लिये आवश्यकता इस बातकी है कि वह महती श्रद्धासे युक्त होकर भगवान्‌को ही अपना एकमात्र रक्षक स्वीकार कर ले, अपने-आपको उनकी कृपापर निर्भर कर दे—

प्राप्तुमिच्छन् परां सिद्धिं जनः सर्वोऽप्यकिंचनः ।
श्रद्धया परया युक्तो हरिं शरणमाश्रयेत् ॥
(भरद्वाजसंहिता १ । १३)

भगवान्‌की शरणागति ही श्रेयसी है । परमात्मामें चित्तवृत्तिका लग जाना ही उनकी प्रासादिक कृपा-प्राप्तिके लिये अमोघ उपाय है । भगवान्‌के सदा अनुकूल बने रहना,

भगवत्सम्बन्धी प्रतिकूल भावनासे पराङ्मुख रहना, रक्षकरूप-भगवान्में विश्वास होना, भगवान्को अपने दैन्यसे प्रसन्न करना, आत्मार्पणसहित अपने समस्त कार्यको भगवान्के चरणोंमें समर्पित करना—पञ्चरात्रके अनुसार इन साधनोंसे भगवत्कृपाकी अनुभूति होती है।

पञ्चरात्रके मतसे परम रक्षक नारायणकी कृपा-प्राप्तिके लिये वैष्णव-आचरणसे सम्पन्न होना प्राणिमात्रके लिये आवश्यक है। वैष्णव-आचरणका तात्पर्य है—अपने समस्त कर्म भगवान्की प्रसन्नताके लिये निष्काम और पवित्र बुद्धिसे किये जायँ। जिस प्राणीने भगवान्की आराधना नहीं की, उनके अनुकूल आचरण नहीं किया, उसकी तपस्या व्यर्थ है, उसका परिश्रम निष्फल है। भगवान् श्रीकृष्ण भक्तोंके प्राण हैं और वैष्णव श्रीकृष्णके। वैष्णव श्रीकृष्णका ध्यान करते हैं और श्रीकृष्ण वैष्णवका स्मरण-चिन्तन करते हैं। कितनी असाधारण कृपा है प्रभुकी अपने शरणागतोंके प्रति—

नाराधितो यदि हरिर्येन पुंसाधमेन च।
किं तस्य तपसा व्यर्थं निष्फलं तत्परिश्रमम्॥
भक्तप्राणो हि कृष्णश्च कृष्णप्राणा हि वैष्णवाः।
ध्यायन्ते वैष्णवाः कृष्णं कृष्णश्च वैष्णवांस्तथा॥

(नारदपञ्च० १।२।२७, ३६)

निस्संदेह प्रभु भक्तोंके ही वशमें रहते हैं, वे महान् भक्तवत्सल—कृपालु हैं। सदा एकमात्र उन्हीं कृपामयकी ओर दृष्टि रखनी चाहिये—

प्रभुं भक्तपराधीनं नित्यमालोकयेद्धरिम्।

(भरद्वाजसंहिता ३।४६)

महादेवजीने देवर्षि नारदसे कहा कि भगवान् श्रीकृष्णसे बढ़कर न तो कोई सत्यवादी है, न दयालु और भक्तवत्सल ही है—

न तत्परः सत्यवादी दयावान् भक्तवत्सलः।

(नारदपञ्च० २।३।१०)

भगवान् दयासिन्धु और भक्तानुग्रहकातर हैं, संत उन्हें छोड़कर किसी अन्य देवताका भजन नहीं करते—

एवं स्तुतो दयासिन्धुर्भक्तानुग्रहकातरः।
अतः संतो हितं त्यक्त्वा न सेवन्ते सुरान्तरम्॥

(नारदपञ्च० २।२।७४)

भगवान्को कुछ लोग भक्तानुग्रह-विग्रह कहते हैं, भक्तोंपर ही अनुग्रह करनेके लिये वे साकार होते हैं—

केचित् स्वेच्छामयं रूपं भक्तानुग्रहविग्रहम्।

(नारदपञ्च० १।३।४५)

पञ्चरात्र-उपासना-सिद्धान्तके अनुसार भगवान् नारायणका आश्रित भक्त उनका चिन्तन करते हुए उन्हें प्राप्त कर लेता है। जिनकी तृष्णाओंका अन्त हो जाता है, उनके योगक्षेमका वहन कृपामय भगवान् स्वयं करते हैं—

मनीषिणो हि ये केचिद् यतयो मोक्षधर्मिणः।
तेषां विच्छिन्नतृष्णानां योगक्षेमवहो हरिः॥

(महा० शान्ति० ३४८।७२)

भगवदनुग्रहसे ही मनुष्यका जन्म भारतवर्षमें होता है। उनके अनुग्रहसे भारतमें जन्म लेनेवाला यदि उनके पादपद्म-का सेवन नहीं करता तो इससे बढ़कर विडम्बनाकी बात क्या होगी?—

कृष्णानुग्रहतो विद्वान् लब्ध्वा च जन्म भारते।
न भजेत् कृष्णपादाब्जं तदत्यन्तविडम्बनम्॥

(नारदपञ्च० २।२।६५)

प्रभुकी अनुग्रह-प्राप्ति उनकी अहैतुकी भक्तवत्सलताकी प्रतीक है। उनकी शरणागतिका वरण कर जीवात्मा संसार-सागरके पार उतर जाता है। वह भगवान्से यही वरदान माँगता है कि 'हे देव! आप ऐसी कृपा कीजिये कि आपके चरणोंकी स्मृति सदा बनी रहे।' भगवच्चरणस्मृतिसे भगवान्की प्रसन्नता प्राप्त होती है। भक्त प्रभुकी ओर निरन्तर दृष्टि रखकर कहता रहता है कि 'वे मुझपर अनुग्रह करें'—

प्रसीदतामेष स सात्वतां पतिः।

(श्रीमद्भा० ७।१५।७७)

प्रभु समस्त प्राणियोंका कल्याण करते हैं, विषयार्णवमग्न जीवात्माका संसार-बन्धन नष्ट कर उसका उद्धार करते हैं। उनकी कृपा ही पञ्चरात्र-मतसे सर्वसिद्धिप्रदायिनी है।

—रा० श०

अहिर्बुध्न्यसंहितामें भगवत्कृपा

(लेखक—डॉ० श्रीसियारामजी सक्सेना 'प्रवर', एम्० ए०, पी-एच्० डी०)

वैष्णव आगमकी पाञ्चरात्र-शाखाके विशाल साहित्यमें दो सौसे अधिक संहिताएँ हैं। इन पाञ्चरात्र-संहिताओंमें 'अहिर्बुध्न्यसंहिता'को विशेष महत्त्व प्राप्त है। अहिर्बुध्न्य भगवान् शिवका नाम है। शिव-प्रदत्त होनेसे ही इस संहिताका नाम 'अहिर्बुध्न्य' पड़ा।

पाञ्चरात्रमतमें भक्तिकी प्रधानता है। योग उसका सहायक अङ्ग है। पाञ्चरात्र-ग्रन्थोंमें वैधी भक्तिका विस्तारसे वर्णन हुआ है। सात्वत-विधिसे इष्ट देवताकी अर्चना करनेसे अभ्युदय और निःश्रेयसकी प्राप्ति होती है। इससे चित्त-शुद्धि हो जाती है और पराभक्तिकी प्राप्ति होकर जीवका उद्धार हो जाता है। यह पाञ्चरात्र साधना-विधिका सार है।

सब प्रकारके जीव भगवान् विष्णुकी भूति-शक्तिके अंश हैं—

जीवभूता मुने सर्वे विष्णुभूत्यंशकल्पिताः ॥
(अहि० सं० ७ । ५९)

जीव अविद्या-विद्ध होकर क्लेशमयी पराधीनतासे विवश हो जाते हैं—

सर्वतोऽविद्यया विद्धाः क्लेशमय्या वशीकृताः ॥
(अहि० सं० ६ । ३६)

तब आत्माकी 'जीव' संज्ञा हो जाती है। 'जीव'-का बन्धन होता है और उससे मोक्ष भी होता है—

आत्मानो जीवसंज्ञास्ते बन्धमोक्षौ व्रजन्ति ते ॥
(अहि० सं० ६ । ३८)

जीवका कर्ममें अधिकार है और वह (स्वकर्मानुसार) चारों युगोंमें जन्म-मरणके चक्रमें घूमता रहता है।

उन किये हुए अपने सम्पूर्ण कर्मोंको, जो कोई भी जीव भगवान्‌के निमित्त कर देते हैं अर्थात् जो भगवत्कैंकर्यको अपना लेते हैं, उन्हें विवेक—ज्ञान प्राप्त हो जाता है और वे मुक्त हो जाते हैं—

चातुर्वर्ण्यमया एते भगवत्कर्मकारिणः ।
तेषां ये कर्म कुर्वन्ति साधवः शतवार्षिकम् ॥
विवेकज्ञानमासाद्य ते विशन्ति हरिं परम् ।
(अहि० सं० ७ । ५२-५३)

जीवका यह भव-बन्ध उसके सकाम कर्मके कारण है; किंतु भगवान् विष्णुके संकल्पसे प्रेरित विद्या अपने संकल्पसे (देव-दैत्यादि) नाना प्रकारकी योनियोंकी सृष्टि करती है और वे भी परम्परासे अन्यान्य प्राणियोंको उत्पन्न करती रहती हैं।

इति नानाविधा योनीर्विष्णोः संकल्पचोदिता ।
स्वसंकल्पेन सृजति ते चान्यांस्तेऽपि चापरान् ॥
(अहि० सं० ७ । ५६)

भगवत्संकल्प यद्यपि अनन्तरूप है, तथापि उसके मुख्य पाँच विभाग हैं—सृष्टि, स्थिति, संहृति, निग्रह (तिरोधान) और अनुग्रह—

संकल्पो नाम यस्तस्य सुदर्शनसमाह्वयः ।
सत्यप्यनन्तरूपत्वे पञ्चधा स विजृम्भते ॥
सृष्टिस्थित्यन्तकारेण निग्रहानुग्रहात्मना ।
तिरोधानकरी शक्तिः सा निग्रहसमाह्वया ॥
(अहि० सं० १४ । १४-१५)

तिरोधानके अन्य अभिधान हैं—माया, अविद्या, महामोह, महातामिस्र, तम, बन्ध और हृद्ग्रन्थि—

मायाविद्या महामोहो महातामिस्रमित्यपि ।
तमो बन्धोऽथ हृद्ग्रन्थिरिति पर्यायवाचकाः ॥
(अहि० सं० १४ । १७)

जीव तिरोधान-शक्तिरूप—अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश—इन पञ्चक्लेशों या मलोंसे युक्त हो जाता है, तब उसे इष्टार्थकी प्राप्ति और अनिष्टके विघातकी लालसा होती है और वह सकामभावसे तदनुरूप कर्म करता है, जिनका शुभाशुभ फल मिलना अवश्यम्भावी है। कर्मके अनुसार जीवको ईश-प्रेरणासे जाति, आयु और भोगकी प्राप्ति होती है और वह शनैः-शनैः सुखादि वासनाओंमें निमग्न हो जाता है—

तिरोभावनशक्त्यैवं वैष्णव्या बन्धमेयुषः ।
अविद्यास्मित्वरागाद्या मलं समुपचिन्वते ॥
इष्टार्थप्राप्तयेऽनिष्टविघाताय च लालसः ।
कर्म तत् कुरुते कामी शुभाशुभफलोदयम् ॥
ततः कर्मविपाकस्थः शुभाशुभविमिश्रितान् ।
जात्यायुरनुबन्धान् स प्राप्नोति विधिचोदितः ॥
सुखादिवासनास्तास्ताः संचिनोति शनैः शनैः
एषा निग्रहशक्तेस्तु तत् ...
(अहि० सं० १४ । २१)

परमात्माकी इस तिरोधान-शक्तिके आधारपर ही उनकी सृष्टि-स्थिति-संहृति नामकी शक्तियाँ भी कार्य-रत होती हैं। इस प्रकार समस्त सृष्टिका मूल 'संचित कर्म-शृङ्खला' है—

अजस्य त्वनया शक्त्या तिस्रः सृष्ट्यादिशक्तयः।
संचितैः सम्प्रवर्तन्ते तैस्तैः कर्मभिरूर्जितैः॥

(अहि० सं० १४। २७)

उधर तिरोधान-शक्तिका कार्य आरम्भ होते ही भगवदिच्छासे शास्त्र-प्रवृत्ति होने लगती है। शास्त्रादिष्ट मार्गका अनुगमन करनेसे जीव परमगतिको प्राप्त हो जाते हैं—

ततः प्रवर्त्यते शास्त्रं मनुभिः पूर्वजैस्तदा॥

(अहि० सं० ७। ६२)

शास्त्रविधिका अनुपालन करनेसे शुद्ध हुआ मन भगवत्कर्ममें प्रवृत्त हो सकता है। वह कैंकर्य ग्रहण कर सकता है। इसका उत्कृष्ट रूप 'न्यास' है। इसीका नाम 'शरण' है—

उपाये गृहरक्षित्रोः शब्दः शरणमित्ययम्॥

(अहि० सं० ३७। २९)

इस शरणागतिका लक्षण यह है कि जीव यह सोचने लगे—'मैं अपराधोंका आलय हूँ, अकिंचन, अगति हूँ। हे भगवन्! आप मेरे एकमात्र उपाय हैं।' हृदयसे ऐसी प्रार्थना निकलना ही 'शरणागति' है—

अहमस्म्यपराधानामालयोऽकिंचनोऽगतिः॥
त्वमेवोपायभूतो मे भवेति प्रार्थनामतिः।
शरणागतिरित्युक्ता सा देवेऽस्मिन् प्रयुज्यताम्॥

(अहि० सं० ३७। ३०-३१)

प्रपत्तिके छः अङ्ग हैं—भगवान्‌के अनुकूल होनेका संकल्प, कभी उनके प्रतिकूल न होना, वे रक्षा करेंगे—यह विश्वास, भगवान्‌को रक्षक मानना, आत्मसमर्पण और नितान्त दीनता—

आनुकूल्यस्य संकल्पः प्रातिकूल्यस्य वर्जनम्।
रक्षिष्यतीति विश्वासो गोप्तृत्ववरणं तथा॥
आत्मनिक्षेपकार्पण्ये षड्विधा शरणागतिः।

(अहि० सं० ३७। २८-२९)

भगवान् दीनबन्धु हैं, अतः कार्पण्यभावापन्न जीवपर वे करुणार्णव प्रभु शीघ्र ही अनुग्रह करते हैं। शरणागत होते ही जीवपर उनकी असीम कृपा-दृष्टि हो जाती है, इसका अनुभव उसे भी होने लगता है। रक्षकत्वका वरण ही रक्षाका विश्वास हो जाता है। अतः पाञ्चरात्र-मत जीवकी मुक्तिका प्रधान हेतु भगवत्संकल्पको ही मानता है। जीवको अपने कर्मोंके फलस्वरूप संसार-चक्रमें भ्रमित और दुःखाकुल देखकर तथा उसे मुक्तियोग्य मानकर भगवान् स्वयं अपनी कृपाकी वर्षा करते हैं। यह परम विष्णुकी अनुग्रहाख्या पाँचवीं शक्ति है। इस शक्तिका जीवपर प्रकट होना 'शक्तिपात' कहलाता है। कहा गया है—

एवं संसृतिचक्रस्थे भ्राम्यमाणे स्वकर्मभिः॥
जीवे दुःखाकुले विष्णोः कृपा काप्युपजायते।
या ह्युक्ता पञ्चमी शक्तिः सा कृपा वैष्णवी परा॥
शक्तिपातः सा वै विष्णोरागमस्थैर्निगद्यते।

(अहि० सं० १४। २८-३०)

यह अनुग्रह-शक्ति सुदर्शनमयी है। इस करुणा-वर्षासे जीवको कर्म-साम्य प्राप्त होता है, जो उसे संसारसे पार कर देता है।

कर्म-समता हो जानेपर जीवका वैराग्य और विवेकमें परिनिवेश हो जाता है और वह आगमानुकूल जीवन बनाकर तथा क्लेशोंका नाश कर पराबुद्धिकी संलब्धि करता है। सत्कर्म करता हुआ वह वेदान्त-ज्ञानमें निश्चल हो जाता है (अहि० सं० १४। ३६-३९)।

पूर्णज्ञान तथा चित्तकी निर्मलताकी प्राप्ति हो जानेपर जीव अनाविल-अक्लेश वैष्णवपदमें प्रवेश करता है—

सम्प्राप्य ज्ञानभूयस्त्वं निर्मलीकृतचेतनः।
अनाविलमसंक्लेशं वैष्णवं तद् विशेत् पदम्॥

(अहि० सं० १४। ४१)

मुक्त अवस्थामें कल्मषरहित जीव त्रसरेणु-प्रमाण तथा कोटिशः रश्मि-विभूषित होता है। उसका आविर्भाव-तिरोभाव नहीं होता और न उसे काल-कल्लोल-संकुल भव-पन्थमें ही पड़ना पड़ता है—

तत्पदं प्राप्य तत्त्वज्ञा मुच्यन्ते वीतकल्मषाः।
त्रसरेणुप्रमाणास्ते रश्मिकोटिविभूषिताः॥
आविर्भावतिरोभावधर्मभेदविवर्जिताः।
परमं तेऽध्वनः पारं वैष्णवं पदमाश्रिताः॥
विशन्ति नेममध्वानं कामकल्लोलसंकुलम्॥

(अहि० सं० ६। २७-२९)

भगवान्‌की यही अहैतुकी कृपा अहिर्बुध्न्यसंहिताका विशेष प्रतिपाद्य है। इससे भव-सागरसे पार होनेकी आशा सफलीभूत हो उठती है।

दर्शनशास्त्र और भगवत्कृपा

(लेखक—श्रीव्रजकिशोरप्रसादजी साही)

भारतीय दर्शनशास्त्रोंमें षड्दर्शन—वैशेषिक, न्याय, सांख्य, योग, मीमांसा तथा वेदान्तदर्शनकी विशेष प्रसिद्धि है।

वैसे साधारणतया तो यही समझा जाता है कि इन दर्शनोंमें भगवत्कृपाकी चर्चा नहीं है; क्योंकि वैशेषिक-दर्शन या नव्य-न्याय द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष और समवाय पदार्थोंके साधर्म्य और वैधर्म्यद्वारा धर्म-विशेषसे उत्पन्न तत्त्वज्ञानसे मोक्षकी प्राप्ति मानता है—

धर्मविशेषप्रसूताद् द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषसमवायानां पदार्थानां साधर्म्यवैधर्म्याभ्यां तत्त्वज्ञानान्निःश्रेयसम् ॥
(वै० सू० १ । १ । ४)

इसी प्रकार गौतमीय न्यायदर्शन भी प्रमाण, प्रमेय, संशय, प्रयोजन, दृष्टान्त, सिद्धान्त, अवयव, तर्क, निर्णय, वाद, जल्प, वितण्डा, हेत्वाभास, छल, जाति और निग्रह-स्थानोंके तत्त्वज्ञानसे मोक्षकी प्राप्ति मानता है—

प्रमाणप्रमेयसंशयप्रयोजनदृष्टान्तसिद्धान्तावयवतर्कनिर्णय-वादजल्पवितण्डाहेत्वाभासच्छलजातिनिग्रहस्थानानां तत्त्वज्ञा-नान्निःश्रेयसाधिगमः ॥ (न्यायसू० १ । १ । १)

सांख्यदर्शन भी व्यक्त (महदादि कार्य), अव्यक्त (प्रकृति) तथा तत्त्वज्ञाता पुरुष—इन तीनके तत्त्वज्ञानसे ही मोक्षकी प्राप्ति मानता है—

तद्विपरीतः श्रेयान् व्यक्ताव्यक्तविज्ञानात् ।
(सांख्यकारिका २)

योगदर्शन भी पुरुष और प्रकृतिके संयोगको बन्धन मानता है, जो अविद्याके कारण है और उस अविद्याके अभावसे उक्त संयोगका अभाव अर्थात् चेतन पुरुषका मोक्ष मानता है—

द्रष्टृदृश्ययोः संयोगो हेयहेतुः । (योगदर्शन २ । १७)
तस्य हेतुरविद्या । (योगदर्शन २ । २४)
तदभावात्संयोगाभावो हानं तद्दृशेः कैवल्यम् ।
(योगदर्शन २ । २५)

वेदान्तदर्शन भी केवल ज्ञानके द्वारा मोक्षकी प्राप्ति मानता है—

विद्यैव तु निर्धारणात् । (ब्रह्मसू० ३ । ३ । ४७)

तमेव विदित्वाति मृत्युमेति
नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय ।
(श्वे० उ० ३ । ८)

'उसे (परमेश्वरको) ही जानकर पुरुष मृत्युको पार कर जाता है, इसके सिवा परमपद-प्राप्तिका कोई अन्य मार्ग नहीं है।'

आपाततः इन सूत्रोंको देखनेपर यही लगता है कि ये भगवत्कृपाकी आवश्यकता नहीं मानते, परंतु गम्भीर विचार एवं सूक्ष्मान्वेषण करनेपर उक्त मान्यता असमीचीन एवं अयथार्थ सिद्ध होती है। वस्तुतः इन सभी दर्शनोंमें ईश्वरकृपाकी महत्ता द्योतित है। इसके कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं—

वैशेषिकदर्शन—

इसमें जो उक्त धर्मविशेषसे उत्पन्न तत्त्वज्ञानद्वारा मोक्ष-की प्राप्ति कही गयी है और कहा गया है कि जिससे अभ्युदय और निःश्रेयसकी प्राप्ति हो, उसे धर्म कहते हैं—

'यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः ।'*
(वै० सू० १ । १ । २)

उसको आगे स्पष्ट करते हुए बतलाया गया है कि दृष्ट प्रयोजन (जिन कार्मोका प्रयोजन प्रत्यक्ष होता है) और अदृष्ट प्रयोजन (जिनका प्रयोजन अप्रत्यक्ष होता है)

* यद्यपि लोकमें पाप, छल-प्रपञ्च या आचारहीन पाश्चात्त्य धर्मानुकरणसे कहीं-कहीं उन्नति होती देखी जाती है; किंतु यह वास्तविक उन्नति नहीं है, यह तो प्रलोभनमात्र है। फिर भी कुछ लोग उपर्युक्त सूत्रका विपरीत अर्थ करके ऐसे दुष्कर्मोंको भी धर्म सिद्ध करते हैं; किंतु आचार्यपाद उदयनादि वैशेषिकोंकी सम्प्रदाय-परम्परा 'तत्त्वेश्वरचोदनाभिव्यक्ताद्धर्मादेव' आदिके आधारपर मीमांसा-नुकूल वेद-शास्त्रोक्त धर्मको ही अभ्युदय तथा निःश्रेयसका साधक बतलाती है। [द्रष्टव्य—अनेक भाष्य एवं टीकायुक्त—वैशेषिक दर्शन-संस्करण, पृष्ठ २]

के मध्यमें दृष्टका अभाव हो जानेपर (अदृष्ट) तत्त्वज्ञान— मोक्षका कारण होता है। अभिषेचन, उपवास, ब्रह्मचर्य, गुरुकुलवास, वानप्रस्थ, यज्ञ, दान, प्रोक्षण आदि वेदनिर्दिष्ट कर्म, दिशा, नक्षत्र, मन्त्र और काल-नियम अदृष्टके अर्थ हैं—

दृष्टादृष्टप्रयोजनानां दृष्टाभावे प्रयोजनमभ्युदयाय ॥
अभिषेचनोपवासब्रह्मचर्यगुरुकुलवासवानप्रस्थयज्ञदानप्रोक्षणदिङ्नक्षत्रमन्त्रकालनियमाश्चादृष्टाय ॥ (वै० सू० ६।२।१-२)

अतएव जिस प्रकार योगदर्शन मोक्षके लिये शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्रणिधान—इन पाँच नियमोंकी आवश्यकता मानता है—

'शौचसंतोषतपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः ।'
(योग० २ । ३२)

वैशेषिकदर्शनको भी उसी प्रकार ईश्वर-प्रणिधान और भगवद्भक्ति पूर्ण अपेक्षित है। वैशेषिकदर्शन ईश्वरवादी है। महर्षि कणादने भी ईश्वरका संकेत किया है—

तद्वचनादाम्नायस्य प्रामाण्यम् । (वै० सू० १ । १ । ३)
संज्ञाकर्म त्वस्मद्विशिष्टानां लिङ्गम् । (वै० सू० २।१।१८)

वैशेषिकदर्शन ईश्वरको सर्वज्ञ मानता है—

तत्रेश्वरः सर्वज्ञः परमात्मा एक एव ।
(तर्कसंग्रह प्रत्यक्षखण्ड)

इसके अनुसार शब्दशक्ति भी ईश्वरप्रदत्त ही है—

अस्मात्पदादयमर्थो बोद्धव्य इतीश्वरसंकेतःशक्तिः ।
(तर्कसंग्रह, शब्दखण्ड)

शब्दद्वारा जो अर्थज्ञान होता है, उसके होनेमें हेतु ईश्वरप्रदत्ता शक्ति ही है तथा गुरुजनोंद्वारा शिष्यको जो ज्ञान होता है, वह भी उस अनुग्रहशक्तिसे ही होता है; अतः कोई भी व्यवहार उसके बिना नहीं हो सकता।

वैशेषिक ईश्वरको ही वेदोंका वक्ता भी मानते हैं—

वैदिकमीश्वरोक्तत्वात्सर्वमेव प्रमाणम् ।
(तर्कसंग्रह, शब्दखण्ड)

वैशेषिकदर्शन ईश्वरकी बुद्धि, इच्छा और प्रयत्नको नित्य मानता है—

बुद्धीच्छाप्रयत्ना नित्या अनित्याश्च । नित्या ईश्वरस्य अनित्या जीवस्य ॥ (तर्कसंग्रह, गुणनिरूपण)

[illegible] प्रकार यह सिद्ध हो गया कि वैशेषिकदर्शनको [illegible]प्तिके लिये भगवत्कृपा मान्य है।

न्यायदर्शन—

न्यायदर्शनमें भी ईश्वरको फल-प्रदाता माना गया है—

ईश्वरः कारणं पुरुषकर्माफल्यदर्शनात् ।
(न्यायसू० ४ । १ । १९)

प्रसिद्ध न्यायाचार्य श्रीउदयनाचार्यजी भी भगवत्कृपाके लिये ही प्रार्थना करते हुए देखे जाते हैं—

'हे निसर्गसुन्दर ! आनन्दनिधे !! यद्यपि बहुत दिनोंसे हमारा चञ्चल चित्त आपमें निमग्न है, यह नितान्त-सत्य है; तथापि वह आज भी संतृप्त नहीं हो रहा है। अतः हे नाथ! आप शीघ्र ही करुणा कीजिये, जिससे हमारे चित्तके आपमें (लय होकर) एकात्मभावको प्राप्त हो जानेपर हमें पुनः सैकड़ों यम-यातनाओंकी प्राप्ति न हो'—

अस्माकं तु निसर्गसुन्दर चिराच्चेतो निमग्नं त्वयी-
त्यद्धाऽऽनन्दनिधे तथापि तरलं नाद्यापि संतृप्यते ।
तन्नाथ ! त्वरितं विधेहि करुणां येन त्वदेकाग्रतां
याते चेतसि नाप्नुवाम शतशो याम्याः पुनर्यातनाः ॥
(न्यायकुसुमाञ्जलि ५ ।१९)

अतएव न्यायदर्शनमें भी मोक्षप्राप्तिके लिये भगवत्कृपाकी आवश्यकता अनुभव की जाती है।

सांख्यदर्शन—

सांख्यदर्शन भी मुक्ति और सिद्धिके लिये उपासना आवश्यक समझता है—

मुक्तात्मनः प्रशंसा, उपासासिद्धस्य वा । (१ । ९५)

सांख्यदर्शनके अनुयायी प्रथमतः स्वभावतः चेतन सृष्टिके आदिमें (भी रहनेवाले) चिद्रूप और सिद्ध अर्थात् अष्टविध ऐश्वर्ययुक्त आदिविद्वान्‌को ईश्वर मानते हैं—

'आदिविद्वान् सिद्ध इति कापिलाः' (न्यायकुसुमाञ्जलि १।२)

सांख्यदर्शनके जिस पुरुषके अधीन होकर तथा जिसके प्रभावसे प्रभावित होकर प्रकृति सृष्टि-कार्य करती है, वह पुरुष सर्वज्ञ और सर्वशक्तिमान् अर्थात् ईश्वर ही हो सकता है—

स हि सर्ववित् सर्वकर्ता । (सां० सू० ३ । ५६)
ईदृशेश्वरसिद्धिः सिद्धा । (सां० सू० ३ । ५७)

बहुतसे सांख्याचार्य प्रकृति और पुरुषके संयोगके लिये ईश्वरकी आवश्यकता मानते हैं; क्योंकि पुरुष निरीह है और

प्रकृति जड है। इन दोनोंका मिलन स्वयं नहीं हो सकता। ईश्वरके संनिधानमात्रसे प्रकृति पुरुषके संयोगसे जगत्‌की रचनामें प्रवृत्त होती है।

सांख्यदर्शन भी मोक्षके लिये आध्यात्मिक अभ्यासका उपदेश करता है, जो योगशास्त्रमें वर्णित है। अतएव सांख्य और योगको एक ही कहा गया है—

'सांख्ययोगौ पृथग्बालाः प्रवदन्ति न पण्डिताः।'
(गीता ५।४)

योगमें भगवत्कृपाकी आकाङ्क्षा है। अतएव सांख्यदर्शन भी मोक्षके लिये भगवत्कृपा-आकाङ्क्षी है।

योगदर्शन—

योगदर्शन भी कैवल्य या मोक्षप्राप्तिके लिये यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि—इस अष्टाङ्गयोगकी आवश्यकता समझता है—

'यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयोऽष्टावङ्गानि।' (२।२९)

इसमें नियमके अन्तर्गत ईश्वर-प्रणिधान अर्थात् सभी कर्मोंके फलको ईश्वरमें समर्पण करना और ध्यानद्वारा चित्तको स्थिर करना ईश्वर-प्रणिधान है। ईश्वर-प्रणिधानसे समाधिकी सिद्धि होती है। ईश्वर-प्रणिधान क्रियायोग है।

इस प्रकार योगदर्शनको भी कैवल्य-प्राप्तिके लिये भगवत्कृपा अपेक्षित है।

मीमांसादर्शन—

मीमांसाशास्त्र मोक्षके लिये जिस यज्ञका प्रतिपादन करता है, उसकी पूर्तिके लिये भी भगवत्कृपा अत्यन्त आवश्यक है और मीमांसकगण यज्ञसमाप्तिके अवसरपर यज्ञपूर्तिके हेतु भगवान्‌की वन्दना किया करते हैं।

मीमांसादर्शनका यह कथन है कि सर्वशक्तिमान् (भगवान्)की प्राप्तिके लिये ही कर्मोंमें प्रवृत्ति होनी चाहिये; क्योंकि ऐसा ही उपदेश शास्त्रोंमें है। परमात्माकी ओरसे उदासीन रहना दोषकी बात है। इसलिये मनुष्यको उनसे सम्बन्ध जोड़ना चाहिये—

सर्वशक्तौ प्रवृत्तिः स्यात्तथाभूतोपदेशात्।
(६।३।१)

तदकर्मणि च दोषस्तस्मात्ततो विशेषः स्यात्प्रधाने नाभिसम्बन्धात्। (६।३।३)

अतएव मीमांसक भगवत्कृपाकी कामना करते हैं—

यत्कृपालेशमात्रेण पुरुषार्थचतुष्टयम्।
प्राप्यते तमहं वन्दे गोविन्दं भक्तवत्सलम्॥
(मीमांसा-न्यायप्रकाश, मङ्गलाचरण)

'जिनकी लेशमात्र कृपासे चारों पुरुषार्थोंकी प्राप्ति होती है, मैं उन भक्तवत्सल गोविन्दकी वन्दना करता हूँ।'

अतएव मोक्षप्राप्तिके लिये मीमांसादर्शनको भी भगवत्कृपाकी आकाङ्क्षा है।

वेदान्तदर्शन—

वेदान्तदर्शन भी कहता है कि भगवान्‌के भक्ति-सम्बन्धी धर्मोंका पालन करनेसे उनका विशेष अनुग्रह प्राप्त होता है। सभी धर्मोंसे भगवद्भक्ति श्रेष्ठ है—

विशेषानुग्रहश्च॥

अतस्त्वितरज्ज्यायो लिङ्गाच्च॥ (ब्रह्मसू० ३।४।३८-३९)

'अहं ब्रह्मास्मि' कहनेवाले अद्वैत-वेदान्तके प्रतिपादक श्रीशंकराचार्यजी भी भगवत्कृपाको अत्यावश्यक मानते हैं और कहते हैं कि 'हे नाथ! भेदके नष्ट हो जानेपर भी मैं ही आपका हूँ, आप मेरे नहीं हैं; क्योंकि तरंग ही समुद्रकी होती है, तरंगका समुद्र कहीं नहीं होता'—

सत्यपि भेदापगमे नाथ तवाहं न मामकीनस्त्वम्।
सामुद्रो हि तरङ्गः क्वचन समुद्रो न तारङ्गः॥
(षट्पदी ३)

आचार्यका निवेदन है कि 'हे करुणामय नारायण! मैं सब प्रकारसे आपके चरणोंकी शरण हूँ'—

नारायण करुणामय शरणं करवाणि तावकौ चरणौ।
(षट्पदी ७)

इसके अतिरिक्त विशिष्टाद्वैतवाद, शुद्धाद्वैतवाद, द्वैतवाद, द्वैताद्वैतवाद, अचिन्त्यभेदाभेदवाद, स्वाभाविक, निरुपाधिक आदि सभी वैष्णव-सम्प्रदाय तो पूर्णतया भगवत्कृपा-अवलम्बी हैं ही।

प्रमाणित है कि सभी दर्शनशास्त्रोंको भगवत्कृपाकी अपेक्षा है।

आयुर्वेदमें भगवत्कृपा

(लेखक—मानसबटोही पं० श्रीरमावल्लभजी पाण्डेय 'वल्लभ', एम्० ए०, आयुर्वेदरत्न)

जीवात्मा और शरीरके संयोगका काल ही 'आयु' शब्दसे निर्देश्य है, इसका आयुर्वेदके साथ समवायी सम्बन्ध है। भगवत्कृपा-तत्त्वदर्शी मुनिजनोंने इसको प्रत्यक्ष किया, इसीका वाङ्मयस्वरूप आयुर्वेद है, जिसका मूल 'अथर्वसर्वस्व' माना जाता है, जिसके आदिप्रणेता प्रजापति ब्रह्मदेव हैं—

विधाताथर्वसर्वस्वमायुर्वेदं प्रकाशयन्।
स्वनाम्ना संहितां चक्रे लक्षश्लोकमयीमृजुम्॥
(भावप्रकाश, पू० १। ५)

"ब्रह्माजीने 'अथर्वसर्वस्व' रूप आयुर्वेदका प्रकाश करते हुए अपने नामसे एक लाख श्लोकोंवाली सरल ब्रह्म-संहिताकी रचना की।"

वेद, पुराण एवं आध्यात्मिक विवेचनोंके अनुसार यह जगत् प्रकृति-पुरुषका विलसित स्वरूप है, यही मान्यता आयुर्वेदकी भी है। अव्यक्त, महदहंकार, पञ्चभूत एवं तन्मात्राओंकी समष्टिरूपा यह प्रकृति अष्टधा विभाजित हो सच्चिदानन्दघन परमात्मतत्त्वके साथ मिलकर 'एकोऽहं बहु स्याम्'के अनुसार 'जीव' संज्ञा धारण करती है—

ईस्वर अंस जीव अबिनासी। चेतन अमल सहज सुख रासी॥
सो मायाबस भयउ गोसाईं। बँध्यो कीर मरकट की नाईं॥
जड़ चेतनहि ग्रंथि परि गई। जदपि मृषा छूटत कठिनई॥
(मानस ७। ११६। १-२)

इसीकी पुष्टि आयुर्वेद-ग्रन्थोंके सृष्टिप्रकरणमें देखिये—'आत्मा ज्योतिःस्वरूप, चिदानन्दरूप, नित्य, निःस्पृह और निर्गुण होता हुआ भी प्रकृतिके संयोगसे सगुण होकर जगत्को उत्पन्न करता है'—

आत्मा ज्योतिश्चिदानन्दरूपो नित्यश्च निःस्पृहः।
निर्गुणः प्रकृतेर्योगात्सगुणः कुरुते जगत्॥
(भावप्रकाश, पू० २। ३)

गर्भमें जीव-प्रवेश परम-पिता परमात्माका कृपा-विलास है, जिसे सकारण-सोदाहरण आयुर्वेदने स्पष्ट किया है। जैसे सूर्यकान्तमणि और सूर्य-रश्मियोंका स्पर्शमात्र अग्नितत्त्वका उत्पादक है, उसी प्रकार शुक्रार्तव-सम्पर्कजनित तत्त्व जीव-शरीर धारण करता है और क्रमशः वृद्धिंगत होता हुआ अहैतुकी कृपाका प्रदर्शक बनता है—

सूर्यांशोः सूर्यमणित उभयस्मात्तुताथा।
वह्निः संजायते जीवस्तथा शुक्रार्तवाद्युतात्॥
(भावप्र० पू० ३। ३४)

गर्भस्थ भ्रूणरक्षाके प्रति भी आयुर्वेद भगवत्कृपाका ऋणी है—अग्नि, सोम, पृथ्वी, वायु, आकाश तथा सत्त्व, रज और तम—ये तीनों गुण, पाँच इन्द्रियाँ और भूतात्मा—ये सब गर्भका संजीवन करते हैं, अर्थात् इन्हींसे गर्भ उत्पन्न, रक्षित तथा वर्धित होता है—

अग्नीषोमौ मही वायुर्नभः सत्त्वं रजस्तमः।
पञ्चेन्द्रियाणि भूतात्मा गर्भं संजीवयन्ति हि॥
(भावप्रकाश, पूर्व० ३। ३२०)

भगवत्कृपाका एक और वैचित्र्य देखिये। गर्भके तृतीय मासमें पुंसवन-संस्कार होता है, जिसका तात्पर्य गर्भके पुरुषरूपमें परिवर्तन करनेसे है। पुष्य नक्षत्रमें स्वर्णादि धातुकी संतप्त विष्णुप्रतिमा गोदुग्धमें शीतल की जाती है फिर वही दुग्ध गर्भवतीको पिलाया जाता है एवं गणेशादिक पूजन और स्वस्त्ययन कराया जाता है। उसके फलस्वरूप प्रायः बालकका ही जन्म होता है—

पुष्ये पुरुषकं हैमं राजतं वाथवाऽऽयसम्।
कृत्वाग्निवर्णं निर्वाप्य क्षीरे तस्याञ्जलिं पिबेत्॥
(अष्टाङ्गहृदय, शरीरस्थान, १। ३८-३९)

जन्म-समय गर्भस्थ प्राणीका बहिर्गमन गर्भस्थ वायुकी प्रेरणासे ही होता है एवं गर्भसे बाहर आनेके साथ-साथ माताके स्तनोंमें स्तन्य प्रादुर्भूत हो जाता है—ये सब भगवत्कृपाके अनुपम उदाहरण हैं।

आयुर्वेद-प्रवर्तकोंने सांघातिक ज्वरादि रोगोंकी चिकित्साके अतिरिक्त भगवत्कृपाद्वारा रोगमुक्तिका निदर्शन किया है—ओषधि, मणि, सुमन्त्र, साधु-गुरु-द्विज-देवताओंकी पूजा, मनको प्रिय लगनेवाले विषय—ये सब विष्णुकृत उग्र ज्वरका हनन करते हैं—

ओषधयो मणयश्च सुमन्त्राः साधुगुरुद्विजदैवतपूजाः।
प्रीतिकरा मनसो विषयाश्च घ्नन्त्यपि विष्णुकृतं ज्वरमुग्रम्॥
(अष्टाङ्गहृदय चि० स्थान १। १७७)

यक्ष्मा, हृद्रोगादि कष्टसाध्य किंवा असाध्य रोगोंमें कुङ्कुम, केसर, कस्तूरी, चन्दनचर्चित शालग्रामशिलाका पञ्चामृतकृत स्नानोदकपान महौषधिके रूपमें बड़े-बड़े वैद्यराज प्रयुक्त करते हैं, जो भगवत्कृपाश्रयद्वारा सिद्ध प्रयोग होता है। इसी भाँतिके विभिन्न प्रयोग भैषज्यरत्नावलीके यक्ष्माधिकारमें निरूपित हैं—

शर्करामधुसंयुक्तं नवनीतं लिहन् क्षयी।
क्षीराशी लभते पुष्टिमतुल्ये चाज्यमाक्षिके॥
(१४।१०)

आयुर्वेदिक ग्रन्थोंमें भगवत्कृपाद्वारा रोगोपशमनका एक तारतम्य ही उपलब्ध होता है।

कुष्ठरोग-चिकित्सा-स्थानमें महर्षि वाग्भट्टने व्रत, पूजन एवं आराधनादिद्वारा रोगशान्तिकी बात कही है—व्रत, दम, यम, सेवा, त्यागादिका अभ्यास; द्विज, देवता और गुरुजनोंकी पूजा; सर्वभूतोंमें मैत्री; शिव, गणेश, तारा-देवी और सूर्यकी आराधना—ये सब कुष्ठरोगरूपसे प्रकट हुए पापोंका नाश करते हैं—

व्रतदमयमसेवा त्यागशीलाभियोगो
द्विजसुरगुरुपूजा सर्वसत्त्वेषु मैत्री।
शिवशिवसुतताराभास्कराराधनानि
प्रकटितमलपापं कुष्ठमुन्मूलयन्ति॥
(अष्टाङ्गहृदय चि० स्थान अ० १९।९८)

संस्कृत-भाषाके प्रसिद्ध कविवर मयूर इस प्रक्रियाद्वारा रोगमुक्तिके प्रसिद्ध उदाहरण रहे हैं। उन्होंने सूर्यकी उपासना एवं स्तुतिके द्वारा अपने रोगका शमन किया था।

भगवत्कृपा-समन्वित दैवी-साधनोंसे भी ज्वरका शमन होता है—

ब्रह्माणमश्विनाविन्द्रं हुतभक्षं हिमाचलम्।
गङ्गां मरुद्गणांश्चेष्टान् पूजयन् जयति ज्वरान्॥
भक्त्या मातुः पितुश्चैव गुरूणां पूजनेन च।
ब्रह्मचर्येण तपसा सत्येन नियमेन च॥
जपहोमप्रदानेन वेदानां श्रवणेन च।
ज्वराद्विमुच्यते शीघ्रं साधूनां दर्शनेन च॥
(चरकसंहिता चि० स्था० ३।१९८—२००)

'ब्रह्मा, अश्विनीकुमार, इन्द्र, अग्नि, हिमाचल, गङ्गाजी तथा उनचास मरुद्गणोंका यज्ञद्वारा पूजन करनेवाला ज्वरोंपर विजय पा लेता है। माता-पिताकी भक्ति, बड़ोंका आदर-सम्मान, ब्रह्मचर्य, तपश्चर्या, सत्यभाषण, शौच-संतोष आदि नियमोंके पालन तथा मन्त्र-जप, हवन, दान, वेद-पाठके श्रवण एवं संतोंके दर्शनसे मनुष्य ज्वरसे अविलम्ब सर्वथा मुक्त हो जाता है।'

महर्षियोंने असाध्य रोगोंपर भी देवाराधना तथा भगवत्कृपाद्वारा चिकित्साकार्यमें प्रायः पूर्ण सफलता प्राप्त की है। चण्डी-पाठ, यज्ञ-यागादिसे असाध्य-से-असाध्य रोग-निवृत्तिकी दिशामें जनसाधारणको प्रत्यक्षतः अपूर्व सफलता प्राप्त होती देखी गयी है।

आयुर्वेदमें दीर्घानुबन्धी, संक्रामक महारोगोंपर विविध यन्त्र-मन्त्र-तन्त्रादिकोंका भी प्रभाव पाया जाता है। अर्श, कामला, पाण्डु, गलगण्ड, विद्रधि, व्रण, कर्णशूल, शोथ, दन्तपीड़ा, नेत्र-पीड़ा, शिरःपीड़ा, बालग्रह-शान्ति, विषमज्वर तथा सर्प, बिच्छी और बर्रैके विष उतारनेमें अनेकानेक यन्त्र, तन्त्र एवं मन्त्रद्वारा श्रीभगवत्कृपासे शीघ्रातिशीघ्र आरोग्यता प्राप्त होती है। सभी प्रकारके ज्वरोंकी शान्ति-हेतु कुछ प्रयोग निम्नलिखित हैं—

'ॐ नमो भगवते छिन्धि छिन्धि अमुकस्य शिरः प्रज्वलित परशुपाणये पुरुषाय फट् स्वाहा॥'
(भैषज्यरत्नावली ५।४०८)

इस मन्त्रको आठ बार पढ़ते हुए नीमकी टहनीसे झाड़ना चाहिये तथा इसे भूर्जपत्रपर लिखकर गन्धाक्ष-तादिसे पूजन करके सिरपर धारण करने अथवा ताबीजमें भरकर बाहुमें बाँधनेसे सब तरहके ज्वर नष्ट होते हैं।

विष्णुं सहस्रमूर्धानं चराचरपतिं विभुम्।
स्तुवन्नामसहस्रेण ज्वरान् सर्वान् व्यपोहति॥
(भैषज्यरत्नावली ५।४१६)

जङ्गम और स्थावर (सम्पूर्ण) जगत्के स्वामी एवं सर्वत्र व्याप्त भगवान् विष्णुके सहस्रनाम आदि स्तोत्रोंको पढ़कर स्तुति करनेसे सब प्रकारके ज्वर उतर जाते हैं।

इस प्रकार आयुर्वेद भी अन्य शास्त्रोंके समान ही परम आस्तिक है एवं भगवत्कृपाद्वारा पुरुषार्थचतुष्टयके साधनका निर्देश करता है।

ज्योतिषशास्त्रमें भगवत्कृपा

(लेखक—श्रीबलरामजी शास्त्री, एम्० ए०, साहित्यरत्न, ज्योतिषाचार्य)

'ज्योतिषामयनं चक्षुः' (पाणिनीय-शिक्षा ४१) ज्योतिषशास्त्र ही सनातन वेदका नेत्र है। अतः ज्योतिष और भगवत्कृपापर कुछ लिखनेके पूर्व मनमें सहसा यह तर्क उत्पन्न हुआ कि ग्रहयोगके कारण भगवत्कृपाकी प्राप्ति होती है अथवा भगवत्कृपासे ग्रहयोग ही अनुकूल हो जाते हैं ?

भगवान्‌की कृपासे ग्रहयोगोंका अनुकूल होना आश्चर्य-जनक नहीं। भगवान् श्रीरामके प्रकट होनेके पूर्व—

जोग लगन ग्रह बार तिथि सकल भए अनुकूल।
चर अरु अचर हर्षजुत राम जनम सुखमूल॥

(मानस १। १९०)

योग, लग्न एवं ग्रह आदिकी अनुकूलता या तदनुरूपता हो गयी। भगवान् जिनपर कृपा करते हैं, उनके लिये भी ग्रह-नक्षत्रकी अनुकूलता आश्चर्यकी बात नहीं। इस प्रसङ्गमें ग्रहोंके परस्पर सम्बन्ध, उनकी दृष्टि, दशा, अन्तर्दशा आदिके आधारपर कुछ लिखा जाना आवश्यक है। भगवत्कृपासे अर्थ, धर्म, मोक्षादिकी प्राप्ति तो साधारण बात है। इसीके सहारे संत तुलसीदासजी-जैसे परम भागवत महाकविने महान् संकट झेलकर अगणित पातकियोंका भवसागरसे उद्धार करनेके निमित्त रामचरितमानसरूप पावन सेतुका निर्माण किया।

ग्रहयोग और भगवत्कृपाके प्रसङ्गमें जन्माङ्गके आधारपर विषयका प्रस्तुतीकरण इस प्रकार है—

जन्माङ्गमें द्वादश भाव होते हैं। इन द्वादश भावोंसे संक्षेपमें तन, धन, सहज, सुख, सुत, रोग, स्त्री, मृत्यु, धर्म, कर्म, आय और व्यय आदिका विचार किया जाता है।

गम्भीरतापूर्वक विचार करनेपर भगवत्कृपाका प्रभाव द्वादश भावोंपर भी पड़ता प्रतीत होता है। शारीरिक स्वस्थता, सात्त्विक धनकी प्राप्ति, प्रेमका आचरण करनेवाले भाई, सुखी जीवन, आज्ञापालक पुत्र, नीरोगता, सती-साध्वी पत्नी, तीर्थस्थानमें शरीरत्याग, धार्मिक अनुकूलता, पुण्यकर्म, पवित्र आय और उत्तम कार्योंमें धनका व्यय—ये सभी मानव-सर्वसम्पन्नताके परिचायक हैं।

जन्मके समय जो ग्रह पड़ जाते हैं, उन्हें दृष्टिमें रखकर ही उपर्युक्त वर्णित द्वादश भावोंपर विचार किया जाता है। जन्मके समय जो लग्न होता है, जन्माङ्गमें उसका उल्लेख कर अग्रिम भावोंमें राशियोंकी स्थापना करके भावोंका विचार होता है। प्रत्येक भावके राशिका स्वामी ही फिर तत्तद्भावोंका स्वामी माना जाता है और फिर तदनुकूल ही फल निर्दिष्ट होता है।

भगवत्कृपा और भावेश—

दशमेश यदि बुध हो और उसपर शुभ ग्रहोंकी दृष्टि पड़ती हो तो जातकके ऊपर भी श्रीभगवान्‌की कृपा-दृष्टि होती है। नवमेश यदि उच्चस्थ हो, उसपर शुभ ग्रह (चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र आदि)की दृष्टि हो तो ऐसे जातकपर प्रभुकी कृपा होती है। (चन्द्रमा शुभ ग्रहोंके साथ शुभ फलदायक है। पूर्ण चन्द्रमा भी शुभद माना जाता है।) यदि नवमेश पूर्ण बली हो और उसपर गुरुकी दृष्टि हो तो ऐसे जातकके ऊपर परमपिता परमात्माकी कृपादृष्टि सम्भव है। लग्नके स्वामी अथवा लग्नपर ही नवमेशकी दृष्टि होनेसे जातक प्रभु-कृपाका पात्र बन जाता है। यदि नवमेश बृहस्पतिके साथ हो और षड्वर्गोंमें बली हो अथवा लग्नेश पर बृहस्पतिकी पूर्ण दृष्टि हो तो जातक प्रभुकी कृपासे महायशस्वी होता है। नवमेश सिंहके अंशका हो और उसपर लग्नेशकी अथवा दशमेशकी दृष्टि हो तो जातकके ऊपर प्रभुकी कृपा अवश्य होती है। ऐसा जातक विश्वमें यशका अर्जन करता है। दशमेश केन्द्रस्थ (लग्न, चतुर्थ, सप्तम या दशम भावमें) हो, नवमेश भी चतुर्थ भावमें हो तो ऐसा जातक प्रभुकी कृपासे अपने व्यक्तिगत क्रिया-कलापोंद्वारा यशका भागी बनता है।

यह सर्वविदित है कि जिसपर प्रभुकी कृपा हो जाती है वह असम्भवको भी सम्भवमें परिवर्तित कर सकता है। प्रभुकी कृपासे पङ्गु भी हिमालयकी चोटीपर चढ़ सकता है, अंधा भी सब कुछ देख सकता है, बधिरको श्रवण-शक्ति मिल जाती है—यह रहस्य ग्रह भी स्पष्ट करते हैं।

किसीके जन्माङ्गमें लग्नेश उच्च हो, उसपर शुभ ग्रहोंकी दृष्टि पड़ती हो तो ऐसे जातकपर भगवान्‌की कृपादृष्टि सम्भव समझी जाती है। द्वितीयाधिपति उच्चका हो और उच्चका ही गुरु हो तथा द्वितीयेशपर गुरुकी पूर्ण दृष्टि भी हो तो ऐसा जातक भगवत्कृपाका पात्र बनता है। द्वितीयेश उच्च हो अथवा पञ्चम, नवम या एकादश स्थानमें विराजमान हो, बली लग्नेशका साथ हो और द्वितीयेश जिस स्थानमें विराजमान हो, उस स्थानका स्वामी केन्द्रवर्ती हो त जातकके ऊपर प्रभुकी कृपा सम्भव है।

ग्रहयोग और ईश्वर-प्रेम—

जन्माङ्गके पञ्चम स्थानसे ईश्वरके प्रति प्रेम, श्रद्धा, भक्ति आदिका विचार किया जाता है। नवम भावसे धर्मका विचार होता है। नवम भाव और पञ्चम भाव—दोनों भावोंको मिलाकर मानवकी ईश्वरीय भक्तिका पूर्ण विचार होता है और इस प्रकार भगवान्‌की कृपाका भी।

पञ्चम स्थानमें यदि कोई पुरुष ग्रह (सूर्य, मङ्गल एवं गुरु) बैठा हो या उसकी दृष्टि पड़ती हो तो जातकपर प्रभुकी कृपादृष्टि होती है। यदि पञ्चमभाव समराशिका हो, उसपर चन्द्रमा या शुक्रकी दृष्टि पड़ती हो अथवा उसमें चन्द्रमा या शुक्र विराजमान हो तो मानवके ऊपर लक्ष्मीकी कृपा होती है।

ईश्वरीय प्रेमकी प्राप्ति निम्न योगोंमें होती है—मानवके जन्माङ्गमें यदि किसी भावमें चार या पाँच ग्रह एकत्र हों तो ऐसा जातक प्रभुकी कृपाका सहारा लेकर संसारसे विरक्त होता देखा जाता है। यहाँ कुछ मतभेद भी है, ऐसे योगमें बली ग्रहके ऊपर ही विचार स्थिर किया जाता है। निम्न स्थितियोंका विचार करनेपर प्रभुकी कृपा-प्राप्तिका निश्चय किया जा सकता है—

१—चार या पाँच ग्रह (किसी भावमें) एकत्र हों।
२—उपर्युक्त ग्रहोंमें कोई एक बली हो।
३—बली ग्रह युद्धमें पराजित न हो।
४—बली ग्रह अस्त न हो।
५—इन ग्रहोंमें कोई दशम भावका स्वामी भी हो।

उपर्युक्त स्थितिमें मानव प्रभुकी कृपासे सांसारिक आसक्तिका त्याग कर प्रभुकी शरणमें चला जाता है।

ग्रहयोग और आध्यात्मिक जीवन—

वर्तमान समयमें मानव विलासिताकी ओर अग्रसर हो रहा है। विलास-सामग्रीको प्राप्त करना ही उसका एकमात्र लक्ष्य बन रहा है, पर अब अमेरिकाके धनपति विलासितासे ऊबकर अध्यात्म-जीवनकी ओर ललचायी आँखोंसे देखने लगे हैं, वेषभूषाकी नवीनता और तामसी-राजसी भोजन भी अब उन्हें उतना रुचिकर नहीं प्रतीत होता। अमेरिका आदि देशोंके बहुत-से लोग भारतीय आश्रमोंमें आध्यात्मिक जीवन बितानेके लिये आने लगे हैं। ज्योतिषशास्त्रमें आध्यात्मिक जीवनमें सफलताके योग भी बताये गये हैं।

यदि दशम भावमें मीन राशि हो और उसमें बुध या मङ्गल बैठा हों तो ऐसा जातक प्रभुकी कृपासे पवित्र जीवन व्यतीत करता है। दशमाधिपति नवममें हो और बली नवमेश बृहस्पति और शुक्र ग्रहसे दृष्ट या युत हो तो जातक प्रभुकी कृपा प्राप्त करनेके लिये अग्रसर होता है। यदि नवमाधिपति बली शुभ ग्रह हो, उसपर गुरु या शुक्रकी दृष्टि अथवा गुरु या शुक्रका साथ हो तो ऐसा जातक प्रभुकी कृपाका पात्र बन जाता है। यदि लग्नेश दशम स्थानमें और दशमेश नवम स्थानमें हो, पुनश्च दशमेश पापग्रहकी दृष्टिसे वञ्चित हो तो जातक शुभग्रहोंकी शुभ दृष्टिके प्रभावसे भगवत्कृपाका अधिकारी बन जाता है। जन्माङ्गमें चन्द्रमा और बृहस्पतिके अन्तर्गत अन्य समस्त ग्रह स्थित हों तो ऐसा मानव निर्विघ्न भगवान्‌की शरणमें पहुँच पाता है। जन्माङ्गमें शनि और मङ्गलके अन्तर्गत सभी ग्रह हों तो ऐसा मानव भगवान्‌की कृपाका पात्र बनकर विश्वमें ख्याति भी अर्जित करता है।

मन्त्रशक्ति या भगवत्कृपा ?

(लेखक—श्रीअशोककुमारजी)

'मन्त्र' शब्दका अर्थ वेदवचन अथवा गोपनीय वचन माना गया है—

मन्त्रो वेदविशेषे स्याद्देवादीनां च साधने ।
गुह्यवादेऽपि च पुमान् ॥

(मेदिनी, रान्तवर्ग २७ । ७४–७५)

इसी प्रकार जिसके जप, अनुष्ठान, प्रयोग या मननसे इष्टकी प्राप्ति और अनिष्टका परिहार हो, उसे मन्त्र कहा जाता है—

'मननात् त्राणधर्मवान्मन्त्र इत्यभिधीयते ।'

रोग-निवारण, विषोद्धार, मारण, मोहन, उच्चाटन, वशीकरण आदि लौकिक इष्ट-प्राप्ति और अनिष्ट-परित्राण मन्त्रोंके द्वारा प्रत्यक्ष देखे जाते हैं। इसी प्रकार वैदिक मन्त्रोंके द्वारा स्वर्गादिकी प्राप्ति और मोक्ष-लाभ आदि लौकिक और इष्ट-प्राप्ति एवं अनिष्ट-परिहार आदि अलौकिक लाभ भी शास्त्रोंद्वारा सिद्ध है—

महामंत्र जोइ जपत महेसू । कासीं मुकुति हेतु उपदेसू ॥

(मानस १ । १८ । २)

मंत्र परम लघु जासु बस बिधि हरि हर सुर सर्ब ।
महामत्त गजराज कहुँ बस कर अंकुस खर्ब ॥

(मानस १ । २५६)

मन्त्रकी इस अद्भुत चमत्कारिक शक्तिका निरूपण योग-शास्त्रने भी किया है और न्यायदर्शनने भी—

जन्मौषधिमन्त्रतपःसमाधिजाः सिद्धयः ।

(योग० सू० ४ । १)

'सिद्धियाँ जन्म, ओषधि, मन्त्र, तपस्या और समाधिसे उद्भूत होती हैं।'

मन्त्रायुर्वेदप्रामाण्यवच्च तत्प्रामाण्यमाप्तप्रामाण्यात् ।

(न्या० सू० २ । १ । ६८)

आप्तके प्रमाणत्वसे मन्त्र और आयुर्वेदके प्रमाणत्वकी भाँति वेदकी भी प्रमाणता है।

अग्निकी दाहिका-शक्ति अग्निके स्वरूपसे भिन्न है। जबतक दाहिका-शक्ति अग्निमें प्रकट रहती है, तबतक अग्नि दाह करती है। जब मणि, मन्त्र अथवा औषधके प्रयोगसे वह शक्ति कुण्ठित हो जाती है, तब वही अग्नि दाह नहीं करती। फिर जब उस मणि, मन्त्र अथवा ओषधिको हटा लिया जाता है अथवा उससे उत्तेजक मणिका भी प्रयोग कर दिया जाता है : अग्निकी दाहिका-शक्ति फिर प्रकट होकर दाह करने लगती है। अग्निका स्वरूप, जिस समय वह दाह करती है और जिस समय दाह नहीं करती—दोनों दशाओंमें एक समान रहता है, परंतु कार्य-भेद देखा जाता है।

'शक्ति' शब्दके पर्याय बल, शौर्य, सामर्थ्य, पराक्रम, प्राण आदि हैं—

द्रविणं तरः सहोबलशौर्याणि स्थाम शुष्मं च ।
शक्तिः पराक्रमप्राणौ । (अमरकोष २ । ८ । १०२)
कासूसामर्थ्ययोः शक्तिः । (अमरकोष ३ । ३ । ६६)

मन्त्रोंमें यह शक्ति कैसे है ? मन्त्र तो शब्दसमूहमात्र हैं। फिर उनमें यह चमत्कारिक शक्ति कहाँसे आती है! न्यायदर्शनका कहना है कि पद संज्ञा है और उसका अर्थ संज्ञी है एवं इन दोनोंका सम्बन्ध शक्ति है—

'संज्ञा नाम पदम् संज्ञी अर्थः तयोः सम्बन्धः शक्तिः।

(न्या० बो० उपमानखण्ड)

परंतु न्यायदर्शन भी यह मानता है कि अमुक संज्ञासे अमुक संज्ञीका बोध हो, यह संकेत ईश्वरप्रदत्त है—

अस्मात् पदादयमर्थो बोधव्य इतीश्वरसंकेतः शक्तिः ।

(तर्कसंग्रह, शब्दखण्ड)

इस प्रकार शब्दोंकी शक्ति ईश्वरप्रदत्त है। मन्त्रोंकी शक्ति उसके वर्णसमूहोंमें न होकर उस मन्त्रके अधिष्ठातृ देवतामें होती है, जिसकी कृपासे उस मन्त्रसे अभीष्टकी सिद्धि होती है। यदि ऐसा न होता तो बिना सिद्ध किये ही अथवा बिना उस देवताकी कृपा प्राप्त किये ही उस मन्त्रके प्रयोगसे अभीष्टकी सिद्धि हो जाती; किंतु ऐसा नहीं होता है। फिर निरर्थक पदसमूहवाले मन्त्रोंसे किसी इष्टकी सिद्धि न होती। परंतु **'अनमिल आखर अरथ न जापू'** प्रकारके मन्त्रोंसे भी **'प्रगट प्रभाउ महेस प्रतापू'** के अनुसार श्री शंकरजीकी कृपासे इष्टकी प्राप्ति होती है। अतएव यह स्पष्ट सिद्ध है कि मन्त्रोंमें स्वतः कोई शक्ति नहीं है, उनके अधिष्ठातृ-देवताओंकी कृपा ही उनमें शक्तिरूपमें अवतीर्ण होती है। इसीलिये वेदमन्त्रोंके प्रयोगमें भी उनके देवताओंका ज्ञान अत्यावश्यक बतलाया गया है।

वेदोंमें प्रत्येक जड पदार्थका एक-एक अधिष्ठाता चेतन देवता माना गया है और इसलिये अग्नि, वायु, आदित्य आदि जड पदार्थोंके अधिष्ठाता देवताओंकी अग्न्यादि नामसे प्रार्थना की गयी है।

मीमांसकोंका मत है कि जिस मन्त्रमें जिस देवताका वर्णन है, उस मन्त्रमें उसी देवताकी दिव्य शक्ति सदासे निहित है। अतएव देवत्व-शक्ति मन्त्रमें ही प्रतिष्ठित है।

निरुक्तकारके अनुसार देवताका अर्थ है—अभीष्ट पदार्थ देनेवाला और प्रकाशित करनेवाला—

'देवो दानाद्वा दीपनाद्वा द्योतनाद्वा ।'
(निरुक्त, दैवत ७ । ४ । १५)

वेदमें कहा गया है कि सभी देवताओंमें एक ही परमेश्वरकी शक्ति है—

'महद् देवानामसुरत्वमेकम्' (ऋक्० ३ । ५५ । १)

सायणाचार्य भी यही कहते हैं कि 'उन सभी नामोंसे एक ही परमेश्वर पुकारा जाता है।'

निरुक्तकारका भी यही कथन है—

महाभाग्याद् देवताया एक आत्मा बहुधा स्तूयते ।
एकस्यात्मनोऽन्ये देवाः प्रत्यङ्गानि भवन्ति ॥
(निरुक्त, दै० ७ । १ । ४)

'देवताके महान् ऐश्वर्यसम्पन्न होनेके कारण वह देवात्मा एक होते हुए भी विभिन्न प्रकारसे स्तुत होता है। (सूर्य, इन्द्र आदि) अन्य देवगण उसी एक आत्माके प्रत्यङ्ग (अवयव) हैं।'

वेद भगवान् पुनः यही बात कहते हैं—

इन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहुरथो दिव्यः स सुपर्णो गरुत्मान् ।
एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः ॥
(ऋक्० १ । १६४ । ४६)

'मेधावीलोग इन आदित्यको इन्द्र, मित्र, वरुण और अग्नि कहा करते हैं। ये स्वर्गीय पक्षवाले (गरुड़) और सुन्दर गमनवाले हैं। एक हैं तो भी इन्हें अनेक कहा गया है। इन्हें अग्नि, यम और मातरिश्वा कहा जाता है।'

तदेवाग्निस्तदादित्यस्तद्वायुस्तदु चन्द्रमाः ।
तदेव शुक्रं तद्ब्रह्म ता आपः स प्रजापतिः ॥
(शु० यजु० ३२ । १)

'वे ही अग्नि हैं, वे ही आदित्य हैं, वे ही वायु हैं, वे ही चन्द्रमा हैं, वे ही शुक्र हैं, वे ही ब्रह्म हैं, वे ही जल हैं और वे ही प्रजापति हैं।'

अतएव सभी देवताओंसे अधिष्ठित मन्त्रोंमें वास्तवमें एक भगवत्कृपा-शक्ति ही व्याप्त है। इसे भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रने श्रीमद्भगवद्गीतामें स्पष्ट कहा है—

कामैस्तैस्तैर्हृतज्ञानाः प्रपद्यन्तेऽन्यदेवताः ।
तं तं नियममास्थाय प्रकृत्या नियताः स्वया ॥
यो यो यां यां तनुं भक्तः श्रद्धयार्चितुमिच्छति ।
तस्य तस्याचलां श्रद्धां तामेव विदधाम्यहम् ॥
स तया श्रद्धया युक्तस्तस्याराधनमीहते ।
लभते च ततः कामान् मयैव विहितान् हि तान् ॥
(७ । २०—२२)

'उन-उन भोगोंकी कामनाद्वारा जिनका ज्ञान हरा जा चुका है, वे लोग अपने स्वभावसे प्रेरित होकर उस-उस नियमको धारण करके अन्य देवताओंको भजते हैं अर्थात् पूजते हैं। जो-जो सकाम भक्त जिस-जिस देवताके स्वरूपको श्रद्धासे पूजना चाहता है, उस-उस भक्तकी श्रद्धाको मैं उसी देवताके प्रति स्थिर करता हूँ। वह पुरुष उस श्रद्धासे युक्त होकर उस देवताका पूजन करता है और उस देवतासे मेरेद्वारा ही विधान किये हुए उन इच्छित भोगोंको निःसंदेह प्राप्त करता है।'

परंतु—

अन्तवत्तु फलं तेषां तद्भवत्यल्पमेधसाम् ।
देवान्देवयजो यान्ति मद्भक्ता यान्ति मामपि ॥
(गीता ७ । २३)

'उन अल्प बुद्धिवालोंका वह फल नाशवान् है तथा वे देवताओंको पूजनेवाले देवताओंको प्राप्त होते हैं और मेरे भक्त चाहे जैसे ही भजें, अन्तमें मुझको ही प्राप्त होते हैं।'

अतएव सभी मन्त्रोंमें एक ही भगवान्‌की कृपाशक्ति निहित है—ऐसा मानकर केवल भगवन्मन्त्रोंका ही प्रयोग करना श्रेयस्कर है। स्वयं भगवान्‌ने कहा है—

मंत्र जाप मम दृढ़ बिस्वासा। पंचम भजन सो बेद प्रकासा ॥
(मानस ३ । ३५ । १)

मन्त्रस्वरूप होने अथवा मन्त्रद्वारा जानने योग्य होनेके कारण ही विष्णुसहस्रनाममें भगवान्‌का एक नाम 'मन्त्र' भी कहा गया है—

ऋद्धः स्पष्टाक्षरो मन्त्रः । (श्लोक ४३)

शंकराचार्यजीने इसकी व्याख्या इस प्रकार की है—

'ऋग्यजुःसामलक्षणो मन्त्रः, मन्त्रबोध्यत्वाद् वा मन्त्रः ।'

'(भगवान् साक्षात्) ऋक्, साम और यजुरूप मन्त्र हैं, अथवा मन्त्रोंसे जानने योग्य होनेके कारण मन्त्र हैं।'

श्रीभगवान् ही मन्त्र हैं या मन्त्र भगवान् हैं एवं भगवत्कृपाशक्ति ही मन्त्र-शक्ति है या मन्त्र-शक्ति भगवत्कृपाशक्ति है—यह सिद्ध हो गया।

भगवान् सर्वश्रेष्ठ और महान् शक्तिमान् हैं—

'महाशक्तिर्महाद्युतिः' (विष्णुस० श्लोक ३२)

'वीरः शक्तिमतां श्रेष्ठः' (विष्णुस० श्लोक ५६)

अतएव सर्वश्रेष्ठ शक्तिमान् भगवान्‌के ही मन्त्रोंका भगवत्कृपाकी प्राप्तिके लिये जप करना श्रेयस्कर है।

भगवती कृपाशक्ति

(लेखक—डॉ० श्रीशिवशंकरजी अवस्थी)

विद्यां परां कतिचिदम्बरमम्ब केचि-
दानन्दमेव कतिचित्कतिचिच्च मायाम् ।
त्वां विश्वमाहुरपरे वयमामनाम-
स्साक्षादपारकरुणां गुरुमूर्तिमेव ॥
(अम्बास्तुति २७)

'माँ ! कुछ लोग आपको परा विद्या कहते हैं; कुछ लोग चिदाकाश, कुछ आनन्दशक्ति तथा कोई आपको माया कहते हैं। अन्य लोग आपको विश्वरूपिणी जानते हैं; किंतु हम तो यही रट लगाये हुए हैं कि आप गुरुका रूप धारण किये हुए प्रत्यक्ष अपार करुणा ही हैं।'

भगवान् निखिल श्रेष्ठ गुणगणोंके धाम हैं। उनके ज्ञान, बल, ऐश्वर्य, तेज, सौन्दर्य, औदार्य, कारुण्य आदि असंख्य अनवद्य गुण धर्म और शक्तिके नामसे भी कहे जाते हैं। वस्तुतः भगवान्की एक अन्तरङ्ग चिद्रूपा शक्ति ही कार्यवश नाना शक्तियों या धर्मोंका रूप ग्रहण करती है। भगवान् और उनकी महाशक्तिमें कोई भेद नहीं है। भगवान् धर्मी हैं और महाशक्ति उनका धर्म। इस प्रकार धर्मी और धर्म-की दृष्टिसे उनमें भेदकी प्रतीति होती है, किंतु वह अवास्तविक है। जैसे दाहिका-शक्ति अग्निरूप धर्मीका धर्म है, इस दृष्टिसे इनमें भेदका भान होता है, किंतु दाहिका-शक्तिसे रहित अग्निका क्या कोई स्वरूप है ? नहीं। अतः दोनों अभिन्न हैं, एक हैं। ठीक वैसे ही भागवती शक्ति और भगवान् अभिन्न हैं। योगिवर भास्कररायने श्रीदुर्गासप्तशतीकी 'गुप्तवती टीका'के उपोद्घातमें 'रत्नत्रय-परीक्षा'से एक उद्धरण प्रस्तुत किया है—

नित्यं निर्दोषगन्धं निरतिशयसुखं ब्रह्मचैतन्यमेकं
धर्मो धर्मीतिभेदद्वितयमिति पृथग्भूय मायावशेन ।
धर्मस्तत्रानुभूतिः सकलविषयिणी सर्वकार्यानुकूला
शक्तिश्चेच्छादिरूपा भवति गुणगणस्याश्रयस्त्वेक एव ॥
कर्तृत्वं तत्र धर्मी कलयति जगतां पञ्चसृष्ट्यादिकृत्ये
धर्मः पुंरूपमाप्त्वा सकलजगदुपादानभावं बिभर्ति ।
स्त्रीरूपं प्राप्य दिव्या भवति च महिषी स्वाश्रयस्यादिकर्तुः
प्रोक्ते धर्मप्रभेदावपि निगमविदां धर्मिवद्ब्रह्मकोटी ॥

'नित्य, दोषके लेशसे शून्य, निरतिशय सुखरूप, एकमात्र चैतन्य मायाके वशीभूत होकर धर्म और धर्मी—इन दो भेदोंको प्राप्त करता है। सम्पूर्ण विषयोंकी अनुभूतिस्वरूपा एवं समस्त कार्योंके अनुकूल, इच्छा, ज्ञान तथा क्रियाकी समष्टिरूपा महाशक्तिको तथा श्रेष्ठ गुण-गणोंको 'धर्म' कहते हैं; इनका आश्रय एक ही है। यह धर्म भी द्विविध है—एक पुरुषरूप महाविष्णु या महेश्वर तथा दूसरा स्त्रीरूपा महालक्ष्मी या भवानी—ये दोनों सम्पूर्ण जगत्का उपादान बनते हैं। ये ही जगत्की सृष्टि, स्थिति, संहार, निग्रह और अनुग्रहात्मक पञ्चकृत्य करते हैं। धर्मका स्त्रीरूप दिव्य महिषीके नामसे भी जाना जाता है। इस प्रकार ये दोनों भेद निगमवेत्ताओं द्वारा धर्मीके सदृश ब्रह्मकोटिमें ही परिगणित हैं अर्थात् ब्रह्मसे अतिरिक्त नहीं हैं।'

भक्तगण अपनी भावनाके अनुरूप भिन्न नामों एवं रूपोंद्वारा महाशक्तिकी उपर्युक्त उपासना करते हैं। महाशक्ति ही वात्सल्यमयी महामाता है; बिना इसका सहारा लिये शिवकी उपलब्धि सम्भव नहीं। समस्त प्राणियोंमें यह शक्ति अकारण-करुणाके रूपमें विद्यमान रहती है—

या देवी सर्वभूतेषु दयारूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥
(दुर्गासप्त० ५ । ६५-६७)

बिना किसी कारणके दूसरोंके दुःखको दूर करनेकी इच्छा ही दया कहलाती है—

'दया निरुपाधिकपरदुःखप्रहाणेच्छा ।'
(गुप्तवती टीका)

जगत्में परम वात्सल्यमयी माँकी निर्हेतुक कृपाका अनवरत वर्षण होता रहता है। नाना वासनाओंके कञ्चुकसे ढके रहनेवाले लोग उस कृपासे वञ्चित रह जाते हैं। माँ परमपिताके साथ जगत्की रक्षाके लिये सदैव विचरण करती रहती हैं। परमपिता महेश्वर तो जगत्से उदासीन और निरपेक्ष रहते हैं; किंतु माँने जहाँ भी किसी जीवका रोदन सुना कि वे उसे प्रभुतक घसीट ले जाती हैं और इस प्रकार उसका उद्धार करती हैं। माँकी कृपादृष्टि परमपिताकी प्राप्तिका सर्वश्रेष्ठ उपाय है। वे गुरुमूर्ति धारण करके जगत्के जीवोंका त्राण करती हैं। शास्त्र कहते हैं—

'गुरुरुपायः' ॥ (शिवसूत्रविमर्शिनी, द्वितीयोन्मेष ६)

गुरु ही उपाय है अर्थात् पारमेश्वरी अनुग्राहिका शक्ति ही गुरु है। मन्त्रवीर्यका प्रकाशन करनेके कारण वे उपाय कहलाती हैं—

'गुरुर्वा पारमेश्वरी अनुग्राहिका शक्तिः···।'

(क्षेमराज शिवसूत्रविमर्शिनी २ । ६)

प्रासावत्र गुरुः शक्तिरुपायः परमः स्मृतः।
यतः सा शाम्भवी शक्तिरनुग्रहकरी सदा॥

(शिवसूत्रवार्तिक—भट्ट भास्कर २ । ६ । २३)

परमसुख (औन्मनसधाम या शाम्भव पद)की प्राप्तिमें गुरुशक्ति ही परमोपाय मानी गयी है। यह शाम्भवी शक्ति सदैव अनुग्रहपरायण रहती है।

दयामयी माँ ही विश्वका कल्याण करनेके लिये गुरुरूप लीला-विग्रह धारण करती हैं—

तामिच्छाविग्रहां देवीं गुरुरूपां विभावयेत्॥

(योगिनीहृदय, पूजासंकेत १९८)

शिवशक्तिद्वयं चैव शिवतत्त्वं प्रकीर्तितम्।
प्रमातृमेयप्रमितिरूपमेतत्त्रयात्मकम्॥

(स्वच्छन्दसंग्रह)

'शिव और शक्ति—इन दोनोंका संयुक्तरूप ही शिवतत्त्व है और इसीमें प्रमाता, प्रमाण और प्रमेय—ये तीनों समाविष्ट हैं।'

शिव और देवीमें कोई भेद नहीं है—यह इस कथनसे प्रमाणित हो जाता है।

माँकी कृपाके लिये किसी कारणकी आवश्यकता नहीं; क्योंकि वे तो अकारण-करुण हैं—

'अव्याजकरुणामूर्तिः' (ललितासहस्रनामस्तोत्र, ९८१)

'अव्याजा अनौपाधिकी या करुणा सैव मूर्तिः स्वरूपं यस्याः'

(सौभाग्यभास्कर-भाष्य)

'अव्याज अर्थात् उपाधिविहीन करुणा जिनकी मूर्ति (स्वरूप) है, वे ही श्रीशिवाशिवशक्त्यैक्यरूपिणी ललिताम्बिका हैं।'

देवीमाहात्म्यके एक ध्यान-सम्बन्धी श्लोकमें भी कहा गया है—

अरुणां करुणातरङ्गिताक्षीं धृतपाशाङ्कुशबाणचापहस्ताम्।
अणिमादिभिरावृतां मयूखैरहमित्येव विभावये भवानीम्॥

'जिनकी आँखोंमें करुणा लहरा रही है, जिनके हाथोंमें पाश, अङ्कुश, बाण और धनुष विद्यमान हैं, जो अणिमादिरूप किरणोंसे आवृत हैं, उन अरुणा नाम्नी भवानीका मैं आत्मभावसे ध्यान करता हूँ।'

एक भक्तने लिखा है—

'माँ! आप सदैव चिदाकाशरूपा हैं। आपकी तुलना भगवान् दयासागरकी वेला (तटी) से की गयी है। अगणित संवित् (ज्ञान)रूपा नदियाँ आपके अंदर प्रविष्ट होकर अपने संकुचित रूपका त्याग करके पूर्णता लाभ करती हैं'—

त्वं निरन्तरचिदम्बरात्मिका वेलयात्र तुलिता दयाम्बुधेः।
त्वय्यमूर्झटिति संविदापगाः पूर्णतां दधति निर्णिकेतनाः॥

(चिद्गगनचन्द्रिका १४५)

शैवागमोंमें शक्तिपातकी विशेष चर्चा मिलती है। यह शक्ति कृपाशक्ति ही है, जो भक्तके हृदयमें सहसा अवतरित होकर उसे परतत्त्वका लाभ कराती है। कुछ द्वैतवादियोंका कथन है कि आणवादि मलोंके परिपक्व हो जानेपर शक्ति पतित होती है तथा उसी कोटिके अन्य लोग कहते हैं कि पुण्यापुण्य कर्मोंके साम्य होनेपर कृपाशक्तिका सम्पात सम्भव होता है; किंतु अद्वैतवादी मानते हैं कि कृपाशक्तिका आविर्भाव बिना किसी हेतुके ही भाग्यशाली व्यक्तिके जीवनमें देखा जाता है। परमेश्वरकी स्वरूपोन्मीलनात्मिका कृपाशक्ति निरपेक्षभावसे स्थावरान्तमें भी पतित होती है—

स्थावरान्तेऽपि। देवस्य स्वरूपोन्मीलनात्मिका।
शक्तिः पतन्ती सापेक्षा न क्वापि··· ॥

(मतङ्गागमकी टीका)

उपनिषद् कहती है—

'यमेवैष वृणुते तेन लभ्यः।

(कठ० उप० १ । २ । २३)

परमात्मा अन्तर्यामीरूपसे अथवा आचार्यरूपसे जिस मुमुक्षुपर अनुग्रह करते हैं, उसी अभेदानुसंधानसम्पन्न व्यक्तिके द्वारा वे प्राप्त किये जाते हैं।

'सो जानइ जेहि देहु जनाई'। (मानस २ । १२६ । २)

महर्षि शाण्डिल्यने लिखा है कि आप्तकाम परमेश्वरका अवतार जगत्में या जीवोंपर दया करनेके लिये होता है। उनकी अहैतुकी करुणा ही इसका मुख्य प्रयोजन है—

मुख्यं तस्य हि कारुण्यम्॥ (शां० भक्तिसूत्र ४९)

करुणा दो प्रकारकी देखी जाती है—गौण और मुख्य। जो लोग पुण्यादिके उद्देश्यसे दूसरेके दुःखको दूर करनेकी इच्छा करते हैं, उनकी करुणा गौण है। निरुपाधिक कृपा ही मुख्य कृपा है। धनादिके

जो परदुःखप्रहाणेच्छा है, वह करुणा नहीं कही जा सकती—

'यस्य धनादिकमुद्दिश्य परदुःखनिवृत्तीच्छा तस्य तु नैव कारुण्यम् । यस्य तु पुण्यादिकमुद्दिश्य तस्य गौणम् । यस्य न किमप्युद्दिश्य किंतु स्वभावादेव तस्य मुख्यं निरुपाधि परदुःखनिवृत्तीच्छारूपम् ।'

(नारायणतीर्थ—भक्तिचन्द्रिका)

शाक्ततन्त्रोंमें भगवती कृपाशक्तिकी विशेष विवेचना की गयी है । 'मालिनीविजयतन्त्र'में द्वैतवादियोंके अनुसार कृपाशक्तिके सम्पातके सम्बन्धमें अनेक कारणोंका उल्लेख किया गया है, परंतु इस सम्बन्धमें चरम सिद्धान्त यही है कि भगवान्‌की कृपाके लिये किसी भी कारणकी आवश्यकता नहीं है । इसीको दृष्टिमें रखते हुए श्रीउत्पलाचार्य भगवान्‌से प्रार्थना करते हैं —

शक्तिपातसमये विचारणं प्राप्तमीश न करोषि कर्हिचित् ।
अद्य मां प्रति किमागतं यतः स्वप्रकाशनविधौ विलम्बसे ॥

(शिवस्तोत्रावली १३ । ११)

'हे ईश्वर ! कृपाशक्तिपातके अवसरपर आप कभी भी प्रसङ्गतः प्राप्त पात्रापात्रका विचार नहीं करते; फिर मेरे विषयमें आज ऐसी कौन-सी बात आ गयी, जो अपने प्रकाशनमें विलम्ब कर रहे हैं ।'

यहाँ एक शङ्का होना स्वाभाविक है कि यदि भगवान् बिना किसी कारणके ही कृपा करके किसीको मोक्ष प्रदान कर देते हैं (चाहे वह पात्र हो या न हो) और किसीको नहीं तो इस प्रकार उनमें विषमताका दोष अपरिहार्य हो जायगा ।

किंतु बात ऐसी नहीं है । जब एक ही तत्त्व स्वेच्छासे अपनेद्वारा अपनेमें स्वात्मरूप अनन्त जगदण्डोंका निर्माण करके उनमें विद्यमान अगणित वैचित्र्यमय प्रमेयों (पदार्थों) एवं प्रमाताओंके रूपमें प्रकाशित होता है तो ऐसी स्थितिमें विषमताको कोई अवसर नहीं हो सकते । महामाहेश्वर अभिनवगुप्त अपने एक स्तोत्रमें कहते हैं—

संसारोऽस्ति न तत्त्वतस्तनुभृतां बन्धस्य वार्तैव का
बन्धो यस्य न जातु तस्य वितथा मुक्तस्य मुक्तिक्रिया ।
मिथ्यामोहकृदेष रज्जुभुजगच्छायापिशाचभ्रमो
मा किंचित्त्यज मा गृहाण विहर स्वस्थो यथावस्थितः ॥

(अनुत्तराष्टिका २)

'यदि वस्तुतः यह संसार है ही नहीं तो शरीरधारियोंके बन्धनकी बात ही कैसी ? और जिसका कभी बन्धन ही नहीं हुआ, उस मुक्त पुरुषका मोक्ष भी व्यर्थ ही है । यह जो प्रतीत हो रहा है, वह मिथ्या मोहको उत्पन्न करनेवाला रज्जु और सर्प तथा छाया और पिशाचके समान भ्रममात्र है, अतः न कुछ ग्रहण करो और न छोड़ो, किंतु स्वस्थ होकर यथावस्थित विचरण करो ।'

संसाररूप महानाट्यके सूत्रधार परमेश्वर तथा उनकी शक्तिरूपा अपार करुणामूर्ति महानटीके लीलारहस्य, विलासवैभव एवं स्वरूपको इदमित्थं रूपमें समझनेके लिये हम सर्वथा असमर्थ हैं । अबतक इतना ही जान सके हैं कि—

शंभोर्ज्ञानक्रियेच्छाबलकरणमनःशान्तितेजःशरीर-
स्वर्लोकागारदिव्यासनवरमहिषीभोग्यवर्गादिरूपा ।
सर्वैरेतैरुपेता स्वयमपि च परब्रह्मणस्तस्य शक्तिः
सर्वाश्चर्यैकभूमिर्मुनिभिरभिनुता वेदतन्त्राभियुक्तैः ॥

(आनन्दलहरी—अप्पय्यदीक्षित ७)

'जिन्हें परब्रह्म शिवकी शक्ति कहा जाता है, वे ही शम्भुका ज्ञान, क्रिया, इच्छा, बल, करण, मन, शान्ति, तेज, शरीर, स्वर्गलोक, आवास, दिव्यासन, महारानी तथा समस्त भोग्यवर्गरूपा हैं, वे स्वयं भी इन्हीं सब गुणोंसे सम्पन्न होकर विद्यमान रहती हैं । सम्पूर्ण आश्चर्योंकी वे एकमात्र भूमि हैं । मुनिगण, वेद, तन्त्र और कविलोग उनकी वन्दना करते रहते हैं ।'

प्रभातप्रोन्मीलत्कमलवनसंचारसमये
शिखाः किञ्जल्कानां विदधति रुजं यत्र मृदुलाः ।
तदेतन्मातस्ते चरणमरुणश्लाघ्यकरुणं
कठोरा मद्वाणी कथमियमिदानीं प्रविशतु ॥

(लक्ष्मीलहरी —पण्डितराज जगन्नाथ)

'माँ ! प्रातः खिलते हुए कमलवनमें विचरण करते समय पद्मपुष्पोंके मृदुल किञ्जल्क (केसर) जिन्हें पीड़ा पहुँचाते हैं, श्लाघ्य करुणासे पूर्ण आपके उन्हीं अरुण चरणोंमें मेरी इस कठोर वाणीका व्यापार उचित नहीं, अतः अब मौनावलम्बन ही कल्याणकर है ।'

श्रीवाल्मीकि-रामायणमें भगवत्कृपा

(लेखक—डॉ० श्रीप्रभाकरजी त्रिवेदी, एम्० ए०, डी० लिट्०)

आदिकवि महर्षि वाल्मीकिका जीवन भगवत्कृपाकी विलक्षणताका एक विलक्षण उदाहरण है। अपने पूर्वजीवनका खूँखार डाकू, जिसने अनेकों हत्याएँ कीं, जीवनके उत्तरकालमें तरण-तारण बन गया। उनके जीवनमें भगवत्कृपा एक संतके माध्यमसे उतर पड़ी।

कृपानिर्मित 'संतका काव्य' भगवत्कृपाका मूर्तिमान् स्वरूप होगा, भगवत्स्वरूप ही होगा, इसमें संशयको कोई स्थान नहीं।

आइये, अब श्रीवाल्मीकि-रामायणमें भगवत्कृपाके प्रमुख प्रसङ्गोंका सिंहावलोकन करें—

महर्षि विश्वामित्रके यज्ञकी रक्षाके प्रसङ्गमें ताटका तथा सुबाहुका वध करनेके उपरान्त भगवान् श्रीरामचन्द्र श्रीलक्ष्मणजी, विश्वामित्रजी तथा कुछ अन्य ऋषियोंके साथ महाराज जनकका धनुष्यज्ञ देखने मिथिलाकी ओर चले। जनकपुरके समीप पहुँचकर एक निर्जन आश्रमके सम्बन्धमें श्रीरामचन्द्रजीद्वारा जिज्ञासा किये जानेपर महर्षि विश्वामित्रने महर्षि गौतम, अहल्या तथा इन्द्र आदिका प्रसङ्ग सुनाया—"गौतम ऋषिने इन्द्रको उसकी दुष्टताके लिये शाप देनेके पश्चात् अहल्याको भी शाप दिया कि 'तुम अनेक सहस्र वर्षोंतक वातभक्षा, निराहारा, भस्मशायिनी तथा समस्त प्राणियोंके लिये अदृश्य होकर तपस्या करती रहोगी। जब इस घोर वनमें दुर्धर्ष श्रीरामचन्द्रजीका आगमन होगा, तब उनका आतिथ्य करके तुम पवित्र होओगी।'"

सारा प्रसङ्ग सुनाकर महर्षि विश्वामित्रने भगवान् श्रीरामचन्द्रजीसे प्रार्थना की—'हे महातेजस्वी रामचन्द्र! पुण्यात्मा महर्षि गौतमके आश्रममें पधारिये तथा देवरूपिणी महाभागा अहल्याका उद्धार कीजिये।' श्रीरामचन्द्रजीके चरण-स्पर्श करते ही अहल्याका उद्धार हो गया। वह प्रसन्नचित्त हो महर्षि गौतमके पास चली गयी।

अब प्रश्न यह होता है कि यदि अनेक वर्षोंकी उग्र तपस्यामात्रसे अहल्याका उद्धार अवश्यम्भावी था तो वह कार्य श्रीरामचन्द्रजीद्वारा चरण-स्पर्शके पूर्व ही स्वतः हो जाना चाहिये था; फिर महर्षि विश्वामित्रको भगवान् श्रीरामचन्द्रजीसे अहल्याके उद्धारके लिये **'तारयैनां महाभागाम्'**—इन शब्दोंमें प्रार्थना करनेकी आवश्यकता क्यों पड़ती? अतः यह सिद्ध हुआ कि इतनी उग्र तपस्याके उपरान्त भी अहल्याके उद्धारके लिये भगवत्कृपाकी आवश्यकता थी। अहल्याके उद्धारमें भगवान् श्रीरामचन्द्रजीकी कृपा एक महत्त्वपूर्ण अङ्ग थी, जो उसके तपस्यारूप कर्मका फल नहीं था।

× × ×

जनकपुरसे लौटनेके कुछ ही समय पश्चात् महाराज दशरथकी आज्ञासे भगवान् श्रीरामचन्द्रको भगवती सीता तथा श्रीलक्ष्मणके साथ चौदह वर्षोंके लिये दण्डकारण्यका रास्ता पकड़ना पड़ा। चित्रकूट होते हुए श्रीरामचन्द्रजी अनेक ऋषियोंके आश्रमोंपर थोड़े-थोड़े समय निवास करते हुए लगभग बारह वर्षोंके उपरान्त महर्षि अगस्त्यकी आज्ञासे गोदावरीके तटपर पञ्चवटी पहुँचे। वहाँ उन्होंने अपना स्वतन्त्र आश्रम बनाया तथा सीता एवं लक्ष्मणके साथ सुखपूर्वक रहने लगे।

पञ्चवटीमें प्रवेश करते ही उनकी महाबली वृद्ध गृध्रराज जटायुसे भेंट हुई। जटायुने अपनेको महाराज दशरथका मित्र बताया तथा श्रीरामचन्द्रजीसे यह कहा कि जब कभी आप दोनों भाई आखेटके लिये आश्रमसे बाहर जायँगे, तब मैं सीताकी रक्षा करता रहूँगा।

प्रभु श्रीरामचन्द्रजी तथा श्रीलक्ष्मणने कभी ऐसा अवसर नहीं आने दिया कि एक ही साथ दोनों भाई आश्रमसे अनुपस्थित हों, किंतु एक दिन रावण तथा मारीचके षड्यन्त्रसे ऐसा समय भी आ ही गया। दोनों भाइयोंको बाध्य होकर आश्रमसे बाहर जाना पड़ा। इस अवसरका लाभ उठाकर कामरूपधारी रावण भगवती सीताको अपने आकाशगामी रथपर बलपूर्वक बैठाकर लंकाकी ओर उड़ चला। श्रीसीताजीका करुण-क्रन्दन सुनकर गृध्रराज जटायुकी तन्द्रा भङ्ग हुई। उन्होंने रावणको समझाने-बुझानेका बहुत प्रयत्न किया, किंतु उसपर उपदेशका कोई प्रभाव न देखकर उन्होंने युद्ध करनेका निश्चय किया। उन्होंने रावणके सारथि तथा आकाशचारी रथके खचरोंको मार गिराया, उसका रथ छिन्न-भिन्न कर दिया तथा रावणको भी क्षत-विक्षत कर दिया। अन्ततः वे रावणके तीक्ष्ण खड्गसे विच्छिन्नपक्ष हो रक्तसे लथपथ पृथ्वीपर गिर पड़े।

भगवान् श्रीरामचन्द्र तथा श्रीलक्ष्मण मारीचको मारकर लौटे, आश्रमको सूना पाकर वे अनेक प्रकारसे विलाप करते हुए श्रीसीताको ढूँढ़ने लगे। सभी सम्भावित स्थानोंपर ढूँढ़ते-ढूँढ़ते जब वे जटायुके पास पहुँचे, तब उससे उन्हें इतना ही पता चल पाया कि रावण सीताको लेकर दक्षिण दिशाकी ओर गया है। श्रीरामचन्द्रजी तथा लक्ष्मणजी जटायुकी मृत्युसे अत्यन्त दुःखी हुए। इन्होंने

उसका पिताके समान दाह-संस्कार किया, पिण्डोदक दिया तथा कहा—'हे महाबलशाली गृध्रराज! मेरेद्वारा संस्कृत होकर तथा मेरी आज्ञासे जो गति यज्ञशील लोगोंको प्राप्त होती है, आजीवन अग्निमें हवन करनेवालोंको जो गति मिलती है, जो गति भूमिदान करनेवालोंकी होती है तथा समर-भूमिमें पीठ न दिखलानेवालेको जिन अत्युत्तम लोकोंकी प्राप्ति होती है, तुम उन सभी गतियों तथा लोकोंको प्राप्त करो।'*

यहाँ विचारणीय विषय यह है कि जटायु एक परायी स्त्रीके सतीत्व तथा प्राणोंकी रक्षाके लिये धर्मयुद्धमें अपने प्राणोंकी आहुति देनेके कारण उस गतिके लिये स्वतः अधिकारी था, जो समर-भूमिमें पीठ न दिखलानेवालोंको मिलती है। इसमें भगवान् श्रीरामचन्द्रजीकी कृपाकी कोई आवश्यकता नहीं दीखती, किंतु न तो उसने कभी भूमिका दान किया था, न गृध्र होनेके कारण शास्त्रतः उसे 'आहिताग्नि' या 'यज्ञशील' होनेका अधिकार था। अतः इन तीन अतिरिक्त सद्गतियोंकी प्राप्तिके लिये वरदानोंकी वर्षा करना भगवान् श्रीरामचन्द्रजीकी विशुद्ध एवं अद्भुत अहैतुकी कृपाका ज्वलन्त उदाहरण है।

× × ×

सीताजीको ढूँढ़ते हुए, दुर्गम वनोंसे ढँके हुए पहाड़ोंको पार करते हुए प्रभु श्रीरामचन्द्र तथा श्रीलक्ष्मण चार-पाँच महीने बाद ऋष्यमूक पर्वतके पास पहुँचे। वहाँ पहुँचते ही पवनकुमार श्रीहनुमानजीसे उनकी भेंट हुई तथा उनके ही प्रयाससे श्रीरामचन्द्रजी तथा सुग्रीवमें (अग्निको साक्षी देकर) प्रगाढ़ मित्रताकी स्थापना हुई। श्रीरामचन्द्रजीने उसी दिन सूर्यास्तके पहले वाली-वधकी प्रतिज्ञा की तथा सुग्रीवने राज्यारोहणके पश्चात् समस्त वानरी सेनाको भेजकर सीताके अन्वेषणका वचन दिया।

भगवान् श्रीराम, श्रीलक्ष्मण, सुग्रीव तथा सुग्रीवके हनुमदादि सचिव किष्किन्धाकी ओर बढ़े। उसी दिन सूर्यास्तके पूर्व श्रीरामचन्द्रजीने वालीका वध करके अपनी प्रतिज्ञा पूर्ण की। शेष कार्य सुग्रीव तथा उसके सचिवोंपर छोड़कर श्रीरामचन्द्रजी तथा लक्ष्मणजीको सीधे प्रस्रवणगिरिपर लौट आना चाहिये था, किंतु उन्होंने ऐसा न किया। उन्हें मृत्युके समय तड़फड़ाते हुए खूनसे लथपथ वालीके पास पहुँचकर उसके अत्यन्त आक्रोशपूर्ण आक्षेपोंको शान्तचित्तसे सहन करते रहनेकी क्या आवश्यकता थी? यह अहैतुकी भगवत्कृपाका उदाहरण नहीं तो और क्या है? उस समय वालीके मनमें श्रीराम तथा सुग्रीवके प्रति भीषण द्वेषाग्निकी ज्वाला जल रही थी। ऐसी मानसिक अवस्थामें मरनेवालोंको शान्ति नहीं मिलती। प्रभु श्रीरामचन्द्रने बड़े शान्त चित्तसे उसे बताया कि छोटे भाईकी पत्नीके साथ दुर्व्यवहार करनेका दण्ड शास्त्रतः प्राण-दण्ड ही होता है। भगवान् श्रीरामचन्द्रजीने समस्त भूमण्डलका राजा होनेके नाते उसे प्राणदण्ड दिया था। इस प्रकार इस दण्डसे वह पापमुक्त तो हुआ ही, साथ-ही-साथ प्रभुके हाथोंसे मरकर परमपदका अधिकारी भी बन गया। मरते समय उसकी बुद्धि परम पवित्र हो गयी। सुग्रीव तथा भगवान् श्रीराम—दोनोंके प्रति उसका द्वेष-भाव सर्वथा लुप्त हो गया। मृत्युके पूर्व उसने सुग्रीवको बुलाकर अपनी इन्द्रप्रदत्त काञ्चनमाला अर्पित की तथा अङ्गदको श्रीरामचन्द्रजीको सौंपकर वह इस लोकसे प्रस्थान कर गया। वालीके कल्याणके लिये तथा सुग्रीवके प्रति आत्मीयताके कारण कठोर वचन सहना भगवान् श्रीरामचन्द्रजीकी अहैतुकी कृपाका ज्वलन्त उदाहरण है।

× × ×

श्रीरामचन्द्रजी तथा लक्ष्मणजी अपनी अपार वानरी सेनाके साथ समुद्रके उत्तरी तटपर पहुँचे। 'समुद्र कैसे पार किया जाय?'—सभी चिन्तामग्न थे। इसी समय विभीषणने अपने चार सचिवों-सहित आकाशमें स्थित रहते हुए ही रावणके छोटे भाईके रूपमें अपना परिचय दिया तथा श्रीरामचन्द्रजीसे शरणकी याचना की। विभीषणके प्रस्तावपर मन्त्रणा प्रारम्भ हुई। औरोंकी बात ही क्या, एक श्रीहनुमानको छोड़कर वृद्ध एवं परम बुद्धिमान् जाम्बवान्तकने विभीषणपर लेशमात्र भी विश्वास न करते हुए उसके वध या बन्धनकी सम्मति प्रदान की। सबकी बात सुनकर भगवान् श्रीरामचन्द्रजीने कहा—''नीतिके अनुसार आपलोगोंकी सलाह उचित है, परंतु 'मैं तुम्हारा हूँ' ऐसा कहकर जब भी कोई मेरी शरणमें आता है तो मैं उसे अभयदान दे देता हूँ। यह मेरा व्रत है।''† ऐसा कहकर उन्होंने विभीषणको शरण ही नहीं दी, उन्हें लंकेश कहकर भी पुकारा तथा अपने सचिवोंमें प्रमुख स्थान प्रदान किया। जिस रावणके एक छोटे-से सेनानी मारीचके षड्यन्त्रसे सीताका हरण हुआ तथा श्रीरामचन्द्रजी और लक्ष्मणजीके कष्टोंकी कोई सीमा नहीं रही, उसीके छोटे भाई शरणागत पर इतना विश्वास करना भगवान्की अहैतुकी कृपाका उदाहरण नहीं तो और क्या है?

भगवत्कृपाको अहैतुकी माना जाना सर्वथा उचित है। भगवान् इसी कृपाके द्वारा जीवको सहज कृतार्थ करते रहते हैं।

* या गतिर्यज्ञशीलानामाहिताग्नेश्च या गतिः। अपरावर्तिनां या च या च भूमिप्रदायिनाम्॥
मया त्वं समनुज्ञातो गच्छ लोकाननुत्तमान्। गृध्रराज महासत्त्व संस्कृतश्च मया व्रज॥ (वा० रा० ३।६८।२९-३०)

† ... प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते। अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद् व्रतं मम॥ (वा० रा० ६।१८।३३)

श्रीमद्भगवद्गीतामें भगवत्कृपाका स्वरूप

(लेखक—पं० श्रीकुबेरनाथजी शुक्ल)

श्रीमद्भगवद्गीता विश्वका सर्वोत्तम एवं सर्वमान्य ग्रन्थ है। भगवत्कृपाका स्वरूप जैसा गीतामें अङ्कित है, अन्यत्र दुर्लभ है। कुरुक्षेत्रकी युद्धभूमिमें भगवान् श्रीकृष्णके प्रिय मित्र और भक्त अर्जुन मोहान्धकारमें मग्न होकर किंकर्तव्यविमूढ़-से हो गये। भक्तवत्सल भगवान्‌को उनपर दया आ गयी और उन्होंने भक्तके शोक और मोहकी निवृत्तिके लिये गीताज्ञानका उपदेश किया।

वेद, उपनिषद्, सांख्य-योग, कर्मयोग एवं विविध दर्शन-शास्त्रोंके गम्भीर और विशद विवेचनको गीतामें सरल और सहज सुबोध भाषामें अङ्कित किया गया है। ज्ञान, कर्म और भक्तिका निरूपण प्रायः सभी शास्त्रोंमें हुआ है। भगवद्गीतामें भी स्पष्टरूपसे ज्ञान, कर्म और भक्तिका समुच्चय लक्षित होता है। ज्ञानका महत्त्व सर्वमान्य है, वह मुक्तिका साधन माना गया है। '(अर्जुन!) ज्ञानरूप अग्नि सम्पूर्ण कर्मोंको भस्समय कर देता है। इस संसारमें ज्ञानके समान पवित्र करनेवाला निःसंदेह (कुछ भी) नहीं है। ज्ञानको प्राप्त होकर तत्क्षण (भगवत्प्राप्तिरूप) परम शान्तिको प्राप्त हो जाता है।'

ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुते तथा॥
न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते।
ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति॥

(गीता ४। ३७–३९)

—आदि वचनोंद्वारा ज्ञानकी महिमाका विशदरूपसे वर्णन किया गया है और उसे 'परा शान्ति'का माध्यम बतलाया गया है। इसी प्रकार इसमें कर्म और भक्तिका महत्त्व वर्णित है। कुछ लोग गीताको कर्मयोगशास्त्र मानते हैं और वह सर्वथा उचित भी है। जिस स्थितिमें और जिस भूमिमें गीताज्ञानका उपदेश किया गया है, उससे अधिक महत्त्वपूर्ण कर्मयोगका अवसर और क्या हो सकता है? संस्कृत एवं कतिपय अन्य वाङ्मयमें योगका महत्त्व विस्तारसे वर्णित है। भगवद्गीतामें भी योगीको तपस्वी, ज्ञानी और कर्मीसे बढ़कर माना गया है। जो संसारसे विमुख होकर केवल परमात्माको ही चाहता है, उसके लिये भगवान् कहते हैं कि सम्पूर्ण योगियोंमें भी जो श्रद्धावान् योगी मुझमें लगे हुए अन्तरात्मासे मुझको निरन्तर भजता है, वह मुझे परम श्रेष्ठ मान्य है—

तपस्विभ्योऽधिको योगी ज्ञानिभ्योऽपि मतोऽधिकः।
कर्मिभ्यश्चाधिको योगी तस्माद्योगी भवार्जुन॥
योगिनामपि सर्वेषां मद्गतेनान्तरात्मना।
श्रद्धावान् भजते यो मां स मे युक्ततमो मतः॥

(गीता ६। ४६-४७)

गीताके अनुसार वेद, यज्ञ, तप और दानके अनुष्ठानादिसे जो पुण्यराशि संचित होती है, उसका अतिक्रमण कर योगी सर्वश्रेष्ठ स्थान अर्थात् ब्रह्मको प्राप्त करता है—

वेदेषु यज्ञेषु तपःसु चैव दानेषु यत्पुण्यफलं प्रदिष्टम्।
अत्येति तत्सर्वमिदं विदित्वा योगी परं स्थानमुपैति चाद्यम्॥

(८। २८)

यह सब सत्य है; परंतु भगवद्गीतामें भक्तिका स्थान सर्वोच्च है। भगवत्कृपाकी अभिव्यक्ति जैसी सुगमतासे भक्ति-द्वारा होती है, वैसी तप, योग, ज्ञान और कर्म आदि किसी भी साधनद्वारा नहीं हो सकती। उनका मार्ग अत्यन्त जटिल प्रतीत होता है। सकाम-भाव होनेसे स्वल्प प्रमादसे भी वहाँ अनिष्ट हो सकता है और सहस्रों वर्षोंकी साधना एवं तपस्या अपना फल देकर नष्ट हो जाती है।

इसके विपरीत भगवद्भक्तोंकी स्थिति निराली होती है। वे राजमार्गके पथिक हैं, वहाँ किसी प्रकारका भय नहीं है। उनके ऊपर मङ्गलमय भगवान्‌के वरद हस्तकी छाया सदा बनी रहती है। भक्तोंको शुद्ध मनसे प्रभुके गुणोंका गान करना है। उनके पवित्र चरित्र एवं गाथाओंका श्रवण करना और कराना है। भगवत्सम्बन्धी विविध प्रसङ्गोंको सुनना और सुनाना है। प्रभुके नामका कीर्तन और गान करना है। अहंभावको दूर कर अपनेको प्रभुके चरणोंमें न्योछावर कर देना है। जो कुछ करना है, प्रभुके लिये ही करना है। प्रभुके लिये ही जीना और मरना है। अपना कुछ नहीं, सब कुछ प्रभुका है—

इस भावनासे भक्तजन प्रभुके आश्रित हो निर्बाध गतिसे विचरते हैं। वे शीघ्र ही उस शाश्वत परम पदको प्राप्त करते हैं, जहाँसे पुनः लौटना नहीं पड़ता। जहाँ जन्म और मृत्युका भय नहीं है, किसी प्रकारका राग, द्वेष, पाखण्ड, ईर्ष्या, कलह और संघर्ष नहीं है। वह दिव्य स्थान सूर्य, चन्द्र और अग्निकी परिधिसे बाहर है—

न तद्भासयते सूर्यो न शशाङ्को न पावकः।
यद्गत्वा न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम॥

(गीता १५।६)

भगवद्भक्तोंको जीवन-निर्वाहके लिये चिन्ता नहीं करनी पड़ती। परम पिता परमेश्वर सर्वशक्तिमान्, सर्वज्ञ और सर्वव्यापक हैं। वे अन्तर्यामी और लोकरक्षक हैं। वे भक्तोंकी विशेषरूपसे रक्षा करते हैं। भगवद्गीताका यह उद्घोष भक्तोंका जीवन और प्राण है—'जो भक्त अनन्य भावसे मेरा चिन्तन करते हुए उपासना करते हैं, मैं सदा उनके योगक्षेमका भार वहन करता हूँ।'

अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्॥

(९।२२)

कर्मोंमें आसक्ति ही बन्धन है। कर्मपाश जन्म और मरणका कारण है, संसारका बीज है। विविध कर्मोंके कारण मानव मायाजालमें फँस जाते हैं, जिससे उनका उद्धार होना बड़ा कठिन है। प्रभुके अतिरिक्त मायाजालके भेदनमें कौन समर्थ है? भक्तजन अपनी जीविका आदिके भी सम्पूर्ण कर्मोंको प्रभुके समर्पित कर देते हैं और प्रभु उन्हें कर्मपाशके बन्धनसे मुक्त कर देते हैं—'भक्तजन! तुमलोग जो कुछ शास्त्रविहित कर्तव्य करते हो, उन्हें मुझे समर्पित कर दो। मैं तुमलोगोंको शुभाशुभ कर्मबन्धनोंसे मुक्त कर दूँगा।' यही तो भगवत्कृपा है—

यत्करोषि यदश्नासि यज्जुहोषि ददासि यत्।
यत्तपस्यसि कौन्तेय तत्कुरुष्व मदर्पणम्॥
शुभाशुभफलैरेवं मोक्ष्यसे कर्मबन्धनैः।
संन्यासयोगयुक्तात्मा विमुक्तो मामुपैष्यसि॥

(गीता ९।२७-२८)

भगवान् अपने भक्तोंपर किस प्रकार अनुकम्पा करते हैं, इसका सुन्दर वर्णन दशम अध्यायमें मिलता है। भक्त मानते हैं कि प्रभु विश्वके आदिकारण हैं और यह समस्त दृश्य-जगत् प्रभुकी कृपासे ही फूल-फल रहा है। ऐसा समझकर वे श्रद्धा-भक्तिसे प्रभुका पूजन और भजन करते हैं। वे भक्तोंकी मण्डलीमें प्रभुका गुणगान करते हैं और परस्पर एक-दूसरेको भगवत्सम्बन्धी बातें समझाते-बुझाते हैं। प्रभुका नाम-कीर्तन, गुणगान आदि करते हुए वे प्रेमपूर्वक सदा भगवान्‌की चर्चा करते रहते हैं और इसीमें आनन्दका अनुभव करते हैं। भक्तवत्सल भगवान् ऐसे भक्तोंपर कृपा करके उन्हें बुद्धियोग प्रदान कर अपने दिव्य ज्ञानके आलोकसे उनके अज्ञानान्धकारका नाश करते हैं, जिससे वे प्रभुको प्राप्त करते हैं—

अहं सर्वस्य प्रभवो मत्तः सर्वं प्रवर्तते।
इति मत्वा भजन्ते मां बुधा भावसमन्विताः॥
मच्चित्ता मद्गतप्राणा बोधयन्तः परस्परम्।
कथयन्तश्च मां नित्यं तुष्यन्ति च रमन्ति च॥
तेषां सततयुक्तानां भजतां प्रीतिपूर्वकम्।
ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते॥
तेषामेवानुकम्पार्थमहमज्ञानजं तमः।
नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता॥

(गीता १०।८—११)

कुरुक्षेत्रके युद्धस्थलमें अर्जुन गीताका उपदेश हृदयंगम करके नम्रतापूर्वक भगवान् श्रीकृष्णसे निवेदन करते हैं—'प्रभो! मैं आपके दिव्य रूपको देखना चाहता हूँ।' कृपालु भगवान्‌ने अर्जुनको दिव्य-दृष्टि प्रदान की और अपना विश्वरूप दिखाया। अर्जुन उस दिव्य और अत्यन्त विशाल रूपको देखकर अत्यन्त भयभीत हो गये और हाथ जोड़कर बोले—'प्रभो! मैं शरणागत हूँ। मैं आपके इस दिव्य रूपको देखकर अत्यन्त भयविह्वल हो गया हूँ। कृपया मुझे शङ्ख-चक्र-गदा-पद्मधारी रूपमें दर्शन दीजिये।' घबराये हुए अर्जुनपर कृपावृष्टि करते हुए भगवान् कहते हैं—'अर्जुन! अनुग्रहपूर्वक मैंने अपनी योगशक्तिके प्रभावसे यह अपना परम तेजोमय सबका आदि और सीमारहित विराट् रूप तुम्हें दिखाया है, जो तुम्हारे सिवा दूसरे किसीसे पहले नहीं देखा गया (११।४७)।' भक्तवत्सल भगवान् आश्वासन देते हुए पुनः सौम्यरूप धारणकर धैर्य बँधाते हैं और कहते हैं—'अर्जुन! मेरे दिव्य

चतुर्भुजरूपको देखनेके लिये देवगण भी लालायित रहते हैं। मैंने दया करके ही तुम्हें यह दिव्य रूप दिखाया है, जिसका दर्शन दुर्लभ है। मेरे इस रूपको न वेदोंसे, न तपसे, न दानसे और न यज्ञसे देखा जा सकता है। केवल मेरी अनन्य भक्तिसे ही भक्तजन इस रूपका दर्शन और ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं—

नाहं वेदैर्न तपसा न दानेन न चेज्यया।
शक्य एवंविधो द्रष्टुं दृष्टवानसि मां यथा॥
भक्त्या त्वनन्यया शक्य अहमेवंविधोऽर्जुन।
ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्त्वेन प्रवेष्टुं च परंतप॥
(११। ५३-५४)

भगवान्‌ने प्रसन्न होकर अर्जुनको गूढ़से गूढ़तम रहस्यकी बातें गीता-ज्ञानके अन्तर्गत कह दीं। भगवान्‌ने कहा—'अर्जुन! तुम विवेक-बुद्धिसे समस्त कार्योंके फलको मुझे समर्पित करो और शरणागत हो जाओ। मेरे प्रसादसे तुम समस्त संकटोंको पार कर जाओगे। यदि अहंकारके वशमें होकर मेरी बात न मानोगे तो नष्ट हो जाओगे।' (१८। ५७-५८) उन्होंने कृपापूर्वक पुनः कहा—'तुम मनसा, वाचा, कर्मणा मेरे शरणागत हो जाओ। तुम मेरी कृपासे शाश्वत पदको प्राप्त करोगे। मैं तुम्हें समस्त पापोंसे मुक्त कर दूँगा।'

भगवान्‌के इस दिव्य उपदेशका अर्जुनपर गम्भीर प्रभाव पड़ा। वे शरणागत हो गये। उनके संशय और मोहका उच्छेद हो गया। उन्होंने गाण्डीवको धारण कर लिया और कहा—'अच्युत! आपके कृपा-प्रसादसे मेरे मोह और संदेहका नाश हो गया। मुझे अपने कर्तव्यका ज्ञान हो गया। अब मैं आपके आदेशानुसार कार्य करनेको प्रस्तुत हूँ।'—

नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्धा त्वत्प्रसादान्मयाच्युत।
स्थितोऽस्मि गतसंदेहः करिष्ये वचनं तव॥
(गीता १८। ७३)

भगवद्गीतामें प्रभुकी कृपाका समुद्र निरन्तर उद्वेलित हो रहा है। अर्जुनको जिज्ञासु भक्तोंका प्रतीक मानना चाहिये। उनकी शङ्काओंमें वस्तुतः मानवजातिकी शङ्काएँ अन्तर्हित हैं। भगवान्‌ने कृपापूर्वक जो उपदेश अपने सखा और भक्त अर्जुनको दिये हैं, वे मानवजातिके लिये शाश्वत उपयोगी हैं। अनन्य-शरणागतिके भावसे अपनेको प्रभुके समक्ष दीन-भावसे समर्पण करना गीता-शास्त्रका सिद्धान्त है और मानव-जातिके उद्धारके लिये सर्वोत्तम विधान है।

द्वापरयुगके अन्त और कलियुगके आरम्भमें भगवान्‌ने अनादिकालका यह अविनाशी उपदेश, जो इस पृथ्वीलोकमें लुप्त-प्राय हो गया था—केवल कृपा करके दिया है। भगवान् कहते हैं—'अविनाशी और गुप्त रखनेयोग्य पुरातन योग आज मैंने तुमसे कहा है; क्योंकि तुम मेरे भक्त और प्रिय सखा हो'—

स एवायं मया तेऽद्य योगः प्रोक्तः पुरातनः।
भक्तोऽसि मे सखा चेति रहस्यं ह्येतदुत्तमम्॥
(गीता ४। ३)

गीताका दिव्य उपदेश अर्जुनको निमित्त बनाकर समस्त जीवोंके लिये दिया गया है। इस छोटे-से ग्रन्थमें सभी विषयोंका जैसा साङ्गोपाङ्ग वर्णन है, वैसा किसी अन्य ग्रन्थमें देखनेको नहीं मिलता। इसलिये भगवत्कृपाका आश्रय लेकर इस उपदेशके अनुसार अपना जीवन बनाना चाहिये। यही इस ग्रन्थका मुख्य सार है। स्वयं श्रीभगवान् कहते हैं—

'जो पुरुष मुझमें परम प्रेम करके इस परम रहस्ययुक्त गीता-शास्त्रको मेरे भक्तोंमें कहेगा, वह मुझको ही प्राप्त होगा, इसमें संदेह नहीं है'—

य इमं परमं गुह्यं मद्भक्तेष्वभिधास्यति।
भक्तिं मयि परां कृत्वा मामेवैष्यत्यसंशयः॥
(गीता १८। ६८)

भगवद्गीताका प्रचार करनेवालोंपर भगवान्‌की यह रहस्यमयी कृपा है।

भक्त और भगवान्‌के संवादका अध्ययन करनेमात्रसे भगवान् पूजित हो जाते हैं और श्रद्धासे श्रवण करनेवाले मुक्त हो जाते हैं। यह कैसी विलक्षणता है (गीता १८। ७०-७१)।

गीताका यह कृपापूर्ण दिव्य संदेश अनन्तकालतक मानव-जातिको संजीवनौषधके समान जीवन और अमृतत्व प्रदान करता रहेगा।

श्रीमद्भागवतमें भगवत्कृपा

(लेखक--श्रीव्योमकेश भट्टाचार्य)

ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानिति शब्द्यते ॥
(श्रीमद्भा० १ । २ । ११)

तत्त्ववेत्ता अद्वितीय ज्ञानको ही तत्त्व कहते हैं, उसीको वेदान्त ब्रह्म, योगशास्त्र परमात्मा और भक्तिशास्त्र भगवान् कहते हैं। पूर्ण ऐश्वर्य, वीर्य, यश, श्री, ज्ञान और वैराग्य जिनमें रहते हों, उन्हें 'भगवान्' कहा जाता है। अष्टादश पुराणोंमेंसे जिस पुराणमें श्रीवेदव्यासजीने भगवान्‌की लीलाका कीर्तन किया है—

इदं भागवतं नाम पुराणं ब्रह्मसम्मतम्।
(पद्मपु० श्रीमद्भा०-मा० २ । ७१)

'वह यही ब्रह्मसम्मत श्रीमद्भागवतपुराण है।'

उसी श्रीमद्भागवतमें उल्लेख है—

निगमकल्पतरोर्गलितं फलं शुकमुखादमृतद्रवसंयुतम्।
पिबत भागवतं रसमालयं मुहुरहो रसिका भुवि भावुकाः ॥
(१ । १ । ३)

'अहो भावुक रसिकगण ! यह श्रीमद्भागवत वेदरूप कल्पवृक्षका पका हुआ फल है, श्रीशुकदेवरूप तोतेके मुखका सम्बन्ध हो जानेसे अमृत-रससे परिपूर्ण हो गया है और रसका भण्डार है; यह पृथ्वीपर ही सुलभ है, अतः आपलोग जीवनपर्यन्त इसका बारंबार पान करते रहें।'

सन् १९४६ ई०की बात है । इंग्लैंडमें पैदा हुए भारतीय सनातनधर्ममें दीक्षित एक पङ्गु भक्तके सम्पर्कमें आना हुआ । वे केदार-बद्रीका दर्शन करके काशीधाममें लौटे थे । वे हाथ-पैरसे विकल थे, बड़े कष्टसे रास्ता चलते थे। ऐसी अवस्थामें किस प्रकार उन्होंने इन सारे दुर्गम तीर्थोंका दर्शन किया, यह पूछनेपर उन्होंने उत्तर दिया—

'पङ्गुं लङ्घयते गिरिम्।'

मैं स्तम्भित हो गया—एक विदेशीके मुखसे भगवत्कृपाकी वाणी सुनकर । क्या भगवत्कृपाका अनुभव एक आकस्मिक संयोग है ? नहीं, कृपाका अनुभव होता है शरणागतिसे । शरणागति समस्त साधनाओंकी परिणति है । श्रीभगवान्‌की वाणी है—

सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
(गीता १८ । ६६)

'सारे धर्मोंका परित्याग करके तुम केवल मेरी शरणमें आ जाओ, मैं तुम्हारी रक्षा करूँगा।' दूसरे रास्ते मत जाना। नहीं तो विडम्बनामें पड़ना पड़ेगा।

श्रीमन्महाप्रभु चैतन्यदेवने श्रीसनातन गोस्वामीको शिक्षा देते समय कहा था—

शरणागत अकिंचनेर एकइ लक्षण।
तार मध्ये प्रवेशये आत्मसमर्पण ॥
(चै० च० मध्य० २२ । ५३)

आत्मसमर्पण ही सच्ची शरणागति है। शरणागतके तीन भेद हैं—शरण्य, ज्ञानी और सेवानिष्ठ। कोई भयभीत होकर सर्वतोभावेन रक्षक जानकर श्रीभगवान्‌से कृपाकी प्रार्थना करता है। कोई भगवत्कृपाके प्रभावसे अवगत हो मोक्ष-वासनाका परित्याग करके उनका आश्रय लेता है और कोई साधुके मुखसे श्रीभगवान्‌की नव-नव रस-माधुरी श्रवण करके उनकी कृपाका आश्रय लेता है।

भगवत्कृपाशक्ति हमारे चित्तको परिशुद्ध करती है। कृपाका यह खेल विस्मयकारी है। भगवान्‌के प्रति आत्मसमर्पण होते ही अन्तःकरणमें कृपाकी अनुभूति होने लगती है । कृपाशक्ति ही भक्तको प्रभुके चरणकमलोंके समीप अग्रसर करती है । भगवान् जिसपर कृपा करते हैं, वह आनन्द-विभोर हो जाता है। मुण्डकोपनिषद्‌में कहा गया है—

यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनुं स्वाम् ॥
(३ । २ । ३)

वे कृपा करके जिस भक्तके समीप उपस्थित होते हैं, वही उनको प्राप्त करके धन्यातिधन्य हो उठता है। भगवान् सर्वत्र पूर्णरूपसे विराजमान हैं, फिर भी भक्तोंको श्रीकृष्ण द्वारकामें पूर्ण, मथुरामें पूर्णतर और वृन्दावनमें पूर्णतम दीखते हैं। वृन्दावन प्रेमभूमि है और अन्यान्य स्थल ऐश्वर्यक्षेत्र हैं। व्रजमण्डलमें भगवत्कृपा गुह्य है । प्रेमाधिक्यमें, वात्सल्यरसमें परिपूर्ण व्रजवासियोंके सामने वह कृपा अप्रकट है। व्रजवासियोंकी साधना मदीया रतिमें है। व्रजमें श्रीकृष्ण व्रजवासीके आश्रित हैं।

महाराज परीक्षित्‌ने आनन्द-विभोर होकर कहा था—

नन्दः किमकरोद् ब्रह्मन् श्रेय एवं महोदयम्।
यशोदा च महाभागा पपौ यस्याः स्तनं हरिः॥
(श्रीमद्भा० १० । ८ । ४६)

'ब्रह्मन्! गोपराज नन्दने ऐसा कौन-सा मङ्गलमय एवं पुण्य कार्य किया था, जिसके परिणामस्वरूप श्रीकृष्णको पुत्ररूपमें प्राप्त किया। महाभागा यशोदाने ही कौन-सा पुण्य-कर्म किया, जिसके फलस्वरूप श्रीहरिने पुत्ररूपमें उनका स्तन पान किया?'

न चान्तर्न बहिर्यस्य न पूर्वं नापि चापरम्।
पूर्वापरं बहिश्चान्तर्जगतो यो जगच्च यः॥
(श्रीमद्भा० १०। ९। १३)

'जिनका अन्तर नहीं, बाह्य नहीं और पूर्वापर नहीं है, जो जगत्के अन्तर, बाह्य और पूर्वापर सब कुछ हैं तथा जो स्वयं जगत्-स्वरूप हैं, उन्हीं भगवान्को रज्जुद्वारा बाँधते समय माता यशोदाको रज्जुमें दो अङ्गुलकी कमी दीख पड़ी। तब—

स्वमातुः स्विन्नगात्राया विस्रस्तकबरस्रजः।
दृष्ट्वा परिश्रमं कृष्णः कृपयाऽऽसीत् स्वबन्धने॥
(श्रीमद्भा० १०। ९। १८)

श्रीकृष्णने जननीको परिश्रान्त देखा, तब वे कृपापरवश हो स्वयं बन्धनमें बँध गये। कुबेरके पुत्र नलकूबर और मणिग्रीवपर, जो शापवश वृक्षके रूपमें खड़े थे, कृपा करके उन्हें वृक्षयोनिसे मुक्त किया। अघासुरका उद्धार करते समय एक सत्त्वमय अनिर्वचनीय ज्योति अघासुरके शरीरसे निकलकर श्रीकृष्णमें विलीन हो गयी—

पीनाहिभोगोत्थितमद्भुतं मह-
ज्ज्योतिः स्वधाम्ना ज्वलयद् दिशो दश।
प्रतीक्ष्य खेऽवस्थितमीशनिर्गमं
विवेश तस्मिन् मिषतां दिवौकसाम्॥
(श्रीमद्भा० १०। १२। ३३)

विश्वस्रष्टा ब्रह्माजीने जब अपनी मायासे व्रज-बालक और धेनु-वत्सका अपहरण कर लिया तो श्रीकृष्णने उसी रूपके बालक और वत्सोंकी सृष्टि कर दी। यह दृश्य देखकर ब्रह्माजी श्रीकृष्णकी पूर्वदृष्ट महिमाका पुनः-पुनः स्मरण करते हुए उठकर श्रीकृष्णके चरणोंमें बारंबार प्रणिपात करने लगे—

उत्थायोत्थाय कृष्णस्य चिरस्य पादयोः पतन्।
आस्ते महित्वं प्राग्दृष्टं स्मृत्वा स्मृत्वा पुनः पुनः॥
(श्रीमद्भा० १०। १३। ६३)

विश्वस्रष्टा ब्रह्माजीके प्रति श्रीकृष्णकी पूर्ण कृपा थी। जगदीश्वर श्रीकृष्णने कालिय और कालिय-पत्नियोंके प्रति कृपा-प्रदर्शनके पश्चात् दावानलको स्वयं पान करके व्रजवासियोंकी प्राण-रक्षा की—

इत्थं स्वजनवैक्लव्यं निरीक्ष्य जगदीश्वरः।
तमग्निमपिबत्तीव्रमनन्तोऽनन्तशक्तिधृक्॥
(श्रीमद्भा० १०। १७। २५)

मथुराके याज्ञिक ब्राह्मण श्रीकृष्णकी कृपासे वञ्चित हो गये, किंतु ब्राह्मण-पत्नियोंको भगवान्ने आश्वासन देते हुए कहा—

न प्रीतयेऽनुरागाय ह्यङ्गसङ्गो नृणामिह।
तन्मनो मयि युञ्जाना अचिरान्मामवाप्स्यथ॥
(श्रीमद्भा० १०। २३। ३२)

'(आप सब) मुझमें अपने इच्छानुसार मनोनिवेश करके शीघ्र मुझको प्राप्त होंगी।'

गोवर्धन-पर्वतपर इन्द्रयागका आयोजन हुआ। श्रीकृष्णने यज्ञको भङ्ग करके कृपापूर्वक इन्द्रको आश्वासन देते हुए कहा था—

मया तेऽकारि मघवन् मखभङ्गोऽनुगृह्णता।
मदनुस्मृतये नित्यं मत्तस्येन्द्रश्रिया भृशम्॥
(श्रीमद्भा० १०। २७। १५)

'इन्द्र! तुम्हें नित्य-निरन्तर मेरी स्मृति होती रहे, इसी हेतु मैंने तुम्हारे यज्ञको भङ्ग किया है।'

परमकारुणिक श्रीकृष्ण व्रजवासियोंके आत्मा एवं परम आत्मीय हैं, इसी कारण उन्होंने वरुणलोकसे अपने पिता नन्दजीको लाकर व्रजवासियोंको ब्रह्मसुख और वैकुण्ठवासके आनन्दका अनुभव कराया—

इति संचिन्त्य भगवान् महाकारुणिको हरिः।
दर्शयामास लोकं स्वं गोपानां तमसः परम्॥
(श्रीमद्भा० ०। २८। १४)

नित्यधाम श्रीवृन्दावन सर्वोत्कृष्ट है, यह दिखलानेके लिये ही व्रजवासियोंको वैकुण्ठलोकका दर्शन कराया गया था।

रासलीलामें व्रजगोपियोंके प्रति भगवत्कृपा परिपूर्ण है। इस कृपाका रहस्य अवर्णनीय है, वाणीके परे है, साधनसाध्य नहीं, कृपासाध्य है। लक्ष्मीजीने जैसे नारायणके वक्षःस्थलपर स्थान प्राप्त किया, वैसे ही व्रजगोपियाँ भगवान्की चरणरजकी शरणापन्न हुई हैं—

श्रीर्यत्पदाम्बुजरजश्चकमे तुलस्या
लब्ध्वापि वक्षसि पदं किल भृत्यजुष्टम्।
यस्याः स्ववीक्षणकृतेऽन्यसुरप्रयास-
स्तद्वद् वयं च तव पादरजः प्रपन्नाः॥
(श्रीमद्भा० १०। २९। ३७)

कृष्णान्वेषणतत्परा व्रजाङ्गनाएँ कालिन्दीके परम रमणीय पुलिन-प्रान्तमें बैठकर सुस्वर विरह-क्रन्दन कर रही थीं, उनके उस करुण-क्रन्दनको सुनकर दयाद्रवित प्रभु, जिन्होंने कटिप्रान्तमें पीताम्बर धारण कर रखा है, गलेमें माला पहन रखी है, जिनका मुखारविन्द मन्द-मन्द मुसकान-युक्त है, जो साक्षात् कामदेवका मन्थन करनेवाले हैं, उनके बीचमें प्रकट हो गये—

तासामाविरभूच्छौरिः स्मयमानमुखाम्बुजः ।
पीताम्बरधरः स्रग्वी साक्षान्मन्मथमन्मथः ॥
(श्रीमद्भा० १० । ३२ । २)

मथुरा-लीलामें भगवान् श्रीकृष्णने कृपापूर्वक रजकके शिरश्छेदके अन्तमें एक भक्त (दरजी) वायकको अपना सारूप्य प्रदान किया—

तस्य प्रसन्नो भगवान् प्रादात् सारूप्यमात्मनः ।
(श्रीमद्भा० १० । ४१ । ४२)

उसके बाद भक्ति-अभिलाषी सुदामा मालीको अनुगृहीत किया ।

देवकीकी अष्टम संतान कंसका वध करेगी—यह आकाश-वाणी हुई थी । इस कारण—

आसीनः संविशंस्तिष्ठन् भुञ्जानः पर्यटन् महीम् ।
चिन्तयानो हृषीकेशमपश्यत् तन्मयं जगत् ॥
(श्रीमद्भा० १० । २ । २४)

वैरानुबन्धजनित भयसे कंस उठते-बैठते, सोते-जागते, भोजन-भ्रमण आदि सब अवस्थाओंमें श्रीभगवान्का चिन्तन करते-करते समस्त जगत्को विष्णुमय देखने लगा । वही कंस कृपानिधान श्रीभगवान्के हाथसे सारूप्य-मुक्तिको प्राप्त हुआ—

ददर्श चक्रायुधमग्रतो यत-
स्तदेव रूपं दुरवापमाप ॥
(श्रीमद्भा० १० । ४४ । ३९)

परम वैरीके प्रति भी श्रीभगवान्की यह कैसी अद्भुत कृपा है!

शिशुपाल बाल्यावस्थासे ही श्रीकृष्णको परम शत्रुके रूपमें देखता था । पृथ्वीको असुरोंसे मुक्त करनेके लिये भगवान्ने तीक्ष्ण धारवाले चक्रका प्रयोग करके शिशुपालके शिरको काट डाला—

चैद्यदेहोत्थितं ज्योतिर्वासुदेवमुपाविशत् ।
पश्यतां सर्वभूतानामुल्केव भुवि खाच्च्युता ॥
(श्रीमद्भा० १० । ७४ । ४५)

'जैसे आकाशसे गिरी हुई उल्का पृथ्वीमें समा जाती है, वैसे ही सब प्राणियोंके देखते-देखते शिशुपालके शरीरसे एक ज्योति निकलकर भगवान् श्रीकृष्णमें प्रवेश कर गयी।'

द्वारका-लीलामें भगवान् श्रीकृष्णने अपने बाल-सखा सुदामाके प्रति सख्यभाव प्रदर्शित करके उनपर कृपा की थी । माता देवकीने अपने छः मृत पुत्रोंको पुनः प्राप्त करनेकी अभिलाषा की, तत्काल मातृ-शोकद्रवित करुणासिन्धु श्रीकृष्ण-ने अपने भाइयोंको माँ देवकीके समीप उपस्थित कर दिया और वे आनन्दपूर्वक माताका स्तन पान करके पुनः आकाशमार्गसे देवलोक चले गये । इसी प्रकार प्रभुने गुरु सांदीपनि मुनिके मरे हुए पुत्रको पुनः लाकर गुरुपत्नीको गुरुदक्षिणाके रूपमें प्रदान किया था ।

विश्वात्म-रूपमें श्रीभगवान्ने मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह, श्रीराम आदि दिव्य अवतार-शरीर धारण करके वेदोंका उद्धार किया तथा प्रह्लाद, विभीषण आदि प्रमुख भक्तोंके प्रति अपनी अमोघ कृपाका प्रदर्शन किया है । क्षत्रियतनय ध्रुवने कठोर तपस्या-द्वारा भगवान्की कृपा प्राप्त कर पृथ्वीका अखण्ड राज्य एवं ध्रुवलोक प्राप्त किया । विराट् जलाशयमें ग्राहके द्वारा आक्रान्त गजराजने भगवान्के शरणापन्न होकर प्रार्थना की थी—

उत्क्षिप्य साम्बुजकरं गिरमाह कृच्छ्रा-
न्नारायणाखिलगुरो भगवन् नमस्ते ॥
× × ×
तं वीक्ष्य पीडितमजः सहसावतीर्य
सग्राहमाशु सरसः कृपयोज्जहार ।
(श्रीमद्भा० ८ । ३ । ३२-३३)

हे जगन्नाथ! हे श्रवणमङ्गल! मुझपर कृपा करके मेरा उद्धार कीजिये । शरणापन्न भक्तकी प्रार्थना सुनते ही परम कारुणिक भगवान्ने सुदर्शनचक्रसे ग्राहका संहार करके कृपा-पूर्वक गजेन्द्रकी रक्षा की ।

जीवोंके प्रति श्रीभगवान्की असीम कृपा है । श्रीमद्भागवत-में इस अशेष कृपाका निदर्शन अनेक स्थलोंपर प्राप्त होता है । हम साधारण जीवोंके लिये तो इसका वर्णन करना भी सम्भव नहीं है । मनुष्यकी दृष्टि और क्षमता सीमाबद्ध है । इसी कारण असीमकी कृपाका वर्णन क्षुद्रातिक्षुद्र मानवके लिये सर्वथा असम्भव है । श्रीभगवान् नित्य, शाश्वत और अनन्त हैं । उनकी कृपाके बिना जीवका कोई अस्तित्व ही नहीं है । हम सभी उनकी कृपाके आश्रित हैं ।

अद्वैत वेदान्तमें भगवत्कृपाका स्वरूप

(लेखक—पं० श्रीवैद्यनाथजी अग्निहोत्री)

अद्वैत वेदान्त-सिद्धान्तमें ब्रह्म, ईश्वर, जीव, प्रकृति, इनका पारस्परिक भेद और सम्बन्ध—ये छः अनादि माने गये हैं। इनमें ईश्वर तो निर्गुण, निराकार, अखण्ड, अनन्त, परिपूर्ण, सर्वोपाधिविवर्जित, सजातीय-विजातीय-स्वगतभेदशून्य, त्रिकालाबाधित सत्-तत्त्व है तथा शुद्ध, बुद्ध, मुक्तस्वरूप समस्त प्राणियोंका आत्मा है, वह सबका नियामक, सर्वज्ञ तथा सर्वशक्तियुक्त है और जीव है नियम्य, अल्पज्ञ तथा अल्पशक्तियुक्त। ईश्वर-कृपासे ही जीवका कल्याण होता है।

वेदान्तदर्शन—(परात्तु तच्छ्रुतेः २। ३। ४१) में ईश्वर-कृपा कही गयी है। इसके भाष्यमें भगवान् श्रीशंकराचार्यने कहा है—

'तदनुग्रहहेतुकेनैव च विज्ञानेन मोक्षसिद्धिर्भवितुमर्हति'

—उस ईश्वरके अनुग्रहरूप कारणसे ही विज्ञानद्वारा मोक्ष-सिद्धि सम्भव है। जीवद्वारा जैसे कर्म होते हैं, उनके अनुसार ही ईश्वर शुभाशुभ फल देते हैं और कर्मफल देना ही उनकी कृपा है।

इसपर कुछ लोग आक्षेप करते हैं—'यदि ईश्वर कर्मफल-प्रदाता हैं तो इसमें उनकी क्या कृपा हुई। यह तो उनका कर्तव्य ही है। वे कर्मफल न दें, यह सम्भव नहीं; क्योंकि फिर ईश्वरका नियामकत्व तथा ईश्वरत्व ही समाप्त हो जायगा। अतः कर्मफल देना कर्तव्य है, कृपा नहीं।' इसका उत्तर है कि ईश्वरपर किसीका शासन नहीं है—न जीवका और न किसी अन्य शक्तिका। वे परतन्त्र नहीं हैं; प्रत्युत अपनी स्वतन्त्रशक्ति-द्वारा स्वयं शासन करते हैं, कर्मानुसार न्याय प्रदान करते हैं। उन ईश्वरके न्यायमें कृपा ओत-प्रोत है; क्योंकि ईश्वरमें न किसी प्रकारका पक्षपात है, न स्वार्थ है न विषमता। जीवोंकी स्वाभाविक हितैषितासे पाप-कर्मका फल देकर उनको शुद्ध करना और आगेसे पुनः पापमें प्रवृत्त न हों, ऐसी चेतावनी देना उनकी परम कृपालुता है। इसी प्रकार शुभकर्मोंका फल सुख देकर पुण्य-कर्म-बन्धनसे छुड़ाना तथा निष्कामभावसे शुभकर्म करनेकी प्रेरणा एवं शक्ति प्रदान करना भी उनकी कृपाका एक उदाहरण है। उनकी महती कृपाका द्योतक है।

भोग तथा मोक्ष प्रदान करनेके लिये जगद्रचना करना भी ईश्वर-कृपा है। इससे भी अधिक कृपा है ज्ञान-प्रदाता वेदकी अभिव्यक्तिमें। वेदरूपसे स्वयं ईश्वर ही व्यक्त हैं। यह किसी जीवके कर्मफलका परिणाम नहीं है। यदि ज्ञानप्रदाता वेद न होते तो सम्भवतः जीवोंको परमानन्दस्वरूप मोक्षकी कल्पना भी न होती। 'श्वेताश्वतरोपनिषद्'में कहा गया है—

यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै।
तं ह देवमात्मबुद्धिप्रकाशं मुमुक्षुर्वै शरणमहं प्रपद्ये॥
(६। १८)

'जिन्होंने सृष्टिके आरम्भमें ब्रह्माजीको उत्पन्न किया और जो उनके लिये (जिनके द्वारा परमेश्वरविषयिणी बुद्धि उत्पन्न होती है) वेदोंका ज्ञान प्रदान करते हैं। अपनी बुद्धिको प्रकाशित करनेवाले उन देवकी मैं मुमुक्षु शरण लेता हूँ।'

भगवत्कृपाके दो हेतु होते हैं—साधन-सापेक्ष और साधन-निरपेक्ष। भगवत्कृपाका स्वरूप है—भगवान्‌की प्रसन्नता और फल है—धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्षकी सिद्धि। जैसे सद्गुरुसेवा तथा परिप्रश्न आदि साधनोंद्वारा गुरुकी प्रसन्नता प्राप्त करना साधन-सापेक्ष गुरुकृपा है और विना साधनके गुरु-प्रसन्नता साधन-निरपेक्ष गुरुकृपा होती है; वैसे ही कर्म, तप, ध्यान, भक्ति आदिद्वारा जो भगवत्कृपा होती है, वह साधन-सापेक्ष कहलाती है और जब स्वयं भगवान् अकारण ही प्रसन्न होते हैं, तब वह साधन-निरपेक्ष कही जाती है।

निरपेक्ष भगवत्कृपामें 'केनोपनिषद्'की आख्यायिका प्रमाण है। देवासुर-संग्राममें देवोंकी विजय ईश्वरकृपामूलक ही थी, किंतु देवताओंने ऐसा न समझकर स्वयंको ही विजयका हेतु समझ लिया। मिथ्याभिमानसे छुटकारा दिलानेके लिये परम कृपालु प्रभुने विचित्र रूप धारण किया। देवोंके समीप ही आकाश-मण्डलमें परम तेजस्वी यक्षके रूपमें उनका आविर्भाव हुआ। उन्हें देखकर कुछ देवगण चकित और कुछ भयभीत हो गये। परिचय प्राप्त करनेके लिये अग्निदेव उनके समीप गये। बलाभिमान-भङ्ग करनेके लिये ईश्वरने उनके समक्ष एक लघु तृण रखा और कहा—'इसे जलाओ'। किंतु पूर्ण शक्ति लगा देनेपर भी अग्निदेव तृण न जला सके। फिर वायुदेव गये, उनके सम्मुख भी तृणको रखकर कहा—'इसे

उड़ाओ ।' समस्त बल लगा देनेपर भी वायुदेव उसे हिलातक न सके । पश्चात् स्वयं देवराज इन्द्र गये । इन्द्रको विशेष अभिमान था, इस कारण ईश्वरने उनको सम्भाषणका भी अवसर न दिया, वहीं अदृश्य हो गये । देवराजका अभिमान शान्त हो गया, वे जिज्ञासु-भावसे वहीं स्थिर रहे । इन्द्रपर अनुग्रह करनेके लिये वहीं ईश्वरस्वरूपा हैमवती उमाका आविर्भाव हुआ । इन्द्रके प्रश्न करनेपर उमादेवीने कहा—'यही वे ब्रह्म हैं । इन्हींके पराक्रमसे तुम्हें विजय प्राप्त हुई थी, किंतु तुम्हें मिथ्याभिमान हो गया था ।' तब भगवती उमाके उपदेशसे इन्द्रको ज्ञान हुआ । इन्द्रादि देवगणपर यह निरपेक्ष ईश्वर-कृपा हुई ।

साधनोंद्वारा भी विशेष एवं शीघ्र भगवत्कृपा होती है । रामोत्तरतापिन्युपनिषद्में कहा गया है—

सम्यगाराधितो रामः प्रसीदत्येव सत्वरम् ।
ददात्यायुष्यमैश्वर्यमन्ते विष्णुपदं च यत् ॥
(२८)

'भलीभाँति आराधना करनेसे श्रीराम शीघ्र प्रसन्न होते हैं । वे यहाँ आयु-ऐश्वर्य प्रदान करते हैं और अन्तमें (मरनेपर) विष्णु-पद ।'

श्रुतिरूपसे भी भगवान्का कथन है—

आदरेण यथा स्तौति धनवन्तं धनेच्छया ।
तथा चेद्विश्वकर्तारं को न मुच्येत बन्धनात् ॥
(वराहो० ३ । १३)

'जैसे मनुष्य धनकी इच्छासे धनवान्की आदरपूर्वक स्तुति करते हैं, वैसे ही यदि विश्व-निर्माता ईश्वरकी स्तुति करें तो कौन ऐसा है, जो जन्म-मरणादिके बन्धनसे मुक्त न हो जाय ।'

वेदान्त-ग्रन्थोंमें ईश्वर-कृपा, गुरु-कृपा, शास्त्र-कृपा तथा आत्म-कृपाका वर्णन मिलता है । गुरूपदेशपूर्वक स्वप्रयत्न ही आत्म-कृपा है । गुरुको वह शास्त्रसे प्राप्त होती है और शास्त्र हैं ईश्वरका ज्ञान । इस प्रकार तीनों कृपाओंका अन्तर्भाव ईश्वर-कृपामें ही होता है । ईश्वर-कृपा ही शास्त्ररूपसे, गुरु-रूपसे और जीवरूपसे विभक्त-सी है । संसार-सागरमें पतित जीव कभी डूबता, कभी उतराता इधर-उधर उद्देश्यहीन भटक रहा है । अतीव दुःखमें निमग्न है । कोई चिल्लाता है, कोई रोता है, कोई चुप है और कोई दुःख दूर करनेमें प्रवृत्त है । सर्वेश्वर भगवान् सभीको अमर जीवन, अखण्ड ज्ञान तथा अनन्त आनन्द प्रदान करनेके लिये आतुर हैं । वे किसीका उपदेशद्वारा, किसीका दण्डद्वारा, किसीका धनादि-हरणद्वारा कल्याण करते हैं । यह सब भगवत्कृपा ही है । हाँ, भगवत्कृपा-देखनेके लिये निर्मल दृष्टिकी आवश्यकता अवश्य है ।

वस्तुतः वेदान्तमें परम कल्याण, परमानन्दस्वरूप मोक्ष ही परम पुरुषार्थ कहा गया है । अन्य पुरुषार्थ उसके साधन हैं । ईश्वर निजस्वरूप जीवको यही परमानन्दस्वरूप ज्ञान कराकर उसीमें प्रतिष्ठित देखना चाहते हैं, जिससे दुःख-परितप्त प्राणी संसारसे पार हो जाय । यही वेदान्तका लक्ष्य है और यही भगवत्कृपा है ।

करुणामय महेश्वर

शम्भो महेश करुणामय शूलपाणे
गौरीपते पशुपते पशुपाशनाशिन् ।
काशीपते करुणया जगदेतदेक-
स्त्वं हंसि पासि विदधासि महेश्वरोऽसि ॥
(श्रीमदाद्यशंकराचार्यकृत वेदसारशिवस्तव १०)

हे शम्भो ! हे महेश्वर ! हे करुणामय ! हे त्रिशूलिन् ! हे गौरीपते ! हे पशुपते ! हे पशुबन्धमोचन ! हे काशीश्वर ! एक आप ही करुणावश इस जगत्की उत्पत्ति, पालन और संहार करते हैं; प्रभो ! आप ही इसके एकमात्र स्वामी हैं ।

श्रीरामानुज-दर्शनमें भगवत्कृपा

(लेखक—प्रो० न० वी० राजगोपालन, एम्० ए०, पी-एच्० डी०, उभयवेदान्त-आचार्य)

भगवान् अनन्त दिव्य गुणोंके आगार हैं। श्रुतियोंमें परब्रह्मके रूपमें प्रतिपादित चिन्मय सत्ता **'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म'** कही गयी है अर्थात् उसे सत्यत्व-ज्ञानत्व-अनन्तत्व-गुणोंसे परिपूर्ण बताया गया है, साथ ही अज, अनादि, अव्यय, ध्रुव, अचल, कूटस्थ, नित्य, शाश्वत, शान्त आदि अनेक विशेषणोंद्वारा परब्रह्मके स्वरूपगत असंख्य कल्याण-गुणोंका संकेत किया गया है। इन गुणोंको दो वर्गोंमें रखा जा सकता है—एक वे गुण हैं, जो भगवान्के स्वरूपनिरूपक धर्म कहे जाते हैं। ये गुण केवल भगवान्में होते हैं, ये उनके असाधारण लक्षण हैं। दूसरे प्रकारके गुण वे हैं, जो निरूपित-स्वरूप-विशेषण कहलाते हैं, ये गुण भगवान्के स्वरूपकी विशेषताओंका संकेत करते हैं, किंतु असाधारण नहीं हैं। वेदोक्त गुणोंका विस्तृत विवेचन स्मृति-पुराण तथा इतिहासमें मिलता है। 'भगवत्' शब्दगत 'भग'की व्याख्या करते हुए विष्णुपुराणमें कहा गया है कि अनन्त ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान और वैराग्य—ये 'भग'के वाचक हैं।

भगवान्में उपर्युक्त छः गुण सदा विद्यमान रहते हैं, इनसे ही समस्त सृष्टिका सर्जन, रक्षण तथा प्रलय-कार्यका संचालन होता है। भगवान्की भगवत्ता इन षड्गुणोंकी निरवधिक तथा निरतिशायी स्थितिसे अभिव्यक्त है। श्री या लक्ष्मी सृष्टि-स्थिति-लयकी इस लीलामें सहचारिणी तथा नित्यानपायिनी होकर भगवान्के साथ नित्य-निरन्तर तादात्म्य प्राप्त किये रहती हैं; अतएव भगवान्का सर्वातिशायी असाधारण धर्म **'श्रियः पतित्वम्'** कहा गया है। श्रीके नित्ययोगसे ही भगवान्-की लीलामें कृपाका संस्पर्श उत्पन्न होता है।

भगवान्की अनन्त शक्ति जीवके निग्रह और अनुग्रह—दोनोंमें समान रूपसे कार्यरत रहती है। जीवोंके पापों-के लिये उन्हें दण्ड देना, पुण्योंके लिये सुख देना—दोनों क्रमशः निग्रह और अनुग्रहके कार्य हैं।

अनादि कर्मबन्धनमें आबद्ध जीव अपने कर्मफलको भोगता हुआ कालचक्रमें फँसा पुनः-पुनः जन्म-मरणको प्राप्त होता रहता है। ऐसी स्थितिमें जीवकी मुक्तिका क्या उपाय है? श्रीरामानुज-दर्शनके अनुसार अनादि कर्म-प्रवाहमें निमग्न जीवके निस्तारके उपाय हैं—भक्ति और प्रपत्ति। ये दोनों मोक्षके साक्षात् उपाय हैं।

वस्तुतः भक्ति और प्रपत्ति भी जीवको भगवान्के प्रति अभिमुख करनेके साधनमात्र हैं। भगवान् अपनी अहैतुकी कृपासे ही जीवको मुक्त कर देते हैं। अतएव जीवकी दृष्टिसे भगवान्के अनन्त कल्याण-गुणोंमें इस अहैतुकी कृपाका परमोत्कृष्ट स्थान है।

भगवान् सर्वसमर्थ, सर्वज्ञ और सर्वव्यापी होनेके साथ-साथ अनन्त कृपाके सागर हैं, वे सहज-करुणापूर्ण हैं। जगन्माता लक्ष्मीदेवीके निरन्तर सांनिध्यके प्रभावसे जीवके प्रति भगवान्का निग्रह-संकल्प शान्त होकर अनुग्रह-संकल्प जाग्रत् रहता है। इसीलिये जीवकी प्रथम शरणागति लक्ष्मीके प्रति होती है। माता लक्ष्मी केवल वात्सल्यमयी हैं। शरणागत जीवके प्रति वात्सल्यसे परिपूर्ण श्रीदेवी जीवके उद्धारके लिये भगवान्को प्रेरित करती हैं और अनन्त करुणामय, सहज सुहृद् भगवान्की सतत कृपासे जीव मुक्ति प्राप्त करता है।

श्रीरामानुज-दर्शनमें शरणागतिको अत्यधिक महत्त्व दिया जाता है। शरणागतिको ही प्रपत्ति, भरन्यास, भरसमर्पण, न्यास आदि नामोंसे अभिहित करते हैं। इस शरणागतिके लिये प्रत्येक जीव अधिकारी है।

श्रीरामानुजदर्शनके अनुसार भगवान्को सिद्धोपाय कहा जाता है; क्योंकि वे स्वयं मोक्षका उपाय बने रहते हैं और स्वयं उपेय (मोक्षकी स्थितिमें प्राप्य) भी। भक्ति और प्रपत्ति साध्योपाय कहलाते हैं। सिद्धोपायभूत भगवान्में जीवके उद्धारकी दृष्टिसे जो सर्वोत्कृष्ट गुण कार्यकर होता है, वह है उनकी कृपा। इस कृपाकी महिमाका वर्णन श्रीरामानुज-दर्शनके अनुयायी आचार्यों तथा भक्तों एवं श्रीरामानुजके पूर्व तमिल प्रदेशमें अवतीर्ण आल्वार संतोंने बहुधा किया है। आजसे सात सौ वर्ष पूर्व श्रीवेदान्तदेशिकने अपने एक प्रसिद्ध स्तोत्रमें श्रीवेंकटाचलकी महिमाका अत्यन्त मनोहारी वर्णन प्रस्तुत किया है।

श्रीवेदान्तदेशिकने कहा है कि मैं स्वयं ही सर्वेश्वर बनी हुई दया देवीको अपनी शरण्य प्रमाणित कर रहा हूँ, भगवान्के शक्ति आदि गुण जिनके अनुचर बनकर रहते हैं, जिनके सकाशसे ज्ञानरूप भगवद्गुणप्रकाश फैलाता है और भगवान् श्रीनिवास जिनके अधीन हैं—

> अनुचरशक्त्यादिगुणामग्रेसरबोधविरचितालोकाम् ।
> स्वाधीनवृषगिरीशां स्वयं प्रभूतां प्रमाणयामि दयाम् ॥
> (दयाशतक ११)

विशिष्टाद्वैतसम्प्रदाय अथवा श्रीरामानुजदर्शनमें भगवत्-कृपा-पिपासु शेष (जीवात्मा) की शेषी (भगवान् श्रीपति लक्ष्मीनारायण)के प्रति पूर्ण प्रपत्ति है।

श्रीविष्णुस्वामि-मतमें भगवत्कृपा

(लेखक—श्रीवैष्णवपीठाधीश्वर श्रीविट्ठलेशजी महाराज)

पूर्वकालमें भारतवर्ष विद्या, बुद्धि एवं भक्तिसे सम्पन्न तथा सर्वगुणोंका आकर था। यह सर्वदा भव्य-भावनाओंका प्रेरक रहा है। मानवीय मानसिक चेष्टाओंका संतुलन बनाये रखना, शारीरिक क्रियाओंको परहितार्थ गतिशील करते रहना और सामाजिक गतिविधिका शुद्ध संचार करना भारतकी अपनी विशिष्ट परम्परा रही है। यहाँ अहित, स्वार्थ और विनाशकी अपेक्षा हित, परमार्थ और कल्याण-कामनासे ओत-प्रोत होकर जीवन-उत्सर्ग करना ही मानव-जीवनका प्रधान उद्देश्य माना गया है। भारतके धार्मिक इतिहासमें वैष्णव-धर्मका उदय और संवर्धन महत्त्वपूर्ण घटना है। इस धर्मके सर्वोपरि उपास्यदेव भगवान् विष्णुका महत्त्व अत्यन्त प्राचीन-कालमें ही स्थापित हो गया था। पुरातनकालसे आधुनिक कालतक वासुदेव, नारायण, राम, कृष्णादि विभिन्न नाम-रूपोंसे श्रीमहाविष्णुकी उपासना होती रही है।

महर्षि वेदव्यास, शुकमुनिप्रभृति ऋषियोंकी तपोभूमि उत्तराखण्डमें थी, वहींसे आद्य वैष्णवाचार्य-प्रवर विष्णुस्वामीने वैष्णवधर्म-प्रचारार्थ दक्षिणखण्डकी ओर प्रस्थान किया था। शास्त्रोंके अध्ययनसे श्रीविष्णुस्वामीका चित्त शान्त और बुद्धि पवित्र हो गयी थी। उन्हें परमात्माके सत्य स्वरूपका ज्ञान हो गया था। उनकी इच्छा थी कि सर्वमान्य वैष्णव-धर्मका प्रचार हो। उन्होंने घोषणा की कि विष्णुपूजा और भक्तिसे ही मुक्ति मिल सकती है। गर्गसंहिता, अश्वमेधखण्ड, ६१वें अध्यायके २४वें श्लोकमें श्रीविष्णुस्वामीको वामनांश बतलाया गया है—'विष्णुस्वामी वामनांशः।' उनका समय विक्रम संवत्सरके प्रारम्भमें ही निश्चित किया गया है। नाभादासजीके भक्तमालसे पता चलता है कि श्रीविष्णुस्वामीके सम्प्रदायमें ही ज्ञानदेव, नामदेव, त्रिलोचन आदि संत थे। वे इतने प्राचीन हैं कि उनकी परम्परा अब अति क्षीण दशामें उपलब्ध होती है। उन्होंने ब्रह्मसूत्रोंपर 'सर्वज्ञसूत्र' नामक भाष्यकी रचना की थी। श्रीविष्णुस्वामीजीको विकृत परिणामवाद या शुद्धाद्वैत सिद्धान्त मान्य है।

'दैवी सम्पद्विमोक्षाय' (गीता १६।५)—इस भगवद्वाक्य-के अनुसार जब भागवती दैवी-सृष्टि कलियुगमें युगधर्मके वातावरणसे दूषित हो मोक्षके अयोग्य हो जाती है, तब विष्णु अंशरूपसे या अंशयुक्त स्वयमेव अपने स्वरूपको प्रकट करते हैं। उस प्रकटित स्वरूपका आश्रय लेकर उनसे उपदेशादि पाकर ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र एवं स्त्री—सभी भक्तिपथपर आरूढ़ होते हैं—

> यदा भागवती सृष्टिः कलौ भवति वै तदा।
> अंशेन भगवान् विष्णुः स्वात्मानं सृजति स्वयम्॥
> तमाश्रित्य जनाः सर्वे भक्तिभाजो भवन्ति हि॥

अतएव कलिकालसे आक्रान्त भूमण्डलको पवित्र करनेवाले चार सम्प्रदायोंके वैष्णवाचार्योंका उल्लेख भी पद्मपुराणमें मिलता है। उनमेंसे एक रुद्र-सम्प्रदाय-प्रवर्तक वैष्णवाचार्यप्रवर श्रीविष्णुस्वामी हुए थे। श्रीविष्णुस्वामीका सिद्धान्त पुराणमूर्धन्य श्रीमद्भागवत महापुराण (१।७।५-६) की व्याख्याके प्रसङ्गमें उद्धृत तीन श्लोकोंसे ज्ञात होता है—'तदुक्तं विष्णुस्वामिना'। इस गद्यांशसे उसमें ईश्वर, जीव, माया और भक्ति—ये पदार्थचतुष्टय स्पष्टतया प्रतिपादित हैं। उसका सारांश इस प्रकार है—

> ह्लादिन्या संविदाऽऽश्लिष्टः सच्चिदानन्द ईश्वरः।
> स्वाविद्यासंवृतो जीवः संक्लेशनिकराकरः॥
> स ईशो यद्वशे माया स जीवो यस्तयार्दितः।
> स्वाविर्भूतपरानन्दः स्वाविर्भूतसुदुःखभूः।
> स्वादृगुत्थविपर्यासभवभेदजभीशुचः ।
> यन्मायया जुषन्नास्ते तमिमं नृहरिं नुमः॥
> (विष्णुस्वामिकारिका)

अर्थात् जो ह्लादिनी, संधिनी, संवित्—इन भेदोंसे भगवान्की कान्तिमती चिच्छक्ति श्रीराधाजीसे सदा आलिङ्गित रहते हैं, वे ही परमात्मा श्रीकृष्ण सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान् आदि रूपोंमें श्रुतियोंद्वारा निरूपित हैं। वे ही परमकारुणिक भगवान् भक्तवात्सल्यवश राधा-माधव—दो प्रकारके रूपधारी हुए हैं। रसके सागर राधा-कृष्ण दोनों एक ही स्वरूपसे दो रूप हुए हैं। उनके चरित्र पढ़ने-सुननेसे प्राणी उनके शुद्ध धामको प्राप्त होता है। (ऐसा राधातापन्युपनिषद् १।२ में उल्लेख है।) 'सामरहस्य'के लक्ष्मीनारायण-संवादमें कहा गया है कि वे अनादि पुरुष एक ही हैं, लीलार्थ अलग

रूपको दो प्रकारसे प्रकाशित करके सभी रसोंको ग्रहण करते हैं। स्वयं ही नायिकारूपसे आराधनामें तत्पर होते हैं; इसी कारण श्रीराधाको वेदवित्—रसिकोंको आनन्द देनेवाली कहा गया है तथा वे 'ह्लादिनी'-संज्ञाको प्राप्त हुई हैं। वे अभिन्नरूपा हैं। उनके स्वामी सच्चिदानन्दमय हैं। उनके सदंशसे जगत् (जड), चिदंशसे जीव (चेतन) और आनन्दांशसे कूटस्थ (अन्तर्यामी) कार्यवश भेदाश्रित हैं। उनमेंसे जगत् आनन्दरहित है, जीव गुप्तानन्द है तथा कूटस्थ पूर्णानन्द है। इस रहस्यका अनुभव भगवत्कृपासे ही हो सकता है।

पूर्णानन्दघनीभूतो गोपवेषधरो हरिः ।

(गोपालसहस्रनाम ३५)

अज्ञान स्वरूपा क्लेश-समूहोंकी खान है, वह माया जिसके अधीन रहती है, वे ईश्वर हैं। ईश्वरमें परानन्दका आविर्भाव है, जीवोंमें आत्यन्तिक दुःखोंका उद्भव है। अपने स्वरूपका साक्षात्कार न होनेसे उत्पन्न हुए विपर्यास देह, इन्द्रिय, अन्तःकरणादि अनात्म-वस्तुओंमें आत्मबुद्धि होनेके कारण उत्पन्न भेदबुद्धिद्वारा भय, शोक आदिको जन्म देते हैं। **'द्वितीयाद् वै भयं भवति'** (बृह० उप १।४।२) **'अनीशया शोचति मुह्यमानः'** (मुण्डक० ३।१।२) आदि श्रुतियोंके अनुसार भेदभाव होनेसे भय-शोकग्रस्त होना सिद्ध है। उस भेदभावरूप अनर्थको समूल नष्ट करनेवाली परमौषधि भक्ति-रसायन है, जो जन्म-मरणकी कारण सांसारिक वासनाको बेरोक-टोक उड़ा देती है। उस भक्तिको प्राप्त करनेका पहला साधन वर्णाश्रम-धर्मका अनुष्ठान है, जिसके फलस्वरूप भगवत्कृपोदय होकर महापुरुषोंका सङ्ग प्राप्त होता है, पुनः उनकी सेवा करनेसे भगवद्धर्मोंमें श्रद्धा होती है, तदनन्तर भगवत्कथा सुननेकी इच्छा होती है। कथा-श्रवणसे उसमें रुचिरूपा भक्ति प्रस्फुरित होती है। रुचिपूर्वक कथा-श्रवण करनेसे भगवान्‌का परोक्ष ज्ञान और विषयोंसे वैराग्य होता है। तब मनन एवं निदिध्यासन-द्वारा प्रेमप्रवाहरूपा भक्तिका उदय होता है, यह भगवत्कृपाका ही फल है। श्रीविष्णुस्वामीका यही सिद्धान्त है। श्रीवेदव्यासजीने भी समाधिद्वारा चार पदार्थ देखे हैं—ईश्वर, जीव, माया एवं भक्ति। इसकी सम्पुष्टि श्रीमद्भागवत-में स्पष्ट है। प्रथम तत्त्व करने, न करने तथा अन्यथा करनेमें समर्थ, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान्, सर्वप्रकाशक, सर्वनियन्ता तथा सर्वालौकिकगुणसम्पन्न परब्रह्म श्रीकृष्ण हैं। उनका अंश ही जीव है—

'ईश्वरो जीवकलया प्रविष्टो भगवानिति ।'

(श्रीमद्भा० ३।२९।३४)

भगवान् एक हैं, जब उन्हें क्रीड़ाकी इच्छा हुई, तब वे ही बहुरूप हो गये। यही है इनका जीवरूप; परंतु जीव और ईश्वरका व्यवहार-दशामें भेद तथा परमार्थ-दशामें अभेद है। वही जीव कर्मवश तीन श्रेणियोंमें विभक्त होता है—उत्तम, मध्यम, अधम। उत्तम जीव वे कहलाते हैं, जिनकी अविद्या भगवत्कृपासे तत्त्वज्ञानद्वारा निवृत्त हो गयी है, जिन्हें अहंता-ममता नहीं सताती अर्थात् देह-गेहादिमें जिनकी अहमात्मिका बुद्धि नहीं तथा स्थावर-जङ्गम सब कुछ भगवान् ही हैं, ऐसी बुद्धि होती है। मध्यम श्रेणीका जीव वह है, जो शास्त्रीय संस्कारवान् होकर भी तथा देहसे पृथक् आत्म-तत्त्वका ज्ञान रहते हुए भी **'ममायम्'**—ऐसी बुद्धि करता है। तीसरे निकृष्ट श्रेणीके जीव वे हैं, जिनकी देहमें अहंबुद्धि है तथा जिन्हें आत्मतत्त्वका थोड़ा भी ज्ञान नहीं है।

यद्यपि श्रुतियोंमें ज्ञानिजनोंकी ही मुक्ति प्रतिपादित है, तथापि अन्तर्ज्ञान न रहनेपर भी भगवत्कृपासे मुक्ति हो सकती है; क्योंकि भगवान् देश, काल, वस्तुकी परिच्छिन्नतासे रहित हैं। 'ये जीव मेरे निकट आयें, मायाको पारकर मेरे तत्त्वको पहचानें'—भगवान्‌के द्वारा इस प्रकारका चिन्तन ही भगवत्कृपा कहलाती है। जो निष्कपटभावसे फलेच्छारहित होकर अर्थात् निष्कामभावसे परमदयालु भगवान्‌के चरणकमलोंका एकाग्र मनसे आश्रय ग्रहण करते हैं तथा जिनकी शृगाल-भक्ष्य देहमें अहं-ममरूपा बुद्धि नहीं होती, वे भगवत्कृपासे अनायास ही मायाके पार हो जाते हैं। भाव यह है कि जो निष्कपटभावसे अपना सर्वस्व और अपने-आपको भी उनके चरणकमलोंमें न्योछावर कर देते हैं, उनपर भगवान् स्वयं अपनी ओरसे दया करते हैं और वे दुस्तर संसार-सागरसे तर जाते हैं। भगवदाश्रित जीव ही निर्मम, निरहंकारी एवं निश्चल मनवाले हो पाते हैं। अतः सर्वभावसे भगवत्प्राप्तिका साधन करना चाहिये। श्रीविष्णुस्वामीके मतानुसार दैन्य बिना भगवत्कृपा दुर्लभ है।

श्रीवल्लभसम्प्रदाय (पुष्टिमार्ग)में भगवत्कृपा

(लेखक—डॉ० श्रीधर्मनारायणजी ओझा)

भगवत्कृपा वैष्णव-भक्ति-भावनाका मेरुदण्ड है। श्रीरामानुजाचार्य, श्रीमध्वाचार्य, श्रीनिम्बार्काचार्य एवं महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्यने अपने-अपने सिद्धान्तनिरूपण-क्रममें एकमात्र भगवत्कृपापर ही सर्वाधिक बल दिया है।

श्रीवल्लभाचार्यद्वारा प्रवर्तित पुष्टिमार्गमें तो एकमात्र भगवत्कृपा ही साधन एवं साध्य रूपमें गृहीत है। वल्लभीय-भक्तिमें 'पुष्टि' अथवा 'अनुग्रह'-की प्रधानता होनेके कारण ही श्रीवल्लभाचार्यद्वारा प्रवर्तित मार्ग 'पुष्टिमार्ग', 'अनुग्रहमार्ग' अथवा 'शरणमार्ग' कहलाता है। श्रीमद्भागवतपुराणमें 'पोषणं तदनुग्रहः' (२ । १० । ४) यह सूत्र-वाक्य उपलब्ध होता है। यही सूत्र पुष्टिमार्गका केन्द्र-बिन्दु है। 'तत्त्वार्थ-दीप-निबन्ध'के भागवतार्थ-प्रकरण (६ । २)में श्रीवल्लभाचार्य प्रभुने इस सूत्रका स्पष्टीकरण करते हुए परम कारुणिक रसस्वरूप भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रके अनुग्रहको ही 'पुष्टि' कहा है[1]।

'अनुग्रह'का सामान्य अर्थ 'कृपा' समझा जाता है, परंतु सूक्ष्म दृष्टिसे देखनेपर अनुग्रह एवं कृपाके भावमें एक विशेष अन्तर लक्षित होता है—भगवान् स्वयं प्रमेय बलसे निस्साधन भक्तपर अयाचित स्थितिमें भी 'अनुग्रह' करते हैं[2]। अनुग्रह भगवान् स्वयं करते हैं अर्थात् अनुग्रहका हेतु भक्तका साधन न होकर एकमेव भगवदिच्छा ही होती है। इस प्रकार 'अनुग्रह' अयाचित अहैतुकी भगवत्कृपा है, जब कि कृपा-प्राप्तिहेतु भक्तके मनमें साधनकी अपेक्षा रहती है तथा अपने आराध्यदेवकी अर्चनाके उपरान्त भक्त पुनः-पुनः कृपाकी याचना करता है।

श्रीवल्लभाचार्यके मतानुसार भगवदनुग्रह ही एकमात्र प्रापणीय वस्तु है। प्रभुके अहैतुक अनुग्रहसे ही भक्तके हृदयमें भगवत्स्फुरण होकर भक्तिका प्रादुर्भाव होता है। भक्त स्वयंको भगवान्‌का तुच्छ सेवक समझकर भगवदनुग्रहसे ही अपना सर्वस्व सर्वतोभावेन प्रभु-चरणोंमें समर्पित कर पाता है। इस सर्वस्वसमर्पणका अभिप्राय भी भगवदनुग्रहकी प्राप्ति करना ही है। यह सर्वतोभावेन आत्मनिवेदन ही पुष्टिमार्गका आधार-स्तम्भ है। प्रथम तो भगवत्कृपा-दृष्टि होनेपर ही जीव इस मार्गमें प्रवेश पाते हैं अर्थात् इस मार्गके अनुयायी बन सकते हैं। मध्यमें विशेष भगवत्कृपासे ही सेवा-स्मरणादि साधनोंद्वारा इस मार्गमें सुदृढ़ स्थिति कर सकते हैं और अन्तमें भी उन महान् करुणावरुणालय भगवान्‌के कृपा-उत्कर्षसे ही उनके स्वरूपानन्दका अनुभव कर कृतकृत्य होते हैं। इस प्रकार अथसे इतितक निरन्तर भगवत्कृपाका व्यवहार-व्यापार चलता रहता है।

पुष्टिमार्गमें भगवत्कृपा, अनुग्रह, पोषण एवं पुष्टि समानार्थक शब्दोंके रूपमें प्रयुक्त होते हैं। श्रीवल्लभाचार्यके अनुसार मार्ग दो प्रकारके हैं—मर्यादामार्ग और पुष्टिमार्ग। मर्यादामार्ग वैदिक मार्ग है, जिसमें लोक-मर्यादाकी रक्षा प्रधान लक्ष्य है। मर्यादामार्गका मूल मन्त्र है—**'कर्मानुरूपं फलम्'**। जीव जैसा कर्म करता है, भगवान् उसे वैसा ही फल देते हैं। मर्यादामार्गका स्पष्टीकरण करते हुए श्रीवल्लभाचार्य कहते हैं—

'फलदाने कर्मापेक्षः। कर्मकारणे प्रयत्नापेक्षः। प्रयत्ने कामापेक्षः। कामे प्रवाहापेक्ष इति मर्यादारक्षार्थं वेदं चकार। ततो न ब्रह्मणि दोषगन्धोऽपि। न चानीश्वरत्वम्। मर्यादामार्गस्य तथैव निर्माणात्[3]।

अर्थात् मर्यादामार्गका चरम पुरुषार्थ मोक्ष-प्राप्ति है, परंतु यह फल शास्त्रविहित कर्म और ज्ञानके आचरणसे ही मिलता है। मर्यादामार्गीय शास्त्रविहित स्वकीय आश्रम-धर्म-कर्मादिका विधिवत् निष्पादन कर ज्ञानके द्वारा दुःखोंकी आत्यन्तिक निवृत्ति पानेमें समर्थ होता है। पुष्टिमार्ग इससे नितान्त विलक्षण है; क्योंकि वैदिकधर्म विधि-निषेधात्मक है और पुष्टिमार्ग स्नेहात्मक है। श्रीमद्भागवतमें स्वयं भगवान्‌ने कहा है—'मैं स्नेहसे ही साध्य हूँ, कृतिसे नहीं[4]।'

---

१. 'कृष्णानुग्रहरूपा हि पुष्टिः।'—(तत्त्वार्थदीप निबन्ध भागवतार्थ प्र० ६ । २)

२. 'भगवति प्रमेयबलमेव मुख्यं न प्रमाणबलम्'। (सुबोधिनी १० । ८४ । २३)

३. (अणुभाष्य ३ । ३ । ४२)

४. 'स्नेह एव मयि न तु कृतिः'। (सुबोधिनी १० । ३६ । ३६)

विधि और स्नेहमें स्नेह बलिष्ठ है । इसीसे श्रीवल्लभाचार्यने पुष्टिमार्गको सर्वोत्कृष्ट बताया है। इस मार्गके अनुसार भगवत्प्राप्ति किसी साधनका फल, नहीं, प्रत्युत प्रभुके अहैतुक स्नेहका परिणाम है इस मार्गका प्रधान साधन है—प्रपत्ति । बिना भगवान्‌के शरणागत हुए चरम फलप्राप्ति नहीं होती और शरणागतिकी पूर्णता भी आनन्दकन्द रसेश श्रीकृष्णचन्द्रकी कृपासे ही साध्य है । व्यावहारिक दृष्टिसे भी यह तथ्य सत्य प्रतीत होता है । जब जागतिक प्रपञ्चात्मक कार्य भी भगवत्कृपाके बिना पूर्ण नहीं होते, तब भक्ति-जैसे परम पुरुषार्थकी सिद्धि भगवत्कृपा बिना सुतरां अति दुष्कर ही नहीं, असम्भव भी है। श्रीवल्लभाचार्यने इस तथ्यको स्पष्ट करते हुए अणुभाष्य (४ । ४ । ९)में कहा है—

'पुष्टिमार्गोऽनुग्रहैकसाध्यः प्रमाणमार्गाद्विलक्षणः ।'

'पुष्टि-भक्ति एकमेव अनुग्रह या कृपाके द्वारा ही साध्य है। इसकी सिद्धिका अन्य मार्ग है ही नहीं । इसलिये यह प्रमाणमार्ग (मर्यादामार्ग)से विलक्षण है ।'

तथा—

समस्तविषयत्यागः सर्वभावेन यत्र हि ।
समर्पणं च देहादेः पुष्टिमार्गः स कथ्यते ॥

(प्रमेयरत्नार्णव ४ । १९)

'जिस मार्गमें भक्त समग्र विषयोंको सर्वथा त्यागकर अपनी देह, वासना, कामना आदि सब कुछ भगवान्‌में समर्पित कर देता है, वही पुष्टिमार्ग है ।'

केवल साधनकी दृष्टिसे ही नहीं, अपितु साध्यदृष्टिसे भी श्रीवल्लभाचार्यने भगवत्कृपाको ही महत्ता प्रदान की है । मर्यादामार्गमें सायुज्यादि मोक्ष साध्य हैं, जबकि पुष्टिमार्गमें सर्वात्मना आत्मसमर्पण तथा विप्रयोग रसात्मिका प्रीतिकी सहायतासे आनन्दधाम साक्षात् भगवान्‌के प्रेमामृतका पान ही मुख्य फल माना गया है । गोस्वामी श्रीहरिरायजीने पुष्टिमार्गकी विशिष्टता बताते हुए कहा है—

अनुग्रहेणैव सिद्धिर्लौकिकी यत्र वैदिकी ।
न यत्नादन्यथा विघ्नः पुष्टिमार्गः स कथ्यते ॥

(प्रमेयरत्नार्णव ४ । २)

'जिस मार्गमें भगवदनुग्रहसे ही लौकिकी और वैदिकी सिद्धि प्राप्त होती है, किसी यत्नसे नहीं, उसे पुष्टिमार्ग कहते हैं ।'

श्रेयःसमधिगतिका तृतीय मुख्य साधन भक्ति है । यह प्रेम-प्रधान भक्ति साधनरूपा भी है और साध्य अर्थात् फलरूपा भी । साधन और साध्यरूपमें स्वरूपात्मक भिन्नता नहीं है, अपितु एक ही क्रियाकी दो परिणतियाँ हैं—प्रथम कक्षामें वह साधन है और द्वितीय कक्षामें फल । श्रीमद्भागवत (११ । ३ । ३१)में इसका उल्लेख इस प्रकार आया है—'**भक्त्या संजातया भक्त्या ।**' श्रीवल्लभाचार्यने स्वकीय ग्रन्थोंमें स्थान-स्थानपर प्रमाणसे यह प्रतिपादित किया है कि इदमित्थंतया अप्रतिपाद्य, साधनोंके द्वारा अप्राप्य परंतु स्वयं प्रमेयबल अर्थात् अनुग्रहसे उपलब्ध हो जानेवाले प्रभु ही सर्वस्व हैं, उनकी अनुग्रहात्मिका पुष्टि-भक्ति ही सर्वश्रेष्ठ है। एकमात्र सच्चिदानन्दघन रसरूप रसेश श्रीकृष्णचन्द्र ही पूर्णफलदानमें समर्थ हैं ।

साध्यरूपा स्वतन्त्र भक्ति, जिसे साध्य भक्ति अथवा अनुग्रह भी कहते हैं, विरहतापरूपा है । इस भावकी प्राप्ति अतिशय दुर्लभ है । यह पुरुषोत्तम श्रीकृष्णचन्द्रके वदनारविन्दकी शोभासे प्राप्त होती है । यह भगवत्कृपैकसाध्य है, इसे केवल श्रीगोपिकाजनोंने ही प्राप्त किया था । इस भक्तिमें शब्द-विचारसे मूल 'भज्' धातु (प्रकृति)का अर्थ सेवा और 'क्तिन्' प्रत्ययका अर्थ प्रेम है । इसमें माहात्म्य-ज्ञान होनेपर भी अभेद-बोध होता है । **'मैवं विभोऽर्हति भवान् गदितुं नृशंसम्'**[5] और **'गतिस्मितप्रेक्षणभाषणादिषु'**[6] आदि गोपीजनोंके कथा-प्रसङ्गमें इसका स्पष्ट निर्देश मिलता है । इसमें अहंभावकी स्थिति नहीं रहती । उसी प्रकृति-प्रत्ययार्थके रहनेपर भी इस साध्य भक्तिमें मानसी सेवा-भावनाका वैलक्षण्य रहता है । पतिके प्रति पत्नीके सर्वात्मभाव-समर्पणकी स्थिति इसका मुख्य रूप है । सायुज्य-प्राप्तिके पश्चात् भी **'सोऽश्नुते सर्वान् कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चितेति ।'** (तैत्ति० २ । १ । १)—इस श्रुतिके अनुसार इसमें सर्वकामाशनरूप रसास्वाद होता है, जिसमें भक्तके देह, प्राण, इन्द्रिय आदि सभीकी ब्रह्मभावस्फूर्ति मुख्य कारण होती है । इसमें किसी प्रकारकी कामभावना न होनेसे यह किसी प्रयोजनको सिद्ध नहीं करती, अतः साधनरूप न होकर साध्यरूपा और फलरूपा गिनी जाती है । इसकी उद्भूतिके लिये ही साधन-भक्तिमें तनुजा, वित्तजा सेवाका उल्लेख कर **'मानसी**

५. श्रीमद्भागवत (१० । २९ । ३१)
६. श्रीमद्भागवत (१० । ३० । ३)

सा परा मता' (सिद्धान्तमुक्तावली १) कहकर आचार्य श्रीवल्लभने इसकी विलक्षणताका दर्शन कराया है। गूढ़ प्रेमपूर्ण रतिभाव ही पुष्टि-अनुग्रहकी मुख्य वस्तु है, जिसके लिये कहा गया है—

'भावो भावनया सिद्धः साधनं नान्यदिष्यते।'
(संन्यासनिर्णय ८)

सर्ग, विसर्ग, स्थान, पोषण, ऊति, मन्वन्तर, ईशानुकथा, निरोध, मुक्ति और आश्रय—ये परब्रह्म पुरुषोत्तमकी दशविध लीलाएँ हैं। श्रीमद्भागवतमें इनका अलौकिक रीतिसे निरूपण किया गया है। लोकमें पुष्टि या पोषण शब्दकी प्रसिद्धि नहीं है, पर अनुग्रह शब्द प्रसिद्ध है। इन तीनोंका तात्पर्य एक है—भगवत्कृपा। भगवत्कृपा देश, काल, कर्म, स्वाभावादिसे अतीत है—

'कृष्णानुग्रहरूपा हि पुष्टिः कालादिबाधिका।'
(त०दी० नि० भागवतार्थप्रकरण ६। २)

इस कारिकामें आचार्य श्रीवल्लभने भागवतोक्त पुष्टि-लक्षणको 'कालादिबाधिका' विशेषणसे अभिहित किया है। इस विशेषणने अनुग्रहको एक वैशिष्ट्य प्रदान कर दिया है। इसके अनुसार अनुग्रह अथवा भगवत्कृपा कालादिकी बाधक है। 'कृष्णस्तु भगवान् स्वँयम्' इस श्लोकानुसार वृन्दावनविहारी श्रीकृष्णचन्द्र साक्षात् पूर्णब्रह्म हैं, कालादिसे परे हैं; अतः स्वाभाविक ही उनके द्वारा की जानेवाली कृपा भी कालादिसे परे है। अतः इस कलिकालमें जीवके बन्धनमुक्त होनेका एकमात्र हेतु यह अलौकिकी भगवत्कृपा ही है; क्योंकि अन्य साधन तभी सफल होते हैं, जब देश, काल, मन्त्र, द्रव्य आदि पूर्ण शुद्ध हों। इस घोर कलिकालमें ऐसा होना सर्वथा असम्भव-सा ही है। लोकमें चाण्डालीके पास राजरानी होनेके मर्यादा-प्रवाह-मार्गीय साधन नहीं हैं, परंतु राजा चाहे तो कृपा करके चाण्डालीको पट्टमहिषी भी बना सकता है। मर्यादानुसार अपराधीको दण्डित होना पड़ता है, परंतु सर्वोच्च न्यायकर्ता कृपा करके उसके दण्डको क्रम कर सकता है अथवा पूर्णतया क्षमा भी कर सकता है। साहूकार असहाय कर्जदारको कृपा करके उऋण कर सकता है। जब सामान्य (भौतिक) संसारमें भी यह सम्भव है, तब सर्वतन्त्र-स्वतन्त्र प्रभुके लिये कोई बाधा कैसे उपस्थित रह सकती है।

अनुग्रह अथवा कृपा भगवान्का ही पराक्रम है। अतएव यह उनका धर्म है। अनुग्रह भगवद्धर्म होनेसे ही नित्य है। किसी हेतुसे अथवा साधनसे इसकी उत्पत्ति नहीं हो सकती। यह भगवान्की इच्छाके अधीन है। भगवान् चाहे जिस-पर, चाहे जिस समय, चाहे जिस देश एवं कालमें कृपा कर सकते हैं। प्रभुकी इस लीलाका सदृष्टान्त विवेचन श्रीमद्भागवत-पुराणके षष्ठ स्कन्धान्तर्गत विस्तारसे हुआ है। निन्दित कर्मोंमें निरत अजामिल भगवान्के नामस्मरणसे ही उनका कृपापात्र बनकर बन्धनमुक्त हो गया। विश्वरूप, दधीचि एवं वृत्रासुरका हन्ता इन्द्र भगवत्कृपासे अनिष्ट फल-भोगसे बचा लिया गया। दिति-गर्भ वज्रसे मारनेपर भी मरा नहीं, प्रत्युत बढ़ गया। यह कृपाका ही फल है। अजामिल (मानव), वृत्रासुर (दानव) एवं इन्द्र (देवता)—तीनोंपर हुई भगवत्कृपा यह प्रमाणित करती है कि कृपा काल, कर्म एवं स्वभावसे बाधित नहीं होती।

अखिल ब्रह्माण्डकी स्थिति भगवत्कृपासे ही है। श्रीमद्भागवतपुराणमें स्पष्ट कहा गया है—

द्रव्यं कर्म च कालश्च स्वभावो जीव एव च।
यदनुग्रहतः सन्ति न सन्ति यदुपेक्षया॥
(२। १०। १२)

द्रव्य, कर्म, काल, स्वभाव और जीवादि भगवद-नुग्रहके बलसे ही स्थित हैं, यदि भगवान् थोड़ी भी उपेक्षा कर दें तो कुछ भी शेष न रहे। जब भगवत्कृपा होती है, तब कुसमय सुसमयमें परिवर्तित हो जाता है, दुष्टकर्मी सत्यकर्मी तथा दुःस्वभावी सत्स्वभावी हो जाता है, असुर सुर हो जाते हैं और नरक स्वर्गमें बदल जाता है। यह सब कृपा-मार्गकी सहज सुलभ उपलब्धियाँ हैं, परंतु मर्यादामार्गमें ऐसा सम्भव नहीं। कृपा-मार्गमें जीव पूर्णतया निस्साधन होता है, परंतु भगवान् दिखावेके लिये अथवा लोक-संग्रह-हेतु किसी साधनकी आड़ लेकर कार्य करते हैं। लोकमें समझा जाता है कि भगवन्नाम लेनेसे अजामिलकी मुक्ति हुई, परंतु वस्तुतः केवल अनुग्रह अथवा कृपासे ही उसका उद्धार हुआ था। लोकमें मर्यादाका पूर्ण लोप न हो जाय, इसलिये भगवान् मर्यादामार्गीय साधनों (नवधा भक्ति आदि)की स्थिति रखे हुए हैं। इसीसे अनुग्रहको देवगुह्य—गूढ़भाव बताया है[8]।

७. श्रीमद्भागवतपुराण १। ३। २८

८. अनुग्रहो लोकसिद्धो गूढभावात्तिरोहितः। दैवगुह्यत्वसिद्ध्यर्थं नामप्रमाणार्चनादिकम्॥
प्रकटानि हरेर्नित्यं नामादीनि निरूप्यते। (त० दी० नि० भागवतार्थप्रकरण १। [illegible])

यदि भगवान्‌के हृदयमें कृपा न होती तो वेदोक्त विविध मार्गोंके रहते वे सरल अनुग्रह-मार्ग अथवा कृपामार्ग (प्रेमलक्षणा भक्तिमार्ग)का उपदेश क्यों करते ? उन्होंने देखा कि कलिकालमें वेदोक्त साधन सर्वसुलभ नहीं रहेंगे । देह, इन्द्रिय, अन्तःकरणादि आन्तरिक सामग्री एवं मन्त्र, द्रव्य, देश, कालादि बाह्य सामग्री हैं। ज्ञानमार्ग किंवा कर्ममार्गमें इन समस्त सामग्रियोंका शुद्ध होना आवश्यक है, जो क्रूर कलिकालमें सर्वथा कठिन है । अतः कृपा करके सब जीवोंके उद्धारार्थ प्रभुने सरल भक्तिमार्गका प्रवर्तन किया ।

अनन्यप्रपत्ति भगवान्‌को अपनी ओर खींचनेका एकमात्र अमोघ अस्त्र है । प्रेमकी डोरीसे खिंचे हुए भगवान् परवशकी भाँति भक्तके हृदयकमलमें आ विराजते हैं । अष्टछापके महान् गायक भक्त कवि श्रीगोविन्दस्वामी अनन्य शरणागतिके विषयमें कहते हैं—

हमें व्रजराज लाड़िले सौं काज ।
जस अपजस कौ हमैं कहा डर कहनौ होय सो कहि लेउ आज॥
कैधौं काहू कृपा करी धौं न करी जो सनमुख व्रजनृप जुवराज।
गोविंद प्रभुकी कृपा चाहियै जो है सकल घोष सिरताज ॥

'हमें तो केवल व्रजराजदुलारे कन्हैयासे काम है । आज कोई जो चाहे सो कह ले, हमें यश-अपयशका डर ही क्या है ? व्रजयुवराज श्रीकृष्ण हमारे अनुकूल हों फिर कोई दूसरा कृपा करे या न करे, हमें कोई परवा नहीं । बस, केवल ग्वालप्रमुख प्रभु नन्दनन्दनकी कृपा चाहिये ।'

पूर्ण ब्रह्मके विविध अवतार, यथा—राम, कृष्ण, वामन, नृसिंहादि भी भगवत्कृपाके ही प्रतिपादक हैं । समस्त श्रीकृष्ण-चरित्र इसी तथ्यको परिपुष्ट करता है। रामावतारमें अहल्योद्धार, नृसिंहावतारमें प्रह्लादकी रक्षा और वामनावतारमें बलिसे याचना आदि प्रभुकी कृपा-सूचक लीलाएँ हैं । पुष्टिमार्गके आचार्योंके अनुसार श्रीवल्लभका प्राकट्य एवं पुष्टिमार्गका निर्वचन भी भगवत्कृपा ही है । गोस्वामी हरिरायजीने स्पष्ट कहा है—

'कृपां विना सर्वसाधनानां न चोद्भवः[१] ।'

अर्थात् कृपाके बिना किसी भी साधनकी उत्पत्ति नहीं होती ।

भक्तिमार्गे कृपामात्रं कारणं परमुच्यते ।
तेनैव मार्गे सकलं सिद्धिमेति न संशयः ॥

(शिक्षापत्र २४ । १)

'भक्तिमार्गमें कृपामात्र उत्तम कारण है, इस कृपासे ही सकल सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं । इसमें संशय नहीं है ।'

'कृष्ण कृपा सुख जीजै'

माई, हौं आनँद गुन गाऊँ ।
गोकुलकी चिंतामनि माधौ, जो माँगौं सो पाऊँ ॥
जब तैं कमलनैन ब्रज आए, सकल संपदा बाढ़ी ।
नंदरायके द्वारे देखौ, अष्ट महासिधी ठाढ़ी ॥
फूल्यौ फल्यौ सकल बृंदावन, कामधेनु दुहि लीजै ।
माँगैं मेह इंद्र बरसावै, कृष्ण कृपा सुख जीजै ॥
कहति जसोदा सखियन आगैं, हरि उतकर्ष जनावै ।
'परमानंददास' कौ ठाकुर, मुरलि मनोहर गावै ॥

१. दे शिक्षापत्र गो० हरिराय कृत २५ । १६

माध्वसम्प्रदायमें भगवत्कृपा

भागवती सृष्टिमें प्राणामृतपयोधिके रूपमें परिगणित वैष्णवाचार्य मध्वने द्वैतनिष्ठाका प्रतिपादन कर वैष्णवताकी जो समृद्धि-वृद्धि की, वह शीर्षस्थानीय और विशिष्ट है। उन्होंने वेद, पञ्चरात्र, ब्रह्मसूत्र, उपनिषद् और श्रीमद्भगवद्गीता आदि दिव्य ग्रन्थोंका सार निकालकर अपने पावन उपदेशोंमें भर दिया। ईश्वर, जीव और जगत्‌का तात्त्विक स्वरूप बतलाते हुए वे कहते हैं कि जीवका एकमात्र धर्म भगवान्‌की भक्ति है। भगवान् परमात्मा हैं, स्वतन्त्र हैं, विभु हैं और जीव अस्वतन्त्र है। चेतन, निर्मल और भगवत्स्वरूप होकर भी मायाग्रस्त होनेके कारण उसपर भगवद्भक्तिद्वारा प्रभुको प्राप्त करनेका दायित्व आ गया है। आचार्य मध्वने स्पष्ट कहा कि जीव परमात्मासे उद्भूत चेतन अंश और उनसे सर्वथा भिन्न-स्थानीय है। सारूप्य-मुक्तिकी उपलब्धिके बाद भी वह उनसे भिन्न रहकर सदा रक्षा और अनुग्रह करनेकी प्रार्थना करता रहेगा।

आचार्य मध्वने दक्षिण भारतके उडिपी क्षेत्रसे तीन-चार किलोमीटर दूर वेलिल ग्राममें विष्णुभक्त भार्गवगोत्रीय ब्राह्मण-कुलमें संवत् १२९५ वि०में जन्म लिया था। वे द्वैतसिद्धान्तके महान् पण्डित, भगवान्‌के परम भक्त और परमात्मनिष्ठ आचार्य थे। सेव्य-सेवक-निष्ठाके माध्यमसे परम निगूढ़, चिन्मय और आनन्दमय भगवत्तत्त्वका रहस्य समझाते हुए उन्होंने कहा कि दुःखकी निवृत्ति और आनन्दकी प्राप्ति ही जीवका प्रयोजन है। वैकुण्ठमें जाकर नारायणकी सेवाका रसास्वादन करना ही मुक्ति और आनन्द है।

आचार्य मध्वके द्वैतवादपरक सिद्धान्तकी समीक्षामें एक बहुचर्चित परम्पराप्राप्त श्लोक है—

श्रीमन्मध्वमते हरिः परतरः सत्यं जगत्तत्त्वतो
भेदो जीवगणा हरेरनुचरा नीचोच्चभावंगताः।
मुक्तिर्नैजसुखानुभूतिरमला भक्तिश्च तत्साधनं
ह्यक्षादित्रितयं प्रमाणमखिलाम्नायैकवेद्यो हरिः॥

'माध्व-मतमें श्रीहरि सर्वश्रेष्ठ हैं, जगत् सत्य है, इनमें तत्त्वतः भेद है, ब्रह्मासे लेकर साधारण जीवपर्यन्त समस्त प्राणी श्रीहरिके अनुचर हैं, जीवकी स्वसुखानुभूति मुक्ति है, श्रीहरिकी निर्मल भक्ति उस मुक्तिकी साधिका है, प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम—ये तीन प्रमाण हैं और एकमात्र [श्री]हरि ही समस्त वेदादि शास्त्रोंद्वारा वेद्य हैं।'

माध्व-द्वैतवादमें भगवत्तत्त्व, जीव और जगत्पर मौलि[क] ढंगसे विचार किया गया है। आचार्य मध्वने भगवद्भक्ति[-] द्वारा भगवदनुग्रहकी अनुभूतिको ही संसार-सागरसे पार उतर जानेका सहज-सुगम उपाय निर्दिष्ट किया। उन्हों[ने] शांकर अद्वैतवादगर्भित मायावादका अनौचित्य सिद्ध क[र] शुद्ध द्वैत-भावका प्रतिपादन किया। आचार्यका मत [है] कि जीवको ब्रह्मसे अपनी समता न करके दास्य-भावद्वा[रा] ही उसके प्रेमको प्राप्त करनेका प्रयत्न करना चाहिये।

ब्रह्मा माध्वमतके आदि उपदेष्टा कहे जाते हैं। ब्रह्मा[के] बाद आचार्यपदपर श्रीमध्व ही प्रतिष्ठित हुए। आच[ार्य] मध्वको द्वैतसिद्धान्तप्रतिष्ठापनाचार्य भी कहा जाता है। आचार्य मध्वके वचन हैं कि ब्रह्म सगुण-सविशेष है [और] जीव अणुपरिमाण है। वेद नित्य और अपौरुषेय [हैं।] सद्गुणसम्पन्न भगवान् स्वतन्त्र हैं, जीव और जड-ज[गत्] अस्वतन्त्र हैं। माध्वदर्शनके अनुसार द्वैतरूप प्रपञ्च [है] ही नहीं—ऐसा कहना अज्ञान है। श्रीविष्णुद्वारा ज्ञात [और] रक्षित होनेसे द्वैत सत्य है। सर्वोत्कृष्ट तो भगवान् [व]ि[ष्णु] ही हैं, उनका सर्वोत्कर्ष-बोध (ज्ञान) ही सम्पूर्ण आगम[ोंका] तात्पर्य है—

'द्वैतं न विद्यत इति तस्मादज्ञानिनां मतम्। म[तं] ज्ञानिनामेतन्मितं त्रातं हि विष्णुना। तस्मान्मात्रा[मिति] प्रोक्तं परमो हरिरेव तु। तस्माद् विष्णोः सर्वोत्कर्ष[े] तात्पर्यं सर्वागमानाम्।' (सर्वदर्शनसंग्रह ५। २३)

सम्पूर्ण वेदोंका निश्चित प्रतिपादन है कि विष्णुतत्त्व (भगवत्तत्त्व) ही सर्वोत्कृष्ट है। सम्पूर्ण शास्त्र इस विषयमें एकमत हैं—

'तस्मात् सर्वस्य शास्त्रस्य विष्णुतत्त्वं सर्वोत्तममित्यत्र तात्पर्यमिति सर्वं निरवद्यम्।' (सर्वदर्शनसंग्रह ५। ४५)

माध्वमतमें विष्णु—ब्रह्म ही सर्वशक्तिमान् हैं। वे भाव-अभावसे परे हैं। भावके अन्तर्गत चेतन जीव और अचेतन जगत्‌की गणना की जाती है; ये दोनों भगवान्‌के अधीन हैं, उनकी कृपाके पात्र और विभुतासे सर्वथा रक्षित हैं। भगवान् इन दोनोंसे सर्वथा पृथक्, परे अथवा अतीत हैं। उत्कृष्टतम होनेसे ही वे दोनोंपर कृपा और दोनोंकी रक्षा करते हैं।

मध्वाचार्यने कहा कि 'मेरी वाणी सुनो। मैं दोनों हाथ उठाकर शपथपूर्वक कहता हूँ कि भगवान्की बराबरी करनेवाला इस चराचर जगत्में कोई भी नहीं है; उनसे श्रेष्ठ तो कोई हो ही नहीं सकता; क्योंकि वे सर्वश्रेष्ठ हैं। श्रीनारायण स्वरूपावस्थामें गुणातीत हैं, पर जब वे मायासे संयुक्त होते हैं, तब सत्त्व, रज, तम—ब्रह्मा, विष्णु और शिवके रूपमें अभिव्यक्त होकर जगत्की सृष्टि, स्थिति और प्रलय करते हैं।'

माध्व-सिद्धान्तके अनुसार सर्वशक्तिमान् भगवान् जगत्के प्राणियोंपर कृपा करते हैं। आचार्य मध्वका कथन है कि देवताओंमें स्थित रहते हुए अथवा उनको अपने अन्तर्गत (अधीन) रखते हुए उनकी (कार्य-) शक्तियोंको जाग्रत् कर शक्तिपुञ्ज भगवान् विष्णु समस्त कार्य सम्पन्न करते हैं—

तत्र तत्र स्थितो विष्णुस्तत्तच्छक्तीः प्रबोधयन्।
एक एव महाशक्तिः कुरुते सर्वमञ्जसा॥
(श्रीमध्वाचार्यकृत तन्त्रसार)

माध्व-दर्शनके अनुसार परमात्माके मूल और अवतरित रूपमें कोई भिन्नता नहीं है। जीव और ईश्वर परस्पर विलक्षण स्वरूप-स्वभावके कारण सदा भिन्न हैं—

जीवेश्वरौ भिन्नौ सर्वदैव विलक्षणौ॥
(सर्वदर्शनसंग्रह ५। ३१)

यद्यपि जीव चेतन है, पर उसका ज्ञान ससीम है। आचार्यके मतानुसार भगवान्के प्रेम तथा अनुग्रहसे जीव दुःखरूप संसारसे मुक्त होकर परमात्माके धाममें प्रवेश करता है।

इस सम्प्रदायमें भगवदनुग्रह और भगवत्प्रसन्नता-प्राप्तिकी सम्प्रतिष्ठा अमल—निर्दोष भक्ति और उसकी उपलब्धि मुक्तिमें की गयी है। बिना भक्तिके मुक्तिकी प्राप्ति नितान्त दुर्लभ है और मुक्तिके अभावमें सच्चिदानन्द-स्वरूप विष्णुकी कृपा-अनुभूति हो ही नहीं सकती। भगवान्की प्रसन्नता—कृपा भगवद्गुणोत्कर्षके ज्ञानसे होती है—

प्रसादश्च गुणोत्कर्षज्ञानादेव नाभेदज्ञानात्॥
(सर्वदर्शनसंग्रह ५। २८)

आचार्य मध्वने भक्तिको भगवदनुग्रह-प्राप्तिकी विशिष्ट प्रक्रिया बतलाया। भगवान्के प्रति अखण्ड प्रेम ही भक्ति है। उपासकद्वारा अपने अङ्गको भगवान्के विशिष्ट आयुध शङ्ख, चक्र, कमल और गदाके चिह्नसे अङ्कित करना, पुत्रादिका नाम भगवन्नामके अनुरूप नारायण, केशव, गोविन्द आदि रखना (जिससे उनके नाम-व्यवहारसे भगवान्का स्मरण हो), सत्य और प्रिय वचन बोलना, वेदाध्ययन करना, भगवान्में श्रद्धा-भक्ति करना—माध्वमतमें भक्तिके विशिष्ट अङ्ग माने गये हैं। इनमेंसे एकके भी द्वारा श्रीनारायणके चरणोंमें समर्पण भजन है, जो मुक्ति-प्राप्ति और भगवदनुग्रहकी अनुभूतिमें प्रधानरूपसे सहायक है—

अत्रैकैकं निष्पाद्य नारायणे समर्पणं भजनम्।
(सर्वदर्शनसंग्रह ५। १६)

माध्वदर्शनानुसार दुःखकी निवृत्ति और आनन्दकी प्राप्ति ही जीवका मुख्य लक्ष्य है। वैकुण्ठकी प्राप्ति ही मुक्ति—दुःखोंकी निवृत्ति है और भगवान् नारायणकी सेवा ही आनन्दकी प्राप्ति है। आचार्य मध्वकी उक्ति है कि अन्य सभी कर्म भक्तिकी प्राप्तिके लिये किये जाते हैं; पर मोक्षका साधन भक्ति ही है, जो मुक्त जीवोंके लिये भी आनन्दस्वरूप है—

भक्त्यर्थान्यखिलान्येव भक्तिर्मोक्षाय केवलम्।
मुक्तानामपि भक्तिर्हि नित्यानन्दस्वरूपिणी॥
(गीतातात्पर्य)

माध्व-सम्प्रदायके सिद्धान्तके अनुसार जो अपनेमें हीनत्व (दैन्य)का वरण कर स्वामीके गुणका स्तवन करता है, उसका मनोरथ वे प्रसन्न होकर (अनुग्रहपूर्वक) सफल कर देते हैं—

'यः स्वस्यात्मनो हीनत्वं परस्य गुणोत्कर्षं च कथयति स स्तुत्यः प्रीतः—अभीष्टं प्रयच्छति।' (सर्वदर्शनसंग्रह ५।१०)

आचार्य मध्वने संकेत किया है कि हरि ही सर्वोत्तम हैं, परम गुरु हैं, वे ही सारी सृष्टिके माता-पिता तथा गति हैं—

हरिरेव परो हरिरेव गुरु-
र्हरिरेव जगत्पितृमातृगतिः॥
(द्वादशस्तोत्र ३। १)

कर्णाटक प्रदेशमें माध्व-मतके आचार्य तथा अनुयायी प्रचुर संख्यामें पाये जाते हैं। मध्यकालमें आचार्य मध्वके पद-चिह्नोंका अनुगमन करनेवालोंमें आचार्य राजेन्द्रतीर्थ, ब्रह्मण्यतीर्थ तथा मध्वदर्शनके महान् मर्मज्ञ व्यासरायके नाम विशेषरूपसे इतिहास-प्रसिद्ध हैं। परमात्माके प्रति सेव्य-भावकी निष्ठा रखकर आचार्य व्यासरायके शिष्य संत पुरन्दरदास और कनकदास तथा वेंकटदास, विजयदास, विट्ठलदास आदिने भगवत्कृपासे परिपूर्ण दास-साहित्यका निर्माण किया। भारतीय अध्यात्म-जगत्में आचार्य मध्वने परमात्माका स्वामित्व और जीवका सहज दासत्व सिद्ध कर भगवदनुग्रह-प्राप्तिका पुण्यपथ प्रशस्त कर दिया है। —रा० ला०

श्रीनिम्बार्क-सम्प्रदायमें भगवत्कृपाका स्वरूप

(लेखक—पं० श्रीगोविन्ददासजी 'संत' धर्मशास्त्री, पुराणतीर्थ)

भारतीय संस्कृति-सम्पोषक समस्त शास्त्र एवं वाणी-ग्रन्थोंने भगवत्प्राप्तिके अन्य साधनोंकी अपेक्षा भगवत्कृपाको ही मुख्य (सर्वश्रेष्ठ) माना है। भगवत्प्राप्ति साधन-साध्य नहीं, अपितु कृपा-साध्य है। यह आत्म-परमात्म-तत्त्व प्रवचन, बुद्धि और बहुत श्रवण आदि साधनोंसे नहीं जाना जा सकता, किंतु जिसपर उन (परमेश्वर)की कृपा होती है, वही भाग्यशाली आर्त व्यक्ति उस परम तत्त्वको जान सकता है।

भगवत्कृपाका अधिकारी कौन है ? अर्थात् परमात्माकी कृपा किनपर होती है ? इस सम्बन्धमें अनन्त श्रीविभूषित चक्रसुदर्शनावतार आद्याचार्य श्रीनिम्बार्क महामुनीन्द्रने स्वनिर्मित वेदान्तदशश्लोकी (वेदान्तकामधेनु)के नवम श्लोकमें जागतिक जीवोंको सदुपदेश करते हुए बताया है—

> कृपास्य दैन्यादियुजि प्रजायते
> यया भवेत् प्रेमविशेषलक्षणा।
> भक्तिर्ह्यनन्याधिपतेर्महात्मनः
> सा चोत्तमा साधनरूपिकापरा॥

'सर्वतन्त्र-स्वतन्त्र, सर्वाधिष्ठान, सर्वनियन्ता, सर्वान्तर्यामी, सर्वज्ञ, श्रीसर्वेश्वर प्रभुकी कृपा उन व्यक्तियोंपर ही होती है, जिनमें दीनता, नम्रता, सरलता, भावुकता आदि गुण विद्यमान हों। उनकी कृपासे ही प्रेमविशेषलक्षणा भक्ति सम्प्राप्त हो सकती है, उसीको उत्तमा (परा) भक्ति कहते हैं।' श्रवण-कीर्तनादि साधनरूपा भक्ति 'अपरा' भक्ति कहलाती है।

गागरमें सागररूप इसी ग्रन्थरत्न (वेदान्तदशश्लोकी)के दशम श्लोकमें 'अर्थ-पञ्चक'का दिग्दर्शन कराते हुए श्रीआचार्यचरणने बताया है कि (१) अपने उपास्य (आराध्य), (२) भगवदुपासक (जीव), (३) कृपाफल, (४) भक्तिरस और (५) विरोधि-तत्त्व अर्थात् भगवद्भक्तिमें विघ्न डालनेवाले काम-क्रोधादि शत्रुओंका स्वरूप सभी भक्तोंके लिये जान लेना परमावश्यक है।

उपर्युक्त अर्थपञ्चकमें कृपाफलका भी नामोल्लेख है। जीव भगवान्से दूर तबतक ही रहता है, जबतक उसे भगवान्के कृपाफलका परिज्ञान नहीं होता। उसका ज्ञान होनेपर तो वह सब कुछ परित्याग कर सब प्रकारसे भगवान्‌का ही बन जाता है।

'श्रीनिम्बार्काचार्य-प्रस्थानत्रयी'के भाष्यकार दिग्विजयी श्रीकेशवकाश्मीरिभट्टाचार्यजी महाराजद्वारा रचित 'श्रीकृष्णशरणापत्तिस्तोत्र' तथा 'श्रीगोविन्दशरणागतिस्तोत्र'—दोनोंमें भगवत्कृपाका भाव इस प्रकार दर्शाया गया है—

> महाचमत्कारिसर्वनिजशक्तिप्रवर्तकः।
> कृपाकृदौदार्यनिधिः श्रीकृष्णः शरणं मम॥
> (१)

'अपनी महाचमत्कारिणी सम्पूर्ण शक्तियोंके प्रवर्तक, उदारताके भण्डार, कृपा करनेवाले श्रीकृष्ण मेरे शरण (आश्रय) हैं।'

> सर्वज्ञ सर्वद शरण्य कृपासमुद्र
> गोवर्द्धनोद्धरण धीर मुकुन्द शौरे।
> दारिद्र्यदुःखविनिवारण विश्वबन्धो
> त्रायस्व केशव हरे शरणागतं माम्॥
> (७)

'हे शूरवंशी कृपासागर मुकुन्द ! आप सर्वज्ञ, सब कुछ देनेवाले, शरणदाता, धैर्यशाली और गोवर्धनको नखपर धारण करनेवाले हैं। हरे ! आप दरिद्रता और दुःखको दूर करनेवाले तथा विश्वके बन्धु हैं। केशव ! मुझ शरणागतकी रक्षा कीजिये।'

निम्बार्काचार्य श्रीहरिव्यासदेवाचार्यजी महाराजने भी स्वरचित ग्रन्थरत्न 'श्रीमहावाणीजी' में बतलाया है—

> साधन करि नाकादि फल, नश्वर पावत जोय।
> एक कृपा ही करि कछु, सिद्धि होय सो होय॥
> एक कृपा करि होय सो होई। साधन सिद्ध रह्यो नहिं कोई॥
> नाकादिक नश्वर फल पावैं। जाय आयमें आयु बितावैं॥
> जितने साधन उरमें धरहीं। तितने या बिच अन्तर करहीं॥
> सब तजि सदा मनावे याहीं। और न ते मन धरि अवगाहीं॥
> 'श्रीहरिप्रिया' परम पद चाहैं। तौ या बिना न आन उमाहैं॥
> (सिद्धान्त सुखपद ३०)

श्रीनिम्बार्कपीठाधिपति श्रीवृन्दावनसेवाचार्यजी महाराजके परम कृपापात्र किशनगढ़नरेश महाराजा श्रीसावंतसिंहजी (महात्मा श्रीनागरीदासजी)ने तो अपने वाणीग्रन्थमें 'कृष्ण कृपा आये दिन भले।' 'अब तो कृपा करो गोपाल।' 'अब तो कृपा करो गिरधारी।' आदि। कई एक पदोंमें केवल भगवत्कृपाका ही अवलम्ब लिया है।

दैन्यभावयुक्त व्यक्तिपर ही भगवत्कृपा होती है। वस्तुतः दैन्यका प्रादुर्भाव भी भगवान्‌की शरणागति स्वीकार करनेपर ही होता है। उदाहरणार्थ, गजेन्द्रको जबतक अपना अथवा अपने साथियोंका बल रहा, तबतक उसपर प्रत्यक्षरूपमें भगवत्कृपा नहीं हुई। इन सबसे निराश होकर जब उसने भगवान्‌को पुकारा तो क्या देर लगी ?

—'निर्बल ह्वै बलराम पुकार्‌यो, आये आधे नाम।'

यहाँ 'निर्बल' शब्द दीनताका ही वाचक है। दीन बनकर गजेन्द्रने प्रार्थना की, तब भगवान्‌ने कैसे कृपा की, यह भगवान् वेदव्यासके शब्दोंमें पठनीय है—

श्रुत्वा हरिस्तमरणार्थिनमप्रमेय-
श्चक्रायुधः पतगराजभुजाधिरूढः।
चक्रेण नक्रवदनं विनिपाट्य तस्मा-
द्धस्ते प्रगृह्य भगवान् कृपयोज्जहार॥
(श्रीमद्भा० २। ७। १६)

'गजेन्द्रकी पुकार सुन अनन्त शक्तिशाली भगवान् चक्रपाणि गरुड़की पीठपर चढ़कर वहाँ आये और अपने चक्रसे उन्होंने ग्राहका मुख फाड़ डाला। इस प्रकार कृपापरवश भगवान्‌ने अपने शरणागत गजेन्द्रकी सूँड पकड़कर उस संकटसे उसका उद्धार किया।'

द्रौपदीको अपने पाँचों पतियोंपर तथा अपने बलपर जबतक भरोसा रहा, तबतक भगवान् नहीं आये। 'द्रुपद सुता निर्बल भई ता दिन तजि आये निज धाम' द्रौपदीने कहा—

'गोविन्द द्वारकावासिन् कृष्ण गोपीजनप्रिय।'
(महा० सभा० ६८। ४१)

'हे गोविन्द! हे द्वारकावासिन्! हे कृष्ण! हे गोपीजनवल्लभ! कृपाकर मेरी लाज बचाओ।' इतना कहते ही वस्त्ररूपमें प्रकट होकर भगवान्‌ने उसकी लाज बचायी। यह है भगवत्कृपा। पर कृपावृष्टि हुई कब ? भक्त सब कुछ छोड़कर दीन बना गया तब। गोपीजनोंके तो एकमात्र सर्वस्व ही भगवान् थे, फिर उनपर कृपा होनेकी तो बात ही क्या।

इसी प्रकार गणिका, गीध, शबरी, अजामिल आदि निम्न श्रेणीके जीवोंपर भी भगवत्कृपा-वृष्टि हुई। हम तो मानव हैं—सब योनियोंमें मानव-योनि भगवान्‌को विशेष प्रिय है। यदि सच्चे हृदयसे सब ओरकी आसक्ति हटाकर उनके बन जायँ तो उनकी कृपाकी अनुभूति होनेमें देर ही क्या है ? उनका बननेमें देर लग सकती है, उनकी कृपा होनेमें नहीं—यह ध्रुव सत्य है, इसमें किंचिन्मात्र भी संदेह नहीं है।

कृपा-कौशल

(रचयिता—पं० श्रीभवदेवजी झा, एम्० ए०, साहित्य-शास्त्री)

कृपानाथ! तेरी कृपा-शक्ति जगमें,
अनोखी सुधा, नित्य बरसा रही है।
तुम्हारी कृपामें छिपा भाव अनुपम,
उसीकी छटा विश्वमें छा रही है।

पिता-रूपसे हो तुम्हीं जीव-पालक,
सुहृद्-रूपसे हो तुम्हीं जन-सहायक।
तुम्हीं मातृ-वात्सल्य देते प्रजाको,
उसीसे सकल सृष्टि सुख पा रही है।

तुम्हीं भोगसे रोकते रोग देकर,
तुम्हीं योग देते सभी भोग लेकर।
विविध रूपमें एक तेरी झलक है।
प्रकृति नित नये पाठ सिखला रही है।

पतित, दीन भी दुर्लभा भक्ति पाते
कलाहीन, निर्गुण गुणीको रिझाते।
न जाने तुम्हारी कृपा नित्य क्या-क्या,
अनूठे चमत्कार दिखला रही है।

वैखानस भगवच्छास्त्रमें भगवत्कृपा तथा उसकी प्राप्तिके साधन

(लेखक—श्रीवत्सपादि भास्कर रामकृष्णमाचार्युलु, बी०ए०, बी०एड्०)

वैखानस आगम या भगवच्छास्त्र भगवान् श्रीविष्णुको ही परदेवता मानता है। उक्त परदेवता भगवान् श्रीविष्णुने संसारपङ्कनिमग्न जीवोंका उद्धार करने-करानेके लिये इस पृथ्वीपर अर्चारूपसे अवतार लिया तथा उक्त अभिरूपसे विभिन्न क्षेत्रोंमें अवतरित भगवान्के श्रीविग्रहोंकी अर्चा-विधिके निर्देशके लिये एक दिव्य पुरुषको उत्पन्न किया, जो 'विखनस्' मुनिके नामसे प्रसिद्ध हुए। उनके द्वारा प्रवर्तित विष्णु-उपासना-पद्धति वैखानस भगवच्छास्त्र या वैखानस आगमशास्त्र कहलाता है। श्रीभगवान्का उक्त अवतार भी, जो अर्चावतारूपसे प्रसिद्ध है, उनकी कृपाकी भाँति ही विलक्षण है। इस प्रकार यह सिद्ध है कि साक्षात् श्रीभगवान्की ही तरह उनकी अहैतुकी कृपा भी नित्या तथा सर्वव्यापिनी है। इसी प्रकार अर्चारूपमें भगवान् भी नित्य सर्वव्यापी हैं। उक्त अर्चारूपमें अवतरित भगवान् श्रीविष्णुकी उपासनाके दो प्रकार हैं—वैखानस-आगम एवं भागवततन्त्र। यहाँ वैखानस भगवच्छास्त्रमें उपासनाके प्रकारोंका, जिन्हें अपनाकर कृपा-प्राप्ति की जा सकती है, दिग्दर्शन कराया जा रहा है।

विराट् भगवत्स्वरूपकी उपासनाके दो प्रधान भेद हैं—अमूर्त और समूर्त। इनमें समूर्त रूपकी उपासनाको ही श्रेष्ठ बतलाया गया है—

> अग्नौ हुतममूर्तं प्रतिमादि समूर्तं तच्छ्रेष्ठं च।
>
> (विमानार्चनकल्प)

इस (समूर्त) उपासनाके चार प्रधान अङ्ग हैं—जप, हुत, अर्चन और ध्यान। उक्त चार प्रकारके साधनोंको अपनाकर भगवान्की कृपा-प्राप्तिके लिये यत्न करना ही साधककी परम बुद्धिमत्ता एवं सौभाग्य है।

अब उक्त भगवच्छास्त्रके अनुसार उक्त चार साधनोंका विवरण देखें—

जप—सावित्रीं पूर्वं वैष्णवीमृचमष्टाक्षरं द्वादशाक्षरं च भगवन्तं ध्यात्वाभ्यसेत् स जपः।'

''पहले सावित्री (गायत्री)को जपकर वैष्णवी ऋचाओं एवं अष्टाक्षर और द्वादशाक्षर महामन्त्रोंका भगवद्ध्यानके साथ अभ्यास करना 'जप' है।''

हुत—अग्निहोत्रादिषु यद्धूयते तद्धुतं होमः।

'अग्निहोत्रमें जो हवन किया जाता है, उसे 'हुत' अ[illegible] होम कहते हैं।'

'यज्ञो वै विष्णुः', 'वासुदेवपरा मखाः' आदि [illegible] यज्ञका परमार्थ विष्णुको ही निरूपित करते हैं। इ[illegible] अतिरिक्त—

> ब्रह्मार्पणं ब्रह्म हविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम्।
>
> (गीता ४। २[illegible])
>
> अहं क्रतुरहं यज्ञः स्वधाहमहमौषधम्।
>
> मन्त्रोऽहमहमेवाज्यमहमग्निरहं हुतम्॥
>
> (गीता ९। १६)

—आदि श्लोकोंमें यह सब कुछ भगवान् है—[illegible] तथ्यका प्रतिपादन किया गया है।

अर्चन—गृहे देवायतने वा वैदिकेन मार्गेण प्रतिमा[illegible] पूजयेत्तदर्चनं च॥

''अपने घरमें या देवालयमें वैदिक मार्गसे [illegible] प्रतिमा आदिके रूपमें भगवान्की पूजा करना 'अर्चन' है। यहाँ 'आदि' शब्दसे शालग्राम, कलश आदिका ग्रहण [illegible] जा सकता है। यह अर्चन दो प्रकारका होता है—[illegible] अर्चन तथा नैमित्तिक अर्चन। इनमें नित्य अर्चन [illegible] आत्मकल्याण और लोककल्याणके लिये किया जाता [illegible] नैमित्तिक अर्चनके दो भेद हैं—शान्तिक एवं पौष्टिक। [illegible] अर्चन दिव्य, आन्तरिक्ष और भौम नामके तीनों [illegible] की शान्तिके लिये किया जाता है तथा कार्योंकी सिद्धि[illegible] लिये किया जानेवाला अर्चन पौष्टिक कहलाता [illegible] भगवत्कृपा-प्राप्तिके चारों साधनोंमें 'अर्चन' सर्वश्रे[illegible] उससे सभी मनोरथ पूरे हो सकते हैं—

> तस्मदर्चनं सर्वार्थसाधनं स्यात्।

ध्यान—जीवात्मना परमात्मचिन्तनं ध्यानं च।

'जीवद्वारा परमात्म-चिन्तन ही ध्यान [illegible] जाता है।' इस ध्यानके दो भेद हैं—नि[illegible] और सकल। 'निष्कल' ध्यानमें इस ब्रह्माण्डान्तर्ब[illegible] परमात्माका दूधमें घी अथवा काष्ठमें अग्निकी तरह [illegible] किया जाता है। 'सकल' ध्यानमें परमात्माके [illegible] प्रकार-भेद जानकर चिन्तन किया जाता है।

उक्त प्रकारसे भगवान्की अर्चना करके चारों प्र[illegible] मोक्ष (सालोक्यादि) प्राप्त करना मानव-जीवनका [illegible] तथा भगवत्कृपाका चरम फल है।

श्रीरामानन्द-सम्प्रदायमें भगवत्कृपा

(लेखक—श्रीवैदेहीकान्तशरणजी)

श्रीरामानन्द-सम्प्रदायमें प्रपत्ति—शरणागति और भगवत्कृपाके आश्रयपर ही विशेष बल दिया गया है। चरम लक्ष्य प्रभु-प्राप्तिका उपाय भी उनकी कृपामें संनिहित है, इस कृपावलम्बित्वसे भगवान्‌में सहज प्रपत्ति सिद्ध होती है।

भगवत्कृपाका आश्रय ही इस सम्प्रदायका चरम मन्त्र है—

सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते।
अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद् व्रतं मम॥
(वा० रा० ६। १८। ३३)

"जो एक बार भी शरणमें आकर 'मैं तुम्हारा हूँ'—ऐसा कहकर मुझसे रक्षाकी प्रार्थना करता है, उसे मैं समस्त प्राणियोंसे अभय कर देता हूँ। यह मेरा सदाके लिये व्रत है।"

इस मन्त्रके 'प्रपन्नाय' पदसे प्रपत्ति, शरणागति या भगवत्कृपावलम्बित्वको ही परम साधन या उपाय कहा गया है—

प्रपन्नायेति पदतस्तूपायस्थानमुच्यते।
उपायत्वं भगवतस्तवेति पदतस्तथा॥
(श्रीवै० म० भा० ४५)

पुनः प्रभु-कृपापर अवलम्बित रहना ही इस मन्त्रका अनुसंधानार्थ कहा गया है—

निर्भरत्वानुसंधानमनुसंध्यर्थ उच्यते॥
(श्रीवै० म० भा० ५२)

इसी प्रकार इस सम्प्रदायके मन्त्रद्वय भी प्रभु-कृपावलम्बित्वका ही प्रतिपादन और उपदेश करते हैं—

'श्रीमद्रामचन्द्रचरणौ शरणं प्रपद्ये।'
'श्रीमते रामचन्द्राय नमः॥'

प्रथम मन्त्रमें 'शरणम्' पदसे भगवत्कृपावलम्बित्वको उपाय तथा 'प्रपद्ये' पदसे उस उपायका अध्यवसाय कहा गया है—

शरणेति पदेनैवोपायस्तद्विग्रहो बुधैः।
उपायाध्यवसायस्तु प्रपद्य इति वर्ण्यते॥
(श्रीवै० म० भा० ३७)

इस सम्प्रदायमें दैनिक त्रिकाल-प्रार्थनामें भी भगवत्कृपाको ही स्मरण करने-करानेका विधान है—

जगत्पते श्रीश जगन्निवास
प्रभो जगत्कारण रामचन्द्र।
नमो नमः कारुणिकाय ते सदा
पदाब्जयुग्मे तव भक्तिरस्तु मे॥
(श्रीवै० म० भा० ११९)

'लक्ष्मीपते! आप जगत्‌के स्वामी हैं, सम्पूर्ण जगत् आपमें ही निवास करता है। स्वामी रामचन्द्र! आप ही जगत्‌के कारण हैं। आप करुणानिधानको बारंबार नमस्कार है। आपके युगल चरण-कमलोंमें मेरी भक्ति सदा बनी रहे।'

स्वामी श्रीरामानन्दाचार्यजीने जीवोंको परम दयालु प्रभुकी शरणमें जानेका ही उपदेश दिया है—

प्राप्तुं परां सिद्धिमकिंचनो जनो
द्विजादिरिच्छञ्शरणं हरिं व्रजेत्।
परं दयालुं स्वगुणानपेक्षित-
क्रियाकलापादिकजातिभेदम्॥
(श्रीवै० म० भा० १२४)

'परा सिद्धिको प्राप्त करनेकी अभिलाषा रखनेवाले किसी भी द्विजादि (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य आदि) अकिंचन मनुष्यको उन श्रीहरिकी शरण ग्रहण करनी चाहिये, जो परम दयालु हैं और अपने गुणोंद्वारा (अपनी प्राप्तिके लिये) क्रियाकलाप और जातिभेद आदिकी अपेक्षा नहीं रखते।'

शरणागत भक्त याचना करता है—

'हे जगदीश! जगत्‌में मेरे उद्धारके लिये सुलभ अथवा असुलभ कोई भी गति नहीं है। केवल आपके चरणकमल ही मेरी गति हैं। हे शरणदाता! मैं करोड़ों अपराधोंका पात्र हूँ। दरिद्रता ही मेरा मित्र है। अतः इस संसारके बन्धनको काटनेके लिये तीर्थराज हो जाइये। हे सर्वशरण! मेरे उद्धारके लिये मुझमें शक्ति नहीं है। अतएव आपके चरणोंमें मैंने अपना अर्पणरूप भार न्यास किया है। हे विभो! आप ही अगतिके गति हैं। हे शरण्य! आपके चरणकमलोंको मैं अपना आश्रय बनाता हूँ।'

गुणवानोंका यह स्वभाव है कि वे उपकारका बदला न चाहते हुए भी परोपकार किया करते हैं, इस बातको सांख्यदर्शन भी मानता है—

'स्वभाव एवायं गुणवतां यदनुपकारिष्वप्युपकारकरणम्'

(सांख्यकारिका, सांख्यचन्द्रिका-टीका ६०)

आचार्यचरणके अनुसार दुष्टोंपर भी दया करना सत्पुरुषोंका निर्मल मार्ग है, दयालुताके लिये कुछ भी कार्य अकार्य नहीं है।

अनन्त कर्मप्रवाहके द्वारा इस संसार-सागरमें चिरकालसे डूबते-उतराते, जन्मते-मरते हुए अस्वतन्त्र जीवोंके ऊपर प्रभुकी वह निर्हेतुकी कृपा निरन्तर बरसती है और (अनन्य-भक्तिसे) भगवत्कृपाद्वारा ही उन्हें भगवत्प्राप्ति या मोक्षप्राप्ति होती है—

कर्मप्रवाहेण तु चेतनस्य
मग्नस्य संसारमहार्णवे चिरम्।
उपर्यहो संसरतोऽवशस्य
कृपोन्नवल्येव हरेरहेतुका ॥

(श्रीवै० म० भा० ९१)

संत आश्वासन देते हैं—

''ये दयासागर, दीनबन्धु भगवान् अपने भक्तोंका भजन करनेके लिये उत्सुक रहते हैं तथा स्वजनोंपर अल्पमात्र भी दुःख देखकर दुःखित हो जाते हैं। 'हे प्रणतजनोंके दुःख दूर करनेवाले नाथ ! मैं आपका दास हूँ और इस समय भवसागरमें पड़ा हुआ हूँ।'—ऐसा सुनते ही भगवान्‌का हृदय पिघल जाता है; क्योंकि उनकी दयालुताकी सीमा नहीं है। 'हे जगन्नाथ ! अपने दीनजनकी रक्षा कीजिये। विभो ! आप ही मेरे रक्षक बनिये।'—इस प्रकार अन्तर्हृदयसे निकली हुई वाणीका अनुपालन भगवान् सतत करते रहते हैं। दयापरवश भगवान् अभिमानशून्य तुम्हारे ऊपर अवश्य दया करेंगे। वे शबरी, सुग्रीव और गजके स्वामी हैं, अतः तुम्हारी उपेक्षा नहीं करेंगे''—

भगवान् स्वभक्तभजनोत्सुकतां
बिभृते दयारससरिजलधिः।
व्यथते व्यथालवमपि स्वजने
परिवीक्ष्य दीनजनबन्धुरयम् ॥
पतितोऽहमस्मि भववारिनिधौ
प्रणतार्तिनाशन जनोऽस्मि तव।
इति शृण्वतो द्रवति तस्य मनो
नहि सीमितास्ति तदनुग्रहिता ॥
जगदीश पाहि निजदीनजनं
शरणं त्वमेव भव मेऽद्य विभो।
इति वाचमेव हृदयाद् गलिता-
मनुपालयत्यपि हरिः सततम् ॥
सुतरां दयापरवशो भगवान्
दयितेव वो गलितमानभुवाम्।
शबरीकपीशगजराजपतिः
स उपेक्षणं नहि करिष्यति वः ॥

इस प्रकार इस सम्प्रदायका तात्पर्य एकमात्र भगवत्कृपामें ही प्रतिष्ठित है—

विहाय चान्यत् परमं दयालुं
प्राप्यं समर्थं निरपायमीश्वरम्।
उपायमेतेऽध्यवसीय सुस्थिता
ज्ञेयाः प्रपन्नाः सततं हरिप्रियाः ॥

(श्रीवै० म० भा० १३०)

'जो भक्त अन्य उपायका परित्याग करके प्राप्त करने योग्य, सर्वसमर्थ, अपायरहित, परम दयालु परमेश्वरकी शरण ग्रहण करके सदाके लिये निश्चिन्त हो जाते हैं, वे ही श्रीहरिके प्यारे भक्त हैं और उन्हींको शरणागत समझना चाहिये।'

करुणासिन्धु, उदारकीर्ति, अचिन्त्य एवं अखिलवैभव-सम्पन्न भगवान् श्रीविष्णुका दूसरोंके दुःखको सहन न करना अप्राकृत मनीषियोंद्वारा श्रेष्ठ दया कही गयी है—

दयान्यदुःखस्य निगद्यते बुधै-
रप्राकृतैस्तैरसहिष्णुता स्तुता।
कृपामहाब्धेः समुदारकीर्ते-
र्विष्णोरचिन्त्याखिलवैभवस्य ॥

(श्रीवै० म० भा० १७)

श्रीरामानन्द-सम्प्रदाय केवल उसी दया—कृपाकी आकाङ्क्षा रखता है।

शाक्त-मतमें भगवतीकी कृपा और उसकी प्राप्तिके साधन

(लेखक—डॉ० श्रीरासमोहन चक्रवर्ती, एम्० ए०, पी-एच्० डी०)

ऋग्वेदके दशममण्डलका १२५वाँ सूक्त 'देवीसूक्त'के नामसे अभिहित किया जाता है। आद्या शक्ति जगज्जननी देवी भगवतीके स्वरूप और महिमाका कीर्तन इस सूक्तकी आठ ऋचाओंमें हुआ है। दुर्गासप्तशतीमें निर्दिष्ट है कि राजा सुरथ तथा वैश्य समाधिने 'देवीसूक्त'का जप करके जगदम्बिकाके दर्शनकी अभिलाषासे तपस्या की थी—

'स च वैश्यस्तपस्तेपे देवीसूक्तं परं जपन्।'

(१३। १०)

यह देवीसूक्त चण्डीतत्त्वमें प्रवेशके लिये द्वारस्वरूप है। देवीसूक्तमें जो मन्त्रस्वरूपा हैं, वे ही सप्तशती विग्रहवती हैं। देवीसूक्तका यह विग्रह ही श्रीमहादेवी भगवती चण्डिका हैं।

देवीसूक्तके पाँचवें ऋक्में आद्या शक्ति भगवतीके वचन हैं—

अहमेव स्वयमिदं वदामि जुष्टं देवेभिरुत मानुषेभिः।
यं कामये तं तमुग्रं कृणोमि तं ब्रह्माणं तमृषिं तं सुमेधाम्॥

(ऋक्० १०। १२५। ५)

'देवताओं और मनुष्योंके द्वारा सेवित इस ब्रह्मतत्त्वका उपदेश मैं स्वयं करती हूँ। मैं आराधित होनेपर जिसे चाहती हूँ, श्रेष्ठ बना देती हूँ; उसे ब्रह्मा, ऋषि अथवा उत्तम प्रज्ञाशाली बना देती हूँ।'

इससे ज्ञात होता है कि आद्या शक्ति भगवतीकी इच्छा या कृपासे ही जीव अभ्युदय और निःश्रेयस प्राप्त कर सकता है।

'सदाभ्युदयदा भवती प्रसन्ना' (दुर्गासप्तशती ४। १५)

'आप प्रसन्न होनेपर अर्थात् कृपा करनेपर सर्वदा अभ्युदय प्रदान करती हैं।'

सैषा प्रसन्ना वरदा नृणां भवति मुक्तये।

(वही १। ५७)

'वे ही प्रसन्न होनेपर अर्थात् कृपा करनेपर मनुष्योंकी मुक्तिके लिये वरदात्री होती हैं।'

तन्त्रशास्त्रके अनुसार शक्तिकी कृपाके बिना मुक्ति सम्भव नहीं है। सुप्रसिद्ध शाक्त-दार्शनिक तन्त्राचार्य भास्करराय कहते हैं—

'न च मोचनस्य शिवकार्यत्वात् कथं तत्र देव्याः कर्तृत्वम्? इति वाच्यम्। मोचकत्वशक्तिमन्तरेण शिवस्य तद्योगेन मोचनकर्तृताया अन्वयव्यतिरेकाभ्यां शक्तावेव स्वीकर्तुं युक्तत्वात्।'

अर्थात् मुक्ति प्रदान करना शिवजीका कार्य है, अतएव इस विषयमें देवीका कर्तृत्व कैसे होगा?—यह कहना ठीक नहीं है। मोचकत्वरूपा शक्ति न रहनेपर शिवजी उसे नहीं कर सकते। अतएव अन्वय-व्यतिरेक-न्यायके अनुसार शक्तिका मोचन-कर्तृत्व स्वीकार करना ही युक्तिसङ्गत है। इसी कारण दुर्गासप्तशतीमें कहा गया है—

सा विद्या परमा मुक्तेर्हेतुभूता सनातनी।

(१। ५७)

'वे संसारसे मुक्तिकी कारणस्वरूपा परम ब्रह्मविद्यास्वरूपिणी और सनातनी हैं।'

दुर्गासप्तशतीके प्रथम अध्यायमें उल्लिखित है कि महर्षि मेधाने महाराज सुरथको महामायाके तत्त्वका उपदेश देते समय कहा है—'महामाया ही सर्वेश्वरेश्वरी हैं। केवल उनकी कृपासे ही जीव मुक्ति प्राप्त कर सकता है। अन्य कोई उपाय नहीं है।'

देवीभागवतमें इसी बातको विस्तारपूर्वक कहा गया है—

तया निमित्तभूतास्ते ब्रह्मविष्णुमहेश्वराः।
कल्पिताः स्वस्वकार्येषु प्रेरिता लीलया स्वमी।
ते तां ध्यायन्ति देवेशाः पूजयन्ति परां मुदा॥
ज्ञात्वा सर्वेश्वरीं शक्तिं सृष्टिस्थितिविनाशिनीम्।

(५। ३३। ६२–६५)

'महामायाने ही ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वरको सृष्टि, स्थिति और संहारके कार्यमें नियुक्त किया है। वस्तुतः वे ही स्वयं सब कुछ कर रही हैं, केवल लीलाके लिये ही उन्होंने इन्हें सृष्टि आदि कार्योंमें नियुक्त कर रखा है। वे प्रधान देवता शक्तिरूपिणी महामायाको सृष्टि-स्थिति-लयकारिणी और सर्वप्रधानरूपमें जानकर ध्यान करते हैं तथा परमानन्दमें मग्न हो पूजा करते हैं।'

तस्या देव्याः प्रसादश्च यस्योपरि भवेन्नृप।
स एव मोक्षमाप्नोति नान्यथा धरणीपते॥

(देवीभागवत १०। १०। २५)

'हे राजन् ! जिसके ऊपर उन देवीकी कृपा होती है, वही व्यक्ति मोहका अतिक्रमण कर सकता है, अन्यथा कोई उपाय नहीं है ।'

साधककी तपस्या और भगवतीकी कृपा—

शाक्तमतके अनुसार भगवतीकी कृपा या प्रसादके विना केवल तपःशक्तिके द्वारा सिद्धि प्राप्त करना सम्भव नहीं है अर्थात् साधककी तपस्या और भगवतीकी कृपा—इन दोनोंके एकत्र होनेसे ही सिद्धि प्राप्त होती है । उपनिषद्के अनुसार तपःप्रभाव या देवप्रसाद, अर्थात् साधककी तपःशक्ति और परमात्माकी कृपा—इन दोनोंके संयोगसे ब्रह्मज्ञानकी प्राप्ति या मुक्ति होती है—

तपःप्रभावाद्देवप्रसादाच्च ब्रह्म ह श्वेताश्वतरोऽथ विद्वान् ।

(श्वेताश्वतरोपनिषद् ६ । २१)

'श्वेताश्वतर ऋषिने अपने तपःप्रभाव और देवप्रसादसे ब्रह्मको जान लिया था ।'

इस सम्बन्धमें योगी श्रीअरविन्दने 'The Mother' में जो लिखा है, वह विशेषरूपसे ध्यान देने योग्य है—

'There are two powers that alone can effect in their conjunction the great and difficult thing which is the aim of our endevour, a fixed and unfailing aspiration that calls from below and a supreme Grace from above that answers.'

(The Mother p. I)

अर्थात् जो महान् और दुरूह कार्य हमारी साधनाके लक्ष्य हैं, वे दो शक्तियोंके संयोगसे ही सम्पन्न हो सकते हैं, एक नीचेसे आवाहन करनेवाली स्थिर और सतत स्पृहा है और दूसरी भगवत्कृपा है, जो ऊपरसे उस आवाहनका उत्तर देती है ।

दुर्गासप्तशतीमें महर्षि मेधाद्वारा महाराज सुरथको चरम उपदेश दिये जानेका उल्लेख मिलता है—

तामुपैहि महाराज शरणं परमेश्वरीम् ।
आराधिता सैव नृणां भोगस्वर्गापवर्गदा ॥

(१३ । ४-५)

'हे महाराज सुरथ ! उन्हीं परमेश्वरीकी शरण प्राप्त करो। आराधिता होनेपर वे ही मनुष्योंको इहलोकमें अभ्युदय और परलोकमें स्वर्गसुख तथा मुक्ति प्रदान करती हैं ।'

साधकके लिये भगवतीकी शरणागति ही श्रेष्ठ साधन है । शिशु जिस प्रकार सरलभावसे सब विषयोंमें सम्पूर्ण रूपसे जननीपर निर्भर करता है, उसी प्रकार सर्वतोभावेन शरणापन्न होकर जगदम्बाकी उपासना करनेपर वे भक्तको धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष—यह चतुर्वर्ग प्रदान करती हैं ।

इस सम्बन्धमें श्रीरामकृष्ण परमहंसका निम्नलिखित उपदेश विशेषरूपसे याद रखने योग्य है—'बच्चा बहुत दौड़-धूप कर रहा है, यह देखकर माँको दया आती है, अतः छिपी हुई माँ आकर प्रकट हो जाती है । उसकी इच्छा होती है कि बच्चा थोड़ी देर दौड़-धूप करे, फिर मैं उसे गोदीमें उठा लूँ । वह लीलामें इस संसारकी रचना करती है । उसकी शरण ग्रहण करना ही हमारा चरम लक्ष्य है ।'

केवल साधनाके द्वारा ईश्वरका दर्शन नहीं होता । इसके लिये ईश्वरकी कृपा चाहिये । इसे परमहंस श्रीरामकृष्णदेव एक भव्य दृष्टान्तद्वारा समझाते हैं—'किंतु हजार चेष्टा करो, उनकी कृपा न होनेसे कुछ नहीं हो सकेगा । वे ज्ञानसूर्य हैं । उनकी एक किरणसे इस जगत्में ज्ञानका प्रकाश होता है, तभी हम एक दूसरेको जान पाते हैं, जगत्में अनेक प्रकारकी विद्या उपार्जित करते हैं । सार्जेंट (सैनिक अधिकारी) रातके अँधेरेमें लालटेन लेकर घूमता है तो उसका मुख कोई नहीं देख पाता, किंतु उस प्रकाशसे वह सबका मुख देख लेता है और दूसरे लोग भी एक दूसरेका मुख देख पाते हैं । यदि कोई सार्जेंटको देखना चाहेगा तो इसके लिये उसे उससे प्रार्थना करनी पड़ेगी, 'कृपा करके एक बार प्रकाश अपने मुखकी ओर फिराइये ।' इसी प्रकार हमें ईश्वरसे प्रार्थना करनी पड़ती है कि 'प्रभो ! कृपा करके दिव्य ज्ञानका प्रकाश अपने ऊपर एक बार धारण कीजिये, जिससे मैं आपका दर्शन कर सकूँ ।'

भगवतीकी कृपा-प्राप्तिके लिये साधनाएँ—

पराशक्ति भगवती महामायाकी कृपा-प्राप्तिके लिये आराधनाकी एकान्त कर्त्तव्यताके विषयमें पुराण तथा तन्त्र-शास्त्रमें बहुत-सी उक्तियाँ और विस्तृत विधि-विधान वर्णित हैं । शैव नीलकण्ठ देवीभागवतकी टीकाकी उपक्रमणिकामें कहते हैं—

आराध्या परमा शक्तिः सर्वैरपि सुरासुरैः ।
मातुः परतरं किंचिदधिकं भुवनत्रये ॥
धिग् धिग् धिग् धिक् च तज्जन्म यो न पूजयते शिवाम् ।
जननीं सर्वजगतः करुणारससागराम् ॥

'यह परमा शक्ति भगवती देव-दानव आदि सभीके द्वारा आराधनीया हैं, त्रिभुवनमें मातासे बढ़कर पूजनीया और कौन है ? जो मनुष्य सर्वजगत्‌की जननी दयामयी मङ्गलरूपिणी भगवतीकी पूजा नहीं करता, उसके जन्मको बारंबार धिक्कार है ।'

विधिपूर्वक आराधनाकी कर्तव्यताके विषयमें शास्त्र कहता है कि जब वायुकी उपलब्धि नहीं होती, तब भी वायु रहती है, किंतु वह पंखा झलनेसे उपलब्ध होती है । इसी प्रकार जगन्माता भगवती चण्डी सर्वत्र सर्वदा विद्यमान होनेपर भी साधनाके बिना उपलब्ध नहीं होतीं ।

भगवतीकी कृपा-प्राप्तिके लिये तन्त्रशास्त्रमें दो साधन बताये गये हैं—(१) ध्यान और (२) जप—

> आदौ ध्यानं ततो मन्त्रं ध्यानस्यान्ते मनुं जपेत् ।
> ध्यानमन्त्रसमायुक्तः शीघ्रं सिध्यति साधकः ॥

'पहले ध्यान, उसके बाद मन्त्र-जप करे । ध्यानके अन्त-में भी मन्त्र-जप करे । साधक ध्यान और मन्त्रसे युक्त होनेपर शीघ्र सिद्धि प्राप्त कर लेता है ।'

> मननात् त्रायते यस्मात् तस्मान्मन्त्रः प्रकीर्तितः ।
> जपात् सिद्धिर्जपात्सिद्धिर्जपात्सिद्धिर्न संशयः ॥

'जो मनन करनेपर त्राण करता है, वह मन्त्र है । उस मन्त्रका पुनः-पुनः जप करनेसे ही सिद्धि प्राप्त होती है । इसमें संदेह नहीं है ।' मन्त्र-जपके साथ मन्त्रार्थकी भावना अत्यन्त आवश्यक है । जपसे सिद्धि प्राप्त करनेके लिये कौन-सी पद्धतिका अवलम्बन आवश्यक है, इसके सम्बन्धमें तन्त्रशास्त्र-में लिखा है—

> मनःसंहरणं शौचं मौनं मन्त्रार्थचिन्तनम् ।
> अव्यग्रत्वमनिर्वेदो जपसम्पत्तिहेतवः ॥

'मनोनिग्रह, पवित्रता, मौन, मन्त्रार्थका चिन्तन, अविकलता और अनिर्वेद—ये जप-सिद्धिके कारण हैं ।'

प्रतिमा-पूजा-तत्त्व—

दुर्गासप्तशतीमें लिखा है कि महर्षि मेधाके उपदेशके अनुसार राजा सुरथ और समाधि वैश्यने नदी-तटपर देवीकी मृण्मयी मूर्तिका निर्माण करके पुष्प, धूप, दीप, हवन और तर्पणके द्वारा देवीकी पूजा की थी (१३।१०) ।

प्रतिमा आदि प्रतीकका अवलम्बन करके उपासना करना ब्रह्मस्वरूपकी उपलब्धिका प्रकृष्ट मार्ग है । इस सम्बन्धमें कुलार्णव-तन्त्रकी उक्ति है—

> गवां सर्वाङ्गजं क्षीरं स्रवेत् स्तनमुखाद् यतः ।
> तथा सर्वत्रगो देवः प्रतिमादिषु विराजते ॥

'गायके सर्वाङ्ग-संचारी रक्तसे दुग्धकी उत्पत्ति होनेपर भी जैसे वह केवल उसके स्तनके अग्रभागसे निकलता है, उसी प्रकार विश्वव्यापी देवताके सर्वत्र अधिष्ठित होनेपर भी प्रतिमारूपमें ही उसके स्वरूपकी उपलब्धि होती है ।'

रसना-जय—

दुर्गासप्तशतीके तत्त्वप्रकाशिका-टीकाकार श्रीगोपाल चक्रवर्ती-के मतसे (१३ । ११में) आये हुए 'निराहारौ यताहारौ' पदद्वयके द्वारा रसना-जय सूचित हुआ है । साधनाके मार्गमें रसना-जयकी अत्यन्त आवश्यकता है । इसके दुष्करत्वके सम्बन्धमें श्रीमद्भागवतमें कहा गया है—

> तावज्जितेन्द्रियो न स्याद् विजितान्येन्द्रियः पुमान् ।
> न जयेद् रसनं यावज्जितं सर्वं जिते रसे ॥
> (श्रीमद्भा० ११ । ८ । २१)

'साधक अन्यान्य इन्द्रियोंको जीतनेपर भी जबतक रसना-को नहीं जीत लेता, तबतक जितेन्द्रिय नहीं होता । रसनापर विजय प्राप्त कर लेनेपर सारी इन्द्रियोंपर विजय प्राप्त होती है ।'

मनोनिग्रह—

दुर्गासप्तशती (१३ । ११)में आये हुए 'तन्मनस्कौ' पदके द्वारा मनोनिग्रह जान पड़ता है और 'समाहितौ'के द्वारा मन और रसनाके सिवा अन्य सारी इन्द्रियोंपर विजय प्राप्त करना सूचित होता है । मन और रसना-जय अत्यन्त दुःसाध्य होनेके कारण इनका पृथक् उल्लेख किया गया है ।

भगवतीकी कृपासे सर्वपुरुषार्थकी सिद्धि—

भगवती चण्डिकाने सुरथ और समाधिकी साधनासे परितुष्ट होकर उनको अपने दर्शनसे कृतार्थ कर वर माँगनेके लिये कहा—

> मत्तस्तत् प्राप्यतां सर्वं परितुष्टा ददामि तत् ।
> (दुर्गासप्तशती १३ । १५)

'तुम दोनों मुझसे जो माँगोगे, वह सब पाओगे । मैं संतुष्ट होकर वह तुमलोगोंको प्रदान करूँगी ।'

धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष—इन चतुर्विध पुरुषार्थोंमें साधक अपनी रुचि और अधिकारके अनुसार जो-जो माँगता है, भगवती उसको वही प्रदान करके कृतार्थ करती हैं । सूत-संहितामें लिखा है—

उपासते ये परमां सर्वलोकैकमातरम्।
तेऽभीष्टं सकलं यान्ति विद्यां मुक्तिप्रदामपि ॥
(४ । १३ । ३३)

'जो सब लोगोंकी एक मात्र परमवात्सल्यमयी माताकी उपासना करते हैं, उनके समस्त मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं, यहाँतक कि उन्हें मुक्ति-प्रदायिनी ब्रह्मविद्या भी प्राप्त हो जाती है।'

कृपा-प्राप्तिका श्रेष्ठ उपाय शरणागति—

दुर्गासप्तशतीके नारायणी-स्तवमें देवगण शक्ति-स्तुति करते हैं—

शरणागतदीनार्तपरित्राणपरायणे ।
सर्वस्यार्त्तिहरे देवि नारायणि नमोऽस्तु ते ॥
(११ । १२)

'हे देवि! आप शरणागत, दीन और आर्तजनोंकी रक्षा करनेवाली तथा सबके क्लेशोंका नाश करनेवाली हैं। हे नारायणि! आपको प्रणाम है।'

अहिर्बुध्न्यसंहितामें शरणागतिके लक्षण इस प्रकार वर्णित है—

आनुकूल्यस्य संकल्पः प्रातिकूल्यस्य वर्जनम्।
रक्षिष्यतीति विश्वासो गोप्तृत्ववरणं तथा ॥
आत्मनिक्षेपकार्पण्ये षड्विधा शरणागतिः ॥
(३७-२८-२९)

"(१) प्रीतिजनक कार्यमें प्रवृत्ति, (२) प्रतिकूल कार्यसे निवृत्ति, (३) वे रक्षा करेंगे, यह दृढ़ विश्वास, (४) रक्षकके रूपमें उनको वरण करना,(५) उनको आत्मसमर्पण करना और (६) 'रक्षा करो, रक्षा करो'—कहकर दैन्य और आर्त्तिप्रकाश—ये छः प्रकारकी शरणागति-के लक्षण हैं।"

शरणागत, दीन और आर्त्त संतानकी रक्षा करना ही जगदम्बाका स्वभाव और व्रत है। अतएव मातृभक्त शंकराचार्यने 'दुर्गापराधक्षमापनस्तोत्र'में भगवती दुर्गाके श्रीचरणोंमें प्रार्थना की है—

आपत्सु मग्नः स्मरणं त्वदीयं
करोमि दुर्गे करुणार्णवेशि ।
नैतच्छठत्वं मम भावयेथाः
क्षुधातृषार्त्ता जननीं स्मरन्ति ॥

'हे कृपासागरेश्वरि! दुर्गे! मैं आपत्तिमें निमग्न होकर आपका स्मरण करता हूँ। माँ! इसे मेरी शठता मत समझियेगा; क्योंकि जब संतान क्षुधा-तृषासे कातर हो उठती है तो माँको ही याद करती है।'

जगदम्ब विचित्रमत्र किं
परिपूर्णा करुणास्ति चेन्मयि ।
अपराधपरम्परावृतं
नहि माता समुपेक्षते सुतम् ॥
(अपराधक्षमापन स्तो० ११)

'हे जगन्मातः! आपकी जो मेरे ऊपर सम्पूर्ण करुणा है, इसमें आश्चर्य क्या है! संतान सैकड़ों अपराध करे तो भी सामने उपस्थित होनेपर माता उस पुत्रकी उपेक्षा नहीं करती।'

'त्रिपुरा-रहस्य' (माहात्म्यखण्डके दुर्गास्तोत्र)में शरणागत भक्तकी प्रार्थना सुव्यक्त हुई है—

दुर्गेषु नित्यं भवसंकटेषु
दुरन्तचिन्ताहिनिगीर्यमाणान् ।
शरण्यहीनाञ्छरणागतार्त्ति-
निवारिणी त्वं परिपाहि दुर्गे ॥
(४६ । ८१)

'दुर्गम भवसंकटमें पतित हम नित्य दुरन्त दुश्चिन्तारूप अजगरके द्वारा ग्रसित हो रहे हैं, हमारा आपके अतिरिक्त कोई दूसरा आश्रय नहीं है। हे शरणागतकी आर्तिको निवारण करनेवाली माँ दुर्गे! आप हमारा परिपालन करें।'

माँ भगवतीके श्रीचरणोंमें आत्मसमर्पण करनेपर संकट सुयोगमें, विपत्ति सम्पत्तिमें परिणत हो जाती है। बंगदेशके दश महाविद्या-सिद्ध श्रीसर्वानन्दनाथ (१५वीं सदी)ने जगज्जननीका दर्शन प्राप्तकर कृतार्थ हो, जो अपूर्व स्तवन किया है, उसमें इस प्रकारकी एक उक्ति दृष्ट होती है—

बाधन्ते खलु तावदेव रिपवः पापानि दुष्टग्रहा
यावन्न व्रजति क्षणं च हृदयं मातस्त्वदीये पदे।
याते तत्र हृदि प्रयान्ति सखितामेते समस्ताः पुन-
स्तस्मात्तेऽपि न दुःखदा न सुखदा माहात्म्यमेतत्तव॥
(सर्वानन्दतरङ्गिणी ७९)

'हे जगन्मातः! जबतक जीवका चित्त आपके श्रीचरणोंमें क्षणकालके लिये भी विचरण नहीं करता, तबतक रिपुगण, पापसमूह तथा दुष्टग्रह नाना प्रकारके विघ्न पैदा करते रहते हैं, किंतु एक बार आपके पादपद्ममें मन लग जानेपर वे सब पुनः बन्धु बन जाते हैं, अतएव वे वस्तुतः सुखदायक या दुःखदायक नहीं होते। यह आपकी महिमा ही तो है।'

श्रीचैतन्यमहाप्रभु और भगवत्कृपा

(लेखक—काव्य-वेदान्ततीर्थ महाकवि पं० श्रीवनमालिदासजी शास्त्री)

नाम्नामकारि बहुधा निजसर्वशक्ति-
स्तत्रार्पिता नियमितः स्मरणे न कालः ।
एतादृशी तव कृपा भगवन् ममापि
दुर्दैवमीदृशमिहाजनि नानुरागः ॥
(चैतन्य-शिक्षाष्टक २)

श्रीचैतन्यमहाप्रभु कहते हैं—हे प्राणनाथ ! आपने तो जीवोंकी भिन्न-भिन्न रुचिको रखनेके लिये श्रीकृष्ण, गोविन्द, मुकुन्द, माधव, नन्दनन्दन, व्रजचन्द्र, मुरलीमनोहर आदि कितने सुन्दर भावयुक्त मनोहर नाम प्रकट किये हैं, फिर वे नाम रीते ही हों, ऐसी बात भी नहीं, आपने अपनी सम्पूर्ण शक्ति भी उन सभी नामोंमें समानरूपसे भर दी है। जीव किसी भी नामका आश्रय ले, उसे उसी नाममें आपकी पूर्ण शक्ति मिल सकती है और वैदिक क्रियाओंकी भाँति आपने उन नामोंके उच्चारणके विषयमें देश-काल, पात्र-अपात्र, शुद्धि-अशुद्धि आदिका नियमित बन्धन भी नहीं रखा है; पर हन्त ! आपकी तो मुझपर इतनी अहैतुकी कृपा होते हुए भी दुर्भाग्यवश आपके इन नामोंमेंसे किसी भी नाममें अबतक मेरा सच्चा अनुराग उत्पन्न न हो पाया ।

फिर कहते हैं—

अयि नन्दतनूज किंकरं पतितं मां विषमे भवाम्बुधौ ।
कृपया तव पादपङ्कजस्थितधूलीसदृशं विचिन्तय ॥
(चैतन्य-शिक्षाष्टक ५)

हे नन्दनन्दन ! वस्तुतः मैं आपका नित्य किंकर हूँ, किंतु अब अपने कर्मोंके दोषसे विषम संसार-सागरमें पड़ा हूँ, काम, क्रोध, लोभ आदि ग्राह मुझे निगलनेको दौड़ रहे हैं, दुराशा एवं दुश्चिन्ताकी तरंगोंमें इधर-उधर बह रहा हूँ, कुसङ्गरूप प्रबल वायु और भी व्याकुल कर रही है, ऐसी दशामें आपके सिवा मेरा कोई भी आश्रय नहीं है । कर्म, ज्ञान, योग, तप आदि भी तृणके गुच्छेके समान तैर रहे हैं, पर क्या उनका आश्रय लेकर कोई संसार-सागरके पार जा सकता है ? हाँ, कभी-कभी ऐसा तो होता है कि संसार-सागरमें डूबता हुआ जन उनको भी पकड़कर अपने साथ ही डुबा लेता है । आपकी कृपाके बिना कोई भी आश्रय नहीं है । केवल आपकी कृपा ही ऐसी दृढ़ नौका है, जिसका आश्रय लेकर जीव संसार-सागरसे अनायास पार हो सकता है । आप शरणागतवत्सल हैं, अतः मुझ अनाश्रितको आप अपने चरणकमलोंमें संलग्न रजःकणके समान स्वीकार कर लें । कारण, आपकी कृपाके बिना संसार-सागरसे मुझ साधन-शून्यके उद्धारका कोई भी उपाय नहीं है ।

सर्वत्र परिपूर्ण भगवत्कृपाके महत्त्व एवं स्वरूपका निदर्शन मन-वाणीका विषय नहीं है, फिर भी उसका यत्किंचित् दिग्दर्शन निम्नाङ्कित स्वरचित श्लोकमें कराया गया है—

समस्तपुरुषार्थतः पृथुतता सतां सम्मता
समस्तजनतारिणी प्रतिसमीक्ष्यमाणैव या ।
हरिं निजवशे यथा शुभयशोदयाकारिणी
हरेर्हृदि विहारिणी भगवतः कृपा तां नुमः ॥

'जो भगवत्कृपा शास्त्रोंके मर्मज्ञ संतोंकी दृष्टिमें धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्षरूप समस्त पुरुषार्थोंकी अपेक्षा अतिशय श्रेष्ठ मानी गयी है, प्रतीक्षा करने मात्रसे ही समस्त जनोंका उद्धार करनेवाली है, अपनी स्वतन्त्र शक्तिकी प्रेरणासे मङ्गलमयी यशोदा मैयाद्वारा श्रीहरिको भी अपने वशमें करनेवाली है, सर्वतन्त्रस्वतन्त्रा है और श्रीहरिके हृदय-प्राङ्गणमें सदा विहार करनेवाली है, उस कृपादेवीको हम लोग (बारंबार) प्रणाम करते हैं ।'

भगवत्कृपाकी स्वतन्त्रताके विषयमें श्रीचैतन्यमहाप्रभुने ही सार्वभौमभट्टाचार्यके प्रति इस प्रकार कहा है—

हरेः स्वतन्त्रस्य कृपापि तद्वद्
धत्ते न सा जातिकुलाद्यपेक्षाम् ।
दुर्योधनस्याशमपोह्य हर्षा-
दग्राह देवो वि[illegible]
(चैतन्यचन्द्रोदय

'जिस प्रकार भगवान् स्वतन्त्र हैं, उसी प्रकार उनकी कृपा भी परम स्वतन्त्र है। वह जाति, कुल आदिकी अपेक्षा नहीं रखती। उसी कृपादेवीके वशीभूत हो देवाधिदेव श्रीकृष्णने दुर्योधनके सभी प्रकारके उत्तम खाद्य पदार्थोंको ठुकराकर श्रीविदुरजीके साधारण अन्न (शाकादि)को सहर्ष अङ्गीकार किया था।'

भगवत्कृपाकी स्वतन्त्रता दिखाते हुए 'श्रीआनन्दवृन्दावनचम्पू'में कहा गया है कि 'चैतन्यवस्तु' किसीके द्वारा किसी भी स्थितिमें बाँधी नहीं जा सकती एवं आनन्द भी नहीं बाँधा जा सकता। ज्ञान तथा तेज भी नहीं बाँधे जा सकते। अतएव चिन्मय, आनन्दमय, ज्ञानमय एवं तेजोमय श्रीविग्रहवाले श्रीकृष्णको भला, यशोदा मैया किस प्रकार बाँध सकती हैं? इस बातकी पुष्टि करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि अपनेको बाँधनेके आग्रहसे अत्यन्त परिश्रमके फलस्वरूप खिन्न शरीरवाली माताको देखकर श्रीकृष्णके मनमें कृपाशक्तिका प्रादुर्भाव हो गया—

भजज्जनपरिश्रमो निजकृपा चेति द्वाभ्यामेवायं बद्धो भवति, नान्यथेति यावत् तद्द्वयानुत्पत्तिरासीत् तावदेव दाम्नो द्व्यङ्गुलन्यूनताऽऽसीत् सम्प्रत्युभयमेव जातमिति पुनरुद्यममात्रे तया क्रियमाण एव बन्धनमुररीचकार।

(६। १५)

अर्थात् भगवान् केवल दो ही गुणोंसे बँध सकते हैं—एक तो भजन करनेवाले भक्तजनका परिश्रम, दूसरा भगवान्‌की कृपा, अन्यथा दूसरे गुणोंसे नहीं बँधते। (इन गुणोंमें भी भजनका गुण तो केवल अपना अभिमान मिटानेके लिये है।) ज्यों ही अभिमान मिटा कि सतत क्रियाशीला कृपा-मैयाका दर्शन हो जाता है। जबतक उन दोनों गुणोंकी उत्पत्ति नहीं हुई थी, तभीतक रस्सियोंकी दो अङ्गुलकी न्यूनता बनी रही। अतः जब दोनों गुण उत्पन्न हो गये, अर्थात् श्रीयशोदा मैयाका परिश्रम पराकाष्ठापर पहुँच गया एवं श्रीकृष्णके मनमें कृपादेवीका प्रादुर्भाव भी हो गया, तब श्रीकृष्णने बन्धनको अङ्गीकार कर लिया—

स्वमातुः स्विन्नगात्राया विस्रस्तकबरस्रजः।
दृष्ट्वा परिश्रमं कृष्णः कृपयाऽऽसीत् स्वबन्धने॥

(श्रीमद्भा० १०। ९। १८)

श्रीमहाप्रभुने भगवत्कृपाकी प्राप्तिका अतिशय सरल उपाय भी '**तत्तेऽनुकम्पां सुसमीक्षमाणः**' (श्रीमद्भा० १०। १४। ८)—इस उक्तिके अनुसार उसकी प्रतीक्षा करना ही बताया है। तात्पर्य यह कि स्वतन्त्र वस्तु किसी साधनविशेषके वशीभूत नहीं होती, उसी प्रकार परम स्वतन्त्रा भगवत्कृपा भक्तकी प्रतीक्षामात्रसे ही स्वतः अनुभवमें आ जाती है। इस प्रकारकी प्रतीक्षाकी परिपाटी भी श्रीमन्महाप्रभुने स्वयं ही चलायी है—

नयनं गलदश्रुधारया वदनं गद्गदरुद्धया गिरा।
पुलकैर्निचितं वपुः कदा तव नामग्रहणे भविष्यति॥

(चैत० शिक्षा० ६)

'हे प्रभो! आपकी परम स्वतन्त्रा उस कृपादेवीकी ऐसी कृपा मुझपर कब होगी कि आपका नाम ग्रहण करते समय मेरे नेत्र अश्रुधारासे, मेरा मुख गद्गद वाणीसे और मेरा शरीर पुलकावलियोंसे व्याप्त हो जायगा?'

न धनं न जनं न सुन्दरीं कवितां वा जगदीश कामये।
मम जन्मनि जन्मनीश्वरे भवताद् भक्तिरहैतुकी त्वयि॥

(चैत० शिक्षा० ४)

'हे जगदीश! देखिये, मैं न धन चाहता हूँ, न जन चाहता हूँ, न सुन्दर कविता ही चाहता हूँ, चाहता हूँ केवल आप परमेश्वरमें मेरी प्रत्येक जन्ममें अहैतुकी भक्ति हो जाय।'

श्रीमहाप्रभुके मतानुसार 'जीवमात्रपर भगवत्कृपा सदैव है।' इस विषयमें तो उनका अवतार ही प्रबलतम प्रमाण है; क्योंकि उन्होंने अपने प्रेममय अवतारके द्वारा जीवमात्रपर भगवत्कृपा-वृष्टिकी सृष्टि करवाकर दिखा दी। अतः हम भी उन्हीं श्रीचैतन्यमहाप्रभुसे कृपास्नातकी भिक्षा माँगते हैं।

भगवान् श्रीरामकी कृपामयी लीलाएँ

महर्षि विश्वामित्रपर कृपा

[पृष्ठ ४२३

निषादराज गुहपर कृपा

[पृष्ठ ४२६

भरतजीको आलिङ्गन-दान

[पृष्ठ ४२९

प्रभु करि कृपा पाँवरीं दीन्हीं।
सादर भरत सीस धरि लीन्हीं॥

[पृष्ठ ४२९

भगवान् श्रीरामकी कृपामयी लीलाएँ

मुनिवर सुतीक्ष्णपर कृपा

[पृष्ठ ४३१

वानरराज सुग्रीवपर कृपा

[पृष्ठ ४३५

राक्षसराज विभीषणपर कृपा

[पृष्ठ ४३७

स्वजनोंपर कृपा

[पृष्ठ ४३९

रामस्नेहि-सम्प्रदायमें भगवत्कृपा और गुरु-कृपा

(लेखक—श्रीपुरुषोत्तमदासजी महाराज शास्त्री, श्रीखेड़ापा रामस्नेहिसम्प्रदायाचार्य)

जैसे सूर सनमुख वार नी फिरत छाँय,
रामगुरु सनमुख भरम विलात हैं।
तैसे हि जिज्ञासी धार पाँव एक चाले सार,
करतार कोस शत आय के मिलात हैं।
धार के विश्वास उर राम ही सँभार एक,
आनन्द के पाया सुख उदर समात हैं।
कोइ से प्रकार कर बकता अरथ सिद्ध,
भावना अंकूर जिव ध्यावना विख्यात है॥

आदरणीय आचार्यश्री(रामदासजी महाराज) का कथन है कि इस जगत्में मानवका स्वार्थरहित परम कल्याण करनेवाले मुख्य दो ही दयाद्रवित स्रोत हैं—श्रीरामकृपा तथा श्रीगुरुकृपा। श्रीराम हमें मानव-शरीर देकर हमारा उपकार करते हैं तो 'गुरु महाराज' हमें विकारमुक्त तथा निर्मल बनाकर हमारे हित—कल्याणका सम्पादन करते हैं—

हरि हैं दाता देह का, तातें भया सकाम।
गुरु हैं दाता ज्ञानका, मनका मेट विराम॥

इन दोनोंकी कृपासे ही संसारी जीवोंकी सद्गति सम्भव है। जब हम इनके सम्मुख होते हैं, तभी हमारे सब प्रकारके भ्रम-संशय, विकार आदि नष्ट हो जाते हैं और इस प्रकार हम आत्म-कल्याणका साधन सुगमतासे प्राप्त कर लेते हैं।

रामस्नेहि-सम्प्रदायमें श्रीराम चेतन-सत्ताधारक, परात्पर परब्रह्मके रूपमें स्वीकृत तथा ध्येय हैं।

इन परात्पर श्रीरामको संत महापुरुष अनेकानेक नामोंसे पुकारते हैं। वेद जिनको नेति-नेति बताते हुए महिमाका बखान करते हैं, वे गोविन्द-नामवाले श्रीराम दीनोंके बन्धु तथा कृपाके सागर हैं। वे भक्तोंके संकट तथा विपत्ति दूर कर अभय (निर्भय) करनेवाले हैं। वे सत्यसंकल्प तथा सत्य-स्वरूप हैं। इतना ही नहीं, वे असम्भवको भी सम्भव करनेवाले एवं सर्वशक्तिमान् हैं—

आरत्ति हरणू अभय करणू नमों शरणू सत्त ए।
ऐसा अकरणू अतिरतिरणू वेद वरणू नित्त ए।
हम व्याधि जरणू धरा धरणू वचन फुरणू काम ए।
ऐसा गोविंदू कृपासिंधू दीनबंधू राम ए जी
दीनबन्धू राम ए॥
(गीदपाडू-बक्नासागर २०)

भगवद्विश्वासी संत अपनी कोई चिन्ता स्वयं नहीं करते। उनका कहना है कि 'जिन कृपालु श्रीरामने असहाय शिशुकी माताके उदरकी भयंकर जठराग्निसे रक्षा की, नाभिकी नालसे रसधार प्रदान कर उदर-पूर्ति की तथा भविष्यकी अर्थात् जन्म लेनेके पहले ही (इसका भरण-पोषण कैसे होगा ?) चिन्ता करके माताके स्तनोंमें सर्वगुणसम्पन्न मधुर स्वास्थ्यवर्धक दूध पैदा कर दिया, क्या वे इस समय हमारी सँभाल नहीं करेंगे ?—

दयाल कृपाल संभाल करै, जिव ख्याल कराल विचाल रखै।
जठराल उध्याल खुध्याल मरै, नस नाभि नभाल रसाल भखै।
जनसाल धुराल दुधाल सिरज्जत कालमें क्यों न गुवाल करै।
मन तें सिध सार अधार रमा-रम आप विना कुण ताप हरै॥
हरि आप विना कुण ताप हरै॥

अभी भी हमें भगवत्कृपाका तत्काल अनुभव हो सकता है, यदि हम सत्पुरुषोंके निम्नाङ्कित वचन के अनुसार भगवान्से सच्ची पुकार एवं प्रार्थना करें।

अपने अवगुण आप मुख, कहत वीनती मांहि।
साखी उनकी जांणिये, परसुख सीमैं नांहि॥
(श्रीदयालु०)

कृपानाथ तो सदा ही कृपा करते हैं। यदि हम एक कदम उधर बढ़ाते हैं तो वे हमें अपनाने-हेतु सौ कोससे चलकर समीप आ जाते हैं—

तैसे हि जिज्ञासी धार पाँव एक चाले सार।
करतार कोस शत आय के मिलात हैं॥

वे दीनबन्धु कभी यह नहीं सोचते कि पुकारनेवाला योग्य है या अयोग्य, वृद्ध है या बालक, स्वार्थी है या परमार्थी। उन्हें तो जिस किसीने भी दीन एवं असहाय अवस्थामें जहाँ-कहीं दुःखी (आर्त) होकर याद किया कि वे तत्काल उसके मनोरथ और आवश्यकताको पूर्ण करनेके लिये दौड़े आते हैं—

राम गरीबनिवाजको मोहि घणों विश्वास।
जग जामी पालण जगत, सबकी पूरैं आस॥
दिर्बल दुखित अराधियो, प्रगट्यो तहँ परमेस।
पुत्रा जरणा भेद नहिं, सदा ध्रुव बालक देस॥
([illegible])

भक्तहृदयकी करुण-पुकारके सामने करुणावरुणालय कृपासागर 'श्रीराम' कहाँतक दूर रह सकते हैं ? प्रसिद्ध ही है कि गजकी पुकारपर उन्हें तत्काल प्रकट होना पड़ा ! कितनी शक्तिमती है उन सर्वशक्तिमान् घट-घट-व्यापी श्रीरामकी कृपादृष्टि !—

क्रीड़ा समंदू गज्ज अंदू ग्राह फंदू रच्च ए।
करुयो गयन्दू डूब जिंदू शूंड मंदू सच्च ए।
ररो कहंदू हरि हरंदू मेटि द्वंदू द्राम ए।
ऐसा गोविन्दू कृपासिन्धू दीनबन्धू राम ए॥
जी दीनबन्धु राम ए॥
(करुणासागर ११)

परिवारन वारण सार संभारण
तारण कारण आय लियो।
आरोह खगारण धाय धरारण
चक्र चलारण काज कियो।
छिन आप अपारण सोह्न विचारण
टेर उचारण एक ररो।
भवके दुख टार उधार अपंपर पार गजेंदर जेम करो॥
हरि पार गजेंदर जेम करो॥
(करुणासागर)

इधर दुःख पड़नेपर आर्त पुकारके समय भक्तकी सहायताके रूपमें भगवत्कृपाका दर्शन होता है तो उधर इससे विपरीत आनन्दके क्षणोंमें कष्टके आविर्भावको भी संत-महात्मा भगवत्कृपाका प्रसाद मानते हैं।

नाम-साधन-रत सत्पुरुष समय आनेपर जब भगवत्साक्षात्कार करते हैं, तब भगवान् इन्हें वरदान माँगनेके लिये प्रेरित करते हैं—

बैठे सिंहासण प्रभू, गोदीमें ले दास।
इच्छा सोई लीजिये, स्वयं प्रकास प्रकास॥

तब परोपकाररत महापुरुष निज हित-पूर्तिकी अपेक्षा सर्वजनहितको श्रेष्ठ मानते हुए इस प्रकारका कृपामयसे वरदान माँगते हैं—

श्रीगुरु कह्यो प्रणाम कर, यह जन इच्छा तोय।
भक्ति करे कोऊ रामकी, तार्सो परसण होय॥
भक्ती सेवा साध की, प्रगटो तत छिन्न जाय।
सतगुरु सुमरण एक मुख, ता के सदा सहाय॥
भक्ति करे कोऊ रामकी, राम गरीब निवाज।
इतो कष्ट न दीजिये, यह वर मांगू आज॥

शरणे की प्रतिपाल नित, कीजै दीन दयालु।
अब मेरे मांगन कहा, कारण भया कृपालु॥
(श्रीदयालु० गुरुप्रकरण, परची)

ऐसे परोपकारयुक्त वचनोंको सुनकर कृपानाथ कृपाकी वर्षा कर अपने भक्तको कृतार्थ कर देते हैं—

राम राम गुरुमुख हुय गासी, निजपुर निर्भय सो यहाँ आसी।
केवल भक्ति जहाँ मम वासा, यह निज सदन रमूं उर दासा॥
(श्रीदयालु० परची)

इस प्रकार मानवके लिये उन करुणासिन्धुकी अहैतुकी कृपाका हम अनेक रूपोंमें अनुभव करते हैं।

रामस्नेहिधर्म जहाँ भगवत्कृपाको इतना उत्कृष्ट मानता है, वहीं 'गुरुकृपा' और 'संतकृपा'को भी विशिष्टता प्रदान करता है—

परब्रह्म सद्गुरु प्रणम्य, पुनि सब संत नमोय।
(श्रीहरिरामदासजी महाराज)

सद्गुरु और संत जन राम निरञ्जन देव।
(श्रीनारायणदासजी महाराज)

सद्गुरु सेति वीनति, परब्रह्मसूं परनाम।
अनन्त कोटि संत रामदास। (श्रीरामदासजी महाराज)

वन्दन हरि गुरु जन प्रथम, कर्मन कायक बैन।
(श्रीहरिदेवदासजी महाराज)

नमो राम गुरु देवजी जन त्रिकालके बन्द।
(श्रीदयालदासजी महाराज)

परब्रह्म सस्तुति करि, गुरु चरणा चित दीन।
सब संतसूँ वन्दना। (श्रीचैनरामजी महाराज)

प्रणम्य राम गुरु देवजी सब संत सीस निवाय।
(श्रीसेवगरामजी महाराज)

इन संतोंकी दोहावली देखनेसे विदित होता है कि प्रायः संतोंने मुख्यतासे प्रथम वन्दना सच्चिदानन्द परब्रह्मकी, द्वितीय सद्गुरु महाराजकी तथा तृतीय वन्दना संतोंकी की है। कहीं-कहीं श्रीगुरुदेवकी प्रथम वन्दना करके आचार्योंने गुरुजीकी कृपाको भगवत्कृपासे भी ऊँचा स्थान दिया है।

परात्पर अनन्त-कोटि-ब्रह्माण्ड-नायक परमेश्वरने दयाद्रवित हो चौरासी लाख योनियोंमें भटकते हुए जीवको अपनी प्राप्तिके लिये ही यह सुर-नर-मुनि-दुर्लभ मानव-शरीर

प्रदान किया; अतः वे करुणावरुणालय प्रभु ही जीवोंके परम उपास्य तथा परम प्राप्ति-स्थान हैं; परंतु जब जीव उन दया-सिन्धुको भूल इस दुःखालय-भवसागरमें मनमाना भटकता है, तब वे करुणासागर प्रभु अपनी प्यारी संतानको (संसार-दुःख-दुःखित देखकर) कृपाविष्ट हो सद्गुरुसे मिला देते हैं। वे अज्ञान-अन्धकार-विध्वंसी सदुपदेश (तुम प्रभुके हो और प्रभु तुम्हारे हैं।)द्वारा उसे भगवत्सम्मुख करा देते हैं।

रामस्नेही संतोंका कथन है कि श्रीराम इस जीवके स्वामी हैं, किंतु उनकी प्राप्ति गुरु-कृपासे होती है। इतना ही नहीं, भगवान्‌के बनाये हुए प्राणी तो कर्मोंके चक्करमें पड़कर चौरासी लाख योनियोंमें जाते हैं, जबकि गुरु उन्हीं जीवोंको नाम-जपका उपदेश देकर परमपद प्रदान करते हैं—

गोविन्द तैं गुरु अधिक है, रामै कह्या विचार।
गुरू मिलावै रामकूँ, राम अमर भरतार॥
(गुरुदेवका अंग ३४)

श्रीरामसे गुरु महाराज तभी श्रेष्ठ हैं, जब श्रीरामसे मिला दें। गुरु महाराजमें भी श्रीरामसे मिलानेकी युक्ति भगवत्कृपासे ही प्राप्त होती है—

अकल दई है रामजी, किरपाकर करतार।
रामदास संता लई, और चले जग हार॥
(अकलको अंग १)

अन्तमें आचार्यश्री अपनी दीनता दिखाते हुए प्रभुसे कृपाकी याचना करते हैं—

प्रभुजी हमसा बुरा न कोई, अब राखो सरणै मोई।
क्योंकि—
दास रामियो बालक तेरो, किरपा करो रघुराई।
(पद १६)

राम राय ऐसी किरपा कीजे, उलट आपमें लीजै॥
मैं पतित करमांका भारा, करमां थाह न कोई।
तुम हो राम पतितके पावन, अबके तारौ मोई॥
मैं हूँ कुचाल करमां हीणो, ओछी बुध हमारी।
तुम हो राम सुखांके सागर, तारौ मोहि मुरारी॥
तुम हो दयाल दयाके सागर, विड़द तुम्हारो भारी।
आगे पतित अनेक उधारे, अबकी बेर हमारी॥
और मांढ मैं सबही सोधी, हमसा बुरा न कोई।
ताते सरण तुमारी आयो, सुण तारण की सोई॥
तीन लोक मैं सबही फिरियो, हमकूं कोई न राखै।
तुमरी सरण अनेक उधरिया, साधु सास्तर आखै॥
करम कलण मैं सबही कलिया, काढ पकड़ मेरी बांही।
चरण गह्यांकी लाज बहीजै, उलट मिलावौ मांही॥
रामदासका किया न देखो, तुम हो जैसी कीजै।
अंतर मांही प्रगटो जामी, सनमुख दरसन दीजै॥

आशय है—मैं तो पतित हूँ, आप पतितपावन हैं। मैं तुच्छ बुद्धि, किंतु आप दयासागर हैं। अपने विरुदकी ओर देखिये। आपने अनेक पतितोंका उद्धार किया है। त्रिलोकीमें आपके सिवा मुझे रखनेवाला कोई नहीं है। मेरे दोषोंको न देखकर आप अपनी कृपालुताकी ओर देखकर दर्शन दीजिये—

इस प्रकार साधक गुरु-कृपा और भगवत्कृपाके आश्रित रहकर निर्भय हो जाता है—

चिन्ता दीनदयालको, मो मन सदा आनन्द।
जायो सो प्रति पालसी, रामदास गोविन्द॥

गुरु-कृपाका फल

गुरु के प्रसाद बुद्धि उत्तम दसा को गहै,
गुरु के प्रसाद भवदुःख विसराइये।
गुरु के प्रसाद प्रेम, प्रीतिहु अधिक बाढ़े,
गुरु के प्रसाद, राम नाम गुण गाइये॥
गुरु के प्रसाद, सब जोग की जुगति जानै,
गुरु के प्रसाद, सून्य में समाधि लाइये।
'सुंदर' कहत, गुरुदेव जो कृपालु होइ,
तिन के प्रसाद, तत्वग्यान पुनि पाइये॥

—दादूपन्थी संत श्रीसुन्दरदासजी

रामस्नेहिसाधनामें कृपाका अङ्ग

(लेखक—साधु श्रीबलरामदासजी महाराज, शास्त्री)

रामस्नेहिसाधनामें आदि, अनादि, अविनाशी परमपुरुष श्रीरामको ही इष्टरूपसे स्वीकार किया गया है।* संतोंने संत-कृपा, गुरु-कृपा और नाम-कृपाको भी विशेष आदर दिया है, परंतु इन कृपाओंका मूल आधार श्रीराम-कृपाको ही माना है। श्रीराम-कृपा ही भगवत्कृपा है।

जीवनके प्रत्येक क्षेत्रमें केवल श्रीराम-कृपाका ही आश्रय और बल माननेवाले संत कहते हैं—

राम किरपाको आसरो, राम किरपाको जोर।
राम बिना दीसे नहीं, तीन लोकमें ठौर॥

संत भजन-साधनमें भी अपने बल, पुरुषार्थ, योग्यता आदिको आदर न देकर श्रीराम-कृपाकी ही प्रधानता मानते हैं—

राम किरपा जब होत है तब कह्या जात है राम।
राम किरपा बिन 'सन्तदास' होत नहीं यह काम॥
(संतवाणी)

श्रीराम-भजनके लिये विरह (तड़पन—व्याकुलता) भी हरिकृपासे ही प्रकट होता है, जो मोह-निद्रामें सोये हुए साधकको जगा देता है—

'दरिया', हरिकिरपा करी, बिरहा दिया पठाय।
यह बिरहा मेरे साधको, सोता लिया जगाय॥
(रामस्नेहिधर्माचार्य, विरहका अङ्ग)

संत-कृपा—

संत श्रीपूरणदासजीका कथन है कि मोह-ममतारूप विषय-विकारोंका नाश अनन्त युगोंमें संत-कृपासे होता आया है; परंतु इस संत-कृपाके साथ श्रीराम-कृपा (प्रताप—प्रभाव) ही मुख्य है—

संत शिरोमणि अनन्त जुगो-जुग भक्ति हेतु अवतारा।
'जन पूरण' परताप रामके मिट गया विषय विकारा॥
(भक्तमाल-बाणी)

रामस्नेहिधर्माचार्य श्रीदरियाव महाराज भी कहते हैं—संत-कृपासे संसारका उद्धार हो सकता है; परंतु वह तो केवल निमित्तमात्र है, उद्धार करनेवाले तो श्रीराम (भगवत्कृपा) ही हैं—

दरिया साधु किरपा करे, तो तारे संसार।
तारणहारा राम है, यामें फेर न सार॥

यह 'श्रीराम-कृपा' संतोंकी माँ है, जो राग-द्वेषादि मल को दूर कर पवित्र बनाती है—

'किशनदास' बालक धरे, मल मूत्तर पर हात।
नाय धोय उजला करे, ऐसी मेरी मात॥
(संतवाणी)

गुरु-कृपा—

श्रीराम-कृपासे प्रेरित होकर गुरु महाराजने भी कृपा की और संशय-मोहरूपा भवनदीकी बाढ़से हाथ पकड़कर निकाल लिया—

जन 'दरिया' ऐसी करी गुरु किरपा मोहि आय।
× × ×
भवजल बहता जाय था संसय मोह की बाढ़।
'दरिया' गुरु किरपाकर, पकड़ बाँह लिया काढ़॥

रामस्नेही संत श्रीकिशनदासजी गुरु-कृपाके विषयमें कहते हैं कि गुरुदेवने कृपाकर मुझ निर्धनको (सार-तत्त्व) श्रीरामनामके धनसे धनवान् बना दिया। यह धन गुरु-कृपा बिना मिलना कठिन है—

किशनदास सतगुरु किया, निर्धन सूँ धनवन्त।
किरपा कर मुझ ऊपरे, दियो रामनाम निजनन्त॥
(संतवाणी)

नाम-कृपा—

श्रीराम, संत और गुरु-कृपाकी तरह 'नाम-महाराज'की कृपा भी प्राणिमात्रपर समानरूपसे बरस रही है। नाम महाराजके यहाँ धनी, गरीब सबका समान अधिकार है। केवल नाम-जहाजमें बैठनेकी देरी है। नाम-कृपासे सभी पार हो जाते हैं—

'राव रंक दोनों तरैं, जो बैठे नाम जहाज।'
(रामस्नेही-धर्माचार्य दरियाव म०)

ये नाम-महाराज ही सबका योग-क्षेम वहन करनेवाले तथा त्रितापसे संतप्त प्राणियोंकी जलन मिटानेवाले हैं। नाम-महाराजके समान कृपा करनेवाला कोई अन्य देव

* राम इष्ट आधार और को पूठ दई है। (संतवाणी)

एवं सुननेमें नहीं आया। श्रीराम-नामके रसिक संत श्री-बुधसागरजी महाराज कहते हैं—श्रीराम-नाम अमृत-जैसा मीठा है—

राम-नाम सबका रिछपाला। मेटे नाम अगनीकी जाला॥
नाम सरीसा सुण्या न दीठा। रामनाम अमृत सम मीठा॥
(संत-वाणी)

श्रीराम-कृपा—

सबपर समानरूपसे कृपा करनेके कारण ही संतोंने सृष्टिके सिरजनहार, गरीबनिवाज, अनेक पतितोंको पावन करनेवाले प्रभुको अपने मस्तकका मुकुट बनाया है—

सिरजनहारा सिष्टीका, सो मेरा सिरताज।
किता पतित पावन किया, राम गरीब निवाज॥
(संतवाणी, श्रीसुखरामदासजी महाराज)

जिसने भी श्रीरामजीकी दयापर विश्वास किया, उसके सभी मनोरथ पूर्ण हुए, ऐसा संत अभाबाईका कहना है—

दयाकरी दयाल मेहर मुझ ऊपरे।
'जन अभा' भज राम, मनोरथ सब सरे॥

दयाके भण्डार, सदैव साथ रहनेवाले और सामर्थ्यवान् श्रीरामका भजन करना चाहिये; भूलकर भी अन्यकी ओर नहीं ताकना चाहिये। (श्रीराम-कृपारूप) हीरेको छोड़कर (संसारकी कृपारूप) काँचको कौन ग्रहण करेगा?—

समरथ राम दयाल भजो मन
सो तेरे संग सदाई रहेरे।
काहि कूँ भूल लगे मत और सूँ
हीर कूँ छाड़ क्यों काच गहेरे॥
(संतबाणी, श्रीप्रेमदयालजी महाराज)

वे श्रीराम दयावान्, रक्षक और जीवोंके गुण-अवगुण न देखकर अहैतुकी कृपा करनेवाले हैं—

दयावन्त हैं रामजी, जीवोंका रिछपाल।
गुण-अवगुण देखे नहीं 'रामकरण' किरपाल॥

श्रीरामजीकी कृपाके विषयमें संत सावंतरामजी अपने 'चेतावनी' ग्रन्थमें लिखते हैं—'हे नर! जिन्होंने गर्भवासके महान् कष्ट (जठराग्निकी दहकती ज्वाला) से बचाया और उलटे मुँह लटकते हुएका पोषण किया, वे श्रीराम कितने कृपालु हैं!—

महा संकट गर्भवासमें जठर अगनकी जाल।
ऊँधे मुख नर पोखियो ऐसा राम किरपाल॥

जो कृपाशक्ति सब संतोंकी सहायता करती है, उसी श्रीराम-कृपासे महान् कष्टके समय जीवनदानके लिये याचना करते हुए कहा गया है—

सब संतनके सहाय हो, तुम बिन और न कोय।
कह हरको किरपा करो, तब हम जीवण होय॥
(भरोसा रो अङ्ग, श्रीहरकारामजी महाराज)

दूसरी ओर संत दयारामजी कहते हैं—हमारे स्वामी जो भी करें, वही मुझे स्वीकार है। मैं निःसंदेह मन-वचनसे उसे ही अच्छा मानूँगा, भूलकर भी संशय नहीं करूँगा; क्योंकि ऐसा करके मेरे स्वामी श्रीरामजी कृपापूर्वक दासकी महिमा बढ़ाते हैं। अतः श्रीराम-कृपासे जो हो रहा है, उत्तम है। मैं कृपास्वरूप सुख-सागरमें तैरता रहूँ, यही चाहना है—

धणी हमारो जो करे सो ही हमें कबूल।
जां में तिल सांसो नहीं, मनसा, वाचा सूल॥
मनसा वाचा सूल भूल नहीं धोखो आवे।
राम धणी कर महर दासकी परत बधावे॥
दयाराम आछी सदा हर सुख सागर भूल।
धणी हमारो जो करे सो ही हमें कबूल॥
(संतवाणी)

जीवमात्रको आनन्दित करनेवाली श्रीराम-कृपाकी अजस्र वृष्टि हो रही है, परंतु सांडियॉ[1]-स्वभाववाले प्राणी इस कृपाका अनुभव तो क्या करें, उल्टे आड़ लगा लेते हैं (कि हमारे-जैसोंके भाग्यमें कृपा कहाँ लिखी है); फिर भी कृपाशक्तिसे तो लाभ होता ही है—

दरिया इन्द्र[2] पधारिया, कर धरती सूँ हेत।
सब जीवाँ आनन्दभया, सांढे दर मुख रेत॥
(आचार्य श्रीदरियाव महाराज)

आचार्यश्री तो उस महाकृपा-रसका पान करना ही श्रेयस्कर मानते हैं—

'जन दरिया' दासनके दासा, महा किरपा रस पीवें।'

---

१. राजस्थानी रेतीले टिब्बोंमें रहनेवाला एक क्षुद्र जन्तु, जो वर्षा होनेकी सम्भावना होते ही अपने बिलको बंद कर लेता है। यद्यपि वर्षा होनेपर उसके बिलमें भी जल पहुँच ही जाता है।

२. बादल।

सिख-मतमें भगवत्कृपा

[नदरि करे ता सिमरिआ जाइ !]

(लेखक—पं० श्रीकृष्णदत्तजी भट्ट)

किउ सिमरी सिवरिआ नहीं जाइ।
तपै हिआउ जीअड़ा बिललाइ॥
सिरजि सवारे साचा सोइ।
तिसु बिसरिऐ चंगा किउ होइ॥
हिकमति हुकमि न पाइआ जाइ।
किउ करि साचि मिलउ मेरी माइ॥

हृदय जल रहा है। चित्त वेदनासे विकल हो रहा है। जिन प्रभुने सारी सृष्टिकी रचना की है, वे ही एकमात्र सत् हैं। उन्हें भुला देनेसे कैसे काम चलेगा ? हिकमतसे, धूर्ततासे, चालाकीसे सत्यकी प्राप्ति होनेवाली है नहीं। प्रश्न यही है कि उस 'सतनाम'को पाया कैसे जाय ? उसके मिलनके लिये दिलमें जो बेचैनी है, उससे छुटकारा कैसे मिले ?

इससे छुटकारेका एक ही उपाय है—भगवत्कृपा, दया, मेहर, नदरि—

जैसी नदरि करे तैसा होइ।
विनु नदरी नानक नहीं कोइ[1]॥

× × ×

सब कुछ निर्भर है प्रभुकी कृपापर। जैसी उनकी कृपा, वैसा उसका परिणाम।

शब्द-साधनाके लिये भी तो उनकी नदरि—कृपा चाहिये—

नदरि करे ता सिमरिआ जाइ।
आतमा द्रवै रहै लिव लाइ॥
आतमा परातमा एको करै।
अंतरकी दुबिधा अंतरि मरै॥
गुर परसादी पाइआ जाइ।
हरि सिउ चितु लागै फिरि कालु न खाइ[2]॥

प्रभुकी कृपा होनेपर ही, उनकी नदरि होनेपर ही नाममें रस आता है। नाम-स्मरणसे हृदयकी कठोरता मिटती है, उसमें कोमलता आती है, प्रभुके चरणोंमें लौ लगती है, आत्मा-परमात्माका मिलन होता है और मनकी सारी दुविधाएँ मिट जाती हैं। गुरुप्रसाद (कृपा)से यह सब बनता है। प्रभुसे चित्त जुड़ते ही कालका डर जाता रहता है।

प्रभुकी कृपाका, उनकी दयालुताका, उनकी नदरि[illegible] साधनामें बड़ा महत्त्व है। नदरि हुई कि बेड़ा पार। [illegible] बनवारीसे मिलनेमें देर कहाँ—

जगजीवनु दाता पुरख बिधाता।
सहजि मिले बनवारी॥
नदरि करहि तू तारहि तरीऐ।
सचु देवहु दीन दइआला॥
प्रणवति नानक दासनिदासा।
तू सरब जीआ प्रतिपाला[3]॥

× × ×

नदरि हो तो नाम-स्मरण होता है। उसमें रस [illegible] है। उसमें मन लगता है। नदरि (भगवत्कृपा) [illegible] भगवच्चरणोंकी प्राप्ति होती है। नदरि हो तो जी[illegible] सत्यकी प्रतिष्ठा होती है—

बड़े मेरे साहिबा अलख अपारा।
किउ करि करउ बेनंती॥
हउ आखि न जाणा,
नदरि करहि ता साचु पछाणा[4]॥

नदरि हो तो मोह-मायासे भी छुटकारा मिलता है—

मोहु कुटंबु मोहु सभ कार।
मोहु तुम तजहु सगल बेकार॥
मोहु अरु भरमु तजहु तुम बीर।
साचु नामु रिदै रवै सरीर॥

बड़ा उलझानेवाला होता है मोहजाल। इससे छुटकारा पाये बिना सत्यकी प्राप्ति नहीं हो सकती। सारा संसार इसीमें डूबा है। विरले ही गुरु-कृपासे मोहसे पार जा पाते हैं—

एतु मोहि डूबा संसारु।
गुरमुखि कोई उतरै पारु॥
गुरु दीखिआ ले जपु तपु कमाहि।
ना मोहु तूटै ना थाइ पाहि॥

१. गुरुग्रंथसाहिब, पृष्ठ ६६१। २. वही, पृष्ठ ६६१। ३. वही, पृष्ठ १११२। ४. वही, पृष्ठ ५६७।

गुरु-दीक्षा लेकर, जप-तप करके लोग मोहसे मुक्त होना चाहते हैं, पर कोई सरल बात है मोहसे छुटकारा पाना !

गुरु नानक कहते हैं—

नदरि करे ता एहु मोहु जाइ ।
नानक हरि सिउ रहै समाइ[5] ॥

अभिप्राय यह कि नदरिके बिना साधकका काम चलनेवाला नहीं ।

× × ×

गुरु नानकने 'जपुजी'में बड़ा सुन्दर वर्णन किया है प्रभुकी नदरिका । कैसा सुन्दर रूपक बाँधा है—

जतु पाहारा धीरजु सुनि आरु ।
अहरणि मति वेदु हथीआरु ॥
भउ खला अगनि तपताउ ।
भांडा भाउ अंम्रितु तितु ढालि ॥
घड़ीऐ सबदु सची टकसाल[6] ।

भगवन्नामरूप अमृत ढालनेके लिये चलिये, हम चलें सुनारकी दूकानपर । सुनार वहाँ बैठकर गहने ढाल रहा है । जरा देखिये, क्या-क्या है उसकी दूकानमें, उसकी टकसालमें—

'पाहारा'—सुनारकी दूकान है । 'जतु' अर्थात् संयम—भट्ठी है 'धीरजु', अर्थात् धैर्य गढ़नेवाला सुनार है । जिस अहरण (निहाई) पर ठोक-ठोककर सुनार गहना गढ़ता है—वह है 'मति', बुद्धि ।

जिस 'हथिआरु' अर्थात् हथौड़ेसे वह गहने गढ़ता है, उन्हें ठोकता है, वह है—'वेदु', आत्मज्ञान । धौंकनी है—निरभउका 'भउ' अर्थात् परमेश्वरका भय । 'अगनि'—भट्ठीकी अग्नि है—तपस्या, तप । जिस पात्रमें, ढाँचेमें, 'भाँडा'में नामका अमृत ढालना है—वह है 'भाउ' अर्थात् प्रेम, प्रभु-प्रेम । गढ़नेकी चीज है—'सबदु'—शब्द ।

कैसी बढ़िया है यह टकसाल !

× × ×

गुरु नानक साधकसे कहते हैं कि तू संयमको अपनी भट्ठी बना, धैर्यको अपना सुनार । बुद्धिको बना अहरन, आत्मज्ञानको अपना हथौड़ा । प्रभुके भयको बना अपनी धौंकनी और तपकी अग्नि प्रज्वलित कर । प्रेमको बना ले साँचा और उस साँचेमें ढाल नामका अमृत । तब तुझे 'सबदु' अर्थात् शब्दकी प्राप्ति हो सकेगी । ऐसी सची टकसालसे ही तेरा काम बनेगा ।

अर्थात् साधकके अष्टविध साधन हैं—इन्द्रिय-संयम, धैर्य, सद्बुद्धि, आत्मज्ञान, प्रभुका भय, तपस्या, ईश्वर-प्रेम और प्रभु-नाम । पर इस साधनामें सफलता किसे मिलेगी ? उसीको, जिसपर अकाल पुरुषकी, वाहि गुरुकी कृपा होगी, नदरि होगी—

जिन कउ नदरि करमु तिन कार ।
नानक नदरी नदरि निहाल ॥

प्रभुकी कृपासे अनेक भक्त निहाल हो गये हैं । साधनाकी बेलमें सिद्धिके सुमन तभी खिलते हैं, जब प्रभुकी कृपा होती है ।

× × ×

गुरु नानक समझते थे इस तथ्यको, इसीलिये वे अत्यन्त विनयावनत होकर प्रार्थना करते थे—

दइआ करहु दइआला ।
बगुले ते कुनि हंसुला होवै
जो तू करहि दइआला ॥
प्रणवति नानकु दासनिदासा,
दइआ करहु दइआला[7] ॥

अपनी स्थितिपर विचार करते ही हृदय भर आता है । पता नहीं, क्या गति होगी मेरी !—

ना जाणा हरे मेरी कवन गते ।
हम मूरख अगिआन सरन प्रभु तेरी ।
करि किरपा राखहु मेरी लाज पते[8] ॥

नानकको तो केवल आपके नामरूप स्वातिजल अर्थात् कृपा-जलकी ही पिपासा है । उसीसे उसे आपके चरणोंमें निवास मिल सकेगा । करिये कृपा, हे प्रभो !—

हरि चरन कवल मकरंद लोभित मनो
अनदिनो मोहि आही पिआसा ।
कृपाजलु देहि नानक सारिंग कउ
होइ जाते तेरै नामि वासा[9] ॥

---

५. वही, पृष्ठ ३५८ । ६. जपुजी, पौड़ी ३८ । ७. गुरुग्रन्थसाहिब: पृष्ठ ११७१ । ८. वही, पृष्ठ ८७६ । ९. वही, पृष्ठ ६६३ ।

जैन-धर्ममें भगवत्कृपा

(लेखक—श्रीअगरचन्दजी नाहटा)

जैन तीर्थंकरोंका विशेषण है—'वीतराग' अर्थात् जिनके राग और द्वेष सर्वथा नष्ट हो चुके हों। ऐसा व्यक्ति न तो अपनी पूजा-भक्तिसे प्रसन्न होता है और न निन्दासे अप्रसन्न ही। वह पूर्ण समत्वकी स्थितिको प्राप्त कर लेता है। वहाँ किसीसे तुष्ट-रुष्ट होनेका कोई प्रश्न ही नहीं रहता। जैन-सिद्धान्तके अनुसार प्रत्येक व्यक्ति अपने पुरुषार्थद्वारा ही महान् बनता है। अतः सिद्ध बनना दूसरेकी कृपा या प्रसन्नताके आश्रित नहीं है।

अब यह प्रश्न उठता है कि तब जैन-मन्दिर क्यों बनाये जाते हैं? उनमें मूर्तिकी पूजा क्यों की जाती है? भक्त जैन कवियोंने भगवान्‌की महिमाके हजारों गीत क्यों बनाये? उनसे विनती-प्रार्थना क्यों की? जैन-परमात्मा जब किसीको कुछ देते ही नहीं तो उनसे कुछ भी माँगना व्यर्थ है। जब वे प्रसन्न होकर भक्तका उद्धार नहीं करते तो भक्तद्वारा उनके प्रति की गयी पूजा-भक्ति भी कोई अर्थ नहीं रखती। पर वास्तवमें जैन-दृष्टिकोण इस विषयमें बहुत ही मौलिक एवं स्पष्ट है। जैन-धर्म कहता है कि उन (भगवान्)से निरन्तर प्रेरणा प्राप्त करना भक्तके लिये बहुत ही आवश्यक है। संसारके माया-जालमें फँसकर मनुष्य अपने स्वरूपको भूल चुका है। इसलिये भगवान्‌को देखकर वह अपने स्वरूपका ज्ञान करता है कि मैं भी वैसा ही हूँ, मुझे भी वही बनना है। इस बातकी निरन्तर स्मृति उसे भगवान् बननेके लिये प्रेरित करती रहती है। यद्यपि अपने उद्धार, मुक्ति या परमपद प्राप्त करनेका मूल अथवा उपर्युक्त कारण तो वह स्वयं ही है, पर निमित्त कारण वे पुरुष हैं, जो भगवान् बन चुके। उनके अवलम्बनसे परमात्मपद-प्राप्तिका इच्छुक व्यक्ति अपनी शक्तियोंको, दबे और छिपे हुए गुणोंको प्रकट करता है। उस आवरणको हटानेमें जिस पुरुषार्थकी आवश्यकता है, उसकी प्रेरणा तीर्थंकर आदि महापुरुषोंसे मिलती है, जो भगवान् बन चुके हैं, इसीलिये मानव उनकी पूजा-भक्ति करता है। यद्यपि तत्त्वतः जैन-परमात्मा उपकार-भावनासे किसीका कुछ भी नहीं करते, पर दूसरोंके लिये वे अपने-आप उपकारी बन जाते हैं; क्योंकि उनकी प्रेरणासे दूसरे व्यक्ति अपने उत्थानमें प्रवृत्त होते हैं। जब भी उनके मनमें या कार्यमें शिथिलता आती है, तब वे तीर्थंकर महापुरुषोंके जीवनसे यह प्रबोध पाते रहते हैं कि वे भी मेरे-जैसे ही व्यक्ति थे, जब उन्होंने प्रबल पुरुषार्थ करके 'केवली ज्ञान' प्राप्त कर लिया तो मैं क्यों नहीं उस पदको प्राप्त कर सकता? उन्होंने विघ्न-बाधाओंको समभावसे सहन करते हुए सफल विजय प्राप्त की तो मुझे भी साधक होनेके नाते उनके जैसा ही पुरुषार्थ करके 'केवली ज्ञान' प्राप्त करना चाहिये।

जो (जीव) आत्मा अपने स्वरूपको भूल चुका है, वह परमात्माके दर्शन, पूजन, भक्ति, स्मरण, उपासना और आराधनाद्वारा अपने परमात्मस्वरूपकी स्मृतिको जगाने और बनाये रखनेमें समर्थ होता है, वस्तुतः परमात्माका दर्शन, स्मरण और गुणगान इसीलिये किया जाता है। भगवान्‌की वीतराग मुद्राको देखकर वह (साधक) भी वीतराग बनना चाहता है।

सभी भक्त या उपासक इस उच्च कोटिके नहीं होते, इसलिये बहुत-से साधारण भक्तोंने अन्य धर्मानुयायियोंकी तरह जैनतीर्थंकरोंसे भी उनकी कृपाकी याचना की है। पर सम्भवतः यह इसलिये हुआ है कि वे प्राथमिक स्थितिसे क्रमशः आगे बढ़ते हुए उस परमात्मपदको प्राप्त करना चाहते हैं, जिसे जैनतीर्थंकरोंने प्राप्त कर लिया है।

कई जैन विचारकोंकी दृष्टिमें अरिहन्त या सिद्ध परमात्मा यद्यपि अपने ही स्वरूपमें लीन हैं और किसीपर प्रसन्न या अप्रसन्न होकर कुछ लेते-देते नहीं हैं, फिर भी उन परमात्माओंके महान् पुण्यप्रभावसे जगत्‌के जीवोंको परम शान्ति मिलती है। जो भी उनका आश्रय लेता है, उनकी भक्ति या उपासना करता है, उसपर तो परमात्माकी कृपा मानो छा जाती है, जिससे वह असत् (बाधक) प्रवृत्तियोंसे मुख मोड़कर सत्प्रवृत्तियोंमें लग जाता है। अतः परमात्माके शुद्ध और पुष्ट अवलम्बनसे वह स्वयं अपने समस्त कर्मोंको नष्ट करके परमात्मा बन जाता है। इस दृष्टिसे भगवत्कृपा भक्तको सहज और निरन्तर मिलती रहती है, भगवान् तो उसके लिये निमित्त कारण बनते हैं, जिसके आश्रयसे वह अपने शुद्ध-बुद्ध और परमात्मस्वरूपको प्रकट करनेका पुरुषार्थ करता है और अन्तमें उन्हीं अनन्त परमात्माओंकी तरह स्वयं भी वही बन जाता है। भक्त भगवान् बन जाता है। संसारी जीव मुक्त हो जाता है, समस्त राग-द्वेषसे ऊपर उठ जाता है, संसारके किसी भी छल-प्रपञ्चसे उसका कोई सम्बन्ध नहीं रहता। फिर उसके लिये जन्म-जरा-मरण नहीं रह जाते, संसारमें आनेकी आवश्यकता नहीं रहती। वह अपने अन्तिम ध्येय मुक्तिको प्राप्त कर लेता है। सदाके लिये पूर्ण हो जाता है।

महायान बौद्ध-धर्ममें भगवत्कृपा एवं गुरुकृपा

(लेखक—डॉ० श्रीनिखिलेशजी शास्त्री, एम्० ए०, एम्० लिट्०, पी-एच्०डी०)

ईसासे पूर्व छठी शताब्दीमें कृपावतार भगवान् बुद्धका आविर्भाव हुआ। बुद्धत्व-प्राप्तिके पश्चात् शक्र एवं ब्रह्माके अनुरोधपर बुद्धने बहुजनहिताय-बहुजनसुखाय धर्मोपदेश किये और बौद्ध-धर्मके रूपमें एक नयी धारा प्रवाहित की। भगवान् बुद्धका व्यक्तित्व अत्यन्त दिव्य था। उनके उपदेश इतने प्रभावशाली थे कि अल्पकालमें ही बहुत-सा जन-समुदाय उनका अनुयायी बन गया। बुद्धके जीवन-कालमें ही बौद्धधर्मावलम्बियोंकी भारी संख्या बन चुकी थी और सभी एक सूत्रसे बुद्धके द्वारा बतलाये गये मार्गका अनुसरण कर रहे थे।

किंतु भगवान् बुद्धके महापरिनिर्वाणके पश्चात् इन बौद्धोंमें धर्म-सम्बन्धी कुछ मतभेद होने लगे, जिनके फलस्वरूप ईसाकी पहली शताब्दीमें बौद्ध-धर्म दो प्रमुख सम्प्रदायोंमें विभक्त हो गया—एक हीनयान एवं दूसरा महायान। हीनयानके बौद्ध भिक्षुओंने बुद्धको 'शास्ता'के रूपमें माना तथा महायानी बौद्धोंने बुद्धको 'लोकोत्तर' तथा 'भगवान्'की मान्यता प्रदान की।

महायान बौद्धधर्मका मुख्य उद्देश्य 'बुद्धत्व' प्राप्त करना है। अतः इन महायानी बौद्धोंने बुद्धत्व-प्राप्तिके मार्गपर आरूढ़ मुमुक्षुको 'बोधिसत्त्व'की संज्ञा दी। यह बोधिसत्त्व अनेक जन्म-जन्मान्तरोंमें अनेक कष्ट एवं यातनाएँ सहन करता हुआ अपने चरम लक्ष्य बुद्धत्वकी ओर अग्रसर होता है; किंतु बीच-बीचमें ऐसी कई सम्भावनाएँ उपस्थित हो जाती हैं, जिनके कारण वह मार्ग-भ्रष्ट भी होने लगता है—ऐसी स्थितिमें उसे समय-समयपर भगवत्कृपा एवं गुरुकृपा प्राप्त होती है, जिससे वह (बोधिसत्त्व) अपने मार्गसे भ्रष्ट न होकर बड़े धैर्यसे अपने गन्तव्यकी ओर बढ़ता रहता है।

महायान बौद्धसाहित्यमें ऐसे अनेक स्थल उपलब्ध हैं, जहाँ भगवत्कृपाद्वारा संसारके क्षणिक सुखोंमें लीन जीवका उद्धार किया गया है। आचार्य अश्वघोषने अपने 'सौन्दरनन्द'-काव्यमें ऐसी भगवत्कृपाका उल्लेख किया है। भगवान् बुद्धके चचेरे भाई नन्द अपनी पत्नी सुन्दरीमें विशेष आसक्त रहते थे। बुद्धने अनुभव किया कि नन्द इन क्षणिक सुखोंमें ही अपने सम्पूर्ण जीवनको नष्ट कर देगा और कभी स्थायी आनन्द प्रदान करनेवाले मेरे धर्मको स्वीकार न करेगा। परमार्थ-पथका पथिक बननेके उद्देश्यसे वे अपनी दिव्य शक्तियोंद्वारा नन्दको स्वर्गमें ले गये और उसे अतुलित सौन्दर्यसे युक्त अनेक अप्सराएँ दिखलायीं। इन अप्सराओं-को देखकर नन्द अपनी पत्नीको तो भूल गया और इन अप्सराओंकी प्राप्तिकी कामना-लालसा करने लगा। भगवान् बुद्धने नन्दसे कहा कि ये सुन्दरियाँ केवल कठोर तपद्वारा ही प्राप्त की जा सकती हैं। अप्सराओंकी प्राप्तिके लालचसे नन्द कठोर तप करने लगा; किंतु इस तपस्याके मध्य ही उसे आध्यात्मिक आनन्दकी अनुभूति होने लगी। तभी नन्दको यह अनुभव हुआ कि अप्सराओंकी प्राप्तिके आनन्दकी अपेक्षा यह आध्यात्मिक आनन्द उच्चकोटिका है। अतः उसने इस दृष्टिसे बुद्धके द्वारा बतलाये गये मार्गको अङ्गीकार किया और उद्धारको प्राप्त हुआ। इस प्रकार भगवान् बुद्धकी विशिष्ट कृपाद्वारा ही नन्द सांसारिक भोगोंका सर्वथा त्याग कर परमार्थको प्राप्त कर सका।

वैशालीकी नगरवधू आम्रपाली भगवत्कृपाद्वारा ही अपने हीन जीवनसे मुक्त होकर बौद्ध-भिक्षुणी बनी और कल्याणको प्राप्त हुई।

इसी प्रकार तत्कालीन कुख्यात डाकू अनाथपिण्ड जनता-के त्रासका कारण बना हुआ था। वह अत्यन्त हिंसक एवं खूँखार प्रवृत्तिका था; किंतु उसका भी उद्धार भगवत्कृपाद्वारा ही हुआ।

घटना इस प्रकार बतलायी जाती है कि एक बार भगवान् बुद्ध अनाथपिण्डके वनमें प्रवेश करने लगे। मार्ग-में खड़े हुए कुछ व्यक्तियोंने बुद्धको आगाह किया कि वे भयानक डाकूके क्षेत्रमें न जायँ; क्योंकि वहाँसे जीवित लौटना असम्भव है। बुद्ध ऐसी बातोंपर ध्यान न देते हुए आगे बढ़ते गये; क्योंकि उनका उद्देश्य दुष्टोंको सन्मार्गपर लाना था। आगे चलते हुए उन्हें वही भयावह डाकू मिला, जो अस्त्र-शस्त्रसे युक्त था। भगवान् बुद्ध अनाथपिण्डको देखकर तनिक भी विचलित नहीं हुए और आगे बढ़ते गये।

अनाथपिण्ड अपने वनमें एक अनजान व्यक्तिको देखकर क्रोधसे तमतमा उठा और गरजकर बोला—'ठहरो' ! बुद्धने बड़ी सरलतासे कहा—'मैं तो ठहरा हूँ। तुम यहाँ चले आओ।' बुद्ध पैदल चल रहे थे और अनाथपिण्ड बड़ी तेजीसे दौड़कर उनका पीछा कर रहा था, तब भी वह उन्हें पकड़ न पाया। यह दृश्य देखकर अनाथपिण्डकी मनोवृत्तिमें सहसा परिवर्तन हुआ। उसने विचार किया कि यह पैदल चलता हुआ व्यक्ति मेरे तीव्र गतिसे दौड़नेपर भी नहीं रोका जा सका, अतः निश्चय ही यह अलौकिक शक्तियोंसे सम्पन्न महामानव है। डाकू अनाथपिण्डके मनमें आये हुए इस सद्विचारको बुद्ध समझ गये और उसके निकट जाकर खड़े हो गये। भगवान् बुद्धके दिव्य व्यक्तित्वको निकटतासे देखकर वह डाकू अपनी समस्त हिंसक प्रवृत्तियोंका त्याग कर भगवान् बुद्धके चरणोंमें गिर पड़ा और उस समय भगवत्कृपाद्वारा परम श्रेयको प्राप्त हुआ।

इन कतिपय दृष्टान्तोंसे ज्ञात होता है कि भगवत्कृपा-द्वारा अनेक दीन-हीन, पतित, कामुक एवं हिंसक जनोंका कल्याण हुआ है।

भगवत्कृपाके अनुरूप ही महायान बौद्धधर्ममें गुरुकृपाका भी विशिष्ट महत्त्व है। महायान-सम्प्रदायमें गुरुको 'कल्याणमित्र' कहा गया है। वस्तुतः यह 'कल्याणमित्र' एक वरिष्ठ बोधिसत्त्व है, जो अपने अधीनस्थ बोधिसत्त्वोंको बुद्धत्व-प्राप्तिके मार्गका निर्देश करता है। कल्याणमित्र अत्यन्त निर्भय एवं साहसी होनेके साथ-साथ अनेक अलौकिक सिद्धियोंसे युक्त होता है। अतः धर्म-चर्यामें सहायक यह कल्याणमित्ररूप गुरु उन्हीं भाग्यशाली बोधिसत्त्वोंको प्राप्त होते हैं, जिन्होंने पूर्व जन्ममें सुकर्म किये हों। अनेक ऋद्धि-सिद्धिसे सम्पन्न कल्याणमित्र चमत्कारी होते हैं। ये अपने चमत्कारसे आकाशमें उड़कर एक स्थानसे दूसरे स्थानपर क्षणोंमें पहुँच जाते हैं। ये अपनी ऋद्धियोंके प्रभावसे रोगियोंको असाध्य रोगोंसे मुक्त करने, अंधेको दृष्टि एवं बहरेको श्रवणशक्ति प्रदान करनेकी क्षमता रखते हैं।

महायान बौद्धधर्ममें ऐसे कल्याणमित्रकी एक सुदीर्घ परम्परा है, किंतु कुछ कल्याणमित्र ही यहाँ उल्लेखनीय हैं। इसके अन्तर्गत मञ्जुश्री, अवलोकितेश्वर एवं मैत्रेय प्रमुख हैं।

महायानमें 'मञ्जुश्री' ज्ञानके प्रतीक माने गये हैं। हिं धर्ममें जो मान्यता सरस्वती एवं बृहस्पतिकी है, वही मान्यता मञ्जुश्रीके विषयमें यहाँ है। मञ्जुश्री कल्याणमित्रकेरूपमें अपने शिष्योंके अज्ञानको नष्ट कर ज्ञान प्रदान करते हैं। महायान-सम्प्रदायमें 'प्रज्ञापारमिता' ग्रन्थ अत्यन्त महत्त्व माना गया है, जो प्रत्येक बोधिसत्त्वके लिये अनिवार्यरूपसे मननीय है। मञ्जुश्री अपने शिष्योंको इसी ग्रन्थका ज्ञान प्रदान कर बुद्धत्वके मार्गकी ओर अग्रसर करते हैं।

'अवलोकितेश्वर' महायानमें करुणाके प्रतीक माने ग हैं। ये संसारके दुःखोंसे त्रस्त जीवोंपर कल्याण एवं करुण की वर्षा कर उनका उद्धार करते हैं। अवलोकितेश्वर कल्याण मित्रके रूपमें अपने शिष्योंको प्रत्येक जीवपर करुणाभा रखनेकी शिक्षा देते हैं।

'मैत्रेय' बौद्धसाहित्यमें बहुत ही मान्य हैं। 'पालिसाहि तथा बौद्ध संस्कृतसाहित्यमें इन्हें महत्त्वपूर्ण स्थान दिया ग है। हीनयान एवं महायानके बौद्धोंकी यह मान्यता है गौतम बुद्धके महापरिनिर्वाणके चार सहस्र वर्ष पश्चात् मै 'भविष्य बुद्ध'के रूपमें अवतार लेकर इस भूमिपर उपस्थि होंगे और जीवोंका कल्याण करेंगे। इस आस्थासे बौद्ध मैत्रे को देवताके रूपमें मानने लगे। अतः 'भविष्य बुद्ध' मै देवताके साथ-साथ कल्याणमित्र भी हैं। ये जीवोंमें पर 'मैत्री'की भावना उत्पन्न करते हैं, जिससे किसी समाजमें हिंसा, द्वेष तथा अन्य पापकर्म न हों और स प्राणी मित्र-रूपमें रहें। इस प्रकारकी भावनासे जगत्में क क्लेश, हिंसा एवं अन्य असामाजिक तत्त्वोंका सर्वथा अ होकर एक आदर्श समाजकी स्थापना हो सकती है।

कल्याणमित्र मञ्जुश्री, अवलोकितेश्वर एवं मैत्रेय सद्गुरु हैं, जो अपनी विशिष्ट कृपासे जनहित करते रहते इन कल्याणमित्रोंका ध्येय है कि जीवोंमें धर्मका पूर्ण ज्ञान परस्पर दान-दया-करुणा-मैत्रीकी भावना हो, वे सच्चरित्र हों, उनमें साहस एवं वीर्य हो, जिससे वे गुरुकृपासे जगत्के त्रिविध दुःखोंसे मुक्त होकर पारलौकिक आनन्द प्राप्त कर सकें। यही पारलौकिक आनन्द मोक्ष है, निर्वाण है एवं बुद्धत्व है, जो भगवत्कृपा एवं गुरुकृपासे ही सम्भव है।

विभिन्न धर्मोंमें भगवत्कृपा

(लेखक—पं० श्रीकृष्णदत्तजी भट्ट)

चार यात्री थे—एक अरब, एक तुर्क, एक पारसी, एक रूमी।

चारों थके-भूखे-प्यासे। एक जगह मिल गये चारों।
सभी एक दूसरेकी भाषासे अनभिज्ञ।
पर भूख मिटानेके लिये सब व्याकुल। सब आतुर।
अरब अपने लिये चाहता था—एनब।
तुर्क चाहता था—उजम।
पारसी चाहता था—अंगूर।
रूमी चाहता था—अस्ताफील।
तभी वहाँ आ निकला एक अंगूरवाला।
सबकी बाँछें खिल गयीं—'यही तो मैं माँग रहा था।'
सभी अपनी-अपनी भाषामें अंगूरकी ही माँग कर रहे थे।

* * *

यही हाल हमारा है।
जिज्ञासा हम सबको एक ही भगवान्‌की है।

हम सब उसी भगवत्कृपाके लिये आकुल हैं, जिससे विश्वके सारे काम चलते हैं।

भगवान् एक ही हैं,
पर हमारी पुकारके शब्द भिन्न-भिन्न हैं।
विनोबाने भगवान्‌की एक नाम-माला बनायी है—

'ॐ तत् सत् श्रीनारायण तू पुरुषोत्तम गुरु तू।
सिद्ध बुद्ध तू स्कंद विनायक सविता पावक तू॥
ब्रह्म मज़्द तू यह्व शक्ति तू ईशुपिता प्रभु तू।
रुद्र विष्णु तू रामकृष्ण तू रहीमताओ तू॥
वासुदेव गो विश्वरूप तू चिदानन्द हरि तू।
अद्वितीय तू अकाल निर्भय आत्मलिंग शिव तू॥'

छत्तीस मनके हैं इस मालामें। विश्वके विभिन्न धर्मों, सम्प्रदायों, पंथों और मतोंमें पुकारे जानेवाले प्रभुके विभिन्न नामोंके। घरमें बच्चेको हम बेटा, मुन्ना, बच्चा, बचवा, बबुआ, लल्ला, लाला आदि अनेक नामोंसे नहीं पुकारते! फिर भगवान्‌के अनेक देशोंमें, अनेक भाषाओंमें अनेक नाम हैं तो इसमें आश्चर्यकी बात ही क्या!

* * *

'रास्ते जुदे जुदे हैं मकसूद एक है'

वृक्ष एक है—शाखाएँ अनेक हैं।
भगवान् एक हैं—उनके नाम और गुण अनेक हैं; पर
'जो जेहि भाव नीक तेहि सोई।'
(मानस १। ४। ५)

भगवान्‌की कृपा, उनकी करुणा, उनकी दया, उनकी मेहर, उनकी तौफीक, उनकी नदरि, उनकी ग्रेस (Grace), उनकी मर्सी (Mercy) अपार है, अनन्त है।

जिलाये तो वही। खिलाये-पिलाये तो वही।
रखे तो वही। न रखे तो वही।
हम सब उसीकी कृपाके आश्रित हैं।

और इसीलिये हम भिन्न-भिन्न शब्दोंमें एक ही पुकार कर रहे हैं—

मोरि सुधारिहि सो सब भाँती। जासु कृपा नहिं कृपाँ अघाती॥
(मानस १। २७। २)

(१)

पारसी-धर्ममें भगवत्कृपा

[मज़्दा अहुरा हमपर अपनी कृपा बरसा]

'मज़्दा' 'अहुरा' या 'होरमज़्द' है पारसी-धर्ममें परमेश्वरका परम प्रिय नाम। लगभग ढाई हजार वर्ष पहलेकी बात है। प्रभु जरथुस्त्रको द्रोणपर्वतपर साधना करते समय ध्यानावस्थामें परमेश्वरका दर्शन हुआ। कहा जाता है कि सबसे पहले उनके मुखसे परमेश्वरके लिये यही सम्बोधन निकला—'मज़्दा अहुरा।'

वे बोल पड़े—

य वो मज़्दा अहुरा। पइरी जसाइ वोहू मनङ्हा।
मइब्यो दावोइ अह्वो। अस्त्वतस्च हात् चा मनङ्हो।
आयप्ता अषात् हचा। याइश रपँ तो दइदीत् ख्वाथ्रे॥
(अवेस्ता, यस्न, हा २८। २)

'हे होरमज़्द! वहमनके द्वारा, प्रेम या ज्ञानके द्वारा आप मेरे तनपर, मेरे मनपर अपनी कृपाकी, अपने आशीर्वादकी वर्षा करें, जिससे मैं पूर्ण ज्ञान प्राप्त कर सकूँ। आपके दैवी न्यायका पालन कर सकूँ। जो लोग उसपर चलते हैं, उन्हें आप प्रकाशकी ओर ले जाते हैं।'

* * *

'मज़्द' कहते हैं महान्को। 'अहुर' या 'होर' कहते हैं असुरको। अवेस्तामें असुरका अर्थ है—भगवान् या देव, सुर। 'होरमज़्द'का अर्थ है—महान् देव।

पारसी-धर्ममें ऐसी मान्यता है कि होरमज़्द सर्वोपरि हैं। सारी सृष्टि उन्हींकी रचना है। वे जीवन और प्रकाशके दाता हैं। वे एक हैं, अनन्त हैं, अनादि हैं, पूर्ण हैं, पवित्र हैं, शिव हैं, ऋत हैं, प्रकाश हैं। सबके स्वामी हैं। अर्थात् सत्के प्रतीक हैं होरमज़्द।

होरमज़्दके सात अङ्ग माने गये हैं—

(१) परम प्रभु होरमज़्द।
(२) वहमन्—अच्छा मन, प्रेम या ज्ञान।
(३) अषवहिश्त—पवित्रता, सत्य, ऋत।
(४) शहरॅवर्—शक्ति, बल, सामर्थ्य।
(५) स्पॅंदारमत्—नम्रता, विश्वास।
(६) ख्वरदात्—पूर्णता।
(७) अमर्दात्—अमरता—अमृतत्व।

* * *

सत् और असत्का विरोध अनन्तकालीन है। मानव-हृदय अखाड़ा है इन दोनों वृत्तियोंका। प्रतिक्षण दोनोंमें द्वन्द्व चलता रहता है। कभी एककी विजय होती है, कभी दूसरेकी।

पारसी-धर्ममें सत्के ग्रहण और असत्के त्यागपर बड़ा जोर दिया जाता है। 'स्पेंतामैन्यू' है—शुद्ध आत्मा। 'अंग्रामैन्यू' है—दुष्ट आत्मा। इस अंग्रामैन्यू, अहिरामन, द्रुज, दुर्जन, दएवा अर्थात् राक्षसका विरोध करना परम आवश्यक माना गया है।

कहा गया है कि मनुष्यका जन्म इसीलिये हुआ है कि वह सत्को ग्रहण करे—

'हुमतनाँम् हुख्तनाँम् हृश्तनाँम्।'

हम पवित्र विचार करें। हम पवित्र वचन बोलें। हम पवित्र कर्म करें। हमारे विचार, हमारे वचन, हमारे कर्म—सभी पवित्र हों।

ऐसा जीवन बितानेसे ही पृथ्वीपर सत्का और प्रेमका राज्य स्थापित किया जा सकेगा।

* * *

मानवके कर्तव्योंका विवेचन करते हुए पारसी-धर्ममें चार इन्हीं बातोंपर जोर दिया गया है कि मनुष्य सबसे प्रेम करे, सबपर दया करे, कृपा करे, दान दे, श्रम करे, स्वावलम्बी बने। वह मनुष्योंकी ही नहीं, अपितु पशु-पक्षियोंकी भी सेवा करे।

कहा गया है कि सत्के उपासक होरमज़्दकी ओर जाते हैं और असत्के उपासक अहिरामनकी ओर। सद्विचार, सद्वचन और सत्कर्मसे ही भगवत्कृपाकी उपलब्धि होगी—

वोहू क्षथ्रॅम् तोइ मज़्दा अहुरा
अपएमा वीस्पाइ यवे।
हुक्षथ्रस्त् नॅ ना वा नाइरी
वा क्षएता उबोयो अङ्हो हातॉम् हुदास्तॅमा॥
(यस्न, हा ४१। :

'हे होरमज़्द! आप हमपर ऐसी कृपा करें कि हम आ कल्याणमय राज्यमें सदा निवास करें। हे परम द परमेश्वर! आप हमपर और प्रत्येक स्त्री-पुरुषपर अपनी : बरसाइये। हम सबपर आपका कल्याणदायी शासन चले

* * *

मानवको बार-बार सावधान किया गया है कि असत्से अपने-आपको सदा बचाये। कहा है—

अत् चा यदा अएषाँम्। कएना जमइती अएनङ्हाँ
अत् मज़्दा तइब्योक्षथ्रम्। वोहू मनङ्हा वोइवीदाइ
अएइब्यो सस्ते अहुरा। योइ् अषाइ ददॅन् ज़स्तयो द्रुजॅ
(यस्न, हा ३०।

'जब पाप करनेवालोंको उसका बुरा फल भोगना प तब हे होरमज़्द! वे समझ पायेंगे कि क्या है आपकी और क्या है आपकी सत्ता। उनपर अषा, आपका प्रकट होगा, जिससे वे द्रुजको, गलत रास्तेको छ सही रास्तेपर आना सीखेंगे।'

* * *

कू अषवा अहुरो।
यॅ इज़्ज्यातॅदश हॅमिथ्यात्, वस इतोइश्वा।
तत् मज़्दा तवा क्षथ्रॅम्।
या ॲरॅज़्ज्योइ् दाही द्रिगओवे वह्यो॥
(यस्न, हा ५३।

'हे मज़्दा! अषाका देवता कहाँ है? हे मज़्दा! आपकी ही सत्ता है कि आप सदाचारी लोगोंको अ महत्त्व देते हैं। जो लोग हृदयके दीन हैं, नम्र हैं, वि हैं, उन्हें आप ऊपर उठाते हैं।'

* * *

(३)

ईसाई-धर्ममें भगवत्कृपा

[करुणामय करुणा दो बिखेर]

'एली एली लमा सबक्तनी'—'Eli Eli lama Sabachthani !' (हे ईश्वर ! मेरे ईश्वर !! क्यों भुला दिया आपने मुझे !)

ये हैं प्रभु ईसामसीहके अन्तिम शब्द, जो उन्होंने क्रूसपर लटकते हुए कहे ।

भगवत्कृपामें रत्तीभरकी भी कमी भक्तको सहन नहीं होती । उसका जी बुरी तरह कचोटने लगता है ।

परमेश्वर तो ठहरे करुणावरुणालय ! कृपाके सागर ! मुक्त हस्तसे कृपा बिखेरनेवाले !

तब भक्त क्यों वञ्चित रहे उनकी कृपासे ?

ईसाका जी भी कचोटने लगा—'ऐ मेरे मालिक ! क्यों छोड़ दिया आपने मुझे !'

और इसके तत्काल बाद ईसा शरीर छोड़कर भगवान्‌को प्यारे हो गये ।

* * *

ईसाई धर्मग्रन्थ बाइबिल—(New Testament)-में पग-पगपर भगवत्कृपाका उल्लेख है । उसके लिये दो शब्द आते हैं—Grace (ग्रेस) और Mercy (मर्सी) ।

कितने कृपालु हैं हमारे परमेश्वर—

'God who is rich in mercy for his great love wherewith he loved us.'—दयासागर परमेश्वरने अगाध प्रेमके कारण हमसे प्रेम किया। (इफिस. २ । ४)

'For by grace are you saved through faith and that not of yourselves. It is the gift of God.'—श्रद्धाके द्वारा भगवत्कृपासे ही तुम्हारा उद्धार हुआ और यह तुम्हारी ओरसे नहीं हुआ, वरन् यह है—परमेश्वरकी देन । (इफिस. २ । ८)

'Grace, mercy and peace from God the Father.'—परम प्रभुने हमपर कृपा, करुणा और शान्ति बिखेरी है ।

'For God hath not given us the spirit of fear, but of power, and of love, and of a sound mind.'—ईश्वरने हमें भयकी भावना न देकर शक्ति-सामर्थ्य, प्रेम और दृढ़चित्तताकी भावना दी है । (२ तिमोथी १ । १२)

'Your Father knoweth what things ye have need of, before ye ask him.'—तुम्हारा पिता तुम्हारे माँगनेसे पहले ही जानता है कि तुम्हें किन-किनकी जरूरत है । (मत्ती ६ । ८; ६ । ३१, ३२)

'Ask and it shall be given you, seek and you shall find, knock and it shall be opened unto you.'—माँगो तो तुम्हें मिलेगा । ढूँढ़ो तो पाओगे । खटखटाओ तो तुम्हारे लिये (द्वार) खोला जायगा । (मत्ती ७ । ७, ८)

कैसा अद्भुत आश्वासन ! केवल पुकारनेभरकी देर है—

करुणामय करुणा दो बिखेर ।
खोलो फाटक मत करो देर ॥
मैं कबसे हूँ यों खड़ा हुआ ।
कुछ सिकुड़ा-सा कुछ सटा हुआ ॥
आशाका एक सहारा ले ।
तेरे द्वारेपर अड़ा हुआ ॥
पड़ता चरणोंमें बेर बेर ।
खोलो फाटक मत करो देर ॥
करुणामय० ॥

* * *

संत पाल हों या आगस्टीन—सभी ईसाई संत भगवत्कृपापर आश्रित रहते आये हैं । संत आगस्टीन अपने 'कन्फेशंस'में लिखते हैं—

'And all my hope is nowhere but in Thy great mercy. Give what Thou enjoinest and enjoin what Thou wilt... Thou enjoinest us continency...for no man can be continent, unless God give it—'

—मेरी सारी आशा आपकी महती कृपापर, आपकी करुणापर निर्भर है । जो आपकी मर्जी हो वो मुझे दीजिये ; जैसी आपकी इच्छा । आप हमें पावित्र्य देते हैं—कारण कोई भी मनुष्य तबतक पवित्र और संयमी नहीं हो सकता, जबतक उसपर भगवत्कृपा न हो ।'

* * *

आत्मशुद्धिका सर्वोत्तम साधन माना गया है—प्रार्थना और प्रार्थनाकी सफलता भी [illegible] है—भगवत्कृपापर । सं[illegible] [illegible] लिखते हैं—

हो गये कि सुन न सकें । परंतु तुम्हारे अपकर्मके कामोंने ही तुम्हें तुम्हारे प्रभुसे दूर कर रखा है । तुम्हारे पापोंके कारण ही उनका मुख तुमसे ऐसा छिपा है कि तुम्हें ऐसा लगता है जैसे वे तुम्हारी बात ही नहीं सुनते ।

कारण यह है कि तुम्हारी अँगुलियाँ हत्या और अधर्मके कामोंसे अपवित्र हो गयी हैं । तुम्हारे मुखसे झूठी बातें निकलती हैं । तुम्हारी जीभ गंदी बातें उगलती है ।

कोई मनुष्य धर्मपूर्वक नालिश नहीं करता । कोई सच्चाईसे मुकदमा नहीं लड़ता । लोग झूठपर भरोसा रखते हैं और फाल्तू बातें बकते रहते हैं । उत्पात करते रहते हैं । अनर्थ करते रहते हैं । वे साँपिनके अंडे सेते हैं । मकड़ीके जाले बुनते हैं । ये जाले कपड़ेका काम नहीं देंगे ।

ऐसे लोग उपद्रवके काम करते हैं । बुराईकी ओर दौड़ते हैं । वे विनाशके रास्तेपर हैं । शान्तिका मार्ग वे नहीं जानते ।

हमारे पाप हमारे साथ हैं । हमने यहोवाका अपराध किया है । हमने परमेश्वरके पीछे चलना छोड़ दिया है । हम अंधेर करने लगे । हम झूठी बातें करने लगे । इसके कारण न्याय हट गया, धर्म दूर खड़ा रहा और सचाई बाजार (संसार)से खो गयी ।'

o * o

मनुष्य गलत रास्ता छोड़कर जब सही रास्तेपर आयगा, तभी वह यहोवाका कृपापात्र बन सकेगा । तभी उसे सच्चे अर्थमें 'धर्मात्मा' कहा जा सकेगा । ऐसा व्यक्ति कहता है—

'यदि मैंने कंगालोंकी इच्छा पूरी न की हो ।
या मैंने विधवाके आँसू न पोंछे हों,
या मैंने अपनी रोटीका टुकड़ा अकेले खाया हो
और उसमेंसे अनाथ न खाने पाये हों,
यदि मैंने किसीको नंगा मरते देखा हो,
या किसी दरिद्रको जिसके पास ओढ़नेको न था,
उसे अपनी भेड़ोंकी ऊनके कपड़े न दिये हों,
यदि मैंने फाटकमें अपने सहायक देखकर अनाथोंको
मारनेके लिये अपना हाथ उठाया हो,
तो मेरी बाँह कन्धोरेसे उखड़कर गिर पड़े और
मेरी भुजाकी हड्डी टूट जाय ।'

(अय्यूब ३१ । १६-२२)

धर्मात्मा कौन है, इसकी विवेचना करते हुए कहा गया है—

'धर्मात्मा वह है, जो न्याय और धर्मके काम करे। धर्मात्मा वह है, जो परायी स्त्रीपर कुदृष्टि न डाले, जो किसीपर अंधेर न करे, ऋणीको उसका बंधक फेर दे, किसीको लूटे नहीं, अपितु भूखेको रोटी और नंगेको कपड़ा दे, न तो ब्याजपर रुपया दे और न रुपयेका मुनाफा ले। धर्मात्मा वह है, जो दुष्कर्मोंसे दूर रहता है । सचाई-से न्याय करता है । धर्मात्मा वह है, जो यहोवाके बताये सही रास्तेपर चलता है । सच्चा वह है, जो सच्चे काम करता है।'

(यहेजकेल १८ । ५-९)

o * *

यहोवा कहते हैं—

'जो आदमी दूसरेकी खेती सींचता है, उसकी खेती सींची जायगी । जो यत्नपूर्वक दूसरोंका भला करता है, उसे प्रसन्नता दी जायगी । जो कंगालपर कृपा करता है, वह यहोवाको उधार देता है । उसे इसका सुफल मिलेगा ।'

(नीतिवचन ११ । २५-२७, १९ । १७)

'यदि तेरा वैरी भूखा हो तो उसे रोटी खिला ।
यदि तेरा वैरी प्यासा हो तो उसे पानी पिला ।
यहोवा तुझे इसका फल देंगे ।'

(नीतिवचन २५ । २१-२२)

o * *

यहोवा परम प्रेममय हैं । परम दयालु और कृपालु हैं। वे परम क्षमाशील हैं । (तालमुद भजन १३० । ७)

यहोवाका आश्वासन है—'तू डर मत । साहस रख। किसीसे भयभीत न हो; क्योंकि तेरे साथ चलनेवाले तेरे परमेश्वर यहोवा हैं । वे न तो कभी तुझे धोखा देंगे और न कभी तेरा साथ छोड़ेंगे ।'

(व्यवस्थाविवरण ३१ । ६)

वही बात—

रन बन व्याधि बिपत्तिमें 'रहिमन' मरै न रोय ।
जो रच्छक जननी जठर सो हरि गये कि सोय ॥

(रहीमरत्नावली १५९)

(३)
ईसाई-धर्ममें भगवत्कृपा
[करुणामय करुणा दो बिखेर]

'एली एली लमा सबक्तनी'—'Eli Eli lama Sabachthani !' (हे ईश्वर ! मेरे ईश्वर !! क्यों भुला दिया आपने मुझे ?)

ये हैं प्रभु ईसामसीहके अन्तिम शब्द, जो उन्होंने क्रूसपर लटकते हुए कहे।

भगवत्कृपामें रत्तीभरकी भी कमी भक्तको सहन नहीं होती। उसका जी बुरी तरह कचोटने लगता है।

परमेश्वर तो ठहरे करुणावरुणालय। कृपाके सागर। मुक्त हस्तसे कृपा बिखेरनेवाले।

तब भक्त क्यों वञ्चित रहे उनकी कृपासे ?

ईसाका जी भी कचोटने लगा—'ऐ मेरे मालिक! क्यों छोड़ दिया आपने मुझे !'

और इसके तत्काल बाद ईसा शरीर छोड़कर भगवान्‌को प्यारे हो गये।

* * *

ईसाई धर्मग्रन्थ बाइबिल—(New Testament)-में पग-पगपर भगवत्कृपाका उल्लेख है। उसके लिये दो शब्द आते हैं—Grace (ग्रेस) और Mercy (मर्सी)।

कितने कृपालु हैं हमारे परमेश्वर—

'God who is rich in mercy for his great love wherewith he loved us.'—दयासागर परमेश्वरने अगाध प्रेमके कारण हमसे प्रेम किया। (इफिस. २। ४)

'For by grace are you saved through faith and that not of yourselves. It is the gift of God.'—श्रद्धाके द्वारा भगवत्कृपासे ही तुम्हारा उद्धार हुआ और यह तुम्हारी ओरसे नहीं हुआ, वरन् यह है—परमेश्वरकी देन। (इफिस. २। ८)

'Grace, mercy and peace from God the Father.'—परम प्रभुने हमपर कृपा, करुणा और शान्ति बिखेरी है।

'For God hath not given us the spirit of fear, but of power, and of love, and of a sound mind.'—ईश्वरने हमें भयकी भावना न देकर शक्ति-सामर्थ्य, प्रेम और दृढ़चित्तताकी भावना दी है। (२ तिमोथी १। १२)

'Your Father knoweth what things ye have need of, before ye ask him.'—तुम्हारा पिता तुम्हारे माँगनेसे पहले ही जानता है कि तुम्हें किन-किनकी जरूरत है। (मत्ती ६। ८; ६। ३१, ३२)

'Ask and it shall be given you, seek and you shall find, knock and it shall be opened unto you.'—माँगो तो तुम्हें मिलेगा। ढूँढ़ो तो पाओगे। खटखटाओ तो तुम्हारे लिये (द्वार) खोला जायगा। (मत्ती ७। ७, ८)

कैसा अद्भुत आश्वासन! केवल पुकारनेभरकी देर है—

करुणामय करुणा दो बिखेर।
खोलो फाटक मत करो देर॥
मैं कबसे हूँ याँ खड़ा हुआ।
कुछ सिकुड़ा-सा कुछ सटा हुआ॥
आशाका एक सहारा ले।
तेरे द्वारेपर अड़ा हुआ॥
पड़ता चरणोंमें बेर बेर।
खोलो फाटक मत करो देर॥
करुणामय० ॥

* * *

संत पाल हों या आगस्टीन—सभी ईसाई संत भगवत्कृपापर आश्रित रहते आये हैं। संत आगस्टीन अपने 'कन्फेशंस'में लिखते हैं—

'And all my hope is nowhere but in Thy great mercy. Give what Thou enjoinest and enjoin what Thou wilt... Thou enjoinest us continency...for no man can be continent, unless God give it—'

—मेरी सारी आशा आपकी महती कृपापर, आपकी करुणापर निर्भर है। जो आपकी मर्जी हो सो मुझे दीजिये, वैसी आपकी इच्छा। आप हमें पावित्र्य देते हैं—कारण कोई भी मनुष्य तबतक पवित्र और संयमी नहीं हो सकता, जबतक उसपर भगवत्कृपा न हो।

* * *

आत्मशुद्धिका सर्वोत्तम साधन माना गया है—प्रार्थना। और [illegible] याचना भी उसी है—भगवत्कृपाकी। [illegible]
[illegible] है—

'When the day is finished let us give thanks for what has been given us during the day and for what we have done rightly and let us confess what we have left undone, every sin whether voluntary or involuntary, or perhaps, unknown to us, either in word, or deed or in the heart itself ...be seeching God's mercy for all in our prayers....'

—दिनकी समाप्तिपर हम परमेश्वरको उन सब बातोंके लिये धन्यवाद दें, जो उन्होंने हमें दिनभरमें दी हैं। हमने जो सही कार्य किये, उनके लिये भी हम प्रभुको धन्यवाद दें। उस समय हम यह भी स्वीकार करें कि हमसे अमुक-अमुक कार्य अधूरे छूट गये। हम मन-वचन-कर्मद्वारा जाने-अनजानेमें हुए सभी पापोंके लिये उनसे क्षमा माँगें और अपनी प्रार्थनाओंमें सच्चे हृदयसे भगवत्कृपाकी याचना करें।

* * *

प्रार्थनाओंमें सर्वत्र भगवत्कृपाकी याचना की जाती है—

'His mercy now implore,
And now show forth his praise,
In shouts, or silent awe, adore
His miracles of grace.'

—चार्ल्स वेसले

—अब हम उनकी दयाकी हृदयसे याचना करें। उनकी हम प्रशंसा करें। चाहे जोरसे चाहे मौनसे, हम उनकी कृपाके चमत्कारोंपर श्रद्धा अभिव्यक्त करें।'

साधक अपनी प्रार्थनामें इसी तथ्यपर जोर देता है कि आपकी कृपाका कोई पार नहीं है। प्रभो! मेरे-जैसे महान् पापीपर अपनी कृपा और अनुग्रहकी वर्षा करें। आप परम कृपालु हैं। अत्यन्त क्षमाशील हैं। फिर क्यों नहीं मुझे क्षमा करेंगे? कहाँ हमारे पाप, कहाँ आपकी महती कृपा!

'Show pity Lord, O Lord, forgive,
Let a repenting rebel live,
Are not Thy mercies large and free?
May not a sinner trust to Thee?
My crimes are great, but don't surpass
The power and glory of Thy grace,
Great God, Thy nature hath no bound
So, let Thy pardoning love be found,'

—आइज़क वाट्स

वही भरतकी-सी याचना—

कृपा अनुग्रहु अंगु अघाई। कीन्हि कृपानिधि सब अधिकाई॥

(मानस २। २९९। ३)

पापियोंका एक ही दावा है—

करोड़ों पापी उबारे तुमने,
हमें भी तारो तो हम जानें!

(४)

तसव्वुफ़में भगवत्कृपा

[तौबा और तौफ़ीके इलाही]

'खुदाकी राहमें आपको कौन-सी बात सबसे मुश्किल लगी?'

सूफी फकीर बायजीद बस्तामीसे एक दफा यह सवाल किया दूसरे सूफी फकीर अबू मूसाने।

बोले—'खुदाकी मददके बिना खुदाकी तरफ दिलको ले जाना मुझे सबसे मुश्किल मालूम हुआ। लेकिन जब खुदाकी रहमत हुई तो मेरी किसी कोशिशके बिना भी मेरा दिल खुदाकी तरफ रुजू हुआ और मुझे उधर खींचने लगा।'

कैसा बढ़िया सवाल, कैसा बढ़िया जवाब!

* * *

सूफी संत सहल तस्तरी कहते हैं—

'सबसे पहले इंसानको तौबा (पश्चात्ताप) लाज़िम है। जबतक खामोशी (मौन) इख्तियार न की जाय, तौबा हासिल नहीं होती। बगैर खामोशी इख्तियार किये इंसान खिल्वत-नशीनी (एकान्त)का लुत्फ नहीं पाता। खिल्वत-नशीनीका लुत्फ बगैर हलाल रोजी (ईमानदारीकी कमाई) के नहीं मिलता। हलाल रोजी अल्लाहका हक़ अदा किये बिना मिलनी दुश्वार है और जबतक सभी अङ्गोंपर निगाह न रखे, हक़ हासिल नहीं होता।'

अर्थात्!

मनुष्यको सबसे पहले तौबा करनी चाहिये।

पर इस तौबाकी राह क्या है?

इसके लिये चाहिये खामोशी—मौन।

बिना मौनके एकान्तका आनन्द नहीं मिलेगा।

पर एकान्तका आनन्द भी तो तब मिलेगा, जब कमाई ईमानदारीकी होगी। हलाल रोजी होगी।

हलाल रोजी कब होगी?

जब अल्लाहका हक़ अदा किया जायगा।

अल्लाहका हक़ कैसे अदा होगा।

सब अङ्गोंपर निगाह रखनेसे, सर्वेन्द्रियसंयमसे अल्लाहका हक् अदा होगा।

कहनेका मतलब यह कि सर्वेन्द्रियसंयम, ईमानदारीकी कमाई, एकान्त और मौनद्वारा तौबा—पश्चात्तापकी पात्रता प्राप्त होती है।

पर यहाँपर एक रोक है, प्रतिबन्ध है।
सहल तस्तरी फरमाते हैं—
'ये सब चीजें हासिल होती हैं—तौफ़ीके इलाहीसे।'

इन सब चीजोंको पानेके लिये चाहिये तौफ़ीके इलाही, अल्लाहकी तौफ़ीक, प्रभुकी कृपा, भगवत्कृपा।

सीधी बात—साधनाके मार्गपर आगे बढ़नेके लिये प्रभुकी कृपाकी सबसे बड़ी जरूरत है।

*　　*　　*

कुरान शरीफमें लिखा है—

'...व लौ ला फद्लु (अ) ल्लाहि अ़लैकुम व रहमतुहू, मा ज़का (य) मिनकु (म्) म्मिन अहदिन् अबदन् (अ), व्व लाकिन्न (अ्) ल्लाह युज़क्की म (न्) यशाउ व (अ्) ल्लाहु समीउन अलीमुन ० (२४।२१)

—अगर तुमपर अल्लाहका फज़्ल व करम न होता, उनकी रहमत न होती तो तुममेंसे कोई भी तौबा करके पाक साफ न होता। लेकिन अल्लाह ही पवित्र करते हैं जिसको चाहें। अल्लाह ही जिसको चाहें तौबाकी तौफ़ीक देकर पाक साफ कर देते हैं। अल्लाह सब कुछ सुनते हैं। सब कुछ जानते हैं अर्थात् वे सर्वश्रुत हैं, सर्वज्ञ हैं।'

*　　*　　*

राबिआसे पूछा किसीने—'गुनहगारकी तौबा कबूल होती है कि नहीं?'

बोली—'जब वह तौबाकी ताकत देता है तो तौबा कबूल भी करता है।'

*　　*　　*

यह तौबा है क्या?

तसव्वुफमें, सूफी साधनामें मारिफत—परम ज्ञान पानेके लिये जो सात मुकाम बताये गये हैं, उनमें सबसे पहला मुकाम है—तौबा।

तौबा माने क्या?

तौबा माने पश्चात्ताप, अनुताप।
तौबा माने क्षमायाचना।

तौबा माने लौटना, परावृत्त होना। कहाँ लौटना? अल्लाहकी तरफ, प्रभुकी ओर।

तौबा माने पापोंसे, बुराईसे, गलत कामोंसे पीछे लौटना। तौबा माने भविष्यमें पाप न करनेका संकल्प करना।

तौबा माने अल्लाहकी, खुदाकी, ईश्वरकी अवज्ञाके कामोंसे बाज आना, विरत होना।

तौबा माने दुष्कर्मोंको छोड़ सत्कर्मोंकी ओर लौट पड़ना।

तौबा माने अपने किये हुए पापोंपर पछताना। अपनी गलतियोंपर दुःखी होना और उनके लिये अल्लाहसे, ईश्वरसे माफी माँगना, क्षमायाचना करना।

*　　*　　*

अबू बकर केतानीने तौबाकी व्याख्या करते हुए कहा है—

'तौबा' है तो एक ही शब्द, फिर भी उसमें छः भाव रहते हैं—

१. पहले किये गये पापोंके लिये खेद,

२. फिरसे पापकी तरफ झुकाव न हो, इसकी सावधानी,

३. अल्लाहके लिये किये जानेवाले कामोंकी कमियाँ दूर करना,

४. दूसरोंके प्रति जो गलत व्यवहार हो गया हो, उसका बदला चुका देना,

५. शरीरका खून-मांस, जो गलत भोगोंसे बढ़ा हो, उसे सुखा देना और

६. जिस मनने पापका मज़ा चखा है, उसे साधनाकी कड़वाहटका भी मज़ा चखाना।

*　　*　　*

रामकृष्ण परमहंस कहते थे कि साधना है धानके पौधेको एक तरफ उखाड़ना और दूसरी तरफ रोपना।

तौबा भी तो यही है—असत्-कर्मोंको उखाड़ना, सत्-कर्मोंको रोपना।

जिस मनुष्यने तौबा कर ली, [illegible] [illegible] अपने [illegible] [illegible] कर लिया, [illegible]

ग्रहण करनेका अकीदा कर लिया, उसकी धन्यताका कहना ही क्या !

※ ※ ※

कुरानशरीफमें कहा गया है—

इन (अ्) ल्लाह कान तव्ब (अ) बन र्रहीमन् । (४ । १६)

'निस्संदेह, अल्लाह तौबा कबूल करनेवाले हैं, रहमतवाले हैं, दयालु हैं, कृपालु हैं ।'

लेकिन एक बात है—'अल्लाहपर तौबाकी कबूलियत सिर्फ उन लोगोंके लिये है, जो नादानीसे, हिमाकतसे कोई गुनाह कर बैठते हैं और फिर जल्दीसे तौबा कर लेते हैं । बस, ऐसे ही लोगोंको अल्लाह मुआफ करते हैं'—

इन्न म (अ् ल्) त्तौबतु अल (य् अ्) ल्लाहि लिल्लज़ीन य अमलून (अ् ल्) स्सूअ् बिजहाल तिन सुम्म यतूबून मिन् क़रीबिन् फ़ उ (व) लाइक यतूबु (अ्) ल्लाहु अलैहिम् ।···, (कुरानशरीफ ४ । १७)

'और तौबाकी कबूलियत उन लोगोंके लिये नहीं है, जो गुनाह करते रहते हैं, यहाँतक कि मौतके हाजिर होनेपर कहते हैं—मैंने अब तौबा कर ली !'—

व लैसति (अ्ल्) त्तौबतु लिल्लज़ीन यअमलून (अ्ल्) स्सय्यिआति, हत्ता इज़ा हदर अहदहुमु (अ्) ल् मौतु क़ाल इन्नि तुबतु (अ्) ल् आन वला (अ् अ्) ल्लज़ीन यमूतून व हुम कुफ्फ़ारुन्० (कुरानशरीफ ४ । १८)

तौबाकी कबूलियत न तो ऐसे लोगोंके लिये है और न अश्रद्धावान् लोगोंके लिये है । तौबा उन लोगोंकी कबूल नहीं होती, जो गुनाहोंसे किनाराकशी नहीं करते—

रातको खूब सी पी, सुबहको तौबा कर ली,
रिंदके रिंद रहे, हाथसे जन्नत न गयी !

※ ※ ※

सूफी संत अबुअली शफीकने ठीक कहा है—

'इन तीन बातोंसे इंसान मारा जाता है—

१–तौबाकी उम्मीदपर गुनाह करना, २–जिंदगीकी उम्मीदपर तौबा न करना और ३–रहमत (भगवत्कृपा)की उम्मीदपर तौबा न करना ।'

कुरानशरीफमें कहा गया है—

व इन्नी (ल्) ग़फ्फ़ारुन लिमन ताब व आमन व अमिल सालिहन सुम्म (अ्) हतदाय० (२० । ८२)

'वस्तुतः मैं ऐसे लोगोंके लिये क्षमाशील हूँ जो तौबा कर लें, ईमान लायें और नेक अमल करें; फिर राहपर कायम भी रहें ।'

वही बात जो भगवान् श्रीकृष्णने कही है—

अपि चेत्सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक् ।
साधुरेव स मन्तव्यः सम्यग्व्यवसितो हि सः ॥ (गीता ९ । ३०)

'यदि कोई अतिशय दुराचारी भी अनन्यभावसे मेरा भक्त हुआ मुझे निरन्तर भजता है, वह साधु ही मानने योग्य है; क्योंकि वह यथार्थ निश्चयवाला है ।'

प्रभु-चरणोंको पकड़ते ही तो पाप छूमन्तर हो जाता है।

※ ※ ※

'तजकिरत-अल-औलिया'में उल्लेख है—

उमरू नामक एक अधिकारी बीमार पड़ा । बीमारी असाध्य थी । हकीमने जवाब दे दिया । उसने सूफी संत सहल तस्तरीसे याचना की दुआके लिये । वे बोले—

'दुआ तो तब कबूल होती है, जब पहले इंसान तौबा करे ।'

उसने तौबा की और कैदियोंको रिहा कर दिया ।

तब सहलने दुआ की—'या अल्लाह ! जिस तरह तूने अपनी नाफरमानी (अवज्ञा)की ज़िल्लत इसे दिखायी, उसी तरह मेरी इबादतकी इज्जत दिखा दे ।'

कहते हैं कि दुआ पूरी भी न हो पायी थी कि बीमार एकदम चंगा होकर उठ बैठा !

※ ※ ※

सच्चे हृदयसे, सच्चे दिलसे तौबा करनेपर मनुष्य पाप-तापसे मुक्त होकर प्रभु-चरणोंकी ओर बढ़ता है । इसके लिये जी-तोड़ प्रयत्न तो आवश्यक है ही, पर प्रभु-कृपा भी आवश्यक है । तभी तो गोस्वामी तुलसीदासजीने कहा है—

लोभ-मोह-मद-काम-क्रोध रिपु फिरत रैनि दिन घेरें।
तिनहिं मिले मन भयो कुपथ-रत, फिरै तिहारेहि फेरें ।
(विनय० १४३ । १)

और—

कबहुँ दैव ! जग धनमय रिपुमय कबहुँ नारिमय भासै ।
संसृति-संनिपात दारुन दुख बिनु हरिकृपा न नासै ॥
(विनयपत्रिका ८१ । ४)

✿ ✿ ✿

पापोंसे छुटकारेका, चित्त-शुद्धिका एक ही उपाय है—तौबा, सच्चे दिलसे तौबा ।

अल्लाहने वादा किया है कि सच्ची तौबा करो तो तुम्हारा रब, परवर्दिगार तुम्हारे गुनाह बख्श देगा—

या अय्युह (अ्) ल्लज़ीन आमनू तूबू (अ्) इलल्लाहि तौबतन नसूहन, असाइ रब्बुकुम अनय्युकफ्फिरि अनकुम सिय्यातिकुम'''

(कुरानशरीफ ६६ । ८)

✿ ✿ ✿

हम तौबा करें, सच्चे दिलसे तौबा करें तो हमपर अल्लाहकी कृपा, तौफ़ीके इलाही होगी ही । इसी भरोसेपर तो दास कबीरने प्रार्थना की थी—

अवगुन मेरे बकसिये, अहो गरीब निवाज ।
जो हौं पूत कपूत हौं तऊ पिताको लाज ॥

(५)

इस्लाम-धर्ममें भगवत्कृपा

[अर्-रहमानिर्-रहीमिकी रहमत]

'दरवाजा खोलिये !'

दस्तक देते ही भीतरसे आवाज आयी—'अगर ज़ेरवा (एक पकवान) और हलवा हो तो दरवाजा खोलूँ !'

'खोलिये भी तो !'

और दरअसल दरवाजेपर एक मजदूर खड़ा था, जिसके सिरपर एक थालमें था ज़ेरवा और हलवा ।

हुआ था यह कि एक प्रभु-विश्वासी बुजुर्गके बच्चे कुछ दिनोंसे ज़ेरवा और हलवाकी माँग कर रहे थे, लेकिन बुजुर्ग सोचते थे कि अल्लाह तो खुद हमारी जरूरतको जानता है । उससे माँगनेकी क्या जरूरत है ! वह खुद ही भेज देगा ।

और उसने भेज ही तो दिया ।

उस दिन प्रसिद्ध सूफी संत अबू हफस हदादने जुनैदसे कहा—'ज़ेरवा और हलवा तैयार कराओ !'

तैयार हो जानेपर हदादने कहा—'अब एक मजदूरको बुलाओ । उसके सिरपर इस थालको रखकर कह दो कि वह थालको लेकर चल पड़े और चलते-चलते जहाँ थक जाय, वहींके बगलके मकानपर आवाज दे और ज़ेरवा और हलवा दे आवे !'

हदादका एक शागिर्द (चेला) भी उस मजदूरके पीछे-पीछे चल पड़ा । वह यह तमाशा देखकर हैरान रह गया ।

बुजुर्गसे राज़ पूछा तो उन्होंने बताया कि बात क्या थी ।

इसमें हैरानीकी तो कोई बात ही नहीं थी । अल्लाहकी, अर्-रहमानिर्-रहीमिकी रहमतका कोई पार तो है नहीं । जो माँगता है, उसे तो वह देता ही है । जो नहीं माँगता, उसपर भी वह अपनी रहमत बरसाता है । उसकी जरूरत पूरी करता है ।

✿ ✿ ✿

राबिआके घर दो सूफी संत पहुँचे मिलने और उपदेश लेने । भूखे भी थे । सोचा, राबिआके यहाँ जो मिलेगा, वह तो पाक ही होगा, पवित्र ही होगा ।

राबिआके पास थीं केवल दो रोटियाँ ।

उसने वे दोनों रोटियाँ परोस दीं संतोंको ।

और तभी एक फकीरकी सदा (आवाज) आयी—'दे खुदाकी राहपर !'

राबिआने परोसी हुई दोनों रोटियाँ उठाकर फकीरको दे दीं ।

थोड़ी देर बाद एक दासी तश्तरीमें खाना लायी । राबिआने गिनीं तो अठारह रोटियाँ थीं । उन्हें लौटाते हुए बोली—'ये मेरे लिये नहीं हैं ।'

कुछ देर बाद वही दासी फिर खाना लायी । अब की दफा राबिआने रोटियाँ गिनीं तो बीस निकलीं । उसने उन्हें लेकर संतोंको परोस दिया ।

संत हैरान ।

खाना खाकर उन्होंने राबिआसे पूछा—'यह क्या माजरा है ?'

बोली—'आप लोग घर आये तो मैं जानती थी कि

आप भूखे हैं और मेरी दो रोटियाँ आपके लिये कम पड़ेंगी। उधर कुरानशरीफमें खुदाने कहा है कि मैं एकके बदले दस देता हूँ। इसीलिये फकीरके माँगते ही मैंने दोनों रोटियाँ उठाकर उसे दे दीं; बादमें जब अठारह रोटियाँ आयीं तो मैंने लौटा दीं; क्योंकि वे बे-हिसाब थीं। दूसरी दफा जब बीस रोटियाँ आयीं तो मैंने लेकर आपको परोस दीं; क्योंकि वे वादेके मुताबिक थीं!'

* * *

अल्लाहने कहा है—

मन् जो अ बि (ल्) ह् इसनति फ़लहू अशरु अमसालिहा, व मन् जो अ बि (स्) स् सय्यि अतिफ़ला युज्जो (य) इल्ला मिस्लहा व हुम् ला युज़्लमून०

(कुरानशरीफ ६। १६०)

'जो आदमी नेकी लेकर आये, उसके लिये उसका बदला दसगुना है और जो बदी लेकर आये, उसको उसके बराबर ही बदला दिया जायगा और उसपर ज़ुल्म नहीं किया जायगा।'

कितनी दयालुता है प्रभुकी!

वही बात जो भरतने कही थी—

जौं करनी समुझै प्रभु मोरी। नहिं निस्तार कलप सत कोरी॥
जन अवगुन प्रभु मान न काऊ। दीन बंधु अति मृदुल सुभाऊ॥

(मानस ७। ०। ३)

* * *

प्रभु ठहरे कृपासागर, कृपानिधान—

'कृपालुशीलकोमलम्।'

(मानस ३। ३। छं० १)

उसीको अरबीमें कहते हैं—'अर्-रह्मानि (ल्) र्रहीमि!'

अल्लाह रहमान भी हैं, रहीम भी।
कृपाशील भी है, दयावान् भी।
परम कृपालु हैं, अतीव करुणावान् हैं—
बहुत ही मेहरबां है वह, बड़ा ही मेहरबां है वह!
सदा रहमतफिशां, रहमतफिशां, रहमतफिशां है वह!!

(कैफ भोपाली)

कुरानशरीफकी शुरुआत, उसका श्रीगणेश, उसके हर सूरःका श्रीगणेश इसी गुणके साथ होता है—

बिस्मि (ल्) ल्लाहि (र्) र् रह्मानि (र्) रहीमि०

'शुरू करता हूँ अल्लाहके नामके साथ जो रहमान भी है, रहीम भी। जो बखशीश करनेवाले भी हैं, मेहरबान भी।'

(कुरानशरीफ ६। ५४)

और ये दयालु ऐसे हैं। जिन्होंने दयालुताका कृपाका, करुणाका ठेका ले रखा है। कहा गया है कुरानशरीफमें—

कतब रब्बुकुम अ़ला (य) नफ़्सिहि (र्) रहमत।

'लिखी है रब्ब तुम्हारेने ऊपर ज़ात अपनीके रहमत अर्थात् तुम्हारे परवर्दगारने मेहरबानी फरमाना अपने जिम्मे मुक़र्रर कर लिया है।'

कहते हैं अल्लाह कुरानशरीफमें—

व रहमति ह् व सिअत कुल्ल शैइयन।

(७। १५

'और मेरी रहमतने समा लिया है हर चीज़को।'

शेख़ अबुल अब्बास क़स्साब फ़रमाते हैं—

'दिन और रातमें कोई घड़ी ऐसी नहीं, जिसमें बन्दे अल्लाहकी मेहरकी बरसात न होती हो।'

शेख सादीने भी कहा है—

अय ग़र्रा बा रहमते खुदावन्द,
दुर रहमते मू कसेचे गोयद।
दर चंद मुअस्सर अस्त बारां
त दाना बाफ़गनी न रोयद॥

'प्रभुकी कृपापर, खुदावन्दकी रहमतपर तेरा भरोसा कर उनका विश्वास और गर्व करना ठीक ही है। यह सही कि उनकी रहमत, उनकी कृपा वर्षाकी तरह बरसती उसके लिये जुता हुआ खेत चाहिये। तूने अगर अपने खेत जोता-बोया नहीं तो उस बरसातसे भी क्या फायदा! उस अर्थ ही क्या है!'

जरूरत है खेत जोतनेकी, उसमें प्रभु-प्रेमका बीज बोने फिर खुदावन्दकी रहमत बरसनेमें क्या देर है!

वे रहमान, वे रहीम तो रहम करेंगे ही

ईश्वरका अस्तित्व और उसकी कृपा

(लेखक—वैद्य श्रीगुरुदत्तजी, एम्० एस्-सी०, वैद्यभास्कर, आयुर्वेद-वाचस्पति)

ईश्वरकी सत्तामें आस्था न रखनेवाले तथा वेदादि शास्त्रोंको स्वीकार न करनेवाले नास्तिकोंकी वृद्धि संसारमें पर्याप्त द्रुतगतिसे हो रही है।

अतः ऐसे व्यक्तियोंको सर्वप्रथम यह बताना और विश्वास कराना आवश्यक है कि—

१—परमात्मा हैं।

२—वे वेदानुसार सृष्टिरचना एवं कर्मसिद्धान्तानुसार उसका पालन और संहार भी करते हैं।

३—उन्होंने यह सब अनुग्रहपूर्वक जीवात्माको अज्ञानसे मुक्त करनेके लिये किया है।

४—ऐसा करनेके लिये उन्होंने वेदका ज्ञानोपदेश मानवमात्रके लिये किया है।

५—संसारमें तीन प्रकारके दुःख मनुष्यको घेरे रहते हैं।

६—इन दुःखोंकी निवृत्ति ज्ञानसे होती है और ज्ञानका अभिप्राय प्रकृति-पुरुषके सम्बन्धको समझना है। इसे शास्त्रमें 'विवेक' कहा गया है।

इतना उनके मनपर अङ्कित कर देनेके उपरान्त ही सामान्य मानवमात्रके लिये परमात्माकी कृपाका दिग्दर्शन कराया जा सकता है।

इन बातोंके स्पष्टीकरणके लिये मन्त्रद्रष्टा ऋषियोंने दर्शनशास्त्रका प्रवचन किया है। दर्शनशास्त्र तर्क तथा युक्तिके सहारे यह बतलाते हैं कि शरीर, मन और इन्द्रियाँ प्रकृतिके रूपान्तर हैं। जीवात्मा ही सुख-दुःख, इच्छा-द्वेष आदिका भोक्ता बनता है। तत्त्वज्ञान-द्वारा उसके अहंभावकी निवृत्ति होती है, अतः उसे विवेककी नितान्त आवश्यकता है।

अनेक दर्शनप्रवर्तक तर्कको विशेष महत्त्व नहीं देते। उनका कहना है कि जब एक तार्किक तर्कसे एक बात सिद्ध करता है तो दूसरा विरोधी तर्कके द्वारा उसका खण्डन कर देता है, परंतु एक तीसरे ऋषिका कहना है—

युक्तितोऽपि न बाध्यते दिङ्मूढवदपरोक्षादृते। अचाक्षुषाणामनुमानेन बोधो धूमादिभिरिव वह्नेः॥

(सांख्यदर्शन १। ५९-६०)

इन सूत्रोंका अभिप्राय है कि युक्तिसे भी अविवेकके उच्छेदमें बाधा नहीं होती। दिग्भ्रान्त व्यक्ति बिना अपरोक्ष (अर्थात् प्रत्यक्ष)की सहायताके भी (मार्ग) पा जाता है।

जब कोई व्यक्ति मार्ग भूल जाता है तो वह प्रत्यक्ष चिह्नोंसे दिशा पा जाता है। उदाहरणार्थ पथिक ध्रुव-ताराको देखकर दिशाका ज्ञान कर लेता है और गन्तव्य स्थानतक पहुँच जाता है।

यह भी कहा है कि जो दिखायी नहीं देता (अप्रत्यक्ष है), उसका अनुमानसे ज्ञान हो जाता है—जैसे धूमादिसे अग्निका। मनुष्य सांसारिक सुख-सुविधाओंका भोग करता हुआ भी परमात्माके अस्तित्वको नहीं मानता; क्योंकि सुख-सुविधाके पीछे उसे परमात्माका हाथ प्रत्यक्ष नहीं दीखता। भोगान्ध मनुष्य भला, परमात्माके विषयमें क्या जानेगा? तत्त्वदर्शी ज्ञानीजन उसे दिव्य-दृष्टि प्रदान करते हैं।

बिना किसी शिक्षकके मनुष्य सामान्य ज्ञान भी नहीं प्राप्त कर सकता। अतः आदि मानवीय सृष्टिके समय मानवको अवश्य किसीने ज्ञान दिया होगा। इस प्रकार आदि कालमें ज्ञान-प्रदाता परमात्मा हैं और उस ज्ञानको वेदका नाम दिया गया है; अतः वेद ईश्वरीय ज्ञान है।

संसारमें सभी पदार्थ परस्पर समन्वयसे ही स्थिर हैं; ऐसा किसी नियन्ता (प्रबन्धकर्ता)के बिना नहीं हो सकता; उस नियन्ताको परमात्मा कहा जाता है।

संसारके जड पदार्थ गतिशील [illegible] होते हैं और यह गति ईक्षणाधीन है तथा चेतनसे ही सम्भव है। इसका निरीक्षक परमात्मा कहा जाता है।

ईक्षणके तीन लक्षण माने गये हैं—देश, काल और अवस्था। जगत्-रचना कब हो, कहाँ हो और किस प्रकार हो—इस प्रकार विचारपूर्वक कार्य कोई चेतन ही कर सकता है। वह चेतन सत्ता [illegible] है।

यह देखा जाता है कि जड पदार्थमें स्वतः [illegible] क्रिया नहीं हो सकती। प्रत्येक क्रियाके पीछे किसी [illegible] हाथ समझमें आता है। इसीसे कहा गया है कि [illegible] सूर्य, चन्द्र, [illegible] आदिमें गति [illegible] [illegible] है।

शक्ति तो विद्युतादिमें भी है। यह जडको गति भी दे सकती है; परंतु क्रियामें बुद्धिपूर्वक दिशा, काल तथा अवस्था तो चेतन ही उत्पन्न कर सकता है।

चेतनके गुण हैं—

इच्छाद्वेषप्रयत्नसुखदुःखज्ञानान्यात्मनो लिङ्गमिति ॥

(न्यायदर्शन १।१।१०)

'इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, सुख, दुःख तथा ज्ञान (चेतना)—ये आत्माके लिङ्ग (लक्षण) हैं।'

ये युक्तियाँ न केवल आधारयुक्त (प्रतिष्ठित) हैं, प्रत्युत अकाट्य भी हैं। मनुष्य जितना अधिक युक्तिपूर्वक विचार करता है, उतना ही अधिक तथ्यसे अवगत होता चला जाता है कि परमात्मा हैं, वे महान् शक्तिमान्, बुद्धिमान् और चेतन हैं, वे आदि-ज्ञानके दाता हैं तथा जगत्‌की रचना, पालन और संहार करनेवाले हैं।

एक बार यह विश्वास हो जानेपर कि परमात्मा हैं, वेद उनकी वाणी है, फिर उनकी कृपाका दर्शन स्वतः सहज होने लग जाता है।

नास्तिकोंका कहना है कि घड़ीके दोलककी भाँति प्रकृति स्वतः ही रचना और संहार करती रहती है। दार्शनिक कहता है कि घड़ीका दोलक भी तो स्वतः नहीं हिलता, यदि इसके पीछे इसकी गतिको चालू रखनेवाली कोई शक्ति न हो। घड़ीमें चाभी लगानेवालेकी शक्ति ही दोलक और घड़ीको चलाती है। चाभी समाप्त हो जाय तो घड़ी और दोलक—दोनों रुक जाते हैं।

जड पदार्थोंमें स्वतः विचारपूर्वक गति आ नहीं सकती और न वे गतिमें आकर पुनः दिशा और गति बदल सकते हैं, जबतक कि परिवर्तन उत्पन्न करनेवाला कोई चेतन तत्त्व न हो।

अतः जड प्रकृतिद्वारा जगत्-रचना नहीं हो सकती और न इसका संचालन तथा संहार ही हो सकता है। इसलिये किसी चेतनके अस्तित्वको स्वीकार करना ही पड़ेगा। निःसंदेह वह चेतन परमात्मा है। वेदान्तदर्शनका उद्घोष है—

रचनानुपपत्तेश्च नानुमानम्। प्रवृत्तेश्च। पयोऽम्बुवच्चेत्तत्रापि। व्यतिरेकानवस्थितेश्चानपेक्षत्वात्।

(वेदान्तदर्शन २।२।१—४)

अर्थात् रचना (स्वतः) नहीं होती। प्रत्यक्ष तो यह होती देखी ही नहीं जाती; परंतु अनुमानसे भी यह होती है ऐसा सिद्ध नहीं किया जा सकता।

जगत्‌की रचनाके लिये जड प्रकृतिका प्रवृत्त होना सिद्ध नहीं होता। प्रकृतिका स्वभाव जड है और जड स्वतः कार्य नहीं करता। इसलिये प्रकृति जगत्‌की रचनाका कारण नहीं है।

दूध और जल—ये स्वतः विना चेतन गतिमें नहीं आते। दूधसे अभिप्राय माँके स्तनमें दू[ध] द्रवित होनेवाले हैं। जलका नदीमें बहना इसी प्र[कार] स्वतः नहीं होता।

विना (किसी चेतनकी) अपेक्षाके (जड पदार्थ) उलटे धर्मको स्वीकार नहीं करते।

सांख्यदर्शनमें सृष्टि-रचनाकी पूर्ण प्रक्रियाको युक्ति एवं अनुमान-प्रमाणसे निर्दिष्ट किया गया है—

नावस्तुनो वस्तुसिद्धिः। अबाधाददुष्टकारणजन्यत्वा[च्च] नावस्तुत्वम्। भावे तद्योगेन तत्सिद्धिरभावे तदभा[वात्] कुतस्तरां तत्सिद्धिः। (सांख्यदर्शन १।७८—८[०])

अर्थात् अवस्तुसे वस्तुकी सिद्धि नहीं हो सकती। अभि[प्राय] यह है कि अभावसे भाव सिद्ध नहीं किया जा सकता।

यह जगत् वस्तु (अस्तित्ववान्) है। यह निर्दोष [उपायों] (उपायों)से जाना जा सकता है।

यह अस्तित्ववाला जगत् अभावसे कैसे हो सकता है

इन कथनोंका अभिप्राय यह है कि हम अपनी इन्द्रि[यों] इस जगत्‌को प्रत्यक्ष देख सकते हैं। आँखोंसे, त्वचासे, [नाक] और कानसे यह देखा, छुआ, सूँघा और सुना जाकर अनुभव किया जाता है। यदि संसार प्रतीत होता है तो इसका मूल भी होना चाहिये। कारण यह है कि अवस्तुसे वस्तुकी उत्पत्ति नहीं हो सकती।

यह सिद्ध है कि जगत्‌के कर्ता परमात्मा हैं और जगत्‌का भोग जीवात्मा करता है। जब जीवात्माको विवे[क] होता है कि संसार और शरीरसे उसका सम्बन्ध नहीं है, तब वह मोक्ष प्राप्त कर लेता है।

ईश्वरकृत जगत्-रचनाद्वारा जीवात्माको विवेक प्राप्त कर मोक्षमार्गपर अग्रसर होनेका अवसर मिलता है। इस अवसरकी इस रूपसे अनुभूति ही भगवत्कृपा है।

भगवत्कृपा और विश्वास

(स्व० पं० श्रीभूपेन्द्रनाथ सान्याल)

भगवान्‌का सभी लोग विश्वास कर लें, या करेंगे, यह किसी प्रकार भी सम्भव नहीं है। नचिकेतासे यमराजने कहा था—

देवैरत्रापि विचिकित्सितं पुरा न हि सुविज्ञेयमणुरेष धर्मः।
(कठोपनिषद् १।१।२१)

'पूर्वमें देवताओंको भी आत्मा (ईश्वर)के अस्तित्वमें संदेह हो गया था। कारण, यह विषय 'न सुविज्ञेयम्' है—सहज ही जाननेमें नहीं आता; क्योंकि जगत्‌को धारण करनेवाला यह आत्मा 'अणुः' होनेके कारण अत्यन्त सूक्ष्म चिन्तनसे भी अगम्य है।'

इसीसे कहा जाता है कि सब लोग भगवान्‌के अस्तित्वमें विश्वास नहीं करते, बहुतोंको तो उनका पता ही नहीं चलता। भगवान्‌में विश्वास करनेके लिये कोई सहज, सरल मार्ग भी समझमें नहीं आता। हमलोगोंका जो उनपर यत्किंचित् विश्वास है, वह केवल उनकी दयासे ही है।

पुत्र अपनी मातापर सहज विश्वास करता है, वह किसीसे कुछ सुनकर या युक्तियोंका संग्रह करके ऐसा करता हो, यह बात नहीं है। जननीका अनिर्वचनीय स्नेह शिशुके हृदयको न जाने क्या समझा देता है, जिसको वह बतला नहीं सकता; परंतु अपने प्राणोंके अंदर वह किसी अव्यक्त आकर्षणका अनुभव करता है। उसीकी प्रेरणासे वह माताको 'माँ, माँ' कहकर पुकारता है और असीम विश्वासके साथ उछलकर माँकी गोदमें जा बैठता है। इसी प्रकार युक्तियोंके सहारे कोई भगवान्‌पर न तो विश्वास कर सकता है और न प्रेम ही।

भगवान्‌की विश्वविमोहिनी कृपा-शक्तिरूपा बाँसुरी भक्तके प्राणोंमें न मालूम कौन-सा संगीत उड़ेल देती है, जिससे वह सदाके लिये उनकी चरण-रजका भिखारी बन जाता है, फिर उसको किसी भी युक्तिद्वारा उस मार्गसे हटाया नहीं जा सकता; प्रभुके आकर्षणमें ऐसा ही अपार बल है। यदि यह कहा जाय कि भगवान् तो सर्वान्तर्यामी, सर्वव्यापी और सबके आत्मा हैं, फिर वे चुन-चुनकर केवल अपने भक्तोंको ही कृपा-बाँसुरीका मधुर स्वर क्यों सुनाते हैं? दूसरे उसे क्यों नहीं सुन पाते? भक्तको ही मोक्षकी प्राप्ति होती है, अभक्तको नहीं; इससे क्या भगवान्‌में वैषम्य-दोष नहीं आता है? इसके उत्तरमें भगवान् गीतामें स्वयं कहते हैं—

समोऽहं सर्वभूतेषु न मे द्वेष्योऽस्ति न प्रियः।
ये भजन्ति तु मां भक्त्या मयि ते तेषु चाप्यहम्॥
(९।२९)

'मैं सब भूतोंमें समान हूँ, मेरा कोई शत्रु-मित्र नहीं है; किंतु जो मुझे भक्तिपूर्वक भजते हैं, वे मुझमें रहते हैं और मैं उनमें रहता हूँ।'

यह तो उन भक्तजनोंकी प्रियता है, जो समदर्शी भगवान्‌से 'मयि ते तेषु चाप्यहम्' कहला लेती है। अतः भगवान्‌में विषमताका आरोप करना उचित नहीं।

जैसे अग्निके समीप रहनेवाले पुरुषका अन्धकार और जाड़ा अग्निकी स्वाभाविक शक्तिसे ही दूर हो जाता है, उसी प्रकार पापी-पुण्यात्मा जो कोई भी भगवान्‌को भजता है, वही उनकी महिमाको जानकर शान्ति प्राप्त कर लेता है।

पुत्र जैसे जननीपर सहज ही विश्वास करता है, पत्नी जैसे अपने प्रियतम पतिसे स्वाभाविक प्रेम करती है, इससे कहीं अधिक भक्त कृपाम्बापर प्रेम और विश्वास करता है।

जो निराकार, निर्विकार और न मालूम क्या-क्या हैं; जिनको खोजते-खोजते बुद्धि थक जाती है, युग-युगान्तरोंसे कितने लोगोंके मनोंमें उनका कितना अनुसंधान किया गया, किंतु कोई उनकी थाह न पा सका—ऐसी वह अचिन्त्य वस्तु भी मिल सकती है, उस तत्त्वका भी पता लग सकता है। किंतु कहाँ?—

'हरिके कोमल पद-कमल हरि-जन हियमें पेखि।'

भक्तको देखकर ही अभक्त एवं अभक्तोंका भगवान्‌में विश्वास होता है, उन्हें कुछ प्रत्यक्ष अनुभव-सा होने लगता है, मानो कोई अचिन्त्य वस्तु उनकी दृष्टिके सामने

आ जाती है। भगवत्प्रेममें मतवाले श्रीनित्यानन्द प्रभुको देखकर जन्मके पाप-कलुषित चित्तवाले महापातकी जगाईकी पापवृत्ति शान्त हो गयी। सदाके अभ्यस्त विषयोंसे वह मानो सर्वथा दूर हट गया। फिर उसने जब प्रेमावतार श्रीचैतन्यचन्द्रके प्रेमपूरित नेत्रोंकी ओर देखा, जब श्रीचैतन्यदेवके शरीरसे स्पर्श होकर आयी हुई वायुके झकोरे जगाई-मधाईके शरीरमें लगे, तब तुरंत ही एक वैद्युतिक क्रिया-सी हो गयी, दोनों भाई अनास्वादित अपूर्व भगवत्प्रेममें सर्वथा निमग्न हो गये। उनकी कुप्रवृत्ति सदाके लिये शान्त हो गयी। जो भूलकर भी कभी भगवान्‌का स्मरण नहीं करते थे, वे ही भगवान्‌की प्राप्तिके लिये आकुल हो उठे। भगवद्भक्तोंके सङ्गकी यही तो महिमा है—

सत्संगमो यर्हि तदैव सद्गतौ
परावरेशे त्वयि जायते मतिः ॥
(श्रीमद्भा० १०। ५१। ५४)

'जिस क्षण सत्सङ्ग प्राप्त होता है, उसी क्षण संतोंके आश्रय, कार्य-कारणरूप जगत्‌के एकमात्र स्वामी भगवान्‌में जीवकी बुद्धि दृढ़तासे लग जाती है।'

भक्त भी अपने बलपर भगवान्‌को नहीं पकड़ सकता, इस बलको त्यागनेके लिये तो भगवान्‌ने आज्ञा दी है। भगवान् स्वयं भक्तके समीप आकर उसकी भुजाओंमें बँध जाते हैं। भगवान्‌की शरण ग्रहण करने और उनको भजनेकी यही महिमा है। जो भगवान्‌में विश्वास नहीं करता, वह उनके भजनमें भी कैसे लग सकता है? भजन बिना केवल बुद्धिवादसे कोई भी भगवत्कृपाकी अपार महिमाका पता नहीं पा सकता। भगवत्कृपाका महत्त्व समझे बिना, भगवान्‌के चरणोंमें अपनेको सब प्रकारसे समर्पित किये बिना, मनुष्य-जन्म ही विफल हो जाता है—

इह चेदवेदीदथ सत्यमस्ति
न चेदिहावेदीन्महती विनष्टिः।
(केनोप० २। ५)

इसी जन्ममें यदि उन सत्यस्वरूप परमात्माका पता लगा सके अथवा उनको जाना जा सके, तभी जीवनकी सफलता होती है। इस जन्ममें यदि उन्हें न जाना जा सका तो महान् अनिष्ट हो गया—महाविनाश हो गया; क्योंकि जिस आनन्दकी खोजमें समस्त जीव-समुदाय व्याकुल हो रहा है, जिस आनन्दकी प्राप्तिके लिये लोग सैकड़ों-हजारों अनर्थ करनेमें आनाकानी नहीं करते, तथापि किसी प्रकार भी उस परमानन्दस्वरूपका संधान नहीं कर पाते। यदि मनुष्यको किसी उपायसे उसका पता लग जाय, यदि वह उस परमानन्दके अन्तहीन, अनादि निर्झरके निकट पहुँच जाय तो फिर उसके आनन्दकी क्या सीमा! वह जन्म-मरण, शोक-रोग, शीत-उष्ण और अभावके नित्य-निरन्तरके संतापोंसे, समस्त दुःखोंसे सदाके लिये मुक्त हो जाता है। श्रुति कहती है—

भूतेषु भूतेषु विचित्य धीराः
प्रेत्यास्माल्लोकादमृता भवन्ति ॥
(केनोप० २। ५)

'फिर वे परम भक्त धीर ज्ञानीजन सब भूतोंमें उन परमात्माकी उपलब्धि कर सकते हैं। इस प्रकार अनुभव करनेवाले धीर पुरुष ही इस लोकसे गमन करके अमृतत्वको प्राप्त करते हैं।'

भक्त जैसे भगवान्‌के लिये पागल हो जाते हैं, भगवान् भी उसी प्रकार अपनी स्वाभाविक भक्तवत्सलतासे नहीं चूकते। माता यशोदा बड़ी चेष्टा करके भी जब अपने गोपाल श्रीकृष्णको न पकड़ सकीं, तब जननीको परिश्रमसे श्रान्त और क्लान्त देखकर श्यामसुन्दर स्वयं ही आकर उनकी डोरीमें बँध गये। धन्य प्रभु!—

जिन बाँधे सुर-असुर, नाग-नर प्रबल करमकी डोरी।
सोइ अविच्छिन्न ब्रह्म जसुमति हठि बाँध्यो सकत न छोरी॥
(विनयप० ९८। २)

कोटि-कोटि ब्रह्माण्ड जिनके चरण-कमलोंमें धूलि-कणके सदृश नाचते रहते हैं, वे यदि अपनी इच्छासे न पकड़ावें तो उन्हें कौन पकड़ सकता है? कातर भक्तके समीप भगवान् स्वयं ही आकर अपनेको पकड़ा देते हैं। भक्ति-प्रिय माधवको भगवत्कृपोपलब्ध भक्ति और विश्वासके बलसे ही पकड़ा जा सकता है।

भगवत्कृपा और प्रपत्ति

(लेखक—स्वामी श्रीकृपाल्वानन्दजी उदासीन)

भगवत्कृपाके बिना प्रपत्ति सम्भव ही नहीं है। भगवती श्रुति भी यही कहती है—'यह आत्मा विविध व्याख्यानोंद्वारा, बुद्धिद्वारा अथवा अत्यधिक शास्त्रश्रवणद्वारा प्राप्त नहीं होता, वह कृपापूर्वक जिसका वरण करता है, वही उसे प्राप्त कर सकता है, वह उसीके सम्मुख अपना स्वरूप प्रकट करता है'—

नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो
न मेधया न बहुना श्रुतेन।
यमेवैष वृणुते तेन लभ्य-
स्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनुं स्वाम्॥
(कठोप० १। २। २३)

प्रपत्तिके दो प्रकार हैं—प्रथम 'भगवत्कृत जीव-स्वीकार' अथवा 'अनुग्रह' और द्वितीय 'जीवकृत भगवत्स्वीकार' अथवा 'परिग्रह'।

साध्य-भक्ति अथवा प्रपत्ति समाजधर्म नहीं, व्यक्तिधर्म है, महापुरुषोंका धर्म है। इसमें सर्वधर्मोंका स्वाभाविक परित्याग और प्रेम-धर्मकी स्वाभाविक स्वीकृति (ग्रहण) अभिव्यक्त है। देवर्षि नारद, महर्षि व्यास, सनकादि कुमार, शुकदेव मुनि, महर्षि कपिल, श्रीहनुमान्‌जी आदि आचार्य प्रपत्ति-पथके प्रवासी हैं।

'अनिमित्ता भगवद्भक्ति सिद्धिसे भी श्रेष्ठ है'—

अनिमित्ता भागवती भक्तिः सिद्धेर्गरीयसी।
(श्रीमद्भा० ३। २५। ३३)

यह यथार्थ ही है कि निमित्ता भगवद्भक्ति सकाम होती है, उसमें सकामता ही प्रधान है। निष्काम भक्तोंके लिये तो भगवान् जीवन-सर्वस्व होते हैं। वे उन्हींको परम सिद्धि मानते हैं। जिस सिद्धिसे चित्तको शान्ति, आनन्द और शाश्वत सुखकी अनुभूति न हो, उसकी प्राप्ति अशान्ति, शोक और दुःखपूर्ण है।

अयोग्य-से-अयोग्य व्यक्ति भी भगवत्प्रपत्तिका अधिकारी होता है। वह तो केवल शरणागत होकर निश्चिन्त हो जाता है। उसके पाप, ताप, दोषादिको दूर करनेमें भगवत्कृपा स्वाभाविक कार्य करती है। श्रीशुकदेवजी कहते हैं—

देवर्षिभूताप्तनृणां पितॄणां
न किंकरो नायमृणी च राजन्।
सर्वात्मना यः शरणं शरण्यं
गतो मुकुन्दं परिहृत्य कर्तम्॥
स्वपादमूलं भजतः प्रियस्य
त्यक्तान्यभावस्य हरिः परेशः।
विकर्म यच्चोत्पतितं कथंचिद्
धुनोति सर्वं हृदि संनिविष्टः॥
(श्रीमद्भा० ११। ५। ४१-४२)

'हे राजन्! जो समस्त कर्माश्रयका उन्मूलन कर सम्पूर्ण रूपसे शरणागतवत्सल भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रकी शरणमें जाता है, वह देव, ऋषि, भूतगण, कुटुम्बीजन अथवा पितृगण—किसीका भी दास या ऋणी नहीं रहता। अनन्यभावसे अपने चरणकमलोंका ही भजन करनेवाले अपने अनुरक्त भक्तसे यदि अकस्मात् कोई निषिद्ध कर्म भी हो जाता है तो उसके हृदयमें विराजमान परमपुरुष भगवान् श्रीहरि उसका मार्जन कर देते हैं।'

प्रपत्तिके बाद पुनर्जन्म नहीं होता; क्योंकि वह सद्योमुक्ति दिला देती है। साधन-भक्तिसे परमात्म-साक्षात्कार होता है, तदनन्तर साध्य-भक्तिका आविर्भाव होता है। यह परम प्रेम ही भक्तको प्रपत्तिकी ओर ले जाता है। प्रेमधर्म ही सनातन भागवत धर्म है। समर्पण और सेवा उसके अङ्ग हैं।

भक्त परम प्रेम है, भगवान् परम प्रेम हैं और उपासना भी परम प्रेम है। प्रेमसे ही प्रेम मिलता है। प्रेम ही योग है। यही अद्वैतमें द्वैत और द्वैतमें अद्वैतका रहस्य है।

रुचि एवं स्वभाव-भेदके कारण ही योग-भेदकी उत्पत्ति हुई है। तर्कप्रिय साधक ब्रह्म-प्राप्तिके उपायको 'ज्ञानयोग' कहता है। भगवान् ही ब्रह्म हैं। उनकी प्राप्तिमें भी परम प्रेमकी अनिवार्य आवश्यकता होती है। इसी प्रकार कर्मप्रिय साधक परमतत्त्वकी प्राप्तिके लिये निष्काम-भावसे कर्म करता है। यह 'तत्त्व-प्राप्ति' कर्मयोग कहलाती है। भगवद्भक्त भगवत्प्राप्तिके उपायको 'भक्ति' ही भक्ति अथवा 'भक्तियोग' कहता है। यह भक्तियोग 'भगवत्प्रपत्ति' है। इन समस्त प्राप्तियोंका प्रादुर्भाव कृपासे ही होता है।

प्रेम ही परमेश्वर है। वही परब्रह्म, परम तत्त्व, परम सत्य और परम ज्ञान है। जैसे जलचरोंके लिये जलमार्ग, भूचरोंके लिये भूमार्ग और खेचरोंके लिये व्योममार्ग अधिक उपयुक्त होता है, वैसे ही ज्ञानियोंके लिये ज्ञानमार्ग, योगियोंके लिये योगमार्ग और भक्तोंके लिये भक्तिमार्ग अधिक उपयुक्त होता है।

'हे प्रभो! मैं शरणापन्न हूँ'—यह कहकर शब्दमात्रसे प्रार्थना करना एक बात है और भावसे शरणागतिको स्वीकार करना दूसरी बात है।

तर्कद्वारा प्रपत्तिका प्रबोध शक्य नहीं है, वह तो अनुभूतिका विषय है। प्रपन्न प्रत्येक परिस्थितिको प्रभुकी प्रसादी ही समझता है, अतः न तो अनुकूल परिस्थिति प्राप्त होनेपर उसके मनमें हर्ष होता है और न प्रतिकूल परिस्थिति प्राप्त होनेपर शोक। संकट विकराल रूप धारण करके चारों ओरसे आक्रमण करनेके लिये उद्यत हो तो भी भगवद्भक्त अपने संरक्षणके विषयमें निश्चिन्त रहता है। उसके मनमें किंचित् भी भय नहीं होता। उसकी शरणागतवत्सल श्रीभगवान्के श्रीचरणोंमें अविचल श्रद्धा होती है। उसके मनमें सुदृढ़ धारणा होती है कि प्रियतम प्रभु मेरी रक्षा करेंगे ही और भगवान् मेरे सदैव संरक्षक हैं ही।

श्रीमद्भगवद्गीतामें श्रीभगवान्ने प्रपत्तिकी भूमिकाको लक्ष्यमें रखकर ही कहा है—'योगी जिस परम लाभको प्राप्त करके उससे अधिक अन्य कुछ लाभ नहीं मानता और उसमें सुस्थित होकर भयंकर दुःखसे भी विच[illegible] नहीं होता'—

यं लब्ध्वा चापरं लाभं मन्यते नाधिकं ततः।
यस्मिन्स्थितो न दुःखेन गुरुणापि विचाल्यते॥

(गीता ६। २२)

यह है सर्वभावसे प्रभुकी शरणमें जाना। सर्वभक्त[illegible] आत्मसमर्पणद्वारा ही शरणागति सम्प्राप्त हो सक[illegible] है। प्रपत्तिका साधक कर्मको कर्म नहीं, 'भगवत्से[illegible] मानता है। वह निरन्तर कर्तव्य-कर्म करता रह[illegible] है, तथापि अपनेको कर्ता नहीं मानता। वह मानता है कि मैंने तो तन-मन-प्राण और जीवन-सर्वस्व भगवान्को ही समर्पित कर दिया है। अब वे जो कराते [illegible] हैं, वही मैं करता हूँ। उसका मन परम प्रेमसे परिपूर्ण रहता है, जिससे उसमें अन्यके प्रवेशके लिये कोई स्था[illegible] नहीं रहता। दैन्य तो मानो उसका स्वभाव ही होता है।

शरणागति गोपनीयसे भी अति गोपनीय विषय है। [illegible] सत्यको कोई अनुभवी महापुरुष ही जानता है। प्र[illegible] अर्जुनके माध्यमसे जीवात्माका आह्वान किया है।

सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥

(गीता १८। [illegible])

'(प्रिय अर्जुन!) सब धर्मों अर्थात् समस्त कर्मोंके [illegible] का परित्याग करके केवल एक (हृदयस्थ) मुझ परे[illegible] शरणमें ही आ जाओ। मैं तुम्हें सम्पूर्ण पापोंसे मुक्त [illegible] तुम शोक मत करो।'

प्रपन्नकी पुकार

देव दया-सिंधु, 'सेनापति' दीन-बंधु सुनौ,
आपने बिरद तुम्हैं कैसे बिसरत हैं।
तुम ही हमारे धन, तोसौं बाँध्यौ पेम-पन,
और सौं न मानै मन, तोही सुमिरत हैं॥
तोही सौं बसाइ, और सूझै न सहाइ, हम
यातैं अकुलाइ, पाइ तेरेई परत हैं।
मानौं कै न मानौं, करौ सोई जोई जिय जानौं,
हम तौ पुकार एक तोही सौं करत हैं॥

—महाकवि सेनापति (कवित्तरत्नाकर ५। ५)

भगवत्कृपा और भगवद्भक्ति

(लेखक—परमहंस श्रीसीयरामजी 'कृपाभिलाषी')

ब्रह्मस्वरूप, विभु, व्यापक, सच्चिदानन्दघन, सर्वान्तर्यामी, सर्वसमर्थ परमात्माने सम्पूर्ण जीवोंको अपनी ओर आकर्षित करने तथा मोह-मायाके दुःखदायी दुर्धर्ष प्रभाव—जन्म, मरण, जरा, व्याधि, दुःख, दोष, द्वन्द्व एवं त्रितापोंसे मुक्ति दिलानेके लिये इस अचिन्तनीया, अज्ञानान्धकारनाशिनी, भय-बन्धनविमोचनी, सुखकारिणी, अहैतुकी कृपा-महाशक्तिको नियुक्त कर रखा है। कृपालु परमात्माने इस मायिक संसार-सागर और मायातीत प्रेमानन्दघन चित्स्वरूप सिन्धुके बीच अत्यन्त सुन्दर, सुखद और सुगम कृपा-शक्तिमय सेतुका निर्माण कर दिया है।

असंख्य जीवोंकी सृष्टिके बीच मनुष्य भी एक देहेन्द्रियविशिष्ट जीव है, जिसे अन्यान्य प्राणियोंके समान सुख-दुःख, भूख-प्यास, राग-द्वेष, भय-विषाद, शीत-उष्ण एवं अपने-परायेकी अनुभूति होती है। वह अन्य जीवोंके समान जन्म, व्याधि, जरा और मृत्युके प्राकृतिक पाशमें आबद्ध है। परंतु कृपानिधान प्रभुद्वारा प्रदत्त धृति और बुद्धिवैशिष्ट्यसे युक्त मनुष्यको भगवान्के स्वरूप-भूत ज्ञान, प्रेम, सौन्दर्य, माधुर्य, अमृत और आनन्दके अनुभवका अधिकार और उत्तरदायित्व सहज-सुलभ है। इस प्रकार परमात्मा सहज-सुलभरूपसे मनुष्यके सम्मुख कृपारूपमें विद्यमान हैं। वैसे तो भगवत्कृपा चर-अचर समस्त प्राणियोंपर समभावसे परिपूर्ण है; फिर भी मानवपर उनकी इस विशिष्ट कृपाको नकारा नहीं जा सकता।

सभी रूपोंमें स्वयं भगवान् ही हैं—आकाश, वायु, जल, पृथ्वी, ग्रह-नक्षत्र, प्राणी, दिशाएँ, वृक्ष-वनस्पति, नदी, सागर, चराचर सब-के-सब भगवान्के शरीर हैं। उन्हींकी अनन्त शक्ति, अनन्त ऐश्वर्य, अनन्त गुण और अनन्त कृपा सबमें परिपूर्ण है।

ऐसा कोई भी प्राणी नहीं, जिसपर भगवान्की कृपा नहीं है। सकल सृष्टि कृपा-सूत्रमें पिरोयी हुई है। प्राणी इसी कृपाके माध्यमसे एक-दूसरेसे सम्बद्ध हैं।

जीवके मनमें जितने भोग-सुखकी इच्छाएँ होती हैं, उन इच्छाओंका परिणाम ही सुख-दुःखरूप है। भगवान् जीवके भले-बुरे कर्मोंपर तुष्ट-रुष्ट नहीं होते एवं न सुख-दुःख ही देते हैं। ईश्वर कृपा-सिन्धु, समदर्शी, दीन-बन्धु, गरीब-निवाज, पतित-पावन, करुणाकर, दयानिधि, भक्तवत्सल एवं शरणागत-हितकारी हैं।

भगवान्की घोषणा है—

समोऽहं सर्वभूतेषु न मे द्वेष्योऽस्ति न प्रियः।
ये भजन्ति तु मां भक्त्या मयि ते तेषु चाप्यहम्॥
(गीता ९। २९)

'यद्यपि मैं सब भूतोंमें समभावसे व्यापक हूँ, न कोई मेरा अप्रिय है, न प्रिय; परंतु जो भक्त मुझे प्रेम-से भजते हैं, वे मुझमें और मैं भी उनमें प्रत्यक्ष प्रकट हूँ।'

भगवान् जीवोंके इष्ट और भावको देखते हैं। जीवात्मा-की प्रपत्ति, शरणागति और स्वरूपकी प्राप्ति-हेतु मुमुक्षुता—प्रेमोत्कण्ठापर ही भगवान्का ध्यान रहता है। वस्तुतः भगवान् कहीं अलग नहीं हैं। वे स्वयं जीवके स्वरूपभूत ही हैं। जीव उनके उत्सङ्ग (गोद), प्रेम, वात्सल्य और कृपासे कभी वञ्चित नहीं है।

भगवान् अकारण कृपालु, परम सुहृद्, परम दाता और परमेश्वर हैं। उनकी सम्पूर्ण क्रियाएँ सब जीवोंके हितमें ही होती रहती हैं। उनकी कृपाकी अजस्र वर्षा समस्त जीवोंपर होती रहती है।

अनादि कालसे कर्म, गुण, स्वभाव और मोह-मायासे प्रेरित जीवात्मा अण्डज, स्वेदज, जरायुज और उद्भिज्जरूपमें चौरासी लक्ष योनियोंमें भटकता रहता है। उसे अनन्त कालतक निरन्तर भटकते देखकर भगवान्को दया आ जाती है और वे अहैतुकी कृपा करके उसे देवदुर्लभ शरीर प्रदान करते हैं।

भगवत्कृपाके दो भेद हैं—छोह-कृपा और [illegible]-कृपा। छोह-कृपाका प्रथमतः स्वरूप प्रस्तुत है—

गह सिसु बच्छ अनल अहि धाई। तहँ राखइ जननी अरगाई॥
(मानस ३। ४३। ३)

भगवान् कहते हैं कि जैसे माता बालककी रक्षा करती है, वैसे ही मैं अपने शरणागत भक्तोंकी रक्षा करता हूँ।' जब छोटा बच्चा [illegible] साँप और अग्निको पकड़ने दौड़ता है, तब माता [illegible]

बालकको अपनी गोदमें उठा लेती है। इसी प्रकार मैं भी भक्तको काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सरजनित दुःख-दोषोंसे बचा लेता हूँ। मैं अपने भक्तके सम्मुख अपना सम्पूर्ण ऐश्वर्य प्रस्तुत करते हुए अनेक प्रकारसे उसका प्रतिपालन करता हूँ। यह मेरी छोह-कृपा है।

कोह-कृपाका स्वरूप भी देखिये—

भगवान् कहते हैं कि मेरे द्वारा दिये गये ऐश्वर्यको पाकर यदि भक्तके मनमें अभिमानरूप विकार उत्पन्न हो जाता है तो उसे निकालनेके लिये मैं कोह-कृपाका प्रयोग करता हूँ। जैसे छोटे बच्चेके शरीरमें कोई व्रण हो जाता है और माता जब बाह्य उपचारोंद्वारा उसका नष्ट होना असम्भव समझती है, तब शल्य-चिकित्सकके पास जाकर उसका आपरेशन करवानेके लिये वह कठोरहृदय बन जाती है—

जिमि सिसु तन ब्रन होइ गोसाईं। मातु चिराव कठिन की नाईं॥

(मानस ७। ७३। ४)

जदपि प्रथम दुख पावइ रोवइ बाल अधीर।
ब्याधि नास हित जननी गनति न सो सिसु पीर॥

(मानस ७। ७४ क)

'यद्यपि पीड़ासे व्याकुल होकर बालक करुण-चीत्कार करता है, परंतु उसकी दयाशीला माँ व्याधि दूर करानेके उद्देश्यसे बालककी पीड़ाकी ओर कुछ भी ध्यान नहीं देती।'

भगवान्ने अपने अनुग्रहके रूपपर प्रकाश डालते हुए अन्यत्र भी कहा है—

यस्याहमनुगृह्णामि हरिष्ये तद्धनं शनैः।
ततोऽधनं त्यजन्त्यस्य स्वजना दुःखदुःखितम्॥
स यदा वितथोद्योगो निर्विण्णः स्याद् धनेहया।
मत्परैः कृतमैत्रस्य करिष्ये मदनुग्रहम्॥

(श्रीमद्भा० १०। ८८। ८-९)

'मैं जिसपर कृपा करता हूँ, उसका सारा धन धीरे-धीरे हर लेता हूँ। जब वह निर्धन हो जाता है, तब उसके सम्बन्धी भी उसके दुःखाकुल चित्तकी परवाह न करते हुए उसे त्याग देते हैं; फिर वह धनके लिये उद्योग करने लगता है, मैं उसका वह प्रयत्न भी विफल कर देता हूँ। बारंबार असफल होनेके कारण वह उससे उपराम हो जाता है और मेरे प्रेमी भक्तों-संतोंका आश्रय लेता है, तब उसपर मेरी कृपा होती है।'

भगवान्‌को अपना भक्त अतिशय प्यारा होता है, उसके जो-जो बाधक, दुःखदायक, हानिकारक जगद्‌द्वन्द्व हैं, वे उन सबका हरण कर लेते हैं। साथ ही मान, अहंकार आदि विकारोंको दूर करनेके लिये उसे रोग, दारिद्र्य, दीनता, अपमान, वंशोच्छेद, विरहवेदना और विरक्ति प्रदान करनेका महान् अनुग्रह भी करते हैं।

भगवान्‌की कृपाका साधारण लाभ तो समानभावसे सबको मिलता ही है, परंतु उससे विशेषरूपमें लाभान्वित होना अपनी योग्यता (जिज्ञासा)—पात्रतापर निर्भर है। जैसे सूर्यकी किरणें सर्वत्र समानभावसे सबपर पड़ती हैं, किंतु सूर्यकान्तमणिमें सूर्यका विशेष प्रभाव अभिव्यक्त होता है, वैसे ही जिस मनुष्यका अन्तःकरण विशुद्ध एवं प्रोज्ज्वल है, उसीके अन्तःकरणमें भगवान्‌के स्वरूपभूत प्रेम, ज्ञान, गुण, सौन्दर्य, माधुर्य, रस, आनन्द आदि प्रकट होते हैं। यह भगवत्कृपाका अनुबन्ध है।

सूर्यकान्तमणिकी भाँति शुद्ध अन्तःकरणवाला मनुष्य भगवत्-तत्त्वकी अनुभूति करनेसे माया-मोहरूप आवरणको हटाकर चिदानन्दको प्राप्त हो जाता है। यह भगवत्कृपा शरणागत भक्तपर होती है—

तेषां सततयुक्तानां भजतां प्रीतिपूर्वकम्।
ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते॥
तेषामेवानुकम्पार्थमहमज्ञानजं तमः।
नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता॥

(गीता १०। १०-११)

'(हे अर्जुन!) उन निरन्तर मेरे ध्यानमें लगे हुए और प्रेमपूर्वक भजनेवाले भक्तोंको मैं वह तत्त्वज्ञानरूप योग देता हूँ, जिससे वे मुझे प्राप्त होते हैं। उनके ऊपर अनुग्रह करनेके लिये ही मैं स्वयं उनके अन्तःकरणमें एकीभावसे स्थित हुआ अज्ञानसे उत्पन्न हुए अन्धकारको प्रकाशमय तत्त्वज्ञानरूप दीपकद्वारा नष्ट कर देता हूँ।'

भगवत्कृपा होनेपर भगवद्भक्तिकी प्राप्ति होती है—

प्रसादाद् देवताभक्तिः प्रसादो भक्तिसम्भवः।
यथेहाङ्कुरतो बीजं बीजतो वा यथाङ्कुरः॥

(शि० पु० वि० सं० ३। १४)

'जिस प्रकार बीजसे अङ्कुर और अङ्कुरसे बीज उत्पन्न होता है, उसी प्रकार भगवत्कृपासे हरिभक्ति और हरिभक्तिसे भगवत्कृपाकी प्राप्ति होती है। भगवत्कृपाका माध्यम भक्तिमें संनिहित है।'

कृपासिन्धु भगवान् श्रीविष्णु

भगवन्नाम-जप और भगवत्कृपा

(ब्रह्मलीन परमश्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दका)

संसारमें जितने मत-मतान्तर हैं, प्रायः सभी ईश्वरके नामकी महिमाको स्वीकार करते और गाते हैं। अवश्य ही रुचि और भावके अनुसार नामोंमें भिन्नता रहती है; परंतु परमात्माका नाम कोई-सा भी क्यों न हो, सभी एक-सा ही लाभ पहुँचानेवाले हैं। अतएव जिसको जो नाम रुचिकर प्रतीत हो, वह उसीके जपका ध्यानसहित अभ्यास करे।

मेरा अनुभव—कुछ मित्रोंने मुझे इस विषयमें अपना अनुभव लिखनेके लिये अनुरोध किया है; परंतु जब मैंने भगवन्नामका विशेष संख्यामें जप ही नहीं किया, तब अपना अनुभव क्या लिखूँ? भगवत्कृपासे जो कुछ नाम-स्मरण मुझसे हो सका है, उसका माहात्म्य भी पूर्णतया लिखा जाना कठिन है।

नामका अभ्यास मैं बचपनसे ही करने लगा था, जिससे शनैः-शनैः मेरे मनकी विषय-वासना कम होती गयी और पापोंसे हटनेमें मुझे बड़ी सहायता मिली। काम-क्रोधादि अवगुण कम होते गये, अन्तःकरणमें शान्तिका विकास हुआ। कभी-कभी नेत्र बंद करनेसे भगवान् श्रीरामचन्द्रजीका अच्छा ध्यान भी होने लगा। सांसारिक स्फुरणा बहुत कम हो गयी। भोगोंमें वैराग्य हो गया। उस समय मुझे वनवास या एकान्त स्थानका रहन-सहन अनुकूल प्रतीत होता था।

इस प्रकार अभ्यास होते-होते एक दिन स्वप्नमें श्रीसीताजी और श्रीलक्ष्मणजीसहित भगवान् श्रीरामचन्द्रजीके दर्शन हुए और उनसे बातचीत भी हुई। श्रीरामचन्द्रजीने वर माँगनेके लिये मुझसे बहुत कुछ कहा, पर मेरी इच्छा माँगनेकी नहीं हुई। अन्तमें बहुत आग्रह करनेपर भी मैंने इसके सिवा और कुछ नहीं माँगा कि 'आपसे मेरा वियोग कभी न हो।' यह सब नामकी कृपाका ही फल था।

इसके बाद नाम-जपसे मुझे और भी अधिकतर लाभ हुआ, जिसकी महिमा वर्णन करनेमें मैं असमर्थ हूँ। हाँ, इतना अवश्य कह सकता हूँ कि नाम-जपसे मुझे जितना लाभ हुआ है, उतना श्रीमद्भगवद्गीताके अभ्यासको छोड़कर अन्य किसी भी साधनसे नहीं हुआ।

मेरा यह दृढ़ विश्वास है कि साधनमार्गके विघ्नों और [illegible] होनेवाली सांसारिक स्फुरणाओंका नाश करनेके लिये स्वरूपचिन्तनसहित प्रेमपूर्वक भगवन्नाम-जप करनेके समान दूसरा कोई साधन नहीं है। जब साधारण संख्यामें भगवन्नामका जप करनेसे ही मुझे इतनी परम शान्ति, इतना अपार आनन्द और इतना अनुपम लाभ हुआ है कि जिसका मैं वर्णन नहीं कर सकता, तब जो पुरुष भगवन्नामका निष्काम-भावसे ध्यानसहित नित्य-निरन्तर जप करते हैं, उनके आनन्दकी महिमा तो कौन कह सकता है?

नाम-जप किसलिये करना चाहिये?—

श्रुति कहती है—

> एतद्ध्येवाक्षरं ब्रह्म एतद्ध्येवाक्षरं परम्।
> एतद्ध्येवाक्षरं ज्ञात्वा यो यदिच्छति तस्य तत्॥
> (कठोप० १। २। १६)

'यह ओंकार अक्षर ही ब्रह्म है, यही परब्रह्म है, इसी ओंकाररूप अक्षरको जानकर जो मनुष्य जिस वस्तुको चाहता है, उसको वही मिलती है।'

श्रुतिके इस कथनके अनुसार कल्पवृक्षरूप भगवद्भजनके प्रतापसे मनुष्य जिस वस्तुको चाहता है, उसे वही मिल सकती है; परंतु आत्माका कल्याण चाहनेवाले सच्चे प्रेमी भक्तोंको तो निष्काम-भावसे ही भजन करना चाहिये। शास्त्रोंमें निष्काम प्रेमी भक्तकी ही अधिक प्रशंसा की गयी है। भगवान्ने भी कहा है—

> चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन।
> आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ॥
> तेषां ज्ञानी नित्ययुक्त एकभक्तिर्विशिष्यते।
> प्रियो हि ज्ञानिनोऽत्यर्थमहं स च मम प्रियः॥
> (गीता ७। १६-१७)

'हे भरतवंशियोंमें श्रेष्ठ अर्जुन! उत्तम कर्मवाले अर्थार्थी, आर्त, जिज्ञासु और ज्ञानी अर्थात् निष्कामी—ऐसे चार प्रकारके भक्तजन मुझे भजते हैं। उनमें भी नित्य मेरेमें एकीभावसे स्थित हुआ अनन्य प्रेमभक्तिवाला ज्ञानी भक्त अति उत्तम है; क्योंकि मुझे तत्त्वसे जाननेवाले ज्ञानीको मैं अत्यन्त प्रिय हूँ और वह ज्ञानी मुझे अत्यन्त प्रिय है।'

इस प्रकार निष्काम प्रेमपूर्वक होनेवाले भगवद्भजनके प्रभावको जो मनुष्य जानता है, वह [illegible]

भगवान्‌को नहीं भूलता और भगवान् भी उसको नहीं भूलते। भगवान्‌ने स्वयं कहा भी है—

यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति।
तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति॥

(गीता ६। ३०)

'जो पुरुष सम्पूर्ण भूतोंमें सबके आत्मरूप मुझ वासुदेवको ही व्यापक देखता है और सम्पूर्ण भूतोंको मुझ वासुदेवके अन्तर्गत देखता है, उसके लिये मैं अदृश्य नहीं होता और वह मेरे लिये अदृश्य नहीं होता है; क्योंकि वह मेरेमें एकीभावसे नित्य स्थित है।'

भला, सच्चा प्रेमी क्या अपने प्रेमास्पदको छोड़कर कभी दूसरेको मनमें स्थान दे सकता है? जो भाग्यवान् पुरुष परम सुखमय परमात्माके प्रभावको जानकर उन्हें ही अपना एकमात्र प्रेमास्पद बना लेते हैं, वे तो अहर्निश उन्हींके प्रिय नामकी स्मृतिमें तल्लीन रहते हैं, वे दूसरी वस्तु न कभी चाहते हैं और न उन्हें सुहाती ही है।

अतएव जबतक ऐसी अवस्था प्राप्त न हो जाय, तबतक अभ्यास करते रहना चाहिये। नामोच्चारण करते समय मन प्रेममें इतना मग्न हो जाना चाहिये कि उसे अपने शरीरका भी ज्ञान न रहे। भारी-से-भारी संकट पड़नेपर भी विशुद्ध प्रेमभक्ति और भगवत्-साक्षात्कारिताके सिवा अन्य किसी भी सांसारिक वस्तुकी कामना, याचना या इच्छा कभी नहीं करनी चाहिये।

निष्काम-भावसे प्रेमपूर्वक विधिसहित जप करनेवाला साधक बहुत शीघ्र अच्छा लाभ उठा सकता है।

यदि कोई शङ्का करे कि बहुत लोग भगवन्नामका जप किया करते हैं; परंतु उनको कोई विशेष लाभ होता हुआ नहीं देखा जाता तो इसका उत्तर यह हो सकता है कि उन लोगोंने या तो विधिसहित जपका अभ्यास ही नहीं किया होगा या अपने जपरूप परम धनके बदलेमें तुच्छ सांसारिक भोगोंको खरीद लिया होगा, नहीं तो उन्हें अवश्य ही विशेष लाभ होता, इसमें कोई संदेह नहीं है। इसीलिये नाम-जप किसी प्रकारकी भी छोटी-बड़ी कामनाके लिये न करके केवल भगवान्‌में विशुद्ध प्रेमके लिये ही करना चाहिये।

नाम-जप कैसे करना चाहिये?—

महर्षि पतञ्जलिजी कहते हैं—

'तस्य वाचकः प्रणवः।' (योग-सूत्र १। २७)

'उन परमात्माका वाचक प्रणव अर्थात् ओंकार है।'

'तज्जपस्तदर्थभावनम्।' (योग-सूत्र १। २८)

'उन परमात्माके नाम-जप और उनके अर्थकी भावना अर्थात् स्वरूपका चिन्तन करना।'

'ततः प्रत्यक्चेतनाधिगमोऽप्यन्तरायाभावश्च।'

(योग-सूत्र १। २९)

'उपर्युक्त साधनसे सम्पूर्ण विघ्नोंका नाश और परमात्माकी प्राप्ति भी होती है।'

इससे यह सिद्ध होता है कि नाम-जप नामीके स्वरूपचिन्तनसहित करना चाहिये। स्वरूपचिन्तनयुक्त नाम-जपसे अन्तरायोंका नाश और भगवत्प्राप्ति होती है।

नामी नामके ही अधीन है। गोस्वामी श्रीतुलसीदासजीने कहा है—

देखिअहिं रूप नाम आधीना। रूप ग्यान नहिं नाम बिहीना।
सुमिरिअ नाम रूप बिनु देखें। आवत हृदयँ सनेह बिसेषें।

(मानस १। २०। २-३)

इसीलिये यद्यपि स्वरूपचिन्तनकी चेष्टा किये बिना केवल नाम-जपके प्रतापसे ही साधकको समयपर भगवत्स्वरूपका साक्षात्कार स्वतः हो सकता है, परंतु उसमें विलम्ब हो जाता है। भगवान्‌के मनमोहन स्वरूपका चिन्तन करते हुए जपका अभ्यास करनेसे बहुत शीघ्र ही लाभ होता है; क्योंकि निरन्तर चिन्तन होनेसे भगवान्‌की स्मृतिमें अन्तर नहीं पड़ता। इसीलिये भगवान्‌ने कहा है—

तस्मात् सर्वेषु कालेषु मामनुस्मर युद्ध्य च।
मय्यर्पितमनोबुद्धिर्मामेवैष्यस्यसंशयम्॥

(गीता ८। ७)

'अतएव (हे अर्जुन!) तुम सब समयमें निरन्तर मेरा स्मरण करो और युद्ध भी करो, इस प्रकार मुझमें अर्पण किये हुए मन-बुद्धिसे युक्त हुए तुम निःसंदेह मुझको ही प्राप्त होगे।'

भगवान्‌की इस आज्ञाके अनुसार उठते-बैठते, खाते-पीते, सोते-जागते और प्रत्येक सांसारिक कार्य करते समय साधकको नाम-जपके साथ-ही-साथ मन-बुद्धिसे भगवान्‌के स्वरूपका चिन्तन और निश्चय करते रहना चाहिये, जिससे क्षणभरके लिये भी उनकी स्मृतिका वियोग न हो।

इसपर यदि कोई पूछे कि किस नामका जप अधिक लाभदायक है? और नामके साथ भगवान्‌के कैसे स्वरूपका ध्यान करना चाहिये? तो इसके उत्तरमें यही कहा जा सकता है कि परमात्माके अनेक नाम हैं, उनमेंसे जिस

साधकको जिस नाममें अधिक रुचि और श्रद्धा हो, उसे उसी नामके जपसे विशेष लाभ होता है । अतएव साधकको अपनी रुचिके अनुकूल ही भगवान्‌के नामका जप और स्वरूपका चिन्तन करना चाहिये । एक बात अवश्य है कि जिस नामका जप किया जाय, स्वरूपका चिन्तन भी उसीके अनुसार होना चाहिये । उदाहरणार्थ—

'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय'—इस मन्त्रका जप करनेवालेको सर्वव्यापी वासुदेवका ध्यान करना चाहिये । 'ॐ नमो नारायणाय'—इस मन्त्रका जप करनेवालेको चतुर्भुज श्रीविष्णुभगवान्‌का ध्यान करना चाहिये । 'ॐ नमः शिवाय'—इस मन्त्रका जप करनेवालेको त्रिनेत्र भगवान् शंकरका ध्यान करना उचित है । केवल ॐकारका जप करनेवालेको सर्वव्यापी सच्चिदानन्दघन शुद्धब्रह्मका चिन्तन करना उचित है । श्रीरामनामका जप करनेवालेको दशरथनन्दन भगवान् श्रीरामचन्द्रजीके स्वरूपका चिन्तन करना लाभप्रद है ।

हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे ।
हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे ॥
(कलिसं० १)

—इस मन्त्रका जप करनेवालेके द्वारा श्रीराम, श्रीकृष्ण, विष्णु या सर्वव्यापी ब्रह्म आदि सभी रूपोंका अपनी इच्छा और रुचिके अनुसार ध्यान किया जा सकता है; क्योंकि ये सब नाम सभी रूपोंके वाचक हो सकते हैं ।

इन उदाहरणोंसे यही समझना चाहिये कि साधकको गुरुसे जिस नाम-रूपका उपदेश मिला हो, जिस नाम और जिस रूपपर श्रद्धा, प्रेम और विश्वासकी अधिकता हो तथा जो अपने आत्माके अनुकूल प्रतीत होता हो, उसे उसी नाम-रूपके जप-ध्यानसे अधिक लाभ हो सकता है ।

अतएव साधकको भगवान्‌के प्रेममें विह्वल होकर निष्काम-भावसे नित्य-निरन्तर दिन-रात कर्तव्य-कर्मोंको करते हुए भी ध्यानसहित श्रीभगवन्नाम-जपकी विशेष चेष्टा करनी चाहिये ।

नामकी इतनी महिमा होते हुए भी प्रेम और ध्यानयुक्त भगवन्नाम-जपमें लोग क्यों नहीं प्रवृत्त होते ? इसका उत्तर यह है कि भगवद्भजनके असली मर्मको वही मनुष्य जान सकता है, जिसपर भगवान्‌की पूर्ण कृपा होती है ।

यद्यपि भगवान्‌की कृपा प्रायः सबपर समानभावसे है, परंतु जबतक मनुष्य उसकी अपार कृपाका अनुभव नहीं कर लेता, तबतक उसे उस कृपासे विशेष लाभ नहीं होता । जैसे किसीके घरमें गड़ा हुआ धन है, किंतु जबतक वह उसे जानता नहीं, तबतक उसे कोई लाभ नहीं होता; परंतु वही जब किसी जानकार पुरुषसे जान लेता है और यदि परिश्रम करके उस धनको निकाल लेता है तो उसे लाभ होता है । इसी प्रकार भगवान्‌की कृपाके प्रभावको जाननेवाले पुरुषोंके सङ्गसे मनुष्यको भगवान्‌की नित्य कृपाका पता लगता है, कृपाके ज्ञानसे भजनका मर्म समझमें आता है, फिर उसकी भजनमें प्रवृत्ति होती है, भजनके नित्य-निरन्तर अभ्याससे उसके समस्त संचित पाप समूल नष्ट हो जाते हैं और उसे परमात्माकी प्राप्तिरूप पूर्ण लाभ मिलता है । महात्मा कबीरजी कहते हैं—

रामनाम रटते रहो, जबलगि घटमें प्रान ।
कबहूँ दीनदयालके, भनक परेगी कान ॥

इसलिये संसारके समस्त विषयोंको विषके लड्डू समझते हुए उनसे मन हटाकर परमात्माके पावन नामके जपमें लग जाना ही परम कर्तव्य है । जो परमात्माके नामका जप करता है, दयालु परमात्मा उसे शीघ्र ही भव-बन्धनसे मुक्त कर देते हैं ।

यदि यह कहा जाय कि ईश्वर न्यायकारी हैं, भजनेवालेके ही पापोंका नाश करके उसे परमगति प्रदान करते हैं तो फिर उन्हें दयालु क्यों कहना चाहिये ? ऐसा कथन युक्तियुक्त नहीं है । संसारके बड़े-बड़े राजा-महाराजा अपने उपासकोंको धनादि सांसारिक पदार्थ देकर संतुष्ट करते हैं; परंतु भगवान् ऐसा नहीं करते, उनका तो यह नियम है कि उनको जो जिस भावसे भजता है, उसको वे भी उसी भावसे भजते हैं—

ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम् ।
(गीता ४ । ११)

परमात्मा छोटे-बड़ेका कोई विचार नहीं करते । एक छोटे-से-छोटा व्यक्ति परमात्माको जिस भावसे भजता है, उनके साथ जैसा बर्ताव करता है, वे भी उसको वैसे ही भजते हैं और वैसा ही उसके साथ बर्ताव करते हैं । यदि कोई उनके लिये रोकर व्याकुल होता है तो वे भी उससे मिलनेके लिये उसी प्रकार अकुला उठते हैं । यह उनकी कैसी विलक्षण कृपा है !

अतएव इस अनित्य, क्षणभंगुर, नाशवान् संसारके समस्त मिथ्या भोगोंको छोड़कर उन सर्वशक्तिमान्, सर्वाधार, सुहृद्, परम दयालु, परम प्रेमी परमात्माके पावन नामका निष्काम प्रेमभावसे ध्यानसहित सदा-सर्वदा जप करते रहना चाहिये ।

अन्तकाल और भगवत्कृपा

(लेखक—पं० श्रीनरसीजी 'नागौरी')

ईश्वर, वेद-पुराण, ऋषि-मुनि और संतोंकी जीवमात्रपर असीम कृपा है। सभीने कृपा कर जीवके लिये ऐसे साधन बता दिये हैं कि वह जन्मसे मृत्युपर्यन्त किसी भी समय अपना उद्धार कर सकता है। विलक्षणता तो यह है कि यदि आजीवन कोई अपने कल्याणका साधन नहीं कर सका तो उसके प्रति भगवान् कहते हैं—

अन्तकाले च मामेव स्मरन् मुक्त्वा कलेवरम्।
यः प्रयाति स मद्भावं याति नास्त्यत्र संशयः॥
(गीता ८। ५)

'अन्तकालमें जो मुझको ही स्मरण करता हुआ शरीरको त्यागकर जाता है, वह मेरे साक्षात् स्वरूपको प्राप्त होता है, इसमें कुछ भी संशय नहीं है।'

अर्जुनने भगवान्से प्रश्न किया—

प्रयाणकाले च कथं ज्ञेयोऽसि नियतात्मभिः॥
(गीता ८। २)

'युक्तचित्तवाले पुरुषोंद्वारा अन्त समयमें आप किस प्रकार जाने जाते हैं?'

मरणासन्न प्राणीकी शोचनीय स्थितिका विचार कर श्रीकृष्णभगवान् कृपापूर्वक अन्तकालको सुधारनेका सरल उपाय बतलाते हैं—

ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन् मामनुस्मरन्।
यः प्रयाति त्यजन् देहं स याति परमां गतिम्॥
(गीता ८। १३)

'जो पुरुष मेरे अक्षर ब्रह्मरूपका ध्यान कर 'ॐ'का उच्चारण करता हुआ शरीर छोड़ता है, वह परमगतिको प्राप्त हो जाता है।'

भगवान् आश्वासन देते हैं कि अन्त समयतक भी जो प्राणी अहंता-ममताको छोड़कर मेरी ब्राह्मी स्थितिको धारण कर लेता है, उसे निर्वाण—ब्रह्मपद प्राप्त हो जाता है—

एषा ब्राह्मी स्थितिः पार्थ नैनां प्राप्य विमुह्यति।
स्थित्वास्यामन्तकालेऽपि ब्रह्मनिर्वाणमृच्छति॥
(गीता २। ७२)

जन्म-जन्मान्तरोंकी पाप-वासनाओंसे ग्रस्त प्राणीका किं[illegible] प्रकार उद्धार हो, इसी भावनासे परम कृपालु भगवान्ने अ[illegible] स्थलोंपर मरणकालमें ही किंचित् उपाय करनेसे परमपद प्राप्तिका विधान निश्चित किया है—

प्रयाणकाले मनसाचलेन
भक्त्या युक्तो योगबलेन चैव।
भ्रुवोर्मध्ये प्राणमावेश्य सम्यक्
स तं परं पुरुषमुपैति दिव्यम्॥
(गीता ८। १[illegible]

'वह भक्तियुक्त पुरुष अन्तकालमें भी योगबलसे भ्रु[illegible] मध्यमें प्राणको अच्छी प्रकार स्थापित करके फिर निश्चल[illegible] स्मरण करता हुआ उस दिव्यरूप परमपुरुष परमा[illegible] ही प्राप्त होता है।'

मनुष्य यदि मृत्युमें साक्षात् भगवान्की भावना कर[illegible] भी वह भगवान्की कृपासे मुक्त हो जाता है। व[illegible] भगवान्के सिवा कुछ है भी नहीं। भगवान् स्वयं कहते[illegible]

मत्तः परतरं नान्यत् किंचिदस्ति धनंजय।
(गीता ७[illegible]

'हे धनंजय! मेरे सिवा किंचिन्मात्र भी दूसरी[illegible] नहीं है।'

तथा—

अमृतं चैव मृत्युश्च सदसच्चाहमर्जुन।
(गीता ९। [illegible]

'अर्जुन! अमृत और मृत्यु एवं सत् और असत्[illegible] कुछ मैं ही हूँ।'

'अहमेवाक्षयः कालः' (गीता १०। [illegible]
'मैं अक्षय काल अर्थात् कालका भी महाकाल ([illegible]

'मृत्युः सर्वहरश्चाहम्' (गीता १०। [illegible]
'मैं सबका नाश करनेवाला मृत्यु (हूँ)।'

'कालोऽस्मि लोकक्षयकृत्' (गीता ११[illegible]
'(मैं) लोकोंका नाश करनेवाला महाकाल हूँ।'

श्रीमद्भागवतमें तो जीवनभरके समस्त कर्मोंका सार अन्त समयमें नारायणका स्मरण ही कहा गया है—

एतावान् सांख्ययोगाभ्यां स्वधर्मपरिनिष्ठया ।
जन्मलाभः परः पुंसामन्ते नारायणस्मृतिः ॥
(२ । १ । ६)

'सांख्य, योग तथा स्वधर्मपरायणता आदि समस्त साधनोंके फलस्वरूप अन्तकालमें भगवान्का स्मरण रहे—यही मनुष्य-जन्मका परम लाभ है ।'

अन्तकाले तु पुरुष आगते गतसाध्वसः ।
छिन्द्यादसङ्गशस्त्रेण स्पृहां देहेऽनु ये च तम् ॥
(श्रीमद्भा० २ । १ । १५)

'मृत्युका समय आनेपर मनुष्य घबराये नहीं । उसे चाहिये कि वह वैराग्यरूप-शस्त्रसे शरीर और उससे सम्बन्ध रखनेवालोंके प्रति ममताको काट डाले ।'

बृहदारण्यक-उपनिषद्के अनुसार प्रत्येक मनुष्यको रोग और मृत्युमें परम तपकी भावना करके परमपदकी प्राप्तिके लिये अन्ततक पूरा प्रयत्न करना चाहिये। भक्त भगवान्का कृपाश्रित होकर अन्त समयतक नामोच्चारण मात्र ही करता रहे तो उनकी सहज कृपासे उसका उद्धार हो जाता है । पुराणों तथा 'मानस'में अन्त समयतक नामोच्चारणसे उद्धार बताया गया है—

सकृदुच्चरितं येन हरिरित्यक्षरद्वयम् ।
बद्धः परिकरस्तेन मोक्षाय गमनं प्रति ॥
(प० पु० उ० ८० । १६१, ग० पु० उ० २८ । ५)

"जिसने 'हरि'—इन दो अक्षरोंका एक बार भी उच्चारण कर लिया, उसने मोक्ष-प्राप्तिके लिये फेंट कस ली ।"

गीध और बालीके प्रसङ्गमें तो स्वयं भगवान्ने अन्त समयमें दर्शन देकर उनको कृतार्थ कर दिया—

गीध—
तनु तजि तात जाहु मम धामा ।
(मानस ३ । ३० । ५)

बाली—
राम बालि निज धाम पठावा ।
(मानस ४ । १० । १)

मृत्युकालमें मनुष्यको भगवान् और उनकी कृपाका स्मरण दिलाना उसके उद्धारका निश्चित साधन है। किसी प्राणीको अन्त समयमें यदि भगवान्के दिव्य गुण, नाम और रूपका प्रभाव सुनाया जाय तो भी उसका उद्धार हो जाता है और यह अपने हाथमें है । परिवारके सदस्य भी अपने आत्मीयका अन्त संनिकट जानकर उसे भगवत्कृपाका आश्रय दिला सकते हैं ।

मरणासन्न व्यक्तिके निकटका सारा स्थान स्वच्छ एवं पवित्र रखना चाहिये । उसे गोबरसे लीप देना चाहिये । मृत्यु निकट जानकर मनुष्यको बालू-बिछी धरतीपर भूमि-शय्या दे देनी चाहिये, जिससे प्राण निकलनेमें कष्ट न हो । उसके शरीरको स्वच्छ रखना चाहिये। मुखमें तुलसीदल और गङ्गाजल डालते रहना चाहिये। रोगीके पास बैठकर रोना नहीं चाहिये, प्रत्युत गीताका पाठ अथवा नाम-संकीर्तन करना उचित है, जिससे रोगीकी वृत्ति प्रभु-परायण हो । रोगी जिस इष्ट स्वरूपकी पूजा करता रहा हो, उसका चित्र उसके नेत्रोंके सामने हो । इस प्रकार अन्तकालमें सात्त्विक वातावरणमें सात्त्विक वृत्ति बन गयी और प्रभुका स्मरण हो आया तो निश्चय ही भगवत्कृपासे परमगति प्राप्त हो सकती है; किंतु यह नहीं भूलना चाहिये कि मरणकालमें इस प्रकारका साधन बन जाना भी भगवत्कृपासे ही होता है ।*

इस प्रकार भगवत्कृपासे अन्तिम समयमें भी शास्त्रोक्त उपायोंसे जीवका उद्धार हो जाता है । पर इसका यह अर्थ नहीं है कि हम वर्तमानमें साधन, भजन, नियम छोड़कर अन्त समयमें ही उपाय कर लेनेका प्रमाद कर बैठें । यहाँ यह भी समझ लेना चाहिये कि जो जीवनभर भजन-साधनमें लगे रहते हैं, प्रायः उनके लिये ही अन्तकालमें ऐसे सुयोग बैठा करते हैं ।

अन्त समयमें थोड़े उपायसे कल्याण हो सकता है । यह जानकर हमलोगोंको शीघ्र ही अपना और प्राणिमात्रका कल्याण हो सके—ऐसा उपाय करना चाहिये । कल यह शरीर रहे, न रहे—क्या पता ? मृत्युका कोई समय निर्धारित नहीं, पर मृत्यु अवश्य ही होनेवाली है, इसलिये जो भगवत्कृपा चाहता है, उसे हर समय भगवान्का स्मरण करना चाहिये ।

जो यह मानता है कि हर क्षण ही अन्तिम क्षण है, वह कभी कृपालु प्रभुको विस्मृत नहीं कर सकता, उसे अन्त समयमें निश्चय ही भगवत्कृपाके फलस्वरूप परमगति प्राप्त हो जायगी—

जाकर नाम मरत मुख आवा । अधमउ मुकुत होइ श्रुति गावा ॥
(मानस [illegible])

* मरणासन्नके आत्मीय जनोंको यह सोचकर कभी प्रमाद नहीं करना चाहिये कि यदि इस व्यक्तिपर भगवत्कृपा होगी तो अवश्य ही इसके उद्धारके साधन स्वयमेव जुट जायँगे । उन्हें तो तत्परतापूर्वक [illegible] अपने [illegible] ही [illegible] चाहिये ।

कलियुग और भगवत्कृपा

(लेखक—श्रीकृपाशंकरजी शुक्ल)

वस्तुतः देवदुर्लभ दिव्य मानव-जीवन ही भगवत्कृपाका प्रत्यक्ष प्रमाण है। चिरपिपासाकुल, त्रितापसंतप्त, परिश्रान्त, क्लान्त जीवके दैन्यको देखकर वे करुणावरुणालय अकारण द्रवित हो जाते हैं—

कबहुँक करि करुना नर देही। देत ईस बिनु हेतु सनेही ॥
(मानस ७ । ४३ । ३)

..................। सुर दुर्लभ सब ग्रंथन्हि गावा ॥
साधन धाम मोच्छ कर द्वारा। ....॥
(मानस ७ । ४२ । ४)

वे अपने इस परम प्यारे-दुलारे जीवको देव-वृन्द-अभिलषित परम सुन्दर मानव-शरीर प्रदान करते हैं। करुणाविष्टप्रभु-प्रदत्त इस अमूल्य मानव-जीवनको पाकर हमें शीत-उष्ण, जय-पराजय, लाभ-हानि, सुख-दुःख आदि अनुकूल-प्रतिकूल परिस्थितियोंमें सम रहते हुए तथा परम मङ्गलमयी भगवत्कृपाकी अनुभूति करते हुए सदा प्रसन्न रहना चाहिये।

परमवात्सल्यमयी माता अपने प्रिय पुत्रको धूलि-धूसरित अथवा पंकसे आलिप्त देखकर उसे स्नानद्वारा निर्मल तथा शुद्ध बनाना चाहती है, परंतु बालक अपने मल-लिप्त शरीरको शुद्ध नहीं बनाना चाहता, उसे तो माताका वह व्यवहार कठोर एवं दुःखद प्रतीत होता है, किंतु माता बलपूर्वक पकड़कर, एक-दो चपत जमाकर उसे स्नान करा ही देती है। क्या स्नेहसे ओत-प्रोत माताका वह व्यवहार कठोरतापूर्ण है? ठीक इसी प्रकार परमदयालु प्रभु परमात्म-प्राप्तिरूपा परम एवं चरम आवश्यकताको भूले एवं 'मैं सुखी हो जाऊँ, मैं धनसम्पन्न हो जाऊँ, मैं खूब भोग भोगूँ' आदि कामनाओंसे आविष्ट तथा काम-क्रोध, मान-प्रतिष्ठारूप पंकद्वारा परिलिप्त जीवको उसकी सम्मतिके बिना ही दुःखद परिस्थितियोंके दानद्वारा परम पवित्र बनाकर अपनी ओर आकृष्ट करते हैं; परंतु हम इस विशिष्ट भगवत्कृपाको दुःखद मान बैठते हैं और कहते हैं कि प्रभु इतने दयालु होते हुए भी ऐसा व्यवहार क्यों करते हैं? यह हमारी मूर्खता है।

अत्यन्त दुर्लभ मानव-जीवनको पाकर हमें पद-पदपर भगवत्कृपाकी अनुभूति करते हुए आह्लादित होना चाहिये। प्राप्त भगवत्कृपाका अनुभव कर लेना ही स्वर्णिम मानव-जीवन का उद्देश्य है। एतदर्थ प्रत्येक सावधान मानवको अपनी सम्पूर्ण निष्ठासे भगवन्नाम-संकीर्तन अनवरत करते रहना चाहिये, जिससे समस्त संचित पापकर्मोंका नाश होकर उसे भगवत्कृपानुभूति हो सके।

हम कलियुगी जीवोंके हितार्थ नाम-भगवान्ने भी कितनी कृपा की है—

हरेर्नाम हरेर्नाम हरेर्नामैव केवलम्।
कलौ नास्त्येव नास्त्येव नास्त्येव गतिरन्यथा ॥
(बृ० ना० पु० १ । ४१ । ११५)

'कलियुगमें केवल श्रीहरिका नाम ही उद्धारक है, दूसरी कोई गति नहीं है, नहीं है, नहीं है।'

प्रेमावतार गौरसुन्दर श्रीचैतन्य महाप्रभुकी यह अमृत-वाणी कितनी स्पृहणीय है, कितनी काम्य है!—

धन्य धन्य कलियुग सर्वयुग सार।
हरिनाम संकीर्तन जाहाते प्रचार ॥

कलिपावनावतार हिंदी-काव्य-मालाके सुमेरु संतप्रवर श्रीतुलसीदासजीने तो श्रीरामनामको ही अपार-अगाध संसार-सागरसे पार पानेका एकमात्र सुन्दरतम साधन बतलाया है—

राम जपु, राम जपु, राम जपु बावरे।
घोर भव-नीर-निधि नाम निज नाव रे॥
एक ही साधन सब रिद्धि-सिद्धि साधि रे।
ग्रसे कलिरोग जोग-संजम-समाधि रे॥
(विनयप० ६६ । १-२)

'ओ बावले! राम जप, राम जप, राम जप। इस भयानक संसाररूप समुद्रसे पार उतरनेके लिये श्रीरामनाम ही अपनी नाव है। अर्थात् इस श्रीरामनामरूपी नावमें बैठकर मनुष्य जब चाहे तभी पार उतर सकता है; क्योंकि यह मनुष्यके अधिकारमें है। इसी एक साधनके बलसे सब ऋद्धि-सिद्धियोंको साध ले; क्योंकि योग, संयम और समाधि आदि साधनोंको कलि-कालरूप रोगने ग्रस लिया है।'

नाहिन आवत आन भरोसो ।

यहि कलिकाल सकल साधनतरु हैं स्रम-फलनि फरो सो ॥

(विनयप० १७३ । १)

'(श्रीरामनामके सिवा) मुझे दूसरे किसी (साधन)-पर भरोसा नहीं होता । इस कलियुगमें सभी साधनरूप वृक्षोंमें केवल परिश्रमरूप फल ही फले-से दिखायी देते हैं अर्थात् उन साधनोंमें लगे रहनेसे केवल श्रम ही हाथ लगता है, फल कुछ नहीं होता ।'

संतशिरोमणिकी कितनी सुन्दर अनुभूति उभरकर इन पदोंमें मुखरित हुई है—

राम-नामके जपे जाइ जियकी जरनि ।
कलिकाल अपर उपाय ते अपाय भये,
जैसे तम नासिबेको चित्रके तरनि ॥

(विनयप० १८४ । १)

'श्रीरामनाम जपनेसे ही मनकी जलन मिट जाती है । इस कलियुगमें (योग-यज्ञादि) दूसरे साधन तो सब वैसे ही व्यर्थ हो जाते हैं, जैसे अँधेरा दूर करनेके लिये चित्रलिखित सूर्य व्यर्थ है ।'

इसी प्रकार नानापुराणनिगमागमसम्मत श्री-रामचरितमानस भी 'पाप पयोनिधि जन मन मीना'के हेतु सादर हरिस्मरण करनेकी बड़ी ही स्पष्ट प्रेरणात्मक आज्ञा प्रदान करता है—

कृतजुग त्रेताँ द्वापर पूजा मख अरु जोग ।
जो गति होइ सो कलि हरि नाम ते पावहिं लोग ॥

(मानस ७ । १०२ ख)

कलिजुग केवल हरि गुन गाहा । गावत नर पावहिं भव थाहा ॥
कलिजुग जोग न जग्य न ग्याना । एक अधार राम गुन गाना ॥
सब भरोस तजि जो भज रामहि । प्रेम समेत गाव गुन ग्रामहि ॥
सोइ भव तर कछु संसय नाहीं । नाम प्रताप प्रगट कलि माहीं ॥

(मानस ७ । १०३ । २-४)

श्रीविष्णुपुराणमें हरिस्मरणद्वारा महान् धर्मकी प्राप्ति-के हेतु ही कलियुगको महत्त्व [illegible] गया है । [illegible] कलियुगमें [illegible] [illegible] सुगमसे प्राप्त [illegible] । [illegible] [illegible] है—

यत्कृते दशभिर्वर्षैस्त्रेतायां हायनेन तत् ।
द्वापरे तच्च मासेन ह्यहोरात्रेण तत्कलौ ॥
तपसो ब्रह्मचर्यस्य जपादेश्च फलं द्विजाः ।
प्राप्नोति पुरुषस्तेन कलिः साध्विति भाषितम् ॥
ध्यायन् कृते यजन् यज्ञैस्त्रेतायां द्वापरेऽर्चयन् ।
यदाप्नोति तदाप्नोति कलौ संकीर्त्य केशवम् ॥
धर्मोत्कर्षमतीवात्र प्राप्नोति पुरुषः कलौ ।
अल्पायासेन धर्मज्ञास्तेन तुष्टोऽस्म्यहं कलेः ॥

(६ । २ । १५-१८)

'जो फल सत्ययुगमें दस वर्ष तपस्या, ब्रह्मचर्य, जप आदि करनेसे मिलता है, उसे मनुष्य त्रेतामें एक वर्षमें, द्वापरमें एक मासमें और कलियुगमें केवल एक दिन-रातमें प्राप्त कर लेता है । इसी कारण मैंने कलियुगको श्रेष्ठ कहा है । सत्ययुगमें ध्यान, त्रेतामें यज्ञ और द्वापरमें देवार्चनसे जो फल प्राप्त होता है, वही कलियुगमें भगवान् केशवके संकीर्तनसे प्राप्त हो जाता है । हे धर्मज्ञगण ! कलियुगमें थोड़े परिश्रमसे ही मनुष्यको महान् धर्मकी प्राप्ति हो जाती है, इसीलिये मैं कलियुगसे अत्यन्त संतुष्ट हूँ ।'

कुछ इसी प्रकारकी बात महाभाग व्यासभगवान्-द्वारा रचित श्रीमद्भागवतके इस सुन्दर श्लोकके माध्यमसे कही गयी है—

कृते यद् ध्यायतो विष्णुं त्रेतायां यजतो मखैः ।
द्वापरे परिचर्यायां कलौ तद्धरिकीर्तनात् ॥

(१२ । ३ । ५२)

भगवान्‌ने कृपा करके ही अपने स्मरणकी शक्ति मनुष्यको दी है । [illegible] उन्हें प्राप्त कर लेना भी केवल कलियुगमें ही सुगम है । अतः यह भगवत्कृपा कलियुगमें मनुष्यमात्रको [illegible] मिली है ।

किंबहुना हमारा सम्पूर्ण वाङ्मय कलियुगमें भगवत्कृपा और हरिनामके अद्भुत प्रभावसे देदीप्यमान हो रहा है । कलियुगमें कायिक, वाचिक अथवा मानसिक ऐसा कोई भी पाप नहीं है, जिसे भगवान्‌की भगवत्कृपा एवं [illegible] नाम निर्मूल न कर दे—

तन्नास्ति कर्मजं लोके वाग्जं मानसमेव वा ।
यन्न क्षपयते पापं कलौ गोविन्दकीर्तनम् ॥

जन्म-जन्मान्तर, कल्प-कल्पान्तर और युग-युगान्तरसे भयावह भवाटवीमें भटकनेवाले 'ईश्वर-अंश' प्यारे जीवके लिये कलियुगमें मानव-देह पा जाना, कृपामूर्ति करुणासिन्धुकी कोमलकलित अपूर्व अनुकम्पा ही है। अतः हमें निरन्तर अपने अन्तरमें हरिस्मरणकी दिव्य ज्योति जगा लेनी चाहिये, फिर तो इस स्थितिको पहुँचनेमें विलम्ब लगेगा ही नहीं—

सब रंग तंत रबाब तन, बिरह बजावै नित्त।
और न कोई सुणि सकै, कै साईं कै चित्त॥

(संत कबीरदास)

प्रबल प्रतापी कलिकाल नाम-परायण मानवका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। अनित्य संसारके मधुर इन्द्रजाल उसे नहीं बाँध पाते। रामरसरसिक तो कलिकालके कराल मुखपर चरण रखकर अभय विचरण करता है। आजतक न जाने कितने कपट 'कालनेमि' (पाप) केसरीनन्दन श्रीहनुमान्जी (भगवन्नाम)के अचूक अव्यर्थ आघात और प्रभावसे अस्तित्वविहीन हो गये हैं।

वङ्गीय भक्तोंके परम-प्रेमास्पद प्रेममूर्ति श्रीगौराङ्ग महाप्रभु कहते हैं—

नाम्नामकारि बहुधा निजसर्वशक्ति-
स्तत्रार्पिता नियमितः स्मरणे न कालः।
एतादृशी तव कृपा....................॥

(चैतन्य-शिक्षाष्टक २)

'करुणासिन्धु प्रभुने सोचा कि कलियुगमें जीवोंसे कृत-त्रेता आदि युगोंके समान ध्यान-यज्ञादि नहीं हो सकते, अतः उन्होंने उनके उद्धारके लिये कृपा करके ही अपनी समस्त शक्तियाँ अपने नामोंमें स्थापित कर दीं और उन नामोंके स्मरणमें किसी देश या कालका प्रतिबन्ध भी नहीं रखा।'

परम भागवत उद्धवजी कलियुगी जीवोंका कल्याण करनेके लिये भगवान्के अन्तर्धान होनेके पूर्व ही उनसे पूछते हैं—'हे गोविन्द! आप भक्त-कार्य करके अपने धाममें चले जायँगे, इस बातको सुनकर मुझे बड़ी चिन्ता हो रही है। यह भयंकर कलियुग आ रहा है उसके सङ्गसे सम्पूर्ण पृथ्वीपर दुष्ट उत्पन्न होंगे, उनके भारसे परिपीड़िता पृथ्वी किसका आश्रय लेगी और आपके वियोगमें आपके भक्त इस भूमण्डलपर कैसे स्थित रहेंगे! यदि वे निर्गुण-उपासना करें तो अत्यन्त कष्ट है, अतः आप सोचिये।' इस प्रकार उद्धवके वचनको सुनकर, भक्तावलम्बनार्थ दयाद्रवित होकर कृपामय प्रभुने अपना स्वकीय तेज श्रीमद्भागवतमें स्थापित कर दिया। अतः हमलोगोंको भगवान्का नाम-गुणगान एवं भगवत्कथामृत-पान करते ही रहना चाहिये। उनका सहारा होते हुए कभी हताश नहीं होना चाहिये, उनसे सब कुछ सिद्ध हो जाता है। इस कलियुगमें केवल कथा-श्रवण और नाम-संकीर्तनका आश्रय लेनेमात्रसे ही मन सुगमतापूर्वक भगवान्की ओर लग जाता है और मनुष्य शीघ्रातिशीघ्र भगवत्कृपाका अनुभव प्राप्त कर लेता है।

सर्वथा साधनविहीन शरणागत साधक दीनरक्षक भगवान्की कृपाको देखकर गद्गद हो जाता है—

नाथ सकल साधन मैं हीना। कीन्ही कृपा जानि जन दीना॥

(मानस ३।७।२)

भक्तिमती मीरापर कृपा

(रचयिता—पाण्डेय श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री 'राम')

प्रेमयोगिनीको प्रेम-पथसे हटाने हेतु
रंच भी न रानाकी समर्थ हुई रिस भी।
हिय-अरविंदमें विराजते गुविंद रहे
विफल हुआ था जहाँ इन्द्रका कुलिश भी॥
लगन लगाये प्रानधनमें मगन रही
ध्यान भूलती थी नहीं एक हू निमिष भी।
प्रेमवश मीराके भुजंग भगवान् हुआ
चारु चरणामृत समान हुआ विष भी॥

शास्त्रकृपा और भगवत्कृपा

(लेखक—श्रीव्रजकिशोरप्रसादजी साही)

स्वार्थकी अपेक्षा न कर पर-दुःख-निराकरणकी इच्छासे परदुःखदुःखिताको 'कृपा' कहते हैं—

'स्वार्थमनपेक्ष्य परदुःखनिराकरणचिकीर्षया परदुःख-दुःखित्वं कृपा ।'

जीवपर कृपा तो अनेकोंकी होती है, परंतु इनमें संतकृपा, आचार्यकृपा, शास्त्रकृपा और भगवत्कृपा मुख्य हैं । अतएव इन्हें कृपाचतुष्टयी कहते हैं । इन चारोंमें भगवत्कृपा प्रधान है, शेष तीन इसकी सहायिका हैं ।

ये चारों कृपाएँ अतिपातरूपसे चक्राकार अवलम्बित हैं । अतएव यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता कि इनमेंसे पहले कौन-सी कृपा होती है । संतकृपासे आचार्यकृपा, शास्त्रकृपा और भगवत्कृपा होती है । इसी प्रकार आचार्यकृपासे शास्त्रकृपा, भगवत्कृपा और संतकृपा होती है । शास्त्रकृपासे भगवत्कृपा, संतकृपा और आचार्यकृपा होती है तथा भगवत्कृपासे संत-कृपा, आचार्यकृपा और शास्त्रकृपा होती है । चाहे कोई भी कृपा पहले हो, शेष तीन कृपाएँ स्वतः हो जाती हैं[१] ।

'शास्त्र' शब्दके दो अर्थ हैं—आदेश और ग्रन्थ—

निर्देशग्रन्थयोः शास्त्रम् । (अमरकोष ३ । ३ । १७९)

आचार्यकृपा भी शास्त्रकृपाका हेतु है; क्योंकि आचार्य-का लक्षण है—'जो समस्त शास्त्रोंके अर्थका चयन करते हैं और स्वयं उनको आचरणमें लाते हैं, फिर स्वयं आचरित आचारमें दूसरोंको लगाते हैं—इसलिये उन्हें 'आचार्य' कहा जाता है'—

स्वयमाचरते यस्तु आचारे स्थापयत्यपि ।
आचिनोति च शास्त्रार्थानाचार्यस्तेन चोच्यते ॥
(लिङ्गपुराण, उत्तर० २० । २०)

हमारे कार्य और अकार्यकी व्यवस्था करनेवाला तथा सिद्धि-प्राप्ति करानेवाला शास्त्र ही है । स्वयं भगवान्ने अपने श्रीमुखसे कहा है—'जो मनुष्य शास्त्रकी विधिको त्यागकर अपने इच्छानुसार कार्य करता है, उसे न तो सिद्धिकी प्राप्ति होती है, न सुखकी और न परमगतिकी । इसलिये कार्याकार्यकी व्यवस्थामें शास्त्र ही प्रमाण है, अतः शास्त्रका विधान जानकर ही कोई कर्म अनुष्ठेय हो सकता है'—

यः शास्त्रविधिमुत्सृज्य वर्तते कामकारतः ।
न स सिद्धिमवाप्नोति न सुखं न परां गतिम् ॥
तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यव्यवस्थितौ ।
ज्ञात्वा शास्त्रविधानोक्तं कर्म कर्तुमिहार्हसि ॥
(गीता १६ । २३-२४)

आचार्य श्रीरामानन्दजीने कहा है—'मानवको सदा वह कार्य करते रहना चाहिये, जो परम पवित्र, बहुशास्त्र-सम्मत, कल्याणप्रदायक और प्रभुको संतुष्ट करनेवाला हो'—

सदा विधेयं हरितोषणं परं
शुभप्रदं तद्बहुशास्त्रसम्मतम् ॥
(वै० म० भा० १०)

नारदजी भी कहते हैं—'लौकिक और वैदिक प्रणालीमें जो कर्म भगवद्भक्तिके अनुकूल हैं, उन्हें ही करना और जो प्रतिकूल हैं, उनसे उदासीन रहना । (अलौकिक भगवत्प्रेमप्राप्तिके लिये मनमें) दृढ़ निश्चय होनेके पश्चात् भी शास्त्र-मर्यादाका संरक्षण (करते रहना चाहिये), अन्यथा पतित होनेकी सम्भावना है'—

लोकवेदेषु तदनुकूलाचरणं तद्विरोधिषूदासीनता । भवतु निश्चयदार्ढ्यादूर्ध्वं शास्त्ररक्षणम् ॥ अन्यथा पातित्याशङ्कया ॥
(ना० भ० सू० [illegible])

(प्रेमाभिलाषी भक्तको प्रेम भक्ति-प्रतिपादक [illegible]) भक्ति-शास्त्रोंका ही मनन-चिन्तन एवं [illegible] ही आचरण करना चाहिये—

---

१. सब कृपाओंमें भगवत्कृपा ही प्रधान है । संत, शास्त्र और गुरुजनोंद्वारा होनेवाली कृपा भी [illegible] होती ही है, [illegible] परमात्माके कृपा कहींसे आती नहीं, वे स्वयं कृपानिधि हैं, [illegible] और [illegible] निमित्तोंके निमित्तरूप [illegible] स्वरूप ही है ।

भक्तिशास्त्राणि मननीयानि तदुद्बोधककर्माण्यपि करणीयानि ॥
(ना० भ० सू० ७६)

'जो देवर्षि नारदद्वारा कथित और भगवान् शिवद्वारा अनुशासित इस उपदेशमें विश्वास करता है, श्रद्धा रखता है, वह निश्चय ही प्रियतम प्रभुको पा लेता है, पा लेता है'—

य इदं नारदप्रोक्तं शिवानुशासनं विश्वसिति श्रद्धत्ते स प्रेष्ठं लभते स प्रेष्ठं लभत इति ॥ (ना० भ० सू० ८४)

महाकवि माघने शास्त्र-अनियन्त्रित और शास्त्रनियन्त्रित-की तुलना की है—'एक व्यक्तिका स्वभाव उच्छृङ्खल है और दूसरेका शास्त्रनियन्त्रित, तो दोनोंके स्वभावका सामानाधिकरण्य नहीं हो सकता। प्रकाश और अन्धकारकी समता कैसी?'—

अन्यदुच्छृङ्खलं सत्त्वमन्यच्छास्त्रनियन्त्रितम्।
सामानाधिकरण्यं हि तेजस्तिमिरयोः कुतः ॥
(शिशुपालवध २। ६२)

श्रीरामानुजाचार्यका कहना है—'शास्त्रोंद्वारा प्राप्त तत्त्वज्ञानके साथ अपने कर्मोंसे युक्त, भक्तिनिष्ठासे साध्य, अवधिरहित, अत्यन्त प्रिय, अत्यन्त शुद्ध, प्रत्यक्ष होनेवाली अनुसंधानरूपा परा-भक्ति ही ब्रह्म-प्राप्तिका उपाय है। 'भक्ति' शब्द प्रीतिविशेषमें प्रयुक्त होता है और प्रीति एक प्रकारका ज्ञान ही है'—

'ब्रह्मप्राप्त्युपायश्च शास्त्राधिगततत्त्वानुगृहीतभक्तिनिष्ठा-साध्यानवधिकातिशयप्रियविशदतमप्रत्यक्षतापन्नानुध्यानरूप-परभक्तिरेवेत्युक्तम्। भक्तिशब्दश्च प्रीतिविशेषे वर्तते। प्रीतिश्च ज्ञानविशेष एव ॥' (श्रीभाष्य)

वेदान्तदर्शनके अनुसार शास्त्र ब्रह्मका प्रतिपादन करने-वाले हैं और शास्त्रका तात्पर्य विधि-निषेधके निरूपणमें भी है—

'शास्त्रयोनित्वात्' (ब्र० सू० १।१।३)
'कर्ता शास्त्रार्थवत्त्वात्' (ब्र० सू० २।३।३३)

मनुजीने कहा है—'वेदों और स्मृतियोंमें कहे गये धर्मका अनुष्ठान (पालन) करता हुआ मनुष्य इस संसारमें यश पाता है और धर्मानुष्ठानजन्य स्वकर्मादिके अनुत्तम सुखको पाता है। वेदको श्रुति तथा (मनु आदिके द्वारा कथित) धर्मशास्त्रको स्मृति जानना चाहिये, वे सभी विषयोंमें प्रतिकूल तर्कके योग्य नहीं हैं। उनके किसी विषयमें प्रतिकूल तर्क नहीं करना चाहिये; क्योंकि उन दोनोंसे ही धर्म प्रादुर्भूत हुआ है'—

श्रुतिस्मृत्युदितं धर्ममनुतिष्ठन् हि मानवः।
इह कीर्तिमवाप्नोति प्रेत्य चानुत्तमं सुखम् ॥
श्रुतिस्तु वेदो विज्ञेयो धर्मशास्त्रं तु वै स्मृतिः।
ते सर्वार्थेष्वमीमांस्ये ताभ्यां धर्मो हि निर्बभौ ॥
(मनुस्मृति २। ९-१

और भी कहा गया है—'अर्थ और काममें अना[illegible] मनुष्योंके लिये धर्मका उपदेश किया जाता है, ध[illegible] जिज्ञासुओंके लिये वेद ही मुख्य प्रमाण हैं'—

अर्थकामेष्वसक्तानां धर्मज्ञानं विधीयते।
धर्मजिज्ञासमानानां प्रमाणं परमं श्रुतिः ॥
(मनुस्मृति २। १

श्रीरामचरितमानसमें भी शास्त्र-कृपाका निरूपण है—
श्रुति पुरान सब ग्रंथ कहाहीं। रघुपति भगति बिना सुख न[illegible]
(मानस ७। १२१।

आगम निगम पुरान अनेका। पढ़े सुने कर फल प्रभु ए[illegible]
तव पद पंकज प्रीति निरंतर। सब साधन कर यह फल [illegible]
(मानस ७। ४८।

शास्त्रकृपाके फलोंका उपर्युक्त निरूपण मननीय है।

'शास्त्र सभी संशयोंका निराकरण करनेवाला एवं विषयोंको साक्षात् दिखलानेवाला सभीका नेत्र है। शास्त्ररूप नेत्र (प्राप्त) नहीं है, वह अंधा ही है'—

अनेकसंशयोच्छेदि परोक्षार्थस्य दर्शकम्।
सर्वस्य लोचनं शास्त्रं यस्य नास्त्यन्ध एव सः ॥
(हितोपदेश-प्रस्तावना

जीव अपने आत्मा, ईश्वर और उनकी प्र[illegible] उपायके निश्चयके विषयमें अस्ति और नास्ति [illegible] शिकंजोंके बीच संशय-जालमें फँसा हुआ है। [illegible] वस्थामें किसी निश्चयका अवधारण नहीं होता—

अनवधारणात्मकं ज्ञानं संशयः ॥

निश्चयका अभाव या संशयकी अवस्थामें भगव[illegible] प्रवृत्ति ही नहीं हो सकती, फिर भगवत्कृपाकी प्रा[illegible] ही कैसे सकती है? भगवान्ने कहा है—

'संशयात्मा विनश्यति।' (गीता ४। ४०)

शास्त्र सभी संशयोंका विच्छेद कर भगवान्में उत्कट श्रद्धा और दृढ़ विश्वास उत्पन्न कराता है, जिससे भगवत्कृपाका अनुभव होता है। इस प्रकार शास्त्र-कृपासे भगवत्प्रेम और भगवत्कृपाकी प्राप्ति होती है।

भगवत्कृपा और संतकृपा

(लेखक—श्रीमूलचन्दजी गौतम, एम्० ए०, बी०एड्०)

संतजन संसारमें ईश्वरके प्रतिनिधि हैं। संतोंके कार्योंमें अनेकानेक ईश्वरीय गुणोंका समावेश स्वाभाविक होता है। जैसे ईश्वर विना किसी लोभ और स्वार्थके व्यापक स्वरूप संसारके प्राणियोंका कल्याण करते रहते हैं, ठीक वैसे ही संत भी जीवोंके वास्तविक हितमें ही लगे रहते हैं। ईश्वरने सभी प्रकारकी विभिन्नताओंको लेकर संसारका निर्माण किया है और अपनी त्रिगुणात्मक प्रकृतिके माध्यमसे वे उसका संचालन करते हैं। अहंकारी जीव मायाके वशीभूत हो अपनेको कर्ता मानकर भटकता रहता है।

संत सभी कार्योंको प्रभुद्वारा किया हुआ मानकर अनुकूलता तथा प्रतिकूलता—दोनोंमें भगवत्कृपाका ही अनुभव करते हैं। उनका दृढ़ विश्वास है—

राम कीन्ह चाहहिं सोइ होई। करै अन्यथा अस नहिं कोई॥

(मानस १। १२७। १)

गोस्वामी तुलसीदासजीने संतकी तुलना हंससे की है, जो अपने विवेकद्वारा इस संसाररूप सरोवरसे विकारोंको अलग करके गुणरूप क्षीरको ग्रहण कर लेते हैं। यह सब भगवत्कृपाका ही माहात्म्य है, जिससे वे विषयरूप गंदगीमें भी कमलपत्रवत् निर्लिप्त रहते हैं।

सभी ग्रन्थोंमें मानव-शरीरकी श्रेष्ठता प्रतिपादित की गयी है और इसे देवदुर्लभ माना गया है। अतः जीवपर ईश्वरकी प्रथम कृपा इसी रूपमें होती है कि उसे मानवका श्रेष्ठ शरीर मिलता है। गोस्वामीजी लिखते हैं—

हरि! तुम बहुत अनुग्रह कीन्हों।

साधन-धाम बिबुध दुरलभ तनु, मोहि कृपा करि दीन्हों॥

(विनयप० १०२। १)

'हे प्रभो! आपने मुझे विभिन्न साधनोंका धाम-स्वरूप यह मानव-शरीर कृपा करके दिया, यह आपका सुन्दर सबसे बड़ा अनुग्रह है।'

जीवमात्रके प्रति परमात्मभावकी प्राप्ति, सभीमें अपने प्रभुका ही प्रत्यक्ष दर्शन करना तथा व्यवहारमें भी वैसे ही बरतना।

संसारमें प्रत्येक प्राणी अपने प्रारब्ध और वर्तमान कर्मोंके आधारपर ही सुख और दुःखको प्राप्त होता है। यदि उसे सत्सङ्ग तथा संत-समागमके द्वारा विवेक प्राप्त हो जाता है तो वह जीवनकी सत्यताको जानकर पुकार उठता है—

अबलौं नसानी, अब न नसैहौं।

राम-कृपा भव-निसा सिरानी, जागे फिरि न डसैहौं॥

(विनयप० १०५। १)

सत्सङ्ग तीर्थराज प्रयागसे भी अधिक प्रभावशाली है, इसमें श्रीराम-भक्तिकी गङ्गा बहती है, इस विमल धारामें अवगाहन करनेवाले शीघ्र ही जीवनके परम लक्ष्यको प्राप्त कर लेते हैं। सत्सङ्गकी महिमा बड़ी ही विचित्र है, इसके द्वारा (काक होइ पिक बकउ मराला) कौए, कोयल और बगुले हंस बन जाते हैं। सत्सङ्ग सुलभ करानेवालेको इन संतोंके गुण सरस्वती तथा वेद भी नहीं गा सकते—

सुनि सुनु साधुन्ह के गुन जेते। कहि न सकहिं सारद श्रुति तेते॥

(मानस २। ४५। ४)

किंतु यह सत्सङ्ग भी भगवान्‌की प्रेरणा तथा कृपासे ही सुलभ होता है—

बिनु सतसंग बिबेक न होई। राम कृपा बिनु सुलभ न सोई॥

(मानस १। ३। ४)

अतः यह निश्चित है कि सत्सङ्ग बिना भगवत्कृपाके प्राप्त नहीं होता। [illegible] हैं कि [illegible] है। [illegible] है, [illegible] न हो—यह [illegible] ईश्वरकी [illegible] अजर, अमर तथा [illegible] युक्त है। अतः इसी [illegible] ईश्वरके निरन्तर निकट या समीप ही [illegible]

भक्तिशास्त्राणि मननीयानि तदुद्बोधककर्माण्यपि करणीयानि ॥
(ना० भ० सू० ७६)

'जो देवर्षि नारदद्वारा कथित और भगवान् शिवद्वारा अनुशासित इस उपदेशमें विश्वास करता है, श्रद्धा रखता है, वह निश्चय ही प्रियतम प्रभुको पा लेता है, पा लेता है'—

य इदं नारदप्रोक्तं शिवानुशासनं विश्वसिति श्रद्धत्ते स प्रेष्ठं लभते स प्रेष्ठं लभत इति ॥ (ना० भ० सू० ८४)

महाकवि माघने शास्त्र-अनियन्त्रित और शास्त्रनियन्त्रित-की तुलना की है—'एक व्यक्तिका स्वभाव उच्छृङ्खल है और दूसरेका शास्त्रनियन्त्रित, तो दोनोंके स्वभावका सामानाधिकरण्य नहीं हो सकता। प्रकाश और अन्धकारकी समता कैसी?'—

अन्यदुच्छृङ्खलं सत्त्वमन्यच्छास्त्रनियन्त्रितम्।
सामानाधिकरण्यं हि तेजस्तिमिरयोः कुतः ॥
(शिशुपालवध २। ६२)

श्रीरामानुजाचार्यका कहना है—'शास्त्रोंद्वारा प्राप्त तत्त्वज्ञानके साथ अपने कर्मोंसे युक्त, भक्तिनिष्ठासे साध्य, अवधिरहित, अत्यन्त प्रिय, अत्यन्त शुद्ध, प्रत्यक्ष होनेवाली अनुसंधानरूपा परा-भक्ति ही ब्रह्म-प्राप्तिका उपाय है। 'भक्ति' शब्द प्रीतिविशेषमें प्रयुक्त होता है और प्रीति एक प्रकारका ज्ञान ही है'—

'ब्रह्मप्राप्त्युपायश्च शास्त्राधिगततत्त्वानुगृहीतभक्तिनिष्ठा-साध्यानवधिकातिशयप्रियविशदतमप्रत्यक्षतापन्नानुध्यानरूप-परभक्तिरेवेत्युक्तम्। भक्तिशब्दश्च प्रीतिविशेषे वर्तते। प्रीतिश्च ज्ञानविशेष एव ॥' (श्रीभाष्य)

वेदान्तदर्शनके अनुसार शास्त्र ब्रह्मका प्रतिपादन करने-वाले हैं और शास्त्रका तात्पर्य विधि-निषेधके निरूपणमें भी है—

'शास्त्रयोनित्वात्' (ब्र० सू० १। १। ३)
'कर्ता शास्त्रार्थवत्त्वात्' (ब्र० सू० २। ३। ३३)

मनुजीने कहा है—'वेदों और स्मृतियोंमें कहे गये धर्मका अनुष्ठान (पालन) करता हुआ मनुष्य इस संसारमें यश पाता है और धर्मानुष्ठानजन्य स्वकर्मादिके अनुत्तम सुखको पाता है। वेदको श्रुति तथा (मनु आदिके द्वारा कथित) धर्मशास्त्रको स्मृति जानना चाहिये, वे सभी विषयोंमें प्रतिकूल तर्कके योग्य नहीं हैं। उनके किसी विषयमें प्रतिकूल तर्क नहीं करना चाहिये; क्योंकि उन दोनोंसे ही धर्म प्रादुर्भूत हुआ है'—

श्रुतिस्मृत्युदितं धर्ममनुतिष्ठन् हि मानवः।
इह कीर्तिमवाप्नोति प्रेत्य चानुत्तमं सुखम् ॥
श्रुतिस्तु वेदो विज्ञेयो धर्मशास्त्रं तु वै स्मृतिः।
ते सर्वार्थेष्वमीमांस्ये ताभ्यां धर्मो हि निर्बभौ ॥
(मनुस्मृति २। ९-१०)

और भी कहा गया है—'अर्थ और काममें अनासक्त मनुष्योंके लिये धर्मका उपदेश किया जाता है, धर्मके जिज्ञासुओंके लिये वेद ही मुख्य प्रमाण हैं'—

अर्थकामेष्वसक्तानां धर्मज्ञानं विधीयते।
धर्मजिज्ञासमानानां प्रमाणं परमं श्रुतिः ॥
(मनुस्मृति २। १३)

श्रीरामचरितमानसमें भी शास्त्र-कृपाका निरूपण है—

श्रुति पुरान सब ग्रंथ कहाहीं। रघुपति भगति बिना सुख ना
(मानस ७। १२१।

आगम निगम पुरान अनेका। पढ़े सुने कर फल प्रभु एक
तव पद पंकज प्रीति निरंतर। सब साधन कर यह फल सुं
(मानस ७। ४८।

शास्त्रकृपाके फलोंका उपर्युक्त निरूपण मननीय है। 'शास्त्र सभी संशयोंका निराकरण करनेवाला एवं विषयोंको साक्षात् दिखलानेवाला सभीका नेत्र है। शास्त्ररूप नेत्र (प्राप्त) नहीं है, वह अंधा ही है'—

अनेकसंशयोच्छेदि परोक्षार्थस्य दर्शकम्।
सर्वस्य लोचनं शास्त्रं यस्य नास्त्यन्ध एव सः ॥
(हितोपदेश-प्रस्तावना १०

जीव अपने आत्मा, ईश्वर और उनकी प्राप्ति उपायके निश्चयके विषयमें अस्ति और नास्ति रूप शिकंजोंके बीच संशय-जालमें फँसा हुआ है। संशया-वस्थामें किसी निश्चयका अवधारण नहीं होता—

अनवधारणात्मकं ज्ञानं संशयः ॥

निश्चयका अभाव या संशयकी अवस्थामें भगवद्भ प्रवृत्ति ही नहीं हो सकती, फिर भगवत्कृपाकी प्राप्ति ही कैसे सकती है? भगवान्ने कहा है—

'संशयात्मा विनश्यति।' (गीता ४। ४

शास्त्र सभी संशयोंका विच्छेद कर भगवान्में उत्क और दृढ़ विश्वास उत्पन्न कराता है, जिससे भगवत् अनुभव होता है। इस प्रकार शास्त्र-कृपासे भगवत्प्रेम भगवत्कृपाकी प्राप्ति होती है।

भगवत्कृपा और संतकृपा

(लेखक—श्रीमूलचन्दजी गौतम, एम्० ए०, बी०एड्०)

संतजन संसारमें ईश्वरके प्रतिनिधि हैं । संतोंके कार्योंमें अनेकानेक ईश्वरीय गुणोंका समावेश स्वाभाविक होता है । जैसे ईश्वर बिना किसी लोभ और स्वार्थके व्यापक स्तरपर संसारके प्राणियोंका कल्याण करते रहते हैं, ठीक वैसे ही संत भी जीवोंके वास्तविक हितमें ही लगे रहते हैं । ईश्वरने सभी प्रकारकी विभिन्नताओंको लेकर संसारका निर्माण किया है और अपनी त्रिगुणात्मक प्रकृतिके माध्यमसे वे उसका संचालन करते हैं । अहंकारी जीव मायाके वशीभूत हो अपनेको कर्ता मानकर भटकता रहता है ।

संत सभी कार्योंको प्रभुद्वारा किया हुआ मानकर अनुकूलता तथा प्रतिकूलता—दोनोंमें भगवत्कृपाका ही अनुभव करते हैं । उनका दृढ़ विश्वास है—

राम कीन्ह चाहहिं सोइ होई । करै अन्यथा अस नहिं कोई ॥
(मानस १ । १२७ । १)

गोस्वामी तुलसीदासजीने संतकी तुलना हंससे की है, जो अपने विवेकद्वारा इस संसाररूप सरोवरसे विकारोंको अलग करके गुणरूप क्षीरको ग्रहण कर लेते हैं । यह सब भगवत्कृपाका ही माहात्म्य है, जिससे वे विषयरूप गंदगीमें भी कमलपत्रवत् निर्लिप्त रहते हैं ।

सभी ग्रन्थोंमें मानव-शरीरकी श्रेष्ठता प्रतिपादित की गयी है और इसे देवदुर्लभ माना गया है । अतः जीवपर ईश्वरकी प्रथम कृपा इसी रूपमें होती है कि उसे मानवका श्रेष्ठ शरीर मिलता है । गोस्वामीजी लिखते हैं—

हरि ! तुम बहुत अनुग्रह कीन्हों ।

साधन-धाम बिबुध दुरलभ तनु, मोहि कृपा करि दीन्हों ॥
(विनयप० १०२ । १)

'हे प्रभो ! आपने मुझे विभिन्न साधनोंका कारणस्वरूप यह मानव-शरीर कृपा करके दिया, यह आपका मुझपर सबसे बड़ा अनुग्रह है ।'

इस देवदुर्लभ शरीरका लक्ष्य ईश्वर-प्राप्ति है । इस लक्ष्यकी सिद्धिके लिये शास्त्रोंमें विभिन्न साधनों—ज्ञान, वैराग्य, योग, तप, ध्यान आदिका विधान किया गया है । इनका परिणाम है—जीवमात्रके प्रति परमात्मभावकी प्राप्ति, सभीमें अपने प्रभुका ही प्रत्यक्ष दर्शन करना तथा व्यवहारमें भी वैसे ही बरतना ।

संसारमें प्रत्येक प्राणी अपने प्रारब्ध और वर्तमान कर्मोंके आधारपर ही सुख और दुःखको प्राप्त होता है । यदि उसे सत्सङ्ग तथा संत-समागमके द्वारा विवेक प्राप्त हो जाता है तो वह जीवनकी सत्यताको जानकर पुकार उठता है—

अबलौं नसानी, अब न नसैहौं ।

राम-कृपा भव-निसा सिरानी, जागे फिरि न डसैहौं ॥
(विनयप० १०५ । १)

सत्सङ्ग तीर्थराज प्रयागसे भी अधिक प्रभावशाली है, इसमें श्रीराम-भक्तिकी गङ्गा बहती है, इस विमल धारामें अवगाहन करनेवाले शीघ्र ही जीवनके परम लक्ष्यको प्राप्त कर लेते हैं । सत्सङ्गकी महिमा बड़ी ही विचित्र है, इसके द्वारा (**काक होइ पिक बकउ मराला**) कौए, कोयल और बगुले हंस बन जाते हैं । सत्सङ्ग सुलभ करानेवालेको इन संतोंके गुण सरस्वती तथा वेद भी नहीं गा सकते—

मुनि सुनु साधुन्ह के गुन जेते । कहि न सकहिं सारद श्रुति तेते ॥
(मानस ३ । ४५ । ४)

किंतु यह सत्सङ्ग भी भगवान्की प्रेरणा तथा कृपासे ही सुलभ होता है—

बिनु सतसंग बिबेक न होई । राम कृपा बिनु सुलभ न सोई ॥
(मानस १ । २ । ४)

अतः यह निश्चित है कि सत्सङ्ग बिना भगवत्कृपाके प्राप्त नहीं होता । सत्सङ्ग शब्दकी व्याख्या करें तो हम यह कह सकते हैं कि सत्सङ्ग दो पदोंसे मिलकर बना है । सत्का तात्पर्य है, जिसका त्रिकालमें भी विनाश न हो—यह विशेषता ईश्वरकी है; क्योंकि वह अजर, अमर तथा कालकी सीमाओंसे मुक्त है । अतः उसी सत्-स्वरूप ईश्वरका निरन्तर चिन्तन या स्मृति ही उसके प्रति सङ्ग या प्रेम है । यही संत पुरुषका लक्षण भी है । सांसारिक लोग भौतिक, असत् एवं नश्वर वस्तुओंकी कामनाओं और इच्छाओंके वशीभूत होकर अर्थात् असत्सङ्गके फलस्वरूप दुःख पाते रहते हैं ।

ध्यायतो विषयान् पुंसः सङ्गस्तेषूपजायते ।
सङ्गात् संजायते कामः कामात् क्रोधोऽभिजायते ॥
(गीता २ । ६२)

'विषयोंका चिन्तन करनेवाले पुरुषकी उन विषयोंमें आसक्ति हो जाती है, आसक्तिसे उन विषयोंकी कामना उत्पन्न होती है और कामनामें विघ्न पड़नेसे क्रोध उत्पन्न होता है।'

इसी प्रकार विषयोंका चिन्तन पतनकी ओर ले जानेवाला तथा ईश्वरसे विमुख करनेवाला है। विषयोंमें आसक्ति होनेसे मानवकी विवेक-शक्ति नष्ट हो जाती है तथा वह बुरे कार्योंमें ही लिप्त रहता है; अतः उसके लिये नरकके मार्ग खुल जाते हैं। जीवका संकल्प दृढ़ होनेपर ये सब विकार भगवत्कृपासे अवश्य ही दूर हो सकते हैं—

क्रोध मनोज लोभ मद माया। छूटहिं सकल राम की दाया॥
(मानस ३ । ३८ । २)

इस भगवत्कृपाका आभास संतकृपासे ही होता है, अतः हमें प्रतिकूल परिस्थितियोंमें भी संतोंका साथ तथा उनका अनुग्रह प्राप्त करना चाहिये; क्योंकि सत्सङ्गके लिये अनुभवी संतोंकी अत्यन्त आवश्यकता है। वे ही ईश्वरके वास्तविक अनुभवसे हमें परिचित करा सकते हैं; क्योंकि उनका प्रभुके साथ घनिष्ठ सम्बन्ध होता है। इस प्रकार हम संतकृपा प्राप्त करके ही भगवत्कृपाके योग्य अधिकारी बन सकते हैं।

संतजन सबपर दया करते हैं, चाहे कोई दुष्ट उनका कितना ही अपकार करनेवाला क्यों न हो। जैसे स्वयं भगवान् श्रीरामने ब्राह्मणों तथा मुनियोंको उत्पीड़ित करनेवाले अपने विरोधी—खर-दूषण, रावण-कुम्भकर्ण-जैसे राक्षसोंको भी परमधाम प्रदान किया, यही उनका ईश्वरत्व है। इसी प्रकार संत पुरुष भी बिना किसी स्वार्थके संसारकी भलाईमें लगे रहते हैं। उनका यह स्वतःसिद्ध स्वभाव होता है। उनका ईश्वरके प्रति अडिग विश्वास तथा पूर्ण आस्था होती है। मानसमें भरत तथा हनुमान्‌के मिलन-प्रसङ्ग, हनुमान् तथा विभीषणकी भेंट, भरद्वाज-याज्ञवल्क्यकी ज्ञान-चर्चा और काकभुशुण्डि-गरुड-वार्तालाप संतजनोचित व्यवहारके परिचायक हैं। वे सब कितनी विषम परिस्थितियोंमें एक-दूसरेसे मिले, परंतु भगवत्प्रेरणासे संत-कृपा हुई और उसीसे सबको भगवत्कृपाकी प्राप्ति हुई। श्रीराम-कथाके सभी श्रोता तथा वक्ता संत-समागमकी महत्ताका एक स्वरसे गान करते हैं। भगवान् श्रीरामका अनुग्रह होनेपर संत पुरुष स्वयं ही मिलनेको उत्कण्ठित हो उठते हैं—

जौं रघुबीर अनुग्रह कीन्हा। तौ तुम्ह मोहि दरसु हठि दीन्हा॥
(मानस ५ । ६ । ३)

अतः पहले परमप्रभु दयालु भगवान्‌की कृपा होनी आवश्यक है, उसके बाद तो सब काम अपने-आप ठीक हो जाते हैं; क्योंकि भगवत्कृपा होनेपर ही संत-समागम सुलभ होता है और संत-कृपा होनेपर ही ईश्वरके गुणोंका साक्षात्कार होता है। जिस प्रकार ईश्वरके अपरिमित गुणोंका वर्णन नहीं किया जा सकता, उसी प्रकार संतके गुण भी अवर्णनीय ही हैं।

उपर्युक्त विवेचन सिद्ध करता है कि भगवत्कृपाके लिये संतकृपा और संतकृपाके लिये भगवत्कृपा अत्यन्त आवश्यक है। इस प्रकार संतकृपा और भगवत्कृपा अन्योन्याश्रित हैं। इन दोनोंके द्वारा मानवका परम कल्याण होता है।

सत्पुरुषोंकी कृपा

**न च प्रसादः सत्पुरुषेषु मोघो न चाप्यर्थो नश्यति नापि मानः।
यस्मादेतन्नियतं सत्सु नित्यं तस्मात् सन्तो रक्षितारो भवन्ति॥**
(महा० आ० वन० २९७ । ५०)

सत्पुरुषोंमें जो प्रसाद (कृपा एवं अनुग्रहका भाव) होता है, वह कभी व्यर्थ नहीं जाता। सत्पुरुषोंसे न तो किसीका कोई प्रयोजन नष्ट होता है और न सम्मानको ही धक्का पहुँचता है। ये तीनों बातें (प्रसाद, अर्थसिद्धि एवं मान) साधु पुरुषोंमें सदा निश्चितरूपसे रहती हैं, इसीलिये संत सबके रक्षक होते हैं।

'बिनु हरिकृपा मिलहिं नहिं संता'

(लेखक—श्रीरामाश्रयप्रसादसिंहजी)

मानव-जीवनमें संत-समागम हरि-कृपाका ही सुपरिणाम है। जब बहुत बड़े पुण्य और सुकर्मका संचय होता है, तब प्रभुकी अहैतुकी कृपासे संत-जनके दर्शन सुलभ होते हैं। उस पुण्यमय क्षणमें व्यक्तिविशेषका जीवन खिल उठता है, जगमगा उठता है। जिस प्रकार सूर्यके प्रथम रश्मि-समूहके सम्पर्कसे ही तम मिट जाता है और सारे संसारमें प्रकाश छा जाता है, उसी प्रकार संत-मिलनसे मानवका आन्तरिक तम मिट जाता है और उसे विवेककी प्राप्ति हो जाती है। विवेकके आलोकमें उसका जीवन मुसकरा उठता है।

सत्सङ्ग विवेकका जनक और हरि-कृपा सत्सङ्गकी जननी है। सत् और असत्का ज्ञान ही विवेक कहलाता है। मानवको विवेक-प्राप्तिके लिये सत्सङ्गति आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है; किंतु यह भगवान्की अहैतुकी कृपासे ही सुलभ है। श्रीरामचरितमानसके संत-वन्दना-प्रकरणमें गोस्वामी तुलसीदासजीने कहा है—

बिनु सतसंग बिबेक न होई। राम कृपा बिनु सुलभ न सोई॥
(१। २। ६)

महर्षि व्यासजी भी कहते हैं—'जब अनेक जन्मोंके संचित पुण्य-पुञ्जका उदय होता है, तब मनुष्यको सत्सङ्गकी प्राप्ति होती है, उससे उसके अज्ञान-जनित मोह और मदरूप अन्धकारका नाश हो जाता है और विवेक प्रकट होता है'—

भाग्योदयेन बहुजन्मसमर्जितेन
सत्संगमं च लभते पुरुषो यदा वै।
अज्ञानहेतुकृतमोहमदान्धकार-
नाशं विधाय हि तदोदयते विवेकः॥
(पाद्मीय श्रीमद्भा० माहा० २। ७६)

हरि-कृपा और संत-समागम एक दूसरेके पूरक हैं। जब किसी महात्मा, संत या भक्तके दर्शन हों तो समझना चाहिये कि अहैतुकी भगवत्कृपाकी वर्षा हुई है। हरि-कृपाके बिना संत-समागम असम्भव है। गरुड़जी भी इसी विचारको व्यक्त करते हुए कहते हैं—'वेद, शास्त्र और पुराणोंके मतों तथा सिद्धों और मुनियोंके विचारोंका सार यही है कि शुद्ध संत उसीको मिलते हैं, जिसे भगवान् श्रीराम कृपा करके देखते हैं—

निगमागम पुरान मत एहा। कहहिं सिद्ध मुनि नहिं संदेहा॥
संत बिसुद्ध मिलहिं परि तेही। चितवहिं राम कृपा करि जेही॥
(मानस ७। ६८। ३-४)

यह भगवान्की कृपाका ही तो परिणाम था कि गरुड़जीको महासंत काकभुशुण्डिजीके दर्शन हुए तथा उनके सारे भ्रम और संशय मिट गये—

राम कृपाँ तव दरसन भयऊ। तव प्रसाद सब संसय गयऊ॥
(मानस ७। ६८। ४)

पावन श्रीराम-कथाके आदि गायक, भूतभावन, आशुतोष भगवान् शंकर भी अपनी अर्धाङ्गिनी भगवती पार्वतीको समझाते हुए इसी बातको कहते हैं—'हे गिरिजे! संत-समागमके समान दूसरा कोई लाभ नहीं है, परंतु वह बिना भगवत्कृपाके नहीं होता, ऐसा वेद और पुराण कहते हैं'—

गिरिजा संत समागम सम न लाभ कछु आन।
बिनु हरि कृपा न होइ सो गावहिं बेद पुरान॥
(मानस ७। १२५ ख)

'विनयपत्रिका'में भी पूज्य गोस्वामीजीने श्रीराम-भक्तिकी महिमाका गान करते हुए कहा है—'श्रीरामकी भक्ति अत्यन्त सुलभ और सुखकारी है। वह संसारके तीनों ताप (दैहिक, दैविक और भौतिक), शोक और भयको हरनेवाली है; परंतु वह भक्ति तभी मिलती है, जब सत्सङ्ग प्राप्त हो और संत तभी प्राप्त होते हैं, जब भगवान्की कृपा होती है। सचमुच जब दीनदयालु श्रीरघुनाथजी दयाद्रवित होते हैं, तभी संत-समागम होता है, उन संतोंके दर्शन, स्पर्श और सत्सङ्गसे सभी पाप नष्ट हो जाते हैं, दुःख-सुखमें समबुद्धि हो जाती है, अमानिता आदि अनेक सद्गुण प्रकट हो जाते हैं तथा भलीभाँति परमात्माका बोध हो जानेके कारण मद, मोह, लोभ, शोक, क्रोध आदि सहज ही नष्ट हो जाते हैं'—

रघुपति-भगति सुलभ, सुखकारी। सो त्रयताप-सोक-भय-हारी॥
बिनु सतसंग भगति नहिं होई। ते तब मिलैं द्रवै जब सोई॥

जब द्रवै दीनदयालु राघव, साधु संगति पाइये।
जेहि दरस-परस-समागमादिक पापरासि नसाइये॥
जिनके मिले दुख-सुख-समान, अमानतादिक गुन भये।
मद-मोह लोभ-विषाद-क्रोध सुबोधतें सहजहिं गये॥
(१३६। १०)

निस्संदेह संत-समागम बड़े सौभाग्यका फल है। सत्सङ्गतिसे बिना प्रयास और बिना श्रमके ही भवरोगका नाश हो जाता है। स्वयं भगवान् श्रीराघवेन्द्र भी सनकादि ऋषियोंको देखकर अपना प्रणाम निवेदित करते हुए श्रीमुखसे कहते हैं—

आजु धन्य मैं सुनहु मुनीसा। तुम्हरे दरस जाहिं अघ खीसा॥
बड़े भाग पाइब सतसंगा। बिनहिं प्रयास होहिं भव भंगा॥
(मानस ७। ३२। ४)

धन्य है जीवन उनका, जिन्हें संतजन मिलते हैं! बड़भागी हैं वे, जिन्हें भगवत्कृपासे विशुद्ध संतसे भेंट होती है। विभीषणजी ऐसे बड़भागियोंमेंसे एक थे, जिनपर प्रभु श्रीरामकी अपार कृपा हुई, जिससे हनुमान्‌जी-जैसे महाभागवत संत मिले। हनुमान्‌जीसे भेंट होते ही विभीषणजीका विवेक जाग उठा और उन्हें प्रतीत हुआ कि अवश्य ही ये कोई 'हरिदास' अथवा 'राम-अनुरागी' भक्त हैं, जो मुझ-जैसे अधम राक्षसको बड़भागी बनाने आये हैं—

की तुम्ह हरि दासन्ह महँ कोई। मोरें हृदय प्रीति अति होई॥
की तुम्ह रामु दीन अनुरागी। आयहु मोहि करन बड़भागी॥
(मानस ५। ५। ४)

इसपर हनुमान्‌जीने अबतककी सारी श्रीराम-कथा कह सुनायी और अपना नाम-पता बताया। भगवान् श्रीरामके गुणोंका स्मरण कर दोनोंके मन आनन्दमग्न हो गये। इसी क्रममें विभीषणजीने हनुमान्‌जीसे अपनी दयनीय स्थिति और दीन दशाका वर्णन करते हुए कहा—

तात कबहुँ मोहि जानि अनाथा। करिहहिं कृपा भानुकुल नाथा॥
तामस तनु कछु साधन नाहीं। प्रीति न पद सरोज मन माहीं॥
अब मोहि भा भरोस हनुमंता। बिनु हरिकृपा मिलहिं नहिं संता॥
(मानस ५। ६। १-२)

'हे तात! मुझे अनाथ जानकर सूर्यकुलके नाथ श्रीरामचन्द्रजी क्या कभी मुझपर कृपा करेंगे? मेरा तामसी (राक्षस) शरीर होनेसे साधन तो कुछ बनता नहीं और न मनमें श्रीरामचन्द्रजीके चरणोंमें प्रेम ही है; परंतु हे हनुमन्! अब मुझे विश्वास हो गया कि मुझपर श्रीरामजीकी कृपा है; क्योंकि श्रीहरिकी कृपाके बिना संत नहीं मिलते।'

अब हम यह देखनेका प्रयास करें कि श्रीहनुमान्‌जीसे विभीषणजीको क्या उपलब्धि हुई? पूज्य गोस्वामी तुलसीदासजीकी मान्यता है कि जलचर, थलचर, नभचर, जड और चेतन इनमेंसे जब कभी, जिस किसी यत्नसे, जहाँ कहीं भी, जिसने बुद्धि, कीर्ति, सद्गति, ऐश्वर्य और बड़प्पन पाया है, वह सब सत्सङ्गका ही प्रभाव है। लोक और वेदमें भी इससे बढ़कर दूसरा कोई उपाय नहीं है—

जलचर थलचर नभचर नाना। जे जड़ चेतन जीव जहाना॥
मति कीरति गति भूति भलाई। जब जेहिं जतन जहाँ जेहिं पाई॥
सो जानब सतसंग प्रभाऊ। लोकहु बेद न आन उपाऊ॥
(मानस १। २। २-३)

इस दृष्टिसे देखनेपर हम पाते हैं कि विभीषणजीको ये सारी वस्तुएँ अनायास एक साथ मिल गयीं। विभीषणजीद्वारा रावणको दिया गया उपदेश उनकी उसी श्रेष्ठ 'बुद्धि'का परिचायक है। भगवान् श्रीराघवेन्द्रकी शरणागति उनकी अक्षय 'कीर्ति'का कारण है। विभीषणजी-जैसी 'सद्गति' बहुत कम व्यक्तियोंको मिलती है। 'वैभव' तो इतना मिला कि वे लंकेश ही बन गये। स्वयं भगवान् श्रीराघवेन्द्रने उनके ललाटपर तिलक लगाया, इससे अधिक 'बड़प्पन' किसीको क्या मिलेगा?

श्रीमद्भागवतमें भी स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण उद्धवजीसे कहते हैं—'जिसने संत पुरुषोंकी शरण ग्रहण कर ली, उसकी कर्म-जडता, संसार-भय और अज्ञान आदि सर्वथा निवृत्त हो जाते हैं। भला, जिसने अग्निका आश्रय ले लिया, उसे शीत, भय अथवा अन्धकारका दुःख सकता है? जो इस घोर संसार-सागरमें डूब-उतरा रहे उनके लिये ब्रह्मवेत्ता और शान्त संत वैसे ही एकमात्र आश्रय हैं, जैसे जलमें डूब रहे लोगोंके लिये दृढ़ नौका—

यथोपश्रयमाणस्य भगवन्तं विभावसुम्।
शीतं भयं तमोऽप्येति साधून् संसेवतस्तथा॥
निमज्ज्योन्मज्जतां घोरे भवाब्धौ परमायनम्।
सन्तो ब्रह्मविदः शान्ता नौर्दृढेवाप्सु मज्जताम्॥
(११। २६। ३१-३२)

प्रभु-प्रेम-प्राप्तिके लिये सत्सङ्ग आवश्यक होता है; क्योंकि प्रेम या भक्ति सत्सङ्गसे ही प्राप्त होती है और सत्सङ्ग हरि-कृपासे मिलता है—

भक्ति सुतंत्र सकल सुख खानी। बिनु सतसंग न पावहिं प्रानी॥
(मानस ७। ४४। ३)

जब प्रभु-कृपासे संत-कृपा होती है, तब जीव सदाके लिये कृतकृत्य हो जाता है—

पुन्य पुंज बिनु मिलहिं न संता। सतसंगति संसृति कर अंता॥
(मानस ७। ४४। ३)

गुरुकृपा और भगवत्कृपा

(नित्यलीलालीन परमश्रद्धेय भाईजी श्रीहनुमानप्रसादजी पोद्दार)

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुर्गुरुर्देवो महेश्वरः ।
गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥

(गर्गसं० ४ । १ । १३)

भारतीय साधनामें गुरु-शरणागति सर्वप्रथम है । सद्गुरुकी कृपा बिना साधनाका यथार्थ रहस्य समझमें नहीं आ सकता । केवल शास्त्रों और तर्कोंसे लक्ष्यतक नहीं पहुँचा जा सकता । अनुभवी सद्गुरु साधन-पथके अन्तराय, उनसे बचनेके उपाय और साधनमार्गका उपादेय पाथेय बतलाकर शिष्यको अनायास ही लक्ष्यतक पहुँचा देते हैं । इसीलिये श्रुतियोंसे लेकर वर्तमान समयके संतोंकी वाणीतक सभीमें एक स्वरसे सद्गुरुकी शरणमें उपस्थित होकर अपने अधिकारके अनुसार उनसे उपदेश प्राप्त कर तदनुकूल आचरण करनेका आदेश दिया गया है । सभी संतोंने मुक्तकण्ठसे गुरु-महिमाका गान किया है । यहाँतक कि गुरु और गोविन्द—दोनोंके एक साथ मिलनेपर पहले गुरुको ही प्रणाम करनेकी विधि बतलायी गयी है; क्योंकि गुरुकी कृपासे ही गोविन्दके दर्शन प्राप्त करनेका सौभाग्य मिलता है । गुरुकी महिमा अवर्णनीय है । वे पुरुष धन्य हैं—बड़े ही सौभाग्यशाली हैं, जिन्हें सद्गुरु मिले हैं और जिन्होंने अपना जीवन उनके आज्ञापालनके लिये सहर्ष उत्सर्ग कर दिया है ।

वास्तवमें यथार्थ पारमार्थिक साधन सद्गुरुकी संनिधिमें ही सम्भव है । कृपालु गुरुके कर्णधार हुए बिना साधन-तरणीका विषय-समुद्रकी नभोव्यापिनी उत्ताल तरंगोंसे बचकर उस पारतक पहुँच पाना नितान्त असम्भव है । इसीलिये प्रत्येक साधकको सद्गुरुकी खोज करनी चाहिये और ईश्वरसे आर्तभावसे प्रार्थना करनी चाहिये, जिससे ईश्वरानुग्रहद्वारा सद्गुरुकी प्राप्ति हो जाय; क्योंकि वास्तविक संत-महात्मा भगवत्कृपासे ही प्राप्त होते हैं । इसमें संदेह नहीं कि यदि सद्गुरु-प्राप्तिकी तीव्र इच्छा हो तो स्वयं परमात्मा सद्गुरु-रूपसे प्रकट होकर मुमुक्षु साधकको साधनपथ प्रदर्शित कर कृतार्थ कर सकते हैं । खोज मनसे होनी चाहिये और होनी चाहिये केवल तत्त्वज्ञ पुरुषको प्राप्तकर स्वयं तत्त्व समझनेके पवित्र उद्देश्यसे, परीक्षा या कौतूहलके लिये नहीं; क्योंकि सच्चे संत न तो परीक्षा दिया करते हैं, न परीक्षामें उत्तीर्ण होकर जगत्में मान-प्रतिष्ठा प्राप्त करने या प्रतिभाशाली व्यक्तियोंपर प्रभाव डालकर उन्हें शिष्य बनानेकी ही इच्छा रखते हैं । जो श्रद्धासे उनकी शरण होता है, उसीके सामने वे उसके अधिकारानुसार रहस्य प्रकट किया करते हैं । अतपस्क, अश्रद्धालु, तार्किक, दोषान्वेषणकारी, नास्तिक और कौतूहलप्रिय मनुष्योंके सम्मुख गोपनीय रहस्य प्रकट करनेमें कोई लाभ नहीं है । भगवान्ने स्वयं श्रीमुखसे अधिकारकी मीमांसा कर दी है—

इदं ते नातपस्काय नाभक्ताय कदाचन ।
न चाशुश्रूषवे वाच्यं न च मां योऽभ्यसूयति ॥

(गीता १८ । ६७)

'यह जो परम गुप्त रहस्य तुम अत्यन्त प्रिय मित्रको मैंने बतलाया है । इसे तपोहीन, भक्तिरहित, सुनना न चाहनेवाले और मेरी (भगवान्की) निन्दा करनेवाले लोगोंको भूलकर भी न बतलाना ।' इससे यह सिद्ध होता है कि यथार्थ संत-महात्मा पुरुष अधिकारीकी परीक्षा किये बिना गुह्य रहस्य प्रकट नहीं करते । अपनेको साधारण मनुष्य बतलाकर ही पिण्ड छुड़ा लिया करते हैं । लोग उन्हें असाधारण मानें, यह तो उनकी चाह होती नहीं और असली बात बतलानेका वे अधिकारी पाते नहीं, इसलिये स्वयं अनजान-से बने रहते हैं ।

तीव्र मुमुक्षा और श्रद्धाको साथ रखकर सद्गुरुका अन्वेषण करनेसे उनकी प्राप्ति अवश्य हो सकती है, इसमें कोई संदेह नहीं । संन्यासियों और गृहस्थोंमें आज भी अनेक सच्चे साधक और महात्मा हैं । सच्चे ऋषियोंका आज भी अभाव नहीं है, परंतु वे प्रायः अप्रकट रहते हैं । प्रकट रहनेवालोंको पहचानना भी बड़ा कठिन होता है; क्योंकि उनका बाहरी वेष तो कोई विलक्षण होता नहीं, जिससे लोग कुछ अनुमान कर सकें ।

यह सब होते हुए भी आजकलके समयमें बहुत ही सावधानीकी आवश्यकता है । आज देशमें अवतारों, जगद्गुरुओं, विश्वोपदेशकों, सद्गुरुओं, ज्ञानियों, योगिराजों और भक्तोंकी हाट-सी लग रही है । ये सब दुर्लभ पद मोहवश आज बहुत ही सस्ते हो रहे हैं । ऐसे कई व्यक्तियोंके नाम तो यह लेखक भी जानता है, जिनकी खुल्लमखुल्ला अवतार कहकर पूजा की जाती है औ

उसे स्वीकार करते हैं। पता नहीं, ईश्वरके इतने अवतार एक ही साथ इसी देशमें कैसे हो गये? आश्चर्य तो यह कि इनमेंसे एक अवतार दूसरे अवतारको माननेके लिये तैयार भी नहीं है! ऐसी स्थितिमें ये अवतार वास्तवमें क्या वस्तु हैं? इस बातको प्रत्येक विचारशील पुरुष सोच सकते हैं।

आजकल गुरु तो गाँव-गाँव और गली-गलीमें मिल सकते हैं, सब कुछ गुरु-चरणोंमें अर्पण करनेमात्रसे ही ईश्वर-प्राप्तिका विश्वास देनेवाले गुरुओंकी कमी नहीं है; ऐसे हजारों नहीं, लाखों गुरु होंगे? परंतु दुःख है कि इन गुरुओंकी जमातसे उद्धार सम्भवतः ही किसीका होता है। सद्गुरु तो वह है, जो शिष्यके मनका अनन्तकोटि जन्म-संचित अज्ञान हरण करता है और उसको सन्मार्गपर लगाता है, उसके हृदयमें परमात्माके प्रति सच्चे प्रेमके भावोंका विकास करा देता है। जो अपनी नहीं, परंतु सर्वव्यापी सर्वभूतस्थित परमात्माकी पूजाका पाठ पढ़ाता है, जो शिष्यको यथार्थतः दैवी-सम्पत्तिके गुणोंसे विभूषित देखना चाहता है, जो निरन्तर इस प्रयत्नमें लगा रहता है कि शिष्य किसी प्रकारसे भी कुमार्गपर न जाने पाये, जो पद-पदपर उसे सावधान करता है और कुपथसे बचाता है, जो त्याग और सदाचार सिखाता है, जो निर्भय होकर भगवान्‌की सेवा करना बतलाता है, जो स्वयं अमानी होकर शिष्यको मानरहित होना और स्वयं काम, क्रोध, लोभसे छूटकर शिष्यको उनसे बचना सिखाता है एवं जो अपने बाहर और भीतरके सभी आचरणोंको ऐसा स्वाभाविक पवित्र रखता है, जिसका अनुकरण कर शिष्यका हृदय पवित्रतम बन जाता है। वास्तवमें ऐसा ही पुरुष परमात्माको पा सकता है और दूसरोंको भी परमात्माकी प्राप्तिके पथपर आरूढ़ करा सकता है। भगवान्‌ने कहा है—

निर्मानमोहा जितसङ्गदोषा
अध्यात्मनित्या विनिवृत्तकामाः।
द्वन्द्वैर्विमुक्ताः सुखदुःखसंज्ञै-
र्गच्छन्त्यमूढाः पदमव्ययं तत्॥
(गीता १५।५)

'जिनके हृदयमें मान-मोह नहीं है, जिन्होंने आसक्ति दोषपर विजय प्राप्त कर ली है, जो नित्य परमात्माके स्वरूप स्थित रहते हैं, जिनकी लौकिक-पारलौकिक कामनाएँ भलीभाँति नष्ट हो गयी हैं, जो सुख-दुःख नामक द्वन्द्वोंसे सर्वथा छू गये हैं, ऐसे बुद्धिमान् पुरुष ही उस अव्यय परमपदको प्राप्त होते हैं।'

तद्बुद्धयस्तदात्मानस्तन्निष्ठास्तत्परायणाः।
गच्छन्त्यपुनरावृत्तिं ज्ञाननिर्धूतकल्मषाः॥
(गीता ५।१७)

'जिनकी बुद्धि परमात्मरूप हो गयी है, जिनका मन परमात्मरूप है, जिनकी निष्ठा केवल परमात्मामें ही है, जो केवल परमात्माके ही परायण हैं, ऐसे ज्ञानके द्वारा पापरहित हुए पुरुष ही अपुनरावृत्तिरूपा परमगतिको प्राप्त होते हैं।'

भगवान्‌ने इसी प्रकारके तत्त्वदर्शी ज्ञानियोंकी शरणमें जाकर प्रणिपात, सेवा और निष्कपट प्रश्नोंद्वारा ज्ञान प्राप्त करनेके लिये उपदेश दिया है।

हर किसीको गुरु कभी नहीं बनाना चाहिये। गुरु तो एक प्रकारसे अपना जीवन अर्पण कर दिया जाता है बहुत ही सोच-समझकर जीवन अर्पण करना कर्तव्य है नाममात्रके गुरु-चेलोंसे कोई लाभ नहीं, हानि तो प्रत्य ही है।

इस बातसे निराश कभी नहीं होना चाहिये कि इस युगमें सद्गुरु हैं ही नहीं, सद्गुरुकी वास्तविक खोज ही कहाँ होती है? हमारे हृदयमें तीव्रतम पिपासा ही कहाँ है! तीव्र पिपासा हो तो लेखकका विश्वास है कि भगवत्कृपासे ज्ञान-पिपासाको शान्त करनेवाले, दुस्तर संसार-सागरसे पार करनेवाले सद्गुरुकी प्राप्ति अवश्य ही हो सकती है।

सद्गुरुकी कृपा-दृष्टि

हे सद्गुरुकी कृपा-दृष्टे! तू शुद्ध, सुप्रसिद्ध, उदार और अखण्ड आनन्दकी वर्षा करनेवाली है …। विषयरूप सर्पके दंशनसे अवयव अकड़ने न लगें और विषका वेग (शीघ्र) उतर जाय—यह प्रताप तेरा ही है। हे गुरुकी कृपा-दृष्टे! तू अत्यन्त प्रेमपूर्ण होनेके कारण अपने सेवकोंकी ब्रह्मानन्द-प्राप्तिकी कामना पूरी करती है और उनके आत्मसाक्षात्कारके हौसले भी पूरे करती है। हे सद्गुरुकी कृपा-दृष्टे! तेरा दयामृत जिसे प्राप्त होता है, वह समस्त विद्याओंकी निष्पत्ति करनेमें ब्रह्मा-सदृश ही होता है।

(गीता (ज्ञानेश्वरी) १२वाँ अध्याय)

भगवत्कृपा और भक्तियोग

(लेखक—आचार्य डॉ० श्रीसुवालालजी उपाध्याय 'शुकरत्न,' एम्० ए०, पी-एच्० डी०)

भगवत्कृपा रिमझिम बरसते बादलकी तरह जीवनदायिनी है। वह हमारे तन, मन और प्राणोंको आह्लादित तथा आधि-व्याधियोंकी ऊष्माको शान्त कर देती है। भगवान्‌की समस्त शक्तियोंमें उनकी कृपाशक्ति सर्वोपरि है। जैसे प्रकाश देनेके लिये सूर्यको कोई प्रयास नहीं करना पड़ता, वे स्वयं प्रकाशरूप ही हैं, वैसे ही भगवान्‌की कृपा भी स्वाभाविक है। चन्द्रमासे कोई कहने नहीं जाता कि आप घर-घरमें और जगत्‌के कण-कणपर अपनी निर्मल चाँदनी छिटकाया करें, किंतु चाँदनी उनका स्वरूप ही है, जिसके शुभ्र आलोकमें समस्त जड-चेतन जगत् नहा उठता है।

मनुष्य कितना ही ज्ञान प्राप्त कर ले, अथक उद्योगसे वैभव संचय कर ले और प्रखर कल्पनासे ऊँची उड़ान भर ले, किंतु तबतक पूर्ण आनन्दकी प्राप्ति नहीं कर सकता, जबतक रुणासिन्धु प्रभुके कृपापूर्ण आशीर्वादसे वह सभी प्रकारके न्तर्बाह्य बन्धनोंसे मुक्ति नहीं पा लेता। अपनी समस्त मनोगत ावनाओंमें प्रतिपल प्रभुकी कृपाशक्तिका अनुभव किये बेना उसके बन्धन नहीं टूटते।

अनेक बार ऐसा होता है कि ज्ञान-विज्ञानकी बहुलता ी मनुष्यके मनका बोझ बन जाती है, वह उसके बन्धनोंको और भी दृढ़ बना डालती है। स्वकीय पुरुषार्थ भी मनुष्यके अहंकारका कारण बन जाता है। पुरुषार्थसे उपलब्ध यश और वैभव उसके मनमें ऐसे मनोरथ पैदा कर देते हैं, जो कभी पूर्ण नहीं होते; जिसके कारण उसका मन पराजय और निराशाके अन्धकारमें डूबा रहता है। अपने अथक उद्योगसे प्राप्त प्रभुता उसे निरङ्कुश बना देती है। वह विश्वकी वास्तविकताओंको भूलकर सत्यका तिरस्कार करने लगता है। ऐसी स्थितिमें प्रभुकी कृपाशक्ति ही जीवनमें संतुलन, सुरक्षा और अपूर्व आत्म-विश्वासकी ज्योति जगाती है, जिससे मानव टूटकर नष्ट हो जाने और पथभ्रष्ट होनेसे बच जाता है।

परमेश्वरके अनन्त सामर्थ्यकी तुलनामें जीव अणुमात्र भी नहीं है। मनुष्यको जब ईश्वरके विराट् रूपका आभास होता है, तब उसका हृदय मन्त्र-मुग्ध होकर केवल प्रभुकी करुणाका प्रार्थी बन जाता है। संसारका रथ बड़े वेगसे भागता रहता है। कालचक्र किसीकी प्रतीक्षा नहीं करता, उसके वेगके समान गतिसे बढ़ना किसीके लिये भी सम्भव ही नहीं है। दिन और रातकी सीढ़ियोंपर चढ़ना सरल काम नहीं है। इनके प्रत्येक पगपर प्रलोभन है। कहीं रंगीन भोगोंका आकर्षण है तो कहीं निराशाके पाषाण हैं, ये कहीं टूटे-फूटे और कहीं इतने चिकने हैं कि मनके पहिये फिसलकर नीचे गिर जायँ। प्रभुकी कृपाशक्तिके बलपर ही इनको पारकर अपने गन्तव्य शिखरतक पहुँचा जा सकता है।

निष्कारण करुणाकी प्रेरणासे ही प्रभुने जगत्‌में अपनी कृपाशक्तिकी किरणोंका प्रसार किया है। विराट् विश्वके प्राङ्गणमें जब हम आह्लादभरे हृदयसे आते हैं तो हमें यही आभास होता है कि दिशा-विदिशाओंके अनन्त विस्तारसे उठती परम करुणासागर प्रभुकी बाँहें हमें अभयका आशीर्वाद दे रही हैं। उनकी कृपाका अंश लेकर ही सविता संसारपर प्राण और प्रकाशकी वर्षा करते हैं और उनके संकेतपर ही सागरोंसे जल-कलश भरकर मेघमाला प्यासी धरतीकी प्यास बुझाती है। उन्हींकी प्रतिध्वनि हिम-शिखरोंसे उठती है और अथाह सागरकी गरजती लहरोंमें भी उन्हींका संगीत सुनायी पड़ता है। नदियोंकी मधुर कलकल-ध्वनि, महासिन्धुके गहन-गम्भीर उद्घोष, सूर्यकी प्राणदायिनी किरणों, चन्द्रमाका शीतल प्रकाश, वायुद्वारा प्रदत्त श्वासोच्छ्वास, धरतीके विविध अन्न-भण्डार, पौधोंकी नयी कोपलों, फूलोंकी खिलती हुई पंखुड़ियों, पृथ्वीके कण-कण और गगनके कोटि-कोटि तारोंकी झिलमिलमें भी उन्हींकी कृपाशक्तिका प्रकाश है। न उनका आदि है, न मध्य है और न अन्त। विविध रूपोंमें हम अपने चारों ओर उन्हींकी ज्योतिसे प्रकाश पाते हैं।

शास्त्रोंमें भगवत्प्राप्तिके लिये जिस मार्गत्रयीकी चर्चा मिलती है[1], उनमेंसे प्रत्येकके साथ योग

---

१. योगास्त्रयो मया प्रोक्ता नृणां श्रेयोविधित्सया। ज्ञानं कर्म च भक्तिश्च नोपायोऽन्योऽस्ति कुत्रचित्॥
(श्रीमद्भा० ११। २०। ६

शब्द जुड़ा हुआ है—कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग। 'योग' शब्दका सरल अर्थ है—जोड़ना। वह प्रक्रिया, जो जीवको ईश्वरसे मिलाती है, योग है।

आध्यात्मिक अनुभूतियोंके लिये योगकी प्रक्रिया प्रयोगशालाके समान है, इसलिये यह 'योग' शब्द किसी-न-किसी रूपमें प्रत्येक साधना-परम्पराके साथ जुड़ा हुआ है।

भक्ति मुख्यतः प्रेम और हृदयकी पवित्रताके द्वारा इस योगको सिद्ध करती है। जबतक जीवात्माकी परमात्माके साथ कुछ दूरी है, तबतक भक्तियोग विरहयुक्त आकर्षणका रूप धारण किये रहता है। इसमें अन्धकारसे ज्योतिकी ओर नहीं, प्रकाशसे अधिक ज्योतिर्मय प्रकाशकी ओर तथा आनन्दसे अधिक आनन्दकी ओर गति होती है। मनुष्यके जीवनका एक-एक क्षण, उसकी सत्ताका एक-एक कण और उसकी सम्पूर्ण चेतना आनन्दमय मार्गपर चल पड़ती है। भक्तकी दृष्टिमें भगवान्‌के प्रति आत्मसमर्पण करनेके आनन्दसे अधिक और कोई आनन्द नहीं है। यह समर्पण एक कर्मकाण्डीय पवित्रतामात्र नहीं है, किंतु आत्माके अन्तरतमसे उभरनेवाला एक दिव्य गुण है। जो लोग आत्मसमर्पणकी विनयशीलताके कारण अपने तुच्छ अहंकारसे नहीं चिपके रहते, वे एक अवर्णनीय प्रेमके अद्भुत लोकमें परम सत्ताके साथ दिव्य-रसकी अनुभूति प्राप्त करते हैं और प्रेमकी शाश्वतता तथा चरम ऊँचाईको प्राप्तकर धन्यताका अनुभव करते हैं।

ज्ञानयोगी, भक्तियोगी और कर्मयोगी आदि सभी भगवत्कृपाकी अपेक्षा करते हैं; क्योंकि भगवदनुग्रहके बिना पथकी चरम सफलताका अवतरण और अनुभव नहीं होता। योगदर्शनके 'ईश्वरप्रणिधानाद्वा' (१ । २३) सूत्रके व्यास-भाष्यमें कहा गया है—

'प्रणिधानाद् भक्तिविशेषादावर्जित ईश्वरस्तमनुगृह्णाति अभिध्यानमात्रेण।'

अर्थात् मोक्षके इच्छुक योगियोंके मानसिक, वाचिक एवं शारीरिक भक्तिविशेषसे अभिमुखीभूत होकर अभिध्यान मात्रसे अर्थात् 'इस योगीका वह अभीष्ट सिद्ध हो'—इस तरहकी इच्छामात्रसे ईश्वर उसपर अनुग्रह करते हैं।

न्यायसूत्रकार महर्षि गौतमने (४ । १ । २१ में) सिद्धान्तके रूपमें व्यक्त किया है कि जीवके धर्म तथा अधर्मकी [illegible] करते हुए जगत्‌के कर्ता परमेश्वर ही सभी कर्मोंके करानेवाले तथा फल देनेवाले हैं। उनके अनुग्रहके बिना किसीको भी कर्ममें सफलता नहीं मिल सकती, इसलिये मुक्ति भी नहीं मिल सकती।

आद्य श्रीशंकराचार्यने भी वेदान्त-दर्शनके सूत्र 'परात्तु तच्छ्रुतेः' (२ । ३ । ४१) के भाष्य एवं विवेकचूडामणि (३) में भी इसी सिद्धान्तका प्रतिपादन किया है—

'तदनुग्रहहेतुकेनैव विज्ञानेन मोक्षसिद्धिर्भवितुमर्हति'

'उस परमात्माके अनुग्रहहेतुक विज्ञानसे ही मोक्ष प्राप्त हो सकती है।'

दुर्लभं त्रयमेवैतद् देवानुग्रहहेतुकम्।
मनुष्यत्वं मुमुक्षुत्वं महापुरुषसंश्रयः॥

'भगवत्कृपाके हेतुभूत मनुष्यत्व, मुमुक्षुत्व और महापुरुषोंका सङ्ग—ये तीनों ही दुर्लभ हैं।'

गीतामें कहा गया है कि जब साधक तद्गतप्राण और तद्गतचित्त होकर सतत प्रीतिपूर्वक उनका भजन करता है, तब वे उसे 'बुद्धियोग' प्रदान करते हैं—

मच्चित्ता मद्गतप्राणा बोधयन्तः परस्परम्।
कथयन्तश्च मां नित्यं तुष्यन्ति च रमन्ति च॥
तेषां सततयुक्तानां भजतां प्रीतिपूर्वकम्।
ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते॥
(१० । ९-१०)

श्रीधर स्वामीके मतानुसार परमेश्वरकी पराभक्तिके फलस्वरूप उन्हींके प्रसादसे आत्मज्ञान प्राप्त होता है—

भगवद्भक्तियुक्तस्य तत्प्रसादात्मबोधतः।
सुखं बन्धविमुक्तिः स्यादिति गीतार्थसंग्रहः॥
(गीता १८ । ७८की टीका)

जब साधकके जीवनमें, भगवदनुग्रह अथवा भगवत्कृपा इतनी सारभूत है, तब भक्ति-पथका तो कहना ही क्या है; क्योंकि भक्तिकी प्राप्ति तो सम्पूर्ण रूपसे प्रभुकी निर्हैतुकी कृपापर ही निर्भर है।

'मुख्यतस्तु महत्कृपयैव भगवत्कृपालेशाद्वा'
(ना० भ० सू० ३८)

प्रधानतया महापुरुषोंकी कृपा अथवा भगवान्‌के कृपालेशसे ही किसीके भी हृदयमें भक्तिका आविर्भाव होता है। भगवत्कृपा एवं भगवद्भक्तकी कृपा मूलतः एक ही पदार्थ है। यदि भक्त भी किसी व्यक्तिपर कृपा करता है तो भगवान्‌की कृपा भी उसका अनुगमन करती है अर्थात्

उसपर भगवान्‌की भी कृपा होती है और उसके अन्तःकरणमें भक्ति उदित हो उठती है; क्योंकि श्रीभगवान् भक्तके वशीभूत रहते हैं।

यदि इस विषयपर गम्भीरतापूर्ण विचार किया जाय तो पता चलेगा कि भक्तजन दुःखी, अज्ञानी व्यक्तिके प्रति जो कृपा करते हैं, उसका एकमात्र कारण है—उनके हृदयमें विराजमान रहनेवाली भक्ति; क्योंकि भक्तिके बिना किसीपर कृपाका होना असम्भव है। अतः सभीके मूलमें स्वप्रकाश भक्तिका ही प्रभाव प्रकाशित हो रहा है और वह भक्ति भगवत्कृपासे ही प्राप्त होती है, अन्य किसी साधनसे नहीं।

गौडीय-सम्प्रदायमें बड़ी विलक्षणतासे इस तत्त्वकी व्याख्या की गयी है। उस सम्प्रदायके अनुसार विशुद्ध भगवत्तत्त्वमें स्वरूपशक्तिकी वृत्तिके अतिरिक्त दूसरी कोई वृत्ति नहीं है। सच्चिदानन्द, पूर्णस्वरूप भगवान्‌में तीन धर्म हैं—सत्, चित् और आनन्द। भगवत्स्वरूपके इन तीन धर्मोंका अवलम्बन करके उनकी स्वरूप-शक्ति भी त्रिधा हुई—संधिनी, संवित् और ह्लादिनी। इनमें 'ह्लादिनी' वह शक्ति है, जिसके द्वारा भगवान् स्वयं ह्लादरूप होकर भी आह्लादित होते हैं और दूसरोंको आह्लादित करते हैं।

इस ह्लादिनी शक्तिका प्रवेश जीव-कोटि और भगवत्कोटि—दोनोंमें ही है। भगवत्कोटिमें अवस्थित ह्लादिनी भगवान्‌को विचित्र लीलारसके दानद्वारा रसमय करती है और जीव-कोटिमें प्रवेश करके वह पवित्र भक्तके हृदयमें आविर्भूत होकर विशुद्धतम आनन्दका विधान करती है। यह भगवन्मुख जीवगत विशुद्ध आनन्द ही भक्ति है। भक्तका भक्तिजनित और भगवान्‌का लीलाजनित आनन्द एक ही शक्तिकी दो कोटियोंके व्यापार हैं। भगवान्‌में ह्लादिनी रसरूपिणी है तो भक्त-हृदयमें भक्ति-रूपिणी। स्वरूप-शक्तिकी सारभूता ह्लादिनी शक्तिकी ही सारघनमूर्ति हैं श्रीराधा, नित्य प्रेमस्वरूपकी नित्य प्रेमस्वरूपिणी। इसीलिये श्रीराधा केवल प्रेमरूपिणी ही नहीं, नित्य प्रेमदात्री भी हैं। पूर्ण परात्पर भगवान् श्रीकृष्णमें श्रीराधा अनन्त ह्लादिनी शक्तिके रूपमें अवस्थान करती हैं, किंतु उसी ह्लादिनी शक्तिका कणमात्र नित्य अणुस्वभाव चित्कण जीवके भीतर गिरकर उसे प्रेमभक्तिसे आप्लुत कर रखता है। इसीलिये श्रीराधा भगवान्‌की प्रेमकल्पलता हैं और भक्तके लिये प्रेमकल्पतरु हैं—

ह्लादिनी कराय कृष्णे आनन्दास्वादन।
ह्लादिनी द्वाराय करे भक्तेर पोषण॥

(चै० चरितामृत, आदि ४। ५३)

यहाँ भगवत्कृपा स्वरूपशक्तिके माध्यमसे अनन्त-अनन्त जीवोंके हृदयोंमें प्रेमभक्तिके बीजका वपन कर रही है[2]।

श्रीवल्लभाचार्यके साधना-पथका नाम ही पुष्टिमार्ग है—'पोषणं तदनुग्रहः' (श्रीमद्भा० २। १०। ४) ब्रह्मसूत्रके अणुभाष्य[3] तथा अन्य अनेक स्वविरचित ग्रन्थोंमें उन्होंने इस सिद्धान्तकी विस्तारसे विवेचना की है[4]।

श्रीनिम्बार्काचार्यजी 'दशश्लोकी' तथा अपने अन्य ग्रन्थोंमें इस भगवत्प्रसादका स्मरण करते हैं—

अनादिमायापरियुक्तरूपं
त्वेनं विदुर्वै भगवत्प्रसादात्।

(दशश्लोकी २)

'अनादि मायासे संयुक्त जीवका स्वरूप-ज्ञान भगवत्कृपासे ही होता है।'

श्रीमध्वाचार्यके मतानुसार ईश्वर ही भक्तिसे प्रसन्न होकर जीवको वास्तविक रूपका बोध कराते हैं—

सर्ववस्तुषु या शक्तिः सा मदीयैव नान्यथा।
मयैव दत्तं स्वातन्त्र्यं केवलेष्वपि वस्तुषु॥

(विष्णुरहस्य १२। १२२)

'समस्त वस्तुओंमें जो शक्ति है, वह मेरी ही है; दूसरेकी नहीं और मैंने ही वस्तुमात्रमें स्वतन्त्रता प्रदान की है।'

'भागवत-तात्पर्य'में भी उन्होंने इसी सिद्धान्तको दुहराया है—

२. तत्रोद्देश्यं किमपि परमं भक्तियोगो मुरारेर्निष्कामो यः स हि भगवतोऽनुग्रहेणैव लभ्यः॥

(चै० चन्द्रोदय अङ्क ६)

३. पुष्टिमार्गोऽनुग्रहैकसाध्यः प्रमाणमार्गाद् विलक्षणः। (४। ४। ९)

४. अनुग्रहेणैव सिद्धिर्लौकिकी यत्र वैदिकी। न यत्नादन्यथा विघ्नः पुष्टिमार्गः स कथ्यते॥ (प्रमेयरत्नार्णव २)
अनुग्रहः पुष्टिमार्गे नियामक इति स्थितिः।

([illegible] नफा।

स्वरूपभूतं ज्ञानं तु सदा जीवस्य विष्णुना ।
नियतं प्राकृतं ज्ञानं भक्त्या तेनैव दीयते ॥
(७४)

'वे भगवान् विष्णु ही जीवकी भक्तिके वशीभूत हो निश्चय ही उसे स्वरूपभूत ज्ञान तथा प्राकृत ज्ञान प्रदान करते हैं ।'

श्रीरामानुजाचार्यकी शरणागतिमें भक्त बिल्लीके बच्चेकी तरह सर्वथा आत्म-समर्पण कर माँपर अपनी रक्षाका भार छोड़ देता है । माँ ही उसे सभी प्रकारसे सँभालती रहती है । भक्त भी कृपाशक्तिकी गोदमें ही सम्पूर्ण रूपसे आत्मसमर्पण कर देता है । प्रभुकी कृपाशक्ति ही प्रतिपल उसके योगक्षेमका वहन करती है ।

गोस्वामी तुलसीदासजी बड़ी दृढ़ताके साथ भक्ति-चिन्तामणिकी प्राप्तिमें प्रभु-कृपाको ही कारणरूपमें स्वीकार करते हैं—

सो मनि जदपि प्रगट जग अहई।राम कृपा बिनु नहिं कोउ लहई॥
(मानस ७ । ११९ । ६)

श्रीचैतन्यमहाप्रभुने प्रभुकी कृपाशक्तिके सम्बन्धमें एक अत्यन्त मर्मस्पर्शी श्लोक कहा है—

नाम्नामकारि बहुधा निजसर्वशक्ति-
स्तत्रार्पिता नियमितः स्मरणे न कालः ।
एतादृशी तव कृपा भगवन् ममापि
दुर्दैवमीदृशमिहाजनि नानुरागः ॥
(चै० शिक्षाष्टक २)

'भगवन् ! आपने अपने नाममें अपनी समस्त शक्ति रख दी है और उसमें भी नाम-स्मरणका कोई समय निर्धारित नहीं किया है । सब समय, सब अवस्थामें आपका नाम लिया जा सकता है । हम मनुष्योंपर आपकी तो ऐसी असीम कृपा है, किंतु हमारे दुर्भाग्यको क्या कहा जाय कि इतनेपर भी हमसे आपका नाम नहीं लिया जाता, आपके नाममें हमारा अनुराग नहीं हुआ ।'

अब यहाँ यह प्रश्न हो सकता है कि जब भक्ति सदैव प्रभु-प्रसादसे ही प्राप्त होती है, तब क्या साधकको कुछ भी प्रयत्न या श्रम करना आवश्यक नहीं है ! हाँ, केवल श्रमके द्वारा प्रभुके प्रति प्रेमकी शाश्वतताको नहीं पाया जा सकता, किंतु इसका यह तात्पर्य नहीं कि हम अपनी ओरसे सर्वथा प्रयत्न करना छोड़ दें तथा आलसी और निष्क्रिय बनकर अपना जीवन बितावें । हम अपने श्रम और प्रयत्नोंके द्वारा कम-से-कम अपने द्वारको तो खुला रखें, जिससे उदित होते हुए सूर्यकी किरणें उसमें प्रवेश कर सकें । यह सच है कि खुला हुआ द्वार सूर्यको पकड़कर नहीं ला सकता, किंतु यदि वह या उसकी किरणें आ रही हों तो उनके प्रवेशमें बाधा भी तो नहीं डालता । मनुष्यके सम्पूर्ण प्रयत्न केवल संसारके विमुख और प्रभुके सम्मुख अग्रसर होनेके लिये ही होने चाहिये । उलटे रखे घड़ेपर वर्षा भी होती रहे, तो भी वह भर नहीं सकता । श्रमसे परमात्मा नहीं मिलते, किंतु मनुष्य इस प्रकार भगवान्के अनुकूल बन जाता है, जिससे वह प्रसाद-प्राप्तिका अधिकारी हो जाता है । वर्षा होनेपर पानी गड्ढेमें भी बरसता है और पहाड़के शिखरोंपर भी, किंतु शिखर कोरे-के-कोरे ही रह जाते हैं और गड्ढा पानीसे लबालब भर जाता है ।

अतः यह समझकर कि हमारे प्रयत्नके अहंकारसे उस विराट् सत्य या अपूर्व महिमाशालिनी कृपाशक्तिको नहीं पकड़ा जा सकता, किंतु कृपाका इच्छुक अपनेको सदा अयोग्य समझता हुआ दैन्यभावसे केवल उसके सम्मुख जाता है । प्रभुकी दुर्लभ कृपाकिरणका अनुभव तो प्रभुके निर्हेतुक करुणापूर्ण प्रसादसे ही सम्भव है । इस तथ्यको हमें भलीभाँति हृदयंगम कर लेना चाहिये । हमारी अल्प शक्तिसे किये हुए महान् प्रयत्नकी तुलनामें उस अनन्त शक्तिशालिनी कृपाको पा लेना प्रभुकी अनिर्वचनीय करुणा ही तो है ।

ध्यानयोगमें भगवत्कृपाका अनुभव

(लेखक—श्रद्धेय स्वामी श्रीरामहर्षणदासजी महाराज)

कृपामूर्ति करुणावरुणालय भक्तवत्सल भगवान् अहर्निश अपनी अहैतुकी कृपाके अधीन हैं। अतएव जीवोंके हित और प्रियकी प्राप्तिके लिये स्वयं निरपेक्षोपाय होकर भी सदा कटिबद्ध रहना आपका सहज स्वभाव है। उन सर्वलोक-शरण्यका सर्वसामर्थ्य तथा निरङ्कुश शासकत्व उनके सत्य-संकल्पको किसी भी देश, काल और परिस्थितिमें किसीके द्वारा अन्यथा नहीं होने देता। इसलिये आपके कृपा-सिन्धुका एक बिन्दु भी कृपा-पात्रको आपकी इच्छाके साँचेमें ढालनेके लिये पूर्ण समर्थ है।

अनन्तानन्त जीवोंके कल्याणकी कामनासे अभिभूत होकर परम कारुण्यामृत-सागर प्रभुका कृपाकटाक्षपात अविराम गतिशील रहता है, अतएव वे सृष्टिका सर्जन करते हैं और स्वयं अनेकानेक अवतार लेकर चराचर प्राणियोंके उद्धारका कारण बन उसी प्रकार ज्ञानगोचर होते हैं, जैसे स्वकीय संतानको कूपमें गिरा हुआ देखते ही माता स्वयं कुएँमें कूदकर संततिके बचानेका हेतु होती है। जननी प्रेमातिशयताके कारण प्यार करती हुई रात्रिके समय स्वशिशुको अपने उदर तथा हृदयकी शय्यामें शयन कराती है और दिनके आरम्भमें जाग्रत् कर उसके कर-पद-मुख धोती है, वस्त्राभूषणोंसे उसे सजाती है, सुन्दर क्रीड़ा-साज सजाकर बाल-केलि करनेकी प्रेरणा देती है। यह कामना करती है कि मेरा लाल बड़ा होकर सच्चरित्र हो, आदर्शमय जीवन बनाकर सुखी हो। वस्तुतः भगवान् भी उक्त प्रकारसे उक्त भावनाओंको सँजोकर दयापरवशताके कारण सृष्टिका सर्जन, संरक्षण और संहार करते हैं।

परम कृपालु भगवान् स्वयं अपने कृपा-सागरका ओर-छोर नहीं पाते, इसलिये आश्चर्य-समुद्रमें निमग्न हो जाते हैं। अकारण कृपा जीवको अनल्पभौमा-सुखके सिंहासनपर बैठा सकती है।

उपर्युक्त कृपा-वैभवको श्रवण कर कल्याणकामी कृपान्वेषियों एवं कृपाकाङ्क्षियोंका कालक्षेप भगवान्‌की भास्वती कृपाका समीक्षण और प्रतीक्षण करते हुए ही होता है। श्रीमद्गोस्वामी तुलसीदासजीके शब्दोंमें—'कृपाको ही पंथ चितवत दीन हैं दिन-रात।' अन्य-अन्य अधिकारी भक्तोंकी वचनावलियाँ भी उनके प्रबन्धों एवं इतिहास-पुराणोंमें प्रचुरमात्रामें उपलब्ध हैं, जो भगवत्कृपाको ही परमोपायतया पुष्ट करती हैं।

कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग और अष्टाङ्गयोगमें अनधिकार, अज्ञान और अशक्ति कृपाका अवलम्बन लेनेमें हेतु नहीं है, अपितु चेतन और महाचेतनके स्वाभाविक स्वरूपका परिज्ञान ही एकमात्र कारण है। अतएव स्वरूपज्ञ साधक साधनके अभिमानका परित्याग करनेके लिये ही साधना करते हैं और सर्व-साधनोंकी सिद्धि भगवत्कृपाके अधीन मानते हैं। यथा—

साधनकी ऐसी बिधी, साधन बिना न सिधी,
बिगरी बनावै कृपानिधिकी कृपा नई॥
(विनयप० १५२ । २)

भगवान् मायापति, उर-प्रेरक और हृषीकेश हैं। अपनी दृढ़ इच्छा एवं उनकी कृपाके बिना मायासे सम्बन्धरहित होना, साधननिष्ठ होना और इन्द्रियोंको अधीन रखना आकाश-कुसुमकी इच्छाके समान है।

यदि भगवान् किसी चेतनको अपना परमपद देना चाहें तो उसके अनन्तानन्त पापोंके पर्वत अवरोध करनेमें असमर्थ ही रहेंगे और यदि जीवात्मा अपनी साधना—साहाय्य-सामग्रियोंके बलसे परमपद प्राप्त करनेकी इच्छा करे तो उसके श्रेष्ठातिश्रेष्ठ साधनोंका समुच्चय भी अपर्याप्त ही नहीं, अपितु अकिंचित्कर ही होगा। आप्त-पुरुषोंके प्रबन्ध एवं इतिहास-पुराण उपर्युक्त अर्थ-प्रमाणके प्रमाता तथा सच्चे साक्षी हैं।

कर्म, ज्ञान और योग भगवान्‌के अधीन हैं, अतएव ये साधकको फल देनेके समय स्वयं असमर्थ बनकर अपने लक्ष्यभूत भगवान्‌की अपेक्षा रखते हैं। महान्-से-महान् साधन अचिन्त्य महिमान्वित परमपदरूप फलके समक्ष अत्यन्त अल्प है। इसलिये कृपाङ्क प्राप्त करके ही कोई साधक साधनामें उत्तीर्ण हो सकता है। उत्तीर्ण होना भी परमपद-प्राप्तिका हेतु कदापि नहीं हो सकता। उस परम पुरुषार्थकी प्राप्तिका कारण तो कृपोद्भव प्रभुकी प्रसन्नता ही है; क्योंकि साधन अल्प होनेके कारण अनल्प और अनन्त-

का स्पर्श करने और करानेमें सक्षम नहीं हो सकते। भगवान्‌ने स्वयं श्रीमुखसे कहा है—

> यद्यद्विभूतिमत्सत्त्वं श्रीमदूर्जितमेव वा ।
> तत्तदेवावगच्छ त्वं मम तेजोंऽशसम्भवम् ॥
> (गीता १० । ४१)

'जो-जो भी विभूतियुक्त अर्थात् ऐश्वर्ययुक्त, कान्तियुक्त और शक्तियुक्त वस्तु है, उस-उसको तुम मेरे तेजके अंशकी ही अभिव्यक्ति जानो।' अस्तु,

सर्वदेश, सर्वकाल, सर्वावस्थाओंमें सभी श्रेष्ठ साधक एवं साधन भगवान्‌के आंशिक तेजसे ही जीते हैं तथा सर्वोच्च जीवनकी इच्छा और स्वसत्तामें स्पृहा रखते हैं। भगवदीय कृपा-वैभवके कणांशसे जीव-समूह आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक आनन्दकी उपलब्धि करते हैं।

किसी सज्जनने किसीसे प्रश्न किया कि 'क्या ध्यान-योगमें भी भगवत्कृपाका अनुभव किया जा सकता है?' उसे उत्तर मिला—'बन्धो! ध्यानयोगका सारा-का-सारा महल भगवत्कृपाके स्तम्भपर ही खड़ा है। पहले यह बता देना प्रसङ्गके विपरीत न होगा कि ध्यान अमुक स्थितिको कहते हैं—

'तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम्।' (पा० यो० ३। २)

ध्यानयोगकी प्रारम्भिक अवस्था 'धारणा' नामसे पुकारी जाती है, जिसमें ध्येय-विषयक ज्ञानकी वृत्तिका प्रवाह खण्ड-खण्ड रहता है अर्थात् बीच-बीचमें टूटता रहता है। जब वह लगातार तैलधारावत् अखण्ड एकतान हो जाता है, तब वह वृत्तिप्रवाह 'ध्यान' नामसे कहा जाता है और ध्यानकी वृत्तिमें जब ध्येयके अर्थमात्रका भास रह जाता है, तब वही वृत्ति 'समाधि' नामसे सम्बोधित की जाती है।

ध्यानयोग (समाधियोग)की सिद्धि भी ईश्वरीय अनुकम्पासे होती है—

'समाधिसिद्धिरीश्वरप्रणिधानात्।' (पा० यो० २। ४५)

ईश्वर-प्रणिधानका अर्थ है—प्रकर्षरूपसे निश्चयपूर्वक ईश्वरको धारण करना; अर्थात् अहंकार-ममकारसे विरहित होकर ईश्वरकी शरणमें रहना और उनके वाचक नामका अर्थानुसंधानपूर्वक जप, मङ्गल-विग्रहका ध्यान, लीलाका चिन्तन सादर-सप्रेम करते हुए कैंकर्यस्वरूप सम्पूर्ण कर्मोंके फल उन्हींको सर्वभावसे समर्पण कर तत्सुखसुखी बने रहना।

अतएव यह निश्चय हो गया कि ध्यानयोग-प्रासादमें आरोहण करनेवालेंको प्रारम्भसे ही भगवत्कृपारूप सोपानके सहारे चढ़ना होगा; क्योंकि यह सुस्पष्ट है कि प्रपत्ति-धर्म-वेत्ता शरणागत चेतनके लिये प्रभु-कृपाको ही उपाय बतलाते हैं। प्रणिधान प्रपन्नताके बिना हो नहीं सकता, अनेकानेक ग्रन्थ और महापुरुषोंके वाक्य इस अर्थके प्रमाण हैं।

तदर्थभावनायुक्त भगवन्नामका जप करनेसे प्रत्यक्‌चेतनाकी अनुभूति होती है तथा शारीरिक रोग, चित्तकी अकर्मण्यता, संशय, प्रमाद, आलस्य, अविरति, भ्रान्ति-दर्शन, उच्चतम भूमिकाकी अप्राप्ति, ऊँची स्थिति प्राप्त कर नीचे गिरना, दुःख, मानसिक विकलता, कम्प और श्वास-प्रश्वास आदि अन्तराय भगवत्कृपासे नहीं होते—

'ततः प्रत्यक्‌चेतनाधिगमोऽप्यन्तरायाभावश्च।'
(पा० यो० १। २९)

इसलिये उपर्युक्त विघ्नोंकी प्रशान्तिके लिये भगवत्कृपाका चिन्तन और अनुभव करते हुए ध्यानयुक्त भगवन्नाम-जपका अभ्यास करना चाहिये—

'तत्प्रतिषेधार्थमेकतत्त्वाभ्यासः।'
(पा० यो० १। ३२)

भगवान् कहते हैं—

> मत्प्रसादादवाप्नोति शाश्वतं पदमव्ययम् ॥
> (गीता १८। ५६)

'मेरी कृपासे (जीव) सनातन अविनाशी परमपदको प्राप्त हो जाता है।'

> मच्चित्तः सर्वदुर्गाणि मत्प्रसादात्तरिष्यसि।
> (गीता १८। ५८)

'मुझमें चित्तवाले होकर तुम मेरी कृपासे समस्त संकटोंको अनायास ही पार कर जाओगे।'

अस्तु, ध्यानयोगके अभ्यासीको भगवान्‌से कृतज्ञता प्रकट करते हुए उनकी कृपाका अनुसंधान और अनुभव इस प्रकार करते रहना चाहिये—'अहा! संसार-सिन्धु

निमग्न मुझ अनधिकारीपर प्रभुने प्रथम तो अपना कृपा-कटाक्ष-पात किया, तदनन्तर उन दया-सिन्धुने अपना हस्ताव-लम्बन देकर इस दीन-हीनका उद्धार करनेका दृढ़ निश्चय कर लिया और साधनधाम-शरीर देकर देव-दुर्लभ मानव-योनिमें जन्म दिया, जिसके माध्यमसे कोई भी परमपदकी प्राप्ति कर सकता है। पुनः उन्हीं कृपा-कायने संत तथा सद्गुरुकी प्राप्ति सरलतासे करा दी, जिनकी कृपासे भगवत्प्राप्ति एवं भगवत्कृपाका अनुभव सहज ही सुलभ हो जाता है। कृपालु प्रभुने ही मेरे मनको अचल कर ध्याननिष्ठ बना दिया है और अनुष्ठानमें आनेवाले अन्तरायोंको अवरोधित कर अपने कृपाकाङ्क्षीको शान्तिके सिंहासनपर प्रतिष्ठित किया है। अब वह समय दूर नहीं, जब **'स्वाध्यायादिष्टदेवतासम्प्रयोगः'** (पा० यो० २। ४४)के अनुसार भगवान्‌का सम्प्रयोग प्राप्त कर मैं आनन्दके आकारमें परिवर्तित हो जाऊँगा; क्योंकि मेरे आर्तित्व और अगतित्वको देखकर प्रभुका हृदय द्रवीभूत हो चुका है, जो उनकी प्राप्ति करानेका परमोपाय है। अहा ! प्रभुकी कृपाने मुझे दायें-बायें, ऊपर-नीचे हर ओरसे आवृत कर रखा है, मैं कृपासुधाके सिन्धुमें किलोल कर रहा हूँ— आनन्द ! आनन्द !! आनन्द !!!' इस प्रकार साधकके लिये भगवत्कृपा प्रतिपल अनुसंधेय है तथा अनुभवजनित आनन्दमें संलीन ध्याताका स्वरूप-शून्य हो जाना ही ध्यानकी उत्तम स्थिति है।

ध्याता-ध्यान-ध्येय, ज्ञाता-ज्ञान-ज्ञेय, द्रष्टा-दर्शन-दृश्य, प्रमाता-प्रमाण-प्रमेय आदि त्रिपुटियोंका विलीनीकरण हो जानेपर वह तत्त्व शेष रह जाता है, जो निज और अन्यका अनुभव करनेमें सब प्रकारसे असमर्थ है। ध्यानकी उच्चतम स्थिति (समाधि)में कृपाके अनुभव-जनित आनन्दका ज्ञान एवं वर्णन असाध्य है; क्योंकि उस समय वृत्ति तदाकार हो जाती है।

मगन ध्यानरस दंड जुग पुनि मन बाहेर कीन्ह।
रघुपति चरित महेस तब हरषित बरनै लीन्ह॥
(मानस १। १११)

परमयोगेश्वर सर्वेश्वर शंकरभगवान् भी ध्यानसे मन हटाकर ही रामचरित कहनेमें समर्थ हो सके; क्योंकि उस द्वैताद्वैत-शून्य स्थितिमें कौन किसका ज्ञान करे !—

बीतें संबत सहस सतासी। तजी समाधि संभु अबिनासी॥
राम नाम सिव सुमिरन लागे। ....॥
(मानस १। ५९। १-२)

समाधिके समय राम-नामका स्मरण करनेमें भगवान् शंकर सक्षम न हो सके; क्योंकि दृश्य-दर्शनानुभव करनेकी शक्ति व्युत्थानदशा (अमग्नचित्त)में ही होती है, निर्विकल्प-समाधिमें नहीं।

कृपाकाङ्क्षी भगवद्भक्तोंके लिये रामचरितमानसके श्री-सुतीक्ष्ण-प्रसङ्गमें धारणा, ध्यान और समाधि—तीनों स्थितियोंका साकार स्वरूप द्रष्टव्य है—

धारणा—

प्रभु आगवनु श्रवन सुनि पावा। करत मनोरथ आतुर धावा॥
होइहैं सुफल आजु मम लोचन। देखि बदन पंकज भव मोचन॥
(मानस ३। ९। २, ५)

ध्यान—

निर्भर प्रेम मगन मुनि ग्यानी। कहि न जाइ सो दसा भवानी॥
अतिसय प्रीति देखि रघुबीरा। प्रगटे हृदयँ हरन भव भीरा॥
(मानस ३। ९। ५, ७)

समाधि—

मुनि मग माझ अचल होइ बैसा। पुलक सरीर पनस फल जैसा॥
मुनिहि राम बहु भाँति जगावा। जाग न ध्यान जनित सुख पावा॥
(मानस ३। ९। ८-९)

पुनः दशरथनन्दन भगवान् श्रीरामद्वारा जाग्रत् किये जानेपर ही श्रीसुतीक्ष्णजीने अपने इष्टदेवके दर्शन, आलिङ्गनादिजनित आनन्दका अनुभव, साञ्जलि स्तुति-प्रणाम और यथारुचि वरकी प्राप्ति की तथा प्रभुको अपनी कुटियामें लाकर वे उनका यथासम्भव स्वागत कर सके। अस्तु,

तुम्हरिहि कृपाँ तुम्हहि रघुनंदन। जानहिं भगत भगत उर चंदन॥
(मानस २। १२६। २)

यह रहस्य रघुनाथ कर बेगि न जानइ कोइ।
जो जानइ रघुपति कृपाँ सपनेहुँ मोह न होइ॥
(मानस ७। ११६)

'श्रीरघुनाथजीका यह रहस्य (गुप्त मर्म) जल्दी कोई भी नहीं जान पाता, श्रीरघुनाथजीकी कृपासे जो इसे जान जाता है, उसे फिर स्वप्नमें भी मोह नहीं होता।'

भगवदनुकम्पा और कर्मयोग

(लेखक—पं० श्रीराजेन्द्रजी शर्मा)

भगवान् कृपामय हैं। जीवमात्रका उपकार करना उनका सहज स्वभाव है। संसारमें उपकार करनेवाले प्रायः सभी मनुष्य प्रत्युपकार चाहते हैं; किंतु भगवान्‌का स्वभाव ऐसा नहीं है, वे स्वार्थरहित उपकार करते हैं। निःस्वार्थ उपकारको ही अनुकम्पा, कृपा, करुणा, अनुग्रह आदि कहा जा सकता है। जीवपर भगवान्‌का सबसे बड़ा अनुग्रह तो यही है कि उन्होंने इसे मनुष्य-शरीर दिया—

आकर चारि लच्छ चौरासी। जोनि भ्रमत यह जिव अबिनासी॥
फिरत सदा माया कर प्रेरा। काल कर्म सुभाव गुन घेरा॥
कबहुँक करि करुना नर देही। देत ईस बिनु हेतु सनेही॥

(मानस ७। ४३। २—३)

करुणामय भगवान् **'स्वारथ रहित सखा सब ही के'** हैं; अतः वे ही प्राणिमात्रका धारण-पोषण करते हैं। देहधारी मात्र उनकी कृपापर आश्रित हैं। शङ्का हो सकती है कि मनुष्य-देह प्रदान कर उन्होंने हमपर क्या विशेष कृपा की? जबकि मनुष्यके कर्म ही जन्म-मरणरूप संसारको देनेवाले हैं—

'एवं नृणां क्रियायोगाः सर्वे संसृतिहेतवः।'

(श्रीमद्भा० १। ५। ३४)

मनुष्येतर शरीरोंसे काल, कर्म, गुण, स्वभावका घेरा नहीं टूटता। अन्य सभी शरीर पाप-पुण्योंका फल भोगनेके लिये हैं। केवल मनुष्य-शरीरसे ही भव-संतरणके लिये पुरुषार्थ किया जाना सम्भव है। अतः निष्कारण कृपा करनेवाले भगवान्‌ने **'साधन धाम मोच्छ कर द्वारा'** यह नर-शरीर प्रदान किया।

मनुष्य-देहमें विशेषता क्या है? शरीर, इन्द्रियाँ, मन, बुद्धि आदि तो पशु-पक्षियोंमें भी देखनेमें आते हैं। वे भी अनुकूल-प्रतिकूल परिस्थितियाँ पहचानकर धूप-वर्षासे बचना जानते हैं, मार और प्यारको पहचानते हैं, किंतु उन्हें वह विवेक नहीं मिला, जिससे वे सत्-असत्‌की पहचान करके भगवत्प्राप्तिके लिये पुरुषार्थ कर पाते; यह मनुष्य-शरीरसे ही सम्भव है। श्रीमद्भगवद्गीतामें भगवान् कहते हैं—

तेषामेवानुकम्पार्थमहमज्ञानजं तमः।
नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता॥

(१०। ११)

'मैं जीवोंके कल्याणकी भावनासे अनुग्रह करके आत्म भाव-स्थान—अन्तःकरणमें स्थित हुआ प्रकाशमय विवे बुद्धिरूप ज्ञान-दीपकद्वारा उनके अविवेकजन्य मोहान्धकार दूर कर देता हूँ।' मनुष्यको यह विवेक देकर अका कृपालु प्रभुने विशेष कृपा की है। मनुष्यमें अपनी बुद्धि विकसित करनेकी अद्भुत क्षमता है। नर-देह पाकर निश्चय ही भगवत्प्राप्तिके लिये पुरुषार्थ कर सकता करना ही चाहिये; क्योंकि—

एहि तन कर फल बिषय न भाई। स्वर्गउ स्वल्प अंत दुखदाई

(मानस ७। ४३। १)

मनुष्य इस शरीरसे ही कर्म करके स्वर्गादि उच्च लोकोंको प्र कर सकता है, किंतु कर्मफल नष्ट होनेपर उसे वहाँसे भी गि पड़ता है। इस दृष्टिसे मनुष्य-शरीर देनेमें भगवान्‌की वि अनुकम्पा समझनी चाहिये, जिससे परम पुरुषार्थ करके बन्धनसे सदाके लिये छूटा जा सकता है अर्थात् भगवान प्राप्ति हो सकती है।

कर्म-सिद्धान्त—

यह तो सभीको मान्य है कि मनुष्य अच्छे-बुरे कर्मों अ पुण्य और पापके अनुसार ही जन्म-मरणके चक्रमें घू हुआ सुख-दुःख पाता है। जन्म-जन्मान्तरके संचित कर्मों जो कर्म फल देनेके लिये पक्व (उन्मुख हो) जाते हैं, वे ही प्रार हैं। प्रारब्धके अनुसार हमें अनुकूल-प्रतिकूल परिस्थितियाँ मि हैं, सुखी-दुःखी करना प्रारब्धका काम नहीं। यह बात

---

१. गुणोंका 'घेरा' गीताके इन श्लोकोंमें बताया गया है—

यदा सत्त्वे प्रवृद्धे तु प्रलयं याति देहभृत्। तदोत्तमविदां लोकानमलान् प्रतिपद्यते॥
रजसि प्रलयं गत्वा कर्मसङ्गिषु जायते। तथा प्रलीनस्तमसि मूढयोनिषु जायते॥

(१४। १४-१)

'यह मनुष्य सत्त्वगुणकी वृद्धिमें मृत्युको प्राप्त होनेपर उत्तम लोकोंमें, रजोगुण बढ़नेपर मरनेके बाद कर्मोंमें आसक्त मनु और तमोगुणकी वृद्धिपर मृत्यु होनेसे मूढ़योनियोंमें जन्म लेता है।'

विचित्र लग सकती है, किंतु है सत्य। एक व्यक्ति सांसारिक दृष्टिसे धन, पुत्र, परिवार और समस्त वैभवसे सम्पन्न है, किंतु उसके मनमें विषाद है। बाह्य दृष्टिसे सुखी दिखायी पड़ते हुए भी वह दुःखी है। दूसरी ओर एक अत्यन्त दरिद्र, दीन और अकिंचन व्यक्ति सत्सङ्गके प्रभावसे भीतरसे संतोषी तथा सुखी देखा जा सकता है। इससे यह निष्कर्ष निकला कि सुख-दुःख मनकी स्थितियाँ हैं बाह्यावस्थासे इनका कोई सम्बन्ध नहीं।

भगवत्प्राप्तिका इच्छुक साधक अनुकूल-प्रतिकूल परिस्थितियों, प्राणियों और पदार्थोंमें समभाव रखता है। उनमें राग-द्वेष नहीं करता, इसलिये भावी जीवनके लिये वह ऐसे कर्मोंका संचय नहीं करता, जो जन्म-मरण देते हैं। प्रारब्धानुसार प्राप्त अनुकूल परिस्थितिमें, जो पुराने पुण्योंका क्षय करनेके लिये प्राप्त हुई है, राग न होनेसे उसका कल्याण हो जाता है और प्रतिकूल परिस्थितिमें पिछला पाप नष्ट होने और भगवदनुग्रह माननेसे वह द्वेषकी भावनासे बचता है। केवल इतना ही नहीं, यदि वह दुःखमें ईश्वरप्रदत्त तपकी भावना कर ले तो उसका उतना ही सुकृत हो सकता है, जितना तपसे होता है। पर असङ्गता दोनों परिस्थितियोंमें मुख्य है। इस रहस्यको जानकर मनुष्य कर्म-बन्धनसे मुक्त हो सकता है।

वस्तु, परिस्थिति, संयोग, वियोग आदिको भगवत्प्रदत्त मानकर तथा फल और आसक्तिको त्यागकर भगवदाज्ञानुसार केवल भगवदर्थ समत्व-बुद्धिसे कर्म करनेका नाम 'निष्काम कर्मयोग' है। इसीको कर्मयोग, बुद्धियोग या समत्वयोग आदि नामोंसे भी पुकारा जाता है। कर्मयोगका साधक अनुकूल-प्रतिकूल परिस्थितियोंको वस्तुतः 'साधन' मानता है। उसका दृढ़ निश्चय होता है कि भगवान्ने पूर्वकृत कर्मोंके अनुसार हमारा प्रारब्ध बनाकर हमपर अचिन्त्य कृपा की है। यदि मनुष्यके हाथमें कर्म करनेकी स्वतन्त्रताकी तरह ही फल लेनेकी भी स्वतन्त्रता होती तो निषिद्ध कर्मोंका फल कौन भोगता ? भगवान्ने यह फल-विधान अपने अधीन रखकर जो कृपा की है, उसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता। इसलिये प्रतिकूल परिस्थिति जहाँ एक ओर हमें सावधान करती है कि पाप-कर्म न किये जायँ, वहाँ दूसरी ओर भगवत्कृपाकी अनुभूति करनेका सुअवसर भी देती है।

कर्मयोगका रहस्य—

भगवान्ने मनुष्योंके श्रेयके लिये गीतामें कृपापूर्वक कर्म-प्रधान कर्मयोगका मार्ग बताया। 'कर्मयोग'में दो शब्द हैं—'कर्म' और 'योग'। गीतामें समताको 'योग' कहा गया है—

'समत्वं योग उच्यते' (२। ४८)

सिद्धि-असिद्धि, स्तुति-निन्दा, मान-अपमान आदि जितने भी द्वन्द्व हैं, सबमें सम-बुद्धि रखना ही 'योग' है। शास्त्रोक्त कर्तव्योंको साङ्गोपाङ्ग विधिपूर्वक करना 'कर्म' है। परिस्थितिके अनुसार जो कर्तव्य सामने आ उपस्थित हुआ है, वही नियत कर्म है, यही 'कर्म' धर्मका पर्यायवाची भी समझा जा सकता है। अपने स्वाभाविक कर्मोंको निष्कामभावसे करते रहनेसे मनुष्यको परमसिद्धिकी प्राप्ति हो जाती है—

स्वे स्वे कर्मण्यभिरतः संसिद्धिं लभते नरः ॥

× × ×

स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति मानवः ॥

(गीता १८। ४५-४६)

'अपने-अपने कर्ममें लगा हुआ मनुष्य परमसिद्धिको प्राप्त होता है, अर्थात् उसकी देह और इन्द्रियाँ स्वाभाविक कर्म करनेसे शुद्ध हो जाती हैं और उसमें ज्ञाननिष्ठाकी योग्यता आ जाती है। उस परमेश्वरको अपने स्वाभाविक कर्मद्वारा पूजकर मनुष्य परमसिद्धिको प्राप्त होता है।'

स्वाभाविक कर्मोंका 'त्याग' दोष माना गया है—

स्वभावनियतं कर्म कुर्वन्नाप्नोति किल्बिषम् ॥
सहजं कर्म कौन्तेय सदोषमपि न त्यजेत्।

(गीता १८। ४७-४८)

'स्वभावसे नियत किये हुए स्वधर्मरूप कर्मको करता हुआ मनुष्य पापको नहीं प्राप्त होता। अतएव हे कुन्तीपुत्र ! दोषयुक्त भी स्वाभाविक कर्मको नहीं त्यागना चाहिये।'

स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः ॥

(गीता ३। ३५)

'अपने धर्ममें मरना श्रेयस्कर है, दूसरेका धर्म भयको देनेवाला है।'

स्वाभाविक (नियत) कर्म—

स्वाभाविक कर्मका स्पष्टीकरण निम्नाङ्कित श्लोकोंमें हुआ है—

शमो दमस्तपः शौचं क्षान्तिरार्जवमेव च।
ज्ञानं विज्ञानमास्तिक्यं ब्रह्मकर्म स्वभावजम् ॥
शौर्यं तेजो धृतिर्दाक्ष्यं युद्धे चाप्यपलायनम्।
दानमीश्वरभावश्च क्षात्रं कर्म स्वभावजम् ॥

कृषिगौरक्ष्यवाणिज्यं वैश्यकर्म स्वभावजम्।
परिचर्यात्मकं कर्म शूद्रस्यापि स्वभावजम्॥
(गीता १८। ४२-४४)

'अन्तःकरणका निग्रह, इन्द्रियोंका दमन, बाहर-भीतरकी शुद्धि, धर्मके लिये कष्ट सहन करना और क्षमाभाव एवं मन, इन्द्रिय और शरीरकी सरलता, आस्तिक बुद्धि, शास्त्र-विषयक ज्ञान और परमात्मतत्त्वका अनुभव—ये ब्राह्मणके स्वाभाविक कर्म हैं। शूरवीरता, तेज, धैर्य, चतुरता, युद्धमें न भागनेका स्वभाव एवं दान और स्वामिभाव—ये सब क्षत्रियके स्वाभाविक कर्म हैं। खेती, गौपालन और क्रय-विक्रयरूप सत्य व्यवहार—ये वैश्यके स्वाभाविक कर्म हैं और सब वर्णोंकी सेवा करना शूद्रका स्वाभाविक कर्म है।'

अपने-अपने कर्ममें प्रवृत्त रहना मनुष्यका पहला कर्तव्य है।

कर्म करनेकी अनिवार्यता—

मनुष्यका कोई भी क्षण कर्मसे रहित नहीं होता। सभी प्राणी प्रकृतिसे उत्पन्न हुए गुणोंद्वारा परवश होकर कर्म करते हैं—

न हि कश्चित् क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्।
कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः॥
(गीता ३। ५)

कर्म तो करना ही पड़ता है, परंतु यदि ईश्वरद्वारा प्रदत्त विवेकको काममें लाकर कर्म किया जाय तो मनुष्य-जीवन सार्थक सिद्ध होता है। फलकी इच्छासे किये जानेवाले कर्म सकाम होते हैं। लोकमें प्रायः मनुष्य स्वर्गादि उत्तम लोक और सुख-ऐश्वर्य आदि भोग प्राप्त करनेकी दृष्टिसे ही शुभ कर्म करते हैं, जो अपना फल देकर नष्ट हो जाते हैं।

फलमें आसक्ति होनेके कारण ही ये सकाम कर्म बन्धनमें डालनेवाले होते हैं। अतएव भगवान्‌ने कृपा-पूर्वक निष्काम-कर्म करनेका मार्ग श्रेष्ठ बतलाया—

तदर्थं कर्म कौन्तेय मुक्तसङ्गः समाचर॥
(गीता ३। ९)

'हे कुन्तीनन्दन! तुम कर्मफल और आसक्तिसे रहित होकर कर्मोंका ईश्वरार्थ भली प्रकार आचरण करो।'

कर्मयोगी जब फलासक्ति त्यागकर कर्म करता है, तब वह सांसारिक भोग-संग्रहका त्याग कर सेवाके मार्गपर चलता है। त्यागके अभिमानका भी त्याग कर वह समग्रतः सात्त्विक त्यागका अनुष्ठान करता है—

कार्यमित्येव यत्कर्म नियतं क्रियतेऽर्जुन।
सङ्गं त्यक्त्वा फलं चैव स त्यागः सात्त्विको मतः॥
(गीता १८। ९)

'हे अर्जुन! करना कर्तव्य है—इसी भावसे जो शास्त्रविहित कर्तव्य कर्म आसक्ति और फलका त्याग करके किया जाता है—वही सात्त्विक त्याग माना गया है।'

इसलिये कर्तृत्वाभिमान और फलासक्तिको त्यागकर समत्वबुद्धिसे कर्म करना ही कर्मयोगका सार कहा जा सकता है। कर्मयोगकी सुगमताके विषयमें भगवान् श्रीकृष्णने उद्धवजीसे कहा है—

योगास्त्रयो मया प्रोक्ता नृणां श्रेयोविधित्सया।
ज्ञानं कर्म च भक्तिश्च नोपायोऽन्योऽस्ति कुत्रचित्॥
(श्रीमद्भा० ११। २०।

'मैंने ही मनुष्योंका कल्याण करनेके लिये तीन प्र[illegible] योगोंका उपदेश किया है। वे हैं—ज्ञानयोग, क[illegible] और भक्तियोग। इनके अतिरिक्त मनुष्योंके लिये [illegible] प्राप्तिका अन्य कोई साधन नहीं है।' कर्मयोगमें नि[illegible] हुए बिना ज्ञानयोगका अनुष्ठान सम्भव नहीं। क[illegible] कर्मोंको जब भगवत्प्रीत्यर्थ किया जाता है, तब कर्मयो[illegible] भक्ति-मिश्रित कर्मयोग कहलाता है, इसलिये मनुष्यके पहले कर्मयोगका ही अनुष्ठान अभीष्ट और सुगम है।

जब कर्मयोग भगवत्प्रीत्यर्थ हो जाता है [illegible] भक्तियोग आरम्भ होता है। 'कर्मयोगस्तु कामिन[illegible]' (श्रीमद्भा० ११। २०। ७) कहकर कर्मयोगको का[illegible] अर्थात् उन मनुष्योंके लिये सर्वोपयोगी बत[illegible] गया, जो पूर्व-संस्कारवश कामनाओं-वासनाओंका [illegible] अत्यन्त कठिन मानते हैं। जो अत्यन्त विरक्त हैं [illegible] ज्ञानयोग अपना लेते हैं; जो न तो अत्यन्त विरक्त [illegible] न अत्यधिक कामनायुक्त हों, वे भक्तियोगके पथ पर चलते [illegible]

स्वार्थका त्याग कर संसारकी सेवामें प्रवृत्त होना कर्मयो[illegible] सिद्धिका मूल मन्त्र है। इस मन्त्रका अनुसरण कर[illegible] फलोंमें स्पृहा नहीं होगी, फलोंमें स्पृहा न होनेसे म[illegible] जन्म-मरणमें नहीं बँधेगा। भगवान् कहते हैं—

न मां कर्माणि लिम्पन्ति न मे कर्मफले स्पृहा।
इति मां योऽभिजानाति कर्मभिर्न स बध्यते॥
(गीता ४। १[illegible]

'मुझमें अहंकारका अभाव है, इसलिये देहादि[illegible] उत्पत्तिके कारण कर्म मुझे लिप्त नहीं करते [illegible] न उन कर्मोंके फलमें मेरी स्पृहा—लालसा ही है।' [illegible] प्रकार जो मनुष्य भगवान्‌को जान लेता है, वह [illegible] कर्मोंसे नहीं बँधता। भगवदुपदिष्ट इस समत्वयो[illegible] साधन कर मनुष्य परम सिद्धिको प्राप्त कर [illegible] जिसके लिये ईश्वरने करुणापूर्वक इसे नर-देह प्रदान की [illegible]

महिमामयी भगवत्कृपा और पुरुषार्थ

(लेखक—डॉ० श्रीरामचरणजी महेन्द्र, एम्० ए०, पी-एच्० डी०)

'भला, इस विध्वंसकारी युद्धभूमिमें पक्षीके ये नन्हे-नन्हे बच्चे कैसे जीवित बच गये, गुरुदेव!' शिष्योंने महर्षि शमीकसे उत्सुकतापूर्वक पूछा।

महाभारतके भीषण युद्धकालकी घटना है। उस दीर्घ-कालिक प्रलयंकारी युद्धमें असंख्य सैनिक, योद्धा, हाथी, घोड़े आदि मृत्युके ग्रास बने। बहुत दिनोंतक मरने-मारनेका भयानक व्यापार चलता रहा। लगता था, जैसे मनुष्यमें सोया वीर-रस एकाएक जाग उठा हो।

कुरुक्षेत्रकी युद्धभूमि मृत्युके ग्रास बने शत-शत सैनिकों और पशुओंकी लाशोंसे पटी पड़ी थी। निरन्तर रक्त-पातसे युद्धस्थलका वर्ण लाल हो गया था। मरते हुए कुछ सैनिक अन्तिम श्वासें ले रहे थे। युद्धमें कटे-मरे अश्व और हाथी विपुल संख्यामें पड़े थे। कौवे, चील, गिद्ध और कुत्ते लाशोंको नोच-नोचकर मांस खा रहे थे। गीदड़ लाशें झिंझोड़ रहे थे। सर्वत्र मृत्युका ताण्डव था। सामान्य जन-जीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया था। चारों ओर मांसकी दुर्गन्ध फैल रही थी।

अपने शिष्योंको समाज, जीवन और जगत्की जानकारी करानेके अभिप्रायसे महर्षि शमीक उधरसे निकले थे। वे पुस्तकीय ज्ञानकी अपेक्षा वस्तुस्थिति देखकर किये गये अनुभवपूर्ण ज्ञाना-र्जनको ही स्थायी शिक्षा समझते थे। यदा-कदा वे अपने शिष्योंको संसारकी कठोरता और भगवत्कृपाका परिचय दिया करते थे। विद्यार्थी केवल पुस्तकीय शिक्षासे ही नहीं, मानव-जीवन, समाज और विश्वव्यापी प्रतिकूलताओं, कष्टों, संकटोंसे भी परिचित हो जायँ—यही उनका उद्देश्य था। कष्टोंकी भट्ठीमें जलकर ही तो मानव निखरता है। श्मशान-सदृश युद्धस्थलमें शिष्योंने देखा, सर्वत्र प्रलय-जैसा भयावह दृश्य! द्वेष, क्रोध, अहं, अभिमान, स्वार्थ, उपद्रव, हिंसा आदि विविध पापोंद्वारा उत्पन्न हुई दुःखपूर्ण भयावह स्थिति, निरीह घोड़े-हाथियोंका वध, मरते हुए प्राणियोंकी नरक-यन्त्रणाएँ, बहुसंख्यक प्राणिहिंसा, गिद्ध और कौवोंकी काँव-काँव!

शिष्योंकी मनःस्थिति विषादपूर्ण थी। वे दुर्गन्ध-भरी सड़ी लाशोंके बीचसे जाते हुए घृणाका अनुभव कर रहे थे। सभी उदास, अनचाहे मनसे चुपचाप ऋषिके पीछे-पीछे चल रहे थे। कोई बात करनेको न थी। इस विकराल श्मशानमें क्या बात करते। सर्वत्र मौत-ही-मौत, मृत्युकी नीरवता।

एकाएक एक शिष्यने एक ओर देखकर आह्लादित स्वरमें कहा—'गुरुदेव! उधर उन पक्षीके नन्हे-नन्हे बच्चोंको देखिये, वे मरी हुई दुनियामें जीते-जागते नव-जीवनके उमंगभरे संदेशवाहक हैं। अहा! ये पक्षी एक ओर छिपे कैसे आनन्द ले रहे हैं। लगता है, इस महानाशका तनिक भी प्रभाव उनपर नहीं हुआ। नव-जीवनकी मधुर मुस्कानसे कैसे फुदक रहे हैं। महानाशकी कालरात्रिके बाद यहाँ फिर सुनहरा प्रभात उदित हो रहा है। इन पक्षियोंमें नयी आशा और जीवनप्रेरणा है, उमंग है। यह सब क्या है, गुरुदेव? इस महानाशमें ये बच्चे कैसे बच गये?'

× × ×

ऋषि शमीक तथा समस्त शिष्योंका ध्यान मुर्दोंकी विकृतिसे हटकर मोहक नव-जीवन-प्रतीक चिड़ियाके नन्हे-नन्हे बच्चोंकी ओर आकृष्ट हुआ। सचमुच वे नयी उमंग—नयी तरंगसे चहक रहे थे।

उन्होंने उन नन्हे पक्षिशावकोंके आशाभरे स्वरमें नव-जीवनका प्रभात देखा। एक ओर मृत्युका भीषण अट्टहास था, दूसरी ओर जीवनकी स्वर्णिम लालिमा, आशा, उत्साह!

कुछ देरतक उन सबका मन क्षणिक आह्लादसे परिपूर्ण हो उठा। वे बड़े आश्चर्यसे कुछ सोच रहे थे—'ये बच्चे कैसे बच गये? कोई इनका संरक्षक नहीं, मृत्युके बीच जीवन?'

ऋषिने पूछा—'तुम सब आश्चर्यमें क्यों हो?'

शिष्य—'गुरुवर! एक शङ्का मृत्युके इस विषादपूर्ण वातावरणमें बिजलीके प्रकाशकी तरह हमारे मनमें कौंध उठी है। पूछे बिना नहीं रहा जा रहा है? आज्ञा हो तो पूछूँ?'

ऋषि—'पूछो, शंका-निवारणसे ही ज्ञानवृद्धि होती है। विवेक जाग्रत् होता है।'

शिष्य—'गुरुदेव! कृपा कर यह बतायें कि इस घमासान युद्धमें भी ये नन्हे बच्चे कैसे जीवित बच गये?'

ऋषि शमीक कुछ क्षणतक सोचते रहे। फिर अपने अन्तश्चक्षुओंसे उन्होंने पक्षि-शावकोंके विगत जीवनकी सारी वस्तुस्थिति जान ली। पक्षियोंका पूर्व-जीवन चलचित्रके समान उनके मानस-पटलपर आ गया।

ऋषि बोले—'शिष्यो! महाभारतके भीषण युद्धके समय संयोगसे आकाशमार्गमें उधरसे जाती हुई एक गर्भवती चिड़िया अर्जुनका तीर लगनेसे घायल होकर युद्ध-भूमिमें गिर पड़ी। मरनेसे पूर्व उसने ये अण्डे प्रसव किये। भगवत्कृपासे एक घायल हाथीके गलेमें बँधा हुआ घण्टा टूटकर उन अण्डोंपर इस प्रकार गिरा कि उनकी प्राण-रक्षा हो गयी। सुरक्षित होकर वे अण्डे परिपक्व हुए और चिड़ियाके ये बच्चे पुरुषार्थद्वारा मिट्टी हटाकर (घण्टेके नीचेसे) निकल आये। अब ये जीनेके लिये संघर्ष कर रहे हैं।'

यह रहस्य सुनकर सब शिष्य आश्चर्यसे फिर पक्षिशावकोंको देखने लगे। वे 'चीं-चीं!' करके चुग्गा माँग रहे थे।

शिष्य—'ऋषिवर! अब हम क्या करें? हमारा क्या कर्तव्य है इन पक्षि-शावकोंके प्रति।'

ऋषि—'शिष्यो! इन नन्हे जीवोंको उठा लो! लगता है, भगवान्‌ने कृपा कर इनके संरक्षणके लिये ही हमें यहाँ भेजा है।'

शिष्योंने फुदकते चीं-चीं करते हुए बच्चोंको कोमलतासे उठा लिया।

'इन्हें आश्रममें ले चलो और वात्सल्यपूर्वक माताकी तरह पालन-पोषण करो। भगवत्कृपासे इस महानाशमें भी इन अबोध जीवोंकी रक्षा हो गयी है। वे बचानेवाले कितने महान् हैं! प्रलयमें भी नवीन सृष्टिका कोमल सूत्र—नये जीवोंका सुखद आवागमन! कैसी चमत्कारपूर्ण लीला है दैवकी! महिमामयी भगवत्कृपाके अनन्त सिर, अनन्त चक्षु और अनन्त हाथ हैं। यह सारी सृष्टि उसीका रूप है, उसीके द्वारा रचित है, वह सदैव सर्वत्र जीवरक्षाके लिये तत्पर रहती है। भावी सृष्टिके बीजरूप—ये पक्षिशावक भगवत्कृपासे जीवन-क्षेत्रमें उतरना चाहते हैं। सहयोग देनेमें हम क्यों पीछे रहें?'

शिष्यने शङ्का की—'गुरुवर! जिस महिमामयी भगवत्कृपाने इन पक्षियोंकी विकट मृत्युके मुँहमें पड़नेसे रक्षा की है, क्या वह भविष्यमें भी इनका भरण-पोषण और रक्षण नहीं करेगी?'

ऋषि बोले—'शिष्यो! सब कुछ भगवत्कृपासे ही होता है, फिर भी हमें अपने भावी कर्तव्य और सांसारिक दायित्वको वहन करना चाहिये। दैवने मनुष्यको सामर्थ्य और पुरुषार्थकी असीम शक्तियाँ इसीलिये दी हैं कि अपनी प्राण-रक्षाके लिये, उन्नति और प्रगतिके लिये वह स्वयं प्रयत्न करे। भगवत्कृपाका आश्रय लेकर निष्क्रिय और आलसी न बने। स्वयं भी जीनेके लिये प्रयत्न करे, संकटसे युद्ध करे, आत्मरक्षा करे, अपने मनोबलको कभी घटने न दे। भगवत्कृपा तो सदैव साथ है ही।'

शिष्योंने तत्त्वका और स्पष्टीकरण चाहा।

ऋषि कहने लगे—'शिष्यो! दैवेच्छा है कि हम अपने पुरुषार्थसे जियें और फिर निर्बलोंकी रक्षा करें। उनमें वह शक्ति उत्पन्न करें कि वे स्वयं जीवित रह सकें। जीवनमें सफलता प्राप्त करनेके लिये हमें शरीर, मन और आत्माद्वारा कठिनाइयों और प्रतिकूलताओंसे जूझना होगा। जीवनको विजयी बनाना होगा। जीवोंमें मरनेवालोंसे जीनेवाले सदैव अधिक रहें, इसके लिये शुभ कर्म करो। शरीर और मनको कर्ममें पूर्णरूपसे लगा दो। अपने कर्ममें, पुरुषार्थमें कोई कमी न आने दो। भगवत्कृपाका प्रकाश तो भीतर प्रदीप्त है ही। तुम्हारा शरीर निरन्तर कार्य (पुरुषार्थ)में लगा रहे। ईश्वर तुम्हारे माध्यमसे प्रकट हों। तुम्हारे सब कार्य ही ईश्वरपूजाके रूप हैं। ऐसा प्रयत्न करो कि ईश्वरत्व तुम्हारे भीतरसे कर्मोंद्वारा चमकने लगे। ईश्वरमें रहो, ईश्वरमें विश्वास करो, ईश्वरका साक्षात् करो। भगवत्कृपा-प्राप्तिके मार्गमें यह आत्मनिर्भरता अमित सहायक सिद्ध होती है।'

"समझ गये गुरुदेव! आपका तात्पर्य है कि 'हम भगवत्कृपाका आश्रय लेकर पुरुषार्थ करें। भगवत्कृपाका सहारा लेकर अपना मनोबल और पुरुषार्थ स्वयं जाग्रत् करें, प्रतिकूलताओंसे स्वतन्त्र कर्मद्वारा उन्नति करनेकी प्रेरणा लें। भगवत्कृपा सदैव सबपर समानरूपसे बरस ही रही है।"

शिष्यगण प्रसन्नतापूर्वक उन पक्षिशावकोंको आश्रममें ले गये। इन्हींके माध्यमसे आज उन्हें महिमामयी भगवत्कृपा और पुरुषार्थका स्वरूप विदित हो गया था।

प्रारब्ध और भगवत्कृपा

(लेखक—आचार्य श्रीविश्वम्भरजी द्विवेदी)

प्रारब्धको भगवत्कृपाके साथ रखकर देखने-परखनेकी कल्पना ही बड़ी विचित्र है। ज्योतिषशास्त्र, स्मृति, कर्मविपाक एवं पूर्व-मीमांसा आदि ग्रन्थोंमें हमें प्रारब्ध-कर्मके विषयमें गहन एवं गम्भीर विचार प्राप्त होते हैं। आचार्य कुमारिल एवं प्रभाकर गुरुने शास्त्रीय पद्धतिसे इस विषयपर अति गम्भीर विचार किया है। ये विद्वान् प्रायः मानवके कर्मको ही उनके सुख-दुःखरूप फलोंका स्वतन्त्र उत्पादक मानकर कर्मसे भिन्न किसीको, ईश्वरतकको भी स्वीकार नहीं करते। मीमांसक लोग कर्मको ही ईश्वर मानते हैं[1]। वे प्रारब्धके लिये 'अदृष्ट' एवं 'अपूर्व' आदि शब्दोंका भी व्यवहार करते हैं।

पर हमारा 'प्रारब्ध' शब्दसे पूर्व-मीमांसाके 'अदृष्ट' और 'अपूर्व'का अभिप्राय नहीं है। यहाँ तो 'प्रारब्ध' शब्दका सीधा-सादा एवं लोकप्रचलित अर्थ भाग्य, दैव, किस्मत, डेस्टिनी (Destiny), लक (Luck) आदि ही लिया गया है; क्योंकि साधारणतया सभी लोग इन शब्दोंका एक सुनिश्चित अभिप्रायसे भाग्यके अर्थमें ही प्रयोग करते हैं। लोकमानसकी उसी धारणाके साथ यहाँ भगवत्कृपाके माहात्म्यको समझनेका प्रयास किया जा रहा है। इसी 'प्रारब्ध' शब्दको कभी-कभी उच्च साहित्यिक भाषामें नियतिका विधान भी कह दिया जाता है, किंतु उक्त शब्दोंकी मूलधारणामें प्रायः कोई मतभेद नहीं है।

प्रायः यह प्रश्न किया जाता है कि जब सब कुछ सर्वदा भगवत्कृपासे ही घटित होता है, तब उसे भगवत्कृपा न कहकर प्रारब्ध अथवा नियतिका विधान ही क्यों न कहा जाय ? वास्तवमें यह आशङ्का असमीचीन और असङ्गत है। भगवत्कृपाको कभी प्रारब्ध मानकर उपेक्षित नहीं किया जा सकता, इसके अनेक कारण हैं—

प्रारब्ध व्यक्तिके अपने ही जन्मान्तरघटित कर्मोंका परिणाम है। यह मानवके शुभाशुभ एवं सुख-दुःखमय जीवनके प्रवाहमें स्वयं प्रवाहित है और प्राणी भी विवश हो इसी प्रवाहमें प्रवाहित हो जाता है। ऐसे अनिश्चित और अस्थिर 'प्रारब्ध'पर निर्भर रहनेवाले लोग आलसी और कायर बनकर अपने अमूल्य जीवनको निष्फल कर डालते हैं। यह उनकी नासमझी है; वस्तुतः प्रारब्ध और पुरुषार्थका आपसमें विरोध नहीं है। प्रारब्धका तात्पर्य चिन्तारहित होनेमें है और पुरुषार्थ (उद्योग)का तात्पर्य नित्य-निरन्तर कर्तव्य कर्ममें लगे रहनेमें है। भगवत्कृपा वैयक्तिक न होकर सार्वजनीन है। वह न वैयक्तिक कर्मसे सिद्ध है, न कालसे। वह त्रिकालाबाधित है। वह न सांयोगिक है, न परिस्थितिजन्य और न दुःखरूपा है, न मोहरूपा। वह कोई संकीर्ण अथवा मर्यादित प्रवाह भी नहीं है, अतः वह न स्वयं किसी प्रवाहकी भाँति बहती है और न बहाती है। भगवत्कृपा स्वरूपतः अनादि और अनन्त है। वह विश्वव्यापक मेघरूपा है, जिसका अमृतवर्षण कभी समाप्त नहीं होता और सर्वत्र समानरूपसे प्रवृत्त रहता है।

इसके अतिरिक्त भगवत्कृपासे प्रारब्ध बदल सकता है, किंतु प्रारब्ध भगवत्कृपाके विधानमें कभी कोई परिवर्तन नहीं कर सकता। अजामिल, गीध, गणिका आदिके प्रारब्ध अच्छे नहीं कहे जा सकते, किंतु भगवत्कृपासे वे तर गये। भगवत्कृपाके समक्ष यमराजके कठोर शासनने भी घुटने टेक दिये[2]।

प्रारब्धवादी सदैव संशय और आशङ्काओंसे दुःखी रहता है; क्योंकि उसे स्वयं अपने ही भाग्यके विधानका कुछ पता नहीं रहता[3], किंतु भगवत्कृपापर निर्भर रहनेवाला व्यक्ति सदा ही संशयों एवं आशङ्काओंसे रहित तथा प्रसन्न रहता है। भले ही परिस्थितियाँ उसके अनुकूल हों अथवा प्रतिकूल। भक्त प्रह्लादका सम्पूर्ण जीवन अनुकूल-प्रतिकूल घटनाओंका खिलौना-सा बना रहा; परंतु वह भगवत्कृपाकी गोदमें मुस्कराता ही रहा। उसके लिये विष अमृत बन गया, काँटे पुष्प बन गये और अग्नि शीतल चन्दन बन गयी। भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुनसे कहते हैं—

१. कर्मेति मीमांसकाः। (हनुमन्नाटक १ । ३)

२.—देखिये—अजामिलोपाख्यान। (श्रीमद्भा० ६ । १-२)

३.—''' '''पुरुषस्य भाग्यं देवो न जानाति कुतो मनुष्यः। (भोजप्रबन्ध १८३)

'कौन्तेय प्रति जानीहि न मे भक्तः प्रणश्यति ।'
(गीता ९ । ३१)

'हे अर्जुन ! तुम निश्चयपूर्वक जान लो कि मेरे भक्तका कभी नाश नहीं होता ।'

इस प्रकार प्रारब्ध और भगवत्कृपाकी फल-व्याप्तिमें बहुत अन्तर है । प्रारब्धका सम्बन्ध केवल बाह्य जीवनके परिणामसे है, जबकि भगवत्कृपा मुख्यतः हमारे आन्तरिक जीवनको विकसित करती हुई प्रवाहित होती है ।

भगवत्कृपामें अपरोक्षानुभूतिजन्य भगवत्प्राप्ति ही प्रमाण है, जबकि प्रारब्धकी प्रामाणिकता संदिग्ध है, उद्योगके परिणाममें कोई निश्चित नियम नहीं है । एक ही परिणामको भाग्यवादी प्रारब्धका फल मानता है तो उद्योगवादी उद्योगका, जबकि भगवत्कृपाका निश्चित फल भगवत्प्राप्ति, तत्त्व-साक्षात्कार या मोक्ष है ।

भगवत्कृपा नैमित्तिक नहीं होती, अपितु वह भागवत-आनन्दका सतत-प्रवाही पावन प्रवाह है, परंतु प्रारब्ध सदा नैमित्तिक ही रहता है । प्रारब्ध पूर्व-कर्मोंका परिणाम है और प्रारब्ध बनानेवाले सकाम कर्म बिना किसी निमित्तके हो ही नहीं सकते ।

भगवत्कृपा एक दर्शन है, भाव अर्थात् भावनात्मक वृत्तिमात्र नहीं । अतएव भक्तिदर्शनमें ह्लादिनी, संवेदिनी आदि भगवच्छक्तियोंका वर्णन है । श्रीमद्भागवतमें अनुकम्पाके इसी दर्शनके समीक्षण अर्थात् आलोचनके अनेक स्थल उपलब्ध होते हैं, प्रतीक्षणके नहीं, किंतु इसके विपरीत प्रारब्धके लिये प्रतीक्षा आवश्यक है । अनेक बार तो जीवनके अनेक वर्ष अथवा सम्पूर्ण जीवन ही प्रतीक्षामें व्यतीत हो जाता है और जीवनका पुरुषार्थ निष्क्रिय प्रमाणित होता है । ऐसे लोग यही सोचते रह जाते हैं कि जब भाग्य जागेगा, तब अपने-आप ही सब ठीक हो जायगा । कुछ पुरुषार्थी लोग अपने भाग्यका परीक्षण भी करते हैं, परंतु उस परीक्षणमें पुरुषार्थ करना अनिवार्य होता है । पुरुषार्थ करते समय उन्हें अनेक कठिनाइयोंका सामना करना पड़ता है, वे कठिनाइयाँ भगवत्कृपासे स्वतः दूर होती रहती हैं । उस समय पुरुषार्थशील व्यक्तिको चाहे भगवत्कृपाकी प्रतीति हो अथवा न हो, परंतु वह तो उसे सदा बढ़ावा ही देती रहती है ।

भगवत्कृपा तो हमारे आन्तरिक अस्तित्वकी सहवर्तिनी है । वह कहीं बाहरसे नहीं आती । वह हमारे अन्तर्जगत्‌की दार्शनिक विशेषता है । वह हममें ईश्वरके अंशभूत जीवके रूपमें कारण-कार्यभावसे व्याप्त है । गोस्वामी तुलसीदासजी कहते हैं—

ईस्वर अंस जीव अबिनासी । चेतन अमल सहज सुखरासी ।
(मानस ७ । ११६ । १)

इसके विपरीत प्रारब्ध हमारे भौतिक अस्तित्वका एक क्षुद्र नियामक मात्र है । भगवत्कृपासे उसे पदच्युत, परिवर्तित या नष्ट भी किया जा सकता है[4] । वह हमारे अज्ञानके ही आवरणोंमेंसे एक है, जो हमारे स्वरूप-ज्ञान किंवा आत्मबोधकी दिशामें अनावश्यक एवं अत्यन्त हानिकारक विलम्ब उत्पन्न किया करता है ।

भारतीय संस्कृतिका एक संदेश है, जो हमें भगवत्कृपाकी छायामें सर्वदा व्यथाओंसे रहित होकर भाग्य अथवा प्रारब्धकी प्रतीक्षा किये बिना पुरुषार्थमय जीवनमें आगे बढ़ते रहनेके लिये प्रेरित करता रहता है—

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान् निबोधत ।
(कठोप० १ । ३ । १४)

('अरे अविद्याग्रस्त लोगों !) उठो, (अज्ञान निद्रासे) जागो और श्रेष्ठ पुरुषोंके समीप जाकर ज्ञान प्राप्त करो ।'

ऊपरकी प्रेरणामें पहले उत्थान और जागरणका पुरुषार्थ किंवा उद्योगका उपदेश है, तदनन्तर अनिष्ट भाग्यके सौभाग्यमें परिवर्तित हो जानेकी सम्भावनाका आशा-संकेत है और दोनोंमें संतुलनके लिये भगवान्‌की 'संधि' कृपाका पुट भी निहित है । वस्तुतः व्यथाओंके बीचमें व्यथाओंसे रहित होकर जीवित रहनेका दिव्य साहस उसीके जीवनमें जागरित होता है, जो एक क्षणके लिये भी अपनेको भगवत्कृपाकी छायासे बाहर नहीं समझता ।

अतः भगवत्कृपाको प्रारब्ध समझना भूल है । भगवत्कृपा 'कृपा' ही है, जो प्राणिमात्रके लिये एक समान है और प्रारब्ध प्रारब्ध ही है, जो व्यक्ति-व्यक्तिमें भिन्न-भिन्न होता है ।

---

४. जौं तपु करै कुमारि तुम्हारी । भाविउ मेटि सकहिं त्रिपुरारी ॥ (मानस १ । ६९ । ३)
मंत्र महामनि बिषय ब्याल के । मेटत कठिन कुअंक भाल के ॥ (मानस १ । ३२ । ५)

देश-भक्ति और भगवत्कृपा

(लेखक—श्रीहरिश्यामजी 'पारथ')

पारिभाषिक दृष्टिकोणसे अपनी भौगोलिक सीमाके आधार-पर अन्य भू-भागोंसे पृथक् किया हुआ, विशिष्ट संस्कृति, धर्म, सामाजिक व्यवस्था एवं शासन-प्रणालीसे युक्त भू-खण्ड देश कहलाता है। भक्तिका अर्थ है—उपासना, अनुरक्ति, सेवा, सम्मान, पूजा, श्रद्धा आदि। इस प्रकार देशकी उपासना, देशमें अनुरक्ति, देशकी सेवा, देशकी पूजा, देशके प्रति श्रद्धा आदि 'देश-भक्ति'के सामान्य अर्थ कहे जा सकते हैं।

देश-भक्तोंने भगवत्कृपाका सम्बल लेकर सदा ही देश-सेवा की है। देश-भक्त देशको ही अपना सर्वस्व मानते हैं। आदिकालसे भारतीय देश-भक्तोंने इस भू-भागको त्याग और तपसे इतना पावन बना डाला है कि सुर, नाग, किंनर आदि दिव्यलोकवासी भी यहाँ जन्म पाकर अपनेको धन्य समझते हैं, जिन्हें जन्म नहीं मिलता था, वे भारत-पुत्रोंपर भगवान्‌का अनुग्रह स्वीकार करते हुए कहते हैं—

> अहो अमीषां किमकारि शोभनं
> प्रसन्न एषां स्विदुत स्वयं हरिः।
> यैर्जन्म लब्धं नृषु भारताजिरे
> मुकुन्दसेवौपयिकं स्पृहा हि नः॥
> (श्रीमद्भा० ५। १९। २१)

'अहा! जिन जीवोंने भारतवर्षमें भगवान्‌की सेवाके योग्य मनुष्य-जन्म प्राप्त किया है, उन्होंने कौन-सा श्रेष्ठ पुण्य किया है अथवा उनपर स्वयं श्रीहरि ही प्रसन्न हो गये हैं। इस परम सौभाग्यके लिये तो हम भी निरन्तर तरसते रहते हैं।'

देवताओंका किसी भू-भागपर जन्म लेनेके लिये लालायित होना उस देशपर भक्तवत्सला भगवत्कृपाका ही द्योतक है।

देश-भक्तोंकी मान्यता है—**'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी'** अर्थात् जननी और जन्मभूमि स्वर्गसे भी श्रेष्ठ है।

परवर्ती कालमें विश्वके अनेक देशोंमें अपने-अपने देशको पितृ-देवके रूपमें माननेकी परम्परा प्रारम्भ हुई। बहुत-से देशोंमें देशकी भूमिको जननी मानकर मातृभूमिके रूपमें वन्दनीय माना गया। पितृभूमि या मातृभूमि देश-भक्तोंकी [illegible] हुआ करती थी। आधुनिक कालमें भी प्रायः उसी प्रकारकी मान्यताएँ पूर्ववत् चली आ रही हैं। **'मातृदेवो भव', 'पितृदेवो भव'** (तैत्तिरीय० १। ११। २) आदि श्रुति-वाक्य मातृ-पितृ-भूमिको 'ईश्वर'के समक्ष लाकर खड़ा कर देते हैं। इस प्रकार देश-भक्ति प्रकारान्तरसे ईश-भक्ति अथवा भगवत्कृपा-याचनाके सदृश ही ठहरती है। इन मान्यताओंका आधार भगवत्कृपा ही मानी जाती है।

प्रत्येक देश-भक्तकी देश-भक्तिका अवलम्ब किसी-न-किसी रूपमें भगवत्कृपा ही रही है। विश्वकी वाक्-शक्तिको चुनौती देनेवाले महान् संत एवं देश-भक्त स्वामी विवेकानन्दजीका अन्तिम संदेश भी देश-वासियोंको यही संकेत देता है कि भगवान्‌की महती अनुकम्पासे ही देशकी आवश्यकताओंकी पूर्ति सम्भव है—

'शरीर नाशवान् है, परंतु आत्मा अमर है, उसका कार्य कभी नहीं रुकता। देशकी शेष इच्छाओंको आपलोग पूर्ण करें, भगवान् आपकी सहायता करेंगे।'

योगी अरविन्दको देश-सेवाकार्यके माध्यमसे ही भगवत्कृपाकी अनुभूति हुई। अलीपुर कारावासकी जनशून्य कालकोठरीमें बैठे क्रान्तिकारी अरविन्द विवशताकी हथकड़ियोंसे जकड़े हुए अपने हाथ ऊपर उठाकर प्रभुकी अप्रत्याशित कृपाकी याचना करते थे। उन्हें इस असह्य संकटमें निस्सहाय पुकारते हुए तीन दिन व्यतीत हो गये। भगवत्कृपाकी अहैतुकतामें विश्वासके चरण डगमगा ही रहे थे कि मानसिक संक्रान्तिके उस भयंकर अन्तर्द्वन्द्वका हृदय वेधती हुई एक अन्तर्ध्वनि गूँजती है—'ठहरो! देखो, क्या होता है।' वे किंचित् विचलित हुए कि उसी समय पुनः एक अन्तर्नाद प्रतिध्वनित हुआ—'तुम्हें सारे कार्य छोड़कर एकान्तवास करना है।' भगवत्कृपासे किसीने उन्हें भेंटस्वरूप गीता प्रदान की। सम्भवतः गीताके **'मत्तः परतरं नान्यत्किंचिदस्ति'** (७। ७) 'इस जगत्‌में मेरे अतिरिक्त कोई दूसरी वस्तु नहीं है'—जैसे भगवद्वाक्य उनके मन-मस्तिष्कके अणु-अणुमें परिव्याप्त हो गये हों, तभी तो उन्हें पहरेदार तथा अन्य बंदी-गण—सभी वासुदेवस्वरूप दिखायी देने लगे। उन्होंने लिखा है—

'मैंने जेलके कैदियों, चोरों, हत्यारों और बदमाशोंको और देखा, सब वासुदेव दिखायी पड़े। उन मलिन आत्माओं और अपव्ययहत शरीरोंमें मुझे नारायण दीखे।' उन नाराय

उन्हें जेलकी ही नहीं, आवागमनकी सीमाओंके भी पार मुक्त लोकमें प्रतिष्ठित कर दिया।

देशमें सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षिक क्रान्ति लानेवाले होनेके कारण जब कोई व्यक्ति महामना माल्वीयजीकी प्रशंसा करता था, तब वे लोगोंको समझाते थे—'यह मेरा सामर्थ्य नहीं है। इसमें मैंने क्या किया है, यह सब तो उन भगवान् विश्वनाथजीकी कृपा है।'

राष्ट्रपिता महात्मा गांधीका जीवन देशकी स्वतन्त्रताके लिये संघर्ष करते बीता। विदेशी तो कष्ट देते ही थे, भारतीय भी जब उनका विरोध करते थे, तब कभी-कभी तो शरीर, मन एवं बुद्धि भी उनका साथ देनेसे नकार देते थे। ऐसी विषम परिस्थितिमें देशकी सेवाका व्रत कैसे निभ सका, इस विषयमें वे लिखते हैं—

'मैंने देखा है, जब सारी आशाएँ टूट जाती हैं, कुछ भी करते-धरते नहीं बनता; तब कहीं-न-कहींसे सहायता आ पहुँचती है।'

इस 'कहीं-न-कहींसे'का अन्तरङ्ग भाष भगवत्कृपा ही है।

देश-भक्त खुदीरामजीको फाँसीका आदेश हुआ। इतिहासके पृष्ठ इस बातके साक्षी हैं कि फाँसीके दिन भी वे अपने जीवनसे हताश नहीं थे। दैनिक व्यायामके पश्चात् नित्यकी भाँति ही उन्होंने ईश्वरकी आराधना की। श्रद्धालु दर्शकोंने उनसे प्रश्न किया—'क्या आपको अपनी मृत्युका दुःख नहीं है।' वे सदाकी भाँति हँसते हुए-से बोले—

'आपको यह भ्रम है कि मैं मरने जा रहा हूँ। मुझे मालूम है कि यह फाँसीका रस्सा नहीं है, यह उन जगदीश परमेश्वरकी कृपा-डोर है, जिसके सहारे मैं मृत्युको पारकर अमृत पीने जा रहा हूँ। क्या ये फिरंगी मुझे मार सकेंगे ?' कितना दृढ़ भगवद्विश्वास है! उनके उपर्युक्त वाक्योंसे स्पष्ट है कि वे देश-सेवा और भगवत्सेवामें किंचिन्मात्र भी भेद नहीं समझते थे। देश-सेवासे भगवत्प्राप्ति होती है, इसमें उनको तनिक भी संदेह नहीं था।

फाँसीके पूर्व नियमानुसार उनका वजन लिया गया। लोग आश्चर्यचकित थे, उनका वजन पहलेकी अपेक्षा कुछ बढ़ गया था।

आज देश-भक्त खुदीरामपर भगवत्कृपा बरस रही थी। लोगोंकी दृष्टिमें फाँसी भयावह मृत्यु थी, किंतु उनकी दृष्टिमें प्रभु-मिलनका माध्यम था। धन्य!

देश-भक्त 'नेपोलियन'की माँ अपने पुत्रको वीरतापूर्ण उपदेश देते हुए कहा करती थी—

'फ्रांस देश ही तेरा पिता है। इसकी सेवा करना ही तेरा धर्म है, परमात्माकी कृपाका भरोसा कर कि वे तुझे अपने पिताकी सेवा करनेका सामर्थ्य प्रदान करें। मैं अपने पतिके मरणसे विधवा नहीं हूँ, यदि देशका विनाश हो गया तो विधवा हो जाऊँगी, ईश्वर तेरी रक्षा करे।'

वाटर लूके युद्धमें पराजयके पश्चात् जिस समय नेपोलियन सेन्ट हेलना-जैसे छोटे-से दुःखद टापूमें बंदीके रूपमें भेजा जा रहा था, उस समय वह फ्रांस देशको प्रणाम करते हुए अपने दे… और भगवान्से कहता है—

'हे वीर फ्रांस! तुम्हें मेरा प्रणाम है। माता भूमि! आज तुमसे विदा होता हूँ। हे परमात्मन्! यों मारना था तो क्यों तोपके एक गोलेसे ही मेरा काम तमाम न किया। क्यों इतने समरोंमेंसे मुझे बचा लाया; किं… नहीं, यह तेरी असीम कृपा है कि बंदीके रूपमें ही स… पर तूने मेरा समर्पण तो स्वीकार किया।'

'मुसोलनी' भी भगवत्कृपाको ही पहला साक्षी बना… अपने दलका घोषणा-पत्र प्रस्तुत करता है—

"हम परमात्मा तथा अपने पाँच लाख मृतकोंकी साक्षी… कहते हैं कि हमको केवल एक ही कारण प्रेरित करता है, हम… अंदर केवल एक ही भाव जाग्रत् है कि 'हे परमात्मन्! ते… कृपासे हमारे देशका महत्त्व बढ़े और उसकी रक्षा हो।"

वह पार्लियामेंटको दी गयी चेतावनीमें भी भगवत्कृपा माँग करते हुए कहता है—

'हमारी सरकारकी विचित्र रचना राष्ट्रका अन्तरात्मा… हमारी पितृ-भूमि एक सूत्रमें बँधी हुई है—हमको बात न… देशकी समृद्धि और प्रतिष्ठाके लिये शुद्ध हृदयसे कार्य कर… चाहिये। परमात्मा कठोर परिश्रमसे उत्तम परिणा… निकलनेमें सहायता दें।'

विश्वविजयकी महत्त्वाकाङ्क्षासे भरा हुआ 'हिटलर' तूफा… दलपर गोली-वर्षामें स्वयं घायल हुआ। गोली चलानेवा… सिपाहीद्वारा पकड़ा जानेपर मुकदमेमें इतिहासको… देवता मानकर उसकी कृपाका भरोसा रखते हुए उस… अन्तमें कहता है—

'………सत्य और कानूनका देवता इतिहा… जिस फैसलेको फाड़कर फेंकते समय मुस्कुरायेगा, उस दिन…

वह हम सबको निर्दोष और कर्तव्यपरायण ही घोषित करेगा। यदि ईश्वर है तो वह न्याय करनेकी कृपा अवश्य करेगा।'

विश्वके महान् दार्शनिक सुकरात, जो एक छोटे-से राज्य 'एथेन्स'की धार्मिक उन्नतिके लिये मृत्युदण्डसे भी भयभीत न हुए। इस निर्भीकताका कारण भगवत्कृपा ही थी, जिसकी अनुभूति करानेके लिये वे दण्डदाता न्यायाधीशोंसे कहते हैं—

'…मेरे न्यायाधीशो! तुम भी अपनी मृत्युका हिम्मतके साथ सामना करना और इस सत्यमें विश्वास रखना कि सच्चे मनुष्यका इस जन्ममें या उसकी मृत्युके बाद कभी अहित नहीं होता। ईश्वर उसकी सचाईका पुरस्कार दिये बिना नहीं रहेगा। जीवन श्रेयस्कर है या मृत्यु, यह तो ईश्वर, केवल ईश्वर ही जानता है।'

इस प्रकार अतीतसे वर्तमानतक देश-भक्तिके मार्गपर निर्भीकतापूर्वक चले आ रहे देश-भक्तोंपर यदि हम दृष्टिपात करें तो हमें अगणित पथिक भगवत्कृपाका पाथेय लिये हुए यात्रारत मिल सकते हैं, अनेक देश-भक्त अपनी यात्रा पूरी कर पदचिह्न छोड़ भगवत्कृपालीन हुए मिल सकते हैं। पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, रानी लक्ष्मीबाई, नेताजी सुभाषचन्द्र, चन्द्रशेखर आजाद, भगतसिंह आदि विदेशियोंमें इब्राहिम लिंकन आदिके संस्मरणोंमें इन सबकी देश-भक्तिपरक प्रत्येक क्रिया भगवत्कृपा-जनित एवं भगवत्कृपाके अधीन ही देखनेमें आती है। एक सैनिक अपने अन्तिम श्वासके हिचकोलेंमें भगवान्‌की कृपाकी ही भिक्षा माँगता है—

ईश्वर तेरी अमित कृपा जो दिया जन्म इस देशमें।
तेरी अनुकम्पा है मेरे इस अन्तिम संदेशमें॥
बहुत अनुग्रह किया, और इतना कर देना मेरे नाथ!
जड़ चेतन कुछ भी करना पर देना जन्म स्वदेशमें॥

कृपा-अवलम्ब

क्षमामयी, तू दयामयी है, क्षेममयी है,
सुधामयी, वात्सल्यमयी, तू प्रेममयी है।
विभवशालिनी, विश्वपालिनी, दुःखहर्त्री है,
भयनिवारिणी, शान्तिकारिणी, सुखकर्त्री है।

हे शरणदायिनी देवि! तू करती सबका त्राण है,
हे मातृभूमि! संतान हम तू जननी, तू प्राण है॥ १॥

मृतक समान अशक्त विवश आँखोंको मींचे,
गिरता हुआ विलोक गर्भसे हमको नीचे।
करके जिसने कृपा हमें अवलम्ब दिया था,
लेकर अपने अतुल अङ्कमें त्राण किया था।

जो जननीका भी सर्वदा थी पालन करती रही,
तू क्यों न हमारी पूज्य हो, मातृभूमि, मातामही!॥ २॥

—राष्ट्रकवि श्रीमैथिलीशरण गुप्त

लोकसंग्रह और भगवत्कृपा

(लेखक—श्रीवाल्मीकिप्रसादजी मिश्र, एम्० ए०, एम्०एड्०)

बाबाके वेषमें मानो वह मूर्तिमान् करुणा-रस ही था। सरयूके सुन्दर पुलिनमें झाऊकी झाड़ियोंमें बैठे, धार-धार आँसू बहाते वे तप्तकाञ्चन-गौराङ्ग रामानन्दी साधु तालस्वरसे पुकार रहे थे—'राम-राम-राम।' पुलिन-प्रान्तकी नील-रेणुको अञ्जलिमें भरकर, नमनकर, श्रद्धासे निहारने लगे थे वे। नील ज्योति पुञ्जीभूत हुई और प्रकट हो गये उस प्रभा-पुञ्जसे उनके आराध्य, नील-सुन्दर, भक्त-उर-चन्दन श्रीरघुनन्दन। बाबाका वक्षःस्थल निर्झरित अश्रु-विन्दुओंसे भीग चुका था। वे आत्माभिव्यक्ति प्रस्तुत कर रहे थे—

सकल अंग पद बिमुख नाथ मुख नामकी ओट लई है।
है तुलसिहिं परतीति एक प्रभु-मूरति कृपामई है॥

(विनयप० १७० । ७)

नव-दूर्वादल-श्याम श्रीरामके कोमल करकमल अश्रु-प्रोक्षण कर रहे थे, सात्त्विक रोमाञ्चके पश्चात् एक समाधिकी-सी स्थिति आ चुकी थी, बाबा सर्वथा शान्त, निष्पन्द थे। नेत्र खुले, आराध्य अन्तर्धान हो चुके थे; किंतु उनके वे करुणापूरित कमलदलनयन अब भी झूम रहे थे बाबा तुलसीके नेत्रोंमें। अपने पञ्चवटी-निवास-कुटीरसे गोस्वामिपाद आज अकेले ही यहाँ आकर बैठ गये थे। चिदाकाशमें आराध्यका पावन प्रकाश उन्हें यों ही प्रायः धन्य करता रहता; किंतु बाबा तुलसी तो अब भी प्यासे थे। विद्यापतिने ठीक ही तो गाया है—

'जनम अवधि हम रूप निहारेल, नयन न तिरपित भेल।'

(विद्यापति-पदावली ८३५ । २)

बाबा पुनः मुखरित हुए और गा उठे—

नाथ कृपाहीको पंथ चितवत दीन हौं दिन-राति।
होइ धौं केहि काल दीनदयालु ! जानि न जाति॥

(विनयप० २२१ । १)

'बाबा! कृपाके पंथको यहाँ बैठे-बैठे जोहते रहनेकी अपेक्षा क्या यह उत्तम नहीं होगा कि उसके पथमें आप स्वयं चल पड़ें ! कौन जाने कृपा-भगवतीसे बीच राहमें ही भेंट हो जाय।' प्रश्न था एक किशोरका। पता नहीं वह कहाँसे आकर कब उनके सामने बैठ गया था !

'मेरे प्रभुकी कृपा-भगवतीके आगमनका कोई मार्ग निश्चित हो तो यह भी करूँ, भैया! साधनों, अनुष्ठानों एवं गुणोंके बन्धन कब बाँध पाये हैं उन कृपासिन्धुको ! सती-शिरोमणि माँसे मिलनेके पूर्व पतित-पाषाणीका उद्धार, गुरु अगस्त्यसे भी पहले शिष्य सुतीक्ष्णपर कृपा क्या यह नहीं व्यक्त करती कि उसके पदार्पणका कोई निश्चित पथ नहीं!'

'तो क्या इस प्रकार कृपाका अवलम्ब लेकर बैठ जाना निष्क्रियता, नैराश्य एवं निठल्लेपनको प्रश्रय नहीं देगा! व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्रके जीवनमें क्या प्रमादकी प्रतिष्ठा ही इस दर्शनका उद्देश्य नहीं होगा ? क्या आपके महाकाव्यका यही संदेश है ? अन्ततः लोकसंग्रहका क्या होगा, बाबा?' वह किशोर प्रश्न-पर-प्रश्न प्रस्तुत किये जा रहा था। तुलसी बाबा अब मुस्कुरा उठे, बोले—"उथले पुरुषार्थवादके उद्घोषकोंकी दृष्टि अवश्य ही प्रथम दृष्टिमें कुछ ऐसा ही निर्णय ले सकती है। मुझपर ये आक्षेप कुछ नये नहीं हैं—

'तुलसीके इस कृपा-दर्शन (दैन्य मार्ग या प्रपत्ति-पथ) ने ही व्यक्ति और समाजको पतनके गर्तमें डाला है। यह काठकी माला पहननेवाला कर्मके रहस्यको क्या समझेगा!'

वेदान्तवेत्ताओंने भी कुछ ऐसी ही मिलती-जुलती बात कही—

'निरन्तर आँसू बहाते रहनेवाला यह वेदान्ततत्त्वको क्या समझेगा !' इस प्रकार कहते हुए कर्म, ज्ञान एवं उपासनाके मर्मज्ञोंने न जाने कबसे मुझे अपनी-अपनी पङ्क्तियोंसे निष्कासित कर रखा है ! और भक्तोंके लक्षण स्वयंमें न पाकर मैं उनकी पङ्क्तिमें गया ही नहीं। फिर भी मेरे प्रभुने मुझे स्वीकार लिया।" बाबा भावाभिभूत थे।

'प्रपन्नके जीवनमें प्रारब्ध या नियति-जैसी कोई वस्तु नहीं होती, उसके लिये तो प्रत्येक घटना उसके अपने श्रीरामकी रचना या प्रसाद है; किंतु यह कोई ऐसा सिद्धान्त-दर्शन नहीं है, जो विचार, तर्क एवं पुरुषार्थका सर्वथा निषेध करता हो। श्रीशिवने सतीको समझानेका सभी विधाओंसे प्रयत्न किया था, उसमें तर्क, चेतावनी और व्यंग्य—सभी कुछ तो था; किंतु इतना होनेपर भी सती अपने ही पथपर चलीं। अन्ततोगत्वा शिवजीने इसे अपने आराध्यकी रचना ही कहा—

होइहि सोइ जो राम रचि राखा।......
अस कहि लगे जपन हरिनामा। गईं सती जहँ प्रभु सुखधामा॥

(मानस १ । ५१ । ४)

घटनाएँ अत्यन्त यान्त्रिक-क्रमसे घटती गयीं और शिवजीने इस अपरिहार्य घटना-चक्रको 'श्रीराममायाके' रूपमें स्वीकार कर सिर झुका दिया—

बहुरि राम मायहि सिरु नावा। प्रेरि सतिहि जेहिं झूँठ कहावा॥
हरि इच्छा भावी बलवाना। हृदय बिचारत संभु सुजाना॥

(मानस १ । ५५ । १)

पुरुषार्थ-पराभवके क्षणोंमें 'रामकृपा'की यह स्वीकृति अत्यन्त मनोवैज्ञानिक संदेश देती है। वह हमें समग्र निराशासे बचा लेती है; हम घोषणा कर देते हैं—

बुद्धिर्विकुण्ठिता नाथ समाप्ता मम युक्तयः।
नान्यत् किंचिद् विजानामि त्वमेव शरणं मम॥

'हे नाथ! मेरी बुद्धि अत्यन्त कुण्ठित हो गयी, सारी युक्तियाँ समाप्त हो गयीं और मैं अन्य कुछ जानता नहीं; अतः केवल आप ही मेरे रक्षक हैं।'

प्रपन्नका यह नेत्र-निमीलन उसे एक दिव्य उत्साहसे भर देता है।

निःसाधनताका साधन कर्तृत्वकी समस्त सीमाओंकी समाप्तिके पश्चात् प्रारम्भ होता है। बुद्धिसे जितना सोचा जा सकता है, उतना सोच लिये जानेके पश्चात् तथा शरीरसे जितना किया जा सकता है, उतना करके थक जानेपर जब सहज शून्यता (निःसंकल्पता)का उदय हो जाता है, तभी प्रभुके कृपा-साम्राज्यकी सीमामें पदन्यासका अधिकार प्रारम्भ होता है—

नागराज निज बल बिचारि हिय, हारि चरन चित दीन्हों।
आरत-गिरा सुनत खगपति तजि, चलत बिलम्ब न कीन्हों॥
दितिसुत-त्रास-त्रसित निसिदिन प्रहलाद प्रतिग्या राखी।
अतुलित बल मृगराज-मनुज-तनु दनुज हत्यो श्रुति साखी॥
भूप-सदसि सब नृप बिलोकि प्रभु, राखु कह्यो नर नारी।
बसन पूरि, अरि-दरप दूरि करि, भूरि-कृपा दनुजारी॥

(विनयप० ९३। १—४)

तुलसीबाबा एक विशिष्ट भाव-वीथिकामें विचरण कर रहे थे और श्रोता किशोर मन्त्रमुग्ध था। बाबा खिलखिलाकर हँस उठे, पर उनके दोनों नेत्र सजल हो गये थे।

'क्या निहार रहे हैं आप?' किशोरने प्रश्न किया।

'बड़ा दिव्य दृश्य है, भैया!' बाबाने उत्तर दिया। 'मिथिलाधिराजकी पुष्प-वाटिकामें श्रीराजकिशोरी भगवती सीताकी एक प्रिय सखी प्रेम-विह्वल होकर एक वृक्षके आश्रयसे खड़ी है, उसके नेत्रोंसे प्रेमाश्रु झर रहे हैं। भवानीकी पूजन-वेलामें वह सम्भवतः मिथिलेशनन्दिनीके साथ नहीं थी। वह बीच-बीचमें खिल-खिला पड़ती है'—

तासु दसा देखी सखिन्ह पुलक गात जलु नैन।
कहु कारनु निज हरष कर पूछहिं सब मृदु बैन॥

(मानस १। २२८)

'प्राण-सखि! तुम्हारी यह स्थिति कैसे हुई?'

'अयोध्यानरेशके राजकुमार वाटिकामें पुष्प-चयन कर रहे हैं, मैंने उन्हें निहारा है, मैं पुनः उधर ही चली।' यों कहकर वह प्रायः दौड़नेवाली ही थी कि एक सहेलीने उसे पकड़ लिया। 'तुम रो क्यों रही हो?' सहेलीके प्रश्नपर सखी बोली—'यदि तुम्हें यथारुचि अमृत-रसका कोई दानी मिल जाय तो क्या खारे जलका कलश रिक्त नहीं कर लोगी?' 'क्या तात्पर्य, मैं समझ नहीं पायी।' सहेलीने जिज्ञासा व्यक्त की। 'देखो हमारे ये दोनों नेत्र हैं कलश और वह रूप है अमृत-रस, उसे भरनेके लिये खारे जलसे भरे इन कलशोंको रिक्त तो करना ही होगा।' गीत फूट पड़ा—

'नेकु सुमुखि, चित लाइ चितौ री।
साँवर-रूप-सुधा भरिबे कहँ, नयन कमल कल कलस रितौ री।'

(गीतावली १। ७७। १-२)

'दृश्य लुप्त हो गया, भैया!' बाबाने मानो जागते हुए-से कहा और आगे बोले—'ठीक है, ठीक है, हमारे नेत्रोंके इन कलशोंमें जबतक साधनाके कर्तृत्वका अहंकाररूप खारा जल भरा रहेगा, तबतक वह श्याम-सुधारस कैसे भर पायेगा इनमें? निस्साधनका साधन, आत्यन्तिक दैन्य, अहं-शून्यता ही हमें कृपाके अमृतरसकी आस्वाद-पात्रता देगी।' बाबा पुनः भाव-विह्वल हो रो उठे—

माधव! मो समान जग माहीं।
सब बिधि हीन मलीन दीन अति लीन बिषय कोउ नाहीं॥
तुम सम हेतु रहित कृपालु आरतहित ईस न त्यागी।
मैं दुख-सोक बिकल कृपाल केहिं कारन दया न लागी॥

(विनयप० ११४। १-२)

जब लगि मैं न दीन, दयालु तैं, मैं न दास तैं स्वामी।
तब लगि जो दुख सहेउँ कहेउँ नहिं जद्यपि अंतरयामी॥

(विनयप० ११३। २)

सम्मुख अवस्थित श्रोता किशोर भी सजलनयन हो रहा था। 'नाथ! तुम्हीं श्रोता और तुम्हीं वक्ता हो, तुम्हीं जिज्ञासा और तुम्हीं समाधान हो' कहते हुए बाबाने किशोर कुँवरके चरणोंमें सिर रख दिया। दृश्य परिवर्तित हो गया—किशोरके स्थानपर साक्षात् कौशल-किशोर प्रकट थे। नील-नीरद वरद वपुष्, भुवनाभरण, कुञ्चित-काली अलकें, अरुण अधर, नवल-नीरज नयन, भालमें केसर-खौर और सिरपर किरीट। अपने कोमल करोंसे बाबाके नयनाश्रु पोंछ रहे थे रघुवंश-विभूषण। अधर-पल्लव हिले और बोल उठे करुणा-निधान—

'जहाँ कृपाका समग्र आश्रयण है, वहीं समर्पणकी पूर्णता है; जहाँ जितना पूर्ण समर्पण है, वहाँ उतना ही मेरा अधिकार-क्षेत्र है। ऐसे कृपापथके पथिकके द्वारा जो कुछ भी होता है, वह लोकसंग्रहका दिव्य प्रतीक होता है।'

संस्कृत-साहित्यमें भगवत्कृपा

(लेखक—पं० श्रीभगवतीशरणजी शास्त्री)

अकारणकरुणावरुणालय परमात्माकी कृपाशक्ति अघटित-घटना-पटीयसी, सर्वसमर्था और परमाह्लादकारिणी है । जैसे चन्द्रकी मृदु, मञ्जुल रश्मि-राशिसे चराचर जगत् प्रकाशित, विकसित एवं आह्लादित होता है, वैसी ही दशा परमेश्वरकी कृपा-रश्मिको पाकर अखिल ब्रह्माण्डकी हो रही है । प्राणि-पदार्थमात्रपर भगवत्कृपा सदैव बरसती रहती है । जहाँ-जहाँ, जब-जब, जिस किसी प्रकारका विकास एवं प्रकाश देखा गया है, वह सब भगवत्कृपाका ही दिव्य चमत्कार है । यह भगवत्कृपा परमात्माके समान ही विश्वव्यापिनी एवं विश्वकल्याणकारिणी है ।

भारतीय वाङ्मयमें—चाहे वह आध्यात्मिक हो अथवा लोकरञ्जक, भगवत्कृपाका वर्णन प्रायः सर्वत्र देखनेको मिलता है । संस्कृत-काव्य-रचनामें तो भगवत्कृपाशक्तिका सर्वोच्च स्थान है । इतना ही नहीं, यही समस्त सनातन काव्योंका बीज है । कालिदास, भारवि, भवभूति, माघ आदि जितने महाकवि हुए हैं, वे सब अपने-अपने काव्यप्रासादका आधार भगवत्कृपाको ही मानते हैं । संस्कृत-साहित्यकी काव्यरूपा प्रवहमाना रसधाराका समुद्गम-स्रोत भगवत्कृपा ही है । व्याधके बाणसे संविद्ध व्यथित विहंगकी दीनदशाको देखकर आदिकवि वाल्मीकिके हृदयको द्रवित करती हुई दया ही सुन्दर काव्यरूपसे प्रकट होती है—

> **मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः ।**
> **यत् क्रौञ्चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम् ॥**
>
> (वा० रा० १ । २ । १५)

'निषाद ! तुम्हें अनन्त वर्षोंतक प्रतिष्ठा न मिले; क्योंकि तुमने इस काममोहित क्रौञ्चके जोड़ेमेंसे निरपराध एकको हत्या कर डाली ।' यह संस्कृत-काव्यका कृपाभावपूर्ण सर्वप्रथम पद्य है । इस प्रकार संस्कृत-साहित्यमें कविताका मूलभूत स्रोत कृपा ही है ।

कवि धावकने भगवत्कृपाश्रयिणी कविताद्वारा राजा हर्षसे प्रचुर धन प्राप्त किया था ।

महाकवि कालिदास 'रघुवंश' महाकाव्यमें भगवत्कृपाका वर्णन (सुरसमूहद्वारा किये गये श्रीविष्णुभगवान्‌के स्तोत्रके माध्यमसे) करते हुए कहते हैं—

> **अनवाप्तमवाप्तव्यं न ते किंचन विद्यते ।**
> **लोकानुग्रह एवैको हेतुस्ते जन्मकर्मणोः ॥**
>
> (१० । ३१)

'हे भगवन् ! विश्वमें ऐसा कुछ भी प्राप्तव्य नहीं है, जो आपको प्राप्त न हो । अजन्मा एवं अकर्ता होते हुए कर्म करनेके लिये आप जन्म लेते हैं । आपके जन्म और कर्मोंका कारण केवल चौदह भुवनोंपर कृपा करना ही है अर्थात् संसारमें जीवोंका जन्म पुरातन कर्म-फलको भोगने एवं नूतन कर्म करनेके लिये होता है; परंतु आपके जन्म-कर्ममें ये कारण नहीं हैं । केवल प्राणिमात्रके कल्याणके लिये ही आप अवतार लेते हैं ।'

भगवत्कृपासे रोगनिवृत्तिका वर्णन भी संस्कृत-साहित्यमें हुआ है । कवि 'मयूर' अपने 'सूर्यशतक' नामक स्तोत्रद्वारा भगवान् सूर्यकी प्रार्थना करके उनकी कृपासे ही कुष्ठरोगसे मुक्त हुए । कविको दुर्लभ कवित्व-शक्ति प्रभु-कृपासे ही प्राप्त होती है । काव्यप्रकाशके सुधासागर टीका (१ । ३)में कहा गया है—'देवप्रसादाद् वा ।' कवियोंकी काव्यकृति भगवत्कृपासे ओतप्रोत है ।

महाकवि भारविकृत 'किरातार्जुनीय' महाकाव्यमें अर्जुनके प्रति भगवान् शंकरकी कृपाका वर्णन मिलता है । तपश्चर्यामें संलग्न वीर तपस्वी अर्जुन भगवान् शंकरसे प्रार्थना करते हैं—

> **शरणं भवन्तमतिकारुणिकं भव भक्तिगम्यमधिगम्य जनाः ।**
> **जितमृत्यवोऽजित भवन्ति भये ससुरासुरस्य जगतः शरणम् ॥**
>
> (१८ । २२)

'हे अजित शंकर ! आप कृपास्वरूप हैं । भयके अवसरपर आप दैत्य, दानव, मानव एवं निखिल जगत्‌के एकमात्र शरण्य हैं । भक्त भक्तिके द्वारा शरणस्वरूप आपको प्राप्तकर मृत्युपर विजय प्राप्त करते हैं । इस दुर्जय मृत्युको जीतना, केवल आपकी कृपासे ही सम्भव है ।'

> **संसेवन्ते दानशीला विमुक्त्यै सम्पश्यन्तो जन्मदुःखं पुमांसः ।**
> **यन्निःसङ्गस्त्वं फलस्यानतेभ्यस्तत्कारुण्यं केवलं न स्वकार्यम् ॥**
>
> (किरात० १८ । २४)

'बड़े-बड़े दानशील महापुरुष दानादिद्वारा आपको प्रसन्न कर जन्मादि दुःसह दुःखोंसे मुक्त होते हैं, इसमें कोई आश्चर्य नहीं है; परंतु जिनके पास कोई साधन नहीं, उन्हें

आश्रय नहीं, कोई भी बल नहीं—ऐसे निःसाधन निराश्रयी निर्बलोंको आप केवल नमस्कारमात्रसे प्रसन्न होकर जन्मादि दुःखोंसे निवृत्त कर देते हैं, यह तो केवल आपकी कृपा ही है।'

अब दीन-दुःखियोंपर भगवत्कृपाका उदाहरण भी देखिये—

सन्निबद्धमपहर्तुमहार्यं भूरि दुर्गतिभयं भुवनानाम्।
अद्भुताकृतिमिमामतिमायस्त्वं बिभर्षि करुणामय मायाम्॥
(किरात० १८। ३०)

'हे करुणामय! अपने कर्मोंके सुदृढ़ बन्धनोंसे बद्ध होनेके कारण अपने दुष्कर्मजनित नानाविध नारकीय भयोंको मिटानेमें असमर्थ दीन-दुःखियोंके दुःखोंको देखकर उन्हें दुःखोंसे मुक्त करनेके लिये आप मायातीत होते हुए भी अपनी मायासे अवतार धारण करते हैं, यह जीवोंपर आपकी अहैतुकी कृपा ही है।'

भगवत्कृपाका यथार्थ रहस्य समझनेवाले पुरुष समस्त क्रिया-कलाप प्रभुकी प्रेरणा, इच्छा और कृपा-शक्तिसे ही सम्पन्न हुआ मानते हैं।

महाकवि माघने 'शिशुपालवध' नामक महाकाव्यमें महाराज युधिष्ठिरके मुखसे इस रहस्यका उद्घाटन करवाया है—

सप्ततन्तुमधिगन्तुमिच्छतः कुर्वनुग्रहमनुज्ञया मम।
मूलतामुपगते प्रभो त्वयि प्रापि धर्ममयवृक्षता मया॥
(१४। ६)

'हे भगवन्! मुझ यज्ञेच्छुको यज्ञ करनेकी आज्ञा प्रदान करनेका अनुग्रह करें। धर्मरूप वृक्षके मूलभूत आपकी कृपासे ही मैं धर्मराज पदको प्राप्त हुआ हूँ।' इसलिये—

किं विधेयमनया विधीयतां त्वत्प्रसादजितयार्थसम्पदा।
शाधि शासक जगत्त्रयस्य मामाश्रवोऽस्मि भवतः सहानुजः॥
(शिशु० १४। ११)

'आपकी कृपासे प्राप्त इस धन-सम्पत्तिद्वारा मुझे क्या करना है, कृपापूर्वक आप ही निर्देश करें। आप तीनों लोकोंके शासक हैं। कृपया मुझे भी शिक्षा दीजिये। हम सबान्धव आपके आज्ञाकारी हैं।'

भक्त अपने प्रभुके गुण, प्रभाव, तत्त्व आदिका यत्किंचित् रहस्य समझकर आनन्द-सागरमें निमग्न हो जाता है।

महाकवि भवभूति अपने 'महावीरचरित'में भगवान् श्रीरामके स्वभावका वर्णन करते हुए कहते हैं—

क्षमायाः स क्षेत्रं गुणमणिगणानामपि खनिः
प्रपन्नानां मूर्तः सुकृतपरिपाको जनिमताम्।
कृपारामो रामः.........................
(७। ३३)

'भगवान् श्रीराम क्षमाके क्षेत्र, गुणगणमणियोंके आकर, शरणागत जीवोंके सुकृत-फलोंकी प्रत्यक्ष प्रतिमा एवं कृपाके उद्यान हैं।'

यद्यपि प्रपन्न कभी दुराचारी नहीं होता, परंतु 'दैन्य' उसका एक अभिन्न गुण होता है। दीनता और प्रपन्नता पर्यायवाची शब्द न होते हुए भी भक्ति-जगत्में 'पर्याय' कहे जा सकते हैं। इसी 'दैन्य'की अभिव्यक्ति कविकुलतिलक शिवभक्त जगद्धर भट्टकृत 'स्तुतिकुसुमाञ्जलि'में हुई है—

स्वैरेव यद्यपि गतोऽहमधः कुकृत्यै-
स्तत्रापि नाथ तव नास्म्यवलेपपात्रम्।
दृप्तः पशुः पतति यः स्वयमन्धकूपे
नोपेक्षते तमपि कारुणिको हि लोकः॥
(११। ३८)

'हे नाथ! यद्यपि मैं अपने कुकृत्योंके कारण नीच गतिको प्राप्त हो गया हूँ, तथापि आप उसी प्रकार मेरी उपेक्षा नहीं कर सकते, जैसे उद्धत-कामान्ध पशुके कुएँमें गिर जानेपर भी कारुणिक जन उसकी उपेक्षा नहीं करते।'

आः किं न रक्षसि नयत्ययमन्तको मां
हेलावलेपसमयः किमयं महेश।
मा नाम भूत्करुणया हृदयस्य पीडा
व्रीडापि नास्ति शरणागतमुज्झतस्ते॥
(स्तुतिकु० ११। १०२)

'देवाधिदेव शंकर! यह यमराज मुझे लिये जा रहा है। हाय! ऐसी विपत्तिमें भी आप मेरी रक्षा क्यों नहीं कर रहे हैं? क्या यह उपेक्षा करनेका समय है? क्या मेरी इस दीन दशाको

देखकर आपके हृदयमें पीड़ा नहीं हो रही है एवं मुझ शरणागतका त्याग करते हुए क्या आपको लज्जा नहीं आ रही है ?'

आत्मीयताके नाते भक्तकी भगवान्‌पर पूर्ण निर्भरता है। कैसी मधुमयी प्रीति है, कैसा अपनत्वभरा उपालम्भ है !—

अज्ञोऽसि किं किमबलोऽसि किमाकुलोऽसि
व्यग्रोऽसि किं किमघृणोऽसि किमक्षमोऽसि।
निद्रालसः किमसि किं मदघूर्णितोऽसि
क्रन्दन्तमन्तकभयार्तमुपेक्षसे यत्॥

('स्तुतिकु० ११। १०३)

'क्या आप अज्ञ, निर्बल, आकुल, व्यग्र, दयारहित अथवा असमर्थ हैं ? क्या आप निद्रामें सो रहे हैं या मदसे उन्मत्त हो गये हैं ? मृत्युके भयसे जो कातर करुणक्रन्दन करते हुए मुझ असहायकी उपेक्षा कर रहे हैं ?' यहाँ कविका काव्य करुणा-रसके एक सुन्दर स्तोत्रके रूपमें निर्मित हुआ है।

रसिक भक्त तो जड-चेतन चराचरमात्रको प्रभुका साक्षात् स्वरूप एवं चेष्टा (क्रिया)मात्रको उनकी मधुर लीला समझकर प्रतिक्षण आनन्दित होते रहते हैं। उनके प्रभु ही प्रत्येक रूप और प्रत्येक रङ्गमें क्रीड़ा करते हैं। ऐसे ही भक्तोंमेंसे एक श्रीरूपगोस्वामी 'विदग्ध-माधव' नाटकमें लिखते हैं—

प्रपन्नमधुरोदयः स्फुरदमन्दवृन्दाटवी-
निकुञ्जमयमण्डपप्रकरमध्यबद्धस्थितिः।
निरङ्कुशकृपाम्बुधिर्व्रजविहाररज्यन्मनाः
सनातनतनुः सदा मयि तनोतु तुष्टिं प्रभुः॥

(१। ७)

'शरणागत प्राणियोंके मृदु-मधुर कल्याणका उदय करनेवाले, वृन्दावनके निकुञ्ज-मण्डप-मण्डलके मध्य अवस्थित, निरङ्कुश, अगाध कृपाके समुद्र, नित्यलीलाविग्रह, प्रभु श्रीकृष्ण मुझपर सदा कृपाप्रसादका विस्तार करें।'

कविकुलललाम भक्त जीवगोस्वामीके काव्यमें कृपा-करुणाकी सुललित लहरें उमड़ रही हैं। आइये, कुछ स्थलोंका अवलोकन करें। इन्द्रके त्राससे संत्रस्त गोपोंके प्रति श्रीकृष्णके वचनोंमें कृपाका कैसा विलक्षण भाव भरा है—

इन्द्रो यदि महावृष्टिं नष्टसृष्टिं तनिष्यति।
तदङ्गीकारिगिरिराट् कृपां साङ्गीकरिष्यति॥

(गोपालच० पू० १८। १०१)

'यदि इन्द्र प्रलयकारिणी वृष्टिद्वारा सृष्टिको नष्ट करनेपर तुल जायँगे तो उसे अङ्गीकार करनेवाले गिरिराज गोवर्धन कृपापूर्वक (सारा जल) अपने अङ्गोंमें ही विलीन कर लें[illegible]

ऐसा ही श्रीकृष्णाभिषेककी प्रतीक्षामें इन्द्रके प्रति सुरभि[illegible] कृपापूर्ण वचन है—

श्रीगोवर्धनशैलरत्नदृषदि प्रक्षिप्तशुभ्रास्तरे
वामोरुस्थितकञ्जचारुचरणे सव्यं करं दक्षिणे।
न्यस्यन्नन्यमपूर्वरूपमुरलीनाले मनागत्र नः
स्मेरेणाक्षितटेन संदधदहो मन्ये कृपां वर्षति।

(गोपालच० पू० १९। ३२

'श्रीगोवर्धनकी रत्नशिलापर श्वेतासनासीन श्रीकृ[illegible] अपने वाम ऊरुस्थ कमलसे भी अति सुकोमल दक्षि[illegible] चरणपर अपना बायाँ कर-कमल रख दक्षिण कर[illegible] अपूर्व रूप-राशि मुरलीके छिद्रपर रखते हुए अपनी प्रेमम[illegible] चितवनसे हम सभीका चितवन करते हैं, मानो उनकी कृपा[illegible] अभिवर्षण हो रहा है।' क्या ही दिव्यकृपाकी छटा है

यस्मिन् स्वयमपराधी नमति रहस्तं सहायनिर्विण्ण[illegible]
कृपयति सा जनमात्रं दैन्यावस्था महाजनं किमुत[illegible]

(गोपालच० पू० १९। ३५

'अपराधी यदि निःसहाय हो दीनभावसे उस व्यक्ति[illegible] की जिसके प्रति उसने अपराध किया है, शरण ग्रहण कर ले[illegible] है तो उसकी दीनता उसे उस व्यक्तिका कृपा-पात्र बना दे[illegible] है। ऐसा व्यक्ति यदि कोई महापुरुष हो तो फिर क्या कह[illegible] है ? क्योंकि महापुरुष स्वभावसे ही दयालु होते हैं[illegible] श्रीकृष्ण ऐसे महापुरुष हैं कि इन्द्र तुम्हारी दीनता[illegible] तुमको श्रीकृपाका पात्र बना देगी। श्रीकृष्ण तो महादया[illegible] हैं, उनकी कृपा-राशि-रश्मिके सामने अपराधरूप अन्धका[illegible] नहीं रह सकता।

इस प्रकार संस्कृत-साहित्यमें भगवदनुग्रहानुग[illegible] कृपादर्शी कवियोंने भगवत्कृपाका सुन्दर उल्लेख कर अ[illegible] लेखनीको सफल किया है।

संस्कृत-नाटकोंमें भगवत्कृपा

[श्रीरामावतार एवं श्रीकृष्णावतारके परिप्रेक्ष्यमें]

(लेखक—श्रीबापूलालजी आंजना)

अवतारवाद हिंदू-धर्मका एक महत्त्वपूर्ण सिद्धान्त है। महाभारत, रामायण, गीता, पुराणों एवं पञ्चरात्रसंहिताओंमें इसकी चर्चा विस्तारसे की गयी है।

भगवान् श्रीराम और श्रीकृष्णके चरितको लेकर अनेक संस्कृत-नाटकोंकी रचना हुई है। इन नाटकोंमें उनके अवतारी रूपका वर्णन किया गया है।

श्रीरामावतार

भास, भवभूति, मुरारि और राजशेखरके नाटकोंमें श्रीरामको भगवान् विष्णुका अवतार माना गया है तथा उनके प्रति नाटककारोंकी उत्कृष्ट भक्तिभावना प्रकट हुई है। 'भास'के 'प्रतिमा' नाटकमें रावण श्रीरामके ईश्वररूपका स्मरण करता है—

अहो बलमहो वीर्यमहो सत्त्वमहो जवः।
राम इत्यक्षरैरल्पैः स्थाने व्याप्तमिदं जगत्॥

(५ । १४)

'श्रीरामके बल, पराक्रम, सत्त्व और वेग—सभी आश्चर्यजनक हैं। 'राम'—इन दो अक्षरोंसे जो यह सारा जगत् व्याप्त है, यह युक्त ही है।'

'भास'ने कई पात्रोंके मुखसे श्रीरामकी परमेश्वरताका कथन करवाया है (अभिषेक ४ । १३-१४ । ६; ३० । ३१)। श्रीराम सबके कारण होते हुए भी कार्यार्थीके रूपमें उपस्थित हुए हैं—

मानुषं रूपमास्थाय चक्रशार्ङ्गगदाधरः।
स्वयं कारणभूतः सन् कार्यार्थी समुपागतः॥

(अभिषेक ४ । १४)

'भवभूति'के श्रीराम धर्मद्रोहियोंका दमन करनेवाले हैं(महावीरचरित १ । ६)।

'शक्तिभद्र'के 'आश्चर्यचूडामणि' नाटकमें श्रीराम 'भुवन-संहरणोदय—कारण हरि' के रूपमें संस्तुत है (४ । ७)। संसारकी रक्षाके लिये ही उन्होंने मनुष्यरूपमें अवतार लिया है।

'राजशेखर'ने 'अपने बालरामायण'नाटकमें उन्हें—'सप्तमो वैकुण्ठावतारः' कहा है (अङ्क ७ पृ० ४३०)। 'उदारराघव'में उन्हें शेषशायी कहकर बलिमर्दन तैजसांश श्रीविष्णुके रूपमें उनकी स्तुति की गयी है (२ । ३३ । ३४)। 'अद्भुतदर्पण'में श्रीरामको गरुड़सेवित कहकर उनके श्रीविष्णुरूपकी वन्दना की गयी है (५ । ४–७)।

भास, भवभूति आदि प्रायः सभी नाटककारोंने अपने नाटकोंके मङ्गलाचरणमें भगवान् विष्णुके श्रीराम, श्रीकृष्ण, श्रीवामन आदि अवतारोंकी वन्दना की है। अपने नाटकोंमें पात्रोंद्वारा उनके प्रति अपनी उत्कृष्ट भक्ति-भावनाको उद्भासित कराया है। नाटकोंमें किसी भी स्थलपर उनके विष्णुत्वको ओझल नहीं होने दिया गया है।

तपःपूत ऋषिजन—

श्रीरामने तपःपूत ऋषियोंपर अनुग्रह करनेके लिये अवतार धारण किया है। मिथिलेश जनक श्रीरामका दर्शन करके ब्रह्मानन्दकी अनुभूति करते हैं। महर्षि वसिष्ठ उन्हें तीनों लोकोंके तेजके निधान रूपमें जानते हैं। महर्षि विश्वामित्र श्रीरामको पूर्व (वामन) अवतारका स्मरण करवाते हुए कहते हैं—

इह वनेषु स कौतुकवामनो मुनिरतप्त तपांसि पुरातनः।
त्वमिव वामवलोक्य तपस्विनो नयनमद्य मनागुदमीमिलन्॥

(अनर्घराघव २ । ४३)

'इसी वनमें पुरातन वामनावतार श्रीविष्णुने तपस्या की थी, उन्हींकी तरह तुम्हें देखकर यहाँके तपस्वियोंने आज अपनी आँखें उन्मीलित कर ली हैं।'

अहल्या—

ऋषि-पत्नी अहल्यापर अनुग्रह करनेके वृत्तका वर्णन प्रायः सभी नाटककारोंने किया है। गौतम ऋषिकी शापग्रस्ता पत्नी अहल्या श्रीरामके तेजसे पापमुक्त होकर दिव्यरूपमें प्रकट होती है (महावीरचरित अङ्क १ । २६के उपरान्त)।

परशुराम—

परशुरामजीके मदमर्दनका प्रसङ्ग संस्कृत-नाटककारोंद्वारा अत्यधिक चर्चित रहा है। प्रसङ्गके अन्तमें श्रीरामके वैष्णव तेजको देखकर परशुरामजीके हृदयका सारा मल दूर हो जाता है—

यद्धर्मसाभिरिह प्रकोपितमदस्य दृष्ट्वा तव धाम वैष्णवम्।
विशीर्णसर्वामयमस्मदान्तरं चिरस्य कंचित्सुखमानमश्नुते॥

(अनर्घराघव ४ । ५१)

'जिस प्रयोजनसे मैंने आपको यहाँ प्रकुपित किया है, उसका परिणाम यह है कि आज आपके वैष्णव तेजको देखकर मेरे अन्तःकरणमें चिरकालसे संचित सम्पूर्ण दर्प-रोग विच्छिन्न हो गये, जिससे अब वह कुछ हलकेपनका अनुभव कर रहा है।'

उपर्युक्त कथनसे परशुरामजीका आशय है कि 'ब्राह्मण जातिकी पवित्रता, वंश-गौरव तथा श्लाघ्य आचरणको अकेले होकर भी अनन्त दोषोंसे पूर्ण जिस दर्प-रोगने छीन लिया था, ब्राह्मणप्रिय होनेके कारण आपने हमारी भलाईके लिये उसे शान्त कर दिया' (अनर्घराघव ४ । २२)।

'मुरारि'ने नेपथ्यसे परशुरामजीपर श्रीरामके अनुग्रहकी घोषणा की है—'श्रीरघुनाथजीने नारायणी चापको आकृष्ट कर दिया और उसपर वाण संधान करके उस वाणको उत्तर-गतिच्छेदद्वारा अमोघ बना दिया (अनर्घराघव ४ । ५७)।

शूद्र तपस्वी शम्बूक—

'उत्तररामचरित'में शूद्र तपस्वी शम्बूकपर श्रीरामके अनुग्रहका प्रसङ्ग विस्तारसे वर्णित है। वह श्रीरामके अनुग्रहसे शाश्वत लोक (वैराज नामक तेजोमय लोक)को प्राप्त करता है। 'भवभूति' श्रीरामको परब्रह्मका अवतार मानते हैं। शूद्र तपस्वी शम्बूकपर अनुग्रह करनेके लिये संसारमें ढूँढ़ने योग्य प्राणियोंके स्वामी एवं शरणागतपालक श्रीराम सैकड़ों योजन पारकर दण्डकवनमें आये हैं (उत्तररामचरित २ । १३)।

श्रीराम शम्बूकपर अनुग्रह करते हुए कहते हैं—

भद्र ! शिवास्ते पन्थानः, देवयानं प्रतिपद्यस्व ।

(उ० रा० च० २ । २१ के उपरान्त)

'भद्र ! तुम्हारे मार्ग कल्याणकारी हों, तुम देवमार्गको प्राप्त होओ।'

मारीच—

मारीचपर श्रीरामकी कृपा भी उल्लेखनीय है। वह अपने अन्तःकरणसे श्रीरामको धोखा देकर अपने पुण्यकर्म नष्ट नहीं करना चाहता, किंतु रावणके भयसे वह यह सब करनेको विवश हो जाता है। उसे इस बातका संतोष है कि वह श्रीरामके रूपमें अवतरित परम पुरुषके वाणका लक्ष्य बन रहा : उसका कल्याण निश्चित है—

'रामाभिधानस्य परस्य पुंसः शरण्यमापाद्य शरीरमेतत्।'

(आश्चर्यचूडामणि ३ । ७)

कबन्ध—

कबन्ध राक्षसपर श्रीरामके अनुग्रहका वर्णन 'भवभूति'के दोनों नाटकोंमें आया है। श्रीलक्ष्मण दनुकबन्ध राक्षसका वध कर उसकी चिता प्रज्वलित करते हैं। चितासे दिव्य पुरुष प्रकट होकर अपना परिचय देता है—'वह श्रीपुत्र दनु है, शापके कारण राक्षस हुआ, बादमें इन्द्रके द्वारा सिर कट जानेसे वह कबन्ध राक्षस कहलाने लगा। अब श्रीरामका आश्रय पाकर पवित्र हो गया'—'पूतोऽस्मि भवदाश्रयात्' (महावीरचरित ५।३४)। और वह श्रीरामके अनुग्रहसे दिव्य लोकोंको प्राप्त करता है—

भद्र, कृतं सौजन्यम् । अधुना नन्दतु महाभागः स्वेषु लोकेषु।

(महावीरचरित ५ । ३५ के उपरान्त)

'भद्र ! तुमने बड़ी उदारता की, अब तुम महान् भाग्यशाली होकर अपने लोकोंमें आनन्द करो।'

राक्षसराज रावण—

श्रीरामकथापर आश्रित संस्कृतके प्रायः सभी नाटककारोंने रावणके दुराचारोंका वर्णन किया है। सभी लोकोंके प्राणी—मनुष्य, देव, गन्धर्व, विद्याधर, नाग आदि रावणके अत्याचारोंसे संतप्त थे। अतः श्रीराम और रावणका युद्ध कोई व्यक्तिगत घटना नहीं है, अपितु उसका तीनों लोकोंके प्राणियोंके लिये महत्त्व है। त्रैलोक्यके प्राणी श्रीरामकी विजयपर आशा लगाये हुए हैं। कुबेरने गन्धर्वराज चित्ररथको उस युद्धका परिणाम जाननेके लिये भेजा—'जन्मसे लेकर जो व्याधि हमारे हृदयमें चली आ रही है, वह विश्वकी व्याधि है।' इन्द्र श्रीरामके लिये अपना रथ भेजते हैं। वे अपना कवच और धनुष भी मातलिके साथ श्रीरामके लिये देते हैं (अनर्घराघव ६।५४)।

अतः श्रीरामने रावणका वध करके न केवल सीताका, अपितु समस्त लोकोंका त्राण किया। इस प्रकार उन्होंने कृपापूर्वक देवकार्यकी सिद्धि की है—

'भवतु सिद्धं देवकार्यम्।'

(अभिषेक ६ । १८ के उपरान्त)

'रावणका वध होनेपर देवगण आकाशसे पुष्पवृष्टि करके दुन्दुभियाँ बजाते हैं' (अभिषेक ६ । १८)। रावणका वध हो जानेपर कई युगोंके पश्चात्

ब्रह्मज्ञानी ऋषिजन प्रसन्नतासे खिले हुए अपने चित्तोंमें शान्ति प्राप्त करते हैं (महावीरचरित ६ । ६२) । बंदी देवगण रावणके कारागृहसे मुक्ति प्राप्त करते हैं । कई दिनों बाद विद्याधर आदि आकाशमें पुनः निर्भय विचरण करते हैं। दिव्य गन्धर्व उपस्थित होकर अपनी स्तुतिमें श्रीरामको सर्वदेवतामय तथा वामन, वराह आदि अवतारोंसे अभिन्न बतलाते हैं (अभिषेक ६ । ३१) ।

श्रीकृष्णावतार

भास, भट्टनारायण, रूपगोस्वामी आदि सभी नाटककार श्रीकृष्णको भगवान् विष्णुका अवतार मानते हैं ।

भासने अपने दोनों नाटकों—'दूतवाक्य' और 'बालचरित'में श्रीकृष्णको भगवान् विष्णुके अवतारके रूपमें देखा है और उनके प्रति अपनी उत्कृष्ट भक्तिभावना प्रकट की है।

महाकवि भासने अपने दोनों ही नाटकोंमें भगवान् विष्णुके आयुधों और वाहन गरुड़को पात्रोंके रूपमें उपस्थित किया है। इन आयुधोंसे कविने श्रीकृष्णकी लोक-रक्षात्मिका शक्तिका दर्शन करवाया है। सुदर्शन चक्रके लिये कहा गया है—

अव्यक्तादिरचिन्त्यात्मा लोकसंरक्षणोद्यतः ।
एकोऽनेकवपुः श्रीमान् द्विषद्बलनिषूदनः ॥

(दूतवाक्य ४३)

'तुम अव्यक्त, आदिभूत, अचिन्त्यात्मा, लोकोंकी रक्षामें निरन्तर उद्यत, (युद्धके अवसरपर) एक होते हुए भी अनेक शरीरधारी-से प्रतीत होनेवाले, सौन्दर्यशाली तथा शत्रु-सेनाका संहार करनेवाले हो।'

नारद—

'बालचरित'में श्रीकृष्ण परमेश्वरकी भूमिकापर अधिष्ठित किये गये हैं। भगवान् नारायणने कंसके संहारके लिये और लोकहितार्थ वृष्णिकुलमें जन्म ग्रहण किया है । नारद श्रीकृष्णका दर्शन करने ब्रह्मलोकसे आते हैं तथा श्रीकृष्णका दर्शन और उनकी परिक्रमा कर, उनके ईश्वरीय रूपकी स्तुति करते हैं—

तद् भगवन्तं लोकादिमनिधनमव्ययं लोकहितार्थं कंसवधार्थं वृष्णिकुले प्रसूतं नारायणं द्रष्टुमिहागतोऽस्मि ।

(बालचरित १ । ५ के बादका गद्यांश)

राक्षसगण—

भगवान् श्रीकृष्ण साधुओंकी रक्षाके लिये, गौ-ब्राह्मणके कल्याण-हेतु, धर्मके अभ्युत्थानके निमित्त और भू-भारहरणार्थ दानव-समूहका संहार करते हैं । शिशु श्रीकृष्ण पूतना, यमलार्जुन, धेनुक, प्रलम्ब, केशी आदि दानवोंका अनुग्रहपूर्वक सहजमें ही उद्धार कर देते हैं ।

अरिष्टर्षभ—नृत्य करते समय श्रीकृष्णको दानव अरिष्टर्षभके आनेकी सूचना मिलती है। श्रीकृष्ण कृपा कर उसका दर्प चूर्ण करनेके लिये खड़े होकर पृथ्वीपर पाँव जमाते हुए उसे चुनौती देते हैं कि तुममें शक्ति हो तो मुझे हिला दो। अरिष्टर्षभ उन्हें गिरानेके यत्नमें स्वयं मूर्च्छित हो जाता है। वह श्रीकृष्णके विष्णुरूपको पहचान लेता है—

रुद्रो वायं भवेच्छक्रो विष्णुर्वापि स्वयं भवेत् ।
अमिथ्या खलु मे तर्कः स एव पुरुषोत्तमः ॥

(बालचरित ३ । १२)

'ये रुद्र हैं या इन्द्र, अथवा स्वयं विष्णु ही तो नहीं हैं ? मेरा तर्क निश्चय ही मिथ्या नहीं हो सकता। ये पुरुषोत्तम विष्णु ही हैं।'

भवतु, विष्णुना हतस्याप्यक्षयो लोको मे भविष्यति । तस्माद् युद्धं करिष्यामि । (बालचरित ३ । १३ के पश्चात्)

'जो कुछ हो, विष्णुके हाथसे मारे जानेपर मुझे अक्षय लोकोंकी प्राप्ति होगी, अतः मैं युद्ध करूँगा।' ऐसा निश्चय कर वह युद्धमें डट जाता है। अन्तर्यामी कृपालु श्रीकृष्ण क्षणभरमें उसे परमधाम पहुँचा देते हैं।

दुराचारी कंस—'बालचरित'के पाँचवें अङ्कका कथानक कंसानुग्रहसे सम्बन्ध रखता है। श्रीकृष्ण कंसके निमन्त्रणपर धनुर्मखमें भाग लेने-हेतु मथुरा जाते हैं। वहाँ वे उत्पलापीड़ हाथीके दाँत उखाड़कर उसका कल्याण करते हैं। अन्तमें धनुःशाला-रक्षक सिंहबल, चाणूर और मुष्टिक मल्लोंको मुक्ति प्रदान कर, प्रासाद-शिखरस्थित कंसको गिराकर उसका भी उद्धार करते हैं (बालच० ५ । ११)। कंसका वध होनेपर देवगण प्रसन्न होकर तूर्यवादन और पुष्पवृष्टि करते हैं।

कालियनाग—

प्राणियोंके हितके लिये ही वे कालिय-नागको वशमें करते हैं । 'बालचरित'के चौथे अङ्कके छठे श्लोकमें कालियनागके फणोंपर चढ़कर हल्लीसक नृत्य करनेका उल्लेख है । श्रीकृष्ण कालियको चेतावनी देते हैं कि तुममें शक्ति हो तो अपनी विष-ज्वाला

मेरे हाथोंको जला दो । कालिय असफल हो जाता है और दामोदरके ईश्वरत्वको पहचानकर अपने व्यवहारके लिये क्षमा माँगता है—

> गोवर्द्धनोद्धरणमप्रतिमप्रभावं
> बाहुं सुरेश तव मन्दरतुल्यसारम् ।
> का शक्तिरस्ति मम दग्धुमिमं सुवीर्यं
> यं संश्रितास्त्रिभुवनेश्वर सर्वलोकाः ॥
> (बालचरित ४ । ११)

'त्रिभुवनेश्वर ! सुरेश !! जो अप्रतिम प्रभावशाली, परम पराक्रमसम्पन्न, मन्दराचलके सदृश बलवाला और गोवर्धन पर्वतको उठा लेनेमें सक्षम है तथा सम्पूर्ण लोक जिसके आश्रित हैं, आपके इस हाथको जलानेके लिये मेरी क्या शक्ति है ?'

कालिय गरुड़-भयसे मुक्त होना चाहता था । श्रीकृष्ण उसके सिरपर अपना चरणचिह्न अङ्कित कर उसे उस भयसे मुक्त कर देते हैं । इस प्रकार श्रीकृष्णके अनुग्रहको प्राप्तकर वह यमुनाह्रदको छोड़ अन्यत्र चला जाता है ।

इस प्रकार नाटककार भासने अपने नाटकोंमें उनके नारायणत्वको ओझल नहीं होने दिया है । श्रीकृष्णके सारे कार्य गौ-ब्राह्मण और प्रजाजनोंके हितार्थ हुए । वे सज्जनोंपर अनुग्रह करने, असुरोंका विनाश कर पापोंसे मुक्त करने तथा पृथ्वीका भार उतारनेके लिये अवतरित हुए हैं । असुरोंपर की गयी उनकी कृपा (अर्थात् श्रीकृष्णके हाथों मरकर अक्षय लोकोंकी प्राप्ति करना) और उनकी परब्रह्मता या ईश्वरत्वका वर्णन करना ही नाटककारोंका विशिष्ट लक्ष्य प्रतीत होता है । अतः नाटककारोंने पुनःपुनः इस तथ्यका स्मरण करवाया है कि श्रीकृष्ण भगवान् विष्णुके अवतार हैं, वे लोकहितार्थ कंस-वधके लिये वृष्णिकुलमें देवकीके गर्भसे उत्पन्न हुए हैं, वे मायाद्वारा शिशु बने हैं—

> मायया शिशुत्वमुपागतं त्रिलोकेश्वरं प्रगृह्य''।
> (बालचरित १ । ५ के पश्चात्)

श्रीरूपगोस्वामी (सोलहवीं शती)के 'ललितमाधव' और 'विदग्धमाधव' नाटकोंमें श्रीकृष्ण, श्रीराधा और गोपियोंकी प्रेमकथाको चैतन्य-सम्प्रदायके भक्ति-सिद्धान्तोंके आलोकमें एक नया रूप प्रदान किया गया है । इन नाटकोंमें परमेश्वरके अवतारका मुख्य प्रयोजन भक्तोंपर अनुग्रह करना ही कहा गया है ।

संक्षेपमें कहा जा सकता है कि संस्कृत-नाटककारोंने श्रीकृष्णावतार तथा श्रीरामावतारके चरितको लेकर अनेकानेक नाटकोंकी रचना की । श्रीराम और श्रीकृष्ण दोनों ही धर्म-द्रोहियों तथा असुरोंका विनाश करके पृथ्वीका भार उतारते हैं । दोनों धर्मरक्षक हैं, गौ-ब्राह्मण, तपःपूत ऋषियों और भक्तोंका कल्याण करनेवाले हैं । राक्षस उनके परमेश्वरत्वको पहचानकर उनके हाथोंसे मरकर पुण्यलोकोंको प्राप्त करते हैं । परात्पर ब्रह्म ही इन रूपोंमें अवतरित हो रावण तथा कंस-जैसे दुराचारी असुरोंका विनाश कर त्रिलोकीका कल्याण करते हैं ।

इस प्रकार परब्रह्म परमेश्वर ही राम, कृष्ण, वराह, वामन, नरसिंह आदि अवतार लेकर त्रिलोकके प्राणियोंपर अनुग्रह करते हैं । मनुष्य, देव, गन्धर्व, विद्याधर, नाग आदि सभी उनके अनुग्रहसे कृतार्थ हो जाते हैं ।

श्रीराम-प्रतापकी महिमा

> ये मज्जन्ति निमज्जयन्ति च परांस्ते प्रस्तरा दुस्तरे
> वार्धौ वीर तरन्ति वानरभटान् संतारयन्तेऽपि च ।
> नैते ग्रावगुणा न वारिधिगुणा नो वानराणां गुणाः
> श्रीमद्दाशरथेः प्रतापमहिमारम्भः समुज्जम्भते ॥
> (श्रीहनुमन्नाटक ७ । १९)

हे वीर ! जो आप स्वयं डूब जाते हैं और दूसरोंको भी डुबा देते हैं, वे ही पत्थर दुस्तर समुद्रमें तर रहे हैं और वानरयोद्धाओंको भी तार रहे हैं । यह न पत्थरोंकी शक्ति है, न समुद्रका ही गुण है और न वानरोंकी महिमा है, किंतु यह केवल दशरथनन्दन श्रीरामके (कृपा) प्रतापकी महिमाका ही रूप शोभित हो रहा है ।

आन्ध्र-महाभागवतमें भगवत्कृपा

(लेखक—डॉ० श्री एन्० एस्० दक्षिणामूर्ति)

महर्षि व्यासप्रणीत भक्ति-प्रतिपादक ग्रन्थ श्रीमद्भागवत-का भारतीय साहित्यमें अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है। इस ग्रन्थने समूचे देशको प्रभावित किया है। भारतीय जन-जीवनका, विशेषतया भागवतोंका यह विश्वकोश है। इसके सम्बन्धमें जर्मन-लेखक विंटरनिट्ज़ने ठीक ही लिखा है—

'This (Bhagavata) is indisputably that work of Purana-literature which is most famous in India. Still today it exerts a owerful influence on the life and ıought of the innumerable adherents f the sect of Bhagavatas.........'

इस प्रभावशील ग्रन्थका अवतरण प्रायः सभी भारतीय ाषाओंमें अनुवाद या अनुकृतिके रूपमें हुआ है। भक्त-कवि ीपोतना'ने (समय १४१०-१४७० ई०के मध्य) इस ग्रन्थका ेलुगुमें अनुवाद किया है। अपनी ही विशेषताओंके कारण ाह अनुवाद होते हुए भी स्वतन्त्र ग्रन्थका रूप धारण र चुका है। यह तेलुगु-साहित्यका गौरव-ग्रन्थ है। यद्यपि आन्ध्रमें धर्म-ग्रन्थोंमें महाभारत और रामायणका अध्ययन विशेष चावसे होता है, तथापि यह कहना अनुपयुक्त न होगा कि आन्ध्र-महाभागवतको उनसे भी अधिक लोकप्रियता प्राप्त हुई है। यह विद्वद्वर्ग और सर्वसाधारण—दोनोंका सर्वाधिक प्रिय और अनुरञ्जक ग्रन्थ है।

आन्ध्र-महाभागवतमें भक्त तथा ऋषि कवि श्रीपोतनाद्वारा अभिव्यक्त भगवान्की अपार महिमा और अनन्त कृपाका उद्घाटन करनेवाले अनेक पद्य हैं। ऐसे पद्योंसे हमें अनायास ही कविके महान् व्यक्तित्वका परिचय मिलता है।

सृष्टि, स्थिति, लय भगवान्के ही अधीन हैं। श्रीपोतनाने एक स्थानपर कहा है—

> विष्णुंडु विश्वंबु विष्णुनिकंटेनु
> वेरेमियुनु लेदु विश्वमुनकु
> भववृद्धिलयमु ला परमेशुचेनगु···।
> (आन्ध्र-महाभा० २। २०२)

'विष्णु ही विश्व हैं, विष्णुसे परे कुछ नहीं है, उन परमेश्वरसे ही विश्वकी सृष्टि-स्थिति-लय है।'

भगवान् अव्याजकरुणामूर्ति हैं, अशरणशरण हैं। उनका भजन करनेवाला, जो भक्त अथवा भागवत कहलाता है, भले ही नीच कुलमें क्यों न जन्मा हो, महोज्ज्वल कुलवाला हो जाता है। श्रीपोतना कहते हैं—

> कुलहीनुडु नारायण
> विलसत् कथनमुलु गडक विनिर्पिचिन द-
> त्कुलहीनत वासि महो-
> ज्ज्वलकुलत्वमुनु बोंदु·····।
> (आन्ध्र-महाभा० १। १४०)

'कुलहीन यदि निरन्तर नारायणकी विलसित कथाका श्रवण-कीर्तन करता रहता है तो वह महोज्ज्वल कुलका हो जाता है।'

'प्रह्लादचरित'में राक्षसराज हिरण्यकशिपु जब प्रह्लादसे पूछता है—'तुम्हें गुरुओंने क्या पढ़ाया? तुमने क्या पढ़ा?' तब प्रह्लाद बतलाते हैं—'गुरुओंने मुझे पढ़ाया, मैंने निखिल शास्त्रोंका सार पढ़ा, पढ़ाईका मर्म समझा—वह मर्म भक्ति है, समस्त चराचरके स्वामीको समझनेकी अनुरक्ति है।' यही कारण है कि प्रह्लाद अपने विद्या-गुरुजीको सम्बोधित कर कहते हैं—

> इनुमयस्कांत सन्निधि नेट्लु भ्रांत-
> मगु हृषीकेश सन्निधि ना विधमुनै
> मरगुचुन्नदि दैवयोगमुन जेसि
> ब्राह्मणोत्तम चित्तंबु भ्रांतमगुचु॥
> (आन्ध्र-महाभा० ७। १४९)

'हे ब्राह्मणोत्तम! दैवयोगसे मेरा चित्त श्रीहृषीकेशकी ओर उसी प्रकार आकर्षित हो रहा है, जिस प्रकार लोहा अयस्कान्त (चुम्बक)की ओर झुक जाता है।'

भगवान्की कृपा प्राप्त करनेका यही सर्वोत्तम साधन है। कहा भी गया है—

> यत्फलं नास्ति तपसा न योगेन समाधिना।
> तत्फलं लभते सम्यक्कलौ केशवकीर्तनात्॥
> (श्रीमद्भा० माहा० १। ६८)

'(अन्य युगोंमें) जो फल तपस्या, योग और समाधिसे भी नहीं प्राप्त होता, वही कलियुगमें केवल श्रीहरिके संकीर्तनसे भलीभाँति मिल जाता है।'

वस्तुतः भगवान्का कीर्तन वाणीके लिये अलंकार है, भक्तके लिये उद्धार है। भक्त श्रीहरिका नाम-संकीर्तन करते हुए अघाते नहीं हैं—

भूषणमुलु सेवुलकु बुध
तोषण मुलनेक जन्म दुरितौघविनि-
श्शोषणमुलु मंगलतर
घोषणमुलु गरुडगमनगुण भाषणमुल् ।

(आन्ध्र-महाभा० ७ । १६८७ पूर्वार्द्ध)

'गरुडगमन (श्रीविष्णु)के गुणोंका संकीर्तन कानोंके लिये भूषण, पण्डितोंके लिये संतोषप्रद, अनेक जन्मोंके पापोंको दूर करनेवाला तथा मङ्गलतर घोषणा है ।'

'श्रीपोतना'के प्रह्लाद भक्तोंके आदर्श हैं ।

श्रीमद्भागवतमें भक्तिके अनेक प्रसङ्ग वर्णित हैं, जिनमें भगवान्‌की कृपा और भगवद्भक्तिकी प्राप्तिके साधनोंका उल्लेख है । सच्चे हृदयसे जो भगवान्‌को पुकारता है, उसको निश्चय ही भगवान्‌की कृपा प्राप्त होती है। 'श्रीपोतना'ने इस बातको अपने ग्रन्थमें स्थान-स्थानपर स्पष्ट किया है। वस्तुतः प्रह्लादचरित, गजेन्द्रमोक्ष, अम्बरीषोपाख्यान और रुक्मिणी-कल्याण आदि आन्ध्र-महाभागवतके प्रमुख प्रसङ्ग हैं, जो 'श्रीपोतना'के भक्त-हृदयके दि य प्रमाण हैं । इन प्रसङ्गोंमें उन्होंने यह दिखलाया है कि भगवान्‌की कृपा प्राप्त करनेका अमोघ साधन सर्वस्व-समर्पण ही है । 'गजेन्द्रमोक्ष'-प्रसङ्गमें उन्होंने लिखा है कि जबतक गजेन्द्रको भगवान्‌पर अटूट विश्वास नहीं हुआ, तबतक वह द्वन्द्वमें फँसा रहा । जब निश्चयात्मिका बुद्धिसे उसने समस्त चराचर जगत्‌के स्वामीकी शरणके लिये प्रार्थना की, तब तुरंत उसको भगवान्‌की कृपा प्राप्त हुई । दूसरे शब्दोंमें यह कहा जा सकता है कि भगवत्कृपा प्राप्त करनेका सर्वथा सुलभ मार्ग शरणागति है । 'अहिर्बुध्न्यसंहिता'में शरणागतिके छः भेद बताये गये हैं—

आनुकूल्यस्य संकल्पः प्रातिकूल्यस्य वर्जनम् ।
रक्षिष्यतीति विश्वासो गोप्तृत्ववरणं तथा ॥
आत्मनिक्षेपकार्पण्ये षड्विधा शरणागतिः ।

(१७ । २८-२९)

भगवत्प्राप्तिमें सर्वथा अनुकूल पड़नेवाले साधनोंको ही अपनानेका दृढ़ संकल्प 'आनुकूल्यस्य संकल्पः' प्रथम प्रकारकी शरणागति है। प्रह्लाद अपने पितासे कहते हैं—"निशाचरनाथ ! संसाररूप अन्धकारमय कूपमें न पड़कर, 'तुम-हम'के मति-विभ्रमसे उत्पन्न भेद-भावका व्यवहार न कर, सब उन परमात्माकी ही दिव्य कलाएँ हैं—ऐसा विचार करें । श्रीविष्णुमें चित्त लगाना और अरण्यमें निवास करना शुभकर है ।"(आन्ध्र-महाभा० ७ । १४२) जो बातें भगवत्प्राप्तिमें विघ्न उपस्थित करती हैं, उनका परित्याग सर्वथा श्रेयस्कर है । इसीका नाम **'प्रातिकूल्यस्य वर्जनम्'** है । 'श्रीपोतना'के प्रह्लाद दैत्य-बालकोंको समझाते हैं—'विषयासक्त विबुध-अहितैषियों (राक्षसों) के साथ हम सम्बन्ध न रखें । हम शैशवमें ही मुक्त-सङ्गकों अर्थात् संतोंका सङ्ग कर मुक्तिमार्ग-वाञ्छासे उन आदिदेवकी शरणमें जायँ (आन्ध्र-महाभा० ७ । २२६) । सब प्रकारसे भगवान् हमारी रक्षा करेंगे—भक्तोंके मनमें ऐसा दृढ़ विश्वास होता है, **'रक्षिष्यतीति विश्वासः'** यही उनके सबल हृदयका प्रमाण है । प्रह्लाद अपने पितासे कहते हैं—'पिताजी ! परमात्मा अम्भोनिधि (समुद्र)में हैं, पवनमें हैं, आकाश और भूमिमें हैं, अग्निमें हैं, दिशाओंमें हैं, दिन, रात, खद्योत और चन्द्रमामें हैं, ओंकार (प्रणव)में, त्रिमूर्तियों (ब्रह्मा, विष्णु, शिव) में, त्रिलिङ्गों (स्त्री, पुरुष, नपुंसक)में—सर्वत्र विद्यमान हैं। उनको इधर-उधर ढूँढ़नेकी आवश्यकता क्या है ?' (आन्ध्र-महा० ७ । २७४) । भगवान्‌के रक्षक-स्वरूपका वरण करना चतुर्थ प्रकारकी शरणागति **'गोप्तृत्ववरणम्'** है । प्रह्लाद पितासे कहते हैं—'बलवान्, बलहीन, आपके, ब्रह्मादिके, सकल प्राणियोंके जो बल हैं, हे असुरेन्द्र ! वे ही मेरे बल हैं।' (आन्ध्र-महाभा० ७ । २६४) । यह उपाय और बलकी आत्यन्तिक निवृत्ति तथा सर्वस्व-समर्पण 'आत्मनिक्षेपः' है। 'श्रीपोतना'की गोपियाँ कहती हैं—'आपके पाद-कमलोंके स्नेहसे हम उनके ही पास जा सकती हैं, उनको छोड़कर जानेके लिये हमारे चरण नहीं उठते। आपके कराग्रोंके स्पर्शको छोड़कर हमारे हाथ और कुछ नहीं कर सकते, हमारे कान आपके वागमृत-को छोड़कर अन्य वाणी नहीं सुन सकते, हमारी दृष्टि आपकी सुन्दराकृतिको छोड़कर अन्य किसीको नहीं देखना चाहतीं, हमारी जिह्वा आपकी बात छोड़कर और किसीके सम्बन्धमें नहीं बोलना चाहती ···।' (आन्ध्र-महाभा० ७।१८३)। अहंकारका नाश और दैन्यभाव **'कार्पण्यम्'** है, जो अन्तिम प्रकार है । प्रह्लादकी इस उक्तिमें इसका स्वरूप देखा जा सकता है—'लक्ष्मी, महेश और ब्रह्माको भी आप निज महत् उद्दाम हस्तसे अभयदान नहीं देते, मैं बालक हूँ, असुरवंशमें उत्पन्न दैत्य हूँ, उग्र रजोगुणवाला हूँ, (ऐसे मुझ बालकके) सिरपर कराम्बुज रखकर अपार दया दिखाना, हे परमेश्वर ! आश्चर्यजनक है ।' यह दैन्य भव-बन्धन-मुक्ति और प्रबुद्धता-प्राप्तिका एकमात्र साधन है । भगवान्‌की कृपासे ही सकल शुभकी प्राप्ति सम्भव है ।

जगद्धर भट्टकी दृष्टिमें भगवत्कृपा

(लेखक—कविरत्न श्रीकृष्णप्रसादजी शर्मा घिमिरे)

भगवान् शिवके अनन्य-भक्त तथा 'स्तुति-कुसुमाञ्जलि'-के रचयिता परम शैव महाकवि जगद्धर भट्ट काश्मीर-निवासी थे। उनके पूर्वज महान् शिव-भक्त थे, जिनके आशीर्वादसे महाकवि जगद्धर भट्टने अपनी 'स्तुति-कुसुमाञ्जलि' नामक रचनामें भगवान् शिवकी कृपा-वत्सलता और करुणामय स्वभावका बड़ा मौलिक वर्णन प्रस्तुत किया है। उन्होंने संवत् १४०७ वि०में काश्मीरको अपनी उपस्थितिसे गौरवान्वित कर वहाँ भगवान् शिवकी भक्ति-मन्दाकिनी प्रवाहित की।

'स्तुति-कुसुमाञ्जलि'में भगवान् शिवकी करुणा, अनुकम्पा, प्रसन्नता और कृपाका बड़ा सारगर्भित वर्णन उपलब्ध होता है। उसमें उन्होंने अपने हृदयके सम्पूर्ण दैन्य और भगवत्कृपा-प्राप्तिकी बलवती अभीप्साका सजीव चित्रण प्रस्तुत किया है। उनका दृढ़ विश्वास है कि 'मुझ असहाय, अकिंचन और अनाथपर भगवान् गिरिजापति चन्द्रशेखरकी कृपा अवश्यमेव उतरेगी; क्योंकि यदि मुझ-जैसा दीन-हीन उनका कृपा-भाजन नहीं बनेगा तो दूसरा कौन बन सकता है?' इसीलिये उन्होंने अपनी रचनामें भगवान् शिवकी उपासना और कृपा-प्राप्तिपर विशेष बल दिया है। उनके आराध्य भगवान् 'शिव' चराचर-पर अनुकम्पा करनेवाले हैं; क्योंकि वे ही 'शिव' अर्थात् सबका कल्याण करनेवाले हैं। उन्होंने भगवान् शंकरको प्रणाम निवेदन करते हुए उनके भूतवर्गानुकम्पी रूपका स्मरण किया है—

> नमस्तमःपराभूतभूतवर्गानुकम्पिने ।
> श्वेतभानुग्रहज्ञानुभानुभासितचक्षुषे ॥
> (स्तुतिकु० २ । ६)

'जो अविद्यारूप अज्ञान (अन्धकार)से पराभूत—आक्रान्त दीन-हीन प्राणियोंके प्रति अकारण ही अनुकम्पा करनेवाले हैं, उन चन्द्र, अग्नि, सूर्यके समान भासमान नेत्रसे सम्पन्न भगवान् (त्र्यम्बक) शिवको नमस्कार है।'

भक्तराज जगद्धरको भगवान्की कृपा-शक्तिमें अमोघ विश्वास था। उनके हृदयने इस बातका अनुभव किया कि हमारे एकमात्र रक्षक—शरण भगवान् सदाशिव महादेव हैं। उन्होंने इस भीषण भवसागरसे पार होनेके लिये उनसे बड़े दीनभावसे निवेदन किया है—

> तावत्प्रसीद कुरु नः करुणाममन्द-
> माक्रन्दमिन्दुधर मर्षय मा विहासीः ।
> ब्रूहि त्वमेव भगवन् करुणार्णवेन
> त्यक्तास्त्वया कमपरं शरणं व्रजामः ॥
> (स्तुतिकु० ९ । ५४)

'हे चन्द्रशेखर! आप प्रसन्न हो जाइये, कृपा कीजिये, मेरे करुण क्रन्दनपर ध्यान दीजिये। आप मेरा परित्याग मत कीजिये। आप-जैसे कृपासागरसे परित्यक्त होकर मैं किसकी शरणमें जाऊँ! क्या आपसे भी बढ़कर कोई दूसरा कृपा-सागर है? आप मेरा उद्धार कीजिये। मुझे भवसागरसे पार उतार दीजिये।'

भक्तराज शैवकवि जगद्धर भट्टके नेत्रोंने भगवान् शिवको सम्पूर्ण कृपामय देखा। एक स्थलपर कविने कृपा-मूर्ति भगवान्के चरणकमलोंमें सारगर्भित स्तुति समर्पित की है, जो प्राणियोंके लिये परम संतुष्टिदायिनी और कल्याणस्वरूपा है—

> हन्तापहन्तापदुपद्रवाणां
> यस्याक्षयस्याक्षणिकः प्रसादः ।
> संतापसंतापहरा प्रपेव
> कान्तारकान्ता रसना च यस्य ॥
> तादृङ्मता दृङ्महतां समन्ता-
> दालोकदा लोकहिता च यस्य ।
> तं संततं संतमसार्त्तलोक-
> पालं कृपालंकृतमीशमीडे ॥
> (स्तुतिकु० २६ । १-२)

'जिन परमेश्वरका अमोघ प्रसाद आपत्तिरूप उपद्रवोंको नष्ट करता है, जिनकी अमृतरसपूर्ण रसना (वाणी) मरुस्थलकी प्रपा (प्याऊ)के समान जीवोंके आधिदैहिक और आधिभौतिक तापोंके संतापका हरण कर लेती है और महात्माओंको परम प्रकाश देनेवाली जिनकी दृष्टि जीवोंका हित करती है, उन अज्ञानरूप अन्धकारसे पीड़ित आर्तजनोंके प्रतिपालक, कृपासे अलंकृत ईश (शिव)का मैं स्तवन करता हूँ।'

महाकवि जगद्धर भट्टकी अमर रचना 'स्तुतिकुसुमाञ्जलि' भगवान् शिवके अलौकिक लीलाचरित्रोंसे परिपूर्ण है। यह स्तवनात्मक काव्य है, जिसमें जगद्धर भट्टने अपनी सौभाग्यवती भक्तिमयी वाणीका श्रृङ्गार किया। इसमें पद-पदपर उनकी भगवत्कृपामयी अनुभूतिका परिचय मिलता है।

भूषणमुलु सेवुलकु बुध
तोषण मुलनेक जन्म दुरितोघविनि-
श्शोषणमुलु मंगलतर
घोषणमुलु गरुडगमनगुण भापणमुल् ।
(आन्ध्र-महाभा० ७ । १६८७ पूर्वार्द्ध)

'गरुडगमन (श्रीविष्णु)के गुणोंका संकीर्तन कानोंके लिये भूषण, पण्डितोंके लिये संतोषप्रद, अनेक जन्मोंके पापोंको दूर करनेवाला तथा मङ्गलतर घोषणा है।'

'श्रीपोतना'के प्रह्लाद भक्तोंके आदर्श हैं।

श्रीमद्भागवतमें भक्तिके अनेक प्रसङ्ग वर्णित हैं, जिनमें भगवान्‌की कृपा और भगवद्भक्तिकी प्राप्तिके साधनोंका उल्लेख है। सच्चे हृदयसे जो भगवान्‌को पुकारता है, उसको निश्चय ही भगवान्‌की कृपा प्राप्त होती है। 'श्रीपोतना'ने इस बातको अपने ग्रन्थमें स्थान-स्थानपर स्पष्ट किया है। वस्तुतः प्रह्लादचरित, गजेन्द्रमोक्ष, अम्बरीषोपाख्यान और रुक्मिणी-कल्याण आदि आन्ध्र-महाभागवतके प्रमुख प्रसङ्ग हैं, जो 'श्रीपोतना'के भक्त-हृदयके दि य प्रमाण हैं। इन प्रसङ्गोंमें उन्होंने यह दिखलाया है कि भगवान्‌की कृपा प्राप्त करनेका अमोघ साधन सर्वस्व-समर्पण ही है। 'गजेन्द्रमोक्ष'-प्रसङ्गमें उन्होंने लिखा है कि जबतक गजेन्द्रको भगवान्‌पर अटूट विश्वास नहीं हुआ, तबतक वह द्वन्द्वमें फँसा रहा। जब निश्चयात्मिका बुद्धिसे उसने समस्त चराचर जगत्‌के स्वामीकी शरणके लिये प्रार्थना की, तब तुरंत उसको भगवान्‌की कृपा प्राप्त हुई। दूसरे शब्दोंमें यह कहा जा सकता है कि भगवत्कृपा प्राप्त करनेका सर्वथा सुलभ मार्ग शरणागति है।

'अहिर्बुध्न्यसंहिता'में शरणागतिके छः भेद बताये गये हैं—

आनुकूल्यस्य संकल्पः प्रातिकूल्यस्य वर्जनम्।
रक्षिष्यतीति विश्वासो गोप्तृत्ववरणं तथा॥
आत्मनिक्षेपकार्पण्ये षड्विधा शरणागतिः।
(१७। २८-२९)

भगवत्प्राप्तिमें सर्वथा अनुकूल पड़नेवाले साधनोंको ही अपनानेका दृढ़ संकल्प '**आनुकूल्यस्य संकल्पः**' प्रथम प्रकारकी शरणागति है। प्रह्लाद अपने पितासे कहते हैं—"निशाचरनाथ! संसाररूप अन्धकारमय कूपमें न पड़कर, 'तुम-हम'के मति-विभ्रमसे उत्पन्न भेद-भावका व्यवहार न कर, सब उन परमात्माकी ही दिव्य कलाएँ हैं—ऐसा विचार करें। श्रीविष्णुमें चित्त लगाना और अरण्यमें निवास करना शुभकर है।" (आन्ध्र-महाभा० ७। १४२) जो बातें भगवत्प्राप्तिमें विघ्न उपस्थित करती हैं, उनका परित्याग सर्वथा श्रेयस्कर है। इसीका नाम '**प्रातिकूल्यस्य वर्जनम्**' है। 'श्रीपोतना'के प्रह्लाद दैत्य-बालकोंको समझाते हैं—'विषयासक्त विबुध-अहितैषियों (राक्षसों) के साथ हम सम्बन्ध न रखें। हम शैशवमें ही मुक्त-सङ्ग अर्थात् संतोंका सङ्ग कर मुक्तिमार्ग-वाञ्छासे उन आदिदेवकी शरणमें जायँ (आन्ध्र-महाभा० ७। २२६)। सब प्रकारसे भगवान् हमारी रक्षा करेंगे—भक्तोंके मनमें ऐसा दृढ़ विश्वास होता है, '**रक्षिष्यतीति विश्वासः**' यही उनके सबल हृदयका प्रमाण है। प्रह्लाद अपने पितासे कहते हैं—'पिताजी! परमात्मा अम्भोनिधि (समुद्र)में हैं, पवनमें हैं, आकाश और भूमिमें हैं, अग्निमें हैं, दिशाओंमें हैं, दिन, रात, खद्योत और चन्द्रमामें हैं, ओंकार (प्रणव)में, त्रिमूर्तियों (ब्रह्मा, विष्णु, शिव) में, त्रिलिङ्गों (स्त्री, पुरुष, नपुंसक)में—सर्वत्र विद्यमान हैं; उनको इधर-उधर ढूँढ़नेकी आवश्यकता क्या है?' (आन्ध्र-महा० ७। २७४)। भगवान्‌के रक्षक-स्वरूपका वरण करना चतुर्थ प्रकारकी शरणागति '**गोप्तृत्ववरणम्**' है। प्रह्लाद पिता[से] कहते हैं—'बलवान्, बलहीन, आपके, ब्रह्मादिके, सब प्राणियोंके जो बल हैं, हे असुरेन्द्र! वे ही मेरे बल हैं' (आन्ध्र-महाभा० ७। २६४)। यह उपाय और बल[की] आत्यन्तिक निवृत्ति तथा सर्वस्व-समर्पण 'आत्मनिक्षेपः' है। 'श्रीपोतना'की गोपियाँ कहती हैं—'आपके पाद-कमलोंके स[मीप] हम उनके ही पास जा सकती हैं, उनको छोड़कर जानेके [लिये] हमारे चरण नहीं उठते। आपके कराग्रोंके स्पर्शको छोड़कर ह[मारे] हाथ और कुछ नहीं कर सकते, हमारे कान आपके वाग[मृत]को छोड़कर अन्य वाणी नहीं सुन सकते, हमारी [आँखें] आपकी सुन्दराकृतिको छोड़कर अन्य किसीको नहीं दे[खना] चाहतीं, हमारी जिह्वा आपकी बात छोड़कर और कि[सीके] सम्बन्धमें नहीं बोलना चाहती…।' (आन्ध्र-महाभा० ७। १८…) अहंकारका नाश और दैन्यभाव '**कार्पण्यम्**' है, जो अ[न्तिम] प्रकार है। प्रह्लादकी इस उक्तिमें इसका स्वरूप देख सकता है—'लक्ष्मी, महेश और ब्रह्माको भी आप निज … उद्दाम हस्तसे अभयदान नहीं देते, मैं बालक हूँ, असुर[कुलमें] उत्पन्न दैत्य हूँ, उग्र रजोगुणवाला हूँ, (ऐसे मुझ बाल[कके] सिरपर कराम्बुज रखकर अपार दया दिखाना, हे परमे[श्वर!] आश्चर्यजनक है।' यह दैन्य भव-बन्धन-मुक्ति और प्रभु-प्राप्तिका एकमात्र साधन है। भगवान्‌की कृपासे ही शुभकी प्राप्ति सम्भव है।

जगद्धर भट्टकी दृष्टिमें भगवत्कृपा

(लेखक—कविरत्न श्रीकृष्णप्रसादजी शर्मा घिमिरे)

भगवान् शिवके अनन्य-भक्त तथा 'स्तुति-कुसुमाञ्जलि'-के रचयिता परम शैव महाकवि जगद्धर भट्ट काश्मीर-निवासी थे। उनके पूर्वज महान् शिव-भक्त थे, जिनके आशीर्वादसे महाकवि जगद्धर भट्टने अपनी 'स्तुति-कुसुमाञ्जलि'नामक रचनामें भगवान् शिवकी कृपा-वत्सलता और करुणामय स्वभावका बड़ा मौलिक वर्णन प्रस्तुत किया है। उन्होंने संवत् १४०७ वि०में काश्मीरको अपनी उपस्थितिसे गौरवान्वित कर वहाँ भगवान् शिवकी भक्ति-मन्दाकिनी प्रवाहित की।

'स्तुति-कुसुमाञ्जलि'में भगवान् शिवकी करुणा, अनुकम्पा, प्रसन्नता और कृपाका बड़ा सारगर्भित वर्णन उपलब्ध होता है। उसमें उन्होंने अपने हृदयके सम्पूर्ण दैन्य और भगवत्कृपा-प्राप्तिकी बलवती अभीप्साका सजीव चित्रण प्रस्तुत किया है। उनका दृढ़ विश्वास है कि 'मुझ असहाय, अकिंचन और अनाथपर भगवान् गिरिजापति चन्द्रशेखरकी कृपा अवश्यमेव उतरेगी; क्योंकि यदि मुझ-जैसा दीन-हीन उनका कृपा-भाजन नहीं बनेगा तो दूसरा कौन बन सकता है?' इसीलिये उन्होंने अपनी रचनामें भगवान् शिवकी उपासना और कृपा-प्राप्तिपर विशेष बल दिया है। उनके आराध्य भगवान् 'शिव' चराचर-पर अनुकम्पा करनेवाले हैं; क्योंकि वे ही 'शिव' अर्थात् सबका कल्याण करनेवाले हैं। उन्होंने भगवान् शंकरको प्रणाम निवेदन करते हुए उनके भूतवर्गानुकम्पी रूपका स्मरण किया है—

नमस्तमःपराभूतभूतवर्गानुकम्पिने ।
श्वेतभानुग्रहस्वानुभानुभासितचक्षुषे ॥

(स्तुतिकु० २। ६)

'जो अविद्यारूप अज्ञान (अन्धकार)से पराभूत—आक्रान्त दीन-हीन प्राणियोंके प्रति अकारण ही अनुकम्पा करनेवाले हैं, उन चन्द्र, अग्नि, सूर्यके समान भासमान नेत्रसे सम्पन्न भगवान् (त्र्यम्बक) शिवको नमस्कार है।'

भक्तराज जगद्धरको भगवान्‌की कृपा-शक्तिमें अमोघ विश्वास था। उनके हृदयने इस बातका अनुभव किया कि हमारे एकमात्र रक्षक—शरण भगवान् सदाशिव महादेव हैं। उन्होंने इस भीषण भवसागरसे पार होनेके लिये उनसे बड़े दीनभावसे निवेदन किया है—

तावत्प्रसीद कुरु नः करुणाममन्द-
माक्रन्दमिन्दुधर मर्षय मा विहासीः ।
ब्रूहि त्वमेव भगवन् करुणार्णवेन
त्यक्तास्त्वया कमपरं शरणं व्रजामः ॥

(स्तुतिकु० ९। ५४)

'हे चन्द्रशेखर! आप प्रसन्न हो जाइये, कृपा कीजिये, मेरे करुण क्रन्दनपर ध्यान दीजिये। आप मेरा परित्याग मत कीजिये। आप-जैसे कृपासागरसे परित्यक्त होकर मैं किसकी शरणमें जाऊँ! क्या आपसे भी बढ़कर कोई दूसरा कृपा-सागर है? आप मेरा उद्धार कीजिये। मुझे भवसागरसे पार उतार दीजिये।'

भक्तराज शैवकवि जगद्धर भट्टके नेत्रोंने भगवान् शिवको सम्पूर्ण कृपामय देखा। एक स्थलपर कविने कृपा-मूर्ति भगवान्‌के चरणकमलोंमें सारगर्भित स्तुति समर्पित की है, जो प्राणियोंके लिये परम संतुष्टिदायिनी और कल्याणस्वरूपा है—

हन्तापहन्तापदुपद्रवाणां
यस्याक्षयस्याक्षणिकः प्रसादः ।
संतापसंतापहरा प्रपेव
कान्तारकान्ता रसना च यस्य ॥
तादृङ्मता दृङ्महतां समन्ता-
दालोकदा लोकहिता च यस्य ।
तं संततं संतमसार्त्तलोक-
पालं कृपालंकृतमीशमीडे ॥

(स्तुतिकु० २६। १-२)

'जिन परमेश्वरका अमोघ प्रसाद आपत्तिरूप उपद्रवोंको नष्ट करता है, जिनकी अमृतरसपूर्ण रसना (वाणी) मरुस्थलकी प्रपा (प्याऊ)के समान जीवोंके आधिदैविक और आधिभौतिक तापोंके संतापका हरण कर लेती है और महात्माओं-को परम प्रकाश देनेवाली जिनकी दृष्टि जीवोंका हित करती है, उन अज्ञानरूप अन्धकारसे पीड़ित आर्तजनोंके प्रतिपालक, कृपासे अलंकृत ईश (शिव)का मैं स्तवन करता हूँ।'

महाकवि जगद्धर भट्टकी अमर रचना 'स्तुतिकुसुमाञ्जलि' भगवान् शिवके अलौकिक लीलाचरित्रोंसे परिपूर्ण है। यह स्तवनात्मक काव्य है, जिससे जगद्धर भट्टने अपनी सौभाग्यवती भक्तिमयी वाणीका शृङ्गार किया। इसमें पद-पदपर उनकी भगवत्कृपामयी अनुभूतिका परिचय मिलता है।

सूर-काव्यमें भगवत्कृपा

(लेखक—डॉ० श्रीरामचरणलालजी शर्मा, एम्० ए०, पी-एच्०डी०)

सर्वशक्तिमान् परब्रह्म परमात्माके अनुग्रहको ही 'भगवत्कृपा'के नामसे सम्बोधित किया जाता है। इसकी महिमा अमित, अनन्त और अपार है। यह भव-भय-भञ्जनी, जन-मन-रञ्जनी, पाप-ताप-हारिणी और सर्वसुखप्रदायिनी है। यह लौकिक एवं पारलौकिक—उभय प्रकारके सुखोंकी प्राप्तिका एकमात्र साधन है, इसीलिये बड़े-बड़े ऋषियों, मुनियों, महापुरुषों एवं विद्वानोंने भगवत्कृपाकी महिमाका एक स्वरसे गान किया है। प्रज्ञाचक्षु सर्वश्रेष्ठ भक्त एवं महाकवि सूर भी इस क्षेत्रमें पीछे नहीं हैं। उन्होंने भी भगवत्कृपाकी महिमाका गान कर अपनी वाणीको परम पावन बनाया है तथा अपने काव्य (सूरसागर)में अनेक स्थलोंपर उसकी प्रतिष्ठा की है।

सूर-काव्यके अनुशीलनसे विदित होता है कि उनकी रचनाओंका शुभारम्भ ही भगवत्कृपा-महिमा-गानसे हुआ है। उन्होंने 'सूरसागर' तथा 'सूरसारावली'—दोनोंके प्रथम पदमें लिखा है—'मैं श्रीहरिके उन चरण-कमलोंकी वन्दना करता हूँ, जिनकी कृपासे लँगड़ा व्यक्ति पहाड़को लाँघ सकता है, अंधेको सब कुछ दिखायी दे सकता है, बधिर सुन सकता है, गूँगा बोल सकता है, रंक राजा बन सकता है'—

चरन कमल बंदौं हरिराइ।
जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै, अंधेकौं सब कछु दरसाइ॥
बहिरौ सुनै, गूँग पुनि बोलै, रंक चलै सिर छत्र धराइ।
सूरदास स्वामी करुनामय, बार बार बंदौं तिहिं पाइ॥
(सूरसागर १।१)

सूरदासजीकी दृष्टिमें वही मानव कुलीन और सुन्दर है, जिसपर भगवान् कृपा करते हैं—

जापर दीनानाथ ढरै।
सोइ कुलीन, बड़ौ सुंदर सोइ, जिहिं पर कृपा करै॥
(सूरसागर १।३५)

भगवत्कृपा होनेपर अर्जुन युद्ध-भूमिमें विजयी हो सके, विभीषणको लंकाका राज्य मिल सका, ध्रुव आकाशमें अचल स्थान पा सके, कौरवोंकी भरी सभामें द्रौपदीकी लाज बच गयी और दुःशासनको लज्जित होना पड़ा—

जाकौं दीनानाथ निवाजैं।
भवसागर में कबहुँ न झूकै, अभय निसाने बाजैं॥
......................अर्जुन रन में गाजैं।
लंकाराज बिभीषन राजैं, ध्रुव आकास बिराजैं॥
... ...
अंबर गहत द्रौपदी राखी, पलटि अंध-सुत लाजैं॥
(सूरसागर १।३६)

भगवान् जिसपर कृपा करते हैं, वह किसीके मारनेसे नहीं मरता। 'सूरसागर'में एक स्थलपर लिखा है कि भगवत्कृपाके लेशमात्रसे अज्ञानान्धकार मिट जाता है, मोह-रूपा रात्रि समाप्त हो जाती है और ज्ञानरूप प्रभातके दर्शन होते हैं। सब प्राणियोंमें परमात्माके स्वरूपकी प्रतीति होने लगती है, मेरे-तेरेकी भावनाका विनाश हो जाता है अर्थात् मायाके बन्धनसे मुक्ति मिल जाती है। इसीलिये सूरदासजी ऐसे कृपालु प्रभुके गुण-गान अहर्निश प्रेमके साथ सुननेमें तत्पर रहते हैं और करुणानिधानको बारंबार नमस्कार करते हैं—

नमो नमो हे कृपानिधान।
चितवत कृपा-कटाच्छ तुम्हारैं, मिटि गयौ तम-अज्ञान॥
मोह-निसा कौ लेस रह्यौ नहिं, भयौ बिबेक बिहान।
आतम-रूप सकल घट दरस्यौ, उदय कियौ रबि-ज्ञान॥
मैं-मेरी अब रही न मेरैं, छुट्यौ देह-अभिमान।
× × ×
स्रवन करौं निसि-बासर हित सौं, सूर तुम्हारी आन॥
(२।३३)

सूरदासजीने भगवान्के सभी अवतारोंको उनकी भक्तवत्सलता और कृपाका प्रमाण बतलाया है। कालियदमन-प्रसङ्गमें बतलाया गया है कि कालियदहमें कूदकर जब भगवान् श्रीकृष्ण कालियनागके पास पहुँचे, तब उसने उन्हें अपनी पूँछमें लपेट लिया और गर्वके साथ उनसे कहा—'क्या तू नागोंके राजाको नहीं जानता ?'—

उरग लियौ हरिकौं लपटाइ।
गर्व-बचन कहि-कहि मुख भाषत, मोकौं नहिं जानत अहिराइ।
(सूरसागर १०।५५५)

कृपालु प्रभु किसीका गर्व सहन नहीं करते, अतः उन्होंने कालियनागका गर्व-भञ्जन करनेकी दृष्टिसे अपने शरीरका विस्तार किया। कालियनागने शरणकी याचना की। प्रभु बड़े दयालु हैं, वे दयार्द्र हो गये—

यह बानी सुनतहिं करुनामय, तुरत गए सकुचाइ।
यहै बचन सुनि द्रुपदसुता-मुख, दीन्हौ बसन बढ़ाइ॥

यहै बचन गजराज सुनायौ, गरुड़ छाँड़ि तहँ धाए।
यहै बचन सुनि लाखा-गृहमें पांडव जरत बचाए॥
यह बानी सहि जात न प्रभु सौं, ऐसे परम कृपाल।
सूरदास प्रभु अङ्ग सकोर्‌यौ, व्याकुल देख्यौ व्याल॥

(सूरसागर १० । ५५६)

उपर्युक्त पदमें सूरदासने एक ओर तो कालिय-नागपर भगवान्‌की कृपाका वर्णन किया है, दूसरी ओर भगवत्कृपाको प्राप्त करनेके साधन शरणागतिका निर्देश संकेतरूपमें दिया है। भगवत्कृपा तभी प्राप्त होती है, जब मनुष्य अपना सब कुछ भुलाकर भगवान्‌की शरणमें चला जाता है। यहाँ द्रुपद-सुता, गजराज और पाण्डवोंके उदाहरण प्रस्तुत कर इसी तथ्य-का निदर्शन कराया गया है।

नागपत्नियोंपर भगवान्‌की कृपाका चित्रण भी अत्यन्त भावपूर्ण है—जब भगवान् श्रीकृष्ण कालियनागके प्रत्येक फनपर नृत्य करने लगे, तब नागपत्नियोंने भगवान्‌के समक्ष खड़ी होकर स्तुति की और वरदानके रूपमें अपने पति-को ही माँगा। कृपालु भगवान्‌ने उनका पति उन्हें सौंपकर अपने कृपामृतका वर्षण किया—

उरग-नारि आगें सब ठाढ़ीं, मुख-मुख अस्तुति गावैं।
सूर स्याम अपराध छमहुँ अब, हम मागें पति पावैं॥

(सूरसागर १० । ५६६)

पतिके प्राप्त होनेपर वे भगवान्‌से कहने लगीं—

बहुत कृपा इहिं करी गोसाईं।
इतनी कृपा करी नहिं काहूँ जिनि राखे सरनाईं।
× × ×
जो कछु कृपा करी काली पर सो काहूँ नहिं कीन्हौ।

(सूरसागर १० । ५६७)

इस महामहिमामयी श्रीहरिकृपासे पारमार्थिक दारिद्र्यके साथ-ही-साथ भौतिक सम्पत्तिके अभावका विनाश भी पलभरमें हो जाता है। सूरदासजीने घोर दारिद्र्यसे पीड़ित सुदामाका उदाहरण हमारे समक्ष रखा है। जब सुदामा भगवान् श्रीकृष्णसे मिलनेके लिये द्वारका पहुँचे, तब प्रभु श्रीकृष्ण उनकी दीन-हीन दशाको देखकर अत्यन्त व्याकुल हो गये और अत्यन्त द्रवित होकर उन्होंने सुदामाको दो मुट्ठी चावलके बदले दो लोकोंका राज्य दे दिया। यदि रुक्मिणीजी तन्दुल चबाते (फाँकते) समय उनका हाथ न पकड़तीं तो वे सुदामाको त्रिभुवनका अधिपति बना देते। प्रभु बड़े कृपालु हैं। उनकी कृपाको वही जान सकता है, जिसपर उनकी कृपा होती है। वे कृपा करते समय कुछ भी देनेमें संकोच नहीं करते—

जदुपति दीख सुदामा आवत।
बिहबल बिकल भयो दारिद बस,
.........करि बिलाप रुक्मिनी सुनावत॥
× × ×
तंदुल देखि अधिक आनंदित, माँगि सुदामा जो मन भावत॥
मन ही मनमें कहत गहौ कर, सो दीजै जो चित न डुलावत।
सूरदास नव निधि के दाता, जाकौं कृपा करत सोइ पावत॥

(सूरसागर १० । ४२२९)

प्रभुने सर्वस्व देकर सुदामाको घरके लिये विदा किया। सुदामाके मुखसे निकली निम्न पङ्क्तियोंमें श्रीहरिकृपासे दारिद्र्य-हरणकी झलक मिलती है—

हरि बिनु कौन दरिद्र हरै।
कहत सुदामा सुन सुंदरि, हरि मिलन न मन बिसरै॥

(सूरसागर १० । ४२४२)

सूरदासजीने कुरुक्षेत्रमें श्रीकृष्ण और व्रजवासियोंके मिलन-प्रसङ्गमें भी भगवत्कृपाकी चर्चा की है। कुरुक्षेत्रमें भगवती राधा जब श्रीकृष्णसे मिलती हैं, तब उनसे कहती हैं कि यह आपकी बड़ी भारी कृपा है, जो आपने हमें नहीं भुलाया और यहाँ आकर हमें दर्शन दिया—

हम तौ इतनैं ही सचु पायौ।
सुंदर स्याम कमलदल-लोचन, बहुरौ दरस दिखायौ॥
× × ×
महाराज ह्वै मातु पिता मिलि, तऊ न ब्रज बिसरायौ।

(सूरसागर १० । ४२९६)

भगवत्कृपा-प्राप्तिके प्रमुख साधन महापुरुषोंका सत्सङ्ग और प्रेमाभक्ति हैं। कुरुक्षेत्रमें ऋषियोंने भगवान् श्रीकृष्णसे वरदानके रूपमें प्रेम-भक्तिकी याचना की और कहा कि हमने यह अच्छी तरह देख लिया है कि आपकी कृपाके बिना कुछ भी सम्भव नहीं है। आपकी कृपा ही सर्वोपरि है, उसीसे अभीष्टकी सिद्धि हो सकती है। आपकी कृपा जिसपर हो जाती है, उसे भक्तिकी प्राप्ति होती है। साथ ही वह आपके स्वरूपको पहचान जाता है—

जापर कृपा तुम्हारी होइ। रूप तुम्हारौ जानै सोइ॥

(सूरसागर १० । ४२९८)

आत्माका परमात्मासे मिलन ही मोक्षका प्रतीक है। स्पष्ट है कि इस असार संसारसे उद्धार पानेका सर्वोपरि एवं सर्वश्रेष्ठ साधन श्रीहरिकृपा अथवा भगवत्कृपा ही है। वही मोक्ष और सर्वसुखोंका मूल है।

तुलसी-साहित्यमें भगवत्कृपा

(लेखक—डॉ० श्रीशुकदेवरायजी एम्० ए०, पी-एच्० डी०)

भक्त-कवि गोस्वामी तुलसीदासजीका काव्य 'श्रीराम-काव्य' तो है ही, उससे भी अधिक वह भगवत्कृपा-काव्य है। अपनी छोटी-बड़ी समस्त रचनाओंमें इन्होंने कथा-प्रसङ्गके सहारे श्रीराम-कृपाका उल्लेख किया है। इनके इष्टदेव श्रीराम व्यापक ब्रह्म निरञ्जन होते हुए भी केवल भक्तोंके लिये अपने लोकरञ्जक रूपमें प्रणतपाल हैं और भक्त-भयहारी हैं। वे करुणाके आगार और कृपा-मूर्ति हैं। करुणामय श्रीरामका शब्द-चित्र इस प्रकार है—

दीन-बंधु, सुख-सिंधु, कृपा-कर कारुनीक रघुराई।

(विनयप० ८१। १)

जीवके लिये यह कृपा ही एकमात्र आधार है। इसके बिना वह संसार-सागरमें डूबता-उतराता रहता है। श्रीरामकी यह कृपा जीवको सहज ही प्राप्त होती है। यद्यपि इसकी प्राप्तिके लिये योग-जप-तपका विधान है, तथापि तुलसीदासजीने इसके लिये किसी साधन-विशेषकी आवश्यकता नहीं बतायी है। उस कृपाके लिये केवल एक गुण चाहिये—अनन्य-शरणापन्नता—

बिनु सेवा जो द्रवै दीन पर राम सरिस कोउ नाहीं।

(विनयप० १६२। १)

श्रीरामकी कृपा दीनोंके लिये है। वे श्रीरामके प्यारे हैं। श्रीराम दीनबन्धु हैं। कोई दीन बनकर ही उनकी कृपाको प्राप्त कर सकता है। कृपा सुखका अमोघ साधन है। उसे प्राप्त कर लेनेपर कुछ भी प्राप्त करना शेष नहीं रह जाता। बड़ी महिमा है इस भगवत्कृपाकी। मानसके सुन्दरकाण्डमें इस महिमाका संकेत किया गया है। 'जिसपर प्रभु श्रीरामकी कृपादृष्टि हो जाती है, उसके लिये विष अमृत, शत्रु मित्र, समुद्र गायके खुरसे बने गड्ढेके बराबर और सुमेरु पर्वत रजःकणके समान हो जाता है तथा अग्निमें शीतलता आ जाती है'—

गरल सुधा रिपु करहिं मिताई। गोपद सिंधु अनल सितलाई॥
गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही। राम कृपा करि चितवा जाही॥

(मानस ५। ४। १-२)

श्रीरामकी कृपामें संजीवनी शक्ति है। शारीरिक और मानसिक—दोनों प्रकारके श्रमोंको दूर करनेकी अद्भुत क्षमता इस कृपामें। जिसे यह कृपा मिली, वही 'विगत-शोक-दुःख-मोह' हो गया। श्रीरामके कृपा-पात्रोंमें सुग्रीव भी एक थे। वालीसे द्वन्द्वयुद्धके लिये सुग्रीव तैयार तो हो गये, किंतु चोट खाकर व्याकुल हो गये। उन्हें श्रीराम-कृपाका सद्यः फल मिला—

कर परसा सुग्रीव सरीरा। तनु भा कुलिस गई सब पीरा॥

(मानस ४। ७। ३)

श्रीराम-कृपाकी श्रमहारिणी शक्तिका दूसरा उदाहरण मानसके लंकाकाण्डमें मिलता है। श्रीराम-रावण-युद्धमें वानरी सेना हताहत हो गयी, वह थक-सी गयी। शिविरमें आकर प्रभु श्रीरामकी कृपा-दृष्टिमात्रसे ही सारी सेना अनुप्राणित हो उठती है और पुनः युद्धके लिये तैयार हो जाती है—

राम कृपा करि चितवा सबहीं। भए बिगतश्रम बानर तबहीं॥

(मानस ६। ४७। १)

श्रीराम-कृपामें श्रमहरण-शक्ति ही है, यह बात नहीं; उसमें शक्तिवर्धिनी क्षमता भी है। हतप्रभा और निरुत्साहिता वानरी सेना श्रीरामकी कृपा पाकर सबल हो जाती है, उसमें नये उत्साहका सहज संचार हो जाता है—

राम कृपाँ कपि दल बल बाढ़ा। जिमि तृन पाइ लाग अति डाढ़ा॥

(मानस ६। ७१। १)

इस कृपाके प्रभावसे शोक, मोह, संदेह, भ्रम कुछ भी नहीं रह पाता और जीव विगत-विकार हो जाता है—

राम कृपा तें पारबति सपनेहुँ तव मन माहिं।
सोक मोह संदेह भ्रम मम बिचार कछु नाहिं॥

(मानस १। ११२)

श्रीरामकी कृपा शत्रु-विध्वंसकारिणी है। भगवत्कृपापात्रका एक तो कोई शत्रु होता ही नहीं, दूसरे कोई हो भी तो वह उसका कुछ बिगाड़ नहीं सकता। किष्किन्धामें स्वयं श्रीरामने वालीसे कहा था—

मम भुजबल आश्रित तेहि जानी। मारा चहसि अधम अभिमानी॥

(मानस ४। ८। १)

सम्भवतः श्रीरामकी इसी स्वभावोक्तिके आधारपर विनय-पत्रिकामें श्रीरामकी कृपाके सम्बन्धमें गोस्वामीजीने यह घोषणा की है—

जोपै कृपा रघुपति कृपालु की, बैर और के कहा सरै।
होइ न बाँको बार भगत को, जो कोउ कोटि उपाय करै॥
(१३७ । १)

संसार-सागरसे पार होनेके लिये तो भगवत्कृपा ही एक-मात्र आधार है। यही परम विश्रामका कारण है। इसीके सहारे मनुष्य षड्विकारोंसे मुक्त होता है और चैतन्य-लाभ करता है। मोह-निद्रासे जगानेके लिये इससे बढ़कर दूसरा कोई सुलभ साधन नहीं। जिसपर भगवान्की कृपा हो जाती है, वह दुःखरूप सांसारिक सुखोंसे विमुख होकर भक्ति-साधनामें तत्पर हो जाता है—

राम-कृपा भव-निसा सिरानी, जागे फिरि न डसैहौं।
पायेउँ नाम चारु चिंतामनि, उर करतें न खसैहौं॥
(१०५ । १-२)

भगवत्कृपा जिस प्रकार लौकिक सुख-सम्पदा प्रदान करती है, उसी प्रकार पारलौकिक सुख भी देती है। सुखको कौन कहे, इसमें इतनी शक्ति है कि यह स्वयं परम सुखधाम, आनन्दकन्द, सच्चिदानन्द परम कृपालुका सांनिध्य प्राप्त करा देती है, जो चरम विश्राम-स्थल है। दूसरे शब्दोंमें कहा जा सकता है कि यह सायुज्य-मुक्ति-प्रदायिनी है। सबसे अधिक गूढ़ बात तो यह है कि इस परम सुखदायिनी कल्पलतारूपा भगवत्कृपाको स्वयं उस परम कृपालुकी कृपा बिना जाना भी नहीं जा सकता। कृपा-प्राप्तिके लिये भी कृपा ही चाहिये—यह एक विचित्र बात है। सचमुच इसे वही जान पाता है, जिसे भगवत्कृपा प्राप्त है, जो भक्त है—

तुम्हरिहि कृपाँ तुम्हहि रघुनंदन। जानहिं भगत भगत उर चंदन॥
सोइ जानइ जेहि देहु जनाई। जानत तुम्हहि तुम्हइ होइ जाई॥
(मानस २ । १२६ । २)

भगवान्की कृपासे ही भगवान्को जाना जा सकता है। उनका दर्शन भी उनकी कृपासे ही सुलभ होता है—

केत बिलोचन लाभु सब बड़भागी मग लोग।
राम कृपाँ दरसनु सुगम, अगम जाग जप जोग॥
(रामाज्ञा-प्रश्न ४ । ६ । १)

अतएव भगवत्कृपा-प्राप्तिकी यह क्रिया भी अपने ढंगकी है, अश्रुतपूर्व है। कृपा-प्राप्तिकी इस प्रक्रियाकी चर्चा गोस्वामी तुलसीदासजीने कई स्थलोंपर की है। एक स्थलपर वे कहते हैं कि भगवत्कृपा सहज सुलभ है। सहज-सुलभ इसलिये कि भगवान् आश्रित जनोंके बन्धु हैं और सहज-कृपालु हैं। सेवकोंको सुख देना उनका स्वभाव है—

सहज बानि सेवक सुख दायक।.........................॥
(मानस ५ । १३ । ३)

उनकी इसी बानि (स्वभाव) का स्मरण कर सुग्रीवने स्तुति की थी—

कुजन पाल गुन बर्जित अकुल अनाथ।
कहहु कृपानिधि राउर कस गुन गाथ॥
(बरवैरा० ४ । ३५)

'हे कृपानिधान! आपने मेरे-जैसे दुर्जन, गुणहीन, कुलहीन और अनाथका पालन किया, आपके गुणोंका मैं कैसे वर्णन करूँ?' आर्तजनोंका कष्ट दूर करना उनकी कृपाकी विशेषता है। इस सम्बन्धमें अहल्योद्धारका यह प्रसङ्ग द्रष्टव्य है—

कीन्हीं भली रघुनायकजू करुना करि काननको पगु धारे।
(कवितावली २ । २८)

प्रबल पाप पति-साप दुसह दव दारुन जरनि जरी।
कृपासुधा सिंचि बिबुध-बेलि ज्यों फिरि सुख-फरनि फरी॥
(गीतावली १ । ५७ । २)

शापकी दुःसह अग्निसे जलती हुई कल्पलता कृपा-अमृतसे पुनः सुखरूप फलोंसे सम्पन्न हो गयी। भगवान् श्रीरामका स्वभाव ही दीनोंपर दया करना है। सुग्रीव और अहल्याकी तरह आपने गीधराजका संताप भी दूर किया और स्वयं शोकमग्न हो गये—

बार-बार कर मींजि, सीस धुनि गीधराज पछिताई।
तुलसी प्रभु कृपालु तेहि औसर आइ गए दोउ भाई॥
(गीतावली ३ । १२ । ४)

× × ×

दसरथ तें दसगुन भगति सहित तासु करि काजु।
सोचत बंधु समेत प्रभु कृपासिंधु रघुराजु॥
(दोहावली २२७)

विभीषणपर कृपाके प्रसङ्गमें तुलसीदासजीने कृपानिधान श्रीरामकी अकारण कृपाकी ओर विशेषरूपसे इङ्गित किया है—

दियो तिलक लंकेस कहि राम गरीब नेवाज॥
(रामाज्ञा-प्रश्न ५ । ?)

सब भाँति विभीषनकी बनी ।
कियो कृपालु अभय कालहुँतें, गई संसृति-साँसति घनी ।
(गीतावली ५ । २९)

भगवान्‌का दर्शन प्राप्त करते ही विभीषण 'विशोक' हो गये और सोचते हैं—

को दयालु दूसरो दुनी, जेहि जरनि दीन-हियकी हुई ?
(गीतावली ५ । ३८)

दीनवत्सल श्रीराम भक्तोंके हृदयकी पीड़ा शीघ्र दूर कर देते हैं। गोस्वामी तुलसीदासजीने लौकिक और पारलौकिक सभी सिद्धियाँ और सफलताएँ प्राप्त होनेमें श्रीरामचन्द्रजीकी कृपाको ही एकमात्र कारण माना है। उनके सेवककी सब प्रकारसे भलाई होती है—

राम कृपाँ तुलसी जनको जग होत भलेको भलाई भलाई ॥
(कवितावली ७ । १३०)

× × ×

सिला सुतिय भइ गिरि तरे मृतक जिए जग जान ।
राम अनुग्रहँ सगुन सुभ, सुलभ सकल कल्यान ॥
(रामाज्ञा-प्रश्न ६ । ५ । ६)

× × ×

पालक कोसलपालके सेवक पाल कृपाल ।
(रामाज्ञा-प्रश्न ४४ । ७)

× × ×

तुलसी राम कृपालु को बिरद गरीब निवाज ॥
(रामाज्ञा-प्रश्न ६ । ५ । ७)

× × ×

'रामाज्ञा-प्रश्नावली'में तुलसीदासजीने पुत्र-लाभ, स्वास्थ्य-लाभ, व्यापार-लाभ और सब प्रकारका सुख-संतोष श्रीराम-कृपासे सुलभ बताया है—

तुलसी रघुबर की कृपा सकल सुमंगल खानि ॥
(दोहावली २२८)

सकल सुमङ्गल प्रदान करनेवाली इस श्रीराम-कृपाको प्राप्त करनेमें आवश्यकता है भगवान्‌के साथ अपनत्वकी। अपनी चर्चा करते हुए कारणरहित कृपालु श्रीरामकृपाकी महिमाको गोस्वामीजीने इस प्रकार स्पष्ट किया है—

जाकी कृपा लवलेस ते मतिमंद तुलसीदासहूँ ।
पायो परम बिश्रामु राम समान प्रभु नाहीं कहूँ ॥
(मानस ७ । १२९ छन्द १)

'जिनकी लेशमात्र कृपासे मन्दबुद्धि तुलसीदासने भी परम शान्ति प्राप्त कर ली, उन श्रीरामजीके समान प्रभु कहीं भी नहीं है।'

इस प्रकार सम्पूर्ण तुलसी-साहित्य-सागर मर्यादापुरुषोत्तम भगवान् श्रीरामके कृपामृतसे सर्वथा परिपूर्ण है। इसकी कणिकामात्रकी उपलब्धिसे भक्तजन मुक्तिका भी निरादर करते भक्तिके साम्राज्यमें प्रवेश कर स्वच्छन्द विचरण करते हैं।

'पूरन-कृपा-हियो'

नाहिन भजिबे जोग बियो ।
श्रीरघुबीर समान आन को पूरन-कृपा-हियो ॥
कहहु, कौन सुर सिला तारि पुनि केवट मीत कियो ?
कौने गीध अधमको पितु-ज्यों निज कर पिंड दियो ? ॥
कौन देव सबरीके फल करि भोजन सलिल पियो ?
बालित्रास-बारिधि बूड़त कपि केहि गहि बाँह लियो ? ॥
भजन-प्रभाउ बिभीषन भाष्यौ, सुनि कपि-कटक जियो ।
तुलसिदासको प्रभु कोसलपति सब प्रकार बरियो ॥
(गीतावली ५ । ४६)

महाराष्ट्रिय संत-साहित्यमें भगवत्कृपा

(लेखक—एक साधु)

भारतीय आध्यात्मिक जगत्में महाराष्ट्रीय संत-साहित्यका महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। भगवत्कृपापात्र कैवल्यपाद श्रीज्ञानेश्वरजी, श्रीनामदेवजी, श्रीएकनाथजी और श्रीतुकारामजी आदि भागवत संतोंने अपने अनुभूत साहित्यमें भगवत्कृपाका विशद वर्णन किया है, जिसमें संतोंके अनुभवपूर्ण वक्तव्य तथा भक्ति, ज्ञान, कर्म, उपासना आदिका स्रोत भगवत्कृपाकी ओर ही बहता प्रतीत होता है।

ज्ञानयोग, भक्तियोग एवं कर्मयोगके भावपूर्ण वर्णनसे युक्त नौ हजार 'ओवी' छन्दोंमें रची गयी संत श्रीज्ञानेश्वरजीकी 'गीताभाष्य—ज्ञानेश्वरी', संत श्रीएकनाथजीद्वारा अठारह हजार 'ओवी' छन्दोंमें लिखी गयी श्रीमद्भागवतके ग्यारहवें स्कन्धकी भक्तिरसपरक टीका तथा साढ़े चार हजार प्रासादिक 'अभंग' छन्दयुक्त संत श्रीतुकारामजीविरचित 'गाथा'-ग्रन्थ—ये तीनों कृतियाँ महाराष्ट्रिय संत-साहित्यमें प्रस्थानत्रयीके नामसे सम्मानित एवं प्रतिष्ठित हैं। इनके अतिरिक्त महाराष्ट्रिय काव्य-जगत्में संत नामदेवजी, संत निळोबाराय एवं समर्थ स्वामी रामदासजी आदि भागवतोंद्वारा विरचित प्रचुर साहित्य भी उपलब्ध होता है। संत-साहित्य एक अथाह समुद्र है, इसकी गहराईमें प्रवेश करनेसे भगवत्कृपारूप अमूल्य रत्नकी प्राप्ति होती है। संत श्रीतुकारामजी अपने 'गाथा'-ग्रन्थमें कहते हैं—

> होवोनि कृपाळ। भार घेतला सकळ ॥
>
> (१०३२)

'हे प्रभो! आपने कृपा करके ही संसारका भार ग्रहण किया है।' भगवान्की कृपा जितनी सर्जन एवं पालनमें है, उतनी ही संहारमें भी है। उनकी अहैतुकी कृपा जड-चेतनपर समानरूपसे बरसती रहती है।

संत श्रीतुकारामजी अनुकूल एवं प्रतिकूल—दोनों प्रकारकी परिस्थितियोंमें भगवत्कृपाका ही अनुभव कर संतुष्ट रहा करते थे। जीवनके प्रत्येक क्रियाकलापको वे भगवत्कृपा-आश्रित मानते हुए तन-मन-वाणीसे भगवत्समर्पित जीवन विताते थे। इस विषयमें उन्होंने स्वयं कहा है—

> तूंचि चालवीसी माझें। भार सकळ ही ओझें ॥
> देह तुझीया पायीं। ठेवूनी झालो उतराई ॥
>
> (तुकाराम-गाथा १०३२)

'हे प्रभो! मेरे सम्पूर्ण जीवनका भार आप ही वहन करते हैं। अपने तनको आपके चरणोंमें समर्पित कर मैं भवसे पार हो गया।' इस समर्पणमें कितनी निश्चिन्तता, निर्द्वन्द्वता एवं कितना विलक्षण आनन्द है! शरणागतको सांसारिक बन्धनोंसे अनायास ही मुक्ति मिल जाती है। एकमात्र भगवत्कृपाके भरोसे जीवनका प्रत्येक व्यवहार करना एवं, दृश्य जगत्के प्रत्येक क्रियाकलापमें भगवत्कृपाका दर्शन करना ही सच्चा समर्पण है।

मनुष्य भगवत्कृपाका जितनी मात्रामें अनुभव करता है, वह उससे कई गुना अधिक मात्रामें प्राप्त होती है। जितनी मिलती है, उतनी ही उसकी प्राप्तिकी तृषा और बढ़ जाती है। जितना-जितना कृपाका अनुभव होता जाता है, उतना-ही-उतना भगवान्से प्रेम बढ़ता जाता है। प्रेमके कारण मिलनकी उत्कण्ठा तीव्रतर होती जाती है। चरमोत्कण्ठा होनेपर साक्षात्कार हो जाता है। साक्षात्कारके साथ ही कृपाके अगम्य स्वरूपका भी दर्शन हो जाता है। इसलिये संत निरन्तर कृपाकी ही याचना करते रहते हैं। यद्यपि भगवत्कृपा तो सभीपर समानरूपसे बरसती रहती है, किंतु उसका विशेष अनुभव भक्तों, संतों एवं भगवत्प्रेमियोंको ही होता है।

संत ज्ञानेश्वरजीको चिर-समाधिकी पुण्यवेलामें कृपाशील प्रभुने दर्शन देकर परम अनुग्रह करते हुए कहा था—

> एक एक अनुभव कृपा। पदा पदान्तरे केला सोपा ॥
> तरी त्यांत माझी कृपा। सकळ ही ओळली ॥
>
> (समाधि-पद)

'तुमने मेरी कृपाको अपने प्रत्येक अनुभवपदके माध्यमसे सुगम करके (सर्वसाधारण समझ सके, इस प्रकारसे) व्यक्त किया है तथा जितना भी वह (साहित्य) है, उसमें मेरी ही कृपाका साङ्गोपाङ्ग वर्णन है।'

संत ज्ञानेश्वरजी भगवत्कृपाकी अनुभूतिके विषयमें 'अमृतानुभव'में कहते हैं—'भगवान्को प्राप्त करनेके लिये किसी साधनकी आवश्यकता नहीं है। वे चराचरमें सच्चिदानन्दघनरूपसे व्याप्त होनेके कारण सर्वदा प्राप्त ही हैं। जबतक जीव परमात्माको स्वयंसे अलग समझता है और संसारमें लिप्त रहता है, तबतक वह भगवत्कृपाके अनुभवसे वञ्चित रहता है।' परिस्थितिकी अनुकूलता-प्रतिकूलताको एक दृष्टान्तद्वारा समझाते हुए वे लिखते हैं—

> पैं चन्द्र चण्डांशु डोळा। दावितासि कोपप्रसाद लीळा ॥
> एकीं दसरीं तमाचिया डोळां। एकीं पाळिलोसि कृपादृष्टि ॥
>
> (ज्ञानेश्वरी ११ । १९ । ३११)

'हे भगवन् ! चन्द्र और सूर्य—दोनों आपके नेत्र हैं और उनके द्वारा कृपा तथा कोपके खेल सदैव होते रहते हैं, आप किसीको क्रोधपूर्ण नेत्रसे देखते हुए उसपर कृपाकोप करते हैं तथा किसीको अपनी कृपाकी शीतल छाया प्रदान करते हैं।'

भगवान्‌का कोप भी कृपा ही है, उसका विवेचन करते हुए संत ज्ञानेश्वरजीने अपने गीताभाष्यमें लिखा है—

श्रीकृष्ण ज्यासि कोपोनिमारी। तो पावे परब्रह्मसाक्षात्कारी॥
मा कृपेनें उपदेश करी। तो कैशापरी न पवेल॥

(ज्ञानेश्वरी ८।२।९)

'भगवान् श्रीकृष्ण जिसको (कृपा-) कोपसे मारते हैं, वह भी परब्रह्मके साक्षात्कारको प्राप्त हो जाता है। तब जिसको कृपा कर स्वयं उपदेश देते हैं, उसके कल्याणमें क्या संदेह है!'

श्रीएकनाथ महाराज भी भगवत्कृपाके विषयमें कहते हैं कि मनुष्य-शरीरकी प्राप्ति भगवत्कृपासे ही हुई है। साथ ही संसारसे विरक्ति भी भगवान्‌की विशेष कृपाप्रसादका ही फल है—

जरी कृपा उपजेल भगवन्ता। तरी होय मागुता विरक्त॥

(चिरंजीवपद २५)

कर्मोंके विषयमें उनका कहना है—

एकाजनार्दनी भोग प्रारब्धाचा। हरिकृपे त्याचा नाश झाला॥

(एकनाथम० का हरिपाठ २३)

'अर्थात् भगवत्कृपानिष्ठ होनेसे जीवके प्रारब्धादि कर्म नष्ट हो जाते हैं।'

संत श्रीज्ञानेश्वरजी भी कर्मोंके नाशमें भगवत्कृपाको ही कारणरूपसे स्वीकार करते हैं। उन्होंने 'गीताभाष्य'में भगवान्‌द्वारा ही इस तथ्यको कहलवाया है—

तैसा माझेनि प्रसादें। जीवकण जयाचा उपमर्दे।
तो संसाराचेनि बाधें। वागुलें केविं॥
तेथ सकळ दुःखधामे। भुंजीजती जियें मृत्युजन्मे॥
तियें दुर्गमेंचि सुगमें। होती तुज॥
मग अभिन्ना इया सेवा। चित्त मियांचि भरेल जेव्हां।
माझा प्रसाद जाण तेव्हां। संपूर्ण जाहाला॥

(ज्ञानेश्वरी १८।५८, १२७२, १२७०, १२६९)

भगवान् कहते हैं—'मेरे कृपाप्रसादसे ही जीव (स्वयंको पृथक् समझनेका) भाव अर्थात् मद्रूपताके बीचकी बाधा नष्ट हो जाती है। जीव-भावमें प्रतीत होनेवाले दुःखस्वरूप जन्म, मरण, जरा, व्याधि आदि मेरी कृपासे सुखरूप प्रतीत होने लगते हैं। भीषण विपत्तिमें भी वह विचलित नहीं हो सकता। उसका पुनर्जन्म भी नहीं होता। उसे मेरा नित्य-निरन्तर दर्शन होने लगता है। भक्तिमें अनन्यताका भाव हो जानेसे उसके चित्तमें केवल मैं ही प्रतिष्ठित रहने लगता हूँ। मेरा कृपा-प्राप्त भक्त महत्तमा सेवाका रसास्वादन करता है। उसकी सेवासे सुखी होकर मैं उसकी सेवाके लिये लालायित रहता हूँ। उसे सुखी देखकर मैं सुखी होता और मुझे सुखी देखकर वह सुखका अनुभव करता है। इस प्रेमके नित्य विलुप्त होनेवाले साम्राज्यमें मैं अपनेको भूल जाता हूँ।'

भगवान्‌द्वारा संत नामदेवजीपर कृपाकी एक झलक प्रस्तुत है—श्रीनामदेवजी भक्तमण्डलीके साथ भाव-विभोर हो संकीर्तन कर रहे थे, संत कबीर भी उसी मण्डलीमें बैठे थे। श्रीनामदेवजी भाव-विभोर हो नृत्य करने लगे। उनकी तन्मयता इस सीमातक बढ़ी कि भगवान् भी मुग्ध होकर उनके साथ ही नृत्य करने लगे और प्रेमानन्दमें इतने तल्लीन हो गये कि उनका पीताम्बर नीचे गिर पड़ा—

'नाचता नाचता देवाचा पीताम्बर सुटला॥'

यह भगवत्कृपाका ही फल है कि भक्तोंके साथ भगवान् संकीर्तनमें ऐसे तन्मय हो जाते हैं कि उन्हें अपने वस्त्रोंका भी ध्यान नहीं रहता।

भगवान्‌को अनेक सम्बन्धोंमेंसे मातृभाव विशेष प्रिय है। वे माँ बनकर अपने उद्दण्ड पुत्रका भी हित सोचते हैं। पुत्र मलिनदेह, कपटी मनका हो अथवा निर्मल तन-मनवाला, माँ तो उसे ममताभरी दृष्टिसे ही देखती है। सम्भवतः इसीलिये संत तुकारामजी भगवान् विठ्ठलको विठामाई (माँ) कहा करते थे—

तुका म्हणे तुझे कृपा पार नाहीं। माझे विठाबाई जननिये॥

'हे विठ्ठल ! आप मेरी माँ हैं, मेरे ऊपर आपकी कृपाका कोई पार नहीं है।'

भगवत्कृपाके अगाध समुद्रमें आकण्ठ डूबे हुए संतोंके हृदयोद्गार वस्तुतः भगवत्कृपाके ही तुल्य कहे जा सकते हैं। महाराष्ट्रिय संत-वाङ्मयमें भगवत्कृपाका अङ्कन इतना विस्तृत है कि उसका एक स्थानपर वर्णन प्रायः असम्भव-सा ही है। यहाँ तो उसका दिग्दर्शन ही अभिप्रेत है।

श्रीस्वामिनारायण-संत-साहित्यमें भगवत्कृपा

परात्पर श्रीकृष्ण और भगवान् श्रीराघवेन्द्रने जिस पावन ...भूमिपर अवतार ग्रहण कर भक्तोंको आनन्द देनेके लिये ...क अलौकिक लीलाएँ कीं, उसकी तुलना किसी भी ...भूमिसे नहीं की जा सकती, इस भूमिपर भगवान्‌की यह ...ष कृपा ही है। उनकी अवतार-लीलाके प्रभावसे ही ...तवर्षमें भक्तिकी ऐसी गङ्गा प्रवाहित हुई, जिसने ...ी अद्भुत लीला-तरंगोंमें उत्तर, दक्षिण, पूर्व, ...म—सभी दिशाओंके कोटि-कोटि जीवोंको स्नान कराया ... उनपर भगवदनुग्रहकी वर्षा की। भक्तिके महान् प्रचारक ...क लोकोत्तर महापुरुष भी इसी भारतभूपर अवतीर्ण हुए। ...में भगवान्‌के ही गुण-आचरण प्रकट होते हैं, इसीलिये ...जीवोंपर सहज निःस्वार्थ दया कर उन्हें कल्याणका ...ं बताते हैं।

भक्तिका अमृत-रस बरसानेवाली विविध सम्प्रदायों और ...के आचार्योंकी एक अक्षुण्ण परम्परा जिस देशको मिली ... उसपर भगवान्‌की विशिष्ट कृपा है, इसे कौन अस्वीकार ...सकता है! श्रीस्वामिनारायण-सम्प्रदायके प्रवर्तक आचार्य ...स्वामिनारायणजी (सहजानन्दजी या नारायण मुनि) थे, ...न्होंने उद्धवजीके अवतार संत श्रीरामानन्दजी स्वामीसे ...ा ली थी। श्रीरामानन्द स्वामीने इन्हें जेतपुरकी धर्मधुरी ...ीपर बैठाया था। (उस समय इस सम्प्रदायका प्रचार ...रतके प्रायः सभी राज्योंमें हुआ, किंतु वर्तमानमें गुजरात ...ज्यमें इसके अनुयायी बहुतायतसे मिलते हैं।)

श्रीस्वामिनारायण-सम्प्रदायमें भगवान् श्रीकृष्णकी भक्तिका ...ाश्रय ही परमार्थ-साधनका मुख्य बल माना जाता है। ...म्प्रदाय-प्रवर्तक आचार्य श्रीस्वामिनारायणजीने कहा है— ...परमात्माके माहात्म्य-ज्ञानके द्वारा उनमें जो आत्यन्तिक स्नेह ...ोता है, वही भक्ति है। परमात्माका यह आत्यन्तिक ...नेह संत-कृपासे ही सुलभ होता है। 'भगवान्‌की ...ाप्ति यदि कलिके जीवोंको कठिन, दुस्तर जान पड़े तो वे ...संतोंकी ओर ही आकृष्ट होकर अपना कल्याण-साधन करें ...और मनुष्य-देहकी प्राप्तिका स्वर्ण-अवसर संसाररूप काँचको ...टोरनेमें ही न खो दें, प्रत्युत संत-कृपासे भगवत्कृपारूप ...णिको प्राप्त करें।'

इस सम्प्रदायके संत श्रीनिष्कुलानन्द स्वामीने लिखा है—

> संत कृपा से पाइये, रम्य पुरुषोत्तम धाम।
> × × ×
> कामदुघा अरु कल्पतरु, पारस चिंतामणि चार।
> संत समान कोई नहीं, मैंने किये विचार॥

कामधेनु, कल्पतरु, पारस और चिन्तामणिद्वारा जो वाञ्छित पदार्थ प्राप्त होते हैं, वे कालान्तरमें नष्ट हो जाते हैं; परंतु संत तो कृपा करके पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान् श्रीकृष्णसे ही मिला देते हैं। ऐसी कृपा संतके अतिरिक्त अन्य कौन कर सकता है?

इसी प्रकार श्रीमुक्तानन्द स्वामीने भी संत-महिमाका बखान स्वयं भगवान्‌के श्रीमुखसे कराया है—

> नारद, मेरे संत से अधिक न कोई।
> मम उर संतरु मैं संतन उर, वास करूँ थिर होई॥
> कमला मेरो करत उपासन, मान चपलता दोई॥
> यद्यपि वास दियो मैं उर,पर संतन सम नहिं होई॥
> भूको भार हरूँ संतन हित, करूँ छाय कर दोई।
> जो मेरे संत की रती इक दूषत,तेहि जड़ डारूँ मैं खोई॥

कैसी अद्भुत भगवत्कृपा है! लक्ष्मीजीको यद्यपि भगवान्‌ने निज हृदयपर वास दिया है, फिर भी वे संतोंकी समता नहीं कर सकतीं। भगवान् कहते हैं—'मैं तो संतोंके हितके लिये ही पृथ्वीका भार हरण करता हूँ, दोनों हाथोंसे उनपर छाया करता हूँ और उन्हें रत्तीभर भी क्लेश पहुँचानेवालेको मैं समूल नष्ट कर देता हूँ।' संत स्वयं भी भगवान्‌के सदृश ही अहैतुकी कृपाका दान करते हैं। इसीलिये श्रीस्वामिनारायण-सम्प्रदायके आचार्योंने स्थान-स्थानपर संत-कृपाको विशेष आदर दिया है।

श्रीब्रह्ममुनिने अपने ग्रन्थ 'ब्रह्मविलास'में इसी भगवद-नुग्रहका पुण्य स्मरण करते हुए लिखा है—

> दीनदयाल कृपा करके अन्न गर्भहु में पहुँचाय दियो है।
> × × ×
> जाके दिये अन्न पानहु से नित जीवत है सबहि तनु धारी॥

सारे प्राणधारियोंको वे अपनी कृपा-वृष्टिसे अनन्तकालसे सरसाते आ रहे हैं। उन्हें प्राप्त करनेके लिये केवल उनकी दया ही चाहिये, अपनी क्रिया नहीं।

श्रीस्वामिनारायण-सम्प्रदाय जहाँ एक ओर जीवके कल्याणार्थ भगवत्कृपाका अवलम्ब अत्यावश्यक मानता है, वहीं दूसरी ओर संत-समागमको भगवत्कृपा-प्राप्तिका एकमात्र अमोघ साधन स्वीकार करता है। —पा० बा०

आधुनिक श्रीराम-काव्योंमें भगवत्कृपा

(लेखक—डॉ० श्रीपरमलालजी गुप्त, एम्० ए०, पी-एच्० डी०)

जीवनके बदलते हुए मूल्योंका प्रभाव आधुनिक श्रीराम-काव्योंमें स्पष्ट परिलक्षित होता है। भक्त-कवियोंका जीवन-दर्शन निवृत्तिमूलक कहा गया है। पाश्चात्त्य जीवन-दर्शन प्रवृत्तिमूलक होनेके कारण सम्भवतः समाजको प्रगतिकी ओर ले जानेकी क्षमता रखता है, परंतु वह भौतिकवादके दोषोंसे आक्रान्त और मनुष्यको वास्तविक लक्ष्यतक ले जानेमें असमर्थ कहा जाता है। अतः भारतीय चिन्तकोंने निवृत्तिमूलक दर्शनमें प्रवृत्तिका समन्वय करके जीवनमें त्यागकी महत्ताके साथ-साथ उसके प्रति अनुराग भी उत्पन्न किया। यह जीवन-दर्शन मानवतावादी है और आधुनिक श्रीराम-काव्योंके नायक भगवान् श्रीराम अपने कार्योंद्वारा इसीका महत्त्व प्रतिपादित करते प्रतीत होते हैं।

श्रीमैथिलीशरण गुप्त, श्रीहरिऔध, श्रीबालकृष्ण शर्मा 'नवीन', श्रीसुमित्रानन्दन पंत, श्रीबलदेवप्रसाद मिश्र, श्रीपोद्दार रामावतार 'अरुण' आदि सभी कवियोंने भौतिकताके स्थानपर अध्यात्मका महत्त्व स्वीकार किया है। अध्यात्मवाद सम्पूर्ण जगत्में एकात्मभावका प्रतिष्ठापक है। एकात्मभाव अथवा अद्वैतभाव ही मुक्ति है। जिस व्यक्तिके अंदर इस प्रकारकी तीव्र अनुभूति उत्पन्न होती है अर्थात् जो समस्त विश्वको श्रीरामका धाम मानकर सबमें श्रीरामकी ही झलक देखता है, वही अत्यन्त सौभाग्यशाली है—

स्वामी एक राम हैं, उन्हींका धाम विश्व यह,
जनमें जनार्दनकी ज्योति नित्य जागी है।
तीव्र अनुभूति इस भाँति जिसकी है हुई,
नश्वर जगत्में वही तो बड़भागी है॥

('साकेत-संत'—डॉ० श्रीबलदेवप्रसाद मिश्र)

अध्यात्मवादकी यही सबसे बड़ी देन है कि वह जीवनमें त्यागका महत्त्व प्रतिपादित करता है। आधुनिक श्रीराम-काव्योंमें त्यागको जीवनका एक श्रेष्ठ आदर्श माना गया है—

'संचय नहीं, अपितु जीवनमें है नित त्याग सार राजन'

('उर्मिला'—'श्रीनवीन')

त्यागकी इसी भूमिकापर पात्रोंका चरित्र आँका गया है। जो व्यक्ति दूसरोंके लिये सर्वस्व समर्पित कर देता है, वही परम पूज्य और वन्दनीय है—

मनुजों में वे परम-पूज्य हैं वंद्य हैं।
जो परार्थ-उत्सर्गी-कृत-जीवन रहे॥
सत्य, न्यायके लिये जिन्होंने अटल रह।
प्राण-दानतक किये, सर्व-संकट सहे॥

('वैदेही-वनवास' ९। ५७ श्रीह

राष्ट्रकवि श्रीमैथिलीशरण गुप्तने इसी आदर्शको कहा है—

'आदर्श ही ईश्वर है हमारा।'

हृदयके परावर्तित भावोंमें वे संत एवं भक्त गोस्वामीजीके इस कथनसे पूर्णतया सहमत हैं—

जेहि पर कृपा करहिं जनु जानी। कबि उर अजिर नचावहिं

(मानस १। १०४

उपर्युक्त कथनकी पुष्टि करते हुए एवं भगवत्कृपाकी [illegible] सर्वयुगीन विद्यमानताका समर्थन करते हुए कहते हैं—

राम, तुम्हारा वृत्त स्वयं ही काव्य है,
कोई कवि बन जाय, सहज सम्भाव्य है॥

(साकेत, [illegible]

आधुनिक श्रीराम-काव्योंमें भगवत्कृपाका वह [illegible] नहीं पाया जाता, जो भक्ति-काव्योंमें मिलता है। [illegible] काव्योंमें भगवान्के अनुग्रहसे सांसारिक माया-मोहसे [illegible] और सतत भगवद्भक्तिकी कामना की गयी है। अ[illegible] श्रीराम-काव्योंमें मानवतावादी जीवन-दर्शनके प्रभावसे [illegible] 'त्यक्तेन भुञ्जीथाः'के आदर्शपर जीवनमें त्यागकी परम आव[illegible] प्रकट की गयी है। श्रीराम जीवको संसारसे विरत [illegible] तारनेके लिये अवतरित नहीं होते। वे विश्वमें नव[illegible] मूल्योंकी प्रतिष्ठा, उच्चतर संस्कृतिकी विरचना और [illegible] जीवन-दृष्टिकी स्थापनाके लिये अवतरित होते हैं। [illegible] और रावणका युद्ध आध्यात्मिकता और भौतिकताके [illegible] प्रतीक है। उनका लक्ष्य है—इस धरतीको सुखी बनान[illegible] मनुष्यको मानवताका पाठ पढ़ाना। श्रीराम अपना [illegible] स्पष्ट करते हुए कहते हैं—

भव में नव वैभव व्याप्त कराने आया।
नर को ईश्वरता प्राप्त कराने आया।

संदेश यहाँ मैं नहीं स्वर्ग का लाया,
इस भूतल को ही स्वर्ग बनाने आया॥
('साकेत' सर्ग ८—श्रीमैथिलीशरण गुप्त)

इस प्रकार हम देखते हैं कि आधुनिक कवियोंने श्रीरामकी [illegible]िमूलक विचारणाके स्थानपर सांस्कृतिक आदर्शोंकी रक्षाको [illegible]धिक महत्त्व दिया है। दूर-दूरतक वन्य प्रदेशोंमें भी इस [illegible]ध्यात्मवादी संस्कृतिका दीप जलानेवाले ऋषि-मुनि राक्षसोंसे [illegible]पीड़ित हो श्रीरामका संरक्षण चाहते हैं। ऋक्ष, वानर, [illegible]ल, किरात आदि ऐसे भोले मनुष्य हैं, जो जंगलोंमें प्रकृतिके [illegible]हारे जीवन-यापन करते हैं। राक्षसोंने भोगवादिनी सभ्यताको [illegible]पनाकर सबको संत्रस्त कर रखा है। वे अपना सुख और भोग-[illegible]लास ही देखते हैं तथा इसके लिये दूसरोंका उत्पीड़न और [illegible]षण करते हैं। श्रीराम सभी जंगली जातियोंको संरक्षण [illegible]कर राक्षसोंसे लोहा लेते हैं। राक्षसोंके नेता रावणका अन्त [illegible]र निवृत्तिमूलक संस्कृतिका प्रकाश विकीर्ण करते हैं। [illegible]'सिरीष'जीके अनुसार तो वे कृपा कर जनजातियोंके [illegible]द्धारके लिये ही मनुज-अवतार धारण करते हैं—

सतत नीच नराधमता करें
मद चले अघ-ओघ अपार हों।
सुजन भी हिलते डुलते रहें
महि-प्रकम्पन से नर ज्यों गिरें॥
अधमता यदि सृष्टि पड़े महा-
प्रलय कम्पन शीघ्र हुआ करे।
विधि विधान समेत न कार्य हो
पग प्रपीड़ित हो नर पंगुका॥
इसलिये प्रभु नीच उबारते
जगत की गति क्यों प्रतिकूल हो।
प्रकृतिका मल धो सकती कृपा
छन गया जल जो अति शुद्ध हो॥
('श्रीराम-तिलकोत्सव' १। २८–३०—श्रीशिवरत्न शुक्ल 'सिरीष')

रावण और उसके सहयोगियोंके अतिरिक्त सभी श्रीराम-[illegible]ाके अभिलाषी हैं; क्योंकि श्रीराम पुरुषोत्तम हैं, सबके [illegible]षी हैं, सबको सन्मार्ग दिखानेवाले और मानवतावादी [illegible]स्वधर्मके प्रवर्तक हैं। देहकी सीमाओंमें बँधे हुए कोल, [illegible]रात, भील, ऋक्ष, वानर, राक्षस आदि क्षुद्र जीव विराट् [illegible]आत्मा श्रीरामके सांनिध्यके फलस्वरूप देहके बन्धनोंसे छूटकर समस्त विश्वमें अपने आत्माकी व्याप्तिका अनुभव करते हैं। आधुनिक कवियोंमें भी भक्त-कवियोंका-सा भाव आ ही जाता है। आधुनिक काव्योंमें इसी भावनाको छायावादके माध्यमसे व्यक्त किया गया है—

पावन करो नयन
रश्मि, नभ-नील-पर,
सतत शत रूप धर
विश्वछवि में, उतर,
लघुकर करो चयन।
('अपरा'—महाकवि निराला)

दार्शनिक चिन्तनमें आत्मा और परमात्माका भेद मिटा-सा प्रदर्शित किया गया है, किंतु जहाँ-जहाँ कविका अन्तर्मन ध्वनित हुआ, वहाँ-वहाँ वह ईमानदारीसे भगवत्कृपाकाङ्क्षी ही प्रस्तुत हुआ है—

मुझे स्नेह क्या मिल न सकेगा?
जग के दूषित बीज नष्ट कर,
पुलक-स्पन्द भर खिला स्पष्टतर,
कृपा-समीरण बहने पर क्या
कठिन हृदय यह हिल न सकेगा?
('अपरा'—महाकवि निराला)

आधुनिक काव्य-युगप्रवर्तक कवि भारतेन्दु हरिश्चन्द्रका भगवत्कृपा-प्राप्तिके लिये उपालम्भ-मिश्रित आर्तनाद आधुनिक कालको भक्ति-कालके समानान्तर ही लाकर खड़ा कर देता है—

कहा पखानहु तें कठिन मो हियरो रघुबीर।
जो मम तारन मैं परी प्रभु पर इतनी भीर॥

'हे श्रीरघुवीर! क्या मेरा हृदय पत्थरसे भी अधिक कठोर है, जो मेरा उद्धार करनेमें आपपर इतना भार पड़ गया?' अपनी ओर देखनेपर कविका दैन्य मुखरित हो उठता है—

हमहूँ कछु लघु सिल न जो सहजहिं दीनौ तार।
लगिहै इत कछु बार प्रभु, हम तौ पाप पहार॥
(भारतेन्दु ग्रन्थावली खण्ड २—रामलीला)

'प्रभो! हम (अहल्याकी भाँति) साधारण शिला नहीं हैं, जिसे आपने सहज ही संसार-सागरसे पार कर दिया था। हमारे लिये आपको कुछ समय लगाना पड़ेगा; क्योंकि हम तो पापके पहाड़ हैं।'

अवधी लोक-साहित्यमें भगवत्कृपा

(लेखक—डॉ० श्रीभगवतीजी, एम्० ए०, बी० टी०, पी-एच्० डी०)

जिसकी छायामें क्षण हँसता है, कण हुलसता है तथा जिससे रहित क्षण अभिशाप है और कणकी तो बात ही क्या, परम शक्तिशाली अणु-परमाणु भी तुच्छ हैं, उसी भगवत्कृपाकी कोरको सृष्टिका एक-एक क्षण, प्रत्येक कण अपनी ओर खींचता है, उसकी ओर जाना चाहता है।

साहित्य, जिसका सीधा-सादा अर्थ ही 'हितके सहित' है, भगवत्कृपाके बिना कहाँ पनप सकता है ? और लोकजीवन ? जिसका आधार है—'मारु गोसइयाँ, तोरिहि आस।' 'हे प्रभो ! मारो भी, तो भी हमें तो आपकी ही आशा है।' परम विश्वासी, नितान्त सरल, कर्मठ तथा करुण-कोमल लोक-मानसकी हृत्तन्त्री तो भगवत्कृपाके कर-कमलोंका स्पर्श पाकर ही झंकृत होती है, सस्वर होती है। अशिक्षित, अभाव-ग्रस्त, अपनी सीमामें संकुचित, पग-पगपर कठिनाइयोंसे जूझनेवाले ग्रामीण लोगोंके पास यदि भगवत्कृपाका सम्बल न हो तो उनका जीवन दूभर ही नहीं, नरकके समान यन्त्रणादायी हो जाय, इसमें संदेह नहीं। उनके जीवनके कदर्यको राम-रसका माधुर्य ही मधुर बनाये रखता है—

'राम क नाम सदा मिसरी, सोवत जागत ना बिसरी।'

वैसे तो साहित्यकी अनेक विधाएँ हैं, भेद-प्रभेद हैं; किंतु लोक-साहित्यके अन्तर्गत लोक-गीत, लोक-कथाएँ तथा लोकोक्तियाँ ही प्रमुख हैं।

गीत लोक-जीवनका रस है, कथा उसकी गति तथा अनुभवके आकरसे निकली, रसनाके रसमें पगी लोकोक्तियाँ पग-पगपर पथ-प्रदर्शन करनेवाली ही नहीं, अनोखी, अनुपम और आनन्द-प्रदायिनी भी हैं।

लोक-गीत—

यह तो निश्चित ही है कि संगीत-रसके बिना जीवन नीरस है। इसीलिये लोक-जीवनके श्वास-प्रतिश्वासमें गीत परिपूर्ण हैं। ये गीत, चाहे पर्वके हों या परिस्थितिके, संस्कारोंके हों या समस्या-समाधानके, भगवत्कृपाकाङ्क्षासे ही उनका शुभारम्भ होता है तथा समापन भी भगवत्कृपामें ही होता है।

हिंदू-संस्कारोंमें जन्म, नामकरण, अन्न-प्राशन, मुण्डन, कर्णछेदन, यज्ञोपवीत तथा विवाह मुख्य संस्कार हैं। इन संस्कारोंमें विभिन्न प्रकारके गीत गाये जाते हैं। यहाँ कुछ गीत दिये जा रहे हैं।

प्रायः सभी गीत-गोष्ठियोंका श्रीगणेश भगवती दे[illegible] आह्वान तथा उनकी कृपाकाङ्क्षासे होता है।

> आओ माता बइठो मोरे अँगना
> सतरंगी मैं देहौं बिछाय।
> घिया गुड़ देवी क होमु करैहौं,
> जो मोरिव जग्गि पूरन होइ जाय।

'माता भगवती ! आइये और मेरे आँगनमें बै[illegible] मैं सतरंगा बिछौना बिछा दूँगी तथा घी-गुड़से आप[illegible] हवन कराऊँगी, यदि मेरा यज्ञ (शुभ-संस्कार) [illegible] सम्पन्न हो जायगा।'

'यज्ञोपवीत' और 'विवाह'के संस्कार क्रमशः [illegible] महत्त्वपूर्ण हैं; क्योंकि कई बार कुछ-न-कुछ त्रुटियाँ हो जाती हैं, जिनके कारण लोक-निन्दा [illegible] समाजमें सिर उठाना कठिन हो जाता है तथ[illegible] बिरादरीके तानोंसे मन दुःखी हो जाता है। अत[illegible] संस्कार-समारोहोंमें मण्डपमें बैठकर मान-मर्यादाकी [illegible] लिये माता भगवतीसे प्रार्थना की जाती है।

यज्ञोपवीत-गीत—यज्ञोपवीत-संस्कारमें—

> पहिला जनेऊ गनेसजीका देव, दुसरा जनेऊ ब्रह्माजीका [illegible]
> तीसरा जनेऊ महादेवका देव, चउथ जनेऊ बिष्णुजीका [illegible]

इसी प्रकार पाँचवाँ सब देवताओंको और छठा [illegible] पूर्वजोंको, तब सातवाँ जनेऊ—

> सतवाँ जनेऊ बरुआ का देव।

छः जनेऊ भगवत्कृपाकाङ्क्षामें देनेके पश्चात् ही [illegible] (बच्चे)को जनेऊ दिया जाता है।

विवाह-गीत—इसी प्रकार कन्याके विवाहमें सौभा[illegible] कामनाके लिये सर्वप्रथम देवाधिदेव महादेवसे [illegible] की जाती है—

> आये महादेव बैलु लदाय, सोहगवा अपनी गौर[illegible]
> देव गउरा देई तिलुक सोहगवा हमरी बेटीका।
> चलो चलो रे धतूरवा, महादेव केरे पास।

गौरा देई का सोहागु मोरी चन्द्रवदनि पै लागा।

इसके पश्चात् अन्य सौभाग्यवती स्त्रियोंसे सौभाग्यकी याचना की जाती है। एक अन्य गीतमें सयानी बेटीके विवाहकी चिन्तामें घरके वड़े-बूढ़ोंकी मनःस्थिति तथा कन्याकी सान्त्वनाका चित्र देखिये—

ऊँची महलियाके नीचे दुअरवा, तहँना बाबा उनके सोवैं ना॥
लपकि कै चढ़ि गयीं बेटी महलिया की बाबा सोवौ कि जागौ ना॥
ना बेटी सोवौं ना बेटी जागों, चिन्ता लागि तुम्हारी ना।
काहे को बाबा मोरे सोचु करत हौ, पार लगइहैं भगवानै ना॥

यहाँ कन्याको पिता-पितामहसे अधिक भगवत्कृपापर विश्वास है और उसी विश्वासको वह अपने अभिभावकोंके सामने प्रकट कर रही है।

भजन—लोक-जीवनमें प्रभु-स्मरणका एकमात्र सुगम और मनोरञ्जक साधन है भजन। ये झोपड़ीसे लेकर राजमहलोंतक भगवत्कृपाकी अखण्ड ज्योति फैलाते हैं। वैसे 'भजन' शब्द ही भक्तिका पर्याय होनेके कारण भगवत्कृपासे घनिष्ठ सम्बन्ध [r]खता है, इसीलिये चाहे संगीतसमारोह हो या किसी भी [प्र]कारकी गीतगोष्ठी, उसका प्रारम्भ तथा समापन प्रायः भजनोंसे [ह]ी होता है।

[लो]क-कथा

गीतके पश्चात् कथा-साहित्यकी बात आती है। वचपनमें [जि]न्हें अपनी दादी या नानीसे सोते समय कथा-कहानी [सु]ननेका सुयोग ही नहीं, सौभाग्य भी मिला है, वे जानते [हैं] कि मानव-मनकी प्रत्येक वृत्तिके लिये कोई-न-कोई कहानी [लो]क-जीवनके पास है। भगवत्कृपाके साथ ही लोक-[क]थाका प्रारम्भ होता है—

कथा किहानी विजोरानी[1], चली रामके साथ।

कहानी चलती ही श्रीरामके साथ है।

एक कहानी सुदामा ब्राह्मणकी कथासे साम्य रखती है—[ए]यौक[2] रहैं दुर्वल ब्राह्मन। झोरी[3] भरी भीख लावैं, ब्राह्मनी म्याँड़[4] भरि पीसै, कठौता भरि पवै[5], मुला खायकी बेरिया रहि जाय रौटियां—कोचियाँ[6]। ब्राह्मन वड़े परेशान। सबते कहेनि, तो लोगन पूछा—कोऊ तुम्हरे जगन्नाथनके पूजा करत हैं? ब्राह्मन वोले—हम तो नहीं करित, हमार पिता करत रहैं। लोगन कहा—बसि यहै कारन है। ब्राह्मन घँरै[7] गे ओ ब्राह्मनी ते कहेनि, लाव म्वार[8] फीहा लँग्वोटा[9] मैं जगन्नाथन जइहौं। चलते चलते रस्ता माँ जहाँ टिके हुँआ[10] चारजने अउर टिके रहैं। उइ चारिउ जन भउरा[11] वनायेनि तो सबका एकु-एकु बढ़िगा। उइ सब परेशान, चारिउ छवार[12] दिखेनि तो उनका दुर्बले ब्राह्मन देखाई परे। उइ सब जाने अपन एकु-एकु भउरा दुर्बले ब्राह्मनका दइ दीन्हेनि। ब्राह्मन एकु भउरा खायेनि और तीनि याक राहगीर के हाथे घरै पठै दीन्हेनि। राहगीर जव खोलिके दिखेसि तो वहिमाँ धरे रहैं सोनेके भउरा। वहिके मन माँ लालचु आवा, सोनेके भउरा घर माँ धरि लीन्हेसि और आटाके वनाय कै दै आवा। साम तक वहिके घरका सब सामान गायव, तव वहिकी समझ मा आवा और वहु सोनेका भउरा ब्राह्मनीके दै आवा। वही लागै वहिकै धन-लच्छिमी[13] लउटि आयी।

कहानी वहुत लंबी है। इसमें पद-पदपर भगवत्कृपाके उदाहरण हैं। यहाँ तो केवल इतना ही बताना पर्याप्त है कि भगवत्कृपा होते ही ब्राह्मणके घर तीन सोनेके 'भउरा' पहुँच गये। ब्राह्मणके लौटनेसे पहले ही ब्राह्मणी 'मालामाल—खुशहाल' हो गयी। 'जस उनके दिन फिरे तस सबकै फिरैं'—कहकर प्रायः प्रत्यक्ष या परोक्षरूपमें भगवत्कृपापर ही कहानीका समापन होता है।

लोकोक्तियाँ—

गीत और कथाके अतिरिक्त भी हम देखते हैं कि समस्या कैसी भी हो, लोक-जीवन उसका समाधान भगवत्कृपामें ही ढूँढ़ता है। कभी-कभी अनावृष्टि होनेपर गाँवमें कुछ विशेष वर्गके लोग 'लेदा' माँगते हैं। दरवाजेपर पानी फेंका जाता है और उसीमें लोट-लोटकर लड़के गाते हैं—

'कारे मेघा पानी दे, अरे नरयना[14] पानी दे।'

नारायणसे पानी माँगते ही उनकी आशा-लता लहलहा उठती है—

'कउड़ी[15] गिरी रेत माँ, पानी वरसै खेत माँ।'

---

१. विजर्ली, २. एक, ३. झोली, ४. चक्कीके चारों ओर, ५. रोटी बनाना, ६. गायके लिये छोटी रोटी, ७. घर, ८. मेरा, ९. फटा लँगोट, १०. वहाँ, ११. खूब मोटी छोटी रोटी, १२. तरफ, १३. लक्ष्मी, १४. नारायण, १५. कौड़ी।

जिन्होंने ग्राम्य-जीवनका यह दृश्य देखा है, वे गवाह हैं। प्रायः पानी बरसने लगता है; क्योंकि लोक-विश्वास तोप-तलवार-की रक्षामें नहीं जीता। जानते हैं कि 'रच्छक राम तो, भच्छक को ?' इसीलिये प्रातः उठते ही बड़े-बूढ़े अपने-को ही नहीं, समस्त परिवारको सान्त्वना देते हुए गा उठते हैं—

'राम खबरिया लेवे करिहैं, दाया लागी देवे करिहैं।'

लोक-जीवनका यह अटल विश्वास है कि सब कुछ भगवत्कृपापर ही आधारित है; क्योंकि प्रभु यदि चाहें तो—
'छूँछी[१६] भरै भरी ढरकावै[१७], जब चाहैं तब फेरि भरावैं।'

सब कुछ भगवत्कृपापर निर्भर है और भगवत्कृपाके अधिकारी भी सब हैं—'गाइव क राम, कसाइव क राम'

गाय और कसाईकी परिस्थितियोंमें आकाश-पातालका अन्तर है; किंतु परम दार्शनिक लोक-अनुभवी जानता है कि निरीह पशु गायकी रक्षा यदि कोई कर सकता है तो केवल श्रीराम और कसाई-जैसे क्रूरकर्माका कल्याण भी श्रीरामके अतिरिक्त दूसरा कोई नहीं कर सकता। इसीलिये उन्हें सांसारिक कोपकी जरा भी परवाह नहीं होती—

'राम न रिसाँय चहै दुनिया रिसाय॥'

दुनिया रिस करके कर भी क्या लेगी ?

केवल लोकोक्तियाँ ही नहीं, कुछ शब्दोंमें भी भगवत्कृपाका चमत्कार विचारणीय है। नमक—जिसके बिना सब अलोना है, लोकशब्द-कोशमें उसका दूसरा नाम है 'रामरस'। बस, सोचते चले जाइये, जहाँ रामरस नहीं वहाँ सब रस फीके। लोक-जीवनमें श्रीराम और काम अभिन्न हैं। वहाँ चिड़िया चुगती नहीं, 'रामका करवा' भरती है, जहाँ पेट भरनेकी उपमा 'रामका करवा' भरनेसे दी जाय वहाँ द्वैत कहाँ ? परायापन कहाँ ? वहाँ तो—

'रामकी चिड़िया, रामका खेत, खाव चिरइया भरि-भरि पेट।'

'रामका करवा' भरना है, रामकी ही चिड़िया है और खेत भी रामका ही है। इन लोकोक्तियोंको मानव-जीवनमें घटित करके देखिये तो इनमें जीवनका उद्देश्य धर्म-अर्थ-काम सरल भावसे समाहित मिलेंगे। धर्मकी बात तो इतनी ही है कि अर्थ और काम उससे शासित रहें, किंतु लोक-जीवन तो इससे भी आगे निकल गया है—

राम-नाम के कारना सब धन डारेनि खोय।
मूरुखु जानै गिरि परा, दिन-दिन दूना होय॥

और भी कहा है—

'रामै औषधि रामै मूरि, रामै करैं बिथा सब दूरि।'

यह है अवधी लोक-साहित्यमें भगवत्कृपाकी अनुपम अनुभूति-झाँकी, इसे देखनेके लिये ज्ञानका चश्मा नहीं लगाना है, हृदयकी आँखें खोलनी हैं।

'भगवत्कृपा ही तीनों लोकोंमें समाई है'

(रचयिता—कविरत्न श्रीउमादत्तजी सारस्वत 'दत्त')

भगवत्कृपा से चढ़ जाता पंगु पर्वतों पै,
भगवत्कृपा से सिद्धि साधकोंने पाई है।
भगवत्कृपा से गूँगा बोलता है मीठे बैन,
भगवत्कृपा से देता अंधे को दिखाई है॥
भगवत्कृपा से बधिर पाता श्रवण-शक्ति,
भगवत्कृपा से वाणी होती सुखदाई है।
भगवत्कृपा से ब्रह्म-ज्ञान की है प्राप्ति होती,
भगवत्कृपा ही तीनों लोकोंमें समाई है॥

१६. रिक्त, १७. खाली कर देना।

राजस्थानी लोकसाहित्यमें भगवत्कृपा

(लेखक—डॉ० श्रीमनोहरजी शर्मा)

राजस्थानी लोकसाहित्यका नाम लेते ही बहुसंख्यक वीर-रसात्मक काव्य-कृतियोंकी ओर सहज ही वृत्ति चली जाती है, परंतु साथ ही यह तथ्य भी ध्यातव्य है कि ज्ञान, योगादिसे सम्पन्न राजस्थानी लोकसाहित्यमें उसके आदिकालसे अद्यावधि भक्तिरसकी पुनीत धारा भी सततरूपसे प्रवाहित है और उसने लोक-जीवनको प्रेरणा प्रदान करनेमें असाधारण योग दिया है।

राजस्थानी भक्ति-साहित्य विविध शाखाओंमें विभक्त है। उसमें सगुण तथा निर्गुण भक्तिविषयक छोटी-बड़ी अनेक काव्य-रचनाएँ उपलब्ध हैं। जनसाधारणने जहाँ राजस्थानी भक्त-कवियोंके पुनीत पदोंसे अपने जीवनको सरस और सात्त्विक बनाया है, वहाँ निर्गुण संतोंकी निर्मल वाणीका अमृतपान भी किया है।

राजस्थानमें अनेक भक्ति-केन्द्र एवं आचार्य-संस्थान हैं, जिनकी संत-परम्परामें अनेक भक्त, कवि-कोविद हुए हैं।

राजस्थानी काव्यमें भक्ति-तत्त्वके सभी अङ्गोंसे सम्बन्धित सामग्री प्रचुरमात्रामें उपलब्ध है। उसमें संसारकी नश्वरता, मायाकी प्रबलता, ईश्वरकी सर्वशक्तिमत्ता आदि निरूपित हैं। राजस्थानी काव्यमें भक्त-हृदयकी सरलता और परम प्रभुकी अपार कृपालुताका बड़ा ही मार्मिक और रसपूर्ण अङ्कन हुआ है। इस विषयमें भक्त-हृदयके उद्गार इतने सरस एवं प्रभावोत्पादक हैं कि श्रोता उनके प्रति सहज ही आकर्षित हो जाते हैं।

जब भक्तपर विपत्ति आती है, तब उसका हृदय भगवान्‌की कृपा प्राप्त करने-हेतु सहज ही पुकार उठता है; क्योंकि जब-जब भक्तोंपर कष्ट पड़ा है, तब-तब भगवान्‌ने उनकी सहायता की है। इन कृपा-कथाओंकी ओर संकेत करते हुए वह कष्ट-निवारणार्थ भगवान्‌से प्रार्थना करता है। उसे भगवान्‌की कृपाका पूरा भरोसा है। सर्वप्रथम जोधपुरके महाराणा श्रीअजीतसिंहके 'गज-उद्धार' ग्रन्थमें वर्णित ग्राह-पीड़ित गजराजकी गुहार सुनिये—

साहे आवौ सांवला, भगतां करवा भीर।
कह मोकूं राखै कवण, राज विना रघुबीर॥
भीड़ पड़ी जद भगत कूँ, साहि करी ब्रजराज।
लाज हमारी राखियो, यूं टेरत गजराज॥
रावण के दह छेद सिर, बांधे सायर पाज।
रीझ भभीखण कूं दियो, लंका गढ़ को राज॥
कंस पछाड्यौ कृष्ण जूं, कारण संतां काज।
मेट्यौ संकट मात-पितु, उग्रसेन दे राज॥
राख लियो प्रह्लाद कूं, हिरणाकुस कूं मार।
थंभ फाड़ परगट भये, धन नरहर अवतार॥
ध्रू कूँ दियौ अटल पद, सांची करी सहाय।
ग्राह तणां फंद मांहि सूं, लीजै मूझ छुड़ाय॥
हाथी बहु हेला दिये, कर बाहर करतार।
वेगा आवौ वरदपत, मेरी भीड़ मुरार॥
लांबी बांहां रावली, सो सिर दीजै हाथ।
तांतू जल ताणीजतां, राख लियौ रघुनाथ॥

उपर्युक्त दोहोंमें कविने गजकी पुकार बोलचालकी सरल राजस्थानी भाषामें प्रकट करके अत्यन्त करुणापूर्ण वातावरण प्रस्तुत किया है, जो लोक-हृदयको सहज ही द्रवित कर देता है। लगभग यही रूप श्रीरामनाथ कविया (चारण) विरचित 'करुणा बावनी'में द्रष्टव्य है, जहाँ द्रौपदी भगवान्‌को इस प्रकार पुकार रही है—

रटियो हरि गजराज, तज खगेस फिर तारियो।
आवण देरी आज, सो नह कीजै, सांवरा॥
लड़कापण प्रह्लाद, आद थनैं कीनो अवस।
विण रो राख्यो वाद, सिंहनाद कर, सांवरा॥
आसा राखी एक, सुमिरण तो निस-दिन सदा।
टाबर ध्रू री टेक, तूँ राखी वसुदेव-तण॥
लारै भगतां लाज, लंकागढ़ रघुपत लड़्या।
करण भभीखण काज, सिर दस तोड्या, सांवरा॥
रळियो जळ सुरराज, धर अंबर इक धार सूं।
करै अभय ब्रज काज, कर गिर धार्‌यौ, कान्हड़ा॥
विप्र सुदामा वार, कोडां धन लायौ कठां।
वधण चीर विस्तार, सरधा घटगी, सांवरा॥

जाणै किसो अजाण, तीन लोक तारण-तरण।
होवै द्रोपद हाण, सरभ धरम री, सांवरा॥
गुड्ढ वचन गायोह, सुण पायो जद सांवरो।
अंत वेग आयोह, चीर वधायौ चोगणो॥

उपर्युक्त सोरठोंके माध्यमसे कविने द्रौपदीके हृदय-भावोंका अत्यन्त मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया है। यहाँ भी मूलमें भगवत्कृपाका विस्तृत रूप प्रकाशमान है, जो संकटके समय लोक-हृदयको बल प्रदान करता है।

यह स्पष्ट ही है कि भगवान्‌की कृपा एक परम पदार्थ है, जिसकी कामना भक्त-जीवनका अमृत है। परम भक्त महाकवि पृथ्वीराज राठौर (बीकानेर)ने तो भगवान्‌की आज्ञामात्रको महती कृपा माना है। भक्तका दृढ़ विश्वास है कि सांसारिक जीवनमें जो कुछ भी अच्छाई है, वह भगवान्‌की कृपाका ही फल है। भक्त-कविका यह भाव एक डिंगल-गीतमें द्रष्टव्य है—

हरि, जेम हलाड़ो तिम हालीजै,
काय धण्यां सूं जोर क्रिपाल।
मौळी दिवौ, दिवौ छत्र माथै,
देवो सो लेऊँ स दयाल॥
रीस करौ, भावै रळियावत,
गज भावै खर चाढ़ गुलाम।
माहरै सदा ताहरी माहव,
रजा सजा सिर ऊपर राम॥
तू सामी प्रिथीराज ताहरौ,
वलि बीजो को करै विलाग।
रूड़ौ जिको प्रताप रावळौ,
भूंडौ जिकौ अम्हीणौ भाग॥

'हे हरे! आप जैसे भी मुझे चलाते हैं, मैं उसी प्रकार चलता हूँ। हे कृपालु स्वामिन्! आपके सामने मेरा अपना कोई बल नहीं है। हे दयालो! आप चाहे मेरे सिरपर लकड़ियोंका गट्ठर रख दीजिये, चाहे राजच्छत्र रख दीजिये। आप जो भी देंगे, वही मुझे स्वीकार है। हे श्रीराम! आप अपने सेवकपर चाहे क्रोध कीजिये, चाहे उसे प्रसन्न रखिये, चाहे हाथीपर चढ़ाइये, चाहे गधेपर। हे माधव! आपकी दया और दण्ड चाहे जो कुछ भी हो, वह सब मेरे लिये शिरोधार्य है। आप स्वामी हैं और यह पृथ्वीराज आपका सेवक है। हम दोनोंको कोई अलग-अलग नहीं कर सकता। फिर भी मेरे पास जो कुछ 'अच्छा' है, वह सब आपका प्रताप है और जो कुछ 'बुरा' है, वह मेरा भाग्य है।'

उपर्युक्त गीत महाकविके जीवन-व्यापी चिन्तन और मननका सार-स्वरूप है। इसमें ज्ञान, कर्म और भक्तिरूप त्रिवेणीका संगम है। भक्तके लिये भगवान्‌की प्रत्येक आज्ञा उनकी कृपा ही है। उसके जीवनमें जो कुछ भी श्रेष्ठ है, वह सब एकमात्र भगवान्‌की कृपाका फल है।

इसी क्रममें महाकवि ईसरदास रोहड़िया (चारण)के 'हरिरस' काव्यमें भक्त-हृदयकी विनयपूर्ण स्थिति देखिये—

कसा करव हो महल, महल गिरि मेर कहावे।
कसा भाव हों गुणत्र, गुणत्र ज्यां तुम्मर गावै॥
मेल्हां की धन माल, सिरीजी चरणां आगै।
कसा पखालां पाँव, पवित्र नख गंगा लागै॥
की पुहप चढ़ावाँ सिर परै, पारिजात व्रख तुझघरै।
राजाधिराज, की रीझवाँ, कवि संकर सेवा करै॥

'स्वर्णमय सुमेरु पर्वतके शिखर जिनके महल हैं, उनके लिये मैं कौन-सा मन्दिर बनवाऊँ। जिनके गुणोंको तुम्बुरु (गन्धर्व, किंनर आदि) गा रहे हैं, उनके गुणोंका मैं क्या बखान करूँ। स्वयं लक्ष्मीजी जिनके चरणोंमें विराजमान हैं, उनके आगे मैं कौन-सा धन भेंटस्वरूप रखूँ? जिनके चरण-नखोंको स्वयं गङ्गाजी स्पर्श कर रही हैं, उनके चरणोंका प्रक्षालन मैं किस जलसे करूँ? प्रभो! आपके घरमें तो स्वयं कल्पवृक्ष विद्यमान है, फिर मैं कौन-से पुष्प आपपर चढ़ाऊँ? हे महाराज! ब्रह्मा और शंकर आपकी सेवा कर रहे हैं, फिर मैं किस सेवासे आपको प्रसन्न करूँ?'

उपर्युक्त पद्यमें प्रभुकी महिमा और भक्तकी लघुताका पराकाष्ठा-रूपमें अत्यन्त भावपूर्ण प्रदर्शन उपलब्ध है। सहज ही कहा जा सकता है कि भगवत्कृपा ही भक्तके लिये एकमात्र सम्बल है। वही उसका जीवन है और वही उसके जीवनकी सफलता है।

भक्त तुलसीदासपर कृपा

तुलसीदासके पहरेदार

भक्त नरसीपर कृपा

गुजराती लोक-साहित्यमें भगवत्कृपा

(लेखक—'काव्यशास्त्री' श्रीहिम्मतलाल भलुशंकर झाँबड़ी)

श्रीहरि परम दयालु हैं। मनुष्यकी तो बात ही क्या, उन्होंने पक्षियोंकी भी रक्षा की है। होला-होली नामक पक्षीका जोड़ा बड़ी कठिन विपत्तिमें फँस जाता है। प्राणसंकटकी स्थितिमें निरुपाय होकर वह सहायताके लिये परमात्मासे प्रार्थना करता है। भगवान् उनकी सहायता करते हैं और उनकी प्राणरक्षा होती है। कवि धीरा भक्तकी सरस वाणीमें वर्णन पढ़िये। रचना मुक्तक पदोंमें है—

होलो होली कहे छेरे
प्रभुजी मारी वहारे चडो
बचा माला माँहे रे,
तले आवी भी खड़ो ॥
उपर आव्यो बाज
पोलाण माँथी सर्प निसरियो।
तेणे तो सरी गया काज
गरुड नो गामी रे,
हरि विरददार वड़ो—होलो० ॥
विनति सुणी विट्ठल पर वरिया
साप माटे निरवाण,
तिर ने खेंचता पारधीनो
तत क्षण लीधा प्राण।
बाण त्यायीछुटछु रे,
बाज आवी ऐंठे पड्य—होलो० ॥
जुओ हरि केवो संकट मोचन
बच्चां बचाव्या कृपाल;
कालुं करनारनुं करतो कालुं
एवो ए दीन दयाल।
कालनो काल कालोरे
प्रह्लाद नी वहारे चडयो—होलो० ॥
कठण वेलाए कारज करशे
भजन करो भय जाय।
स्वामी सेवा नु फल अमोले
अंत समे करे सहाय।
थाय हरि उभो रे
कदी, काल सामे तू डवयो—होलो० ॥

पक्षी प्रभुसे प्रार्थना करते हैं—'हे प्रभो! हमारी सहायता करो। हमारा बच्चा घोंसलेमें है, वृक्षके नीचे भील (व्याध) आकर खड़ा है, ऊपर बाज आकर बैठा है तथा उधर बिलमेंसे साँप निकल रहा है। चारों ओर काल नाच रहा है। हे कृपालो! आपका बिरद बहुत बड़ा है, कृपा करो।'

'रक्षा करनेवाले विठ्ठल भगवान्ने तत्काल उनकी विनती सुनी। भील, जो धनुषपर बाण चढ़ाकर खड़ा था, उसे सर्पने काट लिया, वह गिर पड़ा, उसके गिरनेसे सर्प दबकर मर गया और उसका बाण धनुषसे छूटा, जो जाकर बाजको लगा और वह मरकर जमीनपर जा गिरा। धीरा भक्त कहते हैं कि इस प्रकार प्रभुने कृपा करके संकट काटा। प्रभु कालके भी काल हैं, दीनदयालु हैं। देखिये, प्रह्लादको कैसे बारंबार कृपा करके कालके मुखसे बचा लिया। वे विपत्तिके समय सहायता करते हैं। प्रभुका भजन कीजिये, भय दूर हो जायगा। प्रभुकी भक्तिका फल अनमोल है। प्रभु अन्तमें सहायता करते हैं। अरे प्राणी! काल तेरे सामने खड़ा है, तू प्रभुकी शरण जा, वे खड़ा होकर तेरी रक्षा कर रहे हैं।'

(२)

काचवो अने काचवी

फल फल माँ काचवी कुडी रमैया नी रीति छे रूडी।
धणी नो आसरो धारे, तेने मारो सायबो तारो ॥
काचवो काचवी साथ माँ रहेता हतां हरि ना दास,
दर्शन काजे बहार निकला, राखीने विश्वास।
निकलता नजरे भाव्यां पाराधीए बांधी बाण्यां ॥
काचवी कहे छे काचवा ने ते कंथ न मायु केण।
माल आव्यो हमे कोण राखशे, तमे निचा ठालो नेण।
प्रभु तारो नाव्यो प्राणी माथे आवी मोत नीसाणी ॥
काचवो कहे छे काचवीने तुं राख्यने धारण धीर,
आपणने उगारशे ओल्यो जगभेरु जदुवीर।
चींता मेली शरणे आवो मर वा तुने नहीं दे मावो ॥

उपर्युक्त लोक-गीतमें भी भगवत्कृपाका बड़ा सुन्दर अङ्कन हुआ है। ऐसी कथा प्रसिद्ध है कि एक सरोवरमें

* ये गुजरातीके कवि सावलीके निवासी थे। इनका समय सन् १७५३ से १८२५ ई० है।

एक कछुवा और एक कछुवी रहते थे। उनका नित्य संत-दर्शन करनेका नियम था। एक शिकारी इस रहस्यको जानकर साधुओं-जैसे वस्त्र पहने सरोवरके निकट पहुँचा। कछुवा ऐसा विश्वास करके कि ये कोई संत पुरुष ही हैं, दर्शनार्थ सरोवरसे बाहर आने लगा। कछुवीको कुछ संदेह-सा हुआ, उसने कछुवेसे कहा—'स्वामिन्! मुझे आज बाहर चलना न जाने क्यों अनिष्टकर प्रतीत हो रहा है। कृपया आज बाहर न जायँ।' संत-सेवी कछुवेको उसकी बात न जँची। लाचार हो कछुवीने भी अनुगमन किया। पारधीने दोनोंको उठाकर झोलीमें डाल लिया। अपनी झोपड़ीमें आकर उसने दोनोंको हँडियामें पकाना आरम्भ किया। कछुवी बोली—'आपने मेरी बात नहीं मानी? क्या संत पुरुष ऐसे ही होते हैं? अब हमारी कौन रक्षा करेगा? मौत सिरपर नाच रही है। आपके प्रभु कहाँ रहे?'

कछुवेने कहा—'तू धैर्य रख। वे अवश्य रक्षा करेंगे।'—ऐसा कहकर वह स्वयं हँडियाकी तलीमें चला गया और कछुवीको अपनी पीठपर ले लिया। इसी समय भक्तवत्सल करुणासागर भगवान् अचानक वर्षारूपमें प्रकट हो गये। इतना अधिक पानी बरसा कि हँडियाके नीचे जलती हुई आग तो शान्त हो ही गयी, हिंसापर उतारू उस पारधीकी झोपड़ी भी बह गयी। वह असहाय खड़ा देखता ही रह गया। भगवान् अपने आश्रितोंका कष्ट नहीं देख सके, उनकी अहैतुकी कृपाने कछुवा-कछुवी दोनोंकी रक्षा की।

इस प्रकारके पद, दोहा तथा भजन गुजराती लोक-साहित्यमें बहुत प्राचीनकालसे ग्रामीण भाषामें रचे जाते रहे हैं और समूहमें बैठकर गाये जाते हैं। आज भी रातके समय गाँवके लोग व्रत-त्योहारके दिन इकट्ठे होते हैं। दो-चार भक्त एकतारा, रामसागर आदि वाद्ययन्त्रोंके साथ पदोंको बोलते हैं और लोगोंके हृदयोंमें भगवद्भक्तिका अजस्र प्रवाह बहने लगता है।

कृपाकी भीख!

भगवन्! आपकी असीम कृपा है जिससे हमें यह सुरदुर्लभ, साधन-धाम मनुष्य-शरीर मिला है। पर नाथ! हमें इस कृपाका स्मरण कहाँ है? हम तो संसारकी बाह्य चमक-दमकसे चौंधियाकर केवल आपकी कृपाको ही नहीं, प्रत्युत इस शरीरके प्रदाता, परम कृपामय स्वयं आपको भी भूल गये हैं। यह कितना बड़ा दुर्भाग्य है!

भगवन्! आपने तो सिखाया था कि 'तुम सदा-सर्वदा मेरा स्मरण करते हुए ही अनासक्त होकर सब कर्म करो और अपना प्रत्येक कर्म मुझे अर्पण करते रहो।' परंतु यह सदुपदेश हम क्यों स्मरण रखने लगे? हम तो तनिक-सा काम करके भी अभिमानसे ऐंठ जाते हैं और उसीका बहुत बड़ा तथा तात्कालिक फल चाहते हैं। अभिमानमें कार्यकी सिद्धि कहाँ है? वह तो पतनका मूल है, परंतु इस बातपर कौन विचार करे? बस, फल मिलना चाहिये और वह भी कर्मसे कहीं अधिक। यदि नहीं तो फिर हमारे मनके संसारमें आपका अस्तित्व ही कहाँ है? कितना मूर्खतापूर्ण निर्णय है!

भगवन्! आपके कृपापूर्ण परमपावन चरित्रमें त्यागका कितना उच्च स्थान है; पर हमारे मनमें उसके लिये आदर और कृतज्ञता कहाँ? हम तो एकदम असावधान बन रहे हैं, और संसारके सभी विलासोंको मनमाना भोगते हुए ही आपका सच्चा कृपापात्र कहलाना चाहते हैं? कभी-कभी तो हमारी यह वृत्ति इतनी नीची तहतक पहुँच जाती है कि हम अपने भौतिक आरामके लिये सैकड़ों निरपराध प्राणियोंको दुःसह पीड़ा पहुँचानेमें भी नहीं हिचकते।

भगवन्! क्या हमारी यह दूषित मनोवृत्ति कभी बदलेगी? कभी आपकी परम कृपाका हमें अनुभव होगा? प्रभो! अब तो बहुत हो चुका! हमने अपनी करनीका पर्याप्त फल पा लिया, मनुष्य-जीवनको खूब ही कलंकित किया। कृपासिन्धु भगवन्! अब आपके पावन चरणोंमें यही करबद्ध प्रार्थना है कि आप अपनी कृपाकी ओर देख, हमारे सभी अक्षम्य अपराधोंको क्षमाकर हमें [illegible] भीख दो, जिससे इस जीवनका उद्देश्य, जिसके लिये आपने हमें

आङ्ग्ल-साहित्यमें भगवत्कृपा

(लेखक—डॉ०श्रीहरिमोहनलालजी श्रीवास्तव, एम्० ए०, एल्०टी०, एल्-एल०बी०, साहित्य-वारिधि)

साहित्य एक ऐसा विशाल समुद्र है कि अल्पजीवी मानव आजीवन उसमें गोते लगाता रहे तो भी उसकी थाह नहीं पा सकता। पाश्चात्य-साहित्य भी अनेक भाषाओंका विशाल भण्डार है, परंतु इस विविधताके बीच अंग्रेजी-साहित्यकी प्रमुखता प्रायः सर्वसम्मत है। व्यापक महत्त्वके साथ ही अंग्रेजीपर ईसाई-धर्मकी छाप भी एक विशेषताके रूपमें विद्यमान है। भारतमें एक लंबे समयसे अंग्रेजी-भाषा और साहित्यकेअध्ययन और अध्यापनके परिणामस्वरूप हमने भी इस अन्ताराष्ट्रिय सम्पर्क-सूत्रद्वारा विदेशी साहित्य-जगत्से थोड़ा-बहुत नाता जोड़ रखा है। 'लियो टालसटाय' और 'अनातोले फ्रांस' जैसे जाने-माने पाश्चात्त्य साहित्यकारोंकी सूक्तियोंका रसास्वादन भी हम अंग्रेजीके माध्यमसे ही कर सके हैं। प्रस्तुत लेखके संक्षिप्त कलेवरमें आङ्ग्ल-साहित्यमें भगवत्कृपाकी एक झलकमात्र दिखाना ही अभीष्ट है। आङ्ग्ल-मनीषियोंकी विचारधारा पाश्चात्य-साहित्य-जगत्के अन्यान्य विद्वानोंसे प्रायः मिलती-जुलती है। हम समन्वय-बुद्धिसे पूर्व और पश्चिममें साम्य देखनेका प्रयास करें।

भगवत्कृपाके अनन्त सामर्थ्यको संस्कृत-साहित्यमें सूत्ररूप-में व्यक्त करते हुए विनय की गयी है—

मूकं करोति वाचालं पङ्गुं लङ्घयते गिरिम्।
यत्कृपा तमहं वन्दे परमानन्दमाधवम्॥

(श्रीमद्भा० श्रीधरस्वामिकृत मङ्गलाचरण)

हिंदी-साहित्याकाशमें सूर्यकी भाँति प्रकाशमान महात्मा सूरदासजीने भी इसी भावको अपने शब्दोंमें व्यक्त किया है—

चरन-कमल बंदौ हरि-राइ।
जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै, अंधे कौं सब कुछ दरसाइ॥

(सूरसागर १)

आङ्ग्ल-साहित्यमें भगवत्कृपाके लिये God's grace (गाडस् ग्रेस) या केवल Grace (ग्रेस) शब्द प्रचलित हैं। Grace (ग्रेस) के पर्यायवाची हैं—Mercy (मर्सी) तथा Clemency (क्लीमैन्सी)। ईश्वरकी अपार अनुकम्पाके लिये आभार तो कोई क्या प्रकट करेगा, परंतु धन्यवाद कहिये या स्मरण कहिये—भोजनके पहले या पीछे ईसाईलोग 'ग्रेस' शब्दसे धन्यवाद प्रकट करते हैं। हम भारतीयोंको भी जन्मसे ही सीख दी गयी है कि हम भोजनकी थालीको सामने पाकर अन्नदेवताका अभिवादन या इष्टदेवको अर्पण करें।

ईश्वर सभी धर्मोंमें पूज्य, आराध्य और उपास्य हैं। वे सदासे ही हैं और सदैव रहेंगे। वैदिक धर्मानुयायियोंकी भाँति ईसाईलोग 'प्रार्थना'के द्वारा भगवत्कृपाकी ही याचना करते हैं। वे गिरजेकी सामूहिक प्रार्थनामें अतीत और भविष्यमें अपनेसे होनेवाले सभी पापोंके लिये क्षमा-याचना करते हैं। निश्चय ही वे इस प्रार्थनाके द्वारा अपनी भूलोंके लिये पश्चात्ताप करते हैं और कामना करते हैं कि वे शुद्ध और सदाचारी जीवन बितायें, जिससे उन्हें परम प्रभुकी अनन्त कृपा प्राप्त हो।

ईश्वर अकेले थे। उन्होंने अपना अकेलापन दूर करनेके लिये संसार बनाया। हम मनुष्य उन परमात्माके हाथोंके खिलौने हैं। ईश्वरने संसारको सब प्रकारके वैभवसे सम्पन्न रखनेकी बड़ी कृपा की है। हमें बुद्धि और विवेकसे सम्पन्न कर मानव-देह प्रदान करना भी उनकी महती अनुकम्पा ही है।

कौन-सा ऐसा धर्म है, जो प्रकृति (Nature)से मन्त्रमुग्ध होकर उसे ईश्वरीय लीलाका विलास नहीं मानता? ईश्वरके अस्तित्वमें नास्तिकोंका विश्वास भले ही न हो, परंतु चतुर्दिक् बिखरे हुए प्रकृतिके सौन्दर्यपर तो वे भी रीझे बिना नहीं रहते। प्रकृति-प्रेमी कवि 'विलियम वर्ड्स्वर्थ' तो सांसारिकतासे खीझकर 'पैगन' (प्रकृति-उपासक) बननेकी इच्छा प्रकट करता है, जिससे वह घासके किसी सुहावने भूमि-भागपर स्थित होकर समुद्रके ऐसे दृश्य देख सके और ऐसे संगीत सुन सके, जो उसकी उदासी या सूनेपनको कम कर सकें। जीव-का स्वभाव है कि वह किसी-न-किसीका आश्रय लेता है, किंतु जडताका आश्रय लेनेवाला स्थायी प्रसन्नता प्राप्त नहीं कर सकता, अतः जो परमात्मा प्रकृतिके भी कारण हैं, उनका ही आश्रय लेना परम पुरुषार्थ है।

अंग्रेजीमें कितनी ही प्रेरक कृतियोंकी सृष्टि करनेवाला

'स्वेट माडेन' कहता है—'सुसंस्कृत व्यक्तिके लिये प्रकृतिके उपहार सर्वशक्तिमान् ईश्वरके शाश्वत संदेश हैं, जिनमें वे अपने सर्जनकी गाथाका चित्रण करते हैं और मानवमात्रको उसके मन्तव्यकी ओर भेजते हैं।'

प्रकृति हमें संघर्परत होनेके लिये सुदृढ़ता प्रदान करती है। वह हमें कठिनाइयाँ सहनेकी सामर्थ्य प्रदान करती है, जिससे हम ऐसे चरित्रका निर्माण कर सकें, जो महान् उद्देश्यकी प्राप्ति (पूर्ति) करानेवाला हो। स्वामी रामकृष्ण परमहंसके अनुसार—'भगवत्कृपाकी वायु मनुष्योंके सिरपर रात-दिन बह रही है।'

'बुक आफ कामन प्रेयर' (सामान्य प्रार्थनाकी पुस्तक)में एक विनय है—

'Grant us grace to contend fearlessly against evil and to make no peace with oppression and that we may reverently use our freedom. Help us to employ it in the maintenance of justice among men and nations.'

'हमें कृपा प्रदान कीजिये, जिससे हम निर्भय होकर बुराईसे संघर्ष कर सकें और अत्याचारसे कोई समझौता न करें, जिससे हम अपनी स्वतन्त्रताका उपभोग सम्मान-पूर्वक कर सकें। हमारी सहायता कीजिये, जिससे हम मनुष्यों और राष्ट्रोंके बीच न्याय बनाये रखनेमें उसका सदुपयोग कर सकें।'

अंग्रेजीमें एक कहावत है—'First deserve, then desire'—'पहले योग्य बनो और तब आकाङ्क्षा करो।' ईश्वरकी कृपा सत्कर्म और स्वावलम्बनमें निवास करती है।

प्रसिद्ध अंग्रेजी-कवि लांगफेलोके अत्यन्त प्रेरक उद्गार हैं—

Act, act in the living present,
Heart within and God overhead.

'अपने आपमें दृढ़ आस्था रखकर पूर्ण भगवदाश्रित रह अपने वर्तमान (जीवन)में कार्य करो, कार्य करो।'

ईसाइयोंकी धर्म-पुस्तक 'बाइबिल'के अनुसार मानवीय कर्म-में सर्वोपरि है 'दया'। बाइबिलमें कहा गया है—'हमें वीरता-पूर्वक कृपाके सिंहासनतक जाना चाहिये, जिससे हम दया और उत्तम कृपा पा सकें जो आवश्यकताके समय सहायक हो।' 'न्यू टेस्टामेंट' (नया नियम)की विज्ञप्ति है—'Blessed are the merciful, for they shall obtain mercy.'

'दयावान् भाग्यशाली हैं; क्योंकि उन्हें ईश्वरकी अनुकम्पा प्राप्त होगी।'

'God is a spirit and they that worship Him, must worship Him in spirit and in truth'.

'ईश्वर सत्य (आत्मा) है, और वे, जो उनकी पूजा करते हैं, उन्हें निष्ठा और सत्यतासे उसकी पूजा करनी चाहिये।'

स्पष्टतया ईश्वरकी सच्ची पूजा है उनके द्वारा निर्मित सृष्टिके प्रति पवित्र-प्रगाढ़ प्रेम। सृष्टि और उसके सिरजनहारके प्रति पुनीत प्रीति ही हमें अनन्त कृपासे विभूषित कर सकती है। भगवत्कृपा मिल जानेपर हमें किसका भय रह जायगा। 'न्यू टेस्टामेंट'का ही उद्घोष है—'If Cod be for us, who can be against us?'

'यदि ईश्वर हमारे अनुकूल (पक्षमें) हैं तो प्रतिकूल (विपक्षमें) कौन हो सकता है?'

विख्यात नाटककार 'शेक्सपियर'ने भी दयाकी बड़ी प्रशंसा की है। उनका कथन है—'Sweet mercy is nobility's true badge.'

'मधुर दया उदारताका सच्चा पदक—प्रतीक है।'

कवि लांगफेलो कृपाके साथ न्यायके सम्मिश्रणके पक्षमें है—

Being all fashioned of the self same dust,
Let us be merciful as well as just.

'हम सब एक ही तरहकी मिट्टी (रज)से निर्मित हैं, अतएव हमें दयालु और न्यायपरायण होना चाहिये।'

अनन्त सौन्दर्य और अनन्त शक्तिपर रीझनेवाले गोस्वामी तुलसीदासजी भी तो शील-साधनाका ही समर्थन करते दिखायी देते हैं—

कबहुँक हौं यहि रहनि रहौंगो?
श्रीरघुनाथ-कृपालु-कृपातें संत सुभाव गहौंगो॥
(विनयप० १७२।१)

'क्या कभी मैं इस रहनीसे रहूँगा? क्या कृपालु श्रीरघुनाथजीकी कृपासे कभी मैं संतोंका-सा स्वभाव ग्रहण करूँगा।'

दिव्य प्रेमकी ज्वालामें भगवत्प्रेमियोंकी भोग-मोक्षसम्बन्धी समस्त कामनाएँ,—संसार-विषयक सभी आसक्तियाँ भस्म हो जाती हैं। उनके लिये सर्वस्व-त्याग सहज स्वाभाविक होता है। वे तो नित्य-निरन्तर परमप्रभुके मधुर स्मरणमें निमग्न रहते हैं। पाश्चात्त्य विद्वान् होरेसका कथन है—'Unless a man practises privation, he will not find favour with the gods.'

'जबतक मनुष्य सुख-त्यागका अर्थात् कष्ट-सहनका अभ्यास नहीं करता, तबतक वह देवताओंकी प्रसन्नता नहीं पा सकता।'

'विलियम कूपर'को भी दुःखकी चिन्ता नहीं है—उनका तो परमपिताकी अत्यन्त सबल अनुकम्पापर ही अडिग विश्वास है। ईश्वरीय विधानमें कहीं भी कुछ कठोरता देखायी दे, परंतु उन्हें विश्वास है कि परिणाम मधुर ही होगा। ईश्वर-विषयक उनकी दो सुन्दर कविताओंमें उनकी यह आस्था स्पष्ट प्रकट है। उनके उद्गार हैं*—

(१) 'जब मैंने सबसे पहले परमेश्वरका दर्शन किया, मुझे विदित हो गया कि उनकी कृपा कहाँ है। तब मैंने कितनी ही शान्तिमयी घड़ियोंका रसास्वादन किया। अब उनके अभावमें करुण व्यथाभरी रिक्तता दीखती है, जिसे संसार कभी नहीं भर सकता।'

(२) 'अपनी कमजोर अल्पबुद्धिसे परमेश्वरकी शक्ति मत नापो, उनकी कृपाके प्रकाशमें उनपर विश्वास करो। निर्मम-क्रूर प्रकृतिकी ओटमें वे अपनी मृदु मुसकान छिपाये रहते हैं। प्रत्येक घड़ीके रहस्योद्घाटनस्वरूप उनके विधान शीघ्रतासे सफल होंगे। कली भले ही कड़वी लगे, पुष्प तो मधुर होगा ही।'

ईश्वरकी गहन अनुभूतिमें 'कूपर'ने महती शान्ति पायी है और उन सुखद क्षणोंकी स्मृति भी अत्यन्त मधुर है। वह चाहता है कि भगवत्कृपापर विश्वास किया जाय। कलीका स्वाद कड़वा हो सकता है, पर फूल तो निश्चय ही मधुर होगा।

'पोप'नामक एक कविकी अपने प्रभुसे अधिकतम चाह यही है कि 'वह दया, जो मैं दूसरोंके प्रति दिखाता हूँ, आप मेरे प्रति दिखाइये।'

भगवान् तो आस्तिक-नास्तिक सभीका पोषण करते हैं। उनकी कृपाका लाभ प्रत्येक जीवधारीको सब समय सुलभ है; परंतु धर्ममें आस्था भगवत्कृपाके लिये प्रमुख शर्त है। 'लियो टाल्सटाय'के अनुसार—Faith is the force of life. 'आस्था जीवनकी शक्ति है।'

महाकवि 'टैनीसन'की सम्मतिमें—'आँधी-भरे इस संसारमें जो कुछ उन्नत है, वह विश्वास है और जो अवनत है, वह नास्तिकता है।'

निबन्धकार 'फ्रांसिस बेकन'की दृष्टिमें नास्तिकता मनुष्यके हृदयकी अपेक्षा ओठोंमें ही है। आशय केवल इतना है कि बातोंसे कोई भले ही नास्तिक बना रहे, परंतु उसका अन्तःकरण किसी-न-किसी रूपमें ईश्वरकी अनुभूति किये बिना नहीं रह सकता।

ईश्वरीय आदेश प्राप्त करना और इस निर्देशनके अनुसार अपनी जीवन-धारा मोड़ लेना ही प्रभु-कृपाका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

किसी लेखकका कथन है—'To follow God's guidance is to attain true peace.'

'ईश्वरके निर्देशका अनुगमन करना सच्ची शान्तिको प्राप्त करना है।' इसीलिये 'ब्रिस्को' विनय करता है—

'Lord! guide today in my work, my conversation and my thoughts.'

'प्रभो! मेरे काम, मेरे संलाप और मेरे विचार आज ही निर्देशित कीजिये।' मन, वचन और कर्म—तीनोंसे शुद्ध व्यक्ति क्या कभी भगवत्कृपासे वञ्चित रह सकता है।

पाश्चात्त्य साहित्यकार 'एडीसन'की पङ्क्तियाँ भी विचारणीय हैं—

When all thy mercies, O my God!
My rising soul surveys
Transported with the view I'm lost
In wonder, love and praise.

'हे मेरे ईश्वर! जब मेरी प्रबुद्ध आत्मा आपकी सभी कृपाओंका सर्वेक्षण करती है, मैं उस दृश्यके साथ तन्मय होते (उड़ान भरते) हुए आश्चर्य, प्रेम और प्रशंसामें खो (आत्मविभोर हो) जाता हूँ।'

भगवत्कृपाका रसास्वादन प्राणिमात्रका सहज स्वत्व है। जीवनको शान्ति, आह्लाद, सफलता और उत्कर्षसे परिपूर्ण कर रखनेवाली भगवत्कृपा ही है।

---

* (1) Where is the blessedness I knew
When first I saw the Lord ?
What peaceful hours I once enjoyed,
How sweet their memory still !
But they have left an aching void,
The world can never fill.
(Oh! For a closer walk with God)

(2) Judge not the Lord by feeble sense,
But trust him for his grace,
Behind a frowning providence,
He hides a smiling face.
His purposes will ripen fast,
Unfolding every hour,
The bud may have a bitter taste.
But sweet will be the flower.
(God moves in a mysterious w

भगवत्कृपा और भाई लारेंस

भगवद्भक्त भाई लारेंसका जन्म सन् १६१० ई०में फ्रांसके 'लोरेन' प्रान्तमें एक अशिक्षित और निर्धन परिवारमें हुआ था। इनका नाम 'निकोलस हरमन' था। भगवान्‌के प्रति अटूट श्रद्धा, भक्ति, रति और विश्वासके फलस्वरूप इनका जीवन उत्तरोत्तर उन्नत होता गया। अन्तमें ये परम संतकी कोटिमें पहुँच गये एवं 'भाई लारेंस'के नामसे प्रख्यात हुए।

पहले ये एक साधारण सिपाही रहे, पीछे महाशय 'फोवर्ट'के यहाँ इन्होंने दरवानी की और अन्तमें पंद्रह वर्षोंतक पाचक (रसोइये)का काम किया। अठारह वर्षकी अवस्थामें ही इनपर भगवत्कृपा हो गयी थी। तबसे इनका जीवन एकमात्र भगवत्प्रेमकी समाधिमें ही बीता।

भाई लारेंस कहते हैं—अठारह वर्षकी अवस्थामें मुझपर भगवान्‌की एक अनोखी कृपा हुई, जिससे मेरी जीवन-प्रणाली ही बदल गयी और मैं भगवद्विश्वासी बन गया।

शिशिर-ऋतुमें मैंने एक वृक्षको पत्रहीन देखा, देखते ही मेरे मनमें विचार उठा कि 'यह नंगा वृक्ष थोड़े ही कालमें नयी हरी-हरी पत्तियोंसे आवृत हो जायगा। तदुपरान्त पुष्पों और फलोंके आविर्भावसे इसकी शोभा और भी मनोरम हो जायगी।' इसी विचारधारामें मुझको भगवान्‌की कृपा एवं विभवकी एक अनूठी झाँकी प्राप्त हुई, जो सदाके लिये मेरे अन्तस्तलमें स्थिर हो गयी। उसके परिणामस्वरूप मेरे समस्त सांसारिक बन्धन एकदम ढीले हो गये। मेरे अन्तरमें भगवत्प्रेमकी जो ज्योति उत्पन्न हुई, उसका प्रकाश उसी समय इतना तीव्र था कि चालीस वर्षसे अधिक बीत जानेपर भी मैं यह नहीं बतला सकता कि उस प्रकाशमें और अभिवृद्धि हुई है।

जब कभी मैं कर्तव्यच्युत होता तो बिना किसी आपत्तिके मैं भगवान्‌के समक्ष अपने अपराधको स्वीकार करता और आर्त होकर पुकार उठता—'नाथ! यदि इस प्रकार अकेले मेरे बल-बुद्धिके भरोसे आप मुझे छोड़ देंगे तो मुझसे सिवा अपराधके और कुछ न बनेगा। हे शरणागतवत्सल! आप ही मुझे अधोगतिसे बचायें और मेरे अपराधोंका परिमार्जन करें।' इस आतुरताभरी प्रार्थनाके अनन्तर मैं अपूर्व शान्तिका अनुभव करता।

पंद्रह वर्ष रसोई बनानेकी सुदीर्घ अवधि समाप्त कर फिर मैं जिस कामपर लगा, उससे मुझे पर्याप्त संतोष एवं प्रसन्नता रही। आसक्ति न होनेके कारण मैं उस कामको वैसे ही सुगमतासे छोड़ सकता था, जैसे कि मैंने रसोइयेका काम छो था; क्योंकि छोटे-से-छोटा एवं बड़े-से-बड़ा काम मैं एकमा भगवत्प्रसन्नताके लिये ही करता, इससे मेरा स्वभाव ऐसा ब गया कि प्रत्येक अवस्थामें मुझे भगवत्कृपाकी मनोमोहिनी झाँ दीखती और मैं आनन्दोल्लासका अनुभव करता रहता।

हमारा अडिग भगवद्विश्वास भगवान्‌के पूज सर्वोत्तम सामग्री है और इसीकी अनुकम्पासे हमपर उन महती कृपा बरसती है।

मैंने सभी अवसरोंपर तात्कालिक सहायताके रू भगवत्कृपाका इतनी बार अनुभव किया कि फिर किसी क को करनेके पूर्व मुझे उसका ख्याल ही न रहता; परंतु ही कर्म करनेमें हाथ बढ़ाता, त्यों ही दर्पणमें प्रतिबि दीखनेके सदृश भगवत्सांनिध्यके भावमें मुझे क्या करना उ है, इसका स्पष्ट पता लग जाता। इस प्रकार किसी कर्मके कर मुझे सावधानी रखनेकी आवश्यकता न रही; परंतु ऐसी स्थि प्राप्त होनेके पूर्व मैं प्रत्येक कार्यमें सावधानी रखता था।

अपनी त्रुटियों एवं कमजोरियों अथवा पापोंसे निरुत्स न होकर भगवान्‌के अनन्त गुणोंपर भरोसा रखते हुए उन अहैतुकी कृपाके लिये हम पूर्ण श्रद्धाके साथ प्रार्थना क ईश्वर अपनी कृपासे हमें कभी वञ्चित नहीं करते, इ मैंने सदा-सर्वदा अनुभव किया है। हाँ, असफ केवल उसी समय मिली, जब मेरा मन भगवत्सांनि भावसे विचलित हुआ या मैं भगवान्‌से उनकी सहायत लिये याचना करना भूल गया।

पूर्णताकी जिस सीमातक पहुँचनेकी मनुष्य आक करता है, उतना ही अधिक वह भगवत्कृपाका अनुगत होता

भगवदनुग्रह बिना हम कुछ भी नहीं कर सक फिर किसी अन्य व्यक्तिकी अपेक्षा मैं तो और भी अस ठहरा; परंतु जब हम भक्तिभावसे अपने-आपको भगवान्‌की प संनिधिमें रखते हैं, सदा उन्हींको अपने सम्मुख समझ तो हम कभी कोई ऐसा कार्य नहीं कर सकते, जिससे उ अपराध बने या वे अप्रसन्न हों, अपितु इससे हमारे भीतर एक अलौकिक (पवित्र) स्वतन्त्रता जाग्रत् होती है, अथवा म कहूँ कि भगवान्‌के साथ हमारा ऐसा मेल-जोल हो जाता है जिससे हम निस्संकोच उनसे जिस समय और जैसे अनुग्रह आवश्यकता होती है, बिना किसी असफलता या भयके मां सकते हैं।

भगवान् तो हमें अनन्त धनराशिसे सुसम्पन्न करना चाहते और हम अपनी निकृष्ट भावनाके कारण उनसे केवल क्षणभुर विषय ही चाहते हैं। कितनी भारी मूर्खता है कि दयागर भगवान्‌की कृपाके अजस्र प्रवाहको हम इस प्रकार क देते हैं। भगवान् जब कभी उत्कट श्रद्धा-भक्तिसे म्पन्न प्राणी पा जाते हैं, तब उसे अपनी कृपासे निहाल र देते हैं। उन कृपा-सागरका प्रवाह इतने प्रबल वेगसे सकी ओर प्रवाहित होता है, मानो किसी बहुत भारी धिके कारण यह पहले रुका पड़ा था और अब मार्ग पा ानेपर बड़े वेगसे उमड़ आया है।

भगवत्कृपाका वेग जो बंद हो जाता है, इसके लिये हम वयं अपराधी हैं; क्योंकि इसका हम कुछ मूल्य ही नहीं आँकते, परंतु अबतक जो हुआ सो हुआ, आगेके लिये में सचेत हो जाना चाहिये और भगवत्कृपाके प्रवाहका उन्मुक्त हृदयसे स्वागत करना चाहिये एवं सके मार्गमें किसी प्रकारकी भी बाधा उपस्थित नहीं करनी चाहिये, प्रत्युत आत्मानुसंधान करते हुए भगवत्कृपाके मार्गमें स्थित समस्त विघ्न-बाधाओंको ढूँढ़-ढूँढ़कर उन्मूलित करते रहना चाहिये। इस प्रकार भगवत्कृपाको प्राप्त करनेके लिये हम अपने हृदयको शुद्ध करें और जो समय अबतक हम अपने हाथसे खो चुके हैं, उसकी तत्परताके साथ क्षति-पूर्ति करें।

जिन भगवान्‌ने कृपावश हमारे लिये दुःखोंका विधान रचा है, हम उन्हें अपने निकट अनुभव कर सुखी हों। वे जब चाहेंगे, इन्हें दूर कर देंगे। सचमुच वे लोग भाग्यशाली हैं, जो दुःखमें भी भगवान्‌को अपने पास समझते हैं। हमें भी इसी प्रकार भगवान्‌को अपने अत्यन्त समीप समझते हुए प्रसन्नतापूर्वक दुःख भोगनेका अभ्यास करना चाहिये और जितने कालतक वे आपको दुःखरूप विधानमें रखें, हम उनसे और कुछ न माँगकर केवल उसे सहर्ष सहन करनेका बल ही माँगें। सांसारिक प्राणी यदि इन बातोंको न समझ पायें तो इसमें आश्चर्यकी कोई बात नहीं; क्योंकि वे देहाभिमानी होनेके कारण जड देहके सुख-दुःखसे प्रसन्न और विषण्ण होते रहते हैं। रोग एवं क्लेशोंको वे भगवान्‌की ओरसे आया हुआ मङ्गलविधान न मानकर शरीरके कष्टसे दुःखी हो नाना प्रकारकी यन्त्रणाओंसे बाध्य होकर रो-रोकर भोगते हैं; परंतु जो लोग रोगको भगवान्‌का कृपाप्रसाद मानते हैं और समझते हैं कि यह सब तो हमारे अन्तःकरणकी शुद्धिके लिये ही प्रभुका रचा हुआ अनूठा ढंग है, वे भयानक रोगमें भी प्रायः अत्यन्त सुख एवं आश्वस्तताका अनुभव करते हैं।

उनकी अहैतुकी अनुकम्पाकी ओर ध्यान तो दीजिये। सचमुच वे हमपर अनुग्रह करनेके लिये ही दुःखका विधान रचते हैं; क्योंकि इससे हमारे मलिन अन्तःकरणकी शुद्धि होती है और जब हमारा अन्तःकरण शुद्ध हो जाता है, हम अविलम्ब भगवदभिमुख हो जाते हैं, उन्हें अपने पास ही अनुभव करते हैं। इस अनुभूतिमें कितना सुख, कितना आनन्द है, कहा नहीं जा सकता।

स्वयं मेरी कई बार मरणासन्न अवस्था हुई है, किंतु उस अवस्थामें मुझे एक अभूतपूर्व आनन्दका अनुभव हुआ। अतः भगवान्‌से रोगमुक्त होनेके लिये मैंने कभी किसी समय भी प्रार्थना नहीं की। जब कभी माँगा भी तो यही कि, 'प्रभो! मुझे उन सब क्लेशोंको दीनता, धीरता और प्रसन्नतापूर्वक सहन करनेकी शक्ति प्रदान करें।' सचमुच वे क्षण भी कितने मधुर एवं प्रीतिवर्धक होते हैं, जब हम अपने प्राणाराम भगवान्‌की संनिधिमें उन्हींको निहारते हुए क्लेशरूप महाप्रसादका उपभोग करते हैं। अपने परम प्रियतमकी गोदमें लेटे-लेटे दुःख-व्याधिका भोगना कैसा अनुपम स्वर्गीय सुखभोग है! उस मङ्गलमयी और आनन्दमयी स्थितिका वर्णन भला, कौन कर सकता है? इसलिये मैं आपसे कहता हूँ, भारी-से-भारी दुःख भी क्यों न हो, हमें उसका प्रेमपूर्वक अभिनन्दन करना चाहिये।

सर्वशक्तिमान् सर्वव्यापक भगवान्‌की असीम महिमाका जिस-किसीको भी अनुभव हो जाता है, वह संसारकी आधि-व्याधि और विषमताको सहजमें ही उल्लङ्घन कर जाता है; क्योंकि भगवान् और उनकी कृपाके अतिरिक्त उसके अनुभवमें कोई दूसरी वस्तु आती ही नहीं। यही भगवत्प्रेमकी महिमा है।

अपने मनको समस्त विषय-भोगोंकी कामनासे रिक्त कर एकमात्र भगवत्परायण हो जाना चाहिये। मनमें जो भी विषय-कामना हो, उसे हम भगवान्‌को निवेदन कर दें और एकमात्र उन्हींकी प्राप्तिके लिये उनसे अनुनय-विनय करें। अपनी शक्तिभर प्रयत्न करनेपर भगवान्‌की कृपासे हमें वह मङ्गलमयी स्थिति अवश्य प्राप्त होगी, जिसकी हमें अत्यन्त

भारतीय कलामें भगवदनुग्रहकी अभिव्यक्ति

(लेखक—डॉ० श्रीब्रजेन्द्रनाथजी शर्मा, एम्० ए०, पी-एच्० डी०, डी० लिट्०, एफ्० आई० ए० एस्०)

भगवान्‌की अपने भक्तोंपर सदासे ही असीम कृपा रही है। प्राचीन एवं अर्वाचीन मूर्ति-कलामें हमें ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं, जिनके अनुसार भगवान्‌द्वारा अनुग्रहपूर्वक अपने भक्तोंको कष्टसे मुक्त करना सिद्ध होता है।

वाल्मीकीय रामायणके उत्तरकाण्डकी एक कथाके अनुसार एक समय लंकापति रावण धनद कुबेरको हराकर पुष्पक-विमानद्वारा जा रहा था। अचानक वह विमान शरवण (सरकंडोंके वन) में[1], जिसमें कार्तिकेयकी उत्पत्ति हुई थी, पहुँचते ही रुक गया और रावणके बहुत प्रयास करनेपर भी वह आगे न बढ़ा सका। तब वहाँ नन्दीश्वरने रावणको बताया कि 'कैलास पर्वतपर भगवान् शिव एवं माँ पार्वती अभिन्न-भावसे विराजमान हैं, अतः वहाँ सभीका जाना वर्जित है।' इसपर रावणको बड़ा क्रोध आया और उसने अपने अद्भुत पराक्रमसे उस पर्वतको ही उखाड़ लिया, जिसके कारण ब्रह्माण्डमें कोलाहल मच गया, लीलाधारिणी भगवती पार्वतीको भी भय प्रतीत होने लगा, तब अन्तर्यामी भगवान् शिवने इसका मूल कारण जान अपने दाहिने पैरके अँगूठेसे पर्वतको दबाया, जिससे रावण भी उसके नीचे दबकर त्राहि-त्राहि करने लगा। रावणने भगवान् शिवकी स्तुतिमें सहस्र वर्षतक साम-मन्त्रोंका उच्चारण किया, जिससे प्रसन्न होकर श्रीशिवने न केवल उसे क्षमा ही कर दिया, अपितु कृपा कर अमूल्य 'चन्द्रहास' नामक तलवार भी प्रदान की।

उपर्युक्त कथाको अभिव्यक्त करती एक प्राचीन मूर्ति मथुरासे प्राप्त हुई है, जो वहाँके संग्रहालयमें सुरक्षित है। गुप्तकालीन मूर्तिकला (पाँचवीं शती ई०) की प्रतीक इस सुन्दर मूर्तिमें कैलासपर भगवान् शिव एवं माँ पार्वती विराजमान हैं और नीचे शक्तिशाली रावण अपने हाथोंसे उस पर्वतको उठाता दिखाया गया है। कुशल शिल्पीने सम्पूर्ण चित्रण बड़ी सजीवतासे अङ्कित किया है। इस आशयकी कला-कृतियाँ, जिन्हें 'रावणानुग्रहमूर्ति' कहा जाता है, भारतीय कलाकारोंको विशेषरूपसे प्रिय थीं। अतः इन्हें उड़ीसा-स्थित भुवनेश्वरके शत्रुघ्नेश्वर एवं परशुरामेश्वर मन्दिरोंपर भी, जिनका निर्माण क्रमशः छठी एवं सातवीं शती ई०में हुआ था, देखा जा सकता है। राजस्थानमें ओसिया और चित्तौड़गढ़के कालिका-मन्दि[र] एवं उदयपुरके समीप नागदा-स्थित सास-बहूके प्रसि[द्ध] देवालयोंपर भी इस कथाको दर्शानेवाली मूर्तियाँ स्थित हैं। जयपुरके केन्द्रिय संग्रहालयमें एक कलात्मक प्रस्तर-फ[लक] विद्यमान है, जिसमें रावण पर्वत उठानेके प्रयत्नमें प[रि]थका प्रतीत होता है और वह हतोत्साह-सा पर्वतके नी[चे] बैठा हुआ है। 'अलोरा' एवं 'ऐलिफेन्टा'की प्रसिद्ध गुफाओं[में] भी रावणानुग्रह-विषयक अनेक प्रतिमाएँ विद्यमान हैं। मुझे अपनी विदेश यात्राओंकी अवधिमें ऐसी कई मु[न्दर] मूर्तियाँ 'क्लीवलैंड म्यूजियम आफ आर्ट,' क्लीवलै[ंड], 'सिटायल आर्ट म्यूजियम,' सिटायल एवं 'म्यूजियम अ[ाफ] फाइन आर्ट्स,' मोन्ट्रीयलके अतिरिक्त 'वन्तईभेय'में देखनेको मिलीं, जो प्राचीन कलाकारोंमें इस विष[य]की लोक-प्रियता सिद्ध करती हैं।

'शिवपुराण'की एक कथाके अनुसार भगवान् वि[ष्णुने] कुछ शक्तिशाली असुरोंपर विजय प्राप्त करने-हेतु भग[वान्] शिवसे उनके चक्रकी याचना की थी। इसके [लिये] की जानेवाली पूजामें श्रीविष्णु प्रतिदिन भगवान् शिवको सहस्र कमल-पुष्प भेंट करते थे। एक दिन इस सं[ख्यामें] एक पुष्प कम हो गया, अतः संख्या पूर्ण कर[नेके लिये] श्रीविष्णुने त्रिनेत्र शिवको अपना एक नेत्र भी भेंट [किया], जिससे भगवान् शिव बड़े प्रसन्न हुए और उन्होंने श्रीवि[ष्णुको] चक्र दे दिया, जिससे बादमें उन्होंने असुरोंका नाश कि[या]।

इस विषयसे सम्बन्धित सबसे प्राचीन प्रतिमा, [जिसे] 'विष्णु-अनुग्रहमूर्ति' कहा जाता है, मद्रासके [समीप] कांजीवरम्‌में स्थित एक पल्लवकालीन (सातवीं शती [ई०]) देवालयमें देखी जा सकती है। इसमें आशुतोष शिव एक आसनपर विराजमान हैं और नीचे भगवान् विष्णु बैठे [हुए] श्रीशिवको अपनी बायीं आँख भेंट कर रहे हैं, [जिससे] प्रसन्न होकर भगवान् शिव उन्हें दोनों हाथोंसे चक्र [देते हैं]।

---

1. स जित्वा धनदं राम भ्रातरं राक्षसाधिपः। महासेनप्रसूतिं तद् ययौ शरवणं महत्॥ (वा० रा० ७। १६ [...])

दिखाये गये हैं। ऐसी ही एक मूर्ति मथुरामें भी है, परंतु वहाँ श्रीविष्णु खड़े होकर बैठे भगवान् शिवसे चक्र प्राप्त कर रहे हैं।

महाभारतके वनपर्व तथा कवि भारविके 'किराता-र्जुनीयम्'के अनुसार भगवान् शिवने अर्जुनको कौरवोंके साथ युद्धके समय अपना शक्तिशाली पाशुपत-अस्त्र भेंट किया था। यह कथा प्रायः सर्व-विदित है। इस कथाको प्रकट करनेवाली प्रतिमाओंको 'किरातमूर्ति' कहा जाता है। इस प्रकारकी सम्भवतः सबसे प्राचीन मूर्ति, जो गुप्तकालीन (पाँचवीं शती ई०की) है, चित्तौड़के समीप 'नगरी' नामक स्थानसे प्राप्त हुई है। कर्नाटक राज्यमें इस कथाको दर्शानेवाले अनेक प्रस्तरफलक मिले हैं। दक्षिण भारतमें 'श्रीशैलम्' नामक स्थानपर स्थित एक मध्ययुगीन मूर्तिमें भगवान् शिव और माँ पार्वती खड़े हैं तथा श्रीशिव अर्जुनको पाशुपत-अस्त्र देते दिखाये गये हैं।

दक्षिण भारतमें प्रचलित एक अत्यन्त प्राचीन कथाके अनुसार एक ब्राह्मणबालक विचारशर्माने शिवपिण्डीपर ठोकर मारनेके अपराधमें अपने पिता यज्ञदत्तका पैर फरसेसे काट दिया था। बालककी यह भक्ति देख शिवजी अत्यन्त प्रसन्न हुए तथा उसका नाम चण्डेश रखते हुए उसे अपने गणोंका अधिपति नियुक्त किया। पल्लवकालीन सातवीं शती ई०की एक 'चण्डेशानुग्रह-मूर्ति', जो कांजीवरम्में है, पिताके शिवपिण्डीपर पाद-प्रहारके बाद पुत्रद्वारा उसका वह पैर काट देनेपर पिण्डीसे शिव प्रकट होते एवं बालकको अभय-दान देते हुए प्रदर्शित किये गये हैं। इसके अतिरिक्त राजेन्द्रचोलद्वारा ग्यारहवीं शती ई०में गंगेयकोण्ड-चोलपुरम्के शिवमन्दिरपर उत्कीर्ण एक अद्वितीय मूर्तिमें एक ऊँचे आसनपर हर-गौरी विराजमान हैं और नीचे सामने चण्डेश हाथ जोड़े बैठे हैं। शिव अपने हाथोंसे चण्डेशके शीशपर प्रसन्नतापूर्वक एक फूलोंकी माला बाँध रहे हैं, जिससे वे गणनायक बन गये।

ठीक इसी तरह 'विघ्नेश्वरानुग्रहमूर्ति' एवं 'नन्दीशानुग्रहमूर्ति'में भगवान् शिवद्वारा गणेशजी एवं नन्दीको नव-जीवन दान दिये जानेका सुन्दर दृश्य देखनेको मिलता है।

भगवान् विष्णुने भी अपने अनेक भक्तोंका उद्धार किया है। श्रीमद्भागवतपुराणकी एक कथाके अनुसार गजेन्द्र (हाथी) तालाबमें स्नान करने गया, परंतु जलमें प्रवेश करते ही एक मगरने उसका पैर पकड़ लिया। गजेन्द्रने अपना पैर छुड़ानेका पूर्ण प्रयत्न किया, परंतु सफल न हो सका, अतः उसने अन्तमें अपनी सूँड़में एक पद्म ले भगवान् विष्णुका स्मरण किया। गजेन्द्रकी दुःखभरी पुकार सुन वे अपने वाहन गरुड़पर आरूढ़ हो प्रकट हुए और अपने चक्रद्वारा उन्होंने मगरको मार दिया। इस कथाको प्रकट करने-वाली मूर्तियोंको 'गजेन्द्र-मोक्ष', 'वरदराज' या 'करिवरद' कहा जाता है।

उत्तरप्रदेशके झाँसी जिलेमें स्थित देवगढ़के दशावतार मन्दिरमें जिसका निर्माणकाल पाँचवीं शती ई० माना जाता है, प्राचीनतम एवं कलात्मक अङ्कन देखनेको मिलता है। मद्रासके निकट कांजीवरम्के प्रसिद्ध वरदराजमन्दिरमें भी इस कथाको दर्शाती एक विशाल मूर्ति आज भी विद्यमान है।

वाल्मीकि-रामायणमें वर्णित एक कथाके अनुसार ऋषि गौतमने अपनी पत्नी अहल्याके चरित्रपर शङ्कित हो शाप दिया, जिसके कारण वह स्त्रीसे पत्थर (शिला)में परिवर्तित हो गयी। पर्याप्त समय व्यतीत हो जानेके पश्चात् एक बार श्रीराम एवं लक्ष्मण महर्षि विश्वामित्रके साथ उधरसे जा रहे थे, तब श्रीरामने चरणसे उस शिलाका स्पर्श किया, जिसके फलस्वरूप वह पुनः स्त्रीरूपमें परिणत हो गयी। देवगढ़-से ही गुप्तकालीन (पाँचवीं शती ई० का) एक अद्वितीय प्रस्तर-फलक मिला था, जो अब राष्ट्रिय संग्रहालय, नयी दिल्लीमें सुरक्षित है। इसमें भगवान् श्रीराम एक ओर विराजमान हैं, पीछे लक्ष्मणजी खड़े हैं, श्रीरामजीके सम्मुख गौतम ऋषि हैं और पास ही विनीत भावमें उनकी पत्नी अहल्या अपना उद्धार हो जानेके बाद हाथ जोड़े बैठी हैं। 'अहल्या-उद्धार'की इस मूर्तिमें रामायणकी कथाका चित्रण बड़ी सजीवतासे उत्कीर्ण किया गया है। इनके अतिरिक्त ऐसी और भी अनेक प्रतिमाएँ हैं, जिनमें प्रत्यक्ष या परोक्षरूपसे भक्तोंपर भगवत्कृपाका अङ्कन देखनेको मिलता है। मूर्तियोंके माध्यमसे भगवत्कृपा-अङ्कन प्राचीन कालसे चले आ रहे मानवीय भगवद्विश्वासका उत्कृष्टतम परिचायक है।

पतितोंपर भगवत्कृपा

(लेखक—श्रीदिनेशनारायणजी शर्मा, बी० कॉम०, एल-एल० बी०)

लोकमें महापातकी—आचार-भ्रष्ट पुरुषको सामान्यतः 'पतित' कहा जाता है। भगवत्कृपासे पतितोंकी सद्गतिका उल्लेख हिंदू-धर्मग्रन्थोंमें विभिन्न प्रकारसे पाया जाता है।

जब मनुष्य अनाचार करता है तो उसके धर्मकी हानि होती है—

अनाचाराद्धर्महानिरत्याचारस्तु मूर्खता ॥
(शुक्रनीति ३ । २२२)

'अनाचारसे धर्मकी हानि होती है और अत्याचार मूर्खता है।'

मद्यपः कितवः स्तेनो जारश्चण्डश्च हिंसकः ।
त्यक्तवर्णाश्रमाचारो नास्तिकः शठ एव हि ॥
मिथ्याभिशापकः कर्णेजपार्यदेवदूषकौ ।
असत्यवाङ् न्यासहारी तथा वृत्तिविघातकः ॥
अन्योदयासहिष्णुश्च ह्युत्कोचग्रहणे रतः ।
(शुक्रनीति ४ । १ । ९७—९९)

'अनाचारी पुरुष सुरापान करनेवाला, जुआरी, चोर, जार, क्रोधी, हिंसक, वर्ण और आश्रमके आचरणसे हीन, नास्तिक, धूर्त, मिथ्या दोषारोपण करनेवाला, चुगलखोर, देवदूषक, असत्यभाषी, धरोहरको हड़प जानेवाला, जीविका-पहारी, परोत्कर्षको न सहनेवाला और उत्कोच (घूस) ग्रहण करनेमें आसक्त होता है।'

अपने वर्णाश्रमानुसार शास्त्रोक्त कर्म करना ही श्रेयका मार्ग है। कर्तव्य कर्म करना धर्म है और इससे मुख मोड़ लेना पतनका मार्ग है। 'मनुस्मृति'में कहा गया है—

वरं स्वधर्मो विगुणो न पारक्यः स्वनुष्ठितः ।
परधर्मेण जीवन् हि सद्यः पतति जातितः ॥
(१० । ९७)

'अपना धर्म गुणरहित होते हुए भी श्रेष्ठ है, परंतु भलीभाँति पालन किया हुआ परधर्म श्रेष्ठ नहीं; क्योंकि दूसरेके धर्मसे जीवन धारण करनेवाला पुरुष तुरंत ही जातिसे पतित हो जाता है।'

श्रीमद्भगवद्गीतामें भी यही कहा गया है—

श्रेयान् स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात् ।
स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः ॥
(३ । ३५)

'अच्छी प्रकार आचरणमें लाये हुए दूसरेके धर्मसे गुणरहित भी अपना धर्म अति उत्तम है। अपने धर्ममें तो मरना भी कल्याणकारक है, दूसरेका धर्म भय देनेवाला है।'

'जैसे असावधानीके कारण (हाथसे छूटकर) सीढ़ियोंपर गिरी हुई (खेलकी) गेंद एक सीढ़ीसे दूसरी सीढ़ीपर गिरती हुई नीचे चली जाती है, वैसे ही यदि चित्त अपने लक्ष्य (ब्रह्म)से हटकर थोड़ा-सा भी बहिर्मुख हो जाता है तो फिर वह बराबर नीचेकी ओर ही गिरता जाता है'—

लक्ष्यच्युतं सद्यदि चित्तमीष-
द्बहिर्मुखं संनिपतेत्ततस्ततः ।
प्रमादतः प्रच्युतकेलिकन्दुकः
सोपानपङ्क्तौ पतितो यथा तथा ॥
(विवेकचूडामणि ३२६)

'पतित पुरुषका (नाशके सिवा फिर) उत्थान तो प्रायः कभी देखनेमें ही नहीं आता'—

पतितस्य विना नाशं पुनर्नारोह ईक्ष्यते ।
(वि० चू० ३२८)

यदि पतितका उत्थान—उद्धार होता है तो केवल भगवत्कृपासे ही। गीतामें भगवान्‌की स्पष्टोक्ति है—

अपि चेत्सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक् ।
साधुरेव स मन्तव्यः सम्यग्व्यवसितो हि सः ॥
क्षिप्रं भवति धर्मात्मा शश्वच्छान्तिं निगच्छति ।
(९ । ३०-३१)

'यदि कोई अतिशय दुराचारी भी अनन्यभावसे मेरा भक्त होकर मुझको भजता है तो वह साधु ही मानने योग्य है; क्योंकि वह यथार्थ निश्चयवाला है। ऐसा व्यक्ति शीघ्र ही धर्मात्मा हो जाता है और शाश्वत शान्ति प्राप्त करता है।'

आचारहीनके अतिरिक्त जातिच्युत (पतित)के परमगति पानेका भी गीतामें उल्लेख हुआ है। भगवान् कहते हैं—

मां हि पार्थ व्यपाश्रित्य येऽपि स्युः पापयोनयः ।
स्त्रियो वैश्यास्तथा शूद्रास्तेऽपि यान्ति परां गतिम् ॥
(९ । ३२)

'पार्थ ! स्त्री, वैश्य और शूद्र आदि तथा पाप-योनिवाले भी जो कोई हों, वे भी मेरी शरण होकर परमगतिको ही प्राप्त होते हैं ।'

वास्तवमें जो अपना उद्धार नहीं कर पाते, वे स्वयं ही अपने शत्रु हैं—

उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत् ।
आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः ॥

(गीता ६ । ५)

'अपनेद्वारा अपना संसार-समुद्रसे उद्धार करे और अपनेको अधोगतिमें न डाले; क्योंकि यह मनुष्य आप ही तो अपना मित्र है और आप ही अपना शत्रु है ।'

मनुष्यका वास्तविक कर्तव्य तो है अपने स्वरूपकी प्राप्ति अथवा परमेश्वरको पाना; परंतु वह संसारको पाना चाहता है । अतः ईश्वरसे विमुख हो जाता है और ईश्वरसे विमुख होनेपर उसके पाँव पतनके मार्गकी ओर भटक जाते हैं । वह विवश होकर पापकर्म करने लगता है । धर्म-कर्मसे च्युत होकर पतित हो जाता है । परमात्माको प्राप्त करना ही उसका परम पुरुषार्थ है । पुण्यतोया भागीरथीसे मिलकर तो गंदा जल भी परम पावन हो जाता है—

इक नदिया इक नार कहावत मैलौ नीर भरौ ।
जब मिलि गए तब एक बरन ह्वै गंगा नाम परौ ॥

(सूरसागर २२० । ३)

जैसे गङ्गाजीका स्वभाव ही सब प्रकारके जल-प्रवाहको पवित्र करना है, वैसे ही भगवान्‌का स्वभाव भी पतितोंपर कृपा करना है—

जाउँ कहाँ तजि चरन तुम्हारे ।
काको नाम पतित-पावन जग, केहि अति दीन पियारे ॥
कौने देव बराइ बिरद-हित, हठि-हठि अधम उधारे ।
खग-मृग, व्याध, पषान, बिटप जड़, जवन कवन सुर तारे ॥
देव, दनुज, मुनि, नाग, मनुज, सब माया-बिबस बिचारे ।
तिनके हाथ दास तुलसी प्रभु, कहा अपनपौ हारे ॥

(विनयप० १०१ । १–३)

'हे नाथ ! आपके चरणोंको छोड़कर और कहाँ जाऊँ ? संसारमें पतित-पावन नाम और किसका है ? दीन-दुःखी किसे बहुत प्यारे हैं ? किस देवताने अपने प्रणको रखनेके लिये हठपूर्वक चुन-चुनकर नीचोंका उद्धार किया है ? किस देवताने जटायु (पक्षी), वानर, ऋक्ष आदि (पशु), वाल्मीकि (व्याध), अहल्या (पत्थर), यमलार्जुन (जड वृक्ष) और यवनोंका उद्धार किया । देव, मुनि, दनुज, नाग, मनुष्य आदि सभी बेचारे स्वयं मायाके वश हैं, वे किसको तारते ? इसलिये हे प्रभो ! उनके हाथमें अपनेको डालकर मनुष्य क्या लाभ उठायेगा ?'

मनुष्य जब सांसारिक विषयोंमें आसक्त हो प्रमादका आश्रय लेता है, तभी उसका पतन आरम्भ होता है । गणिका, अजामिल, व्याध, गीध और गज क्रमशः अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेशके आधिक्यसे पीड़ित थे । इन सभीका प्रभुने स्वभावतः अर्थात् विशुद्ध कृपावश उद्धार किया । तुलसीदासजीने ऐसे पतित-पावन प्रभुके लिये कहा है—

पाई न केहिं गति पतित पावन राम भजि सुनु सठ मना ।

(मानस ७ । १२९ छं० १)

'अरे मूर्ख मन ! सुन, पतित-पावन श्रीरामको भजकर किसने परमगति नहीं पायी ?'

भगवान्‌की प्रतिज्ञा है—

'..........न मे भक्तः प्रणश्यति ।'

(गीता ९ । ३१)

'मेरे भक्तका नाश नहीं होता ।' अधम-से-अधम व्यक्ति भी जब उनकी शरणमें जाता है, तब वे कृपालु उसका अवश्य ही उद्धार करते हैं । जैसे उन्होंने द्वापरमें पूतना (पूत+ना अर्थात् पवित्र नहीं)का उद्धार किया, बकासुर, अघासुर आदि अनेक पतितोंको अपना परमपद दिया, वैसे ही वर्तमान युगमें भी दक्षिणकी प्रसिद्ध वेश्या वरामुखीको भी उन पतित-पावनकी कृपा प्राप्त हुई । आवश्यकता केवल इसी बातकी है कि हम अपने धर्म—सहज कर्मोंको त्यागकर अपने-आपको पतित न होने दें ।

भगवत्कृपापर विश्वास कर सच्चे हृदयसे यही स्मरण करें—

कहियत पतित बहुत तुम तारे, स्रवननि सुनी अवाज ।
दई न जाति खेवट उतराई, चाहत चढ़्यौ जहाज ॥

(सूरसागर १०८ । ३)

पतितोंका उद्धार करना तो उनका प्रण ही है । प्रभुकी कृपाको सार्थकता पतितोंने ही दी है । वे स्वयं परमपावन हैं और जन्म-जन्मान्तरकी वासनाओंसे पतित हुए जीवोंको कृपापूर्वक अपने समान ही पावन कर लेते हैं ।

नास्तिकोंपर भगवत्कृपा

(लेखक—श्रीश्रीशजी शर्मा, बी० कॉम०)

'नास्तिक' शब्द 'आस्तिक'का विलोम है। ईश्वरकी आज्ञा और परलोकको माननेवाला, वेदोंमें विश्वास करनेवाला धर्मनिष्ठ व्यक्ति आस्तिक कहा जाता है। नास्तिक ईश्वर, परलोक, धर्म, वेद आदिमें अविश्वास-बुद्धि रखता है। स्थूल-दृष्टिसे कहा जाता है कि नास्तिक देहात्मवादी होते हैं। देह और देहसम्बन्धी पदार्थोंमें सत्यताका अध्यास करके वे लोग उनसे सुख प्राप्त करनेकी इच्छा करते हैं, उसके लिये प्रयत्न और पुरुषार्थ करते हैं और इस प्रक्रियामें राग, द्वेष, काम, क्रोध, लोभ, मत्सर, मोह आदि दोषोंको ही ओढ़े रहते हैं। उनका जीवन मूलतः आसुरी-सम्पत्तियोंका पुञ्ज बना रहता है।

नास्तिकके लक्षण और स्वभाव—

ईश्वर-भजनमें नास्तिकका मन नहीं लगता। गीतामें ऐसे लोगोंके लिये ही कहा गया है—

न मां दुष्कृतिनो मूढाः प्रपद्यन्ते नराधमाः।
माययापहृतज्ञाना आसुरं भावमाश्रिताः॥

(७। १५)

'मायाके द्वारा जिनका ज्ञान नष्ट हो चुका है अथवा जो संसारमें ही राग-बुद्धि कर चुके हैं—ऐसे आसुर-स्वभावको प्राप्त, मनुष्योंमें नीच, दूषित कर्म करनेवाले मूढ़ लोग मुझको नहीं भजते।' विपरीत भावना और अश्रद्धासे उनका विवेक नष्ट-भ्रष्ट हो जाता है, इसलिये वे वेद-शास्त्र, गुरु-परम्परासे प्राप्त उपदेश, ईश्वर, कर्मफल और पुनर्जन्ममें अविश्वास कर तथा मिथ्या कुतर्कमें उलझकर दूसरोंका भी अनिष्ट करते हैं।

ऐसे नास्तिक पुरुषोंका जीवनमें एक ही उद्देश्य होता है—'खाओ-पिओ और मौज उड़ाओ।' ईश्वरको तो वे कपोल-कल्पना ही मानते हैं।

उनके स्वभावका दिग्दर्शन गीताके 'आसुरी-सम्पत्ति'-प्रसङ्गमें साङ्गोपाङ्ग हुआ है—

दम्भो दर्पोऽभिमानश्च क्रोधः पारुष्यमेव च।
अज्ञानं चाभिजातस्य पार्थ सम्पदमासुरीम्॥

(१६। ४)

दम्भ, घमंड, अभिमान, क्रोध, कठोरता और अज्ञान—ये सब आसुरी-सम्पदाको लेकर उत्पन्न हुए पुरुषके लक्षण हैं। मान-बड़ाई पानेके लिये वे ढोंग रचते हैं; धन, जाति, बल, ऐश्वर्य आदि सांसारिक वैभवकी विपुलता-के कारण दूसरोंको तुच्छ समझकर वे दर्पका प्रदर्शन करते हैं; मान-बड़ाईकी इच्छासे उसे प्राप्त करके वे घमंडी होते हैं, क्रोध और कोमलताका आत्यन्तिक अभाव उनके स्वभाव-का अङ्ग होता है और धर्ममें विपरीत बुद्धि रखते हुए वे ईश्वरकी सत्ताको नहीं मानते।

भगवत्कृपाका रहस्य—

ऐसे नास्तिक व्यक्तियोंपर भी भगवत्कृपा किस प्रकार हो जाती है? इस विषयपर कुछ विचार किया जाता है—भगवान् स्वभावतः कोमलचित्त, दीनदयालु और अकारण कृपालु हैं। उनकी ही दयासे समस्त प्राणियोंको जीवन मिला है। मनुष्य-शरीर तो निश्चय ही उनकी बड़ी भारी कृपाका मूर्त फल है—

कबहुँक करि करुना नर देही। देत ईस बिनु हेतु सनेही॥
(मानस ७। ४३। ३)

मनुष्य-शरीरकी विलक्षणता यह है कि अन्य शरीरोंसे प्रायः सभी बातोंमें समानता होते हुए भी इसमें विवेक-शक्तिकी प्रधानता है। अन्य योनियों अथवा शरीरोंमें यह प्राप्त नहीं। यह विवेक-शक्ति जो भगवदनुग्रहसे प्राप्त हुई है, नास्तिक और आस्तिक सभी प्राणियोंको समानरूपसे उपलब्ध है। भगवान्की सबपर समानरूपसे दया भी है। 'सब पर मोहि बराबरि दाया।' (मानस ७। ८६। ४) एक पिताके चार पुत्रोंमेंसे यदि कोई एक अनाज्ञाकारी हो तो भी पिता अपना पितृ-भाव उसके प्रति ज्यों-का-त्यों रखता है, उसका स्नेह कम नहीं होता। पिता अनाज्ञाकारी पुत्रका भी कल्याण ही चाहता है। ईश्वर, जो सबके परमपिता हैं, सबका सर्वदा कल्याण चाहते ही नहीं, प्रत्युत करते भी हैं—

हेतु रहित जग जुग उपकारी। तुम्ह तुम्हार सेवक असुरारी॥
(मानस ७। ४६। ३)

—उनके स्वभावमें जीवका अहित करना है ही नहीं।

इसलिये अपने 'नास्तिक तनय'को सही मार्गपर लानेके लिये उन्होंने कृपा करके एक तो आसुरी आचरणसे होनेवाले कुफलको समझाकर बताया, दूसरा सदाचरणका मार्ग बताया।

भगवान् कहते हैं—

तानहं द्विषतः क्रूरान् संसारेषु नराधमान्।
क्षिपाम्यजस्रमशुभानासुरीष्वेव योनिषु॥
आसुरीं योनिमापन्ना मूढा जन्मनि जन्मनि।
मामप्राप्यैव कौन्तेय ततो यान्त्यधमां गतिम्॥

(गीता १६। १९-२०)

'उन द्वेष करनेवाले, पापाचारी और क्रूरकर्मी नराधमों-को मैं संसारमें बारंबार आसुरी योनियोंमें ही गिराता हूँ। इसलिये अर्जुन! वे मूढ़ पुरुष जन्म-जन्ममें आसुरी योनिको प्राप्त हुए मुझे न प्राप्त होकर उससे भी अति नीच गतिको प्राप्त होते हैं।'

वेद भगवान्के श्वास हैं, उनकी वाणी हैं। उनमें भी कृपापूर्वक यही चेतावनी दी गयी है कि विपरीत मार्गपर चलनेवाले नरकोंमें जाते हैं—

असुर्या नाम ते लोका अन्धेन तमसाऽऽवृताः।
ताँस्ते प्रेत्याभिगच्छन्ति ये के चात्महनो जनाः॥
अन्धंतमः प्रविशन्ति येऽविद्यामुपासते।

(ईशा० ३, ९)

'असुरोंकी (जो) नाना प्रकारकी प्रसिद्ध योनियाँ एवं नरकरूप लोक हैं, वे सभी अज्ञान तथा दुःख-क्लेशरूप महान् अन्धकारसे आच्छादित हैं। जो कोई भी आत्माकी हत्या करनेवाले मनुष्य हैं, वे बारंबार मरकर उन्हीं भयंकर लोकोंको प्राप्त होते हैं। जो मनुष्य अविद्याकी उपासना करते हैं, (वे) अज्ञान-स्वरूप घोर अन्धकारमें प्रवेश करते हैं।'

इस दुर्गतिसे बचनेका उपाय भी उस करुणाकर परमात्मा-ने कृपापूर्वक बताया है—

त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः।
कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत्॥
एतैर्विमुक्तः कौन्तेय तमोद्वारैस्त्रिभिर्नरः।
आचरत्यात्मनः श्रेयस्ततो याति परां गतिम्॥

(गीता १६। २१-२२)

'काम, क्रोध, लोभ—ये तीनों नरकके द्वार अर्थात् अधोगतिमें ले जानेवाले और आत्माके विनाशक हैं, इसलिये इन तीनोंको त्याग देना चाहिये। इन तीनोंसे मुक्त होकर जो पुरुष अपने कल्याणका साधन करता है, वह परमगतिको प्राप्त होता है।'

आसुरी सम्पत्तिसे आक्रान्त मनुष्योंको भी उनके श्रेयस्का साधन परम कृपानिधान भगवान्के अतिरिक्त और कौन बता सकता है? यही नहीं, अज्ञानसे मुक्त होनेके लिये भी नास्तिकोंको अत्यन्त सरल मार्गका निर्देशन किया गया है। जब नास्तिक मनुष्य दुःखोंसे विचलित होकर अनायास चिल्ला पड़ता है—'हे राम! अब तू ही बचा।' तब भगवान् ही उसे कृपापूर्वक सन्मार्गपर चलनेकी प्रेरणा देते हैं। उसके सम्मुख अपनी वाणी (वेद-शास्त्रों)का आश्रय लेकर विवेक प्राप्त करनेका मार्ग प्रस्तुत करते हैं—

तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यव्यवस्थितौ।
ज्ञात्वा शास्त्रविधानोक्तं कर्म कर्तुमिहार्हसि॥

(गीता १६। २४)

'कर्तव्य और अकर्तव्यकी व्यवस्थामें तेरे लिये शास्त्र ही प्रमाण है। ऐसा जानकर तू शास्त्रविधिसे नियत कर्म करने-योग्य है।' इस प्रकार प्रभु उसे उसकी क्षमताका ज्ञान भी कराते हैं।

इस तथ्यको जो घोर नास्तिक स्वीकार नहीं करते, वे दुराग्रहीकी श्रेणीमें आते हैं और उन अधम-से-अधम प्राणियोंसे पृथ्वीको भार-मुक्त करनेके लिये वे अहैतुकी कृपा करनेवाले ब्रह्माण्डनायक अवतार लेते हैं। अपने अवतार-कालके दिव्य कर्मोंद्वारा वे साधुओंका परित्राण, पाप-कर्म करनेवालोंका विनाश और धर्मकी पुनः स्थापना करते हैं—

परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे॥

(गीता ४। ८)

भगवत्कृपाकी इस परमोपलब्धिमें वस्तुतः नास्तिकोंका वह दुराग्रह ही मुख्यतः सहायक होता है, जिसके वशीभूत होकर वे परमकृपालु भगवान्को शत्रुरूपसे प्रतिक्षण स्मरण करते हैं। प्रभुकी निन्दा करना ही जिन नास्तिकोंका स्वभाव बन गया है, उनका भी प्रभु कल्याण ही करते हैं। वस्तुतः भगवान्के समान उदार तो भगवान् ही हैं—

ऐसो को उदार जग माहीं।
बिनु सेवा जो द्रवै दीनपर राम सरिस कोउ नाहीं॥

(विनयप० १६२। १)

भगवत्कृपाप्राप्त पशु-पक्षी

(लेखक—स्वामी श्रीओंकारानन्दजी महाराज, आदिबद्री)

'परस्त्रीका बलपूर्वक हरण करनेवाले ऐ अधम ! ठहर जा ! यदि तू स्वयंको बलशाली माननेका दम्भ करता है तो मुझसे युद्ध कर।'

गृध्रराजकी इस चुनौतीसे मदान्ध दशानन क्रुद्ध हो उठा और उसने ललकारा—'निकृष्ट योनिके पक्षी ! मेरे मार्गमें बाधक न बन। जानता है, मैं महाबली रावण हूँ, मैं अपने मार्गकी प्रत्येक बाधाको शक्तिपर तौलता हूँ।'

क्रोधातुर खगपति अपने डैने फुलाकर विशाल पंखोंको फड़फड़ाता हुआ जगज्जननी जानकीको ले जानेवाले रावणपर टूट पड़ा। राक्षसराज इस अप्रत्याशित आक्रमणको सँभाल न पाया और चोंचकी मारसे विदीर्ण—आहत हो भूमिपर गिर पड़ा तथा कुछ समयके लिये मूर्च्छित हो गया—

चोंचन्ह मारि बिदारेसि देही। दंड एक भइ मुरुछा तेही॥
(मानस ३। २८। १०)

आयुके अन्तिम प्रहरपर पहुँचा हुआ वृद्ध जटायु अधिक समयतक संघर्ष न कर सका। नराधम रावणने अपनी तीक्ष्ण तलवारसे उसे पंखविहीन कर दिया।

परोपकारकी उदात्त भावना किसे महान् नहीं बनाती ! भगवती सीताकी खोजमें प्रवृत्त कृपासिन्धु श्रीरामने जटायुके सिरका स्पर्श किया। प्रभुके सौन्दर्यशाली मुखका दर्शन कर उसकी सारी पीड़ा जाती रही—

कर सरोज सिर परसेउ कृपासिंधु रघुबीर।
निरखि राम छबिधाम मुख बिगत भई सब पीर॥
(मानस ३। ३०)

पिताके अन्तिम संस्कारमें विधिवत् भाग न ले पानेवाले मर्यादापुरुषोत्तमने स्वयं अपने भक्तका अन्त्येष्टिकर्म कर उसपर अहैतुकी कृपावृष्टि की—

'तेहि की क्रिया जथोचित निज कर कीन्ही राम॥'
(मानस ३। ३२)

× × ×

जिसकी चिग्घाड़ समस्त वनखण्डके प्राणियोंको प्रकम्पित कर देती थी, वही अपने विशाल समूहका सर्वश्रेष्ठ बलशाली नायक आज असहाय था। जल-क्रीड़ामें निमग्न मदोन्मत्त गजयूथपति उस समय चीत्कार कर उठा, जब एक विशालकाय ग्राहने जलमें उसका पाँव दबोच लिया।

गजराज अपनी सम्पूर्ण शक्ति लगाकर हार गया, फिर भी उस जलदैत्यके समक्ष उसकी एक न चली। वह जितनी शक्तिका प्रयोग कर छूटनेका प्रयास करता, उतनी ही तीव्र गतिसे ग्राह उसे गहरे जलमें खींचे लिये जा रहा था।

दो विशाल बलशाली जीवोंके इस संघर्षसे सरोवर आलोडित हो उठा, उसके कमल-पुष्प मथ डाले गये।

सूँड़के अग्रभागके अतिरिक्त गजराजका सम्पूर्ण शरीर जलमें जा चुका था। उसने अपनी सूँड़के अग्रभागसे एक कमल-पुष्पको उठाया और प्रभुका ध्यान कर आर्तवाणीमें रक्षा-हेतु पुकार की—

सोऽन्तःसरस्युरुबलेन गृहीत आर्तो
दृष्ट्वा गरुत्मति हरिं ख उपात्तचक्रम्।
उत्क्षिप्य साम्बुजकरं गिरमाह कृच्छ्रा-
न्नारायणाखिलगुरो भगवन् नमस्ते॥
(श्रीमद्भा० ८। ३। ३[illegible])

"सरोवरके भीतर बलवान् ग्राहने गजेन्द्रको पकड़ रखा था और वह अत्यन्त व्याकुल हो रहा था। उसने देखा कि आकाशमें गरुड़पर सवार होकर हाथमें चक्र लिये भगवान् श्रीहरि आ रहे हैं, तब अपनी सूँड़में कमलका एक सुन्दर पुष्प लेकर उसे ऊपर उठाया और बड़े कष्टसे बोला—'नारायण ! जगद्गुरो ! भगवन् ! आपको नमस्कार है।'"

बस, भगवत्कृपाके लिये तो इसी आर्तवाणीकी आवश्यकता है। अपने भक्तके त्राण-हेतु भगवान्‌का आदेश पानेके बाद सुदर्शनको एक क्षण भी कैसे लगता। गजराज किनारेपर खड़ा ग्राहके विदीर्ण मस्तकसे सरोवरके रक्ताभ जलको निहार रहा था। उसका हृदय उस सर्वशक्तिमान्‌की कृपासे आप्लावित था।

सोऽनुकम्पित ईशेन परिक्रम्य प्रणम्य तम्।
लोकस्य पश्यतो लोकं स्वमगान्मुक्तकिल्बिषः॥
(श्रीमद्भा० ८। ४। [illegible])

'भगवान्‌के कृपापूर्ण स्पर्शसे गजके सारे पाप-ताप नष्ट [हो] गये। उसने भगवान्‌की परिक्रमा की, उनके चरणोंमें [प्र]णाम किया और सबके देखते-देखते ग्राहसहित दिव्य [धा]मकी यात्रा की।'

× × ×

मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम सागर-तटके एक शिलाखण्डपर [बै]ठे बहुत देरसे एकटक उस छोटे-से प्राणीको देख रहे [थे]। समस्त वानरसमुदाय सेतु-बन्धनके कार्यमें व्यस्त था; [वि]शाल पाषाण-खण्ड लाये जाते और नल-नील उनपर ['रा]म-राम' अङ्कित कर जलमें रखते जाते, परंतु भगवान्‌[का] ध्यान तो उस लघु प्राणीपर ही केन्द्रित था। वह [क्षु]द्र जीव (गिलहरी) सागरके जलमें जाता, अपने [श]रीरको भिगोता, रेतमें लोटता और छोटे-छोटे बालोंमें [जो] बालुका-कण एकत्रित होते, उन्हें एक स्थानपर जाकर [श]रीरको झकझोरकर गिरा देता। उसका यह क्रम निरन्तर चल रहा था, न थकान, न विश्राम। अपने कई बारके इस प्रयाससे वह दो-चार मुट्ठी बालुका इकट्ठी कर पाया होगा।

'लक्ष्मण! उस प्राणीको देखो तो'—भगवान् श्रीरामने पास ही बैठे अनुज लक्ष्मणसे कहा। लक्ष्मणजी भी उस प्राणीके विचित्र कृत्यको देखकर मुग्ध हो गये।

'वह क्या कर रहा है, लक्ष्मण!'

'कुछ बालुका-कण एकत्रित कर रहा है, भैया!'

'परंतु क्यों?'

'जीवोंका अपना-अपना विचित्र स्वभाव होता है, देव!'

'नहीं लक्ष्मण! बिना प्रयोजन वह ऐसा नहीं कर रहा होगा। हनुमान्‌को बुलाओ, वह बता सकेगा।'

पवनपुत्रने उस प्राणीके इस विचित्र कृत्यका वर्णन करते हुए भगवान्‌से कहा—'भगवन्! जगज्जननीके विरहमें संतप्त आपके साथ सभी दुःखी हैं। सभी उस सूर्योदयकी प्रतीक्षामें हैं, जब आप रावणको मारकर सीताको मुक्त करेंगे। यह क्षुद्र गिलहरी भी सेतु-बन्धनमें अपना योगदान देनेको आतुर है। उसे यही मार्ग उपयुक्त लगा कि मेरेद्वारा एकत्रित इन बालुका-कणोंका उपयोग मेरे जीवनको कृतार्थ कर देगा।'

'उसे यहाँ उठा लाओ, अञ्जनीकुमार!' भगवान्‌का वात्सल्य उमड़ पड़ा—'कितना सुन्दर और भोला है यह प्राणी!'

भगवान्‌के स्नेह-सिक्त कर-स्पर्शकी रेखाएँ आज भी उस प्राणीके शरीरपर अङ्कित हैं। हिंदुओंके लिये अवश्य यह भगवत्कृपाप्राप्त प्राणी धन्य है!

× × ×

'जिनके नामका निरन्तर जप कर प्राणी भवसागरसे पार हो जाता है, जो सच्चिदानन्द सहज प्रकाशरूप हैं, जिनकी अपार माया मैं स्वयं भी देख चुकी हूँ, आप भी निरन्तर जिनका नाम-जप करते रहते हैं, हे नाथ! उन अखिल भुवनपति भगवान् श्रीरामका जीवनचरित्र सुननेकी अभिलाषा है'—भगवती पार्वतीने भूतनाथसे प्रार्थना की।

'देवि! श्रीरामकी जीवन-कथा तो अमर-गाथा है, जो वक्ता और श्रोताको अमर बना देती है; परंतु उस कथाके मर्मको विरले ही जान पाते हैं। तुम सुनोगी पूरी कथा?'

'हाँ, देव!'

कैलासकी रमणीक उपत्यकामें विशाल वटवृक्षके नीचे अपना आसन जमाये चन्द्रमौलिने भगवान् श्रीरामकी वह अमरकथा आरम्भ की। शान्त वातावरण था। पार्वती कुछ समय तो तन्मयतासे कथा-श्रवणमें तल्लीन रहीं, परंतु कथाके पूर्ण होनेके पूर्व ही शीतल समीरके झोकोंने उन्हें निद्रामें निमग्न कर दिया।

उड़ने योग्य पंख न निकल पानेके कारण असमर्थ वटवृक्षके कोटरमें बैठा तोतेका एक नन्हा बच्चा इस कथाको आद्योपान्त श्रवण करता रहा। कथा-समाप्तिके पश्चात् हिमाचल-कुमारीकी आँख खुली तो उन्हें पश्चात्ताप हुआ। देखा, भगवान् शंकर समाधिस्थ थे।

भगवत्कृपाके प्रसादसे इस अमरगाथाको सुननेवाला वह शुक-शिशु दूसरे जन्ममें मुनि शुकदेव हुआ, जिनका अध्यात्म आज भी मनीषियोंके चिन्तनका विषय है।

× × ×

काकभुशुण्डिका आख्यान प्रायः सर्वविदित ही है—

सुनु बिहंग प्रसाद अब मोरें। सब सुभ गुन बसिहहिं उर तोरें॥

(मानस ७। ८४। ३)

कृपामय वचन भगवान्‌के मुखसे कहलानेकी सामर्थ्य रखनेवाले काक-योनिके इस पक्षीका सौभाग्य सराहनीय है।

× × ×

उस कपोत पक्षीका भी सौभाग्य सराहनीय है, जिसके प्राणोंकी रक्षा करनेके लिये कृपानाथने अनायास सर्पको प्रकटकर पारधीका प्राणान्त कर दिया । इस आख्यानका बहुत सुन्दर ढंगसे वर्णन किया है भगवद्भक्त सूरदासजीने । एक वृक्षपर कपोत भयभीत बैठा है। ऊपरसे बाज झपट्टा मारना ही चाहता है और नीचेसे व्याधने शर-संधान किया है। मृत्युका महान् कष्ट सामने है । निरीह कपोतने भगवान्का स्मरण किया—'अब कैं राखि लेहु भगवान।' और भगवान्ने उसकी प्रार्थना सुन ली । संकट दूर होते ही वह गद्गद कण्ठसे कह उठा—'जय ! जय ! कृपानिधान !' सूरदासजीके शब्दोंमें ही कृपानिधानकी कृपाका आस्वादन कैसा सुखकर है—

अब कैं राखि लेहु भगवान ।
हौं अनाथ बैठ्यो द्रुम-डरिया, पारधि साधे बान ॥
ताकैं डर मैं भाज्यौ चाहत, ऊपर ढुक्यौ सचान ।
दुहूँ भाँति दुख भयौ आनि यह, कौन उबारै प्रान ?
सुमिरत ही अहि डस्यौ पारधी, कर छूट्यौ संधान ।
सूरदास सर लग्यौ सचानहिं, जय-जय कृपानिधान ॥

(सूरसागर ९७)

भगवान्को स्मरण करनेकी देरी थी। 'सुमिरत ही अहि डस्यो'—सर्पने तुरंत व्याधको डस लिया । वह व्याकुल हुआ। निशाना चूका और मरा कौन—बाज ! ऐसी है विलक्षण भगवत्कृपा !

× × ×

उस मृगीके सौभाग्यका भी क्या कहना, जिसपर भगवान्ने अपार कृपा की ! भगवत्कृपासे उसके प्राणोंके साथ-साथ उसके उदरस्थ शिशुकी भी रक्षा हो गयी। मृगीको मार डालनेके लिये आतुर शिकारीने उसे चारों ओरसे घेर लिया। एक ओर कँटीदार झाड़ीमें आग लगा दी, दूसरी ओर जाल फैला दिया, तीसरी ओर रक्त-पिपासु श्वानको खड़ा कर दिया और चौथी ओर स्वयं शर-संधान कर डट गया। चारों ओरसे प्राण-संकट देख मृगीने भयातुर हो करुणानिधानको पुकारा । उनका स्मरणमात्र ही कृपाग्र साक्षात् अनुभव करानेका सामर्थ्य देता है । उसी समय भीषण वर्षा हुई और अग्नि शा हो गयी । प्रचण्ड वायुवेगसे जाल अस्त-व्यस्त हो ग और बिजली गिरनेसे श्वान मृत्युका ग्रास बन गया। शिका को डस लिया भयंकर विषधरने। चारों दिशाओंमें खड़ी आ मृत्युसे मृगीको बचानेके लिये मानो प्रभु चतुर्भुज रूपमें प्र हो गये। अब क्या था ! मृगीने छलाँग लगायी और प मारते ही अदृश्य हो गयी । प्रभु-कृपासे उसके प्राण रक्षा हो गयी । कविने इसी भगवत्कृपाको गद्गद कण्ठ गाया है—

अग्रे व्याधः करधृतशरः पार्श्वतो जालमाला
पृष्ठे वह्निर्दहति नितरां संनिधौ सारमेयाः ।
एणी गर्भादलसगमना जालकै रुद्धपादा
चिन्ताविष्टा वदति हि मृगं किं करोमि क्व यामि ॥
धन्यो धर्मः शमितज्वलनो गर्जिता मेघमाला
चण्डं मन्दं वहति पवनश्छेदिता जालमाला ।
नष्टो व्याधो भुजगदशनाद् विद्युतात्सारमेया
मन्दं मन्दं भणति हरिणी साधु साधु विधातः ॥

वे प्रभु अपने भक्तका कष्ट हरण करनेके तुरंत ही दौड़े आते हैं। उनका कृपालु स्वभाव उन्हें थोड़े बैठने देता है ! इस प्रकार भगवान्की अहैतुकी कृ प्रसाद मानवतक ही सीमित नहीं, प्रत्युत उसने आन श्रद्धा-भक्तिसे युक्त निम्न समझे जानेवाले पशु-पक्षियोंको भी आप्लावित किया है ।

दीनदयालकी कृपा

एक साहब तुम दीनदयाला, आयहु करत सदा प्रतिपाला ॥
केतिक अधम तरे तुम चरनन, करम तुम्हारा कहा कहि जाला ।
मन उनमेख छुटत नहि कबहीं, सौच तिलक पहिरे गल माला ॥
तनिकौ कृपा करहु जेहि जन पर, खुल्यो भाग तासु को ताला ।
'भीखा' हरि नटवर बहु रूपी, जानहिं आप आपनी काला ॥

—संत श्रीभीखा साहब

वेदोंमें भगवत्कृपा-प्राप्त्यर्थ प्रार्थना

(लेखक—याज्ञिकसम्राट् पं० श्रीवेणीरामजी शर्मा गौड़, वेदाचार्य, काव्यतीर्थ)

भक्ति-शास्त्रोंके अनुसार भगवत्कृपाके बिना मनुष्य सुख-शान्ति या सफलता नहीं प्राप्त कर सकता, अतः भगवत्कृपाका अनुभव करनेके लिये समस्त प्राणियोंमें स्थित रहनेवाले भगवान्को सर्वव्यापी और सर्वान्तर्यामी जानकर जो मनुष्य सर्वत्र और सबमें देखता है, वही पूर्ण भगवत्कृपाका अनुभव कर सकता है । वह ऐहलौकिक, पारलौकिक—सभी प्रकारके सुख-साधनोंको प्राप्तकर अभ्युदय और निःश्रेयसरूपा पूर्णताको प्राप्त कर सकता है ।

भगवत्कृपा और भगवान्में कोई भेद नहीं है, अतः दोनोंको अभिन्न मानकर भगवदाराधन करना चाहिये । जो मनुष्य श्रद्धा और विश्वासके साथ सर्वव्यापी भगवान्की आराधना करता है, वह अवश्य भगवान्का कृपापात्र बन जाता है । भगवान्के सम्मुख होनेके कारण वह सद्धर्म, सत्कर्म और सदाचार आदिके पालनमें तत्पर हो अहर्निश भगवदाराधनमें संलग्न रहता है । पश्चात् वह शुद्ध-बुद्ध अर्थात् जीवन्मुक्त हो जाता है । अतः भगवत्कृपाको विशेषरूपमें प्राप्त (अनुभव) करनेके लिये भगवदाराधना आवश्यक है ।

वेदोंमें मन्त्रद्रष्टा ऋषियोंद्वारा अनेक स्थलोंपर भगवत्कृपा-प्राप्तिके लिये प्रार्थनाएँ की गयी हैं । ये प्रार्थनाएँ बड़ी ही उदात्त और सत्संकल्पित हैं । मन्त्रद्रष्टा ऋषि सदा भगवदनुग्रहके प्रार्थी रहे हैं, परंतु वे साधारण वस्तुओंके लिये भगवदनुग्रहका आह्वान नहीं करते, प्रत्युत अपने तथा मानवमात्रके सर्वाङ्गीण योगक्षेमके लिये प्रभुकृपाके प्रार्थी हैं ।

मन्त्रद्रष्टा ऋषियोंद्वारा वेदोंमें आत्मकल्याण और लोक-कल्याणके निमित्त भगवत्कृपा-प्राप्त्यर्थ जो प्रार्थनाएँ की गयी हैं, उनमेंसे कुछ वेद-मन्त्र यहाँ उद्धृत किये जाते हैं—

माध्वीर्गावो भवन्तु नः ।
(ऋग्वेद १ । ९० । ८)

'हे प्रभो ! हमारी गौएँ (इन्द्रियाँ) मधुरतापूर्ण अर्थात् संयम-सदाचारादिके माधुर्यसे युक्त हों ।'

अप नः शोशुचदघम् ।
(ऋग्वेद १ । ९७ । ३)

'भगवन् ! आपकी कृपासे हमारे समस्त पाप नष्ट हो जायँ ।'

..........सुम्नमस्मे ते अस्तु ।
(ऋग्वेद १ । ११४ । १०)

'हे प्रभो ! हमारे भीतर आपका ही महान् आनन्द स्फुरित हो ।'

भद्रंभद्रं क्रतुमस्मासु धेहि ।
(ऋग्वेद १ । १२३ । १३)

'हे प्रभो ! हमें सुखमय, मङ्गलमय और श्रेष्ठ संकल्प, ज्ञान एवं सत्कर्म धारण कराइये ।'

स्वस्ति पन्थामनु चरेम...।
(ऋग्वेद ५ । ५१ । १५)

'हे प्रभो ! हम कल्याण-मार्गपर चलें ।'

...श्रद्धे श्रद्धापयेह नः ।
(ऋग्वेद १० । १५१ । ५)

'हे श्रद्धादेवि ! आप हमें श्रद्धालु बनाइये ।'

सं ज्योतिषाभूम ।
(शुक्लयजुर्वेद २ । २५)

'हे देव ! हम आध्यात्मिक प्रकाशसे संयुक्त हों ।'

स नो बोधि श्रुधी हवमुरुष्याणो अघायतः समस्मात् ।
(शुक्लयजुर्वेद ३ । २६)

'हे प्रभो ! आप हमें सत्-ज्ञान दीजिये, हमारी प्रार्थनाको सुनिये और हमें पापी मनुष्यों (के पापाचरण)से बचाइये ।'

अगन्म ज्योतिरमृता अभूम ।
(शुक्लयजुर्वेद ८ । ५२)

'हे देव ! हम आपकी ज्योतिको प्राप्त होकर अमरत्वको प्राप्त करें ।'

वयं स्याम सुमतौ...... ॥
(शुक्लयजुर्वेद ११ । २१)

'हे देव ! हमलोगोंको सुमति प्रदान कीजिये ।'

......सुमृडीको भवतु विश्ववेदाः ।
(शुक्लयजुर्वेद २० । ५१)

'वे सर्वज्ञ प्रभु हमलोगोंके लिये सुखकारी हों ।'

भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा
भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभि-
र्व्यशेमहि देवहितं यदायुः ॥
(शुक्लयजुर्वेद २'

'हे देवगण! हम अपने कानोंसे सदैव कल्याणकारी वचन सुनें, हम अपनी आँखोंसे कल्याणकारक दृश्य देखें, हम अपने दृढ़ अङ्गोंसे युक्त होकर परब्रह्म परमेश्वरकी स्तुति करें और हम अपनी आयुको देवताओंकी सेवा-शुश्रूषा करते हुए व्यतीत करें।'

तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु।

(शुक्लयजुर्वेद ३४।१)

'(हे प्रभो!) मेरा मन शुभ संकल्पोंवाला हो।'

दृते दृंह मा मित्रस्य मा चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ताम्।
मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे॥

(शुक्लयजुर्वेद ३६।१८)

'हे भगवन्! आप हमें ऐसी सद्बुद्धि दें, जिससे हमें सभी प्राणी मित्रकी दृष्टिसे देखें; हम भी समस्त प्राणियोंको मित्रकी दृष्टिसे देखें। हम सब परस्पर एक दूसरेको मित्रकी दृष्टिसे देखें।'

यतो यतः समीहसे ततो नो अभयं कुरु।
शं नः कुरु प्रजाभ्योऽभयं नः पशुभ्यः॥

(शुक्लयजुर्वेद ३६।२२)

'हे भगवन्! आप जहाँ कहीं भी कल्याणमयी चेष्टा कर रहे हैं, वहाँसे आप हमें अभयदान दीजिये, जिससे हमें कभी भी भय न हो। आपके द्वारा (हम) समस्त प्रजाका कल्याण हो। हमारे पशु सब प्रकारसे अभय हों।'

जीवा ज्योतिरशीमहि।

(सामवेद २५९)

'(हे दयालो!) हम शरीरधारी प्राणी विशिष्ट ज्योतिको प्राप्त करें।'

प्र न आयूंषि तारिषत्॥

(सामवेद १८४)

'प्रभो! हमें दीर्घायु बनाइये।'

······कृधी नो यशसो जने।

(सामवेद ४७९)

'हे देव! हमें अपने देशमें यशस्वी बनाइये।'

······स नो मुञ्चत्वंहसः।

(अथर्ववेद ४।२३।१)

'वे ईश्वर हमें पापसे छुड़ा दें।'

······वयं सर्वेषु यशसः स्याम॥

(अथर्ववेद ६।५८।२)

'हम समस्त समाजमें यशस्वी बनें।'

देव संस्फान सहस्रापोषस्येशिषे।
तस्य नो रास्व तस्य नो धेहि
तस्य ते भक्तिवांसः स्याम॥

(अथर्ववेद ६।७९।३)

'हे देव! आप आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक आदि असंख्य शाश्वती पुष्टियोंके स्वामी हैं, इसलिये आप हमें उन पुष्टियोंको प्रदान करें और उन्हें हममें स्थापित करें, जिनसे हम आपकी भक्तिसे युक्त हों।'

······परैतु मृत्युरमृतं न ऐतु।

(अथर्ववेद १८।३।६२)

'(हे प्रभो!) मृत्यु हमसे दूर रहे और हमें अमरता प्राप्त हो।'

······शं मे अस्त्वभयं मे अस्तु।

(अथर्ववेद १९।९।१३)

'मुझे कल्याणकी प्राप्ति हो और मुझे कभी किसी प्रकारका भय न हो।'

अयुतोऽहमयुतो म आत्मायुतं मे
चक्षुरयुतं मे श्रोत्रमयुतो मे
प्राणोऽयुतो मेऽपानोऽयुतो मे
व्यानोऽयुतोऽहं सर्वः॥

(अथर्ववेद १९।५१।१)

'हे परमेश्वर! मैं अनिन्द्य (प्रशंसित) बनूँ, मेरा आत्मा अनिन्द्य बने और मेरे चक्षु, श्रोत्र, प्राण, अपान तथा व्यान भी अनिन्द्य बनें।'

अभयं मित्रादभयममित्रा-
दभयं ज्ञातादभयं पुरो यः।
अभयं नक्तमभयं दिवा नः
सर्वा आशा मम मित्रं भवन्तु॥

(अथर्ववेद १९।१५।६)

'हे प्रभो! हमें मित्रसे भय न हो, शत्रुसे भी भय न हो, परिचित व्यक्तियों एवं सभी वस्तुओंसे निर्भयता प्राप्त हो। परोक्षमें भी हमें कभी कुछ भय न हो। दिनमें, रातमें और सभी समय हम निर्भय रहें। किसी भी देशमें हमारे लिये कोई भयका कारण न रहे। सर्वत्र हमारे मित्र-ही-मित्र हों।'

······सर्वमेव शमस्तु नः।

(अथर्ववेद १९।९।१४)

'हमारे लिये सब कुछ कल्याणकारी हो।'

वस्तुतः भगवत्कृपाका अनुभव सर्वभावसे भगवान्‌की शरणमें जानेसे तथा विनम्र होकर भगवत्प्रार्थना करनेसे ही होता है।

भगवत्कृपा सदा सुलभ है

(लेखक—श्रीतारिणीशजी झा)

शास्त्रोंमें भगवान्‌को 'कृपासिन्धु', 'कृपासागर' आदि नामोंसे अभिहित किया गया है। जैसे गङ्गाके पास रहनेवाले व्यक्तिके लिये जल सदा सुलभ है, वैसे ही भगवान् (परमात्मा)के समीप रहनेवाले जीवके लिये भगवत्कृपा सदा सुलभ है। प्रश्न उठता है, जीव परमात्माके समीप कैसे रहता है ? इसका सही उत्तर इस वेद-वाक्यसे स्पष्ट अभिव्यक्त होता है—

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परि षस्वजाते।
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्यो अभि चाकशीति॥
(ऋग्वेद १। १६४। २०)

'सदा साथ रहनेवाले दो सुन्दर पक्षी परस्पर मित्र हैं और एक ही वृक्षका आश्रय लेकर रहते हैं। उनमेंसे एक उस वृक्षके मीठे फलोंको खाता है, किंतु दूसरा उन फलोंका उपभोग न करता हुआ केवल देखता रहता है।'

उपर्युक्त रूपकद्वारा यह दिखलाया गया है कि जीवात्मा एवं परमात्माका निवास-स्थान एक है। इनमेंसे एक (जीवात्मा) इस वृक्षरूप शरीरमें पाप-पुण्यरूप फलोंको अच्छी तरह भोगता है और दूसरा (परमात्मा) कर्मोंके फलोंका भोग न करके चारों ओर अर्थात् भीतर-बाहर सर्वत्र प्रकाशमान हो रहा है।

ऐसी स्थितिमें, जब कि जीव कृपासागरके सांनिध्यमें ही रहता है, उसके लिये कृपाकी सुलभतामें क्या बाधा है ? उसका कल्याण क्यों नहीं होता ? क्यों वह निरन्तर **'पुनरपि जननं पुनरपि मरणम्'** (चर्पटपञ्जरिकास्तोत्र ८) की चक्कीमें पिसता रहता है ? उत्तर है—जैसे कोई गङ्गाके पास रहते हुए भी यदि जलकी अपेक्षा ही न करे तो उसके लिये जल सुलभ होते हुए भी दुर्लभ है, वैसे ही कृपाराशि भगवान्‌के समीप रहते हुए भी जो जीव उनकी कृपाकी अपेक्षा नहीं करता, उसे भगवत्कृपाकी सुलभताका अनुभव होना कठिन है।

जीव भगवत्कृपाकी अपेक्षा क्यों नहीं करता ? इसका एकमात्र कारण है अज्ञान। जिस प्रकार मृगकी नाभिमें कस्तूरी रहा करती है, उसकी सुगन्धसे आकृष्ट हो, वह उसे चारों ओर वन-में खोजता फिरता है, किंतु अथक परिश्रम करनेपर भी उसे वह प्राप्त नहीं कर पाता; क्योंकि उसे ज्ञान नहीं है कि वह कस्तूरी उसके शरीर (नाभिस्थल)में ही स्थित है। इसी प्रकार जीव अनन्त सुखराशि परमात्माके अत्यन्त समीप रहते हुए भी अज्ञानके कारण विषयोंमें सुख ढूँढ़ता रहता है और कृपा एवं सुखके आगार भगवान्‌को भूल रहा है।

अनन्तकालसे चौरासी लाख योनियोंमें भटकते हुए जीवको यह सर्वोत्तम (मनुष्य-) योनि मिली है, इसमें उसे सदा सुलभ भगवत्कृपाका अनुभव करके अपना परम कल्याण अवश्य कर लेना चाहिये। भगवत्कृपाका अनुभव करनेका सर्वोत्तम साधन है—भगवद्भक्ति। शास्त्रोंमें भक्तिकी बड़ी महिमा गायी गयी है। यहाँतक कहा गया है कि जैसे जल समस्त प्राणियोंका प्राण (जीवन) है, वैसे ही समस्त सिद्धियोंका प्राण भक्ति है—

यथा समस्तजन्तूनां जीवनं सलिलं स्मृतम्।
तथा समस्तसिद्धीनां जीवनं भक्तिरुच्यते॥

गीतामें स्वयं भगवान्‌ने भी कहा है कि भक्तिके द्वारा ही वस्तुतः मुझे जाना जा सकता है—

'भक्त्या मामभिजानाति यावान् यश्चास्मि तत्त्वतः।'
(१८। ५५)

यदि मनुष्य प्रभु-भक्तिमें अनन्यतापूर्वक संलग्न रहे तो उसे भगवत्कृपा अवश्य प्राप्त होगी, यह शाश्वत सत्य है; क्योंकि जिस प्रकार माता-पिताको अपने बच्चोंकी सेवामें सहज संतोष होता है और सुख मिलता है, उसी प्रकार भक्तोंकी सँभाल करनेमें भगवान्‌को भी सुख मिलता है। इसीलिये तो वे अपनी शरणमें आनेके लिये भक्तोंका आह्वान करते हैं—

मामेकमेव शरणमात्मानं सर्वदेहिनाम्।
याहि सर्वात्मभावेन मया स्या ह्यकुतोभयम्॥
(श्रीमद्भा० ११। १२। १५)

'(तुम) समस्त प्राणियोंके आत्मस्वरूप मुझ एककी ही सम्पूर्ण रूपसे शरण ग्रहण करो; क्योंकि मेरी शरणमें आ जानेसे सर्वथा निर्भय हो जाओगे।'

उपर्युक्त तथ्योंसे यह निष्कर्ष निकलता है कि जिस व्यक्तिको भगवत्कृपाकी चाह है, उसके लिये वह (अनन्य-भक्तिद्वारा) सदा सुलभ है। इसके प्रमाणस्वरूप ध्रुव, द्रौपदी आदि मनुष्य ही नहीं, अपितु गज, गरुड़ आदि पशु-पक्षी हैं, जिन्हें भगवत्कृपा सहज ही प्राप्त हो गयी थी।

भगवत्कृपाश्रय—एक सुलभ साधन

(लेखक—श्रीहरिकृष्णजी दुजारी)

मानवकी आध्यात्मिक उन्नतिके अनेकानेक साधन तथा मार्ग हैं। यद्यपि ये सभी अपने-अपने स्थानोंपर महत्त्वपूर्ण हैं, तथापि हम भगवत्कृपाकी अपेक्षा रखते हैं तथा भगवत्कृपासे ही सरलतापूर्वक सम्पन्न हो सकते हैं। भगवत्कृपाके आश्रयसे साधक अपनेमें एक विशेष सामर्थ्यका अनुभव करता है और उस सामर्थ्यसे वह साधनामें निर्विघ्न अविराम आगे बढ़ जाता है। जिस प्रकार बालक अपनी माताकी गोदमें निर्भय होकर रहता है, उसी प्रकार भगवत्कृपाका आश्रय पाकर साधक सभी क्षेत्रोंमें निर्भय हो विचरण करता है। इसका अर्थ यह नहीं कि वह स्वच्छन्द होकर मनमाना आचरण करने लगता है। भगवत्कृपाश्रयी कभी मनमाना आचरण तो कर ही नहीं सकता, वह सदैव शास्त्रानुकूल सदाचरण ही करेगा, यह उसकी प्रथम कसौटी है। जिसकी कृपाका आश्रय लिया है, साधक उसके विपरीत कैसे जा सकता है?

भगवान्‌की कृपा-सुधा तो सभी जीवोंपर सदैव समानरूपसे बरस रही है, वहाँ कोई भेद-भाव नहीं है। भगवान् स्वयं इसे स्वीकार करते हैं—

अखिल बिस्व यह मोर उपाया। सब पर मोहि बराबरि दाया॥

(मानस ७। ८६। ४)

परंतु उस कृपासे विशेष लाभ उठाना साधकके ऊपर निर्भर करता है। भक्त ध्रुव एवं प्रह्लादने छोटी आयुमें ही कृपा-लाभ ले लिया था। गोस्वामी तुलसीदास, भक्त सूरदास एवं मीराबाईकी घटनाएँ तो इसी युगकी हैं। महात्मा ईसा शूलीपर चढ़ाये जानेपर भी विचलित नहीं हुए। ऐसे सैकड़ों महापुरुषोंके उदाहरण हमारे सामने हैं, जिन्होंने भगवत्कृपाका आश्रय लेकर अपने जीवनको सार्थक बना लिया। भगवान्‌के लिये देश-कालका कोई भेद नहीं है। प्रत्येक युगमें विभिन्न स्थानोंपर ऐसी घटनाएँ हुई हैं, होती हैं और आगे हो सकती हैं। भगवत्कृपाका प्रभाव तो समानरूपसे सभी देशोंमें, सभी कालोंमें प्रवाहित होता आ रहा है। उसमें जो अवगाहन कर लेता है, वही सौभाग्यशाली है।

सड़कोंपर, भिन्न-भिन्न मार्गोंपर हम देखते हैं कि थोड़ी-थोड़ी दूरपर खम्भे गड़े रहते हैं, उन खम्भोंपर तार लगे रहते हैं, इन्हीं तारोंके माध्यमसे विद्युत् प्रवाहित होती है। विद्युत्का वह प्रवाह हमें दिखायी नहीं देता परंतु उसी विद्युत्से बल्बका प्रकाश देखा जा सकता है। बड़ी-बड़ी मशीनें भी उस विद्युत्से चलती देखी जाती हैं। सभी बल्बोंका प्रकाश एक समान नहीं होता, न सभी मशीनोंकी गति ही एक-जैसी होती है। भिन्न-भिन्न क्षमताके बल्ब एवं भिन्न-भिन्न शक्तिसे चलनेवाली मशीनें होती हैं, किंतु विद्युत्का प्रवाह एक-जैसा ही होता है, जितनी क्षमताका बल्ब होगा, उसी अनुपातमें उसका प्रकाश होगा और जितनी क्षमताकी मशीन होगी, उतनी ही मन्द या तीव्र उसकी गति होगी। विद्युत्को प्रवाहित होनेके लिये तारोंके माध्यमकी नितान्त आवश्यकता होती है, परंतु भगवत्कृपाशक्तिके लिये किसी माध्यमकी आवश्यकता नहीं, वह तो सर्वत्र समानरूपसे स्वतः प्रवाहित हो रही है। विद्युत्-शक्तिकी तो एक सीमा भी है, परंतु भगवत्कृपा तो असीम है, उसको ग्रहण करना बल्बों एवं मशीनोंकी भाँति साधककी क्षमतापर निर्भर करता है कि वह उसको कितनी मात्रामें तथा किस रूपमें ग्रहण करता है।

भगवत्कृपा-प्राप्तिके दो मुख्य साधन हैं। यहाँ प्राप्तिका तात्पर्य अनुभूति है। पहला साधन है भगवत्कृपापर अटूट विश्वास एवं दूसरा दीनता।

विद्युत्-शक्ति दो तारोंसे प्रवाहित होती है। उन्हें ऋणात्मक (निगेटिव) एवं धनात्मक (पॉजिटिव) प्रवाहतन्तु (करेण्ट वायर) कहते हैं। विद्युत्के उपयोगके लिये उन दोनों शक्तिप्रवाहक तारोंकी नितान्त आवश्यकता है। जिस प्रकार निगेटिव या पॉजिटिव प्रवाहोंका अलग-अलग उपयोग नहीं किया जा सकता, उनका सम्मिलित उपयोग ही शक्तिका उत्पादक है, जो विभिन्न उपकरणोंमें गति, प्रकाश आदि पैदा करता है, उसी प्रकार भगवत्कृपासे लाभ उठानेके लिये भी विश्वास एवं दीनता—इन दोनों ही साधनोंकी नितान्त आवश्यकता है।

विश्वास—

अनुकूल-प्रतिकूल—प्रत्येक परिस्थितिमें उपादेय-अनुपादेय—हर क्रियामें, उसके अच्छे-बुरे परिणाममें

भगवत्कृपाका अनुभव करना ही भगवत्कृपापर अटूट विश्वास है। कोई परिस्थिति भगवत्कृपासे रहित होती ही नहीं। संतका प्राप्त होना, सत्सङ्ग प्राप्त होना, ठीकसे साधन चलना—ये सब भगवत्कृपाके ही फल हैं। इनमें भगवत्कृपाका अनुभव करनेसे प्रतिक्षण एक नूतन आनन्द प्राप्त होता है, साधन करनेमें उत्साह प्रतीत होता है और सफलता भी शीघ्र प्राप्त होती है। प्रत्येक मनुष्यमें एक विवेक-शक्ति होती है, जो उसे किसी भी बुरे काममें प्रवृत्त होनेसे पूर्व ही सजग कर देती है तथा अच्छे कार्यके लिये प्रेरणा देती है, यह मानसिक स्तरपर भगवत्कृपाका कार्य है।

अनुकूल परिस्थितियोंमें भगवत्कृपापर विश्वास करना उतना कठिन नहीं, जितना प्रतिकूल परिस्थितियोंमें है। मृत्यु, दुःख, विपत्ति, रोग, दरिद्रता आदिमें भगवत्कृपाका ठीक-ठीक अनुभव करना कठिन है, पर इनमें भगवत्कृपाकी अनुकूलताका अनुभव करना ही विश्वासकी कसौटी है। इसपर कुन्दनकी भाँति खरा सिद्ध होना साधककी सफलता है।

भक्त ध्रुव जब वनमें तपस्या कर रहे थे, उनके सामने मायारचित माता सुनीति प्रकट हुई और बोली—'हे पुत्र! तू शरीरको नष्ट करनेवाले इस भयंकर तपका आग्रह छोड़ दे। मैंने बड़ी-बड़ी मनौतियोंद्वारा तुझे प्राप्त किया है। मुझ निराश्रिताका तो तू ही एकमात्र सहारा है। कहाँ तू पाँच वर्षका शिशु और कहाँ तेरा यह अति उग्र तप। अरे बेटा! इस निष्फल क्लेशकारी आग्रहसे अपना मन मोड़ ले। अभी तो तेरे खेलने-कूदनेके दिन हैं, फिर अध्ययनके तदनन्तर समस्त भोगोंके भोगनेके दिन आयेंगे। इन सबके अन्तमें ही तपस्या करना ठीक होगा। बेटा! इस सुकुमार बाल्यावस्थामें, जो खेल-कूदका समय है, तू तपस्या करना चाहता है? तू क्यों इस प्रकार अपना सर्वनाश करनेपर तुला है? तेरा परम धर्म तो मुझको प्रसन्न रखना ही है, अतः तू अपनी आयु और अवस्थाके अनुकूल कर्मोंमें ही लग, मोहका अनुवर्तन न कर और इस तपरूप कठोर धर्माचरणसे निवृत्त हो जा। बेटा! यदि आज तू तपस्याको न छोड़ेगा तो देख तेरे सामने ही मैं अपने प्राण छोड़ दूँगी।' मायामयी माताने पुनः कहा—'अरे बेटा! यहाँसे भाग चल। देख, इस महाभयंकर वनमें ये कैसे घोर राक्षस अस्त्र-शस्त्र लिये आ रहे हैं।' उसी समय सचमुच ध्रुवके सामने अनेक राक्षसगण अपने अस्त्र-शस्त्र चमकाते हुए प्रकट हुए। उन्होंने बड़ा भयंकर कोलाहल किया। वे लोग 'मारो-खाओ'—इस प्रकारके डरावने शब्दोंके साथ हुंकार कर रहे थे।

इतनी भयंकर, विपरीत, कठिन एवं विचलित करनेवाली परिस्थितियाँ प्राप्त होनेपर भी भक्त ध्रुवका भगवत्कृपापर विश्वास अडिग रहा। यही विश्वासकी चरम कसौटी है। उन सबको देखते हुए भी वे एकाग्र मौन अवस्थामें भगवान् विष्णुके ध्यानमें मग्न रहे। उन्हें न भय था, न चिन्ता थी। भगवत्कृपासे सभी कुछ सम्भव है।

भक्त प्रह्लादके जीवनमें भी कम भयंकर परिस्थितियाँ नहीं आयीं। पिता हिरण्यकशिपुकी आज्ञासे उन्हें ऊँचे पर्वत-शिखरोंके ऊपरसे गिराया गया, अग्निमें डाला गया, सर्पोंसे डसाया गया, उन्हें मारनेके लिये कृत्या उत्पन्न की गयी; परंतु भक्त प्रह्लादके विश्वासमें तनिक भी कमी नहीं आयी। उन्होंने अपने पिताद्वारा भगवान्के विषयमें पूछे जानेपर निर्भीकतासे उत्तर दिया—

> न शब्दगोचरं यस्य योगिध्येयं परं पदम्।
> यतो यश्च स्वयं विश्वं स विष्णुः परमेश्वरः॥
> (वि० पु० १।१७।२२)

'योगियोंके ध्यान करनेयोग्य जिनका परमपद वाणीका विषय नहीं हो सकता तथा जिनसे विश्व प्रकट हुआ है और जो स्वयं विश्वरूप हैं, वे परमेश्वर ही विष्णु हैं।'

> भयं भयानामपहारिणि स्थिते
> मनस्यनन्ते मम कुत्र तिष्ठति।
> यस्मिन् स्मृते जन्मजरान्तकादि-
> भयानि सर्वाण्यपयान्ति तात॥
> (वि० पु० १।१७।३६)

'तात! जिनके स्मरणमात्रसे जन्म, जरा और मृत्यु आदिके समस्त भय दूर हो जाते हैं, उन सकल-भयहारी अनन्तके हृदयमें स्थित रहते भय कहाँ रह सकता है?'

प्रह्लादको रौंदते समय हाथियोंके वज्र-सदृश कठोर दाँत टूट गये, परंतु भगवत्कृपा-शक्तिने प्रह्लादका बाल भी बाँका न होने दिया। भक्त प्रह्लादने अपने दृढ़ विश्वासके साथ पितासे कहा—

> दन्ता गजानां कुलिशाग्रनिष्ठुराः
> शीर्णा यदेते न बलं ममैतत्।
> महाविपत्तापविनाशनोऽयं
> जनार्दनानुस्मरणानुभावः॥
> (वि० पु० १।१७।

'पिताजी ! ये जो हाथियोंके वज्रके समान कठोर दाँत टूट गये हैं, इसमें मेरा कोई बल नहीं है । यह तो श्रीजनार्दन भगवान्‌के महाविपत्ति और क्लेशोंके नष्ट करनेवाले स्मरण-का ही प्रभाव है ।'

इतनी भयंकर परिस्थितियोंमें भी प्रह्लादके विश्वासमें तनिक भी न्यूनता नहीं आयी, कठोर परीक्षा उन्हें भगवत्कृपाके विश्वाससे विचलित न कर सकी ।

साधकोंके सम्मुख भी ऐसी कठोर परिस्थितियाँ कई बार आती हैं और वे ही घड़ियाँ उनके अटूट विश्वासकी परीक्षा की होती हैं । ऐसी परिस्थितियाँ भी भगवत्कृपासे ही आती हैं । उन विपरीत परिस्थितियोंमें यदि भगवद्विश्वासमें तनिक भी संशय हुआ तो साधक एक बार फिर संसार-भँवरमें चक्कर काटने लगता है, किंतु भगवत्कृपा-शक्ति उस समय भी काम करती रहती है और जब वे परिस्थितियाँ सामान्य हो जाती हैं, तब उनका रहस्य साधककी समझमें तुरंत आ जाता है कि विपरीत परिस्थितियाँ भी भगवान्‌की कृपासे ओतप्रोत थीं और भगवान्‌की कृपा-शक्ति ही उनमें उसकी रक्षा कर सकी ।

दीनता—

भगवत्कृपा-प्राप्तिका दूसरा साधन है—दीनता । साधकमें अहंभावका सर्वथा अभाव होना अत्यन्त आवश्यक है । भगवत्कृपाका बल एवं अपनेमें दीनता—इन दोके होते ही उन्नतिका मार्ग प्रशस्त हो जाता है । कबीरदासजीने भी कहा है—

'लघुता से प्रभुता मिले प्रभुता से प्रभु दूरि ।'

साधक तो सर्वथा अपनेको अकिंचन समझता है, जो भी उसमें अच्छापन है, उसके द्वारा अच्छा कार्य होता है, उसमें वह भगवत्कृपाका ही प्रसाद समझता है । गोस्वामी तुलसीदासजीने भी श्रीरामचरितमानसकी रचना करके यही कहा—

रघुपति कृपाँ जथामति गावा । मैं यह पावन चरित सुहावा ॥
(मानस ७ । १२९ । २)

दीनताके सम्बन्धमें नारदजीकी मोह-लीला भी एक शिक्षा देनेवाली घटना है । नारदजीने भगवत्कृपासे ही कामपर विजय प्राप्त की थी । इसमें भगवत्कृपाकी बात तो उन्हें भी याद रही, परंतु साथ-साथ वे अपनी विजयके अहंकार-को नहीं भुला पाये थे—

नारद कहेउ सहित अभिमाना । कृपा तुम्हारि सकल भगवाना ॥
(मानस १ । १२८ । २)

करुणानिधि भगवान्‌को नारदजीके गर्व-अंकुरको पहचाननेमें तनिक भी देर न लगी । उन्होंने तत्काल मायानगरीकी रचना कर डाली । भक्त अपने अहंकारद्वारा भगवान्‌की मायासे छुटकारा नहीं पा सकता । मायापर विजय-प्राप्तिके लिये भगवत्कृपाका बल एवं दीनता—दोनोंकी ही आवश्यकता होती है । भगवान्‌द्वारा मायाका हरण होते ही नारदजी दैन्यकी साकार मूर्ति बन गये—

तब मुनि अति सभीत हरि चरना । गहे पाहि प्रनतारति हरना ॥
(मानस १ । १३७ । १)

भगवान्‌को दीनता बहुत प्रिय है, इस बातका उद्घोष स्वयं नारदजी करते हैं—

ईश्वरस्याप्यभिमानद्वेषित्वाद् दैन्यप्रियत्वाच्च ।
(नारदभक्तिसूत्र २७)

'भगवान्‌को अभिमानसे द्वेष-भाव और दैन्यसे प्रिय-भाव है ।' इन्हीं दोनों सिद्धान्तोंपर गोस्वामी तुलसीदासजीकी पूर्ण आस्था रही । वे एक ओर तो यह स्वीकार करते हैं—

राम कृपाँ अतुलित बल तिन्हहीं । तृन समान त्रैलोकहि गनहीं ॥
(मानस ५ । ५४ । १)

और दूसरी ओर अपनेको सर्वथा दीन घोषित करते हैं—

मो सम दीन न दीन हित तुम्ह समान रघुबीर ।
अस बिचारि रघुबंसमनि हरहु बिषम भव भीर ॥
(मानस ७ । १३० क)

दैन्य भगवत्कृपाकी अनुभूतिका अत्यन्त सहज-सुलभ साधन है । यह दैन्य भगवद्भक्तका सहज स्वभाव है, जो बड़ी-से-बड़ी विपत्तियोंकी स्थितिमें भी उसे भगवान्‌के सम्मुख अडिग खड़ा रहनेकी निरन्तर प्रेरणा देता रहता है ।

श्रद्धेय श्रीभाईजी (श्रीहनुमानप्रसादजी पोद्दार) भी सदैव इन्हीं भावोंकी पुष्टि किया करते थे । उन्होंने लिखा है—

भगवत्कृपा दीनका धन है, है उसपर उसका अधिकार ।
नहीं योग्यताकी आवश्यकता, नहीं देश-कुल-धर्म-विचार ॥
नहीं प्रश्न 'अधिकारी'का कुछ, नहीं शर्त कुछ, नहीं करार ।
हो विश्वास परम दृढ़ केवल दीनबन्धुपर बिना विचार ॥

संत-कृपासे भगवत्कृपा

(लेखक—डॉ० श्रीवेदप्रकाशजी शास्त्री, एम्० ए०, पी-एच्० डी०, डी० एस्० सी०)

न नाकपृष्ठं न च पारमेष्ठ्यं
न सार्वभौमं न रसाधिपत्यम् ।
न योगसिद्धीरपुनर्भवं वा
समञ्जस त्वा विरहय्य काङ्क्षे ॥
(श्रीमद्भा० ६ । ११ । २५)

'सर्वसौभाग्यनिधे ! मैं आपको छोड़कर स्वर्ग, ब्रह्मलोक, भूमण्डलका साम्राज्य, रसातलका एकच्छत्र राज्य, योगकी सिद्धियाँ—यहाँतक कि मोक्ष भी नहीं चाहता ।'

ऐसा भक्तिभावसम्पन्न संत करोड़ोंमें कहीं कोई विरला ही होता है। जब ऐसे किसी संतके समागमका सौभाग्य पूर्वजन्मकृत सुकृत एवं भगवत्कृपासे किसीको प्राप्त हो जाता है, तब उसे जीवन्मुक्त ही मानना चाहिये । कबीरदासजीने इस सम्बन्धमें कहा है—'जिस दिन संत मिल जायँ, वही दिन अच्छा है; क्योंकि अङ्कमें भरकर उनका आलिङ्गन करनेसे शरीरके पाप नष्ट हो जाते हैं'—

'कबीर' सोई दिन भला, जा दिन संत मिलाहिं ।
अंक भरे भरि भेंटिया, पाप सरीरौं जाहिं ॥
(कबीर-ग्रन्थावली-साधको अंग ६)

केवल पाप ही शरीरसे नहीं निकल जाते, अपितु व्यक्ति उन (संत) की कृपासे स्वयं श्रीहरिको प्राप्त करनेमें भी समर्थ हो जाता है—

माल मलूक हरि देत हैं, हरिजन हरि ही देत ।

'श्रीहरि तो धन-सम्पत्ति, जमीन-जायदाद आदि देते हैं, किंतु संत श्रीहरिका ही साक्षात्कार करा देते हैं ।'

परंतु संतोंकी उपलब्धि सहजमें सम्भव नहीं होती; क्योंकि—

सिंहोंके लहँडे नहीं, हंसोंकी नहिं पाँति ।
लालोंकी नहिं बोरियाँ, संत न चलें जमाति ॥

'सिंहोंकी टोली नहीं होती, हंसोंकी पङ्क्ति नहीं होती, बोरियों भर-भरके लाल (रत्न आदि) नहीं होते और संत जमात बनाकर नहीं चलते ।'

इसीलिये शास्त्रकारोंने कहा है—

'सत्सङ्गतिः कथय किं न करोति पुंसाम् ।'
(नीतिशतक २३)

'बतलाइये, सत्सङ्गति मनुष्योंका कौन-सा हित नहीं करती ?'

परंतु संत-समागम अतीव दुर्लभ होता है, जैसा कि संतशिरोमणि गोस्वामी श्रीतुलसीदासजीने कहा है—

'संत समागम हरिकथा 'तुलसी' दुर्लभ दोय ।'

फिर भी भगवत्कृपावश संतोंका आविर्भाव इस भूतलपर यत्र-तत्र समय-समयपर होता ही रहता है; क्योंकि यदि इन संतोंका समाजमें पदार्पण न हो तो समाजको चरित्रकी, धर्मपालन और मानवीय कर्तव्योंकी शिक्षा कैसे प्राप्त हो ? वस्तुतः सदाचार और स्वधर्म-पालनकी शिक्षा देने तथा सन्मार्ग दिखानेके लिये भूतलपर संतोंका आगमन अथवा आविर्भाव अत्यन्त आवश्यक भी है । वे ही अपने आदर्श चरित्रद्वारा मानवमात्रका पथ प्रशस्त कर श्रीमद्भगवद्गीताके इस श्लोकको अन्वर्थक बनाते हैं—

यद् यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः ।
स यत् प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते ॥
(३ । २१)

'श्रेष्ठ पुरुष जो-जो आचरण करता है, अन्य पुरुष भी वैसा-वैसा ही आचरण करते हैं, वह जो कुछ प्रमाण कर देता है, समस्त मनुष्यसमुदाय उसीके अनुसार बर्ताव करने लग जाता है ।'

ऐसे महात्माका मिलना अत्यन्त दुर्लभ है । वे इस चराचरात्मक जगत्को वासुदेवमय ही देखते हैं और उसी आदरभावसे परिपूर्ण व्यवहारको अपनाते हैं, जो विश्वात्माके परितोषका कारण है । श्रीमद्भगवद्गीतामें भगवान् श्रीकृष्णने स्वयं अपने श्रीमुखसे कहा है—

बहूनां जन्मनामन्ते ज्ञानवान् मां प्रपद्यते ।
वासुदेवः सर्वमिति स महात्मा सुदुर्लभः ॥
(७ । १९

'बहुत जन्मोंके अन्तके जन्ममें तत्त्वज्ञानको प्राप्त पुरुष सब कुछ वासुदेव ही है—इस प्रकार मुझको भजता है, वह महात्मा अत्यन्त दुर्लभ है।' अतः ऐसे ज्ञानी महात्माओंका मिलाप भी सर्वथा दुर्लभ होता है। यदि मिल भी जायँ तो उन्हें पहचानना बड़ा कठिन होता है, परंतु यदि उन्हें पहचान लिया जाय तो मनुष्यको परमात्माकी प्राप्तिमें कोई संदेह नहीं रह जाता।

सच्चे संत शत्रु-मित्र-भावसे ऊपर, मायाके आकर्षणसे दूर तथा काम, क्रोध, मद, मोह, लोभ आदिसे सर्वथा मुक्त एवं सबके हित-चिन्तक होते हैं। गोस्वामी तुलसीदासजीने ऐसे ही संतोंके सम्बन्धमें कहा है—

बंदउँ संत समान चित हित अनहित नहिं कोइ ॥

(मानस १ । ३ क)

संतोंकी सबसे बड़ी विशेषता यह होती है कि वे अपने अपकारीका भी उपकार करते हैं—

उमा संत कइ इहइ बड़ाई। मंद करत जो करइ भलाई ॥

(मानस ५ । ४० । ४)

संतोंके स्वभावका सर्वाङ्गीण सुन्दर दिग्दर्शन गोस्वामी तुलसीदासजीने मानसमें इस प्रकार कराया है—

पर उपकार बचन मन काया। संत सहज सुभाउ खगराया ॥

× × ×

भूर्ज तरू सम संत कृपाला। परहित निति सह बिपति बिसाला ॥

(मानस ७ । १२० । ७-८)

'मन, वचन, कर्मसे दूसरोंकी भलाई करना संतोंका सहज स्वभाव होता है। दूसरोंका हित-साधन करनेके लिये वे भारी-से-भारी दुःखको सहन करनेसे भी पीछे नहीं हटते।' दूसरोंका दुःख उनका अपना दुःख होता है। ईर्ष्या, मान, मद, मोह, काम-विकार उनसे उसी प्रकार दूर रहते हैं, जिस प्रकार प्रकाशसे अन्धकार। शीलशालीनता, परदुःखकातरता, विनम्रता आदि उनके चरित्रके आधार-स्तम्भ होते हैं। उनकी इसी गुण-गरिमामें निमज्जित होकर व्यक्ति उनके प्रति श्रद्धाभिभूत होते हैं। ये ही गुण संतोंको अलौकिक अथवा भगवान्‌के सदृश बनाते हैं। ऐसे संतोंकी शरणमें पहुँचनेपर व्यक्तिके लिये कुछ भी अलभ्य नहीं रह जाता; परंतु भगवत्कृपा बिना ऐसे संतोंका दर्शन दुर्लभ है—

'बिनु हरि कृपा मिलहिं नहिं संता ॥'

(मानस ५ । ६ । २)

पुराण-साहित्यका अध्ययन करनेपर विदित होता है कि जितने व्यक्तियोंको भगवत्कृपा प्राप्त हुई, उनकी उस कृपा-प्राप्तिका मूलस्रोत संत ही रहे हैं। पञ्चवर्षीय बालक ध्रुवको भगवत्कृपाका परिचय देकर उनके अनुग्रहकी प्राप्तिके लिये उन्हें मधुवनमें जाकर तप करनेकी प्रेरणा देनेवाले संत देवर्षि नारद ही थे। संत-कृपासे ध्रुव कितने उच्च पदके अधिकारी बने, यह सर्वविदित है।

दनुजकुलावतंस गर्भस्थ प्रह्लादको भगवत्कृपासे परिचित करा, उन्हें भगवान्‌के अमोघ दर्शन प्राप्त करा देना संत-कृपाका ही फल था। पद्मपुराणान्तर्गत भक्तिकी उक्ति है—'हे नारदजी! जिन आपकी एकमात्र वचनावलिको ही (अपनी माताके गर्भमें) सुनकर कयाधूके पुत्र प्रह्लादजीने मायाको परास्त कर दिया और जिनकी कृपासे ध्रुवजीको अविचल पद प्राप्त हुआ, उन आप सर्वमङ्गलमय ब्रह्माजीके पुत्रको मैं (भक्ति) नमस्कार करती हूँ'—

जयति जयति मायां यस्य कायाधवस्ते
वचनरचनमेकं केवलं चाकलय्य।
ध्रुवपदमपि यातो यत्कृपातो ध्रुवोऽयं
सकलकुशलपात्रं ब्रह्मपुत्रं नतास्मि ॥

(पाद्मीयभा० माहा० १ । ८०)

वस्तुतः संत भगवत्स्वरूप ही होते हैं; क्योंकि उन सर्वस्व भगवदर्पित होता है, अतः उनके समस्त कार्यव्यापार भगवल्लीला-तुल्य ही होते हैं। उनकी उपस्थिति प्रत्येक स्थलको तीर्थ बना देती है। भगवान् स्वयं इन भाग्यवान् संतोंके लिये सतत चिन्तित रहते हैं और इस प्रकार यह सिद्ध कर देते हैं कि संतोंका महत्त्व उनसे भी अधिक है।

अतः यह सुस्पष्ट है कि भगवत्कृपा-प्राप्तिका आधार संत-कृपा ही है।

भगवत्कृपासे भगवत्प्राप्ति

(लेखक—पं० श्रीशिवकुमारजी शास्त्री)

धर्मप्राण भारतकी एक विशिष्ट परम्परा है। भारतीय संस्कृति सम्पूर्ण विश्वकी संस्कृतिका मूल उद्गम है। यह संस्कृति समस्त जीवोंके सच्चे कल्याणकी भावनाको लेकर ही प्रवृत्त है। उसमें जीवमात्रके हितकी भावना है। जीवका परम कल्याण ही उसका परम लक्ष्य है। मनुष्यका परम धर्म है 'भगवत्प्राप्ति'—

अयं तु परमो धर्मो यद्योगेनात्मदर्शनम् ।
(याज्ञवल्क्य० १ । ८)

'किसी भी योगसे, चाहे वह ज्ञानयोग, ध्यानयोग, या भक्तियोग हो, भगवान्का साक्षात्कार हो, यही मानवका उत्कृष्ट धर्म है।' भगवत्प्राप्ति (मोक्ष) ही मानवका परम पुरुषार्थ है। भगवत्प्राप्तिके बिना मानव-जन्मका सत्यसाफल्य सम्भव नहीं है। जीवात्मा अल्पज्ञ होनेके कारण भगवान्का कथंचित् विस्मरण कर सकता है, पर यदि भगवान् जीवात्माकी उपेक्षा कर दें तो उसका उद्धार कथमपि सम्भव नहीं है। जीवात्मा अनादिकाल-प्रवृत्त अविद्याके बन्धनसे मुक्त होकर परमकल्याण प्राप्त कर ले, यही भगवान्के सृष्टि आदि कार्योंका प्रयोजन है।

जीवात्मामें भगवत्कृपाकी पात्रता जितनी होगी, उतनी ही भगवत्कृपाकी अनुभूति भी होगी। सूर्यकी किरणोंका प्रकाश सर्वत्र समान होते हुए भी दर्पण तथा सूर्यकान्तमणिमें क्रमशः उसकी तीव्र चमक एवं उष्णता प्रत्यक्ष अनुभूत है। चन्द्रकान्तमणि चन्द्रप्रकाश पाकर द्रवित हो जाती है। भगवत्कृपा अकारण सब जीवोंको प्राप्त है, पर अनादि अविद्योपाधि-वशवर्ती जीवात्माके तत्तत्कर्मवासनाओंसे वासित अन्तःकरणमें उसकी ग्राहकता स्पष्ट परिलक्षित नहीं होती। सत्त्व-शुद्धि होनेपर निर्मल दर्पणमें संक्रान्त प्रतिबिम्बकी भाँति भगवत्कृपा-की पात्रता स्वयं प्राप्त हो जाती है। इसी भावको लेकर श्रीभगवान् कहते हैं—'जो जिस भावनासे मेरी शरण होते हैं, मैं भी उन्हें वैसे ही अपना लेता हूँ'—

'ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम् ।'
(गीता ४ । ११)

भगवान्की अनन्य-भक्ति जीवके जन्म-जन्मान्तरकी पापवासनाओंको उसी प्रकार पूर्णतया भस्मसात् कर देती है, जैसे एक विस्फुल्लिंग (चिनगारी) लाखों टन रुईको भस्म कर देती है। पुनः ऐसे जीवको भगवान्के प्राप्त होनेमें कोई विलम्ब नहीं होता—

'तस्य तावदेव चिरं यावन्न विमोक्ष्येऽथ सम्पत्स्ये'
(छा० उ० ६ । १४ । २)

भगवत्प्राप्ति भक्तिकी अनन्यतापर निर्भर है। वीतराग भक्तकी भक्ति-साधनाकी परिपाक दशामें भगवत्कृपा या भगवत्प्राप्ति साध्यकोटिमें प्रविष्ट हो जाती है और सांसारिक विषयोंसे वैराग्यावस्था तथा भगवत्प्राप्तिके लिये परम व्याकुलताकी दशामें भगवत्कृपा साधकके लिये मार्गदर्शकके रूपमें भी मान्य है। भगवत्कृपा भगवत्स्वरूप-से अभिन्न है। भगवत्कृपाप्राप्त पुरुष संसारके पाप-तापोंसे सदाके लिये मुक्त हो जाता है। यद्यपि साधनाकी परिपाक दशामें साधक अपना पृथक् अस्तित्व नहीं रख पाता; किंतु ('अहं'के सर्वथा विगलित होनेपर भी) वह तो अपनेको भगवान्का ही मानता है। जैसे समुद्रमें तरंगें उठती हैं, पर तरंगोंमें समुद्र नहीं उठता।

सत्यपि भेदापगमे नाथ तवाहं न मामकीनस्त्वम् ।
सामुद्रो हि तरंगः क्वचन समुद्रो न तारंगः ॥
(श्रीशंकराचार्यकृत षट्पदी ३)

साधनाकी निर्विघ्न सफलता भी भगवत्कृपापर निर्भर है। भगवान् जिसे अपना लेते हैं, जिसपर कृपा कर देते हैं, उसके समक्ष अपने स्वरूपको प्रकट कर देते हैं—

यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष
आत्मा विवृणुते तनूँ स्वाम् ॥
(कठोप० १ । २ । २३)

भगवान्की कृपाके बिना देव, दानव आदि कोई उन्हें देख नहीं सकता। जिसपर भगवान्की कृपा और प्रसन्नता होती है, वही उनका दर्शन कर सकता है—

द्रष्टुं न शक्यते कैश्चिद् देवदानवपन्नगैः ।
यस्य प्रसादं कुरुते स चैनं द्रष्टुमर्हति ॥
(अ० रा० ७ । ३ । ५१)

सोइ जानइ जेहि देहु जनाई। जानत तुम्हहि तुम्हइ होइ जाई ॥
तुम्हरिहि कृपाँ तुम्हहि रघुनंदन। जानहिं भगत भगत उर चंदन ॥
(मानस २ । १२६ । २)

साधना-भेदसे भगवत्कृपाके फल भी विविध होते हैं। भक्त ध्रुवको ध्रुवपदकी प्राप्ति, भक्त प्रह्लादको अन्ततः

भगवत्प्राप्ति, ज्ञानी भक्त उद्धवादिको भगवत्स्वरूप मोक्षप्राप्ति आदि उसके अनेक रूप परिलक्षित होते हैं। विविध साधनोंसे प्राप्त होनेवाली इस भगवत्कृपाके रूप भी विविध हैं। वह साध्य भी है और साधन भी। वस्तुतः भगवत्कृपा भगवत्प्राप्तिका ही अन्तरङ्ग स्वरूप है। जो निष्कपटभावसे अपना सर्वस्व और अपनेको भी श्रीभगवान्‌के चरणकमलोंमें न्योछावर कर देते हैं, उन भक्तोंपर वे अनन्त (भगवान्) स्वयमेव दया करते हैं। वस्तुतः उनकी दयाके पात्रजन ही उनकी दुस्तर मायाके स्वरूपको जानकर उसके पार जा पाते हैं।

भगवत्कृपाभिलाषी भक्त अपने कल्याणके लिये श्रीभगवान्‌पर ही पूर्णतया निर्भर रहते हैं। महाराज पृथु कहते हैं कि जिस प्रकार पिता स्वयं ही बालकका हित सम्पादन करता है, उसे किसी प्रेरणाकी आवश्यकता नहीं होती, उसी प्रकार भगवन्! आप हमारा कल्याण सम्पादन स्वयं ही करनेके योग्य हैं—

यथा चरेद्बालहितं पिता स्वयं तथा त्वमेवार्हसि नः समीहितुम्।

(श्रीमद्भा० ४।२०।३१)

महर्षि सुतीक्ष्ण भगवान् श्रीरामसे कहते हैं—

मुनि कह मैं बर कबहुँ न जाचा। समुझि न परइ झूठ का साचा॥
तुम्हहि नीक लागै रघुराई। सो मोहि देहु दास सुखदाई॥

(मानस ३।१०।१२-१३)

भगवदाश्रितजन स्वयं भगवत्कृपाके अधिकारी हो जाते हैं। भक्त हनुमान् भगवान् श्रीरामसे कहते हैं—

……………………। जानउँ नहिं कछु भजन उपाई॥
सेवक सुत पति मातु भरोसें। रहइ असोच बनइ प्रभु पोसें॥

(मानस ४।…)

भगवान्‌की पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश आदिरूपोंमें भी महिमा प्रत्यक्ष है। पुनः शब्द एवं अनुमानके द्वारा सिद्ध होनेवाली उनकी अपरिच्छिन्नताका क्या कहना—

प्रत्यक्षोऽप्यपरिच्छेद्यो मह्यादिर्महिमा तव।
आप्तवागनुमानाभ्यां साध्यं त्वां प्रति का कथा॥

(रघुवंश १०।२८)

आस्तिक-नास्तिक सभीपर भगवत्कृपाकी अविरल वर्षा हो रही है। कोई उस कृपावर्षासे अपनेको आर्द्र न करना चाहे, यह दूसरी बात है। पतितपावनी पुण्य-सलिला गङ्गाजीके समीप जानेपर भी जिसके पास जितना बड़ा पात्र है, वह उसमें उतना ही गङ्गाजल पा सकता है। महादार्शनिक नैयायिकशिरोमणि श्रीउदयनाचार्य तो परम कारुणिक भगवान्‌से नास्तिकोंपर भी करुणा करनेकी याचना करते हैं—'करुणावरुणालय भगवन्! इस प्रकार वेद-शास्त्र-तर्कसे पूर्ण निर्मल जलसे हृदयका प्रक्षालन कर चुकनेपर भी यदि आप नास्तिकोंके हृदयमें स्थान नहीं बनाते, आप और आपके उपदेश उन्हें मान्य नहीं होते तो वे निश्चय ही वज्रसे भी कठोर हृदयवाले हैं। करुणामय! पर आप बड़े दयालु हैं। शास्त्रोंके खण्डनमें निरन्तर निरत चित्तवाले होनेसे क्या वे आपके अनन्यचिन्तक नहीं हैं? हमारी यही प्रार्थना है कि समय आनेपर वे भी आपके द्वारा तारणीय हैं'—

इत्येवं श्रुतिनीतिसम्प्लवजलैर्भूयोभिराक्षालिते
येषां नास्पदमादधासि हृदये ते शैलसाराशयाः।
किंतु प्रस्तुतविप्रतीपविधयोऽप्युच्चैर्भवच्चिन्तकाः
काले … त्वयैव कृपया ते भावनीया नराः॥

(न्या० कु० ५।१८)

नवधा भक्तिद्वारा भगवत्कृपा-प्राप्ति

(लेखक—श्रीउमाकान्तजी कपिध्वज, एम्० ए०, काव्यरत्न)

प्राचीन हिंदू-शास्त्रोंमें ही नहीं, अन्यान्य देशोंके धर्म-शास्त्रोंमें भी इतर प्राणियोंके देहकी अपेक्षा मानव-देहको अधिक उत्कृष्ट माना गया है। पूज्यपाद श्रीशंकराचार्यजीने मनुष्यत्व, मुमुक्षुत्व तथा महापुरुषसंश्रय—इन तीनोंको अत्यन्त दुर्लभ पदार्थके रूपमें वर्णित किया है। इन तीनोंमें भी मनुष्यत्व ही प्रधान है; क्योंकि मनुष्य-देहकी प्राप्ति हुए बिना मुक्तिकी इच्छा तथा महापुरुषका आश्रय प्राप्त करना सम्भव नहीं है। चौरासी लाख योनियोंके अन्तर्गत मनुष्य-देहकी प्राप्ति सर्वोपरि है। यह मनुष्य-शरीर बड़ा ही दुर्लभ है। विभिन्न योनियोंमें भटकता हुआ जीव जब श्रान्त-क्लान्त हो जाता है, तब भगवान् विशेष अनुकम्पा करके उसे मानव-देह प्रदान करते हैं[1]।

ऐसा सुर-दुर्लभ मानव-जीवन व्यर्थ न जाय, इसके लिये भक्तप्रवर प्रह्लादने श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वन्दन, दास्य, सख्य और आत्मनिवेदन[2]—इन नौ साधनोंका अभिधान किया है। श्रद्धा और भक्तिपूर्वक इन नौ साधनोंको हृदयंगम करनेसे निश्चय ही भगवत्कृपा सुलभ हो सकती है। अब क्रमशः भगवत्कृपा-प्राप्तिमें सहायक इन नौ साधनोंका वर्णन किया जाता है—

श्रवण—

भगवान्‌के अलौकिक चरित्रोंकी महिमा-सूचक कथाओंको महात्माजनोंके मुखसे श्रद्धा और प्रेमके साथ सुनना 'श्रवणभक्ति'-के अन्तर्गत आता है। 'देवगण ! हम अपने कानोंसे भद्र—परमेश्वरके नाम-गुणयुक्त चरित्रोंका श्रवण करें'[3]—कहकर वेदोंने भी इस परम्पराको स्वीकार किया है। श्रीमद्भागवतान्तर्गत भगवत्स्तुतिमें ब्रह्मादि देवताओंने भगवत्कथा-श्रवणकी महत्ता प्रदर्शित की है। गोस्वामी तुलसीदासजी तो यहाँतक लिखते हैं कि 'जिन्होंने अपने कानोंसे भगवत्कथा-श्रवण नहीं किया, उनके कर्ण-छिद्र सर्पबिलके समान हैं[4]।' महाराज पृथु भगवत्कथाश्रवणकी महत्ता भलीभाँति समझते थे, तभी तो उन्होंने महज्जनोंके मुखसे विनिःसृत भगवत्कथामृतको पान करनेके लिये दस सहस्र कानोंकी याचना की थी[5]। राजा परीक्षित्‌को सम्पूर्ण भागवत सुनानेके पश्चात् महामुनि शुकदेवजीने निष्कर्षरूपमें यही तो कहा था कि अनेक प्रकारके दुःखरूप दावानलसे त्रस्त होकर अत्यन्त दुस्तर संसार-समुद्रसे उत्तीर्ण होनेकी इच्छावाले पुरुषके लिये भगवान् पुरुषोत्तमकी लीलाओंके कथामृत-सेवनके अतिरिक्त अन्य कोई भी प्लव (नौका) नहीं है[6]।

भगवत्कृपा-प्राप्तिके प्रमुख और प्रथम साधन श्रवणका मूलस्रोत एकमात्र सत्सङ्ग है। पूज्यपाद श्रीगोस्वामीजीने कहा है—

> बिनु सत्संग न हरि कथा तेहि बिनु मोह न भाग।
> मोह गएँ बिनु राम पद होइ न दृढ़ अनुराग॥
> (मानस ७। ६१)

कीर्तन—

व्याख्यान, प्रवचन, स्तवन, स्तोत्रपाठ, कथा—ये सब कीर्तनके ही विविध रूप हैं। अन्य युगोंकी अपेक्षा कलियुगमें कीर्तनकी विशेष महिमा है। कीर्तनके विषयमें यहाँतक कहा गया है कि अनजानमें अथवा जानकर उत्तमश्लोक भगवान्‌का कीर्तन करनेवाले पुरुषके पाप तत्काल जलकर वैसे ही नष्ट हो जाते हैं, जैसे अग्निसे ईंधन[7]। भगवान्‌के मङ्गलमय

---

१. कबहुँक करि करुना नर देही। देत ईस बिनु हेतु सनेही॥ (मानस ७। ४३। ३)

२. श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम्। अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम्॥ (श्रीमद्भा० ७। ५। २३)

३. 'भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवाः।' (ऋक्० १। ८९। ८)

४. जिन्ह हरि कथा सुनी नहिं काना। श्रवन रंध्र अहिभवन समाना॥ (मानस १। ११२। १)

५. न कामये नाथ तदप्यहं क्वचिन्न यत्र युष्मच्चरणाम्बुजासवः।
महत्तमान्तर्हृदयान्मुखच्युतो विधत्स्व कर्णायुतमेष मे वरः॥ (श्रीमद्भागवत ४। २०। २४)

६. संसारसिन्धुमतिदुस्तरमुत्तितीर्षोर्नान्यः प्लवो भगवतः पुरुषोत्तमस्य।
लीलाकथारसनिषेवणमन्तरेण पुंसो भवेद् विविधदुःखदवार्दितस्य॥ (श्रीमद्भा० १२। ४। ४०)

७. अज्ञानादथवा ज्ञानादुत्तमश्लोकनाम यत्। संकीर्तितमघं पुंसो दहेदेधो यथानलः॥ (श्रीमद्भा० ६। २। १८)

भगवत्प्राप्ति, ज्ञानी भक्त उद्धवादिको भगवत्स्वरूप मोक्षप्राप्ति आदि उसके अनेक रूप परिलक्षित होते हैं। विविध साधनोंसे प्राप्त होनेवाली इस भगवत्कृपाके रूप भी विविध हैं। वह साध्य भी है और साधन भी। वस्तुतः भगवत्कृपा भगवत्प्राप्तिका ही अन्तरङ्ग स्वरूप है। जो निष्कपटभावसे अपना सर्वस्व और अपनेको भी श्रीभगवान्‌के चरणकमलोंमें न्योछावर कर देते हैं, उन भक्तोंपर वे अनन्त (भगवान्) स्वयमेव दया करते हैं। वस्तुतः उनकी दयाके पात्रजन ही उनकी दुस्तर मायाके स्वरूपको जानकर उसके पार जा पाते हैं।

भगवत्कृपाभिलाषी भक्त अपने कल्याणके लिये श्रीभगवान्‌पर ही पूर्णतया निर्भर रहते हैं। महाराज पृथु कहते हैं कि जिस प्रकार पिता स्वयं ही बालकका हित सम्पादन करता है, उसे किसी प्रेरणाकी आवश्यकता नहीं होती, उसी प्रकार भगवन्! आप हमारा कल्याण सम्पादन स्वयं ही करनेके योग्य हैं—

यथा चरेद्बालहितं पिता स्वयं तथा त्वमेवार्हसि नः समीहितुम्।
(श्रीमद्भा० ४। २०। ३१)

महर्षि सुतीक्ष्ण भगवान् श्रीरामसे कहते हैं—

मुनि कह मैं बर कबहुँ न जाचा। समुझि न परइ झूठ का साचा॥
तुम्हहि नीक लागै रघुराई। सो मोहि देहु दास सुखदाई॥
(मानस ३। १०। १२-१३)

भगवदाश्रितजन स्वयं भगवत्कृपाके अधिकारी हो जाते हैं। भक्त हनुमान् भगवान् श्रीरामसे कहते हैं—

.... । जानउँ नहिं कछु भजन उपाई॥
सेवक सुत पति मातु भरोसें। रहइ असोच बनइ प्रभु पोसें॥
(मानस ४। २। २)

हनुमान्‌जीके इन वचनोंको सुनकर श्रीभगवान् प्रेमार्द्रहृदय हो भक्तको उठाकर हृदयसे लगा लेते हैं। और कहते हैं—

समदरसी मोहि कह सब कोऊ। सेवक प्रिय अनन्य गति सोऊ॥
सो अनन्य जाकें असि मति न टरइ हनुमंत।
मैं सेवक सचराचर रूप स्वामि भगवंत॥
(मानस ४। २। ४, ३)

भगवान् दीनबन्धु एवं दयासागर हैं। भक्तके प्रति उनके ये वचन उनके ही अनुरूप हैं।

भगवत्कृपा सब जीवोंपर समान है। उसमें अपने-परायेका लेशमात्र भी भेद नहीं है। भगवान्‌का वैभव असीम है। भगवान्‌की पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश आदिरूपोंमें भी महिमा प्रत्यक्ष है। पुनः शब्द एवं अनुमानके द्वारा सिद्ध होनेवाली उनकी अपरिच्छिन्नताका क्या कहना—

प्रत्यक्षोऽप्यपरिच्छेद्यो मह्यादिर्महिमा तव।
आप्तवागनुमानाभ्यां साध्यं त्वां प्रति का कथा॥
(रघुवंश १०। २८

आस्तिक-नास्तिक सभीपर भगवत्कृपाकी अविरल वर्षा हो रही है। कोई उस कृपावर्षासे अपनेको आर्द्र न करना चाहे, यह दूसरी बात है। पतितपावनी पुण्य-सलिला गङ्गाजीके समीप जानेपर भी जिसके पास जितना बड़ा पात्र है, वह उसमें उतना ही गङ्गाजल पा सकता है। महादार्शनिक नैयायिकशिरोमणि श्रीउदयनाचार्य तो परम कारुणिक भगवान्‌से नास्तिकोंपर भी करुणा करनेकी याचना करते हैं—

'करुणावरुणालय भगवन्! इस प्रकार वेद-शास्त्र-तर्कसे पूर्ण निर्मल जलसे हृदयका प्रक्षालन कर चुकनेपर भी यदि आप नास्तिकोंके हृदयमें स्थान नहीं बनाते, आप और आपके उपदेश उन्हें मान्य नहीं होते तो वे निश्चय वज्रसे भी कठोर हृदयवाले हैं। करुणामय! पर आप दयालु हैं। शास्त्रोंके खण्डनमें निरन्तर निरत चित्तवाले होनेसे क्या वे आपके अनन्यचिन्तक नहीं हैं? हमारी यही प्रार्थना है कि समय आनेपर वे भी आपके द्वारा तारणीय हैं'—

इत्येवं श्रुतिनीतिसम्प्लवजलैर्भूयोभिराक्षालिते
येषां नास्पदमादधासि हृदये ते शैलसाराशयाः।
किंतु प्रस्तुतविप्रतीपविधयोऽप्युच्चैर्भवच्चिन्तकाः
काले कारुणिक त्वयैव कृपया ते भावनीया नराः॥
(न्या० कु० ५। १८)

तत्त्वज्ञानका उपदेश हृदयको तभी प्रकाशित कर पाता है, जब मानव भगवद्भक्तिपूर्ण हृदयसे भगवत्कृपाका अधिकारी बन जाता है। जिसकी परमेश्वरमें अनन्य-भक्ति है तथा परमेश्वरकी भाँति गुरुमें भी है, उस महात्माको ही इस तत्त्वका प्रकाश प्राप्त होता है—

यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ।
तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः॥
(श्वेता० ६। २३)

निःसंदेह भगवत्कृपा ही भगवान्‌की प्राप्तिमें प्रधान सहायक है।

नवधा भक्तिद्वारा भगवत्कृपा-प्राप्ति

(लेखक—श्रीउमाकान्तजी कपिध्वज, एम्० ए०, काव्यरत्न)

प्राचीन हिंदू-शास्त्रोंमें ही नहीं, अन्यान्य देशोंके धर्म-शास्त्रोंमें भी इतर प्राणियोंके देहकी अपेक्षा मानव-देहको अधिक उत्कृष्ट माना गया है। पूज्यपाद श्रीशंकराचार्यजीने मनुष्यत्व, मुमुक्षुत्व तथा महापुरुषसंश्रय—इन तीनोंको अत्यन्त दुर्लभ पदार्थके रूपमें वर्णित किया है। इन तीनोंमें भी मनुष्यत्व ही प्रधान है; क्योंकि मनुष्य-देहकी प्राप्ति हुए बिना मुक्तिकी इच्छा तथा महापुरुषका आश्रय प्राप्त करना सम्भव नहीं है। चौरासी लाख योनियोंके अन्तर्गत मनुष्य-देहकी प्राप्ति सर्वोपरि है। यह मनुष्य-शरीर बड़ा ही दुर्लभ है। विभिन्न योनियोंमें भटकता था जीव जब श्रान्त-क्लान्त हो जाता है, तब भगवान् शेष अनुकम्पा करके उसे मानव-देह प्रदान करते हैं[1]।

ऐसा सुर-दुर्लभ मानव-जीवन व्यर्थ न जाय, इसके ये भक्तप्रवर प्रह्लादने श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, र्चन, वन्दन, दास्य, सख्य और आत्मनिवेदन[2]—इन नौ धनोंका अभिधान किया है। श्रद्धा और भक्तिपूर्वक इन साधनोंको हृदयंगम करनेसे निश्चय ही भगवत्कृपा सुलभ सकती है। अब क्रमशः भगवत्कृपा-प्राप्तिमें सहायक इन साधनोंका वर्णन किया जाता है—

[श्र]वण—

भगवान्‌के अलौकिक चरित्रोंकी महिमा-सूचक कथाओंको [मह]ात्माजनोंके मुखसे श्रद्धा और प्रेमके साथ सुनना 'श्रवणभक्ति'-[के] अन्तर्गत आता है। 'देवगण! हम अपने कानोंसे भद्र—[पर]मेश्वरके नाम-गुणयुक्त चरित्रोंका श्रवण करें'[3]—कहकर [ऋषियों]ने भी इस परम्पराको स्वीकार किया है। श्रीमद्भागवतान्तर्गत भगवत्स्तुतिमें ब्रह्मादि देवताओंने भगवत्कथा-श्रवणकी महत्ता प्रदर्शित की है। गोस्वामी तुलसीदासजी तो यहाँतक लिखते हैं कि 'जिन्होंने अपने कानोंसे भगवत्कथा-श्रवण नहीं किया, उनके कर्ण-छिद्र सर्पबिलके समान हैं[4]।' महाराज पृथु भगवत्कथाश्रवणकी महत्ता भलीभाँति समझते थे, तभी तो उन्होंने महज्जनोंके मुखसे विनिःसृत भगवत्कथामृतको पान करनेके लिये दस सहस्र कानोंकी याचना की थी[5]। राजा परीक्षित्‌को सम्पूर्ण भागवत सुनानेके पश्चात् महामुनि शुकदेवजीने निष्कर्षरूपमें यही तो कहा था कि अनेक प्रकारके दुःखरूप दावानलसे त्रस्त होकर अत्यन्त दुस्तर संसार-समुद्रसे उत्तीर्ण होनेकी इच्छावाले पुरुषके लिये भगवान् पुरुषोत्तमकी लीलाओंके कथामृत-सेवनके अतिरिक्त अन्य कोई भी प्लव (नौका) नहीं है[6]।

भगवत्कृपा-प्राप्तिके प्रमुख और प्रथम साधन श्रवणका मूलस्रोत एकमात्र सत्सङ्ग है। पूज्यपाद श्रीगोस्वामीजीने कहा है—

> बिनु सत्संग न हरि कथा तेहि बिनु मोह न भाग।
> मोह गएँ बिनु राम पद होइ न दृढ़ अनुराग॥
> (मानस ७। ६१)

कीर्तन—

व्याख्यान, प्रवचन, स्तवन, स्तोत्रपाठ, कथा—ये सब कीर्तनके ही विविध रूप हैं। अन्य युगोंकी अपेक्षा कलियुग-में कीर्तनकी विशेष महिमा है। कीर्तनके विषयमें यहाँतक कहा गया है कि अनजानमें अथवा जानकर उत्तमश्लोक भगवान्‌का कीर्तन करनेवाले पुरुषके पाप तत्काल जलकर वैसे ही नष्ट हो जाते हैं, जैसे अग्निसे ईंधन[7]। भगवान्‌के मङ्गलमय

---

१. कबहुँक करि करुना नर देही। देत ईस बिनु हेतु सनेही॥ (मानस ७। ४३। ३)

२. श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम्। अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम्॥ (श्रीमद्भा० ७। ५। २३)

३. 'भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवाः।' (ऋक्० १। ८९। ८)

४. जिन्ह हरि कथा सुनी नहिं काना। श्रवन रंध्र अहिभवन समाना॥ (मानस १। ११२। १)

५. न कामये नाथ तदप्यहं क्वचिन्न यत्र युष्मच्चरणाम्बुजासवः।
महत्तमान्तर्हृदयान्मुखच्युतो विधत्स्व कर्णायुतमेष मे वरः॥ (श्रीमद्भागवत ४। २०। २४)

६. संसारसिन्धुमतिदुस्तरमुत्तितीर्षोर्नान्यः प्लवो भगवतः पुरुषोत्तमस्य।
लीलाकथारसनिषेवणमन्तरेण पुंसो भवेद् विविधदुःखदवार्दितस्य॥ (श्रीमद्भा० १२। ४। ४०)

७. अज्ञानादथवा ज्ञानादुत्तमश्लोकनाम यत्। संकीर्तितमघं पुंसो दहेदेधो यथानलः॥
(श्रीमद्भा० ६। २। १८)

बालचरित एवं अवतारोंके पराक्रमसूचक अन्य चरित्रोंका कीर्तन करनेवाले व्यक्तिको परमहंसगति अर्थात् परमात्मामें पराभक्तिकी प्राप्ति होती है।[८]

कीर्तनकी महत्ता प्रदर्शित करते हुए भगवान् श्रीकृष्णने तो यहाँतक कहा है कि 'मैं वैकुण्ठमें नहीं रहता और न योगियोंके हृदयमें ही मेरा वास है; वरं मेरे भक्तजन जहाँ मेरा कीर्तन करते हैं, वहीं मैं निवास करता हूँ[९]।' तभी तो गोस्वामी तुलसीदासजी महाराज दृढ़तापूर्वक कहते हैं कि भले ही जलके मन्थनसे घृत उत्पन्न हो जाय और बालूके पेरनेसे तेल निकल आये, परंतु भगवद्भजनके बिना संसार-समुद्रसे नहीं तरा जा सकता—यह अटल सिद्धान्त है[१०]।

स्मरण—

भगवान्के प्रभावशाली नाम, रूप, गुण और लीला आदिका मनन और भगवान्की लोकोत्तर लावण्यमयी श्रीमूर्तिका ध्यान 'स्मरण' कहलाता है। भगवत्स्मृति परा-साधन है। गरुड़पुराणमें लिखा है कि जो गुरुतर पाप सहस्रों बार गङ्गाजलमें और करोड़ों बार पुष्कर-जलमें स्नान करनेसे नष्ट होता है, वह भगवान्के स्मरणमात्रसे नष्ट हो जाता है[११]। श्रीभगवान्के मङ्गल-स्मरणसे सारी विपत्तियोंका नाश हो जाता है,[१२] और अन्तःकरण शुद्ध हो जाता है। भगवत्कृपा-प्राप्तिके लिये शुद्ध (निर्मल) अन्तःकरणकी ही आवश्यकता होती है[१३]। इसीलिये तो गीतामें भगवान्ने निरन्तर स्मरणकी आज्ञा दी है[१४]।

पाद-सेवन—

भाव-भक्तिसे आराध्यदेवकी चरण-सेवा ही 'पाद-सेवन' है। भक्तको भगवान्के श्रीचरणोंका आश्रय ही सुखप्रद प्रतीत होता है। पाद-सेवन दो प्रकारका है—एक तो भगवान्की साक्षात् पादसेवा और दूसरा भगवान्के पाद-पद्मोंका भजन। इनमें प्रथम प्रकारकी पादसेवा अत्यन्त दुर्लभ है। इसके लिये स्वयं ब्रह्माजी भी लालायित रहते हैं और इसे अति दुर्लभ समझकर भगवान्के लीला-परिकर ब्रज-वासियोंकी चरण-रजकी प्राप्तिके लिये ही वे भगवान्से प्रार्थना करते हैं—'यह मेरा सौभाग्य होगा, यदि मनुष्यलोकमें विशेषतया गोकुल या ब्रजके किसी वनमें पशु-पक्षी, कीट-पतंग अथवा वृक्षादि योनिमें मेरा जन्म हो, (जिससे) भगवान् मुकुन्दको ही सर्वस्व माननेवाले ब्रजवासियोंकी चरण-रजका मुझपर अभिषेक होता रहे, जिसे श्रुतियाँ भी अनादि कालसे खोज रही हैं[१५]।' परम भाग्यवान् गोपाङ्गनाएँ एवं श्रीरुक्मिणीजी आदि पट्टमहिषियाँ भी निरन्तर भगवत्पाद-सेवनकी अभिलाषा करती हैं।

अर्चन—

बाह्य अथवा मनः कल्पित सामग्रियोंद्वारा भगवान्का श्रद्धापूर्वक पूजन करना ही 'अर्चन' है।

श्रद्धासमन्वित आराध्य-अर्चनसे लौकिक सम्पत्तिके साथ-साथ मोक्षकी भी प्राप्ति होती है। अर्चन पराभक्तिका साधन है। गृहस्थोंके लिये तो यह विशेषतया अनिवार्य है। भगवदर्चनमें कामनारहित होना आवश्यक है। जो मनुष्य भगवान्की अर्चना सांसारिक कामनाओंके लिये करते हैं, उनके विषयमें भक्तवर प्रह्लाद कहते हैं—'जो लोग विषय-सुखके लिये लालायित रहते हैं, निश्चय ही उनकी बुद्धि मायाग्रस्त है; क्योंकि वे जन्म-मरणके बन्धनसे

---

८. इत्थं हरेर्भगवतो रुचिरावतारवीर्याणि बालचरितानि च शन्तमानि। अन्यत्र चेह च श्रुतानि गृणन् मनुष्यो भक्तिं परां परमहंसगतौ लभे[त] (श्रीमद्भा० ११।३१।२८)

९. नाहं वसामि वैकुण्ठे योगिनां हृदये न च। मद्भक्ता यत्र गायन्ति तत्र तिष्ठामि नारद॥ (पद्मपुराण उ० ख० ९५।२३; आदिपु० १९।३५)

१०. बारि मथे घृत होइ बरु सिकता ते बरु तेल। बिनु हरि भजन न भव तरिअ यह सिद्धांत अपेल॥ (मानस ७।१२२ क)

११. गङ्गास्नानसहस्रेषु पुष्करस्नानकोटिषु। यत् पापं विलयं याति स्मृते नश्यति तद्धरौ॥ (पू० २२२।१८)

१२. हरिस्मृतिः सर्वविपद्विमोक्षणम्॥ (श्रीमद्भा० ८।१०।५५)

१३. निर्मल मन जन सो मोहि पावा। (मानस ५।४३।३)

१४. तस्मात्सर्वेषु कालेषु मामनुस्मर॥ (८।७)

१५. तद्भूरिभाग्यमिह जन्म किमप्यटव्यां यद्गोकुलेऽपि कतमाङ्घ्रिरजोऽभिषेकम्।
यज्जीवितं तु निखिलं भगवान् मुकुन्दस्त्वद्यापि यत्पदरजः श्रुतिमृग्यमेव॥ (श्रीमद्भा० १०।१४।३४)

मुक्त करनेवाले कल्पतरुस्वरूप भगवदर्चनको भगवत्कृपा-प्राप्तिके अतिरिक्त इतर उद्देश्यकी पूर्तिमें लगाते हैं[१६] ।'

वन्दन—

वन्दनका अर्थ है—भगवान्‌के श्रीचरणोंमें श्रद्धा-भक्ति-पूर्वक अनन्यभावसे प्रणाम करना। श्रीमद्भागवतमें स्वयं भगवान्‌के श्रीमुखसे प्रणाम करनेकी विधिका वर्णन हुआ है। भगवान्‌को एक बार भी प्रणाम करना दस अश्वमेधयज्ञके अवभृथ-स्नानके तुल्य है, किंतु अश्वमेधयज्ञ करनेवालोंको पुनर्जन्मकी प्राप्ति होती है, जब कि भगवान्‌को प्रणाम करनेवालोंको फिर जन्म नहीं लेना पड़ता अर्थात् उनकी मुक्ति हो जाती है[१७]। ब्रह्माजी कहते हैं—"आपकी कृपा कब प्राप्त होगी ?' इस प्रकार प्रतीक्षा करते हुए, अपने कर्मोंके फलको भोगते हुए तथा शरीर, वाणी और मनसे भगवद्वन्दना करते हुए जो जीवन-निर्वाह करते हैं, वे मुक्तिपदके भागीदार बनते हैं, अर्थात् उनको मुक्ति सुलभ हो जाती है[१८] ।"

दास्य—

भगवान्‌के प्रति श्रद्धा और प्रेमपूर्वक सेवा 'दास्य'-भावके अन्तर्गत आती है। इसकी प्राप्तिके लिये 'भगवान्‌के मन्दिरका मार्जन, लेपन, सिंचन, मण्डल-रचना (चौक पूरना, स्वस्तिक बनाना)आदि कृत्य निष्कपट-भावसे दासकी भाँति करने चाहिये[१९] ।'

भगवान्‌को अपना वह दास अत्यन्त प्रिय है, जिसे उनके अतिरिक्त कोई अन्य आश्रय नहीं है[२०]। वे सदैव अपने दासकी रुचिके अनुरूप ही कार्य करते हैं[२१]। भगवान्‌के दासकी मनोभावनाका झुकाव निःस्वार्थताकी ओर ही अधिक होता है। जो कोई अपने किसी स्वार्थको लेकर भगवत्सेवाके लिये संनद्ध होता है, उसे प्रह्लादजीने एक समान्य बनियेकी संज्ञा दी है,[२२] जो लेने-देनेका व्यापार करता है। प्रभुके सच्चे भक्त (दास)को किसी भी सांसारिक वस्तुकी कामना नहीं रहती, यदि रहती है तो वह सच्चा दास नहीं है। दास्य-भावका महत्त्व श्रीहनुमान्‌जी भलीभाँति समझते हैं।

सख्य—

भगवान्‌में मित्र-भावसे प्रेम करना 'सख्य' है। सख्य-भक्ति श्रीरामावतारमें कपिराज सुग्रीव और विभीषणादिको, श्रीकृष्णावतारमें व्रजके गोप एवं गोपाङ्गनाओंको और उद्धव एवं पाण्डुपुत्र अर्जुन आदि कतिपय सौभाग्यशालियोंको ही प्राप्त हो सकी है। सख्य-भक्तिकी महिमामें ब्रह्माजीके वचन हैं—'अहो ! नन्दादि व्रजवासी गोपोंके भाग्य धन्य हैं, जिनके सुहृद् परमानन्दरूप सनातन पूर्णब्रह्म प्रभु श्रीकृष्ण हैं[२३]। श्रीरामचरितमानसमें भगवान् श्रीरामने मित्रधर्मकी व्याख्या करते हुए कहा है कि सच्चे मित्रको अपने मित्रके निमित्त सर्वस्व त्यागनेको तैयार रहना चाहिये। भगवान् श्रीकृष्ण स्वयं खेलमें पराजित हुए और श्रीदामाको अपनी पीठपर चढ़ाकर[२४]

---

१६. नूनं विमुष्टमतयस्तव मायया ते ये त्वां भवाप्ययविमोक्षणमन्यहेतोः ।
अर्चन्ति कल्पकतरुं कुणपोपभोग्यमिच्छन्ति यत्स्पर्शजं निरयेऽपि नृणाम् ॥ (श्रीमद्भा० ४ । ९ । ९)

१७. एकोऽपि कृष्णस्य कृतः प्रणामो दशाश्वमेधावभृथेन तुल्यः । दशाश्वमेधी पुनरेति जन्म कृष्णप्रणामी न पुनर्भवाय ॥ (पाण्डव-गीता १३)

१८. तत्तेऽनुकम्पां सुसमीक्षमाणो भुञ्जान एवात्मकृतं विपाकम् । हृद्वाग्वपुर्भिर्विदधन्नमस्ते जीवेत यो मुक्तिपदे स दायभाक् ॥ (श्रीमद्भा० १० । १४ । ८)

१९. सम्मार्जनोपलेपाभ्यां सेकमण्डलवर्तनैः । गृहशुश्रूषणं मह्यं दासवद् यदमायया ॥ (श्रीमद्भा० ११ । ११ । ३९)

२०. तिन्ह तें पुनि मोहि प्रिय निज दासा । जेहि गति मोरि न दूसरि आसा ॥ (मानस ७ । ८५ । ४)

२१. राम सदा सेवक रुचि राखी । (मानस २ । २१८ । ४)

२२. यस्त आशिष आशास्ते न स भृत्यः स वै वणिक् ॥ (श्रीमद्भा० ७ । १० । ४)

२३. अहो भाग्यमहो भाग्यं नन्दगोपव्रजौकसाम् । यन्मित्रं परमानन्दं पूर्णं ब्रह्म सनातनम् ॥ (श्रीमद्भा० १० । १४ । ३२)

२४. उवाह कृष्णो भगवान् श्रीदामानं पराजितः । (श्रीमद्भा० १० । १८ । २४)

उन्होंने सख्य-धर्मका आदर्श प्रस्तुत किया, सखापर कृपा-वृष्टि की।

आत्मनिवेदन—

तन, मन, धन और परिजनसहित अपने-आपको समर्पण कर देना 'आत्मनिवेदन' है। आत्मनिवेदन करनेवाले भगवान्‌के अनन्य भक्त ब्रह्मपद, इन्द्रपद, चक्रवर्ती राज्य, रसातलका आधिपत्य और योगद्वारा प्राप्त सिद्धियाँ ही नहीं, भगवान्‌के अतिरिक्त वे कैवल्य मोक्षतककी इच्छा नहीं करते।[२५] ऐसे साधकोंको भगवान्‌की परा-भक्ति प्राप्त होती है और उन्हें कुछ भी प्राप्तव्य शेष नहीं रह जाता। श्रीमद्भागवत, गीता, वाल्मीकि-रामायण, मानस आदि ग्रन्थोंमें आत्मनिवेदन (शरणागति)की महत्तापर विपुल प्रकाश डाला गया है। वेदमें भी कहा गया है कि भगवान् अशरण-शरण हैं। उन्हींकी कृपासे मनुष्यका उद्धार हो सकता है और उनकी कृपा श्रद्धा-समन्विता भक्तिसे ही प्राप्त होती है। प्रभुने स्वयं कहा है—'जिससे मैं शीघ्र ही प्रसन्न होता हूँ, वह मेरी भक्ति है, जो भक्तोंको सुख देनेवाली है।'

भगवान् श्रीरामने इसीलिये शबरीको नवधा-भक्तिका उपदेश दिया है। उपरिनिर्दिष्ट नौ साधनोंमेंसे किसी एकको भी अपना लेनेसे जीवको निश्चय ही भगवत्कृपामृतके वर्णनातीत अनुभव होता है।

इस घोर कलिकालमें अपने जीवनको सफल बनाने भगवत्कृपा-प्राप्तिके लिये हमें भगवान्‌की सर्वस्वप्रदायिनी 'भक्ति'का ही सहारा लेना चाहिये, अन्यथा पछताना ही शेष रह जायगा।

भगवत्कृपा-प्रसाद

(रचयिता—श्रीजगदीशचन्द्रजी शर्मा, एम्० ए०, बी० एड्०)

भगवत्कृपा मुखर होती हैं जहाँ-जहाँ भी,
पा लेते हैं प्राण मधुरताका सम्पादन;
झर जाते हैं वहाँ दैन्यके शाप समूचे,
जीवन करता है प्रफुल्लताका अवगाहन।

असंतोष की धुंध कहीं भी हो, छँट जाती;
दिव्य रश्मियोंके बहने लगते हैं निर्झर
मंगलमय चिन्तनके उत्पादन-वर्धनमें,
बन जाती हैं भाव-भूमि अधिकाधिक उर्वर

शौर्य और साहस बढ़ते हैं ध्येय-पंथमें,
त्यों ही संकट-शिखरोंके झुकते हैं मस्तक;
निष्ठाकी उपलब्धि उत्ससे पूर्ण हृदयहित,
कभी न रह सकता है कोई यत्न निरर्थक।

दिग्दिगन्तमें सुरभित स्नेह थिरक उठता है,
फूलों-सी तरुणाईसे मुस्काता प्रतिपल;
गीतोंकी गुंजार नया स्पंदन भरती है,
यों विकीर्ण होता है नई स्फूर्तिका परिमल।

छोड़-छाड़कर सभी संकुचनकी सीमाएँ,
दृष्टिकोण पाता है दिग्व्यापी विस्तार
सदियोंतक पीढ़ियाँ किया करती हैं अपना
जिसकी रम्य ज्योतिमें निर्भय-पथ-निर्धारण

---

२५. न पारमेष्ठ्यं न महेन्द्रधिष्ण्यं न सार्वभौमं न रसाधिपत्यम्। न योगसिद्धीरपुनर्भवं वा मय्यर्पितात्मेच्छति मद्विनान्यत्॥
(श्रीमद्भा० ११।१४।१४)

भगवत्कृपा-प्राप्तिका सहज मार्ग—भक्ति

(लेखक—आचार्य श्रीमदनेश्वरजी पाण्डेय)

कर्म-बन्धनसे ग्रसित जीव अनेक योनियोंमें भटकता हुआ चक्कर लगाता रहता है, उसे तबतक 'आवागमन'से मुक्ति नहीं मिलती, जबतक भगवत्कृपाकी प्राप्ति नहीं हो जाती। कर्मकी शृङ्खला इतनी जटिल है कि यज्ञादि सकाम कर्मोंसे स्वर्गलोककी प्राप्ति होनेपर भी पुण्य क्षीण हो जानेपर मृत्युलोकमें आना पड़ता है। निष्कामभावसे परमेश्वरका निरन्तर चिन्तन करनेवाले भक्तका योगक्षेम भगवान् स्वयं वहन करते हैं। जो भक्त समस्त धर्मोंके आश्रयका त्यागकर एकमात्र भगवान्के शरणागत होता है, उसके सारे कलुष, सारी चिन्ताएँ मिट जाती हैं और वह अमृतत्वकी प्राप्ति कर लेता है। श्रुति कहती है कि परब्रह्म परमात्मा प्रवचन-बुद्धि अथवा श्रवणसे प्राप्त नहीं हो सकते, वे जिसको स्वीकार कर लेते हैं, उसीके द्वारा प्राप्त होने योग्य हैं; क्योंकि वे उसके लिये अपने यथार्थ स्वरूपको प्रकट कर देते हैं।

सभी प्रकारके दोषोंसे रहित साधक अपने अन्तःकरणमें शुद्ध-बुद्ध परमात्माको सत्यभाषण, तप एवं ब्रह्मचर्यका आचरण करते हुए यथार्थ ज्ञानद्वारा देख पाते हैं। ज्ञानयोगमें निम्नलिखित साधनोंकी प्रमुखता है—एक ब्रह्म ही नित्य है, उसके अतिरिक्त सभी अनित्य है—यही ज्ञान 'नित्यानित्य-विवेक' कहलाता है। अनित्य भोगपदार्थोंमें घृणा-बुद्धि होना 'वैराग्य' है। विषय-समूहोंसे विरक्त होकर चित्तको अपने लक्ष्यमें स्थिर करना 'शम' है, कर्मेन्द्रिय और ज्ञानेन्द्रियके विषयोंको रोककर स्थिर करना 'दम' है, वृत्तिद्वारा बाह्य विषयोंका आश्रय ग्रहण न करना 'उपरति' है, चिन्ता और शोकसे रहित होकर सभी कष्टोंको सहन करना 'तितिक्षा' है, गुरुवाक्यों तथा शास्त्रोंमें सत्य-बुद्धि रखना 'श्रद्धा' है, अपनी शुद्ध बुद्धिको ब्रह्ममें स्थिर करना 'समाधान' है, अज्ञान तथा सांसारिक बन्धनोंको ज्ञानद्वारा नष्ट करना और ब्रह्ममें लीन होनेकी इच्छाका नाम 'मुमुक्षुता' है—ये साधन ज्ञानयोगकी सिद्धिमें विशेष सहायक हैं।

श्रीमद्भागवतमें मानवके कल्याण-हेतु तीन योगोंका उल्लेख मिलता है—ज्ञानयोग, कर्मयोग और भक्तियोग। इन योगोंके अतिरिक्त भगवत्प्राप्तिके अन्य उपाय नहीं हैं।[1] उपर्युक्त तीन योगोंमें भक्तियोग सहज एवं सर्वश्रेष्ठ है; क्योंकि तपस्या, ज्ञान, वैराग्य, योग, दान, धर्म या अन्य श्रेयस्कर क्रियाओंसे जो कुछ प्राप्त होता है, उसे भक्तियोगके द्वारा भक्त सहज ही प्राप्त कर लेता है। उसे भगवान् श्रीकृष्णके लोककी प्राप्ति अनायास सुलभ हो जाती है। भगवान्का अनन्य-भक्त भगवद्भक्तिके समक्ष मोक्षकी भी अभिलाषा नहीं करता; क्योंकि भक्तियोगद्वारा उसे अनिर्वचनीय परमानन्दकी अनुभूति हो जाती है। देवर्षि नारदके मतानुसार भगवत्प्राप्तिके अन्य उपायोंमें भक्ति सहज एवं सर्वसुलभ है; क्योंकि यह स्वयं प्रमाणस्वरूप है, इसके लिये अन्य प्रमाणोंकी आवश्यकता नहीं है।[2]

महर्षि शाण्डिल्यने भक्तिको ईश्वरके प्रति परम अनुरक्तिरूपा कहा है।[3] देवर्षि नारद भी उसे प्रेमरूपा एवं अमृतस्वरूपा मानते हैं।[4] श्रीशंकराचार्य अपने वास्तविक स्वरूपका अनुसंधान करना भक्ति मानते हैं।[5] श्रीमधुसूदन सरस्वतीके मतानुसार भगवद्धर्मसे द्रवित चित्तकी सर्वेश्वर भगवान्के प्रति अविच्छिन्न वृत्ति ही भक्ति कहलाती है,[6] अथवा द्रवित चित्तमें जब भगवान् श्रीकृष्णकी मूर्ति स्थापित हो जाती है,

---

१. योगास्त्रयो मया प्रोक्ता नृणां श्रेयोविधित्सया। ज्ञानं कर्म च भक्तिश्च नोपायोऽन्योऽस्ति कुत्रचित्॥ (११ । २० । ६)

२. अन्यस्मात् सौलभ्यं भक्तौ। प्रमाणान्तरस्यानपेक्षत्वात् स्वयं प्रमाणत्वात्। (नारदभक्तिसूत्र ५८-५९)

३. सा परानुरक्तिरीश्वरे। (शाण्डिल्यसूत्र २)

४. सा त्वस्मिन् परमप्रेमरूपा। अमृतस्वरूपा च। (नारदभक्तिसूत्र २-३)

५. 'स्वस्वरूपानुसंधानं भक्तिरित्यभिधीयते।' (विवेक-चूडामणि ३२)

६. 'द्रुतस्य भगवद्धर्माद्धारावाहिकतां गता। सर्वेशे मनसो वृत्तिर्भक्तिरित्यभिधीयते॥ (भक्तिरसायन १ । ३)

उसे भक्ति कहते हैं।[७] जिस प्रकार चित्तद्रुति काम, क्रोध, भय, स्नेह, हर्ष, शोक, दयादि कारणोंसे भी होती है, उसी प्रकार भगवत्प्रेमकी अग्निसे चित्तरूपालाक्षा द्रवित हो जाती है, तब वह भक्ति-रंगमें रँग जाती है और पुनः कठिन हो जानेपर भी उसका वह रंग कभी नहीं छूटता अर्थात् भक्तिरसकी स्थायिभावरूपा रति निष्पन्न होती है।

भक्तिका स्वरूप—

श्रीमद्भागवतमें भक्तिकी नौ भूमिकाएँ मानी गयी हैं। निर्भयता चाहनेवालेको सर्वात्मा, सर्वेश्वर भगवान् श्रीकृष्णका श्रवण, कीर्तन और स्मरण करना चाहिये। भगवान् श्रीकृष्णका अच्छी प्रकार कीर्तन करनेपर वे प्राणियोंके हृदयमें प्रविष्ट होकर उनके समस्त कष्टोंका निवारण उसी प्रकार करते हैं, जिस प्रकार सूर्य अन्धकारको एवं वायु बादलोंको नष्ट कर देते हैं। भगवान् श्रीकृष्णके पदारविन्दोंके स्मरणसे सम्पूर्ण अनिष्टोंका नाश हो जाता है। उनका स्मरण अन्तःकरणकी शुद्धि कर परमात्मामें भक्ति, विज्ञान और वैराग्य बढ़ानेवाला है। अर्थ-कामका सेवन करनेवालोंके मनोरथ पूर्ण नहीं होते, किंतु भगवच्चरणारविन्दोंके सेवन करनेवालोंको वे स्वयं आ प्राप्त होते हैं। वैदिक एवं तान्त्रिक कर्मयोगकी विधियोंसे भगवान् श्री-कृष्णका अर्चन करता हुआ पुरुष दोनों प्रकारकी इच्छित सिद्धियोंको प्राप्त करता है। बलिने भगवान्‌से कहा था—'आपको प्रणाम करनेकी महिमाका क्या कहना, यह अभक्तोंके लिये भी वही फल देती है, जो शरणागत भक्तोंके लिये; क्योंकि मुझ नीच असुरपर आपने जो कृपा की, वह लोकपालों एवं देवताओंके लिये भी दुर्लभ है।'

जिसके नाम-श्रवणमात्रसे पुरुषके सारे कलुष मिट जाते हैं, उन तीर्थपाद भगवान्‌के दासोंके लिये क्या शेष रह जाता है? भगवान्‌का कथन है—'जो मनुष्य समस्त कर्मोंके आश्रय-का परित्याग कर मेरी शरण ग्रहण करता है, वह मुझ (ईश्वर) से सम्मानित हो अमृतत्वको प्राप्त कर मेरी एक-रूपताको प्राप्त हो जाता है।'

श्रीमधुसूदन सरस्वतीने भक्तिकी ग्यारह भूमिकाएँ बतलायी हैं—(१) महत्सेवा, (२) उनकी दयापात्रता, (३) उनके धर्मोंमें श्रद्धा, (४) भगवान्‌के गुणोंका श्रवण, (५) भगवद्भक्तिमें रति अङ्कुरित होना, (६) स्वस्वरूपको समझना, (७) परमानन्दस्वरूप ईश्वरमें प्रेमवृद्धि करना, (८) भगवान्‌का दर्शन होना, (९) भगवद्धर्मोंमें निष्ठा होना, (१०) भगवद्भक्तोंके गुणोंका परिशीलन एवं (११) प्रेमकी पराकाष्ठा।[८] पहली भूमिकामें महापुरुषोंकी सेवा करनी पड़ती है। महापुरुषोंकी सेवा करनेसे भक्त उनका कृपापात्र बन जाता है, कृपापात्र बन जानेपर उसे धर्म-सिद्धान्तोंमें श्रद्धा उत्पन्न हो जाती है, इसके बाद वह भगवान्‌के गुणोंका श्रवण, कीर्तनादि करने लगता है, श्रवण-कीर्तनादिसे उसकी चित्तद्रुति होकर प्रेमका बीज-स्थापन होता है, स्थायिभावरूपा रतिकी उत्पत्तिके पश्चात् वह अपने स्वरूपको समझनेका प्रयत्न करता है। स्वस्वरूपज्ञानकी उत्कण्ठा भगवत्स्वरूप-ज्ञानकी ओर उद्योरित करती है और उसके हृदयमें उत्पन्न प्रेमाङ्कुर बढ़ने लगता है। प्रेमवृद्धि होनेसे परमात्मतत्त्वका बारंबार स्फुरण होता है। इस स्फुरणसे भगवद्धर्मोंमें पूर्ण आसक्ति हो जाती है। भगवद्धर्मों पूर्ण आसक्ति और भगवान्‌के गुणोंका परिशीलन ही आनन्द-रूपता एवं सर्वज्ञताकी ओर आकर्षणमें कारण हैं। इस प्रकार अन्तमें वह परम उत्कृष्ट प्रेमकी प्राप्ति कर लेता है।

महत्सेवा दो प्रकारकी होती है—भगवद्भक्तोंकी सेवा और साक्षात् भगवान्‌की सेवा। भगवद्भक्तोंकी सेवाके क्षणिककालकी भी तुलना न तो स्वर्ग-सुख कर सकता है न मोक्ष ही। फिर राज्यादि ऐश्वर्योंकी तो बात ही क्या है। इस संसारमें आधे क्षणके लिये भी सज्जनोंका सङ्ग मनुष्योंके लिये निधितुल्य है[९]। इस विषयमें स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं—'वृषपर्वा, बलि, बाण, मय, तुलाधार वैश्य, विभीषण, सुग्रीव, हनुमान, ऋक्ष, गज, गृध्र, व्याध, कुब्जा, व्रजगोपियाँ, यज्ञपत्नियाँ

७. द्रुते चित्ते प्रविष्टा या गोविन्दाकारता स्थिरा। सा भक्तिरित्यभिहिता ... ...॥' (भक्तिरसायन २।१)

८. प्रथमं महतां सेवा तद्दयापात्रता ततः। श्रद्धाथ तेषां धर्मेषु ततो हरिगुणश्रुतिः॥
ततो रत्यङ्कुरोत्पत्तिः स्वरूपाधिगतिस्ततः। प्रेमवृद्धिः परानन्दे तस्याथ स्फुरणं तथा॥
भगवद्धर्मनिष्ठातः स्वस्मिंस्तद्गुणशालिता। प्रेम्णोऽथ परमा काष्ठेत्युदिता भक्तिभूमिका॥ (भक्तिरसायन १।३२—३४)

९. 'संसारेऽस्मिन् क्षणार्धोऽपि सत्सङ्गः शेवधिर्नृणाम्।' (श्रीमद्भा० ११।२।३०)

तथा और बहुत-से लोग हैं, जिन्होंने न वेद-शास्त्रोंका अध्ययन किया था, न महापुरुषोंकी सेवा की थी, न व्रत किये थे, न तपस्या की थी, पर वे मेरे सङ्गसे मुझे प्राप्त हो गये।'

भगवद्भक्तिके बिना स्वप्नमें भी सुखकी इच्छा रखना व्यर्थ है। जो व्यक्ति भगवान्‌की भक्तिके बिना सुखकी अभिलाषा करता है, वह मूर्ख है। उसका यह प्रयास वैसा ही है, जैसे कोई व्यक्ति तैरकर (बिना नावके) महासागर पार करना चाहता हो। गोस्वामीजी कहते हैं कि 'चाहे पानीके मथनेसे घी, बालूके पेरनेसे तेलकी प्राप्ति हो जाय, किंतु भजनके बिना संसारसागरसे पार होना असम्भव है।' श्रीरामभक्तिरूपा चिन्तामणि जिसके हृदयमें रहती है, उसके मोह, दरिद्रता, अविद्या आदि दोष नष्ट हो जाते हैं, भक्ति-चिन्तामणिके प्रभावसे गरल अमृत बन जाता है, शत्रु मित्र बन जाता है, स्वप्नमें भी क्षणिक दुःखका आभास नहीं होता। वेद, शास्त्र, पुराणादि सभी यही कहते हैं कि भगवान्‌के चरणारविन्दोंमें अटूट भक्ति होनेसे जीवका परम कल्याण सम्भव है। भगवान् विष्णुकी श्रवण-भक्तिमें परीक्षित्, कीर्तनमें शुकदेव, स्मरणमें प्रह्लाद, पादसेवनमें लक्ष्मीजी, अर्चनमें पृथु, वन्दनमें अक्रूर, दास्यमें हनुमान्, सख्यमें अर्जुन और आत्मनिवेदनमें राजा बलि प्रसिद्ध भक्त हुए हैं, इन सभीको मोक्षरूप फलकी प्राप्ति हुई है। भक्तिकी महिमा कितनी अचूक है! परम ज्ञानी उद्धव भी गोपियोंकी भक्तिसे प्रभावित होकर कहते हैं—'व्रजकी गोपियाँ धन्य हैं! इन महाभागा गोपियोंने भगवान् मुकुन्दका अनुसरण किया, जिनकी श्रुति निरन्तर खोज करती रहती है। क्या ही अच्छा हो, यदि मैं अगले जन्ममें वृन्दावनकी किसी झाड़ी, लता, ओषधियोंमेंसे कुछ बन सकूँ, जिनपर गोपियोंकी चरणधूलि पड़ती है[१०]।'

निस्संदेह भगवद्भक्तिपरक आचरणसे जीवात्मा भगवद्धाम—भगवत्पदमें प्रतिष्ठित हो जाता है, उसके लिये भगवत्कृपा सहज सुलभ रहती है। भक्तिके साम्राज्यमें निवास करनेवाले प्राणीके लिये भगवत्कृपा प्राण-संजीवनी है।

कृपामूलक न्याय

भगवान् कितने कृपालु हैं, उनकी कृपा कैसी है—यह कोई कैसे बतला सकता है। वे तो कृपामूर्ति हैं, उनमें कृपा-ही-कृपा है। वहाँ न्याय नहीं है, इन्साफ नहीं है—यही कहना पड़ता है।......उनकी कृपाशक्ति इतनी विचित्र है कि वह जहाँ भी कोई न्यायका प्रसङ्ग आता है, वहीं उस न्यायमें प्रवेश कर जाती है और न्यायको तत्काल कृपाके रूपमें बदल देती है। सच्ची बात तो यह है कि भगवान् सदा कृपामय ही हैं, उनमें कृपा-ही-कृपा है। इसलिये उनका न्याय भी कृपामूलक ही है। अतएव निरन्तर उनकी कृपापर दृढ़ विश्वास रखना चाहिये और उस परम करुणामयी माँ कृपादेवीके चरणोंपर अपनेको बिना शर्त न्योछावर कर देना चाहिये। बस, निश्चिन्त हो जाना चाहिये—कृपापर पूर्ण निर्भर हो जाना चाहिये। याद रखना चाहिये—

'जासु कृपा नहिं कृपाँ अघाती।' (मानस)
'प्रभु मूरति कृपामई है।' (विनयपत्रिका)
'सुहृदं सर्वभूतानाम्' (गीता ५। २९)
'सर्वदुर्गाणि मत्प्रसादात् तरिष्यसि।' (गीता १८। ५८)

बस—कृपा, कृपा, कृपा! भगवत्कृपा!! —'श्रीभाईजी'

१०. आसामहो चरणरेणुजुषामहं स्यां वृन्दावने किमपि गुल्मलतौषधीनाम्।
या दुस्त्यजं स्वजनमार्यपथं च हित्वा भेजुर्मुकुन्दपदवीं श्रुतिभिर्विमृग्याम्॥
(श्रीमद्भा० १०। ४७। ६१)

भगवत्कृपा-प्राप्तिके सात साधन

(लेखिका—कुमारी पद्मादेवीजी)

वेदान्त-सूत्रोंके प्राचीन वृत्तिकार भगवान् 'बोधायन' हैं। इस वृत्तिग्रन्थके व्याख्याता (टङ्क) 'ब्रह्मनन्दी' भी प्राचीन हैं। 'वाक्यकार' भी इनका ही नामान्तर है। इन दोनों ब्रह्मज्ञ महापुरुषोंने भगवत्कृपा-प्राप्तिके लिये वृत्ति एवं वाक्य-ग्रन्थोंमें सात साधनोंका उल्लेख किया है। यहाँ उन साधनोंके नाम, स्वरूप एवं निर्वचनका संक्षेपमें निरूपण किया जा रहा है।

भगवत्कृपा—

शास्त्राधार एवं संतानुभवसे यह प्रमाणित है कि परमात्मा अनन्त, असीम एवं कल्याणगुणोंके समुद्र हैं। भगवान्‌के इन अनन्त कल्याणगुणोंको पूर्वाचार्योंने सापराध जीवात्माओंकी दृष्टिसे तीन वर्गोंमें विभक्त माना है—अनुकूल गुण, प्रतिकूल गुण और उदासीन गुण। जो सापराध जीवोंकी रक्षामें सहायक होते हैं, वे अनुकूल गुण; जो सापराध जीवोंको दण्ड देनेमें सहायक होते हैं, वे प्रतिकूल गुण और जो रक्षा और दण्ड दोनोंमें सहायक बनते हैं, वे उदासीन गुण हैं। इनमें कृपा, वात्सल्य, सौशील्य आदि अनुकूल गुण; कर्म-फलप्रदातृत्व, न्यायकारित्व, दण्डकारित्व आदि प्रतिकूल गुण और ज्ञान, शक्ति, बल, ऐश्वर्य आदि उदासीन गुण माने गये हैं।

इन अनन्तानन्त भगवद्गुणोंमेंसे प्रत्येक गुण सभी जीवात्माओंका उद्धार करनेमें समर्थ है, परंतु 'बोधायन' आदि महापुरुषों एवं प्रह्लाद आदि भगवद्-भक्तोंने तो 'भगवत्कृपा'को ही सर्वोच्च भगवद्गुण माना है। संतों और शास्त्रोंने इसके स्वरूपका भिन्न-भिन्न प्रकारसे ज्ञान कराया है। इसका कारण 'कृपा' शब्दके पर्यायोंके मूल धातुओंसे उपलब्ध विभिन्न अर्थ ही प्रतीत होता है। घृणा, दया, अनुक्रोश करुणा, अनुकम्पा, अनुग्रह आदि 'कृपा'के अनेक पर्याय हैं।

इनमें 'घृ—सेचने' धातुसे निष्पन्न 'घृणा' शब्दका सेक (सिञ्चन) अर्थ है। जैसे सिञ्चनसे आयतन (स्थल) आर्द्र हो जानेसे कोमल हो जाता है, वैसे ही जिन मनोभावोंसे हृदय आर्द्र (कोमल) हो जाता है, वह भाव घृणा है। कोमल हृदयमें परदुःख-असहिष्णुता होती है, अतः परदुःखा-सहिष्णुता कृपाका स्वरूप प्रतिफलित होता है अर्थात् दूसरेके दुःखोंको सहन न कर सकना 'कृपा' है।

'दय—दाने पालने च' धातुसे निष्पन्न 'दया' शब्दके दान और पालन—ये दो अर्थ हैं। इनसे 'कृपा'का स्वरूप फलित होता है—आपन्न जनोंको दान देना और उनकी रक्षा करना।

'अनु' उपसर्गपूर्वक **'क्रुश—आह्वाने रोदने च'** धातुसे निष्पन्न 'अनुक्रोश' शब्दका अर्थ है—**'अनुक्रोशन्ति समानसुखदुःखा भवन्ति इति अनुक्रोशः।'** इस निर्वचनके आधारसे अर्थात् 'प्राणियोंके समान सुख-दुःखभाव है'—इससे 'कृपा'के **'परसुखसुखित्वं कृपा', 'परदुःखदुःखित्वं कृपा'**—आदि स्वरूप सिद्ध होते हैं।

'कृप—कृपायां गतौ' धातुसे निष्पन्न 'कृपा' शब्दका अर्थ अनुग्रह होता है। यह ईशानुग्रह (भगवत्कृपा) सामान्य रूपसे स्थावर-जङ्गम समस्त जीवोंपर सर्वत्र व्याप्त है, कारण कि परमात्माकी सृष्टि, स्थिति, संहार, अनुग्रह और निग्रह—इन पाँच शक्तियोंमें अनुग्रह (कृपा) ही अन्यतम है। ये पाँचों स्वतः सर्वत्र व्याप्त हैं, अतः 'अनुग्रह'की प्राप्तिके लिये किसी भी जड-चेतन पदार्थका कुछ भी साधन नहीं करना पड़ता अर्थात् यह निर्हेतुकी ही स्वतः सर्वत्र सामान्यरूपसे व्याप्त है, तथापि उसको विशेषरूपसे अनुभव कर पानेके लिये साधनोंकी अनिवार्य आवश्यकता है।

दूसरे शब्दोंमें भगवत्कृपाके दो प्रकार हैं—सामान्य कृपा और विशेष कृपा। सामान्य कृपा निर्हेतुक है, अर्थात् इसकी प्राप्तिके लिये जीवको किसी प्रकारके साधनकी आवश्यकता नहीं होती। विशेष कृपाके लिये तो सबको सदा साधनोंकी अनिवार्य आवश्यकता है ही। किंबहुना सामान्य कृपा ही साधनोंसे उद्दीप्त होकर विशेष कृपाके रूपमें परिणत होती है। सर्वत्र व्याप्त अग्नि सामान्य अग्नि है। वही साधनोंसे अभिव्यक्त हो विशेष अग्निरूपमें परिणत हो जाती है। दोनोंके कार्य भी सामान्य और विशेष हैं। सामान्य भगवत्कृपाके सामान्य कार्योंका वर्णन वाराहपुराणमें विस्तारसे किया गया है। नैयायिकशिरोमणि श्रीउदयनाचार्यजीने 'न्यायकुसुमाञ्जलि'में विशेष कृपाका वर्णन किया है।

अर्थात् विशेष 'भगवत्कृपा'के अर्थ, काम, धर्म, मोक्ष—ये विशेष कार्य हैं।

श्रीमद्भागवतमहापुराणमें 'दया'को धर्मकी पत्नी माना गया है। जिसका पुत्र अभय है। सापराध जीवोंको परमात्मासे दिया गया 'अभय'-दान भी भगवत्कृपाका पुत्र ही है। 'यह कृपा प्राणियोंके प्रति किये जानेवाले घृणा, तिरस्कार, क्रूरता आदि गुणोंकी विरोधिनी है। दयाके कारण ही सापराध जीवोंको परमात्मासे घृणा, तिरस्कार आदिका भय नहीं रहता, अतः वे सुखसे उनकी शरण ग्रहण करते हैं।

साधन-सप्तक—

इस चेतन (जीव)को जिन साधनोंसे भगवान्की विशेष कृपाकी अनुभूति होती है, उनका उल्लेख श्रीरामानुजाचार्यजीने वेदान्त-सूत्रोंके वृत्तिकार एवं वाक्यकार भगवान् बोधायनके मतानुसार इस प्रकार किया है—

तल्लब्धिर्विवेकविमोकाभ्यासक्रियाकल्याणानवसादानुद्धर्षेभ्यः'

(सर्वदर्शनसं० ४। ४७)

अर्थात् चेतनको उस विशेष 'भगवत्कृपा'की प्राप्ति अनुभूति) विवेक, विमोक, अभ्यास, क्रिया, कल्याण, अनवसाद और अनुद्धर्ष—इन सात साधनोंसे होती है। इनके स्वरूपोंका दर्शन ब्रह्मज्ञ ब्रह्मनन्दीने 'वृत्ति'व्याख्यारूप 'वाक्य'में इस प्रकार कराया है—

(१) विवेक—

'जात्याश्रयनिमित्तदुष्टादन्नात् कायशुद्धिर्विवेकः'

"जाति, आश्रय और निमित्तके अनुसार अशुद्ध अन्नसे बचकर शरीरको शुद्ध रखना 'विवेक' है।"

जाति, आश्रय और निमित्त—इन दोषोंसे अन्न दूषित (अपवित्र) होता है। लहसुन, गृञ्जन (गाजर), पलाण्डु (प्याज) आदि पदार्थ जातिसे अपवित्र है। पतित आदिका अन्न आश्रयसे दुष्ट है—कारण कि 'यावद्वित्तं तावदात्मा'—इस श्रौत विज्ञानके अनुसार पापात्माके अन्न आदि सब पदार्थोंमें पाप भी संक्रान्त रहते हैं, अतः पापीका अन्न आश्रयसे अपवित्र है। उच्छिष्ट, केश, कीट आदि पदार्थोंसे दूषित अन्न निमित्त-दुष्ट है अर्थात् अपवित्र है। अपवित्र अन्नके सेवनसे शरीर, मन एवं बुद्धि अशुद्ध हो जाते हैं। अशुद्ध शरीर, मन और बुद्धिमें भगवत्कृपाकी उद्दीप्ति नहीं होती, अतः दूषित (अपवित्र) आहारके परित्याग और पवित्र आहारके सेवनसे अपने शरीर आदिको शुद्ध रखना 'विवेक' है।

इस विषयमें श्रुति भगवती भी कहती है—

आहारशुद्धौ सत्त्वशुद्धिः सत्त्वशुद्धौ ध्रुवा स्मृतिः स्मृतिलम्भे सर्वग्रन्थीनां विप्रमोक्षः।

(छा० उ० ७। २६। २)

'आहार-शुद्धिपर अन्तःकरणकी शुद्धि निर्भर है। शुद्धान्तःकरणमें ध्रुवा स्मृतिरूपा उपासना प्रतिष्ठित होती है, जिससे जड-चेतनकी सब ग्रन्थियाँ खुल जाती हैं। इस प्रकार अन्नकी शुद्धि 'विशेष भगवत्कृपा'के प्राकट्य (अनुभव)में परम्परासे कारण है।'

(२) विमोक—

'विमोक'के स्वरूपका प्रतिपादन करते हुए वाक्यकार ब्रह्मनन्दी कहते हैं—

'विमोकः कामानभिष्वङ्गः' (सर्वदर्शनसं० ४। ४७)

अर्थात् हृदयसे कामका परित्याग 'विमोक' है। श्रीभाष्यके व्याख्याता श्रीवेङ्कटनाथ (श्रीवेदान्तदेशिक)के मतमें 'काम' शब्दद्वारा अभिष्वङ्ग (तीव्र सङ्ग)से उत्पन्न 'काम' विवक्षित है। 'काम' शब्द यहाँ काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि समस्त हेय वर्गका उपलक्षण है। अतः 'विमोकः कामानभिष्वङ्गः'का यह फलित अर्थ होता है कि काम, क्रोध, लोभ आदि त्याज्य वर्गसे हृदय विमुक्त रखना 'विमोक' है। यह 'विमोक' विशेष भगवत्कृपाकी प्राप्तिका साधन है। हृदयमें काम, क्रोध, मोह, लोभ, राग-द्वेषादिके रहते भगवत्कृपाका (अनुभव) होना सम्भव नहीं है। इस विषयमें श्रुतिका आदेश है—

शान्तो दान्त उपरतस्तितिक्षुः समाहितो भूत्वाऽऽत्मन्येवात्मानं पश्यति।

(सुबालोपनिषद् ९)

'शान्त (जितेन्द्रिय), दान्त (मनोनिग्रहयुक्त), उपरत (रागरहित), तितिक्षु (सहनशील) और समाहित (एकाग्र) होकर साधक आत्मामें ही आत्मा (परमात्मा)-का दर्शन करता है।'

(३) अभ्यास—

'अभ्यास'के स्वरूपका प्रतिपादन करते हुए वाक्यकार ब्रह्मनन्दी कहते हैं—

'पुनः पुनः संशीलनमभ्यासः'

(सर्वदर्शनसं० ४ । ४७

अर्थात् पुनः-पुनः संशीलनका नाम 'अभ्यास' है ।

श्रीवेदान्तदेशिकके मतानुसार 'आरम्भण' श्रीविष्णुमूर्ति है। कारण कि यह योगमें आरूढ़ होनेवालोंके लिये चित्तका आलम्बन है। आलम्बनका पर्याय है आरम्भण । शुभाश्रय भी इसका नामान्तर है। श्रीभाष्यके व्याख्याताके मतमें भी ज्ञानका आलम्बन 'उपास्य' आरम्भण है । उपास्यका पुनः-पुनः चिन्तन 'अभ्यास' है । यह विवेक और विमोकका फल तथा विशेष भगवत्कृपा-प्राप्तिका तीसरा साधन है।

(४) क्रिया—

'क्रिया'के स्वरूपका प्रतिपादन करते हुए ब्रह्मनन्दी कहते हैं—

'श्रौतस्मार्तकर्मानुष्ठानं शक्तितः क्रिया'

(सर्वदर्शनसं० ४ । ४७)

अर्थात् यथाशक्ति पञ्चमहायज्ञादि यज्ञका अनुष्ठान यहाँ 'क्रिया'शब्दसे अभिप्रेत है। पञ्चमहायज्ञोंके अनुष्ठानका फल विश्व-संतर्पण और रक्षा है। अतः विश्वहितकारी कार्योंको करना भी आवश्यक है।

भगवद्भक्त श्रीएकनाथजीके मतमें यहाँ 'क्रिया'का अर्थ दीनजनोद्धारणरूप लोकसंग्रह है। उनके मतमें ब्रह्मज्ञान प्राप्तकर सिद्ध हुए महात्माका भी जीवन व्यर्थ है, यदि उसने भयाकुल प्राणियोंका उद्धार नहीं किया—

पावोनिया ब्रह्मज्ञान । स्वयं तरेल आपण ॥
न करीच दीनोद्धरण । ते बडप्पण ज्ञात्याचे ॥

इस विषयमें श्रुतिके वचन मननीय हैं—

'क्रियावानेष ब्रह्मविदां वरिष्ठः'

(सर्वदर्शनसं० ४ । ४७)

"ब्रह्मवेत्ताओंके मध्यमें वही श्रेष्ठतम है, जो 'क्रियावान्' है।"

'तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति
यज्ञेन दानेन तपसानाशकेन ।

(बृहदारण्यक ४ । ४ । २२)

यज्ञ, दान, तप आदि क्रियाएँ हैं। इनसे भगवत्कृपा-प्राप्तिका मार्ग प्रशस्त होता है।

(५) कल्याण—

'सत्यार्जवदयादानादीनि कल्याणानि'

(सर्वदर्शनसं० ४ । ४७)

वाक्यकार ब्रह्मनन्दीके मतानुसार सत्य, आर्जव, दया, दान आदि 'कल्याण' शब्दसे अभिप्रेत हैं। इनमें भूतहित और यथार्थ वाक्य 'सत्य' है। मन, वचन एवं क्रियाका एकरूप रहना 'आर्जव' है। स्वार्थ-निरपेक्ष पर-दुःख-निवारणकी इच्छा 'दया' है। प्राणियोंके प्रतिकूल आचरण न करना—'अहिंसा' है। लोभका परित्याग 'दान' है। प्राणियोंके प्रतिकूल चिन्तन न करना, अन्यके अपकारका स्मरण न करना, परकीय वस्तुमें ममत्वबुद्धि न करना आदि सब 'अनभिध्या' है। इस विषयमें श्रुतिका आदेश है—

'सत्येन लभ्यस्तपसा ह्येष आत्मा सम्यग्ज्ञानेन ब्रह्मचर्येण नित्यम्

(मुण्डकोप० ३ । १।५

न येषु जिह्ममनृतं न माया च ।'

(प्रश्नोप० १ । १६

तात्पर्य यह है—जो मनुष्य कपट, कुटिलता और मिथ्या व्यवहारसे रहित एवं तप और सत्यादिसे अलंकृत है, वह भगवत्कृपा और भगवान्—दोनोंका प्रियपात्र है।

(६) अनवसाद—

देश और कालकी विगुणता, नष्ट वस्तुके शोक आगामी भयसे मनमें जो संकोच (दैन्य) उत्पन्न होता है वह अवसाद है। देश, काल आदिका वैगुण्य रहनेपर भी मनमें दैन्यभावका उदय न होना 'अनवसाद' है।

'दैन्यविपर्ययोऽनवसादः ।'

(सर्वदर्शनसं० ४ । ४७

इस विषयमें श्रुति कहती है—

'नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः'

(कठोप० १ । २ । २३

अर्थात् मनोबलहीन मानव भगवत्कृपाका अनुभव नहीं कर सकता।

(७) अनुद्धर्ष—

'तद्विपर्ययजा तुष्टिरनुद्धर्षः ।'

(सर्वदर्शनसं० ४ । ४७

वाक्यकारके मतानुसार भगवत्-स्मरणमें संतोष—तृप्ति न रखना, सदा अतृप्त रहना 'अनुद्धर्ष' है।

विशेष भगवत्कृपा-प्राप्तिके लिये साधकोंको उपर्युक्त सातों साधनोंको धारण करना चाहिये। इसीमें मनुष्य जीवनका परम श्रेय है।

भगवत्कृपा और उसकी प्राप्तिके साधन

(डॉ० महम्मद हाफिज सैयद, एम० ए०, पी-एच्० डी०)

लोगोंको हम भगवत्कृपाके विषयमें अनर्गलरूपसे बातें करते हुए सुनते हैं । वे यह समझनेकी चेष्टा नहीं करते कि वस्तुतः इसका तात्पर्य क्या है और यह कैसे प्राप्त हो सकती है । यथार्थमें भगवत्कृपा क्या वस्तु है, यह समझनेके पहले हमें भगवत्स्वरूप और भगवत्कृपा प्राप्त करानेवाले अनिवार्य नियमोंको समझना है ।

संसारमें जब-जब लोग पापमें रत होने लगते हैं, तब-तब भगवान् श्रीकृष्ण धर्मकी रक्षा और दुष्कृतियोंके उद्धारके लिये अवतार लेते हैं । भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं—'सब प्राणियोंके लिये मैं एक-सा हूँ । मेरे लिये न तो कोई द्वेष्य है, न प्रिय । जो भक्तिभावसे मेरा भजन करते हैं, वे मुझमें हैं और मैं उनमें हूँ'[1] ।' इस प्रकार हम देखते हैं कि यद्यपि भगवान् सबके प्रति एक-सा भाव रखते हैं, तथापि उनका ध्यान उसी मनुष्यकी ओर आकर्षित होता है, वे उसीको अपनी विशेष कृपा प्रदान करते हैं, जो कठिन अभ्यास तथा परम श्रद्धा, आत्मसंयम और आत्मशुद्धिद्वारा अथवा व्याकुलतासे अपनेको कृपाका अधिकारी बना लेता है । हाँ, भगवत्कृपाका पात्र हमें स्वयं बनना पड़ेगा ।

भगवत्कृपा-प्राप्तिका यह अधिकार पानेके लिये हमें क्या करना चाहिये ? इसका उत्तर यह है कि हमको निरन्तर उनका चिन्तन करना होगा, उनके दिव्य गुणोंका ध्यान करना होगा, उनके पथपर आत्मसमर्पण कर देना होगा और श्रद्धा-विश्वासपूर्वक निरन्तर प्रार्थना करनी होगी कि 'हे प्रभो ! हमारे जीवनको पलट दो, हमको अन्धकारसे प्रकाशकी ओर ले चलो ।'

छान्दोग्य-उपनिषद्का कथन है कि मनुष्य भावनासे बना है, वह जैसी भावना करता है, वैसा ही बनता है ।

मनःप्रेरित परिवर्तनका यह सर्वमान्य सिद्धान्त कहीं भी विपर्ययको नहीं प्राप्त होता । निरन्तर भगवान्‌का चिन्तन करनेसे उनका ध्यान हमारी ओर आकर्षित होगा और हम इस प्रकार उनके अनुग्रहके सुपात्र बन सकेंगे ।

सांसारिक चिन्तन और अभिलाषाओंसे अपने मनको हटानेका एक उपाय यह है कि हम बारंबार अपने-आपसे पूछें कि हम कहाँ हैं और किसके विषयमें सोच रहे हैं । शान्तचित्त होते ही हम बरबस इस परिणामपर पहुँचेंगे कि हम प्रायः क्षणिक सांसारिक वस्तुओंकी अभिलाषा और उनके चिन्तनमें ही पड़े रहते हैं तथा उस निर्विकार, आनन्दके आदिकारण परम प्रिय प्रभुकी ओर ध्यान ही नहीं देते ।

अतएव करना यह है कि हम सांसारिक वस्तुओंकी क्षणभङ्गुरता और जीवनकी परिवर्तनशील अवस्थाओंका ध्यानपूर्वक अवलोकन करते हुए अपने आचरणको व्यसन-शून्य और विवेकपूर्ण बनायें । वस्तुओंकी आपातरमणीयतापर आसक्तिपूर्वक ध्यान न दें । वे सामने आनेपर कितनी ही महत्त्वपूर्ण क्यों न लगें, जब हमको पूर्ण और अडिग विश्वास हो जायगा कि यह दीख पड़नेवाला बाह्य संसार आदि-अन्तवाला, दुःखयोनि तथा निरन्तर परिवर्तनशील है—अतएव मिथ्या है, तब हमारा मन स्वभावतः इससे भाग खड़ा होगा और निरन्तर संसारमें चिपके रहनेके बदले हम अपने आत्माके यथार्थ स्रोतकी ओर अपने-आपको पूर्णतया मोड़ देंगे, जो सत्-चित् और आनन्दस्वरूप है ।

हमको यह निश्चयपूर्वक जान लेना चाहिये कि मानव-जातिके उद्धारक महापुरुष, वे पूर्ण आत्मा, जिनको हम ऋषि, मुनि, संत, संन्यासी, देवदूत आदि नामोंसे पुकारते हैं, हमको अपने चरणोंमें लेनेके लिये तथा हमारी सहायता और मार्गप्रदर्शन करके हमारे लक्ष्य-स्थानकी ओर ले जानेके लिये उससे कहीं अधिक आतुर होते हैं, जितना कि हम उनकी कृपा और सांनिध्य-प्राप्तिके लिये आतुर होते हैं ।

निष्कर्ष यह है कि भगवत्कृपा किसी व्यक्ति-विशेषको दैवी-पुरुषोंके पक्षपातसे नहीं मिलती, अपितु यह स्वयं हमारे अन्तःकरणकी अनवरत अभिलाषा तथा जीवनकी पूर्णता और मुक्तिके उच्च आदर्शके प्रति हमारी श्रद्धाके फलस्वरूप हमको प्राप्त होती है । जब हम परमार्थ-साधनाद्वारा अपनेको अधिकारी बनाते हैं, तब भगवान्‌की या गुरुकी कृपासे बिना किसी विघ्न-बाधाके हम निश्चय ही अनुगृहीत होते हैं ।

---

१. समोऽहं सर्वभूतेषु न मे द्वेष्योऽस्ति न प्रियः । ये भजन्ति तु मां भक्त्या मयि ते तेषु चाप्यहम् ॥ (गीता ९ । २९)

भगवत्कृपाका अनुभव कैसे हो ?
[एक वीतराग संतका सदुपदेश]

प्रश्नकर्ता—महाराजजी ! हमें भगवत्कृपाकी प्राप्ति एवं अनुभव कैसे हो ? इसके लिये क्या करना आवश्यक है ? कृपया बतलाइये ।

संतजी—भगवत्कृपाका अनुभव करनेके लिये निम्नलिखित बातोंपर ध्यान देना चाहिये—

(१) हमें नित्य-प्रति शुद्ध कूप-जल अथवा किसी नदीके पवित्र जलसे स्नान करना चाहिये और फिर द्विजाति हो तो संध्या-वन्दन, गायत्री-जप अन्यथा वर्ण-धर्मानुसार भजन-पूजन, पाठ आदि करना चाहिये ।

(२) हमें अपने-अपने वर्णाश्रम-धर्मके अनुसार शास्त्रोक्त कर्तव्यकर्म करते हुए मर्यादानुसार अपना जीवन-यापन करना चाहिये । अपने वर्णाश्रम-धर्मके विरुद्ध कोई कार्य कभी नहीं करना चाहिये ।

(३) हमें कल्पित मतान्तरोंके चक्करमें न फँसकर अनादिकालसे चले आ रहे सत्य सनातनधर्मकी ही शरणमें रहना चाहिये ।

(४) भूलकर भी कभी चाय, तम्बाकू, भाँग, बीड़ी, सिगरेट, अण्डे, मांस, मछली, प्याज, लहसुन आदि मादक एवं अभक्ष्य वस्तुओंका प्रयोग नहीं करना चाहिये । बाजारकी चाट-पकौड़ी खाना एवं होटलोंमें भोजन आदि करना सर्वथा निषिद्ध समझना चाहिये । हिंसात्मक डॉक्टरी दवाओंका प्रयोग सर्वथा बंद कर देना चाहिये ।

(५) अहर्निश श्रीराम, श्रीकृष्ण, श्रीशिव आदि किसी भी परम पवित्र भगवन्नामका जप करते-कराते रहना चाहिये ।

(६) समय-समयपर पतितपावनी भागीरथी श्रीगङ्गाजी, श्रीयमुनाजी, श्रीसरयूजी, श्रीनर्मदाजी, श्रीत्रिवेणीजी आदिका दर्शन और उनमें स्नान करते रहना चाहिये ।

(७) पूज्य प्रातःस्मरणीय गौ, ब्राह्मण और संतोंकी प्राणपणसे रक्षा और सेवा करके इनका शुभाशीर्वाद प्राप्त करना चाहिये ।

(८) सच्चे संत-महात्माओंका सत्सङ्ग करना चाहिये, कथा-कीर्तनमें अवश्य भाग लेना चाहिये और नियमपूर्वक देव-मन्दिरोंमें जाकर भगवद्दर्शन करना चाहिये ।

(९) पर-स्त्री और पर-धनकी ओर आँख उठाकर भी नहीं देखना चाहिये, इनसे दूर रहना चाहिये ।

(१०) एकादशीका व्रत अवश्य रखना चाहिये । जहाँ गङ्गाजी निकट हों, वहाँ पूर्णिमाको गङ्गा-स्नान और श्रीसत्यनारायणकी कथा अवश्य सुननी चाहिये ।

(११) तीर्थोंमें जाकर हमसे कोई पाप न बन जाय, इस बातका पूरा-पूरा ध्यान रखना चाहिये ।

(१२) सैकड़ों नकली, पाखण्डी अवतारोंकी इस समय भारतमें बाढ़-सी आयी हुई है, जो अपनेको साक्षात् भगवान्‌का अवतार बताते हैं । इस प्रकार वे देशको व्यभिचारकी भट्ठीमें झोंक रहे हैं । ऐसे पापी, पाखण्डी और दुराचारी लोगोंके मायाजालसे बचना-बचाना चाहिये ।

(१३) भूलकर भी कभी वेश्या-नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमके नामपर होनेवाले युवतियोंके नृत्य, नाटक आदि नहीं देखने चाहिये और न कभी इनमें भाग लेना चाहिये । सिनेमाने युवक-युवतियोंका जो भीषण पतन किया है, उसकी कोई सीमा नहीं है । हमें इस पतनकारी व्यसनसे अपने-आपको एवं अपनी संतानोंको अवश्य बचाना चाहिये ।

(१४) अश्लील पुस्तकें, सस्ते-बाजारू उपन्यास, गंदे पत्र-पत्रिकाएँ एवं धर्म-विरोधी साहित्यको भूलकर भी नहीं पढ़ना चाहिये ।

(१५) तुलसी, पीपल, बिल्व, आँवला, वट आदिका दर्शन-पूजन करते रहना चाहिये । इन वृक्षोंको भूलकर भी नहीं काटना चाहिये ।

(१६) चीनी-मिट्टी या काँचके प्याली-प्लेटोंमें, मेज-कुर्सियोंपर बैठकर, खाटपर या पलँगपर बैठकर, एक थालीमें सबके साथ जूठा, जूते पहने, बिना स्नान किये अथवा खड़े-खड़े भोजन नहीं करना चाहिये । रजस्वला स्त्री एवं गोभक्षकोंके हाथका बना भोजन कभी भी न करना चाहिये ।

(१७) खड़े-खड़े मूत्र-त्याग करना, टट्टीके गंदे हाथ शुद्ध मिट्टीसे न धोकर गाय और सूअरकी चर्बीसे बने गंदे साबुनसे धोना, गंदे साबुनको शरीरमें लगाकर स्नान करना तथा अपने सिरकी पवित्र चोटीको काटकर फेंक देना आदि धर्मविरुद्ध एवं मूर्खतापूर्ण कृत्योंका सर्वथा त्याग कर देना चाहिये ।

भगवत्कृपाका अनुभव करनेके लिये उपर्युक्त बातें सर्वप्रथम पालनीय हैं । इन बातोंपर हम सबको ध्यान देना चाहिये और अपने वर्णाश्रम-धर्मानुसार जीवन-यापन करना चाहिये ।

(प्रेषक—भक्त श्रीरामशरणदासजी)

भगवत्कृपा और भक्त

(नित्यलीलालीन परमश्रद्धेय भाईजी श्रीहनुमानप्रसादजी पोद्दार)

बहुत-से लोगोंकी ऐसी धारणा है कि जब भगवान्की कृपा होती है, तब धन, ऐश्वर्य, स्त्री, पुत्र, मान, कीर्ति और शरीर-सम्बन्धी अनेकानेक भोगोंकी प्राप्ति होती है। जिन लोगोंके पास भोगोंका बाहुल्य है—बस, केवल उन्हींपर भगवान्की कृपा है या भगवत्कृपा उनपर है, जिनकी विपत्तिको भगवान् टाल देते हैं। भगवत्कृपाका इस प्रकार क्षुद्र अर्थ करनेवाले लोग बड़े ही दयाके पात्र हैं, ऐसे लोगोंको भगवत्कृपाका यथार्थ अनुभव नहीं है।

वास्तवमें सम्पत्ति या विपत्तिसे भगवत्कृपाका पता नहीं लग सकता। वह नित्य है, अपार है और संसारके समस्त प्राणियोंपर उस कृपा-सुधाकी अनवरत वर्षा हो रही है। जो उसका यथार्थ अनुभव न कर केवल विषयोंकी प्राप्तिको ही भगवत्कृपा समझते हैं, वे ही लोग विषयोंके नाश या अभावमें भगवान्पर पक्षपात, अन्याय और कृपालु न होनेका कलङ्क मढ़ा करते हैं। सच्ची बात तो यह है कि भगवान्का कोई भी विधान कृपासे शून्य नहीं होता, कृपा करना तो उनका सहज स्वभाव है। पापी प्राणीके दण्ड-विधानमें भी वे अपनी कृपाका समावेश कर देते हैं। यह दूसरा प्रश्न है कि उनकी कृपाका स्वरूप कैसा होता है? इसमें कोई संदेह नहीं कि कृपाका भीतरी स्वरूप तो सदा ही सरस, मनोहर और मधुर होता है; परंतु बाहरसे वह कभी—'सुन्दरं सुन्दराणाम्' (सुन्दरसे सुन्दर) स्वरूपमें दर्शन देती है तो कभी 'भीषणं भीषणानाम्' (महानिर्वाणतन्त्र ३। ६१) (भयानकसे भयानक) रूपमें प्रकट होती है। किसी समय उसका रूप 'मृदूनि कुसुमादपि' (पुष्पसे अधिक कोमल) होता है तो किसी समय 'वज्रादपि कठोराणि' (वज्रसे भी अधिक कठोर) होता है। जिन विवेकी और कल्याणकामी पुरुषोंने विषयोंकी प्राप्तिके लिये भगवान्को साधन नहीं बना रखा है, जो सच्चे त्यागी और प्रेमी हैं, वे तो इन दोनों रूपोंमें उस 'अनुरूप'की अनोखी अनुकम्पाका दर्शन कर कृतार्थ होते हैं, परंतु जो अल्पबुद्धि प्राणी आपातरमणीय विषयोंको ही एकमात्र सुखका साधन मानते हैं, वे अपरिणामदर्शी और अविवेकी मनुष्य भगवत्कृपाके मनोहर रूपको देखकर तो अत्यन्त आह्लादित होते हैं और उसके भीषण रूपको देखकर भयसे काँप उठते हैं।

किसी अबोध बालकके एक जहरीला फोड़ा हो गया, उसे असहनीय वेदना है, बालककी माताने डॉक्टरको बुलवाया, डॉक्टरने चीरा लगवानेका परामर्श देते हुए कहा कि 'यदि बहुत शीघ्र शल्यक्रिया (ऑपरेशन) नहीं की जायगी तो फोड़ेका विष समस्त शरीरमें फैल जायगा और ऐसा होनेसे बालकके मर जानेकी सम्भावना है।' माताने बालकका हित समझकर चीरा लगवाना स्वीकार किया। डॉक्टर साहब चीरा देने लगे। उस समय उस अपरिणामदर्शी अबोध बालकने क्षणिक वेदनासे व्यथित होकर बड़े जोर-जोरसे रोना आरम्भ कर दिया और चीरा दिलवानेवाली माताको प्रत्यक्ष शत्रु समझकर बुरी-भली कहने लगा—

> जदपि प्रथम दुख पावइ रोवइ बाल अधीर।
> ब्याधि नास हित जननी गनति न सो सिसु पीर॥
>
> (मानस ७। ७४ क)

माताने बालकके रोने और बकनेकी कोई परवाह नहीं की, उसे और भी बलपूर्वक पकड़ लिया, शल्यक्रिया पूरी हुई, चीरा लगाते ही अंदरका सारा विष बाहर निकल पड़ा, बालककी वेदना मिट गयी और वह सुखपूर्वक सो गया। बालक अज्ञानसे चीरा लगवानेमें रोता है और समझदार लोग जान-बूझकर चीरा लगवाते हैं। बस, इसी दृष्टान्तके अनुसार—

> तिमि रघुपति निज दास कर हरहिं मान हित लागि।
> तुलसिदास ऐसे प्रभुहिं कस न भजहु भ्रम त्यागि॥
>
> (मानस ७। ७४ ख)

भगवान् भी अपने प्यारे भक्तके समस्त आन्तरिक दोषोंको निकालकर बाहर फेंक देनेके लिये समय-समयपर शल्यक्रिया (ऑपरेशन) किया करते हैं, उस समय सांसारिक संकटोंका पार नहीं रहता, परंतु इस सारी रुद्र-लीलामें कारण होती है—केवल एक भक्तकी आत्यन्तिक हित-चिन्ता। जिस प्रकार दयामयी जननी अपने प्यारे बच्चेके अङ्गका सड़ा हुआ अंश कटवाकर फेंक देती है, उसी प्रकार भगवान् भी अपने प्यारे बच्चोंकी हितकामनासे उनके अंदरके विषय-विषको निकालकर फेंक दिया करते हैं। ऐसी अवस्थामें परिणामदर्शी विश्वासी भक्तोंको तो आनन्द होता है और विषयासक्त अज्ञानी मनुष्य रो[illegible] करते हैं।

जिस समय भगवान् वामनने अनुग्रहपूर्वक विराट्-स्वरूप धारण कर भक्त बलिको बाँध लिया और इन बन्धनोंको बलिने भगवान्का परम अनुग्रह माना, उस समय बलिके पितामह परम भक्त प्रह्लादजी वहाँ आये। भगवत्कृपाका मर्म जाननेवाले प्रह्लादजीने आते ही भगवान्से कहा—'हे भगवन्! आपने ही इसको यह समृद्धिसम्पन्न इन्द्रपद दिया था और इस समय आपने ही इसको हर लिया, मेरी समझसे आपने इसे राज्यलक्ष्मीसे भ्रष्ट करके इसपर बड़ा अनुग्रह किया। लक्ष्मीको पाकर मनुष्य अपनेको भूल जाता है। जिस लक्ष्मीसे विद्वान् और संयमी पुरुष भी मोहित हो जाते हैं, उस लक्ष्मीके रहते हुए कौन पुरुष आत्मतत्त्वको यथार्थरूपसे जान सकता है। अतएव आपने हमपर बड़ी दया की।' यह है भक्तके विश्वासकी वाणी! यह है अशुभमें भी शुभका दर्शन!! और यह है भक्तोंका भगवान्पर दृढ़ विश्वास!!!

भगवान्ने भी प्रह्लादके इस कथनका समर्थन करते हुए कहा—'मैं जिसपर कृपा करता हूँ, उसका धन-वैभव पहले हर लेता हूँ; क्योंकि मनुष्य धन-सम्पत्ति और ऐश्वर्यके मदसे मतवाला होकर समस्त जीवोंका और मेरा निरादर करता है।'

जिस धन-सम्पत्तिसे इतना अनर्थ होता है, केवल उसीकी प्राप्तिमें परमात्माकी कृपा मानना कितनी बड़ी भूल है; परंतु भगवान्के उपर्युक्त वचनोंसे कोई यह समझकर न काँप उठे कि भगवान् तो अपने भक्तोंके धन-ऐश्वर्यका नाश ही किया करते हैं। यह बात नहीं है। विभीषणको लंकाका अटल राज्य, ध्रुवको अचल सम्पत्ति और दरिद्र सुदामाको अतुल ऐश्वर्य भगवान्ने ही तो दिया था। जैसी अवस्था होती है, वैसी ही व्यवस्था की जाती है।

एक सद्वैद्य रोगीके रोगका निदान कर उसे वही औषध देता है, जो उसके रोगका नाश करनेवाली होती है, वह इस बातको नहीं देखता कि दवा कड़वी है या मीठी। रोगीके मनके अनुकूल है या प्रतिकूल। रोगीकी इच्छाकी वह कोई परवाह नहीं करता, रोगी कुपथ्य चाहता है तो वैद्य उसे डाँट देता है, उसके बकने-झकनेकी ओर कुछ भी ध्यान नहीं देता और उसके मनके सर्वथा विपरीत कड़वे क्वाथकी व्यवस्था करता है। वह दूसरे दवा बेचनेवालोंकी भाँति मूल्य प्राप्त होते ही मुँहमाँगी दवा नहीं दे देता, उसे चिन्ता रहती है रोगीके हिताहितकी। उसका केवल एक ही उद्देश्य होता है—रोगका समूल नाश कर देना। इसी प्रकार भगवान् भी अपने भक्तोंमेंसे जिसके जैसा रोग [illegible] उसके लिये वैसी ही ओषधिकी व्यवस्था करते हैं। अन्यान्य देवताओंकी भाँति मुँहमाँगा वरदान नहीं दे देते। उसकी इच्छा क्या है, इसका कोई खयाल नहीं करते, अपितु कई बार तो उसके मनके सर्वथा विपरीत कर देते हैं। एक बार भक्तराज नारदने मायासे मोहित होकर विवाह करना चाहा, भगवान्से प्रार्थना भी की; परंतु भगवान् जानते थे कि इससे उसका अहित होगा, यह भव-रोगीके लिये कुपथ्य है, इसलिये विवाह नहीं होने दिया। नारदको क्रोध हुआ, उन्होंने झुँझलाकर भगवान्को बहुत बुरा-भला कहा, शाप दे दिया। भगवान्ने भक्तके शापको सहर्ष ग्रहण कर लिया, परंतु उसे कर्तव्यच्युत नहीं होने दिया।

रोगमुक्त होकर मनुष्य जब कुछ बल प्राप्त कर लेता है, तब उसे सभी कुछ खाने-पीनेका अधिकार मिल जाता है, इसी प्रकार भवरोगसे मुक्त होकर भगवत्प्राप्ति कर लेनेपर उसको जब भगवान्के सर्वस्वका स्वामित्व प्राप्त हो जाता है, तब फिर उसे किस बातकी कमी रहती है और कौन-सी बाधा रहती है? मनुष्य भूलकर सांसारिक धन-ऐश्वर्यके लिये लालायित रहता है, यदि चेष्टा करके वह उन अतुल ऐश्वर्यशाली परमात्माको, जिनके एक अंशमें यह सारे ऐश्वर्योंसे भरा संसार महान् समुद्रमें एक बालूके कणके समान स्थित है—प्राप्त कर ले तो फिर उसे समस्त पदार्थ आप-से-आप ही प्राप्त हो जायँ। अस्तु,

राजा बलिने भगवत्कृपाके विकट स्वरूपसे न घबराकर उसका सादर स्वागत किया। बलिका समस्त धन-ऐश्वर्य हरण कर लिया गया, अग्नि-परीक्षा हुई; परंतु उस परीक्षामें उत्तीर्ण होनेके बाद भक्त बलिको उस रमणीय और समृद्धि-सम्पन्न सुतललोकका राज्य दिया गया, जिसकी देवता भी अभिलाषा करते हैं और जहाँ भगवत्कृपासे कभी आधि, व्याधि, भ्रान्ति, तन्द्रा, पराभव और किसी प्रकारका भी भौतिक उपद्रव नहीं होता। इतना ऐश्वर्य देकर ही भगवान् संतुष्ट नहीं हो गये, उन्होंने बलिको सावर्णि-मन्वन्तरमें इन्द्र होनेके लिये वर दिया और प्रह्लादसे बोले—'वत्स प्रह्लाद! तुम अपने पौत्रसहित सुतललोकमें जाकर लोगोंको सुख पहुँचाते हुए आनन्दसे रहो, वहाँ तुम मुझे सब समय हाथमें गदा लिये हुए बलिके द्वारपर देखोगे।' यों प्रभुने बलिके द्वारपर द्वारपाल होना स्वीकार किया और अन्तमें उसको अपना परम धाम प्रदान किया, क्या यह परम अनुग्रह नहीं है? भगवान्ने क्रमशः चार बार अवतार धारण करके हिरण्याक्ष-हिरण्यकशिपु, रावण-कुम्भकर्ण और शिशुपाल-दन्तवक्त्रका वध किया।

इसीलिये कि उनपर अनुग्रह था । ऋषि-शापसे भ्रष्ट अपने द्वारपाल जय-विजयको शापसे मुक्त करनेके लिये मृत्युसे अधिक भयानक बात और क्या हो सकती है ? परंतु भगवान्‌के द्वारा होनेवाली मृत्युमें भी उनकी कृपा भरी हुई होती है । दुष्टोंका नाश भगवान् क्यों करते हैं ? केवल उनके उद्धारके लिये, उन्हें पापोंसे मुक्त कर अपने सुख-शान्तिमय परमधाममें पहुँचानेके लिये । भक्तगण ही दिव्य-दृष्टिसे इसको देख पाते हैं ।

यह कोई नियम नहीं है कि भगवान्‌के भक्तपर कोई सांसारिक कष्ट न आये या उसे सांसारिक सुख सर्वथा ही न प्राप्त हो । समय-समयपर कर्मानुसार दोनोंकी ही प्राप्ति होती है, परंतु दोनोंमें ही भगवत्कृपाका विलक्षण समावेश रहता है । उस कृपाका यथार्थ दर्शन उन्हीं भाग्यवानोंको होता है, जो सुख-दुःखमें समचित्त होते हैं और जो परमात्मासे कुछ भी सांसारिक वस्तु न चाहकर उसकी अपार महिमा और अपनी भक्तिमें दोष नहीं आने देते । भक्त अपनी भक्तिसे और प्रेमी अपने प्रेमसे क्या चाहते हैं ? वही भक्ति और प्रेम ! वास्तवमें ऐसे भक्तोंके हृदयमें भगवत्प्रेमके प्रति ऐसा प्रबल आकर्षण होता है कि वे उसको पानेके लिये किसी भी विपत्तिको विपत्ति नहीं समझते ।

जो कभी संसारकी ओर ताकता है और कभी परमात्मा-की ओर, वह पूरा प्रेमी नहीं है । उसमें अभी भगवत्-प्रेमकी प्रबल उत्कण्ठा जाग्रत् नहीं हुई है । संसार रहे या जाय, घर उजड़े या बसे, किसी बातकी भी परवाह नहीं, परंतु प्रेममें कोई बाधा न आने पाये, यह है भक्तकी ऐकान्तिक प्रेमनिष्ठा ।

माता यदि छोटे शिशुको मारती है तो भी वह उसीकी गोदमें घुसता है और यदि वह पुचकारती है तो भी वह उसीके पास रहता है, माताकी गोदको छोड़कर शिशुको अन्यत्र कहीं चैन नहीं पड़ता । इसी प्रकार भक्तको भी अपने भगवान्‌को छोड़कर और कहीं विश्राम नहीं मिलता । चाहे मारें, चाहे प्यार करें ! भक्त एक क्षण भी उनके बिना रहना नहीं चाहता । सम्भव है कि भक्तपर विपत्तियों-के बादल चारों ओरसे मँडराने लगें, यह भी सम्भव है कि उसका समस्त जीवन केवल सांसारिक विपत्तियोंमें ही बीते और एक क्षणके लिये भी विपत्तिका अभाव न हो, तथापि उसका मन उस प्रेमानन्दमें इतना मग्न रहता है कि भूलकर भी उसे भगवत्कृपाके सम्बन्धमें कभी किंचित् भी संदेह नहीं होता ।

चातकपर यदि उसका प्रियतम मेघ पत्थरोंकी वर्षा करे तो क्या वह मेघसे प्रेम करना छोड़ देता है ? क्या उसके प्रेममें कुछ भी अन्तर पड़ता है ? गोस्वामी तुलसीदासजी कहते हैं—

> उपल बरषि गरजत तरजि डारत कुलिस कठोर ।
> चितव कि चातक मेघ तजि कबहुँ दूसरी ओर ॥
> (दोहावली २८३)

भयानक वज्रपातसे उसके प्राण भले ही चले जायँ, परंतु प्रेमी चातक दूसरी ओर नहीं ताकता । इसी प्रकार भक्त भी नित्य निश्चिन्त होकर रहता है । उसे न तो दुःखोंमें उद्वेग होता है और न सुखोंकी स्पृहा रहती है । भगवान् कहते हैं—

> यो न हृष्यति न द्वेष्टि न शोचति न काङ्क्षति ।
> शुभाशुभपरित्यागी भक्तिमान् यः स मे प्रियः ॥
> (गीता १२ । १७)

'जो न कभी हर्षित होता है, न द्वेष करता है, न शोच करता है और न किसी प्रकारकी आकाङ्क्षा करता है—जो शुभाशुभ दोनोंका त्यागी है, वह भक्तिमान् (पुरुष) मुझको प्रिय है ।'

इस प्रकार भक्त, जैसे सम्पत्तिमें प्रभुकी मूर्ति देखकर संदेह-शून्य रहता है, वैसे ही विपत्तिमें भी उन्हींकी मनो-मोहिनी मधुर छविका दर्शन कर निःसंशय रहता है ।

इसमें कोई संदेह नहीं कि लौकिक दृष्टिसे समय-समयपर भगवत्कृपाका स्वरूप बड़ा ही भीषण होता है । प्रह्लाद अग्निमें डाला जाता है, मीराको विषका प्याला दिया जाता है, सदनके हाथ काटे जाते हैं और बेंतोंकी मारके कारण हरिदासकी पीठसे खून बहने लगता है, परंतु धन्य है उन प्रेमी और प्रेमके उपासक भक्तोंको, जो प्रत्येक अवस्थामें शान्त और निश्चिन्त देखे जाते हैं ! उनकी स्थिरतामें तिलभर भी अन्तर नहीं पड़ता । कितने अगाध विश्वास और भरोसेकी बात है यह ! एक छोटा-सा

जिस समय भगवान् वामनने अनुग्रहपूर्वक विराट्-स्वरूप धारण कर भक्त बलिको बाँध लिया और इन बन्धनोंको बलिने भगवान्का परम अनुग्रह माना, उस समय बलिके पितामह परम भक्त प्रह्लादजी वहाँ आये। भगवत्कृपाका मर्म जाननेवाले प्रह्लादजीने आते ही भगवान्से कहा—'हे भगवन्! आपने ही इसको यह समृद्धिसम्पन्न इन्द्रपद दिया था और इस समय आपने ही इसको हर लिया, मेरी समझसे आपने इसे राज्यलक्ष्मीसे भ्रष्ट करके इसपर बड़ा अनुग्रह किया। लक्ष्मीको पाकर मनुष्य अपनेको भूल जाता है। जिस लक्ष्मीसे विद्वान् और संयमी पुरुष भी मोहित हो जाते हैं, उस लक्ष्मीके रहते हुए कौन पुरुष आत्मतत्त्वको यथार्थरूपसे जान सकता है। अतएव आपने हमपर बड़ी दया की।' यह है भक्तके विश्वासकी वाणी! यह है अशुभमें भी शुभका दर्शन!! और यह है भक्तोंका भगवान्पर दृढ़ विश्वास!!!

भगवान्ने भी प्रह्लादके इस कथनका समर्थन करते हुए कहा—'मैं जिसपर कृपा करता हूँ, उसका धन-वैभव पहले हर लेता हूँ; क्योंकि मनुष्य धन-सम्पत्ति और ऐश्वर्यके मदसे मतवाला होकर समस्त जीवोंका और मेरा निरादर करता है।'

जिस धन-सम्पत्तिसे इतना अनर्थ होता है, केवल उसीकी प्राप्तिमें परमात्माकी कृपा मानना कितनी बड़ी भूल है; परंतु भगवान्के उपर्युक्त वचनोंसे कोई यह समझकर न काँप उठे कि भगवान् तो अपने भक्तोंके धन-ऐश्वर्यका नाश ही किया करते हैं। यह बात नहीं है। विभीषणको लंकाका अटल राज्य, ध्रुवको अचल सम्पत्ति और दरिद्र सुदामाको अतुल ऐश्वर्य भगवान्ने ही तो दिया था। जैसी अवस्था होती है, वैसी ही व्यवस्था की जाती है।

एक सद्वैद्य रोगीके रोगका निदान कर उसे वही औषध देता है, जो उसके रोगका नाश करनेवाली होती है, वह इस बातको नहीं देखता कि दवा कड़वी है या मीठी। रोगीके मनके अनुकूल है या प्रतिकूल। रोगीकी इच्छाकी वह कोई परवाह नहीं करता, रोगी कुपथ्य चाहता है तो वैद्य उसे डाँट देता है, उसके बकने-झकनेकी ओर कुछ भी ध्यान नहीं देता और उसके मनके सर्वथा विपरीत कड़वे क्वाथकी व्यवस्था करता है। वह दूसरे दवा बेचनेवालोंकी भाँति मूल्य प्राप्त होते ही मुँहमाँगी दवा नहीं देता, उसे चिन्ता रहती है रोगीके हिताहितकी। उसका केवल एक ही उद्देश्य होता है—रोगका समूल नाश कर देना। इसी प्रकार भगवान् भी अपने भक्तोंमेंसे जिसके जैसा रोग होता है, उसके लिये वैसी ही ओषधिकी व्यवस्था करते हैं। अन्यान्य देवताओंकी भाँति मुँहमाँगा वरदान दे देते। उसकी इच्छा क्या है, इसका कोई ख्याल न करते, अपितु कई बार तो उसके मनके सर्वथा विपरीत कर देते हैं। एक बार भक्तराज नारदने मायासे मोहित होकर विवाह करना चाहा, भगवान्से प्रार्थना भी की; परंतु भगवान् जानते थे कि इससे उसका अहित होगा, यह भव-रोगीके लिये कुपथ्य है, इसलिये विवाह नहीं होने दिया। नारदको क्रोध हुआ, उन्होंने झुँझलाकर भगवान्को बहुत बुरा-भला कहा, शाप दे दिया। भगवान्ने भक्तके शापको सहर्ष स्वीकार कर लिया, परंतु उसे कर्तव्यच्युत नहीं होने दिया।

रोगमुक्त होकर मनुष्य जब कुछ बल प्राप्त कर लेता है, तब उसे सभी कुछ खाने-पीनेका अधिकार मिल जाता है। इसी प्रकार भवरोगसे मुक्त होकर भगवत्प्राप्ति कर लेनेपर उसको जब भगवान्के सर्वस्वका स्वामित्व प्राप्त हो जाता है, तब फिर उसे किस बातकी कमी रहती है और कौन बाधा रहती है? मनुष्य भूलकर सांसारिक धन-ऐश्वर्यके लिये लालायित रहता है, यदि चेष्टा करके वह उस अतुल ऐश्वर्यशाली परमात्माको, जिनके एक अंशमें यह सब ऐश्वर्योंसे भरा संसार महान् समुद्रमें एक बालूके कणके समान स्थित है—प्राप्त कर ले तो फिर उसे समस्त पदार्थ आप-से-आप ही प्राप्त हो जायँ। अस्तु,

राजा बलिने भगवत्कृपाके विकट स्वरूपसे न घबराकर उसका सादर स्वागत किया। बलिका समस्त धन-ऐश्वर्य हरण कर लिया गया, अग्नि-परीक्षा हुई; परंतु उस परीक्षामें उत्तीर्ण होनेके बाद भक्त बलिको उस रमणीय और समृद्धि-सम्पन्न सुतललोकका राज्य दिया गया, जिसकी देवता भी अभिलाषा करते हैं और जहाँ भगवत्कृपासे कभी आधि, व्याधि, भ्रान्ति, तन्द्रा, पराभव और किसी प्रकारका भी भौतिक उपद्रव नहीं होता। इतना ऐश्वर्य देकर ही भगवान् संतुष्ट नहीं हो गये, उन्होंने बलिको सावर्णि-मन्वन्तरमें इन्द्र होनेके लिये वर दिया और प्रह्लादसे बोले—'वत्स प्रह्लाद! तुम अपने पौत्रसहित सुतललोकमें जाकर लोगोंको सुख पहुँचाते हुए आनन्दसे रहो, वहाँ तुम मुझे सब समय हाथमें गदा लिये हुए बलिके द्वारपर देखोगे।' यों प्रभुने बलिके द्वारपर द्वारपाल होना स्वीकार किया और अन्तमें उसको अपना परम धाम प्रदान किया, क्या यह परम अनुग्रह नहीं है? भगवान्ने क्रमशः चार बार अवतार धारण करके हिरण्याक्ष-हिरण्यकशिपु, रावण-कुम्भकर्ण और शिशुपाल-दन्तवक्त्रका वध किया।

सीलिये कि उनपर अनुग्रह था। ऋषि-शापसे भ्रष्ट अपने द्वारपाल जय-विजयको शापसे मुक्त करनेके लिये मृत्युसे अधिक भयानक बात और क्या हो सकती है? परंतु भगवान्‌के द्वारा होनेवाली मृत्युमें भी उनकी कृपा भरी हुई होती है। दुष्टोंका नाश भगवान् क्यों करते हैं? केवल उनके उद्धारके लिये, उन्हें पापोंसे मुक्त कर अपने सुख-शान्तिमय परमधाममें पहुँचानेके लिये। भक्तगण ही दिव्य-दृष्टिसे इसको देख पाते हैं।

यह कोई नियम नहीं है कि भगवान्‌के भक्तपर कोई सांसारिक कष्ट न आये या उसे सांसारिक सुख सर्वथा ही न प्राप्त हो। समय-समयपर कर्मानुसार दोनोंकी ही प्राप्ति होती है, परंतु दोनोंमें ही भगवत्कृपाका विलक्षण समावेश रहता है। उस कृपाका यथार्थ दर्शन उन्हीं भाग्यवानोंको होता है, जो सुख-दुःखमें समचित्त होते हैं और जो परमात्मासे कुछ भी सांसारिक वस्तु न चाहकर उसकी अपार महिमा और अपनी भक्तिमें दोष नहीं आने देते। भक्त अपनी भक्तिसे और प्रेमी अपने प्रेमसे क्या चाहते हैं? भक्ति और प्रेम! वास्तवमें ऐसे भक्तोंके हृदयमें भगवत्प्रेमके प्रति ऐसा प्रबल आकर्षण होता है कि उसको पानेके लिये किसी भी विपत्तिको विपत्ति नहीं समझते।

जो कभी संसारकी ओर ताकता है और कभी परमात्मा-की ओर, वह पूरा प्रेमी नहीं है। उसमें अभी भगवत्-की प्रबल उत्कण्ठा जाग्रत् नहीं हुई है। संसार रहे या जाय, उजड़े या बसे, किसी बातकी भी परवाह नहीं, परंतु प्रेममें बाधा न आने पाये, यह है भक्तकी ऐकान्तिक प्रेमनिष्ठा।

माता यदि छोटे शिशुको मारती है तो भी वह उसीकी गोदमें घुसता है और यदि वह पुचकारती है तो भी वह उसीके पास रहता है, माताकी गोदको छोड़कर शिशुको अन्यत्र कहीं चैन नहीं पड़ता। इसी प्रकार भक्तको भी अपने भगवान्‌को छोड़कर और कहीं विश्राम नहीं मिलता। चाहे मारें, चाहे प्यार करें! भक्त एक क्षण भी उनके बिना रहना नहीं चाहता। सम्भव है कि भक्तपर विपत्तियों-[illegible] चारों ओरसे मँडराते रहें, यह भी सम्भव है कि उसका समस्त जीवन केवल सांसारिक विपत्तियोंमें ही बीते और एक क्षणके लिये भी विपत्तिका अभाव न हो, तथापि उसका मन उस प्रेमानन्दमें इतना मग्न रहता है कि भूलकर भी उसे भगवत्कृपाके सम्बन्धमें कभी किंचित् भी संदेह नहीं होता।

चातकपर यदि उसका प्रियतम मेघ पत्थरोंकी वर्षा करे तो क्या वह मेघसे प्रेम करना छोड़ देता है? क्या उसके प्रेममें कुछ भी अन्तर पड़ता है? गोस्वामी तुलसीदासजी कहते हैं—

> उपल बरसि गरजत तरजि डारत कुलिस कठोर।
> चितव कि चातक मेघ तजि कबहुँ दूसरी ओर॥
>
> (दोहावली २८३)

भयानक वज्रपातसे उसके प्राण भले ही चले जायँ, परंतु प्रेमी चातक दूसरी ओर नहीं ताकता। इसी प्रकार भक्त भी नित्य निश्चिन्त होकर रहता है। उसे न तो दुःखोंमें उद्वेग होता है और न सुखोंकी स्पृहा रहती है। भगवान् कहते हैं—

> यो न हृष्यति न द्वेष्टि न शोचति न काङ्क्षति।
> शुभाशुभपरित्यागी भक्तिमान् यः स मे प्रियः॥
>
> (गीता १२। १७)

'जो न कभी हर्षित होता है, न द्वेष करता है, न शोच करता है और न किसी प्रकारकी आकाङ्क्षा करता है—जो शुभाशुभ दोनोंका त्यागी है, वह भक्तिमान् (पुरुष) मुझको प्रिय है।'

इस प्रकार भक्त, जैसे सम्पत्तिमें प्रभुकी मूर्ति देखकर संदेह-शून्य रहता है, वैसे ही विपत्तिमें भी उन्हींकी मनो-मोहिनी मधुर छविका दर्शन कर निःसंशय रहता है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि लौकिक दृष्टिसे समय-समयपर भगवत्कृपाका स्वरूप बड़ा ही भीषण होता है। प्रह्लाद अग्निमें डाला जाता है, मीराको विषका प्याला दिया जाता है, सदनके हाथ काटे जाते हैं और बेंतोंकी मारके कारण हरिदासकी पीठसे खून बहने लगता है, परंतु धन्य है उन प्रेमी और प्रेमके उपासक भक्तोंको, जो प्रत्येक अवस्थामें शान्त और निश्चिन्त देखे जाते हैं! 'उनकी स्थिरतामें तिलभर भी अन्तर नहीं पड़ता।' [illegible] विश्वास और भरोसेकी बात है यह। [illegible]

काँटा चुभ जानेपर चिल्लाहट मच जाती है—अग्निकी चिनगारीका स्पर्श होते ही मन तिलमिला उठता है; परंतु वे भक्तगण, जो परमात्माके प्रेमके लिये अपने-आपको खो चुकते हैं—बड़े चावसे सारी यातनाओं और क्लेशोंको सहते हैं। उन ईश्वरगत-प्राण भक्तोंको प्रेमके लिये न शूली-पर चढ़नेमें भय लगता है और न धधकती हुई अग्निमें कूदनेमें। प्रेमके लिये मस्तकको तो वे हाथोंमें लिये फिरा करते हैं—

प्रेम न बाड़ी नीपजै प्रेम न हाट बिकाय।
राजा परजा जेहि रुचै शीश देइ लै जाय॥

लोग कहते हैं—'देखो बेचारेको कितना कष्ट हो रहा है, बेचारेने सारे जीवन श्रीरामका नाम लिया, परंतु कभी सुखकी नींद नहीं सोया। आजकल भगवान्‌के यहाँ न्याय नहीं रहा। यह तो बेचारा चौबीसों घंटे भजन करता है और इसीपर दुःखोंके पहाड़ टूट पड़ते हैं।' लोगोंकी ऐसी भोली बातोंको सुनकर विपत्ति-सम्पत्तिको लात मारनेवाले वे भक्त मन-ही-मन हँसते हैं।

वे सांसारिक लोग इस बातको नहीं जानते कि भगवान् कभी किसीको कष्ट पहुँचाना नहीं चाहते। भक्तके सामने भगवान् जो दुःखोंका रूप प्रकट करते हैं, वह केवल उनके कल्याणके लिये ही। यदि केवल सुखमें ही भगवान्‌का रूप दीख पड़ता हो तो क्या दुःखमें उसका अभाव है? यदि सुखमें उनकी व्यापकता है तो दुःखमें भी है। कोई भी ऐसी अवस्था या कोई भी ऐसा पदार्थ नहीं कि जिसमें वे न हों। इसी बातको पूर्णरूपसे प्रकट करनेके लिये भगवान् भक्तोंके सामने अपने दोनों स्वरूप प्रकट करते हैं। जब भक्त इस प्रहेलिकाको समझ लेता है, तब वह सब तरहसे और सब ओरसे भगवान्‌को पहचान लेता है। साधारणलोग एक ओर देखते हैं, इसीसे वे सुखकी मूर्तिको देखकर हँसते हैं और दुःखकी मूर्तिको देखकर काँप उठते हैं; परंतु जो भक्त हैं, वे दोनोंमें ही उनको देख पाते हैं। इसीसे उनको न तो दुःखसे द्वेष है और न सुखसे अनुराग! दाहिना और बायाँ—दोनों उसीके तो हाथ हैं। भक्त किसी भी अवस्थामें इस ध्रुव-सत्यसे अपनी दृष्टि नहीं हटाते। प्रत्युत वे तो दूसरे लोगोंको दुःखोंसे घबराया हुआ जानकर भगवान्‌से उलटे यह प्रार्थना करते हैं—

न कामयेऽहं गतिमीश्वरात्परा-
मष्टर्द्धियुक्तामपुनर्भवं वा।
आर्तिं प्रपद्येऽखिलदेहभाजा-
मन्तःस्थितो येन भवन्त्यदुःखाः॥
(श्रीमद्भा० ९। २१। १२)

'हे नाथ! मैं (आप) परमेश्वरसे अणिमादि आठ सिद्धियोंसे युक्त गति या मुक्तिको नहीं चाहता। मेरी तो प्रार्थना है कि मैं ही सब प्राणियोंके अन्तःकरणमें स्थित होकर दुःख भोग करूँ। जिससे उन सबका दुःख दूर हो जाय।'

परम भक्त प्रह्लादने कातरकण्ठसे कहा था—'प्रभो! मेरा चित्त तो आपके चरित्रगानरूप सुधा-समुद्रमें निमग्न है, मुझे संसारसे कोई भय नहीं; परंतु मैं इन इन्द्रियोंके सुखोंमें लिप्त और भगवद्विमुख दीन अज्ञ बालकोंको छोड़कर अकेला मुक्त होना नहीं चाहता।'

यह है भक्तोंकी वाणी। संसारभरका दुःख अपने मस्तकपर उठानेको प्रस्तुत हैं। दीन-दुःखियोंका उद्धार हुए बिना अकेले अपना उद्धार नहीं चाहते। कष्ट देनेवालेके लिये भी भगवान्‌से क्षमा चाहते हैं। अपने कष्टोंकी तो परवाह नहीं। परवाह क्यों हो? उन्हें तो कष्टोंकी भीषण मूर्तिके अंदर उन सलोने श्यामसुन्दरकी नवघनश्याम मूर्तिका प्रत्यक्ष दर्शन होता है न! वे तो सब ओरसे अपना सारा अपनापन उन्हें सौंपकर तथा उनकी कृपा-सुधाकी अनन्त और शीतल धारामें अवगाहन कर कृतार्थ हो रहे हैं। उन्हें क्षण-क्षणमें भगवत्कृपाके दिव्य दर्शन होते हैं। इसीसे वे समस्त सुख और दुःखभारको केवल भगवत्प्रसाद समझकर सानन्द ग्रहण करते हैं। कोई स्थिति उन्हें विचलित नहीं कर सकती। वे उस परम लाभको पाकर नित्य उसीमें रमण करते हुए प्रेमके परमानन्दमें निमग्न रहते हैं। भगवान्‌ने कहा है—

यं लब्ध्वा चापरं लाभं मन्यते नाधिकं ततः।
यस्मिन्स्थितो न दुःखेन गुरुणापि विचाल्यते॥
(गीता ६। २२)

'(भक्त) परमात्माकी प्राप्तिरूप लाभको पाकर उससे अधिक दूसरा कुछ भी लाभ नहीं मानता और भगवत्प्राप्तिरूप अवस्थामें स्थित (वह) भक्त बड़े-से-बड़े दुःखसे भी चलायमान नहीं होता।'

भगवान् विष्णुकी कृपा

(लेखक—श्रीहरिकृष्णजी दुजारी)

(१)

देवर्षि नारद

पूर्वजन्ममें देवर्षि नारद दासी-पुत्र थे। माता वेदपाठी ब्राह्मणकी दासी थी। एक बार कुछ योगिजन चातुर्मास्यके लिये उस गाँवमें आये और यही प्रथम भगवत्कृपा हुई उस बालकपर। सत्पुरुषोंका सङ्ग भगवत्कृपासे ही प्राप्त होता है। माताके साथ-साथ बालक भी उनकी सेवामें लग गया। मुनियोंका आज्ञा-पालन ही उस बालककी क्रीड़ा बन गयी। चञ्चलतासे दूर रहकर उनकी सेवा करना उसकी निष्ठा थी। उसके शील-स्वभावको देखकर उसपर संतोंका अनुग्रह हुआ। बालकको भोजनके लिये संतोंका प्रसाद मिलने लगा और सुननेको मिलने लगी भगवच्चर्चा। संत-कृपा और सत्सङ्गसे उसके कोमल हृदयकी मैल दूर हो गयी। उसपर संकीर्तन एवं भगवान्की मनोहर कथाका रंग चढ़ने लगा। प्रभुकी मनोहर कीर्ति उसकी निर्मल बुद्धिमें स्थिर होने लगी। संत-कृपासे उसके रजोगुण एवं तमोगुणका नाश होते देर न लगी। शीघ्र ही बालकके हृदयमें भक्तिका प्रादुर्भाव हो गया। शरद् और वर्षाऋतु—इन दो ऋतुओंकी संत-सेवासे बालकके सभी पाप नष्ट हो गये। इन्द्रियोंका संयम तथा शरीर, वाणी और मनसे महात्माओंकी आज्ञाका पालन करनेपर महात्माओंका अनुग्रह हुआ और जाते-जाते उन्होंने कृपा करके उस बालकको भगवान्के श्रीमुखसे सुने हुए गुह्यतम ज्ञानका अधिकारी बना दिया। चातुर्मास समाप्त होते ही वे लोग चले गये। माता अपने इकलौते पुत्रके योगक्षेमकी बहुत चिन्ता करती, परंतु वह बेचारी पराधीन अबला थी, ब्राह्मणोंकी सेवा करके किसी प्रकार पुत्रसहित वह अपना जीवन-निर्वाह करती थी।

कृपासिन्धु भगवान्ने एक दिन एक विचित्र लीला की। रात्रिके समय उस बालककी माँ गौ दुहनेके लिये घरसे निकली। घना अँधेरा था, उसके पैरके नीचे एक साँप आ गया। साँपने उसे डस लिया और वह तत्काल ही मृत्युको प्राप्त हो गयी। सत्सङ्गके प्रभावसे बालकने इसे भगवान्का परम अनुग्रह माना। 'भगवान् अपने जनका सदैव मङ्गल करते हैं'—यह बालककी दृढ़ निष्ठा थी। सभी ओरसे निराश्रित बालकने भगवान्की कृपाका आश्रय लिया। वह उत्तर दिशाकी ओर चल पड़ा। मार्गमें बीहड़ जंगल आये, जिनमें भयंकर एवं हिंस्र जीव-जन्तु, साँप, उल्लू, सियार आदि भी थे, परंतु वह निर्भय होकर आगे बढ़ता गया।

भूख-प्याससे व्याकुल बालकने एक नदीके मनोहर तटपर ठहरकर जलपान, आचमन और स्नान किया। महात्माओंकी अमोघ वाणी उसके हृदयमें घर किये हुए थी। उसने एक पीपलके वृक्षके नीचे अपना आसन जमाया और भगवान्के ध्यानमें निमग्न हो गया। बालक निर्द्वन्द्व और शान्त था। उसका हृदय भगवत्प्रेमसे विह्वल हो रहा था, शरीर रोमाञ्चित था और नेत्रोंसे प्रेमाश्रु निर्झरित हो रहे थे। संसारकी अन्य सभी चाहें सिमटकर भगवत्प्राप्तिकी चाहमें केन्द्रित हो गयी थीं। वह प्रेमानन्दमें डूबा हुआ था। सहसा भगवत्कृपासे उसे एक अनिर्वचनीय रूपकी झलक दिखलायी दी, परंतु तत्काल ही वह ओझल हो गयी। बालक उस स्वरूपका पुनः दर्शन करनेके लिये व्याकुल हो उठा। उसी समय उसे भगवान्की अमोघ वाणी सुनायी दी—'निष्पाप बालक! तुम्हारे हृदयमें मुझे प्राप्त करनेकी लालसा जाग्रत् करनेके लिये ही मैंने एक बार अपने रूपकी झलक दिखायी है। मुझे प्राप्त करनेकी आकाङ्क्षासे युक्त साधक धीरे-धीरे हृदयकी सम्पूर्ण वासनाओंका भलीभाँति त्याग कर देता है। अल्पकालीन संत-सेवासे तुम्हारी चित्तवृत्ति मुझमें स्थिर हो गयी है। अब तुम इस प्राकृत मलिन शरीरको छोड़कर मेरे पार्षद हो जाओगे। मुझे प्राप्त करनेका तुम्हारा यह दृढ़ निश्चय कभी किसी प्रकार नहीं टूटेगा। समस्त सृष्टिका प्रलय हो जानेपर भी मेरी कृपासे तुम्हें मेरी स्मृति बनी रहेगी।'

भगवान्की इस अनुपम कृपासे बालक प्रफुल्लित हो उठा और तभीसे वह लज्जा छोड़कर भगवान्के मङ्गलमय मधुर नामों एवं लीलाओंका कीर्तन करने लगा। भगवान्की कृपासे समस्त आसक्तियाँ मिट गयीं और उसका हृदय शुद्ध हो गया। प्रारब्धकर्म समाप्त हो जानेपर उसका पाञ्चभौतिक शरीर मृत्युको प्राप्त हो गया।

सृष्टिके प्रारम्भमें ब्रह्माजीके शरीरसे देवर्षि नारदका प्रादुर्भाव हुआ। उनके जीवनका व्रत ही भगवद्भजन है, जो अखण्डरूपसे चलता रहता है। भगवत्कृपासे वे वैकुण्ठादि तीनों लोकोंमें बिना रोक-टोक निर्बाधरूपसे विचरण करते हैं तथा भगवन्नाम और लीलाओंका गान करते हैं। उन्हें भगवान्का मन कहा गया है। प्रत्येक काल एवं युगमें वे अधिकारी पुरुषोंको साक्षात् दर्शन देकर उनका मार्ग-प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने भक्ति-सूत्रोंकी रचना कर जगत्को भक्तिरूप अमृतका अनुपम दान दिया है। वे गुणमाहात्म्यासक्ति भक्तिके आचार्य माने जाते हैं। वे सदा-सर्वदा भगवन्नाम-कीर्तन करते रहते हैं—

> अहो देवर्षिर्धन्योऽयं यत्कीर्तिं शार्ङ्गधन्वनः।
> गायन्माद्यन्निदं तन्त्र्या रमयत्यातुरं जगत्॥
>
> (श्रीमद्भा० १।६।३१)

'अहो! ये देवर्षि नारद धन्य हैं; क्योंकि ये शार्ङ्गपाणि भगवान्की कीर्तिको अपनी वीणापर गा-गाकर स्वयं तो आनन्दमग्न होते ही हैं, साथ-साथ इस त्रितापतप्त जगत्को भी आनन्दित करते रहते हैं।'

(२)

भक्त ध्रुव

ध्रुव स्वायम्भुव मनुके पौत्र थे। महाराज उत्तानपादकी बड़ी पत्नी सुनीतिकी कोखसे उनका जन्म हुआ था। एक समयकी बात है, राजदरबार लगा था। महाराज उत्तानपाद अपनी छोटी रानी सुरुचि एवं उसके पुत्र उत्तमके साथ राजसिंहासनपर विराजमान थे। सुरुचिके रूप-लावण्यने राजाको वशीभूत कर लिया था। सुरुचिकी रुचि ही उत्तानपादकी रुचि हो गयी थी। एक दिन पाँच वर्षका बालक ध्रुव अपने सखाओंके साथ खेलता-खेलता राजसभामें जा पहुँचा। अपने छोटे भाई उत्तमको पिताकी गोदमें बैठे देखकर बालक ध्रुवने भी पिताकी गोदमें बैठना चाहा। सुरुचि इसे कैसे सहन कर सकती थी! सुनीतिसे उसका सौतियाडाह जो था। 'अरे, तुम्हारा इतना साहस! यदि पिताकी गोदमें बैठना चाहते हो तो तपस्या करके भगवान्की आराधना करो। भगवान्को प्रसन्न करके मेरी कोखसे जन्म लो, तभी तुम्हें यह अधिकार प्राप्त हो सकता है।' कहते हुए सुरुचिने हाथ पकड़कर ध्रुवको राजाकी गोदसे अलग कर दिया।

यद्यपि अबोध बालक ध्रुव पूरी बात न समझ सका, परंतु 'मेरा अपमान हुआ है और भगवान्की आराधनासे ही अपमानसे छुटकारा मिल सकता है'—इतनी बात तो उसकी समझमें आ ही गयी। केवल इतनी-सी बात बालक ध्रुवको अमोघ भगवत्कृपाका अनुभव करानेमें हेतु बन गयी। विपरीत परिस्थितियाँ प्रायः मनुष्यको भगवत्कृपा प्राप्त करानेमें बड़ी सहायक होती हैं।

रुदन ही तो बालकका बल है। ध्रुव रोता-रोता अपनी माता सुनीतिके पास पहुँचा। सुनीतिने उसकी पूरी बात सुनी और कहा—'बेटा! सचमुच मैं अभागिनी हूँ। तुम्हारे पिता तुम्हारी छोटी माता सुरुचिके हाथ बिके हुए हैं। तुम्हारी अभिलाषा तो एक भगवान् ही पूर्ण कर सकते हैं। भगवान् विष्णुकी आराधनासे सब कुछ सुलभ है। ऐसी कोई वस्तु नहीं, जो भगवान् न दे सकें।' 'भगवान् विष्णु सब कुछ दे सकते हैं।' निर्मल-हृदय ध्रुवके मनमें यह बात घर कर गयी।

'माँ! मुझे आज्ञा दो, मैं भगवान्से मिल[illegible] उन्हींसे सब कुछ प्राप्त करूँगा।' ध्रुवने दृढ़ निश्चय[illegible] साथ माता सुनीतिसे निवेदन किया। 'बेटा! अभी तो तुम निरे बालक हो, कुछ बड़े हो जाओ, उसके बाद यह कार्य करना।' माताने ध्रुवको बहुत समझाया, परंतु ध्रुवके निश्चयमें माँ सुनीति कुछ [illegible] परिवर्तन न कर सकी और अन्तमें भगवत्कृपापर पूर्ण विश्वास रखनेवाली माताने बालकको वनमें जानेकी आज्ञा दे दी।

भगवान् कैसे और कहाँ मिलते हैं—यह तो ध्रु[illegible] ज्ञात नहीं था, परंतु भगवान् मिलते हैं, इ[illegible] निश्चयके साथ ध्रुवने वनकी राह ली। भगवा[illegible] और बढ़नेवालेकी सहायता भगवत्कृपा स्वयं करती [illegible] मार्गमें ध्रुवको देवर्षि नारद मिले। नारद ध्रुवकी पू[illegible] बात सुनकर विस्मय प्रकट करने लगे—'बेटा! तुम्हा[illegible] आयु अभी छोटी है, इस उम्रमें क्या मानापमान? प्रसन्न रहो और जैसे भगवान् रखें, उसीमें संतोष करो। भगवान्का मिलना बड़ा कठिन है। बड़े-बड़े योगी-मुनि दीर्घकालतक तप करके भी उनका दर्शन अनेक जन्मोंके पश्चात् कर पाते हैं।' देवर्षिकी ये बातें सुनकर भी ध्रुवके निश्चयमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ। "मुने! आप बड़े कृपालु हैं। आपने उपदेश दिया, वह बहुत उत्तम है; परंतु मुझे तो [illegible]

शीघ्र मिल सकें, ऐसा उपाय ही बताइये। जिससे मैं दुर्लभ पद प्राप्त कर सकूँ।" दृढ़ निष्ठा और निश्चयके साथ ध्रुवने देवर्षिके चरणोंमें नम्र निवेदन किया। ध्रुवके हृदयमें भय और संशयको बिल्कुल स्थान नहीं था। देवर्षिका हृदय ध्रुवकी निष्ठा देखकर पिघल गया।

ध्रुवपर संत-कृपा हुई। देवर्षिने उसे अमोघ आशीर्वाद दिया—"बेटा! तेरा कल्याण होगा। अब तुम श्रीयमुनाजीके तटस्थित मधुवनमें चले जाओ। वहाँ निरन्तर 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय'—इस द्वादशाक्षर मन्त्रका जाप करो। त्रिकाल यमुनामें स्नान करके सुस्थिर आसनपर बैठ जाना, प्राणायाम करना, चित्तको स्थिर और एकाग्र करके भगवान् विष्णुका ध्यान करना।" ध्रुव यमुनाजीके किनारे मधुवनमें जा पहुँचे और भगवान्की आराधनामें लग गये। नारदजीकी कृपासे उन्हें विधिका ज्ञान तो हो ही गया था। दिन-पर-दिन वे अपने व्रतको कठोर करने लगे। निर्भय-निर्द्वन्द्व उपासना चलने लगी। भगवान्की कृपापर उनका दृढ़ विश्वास था। मन, वाणी और शरीर—तीनोंसे वे कृपानिधि भगवान्के साथ एकाकार हो रहे थे।

साधनामें भय और प्रलोभनरूपा बाधाओंका ताँता लग जाता है। ध्रुवके सामने भी बड़ी भयंकर परिस्थितियाँ उत्पन्न हुईं। उन्हें डरानेके लिये बड़ी भयावनी राक्षसियाँ आयीं। मायाने माता सुनीतिका रूप धारण कर ध्रुवके सम्मुख प्रकट हो ममताका जाल डालना चाहा। ध्रुवको एकमात्र भगवत्कृपाका आश्रय था। उन्होंने उसकी बातें सुन करके भी अनसुनी कर दीं। वे प्रभुके ध्यानमें मग्न रहे। इतनेमें वहाँ 'मारो, पकड़ो, खा डालो' चिल्लाते हुए भयंकर राक्षस प्रकट हो गये। मायामयी माता सुनीतिका आर्तनाद सुनकर भी ध्रुव अपनी साधनामें अटल ही रहे। किसी भी तरहके विघ्न उनकी साधनामें बाधा न डाल सके।

उनकी कठोर तपस्याके छः महीने पूरे होने जा रहे थे। सुरपति घबरा उठे—'कहीं ध्रुव हमारा पद न छीन ले।' देवतालोग पहुँचे भगवान्के पास। भगवान्ने देवताओंको आश्वासन दिया—'ध्रुव मेरा भक्त है, वह किसीका कोई अनिष्ट नहीं करेगा। मैं उसे दर्शन देकर तृप्त करूँगा।' देवतालोग निर्भय होकर चले गये, परंतु कृपानिधान भगवान् विष्णु अब अपने भक्तका कष्ट सहन नहीं कर पा रहे थे। वे तत्काल गरुडारूढ़ होकर ध्रुवके पास पहुँच गये, परंतु फिर भी ध्रुव अपने ध्यानमें मग्न रहे। भक्तको आश्रय तो प्रिय होता ही है, किंतु साध्यसे साधन भी कम प्रिय नहीं लगता। अन्तमें भगवान्को उनके ध्यानसे अपने स्वरूपको हटाना पड़ा, तब कहीं ध्रुवने विकल होकर नेत्र खोले। साक्षात् भगवान्को अपने सामने उपस्थित देखकर ध्रुव तुरंत उनके चरणोंमें लोट गये। प्रेमसे वाणी गद्गद हो गयी, शरीर रोमाञ्चित हो गया और नेत्रोंसे प्रेमाश्रु बहने लगे। उनकी वाणी प्रेमसे अवरुद्ध थी। वे केवल हाथ जोड़े प्रभुके सामने खड़े थे, स्तुति करना चाहते हुए भी स्तुति करनेमें असमर्थ थे। करुणालय भगवान् श्रीहरिने अपना वेदमय शङ्ख ध्रुवके कपोलसे स्पर्श करा दिया। शङ्खका स्पर्श होते ही ध्रुवको दिव्य वाणी प्राप्त हो गयी। सम्पूर्ण वेद-ज्ञान सुलभ हो गया। ध्रुव दिव्य वाणीसे भगवान्की स्तुति करने लगे—

> सत्याऽऽशिषो हि भगवंस्तव पादपद्म-
> माशीस्तथानुभजतः पुरुषार्थमूर्तेः।
> अप्येवमर्य भगवान् परिपाति दीनान्
> वाश्रेव वत्सकमनुग्रहकातरोऽस्मान्॥
>
> (श्रीमद्भा० ४।९।१७)

'भगवन्! आप परमानन्दमूर्ति हैं—जो लोग ऐसा समझकर निष्काम भावसे आपका निरन्तर भजन करते हैं, उनके लिये राज्यादि भोगोंकी अपेक्षा आपके चरणकमलोंकी प्राप्ति ही भजनका सच्चा फल है। स्वामिन्! यद्यपि बात ऐसी ही है, तो भी गौ जैसे तुरंत जन्मे हुए बछड़ेको दूध पिलाती और व्याघ्रादिसे बचाती रहती है, उसी प्रकार आप भी भक्तोंपर कृपा करनेके लिये निरन्तर आतुर रहनेके कारण हम-जैसे सकाम जीवोंकी भी कामना पूर्ण करके संसार-भयसे उनकी रक्षा करते रहते हैं।'

'प्रभो! आपकी कृपाका क्या कहना! बड़े-बड़े ऋषियों और मुनियोंको भी जिस रूपके दर्शन नहीं होते, आपने उस दिव्य स्वरूपका दर्शन मुझे छः मासके अल्पसमयमें ही दे दिया। अब मैं कृतार्थ हो गया। आपकी विलक्षण कृपा प्राप्त करके अब मेरे चित्तमें कोई कामना नहीं है। मुझे केवल आपके सांनिध्यकी ही इच्छा है।'

'बेटा ध्रुव! तुम्हारे मनमें अब कोई कामना नहीं है, परंतु मेरी आज्ञाका तुम्हें पालन करना ही होगा। मैं तुम्हें जो पद देता हूँ, वह ग्रहण करना होगा। मेरी आज्ञासे तुम्हें राज्यभार सँभालना होगा। ग्रह-नक्षत्रोंके ऊपर तुम्हें ध्रुवपद

प्राप्त होगा । जीवनभर तुमपर मेरी अनोखी कृपा बरसती रहेगी । कल्पके अन्तमें तुम मेरे पास ही आओगे, जहाँसे तुम्हें फिर लौटना नहीं होगा ।' कृपालु श्रीहरिने ध्रुवको कृपामय आदेश दिया ।

भगवान् श्रीहरिके विरहका संताप लेकर राज्यकी कामना न होते हुए भी प्रभुके आदेशानुसार ध्रुव वनसे लौट आये । पितासहित सभी राजपुरुषों एवं सौतेली माँने उनका अभिनन्दन कर आशीर्वाद दिया । सुनीतिने तो आरती उतारते हुए प्रेमाश्रुओंसे अभिषेक किया ।

युवावस्थामें ध्रुवने अपने माता-पिताकी आज्ञासे गृहस्थाश्रममें प्रवेश किया ।

ध्रुवके भाई उत्तमको आखेटका दुर्व्यसन था । एक बार वह आखेट करते-करते स्वयं भी एक यक्षका आखेट बन गया । ध्रुव भाई उत्तमके निधनकी जानकारीके लिये वनमें गये । वहाँ उनका यक्षोंसे घमासान युद्ध हुआ । अन्तमें पितामह मनुने युद्धमें आकर भयंकर संहार बंद करवाया । यक्षपति कुबेर भक्त ध्रुवके व्यवहारसे बहुत प्रसन्न हुए । कुबेरने ध्रुवको वरदान देना चाहा, परंतु ध्रुवने उनसे विनम्रतापूर्वक भगवद्भक्तिकी ही याचना की ।

ध्रुवने अनेक यज्ञ-यागादि किये । उन्होंने भगवान् शंकरकी भी आराधना कर उन्हें प्रसन्न किया तथा भगवद्भक्तिका ही अमोघ आशीर्वाद प्राप्त किया ।

ध्रुवने छत्तीस सहस्र वर्षतक धर्मपूर्वक पृथ्वीका पालन किया । भगवत्प्रेमका उनके जीवनमें उत्तरोत्तर विकास हुआ । अन्त समयमें भगवान्के पार्षद सुनन्द एवं नन्द उन्हें लेने आये और वे विमानपर आरूढ़ हो सदेह भगवद्धामको चले गये ।

(२)

अनुगृहीत गजेन्द्र

पाण्ड्यनरेश इन्द्रद्युम्नको शापवश गज-योनिमें जन्म लेना पड़ा था । यशस्वी राजा इन्द्रद्युम्न भगवद्भक्त थे और भगवान्की उपासना करते हुए प्रजापालन करते थे । राजाके लिये शास्त्रोचित आचरण करना धर्मका मुख्य अङ्ग है । एक बार राजा इन्द्रद्युम्नको मनमाना आचरण (प्रजा-पालन, गृहस्थोचित अतिथि-सेवा आदि धर्मका परित्याग करके तपस्वियोंकी तरह एकान्तमें बैठकर उपासना) करनेसे मुनि अगस्त्यका कोप-भाजन होना पड़ा । संत-महात्माओंका कोप भी कृपापूर्ण होता है । मुनि अगस्त्यके कोपके कारण राजा इन्द्रद्युम्नको जडबुद्धि गजकी योनि प्राप्त हुई, परंतु भगवान्की आराधना कभी निष्फल नहीं होती, वे कृपासिन्धु जो ठहरे ।

गजेन्द्र बड़ा शक्तिशाली था । वह अनेक बलवान् हाथियोंका सरदार था । पर्वतराज त्रिकूटकी तराईका घना जंगल उसका निवासस्थान था । क्षीरसागरमें स्थित उस त्रिकूट-पर्वतकी शोभा निराली थी । उसकी पर्वतमालाएँ रत्नोंकी तरह सुशोभित थीं । उसके तीनों शिखर स्वर्ण, रजत एवं लोहेकी तरह दूरसे ही जगमगाते थे । उसकी कन्दराएँ सिद्ध, चारण, गन्धर्व, विद्याधर, नाग, किंनर एवं अप्सराओंकी विहारस्थली थीं, जो संगीतसे गुंजायमान रहती थी । भगवान् वरुणदेवका ऋतुमान् नामका उद्यान भी त्रिकूटकी तराईमें ही सुशोभित था, जहाँ देवाङ्गनाएँ क्रीड़ा किया करती थीं । वह उद्यान भाँति-भाँतिके वृक्षोंसे आच्छादित था । उद्यानमें स्थित सरोवरमें नाना प्रकारके कमल-पुष्प खिला करते थे, जिनकी मधुर गन्ध दूर-दूरतक फैलती थी ।

मतवाला गजेन्द्र त्रिकूटके जंगलमें निर्भय विचरण किया करता था । जंगलके हिंस्र जन्तु बाघ, गैंडे, शरभ, नाग आदि गजेन्द्रकी गन्धमात्रसे भयभीत होकर भाग जाया करते थे । वह बड़े-बड़े हाथी एव हथिनियोंसे घिरा हुआ चला करता था । जंगलमें अन्य छोटे-छोटे जानवर खरगोश, हिरण, बंदर आदि गजेन्द्रके रहनेसे निर्भय होकर विचरण करते थे । गजेन्द्रकी चिग्घाड़से पूरा पर्वत गुंजायमान हो उठता था ।

एक बार गजेन्द्र अपने कुछ साथियोंके साथ दोपहरकी तेज धूपमें उस पर्वतपर विचरण कर रहा था कि उसे एवं उसके साथियोंको प्यास सताने लगी, जिससे वे व्याकुल हो उठे । दूरसे ही कमल-पुष्पोंकी गन्ध सूँघकर गजेन्द्र अपने यूथके साथ एक सरोवरपर जा पहुँचा । सरोवरके निर्मल नीरने उस पूरे यूथकी व्याकुलताका हरण कर लिया । गजेन्द्रके नायकत्वमें वे सभी हाथी जलक्रीड़ामग्न हो झूम उठे । उन्हें किसीका भी भय न था । गजेन्द्र अपने बलके अहंकारमें डूबा हुआ अपनी सूँडमें जल भर-भरकर अन्य साथियोंपर

(४)

अजामिलपर कृपा

अजामिलने कान्यकुब्जनिवासी एक श्रेष्ठ ब्राह्मणकुलमें जन्म लिया था। वह अनेक अलौकिक गुणोंसे सम्पन्न था। शील, सदाचार, विनम्रता, सत्यता, पवित्रता—ये सभी गुण उसमें सहज ही विद्यमान थे। उसने शास्त्रोंका साङ्गोपाङ्ग अध्ययन किया था। गुरुजन एवं अतिथियोंकी सेवामें वह कभी त्रुटि नहीं करता था। उसकी वाणीमें संयम था। गुणज्ञ होकर भी अहंकाररहित होना बहुत कठिन है, परंतु उसे तो अहंकार छू भी नहीं गया था।

उसके पिता नित्य यज्ञ किया करते थे। उनके लिये वनसे फल-फूल, समिधा, कुश आदि हवन-पूजनकी समग्र सामग्री वही लाता था। एक दिन वह यज्ञ-सामग्री लेकर वनसे लौट रहा था। संयोगवश उसकी दृष्टि एक मनचले शूद्रपर पड़ी। एक कुलटा स्त्री (वेश्या) उससे लिपटी हुई थी। दोनों शराब पीकर मतवाले हो रहे थे। उनके वस्त्र अस्त-व्यस्त थे। उनकी आँखें नशेमें झूम रही थीं। आपसमें तरह-तरहकी कुचेष्टाएँ चल रही थीं—बड़ा कुत्सित दृश्य था। अजामिलकी दृष्टि जम गयी उस दृश्यपर। क्या ही अच्छा होता, जो वह पलक पड़ते ही आँख फेर लेता; परंतु उसके दुर्भाग्यने उसका साथ दिया, उस दृश्यने उसे मोहित कर लिया। बार-बार उसकी दृष्टि कामवासनाको भड़कानेवाले उस दृश्यपर गयी। अजामिलने अपने मनको बहुत रोका, परंतु कुसङ्ग उसपर अपना प्रबल प्रभाव डाल चुका था। सच है, कुसङ्गने किसका विनाश नहीं किया!

अजामिल मोहाच्छन्न हो चुका था, उसका विवेक कुण्ठित हो गया। वह उस वेश्याके पास जा पहुँचा। अब तो वेश्याकी प्रसन्नता ही अजामिलकी प्रसन्नता थी। वह प्रसन्न रहे, इसके लिये अजामिल अपना घर-बार लुटाने लगा। उस कुलटाकी तिरछी चितवनसे प्रभावित हो वह अपनी विवाहिता पत्नीको भी भूल गया एवं उसका परित्याग कर उस वेश्याके घर ही रहने लगा। अब वेश्याके बड़े कुटुम्बके भरण-पोषणका सारा भार अजामिलपर ही था। कुसङ्गके दुष्परिणामस्वरूप सदाचारी एवं शास्त्रोक्त वर्णाश्रमधर्म-पालक अजामिल आज एक कुलटाके कुटुम्ब-पालनके लिये न्यायसे, अन्यायसे— जिस किसी प्रकार भी धन मिलता, लाता। बहुत दिनोंतक अपवित्र अन्न खाने तथा उस कुलटाका संसर्ग करनेसे अजामिलकी बुद्धि भ्रष्ट हो गयी। अब वह धन संचित करनेके लिये कभी बटोहियोंको बाँधकर उन्हें लूट लेता, कभी लोगोंको जुएमें छलसे हरा देता, कभी किसीका धन चुरा लेता। दूसरे प्राणियोंको सतानेमें अब उसे तनिक भी हिचक नहीं थी। इसी प्रकार पाप कमाते-कमाते अजामिल बूढ़ा हो गया। उस वेश्यासे उसके दस संतानें हुईं। उसके सबसे छोटे पुत्रका नाम था 'नारायण'। वृद्ध अजामिल उसे बहुत प्यार करता था। अब वह अधिक समय उस बच्चेको खिलानेमें ही लगाता था। उसके प्रति उसका प्रगाढ़ ममत्व था।

मृत्यु किसको छोड़ती है? अजामिलकी मृत्युका समय भी आया। हाथोंमें फंदे लिये डरावने यमदूत उसे लेने पहुँच गये। उन भयंकर यमदूतोंको देखकर उसने उच्च स्वरसे अपने प्रिय पुत्र नारायणको पुकारा—'नारायण! नारायण!!' उसके प्राण प्रयाण कर रहे थे।

'नारायण' नामका उच्चारण सुनते ही भगवान् विष्णुके पार्षद तत्काल अजामिलके पास पहुँच गये और उन्होंने बलपूर्वक अजामिलको उन यमदूतोंके पाशसे मुक्त कर दिया। यमदूतोंने बहुत कुछ कहा, परंतु कृपासिन्धुकी कृपा अजामिलपर मानो बरस गयी थी। विष्णुपार्षदोंने कहा—

> एतेनैव ह्यघोनोऽस्य कृतं स्यादघनिष्कृतम्।
> यदा नारायणायेति जगाद चतुरक्षरम्॥
> अज्ञानादथवा ज्ञानादुत्तमश्लोकनाम यत्।
> संकीर्तितमघं पुंसो दहेदेधो यथानलः॥
>
> (श्रीमद्भा० ६।२।८, १८)

'जिस समय इसने 'ना-रा-य-ण'—इन चार अक्षरोंका उच्चारण किया, उसी समय (केवल उतनेसे ही) इस पापीके समस्त पापोंका प्रायश्चित्त हो गया। यमदूतो! जैसे जान या अनजानमें ईंधनसे अग्निका स्पर्श हो जाय तो वह भस्म हो ही जाता है, वैसे ही जान-बूझकर या अनजानमें भगवान्के नामोंका संकीर्तन करनेसे मनुष्यके सारे पाप भस्म हो जाते हैं।'

भगवत्कृपा-प्राप्तिके लिये भगवन्नाम एक अमोघ साधन है। पापी-दुरात्मा अजामिलने 'नारायण' नामके उच्चारण मात्रसे भगवत्कृपाका अनुभव कर कालान्तरमें विष्णुलोक प्राप्त किया।

को कृपाल संकर सरिस

मृत्युञ्जयकी कृपादृष्टि

करूणामूर्ति जगदम्बा

ज्योतिपंतपर श्रीगणेशजीकी कृपा

भगवान् शंकरका कृपा-वैभव

(१)

हलाहल-पान

भरत सकल सुर बृंद बिषम गरल जेहिं पान किय ।
तेहि न भजसि मन मंद को कृपालु संकर सरिस ॥
(मानस ४ । ०)

'हे देवाधिदेव महादेव ! हमलोग आपकी शरणमें आये हैं। आप समस्त प्राणियोंके आत्मा एवं जीवनदाता हैं, रक्षक हैं। हे कृपालु प्रभो ! आप ही समस्त शक्तियोंके अधीश्वर और सर्वसमर्थ हैं । सर्वदेवस्वरूप अग्नि आपका मुख है । पृथ्वी आपका चरणकमल है । काल आपकी गति, दिशाएँ कान एवं वरुण रसनेन्द्रिय हैं । आकाश आपकी नाभि, वायु श्वास तथा सूर्य नेत्र हैं। प्रभो ! आपके यथार्थ स्वरूपको सारे लोकपाल यहाँतक कि ब्रह्मा, विष्णु और देवराज इन्द्र भी नहीं जान सकते । हे महेश्वर ! इस कार्य और कारणरूप जगत्से परे माया है और मायासे भी अत्यन्त परे आप हैं । आपके परम स्वरूपको हम नहीं जानते । आप अनन्त महिमामय हैं।' समुद्रसे निकले हलाहल विषकी ज्वालाओंसे भयभीत होकर समस्त प्रजापतिगण कैलासपर्वतपर विराजमान भगवान् शंकर एवं सतीजीकी स्तुति करते हुए उनके चरणोंमें प्रणत हो गये ।

घटना इस प्रकार है—देवराज इन्द्रके अहंकारसे कुपित महर्षि दुर्वासाके शापवश देवताओंकी शक्ति क्षीण हो गयी थी। भगवान् विष्णुकी आज्ञासे अमृत निकालनेके लिये क्षीरसागर-मन्थनके निमित्त असुरोंको तैयार किया गया । मन्दराचलको मथानी बनाया गया। अमृतमें भाग देनेका प्रलोभन देकर नागराज वासुकिको नेती (वह रज्जु, जिसे मथानीमें लपेटकर मन्थन किया जाता है) बननेके लिये तैयार किया गया और उन्हें मन्दराचलमें लपेटकर समुद्र-मन्थनका शुभारम्भ हुआ। स्वयं भगवान् विष्णु भी इस कार्यमें सहायक थे। वे कूर्मावतार धारण कर मन्दराचलको अपनी पीठपर धारण किये हुए थे । वासुकिको निद्रामग्न रखना, असुरों एवं देवताओंके बाहुओंमें बलका संचार करना—ये तो उनकी अलौकिक कृपामयी क्रीड़ाएँ मात्र थीं। मेघके समान साँवले शरीरपर सुनहला पीताम्बर,कानोंमें बिजलीके समान चमकते हुए कुण्डल, सिरपर लहराते हुए घुँघराले बाल, गलेमें वनमाला—इस मनोमोहक स्वरूपसे वे समुद्र-मन्थनमें भी सहयोग दे रहे थे। समुद्र मन्थन बड़े वेगसे हो रहा था। अचानक समुद्र उबल पड़ा। जल-जन्तु व्याकुल हो उठे और समुद्रसे हलाहल विष प्रकट हो गया। विषकी ज्वालाएँ समस्त प्राणियोंको दग्ध करने लगीं। सब चिन्तामग्न थे कि इस संकटसे कौन उबारे ? हलाहलको शान्त किये बिना कार्य चालू रखना असम्भव था। केवल भगवान् सदाशिव ही ऐसे थे, जिनकी कृपासे यह संकट दूर हो सकता था। देवताओं एवं प्रजापतियोंकी करुण-पुकारने करुणामय भगवान् श्रीशंकरको तपस्यासे विरत कर दिया । भगवान् शंकर तो कृपावश तीनों लोकोंके अभ्युदय और कल्याणके लिये ही तपस्या कर रहे थे । फिर देवताओं एवं प्रजापतियोंकी दीन पुकार वे कैसे अनसुनी कर सकते थे ?—

तद्वीक्ष्य व्यसनं तासां कृपया भृशपीडितः ।
सर्वभूतसुहृद् देव इदमाह सतीं प्रियाम् ॥
(श्रीमद्भा० ८ । ७ । ३६)

प्रजाका यह संकट देखकर समस्त प्राणियोंके अकारण बन्धु देवाधिदेव भगवान् शंकरके हृदयमें कृपावश बड़ी व्यथा हुई । उन्होंने अपनी प्रिया भगवती सतीसे कहा—'देवि ! समुद्र-मन्थनसे निकले इस हलाहल विषने सभीको त्रस्त कर दिया है। सभीपर प्राणोंकी आ पड़ी है। सज्जन पुरुष, जिनके पास शक्ति और सामर्थ्य है, कभी भी दूसरोंकी सहायतासे मुख नहीं मोड़ते । दूसरोंकी प्राण-रक्षाके लिये अपने प्राणोंकी आहुति देनेमें भी नहीं चूकते । प्रिये ! मैं इस कालकूटको सम्पूर्ण प्राणियोंकी रक्षाके लिये अभी पी जाऊँगा।'

करुणामूर्ति भगवती जगदम्बा सतीजी भी दूसरोंका दुःख कैसे सहन कर सकती हैं। मातृ-हृदय तो सदैव करुणासे ओत-प्रोत रहता है । भगवती सतीजी भगवान् शंकरके प्रभावको पूर्णरूपसे जानती थीं, अतः उन्होंने पतिदेवके इस कार्यका हृदयसे समर्थन किया।

कृपानिधान भगवान् शंकर देखते-देखते ही प्रजाजनकी रक्षाके लिये उस तीक्ष्ण हलाहल विषका पान कर गये ।

चरणोंमें प्रणाम किया और उनसे प्रार्थना की—'स्वामिन्! आप कृपा कर धर्म-पालनमें मेरे सहायक बनें। पतिका अनुगमन ही भारतीय पतिप्राणा नारियोंका धर्म है। मेरे पति मेरे सर्वस्व थे, अब मुझे सती होना है। आप चिता तैयार करनेमें मुझे सहयोग दें, जिससे मैं अपने पतिके साथ सती हो जाऊँ; क्योंकि यही मेरे लिये परम सौभाग्यकी बात होगी।' यतिदेवने एक चिता तैयार कर दी। भीलनीने अत्यन्त प्रसन्नतापूर्वक भीलके मृतक शरीरके साथ उस चितामें प्रवेश किया। भीलनीके चितामें प्रवेश करते ही भगवान् शंकर यतिरूपको छोड़कर अपने वास्तविक रूपमें प्रकट हो गये। भीलनी आहुका आराध्यदेवको अपने सामने प्रत्यक्ष खड़ा देखकर गद्गद हो उठी। वह अपने मनकी सारी व्याकुलता भूल गयी। भगवान् शंकरके सामने अपने पतिदेवके साथ इस तरहकी मृत्युको उसने अपना परम सौभाग्य माना। कृपासिन्धु भगवान् शंकरने उससे इच्छानुसार वर माँगनेका आग्रह किया, परंतु उसे अब कुछ माँगनेकी सुध ही नहीं रही। उसने हँसते हुए मृत्युका वरण किया।

यही आहुक अगले जन्ममें निषधदेशके अधिपति महाराज वीरसेनके पुत्र नल हुए। नल गुण एवं रूप-सौन्दर्यमें अद्वितीय थे। इनके रूप-वैभवके सम्मुख कामदेव भी लज्जित था। उधर आहुकाने दमयन्ती नामक कन्याके रूपमें विदर्भराज भीमके यहाँ जन्म लिया। वह भी गुण और सौन्दर्यमें अद्वितीय थी। उसके गुण एवं रूपपर देवता लोग भी मुग्ध थे। दयालु भगवान् शंकर अपने निज-जन आहुक दम्पतिको अभी भी नहीं भूले थे। उन्होंने 'हंस'रूपमें अवतार लिया। हंसका स्वर्णमय रूप बड़ा मनोहर था। हंसने नल एवं दमयन्ती दोनोंके पास जाकर उनके गुण एवं रूप-सौन्दर्यका वर्णन किया और उन दोनोंका एक दूसरेके प्रति पूर्ण राग उत्पन्न कर दिया। कालान्तरमें नल-दमयन्तीका विवाह हुआ। एक बार कलियुग इनपर अकारण कुपित हो गया; किंतु उसकी एक भी न चली। अन्तमें उसे हार ही नहीं खानी पड़ी, अपितु आजतक वह इनके नामसे डरता है। नल-दमयन्तीकी कथा-कीर्तनसे ही कलियुग दूर रहता है।

नल-दमयन्तीने भगवान् शंकरकी कृपासे बहुत कालतक राज्य-वैभवका सुख भोगा। अन्तमें उन्हें शिवजीकी कृपासे शिव-लोककी प्राप्ति हुई।

(४)

नभगपर कृपा

भक्त नभग राजा अम्बरीषके पितामह थे। वे बड़े कुशाग्र-बुद्धि एवं अध्यवसायी थे। वे गुरुकुलमें विद्याध्ययन करने गये और विद्यामें रुचि होनेके कारण वे दीर्घकालतक अध्ययन करते रहे। इन्द्रियसंयम तो उन दिनों विद्यार्थियोंका मुख्य लक्ष्य था ही। नभगके दीर्घकालिक प्रवासके समय उनके भाइयोंने अपने पिता श्राद्धदेवके राज्य एवं सम्पत्तिको आपसमें बाँट लिया। उन्होंने नभगके हिस्सेकी तनिक भी चिन्ता नहीं की और न उनके हिस्सेमें ही कुछ छोड़ा। सम्पूर्ण वेदोंका अध्ययन करनेके पश्चात् नभग जब अपने घर लौटे, तब हिस्सेके नामपर भाइयोंने उन्हें कुछ भी नहीं दिया। भाइयोंने नभगको दिखावटी प्रेम प्रदर्शन करते हुए सफाई दी—'भैया! हम तो तुम्हें बँटवारेके समय एकदम भूल ही गये। अब तुम अपने हिस्सेमें पिताजीको ग्रहण कर लो।' नभगने झगड़ा करना उचित नहीं समझा। वे संतोषपूर्वक अपने पिताजीकी सेवामें लग गये। श्राद्धदेवके पास सम्पत्तिके नामपर कुछ भी न बचा था, वे अपने पुत्र नभगको क्या देते! माता-पिताकी सेवा अमोघ होती है। एक दिन श्राद्धदेवने कहा—'बेटा नभग! अङ्गिरसगोत्रीय ब्राह्मण एक बहुत बड़ा यज्ञ कर रहे हैं, परंतु वे लोग यज्ञके अन्तिम दिनकी विधिमें कुछ भूल कर जाते हैं। तुम उनके पास जाओ और उनकी सहायता करो।' नभग पिताजीकी आज्ञा शिरोधार्य कर ब्राह्मणोंके पास गये और उन्होंने उनका यज्ञ बहुत ही विधिपूर्वक सम्पन्न करवाया। ब्राह्मण लोग नभगपर बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने यज्ञसे बचा हुआ बहुत-सा धन नभगको दे दिया।

भगवान् शंकर बड़े कृपालु हैं। यज्ञके शेष भागपर सदैव उनका ही अधिकार होता है। दयामय भगवान् शंकर बड़े ही मनोहर वेषमें वहाँ प्रकट हुए। उस समय उनकी शोभा बड़ी निराली थी। यज्ञशेष धनको ग्रहण करते समय भगवान् शंकरने नभगसे पूछा—'भैया! तुम कौन हो? यह धन तो मेरा है। तुम्हारा इसपर कोई अधिकार नहीं है।' नभगने भगवान् शंकरको उस वेषमें पहचाना नहीं। उन्होंने कहा—'यह धन तो ब्राह्मणोंने मुझे प्रदान किया है, अतः इसपर किसी दूसरेका अधिकार कैसे हो सकता है?' भगवान् शंकर बोले—'तुम अपने पितासे इस बातका निर्णय करा लो कि यह धन किसका है?'

(यम) उन्हें लेने आ पहुँचा। उसके गोलाकार लाल-लाल नेत्र अत्यन्त डरावने थे। उसकी काली सूरत बड़ी भयंकर ...ाती थी। वह हाथमें पाश लिये हुए था।

'महामते काल! मैं महामृत्युंजयस्तोत्रका पाठ पूरा कर ... तबतक तुम प्रतीक्षा करो। यह शिवस्तोत्र मुझे बहुत प्रिय ... इसके पूर्ण किये बिना मैं कहीं नहीं जाता।' मार्कण्डेयने कालसे प्रार्थना की।

'अरे ब्रह्मन्! सम्भवतः तुम कालके प्रवाहको नहीं जानते, क्या तुम्हें ज्ञात नहीं, मैं न जाने कितने चक्रवर्ती राजाओं और इन्द्रोंको अपना ग्रास बना चुका हूँ। धूलके कण गिन लेना सम्भव हो सकता है, पर मेरे ग्रासोंको गिनना कठिन है। मैं कभी किसीकी प्रतीक्षा नहीं करता।' कालने क्रुद्ध होकर मार्कण्डेयसे कहा।

'कालदेव! सावधान, भगवान् शिवके भक्तोंपर मृत्यु, यमराज, यमदूत तथा दूसरे कोई भी अपना प्रभुत्व नहीं जमा सकते। भगवान् शिवकी स्तुतिमें विघ्न डालनेवालेका शीघ्र नाश हो जाता है। भला, भगवान् नीलकण्ठके लिये कौन-सा कार्य दुष्कर है।' मार्कण्डेयने पुनः प्रार्थना की; परंतु कुपित कालदेवपर कोई प्रभाव न पड़ा और वह मार्कण्डेयको निगलनेके लिये झपटा।

परम कृपालु शंकर तत्काल शिवलिङ्गसे प्रकट हो गये। उनके मस्तकपर अमृतस्रावी अर्धचन्द्रका मुकुट शोभायमान था, उनकी अवस्था एवं रूपकी शोभा अवर्णनीय थी। भगवान् महादेवने हुंकार भरकर कालदेवकी छातीपर चरण-प्रहार किया। उस प्रहारसे आहत हो काल तुरंत दूर जा गिरा।

मार्कण्डेय भगवान् शंकरको सम्मुख उपस्थित देख गद्गद हो चरणोंमें गिर पड़े और 'मृत्युंजय-स्तोत्र'से* उनका स्तवन करने लगे।

कृपालु भगवान् शंकरने प्रसन्न हो मार्कण्डेयको अनेक कल्पोंकी आयु प्रदान की।

(२)

आहुक-दम्पतिपर कृपा

अर्बुदाचलके समीप आहुक नामक एक भील रहता था। उसकी पत्नीका नाम था आहुका। पति-पत्नीका स्वभाव सात्त्विक था तथा दोनों ही शिवके अनन्य-भक्त थे। वे निरन्तर बड़ी तत्परतासे भगवान् शंकरकी आराधनामें संलग्न रहते तथा वर्णाश्रमधर्मका पालन करते हुए जीवन-यापन करते थे। उत्तम व्रतोंका पालन करना उनके जीवनका सहज-स्वाभाविक लक्ष्य था, जिसमें वे कभी नहीं चूकते थे।

एक दिन कृपालु भगवान् शंकरने उनकी परीक्षा लेनेकी सोची और उन्होंने एक यतिका रूप धारण किया। भगवान् शंकरका यही यतिरूप उनका 'यतिनाथ' अवतार कहलाता ...। एक दिन संध्यासमय वे यतिरूपमें भक्तिमती आहुकाके ...ाँ पहुँचे। शिव-भक्त आहुक उस समय आहार लेकर घर लौटे थे। दम्पतिने बड़े प्रेमसे यतिदेवका पूजन कर उनका आतिथ्य किया। यतिनाथने बड़ी विनम्रतासे ...नसे रात्रिभरके लिये आवासकी याचना की। भक्त आहुककी झोंपड़ी बहुत ही छोटी थी, जिसमें दो व्यक्तिसे अधिक सो नहीं सकते थे। अब तो आहुकके लिये एक बहुत बड़ा धर्म-संकट उपस्थित हो गया। वह कुछ भी निर्णय न ले सका और मौन रहा। यतीश्वर जानेको उद्यत हो गये। भक्तिमती आहुकाको यह बात अच्छी न लगी। घरमें आये हुए अतिथिका निराश होकर लौटना गृहस्थके लिये एक अधर्मकी बात होगी। उसने अपने पतिसे प्रार्थना की—'नाथ! आप और यतीश्वर कुटियामें सोयें, मैं घरके बाहर शस्त्र लेकर प्रहरीका कार्य करूँगी।' आहुकको अपनी पत्नीकी अतिथि-सत्कारकी भावनासे प्रेरणा मिली। उसके मनका संकोच दूर हो गया। उसने यतीश्वरको बड़ी दीनतासे प्रार्थना करके जानेसे रोका। आहुकने यतीश्वर एवं अपनी धर्मपत्नीको घरके अंदर सुला दिया तथा स्वयं बाहर पहरा देने लगा।

रात्रिमें हिंसक पशुओंने आहुकपर आक्रमण किया। भगवान् शंकरका विधान तो पहलेसे ही निश्चित था। हिंसक पशुओंने आहुकको मार दिया। प्रातःकाल आहुका उठी और बाहर आकर देखा तो उसे अपने पति मृतक दिखायी पड़े। यतीश्वरको भी भीलके इस तरह अपने लिये मरनेका बहुत दुःख हुआ। पतिव्रता आहुकाने धैर्य नहीं छोड़ा। उसका एकमात्र आधार तो उसका पति ही था। उसने यतीश्वरके

* 'मृत्युंजयस्तोत्र' बड़ा प्रभावशाली तथा अनुभूत है, इसके प्रयोगसे आश्चर्यजनक सफलताके कई उदाहरण मिले हैं। यह ...के 'कल्याण' के 'भगवन्नाम-महिमा और प्रार्थना-अङ्क' नामक विशेषाङ्कके पृष्ठ ६२० पर प्रकाशित है।

उस हलाहल विषने उनके कण्ठको नील वर्णमें परिवर्तित कर दिया, जो ऐसा प्रतीत होता था, मानो प्रभुने कोई आभूषण धारण कर रखा है। विषपायी भगवान् शिव 'नीलकण्ठ' नामसे विभूषित हो गये। तत्काल विषकी ज्वालाएँ शान्त हो गयीं। कृपालु शंकरकी कृपासे देवता एवं अन्य सभीका संकट दूर हो गया। देवताओंमें पुनः उत्साहका संचार हो गया और समुद्र-मन्थन पूर्ववत् आरम्भ हुआ।

भगवान् शंकर सर्वसमर्थ हैं। उनकी अहैतुकी कृपाका सभी गुणगान करते हैं—

निशम्य कर्म तच्छम्भोर्देवदेवस्य मीढुषः।
प्रजा दाक्षायणी ब्रह्मा वैकुण्ठश्च शशंसिरे॥
(श्रीमद्भा० ८। ७। ४५)

'देवाधिदेव भगवान् शंकर सबकी कामना पूर्ण करनेवाले हैं। उनका यह कल्याणकारी अद्भुत कर्म सुनकर सम्पूर्ण प्रजा, दक्षकन्या सती, ब्रह्माजी और स्वयं विष्णु-भगवान् भी उनकी प्रशंसा करने लगे।'

(२)

मार्कण्डेयपर कृपा

उत्तम कुलमें उत्पन्न मृकण्डु मुनि दिव्य गुणोंके भण्डार थे। मुद्गल मुनिकी गुणवती कन्या मरुद्वतीसे उनका विवाह हुआ था। पति-पत्नी सुशील एवं सदाचारसम्पन्न थे। मृकण्डु मुनिने दीर्घकालतक वेदाध्ययन किया था। पति-पत्नी-को किसी वस्तुका अभाव न था, परंतु उनके कोई संतान न थी। वे संतान-प्राप्तिके लिये भगवान् शंकरकी आराधना करने लगे। पिनाकपाणि शंकरको संतुष्ट होते क्या देर लगती, वे तो बड़े दयालु और आशुतोष हैं।

'मुने! मुझसे कोई वर माँगो।' एक दिन भगवान् शंकरने दम्पतिके सम्मुख प्रकट होकर कहा।

'कृपासिन्धो! महेश्वर!! हमारे अबतक कोई संतान नहीं है, एक पुत्र हो जाय, बस, यही मनःकामना है।' मृकण्डु मुनिने बड़ी दीनतासे याचना की।

'मुने! आप गुणहीन चिरंजीवी पुत्र चाहते हैं अथवा एकमात्र सोलह वर्षकी आयुवाला गुणसम्पन्न?' चन्द्रमौलिने मृकण्डुसे पूछा।

'जगदीश्वर! मुझे भक्त, सर्वज्ञ एवं गुणसम्पन्न पुत्र दीजिये।' मुनिने पुनः याचना की। 'तथास्तु' कहकर भगवान् शिव अन्तर्धान हो गये।

हिंदू-संस्कृतिमें संस्कारोंका बड़ा महत्त्व है। मृकण्डु मुनि संस्कार-कर्मोंके मर्मज्ञ थे। उन्होंने विधिपूर्वक गर्भाधान-संस्कार किया। गर्भकालमें मुनिने पुंसवन एवं सीमन्तोन्नयन भी किये। समयपर मरुद्वतीके गर्भसे सूर्यके समान तेजस्वी पुत्रका जन्म हुआ। बालकके जातकर्म, नामकरण, अन्नप्राशन आदि सभी संस्कार वेदज्ञ ब्राह्मणोंद्वारा विधिपूर्वक सम्पन्न कराये गये। मृकण्डु मुनिने बालक मार्कण्डेयको विधिपूर्वक वेदोंका अध्ययन करवाया। मार्कण्डेयकी प्रतिभा अत्यन्त प्रखर थी। भगवान् शंकरकी कृपासे उन्होंने अल्प समयमें ही सम्पूर्ण वेदोंका अध्ययन कर लिया। वे प्रतिदिन श्रद्धापूर्वक माता-पिताकी सेवा करते थे। बालक मार्कण्डेयकी आयुके पंद्रह वर्ष पूरा होते-होते पिताका हृदय शोकसे व्याकुल हो उठा।

'पिताजी! आप व्याकुल क्यों हैं?' पितृ-भक्त मार्कण्डेय अपने पितासे स्वाभाविक ही पूछ बैठे। 'बेटा! भगवान् शंकरने तुम्हें सोलह वर्षकी ही आयु प्रदान की है। उसकी समाप्तिका समय अब संनिकट है।' मृकण्डुने उत्तर दिया। 'पिताजी! आप शोक न करें। मैं भगवान् शंकरकी कृपासे अमर हो जाऊँगा। प्रलयंकर प्रभु बड़े दयालु हैं। वे कालके भी महाकाल, मृत्युको जीतनेवाले, कालकूट विषको भक्षण करनेवाले एवं औढरदानी हैं।' पितृभक्त मार्कण्डेयने बड़े विश्वासके साथ पिताको आश्वासन दिया। पुत्रकी बात सुनकर माता-पिताको किंचित् धैर्य हुआ। 'बेटा! तुम अवश्य कृपालु शंकरकी शरणमें जाओ। वे सम्पूर्ण विश्वके आश्रय और जगत्की रक्षा करनेवाले हैं। वे अपनी महिमासे कभी च्युत होनेवाले नहीं हैं।' माता-पिताने भी मार्कण्डेयको उत्साहित किया।

माता-पिताकी आज्ञा प्राप्तकर मार्कण्डेय दक्षिण-समुद्रके तटपर गये। वहाँ उन्होंने विधिपूर्वक एक शिवलिङ्गकी स्थापना की।

मार्कण्डेय त्रिकाल स्नान करके भगवान् शिवकी पूजा करते और अन्तमें 'महामृत्युंजयस्तोत्र'का पाठ करते। बड़े भक्तिभावसे वे शिवाराधनामें संलग्न रहते। इस प्रकार उनकी आयुके सोलहवें वर्षका अन्तिम दिन आ पहुँचा। वे पूजन समाप्तकर स्तोत्र-पाठ करने ही जा रहे थे कि अक

(यम) उन्हें लेने आ पहुँचा। उसके गोलाकार लाल-लाल नेत्र अत्यन्त डरावने थे। उसकी काली सूरत बड़ी भयंकर लगती थी। वह हाथमें पाश लिये हुए था।

'महामते काल! मैं महामृत्युंजयस्तोत्रका पाठ पूरा कर लूँ, तबतक तुम प्रतीक्षा करो। यह शिवस्तोत्र मुझे बहुत प्रिय है, इसके पूर्ण किये विना मैं कहीं नहीं जाता।' मार्कण्डेयने कालसे प्रार्थना की।

'अरे ब्रह्मन्! सम्भवतः तुम कालके प्रवाहको नहीं जानते, क्या तुम्हें ज्ञात नहीं, मैं न जाने कितने चक्रवर्ती राजाओं और इन्द्रोंको अपना ग्रास बना चुका हूँ। धूलके कण गिन लेना सम्भव हो सकता है, पर मेरे ग्रासोंको गिनना कठिन है। मैं कभी किसीकी प्रतीक्षा नहीं करता।' कालने क्रुद्ध होकर मार्कण्डेयसे कहा।

'कालदेव! सावधान, भगवान् शिवके भक्तोंपर मृत्यु, यमराज, यमदूत तथा दूसरे कोई भी अपना प्रभुत्व नहीं जमा सकते। भगवान् शिवकी स्तुतिमें विघ्न डालनेवालेका शीघ्र नाश हो जाता है। भला, भगवान् नीलकण्ठके लिये कौन-सा कार्य दुष्कर है।' मार्कण्डेयने पुनः प्रार्थना की; परंतु कुपित कालदेवपर कोई प्रभाव न पड़ा और वह मार्कण्डेयको निगलनेके लिये झपटा।

परम कृपालु शंकर तत्काल शिवलिङ्गसे प्रकट हो गये। उनके मस्तकपर अमृतस्रावी अर्धचन्द्रका मुकुट शोभायमान था, उनकी अवस्था एवं रूपकी शोभा अवर्णनीय थी। भगवान् महादेवने हुंकार भरकर कालदेवकी छातीपर चरण-प्रहार किया। उस प्रहारसे आहत हो काल तुरंत दूर जा गिरा।

मार्कण्डेय भगवान् शंकरको सम्मुख उपस्थित देख गद्गद हो चरणोंमें गिर पड़े और 'मृत्युंजय-स्तोत्र'से* उनका स्तवन करने लगे।

कृपालु भगवान् शंकरने प्रसन्न हो मार्कण्डेयको अनेक कल्पोंकी आयु प्रदान की।

(३)

आहुक-दम्पतिपर कृपा

अर्बुदाचलके समीप आहुक नामक एक भील रहता था। उसकी पत्नीका नाम था आहुका। पति-पत्नीका स्वभाव सात्त्विक था तथा दोनों ही शिवके अनन्य-भक्त थे। वे निरन्तर बड़ी तत्परतासे भगवान् शंकरकी आराधनामें संलग्न रहते तथा वर्णाश्रमधर्मका पालन करते हुए जीवन-यापन करते थे। उत्तम व्रतोंका पालन करना उनके जीवनका सहज-स्वाभाविक लक्ष्य था, जिसमें वे कभी नहीं चूकते थे।

एक दिन कृपालु भगवान् शंकरने उनकी परीक्षा लेनेकी सोची और उन्होंने एक यतिका रूप धारण किया। भगवान् शंकरका यही यतिरूप उनका 'यतिनाथ' अवतार कहलाता है। एक दिन संध्यासमय वे यतिरूपमें भक्तिमती आहुकाके यहाँ पहुँचे। शिव-भक्त आहुक उस समय आहार लेकर घर लौटे थे। दम्पतिने बड़े प्रेमसे यतिदेवका पूजन कर उनका आतिथ्य किया। यतिनाथने बड़ी विनम्रतासे उनसे रात्रिभरके लिये आवासकी याचना की। भक्त आहुककी झोंपड़ी बहुत ही छोटी थी, जिसमें दो व्यक्तिसे अधिक सो नहीं सकते थे। अब तो आहुकके लिये एक बहुत बड़ा धर्म-संकट उपस्थित हो गया। वह कुछ भी निर्णय न ले सका और मौन रहा। यतीश्वर जानेको उद्यत हो गये। भक्तिमती आहुकाको यह बात अच्छी न लगी। घरमें आये हुए अतिथिका निराश होकर लौटना गृहस्थके लिये एक अधर्मकी बात होगी। उसने अपने पतिसे प्रार्थना की—'नाथ! आप और यतीश्वर कुटियामें सोयें, मैं घरके बाहर शस्त्र लेकर प्रहरीका कार्य करूँगी।' आहुकको अपनी पत्नीकी अतिथि-सत्कारकी भावनासे प्रेरणा मिली। उसके मनका संकोच दूर हो गया। उसने यतीश्वरको बड़ी दीनतासे प्रार्थना करके जानेसे रोका। आहुकने यतीश्वर एवं अपनी धर्मपत्नीको घरके अंदर सुला दिया तथा स्वयं बाहर पहरा देने लगा।

रात्रिमें हिंसक पशुओंने आहुकपर आक्रमण किया। भगवान् शंकरका विधान तो पहलेसे ही निश्चित था। हिंसक पशुओंने आहुकको मार दिया। प्रातःकाल आहुका उठी और बाहर आकर देखा तो उसे अपने पति मृतक दिखायी पड़े। यतीश्वरको भी भीलके इस तरह अपने लिये मरनेका बहुत दुःख हुआ। पतिव्रता आहुकाने धैर्य नहीं छोड़ा। उसका एकमात्र आधार तो उसका पति ही था। उसने यतीश्वरके

* 'मृत्युंजयस्तोत्र' बड़ा प्रभावशाली तथा अनुभूत है, इसके प्रयोगसे आश्चर्यजनक सफलताके कई उदाहरण मिले हैं। यह स्तोत्र 'कल्याण' के 'भगवन्नाम-महिमा और प्रार्थना-अङ्क' नामक विशेषाङ्कके पृष्ठ ६२० पर प्रकाशित है।

चरणोंमें प्रणाम किया और उनसे प्रार्थना की—'स्वामिन्! आप कृपा कर धर्म-पालनमें मेरे सहायक बनें। पतिका अनुगमन ही भारतीय पतिप्राणा नारियोंका धर्म है। मेरे पति मेरे सर्वस्व थे, अब मुझे सती होना है। आप चिता तैयार करनेमें मुझे सहयोग दें, जिससे मैं अपने पतिके साथ सती हो जाऊँ; क्योंकि यही मेरे लिये परम सौभाग्यकी बात होगी।' यतिदेवने एक चिता तैयार कर दी। भीलनीने अत्यन्त प्रसन्नतापूर्वक भीलके मृतक शरीरके साथ उस चितामें प्रवेश किया। भीलनीके चितामें प्रवेश करते ही भगवान् शंकर यतिरूपको छोड़कर अपने वास्तविक रूपमें प्रकट हो गये। भीलनी आहुका आराध्यदेवको अपने सामने प्रत्यक्ष खड़ा देखकर गद्गद हो उठी। वह अपने मनकी सारी व्याकुलता भूल गयी। भगवान् शंकरके सामने अपने पतिदेवके साथ इस तरहकी मृत्युको उसने अपना परम सौभाग्य माना। कृपासिन्धु भगवान् शंकरने उससे इच्छानुसार वर माँगनेका आग्रह किया, परंतु उसे अब कुछ माँगनेकी सुध ही नहीं रही। उसने हँसते हुए मृत्युका वरण किया।

यही आहुक अगले जन्ममें निषधदेशके अधिपति महाराज वीरसेनके पुत्र नल हुए। नल गुण एवं रूप-सौन्दर्यमें अद्वितीय थे। इनके रूप-वैभवके सम्मुख कामदेव भी लज्जित था। उधर आहुकाने दमयन्ती नामक कन्याके रूपमें विदर्भराज भीमके यहाँ जन्म लिया। वह भी गुण और सौन्दर्यमें अद्वितीय थी। उसके गुण एवं रूपपर देवता लोग भी मुग्ध थे। दयालु भगवान् शंकर अपने निज-जन आहुक दम्पतिको अभी भी नहीं भूले थे। उन्होंने 'हंस'रूपमें अवतार लिया। हंसका स्वर्णमय रूप बड़ा मनोहर था। हंसने नल एवं दमयन्ती दोनोंके पास जाकर उनके गुण एवं रूप-सौन्दर्यका वर्णन किया और उन दोनोंका एक दूसरेके प्रति पूर्ण राग उत्पन्न कर दिया। कालान्तरमें नल-दमयन्तीका विवाह हुआ। एक बार कलियुग इनपर अकारण कुपित हो गया; किंतु उसकी एक भी न चली। अन्तमें उसे हार ही नहीं खानी पड़ी, अपितु आजतक वह इनके नामसे डरता है। नल-दमयन्तीके कथा-कीर्तनसे ही कलियुग दूर रहता है।

नल-दमयन्तीने भगवान् शंकरकी कृपासे बहुत काल राज-वैभवका सुख भोगा। अन्तमें उन्हें शिवजीकी कृ शिव-लोककी प्राप्ति हुई।

(४)

नभगपर कृपा

भक्त नभग राजा अम्बरीषके पितामह थे। वे बड़े कुशाग्र-बुद्धि एवं अध्यवसायी थे। वे गुरुकुलमें विद्याध्ययन करने गये और विद्यामें रुचि होनेके कारण वे दीर्घकालतक अध्ययन करते रहे। इन्द्रियसंयम तो उन दिनों विद्यार्थियोंका मुख्य लक्ष्य था ही। नभगके दीर्घकालिक प्रवासके समय उनके भाइयोंने अपने पिता श्राद्धदेवके राज्य एवं सम्पत्तिको आपसमें बाँट लिया। उन्होंने नभगके हिस्सेकी तनिक भी चिन्ता नहीं की और न उनके हिस्सेमें ही कुछ छोड़ा। सम्पूर्ण वेदोंका अध्ययन करनेके पश्चात् नभग जब अपने घर लौटे, तब हिस्सेके नामपर भाइयोंने उन्हें कुछ भी नहीं दिया। भाइयोंने नभगको दिखावटी प्रेम प्रदर्शन करते हुए सफाई दी—'भैया! हम तो तुम्हें बँटवारेके समय एकदम भूल ही गये। अब तुम अपने हिस्सेमें पिताजीको ग्रहण कर लो।' नभगने झगड़ा करना उचित नहीं समझा। वे संतोषपूर्वक अपने पिताजीकी सेवामें लग गये। श्राद्धदेवके पास सम्पत्तिके नामपर कुछ भी न बचा था, वे अपने पुत्र नभगको क्या देते! माता-पिताकी सेवा अमोघ होती है। एक दिन श्राद्धदेवने कहा—'बेटा नभग! अङ्गिरसगोत्रीय ब्राह्मण एक बहुत बड़ा यज्ञ कर रहे हैं, परंतु वे लोग यज्ञके अन्तिम दिनकी विधिमें कुछ भूल कर जाते हैं। तुम उनके पास जाओ और उनकी सहायता करो।' नभग पिताजीकी आज्ञा शिरोधार्य कर ब्राह्मणोंके पास गये और उन्होंने उनका यज्ञ बहुत ही विधिपूर्वक सम्पन्न करवाया। ब्राह्मण लोग नभगपर बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने यज्ञसे बचा हुआ बहुत-सा धन नभगको दे दिया।

भगवान् शंकर बड़े कृपालु हैं। यज्ञके शेष भागपर सदैव उनका ही अधिकार होता है। दयामय भगवान् शंकर बड़े ही मनोहर वेषमें वहाँ प्रकट हुए। उस समय उनकी शोभा बड़ी निराली थी। यज्ञशेष धनको ग्रहण करते समय भगवान् शंकरने नभगसे पूछा—'भैया! तुम कौन हो? यह धन तो मेरा है। तुम्हारा इसपर कोई अधिकार नहीं है।' नभगने भगवान् शंकरको उस वेषमें पहचाना नहीं। उन्होंने कहा—'यह धन तो ब्राह्मणोंने मुझे प्रदान किया है, अतः इसपर किसी दूसरेका अधिकार कैसे हो सकता है?' भगवान् शंकर बोले—'तुम अपने पितासे इस बातका निर्णय करा लो कि यह धन किसका है?'

नभग अपने पिताके पास आये और उन्होंने पूरी बात सुना दी। श्राद्धदेवको प्रजापति दक्षके यज्ञका इतिहास स्मरण हो आया। उन्होंने मन-ही-मन भगवान् शंकरको प्रणाम किया और कहा—'बेटा! वे और कोई नहीं हो सकते, साक्षात् भगवान् शंकर ही होंगे, जो तुमपर कृपा करने पधारे हैं। यह सम्पूर्ण विश्व ही उनकी सम्पत्ति है, जिसमें यज्ञसे बचा हुआ भाग तो निश्चय ही उनका होता है। अपने अपराधके लिये तुम उनसे क्षमा-याचना करो। कृपालु शंकर तुमपर अवश्य ही शीघ्र कृपा करेंगे। उनका प्राकट्य कृपावैभव-विस्तारके लिये ही होता है।'

नभग लौट आये भगवान् शंकरके पास। वे आते ही उनके चरणोंमें नतमस्तक हो गये और बोले—'प्रभो! मुझ अज्ञानीका अपराध क्षमा करें। मैं तो निरा मूर्ख हूँ। यह समस्त ब्रह्माण्ड ही आपकी सम्पत्ति है, फिर यज्ञावशिष्टकी तो बात ही क्या है'—ऐसा कहकर नभग चन्द्रमौलिका स्तवन करने लगे।

भगवान् शंकर तो ठहरे भोलेबाबा। वे नभगकी दीन वाणीमात्रसे प्रसन्न हो गये। इतनेमें ही नभगके पिता श्राद्धदेव भी वहाँ आ पहुँचे।

अब भगवान्का कृपाकटाक्ष नभगपर पड़ा, उन्होंने अपना अमोघ आशीर्वाद दिया—'नभग! मैं तुमपर बहुत प्रसन्न हूँ। मैं तुम्हें दुर्लभ सनातन ब्रह्मतत्त्वका ज्ञान प्रदान करता हूँ। तुम अभी तो इस संसारमें रहकर धर्मपूर्वक सुखोंका भोग करो। अन्त समयमें मेरी कृपासे तुम्हें मेरा दिव्य धाम मिलेगा।'

नभग अपने पिता श्राद्धदेवके साथ लौट आये। शिव-कृपासे उन्हें विपुल वैभव प्राप्त हुआ। उसका उपभोग करनेके पश्चात् अन्त समयमें उन्हें दिव्य कैलासवास मिला।

(५)

उपमन्युपर कृपा

उपमन्यु मुनिवर व्याघ्रपादके सुपुत्र थे। पूर्वजन्ममें साधनाकी बड़ी उच्चस्थितिको प्राप्त थे। अपनी शैशवावस्थामें वे एक बार अपने मामाके आश्रमपर गये। वहाँ उन्हें थोड़ा-सा दूध पीनेको दिया गया। उनके ही सामने उनके ममेरे भाईने भरपेट दूध पिया। यद्यपि बालक उपमन्युका कुछ वश न चला, परंतु दूध पीनेके लिये उनका मन बहुत छटपटाया। वे दुःखी मनसे अपनी माँके पास आये और बोले—'माँ! मुझे भी गरम-गरम दूध पीनेको दो, मुझे भूख लगी है।' माँके पास कुछ भी सम्पत्ति नहीं थी, वह बड़ी दीन दशामें थी। किसी तरह भिक्षा माँगकर बालकका पोषण करती थी। वह दुःखी उपमन्युको भुलावेमें डालने लगी; परंतु उपमन्युने दूध लेनेकी हठ ठान ली और रोने लगे। अन्तमें उनकी माँ कुछ बीज माँगकर ले आयी और उन्हें पीसकर उनमें कुछ पानी डाला। इस प्रकार बेटे उपमन्युको अपने कृत्रिम दूधसे प्रसन्न करना चाहा, किंतु उपमन्यु तो मामाके यहाँ असली गायके दूधका आस्वादन कर चुके थे, अतः व्याकुल होकर रोते हुए बोले—'माँ! तू मुझे क्यों चिढ़ा रही है? यह दूध तो है नहीं।' बेटेकी करुण वाणी सुनकर माता कराह उठी और बोली—'बेटा! हम वनमें रहनेवाले हैं, अपने पास कुछ सम्पत्ति तो है नहीं, फिर दूध कहाँसे लाऊँ? सचमुच यह तो कृत्रिम दूध है। बेटा! असली दूध तो भगवान् शंकरकी कृपासे ही मिल सकता है। पूर्वजन्ममें जो कुछ भगवान् शंकर अथवा विष्णुके उद्देश्यसे किया जाता है, वही वर्तमान जन्ममें मिलता है। बेटा! यदि तुम्हें दूध चाहिये तो तुम उनसे ही माँगो, वे सब कुछ देनेमें समर्थ हैं।'

उपमन्युने माँकी बात ध्यानपूर्वक सुनी और कहा—'माँ! भगवान् शिव एवं माता पार्वती तो आज भी विद्यमान हैं, फिर मुझे चिन्ता किस बातकी? मैं भगवान् शंकरकी कृपासे क्षीरसागर भी प्राप्त कर सकता हूँ, मुझे आज्ञा दो, मैं हिमालयपर जाकर उनकी आराधना करूँगा।'

शिवभक्ता माताका हृदय अपने बेटेकी बात सुनकर प्रसन्न हो उठा। वह बोली—''बेटा! भगवान् शंकर बड़े कृपालु हैं। वे शीघ्र ही प्रसन्न हो जाते हैं। तुम जाकर 'ॐ नमः शिवाय' मन्त्रका जप करो। यह मन्त्र अनन्त शक्तिसम्पन्न है। प्रणवसहित दूसरे समस्त मन्त्र इसीमें लीन होते हैं। यह मन्त्र सबकी रक्षा करनेमें समर्थ है। इस मन्त्रका जप करनेसे सब कुछ सुलभ हो जाता है, यह बड़ी-से-बड़ी आपत्तियोंका निवारण करनेवाला है। तुम जाओ और इस पञ्चाक्षर मन्त्रका निष्ठासहित जप करो। तुम्हारा कल्याण हो।''

उपमन्युने माँके चरणोंमें प्रणाम कर हिमालय पर्वतकी ओर प्रस्थान किया। उपमन्युके हृदयमें आराधनाकी दृढ़ लगन थी, उन्होंने पर्वतके एक निर्जन स्थानमें पहुँच-

भगवान् शंकरके एक छोटे-से मन्दिरका निर्माण किया। उसमें मिट्टीका एक शिवलिङ्ग स्थापित किया और माता पार्वती एवं गणोंसहित भगवान् शंकरका आवाहन करके जंगलके पत्र-पुष्प एकत्र कर माताद्वारा प्राप्त पञ्चाक्षर मन्त्रसे अपने आराध्यका पूजन करना आरम्भ किया। उन्होंने सब इन्द्रियोंको वशमें कर मनको भगवान् शिवके ध्यानमें एकाग्र कर दिया। उपमन्युकी जिह्वा निरन्तर 'ॐ नमः शिवाय'के जपमें लगी थी। दुष्ट राक्षसोंके विघ्न भी उन्हें तपस्यासे न डिगा सके।

सभी देवता उपमन्युकी तपस्यासे प्रसन्न हो गये और उन्होंने भगवान् शंकरसे प्रार्थना की—'प्रभो! उपमन्युपर अपनी कृपासुधाकी वर्षा कीजिये।' कृपासिन्धु भगवान् शंकर तो उपमन्युकी भक्ति और भी दृढ़ करना चाहते थे। वे उन्हें केवल दूधसे ही तृप्त नहीं करना चाहते थे, प्रत्युत स्वयं अपने-आपको भी दे देना चाहते थे। उपमन्युको दृढ़ करनेके लिये कृपासिन्धु शंकरने 'सुरेश्वरावतार' धारण किया। नन्दीश्वर वृषभने ऐरावत गजका, माता पार्वतीने शचीदेवीका और अन्य गणोंने विभिन्न देवताओंका रूप धारण किया। सुरेशावतार भगवान् शंकर इन्द्रके रूपमें ऐरावतपर चढ़कर उपमन्युके पास पहुँचे और बोले—'बेटा उपमन्यु! मैं तुमपर अनुग्रह करने आया हूँ। मैं तुम्हारी आराधनासे बहुत संतुष्ट हूँ। तुम वर माँगो, मैं तुम्हें सम्पूर्ण अभीष्ट वस्तुएँ दूँगा।'

'शचीनाथ! देवेश्वर!! मेरे अहोभाग्य हैं, जो आपने इस दासको याद किया। प्रभो! आप मुझे शिवभक्ति प्रदान करें। परमात्मा महादेवके चरणोंमें निरन्तर मेरी प्रीति बढ़ती रहे, यही आशीर्वाद मुझे दें।' उपमन्यु देवेश्वरके चरणोंमें नतमस्तक हो गये।

'उस निर्गुण रुद्रकी उपासना! उस मुण्डमालाधारी, पिशाचप्रेमीसे तुम्हारा क्या प्रयोजन सिद्ध होगा? मैं देवेश्वर हूँ, सब प्रकारसे तुम्हारा कल्याण कर सकता हूँ। तुम मेरे शरणागत होकर शिवाराधनका त्याग करो।' सुरेशावतारने बड़े प्रेमसे उपमन्युको समझाया।

अपने आराध्य महादेव शंकरका उपहास उपमन्यु सहन न कर सके। उन्होंने तत्काल भस्म उठायी और उसे अभिमन्त्रित कर शिव-निन्दक इन्द्रको नष्ट करनेके लिये अघोरास्त्रका आवाहन किया तथा शिवचरणोंका ध्यान करते हुए स्वयंको भी दग्ध करनेके हेतु उद्यत हो गये।

भक्त उपमन्युकी परीक्षा समाप्त हो गयी। भगवान् शंकर माँ पार्वती एवं नन्दी आदि गणोंसहित अपने वास्तविक रूपमें प्रकट हो गये। नन्दीश्वरने अघोरास्त्रको तुरंत रोक दिया। वे अपने प्रिय भक्तको भी दग्ध कैसे होने देते!

'बेटा उपमन्यु! मैं प्रसन्न हूँ। मैं ही तो तुम्हारा [illegible] हूँ और यह पार्वती ही तुम्हारी माता है। केवल दूध क्यों? सुधा, दधि, घृत, समस्त भोज्य पदार्थ तु[म्हारे] लिये आजसे सुलभ हैं।' चन्द्रमौलिने उपम[न्युको] आशीर्वाद दिया।

साक्षात् भगवान् शिव-पार्वतीको अपने सम्मुख प्र[त्यक्ष] देखकर उपमन्यु दण्डकी भाँति उनके चरणोंमें लेट गये, दीनवत्सल महादेवने प्रिय उपमन्युको गले लगाकर माता पार्वतीकी गोदमें डाल दिया। दयामूर्ति माता पार्वतीने उपमन्युको योगजनित ऐश्वर्य, संतोष, अविनाशिनी ब्रह्मविद्या और उत्तम समृद्धि प्रदान की। इधर औढरदानीको इतनेसे संतोष नहीं हुआ। उन्होंने उपमन्युको पाशुपतव्रत, पाशुपत ज्ञान, तात्त्विक व्रतयोग तथा प्रवचनकी परम पटुता भी प्रदान की।

उपमन्युने तो अपने आराध्यसे केवल अव्यभिचारिणी भक्ति माँगी थी; परंतु उन्होंने उसे अजर-अमर, दुःखरहित और दिव्य ज्ञानसे सम्पन्न होनेका आशीर्वाद भी दिया। कृपा[लु] शंकरके अनन्त कृपा-वैभवका अनुभव कर उपमन्यु कृतकृ[त्य] हो गये।

(६)

अर्जुनपर कृपा

कौरवोंद्वारा अपमानित पाण्डव साध्वी द्रौपदीसहित द्वैतवनमें अपने वनवासकी अवधि व्यतीत कर रहे थे। दुष्ट दुर्योधनने महर्षि दुर्वासाको प्रेरितकर पाण्डवोंके पास भेजनेकी छलपूर्ण चाल चली थी। महर्षि अपने दस हजार शिष्योंसहित वनमें पाण्डवोंका आतिथ्य ग्रहण करने हेतु जा पहुँचे। अन्नाभावके कारण पाण्डवोंपर भीषण संकट आ पड़ा था, परंतु भक्तिमती द्रौपदीके आवाहनपर कृपासिन्धु श्रीकृष्णने प्रकट होकर तुरंत ही उनका यह संकट दूर कर दिया। भगवान् श्रीकृष्ण तो

त्रिकालज्ञ ठहरे, उन्होंने अपने सखा अर्जुनपर निकट भविष्यमें आनेवाले भीषण संकटके बादलोंको पहले ही जान लिया। अतः उन्होंने अपने सखाको शीघ्र प्रसन्न हो जानेवाले कृपालु भोलेनाथकी आराधना करनेका सुझाव दिया।

सखा श्रीकृष्णकी सम्मतिसे मन्दाकिनीके पावन तटपर पाण्डुनन्दन अर्जुन भगवान् व्यासदेवद्वारा बतायी गयी आराधना-विधिके अनुसार सम्पूर्ण इन्द्रियोंपर नियन्त्रण कर भगवान् शंकरकी आराधनामें संलग्न हो गये।

उधर दुर्योधनने अर्जुनकी आराधनामें विघ्न डालनेकी नयी चाल चली। उसने मूल नामक मायावी दैत्यको इस कार्यके लिये सहमत किया। वह शूकरका रूप धारणकर वृक्षोंको रौंदता हुआ बड़े वेगसे उस क्षेत्रकी ओर दौड़ा, जहाँ अर्जुन आराधनारत थे। अर्जुनने शूकरवेषधारी असुरको अपनी ओर आते हुए देखा। उसकी दृष्टिमात्रसे ही वे समझ गये कि वह मुझे मारनेके लिये आ रहा है। उन्होंने तुरंत भगवान् शंकरके चरणोंका ध्यान किया।

कृपासिन्धु भगवान् शंकरसे क्या छिपा था? अर्जुनका भावी संकट उन्हें पूर्व ही ज्ञात था। वे अपने आराधकपर संकट कैसे सहन कर सकते थे? अतः जटाजूट-सर्पधारी चन्द्रमौलिने अद्भुत किरातका रूप धारण किया। शरीरपर श्वेत धारियाँ, पीठपर वाणोंसे भरा तरकस, हाथमें धनुष-वाण धारण किये हुए किरातावतार भगवान् शंकरकी शोभा बड़ी ही अद्भुत थी।

यदि कभी वे परीक्षाके लिये भक्तको कष्टमें डाल भी देते हैं तो अन्तमें दयालु स्वभाव होनेके कारण वे ही उसके प्राणदाता भी होते हैं। फिर तो वह भक्त उसी प्रकार निर्मल हो जाता है, जैसे आगमें तपाया हुआ कंचन। शूकर अब अर्जुनके पास पहुँच चुका था। किरातवेषधारी शंकर भी धनुषपर वाण चढ़ाये उसके पीछे-पीछे पहुँच गये। जैसे ही शूकर अर्जुनपर झपटा, भगवान् शंकरने अपना वाण उसपर छोड़ दिया, उधर अर्जुनने भी धनुर्ज्याको आकर्णान्त खींचकर उसपर अपना शर छोड़ दिया। भगवान् शंकरका वाण शूकरके पुच्छभागसे प्रवेश करता हुआ मुखसे होकर निकल गया और अर्जुनका शर उसके मुखभागसे प्रवेश कर उपस्थको चीरता हुआ बाहर निकल गया। वह शूकररूपधारी दानव उसी क्षण धराशायी हो गया और भगवान् शंकरके कृपाप्रसादसे मोक्षको प्राप्त हो गया। अन्तिम क्षणोंमें उसका वास्तविक शरीर प्रकट हो गया।

भगवान् शंकरने भिन्न-भिन्न प्रकारसे उसी समय वीर अर्जुनकी परीक्षा ली। यहाँतक कि वे अर्जुनके साथ युद्धस्थलमें भी उतर गये। अन्तमें अर्जुन भगवान् शंकरको पहचानकर उनकी इस प्रकार वन्दना करने लगे—'देवाधिदेव महादेव! आप तो बड़े कृपालु तथा भक्तोंके कल्याणकर्ता हैं। सर्वेश! आपको मेरा अपराध क्षमा करना ही पड़ेगा।'

कृपालु शंकर निजजनका अपराध कभी देखते ही नहीं। अन्तमें उन्होंने अर्जुनकी भक्तिसे प्रसन्न होकर उन्हें अपना पाशुपत नामक अस्त्र प्रदान किया, जिसे प्राप्तकर अर्जुन अजेय हो गये। (ह० कृ० दु०)

कृपालु भगवान् शंकरकी महिमा

एको हि रुद्रो न द्वितीयाय तस्थुर्य इमाँल्लोकानीशत ईशनीभिः।
प्रत्यङ् जनांस्तिष्ठति संचुकोचान्तकाले संसृज्य विश्वा भुवनानि गोपाः॥
यदातमस्तन्न दिवा न रात्रिर्न सन्न चासच्छिव एव केवलः।
तदक्षरं तत्सवितुर्वरेण्यं प्रज्ञा च तस्मात् प्रसृता पुराणी॥

(श्वेताश्वतर-उपनिषद् ३। २; ४। १८)

'एक रुद्र ही हैं, जो इन सब लोकोंको अपनी शक्तिसे वशमें रखते हैं; अतएव वे ईश्वर हैं, उन्हींकी सब उपासना करते हैं, वे सब लोकोंको उत्पन्न कर अन्तकालमें संहार भी करते हैं, वे ही सबके भीतर अन्तर्यामीरूपसे स्थित हैं। सृष्टिके आदिकालमें जब केवल अन्धकार-ही-अन्धकार था; न दिन था, न रात्रि थी, न सत् (कारण) था, न असत् (कार्य), केवल एक निर्विकार शिव ही विद्यमान थे। वे ही अक्षर हैं, वे ही सबके जनक एवं परमेश्वरके प्रार्थनीयस्वरूप हैं, उन्हींसे ज्ञानविद्या प्रवृत्त हुई है।'

भगवती जगदम्बाका कृपा-कटाक्ष

(१)

देवताओंपर कृपा

रम्भका पुत्र महिषासुर असुरोंका सम्राट् था। रम्भने अग्निदेवकी आराधनाके द्वारा ऐसा बलशाली पुत्र प्राप्त किया था। महिषासुरने भी बड़ी कठोर तपस्या की। उसके कठोर तपको देखकर देवता भी आश्चर्यचकित हो गये थे। अन्तमें महिषासुरके आराध्य ब्रह्माजीने उसे प्रत्यक्ष दर्शन दिया।

'पुत्र! मैं तुमपर पूर्ण प्रसन्न हूँ, वर माँगो।' ब्रह्माजीने महिषासुरसे कहा।

'देवाधिदेव! मुझे मृत्युसे निर्भय करते हुए अमरत्व प्रदान कीजिये।' महिषासुरने प्रसन्नतासे याचना की।

'बेटा! जन्मे हुए प्राणीकी मृत्यु निश्चित है। इसपर मेरा कोई वश नहीं। तुम कोई दूसरा वर माँग सकते हो।' पितामहने कहा।

'प्रभो! कम-से-कम मैं किसी पुरुषद्वारा वध्य न होऊँ। हाँ, स्त्री तो स्वयं ही अबला होती है, उसका मुझे कोई भय नहीं है।' महिषासुरने पुनः याचना की।

'बेटा! कोई पुरुष तुम्हें मार नहीं सकेगा।' पितामहने उसे वर प्रदान किया।

वर प्राप्त करनेके पश्चात् दैत्यराज महिषासुरके अभिमानकी सीमा न रही। समुद्रपर्यन्त सम्पूर्ण पृथ्वीपर उसने अपना प्रभुत्व स्थापित कर लिया। उसके अत्याचारसे तपस्वी, ब्राह्मण आदि सभीने भयभीत होकर उसे यज्ञमें भाग देना स्वीकार कर लिया था। अखिल भूमण्डलपर अधिकार करनेके उपरान्त महिषासुरकी दृष्टि स्वर्गलोकपर गयी। उसने अपनी विशाल दैत्य-सेना लेकर देवराज इन्द्रपर चढ़ाई कर दी। घमासान युद्ध हुआ। देवराज परास्त होने लगे। वे देवगुरु बृहस्पतिजीके पास गये, परंतु उनके पास भी कोई उपाय न था, उन्होंने यही कहा—'देवराज! उद्यमसे कभी भी हटना नहीं चाहिये। कोई सुखी होना चाहे तो संतोषका आश्रय ले। संतोषके अतिरिक्त सुखका साधन और कोई नहीं है। यत्न करनेपर भी जो होनहार होगा, वह तो सामने आयेगा ही।' देवराज इन्द्र लगातार महिषासुरसे परास्त होते ही गये। उन्होंने भागकर ब्रह्माजी एवं भगवान् शंकरकी शरण ली। अन्तमें वे सभी लोग एक साथ वैकुण्ठमें भगवान् विष्णुके पास गये और देवताओंकी विजयके लिये प्रार्थना करने लगे—'करुणासिन्धु भगवन्! अब हमारी रक्षाका उपाय एकमात्र आपके ही हाथ है। आप ही पूर्ण सामर्थ्यवान् हैं। प्रभो! आप तो महिषासुरको ब्रह्माजीद्वारा प्रदत्त वरदानकी बात जानते हैं।'

दयासिन्धुने सभी देवताओंको रक्षाका आश्वासन दिया और तुरंत ही उनके दिव्य तेजसे महाशक्ति भगवती महादेवी दुर्गाके रूपमें प्रकट हो गयी। भगवान् विष्णुने सभी देवताओंसे उन अठारह भुजाओंवाली देवीको अपना-अपना शस्त्र प्रदान करनेके लिये कहा। सभी देवताओंने अपने-अपने अस्त्र-शस्त्र, आभूषण एवं वस्त्र देवीको प्रदान किये। तत्पश्चात् देवतालोग भगवती देवीसे प्रार्थना करने लगे—'अपने सेवकोंपर कृपा करनेवाली देवि! हम सब आपकी शरण हैं। आप समस्त भूमण्डलके बाहर-भीतर व्याप्त हैं, मायाके अंदर प्रविष्ट होते हुए भी आप उससे अज्ञात हैं तथा अन्तःकरणमें रहकर उस मायाको प्रेरित करनेमें उद्यत रहती हैं। हे कल्याणस्वरूपिणी, अजन्मा जगदम्बे! आपको प्रणाम है। हे भगवति! दानवोंद्वारा सताये गये हमलोगोंपर कृपा कर हमारी रक्षा कीजिये।'

उनकी प्रार्थना सुनकर कृपामयी भगवतीने कहा—'देवताओ! अब आपलोग निर्भय हो जाइये।' भगवती दुर्गाने तारस्वरसे हुंकार किया। उनकी उस गर्जनासे दसों दिशाएँ गूँज उठीं। वह गगनभेदी हुंकार महिषासुरके कानोंमें भी पड़ी। उसने अपने दूतोंको उस ध्वनिका पता लगानेके लिये चारों दिशाओंमें भेजा। दूतोंने कल्याणमयी भगवतीका दर्शन कर उनकी अमित शक्तिकी बात महिषासुरसे जा कही। महिषासुर अपने अहंकारमें चूर था। उसने अपनी चतुरंगिणी सेना इकट्ठी की और भगवती चण्डिकासे युद्धके लिये प्रस्थान किया। वह देवीके दिव्य तेजको देखते ही

विमुग्ध हो गया। भगवती चण्डिकाने महिषासुरको समझाया कि वह स्वर्गलोक एवं पृथ्वीलोकको छोड़कर पाताललोकमें चला जाय, किंतु वे हितकारिणी बातें उस महान् अहंकारीको रुचिकर न लगीं। वह सोच रहा था कि संसारकी कोई भी अबला स्त्री मेरे सम्मुख टिक ही कैसे सकती है।

एक-एक करके महिषासुरके सभी सहायक दैत्य-सेनापति भगवती चण्डिकाके हाथों मारे गये। अन्तमें अकेला महिषासुर कालवश भगवतीपर अस्त्र-शस्त्रकी वर्षा करने लगा। भगवती जगदम्बाने अपनी तीक्ष्ण-धार तलवारसे उसके मस्तकको काटकर धड़से अलग कर दिया। इस प्रकार वह मृत्युको प्राप्त हुआ।

महिषासुरका निधन देखकर इन्द्रप्रभृति सभी देवता प्रफुल्लित हो उठे और वे भगवती जगदम्बाका स्तवन करने लगे—

दुर्वृत्तवृत्तशमनं तव देवि शीलं
रूपं तथैतदविचिन्त्यमतुल्यमन्यैः।
वीर्यं च हन्तृ हृतदेवपराक्रमाणां
वैरिष्वपि प्रकटितैव दया त्वयेत्थम्॥
केनोपमा भवतु तेऽस्य पराक्रमस्य
रूपं च शत्रुभयकार्यतिहारि कुत्र।
चित्ते कृपा समरनिष्ठुरता च दृष्टा
त्वय्येव देवि वरदे भुवनत्रयेऽपि॥
(मार्कण्डेयपुराण ४। २१-२२)

'हे देवि! आपका शील दुराचारियोंके दुर्वृत्तका शमन करनेवाला है। यह रूप ऐसा है, जो कभी चिन्तनमें नहीं आ सकता तथा जिसकी कभी दूसरोंसे तुलना भी नहीं हो सकती। आपका बल और पराक्रम तो उन दैत्योंका भी नाश करनेवाला है, जो कभी देवताओंके पराक्रमको भी नष्ट कर चुके थे। इस प्रकार आपने शत्रुओंपर भी अपनी दया ही प्रकट की है। वरदायिनी देवि! आपके इस पराक्रमकी किसके साथ तुलना हो सकती है तथा शत्रुओंको भय देनेवाला एवं अत्यन्त मनोहर ऐसा रूप भी आपके सिवा और कहाँ है! हृदयमें कृपा और युद्धमें निष्ठुरता—ये दोनों बातें तीनों लोकोंके भीतर केवल आपमें ही देखी गयी हैं।'

देवी जगदम्बा इस स्तवनसे प्रसन्न हो गयीं। उन्होंने देवताओंको भविष्यमें स्मरण करनेपर प्रकट होनेका आश्वासन दिया और वे अन्तर्धान हो गयीं। देवीकी इस विलक्षण कृपाका अनुभव कर देवतागण गद्गद हो गये।

कालान्तरमें पातालसे शुम्भ-निशुम्भ नामक दो दैत्य भूतलपर आये। इन्होंने पृथ्वीपर घोर अत्याचार करना प्रारम्भ कर दिया। चण्ड, मुण्ड, धूम्रलोचन, रक्तबीज आदि प्रतापी दैत्य इनकी सेवामें रहते थे। इन्होंने केवल पृथ्वीपर ही प्रभुत्व स्थापित नहीं किया, प्रत्युत इन्द्रप्रभृति देवताओंपर विजय प्राप्तकर स्वर्गमें भी अपना राज्य स्थापित कर लिया। सब देवतागण भगवती जगदम्बाकी कृपाको भूले न थे। अतः सब देवताओंने मिलकर अपनी रक्षा-हेतु माता जगदम्बाकी स्तुति की।

करुणामूर्ति भगवती जगदम्बा तुरंत प्रकट हो गयीं। देवगण भगवतीके चरणोंमें नतमस्तक हो अपना संकट दूर करनेके लिये प्रार्थना करने लगे।

कृपामयी जगदम्बाके श्रीविग्रहसे देवी कौशिकी एवं कालिका प्रकट हुईं। शुम्भ और निशुम्भ अपने साथी दैत्योंसहित उनके साथ युद्ध करते हुए धराशायी हो दिव्यधामको प्राप्त हुए। मरनेसे बचे दानवोंने भगवतीसे क्षमा-याचना की। करुणामूर्ति माँने उन बचे हुए दानवोंको क्षमा करके पातालमें भेज दिया। इसी प्रकार देवतागण बहुशः भगवती जगदम्बाकी कृपा प्राप्तकर संकटमुक्त होते रहे।

(२)

सुदर्शनपर कृपा

भगवान् श्रीरामके कुलमें उनसे पंद्रह पीढ़ी पश्चात् महाराज ध्रुवसंधि नामक एक प्रसिद्ध राजा हुए हैं। ध्रुवसंधिके शासनकालमें अयोध्यामें प्रजाजन सुखी और समृद्धिशाली थे। सभी लोग वर्णधर्मानुसार आनन्दपूर्वक जीवन-यापन करते थे। राजा ध्रुवसंधिके दो रानियाँ थीं मनोरमा और लीलावती। दोनों ही विदुषी एवं सुन्दरी थीं। दोनों रानियोंके एक-एक पुत्र था। महारानी मनोरमाका पुत्र सुदर्शन रानी लीलावतीके पुत्र शत्रुजित्से एक मास बड़ा था। दोनों राजकुमार बलवान्, बुद्धिमान्, तेजस्वी एवं सुन्दर थे।

सब प्रकारसे निर्दोष महाराज ध्रुवसंधिको मृगयाका दुर्व्यसन था। एक बार वे वनमें शिकार खेलने गये। वहाँ

अचानक एक क्रुद्ध शेरने महाराजपर आक्रमण कर दिया। महाराजने आत्मरक्षाके अनेक प्रयत्न किये, परंतु भगवान्‌का विधान कुछ और ही था। शेरके साथ वे स्वयं भी स्वर्ग सिधार गये। यह समाचार पाकर मुनिवर वसिष्ठजी एवं राज्यके मन्त्रिगण वनमें इकट्ठे हुए। वसिष्ठजीने राजाकी सभी पारलौकिक क्रियाएँ सम्पन्न करवायीं। मन्त्रियोंने परामर्श कर बड़े राजकुमार सुदर्शनको राजगद्दीपर बैठाना चाहा; किंतु महाराज ध्रुवसंधिकी मृत्युका समाचार सुनकर लीलावतीके पिता (उज्जयिनीके) राजा युधाजित् तथा मनोरमाके पिता (कलिङ्गके) राजा वीरसेन अपनी-अपनी सेनासहित अयोध्या पहुँच गये थे।

युधाजित्‌ने अपने दौहित्र शत्रुजित्‌को राजगद्दी देनी चाही और वीरसेनने अपने दौहित्र सुदर्शनको। दोनोंमें बड़ा विवाद छिड़ गया। प्रजाजनों एवं ऋषियोंमें खलबली मच गयी, परंतु समस्याका कोई निदान न निकल सका, अन्तमें वीरसेन एवं युधाजित्‌के बीच युद्ध छिड़ गया। युद्धमें वीरसेन खेत रहे। रानी मनोरमाको अपने पिताकी मृत्युकी सूचना मिली, वह घबरा उठी। उसे अपने पुत्र सुदर्शनकी मृत्यु भी निकट प्रतीत होने लगी। उसने तुरंत प्रधान मन्त्री विदल्लको बुलवाया। मन्त्री विदल्ल बड़े ही दयालु प्रकृतिके पुरुष थे। उन्होंने रानी मनोरमाको अपने पुत्र सुदर्शनसहित अविलम्ब वह स्थान छोड़नेका परामर्श दिया। उसने एक रथमें रानी मनोरमा, राजकुमार सुदर्शन एवं एक दासीको बैठाकर काशीकी ओर प्रस्थान किया। मार्गमें डाकुओंने उन्हें घेर लिया और बहुत कष्ट दिया, परंतु किसी तरह वे लोग मुनि भरद्वाजजीके आश्रममें पहुँचे। मन्त्री विदल्लने मुनिवरको पूरी बात कह सुनायी। मुनिवर भरद्वाजजीको उन लोगोंकी दीन दशा देखकर दया आ गयी और उन्होंने अपने यहाँ उन्हें शरण दे दी। रानी मनोरमाके चित्तको कुछ शान्ति मिली और वे अपनी दासीके साथ रहते हुए वहीं सुदर्शनका पालन पोषण करने लगीं।

उधर युधाजित्‌ने अपने दौहित्र शत्रुजित्‌को अयोध्याकी राजगद्दी दे दी और मन्त्रियोंको राज्य-भार सौंपकर वह अपनी राजधानी उज्जयिनी लौट गया; किंतु उसके मनमें राजकुमार सुदर्शनका भय अब भी लगा हुआ था। गुप्तचरोंद्वारा उसे ज्ञात हुआ कि रानी मनोरमा अपने पुत्र सुदर्शनसहित भरद्वाजमुनिके आश्रममें है। युधाजित्‌ने अपने मन्त्री और सेनाको साथ लेकर मुनिके आश्रमकी ओर प्रस्थान किया। वहाँ पहुँचकर उसने भरद्वाजजीसे अपने शत्रु सुदर्शन एवं रानी मनोरमाको माँगा, परंतु मुनिवर अपने शरणागतका त्याग करनेके लिये किसी भी प्रकार सहमत न हुए। वह मुनिवर भरद्वाजके कोपसे डरकर सुदर्शनकी आशा छोड़कर लौट गया।

पाँच वर्षके बालक सुदर्शनने एक बार कहींसे 'क्लीं' शब्द सुनकर याद कर लिया। 'क्लीं' भगवती जगदम्बाका बीज-मन्त्र है। इस मन्त्रमें उसकी आदरबुद्धि हो गयी और वह इस मन्त्रको बार-बार उच्चारण करने लगा। इस मन्त्रका सुदर्शनपर बड़ा विलक्षण प्रभाव पड़ा। मन्त्र-बलसे ग्यारह वर्षकी अवस्था होते-होते उसे धनुर्वेद, नीतिशास्त्र एवं सम्पूर्ण विद्याएँ भलीभाँति ज्ञात हो गयीं। एक दिन भगवती जगदम्बाने कृपा कर उसे प्रत्यक्ष दर्शन दिया। उस दिनसे राजकुमारकी उपासनामें और भी दृढ़ता आ गयी।

काशीनरेश सुबाहुकी उत्तम गुणोंसे सम्पन्न शशिकला नामकी एक सुन्दरी कन्या थी। उसने राजकुमार सुदर्शनके गुण एवं रूपकी चर्चा सुन रखी थी। एक रात स्वप्नमें भगवती जगदम्बाने उसे दर्शन देकर अपने भक्त सुदर्शनको वरण करनेका आदेश दिया। भगवती जगदम्बाका आदेश पाकर शशिकला प्रफुल्लित हो उठी और उसने मन-ही-मन सुदर्शनको ही वरण करनेका निश्चय कर लिया।

उधर शशिकलाके पिता सुबाहु उसे वयस्क हुई जानकर उसके विवाहकी तैयारी करने लगे थे। उन्होंने बड़ी धूमधामसे स्वयंवरकी तैयारी करवायी। शशिकलाने अपने लिये स्वयंवरकी बात सुनकर अपनी एक सखीद्वारा राजकुमार सुदर्शनको वरण करनेका अपना निर्णय अपने मातापितासे कहला दिया। राजा सुबाहु अपनी पुत्रीका निर्णय सुनकर बड़े आश्चर्यमें पड़ गये। वे जानते थे कि सुदर्शन राजकुमार होते हुए भी बहुत निर्धन एवं दयनीय अवस्थामें भरद्वाजाश्रममें वास करते हैं। वे ऐसे दीन-हीन बालकको अपनी कन्या नहीं देना चाहते थे। अतः शशिकलाके माता-पिताने उसको अपना निर्णय वापस लेनेके लिये बहुत समझाया। शशिकलाने स्वप्नमें भगवती जगदम्बाके आदेशकी बात अपनी माताको कह सुनायी और राजकुमार सुदर्शनको वरण करनेके निश्चयपर अटल रही।

शशिकलाने एक योग्य ब्राह्मणद्वारा राजकुमार सुदर्शनको अपने स्वयंवरकी सूचना भेज दी और भगवती जगदम्बाके

आदेशकी बात कहला दी । उससे स्वयंवरमें अवश्य पधारनेके लिये आग्रह भी कर दिया ।

सुदर्शन स्वयंवरमें जानेको तैयार हो गया । यद्यपि उसकी माता मनोरमाने उसे रोकना चाहा; क्योंकि उसे भय था कि स्वयंवरमें शत्रु युधाजित् कहीं उसके एकमात्र पुत्रको मार न डालें; परंतु सुदर्शनका आधार भगवती जगदम्बाका बीज-मन्त्र 'क्लीं' था, उसे भगवतीकी कृपापर पूर्ण विश्वास था । अतः एक रथपर अपनी माता और दासीके साथ सवार होकर उसने भगवती जगदम्बाका स्मरण करते हुए स्वयंवरके लिये प्रस्थान कर दिया ।

काशीमें चारों दिशाओंके राजा शशिकलाके स्वयंवरके लिये एकत्र हो रहे थे । राजकुमार सुदर्शन भी स्वयंवरके लिये आये हुए राजाओंमें सम्मिलित हो गया । उधर युधाजित् भी अपने दौहित्र शत्रुजित्के साथ स्वयंवरमें आया था । राजकुमार सुदर्शनको देखकर युधाजित् आगबबूला हो उठा । उसने आगत राजाओंको उत्तेजित किया—'बलशाली एवं ऐश्वर्य-सम्पन्न राजाओंके रहते इस गरीब बालकका इतना साहस कि हमलोगोंके साथ स्वयंवरमें सम्मिलित हो रहा है ।'

राजकुमार सुदर्शनने कहा—'शक्ति, सहायक, सम्पत्ति, सुरक्षित मित्र, सुहृद् और रक्षक—इन सब साधनोंके अभावमें भी स्वयंवरका समाचार सुनकर भगवती जगदम्बाकी कृपाका आश्रय ग्रहण करके मैं स्वयंवरमें आया हूँ । मेरी दृष्टिमें सर्वत्र भगवती जगदम्बा ही हैं । वे परम आराध्या शक्ति हैं । उनकी कृपासे ही सब कुछ सम्भव है, अतः मुझे किस बातका भय है, सहायक या संरक्षककी भी क्या आवश्यकता है ।'

निर्भीक सुदर्शनकी बातोंसे समागत राजाओंको बड़ी शान्ति मिली, परंतु राजा सुबाहु भयभीत हो गये, उन्हें युधाजित्से भय लग रहा था । उन्होंने जाकर अपनी पुत्री शशिकलाको बहुत समझाया कि वह सुदर्शनको वरण करनेका अपना निर्णय त्याग दे, परंतु शशिकला भगवती जगदम्बाकी अनन्यभक्ता थी, उसे भगवतीकी कृपापर पूर्णरूपसे विश्वास था; अतः वह अपने निर्णयसे तनिक भी विचलित न हुई । अन्तमें सुबाहुको अपनी पुत्रीका विवाह रात्रिमें ही राजकुमार सुदर्शनसे करना पड़ा । महलमें सुबाहुने विधिपूर्वक कन्यादान किया । विवाहके सभी कृत्य शास्त्रानुसार सम्पन्न किये गये । उधर स्वयंवरके लिये काशीमें एकत्र राजाओंको शशिकलाके विवाहकी सूचना मिली । क्रुद्ध युधाजित् सुदर्शनको मार डालनेके लिये विरोधी राजाओंके साथ सेनाएँ लेकर चारों ओरसे नगरको घेरे रहा ।

विवाहके सात दिन पश्चात् राजकुमार सुदर्शनने अपने श्वशुरसे विदा लेते हुए कहा—'पिताजी ! भगवती जगन्माता सदैव हमारी रक्षा करेंगी, आप तनिक भी भय न करें ।' सुदर्शनने बीज-मन्त्रका जप तथा भगवती जगदम्बाका ध्यान करते हुए अपनी पत्नी एवं मातासहित रथपर सवार होकर थोड़ी-सी सेनाके साथ प्रस्थान किया । नगरसे बाहर निकलते ही युधाजित् एवं शत्रुजित् उसे घेरकर बाणोंकी वर्षा करने लगे । सुदर्शनने भी अपनी रक्षाके लिये धनुष टंकारा और संग्राम छिड़ गया । इतनेमें ही अकस्मात् सिंहारूढ़ साक्षात् भगवती दुर्गा प्रकट हो गयीं । वे तो सुदर्शनपर कृपा करने ही पधारी थीं । देखते-ही-देखते युधाजित् और शत्रुजित्—दोनोंकी ही जीवनलीला समाप्त हो गयी । सुदर्शन भगवती दुर्गाकी स्तुति करने लगे—

अहो कृपा ते कथयाम्यहं किं त्रातस्त्वया यत्किल भक्तिहीनः ।
भक्तानुकम्पी सकलो जनोऽस्ति विमुक्तभक्तेरवनं व्रतं ते ॥

(देवीभा० ३ । २४ । १३)

'अहो ! मैं आपकी कृपाकी क्या महिमा वर्णन करूँ, जो आपने मुझ-जैसे भक्तिहीनकी भी आश्चर्यरूपसे रक्षा कर ली । माँ ! अपने भक्तपर अनुकम्पा करनेवाले तो सभी लोग होते हैं, परंतु भक्तिहीनकी रक्षा करना तो आपका ही व्रत है ।'

कृपामयी भगवती दुर्गा सुबाहु एवं सुदर्शन—दोनोंपर अपनी कृपा-सुधा बरसाने लगीं । सुबाहुने काशीमें भगवती दुर्गाके भव्य मन्दिरका निर्माण कराया, जिसमें विधिपूर्वक प्रत्येक नवरात्रमें पूजन होने लगा ।*

भगवती दुर्गाकी आज्ञासे सुदर्शनने अयोध्याका राज्य सँभाला । उसने अयोध्यामें माँ दुर्गाकी प्रतिमाकी स्थापना करायी और उनकी कृपासे सुखपूर्वक अपनी जननी मनोरमा, विमाता लीलावती एवं पत्नी शशिकलाके साथ रहने लगा । उसका राज्य भगवतीकी कृपासे सुख और वैभवसे पूर्ण था ।

([illegible])

* यह मन्दिर काशीमें दुर्गाकुण्ड मुहल्लेमें आज भी विद्यमान है ।

अनुग्रहमूर्ति भगवान् श्रीगणेश

(१)

देवताओंपर अनुग्रह

पुण्यसलिला गौतमी (गोदावरी)का पावन तट था। देवगण वहाँ यज्ञानुष्ठानमें लगे थे। देवताओंने यज्ञ तो प्रारम्भ कर दिया, परंतु वे उसे पूर्ण नहीं कर पा रहे थे। उसमें बारंबार विघ्न उपस्थित होने लगे। देवगण चिन्तित हो उठे और अन्तमें वे भगवान् विष्णु एवं ब्रह्माजीकी शरणमें गये। ब्रह्माजीने ध्यानद्वारा स्थितिको अवगत किया। फिर वे देवताओंसे बोले—'देवगण! अनुग्रहमूर्ति विघ्नविनाशक गणपति ही तुम्हारे यज्ञका विघ्न दूर कर सकते हैं। अतः उन्हींकी शरण ग्रहण करो।'

देव-समुदाय पुनः गौतमीके पावन तटपर लौट आया। उन्होंने गौतमीके पवित्र जलमें स्नान किया। तदनन्तर वे विघ्नेश्वर श्रीगणेशजीका अनुग्रह प्राप्त करनेके लिये स्तुति करने लगे—

यः सर्वकार्येषु सदा सुराणा-
मपीशविष्ण्वम्बुजसम्भवानाम्।
पूज्यो नमस्यः परिचिन्तनीय-
स्तं विघ्नराजं शरणं व्रजामः॥
न विघ्नराजेन समोऽस्ति कश्चिद्
देवो मनोवाञ्छितसम्प्रदाता।
निश्चित्य चैतत् त्रिपुरान्तकोऽपि
तं पूजयामास वधे पुराणाम्॥

× × ×

यो मातरं सरसैर्नृत्यगीतै-
स्तथाभिलाषैरखिलैर्विनोदैः।
संतोषयामास तदातितुष्टं
तं श्रीगणेशं शरणं प्रपद्ये॥

(ब्रह्मपु० ११४। ६-७, १६)

'सदा सब कार्योंमें सम्पूर्ण देवता तथा शिव, विष्णु और ब्रह्माजी भी जिनका पूजन, नमस्कार और चिन्तन करते हैं, उन विघ्नराज श्रीगणेशजीकी हम शरण ग्रहण करते हैं। विघ्नराज श्रीगणेशजीके समान मनोवाञ्छित फल देनेवाला अन्य कोई देवता नहीं है, यह निश्चय करके त्रिपुरारि महादेवजीने भी त्रिपुर-वधके समय पहले उनका पूजन किया था। जिन्होंने अपने सरस संगीत, नृत्य, समस्त मनोरथोंकी सिद्धि तथा विनोदके द्वारा माता पार्वतीको पूर्ण संतुष्ट किया है, उन अत्यन्त संतुष्ट हृदयवाले श्रीगणेशजीकी हम शरण ग्रहण करते हैं।'

देवताओंद्वारा की गयी स्तुति सुनकर कृपानिधान श्रीगणेश तत्काल अपने चतुर्भुजरूपमें उनके सामने प्रकट हो गये और अनुग्रहकी वर्षा-सी करते हुए बोले—'देवताओ! अब तुम्हारा यज्ञ निर्विघ्न सम्पन्न होगा और तुमलोगोंद्वारा किये हुए इस स्तवनका जो पाठ करेगा, उससे दरिद्रता एवं दुःख सदैव दूर रहेंगे।'

भगवान् श्रीगणेशका अनुग्रह प्राप्तकर देवताओंने प्रसन्नतापूर्वक यज्ञानुष्ठान सम्पन्न किया।

(२)

शुक्लशर्मा एवं विद्रुमापर अनुग्रह

प्राचीन कालमें काशी नगरीमें शुक्लशर्मा नामके एक ब्राह्मण रहते थे। उनकी पत्नीका नाम था विद्रुमा। उनके घरमें दरिद्रताका पूर्ण साम्राज्य था। घरमें धातुके पात्रतक न थे। साध्वी विद्रुमा स्वयं वल्कल वस्त्र ही धारण करती। घरका छप्पर भी ऐसा था कि रात्रिमें सोते समय उसमेंसे तारे गिने जा सकते थे। भिक्षामें जो कुछ मिल जाता, वही उनके जीवनका आधार था। कभी-कभी भिक्षा न मिलनेपर निराहार रहनेमें भी उन्हें पूर्ण संतोष था। ब्राह्मण-दम्पतिके जीवनमें असंतोष नामकी कोई वस्तु न थी। उनके जीवनका आधार एकमात्र भगवान् गणपतिकी भक्ति ही थी।

एक बार महामहिम भगवान् विनायक काशीमें पधारे। पण्डित शुक्लशर्माको श्रीविनायकके पधारनेकी सूचना मिली; वे प्रफुल्लित हो उठे। उन्हें भिक्षामें जो भी मिला, उसे लेकर वे तुरंत घर पहुँचे। विद्रुमा तो पहलेसे ही उनकी प्रतीक्षामें थी। 'भगवान् विनायक पधारे हैं, हमें भी उनका स्वागत-पूजन करना चाहिये।' शुक्लशर्माने आग्रहपूर्वक विद्रुमासे कहा। 'स्वागत!' विद्रुमा ने

आश्चर्यमें पड़ गयी। 'हम दरिद्रोंके पास स्वागतके लिये रखा ही क्या है और ऐसे दरिद्रके घर भगवान् विनायक पधारेंगे भी क्यों?'

शुक्लशर्माको कृपावत्सल विनायकपर पूर्ण विश्वास था। उन्होंने पत्नीसे कहा—'प्रिये! भगवान् विनायक बड़े दयालु हैं, वे दीनोंपर अवश्य अनुग्रह करते हैं। वे हमारे पत्र-पुष्प भी स्वीकार करनेके लिये अवश्य आयेंगे।' पतिकी विश्वास-पूर्ण वाणीने विद्रुमाके मनमें भी श्रीविनायकके पधारनेकी आशाका संचार कर दिया। वह तुरंत पड़ोसियोंके घरसे श्रीविनायकके पूजनके लिये गन्ध, अक्षत, पुष्प, धूप, दीप, वन्यफल एवं सूखा आँवला आदि वस्तुएँ माँग ले आयी। भिक्षामें थोड़े-से चावल भी मिले थे। विद्रुमाने उन्हीं चावलोंमें थोड़ा अधिक जल डालकर माड़ीके भात तैयार किये। ब्राह्मण-दम्पतिके उत्साहका पार न था। श्रीविनायककी अगवानीके लिये हरित पत्तोंसे तोरण बनाया गया। टूटे-फूटे घरको लीप-पोतकर स्वच्छ किया गया। सब तैयारी हो जानेपर ब्राह्मण-दम्पति श्रीविनायकके जप-स्मरणमें तल्लीन हो गये। उन्हें विश्वास था कि भगवान् विनायक उनपर अवश्य कृपा करेंगे।

थोड़ी ही देरमें भगवान् विनायक बालकोंके साथ खेलते-खेलते ब्राह्मण-दम्पतिके द्वारपर आ पहुँचे। उनकी वह रूप-माधुरी देखते ही ब्राह्मण-दम्पति आत्म-विभोर हो गये, उनकी वाणी गद्गद हो गयी, दोनोंके नेत्रोंसे प्रेमाश्रु प्रवाहित होने लगे। आज उनके आनन्दकी सीमा न थी। बड़ी कठिनाईसे शुक्लशर्माने भगवान् विनायकको बैठनेके लिये एक आसन दिया और पादपद्म-प्रक्षालन किया। ब्राह्मण-दम्पतिने वह चरणामृत अपने सिरपर छिड़का और शेष जल पी गये।

'मैया! बड़ी भूख लगी है।' भगवान् विनायकने विद्रुमासे बड़े ही आग्रहके साथ कहा। विद्रुमा 'मैया' शब्द सुनकर गद्गद हो गयी। भगवान् विनायकका अनुग्रह विलक्षण था। एक दरिद्र अकिंचन स्त्रीको 'मैया' कहना! प्रेमविभोर विद्रुमा बड़े संकोचमें पड़ गयी कि भगवान् विनायकको भोग लगानेके लिये क्या दिया जाय। इतनेमें तो भगवान् विनायकने पुनः कहा—'मैया! जो है, वही तुरंत दे दो।' साथके बालक उस दरिद्र दम्पतिकी हँसी कर रहे थे। बेचारी विद्रुमाने बड़े संकोचसे भगवान् विनायकके सामने भोग लगानेके लिये थोड़े-से माँड़-भात रखे। श्रीविनायक उन्हें तत्काल ही चट कर गये और बोले—'और दो माँ! बड़ी भूख लगी है।' अन्तमें शुक्लशर्माने पूरे माँड़-भात दे दिये। श्रीविनायकने उन्हें बड़े प्रेमसे आरोगा। भोजन करते-करते भगवान् विनायक कहते जा रहे थे—'अहा! आजतक मैंने इतना स्वादिष्ट भोजन कहीं नहीं किया।' देखते-ही-देखते वे द्विभुजकी जगह दशभुजधारी हो गये और अपने दसों हाथोंसे माँड़-भात आरोगने लगे—

ततोऽभवद् दशभुजो बुभुजे चौदनं च तैः॥
(गणेशपु० २। २३। ४२)

भगवान् विनायकका यह अनुग्रह देखकर सभी दर्शक, जो ब्राह्मण-दम्पतिकी दरिद्रताका उपहास कर रहे थे, परम विस्मयमें डूब गये और मन-ही-मन अपनी इस हेय-वृत्तिके लिये पश्चात्ताप करने लगे।

ब्राह्मण-दम्पतिके हर्षका पार न था। वे तो प्रेमसे उन्मत्त हो प्रभुके पाद-पद्मोंमें लोटने लगे। बड़ी कठिनाईसे उन्होंने भगवान्‌को आचमन कराया एवं मुख-शुद्धिके लिये ताम्बूलादि प्रदान किया।

'नाथ! कृपावत्सल!! अनुग्रहमूर्ति!!! आप हमें अपने चरणोंकी भक्ति प्रदान कीजिये।' दम्पतिने गिड़गिड़ाकर भगवान् विनायकसे याचना की। मुस्कराते हुए भगवान् विनायक पुनः द्विभुज हो गये और 'एवमस्तु' कहते हुए चलने लगे। दम्पति उन्हें पहुँचानेके लिये उनके पीछे-पीछे हो लिये।

श्रीविनायकको पहुँचाकर जब वे लौटे तो इन्द्रभवनसे श्रेष्ठ राजप्रासाद, अपार वैभवयुक्त सम्पत्ति और सुन्दर वस्त्रोंसे आच्छादित सेवक—इन सब वस्तुओंको देखकर ब्राह्मण-दम्पति आश्चर्यमें पड़ गये। उनकी जीर्ण कुटियाका कहीं अस्तित्व ही नहीं दीख रहा था। 'महाराज! अंदर पधारें।' सेवक-गण दम्पतिसे आग्रह कर रहे थे, 'प्रभो! यह आपका ही प्रासाद है।'

शुक्लशर्मा एवं विद्रुमाको विश्वास ही नहीं हो रहा था कि यह प्रासाद उनका ही है, परंतु कृपानिधानकी कृपावत्सलता, उनके अनुग्रहके सामने क्या असम्भव था! यह प्रासाद, यह वैभव सचमुच भगवान् श्रीविनायकका ही कृपा-प्रसाद—कृपावैभव था।

(३)

भक्त बल्लालपर कृपा

बल्लाल एक धनाढ्य सेठ कल्लाणमल्लका पुत्र था। धर्मपरायण कल्लाणमल्लने बालक बल्लालका जातकर्म एवं नामकरण-संस्कार वेदज्ञ ब्राह्मणोंद्वारा विधिपूर्वक करवाया। इस अवसरपर कल्लाणमल्लने ब्राह्मणों एवं दीनोंको बहुत-सा धन, गौएँ आदि दानमें दीं। बालक बल्लाल अन्य साधारण बालकोंकी तरह न था, वह अत्यन्त सात्त्विक विचारोंसे युक्त एवं सद्बुद्धिसम्पन्न था। बचपनसे ही उसमें माता-पिता एवं आचार्यके प्रति भक्ति कूट-कूटकर भरी हुई थी। वह भगवान् गणपतिका परम भक्त था। वह अपने साथी बालकोंको विभिन्न गणपति-लीलाएँ सुनाया करता था। जैसा सङ्ग, वैसा रंग; बल्लालके साथियोंके अन्तःकरण भी उसीकी तरह भक्ति-भावनासे रँगे जाने लगे थे। जैसे-जैसे बालक बल्लाल बड़ा हो रहा था, वैसे-ही-वैसे उसकी गणेश-भक्ति भी दृढ़ होती जा रही थी। वह जहाँ कहीं भी विनायक-मन्दिर देखता, वहीं भक्तिभावसे उनकी पूजा-स्तुति करने लगता था।

एक दिनकी बात है, बल्लाल अपने साथी बालकोंके साथ नगरके बाहर सरोवरतटवर्ती उपवनमें खेल रहा था। वहीं सरोवरसे एक सुन्दर पत्थर लेकर उसमें भगवान् विनायककी भावना कर वह उनकी पूजा करने लगा। साथी मित्रोंकी सहायतासे उसने लकड़ी तथा पत्तोंसे एक मन्दिरका निर्माण कर लिया और सबने मिलकर भगवान् विनायकका भजन-कीर्तन आरम्भ कर दिया। उस दिनसे बल्लाल एवं उसके साथी बालकोंका तो नित्यका यही क्रम बन गया था, वे प्रतिदिन वहाँ एकत्रित होकर भजन-कीर्तन एवं पूजन करते। नित्य भगवान् श्रीगणेशको पत्र-पुष्प-दूर्वा आदि अर्पित किये जाते थे। बालकोंमें भक्तिके भाव दृढ़ होने लगे। धीरे-धीरे सभी बालक भजन-कीर्तनमें तल्लीन रहनेसे अपने-अपने घर देर-सबेर पहुँचने लगे। बालकोंका समयपर घर न पहुँचना माता-पिताके उद्वेगका कारण बन गया और वे सारा दोष बालक बल्लालपर मढ़ने लगे।

एक दिन बालकोंके सभी अभिभावक मिलकर कल्लाण-मल्लके पास आये और बोले—'सेठजी! आपका बालक बल्लाल तो हमारा घर ही नष्ट करनेपर तुला हुआ है। हम सबके बालकोंको वह बिगाड़ रहा है, उनको बड़ी देरतक वह वनमें रोके रखता है और न जाने उनसे क्या-क्या करवाता है!' उस समय बल्लाल सब बालकोंके साथ जंगलमें बने गणपति-मन्दिरमें बैठा भजन कर रहा था। अभिभावकोंकी कटूक्तियाँ कल्लाणमल्ल सहन न कर सके। वे क्रोधित हो घरसे निकल पड़े और वनमें बालकोंके पास पहुँचे। उन्हें देखकर भी बालक बल्लाल अपने साथी अन्य बालकोंके साथ भगवान् विनायककी मूर्तिके सामने भजन-पूजनमें तल्लीन रहा। मनकी विपरीत परिस्थितिने कल्लाणमल्लकी क्रोधाग्निमें घृतकी आहुति डाल दी। कल्लाणमल्लने बालकोंद्वारा स्थापित मूर्ति एवं पूजाके सभी उपकरण उठाकर फेंक दिये और डंडा लेकर वह निर्दोष बालक बल्लालपर बरस पड़ा। बिना सोचे-समझे उसने बल्लालको बहुत पीटा और अन्तमें उसे रस्सीद्वारा एक पेड़से कसकर बाँध दिया और कहा—'आज मैं तुम्हारे विनायकको देखूँगा, वह तुम्हें कैसे बन्धनसे मुक्त करता है? आजसे तुम मेरे घरमें पैर भी मत रखना, मुझे तुम्हारी कोई आवश्यकता नहीं है।'

बेचारा बल्लाल अर्धमूर्च्छित अवस्थामें पड़ा-पड़ा सब सुन रहा था। पीड़ाके कारण उसके मुखसे कराहनेकी आवाजतक न निकल रही थी। उस समय भी वह मन-ही-मन भगवान् विनायकका स्मरण कर रहा था। बल्लालको उसी अवस्थामें छोड़कर कल्लाणमल्ल घर लौट आया। कुछ होश आनेपर बल्लालको अपने शरीरमें भयंकर वेदना प्रतीत हुई। अपने इष्टदेवकी मूर्ति एवं पूजा-उपकरणोंको इधर-उधर फेंका देखकर उसे अत्यधिक मानसिक कष्ट हुआ। बँधे-बँधे ही वह अपने आराध्य अनुग्रहमूर्ति भगवान् गणेशसे प्रार्थना करने लगा—'प्रभो! करुणासिन्धो!! क्या आपको मेरी यही स्थिति प्रिय है? प्रभो! आपके श्री-विग्रहकी यह दुर्दशा अब मुझसे देखी नहीं जा रही है। क्या आप मुझ तुच्छपर अब भी कृपा नहीं करेंगे! आप तो सभी विघ्नोंके नाशक हैं।'

बल्लाल प्रार्थना कर ही रहा था कि सहसा अनुग्रहमूर्ति भगवान् गणेश एक ब्राह्मणके वेशमें उसके सम्मुख प्रकट हो गये। उनके आते ही बल्लाल बन्धन-मुक्त हो गया। उन करुणामूर्तिकी दृष्टिमात्रसे बल्लालकी सारी पीड़ा दूर हो गयी। शरीर पूर्ववत् स्वस्थ हो गया। ब्राह्मण-

देवके तेजोमय मुखको देखकर बल्लालको समझते देर न लगी कि अवश्य ही ये देवाधिदेव करुणासिन्धु भगवान् गणेश ही हैं। बस, वह उनके श्रीचरणोंमें दण्डकी भाँति गिर पड़ा और गद्गद कण्ठसे बोला—'प्रभो! आप ही मेरे सर्वस्व हैं। करुणामय! अब आप मुझे अपनी भक्ति प्रदान करें। यही क्षेत्र मेरा निवासस्थान हो जाय और आप भी बराबर यहीं रहें।' अनुग्रहमूर्ति भगवान् गणेशने कहा—"वत्स! तुम्हारी भक्ति नित्यप्रति बढ़ती रहेगी। यहाँ 'बल्लाल-विनायक'के नामपर मेरा प्रसिद्ध मन्दिर होगा, मैं यहाँ नित्य निवास करूँगा।" ऐसा कहकर भगवान् विनायक अन्तर्धान हो गये।

श्रीगणपतिका अनुग्रह प्राप्तकर बल्लाल निहाल हो गया। उसने उस स्थानपर भगवान् विनायकका एक बहुत सुन्दर मन्दिर बनवाया और वहीं रहकर श्रद्धा-भक्तिसहित षोडशोपचार पूजन-स्तवनादि करने लगा। वहाँ नाम-जप, कथा-कीर्तनादिके विविध आयोजन भी होने लगे।

बल्लालके पिता कल्याणमल्लको अपने दुष्कर्मके कारण मूक, अंध और बधिर होना पड़ा। निस्संदेह यह भक्तके प्रति किये गये दुर्व्यवहारका ही फल था। पतिव्रता इन्दुमती अपने पतिकी दुर्दशा देखकर बड़ी व्याकुल हुई।

इन्दुमती एवं कुछ नागरिक पश्चात्ताप करते एवं बल्लालको खोजते हुए वनमें पहुँचे। भक्ति-भावमें लीन पुत्र बल्लालको देखकर इन्दुमतीको बड़ी प्रसन्नता हुई। उसने कहा—'बेटा! तुम्हारे पिताजी अत्यन्त रुग्ण अवस्थामें हैं। वे मूक, अंध एवं बधिर हो गये हैं। तुम घर लौट चलो। अपने पिताको क्षमा कर दो।' बल्लालने बड़ी विनम्रतासे कहा—'माँ! मुझपर भगवान् गणपतिकी अद्भुत कृपा हुई है। अब तो मेरे माता-पिता, भाई-बन्धु एकमात्र वे करुणासिन्धु ही हैं। उनकी सेवा छोड़कर मेरी अन्यत्र कहीं भी जानेकी रुचि नहीं है। आप मुझे क्षमा करें तथा भगवान् विनायकमें दृढ़ भक्ति होनेका आशीर्वाद दें। पिताजीकी सेवा करते हुए आप भी भगवान् गणेशका भजन-स्मरण करें। वे बड़े कृपालु हैं, अनुग्रहमूर्ति हैं।'

माता इन्दुमतीके बहुत आग्रह करनेपर भी भक्त बल्लाल भगवान् गणपतिको छोड़कर घर नहीं गये। उसी स्थानपर रहकर उन्होंने भगवान् गणपतिकी सेवा-पूजा करते हुए अपना शेष जीवन व्यतीत किया।

(४)

भगवान् वेदव्यासपर अनुग्रह

पञ्चम वेद, पुण्यमय ग्रन्थ महाभारतके प्राकट्यसे पहले ही सत्यवतीनन्दन भगवान् वेदव्यास चिन्तित थे—'शिष्योंको किस प्रकार इस महान् ग्रन्थका अध्ययन कराया जाय?' इतने बड़े ग्रन्थका लेखन भी कोई सहज कार्य न था और बिना लिखे इसका प्रचार-प्रसार भी सम्भव नहीं दीखता था।

भगवान् वेदव्यासको चिन्तित देखकर लोकपितामह ब्रह्माके मनमें करुणाका संचार हुआ और वे स्वयं व्यासदेवके समक्ष उपस्थित हुए।

चिन्ताके समय लोकस्रष्टा चतुराननका आगमन महर्षि वेदव्यासको ऐसा सुखद प्रतीत हुआ, मानो प्याससे संतप्त किसी व्यक्तिको स्वच्छ जलसे परिपूर्ण सरोवर दीख पड़ा हो। उन्होंने पितामहके चरणोंमें श्रद्धापूर्वक नमनकर उन्हें उच्च आसन दिया और स्वयं उनके चरणोंके समीप बैठ गये। महर्षिने अत्यन्त विनम्रतापूर्वक निवेदन किया—'भगवन्! मैंने सम्पूर्ण लोकोंसे वन्दित एक महान् ग्रन्थकी रचना की है। इस ग्रन्थमें सम्पूर्ण वेदोंका गुह्यतम रहस्य तथा शास्त्र और उपनिषदोंका सार संगृहीत है। जितने भी लोकोपयोगी विचार हो सकते हैं, सभीका मैंने इस ग्रन्थमें निरूपण करनेका प्रयत्न किया है; परंतु इस ग्रन्थको लिख सके, ऐसा पृथ्वीपर कोई नहीं है।'

महर्षिकी चिन्ता निराधार न थी। वस्तुतः पृथ्वीपर ऐसी प्रतिभा किसीकी न थी, जो यह कार्य कर सकता।

वेदगर्भ ब्रह्मा भी कुछ क्षणोंके लिये विचारमग्न हो गये। सहसा उन्होंने कहा—

काव्यस्य लेखनार्थाय गणेशः स्मर्यतां मुने।
(महा० आदि० १। ७४)

'मुनिवर! अपने इस काव्यको लिखवानेके लिये आप गणेशजीका स्मरण करें।' ऐसा कहकर चतुरानन अपने लोकको चले गये।

भगवान् वेदव्यासकी प्रसन्नताकी सीमा न थी, उन्हें कार्य-साधनका मार्ग मिल गया। उन्होंने श्री

अनुग्रहमूर्ति भगवान् गणेशका स्मरण किया। सच्चा आवाहन प्रभुको बलात् आकर्षित कर लेता है; अन्तर्यामी करुणा-वरुणालय भगवान् गणेश प्रकट हो गये।

महर्षि वेदव्यासने श्रद्धापूर्वक गिरिजानन्दन भगवान् श्रीमहागणपतिका अभिनन्दन कर उन्हें उच्चासन प्रदान किया। पाद्य-अर्घ्यादिसे भली प्रकार उनका पूजन करके वे बड़ी विनम्रतासे बोले—"करुणामूर्ति गणनायक! मैंने मन-ही-मन 'महाभारत' महाकाव्यकी रचना की है, परंतु इसे लिखनेमें असमर्थ हूँ और बिना लिखे इसका उपयोग ही क्या हो सकता है? अतः आप कृपापूर्वक लोकोपकारार्थ इस काव्यको लिख दें।"

परात्पर भगवान् गणेशके लिये क्या असम्भव है? उन्होंने महर्षिसे निवेदन किया—'व्यासदेव! मैं इसे लिख तो सकता हूँ, परंतु लिखते समय मेरी लेखनी रुकनी नहीं चाहिये।'

'प्रभो! ऐसा ही होगा, परंतु एक शर्त मेरी भी है कि आप बिना समझे कुछ भी न लिखें।' दोनोंको एक दूसरेकी शर्तें स्वीकार थीं। लेखनकार्य आरम्भ हुआ और पार्वतीनन्दन अविरत लिखते गये। व्यासदेवकी प्रतिभा भी कम न थी, वे कौतूहलवश बीच-बीचमें कुछ ऐसे (कूट) श्लोक रच डालते थे, जिन्हें समझनेमें गणनायकको कुछ क्षण लग जाते और उन क्षणोंमें व्यासदेव कई नये श्लोकोंकी रचना कर लेते थे।

भगवान् गणेशकी कृपासे ही विश्वको 'महाभारत'-जैसा अनुपम लोककल्याणकारी ग्रन्थ मिल सका। यह ग्रन्थ-रत्न अज्ञानान्धकारमें भटकते हुए लोगोंको ज्ञानरूप प्रकाशद्वारा सही मार्ग दिखानेवाला है। इसमें पद-पदपर सनातन पुरुष भगवान् श्रीकृष्णकी कीर्तिका वर्णन है।

जो श्रद्धापूर्वक इस महान् ग्रन्थका अध्ययन करता है, उसके सारे पाप नष्ट हो जाते हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है। श्रीमद्भगवद्गीता भी इसी ग्रन्थका एक अङ्ग है।

(शि० कु० मि०)

अनुग्रहमूर्ति भगवान् श्रीगणेशका स्तवन

अनन्तचिद्रूपमयं गणेशं ह्यभेदभेदादिविहीनमाद्यम्।
हृदि प्रकाशस्य धरं स्वधीस्थं तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥
विश्वादिभूतं हृदि योगिनां वै प्रत्यक्षरूपेण विभान्तमेकम्।
सदा निरालम्बसमाधिगम्यं तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥
यदीयवीर्येण समर्थभूता माया तया संरचितं च विश्वम्।
नागात्मकं ह्यात्मतया प्रतीतं तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥
सर्वान्तरे संस्थितमेकगूढं यदाज्ञया सर्वमिदं विभाति।
अनन्तरूपं हृदि बोधकं वै तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥
यं योगिनो योगबलेन साध्यं कुर्वन्ति तं कः स्तवनेन नौति।
अतः प्रणामेन सुसिद्धिदोऽस्तु तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥

जो भगवान् गणेश अनन्त हैं, चेतनरूप हैं, अभेद और भेद आदिसे रहित और सृष्टिके आदि कारण हैं, अपने हृदयमें जो सदा प्रकाश धारण करते हैं तथा अपनी ही बुद्धिमें स्थित रहते हैं, उन एकदन्त श्रीगणेशजीकी शरणमें हम जाते हैं। जो संसारके आदि कारण हैं, योगियोंके हृदयमें अद्वितीय रूपसे साक्षात् प्रकाशित होते हैं और निरालम्ब समाधिके द्वारा ही जानने योग्य हैं, उन एकदन्त श्रीगणेशकी शरणमें हम जाते हैं। जिनके बलसे माया समर्थ हुई है और उसके द्वारा यह संसार रचा गया है, उन आत्मरूपसे प्रतीत होनेवाले नामरूपधारी एकदन्त श्रीगणेशकी शरणमें हम जाते हैं। जो सब लोगोंके अन्तःकरणमें अकेले गूढ़भावसे स्थित रहते हैं, जिनकी आज्ञासे यह जगत् विराजमान है, जो अनन्तरूप हैं और हृदयमें ज्ञान देनेवाले हैं, उन एकदन्त श्रीगणेशकी शरणमें हम जाते हैं। जिनको योगीजन योगबलसे साध्य करते (जान पाते) हैं, स्तुतिद्वारा उनका वर्णन कौन कर सकता है? इसलिये हम उनको केवल प्रणाम करते हैं, वे हमें सिद्धि दें, उन प्रसिद्ध एकदन्तकी शरणमें हम जाते हैं।

भगवान् सूर्यकी कृपा

(१)

देवी अदिति

मानसं वाचिकं वापि कायजं यच्च दुष्कृतम्।
सर्वं सूर्यप्रसादेन तदशेषं व्यपोहति ॥
(ब्रह्मपुराण २९। ६०)

'मनुष्यके मानसिक, वाचिक अथवा शारीरिक जो भी पाप होते हैं, वे सब भगवान् सूर्यकी कृपासे निःशेष नष्ट हो जाते हैं।'

माता अदिति प्रजापति दक्षकी कन्या थीं। उनका विवाह महर्षि कश्यपसे हुआ। प्रायः अधिकांश देवगण, जो यज्ञभाग एवं त्रिलोकीके राज्यके अधिकारी हैं, इन्हींकी संतान हैं। देवताओंके वैमात्रेय बन्धुगण दैत्य-दानव थे, जो इनके प्रबल शत्रु हुए। कभी लंबे देवासुर संग्राममें दैत्य-दानवोंने मिलकर देवताओंको हरा दिया एवं उनका राज्य तथा यज्ञभाग भी अपहरण कर लिया। इससे माता अदिति बड़ी दुःखी हुईं और उन्होंने प्रखर तेजोमय भगवान् सूर्यदेवकी उपासना आरम्भ की। वे सूर्यको प्रसन्न करनेके लिये एकाग्रचित्त हो उनके मन्त्रका जप एवं स्तुति करती रहीं। नियमित आहार और नियम-पालन तो उनका सहज स्वभाव-सा बन गया था। करुणासिन्धु भगवान् सूर्यदेव तो एक दिनके पूजनसे वह फल देते हैं, जो शास्त्रोक्त दक्षिणासे युक्त सैकड़ों यज्ञोंके अनुष्ठानसे भी नहीं मिलता[1]। माता अदिति गद्गद हो प्रार्थना करने लगीं—'जगत्के आदि-कारण भगवान् सूर्य! आप मुझपर प्रसन्न हों। गोप (किरणोंके स्वामिन्)! मैं आपको भलीभाँति देख नहीं पाती। दिवाकर! आप ऐसी कृपा करें, जिससे मुझे आपके स्वरूपका भलीभाँति दर्शन हो सके। भक्तोंपर दया करनेवाले प्रभो! मेरे पुत्र आपके भक्त हैं। आप उनपर कृपा करें। प्रभो! मेरे पुत्रोंका राज्य एवं यज्ञभाग दैत्यों एवं दानवोंने छीन लिया है। आप अपने अंशसे मेरे गर्भद्वारा प्रकट होकर उनकी रक्षा करें।'

'देवि! मैं तुम्हारी इच्छा पूर्ण करूँगा। मैं अपने हजारवें अंशसे तुम्हारे उदरसे प्रकट होकर तुम्हारे पुत्रोंकी रक्षा करूँगा।' भगवान् भास्करने प्रसन्न होकर अदितिको वरदान दिया और अन्तर्धान हो गये।

अब देवी अदिति यम-नियमसे रहने लगीं, समय पाकर भगवान् सूर्य उनके गर्भमें प्रविष्ट हुए। कुछ दिन बाद कृपालु भगवान् सविताने अदितिकी कोखसे जन्म लिया। कश्यपजीने भगवान्का स्तवन किया। भगवान् भास्करका यह अवतार 'मार्तण्ड' नामसे विख्यात हुआ।

साक्षात् भगवान् सूर्यनारायणको अपने भाईके रूपमें प्राप्तकर देवताओंको बड़ी प्रसन्नता हुई। उनमें नये बल एवं उत्साहका संचार हुआ और वे पुनः दैत्यों एवं दानवोंसे जा भिड़े। बड़ा भयानक युद्ध हुआ। भगवान् मार्तण्डकी तेजोमयी दृष्टिमात्रसे ही दैत्य एवं दानव भस्म होने लगे और अन्तमें देवताओंकी विजय हुई। उन्हें अपना राज्य एवं यज्ञभाग पुनः प्राप्त हो गया। भगवान् मार्तण्डकी कृपा प्राप्त करके देव-वृन्द माता अदिति एवं भगवान् मार्तण्डका स्तवन करने लगे।

(२)

मुनि याज्ञवल्क्य

मुनि याज्ञवल्क्यको ज्ञान-लाभकी पिपासा थी। उनकी इच्छा हुई—'मैं ऐसी श्रुतियाँ प्राप्त करूँ, जो आजतक किसीको प्राप्त न हुई हों।' श्रुतियोंके ज्ञानकी प्राप्तिके लिये उन्होंने भगवान्की शरण ग्रहण की।' उन्होंने भगवान् सूर्यका उपस्थान आरम्भ किया और उनकी स्तुतिमें संलग्न हो गये—

हिमाम्बुघर्मवृष्टीनां कर्ता भर्ता च यः प्रभुः।
तस्मै त्रिकालरूपाय नमः सूर्याय वेधसे ॥
अपहन्ति तमो यश्च जगतोऽस्य जगत्पतिः।
सत्त्वधामधरो देवो नमस्तस्मै विवस्वते ॥
(श्रीविष्णुपु० ३। ५। १९-२०)

'जो हिम, जल, उष्णता और वर्षाके कर्ता अर्थात् हेमन्त,

---

[1] एकाह्नेनापि यद्भानोः पूजायाः प्राप्यते फलम्। यथोक्तदक्षिणैर्विप्रैर्न तत् क्रतुशतैरपि ॥
(ब्रह्मपुराण २९। ६१)

वर्षा और ग्रीष्म आदि ऋतुओंके कारण हैं तथा जो जगत्का पोषण करनेवाले हैं, उन त्रिकालमूर्ति विधाता एवं सर्वसमर्थ भगवान् सूर्यको नमस्कार है। जो जगत्पति इस सम्पूर्ण जगत्के अन्धकारको दूर करते हैं, उन सत्त्वमय तेजोरूपधारी विवस्वान्को हमारा नमस्कार है।'

मुनि याज्ञवल्क्यद्वारा की गयी स्तुतिसे भगवान् सूर्य अत्यन्त प्रसन्न हुए और उन्होंने कृपा करके उन्हें अश्वरूपसे दर्शन दिया। अश्वरूपधारी सूर्यभगवान्ने याज्ञवल्क्यको यजुर्वेदके उन मन्त्रोंका उपदेश किया, जो तबतक किसीको भी प्राप्त न थे—

एवं स्तुतः स भगवान् वाजिरूपधरो हरिः।
यजूंष्ययातयामानि मुनयेऽदात् प्रसादितः॥
(श्रीमद्भा० १२।६।७३)

भगवान् भास्करकी कृपा प्राप्त कर याज्ञवल्क्यने यजुर्वेदके असंख्य मन्त्रोंसे उनकी पंद्रह शाखाओंकी रचना की। भगवान् सूर्यद्वारा वाजि (अश्व) रूपमें दिये जानेके कारण वे ही वाजसनेयि शाखाके नामसे प्रसिद्ध हैं। इन्हें कण्व, माध्यन्दिन आदि ऋषियोंने ग्रहण किया।

(३)

महाराज राज्यवर्धन

भगवान् श्रीरामके पूर्वज सूर्यवंशी राजा दमके पुत्र महाराज राज्यवर्धन बड़े विख्यात नरेश हुए हैं। वे अत्यन्त सजगतासे धर्मपूर्वक अपने राज्यका शासन करते थे। उनके राज्यमें सभी लोग सुखी एवं प्रसन्न थे। प्रजा धर्मके अनुकूल रहकर ही विषयोंका उपभोग करती थी। दीनोंको दान दिया जाता एवं यज्ञोंका आयोजन होता था।

राजा राज्यवर्धनको सुखपूर्वक प्रजा-पालन करते हुए बहुत लंबा समय बीत गया। एक दिन महाराज राज्यवर्धनकी महारानी उनके सिरमें तेल लगा रही थीं। उसी समय उन्हें अपने पतिके सिरमें एक सफेद बाल दिखायी दिया। उसे देखकर उनकी आँखोंमें आँसू आ गये। आँसू देखकर पृथ्वीपति राज्यवर्धनने साग्रह पूछा—'प्रिये! तुम्हारे इस प्रकार दुःखी होनेका कारण क्या है?' 'नाथ! आपके मस्तकका यह पका हुआ श्वेत केश ही मेरे दुःखका कारण है।' रानीने उत्तर दिया। 'कल्याणि! मैंने सभी तरहसे अपना कर्तव्य-पालन कर लिया, अतः अब जीवनकी क्या चिन्ता है? मैंने बहुत शुभ कर्म किये हैं। जन्मनेवालेकी तो मृत्यु निश्चित है ही, अतः अब मुझे वनमें जाकर तपस्या करनी चाहिये।' राजाने उत्तर दिया।

महाराजके वनगमनकी बात सुनकर सभी प्रजाजन व्याकुल हो उठे। प्रजापालक राज्यवर्धनके अनुरागके सामने प्रजावर्ग नतमस्तक था, कृतज्ञ था। सभी लोगोंने महाराजसे आग्रहपूर्वक कहा—'नाथ! आप हमारी प्रार्थना सुनकर कुछ दिन और प्रजा-पालन करें।' तत्पश्चात् सभी प्रजाजन महाराज राज्यवर्धनकी दीर्घ-आयुके लिये भगवान् भास्करकी आराधनामें लग गये। कुछ लोगोंने विधिपूर्वक भगवान् भास्करको अर्घ्य देना आरम्भ किया। कुछ लोगोंने 'सूर्यसूक्त'का पाठ प्रारम्भ किया, कुछने वेदमन्त्रोंके जप, स्वाध्याय एवं कुछने व्रत-उपवासद्वारा भगवान् सूर्यदेवको प्रसन्न करना चाहा। सभी लोगोंकी एक ही अभिलाषा थी कि महाराज राज्यवर्धनकी आयु बढ़े। बहुत-से ब्राह्मणोंने सुदामा नामक गन्धर्वके परामर्शसे कामरूप पर्वतके गुरु-विशाल नामक वनमें भगवान् भास्करकी आराधना आरम्भ की। उन्होंने भक्तिपूर्वक कई दिनोंतक भगवान् भास्करका स्तवन किया—

यो ब्रह्मा यो महादेवो यो विष्णुर्यः प्रजापतिः।
वायुराकाशमापश्च पृथिवीगिरिसागराः॥
ग्रहनक्षत्रचन्द्राद्या वानस्पत्यं द्रुमौषधम्।

× × ×

ब्राह्मी माहेश्वरी चैव वैष्णवी चैव ते तनुः।
त्रिधा यस्य स्वरूपं तु भानोर्भास्वान् प्रसीदतु॥
(मार्कण्डेयपु० १०९।६९—७१)

'जो ब्रह्मा, महादेव, विष्णु, प्रजापति, वायु, आकाश, जल, पृथ्वी, पर्वत, समुद्र, ग्रह, नक्षत्र और चन्द्रमा आदि हैं; वनस्पति, वृक्ष और ओषधियाँ जिनके स्वरूप हैं; ब्राह्मी, वैष्णवी और माहेश्वरी—ये त्रिधा शक्तियाँ जिनका वपु है, भानु (सूर्य) जिनका स्वरूप है, वे भुवन-भास्कर (हमपर) प्रसन्न हों।'

अन्तमें कृपालु भगवान् सूर्यदेव प्रजाजनकी आराधनासे प्रसन्न होकर उनके समक्ष प्रकट हो गये। उन्होंने उनका अभीष्ट वर (राज्यवर्धनकी यौवनयुक्त लंबी आयु) प्रदान किया। सभी प्रजाजन भगवान् भास्करकी कृपा प्राप्त कर परम प्रसन्न हो गये।

महाराज राज्यवर्धनको जब यह बात ज्ञात हुई तो वे प्रसन्न नहीं हुए । उन्होंने सोचा—'मैं तो लंबी आयुका उपभोग करूँगा, परंतु मेरे परिवार एवं प्रजाके लोग तो समयपर मृत्युको प्राप्त होंगे ही ।' अतः वे भी अपनी रानीके साथ कामरूप (आसाम) पर्वतपर जाकर भगवान् दिवाकरकी आराधनामें लग गये । भगवान् सूर्यको प्रसन्न करनेके लिये महाराज राज्यवर्धन एवं रानी व्रत-उपवासादि करते हुए उनकी पूजा-स्तुति करने लगे । अन्तमें भगवान् सूर्य कृपा करके उनके सामने प्रकट हो गये और उनके इच्छानुसार उन्होंने राज-परिवार एवं प्रजाजनकी आयु भी राजाके समान ही लंबी होनेका वर प्रदान किया ।

भगवान् सूर्यकी कृपा प्राप्त कर महाराज राज्यवर्धन एवं सभी प्रजाजन सुखपूर्वक रहने लगे । जो मनुष्य ब्राह्मणोंके मुखसे भगवान् सूर्यके इस उत्तम माहात्म्यका श्रवण तथा स्वयं पठन करता है, वह एक सप्ताहतकके किये हुए पापोंसे मुक्त हो जाता है—

विप्रैस्तदखिलं श्रुत्वा भानोर्माहात्म्यमुत्तमम् ।
पठंश्च मुच्यते पापैः सप्तरात्रकृतं नरः ॥
(मार्कण्डेयपुराण ११० । ३८)

(४)

धर्मराज युधिष्ठिर

धर्मपरायण पाण्डवोंसे उनके सभी प्रजाजन प्रसन्न थे, ब्राह्मणोंकी तो उनपर अत्यधिक कृपा थी । धर्मराज युधिष्ठिर ब्राह्मण एवं अतिथियोंकी सेवामें सदैव तत्पर रहते थे ।

पाण्डवोंके विपत्तिके दिन आये, उन्हें बारह वर्ष वनवासमें व्यतीत करने थे । उस कष्टप्रद समयमें ब्राह्मणोंने उनका साथ छोड़ना स्वीकार नहीं किया । वे भी उनके साथ हो लिये । धर्मराज उनके पोषणके लिये अत्यन्त चिन्तित हुए । वे तो कन्द-मूल खाकर किसी भी तरह काम चला सकते थे; परंतु 'ब्राह्मणोंको कैसे तृप्त किया जाय ?' यह सोचकर वे दुःखी हो उठे और अपने पुरोहित धौम्य मुनिके पास गये । धौम्य मुनिने कहा—'राजन् ! सृष्टिके प्रारम्भमें सभी प्राणी भूखसे व्याकुल थे, उस समय कृपालु भगवान् सूर्यनारायणने पिताकी तरह सब प्राणियोंपर दया करके जल बरसाया तथा अन्न एवं ओषधियाँ उत्पन्न की थीं । भगवान् भास्कर ही पितृवत् परम दयालु हैं, आप उनकी शरणमें जायँ ।'

महाराज युधिष्ठिर महर्षि धौम्यकी आज्ञा शिरोधार्य कर सूर्यभगवान्की आराधनामें संलग्न हो गये । वे एकाग्र-चित्त हो भगवान् दिवाकरकी पूजा करते । गङ्गाजीमें स्नान करके उन्हें पुष्प एवं नैवेद्य समर्पित करते । पुनः मनको एकाग्र कर वे सूर्यभगवान्का इस प्रकार स्तवन करते—

त्वं भानो जगतश्चक्षुस्त्वमात्मा सर्वदेहिनाम् ।
त्वं योनिः सर्वभूतानां त्वमाचारः क्रियावताम् ॥
× × ×
त्वं ममापन्नकामस्य सर्वातिथ्यं चिकीर्षतः ।
अन्नमन्नपते दातुमभितः श्रद्धयार्हसि ॥
(महा० वन० ३ । ३६, ६७)

'सूर्यदेव ! आप सम्पूर्ण जगत्के नेत्र तथा समस्त प्राणियोंके आत्मा हैं । आप ही सब जीवोंके उत्पत्ति-स्थान और कर्मानुष्ठानमें लगे पुरुषोंके सदाचार हैं । अन्नपते ! मैं श्रद्धापूर्वक सबका आतिथ्य करनेकी इच्छासे अन्न प्राप्त करना चाहता हूँ । आप मुझे अन्न देनेकी दया करें ।'

धर्मराजके नित्य स्तवन-पूजनसे भगवान् सूर्य बहुत प्रसन्न हुए और एक दिन उनके सम्मुख प्रकट हो गये । उनके श्रीअङ्ग प्रज्वलित अग्निके समान उद्भासित हो रहे थे । भगवान् सूर्यके दर्शन कर युधिष्ठिर उनके चरणोंमें गिर पड़े । भगवान् भास्करने कहा—'धर्मराज ! मैं तुमसे बहुत प्रसन्न हूँ । तुम्हारे वनवासकी अवधिमें तुम्हें अन्नका कोई कष्ट नहीं होगा । मेरी दी हुई यह बटलोई लो, इस पात्रमें बने हुए भोजनके जो भी पदार्थ होंगे, वे सब जबतक द्रौपदी स्वयं भोजन न कर लेगी, तबतक अक्षय रहेंगे । आजसे चौदहवें वर्ष तुम अपना राज्य पुनः प्राप्त कर लोगे ।' इतना कहकर भगवान् सूर्य अन्तर्धान हो गये । धर्मराज युधिष्ठिर भगवान् सूर्यकी विलक्षण कृपा प्राप्त कर ब्राह्मण-सेवा और अतिथि-सत्कारके लिये सदैव निश्चिन्त रहे, उन्हें अन्नका कष्ट कभी नहीं हुआ ।

(८० कृ० ६०)

'भक्तोंकी करुण पुकार सुन—तुम विविध रूप धर आये'

(रचयिता—पं० श्रीसूरजचन्दजी सत्यप्रेमी 'डाँगीजी')

भक्तोंकी करुण पुकार सुन—तुम विविध रूप धर आये;
निज जनके कष्ट मिटाये ॥ ध्रुव० ॥

सत्त्वयुक्त है विरद तुम्हारा,
फिर भी आदि दैत्यको मारा।
दुष्ट-दलनका विरद सँभारा—
बन 'वाराह' पाताल-विवरसे पृथ्वी माताको लाये ॥ तुम० ॥

फिर 'सुयज्ञमय' देह बनाकर,
अग्नि-प्रकाश रूपमें आकर।
सब संकटको दूर हटाकर—
'कपिलदेव'का पावन तन धर सभी तत्त्व समझाये ॥ तुम० ॥

सत्त्वरजस्तम अंश मिलाया,
'दत्तात्रय'का रूप बनाया।
काम-मोक्ष-संदेश सुनाया—
'सनकादिक' ऋषिवेषमें तप-संयम-नियम बताये ॥ तुम० ॥

'नर-नारायण' आकृति-धारी,
ब्रह्मचर्य-महिमा विस्तारी।
'ध्रुव' बनकर ध्रुव-भक्ति-प्रचारी—
'पृथु' अवतार बनाय कर, धन-धान्यादिक उपजाये ॥ तुम० ॥

कर्मोंकी भरमार हुई जब,
'ऋषभदेव' अवतार धरा तब।
जग-जंजाल निवृत्त किये सब—
'हयग्रीव' बन सृष्टिमें फिर वेदोंको प्रकटाये ॥ तुम० ॥

'मत्स्य' रूप धर वेद उबारा,
'कच्छप' बने रत्न दातारा।
गजने आधा नाम पुकारा—
'हरि' बन नंगे पाँवही वैकुण्ठ छोड़कर धाये ॥ तुम० ॥

बन नृसिंह 'हिरणाकुश' मारा,
श्रीप्रह्लाद भक्त उद्धारा।
'हंस' रूप धर ज्ञान उचारा—
'मन्वन्तर' अवतार धर युग-युगके पाप हटाये ॥ तुम० ॥

'वामन' बन कर गर्व विदारा,
'धन्वन्तरि' बन स्वास्थ्य सुधारा।
'परशुराम' अद्भुत अवतारा—
धर्म-हेतु इक्कीस बार क्षत्रिय निर्वंश बनाये ॥ तुम० ॥

दुर्जनता भूतलपर व्यापी,
'राम' बने मर्यादा स्थापी।
भीत हुए दुनियाके पापी—
'व्यास' विविध विज्ञानसे जगके गुरुदेव कहाये ॥ तुम० ॥

जब धर्मी पापोंसे हारे,
'कृष्ण' पूर्ण अवतार पधारे।
लीलामय बन दुःख निवारे—
'बुद्ध' रूप बन प्रेमसे करुणाके कण बरसाये ॥ तुम० ॥

जब जब जैसे संकट आये,
तब तब तैसे रूप बनाये।
कलियुगने दुर्दृश्य दिखाये—
'कल्किदेव'के रूपमें संतोंके उरपर छाये ॥ तुम० ॥

दीनोंसे बन्धुत्व तुम्हारा,
उन्हें दिया सत्प्रेम-सहारा।
द्रोह-मोह-तम दूर निवारा—
दिवस-निशामें आज भी फिर सूर्य-चन्द्र चमकाये ॥ तुम० ॥

भक्तोंकी करुण पुकार सुन—तुम विविध रूप धर आये ॥
निज जनके कष्ट मिटाये ॥

राजर्षि सत्यव्रतपर मत्स्यभगवान्‌की कृपा

(लेखक—पं० श्रीरामाधारजी शुक्ल, शास्त्री, साहित्यकेसरी)

प्रलयपयसि धातुः सुप्तशक्तेर्मुखेभ्यः
श्रुतिगणमपनीतं प्रत्युपादत्त हत्वा ।
दितिजमकथयद् यो ब्रह्म सत्यव्रतानां
तमहमखिलहेतुं जिह्ममीनं नतोऽस्मि ॥
(श्रीमद्भा० ८ । २४ । ६१)

'प्रलयकालीन समुद्रमें जब ब्रह्माजी शयन कर चुके, उनकी सृष्टि-शक्ति लुप्त हो चुकी, उस समय हयग्रीव दैत्य उनके मुखोंसे निकली हुई श्रुतियोंको चुराकर पातालमें ले गया । भगवान्‌ने उसे मारकर श्रुतियाँ ब्रह्माजीको लौटा दीं एवं राजर्षि सत्यव्रत तथा सप्तर्षियोंको ब्रह्मतत्त्वका उपदेश किया । उन समस्त जगत्‌के परम कारण भगवान् लीला-मत्स्यको मैं नमस्कार करता हूँ ।'

× × ×

कृतयुगके आदिमें सत्यव्रत-नामसे विख्यात एक राजर्षि थे । ये ही वर्तमान महाकल्पमें श्राद्धदेव नामसे प्रसिद्ध विवस्वान्‌के पुत्र हुए, जिन्हें भगवान्‌ने वैवस्वतमनु बना दिया था । राजा सत्यव्रत क्षमाशील, श्रेष्ठ गुणोंसे सम्पन्न और सुख-दुःखको समान समझनेवाले एक वीर पुरुष थे । ये पुत्रको राज्य-भार सौंपकर स्वयं तपस्याके लिये वनमें चले गये और मलयपर्वतके एक शिखरपर उत्तम योगका आश्रय लेकर कठोर तपमें संलग्न हो गये । दस हजार वर्ष बीतनेके पश्चात् प्रजापति ब्रह्माजी राजाके समक्ष प्रकट हुए और बोले—'वरं वृणीष्व' अर्थात् वर माँगो । तब राजाने पितामह ब्रह्माके चरणोंमें प्रणाम करके कहा—'देव ! मैं आपसे केवल एक ही उत्तम वर प्राप्त करना चाहता हूँ कि प्रलयकाल उपस्थित होनेपर मैं चराचर समस्त भूत-समुदायकी रक्षा करनेमें समर्थ होऊँ ।' विश्वात्मा ब्रह्मा 'एवमस्तु' कहकर वहीं अन्तर्हित हो गये । देवताओंने राजापर पुष्पवृष्टि की ।

एक दिनकी घटना है, राजर्षि सत्यव्रत नदीमें स्नान करके तर्पण कर रहे थे । इतनेमें ही जलके साथ एक छोटी-सी मछली उनकी अञ्जलिमें आ गयी । राजाने जलके साथ ही उसे फिरसे नदीमें डाल दिया । तब उस मछलीने बड़ी करुणाके साथ राजासे कहा—'राजन् ! आप बड़े दयालु हैं । आप जानते ही हैं कि बड़े-बड़े जल-जन्तु अपनी जातिवाले छोटे-छोटे जल-जन्तुओंका भक्षण कर लेते हैं, तब फिर आप मुझे इस नदीके जलमें क्यों छोड़ रहे हैं ।' राजा सत्यव्रतने उस मछलीकी अत्यन्त दीनतापूर्ण वाणी सुनकर उसे अपने कमण्डलुमें रख लिया और आश्रमपर ले आये । एक ही रातमें वह मछली इतनी बढ़ गयी कि उसके रहनेके लिये कमण्डलुमें स्थान ही नहीं रह गया । वह राजासे बोली—'राजन् ! अब तो इस कमण्डलुमें मेरा किसी प्रकार भी निर्वाह नहीं हो सकता, अतः मेरे सुखपूर्वक रहनेके लिये कोई बड़ा-सा स्थान नियत कीजिये ।' राजर्षि सत्यव्रतने उस मछलीको कमण्डलुसे निकालकर पानीसे भरे एक बहुत बड़े मटकेमें रख दिया, परंतु दो ही घड़ीमें वह वहाँ भी बढ़कर तीन हाथकी हो गयी । उसने राजासे फिर कहा—'राजन् ! यह मटका भी मेरे लिये पर्याप्त नहीं है, अतः सुखपूर्वक रहनेके लिये मुझे कोई दूसरा बड़ा-सा स्थान दीजिये ।' राजा सत्यव्रतने उस मछलीको वहाँसे उठाकर एक बड़े सरोवरमें डाल दिया, परंतु थोड़ी ही देरमें उसने उस सरोवरके जलको भी घेर लिया और कहा—'राजन् ! यह स्थान भी मेरे सुखपूर्वक रहनेके लिये पर्याप्त नहीं है ।' इस प्रकार राजा उसे अन्यान्य अगाध जलराशिवाले सरोवरोंमें छोड़ते गये और वह उन्हें अपनी शरीर-वृद्धिसे परिव्याप्त करती गयी । तब राजाने उसे समुद्रमें डाल दिया । समुद्रमें छोड़े जाते समय उस लीला-मत्स्यने कहा—'वीरवर नरेश ! समुद्रमें बहुत-से विशालकाय मगरमच्छ रहते हैं, वे मुझे निगल जायँगे; अतः आप मुझे समुद्रमें मत डालिये ।'

मत्स्यभगवान्‌की मधुर वाणी सुनकर राजा सत्यव्रत बोले—'हमें मत्स्यरूपसे मोहित करनेवाले आप कौन हैं ? आपने एक ही दिनमें सौ योजन विस्तारवाले सरोवरको आच्छादित कर लिया । ऐसा अद्भुत जल-जन्तु तो हमने आजतक न देखा और न सुना ही है । निश्चय ही आप साक्षात् सर्वशक्तिमान् सर्वव्यापी अविनाशी श्रीहरि हैं । जीवोंपर अनुग्रह करनेके लिये ही आपने जलचरका रूप धारण किया है । पुरुषश्रेष्ठ ! आप जगत्‌की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलयके कर्ता हैं, आपको नमस्कार है । विभो ! हम शरणागत भक्तोंके आप ही आत्मा और आश्रय हैं । यद्यपि आपके सभी लीलावतार प्राणियोंके अभ्युदयके लिये ही होते हैं, तथापि मैं यह जानना

चाहता हूँ कि आपने यह मत्स्यरूप किस उद्देश्यसे धारण किया है ?'

राजाके इस प्रकार पूछनेपर मत्स्यभगवान् बोले—"शत्रुसूदन ! आजसे सातवें दिन (भूर्लोक आदि) तीनों लोक प्रलय-पयोधिमें निमग्न हो जायँगे। उस समय त्रिलोकीके प्रलय-जलराशिमें डूब जानेपर मेरी प्रेरणासे एक विशाल नौका तुम्हारे पास आयेगी। तुम समस्त ओषधियों, छोटे-बड़े सभी प्रकारके बीजों और प्राणियोंके सूक्ष्मशरीरोंको लेकर सप्तर्षियोंके साथ उस बड़ी नावपर चढ़ जाना और निश्चिन्त होकर उस एकार्णवके जलमें विचरण करना। उस समय प्रकाश नहीं रहेगा, केवल ऋषियोंके दिव्य तेजका ही सहारा होगा। जब झंझावातके प्रचण्ड वेगसे नाव डगमगाने लगेगी, उस समय मैं इसी रूपमें तुम्हारे निकट उपस्थित होऊँगा, तब तुम वासुकि नागके द्वारा उस नावको मेरे सींगमें बाँध देना। इस प्रकार जबतक ब्राह्मी निशा रहेगी, तबतक मैं तुम्हारे तथा ऋषियोंके द्वारा अधिष्ठित उस नावको प्रलयसागरमें खींचता हुआ विचरण करूँगा। उस समय तुम्हारे प्रश्न करनेपर मैं उनका उत्तर दूँगा, जिनसे मेरी महिमा, जो 'परब्रह्म' नामसे विख्यात है, तुम्हारे हृदयमें प्रस्फुटित हो जायगी।" राजासे यों कहकर भगवान् वहीं अन्तर्हित हो गये।

राजर्षि सत्यव्रत भगवान्के बताये हुए (उस) कालकी प्रतीक्षा करने लगे। वे कुशोंको, जिनका अग्रभाग पूर्वकी ओर था, बिछाकर उसपर ईशानकोणकी ओर मुख करके बैठ गये और मत्स्यरूपधारी श्रीहरिका चिन्तन करने लगे। इतनेमें ही राजाने देखा कि समुद्र अपनी मर्यादा भङ्ग करके चारों ओरसे पृथ्वीको डुबाता हुआ बढ़ रहा है और मेघ भयंकर वर्षा कर रहे हैं, तब उन्होंने भगवान्के आदेशका ध्यान किया और निकट आयी हुई नावको देखा। वे शीघ्र ही ओषधि, बीज, प्राणियोंके सूक्ष्म शरीर और सप्तर्षियोंको साथ लेकर उस नावपर सवार हो गये। तब सप्तर्षियोंने प्रसन्न होकर कहा—'राजन् ! केशवका ध्यान कीजिये। वे ही हमलोगोंकी इस संकटसे रक्षा करके कल्याण करेंगे।' तदनन्तर राजाके ध्यान करते ही करुणावरुणालय श्रीहरि मत्स्यरूप धारण करके उस प्रलयाब्धिमें प्रकट हो गये। उनका शरीर स्वर्ण-सा देदीप्यमान तथा लाख योजन विस्तृत था। उनके एक सींग भी था। राजाने पूर्वकथनानुसार उस नावको वासुकिनाग-द्वारा मत्स्यभगवान्के सींगमें बाँध दिया और स्वयं प्रसन्न होकर उन मत्स्यरूपधारी मधुसूदनकी स्तुति करने लगे—

अनाद्यविद्योपहतात्मसंविद-
स्तन्मूलसंसारपरिश्रमातुराः ।
यदृच्छयेहोपसृता यमाप्नुयु-
र्विमुक्तिदो नः परमो गुरुर्भवान् ॥
न यत्प्रसादायुतभागलेश-
मन्ये च देवा गुरवो जनाः स्वयम् ।
कर्तुं समेताः प्रभवन्ति पुंस-
स्तमीश्वरं त्वां शरणं प्रपद्ये ॥
तं त्वामहं देववरं वरेण्यं
प्रपद्य ईशं प्रतिबोधनाय ।
छिन्ध्यर्थदीपैर्भगवन् वचोभि-
र्ग्रन्थीन् हृदय्यान्विवृणु स्वमोकः ॥

(श्रीमद्भा० ८ । २४ । ४६, ४९, ५३)

'अनादि अविद्यासे जिनका आत्मज्ञान आच्छादित हो गया है, वे अविद्यामूलक संसार-श्रमसे आतुर पुरुष दैवात् जिन आपके अनुग्रहसे ही आपकी शरणमें पहुँचकर आपको प्राप्त कर लेते हैं, वे आप हमारे मुक्तिदायक परमगुरु हैं। हे प्रभो ! देवता, गुरु और अन्य जन—ये सब मिलकर भी जिनके अनुग्रहके दस हजारवें अंशके समान भी किसी पुरुषपर स्वयं कृपा नहीं कर सकते, उन आप परमेश्वरकी मैं शरण ग्रहण करता हूँ। इस समय मैं तत्त्वज्ञानका उपदेश पानेकी इच्छासे आप देवश्रेष्ठ परमपूजनीय परमेश्वरकी शरणमें आया हूँ। हे भगवन् ! आप परमार्थका प्रकाश करनेवाले अपने वचनोंसे मेरी हृदयग्रन्थियोंका छेदन कीजिये और अपने स्वरूपको प्रकाशित कीजिये।'

राजा सत्यव्रतके स्तवन कर चुकनेपर मत्स्यरूपधारी पुरुषोत्तम भगवान्ने राजर्षि सत्यव्रतपर कृपा करके प्रलय-पयोधिमें विहार करते हुए उन्हें तत्त्वज्ञानका उपदेश दिया, जो 'मत्स्यपुराण' नामसे प्रसिद्ध है। भगवान्की कृपासे राजा सत्यव्रत ज्ञान-विज्ञानसे सम्पन्न होकर इस कल्पमें वैवस्वत-मनु हुए।

देवताओंपर कूर्मभगवान्‌की कृपा

पृष्ठे भ्राम्यदमन्दमन्दरगिरिग्रावाग्रकण्डूयना-
न्निद्रालोः कमठाकृतेर्भगवतः श्वासानिलाः पान्तु वः ।
यत्संस्कारकलानुवर्तनवशाद् वेलानिभेनाम्भसां
यातायातमतन्द्रितं जलनिधेर्नाद्यापि विश्राम्यति ॥

(श्रीमद्भा० १२ । १३ । २)

'जिस समय भगवान्‌ने कच्छप-रूप धारण किया और उनकी पीठपर अत्यन्त विशाल मन्दराचल मथानीकी भाँति घूम रहा था, उस समय मन्दराचलकी चट्टानोंकी नोकसे खुजलाने (रगड़ लगने)के कारण भगवान्‌को थोड़ा सुख मिला, जिससे उन्हें नींद आ गयी और उनकी श्वास-गति कुछ बढ़ गयी। उस समय उस श्वास-वायुसे समुद्रके जलको जो धक्के लगे थे, उनके प्रभावसे आज भी समुद्र ज्वार-भाटेके रूपमें दिन-रात चढ़ता-उतरता रहता है, उसे अभीतक विश्राम नहीं मिल पाया। भगवान्‌की वही श्वास-वायु आपलोगोंकी रक्षा करे।'

× × ×

घटना है चाक्षुष-मन्वन्तरकी। एक बार देवराज इन्द्र ऐरावतपर आरूढ़ हो कहीं जा रहे थे। मार्गमें महर्षि दुर्वासासे उनकी भेंट हो गयी। महर्षिने देवराजको एक प्रसाद-माला दी। मदमत्त इन्द्रने उसे लेकर ऐरावतके मस्तकपर डाल दिया। ऐरावतने उसे सूँडसे पकड़कर नीचे गिरा दिया और पैरों-तले कुचल डाला। यह देखकर महर्षिने क्रुद्ध हो इन्द्रको शाप देते हुए कहा—'तू त्रिलोकीसहित श्रीहीन हो जायगा।' शापवश देवराज श्रीहीन हो गये। तीनों लोकोंमें यज्ञादि धर्म-कर्मोंका लोप-सा हो गया। इस प्रकार देवताओंकी शक्ति क्षीण हुई देखकर असुरोंने उनपर आक्रमण कर दिया। देवगण पराजित हो गये। अमरावती असुरोंकी क्रीड़ास्थली बन गयी। इन्द्र, वरुण आदि प्रधान देवताओंने भागकर ब्रह्माकी शरण ली। ब्रह्माजी देवताओंको साथ लेकर भगवान् श्रीविष्णुके निजधाम वैकुण्ठमें गये। वहाँ उन्हें जब कुछ दिखायी न पड़ा, तब विधाताने एकाग्रमनसे वेद-वाणीद्वारा भगवान्‌की स्तुति करते हुए प्रार्थना की—

स त्वं नो दर्शयात्मानमस्मत्करणगोचरम्।
प्रपन्नानां दिदृक्षूणां सस्मितं ते मुखाम्बुजम् ॥

(श्रीमद्भा० ८ । ५ । ४५)

'प्रभो! हम आपके शरणागत हैं और मन्द-मन्द मुसकानसे युक्त आपके मुखकमलको अपने इन्हीं नेत्रोंसे देखना चाहते हैं, अतः आप हमें उसका दर्शन कराइये।'

देवगणके स्तवनसे प्रसन्न होकर अमिततेजस्वी सर्वशक्तिमान् भगवान् श्रीहरि उनके मध्य प्रकट हो गये। उस समय उनकी बड़ी ही मनोहर झाँकी थी—

स्वच्छां मरकतश्यामां कञ्जगर्भारुणेक्षणाम् ॥
तप्तहेमावदातेन लसत्कौशेयवाससा ।
प्रसन्नचारुसर्वाङ्गीं सुमुखीं सुन्दरभ्रुवम् ॥
महामणिकिरीटेन केयूराभ्यां च भूषिताम् ।
कर्णाभरणनिर्भातकपोलश्रीमुखाम्बुजाम् ॥
काञ्चीकलापवलयहारनूपुरशोभिताम् ।
कौस्तुभाभरणां लक्ष्मीं बिभ्रतीं वनमालिनीम् ॥
सुदर्शनादिभिः स्वास्त्रैर्मूर्तिमद्भिरुपासिताम् ।

(श्रीमद्भा० ८ । ६ । ३–७)

'उनका मरकतमणिके समान स्वच्छ श्यामल शरीर था, उसपर तपाये हुए स्वर्णकी-सी सुनहली कान्तिवाला रेशमी पीताम्बर शोभा पा रहा था, कमलके भीतरी भागके सदृश सुकुमार नेत्रोंमें अरुणवर्ण रेखाएँ-झलक रही थीं, सर्वाङ्गसुन्दर शरीरसे प्रसन्नता टपक रही थी, मुख अत्यन्त सुन्दर था, धनुष-सी झुकावदार भौंहें बड़ी मनोरम लग रही थीं, सिरपर बहुमूल्य मणियोंद्वारा निर्मित किरीट और भुजाओंमें बाजूबंद शोभा पा रहे थे, कानोंमें झलमलाते हुए कुण्डलोंकी आभा पड़नेसे कपोलोंकी शोभा अनोखी हो रही थी, जिससे मुखकमल खिल उठता था, कटि-प्रदेशमें करधनीकी लड़ियाँ, हाथोंमें कङ्कण, गलेमें हार और चरणोंमें नूपुर शोभायमान थे, वक्षःस्थलपर लक्ष्मी, गलेमें कौस्तुभमणि तथा वनमाला सुशोभित थीं। सुदर्शन चक्र आदि भगवान्‌के निज आयुध मूर्तिमान् होकर उनकी सेवा कर रहे थे।'

उन सर्वसमर्थ प्रभुका दर्शन करके देवताओंने उनकी स्तुति करते हुए अपना अभीष्ट निवेदन किया—

त्वामार्ताः शरणं विष्णो प्रयाता दैत्यनिर्जिताः ।
वयं प्रसीद सर्वात्मंस्तेजसाप्याययस्व नः ॥

(श्रीविष्णु० १ । ९ । ७२)

'विष्णो! दैत्योंसे पराजित हुए हमलोग आर्त होकर

आपकी शरणमें आये हैं । सर्वात्मन् ! आप हमपर प्रसन्न होइये और अपने तेजसे हमें शक्तिशाली बनाइये ।'

देवताओंकी प्रार्थना सुनकर भगवान्‌ने कहा—'देवताओ ! तुमलोग सावधान होकर मेरी बात सुनो । इस समय असुरोंपर कालकी कृपा है, इसलिये तुमलोग दैत्यों और दानवोंसे संधि कर लो तथा उनको साथ लेकर अविलम्ब अमृत निकालनेका प्रयत्न करो, जिसे पी लेनेसे प्राणी अमर हो जाता है। पहले तुमलोग क्षीरसागरमें घास, तिनके, लताएँ और ओषधियाँ डाल दो । फिर मन्दराचलकी मथानी और वासुकि नागकी नेती बनाकर मेरी सहायतासे समुद्र-मन्थन करो । विश्वास रखो—दैत्योंको तो केवल श्रम और क्लेश मिलेगा, परंतु तुमलोगोंको अवश्य ही शुभ फल मिलेगा । इसलिये असुरगण तुमसे जो चाहें, सब स्वीकार कर लो ।' शिक्षा देकर भगवान् वहीं अन्तर्धान हो गये ।

देवराज इन्द्र मुख्य-मुख्य देवताओंके साथ दैत्यराज बलिके पास पहुँचे । स्वार्थ-साधक इन्द्रने उन्हें अपने बन्धुत्वका स्मरण कराया और उनके साथ संधि करके अमृत-प्राप्तिके लिये समुद्र-मन्थनका प्रस्ताव रखा । भगवत्प्रेरणासे वे सहमत हो गये । फिर तो धरातलकी समस्त ओषधियाँ क्षीरसागरमें डाल दी गयीं । दोनों पक्षोंने मतभेद त्यागकर मन्दराचलको उखाड़ लिया और ले चले, परंतु भारी पड़नेके कारण थककर उन्होंने उसे थोड़ी ही दूरपर पटक दिया । उसके गिरनेसे बहुत-से सुर-असुर दबकर चकनाचूर हो गये । उनको हतोत्साह देख कृपानिधान सर्वान्तर्यामी गरुड़वाहन भगवान् वहीं प्रकट हो गये और उन्होंने अपनी पीयूषवर्षिणी दृष्टिसे देखकर मरे हुए देवोंको जीवन-दान दिया । फिर एक हाथसे मन्दराचलको उठाकर गरुड़पर रख लिया और सुरासुरोंके साथ वे क्षीराब्धिके तटपर पहुँचे। मन्दराचल समुद्रमें डाल दिया गया और वासुकि नागकी नेती बनाकर दैत्य और देवता समुद्रका मन्थन करने लगे। मथते समय मन्दराचल नीचे धँसता जा रहा था; क्योंकि उसके नीचे कोई आधार न था । यह देखकर अचिन्त्य-शक्तिसम्पन्न करुणासिन्धु भगवान् विशाल एवं विचित्र कच्छपका रूप धारणकर मन्दराचलके नीचे पहुँच गये और उन्होंने उसे अपनी पीठपर धारण कर लिया । मन्दराचल तीव्रतासे घूम रहा था और भगवान् उसकी रगड़से अपनी पीठपर खुजलीके-से सुखका अनुभव कर रहे थे ।

इस प्रकार कच्छप-रूपधारी भगवान्‌की कृपासे समुद्र-मन्थनका कार्य सम्पन्न हुआ । उसमेंसे अमृतसहित चौदह रत्न उद्भूत हुए । कृपामूर्ति भगवान्‌ने उन्हें यथायोग्य वितरित कर दिया । अमृत केवल देवताओंको ही मिला, जिससे वे सशक्त होकर पुनः अपने-अपने पदपर आसीन हो गये।

(रा० शुक्ल)

'कृपा-सुधा-सागरतट प्यासा प्यासा ही रहता है'

(रचयिता—श्रीगयाप्रसादजी द्विवेदी 'प्रसाद')

कृपासिन्धुकी परमकृपा ही करती प्रकृति पसारा,
बड़ी निपुणतासे रचती है कण-कण न्यारा-न्यारा ।
हम मानव प्राणी ही होते हैं अनन्य अधिकारी,
मानो वह निश्चिन्त हो जाती सौंप हमें कृति सारी ॥

करते हैं अतएव देव भी नर तनकी अभिलाषा,
जीव समझ सकता इसमें ही जीवनकी परिभाषा ।
जिसे समझकर सूझ-बूझके द्वार सभी खुल जाते,
और चिरन्तन मानस पटके अमिट-दाग धुल जाते ॥

प्रभुका कृपासिन्धु लहराता चारों ओर हमारे,
मिलनेको उत्सुक हैं लहरें अगणित भुजा पसारे ।
कितना कोमल सरस सुशीतल वह आलिङ्गन होता,
जिसके स्पर्शमात्रसे पावन तन, मन, जीवन होता ॥

पर हम महामोह-मदिरा पी रहते सुधि-बुधि खोये,
भ्रमते हैं भ्रम-विषम-जालमें लोकाचार विगोये ।
सुर-दुर्लभ जीवन-रस इससे नीरस बन बहता है,
कृपा-सुधा-सागरतट प्यासा प्यासा ही रहता है ॥

पृथ्वीपर वराहभगवान्‌की कृपा

स्रुक्तुण्ड सामस्वरधीरनाद
प्राग्वंशकायाखिलसत्रसंधे ।
पूर्तेष्टधर्मश्रवणोऽसि देव
सनातनात्मन् भगवन् प्रसीद ॥
(श्रीविष्णुपु० १ । ४ । ३४)

'प्रभो ! स्रुक् आपका तुण्ड—थूथुन है, सामस्वर धीर-गम्भीर शब्द है, प्राग्वंश—यजमान-गृह शरीर है तथा सत्र शरीरकी संधियाँ हैं। देव ! इष्ट—श्रौत और पूर्त—स्मार्त धर्म आपके कान हैं। नित्यस्वरूप भगवन् ! प्रसन्न होइये ।'

× × ×

ब्रह्माजीका दिन बीत जानेपर जब अवान्तर प्रलय होता है, तब सम्पूर्ण त्रिलोकीको व्याप्त करके केवल जल-ही-जल रह जाता है। उस समय त्रिभुवनमें जितने भी जीव होते हैं, उन सबको ग्रसकर ब्रह्मस्वरूप जगदीश्वर भगवान् विष्णु उस एकार्णव जलके भीतर सहस्रों फणोंसे सुशोभित शेषनागकी शय्यापर सहस्र युगोंतक चलनेवाली रात्रिमें शयन करते हैं। तत्पश्चात् निद्रावसानमें उन्हींकी प्रेरणासे पुनः सृष्टि होती है।

× × ×

पूर्वकालमें सनकादि ऋषियोंके शापसे वैकुण्ठधामके द्वारपाल जय-विजयको दैत्य-योनिमें जन्म लेना पड़ा था। वे ही कश्यपजीसे दितिके पुत्ररूपमें हिरण्यकशिपु और हिरण्याक्ष नामसे उत्पन्न हुए थे। वे महान् बलशाली और पराक्रमी थे। हिरण्याक्ष पातालमें रहता था और स्वर्गके देवताओंपर आक्रमण करके उनकी पुरीपर घेरा डाल देता था। इतना ही नहीं, वह पृथ्वीपर यज्ञ करनेवाले मनुष्योंका भी अपकार करनेके लिये सदा प्रयत्नशील रहता था। एक बार उसने सोचा—'मर्त्यलोकमें रहनेवाले मनुष्य पृथ्वीपर रहकर देवताओंका यजन करेंगे, इससे उनका बल, वीर्य और तेज बढ़ जायगा ।' इस प्रकार विचारकर महान् असुर हिरण्याक्ष (ब्रह्माजी द्वारा सृष्टि-रचना-कालमें उत्पन्न) भूमिकी धारणा-शक्तिको ले जलके भीतर-ही-भीतर रसातलमें चला गया। आधारशक्तिसे रहित पृथ्वी भी रसातलमें चली गयी।

× × ×

ब्रह्माजी सृष्टि-विस्तारके लिये मन-ही-मन श्रीहरिका स्मरण कर रहे थे। इतनेमें ही उनके शरीरके एक भागसे 'नर' और दूसरे भागसे 'नारी' उत्पन्न हुई। उन दोनोंको देखकर विधाताको बड़ी प्रसन्नता हुई। उन्होंने दोनोंका नामकरण किया—नरका 'मनु' और नारीका 'शतरूपा'। फिर मनुको आज्ञा दी कि तुम शतरूपाको अपनी अर्धाङ्गिनीके रूपमें स्वीकार कर लो। तत्पश्चात् मनुने नम्रतापूर्वक हाथ जोड़कर ब्रह्माजीसे प्रार्थना की—'पूज्यपाद ! हम आपको नमस्कार करते हैं। आप हमसे हो सकने योग्य किसी ऐसे कार्यके लिये हमें आज्ञा दीजिये, जिससे इस लोकमें हमारी सर्वत्र कीर्ति हो और परलोकमें सद्गति प्राप्त हो सके ।' तब ब्रह्माजीने कहा—'वीर ! तुम अपनी इस भार्यासे अपने ही समान गुणवती संतति उत्पन्न करके धर्मपूर्वक पृथ्वीका पालन करो और यज्ञोंद्वारा श्रीहरिकी आराधना करो ।' मनुने पुनः निवेदन किया—'पिताजी ! मैं आपकी आज्ञाका पालन अवश्य करूँगा, किंतु आप इस जगत्‌में मेरे और मेरी भावी संततिके रहनेके लिये स्थान बतलाइये। देव ! सम्पूर्ण जीवोंकी आश्रयभूता पृथ्वी तो इस समय प्रलयके जलमें निमग्न है। आप इसके उद्धारका प्रयत्न कीजिये ।'

ब्रह्माजी पृथ्वीके उद्धारार्थ मन-ही-मन सर्वशक्तिमान् श्रीहरिका ध्यान कर ही रहे थे कि अकस्मात् उनके नासाछिद्रसे अंगूठेके बराबर आकारका एक वराह-शिशु प्रकट हुआ। लोकस्रष्टा विस्मय-विमुग्ध हो उसकी ओर देख ही रहे थे कि वह क्षणभरमें बढ़कर विशाल गजराजके बराबर हो गया। यह देखकर मरीचि आदि मुनिजन, सनकादि और मनुसहित विचार करते हुए ब्रह्माजी इस निष्कर्षपर पहुँचे कि निश्चय ही यज्ञमूर्ति भगवान् हमलोगोंको मोहित कर रहे हैं। यह मङ्गलमय प्रभुका ही वेदयज्ञमय वराह-वपु है। थोड़ी ही देरमें वह वराह-वपु पर्वताकार हो गया। उनकी भयंकर गर्जना चतुर्दिक् व्याप्त हो गयी। वे घुरघुराते और गरजते हुए गजराजकी-सी लीला करने लगे। उनका स्वरूप अत्यन्त अद्भुत था—

वेदपादं यूपदंष्ट्रं चितिवक्त्रं नराधिप ॥
व्यूढोरस्कं महाबाहुं पृथुवक्त्रं नराधिप ।
अग्निजिह्वं स्रुचं तुण्डं चन्द्रार्कनयनं महत् ॥
पूर्तेष्टधर्मश्रवणं दिव्यं तं सामनिःस्वनम् ।
प्राग्वंशकायं हविर्नासं कुशदर्भतनूरुहम् ॥
सर्ववेदमयं तच्च पुण्यसूक्तं महासटम् ।
नक्षत्रताराहारं च प्रलयावर्तभूषणम् ॥

(नरसिंहपु० ३९ । ११–१४)

'चारों वेद ही उनके चरण थे, यूप—पशु-बन्धनके लिये बना हुआ काष्ठ-स्तम्भ ही दाढ़ था और चिति—श्येनचित् आदि मुख। मुखमण्डल स्थूल और छाती चौड़ी थी, भुजाएँ बड़ी-बड़ी थीं। अग्नि ही जिह्वा और स्रुक्—स्रुवा ही थूथुन थी। चन्द्रमा और सूर्य विशाल नेत्र थे, पूर्त—बावली-निर्माण आदि और इष्ट-धर्म—यज्ञ-यागादि उनके कान थे, साम ही स्वर था, प्राग्वंश—पत्नीशाला या यजमान-गृह ही शरीर था, हवि ही नासिका थी, कुश-दर्भ ही रोमावलियाँ थे। इस प्रकार उनका सम्पूर्ण शरीर वेदमय था, पवित्र वैदिक सूक्त ही उनके बड़े-बड़े अयाल थे। नक्षत्र और तारे उनके हार थे तथा प्रलयकालीन आवर्त—भँवर ही उनके लिये भूषणका काम दे रहे थे।'

सर्वप्रथम वे वराह-वपु भगवान् पूँछ उठाकर बड़े वेगसे आकाशमें उछले और अपनी गर्दनके बालोंको फटकार कर खुरोंके आघातसे बादलोंको छिन्न-भिन्न करने लगे। उनका शरीर अत्यन्त कठोर था, त्वचापर कड़े-कड़े बाल थे, दाढ़ें श्वेतवर्णकी थीं और नेत्रोंसे तेज निकल रहा था। वे अपनी नाकसे सूँघ-सूँघकर पृथ्वीका पता लगा रहे थे। उन्होंने बड़ी सौम्य दृष्टिसे मुनियोंकी ओर निहारते हुए जलमें प्रवेश किया। उनके वज्रमय पर्वतके समान कठोर कलेवरके आघातसे समुद्रके जलमें बादलोंकी गड़गड़ाहटके समान बड़ा भीषण शब्द हुआ, उसकी उत्ताल तरंगें तटप्रान्तको आप्लावित करने लगीं। इस प्रकार वे खुरोंसे जलको चीरते हुए रसातलमें जा पहुँचे। वहाँ उन्होंने समस्त जीवोंकी आश्रयभूता पृथ्वीको देखा। भगवान्‌को अपने सम्मुख उपस्थित देखकर पृथ्वीने उनकी अनेक प्रकारसे स्तुति करते हुए प्रार्थना की—

नमस्ते पुण्डरीकाक्ष शङ्खचक्रगदाधर।
मामुद्धरास्मादद्य त्वं त्वत्तोऽहं पूर्वमुत्थिता॥

(विष्णुपु० १ । ४ । १२)

'शङ्ख, चक्र और गदाधारी कमलनयन भगवन्! आपको नमस्कार है। आज आप इस रसातलसे मेरा उद्धार कीजिये। पूर्वकालमें मैं आपसे ही उत्पन्न हुई थी।'

धरित्रीकी प्रार्थना सुनकर वराहभगवान् उसे अपनी दाढ़ोंपर रखकर रसातलसे ऊपर आये। उस समय उनकी शोभा अद्भुत थी। बाहर निकलते समय उनके मार्गमें विघ्न डालनेके लिये महापराक्रमी हिरण्याक्षने जलके भीतर ही उनपर गदासे आक्रमण किया। इससे उनका क्रोध उद्दीप्त हो उठा और उन्होंने उसे (लीलापूर्वक) उसी प्रकार मार डाला, जैसे सिंह गजराजको मार डालता है। उसके रक्तसे उनके थूथुन और कनपटी लथपथ हो गयी थी। उस समय वे ऐसे जान पड़ते थे, मानो कोई गजराज लाल मिट्टीके टीलेपर टक्कर मारकर आया हो। इस प्रकार वे अपने उज्ज्वल दाँतोंपर पृथ्वीको धारण किये जलसे बाहर निकले। उन्हें देखकर मरीचि आदि ऋषि वेदवाक्योंद्वारा उनकी स्तुति करने लगे।

उन ब्रह्मवादी मुनियोंके स्तुति कर चुकनेपर सर्वरक्षक कृपासिन्धु भगवान् वराहने अपने खुरोंसे जलको स्तम्भित कर उसीपर पृथ्वीको स्थापित कर दिया। तत्पश्चात् वे करुणावरुणालय श्रीहरि सबके देखते-देखते वहीं अन्तर्धान हो गये। इस प्रकार वराह-रूपधारी करुणाकर भगवान्‌ने कृपा करके मनु-शतरूपाकी भावी संततियोंके लिये आश्रयभूता पृथ्वीकी स्थापना कर दी।

(रा० शुक्ल)

भक्त प्रह्लादपर नृसिंहभगवान्‌की कृपा

स्वभक्तपक्षपातेन तद्विपक्षविदारणम् ।
नृसिंहमद्भुतं वन्दे परमानन्दविग्रहम् ॥

(श्रीमद्भा० ७ । १ श्रीधरस्वामिकृत मङ्गलाचरण)

'जिन्होंने अपने भक्तका पक्ष लेकर उसके विपक्षीको नष्ट कर दिया, उन परमानन्दस्वरूप अद्भुत नृसिंह-रूपधारी भगवान्‌को मैं प्रणाम करता हूँ।'

× × ×

सत्ययुगकी बात है, एक बार ब्रह्माके मानसपुत्र सनकादि, जिनकी अवस्था सदा पञ्चवर्षीय बालककी-सी ही रहती है, घूमते हुए वैकुण्ठलोकमें जा पहुँचे। वे भगवान् विष्णुके पास जाना चाहते थे, परंतु जय-विजय नामक द्वारपालोंने उन्हें बालक समझकर भीतर जानेसे रोक दिया। यह देख ऋषियोंको क्रोध आ गया और उन्होंने शाप देते हुए कहा—'तुमलोगोंकी बुद्धि तमोगुणसे अभिभूत है, अतः तुम दोनों असुर हो जाओ। तीन जन्मोंके बाद पुनः तुम्हें इस स्थानकी प्राप्ति होगी।' ऋषि-शापवश वे ही दोनों दितिके गर्भसे हिरण्यकशिपु और हिरण्याक्षके रूपमें उत्पन्न हुए। हिरण्याक्षको भगवान् विष्णुने वराहावतार धारण करके मार दिया। भाईके वधसे संतप्त हिरण्यकशिपु दैत्यों और दानवोंको सब ओर अत्याचार करनेके लिये आज्ञा देकर. स्वयं महेन्द्राचलपर चला गया। उसके हृदयमें वैरकी आग धधक रही थी, अतः वह भगवान् विष्णुसे बदला लेनेके विचारसे घोर तपस्यामें संलग्न हो गया।

इधर हिरण्यकशिपुको तपस्या-निरत देखकर इन्द्रने दैत्योंपर चढ़ाई कर दी। दैत्यगण अनाथ होनेके कारण भागकर रसातलमें चले गये। इन्द्रने राजमहलमें प्रवेश करके राजरानी कयाधूको बंदी बना लिया। उस समय वह गर्भवती थी। उसे वे अमरावतीकी ओर ले जा रहे थे। मार्गमें देवर्षि नारदसे उनकी भेंट हो गयी। नारदजीने कहा—'इन्द्र! इसे कहाँ ले जा रहे हो?' इन्द्रने कहा—'देवर्षे! इसके गर्भमें हिरण्यकशिपुका अंश है, उसे मारकर इसे छोड़ दूँगा।' यह सुनकर नारदजीने कहा—'देवराज! इसके गर्भमें बहुत बड़ा भगवद्भक्त है, जिसे मारना तुम्हारी शक्तिके बाहर है, अतः इसे छोड़ दो।' नारदजीके कथनका गौरव मानते हुए इन्द्र कयाधूको छोड़कर अमरावती चले गये। नारदजी कयाधूको अपने आश्रमपर ले आये और उससे बोले—'बेटी! तुम यहाँ तबतक सुखपूर्वक निवास करो, जबतक तुम्हारा पति तपस्यासे लौटकर नहीं आ जाता।' समय-समयपर नारदजी गर्भस्थ बालकको लक्ष्य करके कयाधूको तत्त्वज्ञानका उपदेश देते रहते थे। वही बालक जन्म लेनेपर परम भागवत प्रह्लाद हुआ।

जब हिरण्यकशिपुकी तपस्यासे त्रिलोकी संतप्त हो उठी और देवताओंमें खलबली मच गयी, तब वे सब संगठित होकर ब्रह्माकी शरणमें गये और उनसे हिरण्यकशिपुको तपसे विरत करनेकी प्रार्थना की। ब्रह्मा हंसपर आरूढ़ होकर वहाँ आये, जहाँ हिरण्यकशिपु तपस्या कर रहा था। उसके शरीरको चींटियाँ चाट गयी थीं, केवल अस्थिगत प्राण अवशेष थे और वह एक बाँबीके आकारका दीख पड़ता था। ब्रह्माने उस बाँबीपर अपने कमण्डलुका जल छिड़क दिया। फलतः हिरण्यकशिपु अपने असली रूपमें निकल आया। तब ब्रह्माने कहा—'बेटा! ऐसी तपस्या तो आजतक न किसीने की है और न आगे कोई करेगा ही। अब तुम अपना अभीष्ट वर माँग लो।' यह सुनकर हिरण्यकशिपु बोला—'प्रभो! आपके बनाये हुए किसी प्राणीसे—चाहे वह मनुष्य हो या पशु, प्राणी हो या अप्राणी, देवता हो या दैत्य अथवा नागादि—मेरी मृत्यु न हो। भीतर-बाहर, दिनमें, रात्रिमें, आपके बनाये प्राणियोंके अतिरिक्त और भी किसी जीवसे, अस्त्र शस्त्रसे, पृथ्वी या आकाशमें—कहीं भी मेरी मृत्यु न हो। युद्धमें कोई मेरा सामना न कर सके। मैं समस्त प्राणियोंका एकछत्र सम्राट् हो जाऊँ। देवताओंमें आप-जैसी महिमा मेरी भी हो और तपस्वियों एवं योगियोंके समान अक्षय ऐश्वर्य मुझे भी दीजिये।'

ब्रह्मा उसकी तपस्यासे प्रसन्न तो थे ही, अतः उसे मुँहमाँगा वरदान देकर वहीं अन्तर्धान हो गये। हिरण्यकशिपु अपनी राजधानीमें चला आया। कयाधू भी नारदजीके आश्रमसे राजमहलमें आ गयी। उसके गर्भसे भागवत-रत्न प्रह्लाद उत्पन्न हुए। हिरण्यकशिपुके चार पुत्र थे। प्रह्लाद उनमें सबसे छोटे थे, अतः उनपर हिरण्यकशिपुका विशेष स्नेह था। उसने असुर-गुरुपुत्र षण्ड और अमर्कको बुलाया और शिक्षा देनेके लिये प्रह्लादको उनके हवाले कर दिया। प्रह्लाद गुरुकुलमें शिक्षा पाने लगे। गुरु

होनेके कारण वे गुरु-प्रदत्त शिक्षा शीघ्र ही ग्रहण कर लेते थे। साथ ही उनकी भगवद्भक्ति भी बढ़ती जा रही थी। वे असुर-बालकोंको भी भगवद्भक्तिकी शिक्षा देते। एक दिन हिरण्यकशिपुने प्रह्लादको गोदमें बैठाकर बड़े प्रेमसे पुचकारते हुए कहा—'बेटा! अपनी पढ़ी हुई अच्छी-से-अच्छी बात सुनाओ।' तब प्रह्लादने भगवद्भक्तिकी ही प्रशंसा की। यह सुनते ही हिरण्यकशिपु क्रोधसे आगबबूला हो गया और उसने प्रह्लादको अपनी गोदसे उठाकर भूमिपर पटक दिया तथा असुरोंको उन्हें मार डालनेकी आज्ञा दे दी। फिर तो प्रह्लादका काम तमाम कर देनेके लिये असुरोंने उनपर विभिन्न अस्त्रोंका प्रयोग किया, परंतु वे सभी निष्फल हो गये। तत्पश्चात् उन्हें हाथियोंसे कुचलवाया गया, विषधर सर्पोंसे डँसवाया गया, पुरोहितोंसे उन्हें मारनेके लिये कृत्या राक्षसी उत्पन्न करायी गयी, पर्वतकी चोटीसे नीचे डलवा दिया गया, शम्बरासुरसे उनपर अनेकों प्रकारकी मायाका प्रयोग करवाया गया, अँधेरी कोठरियोंमें बंद करा दिया गया, विष पिलाया गया, भोजन बंद कर दिया गया, बर्फ, दहकती हुई आग और समुद्रमें डलवाया गया, आँधीमें छोड़ा गया तथा पर्वतके नीचे दबवा दिया गया, परंतु किसी भी उपायसे प्रह्लादका बाल भी बाँका न हो सका।

एक दिन गुरु-पुत्रोंकी शिकायतपर हिरण्यकशिपुने प्रह्लादको अपने निकट बुलाया और उन्हें तरह-तरहसे डराने-धमकाने लगा। फिर उनसे कहा—'रे दुष्ट! जिसके बलपर तू ऐसी बहकी-बहकी बातें बोल रहा है, तेरा वह ईश्वर कहाँ है? वह यदि सर्वत्र है तो इस खंभेमें क्यों नहीं दिखायी देता?' तब प्रह्लादने कहा—'मुझे तो वे प्रभु खंभेमें भी दीख रहे हैं।' यह सुनकर हिरण्यकशिपु क्रोधके मारे अपनेको सँभाल न सका और हाथमें खड्ग लेकर सिंहासनसे कूद पड़ा, उसने बड़े जोरसे उस खंभेपर एक घूँसा मारा। उसी समय उस खंभेसे बड़ा भयंकर शब्द हुआ। ऐसा जान पड़ता था, मानो ब्रह्माण्ड फट गया हो। उस शब्दको सुनकर हिरण्यकशिपु घबराया हुआ-सा इधर-उधर देखने लगा कि यह शब्द करनेवाला कौन है, इतनेमें ही वहाँ बड़ी अलौकिक घटना घटी—

सत्यं विधातुं निजभृत्यभाषितं
व्याप्तिं च भूतेष्वखिलेषु चात्मनः।
अदृश्यतात्यद्भुतरूपमुद्वहन्
स्तम्भे सभायां न मृगं न मानुषम्॥
(श्रीमद्भा० ७। ८। १८)

'इसी समय अपने भृत्य प्रह्लादकी वाणी सत्य करने तथा समस्त भूतोंमें अपनी व्यापकता दिखलानेके लिये सभाके भीतर उसी खंभेमेंसे अत्यन्त अद्भुत रूप धारण करके कृपासिन्धु भगवान् प्रकट हुए। वह रूप न तो समूचा सिंहका ही था और न मनुष्यका ही।'

जिस समय हिरण्यकशिपु शब्द करनेवालेकी खोज कर रहा था, उसी समय उसने खंभेके भीतरसे निकलते हुए उस अद्भुत प्राणीको देखा। वह सोचने लगा—'अहो! यह न तो मनुष्य है न पशु, फिर यह नृसिंहके रूपमें कौन-सा अलौकिक जीव है?' जिस समय हिरण्यकशिपु इस उधेड़-बुनमें लगा हुआ था, उसी समय करुणासागर भगवान् नृसिंह उसके ठीक सामने ही खड़े हो गये। उनका रूप बड़ा भयंकर था।

'उनकी आँखें तपाये हुए सोनेके समान पीली-पीली एवं भयावनी थीं, गरदन तथा मुखके चमचमाते हुए बालोंसे उनका चेहरा भरा-भरा दीख रहा था, उनकी दाढ़ें बड़ी विकराल थीं; उनकी जीभ तलवारके समान लपलपाती हुई तथा छुरेकी धारके सदृश तीखी थी, टेढ़ी भौंहोंके कारण उनका मुख और भी भीषण प्रतीत होता था, उनके कान निश्चल एवं ऊपरकी ओर उठे हुए थे, उनकी फूली हुई नासिका और खुला हुआ मुख पर्वतकी गुफाके सदृश अद्भुत जान पड़ता था, फटे हुए जबड़ोंके कारण उनकी भीषणता बहुत बढ़ गयी थी। उनका विशाल शरीर स्वर्गका स्पर्श कर रहा था, गरदन कुछ नाटी और मोटी थी, छाती चौड़ी और कमर पतली थी। चन्द्रमाकी किरणोंके समान सफेद रोएँ सारे शरीरपर चमक रहे थे। चारों ओर सैकड़ों भुजाएँ फैली हुई थीं, उनके बड़े-बड़े नख आयुधका काम दे रहे थे।'

हिरण्यकशिपु सिंहनाद करता हुआ हाथमें गदा लेकर नृसिंहभगवान्‌पर टूट पड़ा। लीलाविहारी भगवान् भी कुछ देरतक उसके साथ युद्धलीला करते रहे। अन्तमें उन्होंने बड़ा भीषण अट्टहास किया, जिससे हिरण्यकशिपुकी आँखें बंद हो गयीं। तब भगवान्‌ने झपटकर उसे उसी प्रकार दबोच लिया, जैसे साँप चूहेको पकड़ लेता है। फिर उसे सभाके

दरवाजेपर ले जाकर अपनी जाँघोंपर गिरा लिया और खेल-ही-खेलमें अपने नखोंसे उसके कलेजेको फाड़कर पृथ्वीपर पटक दिया। सहायतार्थ आये हुए सभी दैत्योंको उन्होंने खदेड़-खदेड़कर मार डाला। उस समय उनकी क्रोधसे भरी आँखोंकी ओर देखा नहीं जा सकता था। वे अपनी लपलपाती हुई जीभसे दोनों जबड़ोंको चाट रहे थे। उनके मुख और गरदनके बालोंपर खूनके छींटे झलक रहे थे। उस समय भगवान् नृसिंहकी गरदनके बालोंके झटकेसे बादल तितर-बितर हो रहे थे। उनके नेत्रोंकी ज्वालासे सूर्य आदि ग्रहोंका तेज फीका पड़ गया। उनके श्वासके धक्केसे समुद्र क्षुब्ध हो उठे। उनके सिंहनादसे भयभीत होकर दिग्गज चिग्घाड़ने लगे। उनकी गरदनके बालोंसे टकराकर देवताओंके विमान अस्त-व्यस्त हो गये। स्वर्ग डगमगा गया, पैरोंकी धमकसे भूकम्प आ गया, वेगसे पर्वत उड़ने लगे, तेजकी चकाचौंधसे दिशाओंका दीखना बंद हो गया। उनका क्रोध बढ़ता जा रहा था। वे हिरण्यकशिपुकी राजसभामें ऊँचे सिंहासनपर विराजमान हो गये। उनकी क्रोधपूर्ण भयंकर मुखाकृतिको देखकर किसीका भी साहस नहीं हुआ, जो निकट जाकर उन्हें प्रसन्न करनेकी चेष्टा करे।

तब ब्रह्माने प्रह्लादसे कहा—'बेटा! तुम्हारे पितापर ही तो भगवान् कुपित हुए थे। अब तुम्हीं जाकर उन्हें शान्त करो।' प्रह्लाद 'जो आज्ञा' कहकर भगवान्‌के निकट जा, हाथ जोड़ पृथ्वीपर साष्टाङ्ग लोट गये। अपने चरणोंमें एक नन्हे-से बालकको पड़ा हुआ देखकर कृपानिधान भगवान् दयार्द्र हो गये। उन्होंने प्रह्लादको उठाकर उनके सिरपर अपना कर-कमल रख दिया। फिर तो प्रह्लादको तत्काल परमतत्त्वका साक्षात्कार हो गया। उन्होंने भावपूर्ण हृदय तथा निर्निमेष नयनोंसे भगवान्‌को निहारते हुए प्रेम-गद्गद वाणीसे स्तुति की।

प्रह्लादद्वारा की गयी स्तुतिसे नृसिंहभगवान् संतुष्ट हो गये और उनका क्रोध जाता रहा। तब वे प्रेमसे भरकर प्रसन्नतापूर्वक बोले—

प्रह्लाद भद्र भद्रं ते प्रीतोऽहं तेऽसुरोत्तम।
वरं वृणीष्वाभिमतं कामपूरोऽस्म्यहं नृणाम्॥
मामप्रीणत आयुष्मन् दर्शनं दुर्लभं हि मे।
दृष्ट्वा मां न पुनर्जन्तुरात्मानं तप्तुमर्हति॥
प्रीणन्ति ह्यथ मां धीराः सर्वभावेन साधवः।
श्रेयस्कामा महाभागाः सर्वासामाशिषां पतिम्॥
(श्रीमद्भा० ७।९।५२-५४)

'भद्र प्रह्लाद! तुम्हारा कल्याण हो। असुरोत्तम! मैं तुमपर अत्यन्त प्रसन्न हूँ। तुम्हारी जो अभिलाषा हो, माँग लो, मैं मनुष्योंकी कामना पूर्ण करनेवाला हूँ। आयुष्मन्! जो मुझे प्रसन्न नहीं कर लेता, उसके लिये मेरा दर्शन दुर्लभ है; परंतु जब मेरे दर्शन हो जाते हैं, तब प्राणीके हृदयमें किसी प्रकारकी जलन नहीं रह जाती। मैं समस्त मनोरथोंको पूर्ण करनेवाला हूँ, इसीलिये सभी कल्याणकामी परम भाग्यवान् साधुजन जितेन्द्रिय होकर अपनी समस्त वृत्तियोंसे मुझे प्रसन्न करनेका प्रयत्न करते हैं।'

तब प्रह्लादने कहा—'मेरे वरदायकशिरोमणि स्वामिन्! यदि आप मुझे मुँहमाँगा वरदान देना चाहते हैं तो ऐसी कृपा कर दीजिये कि मेरे हृदयमें कभी किसी कामनाका बीज अङ्कुरित ही न हो।'

यह सुनकर दयासागर नृसिंहभगवान्‌ने कहा—'वत्स प्रह्लाद! तुम्हारे-जैसे एकान्तप्रेमी भक्तको यद्यपि किसी वस्तुकी अभिलाषा नहीं रहती, तथापि तुम केवल एक मन्वन्तरतक मेरी प्रसन्नताके लिये इस लोकमें दैत्याधिपतियोंके समस्त भोग स्वीकार कर लो। यज्ञभोक्ता ईश्वरके रूपमें मैं ही समस्त प्राणियोंके हृदयमें विराजमान हूँ, अतः तुम मुझे अपने हृदयमें देखते रहना और मेरी लीला-कथाएँ सुनते रहना। समस्त कर्मोंके द्वारा मेरी ही आराधना करके अपने प्रारब्ध-कर्मका क्षय कर देना। अन्त समयमें शरीरका त्याग करके समस्त बन्धनोंसे मुक्त होकर तुम मेरे पास आ जाओगे। देवलोकमें भी लोग तुम्हारी विशुद्ध कीर्तिका गान करेंगे। इतना ही नहीं, जो भी हमारा और तुम्हारा स्मरण करेगा, वह समस्त कर्म-बन्धनोंसे मुक्त हो जायगा।'

तदनन्तर प्रह्लादने कहा—'दीनबन्धो! मेरी एक प्रार्थना यह है कि मेरे पिताने आपको भ्रातृहन्ता समझकर आपसे और आपका भक्त जानकर मुझसे जो द्रोह किया है, उस दुस्तर दोषसे वे आपकी कृपासे मुक्त हो जायँ।'

तब करुणावरुणालय नृसिंहभगवान्‌ने हिरण्यकशिपुकी पवित्रताको प्रमाणित करते हुए प्रह्लादको उसकी अन्त्येष्टि-क्रिया करनेकी आज्ञा दी और स्वयं ब्रह्माद्वारा की गयी स्तुतिको सुनकर उन्हें फिर किसीको ऐसा वर देनेसे मना करते हुए वहीं अन्तर्धान हो गये। (मा० दु०)

दैत्यराज बलिपर वामनभगवान्‌की कृपा

पूर्वकालकी बात है, देवताओं और दैत्योंमें युद्ध छिड़ गया। देवता पराजित हुए। दैत्योंने स्वर्गपर अधिकार कर लिया।

इस प्रकार दैत्येश्वर बलिका आधिपत्य देखकर देवराज इन्द्र अपनी माता अदितिके सुन्दर आश्रमपर, जो सुमेरुगिरिके शिखरपर विद्यमान था, पहुँचे। वहाँ दानवोंसे पराजित हुए उन सभी देवताओंने माता अदितिके निकट जाकर उनके चरणोंमें प्रणाम किया और अपनी सारी कष्ट-कहानी कह सुनायी। फिर माता अदितिके आदेशानुसार इन्द्रादि देवगण परम तपस्वी मरीचिनन्दन कश्यपके समीप जा, उनके चरणोंमें प्रणाम करके हाथ जोड़कर बोले—'पिताजी! बलशाली दैत्यराज बलि युद्धमें हमारे लिये अजेय हो गया है, इसलिये कोई ऐसा उपाय कीजिये, जो हम देवताओंके लिये श्रेयस्कर और पुष्टिवर्धक हो।'

पुत्रोंकी बात सुनकर महर्षि कश्यपने देवताओंको साथ लिया और वे ब्रह्माकी परमोत्कृष्ट विशाल सभामें पहुँचे। ब्रह्माकी उस सर्वकामप्रदायिनी सभामें प्रवेश करके धर्मात्माओंमें श्रेष्ठ कश्यप, उनके पुत्र देवराज इन्द्र एवं सभी देवताओंने पद्मासनपर विराजमान ब्रह्माका दर्शन किया और ब्रह्मर्षियोंके साथ उनके चरणोंमें सिर झुकाकर प्रणाम किया। ब्रह्माके चरणोंका स्पर्श करते ही वे सभी पाप-मुक्त हो गये। तब देवेश्वर ब्रह्माने उन्हें क्षीरसागरके उत्तर तटपर जाकर कठिन तप करनेकी आज्ञा दी।

पितामहकी आज्ञा स्वीकार करके देवताओंने उन्हें सिर झुकाकर प्रणाम किया और फिर वे श्वेतद्वीपमें पहुँचनेके उद्देश्यसे उत्तर दिशाकी ओर चल पड़े। थोड़ी ही देरमें वे सरित्पति क्षीराब्धिके तटपर पहुँच गये। वहाँसे वे सातों समुद्रों, काननोंसहित पर्वतों तथा अनेक पुण्यसलिला नदियों-को लाँघते हुए पृथ्वीकी सीमापर जा पहुँचे। वहाँ चारों ओर अन्धकार-ही-अन्धकार व्याप्त था। महर्षि कश्यप वहीं एक निष्कण्टक स्थानपर पहुँचकर ब्रह्मचर्य एवं मौनपूर्वक वीरासनसे बैठ गये और उन्होंने सहस्र-वार्षिक दिव्य व्रतकी दीक्षा ले ली; क्योंकि उन्हें सहस्रनेत्रधारी योगाधिपति भगवान् नारायणको प्रसन्न करना था। इसी प्रकार क्रमशः सभी देवता तपस्यामें निरत हो गये। तदनन्तर महर्षि कश्यपने भगवान् नारायणको रिझानेके लिये वेदोक्त 'परमस्तव' नामक स्तोत्रद्वारा उनकी स्तुति की।

द्विजवर मरीचिपुत्र कश्यपद्वारा किये गये स्तवनको सुनकर कृपानिधान भगवान् नारायणका मन प्रसन्न हो गया और उन्होंने गम्भीर वाणीमें कहा—'देवगण! आपका मङ्गल हो। आप कोई अभीष्ट वर माँग लें। मैं आपलोगोंको वर देना चाहता हूँ।'

कश्यपजीने कहा—'सुरश्रेष्ठ! यदि आप हमपर प्रसन्न हैं तो मैं सभी लोगोंकी ओरसे यह याचना कर रहा हूँ कि आप स्वयं अदितिके गर्भसे इन्द्रके छोटे भाईके रूपमें प्रकट हों।' उधर वरार्थिनी देवमाता अदितिने भी वरदायक कृपालु भगवान्‌से पुत्रके लिये ही प्रार्थना की। साथ ही सभी देवताओंने भी एक साथ निवेदन किया—'महेश्वर! आप हम सारे देवताओंके इसी प्रकार त्राता, भर्ता, दाता और आश्रय बनें।'

भगवान् विष्णुने उन देवताओंसे कहा—"देवगण! आपलोगोंके जितने भी शत्रु होंगे, वे सभी मिलकर मेरे सामने एक क्षण भी नहीं ठहर सकते। मैं यज्ञभागके अग्रभोजी सारे असुरोंका संहार करके सभी देवताओंको 'हव्याशी' तथा पितृगणोंको 'कव्याशी' बनाऊँगा। सुरश्रेष्ठगण! आप-लोग जिस मार्गसे आये हैं, उसी मार्गसे लौट जायँ।"

करुणावरुणालय भगवान् विष्णुके यों कहनेपर उन सभी देवताओंने महर्षि कश्यपको आगे कर भगवान् विष्णुकी पूजा की। तदनन्तर उन्हें प्रणाम करके वे कश्यपाश्रमकी ओर चल पड़े। वहाँ पहुँचकर उन्होंने अदितिको समझा-बुझाकर घोर तपस्याके लिये राजी कर लिया। उस समय महर्षियोंको दैत्योंद्वारा तिरस्कृत होते देखकर अदितिके मनमें महान् निर्वेद उत्पन्न हुआ। वे सोचने लगीं कि मेरा पुत्र उत्पन्न करना ही व्यर्थ हो गया। इसलिये वे इन्द्रियोंको वशमें करके शरणागतवत्सल भगवान् विष्णुकी आराधनामें तत्पर हो गयीं। उस समय वायु ही उनका आहार था। वे उन सर्वव्यापी भगवान्‌की स्तुति करने लगीं।

अदितिके द्वारा किये गये स्तवनसे प्रसन्न होकर करुणा-सिन्धु भगवान् विष्णु सभी प्राणियोंसे अलक्षित रहते

हुए अदितिके सम्मुख प्रकट हो गये और बोले—'महाभागा अदिति ! तुम्हारे हृदयमें जिस वर-प्राप्तिकी अभिलाषा है, वह मुझे ज्ञात है । धर्मज्ञे ! तुम जिन-जिन वरोंको प्राप्त करनेकी इच्छा रखती हो, वे सभी मेरी कृपासे निस्संदेह तुम्हें मिल जायँगे । मेरा दर्शन कभी निष्फल नहीं होता ।'

उन्होंने पुनः कहा—'देवि ! तुम्हारी कामनाके अनुसार ही मैं कार्य करूँगा । मैं महर्षि कश्यपके द्वारा अपने अंशसे तुम्हारे गर्भमें प्रवेश करूँगा । इस प्रकार तुम्हारे गर्भसे उत्पन्न होनेके पश्चात् जो कोई भी देवताओंके शत्रु होंगे, उन सबका मैं संहार करूँगा । नन्दिनि ! तुम शान्ति धारण करो ।'

> कृतः प्रसादो हि मया तव देवि यथेप्सितम् ।
> स्वांशेन चैव ते गर्भे सम्भविष्यामि कश्यपात् ॥
> तव गर्भसमुद्भूतस्ततस्ते ये सुरारयः ।
> तानहं निहनिष्यामि निर्वृता भव नन्दिनि ॥
>
> (वामनपु० २८ । १०-११)

अदितिसे यों कहकर दयालु भगवान् अन्तर्हित हो गये । उस समय अदितिको यह जानकर कि स्वयं भगवान् मेरे गर्भसे जन्म लेंगे, महान् हर्ष हुआ । वह बड़े प्रेमसे अपने पतिदेव कश्यपकी सेवामें जुट गयी । कश्यपजी भी तत्त्वदर्शी थे । उन्होंने समाधियोगके द्वारा यह जान लिया कि भगवान्‌का अंश उनके अंदर प्रविष्ट हो गया है । तब जैसे वायु लकड़ीमें अग्निका आधान करती है, उसी प्रकार कश्यपजीने समाहित-चित्तसे अपनी तपस्याद्वारा चिरसंचित वीर्यका अदितिमें आधान किया । इस प्रकार भगवान् विष्णु अदितिके गर्भमें क्रमशः बढ़ने लगे ।

समय बीतते देर नहीं लगती । अन्ततोगत्वा दसवें मासमें भगवान्‌का प्राकट्यकाल उपस्थित हुआ । उस समय चन्द्रमा श्रवणनक्षत्रपर थे । भाद्रपदमासके शुक्लपक्षकी द्वादशी तिथि थी । अभिजित् मुहूर्त चल रहा था । सभी नक्षत्र और तारे मङ्गलकी सूचना दे रहे थे । ऐसी शुभ वेलामें भगवान् विष्णु अदितिके सामने प्रकट हुए । उस समय उनका रूप अलौकिक था । भगवान्‌के चार भुजाएँ थीं, जिनमें शङ्ख, गदा, कमल और चक्र सुशोभित थे । शरीरपर पीताम्बर फहरा रहा था । कमलपुष्पके समान विशाल एवं सुन्दर नेत्र थे । उज्ज्वल श्यामवर्णका शरीर था । मकराकृति कुण्डलोंकी कान्तिसे मुख-कमलकी शोभा विशेषरूपसे उल्लसित हो रही थी । वक्षःस्थलमें श्रीवत्सका चिह्न, हाथोंमें कंगन, भुजाओंमें बाजूबंद, मस्तकपर किरीट, कमरमें करधनीकी लड़ियाँ और पैरोंमें सुन्दर नूपुर शोभा दे रहे थे । गलेमें वनमाला विराजमान थी, जिसके चारों ओर झुंड-के-झुंड भौंरे गुंजार कर रहे थे । कण्ठ कौस्तुभमणिसे विभूषित था । वे अपनी प्रभासे प्रजापति कश्यपके घरके अन्धकारका विनाश कर रहे थे ।

सबके देखते-देखते भगवान्‌ने चतुर्भुजरूपका परित्याग कर अपनेको वामनाकृतिमें परिवर्तित कर लिया । यह देखकर माता अदितिको महान् हर्ष हुआ । तब कश्यपजीने उनका जातकर्म-संस्कार किया । तदनन्तर भगवान् वामनद्वारा अपने उपनयनकी इच्छा व्यक्त किये जानेपर ब्रह्मर्षियोंने उनका उपनयन-संस्कार सम्पन्न किया । तब भगवान् वामन ब्रह्मचारीके वेषमें छत्र-दण्ड-कमण्डलु आदिसे सुसज्जित होकर दैत्यराज बलिके यज्ञमें पहुँचनेके लिये कुरुक्षेत्रकी ओर चले ।

उधर दैत्यगुरु शुक्राचार्यने अमिततेजस्वी राजा बलिको विधिपूर्वक अश्वमेध यज्ञके लिये दीक्षित कर रखा था । दैत्यराज बलि श्वेत वस्त्र धारण किये हुए श्वेत पुष्पोंकी माला तथा श्वेत चन्दनसे विभूषित थे । उनकी पीठपर मोरपंखसे चिह्नित मृगचर्म बँधा हुआ था । वे हयग्रीव, क्षुर, मय और बाणासुर आदि सदस्योंसे घिरे हुए बैठे थे । उनकी पत्नी ऋषिकन्या विन्ध्यावली भी, जो सहस्रों नारियोंमें प्रधान थी, यज्ञकर्ममें दीक्षित थी । शुक्राचार्यने शुभलक्षणसम्पन्न श्वेतवर्णवाले यज्ञिय अश्वको पृथ्वीपर विचरनेके लिये छोड़ दिया था । तारकाक्ष उसकी रक्षामें नियुक्त था । इस प्रकार यज्ञ सुचारुरूपसे चल रहा था । इतनेमें ही पृथ्वी काँपने लगी । समुद्रोंमें ज्वार आने लगा । दिशाएँ क्षुभित हो गयीं । असुरोंने यज्ञभाग ग्रहण करना छोड़ दिया । यह देखकर बलिने शुक्राचार्यजीसे पूछा—'गुरुदेव ! सहसा ये जो उत्पात उठ खड़े हुए हैं, इसका क्या कारण है ?'

तब वेदज्ञश्रेष्ठ महाबुद्धिमान् शुक्राचार्यजी दीर्घकालतक ध्यान करनेके बाद कहने लगे—'दानवश्रेष्ठ ! जगद्योनि सनातन परमात्मा श्रीविष्णु वामनरूपसे कश्यपके घरमें अवतीर्ण हुए हैं । निश्चय ही वे तुम्हारे यज्ञमें आ रहे हैं ।

उन्हींके पाद-प्रक्षेपसे यह पृथ्वी चलायमान हो गयी है, पर्वत काँप रहे हैं और सागर क्षुब्ध हो उठे हैं। पृथ्वी उन जगदीश्वरको वहन करनेमें समर्थ नहीं है। उन्होंने ही देव, असुर, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस और पन्नगोंसहित समूची पृथ्वीको धारण कर रखा है तथा वे ही जल, अग्नि, पवन, आकाश और समस्त देवताओं, मनुष्यों एवं असुरोंको भी धारण करते हैं। जगद्धाता विष्णुकी यह माया दुरत्यय है। उन्हींके संनिधानसे देवता यज्ञभागभोजी हो गये हैं, इसी कारण तीनों अग्नियाँ आसुरभागको ग्रहण नहीं कर रही हैं।'

शुक्राचार्यकी बात सुनकर हर्षातिरेकके कारण बलिके शरीरमें रोमाञ्च हो आया। उन्होंने कहा—'ब्रह्मन्! मैं धन्य हूँ। मैंने पूर्वजन्ममें कोई अवश्य ही महान् पुण्यकर्म किया है, जिसके फलस्वरूप स्वयं यज्ञपति भगवान् मेरे यज्ञमें पधार रहे हैं। भला, मुझसे बढ़कर भाग्यशाली दूसरा और कौन होगा; क्योंकि योगिजन सदा योगयुक्त होकर जिन अविनाशी परमात्माका दर्शन करनेकी अभिलाषा करते हैं (परंतु देख नहीं पाते), वे ही भगवान् मेरे यज्ञमें पधारेंगे ! इसलिये गुरुदेव ! अब मेरे लिये जो कर्तव्य हो, उसका आदेश देनेकी कृपा कीजिये।'

आचार्य शुक्रने कहा—"दैत्यराज! वेदोंके प्रमाणसे देवता ही यज्ञभागके अधिकारी हैं, किंतु तुमने दानवोंको यज्ञभागका भोक्ता बना दिया है। ये भगवान् देवताओंका कार्य सम्पन्न करना चाहते हैं, अतः जब वे देवताओंकी उन्नतिके लिये उद्यत होकर तुमसे कोई याचना करें तो तुम्हें यही कहना चाहिये कि 'देव ! मैं यह देनेमें समर्थ नहीं हूँ।'"

यह सुनकर बलिने उत्तर दिया—"ब्रह्मन्! जब मैं किसी साधारण याचकको निराश नहीं करता, तब भला, संसारके पाप-समूहको नष्ट करनेवाले देवेश्वर भगवान् विष्णुद्वारा कुछ माँगे जानेपर मैं 'नास्ति'—अर्थात् नहीं है, कैसे कह सकता हूँ ? जो भगवान् श्रीहरि विभिन्न प्रकारके व्रतोपवासोंद्वारा प्राप्त किये जाते हैं, वे ही गोविन्द मुझसे याचना करें—इससे बढ़कर मेरा और कौन-सा सौभाग्य होगा !"

यह सुनकर महर्षि शुक्राचार्य कुपित हो उठे और बलिको शाप देते हुए बोले—

दृढं पण्डितमान्यज्ञः स्तब्धोऽस्यस्मदुपेक्षया।
मच्छासनातिगो यस्त्वमचिराद् भ्रश्यसे श्रियः॥

(श्रीमद्भा० ८ । २० । १५)

'मूर्ख ! है तो तू अज्ञानी, परंतु अपनेको महान् पण्डित समझता है। तुझे गर्व हो गया है, इसी कारण तू मेरी आज्ञाका उल्लङ्घन कर रहा है। मेरी उपेक्षा करनेके कारण तू शीघ्र ही अपनी राजलक्ष्मीसे भ्रष्ट हो जायगा।'

महर्षि शुक्राचार्य यों कह ही रहे थे, तबतक भगवान् वामन देवगुरु बृहस्पतिको आगे करके सुरगणोंके साथ उस यज्ञशालामें आ पहुँचे। वामनभगवान्को यज्ञशालामें प्रविष्ट हुआ देखकर उनके प्रभावसे सभी असुरगण विक्षुब्ध हो उठे, उनके तेजसे उन सबकी कान्ति फीकी पड़ गयी तथा उस महायज्ञमें पधारे हुए वसिष्ठ, विश्वामित्र, गर्ग और अन्यान्य महर्षि भी कुछ भयभीत हो गये; परंतु बलिने अपना जन्म सफल माना। उस समय संक्षुब्ध होनेके कारण कोई किसीसे कुछ बोल न सका। सभीने उन देवदेवेश्वरकी पूजा की। असुरराज बलि तथा मुनीश्वरोंको विनम्र हुआ देखकर देवदेवेश्वर वामनरूपधारी साक्षात् विष्णु उस यज्ञ, अग्नि, यजमान, ऋत्विज, यज्ञकर्माधिकारी सदस्य और द्रव्य-सम्पत्ति आदिकी प्रशंसा करने लगे। यह सुनकर सभी ब्राह्मणोंने उन्हें साधुवाद दिया। तत्पश्चात् जिनके शरीरमें हर्षके मारे रोमाञ्च हो रहा था, वे राजा बलि अर्घ्य लेकर भगवान् वामनकी पूजा करने लगे। उस समय महारानी विन्ध्यावली झारी लेकर जल गिरा रही थीं और बलि वामनभगवान्के पद पखार रहे थे। यह देखकर चतुर्दिक् बलिके भाग्यकी सराहना हो रही थी। दैत्यराज बलिने उस चरणोदकको अपने सिरपर धारण करके भगवान्से कहा—'विप्रवर ! सुनिये, सुवर्ण और रत्नोंके ढेर, गज, महिष, स्त्रियाँ, वस्त्र, अलंकार, गौएँ, अन्य बहुत-सी धातुएँ और सारी पृथ्वी—मेरी इन सम्पत्तियोंमें जो भी आपको प्रिय लगे अथवा जो अभीप्सित हो, उसे कहिये, मैं सब देनेके लिये तैयार हूँ।'

दैत्याधिप बलिके ये प्रेमभरे वचन सुनकर वामनरूपधारी भगवान् विष्णु मुसकुराते हुए गम्भीर वाणीमें बोले—

ममाग्निशरणार्थाय देहि राजन् पदत्रयम्।
सुवर्णग्रामरत्नादि तदर्थिभ्यः प्रदीयताम्॥

(वामनपुराण ३१ । ४९)

'राजन्! सुवर्ण, ग्राम, रत्न आदि पदार्थ उनकी याचना करनेवालोंको दीजिये। मुझे तो अग्निहोत्रके लिये केवल तीन पग भूमि प्रदान कीजिये।'

तब बलिने कहा—'मानवश्रेष्ठ ! तीन पग भूमिसे आपका क्या प्रयोजन सिद्ध होगा ? सैकड़ों-हजारों पग क्यों नहीं माँग लेते ?'

यह सुनकर भगवान् वामन बोले—

एतैः पदैर्दैत्यपते कृतकृत्योऽस्मि मार्गणे ।
अन्येषामर्थिनां वित्तमिच्छया दास्यते भवान् ॥

(वामनपु० ३१ । ५१)

'दैत्यपते ! मैं तो इन तीन पगोंकी याचनासे ही कृतकृत्य हूँ । आप अन्य याचकोंको उनके इच्छानुसार धन दीजियेगा ।'

महात्मा वामनके यों कहनेपर बलिने झारीसे जल लेकर उन्हें तीन पग भूमि दान करनेका संकल्प किया । उसी समय एक अद्भुत घटना घटी । भगवान्‌के हाथमें संकल्पका जल पड़ते ही वे वामनसे अवामन हो गये और उसी क्षण उन्होंने अपना सर्वदेवमय रूप प्रकट कर दिया । अब वे अखिल ज्योति तथा परमोत्कृष्ट तपकी मूर्ति थे ।

भगवान् विष्णुके उस सर्वदेवमय रूपको देखकर महाबली दैत्य उसी प्रकार उनके निकट नहीं जा सके, जैसे पतिंगे अग्निके । इसी बीच महादैत्य चिक्षुरने भगवान्‌के पादाङ्गुष्ठको दाँतोंसे पकड़ लिया । तब श्रीहरिने अङ्गुष्ठसे ही उसकी ग्रीवापर प्रहार किया और पैरों तथा हाथोंके तलवोंसे ही सारे असुरोंको मार डाला । तत्पश्चात् उन्होंने एक पगसे चराचरसहित पृथ्वी अपने अधिकारमें कर ली । पुनः दूसरा पग ऊपर बढ़ानेपर उस महारूपके दाहिने चन्द्रमा और बायें सूर्य आ गये । इस प्रकार आधे पगसे उन्होंने स्वर्ग, महः, जन और तपोलोकको तथा आधेसे समूचे आकाशको आच्छादित कर लिया । तीसरा पग आगे बढ़ानेपर वह ब्रह्माण्डोदरका भेदन करके निरालोक प्रदेशमें जा पहुँचा । इसी समय भगवान्‌के पैरके आगे बढ़नेसे अण्डकटाह फूट गया तथा विष्णुपदसे जलकी बूँदें झरने लगीं । इसीलिये तापस-लोग इसे 'विष्णुपदी' कहकर इसकी स्तुति करते हैं । इस प्रकार तीसरे पगके पूर्ण न होनेपर सर्वव्यापी भगवान् विष्णु बलिके निकट आकर क्रोधावेशमें होंठको कुछ कँपाते हुए इस प्रकार कहने लगे—

ऋणे भवसि दैत्येन्द्र बन्धनं घोरदर्शनम् ।
त्वं पूरय पदं तन्मे नो चेद् बन्धं प्रतीच्छ मे ॥

(वामनपु० ९२ । ३४)

'दैत्येन्द्र ! अब तो तुम ऋणी हो गये, जिसके परिणाम-स्वरूप (जीवको) घोर बन्धनकी प्राप्ति होती है। इसलिये या तो तुम मेरा तीसरा पग पूरा करो अन्यथा मेरे बन्धनमें आ जाओ ।'

भगवान्‌के ये वचन सुनकर बलिने कहा—

पदं तृतीयं कुरु शीर्ष्णि मे निजम् ॥

(श्रीमद्भा० ८ । २२ । २)

'आप कृपा करके अपना तीसरा पग मेरे सिरपर रख लीजिये ।'

बलिपर कृपा करते हुए कृपासिन्धु भगवान्‌ने मधुर वाणीमें कहा—

इन्द्रसेन महाराज याहि भो भद्रमस्तु ते ।
सुतलं स्वर्गिभिः प्रार्थ्यं ज्ञातिभिः परिवारितः ॥
न त्वामभिभविष्यन्ति लोकेशाः किमुतापरे ।
त्वच्छासनातिगान् दैत्यांश्चक्रं मे सूदयिष्यति ॥
रक्षिष्ये सर्वतोऽहं त्वां सानुगं सपरिच्छदम् ।
सदा संनिहितं वीर तत्र मां द्रक्ष्यते भवान् ॥

(श्रीमद्भा० ८ । २२ । ३३—३५)

'महाराज इन्द्रसेन ! तुम्हारा कल्याण हो । अब तुम अपने भाई-बन्धुओंके साथ उस सुतललोकमें जाओ, जिसे स्वर्गवासी भी चाहते रहते हैं । बड़े-बड़े लोकपाल भी अब तुम्हें पराजित नहीं कर सकते, दूसरोंकी तो बात ही क्या है । तुम्हारी आज्ञाका उल्लङ्घन करनेवाले दैत्योंको मेरा चक्र छिन्न-भिन्न कर डालेगा । मैं तुम्हारी, तुम्हारे अनुचरोंकी और भोग-सामग्रीकी भी सब प्रकारसे रक्षा करूँगा । वीरवर ! तुम मुझे वहाँ सदा अपने पास ही देखोगे ।'

दयासागर मधुसूदनने दैत्यराज बलिसे इस प्रकार कहकर उसे पत्नी-पुत्रसहित विदा कर दिया और स्वयं पृथ्वीको लेकर ब्रह्मा और देवगणोंके साथ तुरंत ही इन्द्रके पास पहुँचे । वहाँ वे इन्द्रको स्वर्गका अधिपति और देवगणोंको यज्ञभाग-भोजी बनाकर सबके देखते हुए अन्तर्हित हो गये ।

(रा० [illegible])

भगवान् परशुरामकी कृपा

यः कार्तवीर्यं निजघान रोपात्
त्रिःसप्तकृत्वः क्षितिपात्मजानपि ।
तं जामदग्न्यं क्षितिभारनाशकं
नतोऽस्मि विष्णुं पुरुषोत्तमं सदा ॥
(नरसिंहपुराण ५३ । २२)

'जिन्होंने कोपवश राजा कार्तवीर्यको मार डाला तथा इक्कीस बार क्षत्रियोंका संहार किया, पृथ्वीका भार दूर करनेवाले परशुरामरूपधारी उन पुरुषोत्तम भगवान् विष्णुको मैं सदा नमस्कार करता हूँ ।'

× × ×

महर्षि ऋचीकने राजा गाधिको शुल्करूपमें एक सहस्र श्यामकर्ण घोड़े प्रदान कर उनकी कन्या सत्यवतीसे विवाह किया । समय आनेपर सत्यवतीके गर्भसे जमदग्निका जन्म हुआ । महर्षि जमदग्निने रेणु ऋषिकी कन्या रेणुकाका पाणिग्रहण किया । रेणुकाके गर्भसे महर्षि जमदग्निके पाँच पुत्र हुए—वसुमान्, वसुषेण, वसु, विश्वावसु और परशुराम । परशुरामजी सबसे छोटे थे । कहते हैं कि हैहयवंशका अन्त करनेके लिये स्वयं भगवान्‌ने ही परशुरामके रूपमें अंशावतार ग्रहण किया था ।

उन दिनों हैहयवंशका अधिपति था सहस्रार्जुन । उसने नारायणके अंशावतार दत्तात्रेयजीको प्रसन्न करके उनसे एक सहस्र भुजाएँ तथा युद्धमें अजेयताका वरदान प्राप्त कर लिया था ।

एक बार सहस्रार्जुन महर्षि जमदग्निकी कामधेनुको छीनकर अपनी राजधानीको ले जा रहा था । वह नगरमें प्रवेश कर ही रहा था, तबतक परशुरामजी ललकारते हुए वहाँ जा पहुँचे । वहाँ उसकी विशाल वाहिनीके साथ उनकी मुठभेड़ हुई । परशुरामजीने थोड़ी देरमें ही उसकी सारी सेनाको कालके गालमें भेज दिया । तब सहस्रार्जुन सामने आया । परशुरामजीने देखते-ही-देखते बड़ी फुर्तीसे उसकी हजारों भुजाएँ काटकर उसका सिर भी धड़से अलग कर दिया । यह देख उसके दस हजार पुत्र युद्ध-स्थलसे भाग खड़े हुए । परशुरामजी कामधेनुको साथ लेकर आश्रमपर लौट आये और पिताके चरणोंमें नमस्कार करके सारा वृत्तान्त कह सुनाया । तत्पश्चात् पिताकी आज्ञासे सम्राट्-वधके पापसे निवृत्त होनेके लिये वे तीर्थयात्राके लिये चले गये और एक वर्षतक तीर्थोंमें भ्रमण करके लौट आये ।

एक बार सहस्रार्जुनके दस हजार पुत्र पिताका बदला लेनेके लिये महर्षि जमदग्निके आश्रमपर जा पहुँचे । उस समय भाइयोंसहित परशुरामजी समिधा लानेके लिये वनमें गये हुए थे । महर्षि जमदग्नि अग्निशालामें बैठे हुए भगवान्‌के ध्यानमें तल्लीन थे । उसी समय उन पापियोंने महर्षिका सिर काट डाला । माता रेणुका 'हा राम ! हा राम !' पुकारती हुई करुण-क्रन्दन करने लगीं । परशुरामजीके कानोंमें माताकी पुकार पहुँची, वे तुरंत आश्रमपर आये । पिताकी दशा देखकर उनका क्रोध भड़क उठा और वे हाथमें फरसा उठाकर माहिष्मतीकी ओर दौड़ पड़े । वहाँ पहुँचकर उन्होंने सहस्रार्जुनके पुत्रोंका सफाया कर दिया । तत्पश्चात् पितृ-वधको निमित्त बनाकर उन्होंने इक्कीस बार पृथ्वीको क्षत्रियहीन किया और कुरुक्षेत्रके समन्तपञ्चकमें ऐसे-ऐसे पाँच तालाब बना दिये, जो रक्तसे पूर्ण थे ।

उन्होंने यज्ञोंद्वारा सर्वदेवमय आत्मस्वरूप भगवान्‌का यजन किया । उस यज्ञमें उन्होंने कृपापूर्वक पूर्व दिशा होताको, दक्षिण दिशा ब्रह्माको, पश्चिम दिशा अध्वर्युको और उत्तर दिशा साम-गान करनेवाले उद्गाताको दी । इसी प्रकार अग्निकोण आदि विदिशाएँ ऋत्विजोंको दीं, कश्यपजी-को मध्यभूमि दी, उपद्रष्टाको आर्यावर्त दिया तथा अन्य सदस्योंको अन्यान्य दिशाएँ प्रदान कर दीं । इसके बाद यज्ञान्त-स्नान करके वे समस्त पापोंसे मुक्त हो गये ।

जब महर्षि कश्यपने उनसे कहा कि तुम मेरी पृथ्वी छोड़ दो और अपने लिये समुद्रसे स्थान माँग लो, तब वे महेन्द्रपर्वतपर चले गये । महर्षि भरद्वाजके पुत्र द्रोणको जब यह मालूम हुआ कि परशुरामजी अपना सर्वस्व दान कर रहे हैं, तब वे भी महेन्द्रपर्वतपर भगवान् परशुरामके पास जाकर बोले—'द्विजश्रेष्ठ ! मैं महर्षि भरद्वाजका पुत्र द्रोण हूँ और धनकी कामनासे आपके पास आया हूँ ।'

यह सुनकर कृपालु परशुरामजीने कहा—

शरीरमात्रमेवाद्य मया समवशेषितम् ।
अस्त्राणि वा शरीरं वा ब्रह्मन्नेकतमं वृणु ॥
(महा० आदि० १६५ । १०)

'ब्रह्मन् ! अब तो मैंने केवल अपने शरीरको ही बचा रखा है, अतः अब तुम मेरे अस्त्रों अथवा यह शरीर—दोनोंमेंसे किसी एकको माँग लो ।'

तब द्रोणने प्रार्थना की—'भगवन् ! आप मुझे प्रयोग और उपसंहारकी विधिसहित अपने सम्पूर्ण अस्त्र प्रदान करें ।' परशुरामजीने प्रसन्न-चित्त होकर कृपापूर्वक उन्हें ब्रह्मास्त्रसहित अपने सम्पूर्ण अस्त्र दे दिये । द्रोणाचार्य उन सबको ग्रहण करके कृतार्थ हो गये । इस प्रकार भगवान् परशुरामने ब्राह्मणोंको सर्वस्व दान करके उनपर महती कृपा की ।
(रा० शु०)

भगवान् श्रीरामकी कृपामयी लीलाएँ*

लोकाभिरामं रणरंगधीरं राजीवनेत्रं रघुवंशनाथम्।
कारुण्यरूपं करुणाकरं तं श्रीरामचन्द्रं शरणं प्रपद्ये॥
(रामरक्षास्तोत्र ३२)

'जो करुणावरुणालय, जगत्‌में सबसे सुन्दर, रणधीर, कमलनयन, रघुवंशनायक और करुणाकी मूर्ति हैं, उन श्रीरामचन्द्रजीकी मैं शरण ग्रहण करता हूँ।'

× × ×

कोसलराज महाराज दशरथका चौथापन आ गया, परंतु उन्हें अपने उत्तराधिकारीके मुख-दर्शनका सौभाग्य न प्राप्त हुआ। महाराजको इसकी बड़ी चिन्ता थी। एक दिन वे व्यग्रताभरे हृदयसे अपने कुलगुरु महर्षि वसिष्ठके आश्रमपर पहुँचे और उनके चरणोंमें साष्टाङ्ग प्रणाम करके उन्होंने अपना अभीष्ट कह सुनाया। गुरुदेवने आश्वासन देते हुए आशीर्वाद दिया—

धरहु धीर होइहहिं सुत चारी। त्रिभुवन बिदित भगत भयहारी॥
(मानस १।१८८।२)

तत्पश्चात् महर्षि वसिष्ठने शृङ्गी ऋषिको बुलवाया और महाराजसे पुत्रेष्टि-यज्ञका अनुष्ठान कराया। उस यज्ञमें प्रसन्न होकर अग्निदेव हाथमें पायस लिये हुए हवनकुण्डसे प्रकट हुए और बोले—

गृहाण पायसं दिव्यं पुत्रीयं देवनिर्मितम्।
लप्स्यसे परमात्मानं पुत्रत्वेन न संशयः॥
(अ० रा० १।३।८)

'राजन्! यह देवताओंकी बनायी हुई पुत्रप्रदायिनी दिव्य पायस लो। इसके द्वारा तुम निस्संदेह साक्षात् परमात्माको पुत्ररूपसे प्राप्त करोगे।'

अवध-नरेशने उस पायसको विभाजित करके अपनी तीनों पटरानियों—कौसल्या, सुमित्रा और कैकेयीको दे दिया। पायस-भक्षणके उपरान्त रानियाँ गर्भवती हुईं। समय आनेपर कौसल्याके गर्भसे श्रीराम, कैकेयीके भरत और सुमित्राके लक्ष्मण और शत्रुघ्न प्रकट हुए। चारों राजकुमार द्वितीयाके चन्द्रमाकी भाँति बढ़ने लगे और अपनी बाल-लीलाओंसे राजमहल तथा अवधपुरीके निवासियोंको आनन्दित करने लगे। तदुपरान्त कुछ काल बीतनेपर उन चारों भाइयोंने कौमार-अवस्थामें प्रवेश किया, तब वसिष्ठजीने उनका उपनयन-संस्कार किया और उन्हें विद्याध्ययन कराया। वे चारों भाई अल्प समयमें ही समस्त शास्त्रोंके मर्मज्ञ तथा धनुर्वेद आदि सम्पूर्ण विद्याओंके पारगामी विद्वान् हो गये।

(१)
महर्षि विश्वामित्रपर कृपा

एक दिन धर्मात्मा राजा दशरथ पुरोहित तथा बन्धु-बान्धवोंके साथ बैठकर पुत्रोंके विवाहके विषयमें विचार कर रहे थे, उसी समय उन महामना नरेशके यहाँ महातेजस्वी महर्षि विश्वामित्र पधारे। द्वारपालके मुखसे महर्षि विश्वामित्रका आगमन सुनकर रघुवंश-भूषण महाराज दशरथ पुरोहितको आगे करके उनका स्वागत करनेके लिये राजद्वारपर आये और बड़े विनीतभावसे महर्षिके चरणोंमें प्रणाम करके उन्हें राजमहलके भीतर लिवा ले गये। यथाविधि पूजन और अभिवादनके पश्चात् राजाने हाथ जोड़कर कहा—'मुनिराज! आपके दर्शनसे मैं कृतकृत्य हो गया। आपका शुभागमन किस हेतुसे हुआ है? कृपाकर बतलाइये, मैं आपकी उस आज्ञाका अवश्य पालन करूँगा।'

तब परमतेजस्वी विश्वामित्रजीने कहा—'नरेश! जब कभी पर्वकाल उपस्थित देखकर मैं देव और पितृगणोंके लिये यजन करना आरम्भ करता हूँ, तब उसमें मारीच, सुबाहु तथा उनके अनुयायी अन्यान्य असुरगण आकर विघ्न डाल देते हैं। अतएव उनका वध करनेके लिये आप अपने ज्येष्ठ पुत्र श्रीरामको उनके भाई लक्ष्मणके सहित मुझे दे दीजिये। इससे आपका भी परम कल्याण होगा'—

अतस्तयोर्वधार्थाय ज्येष्ठं रामं प्रयच्छ मे।
लक्ष्मणेन सह भ्रात्रा तव श्रेयो भविष्यति॥
(अ० रा० १।४।७)

अनुज समेत देहु रघुनाथा। निसिचर बध मैं होब सनाथा॥
(मानस १।२०८।५)

यह बात सुनते ही रघुवंशशिरोमणि दशरथ निराकुल हो गये। उन्हें श्रीराम प्राणोंसे भी बढ़कर प्रिय थे, अतः श्रीराम-

---

* भगवान् श्रीरामकी ये कृपामयी लीलाएँ वाल्मीकि-रामायण, अध्यात्मरामायण एवं रामचरितमानसके आधारपर लिखी गयी हैं। इनमें कहीं-कहीं परस्पर भावभेद भी मिल सकता है, फिर भी कल्पभेदसे सभी कथाएँ ठीक माननी चाहिये।

का वियोग उनके लिये असह्य था । इसलिये एक बार तो उन्होंने श्रीरामको देनेसे इन्कार कर दिया, परंतु परम-तेजस्वी विश्वामित्रजीके शापभयसे व्याकुल होकर उन्होंने अपने गुरुदेव महर्षि वसिष्ठकी शरण ली । तब गुरुदेवने उनके समक्ष श्रीरामके रहस्यमय स्वरूपका उद्घाटन किया, जिससे राजाका मोह दूर हो गया । दशरथजीने अपने दोनों पुत्रोंको बुलाकर महर्षि विश्वामित्रको सौंप दिया ।

मुनिश्रेष्ठ विश्वामित्र दोनों राजकुमारोंको साथ लेकर वहाँसे चल पड़े । कुछ दूर जानेपर महर्षिने श्रीरामको बुलाकर उन्हें बला और अतिबला नामकी ऐसी दो विद्याएँ प्रदान कीं, जिनको धारण करनेसे क्षुधा, पिपासा और दुर्बलता आदि बाधाएँ नहीं होतीं । तदनन्तर गङ्गा-पार करके वे ताटका-वनमें आये । वहाँ विश्वामित्रजीने श्रीरामसे कहा—'राम ! यहाँ ताटका नामकी एक राक्षसी रहती है । वह यहाँके निवासियोंको अत्यन्त कष्ट पहुँचाती है । तुम निस्संकोच उसे मार डालो ।' तब श्रीरघुनाथजीने अपने धनुषपर प्रत्यञ्चा चढ़ाकर घोर टंकार किया । उसे सुनकर क्रोधसे तिलमिलाती हुई ताटका श्रीरामकी ओर दौड़ी, श्रीरामने एक ही बाणसे उसे यमलोकका पथिक बना दिया। शापवश पिशाचताको प्राप्त हुई ताटका कृपासिन्धु भगवान् श्रीरामकी कृपासे शापमुक्त होकर दिव्यलोकको चली गयी । मुनिवर विश्वामित्रजीने अत्यन्त हर्षित होकर श्रीरामका आलिङ्गन किया तथा रहस्य और मन्त्रोंसहित उन्हें समस्त अस्त्र-शस्त्र प्रदान कर दिये ।

तदनन्तर वे सब सिद्ध और चारणोंसे सेवित सिद्धाश्रम में आये । वहाँ श्रीरामके कहनेसे मुनिश्रेष्ठ विश्वामित्र ऋषि-मण्डलीसहित यज्ञ-दीक्षामें स्थित हो गये । इतनेमें मारीच और सुबाहु रक्त तथा अस्थियोंकी वर्षा करते हुए वहाँ आ धमके। श्रीरामने बिना फरके एक ही बाणसे मारीचको आकाशमें घुमाते हुए सौ योजन दूर समुद्रमें फेंक दिया और दूसरे अग्निबाणसे सुबाहुको भस्म कर दिया । उसके अनुयायी अन्यान्य निशाचरोंको लक्ष्मणजीने तुरंत कालके हवाले कर दिया। इस प्रकार उस वनको राक्षस-शून्य करके कृपानिधान भगवान् श्रीरामने ऋषि-मण्डलीसहित महर्षि विश्वामित्रपर कृपा की ।

(२)

अहल्यापर कृपा

सिद्धाश्रममें तीन दिन व्यतीत होनेके पश्चात् मुनिवर विश्वामित्रने श्रीरामसे कहा—'राम ! मिथिलानरेश महाराज जनकका निमन्त्रण आया है । उन महात्मा नरेशका महान् यज्ञ देखनेके लिये हमलोग जनकपुर चलेंगे । वहाँ धरोहरके रूपमें रखा हुआ श्रीमहादेवजीका विशाल धनुष तुम्हें देखनेको मिलेगा और महाराज जनक तुम्हारा भली-भाँति सत्कार करेंगे ।' ऐसा कहकर मुनिमण्डली तथा श्रीराम-लक्ष्मणको साथ लेकर विश्वामित्रजी प्रस्थित हुए । चलते-चलते वे गङ्गाजीके निकट मुनिश्रेष्ठ गौतमके उस आश्रममें आये, जहाँके वृक्ष फलोंसे लदे हुए थे और अहल्या पाषाणरूपा हो तप कर रही थी । उस आश्रमको देखकर श्रीरामने मुनिवर कौशिकसे पूछा—

कस्यैतदाश्रमपदं भाति भास्वच्छुभं महत् ।
पत्रपुष्पफलैर्युक्तं जन्तुभिः परिवर्जितम् ॥
आह्लादयति मे चेतो भगवन् ब्रूहि तत्त्वतः ।
(अ० रा० १ । ५ । १७-१८)

'भगवन् ! यह पत्र, पुष्प और फल आदिसे सम्पन्न तथा जीवशून्य महान् आश्रम, जो परम सुन्दर, रमणीय और पवित्र दीख पड़ता है, किसका है ? इसे देखकर मेरा चित्त अत्यन्त आह्लादित हो रहा है । आप इसका वृत्तान्त यथावत् कहिये ।'

तब विश्वामित्रजीने इन्द्रके दुष्कर्मका उद्घाटन करते हुए महर्षि गौतमद्वारा इन्द्र और अहल्याको दिये गये शाप का वर्णन किया । अन्तमें उन्होंने बतलाया—

गौतम नारि श्राप बस उपल देह धरि धीर ।
चरन कमल रज चाहति कृपा करहु रघुबीर ॥
(मानस १ । २१०)

तदनन्तर विश्वामित्रजी श्रीरामका हाथ पकड़कर उन्हें आश्रममें ले गये और अहल्याको दिखलाया । कृपासागर श्रीरामने उस शिलासे अपने चरणका स्पर्श करा दिया । फिर तो—

परसत पद पावन सोक नसावन प्रगट भई तपपुंज सही ।
(मानस १ । २१० । १ छं०)

राम-पद-पदुम-पराग परी ।
ऋषितिय तुरत त्यागि पाहन-तनु छबिमय देह धरी ॥
(गीतावली १ । ५७ । १)

'श्रीरामजीके चरणकमलोंका पराग पड़नेसे ऋषि-पत्नी अहल्याने तुरंत पत्थरका शरीर त्यागकर अत्यन्त सौन्दर्यमय शरीर धारण कर लिया ।'

भगवान् श्रीरामने 'मैं राम हूँ'—ऐसा कहकर उसे प्रणाम किया। अहल्याने पतितपावन भगवान् श्रीरामको सम्मुख देखकर सर्वाङ्ग पुलकित हो गद्गद वाणीसे स्तुति करते हुए कहा—

> भवभयहरमेकं भानुकोटिप्रकाशं
> करधृतशरचापं कालमेघावभासम्।
> कनकरुचिरवस्त्रं रत्नवत्कुण्डलाढ्यं
> कमलविशदनेत्रं सानुजं राममीडे॥
> (अ० रा० १। ५। ६०)

'जो एकमात्र भव-भयके निवारक, करोड़ों सूर्योंके समान प्रकाशमान तथा करकमलोंमें धनुष-बाण धारण किये हैं, जिनकी शरीर-कान्ति श्याम मेघके समान है, जो सुनहला सुन्दर पीताम्बर धारण किये हैं, रत्नजटित कुण्डलोंसे सुशोभित हैं, कमलके समान जिनके सुन्दर विशाल नेत्र हैं, भाई लक्ष्मणसहित उन श्रीरामकी मैं स्तुति करती हूँ।'

इस प्रकार सम्मुख खड़े हुए साक्षात् परमपुरुष करुणा-वरुणालय श्रीरघुनाथजीकी स्तुति, परिक्रमा और वन्दना कर उनकी आज्ञा ले अहल्याने पतिलोककी यात्रा की।

(२)

महाराज जनकपर कृपा

त्रिपुर-संहारके पश्चात् श्रीमहादेवजीने अपना वह विशाल धनुष विदेहराज देवरातके यहाँ धरोहरके रूपमें रख दिया था। उस वंशमें धनुषकी पूजा होती चली आ रही थी। मिथिलानरेश जनककी परम सुन्दरी अयोनिजा कन्या सीता उस धनुषको वाम हाथसे उठाकर उस स्थानको लीप-पोतकर स्वच्छ किया करती थी। यह देखकर महाराजने यह प्रण कर लिया था कि जो राजा या राजकुमार इस धनुषको तोड़ देगा, वही मेरी कन्याका पाणिग्रहण कर सकेगा। स्वयंवरके बहाने धनुष-यज्ञका आयोजन किया गया। उस यज्ञमें द्वीप-द्वीपके भूपति और राजकुमार पधारे। उसी समय मुनिवर कौशिक भी मुनिमण्डली तथा श्रीराम और लक्ष्मणको साथ लिये हुए जनकपुरमें पहुँचे और एक शीतल अमराईमें ठहर गये। विश्वामित्रजीका आगमन सुनकर महाराज जनक अपने पुरोहित तथा मन्त्रीके साथ उनका स्वागत करनेके लिये आये और साष्टाङ्ग दण्डवत् कर उन्होंने मुनिवर कौशिककी पूजा की। तत्पश्चात् उन्होंने दोनों राजकुमारोंके परिचयकी जिज्ञासा की। तब महर्षिने राजाको श्रीरामके जन्मसे लेकर तबतकका सारा वृत्तान्त कह सुनाया। विदेहराज जनक श्रीरामकी शोभा देखकर सचमुच विदेह हो गये थे।

स्वयंवरके समय वन्दियोंद्वारा महाराज जनकका प्रण घोषित कर दिया गया। सभी भूपाल परिकर बाँधकर धनुष-भङ्गके लिये क्रमशः अपने-अपने आसनोंसे उठकर चल पड़े, परंतु उसे स्पर्श करके नमित-मुख हो लौट आये। कोई उस चापको हिलातक न सका। तब महाराज जनकने निराशाभरी वाणीमें कहा—

> अब जनि कोउ माखै भटमानी। बीर बिहीन मही मैं जानी॥
> तजहु आस निज निज गृह जाहू। लिखा न बिधि बैदेहि बिबाहू॥
> जौं जनतेउँ बिनु भट भुबि भाई। तौ पनु करि होतेउँ न हँसाई॥
> (मानस १। २५१। २-३)

'अब कोई वीरताका अभिमान न करे। मैंने जान लिया कि सारी पृथ्वी वीरोंसे खाली हो गयी। अब सब लोग आशा छोड़कर अपने-अपने घर जाओ, ब्रह्माने सीताका विवाह लिखा ही नहीं अर्थात् सीताके भाग्यमें विवाहका विधान है ही नहीं। यदि मैं यह जानता कि पृथ्वी वीरोंसे शून्य है तो प्रण करके उपहासका पात्र न बनता।'

विदेहराजकी व्यथापूर्ण वाणी सुनकर लक्ष्मणजी तिलमिला उठे। उन्होंने खड़े होकर उसके उत्तरमें कुछ कटूक्तियाँ कहीं, परंतु भगवान् श्रीरामने संकेतसे ही उन्हें मना कर दिया, जिससे वे चुपचाप बैठ गये। तब विश्वामित्रजीने शुभ समय जानकर श्रीरामको आज्ञा देते हुए कहा—

> उठहु राम भंजहु भवचापा। मेटहु तात जनक परितापा॥
> (मानस १। २५२। ३)

'तात राम! उठो, शिवजीका धनुष तोड़ो और जनकका संताप मिटाओ।'

गुरुदेवके वचन सुनकर श्रीरामजीने उनके चरणोंमें सिर नवाया और सिंहके समान चलते हुए वे धनुषके समीप आये। फिर—

> गृहीत्वा वामहस्तेन लीलया तोलयन् धनुः।
> आरोपयामास गुणं पश्यत्स्वखिलराजसु॥
> ईषदाकर्षयामास पाणिना दक्षिणेन सः।
> बभञ्जाखिलहृत्सारो दिशः शब्देन पूरयन्॥
> (अ० रा० १। ६। [illegible])

धनुषके टूटनेसे [illegible]

बायें हाथसे उठाकर थाम लिया और सम्पूर्ण राजाओंके देखते-देखते उसपर प्रत्यञ्चा चढ़ा दी तथा अपने दायें हाथसे उस धनुषको थोड़ा-सा खींचा और दसों दिशाओंको निनादित करते हुए तोड़ डाला।'

तदनन्तर जनकदुलारी सीताने रघुवंशभूषण श्रीरामके गलेमें जयमाला डाल दी। फिर अवधपुरीसे महाराज दशरथ बारात लेकर आये। बड़ी धूम-धामके साथ राजा जनकने अपनी तथा अपने भाई कुशध्वजकी कन्याओंका विवाह दशरथजीके चारों राजकुमारोंके साथ कर दिया। इस प्रकार कृपानिधान श्रीरामकी कृपासे विदेहराजका संताप दूर हुआ।

(४)

निषादराज गुहपर कृपा

गुह निषादोंके राजा थे। सुरसरिके पावन तटपर स्थित शृंगवेरपुर इनकी राजधानी थी। ये राघवेन्द्र श्रीरामके सखा थे। श्रीरामके चरणोंमें इनका प्रगाढ़ प्रेम था।

वन-यात्राके समय जब कौसल्यानन्दन श्रीराम अपने भाई लक्ष्मण और पत्नी सीताजीके साथ शृंगवेरपुरके निकट गङ्गा-तटपर पहुँचे और यह समाचार गुहको प्राप्त हुआ तो उनके हर्षकी सीमा न रही। उन्होंने अपने प्रियजनों और भाई-बन्धुओंको बुलवाया और भेंट देनेके लिये फल-मूल आदि लेकर प्रभुसे मिलनेके लिये चले। श्रीरघुनाथजीके निकट पहुँचकर उन्होंने साष्टाङ्ग दण्डवत् प्रणाम किया, भेंटकी सामग्री सामने रख दी और प्रेमपूर्वक प्रभुके मुखारविन्दकी ओर देखने लगे। कृपानिधान प्रभुने उन्हें अपने निकट बैठाकर उनकी कुशल पूछी। तब निषादराजने उत्तर दिया—

नाथ कुसल पद पंकज देखें। भयउँ भागभाजन जन लेखें॥
देव धरनि धनु धामु तुम्हारा। मैं जनु नीचु सहित परिवारा॥
कृपा करिअ पुर धारिअ पाऊ।························॥

(मानस २। ८७। ३-४)

'नाथ! आपके चरणकमलोंके दर्शनसे सब कुशल है। आज मैं भाग्यवान् पुरुषोंकी श्रेणीमें गिनने योग्य हो गया। देव! यह पृथ्वी, धन और धाम सब आपका ही है। मैं तो परिवारसहित आपका एक नीच सेवक हूँ। अब कृपा करके शृंगवेरपुरमें पधारिये।

यह सुनकर करुणासागर श्रीरामचन्द्रजीने कहा—'सुजान सखे! तुम्हारेद्वारा कही हुई सभी बातें सत्य हैं, परंतु मुझे तो पिताजीके आज्ञानुसार चौदह वर्षतक मुनियोंका व्रत और वेष धारण कर मुनियोंके योग्य आहार करते हुए वनमें ही निवास करना है, गाँवमें जाना उचित नहीं है।' यह सुनकर निषादराज दुःखसे विह्वल हो गये। किसी प्रकार धैर्य धारणकर उन्होंने एक शिंशपा-वृक्षके नीचे कुश और किसलयोंकी कोमल तथा सुन्दर साथरी सजाकर बिछायी। दोनोंमें भर-भरकर पवित्र और मीठे फल तथा जल लाकर रख दिये। रघुकुलमणि श्रीरामजीने सीताजी, लक्ष्मणजी और सुमन्तजीसहित कन्द-मूल-फलका भोजन करके रात्रिमें विश्राम किया। लक्ष्मणजी धनुष-बाण लेकर पहरा देने लगे। निषादराज भी जगह-जगह सुरक्षाकी व्यवस्था करके लक्ष्मणजीके पास जा बैठे। श्रीरामजीको सीताजीसहित भूमिपर शयन करते देखकर दुःखके कारण गुहका कलेजा फटा जा रहा था। लक्ष्मणजीने विविध प्रकारसे समझाकर उन्हें शान्त किया।

प्रातःकाल श्रीरामचन्द्रजी सीताजी, लक्ष्मणजी और निषादराजके साथ नावद्वारा गङ्गा-पार पहुँचे। कृपासिन्धु श्रीरघुनाथजीने गुहसे कहा—'भैया! अब तुम अपने घरको लौट जाओ।' यह सुनते ही निषादराजका मुख सूख गया, उन्होंने दीनतापूर्वक हाथ जोड़कर कहा—'नाथ! मैं आपके साथ रहकर वनमें मार्ग बतलाऊँगा और जहाँ आप रहना चाहेंगे, वहाँ पर्णशाला तैयार कर दूँगा। इस तरह कुछ दिनतक आपके चरणोंकी सेवा कर लेनेके बाद फिर आपकी जैसी आज्ञा होगी, वही करूँगा।' निषादराजका सहज स्नेह देखकर रघुकुलशिरोमणि कृपासागर श्रीरामजीने उन्हें अपने साथ ले लिया। कुछ दिनतक सेवा करनेके बाद निषादराज शृंगवेरपुर लौट आये।

× × ×

इधर ननिहालसे लौटकर भरतजीने जब पिताकी मृत्यु और राम-वनवासकी बात सुनी तो वे विकल हो गये। भरतजी अपने ज्येष्ठ भ्राता श्रीरामचन्द्रजीको मनानेके लिये दलबलसहित शृंगवेरपुरके निकट आ चुके हैं—यह समाचार निषादराजको ज्ञात हुआ। उन्होंने सुरसरिकी मध्य धारामें पाँच सौ नावें खड़ी करायीं और प्रत्येकपर सशस्त्र सैनिक नियुक्त कर दिये। तत्पश्चात् नीतिनिपुण गुह भेंटकी सामग्री लेकर भरतजीसे मिलने चले। निषादराजने

मुनिराज वसिष्ठजीको देखकर अपना नाम बतलाकर दूरसे ही उन्हें साष्टाङ्ग प्रणाम किया। मुनीश्वरने उन्हें श्रीरामका कृपापात्र जानकर आशीर्वाद दिया और भरतजीको संकेतित किया कि यह श्रीरामका सखा है। यह सुनते ही भरतजी स्यन्दनसे उतरकर पैदल ही गुहसे मिलने चले। निषादराजने अपना गाँव, जाति और नाम बतलाकर पृथ्वीपर माथा टेक दिया। उन्हें प्रणाम करते देखकर भरतजीने उठाकर गुहको छातीसे लगा लिया—

भेंटत भरतु ताहि अति प्रीती। लोग सिहाहिं प्रेम कै रीती॥
(मानस २। १९३। १)

सारा रहस्य समझ लेनेपर गुहने अत्यन्त आदरपूर्वक ससैन्य भरतजीको पार उतार दिया और स्वयं भी उनके साथ चित्रकूट पहुँचे। वहाँ प्रभुका दर्शन करके वे भजन-मग्न हो गये। सबका परस्पर मिलन हुआ। श्रीरामचन्द्रजी जिनके चरणोंमें प्रणाम करते, निषादराज भी वहीं माथा टेक देते। इनकी श्रीरामभक्ति देखकर वसिष्ठजीने भी आनन्दविह्वल हो इन्हें अपने अङ्कमें ले लिया। भरतजीके साथ निषादराज भी चित्रकूटसे लौट आये।

× × ×

वनवाससे लौटते समय जब पुष्पकविमान शृंगवेरपुरके निकट गङ्गातटपर पहुँचा और यह समाचार निषादराजको मालूम हुआ, तब वे प्रेमसे विह्वल होकर दौड़े और आनन्द-सिन्धुमें गोते लगाते प्रभुके निकट पहुँचे। श्रीसीताजीसहित प्रभुको देखकर वे चरणोंमें गिर पड़े, उन्हें शरीरकी सुधि न थी। तब करुणानिधि श्रीरघुनाथजीने उन्हें प्रेमसे उठाकर हृदयसे लगा लिया—

लियो हृदयँ लाइ कृपा निधान सुजान रायँ रमापती।
बैठारि परम समीप बूझी कुसल सो कर बीनती॥
अब कुसल पद पंकज बिलोकि बिरंचि संकर सेब्य जे।
सुख धाम पूरनकाम राम नमामि राम नमामि ते॥
(मानस ६। १२१ का छन्द)

"सुजानशिरोमणि लक्ष्मीकान्त कृपानिधान श्रीरामने उन्हें हृदयसे लगा लिया और अत्यन्त निकट बैठाकर कुशल पूछी। तब गुह विनती करने लगे—'नाथ! आपके जो चरणकमल ब्रह्माजी और शंकरजीके द्वारा सेवित हैं, उनका दर्शन करके अब मैं सकुशल हूँ। सुखधाम पूर्णकाम श्रीराम! आपको बारंबार नमस्कार है।"

दीनबन्धु श्रीराघवेन्द्र अयोध्या पधारे और राज्य-सिंहासनपर अधिष्ठित हुए। इस उत्सवमें निषादराज आदिसे अन्ततक सम्मिलित थे। अन्तमें सबको विदा करते समय श्रीरघुनाथजीने निषादराजको बड़े प्रेमसे अपने निकट बुलाया और बहुमूल्य भूषण-वस्त्र प्रदान करके अत्यन्त मधुर वाणीमें कहा—

जाहु भवन मम सुमिरन करेहू। मन क्रम बचन धर्म अनुसरेहू॥
तुम्ह मम सखा भरत सम भ्राता। सदा रहेहु पुर आवत जाता॥
(मानस ७। १९। १-२)

दशरथनन्दन भगवान् श्रीरामके कृपापूर्ण वचन सुनकर निषादराजके नेत्रोंमें प्रेमके आँसू उमड़ आये और वे प्रभुके चरणोंमें गिर पड़े। फिर 'चरन नलिन उर धरि गृह आवा।' चरणकमलोंको हृदयमें धारणकर गुह शृंगवेरपुर लौट आये।

(५)

केवटपर कृपा

कुछ दिन जनकपुरमें रहकर कोसलनरेश महाराज दशरथ अपने पुत्रों और पुत्र-वधुओंसहित सकुशल अपनी राजधानी अयोध्यापुरीमें आ गये। बड़ी चहल-पहलके साथ (आनन्दमय) जीवन बीत रहा था। एक दिन अवधनरेशने गुरुदेव तथा मन्त्रियोंके साथ सभामें बैठकर श्रीरामको युवराज-पद देनेके लिये विचार-विमर्श किया। सभीने एक स्वरसे स्वीकृति दे दी। शुभ मुहूर्त निश्चित हो गया। अभिषेक-सामग्री एकत्रित हो गयी। इसी बीच मन्थराके कुचक्रसे रानी कैकेयीने विघ्न उपस्थित कर दिया। उन्होंने [illegible] रखे हुए अपने दो वरदानोंमेंसे [illegible] राज्य और दूसरेसे श्रीरामको चौदह वर्षका वनवास माँगा।

परिणामस्वरूप श्रीराम भाई लक्ष्मण और पत्नी सीताको साथ लेकर सभीको रोते-बिलखते छोड़ वनके लिये चल पड़े। गङ्गातटपर पहुँचकर पार जानेके लिये उन्होंने केवटसे नाव माँगी—

नाम अजामिल से खल कोटि अपार नदीं भव बूड़त काढ़े।
जो सुमिरें गिरि मेरु सिलाकन होत, अजाखुर बारिधि बाढ़े॥
तुलसी जेहि के पद पंकज तें प्रगटी तटिनी, जो हरै अघ गाढ़े।
ते प्रभु या सरिता तरिबे कहुँ माँगत नाव करारे ह्वै ठाढ़े॥
([illegible])

[illegible]

जिनके स्मरणमात्रसे सुमेरुके समान पर्वत पत्थरके कणके बराबर तथा बढ़ा हुआ समुद्र भी बकरीके खुरके समान हो जाता है, तुलसीदासजी कहते हैं—जिनके चरण-कमलसे महान् पातकोंका नाश करनेवाली श्रीगङ्गाजी प्रकट हुई हैं, वे समर्थ भगवान् श्रीराम उनके पार जानेके लिये तटपर खड़े होकर नाव माँग रहे हैं।'

तब केवट कहने लगा—'नाथ! यह बात प्रसिद्ध है कि आपके चरणोंमें मनुष्य बना देनेवाला कोई चूर्ण है, जिसका स्पर्श होते ही शिला सुन्दर स्त्री हो गयी। शिला और काष्ठमें भेद ही क्या है; अतः नौकापर चढ़नेसे पूर्व मैं आपके चरण-कमलोंको पखारूँगा। उन्हें धो लेनेके पश्चात् ही मैं आपको गङ्गाके उस पार ले चलूँगा। अन्यथा प्रभो! आपकी चरण-रजके स्पर्शसे यदि कहीं मेरी नौका सुन्दर युवती बन गयी तो मेरे कुटुम्बकी आजीविका ही मारी जायगी। इसलिये यदि आप अवश्य पार जाना चाहते हैं तो मुझे अपने चरणकमलोंको पखारनेके लिये कह दीजिये—

पद कमल धोइ चढ़ाइ नाव न नाथ उतराई चहौं।
मोहि राम राउरि आन दसरथ सपथ सब साची कहौं॥
बरु तीर मारहुँ लखनु पै जब लगि न पाय पखारिहौं।
तब लगि न तुलसीदास नाथ कृपाल पारु उतारिहौं॥
(मानस २। ९९। छं०)

'नाथ! मैं चरणकमलोंको धोकर आपलोगोंको नावपर चढ़ा लूँगा। मैं आपसे कुछ उतराई नहीं चाहता। श्रीराम! मुझे आपकी दुहाई और दशरथजीकी सौगन्ध है। मैं सब सच-सच कहता हूँ। भले ही लक्ष्मणजी मुझे तीर मारें, पर जबतक मैं पैरोंको पखार न लूँगा, पार नहीं उतारूँगा।'

केवटके प्रेम-रस-पगे अटपटे वचन सुनकर करुणाधाम श्रीराम जानकीजी और लक्ष्मणजीकी ओर देखकर हँसे और केवटसे मुसकराते हुए बोले—

कृपासिंधु बोले मुसुकाई। सोइ करु जेहिं तव नाव न जाई॥
बेगि आनु जल पाय पखारू। होत बिलंबु उतारहि पारू॥
(मानस २। १००। १)

'भाई! तू वही कर, जिससे तेरी नाव न जाय। शीघ्र पानी ला और पैर धो ले। देर हो रही है, पार उतार दे।'

केवट भगवान् श्रीरामकी आज्ञा पाकर कठौतेमें जल भरकर ले आया तथा अत्यन्त आनन्दपूर्वक प्रेममें उमँगकर भगवान्‌के चरण-कमल धोने लगा। तत्पश्चात्—

पद पखारि जलु पान करि आपु सहित परिवार।
पितर पारु करि प्रभुहि पुनि मुदित गयउ लेइ पार॥
(मानस २। १०१)

'चरणोंको धोकर और सारे परिवारसहित स्वयं उस चरणोदकको पीकर पहले अपने पितरोंको भवसागरसे पार कर दिया, फिर आनन्दपूर्वक प्रभु श्रीरामको गङ्गाजीके पार ले गया।'

नावसे उतरकर भगवान् श्रीराम सीता और लक्ष्मण-सहित सुरसरिकी रेतीमें खड़े हैं। दयासागर प्रभुको संकोच हो रहा है कि इसे कुछ दिया नहीं। तबतक पतिके हृदयकी बात जाननेवाली जानकीजीने अपनी मणिनिर्मित अंगूठी उतारी और उसे केवटको देना चाहा; परंतु केवटने लेना स्वीकार नहीं किया। लक्ष्मणके अनुरोध करनेपर भी उसने उतराई नहीं ली—

बहुत कीन्ह प्रभु लखन सियँ नहिं कछु केवटु लेइ।
बिदा कीन्ह करुनायतन भगति बिमल बरु देइ॥
(मानस २। १०२)

तब करुणाधाम भगवान् श्रीरामने उसपर कृपा की और निर्मल भक्तिका-वरदान देकर उसे विदा किया।

(६)

भरतजीपर कृपा

भरतजीने ननिहालसे लौटकर जब पिताजीकी मृत्यु और भैया श्रीरामके वनवासकी बात सुनी तो वे व्याकुल हो गये। गुरु वसिष्ठके आज्ञानुसार पिताजीका अन्त्येष्टि-संस्कार सम्पन्न कर दूसरे दिन ही भरतजी पूरे समाज और दल-बलके साथ श्रीरामको लौटानेके लिये वनको प्रस्थित हुए। मार्गमें निषादराज गुहसे उनकी भेंट हुई।

तदनन्तर वे महर्षि भरद्वाजजीके आश्रमपर पहुँचे। प्रज्वलित अग्निके समान तेजस्वी मुनिवर भरद्वाजजीको आश्रममें बैठे देखकर उन्हें अत्यन्त भक्तिपूर्वक साष्टाङ्ग प्रणाम किया।

उस स्वर्ग-सदृश आश्रममें एक दिन रहकर प्रातःकाल मुनिवरको प्रणामकर उनकी आज्ञा ले भरतजी चित्रकूटकी

ओर चल पड़े। वहाँ पहुँचकर वे धीरे-धीरे श्रीरामके आश्रमके निकट पहुँचे। वहाँ उन्होंने दूर्वादलके समान श्याम-शरीर और विशालनयन श्रीरघुनाथजीको बैठे हुए देखा, जो जटाओंके मुकुट और नवीन वल्कल वस्त्र धारण किये हुए थे। वे प्रसन्नवदन और मध्याह्नकालिक सूर्यके समान प्रभायुक्त प्रतीत हो रहे थे। उन्हें देखते ही भरतजी दौड़कर उनके चरणोंमें लोट गये। तब—

> रामस्तमाकृष्य सुदीर्घबाहु-
> र्दोर्भ्यां परिष्वज्य सिषिच नेत्रजैः।
> जलैरथाङ्कोपरि संन्यवेशयत्
> पुनः पुनः सम्परिषस्वजे विभुः॥
> (अ० रा० २। ९। ७)

'विशाल भुजाधारी भगवान् श्रीरामचन्द्रजीने अपनी दोनों भुजाओंसे उठाकर उनका आलिङ्गन किया और गोदमें बैठाकर अपने आँसुओंसे सींचते हुए बारंबार उन्हें हृदय लगाया।' धन्य कृपालु !

दूसरे दिन भरतजीने भगवान् श्रीरामसे कहा—'महाभाग! आप अपना अभिषेक कीजिये। यह पैतृकराज्य आपका ही है, आप इसका पालन करें। मेरी माताका जो कुछ अपराध है, उसे भूल जाइये और मेरी रक्षा कीजिये।' भरतजीकी प्रार्थना सुनकर श्रीरघुनाथजीने कहा—'भाई ! पिताजीने मुझे आज्ञा दी है कि चौदह वर्ष दण्डकारण्यमें रहकर पुनः अयोध्यामें आना, इस समय यह सम्पूर्ण राज्य मैं भरतको देता हूँ। अतः पिताजीने यह राज्य तो तुम्हींको दिया है और वैसे ही उन्होंने मुझे दण्डकारण्यका राज्य दिया है, इसलिये हम दोनोंको ही प्रयत्नपूर्वक पिताजीके वचनोंको सफल करना चाहिये।' इस प्रकार दोनों भाइयोंमें परस्पर अपने कथनकी सफलताके लिये खींचातानी चलती रही। अन्तमें भरतजी आमरण अनशनका व्रत लेकर धूपमें कुशा बिछाकर पूर्वाभिमुख बैठ गये। भरतजीका ऐसा हठ देखकर श्रीरामचन्द्रजीने गुरु वसिष्ठजीको नेत्रोंसे संकेत किया। तब मुनिवर वसिष्ठजीने भरतजीको एकान्तमें ले जाकर श्रीरामावतारका रहस्य समझाया।

गुरुजीके वचन सुनकर भरतजीको परम विस्मय हुआ और उन्होंने आश्चर्यचकित हो श्रीरामजीके निकट आकर कहा—'राजेन्द्र ! आप मुझे राज्य-शासनके लिये अपनी चरणपादुकाएँ दीजिये। जबतक आप लौटेंगे, तबतक मैं उन्हींकी सेवा करता रहूँगा। यदि चौदह वर्षके व्यतीत होनेपर पहले दिन ही आप अयोध्या न पहुँचे तो मैं महान् अग्निमें प्रवेश कर जाऊँगा।' तब—

> प्रभु करि कृपा पाँवरीं दीन्हीं। सादर भरत सीस धरि लीन्हीं॥
> (मानस २। ३१५। २)

'प्रभु श्रीरामचन्द्रजीने कृपा करके खड़ाऊँ दे दी और भरतजीने आदरपूर्वक उन्हें सिरपर धारण कर लिया।' तत्पश्चात् वे समाजसहित अयोध्या लौट आये और वहाँ नगरवासियोंकी सुरक्षाका प्रबन्ध करके वे स्वयं नन्दिग्राममें चले आये। वे उन पादुकाओंको एक सिंहासनपर पधराकर स्वयं सेवककी भाँति उनसे नीचे बैठते थे और सारा राजकार्य उन्हींको निवेदन करके करते थे। इस प्रकार वे जटा-वल्कलधारी फलमूलाशी तपस्वी ब्रह्मचारीके वेषमें समय बिताने लगे।

उधर वनवासकी अवधिका अन्तिम काल आ पहुँचा। भगवान् श्रीरामने राक्षसराज रावणको मारकर लंकापर विजय प्राप्त की। विभीषण लंकाके राज्यपर अभिषिक्त हो गये। तब श्रीरघुनाथजी सीताजी एवं सखाओंके साथ पुष्पक विमानद्वारा अवधपुरी पहुँचनेके लिये उद्यत हुए। इसी समय विभीषणने कुछ दिन लंकामें ठहरनेके लिये प्रभुसे प्रार्थना की। तब श्रीरघुवीरने कहा—

> तोर कोस गृह मोर सब सत्य बचन सुनु भ्रात।
> भरत दसा सुमिरत मोहि निमिष कल्प सम जात॥
> तापस बेष गात कृस जपत निरंतर मोहि।
> देखौं बेगि सो जतनु करु सखा निहोरउँ तोहि॥
> बीते अवधि जाउँ जौं जिअत न पावउँ बीर।
> सुमिरत अनुज प्रीति प्रभु पुनि पुनि पुलक सरीर॥
> (मानस ६। ११६ क-ख)

तदनन्तर विमान अयोध्याकी ओर चला। मार्गमें भगवान् श्रीराम सीताजीको अपनी लीलास्थलियोंका परिचय देते हुए प्रयाग पहुँचे। वहाँसे प्रभुने हनुमान्‌जीको भरतजीका कुशल-समाचार लानेके लिये भेजा।

इधर भरतजीकी दाहिनी आँख और भुजा बारंबार फड़क रही थीं। इन शुभ शकुनोंको देखकर वे अत्यन्त हर्षपूर्वक मनमें विचार करने लगे—'प्राणोंकी आधारभूता अवधिका एक ही दिन शेष रह गया है, परंतु प्रभु अभी नहीं आये!'—इसी चिन्तामें उनका मन [illegible]

वे ध्यानस्थ होकर 'राम-राम'का जप करने लगे और उनके नेत्रोंसे अश्रुधारा प्रवाहित हो चली। इसी समय विप्र-वेषमें श्रीहनुमान्‌जी वहाँ पहुँच गये और बोले—

जासु बिरहँ सोचहु दिन राती। रटहु निरंतर गुन गन पाँती॥
रघुकुल तिलक सुजन सुखदाता। आयउ कुसल देव मुनित्राता॥
रिपु रन जीति सुजस सुर गावत। सीता सहित अनुज प्रभु आवत॥
(मानस ७। १। २-३)

ये वचन सुनते ही भरतजी सारे दुःख भूल गये। उन्होंने उठकर हनुमान्‌जीको गले लगाया और दोनोंमें परस्पर कुशल-संवाद होनेके पश्चात् श्रीहनुमान्‌जी भगवान् श्रीरामके पास लौट गये। इधर भरतजी अयोध्यापुरीमें आये और उन्होंने यह शुभ समाचार गुरुजी तथा माताओंको सूचित किया। अवधपुरी सब तरहसे सजायी गयी। भरतजी गुरुजनों तथा नगर-वासियोंको साथ लेकर प्रभुके स्वागतके लिये चले। प्रभुकी आज्ञासे विमान नगरके निकट पृथ्वीपर उतर पड़ा। भरतजी दौड़कर भगवान् श्रीरामके चरणोंमें लोट गये। श्रीरघुनाथजीने बलपूर्वक उठाकर उन्हें हृदयसे लगा लिया। उनका प्रेम हृदयमें समाता न था। मिलनके पश्चात् राजमहलमें स्नानके अवसरपर भगवान्‌ने भरतजीकी जटाओंको अपने हाथोंसे सुलझाया—

पुनि करुनानिधि भरतु हँकारे। निज कर जटा राम निरुआरे॥
(मानस ७। १०। २)

इस प्रकार करुणानिधान प्रभुने भरतजीपर कृपा-दृष्टि कर उन्हें निहाल कर दिया।

(७)

शरभङ्ग मुनिपर कृपा

वनवास-कालमें भगवान् श्रीराम चित्रकूटको छोड़कर जब दण्डकारण्यमें प्रविष्ट हुए, तब वहाँ उन्हें सर्वप्रथम विराध नामक भयंकर राक्षस मिला। उसको दिव्यगति प्रदानकर श्रीराम शरभङ्ग मुनिके आश्रमपर पहुँचे। वहाँ देवराज इन्द्र अपने विमानके साथ महर्षिको ब्रह्मलोक ले जानेके लिये पहलेसे ही पधारे हुए थे। देवराजका महर्षिके साथ वार्तालाप चल रहा था। भगवान् श्रीरामको आते देखकर स्वर्गाधिप इन्द्र वहाँसे चम्पत हो गये। श्रीरघुनाथजीने लक्ष्मण और जानकीसहित उस आश्रममें प्रवेश किया। शरभङ्गजीने दशरथनन्दन श्रीरामका विधिवत् आतिथ्य किया। कुशल-प्रश्नके अनन्तर श्रीरघुवीरने उनसे इन्द्रके आनेका कारण पूछा, तब शरभङ्गजी कहने लगे—

'श्रीराम! ये वरदायक इन्द्र मुझे ब्रह्मलोकमें ले जाना चाहते हैं; क्योंकि मैंने अपनी उग्र तपस्यासे उस लोकपर विजय पायी है। परंतु पुरुषसिंह! जब मुझे ज्ञात हुआ कि आप इस आश्रमके निकट आ गये हैं, तब मैंने यह निश्चय किया कि आप-जैसे अतिथिका दर्शन किये बिना मैं ब्रह्मलोकको नहीं जाऊँगा। पुरुषशिरोमणे! मैंने ब्रह्मलोक और स्वर्गलोक आदि जिन अक्षय शुभ लोकोंपर विजय पायी है, मेरे उन सभी लोकोंको आप ग्रहण करें।'

शरभङ्ग मुनिके ऐसा कहनेपर नरश्रेष्ठ श्रीरघुनाथजीने कहा—

अहमेवाहरिष्यामि सर्वाँल्लोकान् महामुने।
आवासं त्वहमिच्छामि प्रदिष्टमिह कानने॥
(वा० रा० ३। ५। ३३)

'महामुने! मैं ही आपको उन सब लोकोंकी प्राप्ति कराऊँगा। इस समय तो मैं इस वनमें आपके बताये स्थानपर निवासमात्र करना चाहता हूँ।'

श्रीराघवेन्द्रके ये वचन सुनकर शरभङ्गजी बोले—'श्रीराम! यहाँसे थोड़ी ही दूरपर महातेजस्वी धर्मात्मा सुतीक्ष्ण मुनि नियम-संयम पूर्वक निवास करते हैं, आप उनके पास चले जाइये। वे आपके निवासस्थानकी व्यवस्था करेंगे।' तत्पश्चात् वे मन-ही-मन कहने लगे—'अहो! स्मरण करनेमात्रसे कामनाओंको पूर्ण करनेवाला इस संसारमें श्रीरघुनाथजीको छोड़कर और कौन दयालु है! मैं अनन्यभावसे इनका स्मरण करता रहा, इसी कारण ये स्वयं ही यहाँ चले आये। देवेश्वर दशरथनन्दन भगवान् श्रीराम मेरी ओर निहारते रहें, मैं अब अपना शरीर जलाकर निष्पाप हो ब्रह्मलोकको जा रहा हूँ। मेरे हृदयमें सर्वदा अयोध्याधिपति श्रीरामचन्द्रजी विराजमान रहें, जिनके वामाङ्कमें श्रीसीताजी सुशोभित हैं।'

इस प्रकार भगवान् श्रीरामका ध्यान करते हुए तथा अपने सम्मुख उनके स्वरूपको देखते हुए मुनिवर शरभङ्गने अग्नि प्रज्वलित कर अपने पाञ्चभौतिक शरीरको भस्म कर दिया तथा भगवत्कृपासे दिव्य देह धारणकर ब्रह्मलोकको चले गये।

(८)

मुनिवर सुतीक्ष्णपर कृपा

दण्डकारण्यवासी मुनिगणोंके साथ अन्यान्य मुनियोंके आश्रमोंका दर्शन करते हुए भगवान् श्रीराम मुनिवर सुतीक्ष्णके आश्रमपर पहुँचे, जो ऋषियोंसे सुशोभित समस्त ऋतुओंके गुणोंसे युक्त और सब समय सुखदायक था। रघुनन्दन श्रीरामका आगमन सुनकर 'राम-मन्त्रके' उपासक और मुनिवर अगस्त्यके शिष्य सुतीक्ष्ण उन्हें लेनेके लिये स्वयं आगे आये और उनकी विधिवत् पूजा की। कुशल-प्रश्नके अनन्तर उग्र तपस्वी सुतीक्ष्णजीने कहा—

'रघुकुलभूषण श्रीराम ! मैं आपकी ही प्रतीक्षामें था, इसीलिये अबतक अपने शरीरको त्यागकर मैं यहाँसे देवलोक नहीं गया। मैंने सुना था कि आप चित्रकूट पर्वतपर आकर निवास कर रहे हैं। यहाँ शतक्रतु देवराज इन्द्र आये थे और कह रहे थे कि 'महर्षे ! आपने अपने पुण्य-कर्मके द्वारा समस्त शुभ लोकोंपर विजय पायी है।' उनके कथनानुसार मैंने तपस्याके बलसे जिन देवर्षिसेवित लोकोंपर अधिकार प्राप्त किया है, उन लोकोंमें आप भगवती सीता और अनुज लक्ष्मणके साथ विहार करें। मैं बड़ी प्रसन्नताके साथ वे सारे लोक आपकी सेवामें समर्पित करता हूँ।'

यह सुनकर मायापति श्रीरामने महर्षिको उत्तर दिया—

> अहमेवाहरिष्यामि स्वयं लोकान् महामुने ।
> आवासं त्वहमिच्छामि प्रदिष्टमिह कानने ॥
> (वा० रा० ३ । ७ । १४)

'महामुने ! वे लोक तो मैं स्वयं ही आपको प्राप्त कराऊँगा, इस समय तो मेरी यह इच्छा है कि आप बतायें, मैं इस वनमें अपने ठहरनेके लिये कुटिया कहाँ बनाऊँ ?'

श्रीरघुनाथजीके ऐसा कहनेपर महर्षिने बड़ी मधुर वाणीमें कहा—'रघुवंशशिरोमणे ! यही आश्रम सब प्रकारसे सुविधाजनक है, अतः आप यहीं सुखपूर्वक निवास कीजिये। जाइये, ऋषियोंके आश्रमोंका दर्शन करके यहीं लौट आइये।'

ऋषि-आश्रमोंका दर्शन करके सायंकाल वीरशिरोमणि श्रीराम महर्षि सुतीक्ष्णके आश्रमपर लौट आये और वहीं रात्रि व्यतीत की। प्रातःकाल नित्यकर्मसे निवृत्त हो जब श्रीरघुनाथजी चलनेको उद्यत हुए, तब मुनिवर सुतीक्ष्णने भक्तिगद्गद वाणीसे उनका स्तवन किया। उनके स्तवनसे संतुष्ट होकर भगवान् श्रीरामने कहा—

> मुने जानामि ते चित्तं निर्मलं मदुपासनात् ॥
> अतोऽहमागतो द्रष्टुं मदृते नान्यसाधनम् ।
> मन्मन्त्रोपासका लोके मामेव शरणं गताः ॥
> निरपेक्षा नान्यगतास्तेषां दृश्योऽहमन्वहम् ।
> × × ×
> त्वं ममोपासनादेव विमुक्तोऽसीह सर्वतः ॥
> देहान्ते मम सायुज्यं लप्स्यसे नात्र संशयः ।
> (अ० रा० ३ । २ । ३५–३९)

'मुने ! मैं यह जानता हूँ कि आपका चित्त मेरी उपासनासे निर्मल हो गया है और आपका मेरे अतिरिक्त और कोई साधन नहीं है, इसीलिये मैं आपको देखनेके लिये आया हूँ। संसारमें जो लोग मेरे मन्त्रकी उपासना करते हैं और मेरे ही शरणागत हैं तथा नित्य निरपेक्ष और अनन्यगति रहते हैं, उन्हें मैं नित्य-प्रति दर्शन देता हूँ। आप केवल मेरी उपासनासे इस जीवितावस्थामें ही सर्वथा मुक्त हो गये हैं। शरीर छूटनेपर आप निस्संदेह मेरा सायुज्यपद प्राप्त करेंगे।'

इस प्रकार मुनिश्रेष्ठ सुतीक्ष्णपर कृपा करके भगवान् श्रीराम सीता और लक्ष्मणके सहित सुतीक्ष्ण-मुनिके साथ महर्षि अगस्त्यके आश्रमकी ओर प्रस्थित हुए।

(९)

गृध्रराज जटायुपर कृपा

मार्गमें महर्षि अगस्त्यके भाई मुनिवर अग्निजिह्वका दर्शन करते हुए श्रीरघुनाथजी मुनिश्रेष्ठ अगस्त्यजीके आश्रममें पहुँचे। साष्टाङ्ग दण्डवत् करते समय अगस्त्यजीने उन्हें उठाकर हृदयसे लगा लिया। फिर उन्होंने अपने योगबलसे भगवान् श्रीरामका विधिवत् स्वागत-सत्कार किया और रहस्यसहित बहुत-से अस्त्र-शस्त्र भी प्रदान किये। सीतापति श्रीरामद्वारा अपने लिये निवास-स्थानकी जिज्ञासा किये जानेपर महर्षिने पञ्चवटीको ही

उपयुक्त स्थान बतलाया। तब सीता-लक्ष्मणसहित श्रीराम पञ्चवटीके लिये चल पड़े। मार्गमें उनकी गृध्रराज जटायुसे भेंट हुई। परस्पर वार्तालापमें दोनोंने अपना-अपना परिचय दिया। तब रघुवंशभूषण श्रीरामने जटायुको पितृ-सखा मानकर उनका अभिनन्दन किया। तत्पश्चात् प्रभु श्रीराम पञ्चवटीमें आये और गोदावरीके तटपर पर्णकुटी बनाकर जनककिशोरी सीता और लक्ष्मणके साथ सुखपूर्वक निवास करने लगे।

कुछ काल व्यतीत होनेपर राक्षसराज रावणकी बहन शूर्पणखा घूमती-घामती भगवान् श्रीरामके आश्रमपर आयी और श्रीरामके रूपपर मोहित होकर प्रणय-याचना करने लगी। तब श्रीरघुनाथजीके संकेतसे लक्ष्मणजीने उसके नाक-कान काट डाले। उसकी पुकारसे चौदह सहस्र असुरों-सहित खर-दूषण और त्रिशिरा युद्धके लिये आ धमके, परंतु क्षणमात्रमें ही श्रीरघुवीरके हाथों दिव्य गतिको प्राप्त हुए। शूर्पणखाके उकसानेपर रावण अपने साथ मारीचको लेकर भगवान् श्रीरामके आश्रमपर आया। मारीचने स्वर्ण-मृगका रूप बनाकर सीताजीको प्रलोभनमें डाल दिया। सीताजीके आग्रहसे श्रीराम उसका वध करने चले। पीछे उनकी सहायताके लिये लक्ष्मणजी भी चले गये। इसी बीच आश्रमको सूना देखकर रावण बलपूर्वक सीताजीको अपने रथमें बैठाकर ले भागा। सीताजी करुणक्रन्दन कर रही थीं।

सीताजीका वह आर्त-क्रन्दन सुनकर तीखी चोंचवाले पक्षिश्रेष्ठ जटायु दौड़े और रावणको देखकर उसे ऐसे दुष्कर्मसे विरत होनेके लिये समझाने लगे। जब उसने इनकी एक भी न सुनी, तब इन्होंने रावणको युद्धके लिये ललकारा। फिर तो दोनोंमें बड़ा घमासान युद्ध हुआ। जब रावण विह्वल हो गया और उसके सभी उद्यम विफल हो गये, तब—

> तस्य व्यायच्छमानस्य रामस्यार्थे स रावणः।
> पक्षौ पादौ च पार्श्वौ च खड्गमुद्धृत्य सोऽच्छिनत्॥
> (वा० रा० ३। ५१। ४२)

'रावणने तलवार निकाली और श्रीरामचन्द्रजीके लिये पराक्रम करनेवाले जटायुके दोनों पंख, पैर तथा पार्श्वभाग काट डाले। गृध्रराज जटायु पृथ्वीपर गिर पड़े और रावण सीताजीको लेकर भाग गया।'

भगवान् श्रीराम लक्ष्मणजीके साथ विदेहकुमारीका अन्वेषण करते हुए वन-वन भटक रहे थे। सहसा उनकी दृष्टि

विशालकाय जटायुपर पड़ी। 'रघुनन्दन! मैं जटायु हूँ। मैंने आपकी भार्याको ले जानेवाले रावणका पीछा किया था। शत्रुदमन! मेरा उससे युद्ध हुआ और मैंने उसके रथ, घोड़े और धनुष भी काट डाले, किंतु अब मैं उसके द्वारा घायल होकर पड़ा हूँ। जगन्नाथ! आप मेरी ओर देखिये, अब मैं प्राण छोड़ना ही चाहता हूँ।' जटायु बड़ी कठिनतासे बोल पा रहे थे।

सीतासे सम्बन्ध रखनेवाली यह प्रिय वार्ता सुनकर श्रीरामचन्द्रजीने गृध्रराज जटायुको गलेसे लगा लिया—

> **राघो गीध गोद करि लीन्हौं।**
> **नयन-सरोज सनेह-सलिल सुचि मनहु अरघ-जल दीन्हौं॥**
> (गीतावली ३। १३। १)

'श्रीरघुनाथजीने गृध्रराज जटायुको अपनी गोदमें उठा लिया और अपने नयनकमलोंके स्नेहरूप पवित्र जलसे मानो उन्हें अर्घ्यदान किया।'

तत्पश्चात् उन्होंने सुमित्राकुमारसे कहा— 'लक्ष्मण! ये महाबली गृध्रराज जटायु पिताजीके मित्र हैं, किंतु आज मेरे दुर्भाग्यवश मारे जाकर इस समय पृथ्वीपर पड़े हैं।' इस प्रकार बहुत-सी बातें कहकर श्रीरघुनाथजीने जटायुके शरीरपर हाथ फेरा और इन्हें पितृ-तुल्य मानकर स्नेह प्रदर्शित किया। पंख कट जानेसे गृध्रराज जटायु लहू-लुहान हो रहे थे। उसी अवस्थामें उन्हें गलेसे लगाकर श्रीरघुनाथजीने पूछा— 'तात! मेरी प्राणोंके समान प्रिया मिथिलेशकुमारी सीता कहाँ चली गयी?'

जटायुने रक्त वमन करते हुए लड़खड़ाती हुई बोलीमें कहा—'रघुनन्दन! महापराक्रमी राक्षसराज रावण मिथिलेश-नन्दिनी सीताको दक्षिणकी ओर ले गया है अब और अधिक कहनेकी शक्ति मुझमें नहीं है। मैं अभी आपके सामने ही प्राण-त्याग करना चाहता हूँ। अनघ! आप साक्षात् परमात्मा विष्णु ही हैं। आज बड़े भाग्यसे मरते समय मुझे आपका दर्शन प्राप्त हुआ है। अब मैं आपके परमपदको प्राप्त होऊँगा।' इतना कहकर जटायु प्राण-शून्य होकर धराशायी हो गये। तब कौसल्यानन्दनने सुमित्राकुमारसे कहा—

> सौमित्रे हर काष्ठानि निर्मथिष्यामि पावकम्।
> गृध्रराजं दिधक्ष्यामि मत्कृते निधनं गतम्॥
> (वा० रा० ३। ६८। २७)

'सुमित्रानन्दन ! तुम सूखे काष्ठ ले आओ, मैं मथकर अग्नि प्रकट करूँगा और मेरे लिये मृत्युको प्राप्त हुए इन गृध्रराजका दाह-संस्कार करूँगा ।'

फिर कृपालु दशरथनन्दनने जटायुको सम्बोधित करके कहा—

या गतिर्यज्ञशीलानामाहिताग्नेश्च या गतिः ।
अपरावर्तिनां या च या च भूमिप्रदायिनाम् ॥
मया त्वं समनुज्ञातो गच्छ लोकाननुत्तमान् ।
गृध्रराज महासत्त्व संस्कृतश्च मया व्रज ॥

(वा० रा० ३ । ६८ । २९-३०)

'महापराक्रमी गृध्रराज ! यज्ञ करनेवाले, अग्निहोत्री, युद्धमें पीठ न दिखानेवाले और भूमिदान करनेवाले पुरुषोंको जिस गतिकी—जिन उत्तम लोकोंकी प्राप्ति होती है, मेरी आज्ञासे उन्हीं सर्वोत्तम लोकोंमें तुम भी जाओ । मेरेद्वारा दाह-संस्कार किये जानेपर तुम्हारी सद्गति हो ।'

ऐसा कहकर दयासागर श्रीरघुनाथजीने जटायुका दाह-संस्कार किया । तदनन्तर जटायु तुरंत दिव्य रूप धारणकर एक सूर्य-सदृश प्रकाशमान विमानपर आरूढ़ हुए और रघुवंशभूषण श्रीरामका स्तवन करके वैकुण्ठधामको चले गये ।

(१०)

शबरीपर कृपा

दोनों रघुवंशी वीर सीताजीका अन्वेषण करते हुए दूसरे वनमें पहुँचे । वहाँ मार्गमें उन्हें एक ऐसा भयंकर राक्षस मिला, जिसका मस्तक और पैर शरीरमें घुसे हुए थे, वक्षःस्थलमें विशाल मुख और दोनों भुजाएँ एक-एक योजनतक फैली हुई थीं । उसका नाम कबन्ध था । कबन्धका उद्धार करके उसके बताये अनुसार श्रीराघवेन्द्र शबरीको दर्शन देनेके लिये पम्पासरकी ओर चले ।

शबरी जातिकी भीलनी थी । वह मतङ्गमुनिके आश्रमके निकट कुटिया बनाकर रहती थी । वह मुनिकी सेवाके निमित्त आश्रमके मार्गको झाड़-बुहारकर स्वच्छ करती और जंगलसे सूखी लकड़ियाँ काटकर आश्रममें पहुँचाती थी । मतङ्गमुनिकी उसपर बड़ी कृपा थी । परमधामको गमन करते समय मुनिवरने शबरीसे कहा—'शबरी ! तू एकाग्रचित्त होकर यहीं रह । सनातन परमात्मा राक्षसोंको मारने और ऋषियोंकी रक्षा करनेके लिये अवधनरेश दशरथके पुत्ररूपमें अवतार लेकर यहाँ आयेंगे । आजकल भगवान् श्रीराम चित्रकूटके आश्रममें विराजमान हैं । जबतक वे आयें, तबतक तू अपने शरीरका पालन कर । श्रीरघुनाथजीके आनेपर उनका दर्शन करते हुए इस शरीरको जलाकर तू उनके परमधामको चली जायगी ।' ऐसा कहकर मुनीश्वर मतङ्ग परम धामको चले गये ।

तबसे शबरी उसी आश्रममें रहती हुई भगवान् श्रीरामके आगमनकी प्रतीक्षा करती रही । वह प्रातःकाल उठकर आश्रमकी ओर आनेवाले मार्गोंको दूरतक झाड़-बुहारकर साफ कर देती, आश्रमको लीप-पोतकर स्वच्छ कर देती, वनसे बेर आदि मीठे-मीठे स्वादिष्ट फलोंको चख-चखकर लाती और अपने प्रिय प्रभुके लिये चुन-चुनकर रखती तथा द्वारपर खड़ी हो पलक-पाँवड़े बिछाये श्रीराघवेन्द्रकी बाट जोहती रहती । जरा-सा भी पत्ता खटका कि वह चौकन्नी होकर उधर ही देखने लगती और सोचती, सम्भवतः हमारे श्रीराम आ गये । आठों याम उसका यही कार्यक्रम बन गया था ।

भक्तवत्सल भगवान् तो भक्तके वशीभूत ही हैं । स्वयं उनके श्रीमुखके वचन हैं—

ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम् ॥

(गीता ४ । ११)

'जो मुझे जैसा भजते हैं, मैं भी उनको उसी प्रकार भजता हूँ ।' इस सिद्धान्तके अनुसार श्रीरघुनाथजी घूमते हुए शबरीके आश्रमपर पहुँचे । लक्ष्मणसहित श्रीरामचन्द्रजीको अपने समीप आते देख शबरी हर्षविभोर हो तुरंत उठ खड़ी हुई । उसके नेत्रोंमें आनन्दाश्रु भर आये । वह भगवान् श्रीरामके चरणोंपर गिर पड़ी तथा स्वागत कर कुशल-प्रश्नादिके अनन्तर उन्हें सुन्दर आसनपर बैठाया । फिर उसने भक्तिपूर्वक श्रीराम और लक्ष्मणके चरण पखारे और चरणोदकको अपने शरीरपर छिड़का । तत्पश्चात् अर्घ्यादि विविध सामग्रियोंसे उन दोनोंका विधिवत् पूजन कर उनके सामने उन अमृतके समान बेर आदि दिव्य फलोंको, जिन्हें उसने पहलेसे ही संग्रह कर रखा था, लाकर

उपयुक्त स्थान बतलाया। तब सीता-लक्ष्मणसहित श्रीराम पञ्चवटीके लिये चल पड़े। मार्गमें उनकी गृध्रराज जटायुसे भेंट हुई। परस्पर वार्तालापमें दोनोंने अपना-अपना परिचय दिया। तब रघुवंशभूषण श्रीरामने जटायुको पितृ-सखा मानकर उनका अभिनन्दन किया। तत्पश्चात् प्रभु श्रीराम पञ्चवटीमें आये और गोदावरीके तटपर पर्णकुटी बनाकर जनककिशोरी सीता और लक्ष्मणके साथ सुखपूर्वक निवास करने लगे।

कुछ काल व्यतीत होनेपर राक्षसराज रावणकी बहन शूर्पणखा घूमती-घामती भगवान् श्रीरामके आश्रमपर आयी और श्रीरामके रूपपर मोहित होकर प्रणय-याचना करने लगी। तब श्रीरघुनाथजीके संकेतसे लक्ष्मणजीने उसके नाक-कान काट डाले। उसकी पुकारसे चौदह सहस्र असुरों-सहित खर-दूषण और त्रिशिरा युद्धके लिये आ धमके, परंतु क्षणमात्रमें ही श्रीरघुवीरके हाथों दिव्य गतिको प्राप्त हुए। शूर्पणखाके उकसानेपर रावण अपने साथ मारीचको लेकर भगवान् श्रीरामके आश्रमपर आया। मारीचने स्वर्ण-मृगका रूप बनाकर सीताजीको प्रलोभनमें डाल दिया। सीताजीके आग्रहसे श्रीराम उसका वध करने चले। पीछे उनकी सहायताके लिये लक्ष्मणजी भी चले गये। इसी बीच आश्रमको सूना देखकर रावण बलपूर्वक सीताजीको अपने रथमें बैठाकर ले भागा। सीताजी करुणक्रन्दन कर रही थीं।

सीताजीका वह आर्त-क्रन्दन सुनकर तीखी चोंचवाले पक्षिश्रेष्ठ जटायु दौड़े और रावणको देखकर उसे ऐसे दुष्कर्मसे विरत होनेके लिये समझाने लगे। जब उसने इनकी एक भी न सुनी, तब इन्होंने रावणको युद्धके लिये ललकारा। फिर तो दोनोंमें बड़ा घमासान युद्ध हुआ। जब रावण विह्वल हो गया और उसके सभी उद्यम विफल हो गये, तब—

तस्य व्यायच्छमानस्य रामस्यार्थे स रावणः।
पक्षौ पादौ च पार्श्वौ च खड्गमुद्धृत्य सोऽच्छिनत्॥
(वा० रा० ३। ५१। ४२)

'रावणने तलवार निकाली और श्रीरामचन्द्रजीके लिये पराक्रम करनेवाले जटायुके दोनों पंख, पैर तथा पार्श्वभाग काट डाले। गृध्रराज जटायु पृथ्वीपर गिर पड़े और रावण सीताजीको लेकर भाग गया।'

भगवान् श्रीराम लक्ष्मणजीके साथ विदेहकुमारीका अन्वेषण करते हुए वन-वन भटक रहे थे। सहसा उनकी दृष्टि विशालकाय जटायुपर पड़ी। 'रघुनन्दन! मैं जटायु हूँ। मैंने आपकी भार्याको ले जानेवाले रावणका पीछा किया था। शत्रुदमन! मेरा उससे युद्ध हुआ और मैंने उसके रथ, घोड़े और धनुष भी काट डाले, किंतु अब मैं उसके द्वारा घायल होकर पड़ा हूँ। जगन्नाथ! आप मेरी ओर देखिये, अब मैं प्राण छोड़ना ही चाहता हूँ।' जटायु बड़ी कठिनतासे बोल पा रहे थे।

सीतासे सम्बन्ध रखनेवाली यह प्रिय वार्ता सुनकर श्रीरामचन्द्रजीने गृध्रराज जटायुको गलेसे लगा लिया—

राघो गीध गोद करि लीन्हों।
नयन-सरोज सनेह-सलिल सुचि मनहु अरघ-जल दीन्हों॥
(गीतावली ३। १३। १)

'श्रीरघुनाथजीने गृध्रराज जटायुको अपनी गोदमें उठा लिया और अपने नयनकमलोंके स्नेहरूप पवित्र जलसे मानो उन्हें अर्घ्यदान किया।'

तत्पश्चात् उन्होंने सुमित्राकुमारसे कहा— 'लक्ष्मण! ये महाबली गृध्रराज जटायु पिताजीके मित्र हैं, किंतु आज मेरे दुर्भाग्यवश मारे जाकर इस समय पृथ्वीपर पड़े हैं।' इस प्रकार बहुत-सी बातें कहकर श्रीरघुनाथजीने जटायुके शरीरपर हाथ फेरा और इन्हें पितृ-तुल्य मानकर स्नेह प्रदर्शित किया। पंख कट जानेसे गृध्रराज जटायु लहू-लुहान हो रहे थे। उसी अवस्थामें उन्हें गलेसे लगाकर श्रीरघुनाथजीने पूछा— 'तात! मेरी प्राणोंके समान प्रिया मिथिलेशकुमारी सीता कहाँ चली गयी?'

जटायुने रक्त वमन करते हुए लड़खड़ाती हुई बोलीमें कहा—'रघुनन्दन! महापराक्रमी राक्षसराज रावण मिथिलेश-नन्दिनी सीताको दक्षिणकी ओर ले गया है अब और अधिक कहनेकी शक्ति मुझमें नहीं है। मैं अभी आपके सामने ही प्राण-त्याग करना चाहता हूँ। अनघ! आप साक्षात् परमात्मा विष्णु ही हैं। आज बड़े भाग्यसे मरते समय मुझे आपका दर्शन प्राप्त हुआ है। अब मैं आपके परमपदको प्राप्त होऊँगा।' इतना कहकर जटायु प्राण-शून्य होकर धराशायी हो गये। तब कौसल्यानन्दनने सुमित्राकुमारसे कहा—

सौमित्रे हर काष्ठानि निर्मथिष्यामि पावकम्।
गृध्रराजं दिधक्ष्यामि मत्कृते निधनं गतम्॥
(वा० रा० ३। ६८। २७)

'सुमित्रानन्दन ! तुम सूखे काष्ठ ले आओ, मैं मथकर अग्नि प्रकट करूँगा और मेरे लिये मृत्युको प्राप्त हुए इन गृध्रराजका दाह-संस्कार करूँगा ।'

फिर कृपालु दशरथनन्दनने जटायुको सम्बोधित करके कहा—

या गतिर्यज्ञशीलानामाहिताग्नेश्च या गतिः ।
अपरावर्तिनां या च या च भूमिप्रदायिनाम् ॥
मया त्वं समनुज्ञातो गच्छ लोकाननुत्तमान् ।
गृध्रराज महासत्त्व संस्कृतश्च मया व्रज ॥

(वा० रा० ३ । ६८ । २९-३०)

'महापराक्रमी गृध्रराज ! यज्ञ करनेवाले, अग्निहोत्री, युद्धमें पीठ न दिखानेवाले और भूमिदान करनेवाले पुरुषोंको जिस गतिकी—जिन उत्तम लोकोंकी प्राप्ति होती है, मेरी आज्ञासे उन्हीं सर्वोत्तम लोकोंमें तुम भी जाओ । मेरेद्वारा दाह-संस्कार किये जानेपर तुम्हारी सद्गति हो ।'

ऐसा कहकर दयासागर श्रीरघुनाथजीने जटायुका दाह-संस्कार किया । तदनन्तर जटायु तुरंत दिव्य रूप धारणकर एक सूर्य-सदृश प्रकाशमान विमानपर आरूढ़ हुए और रघुवंशभूषण श्रीरामका स्तवन करके वैकुण्ठधामको चले गये ।

(१०)

शबरीपर कृपा

दोनों रघुवंशी वीर सीताजीका अन्वेषण करते हुए दूसरे वनमें पहुँचे । वहाँ मार्गमें उन्हें एक ऐसा भयंकर राक्षस मिला, जिसका मस्तक और पैर शरीरमें घुसे हुए थे, वक्षःस्थलमें विशाल मुख और दोनों भुजाएँ एक-एक योजनतक फैली हुई थीं । उसका नाम कबन्ध था । कबन्धका उद्धार करके उसके बताये अनुसार श्रीराघवेन्द्र शबरीको दर्शन देनेके लिये पम्पासरकी ओर चले ।

शबरी जातिकी भीलनी थी । वह मतङ्गमुनिके आश्रमके निकट कुटिया बनाकर रहती थी । वह मुनिकी सेवाके निमित्त आश्रमके मार्गको झाड़-बुहारकर स्वच्छ करती और जंगलसे सूखी लकड़ियाँ काटकर आश्रममें पहुँचाती थी । मतङ्गमुनिकी उसपर बड़ी कृपा थी । परमधामको गमन करते समय मुनिवरने शबरीसे कहा—'शबरी ! तू एकाग्रचित्त होकर यहीं रह । सनातन परमात्मा राक्षसोंको मारने और ऋषियोंकी रक्षा करनेके लिये अवधनरेश दशरथके पुत्ररूपमें अवतार लेकर यहाँ आयेंगे । आजकल भगवान् श्रीराम चित्रकूटके आश्रममें विराजमान हैं । जबतक वे आयें, तबतक तू अपने शरीरका पालन कर । श्रीरघुनाथजीके आनेपर उनका दर्शन करते हुए इस शरीरको जलाकर तू उनके परमधामको चली जायगी ।' ऐसा कहकर मुनीश्वर मतङ्ग परम धामको चले गये ।

तबसे शबरी उसी आश्रममें रहती हुई भगवान् श्रीरामके आगमनकी प्रतीक्षा करती रही । वह प्रातःकाल उठकर आश्रमकी ओर आनेवाले मार्गोंको दूरतक झाड़-बुहारकर साफ कर देती, आश्रमको लीप-पोतकर स्वच्छ कर देती, वनसे बेर आदि मीठे-मीठे स्वादिष्ट फलोंको चख-चखकर लाती और अपने प्रिय प्रभुके लिये चुन-चुनकर रखती तथा द्वारपर खड़ी हो पलक-पाँवड़े बिछाये श्रीराघवेन्द्रकी बाट जोहती रहती । जरा-सा भी पत्ता खटका कि वह चौकन्नी होकर उधर ही देखने लगती और सोचती, सम्भवतः हमारे श्रीराम आ गये । आठों याम उसका यही कार्यक्रम बन गया था ।

भक्तवत्सल भगवान् तो भक्तके वशीभूत ही हैं । स्वयं उनके श्रीमुखके वचन हैं—

ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम् ॥

(गीता ४ । ११)

'जो मुझे जैसा भजते हैं, मैं भी उनको उसी प्रकार भजता हूँ ।' इस सिद्धान्तके अनुसार श्रीरघुनाथजी घूमते हुए शबरीके आश्रमपर पहुँचे । लक्ष्मणसहित श्रीरामचन्द्रजीको अपने समीप आते देख शबरी हर्षविभोर हो तुरंत उठ खड़ी हुई । उसके नेत्रोंमें आनन्दाश्रु भर आये । वह भगवान् श्रीरामके चरणोंपर गिर पड़ी तथा स्वागत कर कुशल-प्रश्नादिके अनन्तर उन्हें सुन्दर आसनपर बैठाया । फिर उसने भक्तिपूर्वक श्रीराम और लक्ष्मणके चरण पखारे और चरणोदकको अपने शरीरपर छिड़का । तत्पश्चात् अर्घ्यादि विविध सामग्रियोंसे उन दोनोंका विधिवत् पूजन कर उनके सामने उन अमृतके समान बेर आदि दिव्य फलोंको, जिन्हें उसने पहलेसे ही संग्रह कर रखा था, लाकर

रख दिया। श्रीरामजी उनके स्वादका बखान करते हुए अघाते न थे।

शबरीके फलोंकी प्रशंसा यहीं समाप्त नहीं हो जाती, अपितु भगवान् श्रीरामको आजीवन जहाँ-कहीं भी प्रेमोपहार-स्वरूप भोजन करनेका अवसर आया, वहाँ उन्होंने शबरीके फलोंकी तुलनामें सबको फीका ही बतलाया—

घर गुरुगृह प्रिय सदन सासुरे, भइ जब जहँ पहुनाई।
तब तहँ कहि सबरीके फलनिकी रुचि माधुरी न पाई॥
(विनयप० १६४। ४)

अतिथि-सत्कार हो चुकनेपर शबरीने भगवान् श्रीरामको मतङ्गवनका परिचय देकर कहा—'देवेश्वर! मैं तो नीच जातिमें उत्पन्न हुई एक गँवारी नारी हूँ। मैं आपकी स्तुति करना नहीं जानती। आप स्वयं ही मुझपर कृपा कीजिये।'

यह सुनकर भगवान् श्रीराघवेन्द्र बोले—'भामिनि! पुरुषत्व-स्त्रीत्वका भेद अथवा जाति, नाम और आश्रम—ये कोई भी मेरे दर्शनके कारण नहीं हैं। उसका कारण तो एकमात्र मेरी भक्ति ही है। जो मेरी भक्तिसे विमुख हैं, वे यज्ञ, दान, तप अथवा वेदाध्ययन आदि किसी भी कर्मसे मुझे कभी नहीं देख सकते।' तदनन्तर भगवान् श्रीरामने शबरीको नवधा भक्तिका उपदेश दिया। अन्तमें उसपर कृपा करते हुए उन्होंने कहा—

इतो मद्दर्शनान्मुक्तिस्तव नास्त्यत्र संशयः।
यदि जानासि मे ब्रूहि सीता कमललोचना॥
कुत्रास्ते केन वा नीता प्रिया मे प्रियदर्शना॥
(अ० रा० ३। १०। ३२-३३)

'अब मेरा दर्शन होनेसे तेरी मुक्ति हो जायगी—इसमें संदेह नहीं है। यदि तू जानती हो तो बता कि इस समय कमललोचना सीता कहाँ हैं? मेरी प्रियदर्शना प्रियाको कौन ले गया है?'

तब शबरी बोली—'विश्वभावन! आप सभी कुछ जानते हैं, तथापि लोकाचारका अनुसरण करते हुए यदि मुझसे पूछते हैं तो मैं बतलाती हूँ। सीताजीको राक्षसराज रावण हर ले गया है और इस समय वे लंकामें हैं। प्रभो! आप पम्पासरोवरपर जाइये, वहाँ वानरराज वालीके भाई सुग्रीवसे आपकी मित्रता होगी। वे सीताजीकी खोज करायेंगे। भगवन्! जबतक मैं अपने शरीरको जलाकर आपके परमधामको न चली जाऊँ, तबतक आप (एक मुहूर्त) यहाँ और ठहरिये।'

ऐसा कहकर शबरी अग्निमें प्रवेश कर गयी और दिव्य रूप धारणकर उस प्रदेशको प्रकाशित करती हुई परमधामको चली गयी।

जाति हीन अघ जन्म महि मुक्त कीन्हि असि नारि।
(मानस ३। ३६)

इतना ही नहीं, कृपासिन्धु श्रीराघवेन्द्रने शबरीको जननीकी भाँति अपने हाथसे जलाञ्जलि भी दी—

तेहि मातु-ज्यों रघुनाथ अपने हाथ जल-अंजलि दई।
(गीतावली ३। १७। ८)

ऐसा कृपालु स्वामी और कौन होगा!

(११)

वानरराज सुग्रीवपर कृपा

प्राचीन कालकी बात है, एक बार जगत्स्रष्टा ब्रह्माजी अपनी सभामें बैठे हुए थे। अकस्मात् उनके नेत्रोंसे कुछ अश्रुविन्दु ढुलक पड़े। उसी अश्रुसमूहसे एक वानरकी उत्पत्ति हुई। ब्रह्माजीने उनका नाम ऋक्षरजा (ऋक्षराज) रखकर उन्हें किष्किन्धापुरीमें भेज दिया। यहाँ वे वानर-राज्यपर अभिषिक्त किये गये। पिताके स्वर्गवासी होनेपर इनके ज्येष्ठ पुत्र वाली वानराधिपति हुए और सुग्रीव भाईकी सेवामें रहकर राज्य-कार्यमें सहयोग देते रहे।

एक बार ऐसी घटना घटी कि मयकुमार मायावीने अर्धरात्रिके समय किष्किन्धापुरीके राजद्वारपर आकर वालीको युद्धके लिये ललकारा। बलशाली वाली शत्रुकी ललकारको न सहकर उसी समय अकेले ही उसे मारनेके लिये निकल पड़े। भ्रातृ-स्नेहवश सुग्रीव भी उनके पीछे-पीछे गये। कुछ दूर जाकर वह राक्षस एक गुफामें घुस गया। वालीने सुग्रीवको पंद्रह दिनोंतक प्रतीक्षा करनेके लिये कहकर उस गुफामें भी राक्षसका पीछा किया। सुग्रीव एक मासतक अपने ज्येष्ठ भ्राताकी प्रतीक्षा करते रहे। जब उस गुफासे रुधिरकी धारा निकली, तब उन्होंने समझा कि उस राक्षसने भाईको तो मार ही डाला, अब आकर मुझे भी मार डालेगा; अतः गुफा-द्वारपर एक बहुत बड़ी शिला रखकर वे

किष्किन्धापुरी लौट आये। मन्त्रियोंने नगरको राजारहित देखकर राज्य-पदपर सुग्रीवका अभिषेक कर दिया। तत्पश्चात् वाली उस राक्षसका वध करके अपनी राजधानीमें आये तो सुग्रीवको सिंहासनासीन देखकर उनके मनमें दुर्भावना उत्पन्न हो गयी। उन्होंने सुग्रीवका धन, स्त्री आदि सर्वस्व छीनकर उन्हें राज्यसे निकाल दिया। सुग्रीव वालीके भयसे भागकर अपने चार मन्त्रियोंसहित ऋष्यमूक-पर्वतपर रहने लगे; क्योंकि वहाँ मतङ्ग ऋषिके शापवश वालीके आनेकी सम्भावना न थी।

भगवान् श्रीराम लक्ष्मणसहित विदेहकुमारीको खोजते हुए शबरीके कथनानुसार पम्पासरोवरकी ओर बढ़ते जा रहे थे। संयोगवश सुग्रीवकी दृष्टि उन दोनों रघुवंशी वीरोंपर पड़ी। फिर तो वे भयसे उद्विग्न हो उठे और हनुमान्‌जीको बुलाकर कहने लगे—'मन्त्रिप्रवर! तुम शीघ्र ही वहाँ जाकर पता लगाओ कि ये दोनों वीर पुरुष कौन हैं? ये मुझे मारनेके लिये वालीके भेजे हुए तो नहीं आ रहे हैं?' हनुमान्‌जी श्रीरघुनाथजीके समीप पहुँचे। कुछ देर वार्तालापके पश्चात् परस्पर परिचय स्थापित हुआ। तब हनुमान्‌जी दोनों वीर बन्धुओंको अपने दोनों कंधोंपर बैठाकर सुग्रीवके पास ले गये। अग्निके साक्ष्यमें श्रीराम और सुग्रीवकी मित्रताका गँठबन्धन हुआ तथा दोनों मित्रोंने एक-दूसरेके दुःख-निवारणकी प्रतिज्ञा की। सुग्रीवने अपना सारा दुःख भगवान् श्रीरामसे कह सुनाया। सुनते ही कृपासिन्धु श्रीरघुनाथजीकी विशाल भुजाएँ फड़क उठीं, उन्होंने कहा—

सुनु सुग्रीव मारिहउँ बालिहि एकहिं बान।
ब्रह्म रुद्र सरनागत गएँ न उबरिहिं प्रान॥

(मानस ४। ६)

सुग्रीवके मनमें भगवान् श्रीरामके कथनपर विश्वास नहीं जम रहा था, अतः उन्होंने परीक्षाके लिये दुंदुभि राक्षसका अस्थिसमूह दिखलाया, जिसे श्रीरामजीने पैरके अँगूठेसे ही गिरा दिया। फिर सात ताड़ वृक्षोंको एक ही बाणसे बींधकर धराशायी कर दिया। यह देखकर सुग्रीवके मनमें विश्वास हो गया कि वे अवश्य, वालीका वध करेंगे। तदनन्तर करुणासिन्धु श्रीरघुनाथजी सुग्रीवको साथ लेकर किष्किन्धापुरीमें आये और उसे वालीके पास युद्धके लिये भेजा। सुग्रीवकी गरजना सुनकर वाली क्रुद्ध हो दौड़े। उन्होंने अपनी पत्नी ताराके समझानेपर भी कुछ ध्यान नहीं दिया। दोनोंमें मल्लयुद्ध प्रारम्भ हुआ। सुग्रीव विकल होकर भाग खड़े हुए। भगवान् श्रीरामके हृदयमें दया उमड़ आयी। उन्होंने पहचानके लिये सुग्रीवके गलेमें पुष्पोंकी माला डालकर पुनः युद्धके लिये भेजा। युद्ध करते-करते जब सुग्रीव शिथिल पड़ने लगे, तब श्रीरामजीने वालीकी छातीको लक्ष्य करके बाण छोड़ दिया। उसके लगते ही वाली व्याकुल होकर पृथ्वीपर गिर पड़े और उनके प्राणपखेरू उड़ गये।

वालीकी अन्त्येष्टि-क्रियाके पश्चात् कृपासिन्धु श्रीरघुनाथजीने सुग्रीवको राज्य और वालि-पुत्र अङ्गदको युवराज-पद प्रदान किया। तबतक वर्षा ऋतु आ गयी, इसलिये भगवान् श्रीराम लक्ष्मणके साथ प्रवर्षणगिरिपर ही ठहर गये। शरद्-ऋतु आनेपर सुग्रीवने समस्त वानर-यूथपतियोंको आमन्त्रित किया। वे सभी अपनी-अपनी सेनाके साथ उपस्थित हुए। उन्हें चार भागोंमें विभक्त करके चारों दिशाओंमें सीताजीकी खोजके लिये भेजा गया। दक्षिण दिशाके दलमें हनुमान्‌जी थे, उन्होंने समुद्र-पार लंकामें जाकर सीताजीका पता लगाया। समाचार पाकर सुग्रीव अपनी असंख्य वानरी सेनाके साथ लंकापर चढ़ाई करनेके लिये प्रस्थित हुए। मार्गमें वानरोंकी सहायतासे नल-नीलने समुद्रपर पुल बनाया, जिससे सेना उस पार पहुँची। वहाँ असुरोंके साथ युद्धमें सुग्रीवने अनिर्वचनीय पुरुषार्थ दिखलाया।

लंकाविजयके पश्चात् श्रीरघुनाथजी वानरराज सुग्रीवपर कृपा करके उन्हें अपने साथ अयोध्या लाये। नगर-यात्राके समय सभी वानर मानव-रूप धारण किये हुए थे। उस समय भगवान् श्रीरामकी कृपासे महातेजस्वी वानरराज सुग्रीव शत्रुंजय नामक पर्वताकार गजराजपर आरूढ़ थे—

ततः शत्रुंजयं नाम कुञ्जरं पर्वतोपमम्।
आरुरोह महातेजाः सुग्रीवः प्लवगर्षभः॥

(वा० रा० ६। १२८। ३१)

सबके निवासस्थानकी व्यवस्था करते समय श्रीराघवेन्द्रने वानरराज सुग्रीवपर विशेष कृपा प्रदर्शित करते हुए उन्हें अपने महलमें ठहरानेके लिये भरतजीसे कहा—

तच्च मद्भवनं श्रेष्ठं साशोकवनिकं महत्।
मुक्तावैदूर्यसंकीर्णं सुग्रीवाय निवेदय॥

(वा० रा० ६। १२८। ४५)

'भरत ! मेरा जो अशोकवाटिकासे घिरा हुआ मुक्ता एवं वैदूर्यमणियोंसे जटित विशाल भवन है, वह सुग्रीवको दे दो।'

राज्याभिषेकके लिये तुरंत समुद्र-जलकी आवश्यकता थी। भरतजीने सुग्रीवको सूचित किया। सुग्रीवने चार यूथपतियोंको प्रातःकाल ही समुद्र-जलसे भरे हुए चार घड़े लेकर उपस्थित होनेकी आज्ञा दी। इस प्रकार असम्भव कार्य सम्भव हुआ। श्रीराम-कृपासे राज्याभिषेकके अवसरपर वानरेन्द्र सुग्रीवको हाथमें श्वेत चँवर लेकर भगवान्‌की सेवा करनेका अवसर प्राप्त हुआ। पुरस्कार-वितरणके समय प्रभुने अपने सखा सुग्रीवपर विशेष कृपा की और उन्हें प्रथम पुरस्कार दिया—

अर्करश्मिप्रतीकाशां काञ्चनीं मणिविग्रहाम्॥
सुग्रीवाय स्रजं दिव्यां प्रायच्छन्मनुजाधिपः।
(वा० रा० ६। १२८। ७५-७६)

'राजा श्रीरामने अपने मित्र सुग्रीवको सोनेकी एक दिव्य माला भेंट की, जो सूर्यकी किरणोंके समान प्रकाशित हो रही थी। उसमें बहुत-सी मणियोंका संयोग था।'

इस प्रकार वानरश्रेष्ठ सुग्रीव श्रीरामके राज्याभिषेकका उत्सव देखकर कृपानिधान श्रीरामकी कृपासे विभूषित हो किष्किन्धापुरी लौट आये।

(१२)

राक्षसराज विभीषणपर कृपा

विभीषण महर्षि विश्रवाद्वारा कैकसीके गर्भसे उत्पन्न हुए राक्षसराज रावणके छोटे भाई थे। ये बचपनसे ही धर्मात्मा थे, सदा धर्ममें ही स्थित रहते, स्वाध्याय करते और नियमित आहार करते हुए इन्द्रियोंको स्वाधीन रखते थे। इन्होंने पाँच हजार वर्षोंतक सदाचारका पालन करते हुए एक पैरसे खड़ा रहकर घोर तपस्या की। फिर अपनी दोनों बाँहें और मस्तक ऊपर उठाकर स्वाध्यायपरायण हो पाँच सहस्र वर्षोंतक सूर्यदेवकी आराधना की। इनकी तपस्यासे प्रसन्न होकर ब्रह्माजी प्रकट हुए और इन्हें वर माँगनेके लिये कहा। तब विभीषणने कहा—'भगवन्! बड़ी-से-बड़ी आपत्ति पड़नेपर भी मेरी बुद्धि धर्मसे विचलित न हो और बिना सीखे ही मुझे ब्रह्मास्त्रका ज्ञान हो जाय। जिस-जिस आश्रमके विषयमें मेरा जो-जो विचार हो, वह धर्मके अनुकूल हो और उस-उस धर्मका मैं पालन करूँ।' ब्रह्माजीने विभीषणकी अभिलाषा-पूर्ति तो की ही, साथ ही इन्हें अमरत्व भी प्रदान किया। तपस्यासे विरत होकर ये अपने ज्येष्ठ भ्राता राक्षसराज रावणके पास लंकामें रहने लगे। रावणने एक राक्षस-कन्या सरमाके साथ इनका विवाह कर दिया। ये भगवद्भजन करते हुए सुखपूर्वक जीवनयापन करने लगे।

नीति-निपुण विभीषण रावणकी सभाके प्रधान सभासद् थे। ये समय-समयपर रावणके अन्यायका प्रतिरोध करते और उसे उचित परामर्श देते थे। रावण बहुसंख्यक देवताओं और नागोंकी कन्याओंका अपहरण करके लंकामें लाया, तब विभीषणने उसे उनपर बलात्कार न करनेके लिये समझाया था। धर्मात्मा विभीषण भगवान् श्रीरामके भक्त थे। इनके महलमें भगवान्‌का एक मन्दिर भी था, जिसकी दीवालोंपर रामास्त्रोंकी चित्रकारी की गयी थी। उनके यहाँ नये-नये तुलसीवृक्षोंका उपवन था। विदेहनन्दिनीका अन्वेषण करते हुए हनुमान्‌जीकी दृष्टि जब इस मन्दिरपर पड़ी तो उन्हें विश्वास हो गया कि यहाँ कोई संत रहता है। उसी समय श्रीराम-भक्त विभीषण 'राम-राम' जपते हुए जाग पड़े। तब हनुमान्‌जी उनके निकट गये। दोनोंमें परस्पर परिचय हुआ। हनुमान्‌जीके पूछनेपर विभीषणने ही सीताजीका पता बतलाया था।

जब मेघनादने हनुमान्‌जीको ब्रह्मास्त्रसे बाँधकर राक्षस-सम्राट् रावणके सामने उपस्थित किया, तब उसने राक्षसोंसे हनुमान्‌जीको मार डालनेके लिये कहा। उस समय भी न्यायकुशल विभीषणने रावणको ऐसा करनेसे रोकते हुए कहा—'राक्षसराज! दूतका वध करना नीति-विरुद्ध है, अतः कोई अन्य दण्ड दिया जाना चाहिये।'

लंका-दहनके पश्चात् राजसभामें धर्मपरायण विभीषण जनकनन्दिनीको लौटा देनेके लिये रावणको समझा रहे थे। उसे सुनकर अन्यायी रावण क्रुद्ध हो उठा और उसने विभीषणको लात मारकर राज्यसे बहिष्कृत कर दिया। यह बहिष्कार विभीषणके लिये स्वर्ण-अवसर सिद्ध हुआ। उसी समय उनपर भगवत्कृपा मानो बरस पड़ी, जिसने विभीषणको श्रीराम-पादारविन्दकी ओर आकृष्ट कर दिया। विभीषण अपने चार मन्त्रियोंके साथ उमंगसे उल्लसित होकर प्रभुचरण-दर्शनके लिये चल पड़े—

जिन्ह पायन्ह के पादुकन्हि भरतु रहे मन लाइ।
ते पद आजु बिलोकिहउँ इन्ह नयनन्हि अब जाइ॥
(मानस ५। ४२)

इस प्रकार हर्षोल्लाससे भरे हुए विभीषण समुद्रके इस पार आये और उन्होंने आकाशस्थित होकर वानरराज सुग्रीवको सम्बोधित करके अपना परिचय दिया। वानराधिपति सुग्रीवने श्रीराघवेन्द्रको इसकी सूचना दी। भगवान् श्रीरामने सुग्रीवसहित सभी प्रधान यूथपतियोंसे विभीषणको स्वीकार करनेके विषयमें परामर्श किया। सभीने राजनीतिके अनुसार विभीषणको कैद कर लेना अथवा मार डालना ही उचित बतलाया। तब करुणामूर्ति श्रीरघुनाथजीकी अहैतुकी कृपा विभीषणपर प्रस्फुटित हो गयी। उन्होंने सखा सुग्रीवको समझाते हुए कहा—'मित्र ! तुमने नीति तो बहुत अच्छी बतलायी, परंतु मेरा प्रण तो है—भक्तोंका भय दूर करना—

सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते।
अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद् व्रतं मम ॥
आनयैनं हरिश्रेष्ठ दत्तमस्याभयं मया।
विभीषणो वा सुग्रीव यदि वा रावणः स्वयम् ॥

(वा० रा० ६ । १८ । ३३-३४)

"कपिश्रेष्ठ सुग्रीव ! जो एक बार भी शरणमें आकर 'मैं तुम्हारा हूँ'—ऐसा कहकर मुझसे रक्षाकी याचना करता है, उसे मैं समस्त प्राणियोंसे अभय कर देता हूँ। यह मेरा सदाके लिये व्रत है। अतः वह विभीषण हो या स्वयं रावण आ गया हो, तुम उसे ले आओ। मैंने उसे अभय-दान दे दिया।"

तब भक्तराज विभीषण पृथ्वीपर उतरे और वानर उन्हें आदरसहित आगे करके करुणानिधान श्रीरघुनाथजीके पास चले। शोभाधाम श्रीरामके सौन्दर्यको देखकर विभीषण उन्हें एकटक देखते ही रह गये। उनके नेत्रोंमें प्रेमाश्रु छलक आये और शरीर रोमाञ्चित हो गया। फिर मनमें धैर्य धारणकर अपना परिचय देते हुए बोले—

श्रवन सुजसु सुनि आयउँ प्रभु भंजन भव भीर।
त्राहि त्राहि आरति हरन सरन सुखद रघुबीर ॥

(मानस ५ । ४५)

ऐसा कहते हुए विभीषण दण्डकी भाँति धरतीपर लेट गये, तब करुणावरुणालय श्रीरामजीने उन्हें अपनी विशाल भुजाओंसे उठाकर हृदयसे लगा लिया और फिर निकट बैठाकर कुशल पूछी। विभीषणने अपना सारा प्रसङ्ग कह सुनाया। तब कृपासिन्धु प्रभुने उन्हें हृदयसे लगा लिया और प्रसन्न होकर लक्ष्मणसे कहा—

.............................समुद्राज्जलमानय ॥
तेन चेमं महाप्राज्ञमभिषिञ्च विभीषणम्।
राजानं रक्षसां क्षिप्रं प्रसन्ने मयि मानद ॥

(वा० रा० ६ । १९ । २४-२५)

'दूसरोंको मान देनेवाले सुमित्रानन्दन ! तुम समुद्रसे जल ले आओ और उसके द्वारा परम बुद्धिमान् राक्षसराज विभीषणका लंकाके राज्यपर शीघ्र ही अभिषेक कर दो। मेरे प्रसन्न होनेपर उन्हें यह लाभ मिलना ही चाहिये।'

तदनन्तर विभीषणने लंका-दुर्गका सारा भेद श्रीरघुनाथजीको बतलाया। वानरी सेना नल-नील-निर्मित सेतुद्वारा समुद्र पार करके सुवेल पर्वतपर जा टिकी। असुरोंके साथ युद्ध छिड़ा। विभीषण अपनी सूक्ष्म बुद्धिद्वारा समय-समयपर उचित परामर्श देते रहे। जिस समय युद्ध-सजासे सुसज्जित विशाल रथपर आरूढ़ हो रावण संग्राम-भूमिमें आया, उस समय श्रीराघवेन्द्रको देखकर विभीषणका हृदय काँप उठा—एक ओर प्रचण्ड पराक्रमी विश्वविजयी रावण-जैसा शत्रु और उधर श्रीराम रथहीन, शरीरपर कवच भी नहीं और पैर भी पदत्राणरहित। वे अकुलाकर बोल उठे—

नाथ न रथ नहिं तन पद त्राना। केहि बिधि जितब बीर बलवाना॥

(मानस ६ । ७९ । २)

तब कृपानिधान प्रभुने विभीषणपर कृपा करके उन्हें आध्यात्मिक रथका स्वरूप बतलाया और कहा—

महा अजय संसार रिपु जीति सकइ सो बीर।
जाकें अस रथ होइ दृढ़ सुनहु सखा मतिधीर ॥

(मानस ६ । ८० क)

'मेरे धीर बुद्धिवाले मित्र ! सुनो, जिसके पास ऐसा दृढ़ रथ हो, वह वीर संसाररूप महान् दुर्जय शत्रुको भी जीत सकता है। (जिसके समक्ष रावणकी कोई गणना ही नहीं है।)'

करुणासागर श्रीराम अपने भक्तोंकी विपत्ति भी स्वयं झेलनेको तैयार हो जाते हैं। युद्धस्थलमें जब विभीषण रावण-के सम्मुख लोहा ले रहे थे, तब रावणने उनका काम तमाम कर देनेके लिये उनपर भयंकर शक्तिसे वार किया। कृपा-निधान प्रभुकी दृष्टि उसपर पड़ गयी। उन्होंने विभीषणपर कृपा करके उन्हें पीछे ढकेल दिया और सामने होकर वह शक्ति स्वयं झेल ली—

तुरत बिभीषन पाछें मेला। सनमुख राम सहेउ सोइ सेला

(मानस ६ । ९३ ।

इसलिये केवल श्रीरघुनाथजी अनुकूलपर ही कृपा करते हों, ऐसी बात नहीं है; प्रतिकूल में उनकी वैसी ही कृपा होती है। संग्राममें रावण-जैसा उत्कट शत्रु मारा गया। भ्रातृवधसे दुःखी होकर विभीषण विलाप करने लगे। प्रभुने उन्हें सान्त्वना दी और उनसे रावणके प्रति कृपापूर्वक वाणी बोले—

> मरणान्तानि वैराणि निवृत्तं नः प्रयोजनम्।
> क्रियतामस्य संस्कारो ममाप्येष यथा तव॥
> (अ० रा० ६। १२। ३३)

'विभीषण! वैर जीवनकालतक ही रहता है। मरनेके बाद उसका अन्त हो जाता है। अब हमारा प्रयोजन सिद्ध हो चुका है; अतः तुम इसका संस्कार करो। इस समय यह जैसे तुम्हारे स्नेहका पात्र है, उसी प्रकार मेरा भी स्नेह-भाजन है।'

इस प्रकार करुणा-मूर्ति भगवान् श्रीरामने रावणका अन्त्येष्टि-संस्कार कराया। तत्पश्चात् कृपानिधान प्रभुने (लक्ष्मणद्वारा) विभीषणको राज्य-सिंहासनपर अभिषिक्त कर दिया। अवधपुरीको लौटते समय कृपालु प्रभु विभीषणको भी साथ ले आये। वहाँ नगरप्रवेश तथा राज्याभिषेकके अवसरपर करुणासागर श्रीरामके दर्शन करनेका सौभाग्य विभीषणको भी प्राप्त हुआ। अन्तमें विदाईके समय करुणावरुणालय श्रीरघुनाथजीने विभीषणको अपने परमधाममें निवासकी भी अनुमति दे दी—

> करेहु कल्प भरि राजु तुम्ह मोहि सुमिरेहु मन माहिं।
> पुनि मम धाम पाइहहु जहाँ संत सब जाहिं॥
> (मानस ६। ११६ क)

कृपासिन्धु श्रीरघुनाथजीकी कृपा सदा-सर्वदा सर्वत्र समस्त प्राणियोंपर होती रहती है। जिसका हृदय श्रीराम-भक्तिके प्रतापसे जितनी मात्रामें शुद्ध होता है, उसी अनुपात-से उसे भगवत्कृपाकी अनुभूति होती है। अतः मानवको भक्तिदेवीका आश्रय ग्रहण करना चाहिये।

(१३)

स्वजनोंपर कृपा

भक्तवत्सल भगवान् श्रीराम धर्मपूर्वक अयोध्याके राज्यका शासन कर रहे थे। कुछ समय व्यतीत होनेपर काल तपस्वीके वेषमें राजद्वारपर आया। वहाँ उसने धैर्यशाली एवं यशस्वी लक्ष्मणको देखकर कहा—'महाबली लक्ष्मण! मैं अमित तेजस्वी महर्षि अतिबलका दूत हूँ और एक आवश्यक कार्यवश श्रीरामचन्द्रजीसे मिलना चाहता हूँ। तुम महाराजको मेरे आगमनकी सूचना दे दो।' उनकी बात सुनकर लक्ष्मण-जीने शीघ्रतापूर्वक भीतर जाकर श्रीरघुनाथजीसे उन तपोधनके आनेकी सूचना दी। तब श्रीराघवेन्द्रने कहा—'भैया! उन मुनिराजको तुरंत ही सत्कारपूर्वक अंदर ले आओ।' आज्ञा पाकर सुमित्राकुमार उन तेजस्वी मुनिको भीतर ले गये। अपनी कान्तिसे उद्दीप्त रघुकुलतिलक श्रीरामके पास पहुँचकर ऋषिने उनसे अत्यन्त मधुर वाणीमें कहा—'रघुनन्दन! आपका अभ्युदय हो।' श्रीरघुनाथजीने मुनि की विधिपूर्वक पूजा की। जब वे शान्तभावसे आसनपर विराजमान हो गये, तब भगवान् श्रीरामने कुशल-समाचार पूछते हुए कहा—'मुने! आप जिस कार्यके निमित्त यहाँ पधारे हैं, वह मुझसे कहिये।' भगवान् श्रीरामके वाक्यसे प्रेरित होकर मुनिने कहा—'प्रभो! वह बात किसी अन्यको प्रकट न करते हुए हम दोनोंके बीच ही कही जा सकती है। उसे न तो कोई सुने और न वह किसीसे कही जाय। यदि उसे कोई सुने अथवा देखे तो वह आपका वध्य होगा।'

तब रघुवंशभूषण श्रीरामने लक्ष्मणसे कहा—'सुमित्रानन्दन! तुम द्वारपर खड़ा रहकर पहरा दो, यहाँ कोई आने न पाये। यदि यहाँ कोई भी आया तो निस्संदेह वह मेरे हाथों मारा जायगा।' फिर वे समागत महर्षिसे बोले—'मुने! आपको जिसने भेजा है और आपके मनमें जो बात है, वह सब मुझसे कहिये। मेरे हृदयमें भी उसे सुननेकी उत्कण्ठा है।' फिर तो महर्षिने कहना प्रारम्भ किया—"रघुनन्दन! लोकनाथ भगवान् ब्रह्माने कहा है—'सौम्य! आपका कल्याण हो। आपने लोकोंकी रक्षाके लिये जो प्रतिज्ञा की थी, वह पूरी हो गयी। [illegible] आपका परमधाममें पधारनेका विचार हो तो [illegible] आपके स्व[illegible]ष्ठित होनेपर सम्पूर्ण [illegible] एवं निश्चिन्त [illegible]।'" कालके [illegible] कहा— [illegible]खसे [illegible] भ[illegible] मैं [illegible] ज [illegible] नुसार

राज्यसहित तुम्हारे वंशको अभी भस्म कर डालूँगा ।' इस सर्वनाशसे बचनेके लिये लक्ष्मणजीने भगवान् श्रीरामके पास जाकर सारा वृत्तान्त कह सुनाया । लक्ष्मणजीके वचन सुनकर कृपालु श्रीरामने कालको विदा कर दिया और शीघ्र ही बाहर आकर दुर्वासाजीसे मिले । उन्हें भीतर ले जाकर उनका आतिथ्य किया तथा अत्यन्त स्वादिष्ट भोजन कराया । मुनिवर दुर्वासा तृप्त होकर अपने आश्रमको चले गये ।

महर्षि दुर्वासाके चले जानेपर भावी भ्रातृवियोगके दृश्य-को दृष्टिपथमें लानेवाले कालके उस वचनपर विचार करके कृपानिधान श्रीरामके मनमें महान् दुःख हुआ । महर्षि वसिष्ठके समझानेपर भ्रातृवत्सल श्रीरामने लक्ष्मणसे कहा—'सुमित्रानन्दन ! मैं तुम्हारा परित्याग करता हूँ, जिससे धर्म-का लोप न हो ।' यह सुनकर लक्ष्मणजी सरयू-तटपर आये और अपने शरीरके साथ ही सबकी दृष्टिसे ओझल हो गये ।

लक्ष्मणजीका परित्याग करके करुणासागर श्रीराम दुःख-शोकमें निमग्न हो गये । उन्होंने स्वधाम पधारनेका निश्चय किया । वे भरतजीको अयोध्याके राज्यपर अभिषिक्त करना चाहते थे, परंतु भरतजी भी सहगमनके लिये ही उतारू थे । पुनः शत्रुघ्नजीको भी सूचना भेजी गयी । वे भी अपने पुत्रोंको राज्य देकर सहगमनके लिये आ गये । इसी बीच इच्छानुसार रूप धारण करनेवाले वानर, रीछ और राक्षसोंके समुदाय भी बहुत बड़ी संख्यामें वहाँ आ पहुँचे । वे सभी भगवान् श्रीरामको प्रणाम करके बोले—'प्रभो ! हमलोग भी आपके साथ चलनेका निश्चय लेकर यहाँ आये हैं ।' सुग्रीवने तो पृथक् रूपसे उनके समक्ष अपनी प्रार्थना प्रस्तुत की । मित्रवत्सल भगवान् श्रीरामने सुग्रीवपर कृपाकी वर्षा करते हुए कहा—

सखे शृणुष्व सुग्रीव न त्वयाहं विनाकृतः ।
गच्छेयं देवलोकं वा परमं वा पदं महत् ॥
(वा० रा० ७ । १०८ । २५)

'सखा सुग्रीव ! मेरी बात सुनो । मैं तुम्हारे विना देवलोकमें और महान् परमपद या परम धाममें भी नहीं जा सकता ।' धन्य मित्र-वत्सलता !

तदनन्तर कृपासिन्धु श्रीरामने राक्षसराज विभीषणपर कृपा करके कहा—'महापराक्रमी राक्षसराज विभीषण ! मैं तुम्हें अपनी शपथ कराता हूँ, जबतक पृथ्वी प्रजाको धारण करे, तबतक तुम मेरे कहनेसे राक्षस-राज्यपर शासन करो ।'

धरिष्यति धरा यावत्प्रजास्तावत्प्रशाधि मे ।
वचनाद्राक्षसं राज्यं शापितोऽसि ममोपरि ॥
(अ० रा० ७ । ९ । ३३)

पुनः दयासागर श्रीराम हनुमान्जीको भी सह-गमनसे रोकते हुए बोले—

मारुते त्वं चिरंजीव ममाज्ञां मा मृषा कृथाः ।
(अ० रा० ७ । ९ । ३५)

'मारुते ! तुम चिरकालतक जीवित रहो, मेरी आज्ञाको मिथ्या मत करो ।'

इसी प्रकार दयानिधान भगवान् श्रीरामने जाम्बवान्, मैन्द और द्विविद—इन तीनोंको भी द्वापरके अन्ततक रहनेकी आज्ञा देकर सहगमनसे रोक दिया । शेष सभी रीछ-वानरों और राक्षसोंको साथ चलनेकी अनुमति दे दी ।

तदनन्तर प्रातःकाल करोड़ों चन्द्रमाओंके समान कान्तिमान् भगवान् श्रीराम महाप्रयाणमें चित्त लगाये नगरसे बाहर निकले । उस समय अयोध्यामें जितने स्थावर-जङ्गम जीव थे, वे सभी संसारसे विरक्त होकर अनन्तशक्ति परमात्मा श्रीरामके साथ चले । भगवान् श्रीराम जन-समुदायसहित सरयू-तटपर पहुँचे । उस समय देवताओंके विमान आकाशमें मँडराने लगे । तब ब्रह्माजीने निवेदन किया—'परमात्मन् ! आप अपने विष्णु-शरीरमें अथवा जिसमें आपकी इच्छा हो, प्रवेश करके देव-समुदायको सनाथ कीजिये ।' पितामहकी प्रार्थना सुनकर श्रीरघुनाथजीने भाइयोंके साथ सशरीर अपने वैष्णव तेजमें प्रवेश किया ।

स्वजनोंको अपने साथ चलनेके लिये लालायित देखकर कृपासिन्धु श्रीरामकी कृपा उच्छ्वलित हो उठी । उन्होंने ब्रह्मासे कहा—

एषां लोकं जनौघानां दातुमर्हसि सुव्रत ॥
इमे हि सर्वे स्नेहान्मामनुयाता यशस्विनः ।
भक्ता हि भजितव्याश्च त्यक्तात्मानश्च मत्कृते ॥
(वा० रा० ७ । ११० । १६-१७)

'सुव्रत ! इस सम्पूर्ण जनसमुदायको भी आप उत्तम लोक प्रदान करें । ये सब लोग स्नेहवश मेरे पीछे आये हैं । ये सभी यशस्वी और मेरे भक्त हैं । इन्होंने मेरे लिये अपने लौकिक सुखोंका परित्याग कर दिया है, अतः ये सर्वथा मेरे अनुग्रहके पात्र हैं ।'

भगवान् श्रीरामका यह वचन सुनकर ब्रह्माजी बोले—'भगवन् ! यहाँ आये हुए ये सब लोग 'संतानक' नामक लोकोंमें जायँगे । यहाँतक कि पशु-पक्षियोंकी योनिमें पड़े हुए जीवोंमेंसे भी जो कोई आपका चिन्तन करता हुआ प्राण-परित्याग करेगा, वह संतानक-लोकोंमें ही निवास करेगा ।'

इस प्रकार कृपानिधान भगवान् श्रीरामकी कृपासे अयोध्यापुरीके तिर्यग्योनिगत जीव भी संतानक-लोकके वासी हो गये । धन्य है कृपालुकी कृपावत्सलता ! (रा० शुक्ल)

रघुबर ! रावरि यहै बड़ाई

रघुबर ! रावरि यहै बड़ाई ।
निदरि गनी आदर गरीबपर करत कृपा अधिकाई ॥
थके देव साधन करि सब, सपनेहुँ नहिं देत दिखाई ।
केवट कुटिल भालु कपि कौनप, कियौ सकल सँग भाई ॥
मिलि मुनिबृंद फिरत दंडक बन, सो चरचौ न चलाई ।
बारहि बार गीध सबरीकी बरनत प्रीति सुहाई ॥
स्वान कहे तें कियो पुर बाहिर, जती गयंद चढ़ाई ।
तिय-निंदक मतिमंद प्रजारज निज नय नगर बसाई ॥
यहि दरबार दीनको आदर रीति सदा चलि आई ।
दीन-दयालु दीन तुलसीकी काहु न सुरति कराई ॥
(विनयप०१६५)

करनी करुना-सिंधुकी, मुख कहत न आवै

करनी करुना-सिंधुकी, मुख कहत न आवै ।
कपट हेतु परसैं बकी, जननी गति पावै ॥
बेद-उपनिषद जासु कौं, निरगुनहिं बतावै ।
सोइ सगुन ह्वै नंदकी दाँवरी बँधावै ॥
उग्रसेनकी आपदा सुनि-सुनि बिलखावै ।
कंस मारि, राजा करै, आपहु सिर नावै ॥
जरासंध बंदी कटैं नृप-कुल जस गावै ।
असय-तन गौतम-तिया कौ साप नसावै ॥
लच्छा-गृह तैं काढ़ि कैं पांडव गृह ल्यावै ।
जस गैया बच्छ कैं सुमिरत उठि धावै ॥
बरुन-पास तैं ब्रजपतिहिं छन माहिं छुड़ावै ।
दुखित गयंदहिं जानिकै आपुन उठि धावै ॥
कलि मैं नामा प्रगट ताकि छानि छवावै ।
सूरदास की बीनती कोउ लै पहुँचावै ॥
(सूरसागर ४)

भगवान् श्रीकृष्णका कृपाविलास*

(लेखक—श्रीहरिकृष्णजी दुजारी)

(१)

पूतना-मोक्ष

रत्नमाला दैत्यराज बलिकी पुत्री थी। यज्ञ-मण्डपमें भगवान् वामनकी अद्भुत शोभा निरखकर उसका मातृभाव जाग उठा, अन्तस्की ममता पुकार उठी—'हे देव! यह सौन्दर्यनिकेतन मेरे वक्षःस्थलपर क्रीड़ा करता तो मैं इसे स्तन-पान कराकर निहाल हो जाती।' वात्सल्यसे उसका हृदय भर आया। अन्तर्यामी भगवान् वामनने तत्काल उसकी मनोऽभिलाषा समझ ली और मन-ही-मन उसकी इस मङ्गलमयी इच्छाको पूर्ण करनेका संकल्प भी कर लिया। बादमें उन्हें पिताके साथ छल करते देखकर रत्नमाला अपना मनोरथ भूल गयी तथा कुपित होकर भगवान् वामनके प्राणतक लेनेपर उतारू हो गयी; किंतु कृपानिधि अपनी स्वीकृति कैसे भूल सकते थे? उस अभिलाषाकी पूर्ति कुछ अन्य प्रयोजन होनेके कारण उस अवतार-कालमें सम्भव न थी।

द्वापरमें रत्नमाला पूतना नामक मायाविनी राक्षसीके रूपमें उत्पन्न हुई और वह कंसकी राजसभाकी सदस्या बनी। वह अनेक प्रकारकी माया जानती थी। गगनमें विचरण करना और स्वेच्छानुसार रूप परिवर्तित करना आदि तो उसके लिये सामान्य कार्य थे।

आकाशचारिणी अष्टभुजा देवीने कंसको सावधान किया था कि उसका वध करनेवाला व्रजभूमिमें अवतरित हो चुका है, अतः कंसने अपने अनुचरोंको आज्ञा दी कि व्रजभूमिमें जो भी नवजात शिशु मिले, उसका प्राण हरण कर लिया जाय। पूतनाने अकेले ही इस कार्यको पूरा करनेका बीड़ा उठाया, उसकी दृष्टिमें तो यह एक सामान्य कौतुक था। वह गगनमें उड़ चली और व्रज पहुँची। उसने परम सुन्दर षोडशवर्षीया रमणीका रूप बनाया और व्रजकी गलियोंमें घूमती हुई गोपराज नन्दके द्वारपर पहुँच गयी। उस दिन नीलमणिका पालना-झूलन-संस्कार सम्पन्न हो रहा था। घर-बाहरके सभी लोग आनन्दोत्सवमें व्यस्त थे। अप्सरा-सदृश रूपवती पूतनाको देखकर सभी आश्चर्यमें डूब गये। 'अहो! यह सुन्दरी कौन है?' सब कानाफूसी कर रहे थे। पूतनाने मानो मधुमिश्रित स्वरमें अपना परिचय दिया—'मैं मथुरावासिनी ब्राह्मण-पत्नी हूँ और सर्वगुणसम्पन्न नन्दनन्दनको आशीर्वाद देने चली आयी हूँ। मेरे स्तनोंसे अमृतमय दूध झरता है, जो बालक इसे पी लेता है, वह अमर हो जाता है।'

मैया यशोदा, मैया रोहिणी और समस्त गोपियाँ प्रफुल्लित हो उठीं, उस षोडशीकी बात सुनकर। उनका लाला कन्हैया अमर हो जाय, इससे बढ़कर उन लोगोंके लिये और क्या हो सकता था! पालनेमें झूलते यशोदानन्दनकी शोभा अद्भुत थी। वे भी अपनी आँख बंद किये हुए मुनिमनोहारिणी लीला करनेको तैयार हो गये। उधर छद्म-वेशधारिणी उस सुन्दरीने उन्हें अपनी गोदमें उठा लिया। व्रजेन्द्रनन्दन अपनी आँखें बंद ही किये रहे, ऐसा लगता था, जैसे वे पूतनाके पूर्वजन्मकी स्मृति कर रहे हों। यदि वे अपनी आँख खोल देते तो पूतनापर दृष्टिपात होते ही उसकी माया टिक न सकती और मायाके हटते ही लीलाधरकी लीलामें बाधा उपस्थित हो जाती, जिससे पूतना मातृसुखकी अलौकिक कृपासे वञ्चित हो सकती थी।

उस बालघातिनीने अपने विष-युक्त स्तनको नन्दनन्दनके मुखमें दे दिया। अनन्त ब्रह्माण्डोंके संचालक श्रीहरि नेत्र बंद किये बड़े प्रेमसे विषाक्त पय पान करने लगे, जैसे वे अनभिज्ञ ही हों। माता यशोदा, रोहिणी एवं गोप-सुन्दरियाँ आदि लालाकी अमरताकी कल्पना कर प्रसन्न हो उठीं। वह विषधारा सुधानिधिके स्पर्शमात्रसे सुधा बन गयी थी, परंतु इधर पूतना जोरसे चीत्कार कर उठी—'अरे छोड़ दे रे! छोड़ दे।' यशोदानन्दन केवल दूध ही नहीं पी रहे थे, साथ-ही-साथ उस निशाचरीके प्राण भी पीते जा रहे थे। अब तो पूतनाके मर्मस्थान फटने लगे। वह उन्हें अपने स्तनोंसे लटकाये ही अन्तिम हिचकियाँ भरने लगी। उसके सारे अङ्गोंसे स्वेद प्रवाहित होने लगा। आँखोंकी पुतलियाँ उलटने लगीं। उसकी कर्कश कराहसे दिशाएँ गूँज उठीं। बहुतसे प्राणी अचेत हो गये। स्तनके माध्यमसे भगवान्ने उसकी माया एवं प्राणोंका भी पान कर लिया। अब उसका वास्तविक स्वरूप प्रकट हो गया था। उसका गगनस्पर्शी विशाल शरीर पृथ्वीपर गिरते-गिरते कंसके उद्यानतकके बड़े-बड़े विशाल वृक्षोंको भी ले गिरा, लगभग छः कोसके सभी वृक्ष कुचल गये।

* कृपासिन्धु श्रीकृष्णकी ये लीलाएँ श्रीमद्भागवत, ब्रह्मवैवर्तपुराण, गर्ग-संहिता, गोपालचम्पू, महाभारत आदि ग्रन्थोंके आधारपर लिखी गयी हैं।

वह शरीर बड़ा भयंकर था। उसे देखकर ग्वाल, गोप, गोपी—सभी डर गये। सभीके हृदय धड़कने लगे।

इधर बालकृष्ण तो अपनी क्रीड़ामें मग्न थे, जैसे इस घटनासे उनका कोई सम्बन्ध ही न हो। बाल-गोपालने पूतना-पर कोई कृपा की है, इसका तो उन्होंने किसीको भानतक न होने दिया—

ऐसी कवन प्रभु की रीति।
बिरद हेतु पुनीत परिहरि पाँवरनि पर प्रीति॥
गई मारन पूतना कुच कालकूट लगाइ।
मातु की गति दई ताहि कृपालु जादवराइ॥

(विनयप० २१४। १-२)

कैसी अनोखी कृपा है श्रीकृष्णकी! उधर सब गोपियाँ दौड़ीं और उन्होंने यशोदानन्दनको राक्षसीके वक्षःस्थलसे उठा लिया। देखने लगीं, कहीं शिशुको चोट तो नहीं लगी है! मैया यशोदाने अपने लाड़लेको छातीसे चिपका लिया। गोपियाँ और रोहिणी मैया दृष्टि-परिहार-हेतु गायोंकी पूँछ शिशुपर घुमाने लगीं। गोमूत्रसे स्नान कराकर, बालकृष्णके अङ्गोंमें गोबर लगाया गया। कैसा विनोद था प्रभुका! कहीं ऐश्वर्यका प्रदर्शन ही न था। उस स्वस्तिमान् अजन्मा शिशु श्रीकृष्णके लिये भी स्वस्तिवाचन होने लगा, सृष्टिबीजका भी बीजमन्त्रोंसे अलग-अलग अङ्गन्यास एवं बीजन्यास होने लगा। दौड़ते-दौड़ते नन्द बाबा एवं उपनन्द आये, बालकृष्णको सुरक्षित देखकर सभी आनन्दोल्लासमें डूब गये। मैया यशोदाने शिशु श्रीकृष्णको अपना स्तनपान कराया।

उधर पूतनाके शरीरको कुल्हाड़ियोंसे खण्ड-खण्ड करके सैकड़ों चिताएँ रची गयीं और उनपर शरीर-खण्डोंको रखकर एक-एक करके वे सभी प्रज्वलित कर दी गयीं। चिताओंसे अगरुकी सुगन्ध उड़ने लगी। प्रभुने जिसे कृपावश अपनी माता बनाया, उसकी चिताओंसे सुगन्ध उड़े, इसमें आश्चर्य ही क्या है?

(२)

नलकूबर एवं मणिग्रीवका उद्धार

कृष्णस्तु गृहकृत्येषु व्यग्रायां मातरि प्रभुः।
अद्राक्षीदर्जुनौ पूर्वं गुह्यकौ धनदात्मजौ॥

(श्रीमद्भा० १०। ९। २२)

'कन्हैयाको ऊखलमें बाँधनेके पश्चात् नन्दरानी यशोदा तो घरके काम-धंधोंमें उलझ गयीं और ऊखलमें बँधे हुए भगवान् श्यामसुन्दरने उन दोनों अर्जुन-वृक्षोंको मुक्ति देनेकी सोची, जो पहले यक्षराज कुबेरके पुत्र थे।'

× × ×

अखण्ड समाधिमें निरन्तर ध्यानमग्न रहनेवाले मुनियों-द्वारा भी जो परम पुरुष अगम्य हैं, वे ही परमेश्वर उनकी पकड़में आ जाते हैं, जो केवल उन्हींका लक्ष्य लेकर उन्हींकी ओर दौड़ पड़ते हैं। नित्यमुक्त मुक्तिस्वरूप भगवान् प्रेमी भक्तके बन्धनमें बँध जाते हैं। मथानी फोड़कर भागते हुए श्यामसुन्दर मैया यशोदाकी पकड़में आकर मैयाके सामने प्रेमवश भयभीत हो गये। मैयाने उन्हें रस्सीसे बाँधकर रस्सीका दूसरा छोर ऊखलसे बाँध दिया और स्वयं गृह-कार्यमें लग गयी। ऊखलसे बँधे हुए भगवान् श्यामसुन्दर यमलार्जुन वृक्षोंपर कृपा करनेके लिये घुटनोंके बल चल पड़े।

नलकूबर एवं मणिग्रीव यक्षराज कुबेरके पुत्र और भगवान् शंकरके अनुचर थे। यौवन, वैभव और पद—इन तीनोंके कारण वे मदमत्त हो गये थे। मदका नशा केवल संत-कृपा अथवा भगवत्कृपासे ही दूर होता है, अन्यथा यह मनुष्यका नाश करके ही छोड़ता है। नलकूबर और मणिग्रीवको यौवन, वैभव और पदका नशा तो चढ़ा हुआ था ही, ऊपरसे मदिराका नशा भी था। बस, नशेमें चूर हुए दोनों भाई झूमते-फिरते थे। इनके साथ अप्सराओंका भी दल था। अप्सराओंके साथ वे दोनों जलक्रीड़ाके लिये दिगम्बर अवस्थामें मन्दाकिनीकी पुनीत धारामें उतर गये। अप्सराएँ भी विवस्त्रा ही थीं। दैव-योगवश देवर्षि नारद उस मार्गसे आ निकले, उनकी दृष्टि इन लोगोंपर पड़ी। अप्सराओंने तो लज्जित होकर तुरंत वस्त्र धारण कर लिये; परंतु कुबेरपुत्र देवर्षिको देखते हुए भी उसी तरह नग्न एवं उन्मत्त बने रहे। देवर्षि नारदको उनकी इस स्थितिपर बड़ी दया आयी। उन्होंने सोचा—'अहो! ये लोकपाल कुबेरके पुत्र और इनकी ऐसी दुरवस्था!'

जो दुष्ट मदसे अंधे हो रहे हों, उनकी आँखोंमें ज्योति डालनेके लिये दरिद्रता ही सबसे बड़ा अञ्जन है; क्योंकि दरिद्र यह देख सकता है कि दूसरे प्राणी भी मेरे-जैसे ही हैं। अतः दरिद्रमें घमंड नहीं होता। देवर्षि उन दोनों कुबेर-पुत्रोंपर (कृपापूर्वक) कुपित हो गये। उन्होंने कहा—'हे कुबेर-पुत्रो! तुम दोनों अपनी इस जडताके अनुरूप

ही जड-योनि ग्रहण करो—वृक्ष बनकर जन्म धारण करो, परंतु वृक्षयोनि प्राप्त होनेपर भी तुमलोगोंको भगवत्स्मृति बनी रहेगी; कालान्तरमें तुम्हें भगवान् श्रीकृष्णकी संनिधि प्राप्त होगी और उनकी कृपासे तुम दोनों पुनः देव-योनि प्राप्त करोगे।' यह कहकर देवर्षि बदरिकाश्रमकी ओर चले गये। ये ही दोनों यक्ष व्रजभूमिमें यमलार्जुन नामक वृक्ष बने।

नन्द-प्राङ्गणमें खड़े-खड़े वे वर्षोंसे गोलोकविहारी भगवान् श्रीश्यामसुन्दरकी प्रतीक्षा कर रहे थे। दोनों वृक्ष प्रचण्ड झंझावात, ग्रीष्मकी तेज धूप, वर्षाकी झड़ी और शिशिरके हिमको सहनकर अपना सम्पूर्ण अहंकार खो बैठे थे। इनका सम्पूर्ण अहं (मद) धुल गया था। केवल भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रकी अहैतुकी कृपाकी प्रतीक्षामें थे वे दोनों।

ऊखलसे बँधे भगवान् श्यामसुन्दर उन दोनों वृक्षोंके अतीतकी स्मृति करते हैं। सारी घटनाएँ उनके समक्ष आ जाती हैं। तदनुसार उन्हें अपने प्यारे भक्त देवर्षि नारदकी वाणी सत्य करनी है। इधर गोप-शिशु नाना प्रकारकी युक्तियोंद्वारा अपने प्यारे सखाको बन्धनमुक्त करनेकी चेष्टामें लगे हैं। अन्तमें कन्हैयाको बन्धन-मुक्तिकी एक युक्ति सूझती है। वे धीरे-धीरे यमलार्जुन वृक्षोंकी ओर बढ़ते हैं। यमलार्जुन मन-ही-मन प्रसन्न हो उठते हैं। भगवत्कृपाकी बाट जोहते-जोहते आज स्वयं भगवान् उनपर कृपा करनेको बढ़ रहे हैं। गोप-शिशु भारी ऊखलको लुढ़कानेमें कन्हैयाकी सहायता करते हैं। भगवान् दामोदर धीरे-धीरे यमलार्जुन वृक्षोंके पास पहुँच गये। वे दोनों वृक्षोंके बीचसे निकलते हैं। ऊखल दोनों वृक्षोंमें टेढ़ा होकर फँस जाता है।

> बालेन निष्कर्षयतान्वगुलूखलं तद्
> दामोदरेण तरसोत्कलिताङ्घ्रिबन्धौ।
> निष्पेततुः परमविक्रमितातिवेप-
> स्कन्धप्रवालविटपौ कृतचण्डशब्दौ॥
>
> (श्रीमद्भा० १०।१०।२७)

'दामोदर भगवान् श्रीकृष्णकी कमरमें रस्सी कसी हुई थी। उन्होंने अपने पीछे लुढ़कते हुए ऊखलको ज्यों ही तनिक जोरसे खींचा, त्यों ही पेड़ोंकी सारी जड़ें उखड़ गयीं। समस्त बलके केन्द्र भगवान्‌का थोड़ा-सा जोर लगते ही पेड़ोंके तने, शाखाएँ, छोटी-छोटी डालियाँ और एक-एक पत्ता काँप उठा और वे दोनों बड़े जोरसे तड़तड़ाते हुए पृथ्वीपर गिर पड़े।'

वृक्ष गिरे, परंतु किसीको किसी प्रकारकी क्षति नहीं हुई। देखते-देखते दोनों वृक्षोंसे दो तेजस्वी पुरुष निकले और भगवान्‌के चरणोंमें प्रणत हो गये। वे दोनों सिद्ध नलकूबर एवं मणिग्रीव भगवान्‌की विलक्षण कृपा प्राप्त कर अपने लोकको प्रस्थान कर गये।

(३)

फलवालीपर कृपा

> क्रीणीहि भोः फलानीति श्रुत्वा सत्वरमच्युतः।
> फलार्थी धान्यमादाय ययौ सर्वफलप्रदः॥
>
> (श्रीमद्भा० १०।११।१०)

"एक दिन कोई फल बेचनेवाली आकर पुकार उठी—'फल लो, फल!' यह सुनते ही समस्त कर्म और उपासनाओंके फल-प्रदाता भगवान् अच्युत फल खरीदनेके लिये अपनी छोटी-सी अञ्जलिमें अनाज लेकर दौड़ पड़े।"

× × ×

एक दीन-हीन मालिनी व्रजकी वीथियोंमें घूम-घूमकर फल बेचती और अपना उदर-पोषण करती थी। वृद्ध शरीर था। एक दिन प्रातः वह घरसे अपनी फलसे भरी टोकरी सिरपर रखकर फल बेचने निकली। 'फल ले लो, फल'—कहती वह गली-गली घूमती रही, परंतु उस दिन बोहनीतक न हुई। किसी गोप-बालकने पूछातक नहीं कि 'तुम्हारे पास कौन-से फल हैं और क्या भाव?' वह थककर चूर हो गयी। मध्याह्नका समय हो गया था। अन्तमें उस फलवालीने क्लान्त होकर एक पीपलके वृक्षकी शरण ली। वह पीपलकी घनी छायामें विश्राम करने लगी। उसके चेहरेपर निराशा-सी छा गयी थी, वह सोचने लगी—'आज क्या होगा?' उसे क्या पता आज ही उसके जीवनका स्वर्णिम दिवस है। आज उसकी सिरपर रखी टोकरीके फल ही नहीं बिकेंगे, अपितु उसकी जन्म-जन्मकी साध पूरी होगी।

जहाँ वह विश्राम कर रही थी, ठीक उसके सामने ही नन्दरायका राजप्रासाद था और उसके बगलमें उनका खलिहान था। खलिहानमें पड़ी विशाल अन्नराशिको देखकर वह मन-ही-मन सोच रही थी कि 'क्या आज इसमेंसे मेरे भाग्यमें कुछ लिखा है?' इतनेमें ही उसने देखा—नन्हेसे श्यामसुन्दर महलके द्वारसे निकलकर खलिहानमें आये और धानको बिखेरने लगे। उन बाल श्रीकृष्णचन्द्रकी शोभा निरखकर फलवाली थकित रह गयी—

(यह) सोभा मेरे स्यामहिं पै सोहै ।
बलि-बलि जाउँ छबीले मुखकी, या उपमा करौं को है ॥
या छबिकी पटतर दीजे कौं सुकबि कहा टकटोहै ?
देखत अंग-अंग-प्रति बानक, कोटि मदन-मन छोहै ॥
ससि-गन गारि रच्यो बिधि आनन, बाँके नैननि जोहै ।
सूर स्याम-सुंदरता निरखत, मुनि-जन कौ मन मोहै ॥
(सूरसागर ७७६)

वह उस रूपमाधुरीको निर्निमेष निरखती रही । पलकें उठी-की-उठी रह गयीं । एकाएक उसे याद आया—'अरे ! मुझे तो फल बेचने हैं ।' बस, वह बोल उठी—'फल ले लो, फल ।' नन्दनन्दन चौंक उठे—'वह फल क्या वस्तु है ?' वे अकुलायी दृष्टिसे फलवालीको देखने लगे । फलवाली तो पहले ही उस रूपमाधुरीपर न्यौछावर हो चुकी थी ।

यशोदानन्दनने चारों ओर दृष्टि घुमायी—'कहीं कोई देख तो नहीं रहा है ।' गोपियोंके नित्य-प्रतिके उलाहनोंसे मैया यशोदा तंग आ गयी थी । अतः उसने महलमें प्रहरियाँ नियुक्त कर दी थी कि लालाको कहीं बाहर ही न जाने दिया जाय । अस्तु, यशोदानन्दन चारों ओर देखते हुए शीघ्र ही फलवालीके पास पहुँच गये । प्रहरियाँ भी ठगी-सी दरवाजेकी ओटसे कन्हैयाकी यह लीला देख रही थीं । 'अरी ! फल क्या होता है ?' नन्दनन्दनका प्रश्न था ।

फलवालीके नेत्र अश्रुपात कर रहे थे, उसमें बोलनेकी शक्ति ही कहाँ बची थी । बड़ी कठिनाईसे वह टोकरीकी ओर संकेत कर केले, नारंगी, बेर आदि फलोंका परिचय दे पायी । अब कन्हैया समझ गये थे कि फल क्या होते हैं । 'ये फल मुझे दे दो ।' बड़े मीठे वचनोंमें कन्हैयाने याचना की । फलवाली हतप्रभ-सी नन्दनन्दनकी इस बाल-सुलभ भङ्गिमाको निरख रही थी । उसके नेत्र निरन्तर बह रहे थे । कन्हैयाने पुनः कहा—'मैं फल लूँगा ।' फलवालीने अपने-आपको सँभाला, उसने कहा—'फलके बदले कुछ मूल्य दो ।' 'मूल्य क्या होता है ?' शिशु कन्हैया चकित-से खड़े थे । आजतक उन्होंने 'मूल्य' शब्द ही न सुना था । वे फिर बोले—'मूल्य क्या होता है ? मैं कुछ नहीं समझा, तू मुझे शीघ्र फल दे दे ।' 'लाड़िले ! वस्तुके बदले कुछ दिया जाता है, उसे मूल्य कहते हैं ।' फलवालीने बड़े प्रेमसे शिशुको समझानेका प्रयत्न किया । "अरी ! मुझे मेरी मैया नित्य माखन-मिश्री खिलाती है, दूध पिलाती है । गोपिकाएँ प्रतिदिन मेरी चाह करके मुझे माखन खिलाती हैं, परंतु वे तो कभी मुझसे 'मूल्य' नहीं माँगतीं ।" कन्हैया तुरंत बोल उठे । प्रेम-विह्वल फलवाली क्या उत्तर देती । कन्हैयाने सोचा—'यह फलोंके बदले कुछ लेना चाहती है ।' वे दौड़े खलिहानकी ओर और बड़ी कठिनाईसे अपनी नन्ही-सी अञ्जलिमें कुछ धान भरकर लाये । 'अरी ! ले, मैं फलोंका मूल्य ले आया' और उन्होंने अपनी बँधी अञ्जलि, जिसमें धानके कुछ ही दाने बचे थे, फलवालीकी टोकरीमें खोल दी । कन्हैयाको यह तो पता ही न चला कि उसकी नन्ही-नन्ही अङ्गुलियोंके बीचसे धानके प्रायः सभी दाने मार्गमें ही गिर गये थे । वे तो मूल्य चुकानेपर प्रसन्न हो रहे थे। जैसे उन्होंने कोई बहुत महान् कार्य कर दिया हो । 'अरी ! अब तो फल दे दे ।' नन्दकुमारने इधर-उधर देखते हुए फलवालीसे पुनः याचना की ।

फलवाली विलक्षण आनन्दके बाँधको रोक नहीं पा रही थी, वह गद्गद हो बोल उठी—'यशोदानन्दन ! क्या मेरे इतने फलोंका मूल्य केवल ये पाँच-सात दाने ही हैं ?' अब श्रीकृष्णचन्द्रकी समझमें आया कि मेरी अञ्जलिसे तो धानके प्रायः सभी दाने गिर गये थे । 'मैं तेरे फलोंका मूल्य फिर कभी चुका दूँगा । अब यदि मैं पुनः धान लेने जाऊँगा तो मुझे कोई देख लेगा और फिर लौटकर आने नहीं देगा । अतः तू शीघ्र मुझे फल दे दे ।' फलवाली कुछ कहना चाहती थी, परंतु संकोचवश उसके मुखसे कुछ भी निकल नहीं रहा था । अन्तमें साहस बटोरकर उसने अश्रुपूर्ण नेत्रोंसे कह ही दिया—'दुलारे ! एक बार तू मुझे 'माँ' कह दे और मेरी गोदमें आ जा ।' कन्हैया समझ गये कि यह फलवाली गोदमें चढ़कर 'माँ' पुकारनेसे प्रसन्न हो जायगी । यशोदानन्दनने पुनः चारों ओर दृष्टि दौड़ायी कि कहीं कोई उन्हें देख तो नहीं रहा है और वे तुरंत उस फलवालीकी गोदमें चढ़ गये और बोले—'मैया ! मैया !! मुझे शीघ्र फल दे दो ना ।'

वेद जिन्हें 'नेति-नेति' कहकर पुकारते हैं, श्रुतियाँ जिनका अन्त नहीं पातीं, पुराण जिनका यशोगान नहीं कर सकते, मुनिजन घोर तपस्यासे जिनकी एक झलक भी नहीं पा सकते, वे ही सच्चिदानन्दघन ब्रह्म कृष्णरूपमें अवतरित हो 'माँ' कहकर एक दीन-हीन और अनाथ नारीसे फल माँगते हैं । कैसी अद्भुत कृपा है उनकी !

विश्वदुलारेको गोदमें पाकर फलवाली निहाल हो गयी । वह मानो अखण्ड परमानन्दमें डूब गयी । कन्हैया गोदसे उतरे और अञ्जलि फैलाकर उसके सामने खड़े हो गये । टोकरीके समस्त फल उनकी नन्ही-सी अञ्जलिमें समा गये । टोकरीमें गिरे हुए वे धान-कण अनमोल रत्नोंमें परिणत हो गये—उसकी टोकरी रत्नोंसे परिपूर्ण हो गयी—

फलविक्रयिणी तस्य च्युतधान्यं करद्वयम्।
फलैरपूरयद् रत्नैः फलभाण्डमपूरि च॥
(श्रीमद्भा० १० । ११ । ११)

'उनकी अञ्जलिमेंसे अनाज तो मार्गमें ही बिखर गया, पर फल बेचनेवालीने उनके दोनों हाथ फलसे भर दिये। इधर भगवान्ने भी उसकी फलोंकी टोकरी रत्नोंसे भर दी।'

(४)

कालिय-मानमर्दन

ग्रीष्मका साम्राज्य था। श्रीश्यामसुन्दर अपने प्यारे सखागण—सुबल, श्रीदामा आदिके साथ गोचारण कर रहे थे। ग्रीष्म ऋतुमें भी वहाँ हरी घासका बाहुल्य था। सखागण कन्हैयाके साथ विभिन्न मनोहारिणी क्रीड़ाएँ कर रहे थे। उधर गौएँ सघन वनमें दूरतक चली गयीं। अचानक श्यामसुन्दरका ध्यान गायोंकी ओर गया। सखाओंको तो संकेत ही बहुत था, वे 'हैं-हैं' करते हुए दौड़े। उधर ग्रीष्म-तापसे व्यथित गौएँ श्रीयमुनाके कूलपर पहुँच चुकी थीं। वे यमुना-जलसे अपनी प्यास बुझाने लगीं। उनके पीछे-पीछे सखागण भी पहुँच गये। वे भी धूपसे व्यथित हो गये थे, अतः अञ्जलिमें यमुनाका शीतल जल भर-भरकर पीने लगे। वे भूल गये कि यह कालिय-दह है और यहीं कालियनाग निवास करता है। गौएँ एवं ग्वालबाल विषैला जल पीते-पीते ही चेतनाशून्य होकर गिर पड़े। श्रीकृष्ण चिन्तित-से हो उठे, उनके प्यारे सखागण एवं गौएँ अभीतक लौटे नहीं थे। वे उन्हें ढूँढ़ते-ढूँढ़ते कालिय-दहपर पहुँचे और उस करुण दृश्यको देखकर आर्त हो कह उठे—

या गावः खलु देवता व्रजसदामस्माकमुच्चैस्तरां
ये बालाश्च सदैव जीवतुलितास्तेऽमी विपन्नाः पुरः।
हा ! हन्त ! स्वयमस्मि तत्सहचरः किं भ्रातरं मातरं
तातं सर्वजनं च वच्मि मम धिक् चापल्यतः साहसम्॥
(श्रीगोपालचम्पू, पू० १३ । १३)

'ओह ! जो गौएँ हम व्रजवासियोंके लिये सर्वाधिक आदरणीय देवता हैं तथा जो ग्वालबाल नित्य हमारे प्राण-तुल्य हैं, वे सभी इस विपन्न दशामें मेरे सामने पड़े हैं और मैं स्वयं, हाय रे, इनका सहचर हूँ ! अब मैं दाऊ भैया, मैया और बाबासे तथा समस्त पुरवासियोंसे क्या कहूँगा ? धिक्कार है मेरे चपलताजन्य ऐसे साहसको !' कहते-कहते षडैश्वर्यसम्पन्न श्रीकृष्ण एक क्षणके लिये अपना समस्त ऐश्वर्य भूल-से गये। उनके नेत्रोंसे अविरल अश्रुपात हो रहा था।

भगवान् चाहे अपने ऐश्वर्यको भूल जायँ; परंतु उनकी कृपादृष्टि स्वयमेव ही परम सक्रिय शक्ति है—

वीक्ष्य तान् वै तथाभूतान् कृष्णो योगेश्वरेश्वरः।
ईक्षयामृतवर्षिण्या स्वनाथान् समजीवयत्॥
(श्रीमद्भा० १० । १५ । ५०)

'उन्हें ऐसी अवस्थामें देखकर योगेश्वरोंके भी ईश्वर भगवान् श्रीकृष्णने अपनी अमृत बरसानेवाली दृष्टिसे उन्हें जीवित कर दिया।'

गौएँ तुरंत ही हुंकार करती हुई उठ खड़ी हुईं। उन्होंने प्यारे कन्हैयाको घेर लिया और सभी सखा अपने प्यारे कन्हैयाको गलबाँही देकर नाचने लगे।

सखागण तो अल्पकालमें ही कालिय-दहकी भयंकरताको भूलकर अपने प्यारेके साथ नया कौतुक करनेके विचारमें लग गये; परंतु श्रीकृष्ण अपने सखागण एवं प्यारी गौओंके इस शूल-को कैसे भूल सकते थे ? भविष्यमें भी मेरे व्रजवासी न जाने कब, किस समय इस कालियदहके कारण इसी तरह पुनः विपत्तिमें पड़ जायँ ? यह कल्पना कन्हैयाके हृदयको विदीर्ण कर रही थी।

एक क्षणमें ही लीलामय श्यामसुन्दरके मनमें सब योजना बन गयी, वे तत्काल पासके कदम्बपर जा चढ़े; क्या करेंगे, यह तो उन्होंने अपने प्यारे सखागणको नहीं बताया। केवल एक बार उन सबकी ओर देखा और कहा—'मेरे प्यारे सखाओ ! घबराना मत, मैं शीघ्र ही लौट आऊँगा' और वे कूद पड़े कालिय-दहके विषैले अगाध जलमें।

कालिय-दहमें डुबकी लगाकर श्यामसुन्दर कालियकी शय्याके पास पहुँचे। कालिय उस समय निद्रामें मग्न था। सौन्दर्यनिकेतन नन्दनन्दनको देखकर नागपत्नियाँ विस्मित हो उठीं, ऐसे सौन्दर्यकी झलक तो उन्होंने कभी स्वप्नमें भी न देखी थी। उन सौन्दर्यनिधिको जलक्रीड़ामें तन्मय देखकर नागपत्नियोंके प्राण उद्विग्न हो उठे—'कहीं कालिय इनका कोई अनिष्ट न कर दे।' उन्होंने संकेतद्वारा नन्दनन्दनको रोका कि वे जलक्रीड़ा करके कालियको उद्विग्न न करें; परंतु उनकी सुने कौन ? श्यामसुन्दर तो अपनी क्रीड़ामें मग्न थे। कन्हैया-की जलक्रीड़ाने दहमें तूफान-सा उपस्थित कर दिया। जलके

प्रचण्ड वेगने कालियको जगा दिया। वह जलीय झंझावातका कारण न समझ सका। जैसे ही उसकी दृष्टि सौन्दर्य-निकेतन श्रीकृष्णकी ओर गयी, वह विस्मित हो उठा। उसके नेत्र तृप्त ही नहीं हो रहे थे उन सौन्दर्यसिन्धुको देखकर। वह अपलक उस रूपसुधाको निरखता रहा। वे नीलसुन्दर पूरे दहमें एक श्याम ज्योत्स्ना फैलाये हुए थे, पीताम्बरकी चमक विद्युत्-सी शोभित हो रही थी।

नीलसुन्दर निर्भय हो क्रीड़ामें तन्मय थे। उनके चेहरेपर भयकी एक रेखा भी न थी। उन्मत्त गजकी तरह वे जल उछाल रहे थे। कालिय नाग इसे सहन न कर सका। उसकी क्रोधाग्नि भड़क उठी और उसके सभी फण ऊपर उठ गये। सौन्दर्य-निकेतन बार-बार जल उछालकर कालियको कुपित कर रहे थे। कालिय अपने फणोंसे श्यामसुन्दरके चरणसरोजोंपर प्रहार करनेको उद्यत था। अन्तमें करुणासिन्धुने कालियपर कृपा-दृष्टि की और उसे अपने चरण-स्पर्शका सौभाग्य प्रदान किया। कालियने अपने समस्त फणोंसे एक साथ प्रभुके चरणोंपर प्रहार किया; परंतु नीलसुन्दरपर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। कृपा-निकेतन तो उसे बारंबार अपने चरणस्पर्शका सौभाग्य प्रदान कर उसकी अहंकाररूपा मलिनताको खींच रहे थे; परंतु श्यामसुन्दरको अभी और भी क्रीड़ा करनी थी। अन्ततः कालियने कन्हैयाको अपने पाशमें कस लिया। श्यामसुन्दर निश्चेष्ट-से हो गये।

लीलाविहारी श्यामसुन्दरका नागपाशमें बँधना एक साधारण-सी लीला थी, परंतु दहके तटपर खड़े सखागण इसको कैसे सहन कर सकते थे? उनके प्राणोंके आधार तो एकमात्र कन्हैया ही थे। जैसे ही कन्हैया निश्चेष्ट हुए, वैसे ही सखागण शोकाकुल हो पछाड़ खाकर मूर्च्छित हो गये। गौएँ भी अपने प्यारे गोपालके वियोगमें विकल हो हुंकार भरने लगीं।

उधर कन्हैयाने अपने शरीरको फुलाना आरम्भ किया। देखते-देखते ही कालिय-नागका शरीर टूटने लगा और उसे अपना बन्धन खोलना पड़ा। वह क्रुद्ध हो अपने नथुनोंसे विषकी ज्वाला उगलने लगा। अपने फणोंसे श्यामसुन्दरपर आघात करने लगा। प्रभु नये-नये पैंतरे बदलकर उसे खेल खिलाने लगे। अन्तमें भगवान् उछलकर उसके फणोंपर चढ़ गये और नृत्य करने लगे। नृत्यने ताण्डवका रूप ले लिया।

देवता, किंनर और चारण आदि यह अवसर चूकनेवाले न थे, उन्होंने देखा भगवान् तो बिना तालके ही नृत्य कर रहे हैं तो वे लोग लगे मृदंग, ढोल और नगारे बजाने। एक समा बँध गया संगीत और नृत्यका। प्यारे श्यामसुन्दर-का बड़ा मनोहर और आकर्षक रूप था। नागराजके फणोंसे निकलता हुआ खून कन्हैयाके तलुओंकी लालिमा बढ़ा रहा था। कालिय कितनी देरतक यह सहन करता, उसकी शक्ति नष्ट होने लगी, वह प्राण-शून्य-सा होने लगा। बेचारी नागपत्नियाँ बिलख उठीं। वे अपने पतिकी प्राण-रक्षाके लिये प्रभुके चरणोंमें जा गिरीं। विभिन्न प्रकारसे विलाप करती हुई वे प्यारे श्यामसुन्दरसे कृपा-याचना करने लगीं—

अनुग्रहोऽयं भवतः कृतो हि नो
दण्डोऽसतां ते खलु कल्मषापहः।
यद् दन्दशूकत्वममुष्य देहिनः
क्रोधोऽपि तेऽनुग्रह एव सम्मतः॥

अनुगृह्णीष्व भगवन् प्राणांस्त्यजति पन्नगः।
स्त्रीणां नः साधुशोच्यानां पतिः प्राणः प्रदीयताम्॥

(श्रीमद्भा० १०। १६। ३४, ५२)

'आपने हमलोगोंपर यह बड़ा ही अनुग्रह किया। यह तो आपका कृपा-प्रसाद ही है; क्योंकि आप जो दुष्टोंको दण्ड देते हैं, उससे उनके सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। इस सर्पके अपराधी होनेमें तो कोई संदेह ही नहीं है। यदि यह अपराधी न होता तो इसे सर्पकी योनि ही क्यों मिलती? इसलिये हम सच्चे हृदयसे आपके इस क्रोधको भी आपका अनुग्रह ही समझती हैं। भगवन्! कृपा कीजिये, अब यह सर्प मरनेवाला ही है। साधु पुरुष सदासे ही हम अबलाओंपर दया करते आये हैं। अतः आप हमें हमारे प्राणस्वरूप पतिदेवको दे दीजिये।'

दयामय प्रभुने नागपत्नियोंकी प्रार्थना सुनकर नृत्य बंद कर दिया। धीरे-धीरे कालियनागकी इन्द्रियों और प्राणोंमें पुनः चेतना और बोलनेकी शक्ति आयी। वह भी प्रभुसे कृपा-की भीख माँगने लगा। नागराज एवं उसकी पत्नियोंने विविध प्रकारसे भगवान्की पूजा की। तदनन्तर वह अपने परिवारसहित रमणक-द्वीप चला गया और श्यामसुन्दरकी प्यारी यमुनाका वह क्षेत्र विषसे मुक्त हो गया।

भगवान् श्रीकृष्णका कृपा-विलास

अमृतमयी कृपादृष्टिद्वारा जीवन-दान

[पृष्ठ ४४५

कालिय-मानमर्दन

[पृष्ठ ४४६

महाराज मुचुकुन्द

[पृष्ठ ४४७

भक्त सुदामाको ऐश्वर्यकी प्राप्ति

[पृष्ठ ४५१

'मैं मा कृपालुं शरणं व्रजेत'

[पृष्ठ

नलकूबर-मणिग्रीवपर देवर्षि नारदकी कृपा

[पृष्ठ

नलकूबर-मणिग्रीव-उद्धार

[पृष्ठ

(५)

महाराज मुचुकुन्दपर विलक्षण कृपा

महाराज मुचुकुन्द गाढ़ निद्रामें सोये हुए थे। मास एवं ही नहीं, युग-पर-युग बीतते गये, पर वे सोये ही । उन्हें निद्रासे उठाये कौन ? जो उन्हें निद्रासे उठाता, भस्म हो जाता, देवताओंसे उन्हें इस प्रकारका वर-जो मिला था।

मुचुकुन्द इक्ष्वाकुवंशी महाराज मांधाताके पुत्र थे। गवान्‌के भक्त, शूरवीर एवं सत्यप्रतिज्ञ थे। एक देवराज इन्द्र और असुरोंमें युद्ध छिड़ गया, इन्द्र त होनेकी दशामें थे, उनके पास कोई योग्य सेनापति था। अन्तमें वे महाराज मुचुकुन्दकी शरणमें गये और देवताओंकी रक्षाकी याचना की। दयालु महाराज कुन्दने उनकी प्रार्थना स्वीकार करके बहुत दिनोंतक ताओंकी ओरसे घमासान युद्ध किया और असुरोंसे की रक्षा की। भगवान् शंकरके ज्येष्ठ पुत्र स्वामि-र्तिकेयद्वारा सेनापति-पद स्वीकार किये जानेपर राजा कुन्दको अवकाश मिला। देवराज इन्द्र मुचुकुन्दके णसे बड़े प्रसन्न हुए।

'राजन्! कोई वर प्राप्त कर हमें अनुगृहीत करें। वल्य-मोक्षके अतिरिक्त हमारे पास सब कुछ सुलभ है। क्ष प्रदान करनेका अधिकार तो एकमात्र कृपासिन्धु भगवान्- ही है।' देवराजने बड़ी विनम्रतासे राजा मुचुकुन्दसे हा।

राजा मुचुकुन्द अपरिमित श्रान्त और क्लान्त हो रहे । युद्धकालमें वे लगातार कई दिनोंतक बिलकुल न सो थे। 'देवराज! मैं निद्रा चाहता हूँ, मेरी निद्रामें देनेवाला तत्काल भस्म हो जाय, यही वर मुझे प्रदान ।' राजा मुचुकुन्दने देवराजसे कहा और उन्हें यही वर ल गया।

× × ×

राजा मुचुकुन्द युगोंसे गहरी निद्रामें निमग्न उस गुफामें सोये हुए थे। कृपासिन्धु भगवान् अपने जनको कैसे भूल सकते हैं ? वे लीलाविहारी सभी प्रकारकी लीला जानते हैं। उनके लिये क्या असम्भव है ?

कालयवन भगवान् श्रीकृष्णका विरोधी और जरासंधका मित्र था। वह अत्यन्त पराक्रमी था। उसने अपनी सेनासे मथुराको घेर लिया। कृपासिन्धु भगवान् श्रीकृष्णकी लीला कौन समझ सकता है ! वे अपनी सौन्दर्य-छटा बिखेरते हुए बिना कोई शस्त्र लिये मथुराके मुख्य द्वारसे निकले। कालयवनने उन्हें तुरंत पहचान लिया और वह झपटा उन पीताम्बरधारी लीलाविहारीपर। भगवान् तेजीसे भागे, मानो अत्यन्त भयभीत होकर भाग रहे हों। आगे-आगे भगवान् रणछोड़ और पीछे-पीछे कालयवन था। दौड़ते-दौड़ते भगवान् उस गुफामें घुस गये, जिसमें राजा मुचुकुन्द सोये थे। भगवान्‌ने गुफामें घुसकर शीघ्र ही अपना पीताम्बर राजा मुचुकुन्दपर डाल दिया और स्वयं एक शिलाकी आड़में छिपकर खड़े हो गये। कालयवन भी पीछे-पीछे गुफामें घुसा, उसने देखा कोई पीताम्बरधारी सो रहा है; सोचा, छलिया श्रीकृष्ण ही मुझे छलनेके अभिप्रायसे मुख ढककर सोया है और उनपर लातसे प्रहार किया। लात लगते ही राजा मुचुकुन्दकी आँखें खुलीं और उनकी दृष्टि सीधी कालयवनपर पड़ी, वह तत्काल वहीं भस्म हो गया।

कालयवनके भस्म होते ही कृपालु भगवान् श्रीकृष्ण अपनी दिव्य ज्योति फैलाते हुए राजा मुचुकुन्दके समक्ष प्रकट हुए। उनके चौड़े वक्षःस्थलपर श्रीवत्स एवं गलेमें कौस्तुभमणि सुशोभित थी। उनकी प्रेमभरी चितवन और मनोहारी मुस्कानने राजा मुचुकुन्दको स्तम्भित कर दिया। उन्हें गर्गाचार्यजीकी बात स्मरण हो आयी और पहचानते देर न लगी कि ये अखिल सौन्दर्य-निकेतन परात्पर ब्रह्म भगवान् श्रीकृष्ण ही हैं। राजा मुचुकुन्दके मनमें भगवान्‌के इस समय अचानक पधारनेका कौतूहल होना स्वाभाविक था। समाधानार्थ कृपा-निकेतनने कहा—

> सोऽहं तवानुग्रहार्थं गुहामेतामुपागतः।
> प्रार्थितः प्रचुरं पूर्वं त्वयाहं भक्तवत्सलः॥
>
> (श्रीमद्भा० १०। ५१। ४३)

'मैं तुमपर कृपा करनेके लिये ही इस गुफामें आया हूँ। तुमने पहले मेरी बहुत आराधना की है। मैं भक्तवत्सल (जो) हूँ।'

राजा मुचुकुन्द भगवान्‌की अद्भुत कृपा प्राप्त कर गद्गद हो गये। भगवान्‌ने मुचुकुन्दसे वर माँगनेके लिये बहुत आग्रह किया, परंतु वे प्रार्थना करने लगे—'प्रभो!

‘कं वा दयालुं शरणं व्रजेम’

[पृष्ठ ४४२

नलकूवर-मणिग्रीवपर देवर्षि नारदकी कृपा

[पृष्ठ ४४२

नलकूबर-मणिग्रीव-उद्धार

[पृष्ठ ४४३

फलवालीपर कृपा

[पृष्ठ ४४४

(५)

महाराज मुचुकुन्दपर विलक्षण कृपा

महाराज मुचुकुन्द गाढ़ निद्रामें सोये हुए थे। मास एवं ही नहीं, युग-पर-युग बीतते गये, पर वे सोये ही । उन्हें निद्रासे उठाये कौन ? जो उन्हें निद्रासे उठाता, भस्म हो जाता, देवताओंसे उन्हें इस प्रकारका वर-जो मिला था।

मुचुकुन्द इक्ष्वाकुवंशी महाराज मांधाताके पुत्र थे। गवान्के भक्त, शूरवीर एवं सत्यप्रतिज्ञ थे। एक देवराज इन्द्र और असुरोंमें युद्ध छिड़ गया, इन्द्र । होनेकी दशामें थे, उनके पास कोई योग्य सेनापति ा। अन्तमें वे महाराज मुचुकुन्दकी शरणमें गये और । देवताओंकी रक्षाकी याचना की। दयालु महाराज कुन्दने उनकी प्रार्थना स्वीकार करके बहुत दिनोंतक ाओंकी ओरसे घमासान युद्ध किया और असुरोंसे की रक्षा की। भगवान् शंकरके ज्येष्ठ पुत्र स्वामि-र्तिकेयद्वारा सेनापति-पद स्वीकार किये जानेपर राजा कुन्दको अवकाश मिला। देवराज इन्द्र मुचुकुन्दके णसे बड़े प्रसन्न हुए।

'राजन्! कोई वर प्राप्त कर हमें अनुगृहीत करें। ल्य-मोक्षके अतिरिक्त हमारे पास सब कुछ सुलभ है। त्र प्रदान करनेका अधिकार तो एकमात्र कृपासिन्धु भगवान्-ही है।' देवराजने बड़ी विनम्रतासे राजा मुचुकुन्दसे ा।

राजा मुचुकुन्द अपरिमित श्रान्त और क्लान्त हो रहे । युद्धकालमें वे लगातार कई दिनोंतक बिलकुल न सो थे। 'देवराज! मैं निद्रा चाहता हूँ, मेरी निद्रामें ा देनेवाला तत्काल भस्म हो जाय, यही वर मुझे प्रदान ।' राजा मुचुकुन्दने देवराजसे कहा और उन्हें यही वर ल गया।

× × ×

राजा मुचुकुन्द युगोंसे गहरी निद्रामें निमग्न उस फामें सोये हुए थे। कृपासिन्धु भगवान् अपने जनको से भूल सकते हैं? वे लीलाविहारी सभी प्रकारकी लीला ानते हैं। उनके लिये क्या असम्भव है?

कालयवन भगवान् श्रीकृष्णका विरोधी और जरासंधका मित्र ा। वह अत्यन्त पराक्रमी था। उसने अपनी सेनासे मथुराको घेर लिया। कृपासिन्धु भगवान् श्रीकृष्णकी लीला कौन समझ सकता है! वे अपनी सौन्दर्य-छटा बिखेरते हुए बिना कोई शस्त्र लिये मथुराके मुख्य द्वारसे निकले। कालयवनने उन्हें तुरंत पहचान लिया और वह झपटा उन पीताम्बरधारी लीलाविहारीपर। भगवान् तेजीसे भागे, मानो अत्यन्त भयभीत होकर भाग रहे हों। आगे-आगे भगवान् रणछोड़ और पीछे-पीछे कालयवन था। दौड़ते-दौड़ते भगवान् उस गुफामें घुस गये, जिसमें राजा मुचुकुन्द सोये थे। भगवान्ने गुफामें घुसकर शीघ्र ही अपना पीताम्बर राजा मुचुकुन्दपर डाल दिया और स्वयं एक शिलाकी आड़में छिपकर खड़े हो गये। कालयवन भी पीछे-पीछे गुफामें घुसा, उसने देखा कोई पीताम्बरधारी सो रहा है; सोचा, छलिया श्रीकृष्ण ही मुझे छलनेके अभिप्रायसे मुख ढककर सोया है और उनपर लातसे प्रहार किया। लात लगते ही राजा मुचुकुन्दकी आँखें खुलीं और उनकी दृष्टि सीधी कालयवनपर पड़ी, वह तत्काल वहीं भस्म हो गया।

कालयवनके भस्म होते ही कृपालु भगवान् श्रीकृष्ण अपनी दिव्य ज्योति फैलाते हुए राजा मुचुकुन्दके समक्ष प्रकट हुए। उनके चौड़े वक्षःस्थलपर श्रीवत्स एवं गलेमें कौस्तुभमणि सुशोभित थी। उनकी प्रेमभरी चितवन और मनोहारी मुस्कानने राजा मुचुकुन्दको स्तम्भित कर दिया। उन्हें गर्गाचार्यजीकी बात स्मरण हो आयी और पहचानते देर न लगी कि ये अखिल सौन्दर्य-निकेतन परात्पर ब्रह्म भगवान् श्रीकृष्ण ही हैं। राजा मुचुकुन्दके मनमें भगवान्के इस समय अचानक पधारनेका कौतूहल होना स्वाभाविक था। समाधानार्थ कृपा-निकेतनने कहा—

सोऽहं तवानुग्रहार्थं गुहामेतामुपागतः।
प्रार्थितः प्रचुरं पूर्वं त्वयाहं भक्तवत्सलः॥

(श्रीमद्भा० १०। ५१। ४३)

'मैं तुमपर कृपा करनेके लिये ही इस गुफामें आया हूँ। तुमने पहले मेरी बहुत आराधना की है। मैं भक्तवत्सल (जो) हूँ।'

राजा मुचुकुन्द भगवान्की अद्भुत कृपा प्राप्त कर गद्गद हो गये। भगवान्ने मुचुकुन्दसे वर माँगनेके लिये बहुत आग्रह किया, परंतु वे प्रार्थना करने लगे—'प्रभो!

इस अत्यन्त पवित्र कर्मभूमिमें मनुष्यका जन्म होना परम दुर्लभ है । मनुष्य-जीवन इतना पूर्ण है कि उसमें भजनके लिये कोई भी असुविधा नहीं है । अपने परम सौभाग्य और आपकी अहैतुकी कृपासे उस (शरीर)को अनायास ही प्राप्त करके भी जो अपनी मति, गति असत् संसारमें लगा देते हैं और तुच्छ विषयसुखके लिये ही सारा प्रयत्न करते हुए घर-गृहस्थीके अँधेरे कुएँमें पड़े रहते हैं—आपके चरणकमलोंकी उपासना नहीं करते, भजन नहीं करते, वे तो ठीक उस पशुके समान हैं, जो तुच्छ तृणके लोभसे अँधेरे कुएँमें गिर जाता है । भगवन् ! मैं तो ऐसा समझता हूँ कि आपने मेरे ऊपर परम अनुग्रहकी वर्षा की है । मैं आपके चरणकमलोंकी शरण लेता हूँ । सारे जगत्‌के एकमात्र स्वामी कृपासिन्धो ! आप मेरी रक्षा कीजिये ।'

भगवान्‌के बार-बार आग्रह करनेपर भी जब राजा मुचुकुन्द-ने कुछ नहीं माँगा, तब करुणासिन्धु प्रभुने उन्हें अपनेमें नित्य-निरन्तर रहनेवाली अनपायिनी भक्तिका वरदान देकर कहा कि तुम मुझमें मनको लगाकर पृथ्वीपर स्वच्छन्द विचरण करो—

विचरस्व महीं कामं मय्यावेशितमानसः ।
अस्त्वेव नित्यदा तुभ्यं भक्तिर्मय्यनपायिनी ॥
(श्रीमद्भा० १० । ५१ । ६२)

(६)

भक्त सुदामापर कृपा

सुदामा एक सर्वथा अकिंचन ब्राह्मण थे । वे अत्यन्त अभावग्रस्त होकर भी प्रसन्नतापूर्वक गृहस्थ-धर्मका पालन करते थे । सुदामा स्वयं तो फटे-पुराने चिथड़ोंमें रहते ही थे, उनकी धर्मपत्नीके पास भी तन ढकनेको पूरे वस्त्र नहीं थे । रहनेके लिये घास-फूसकी एक जीर्ण झोंपड़ी थी और सम्पत्तिके नामपर थे दो-चार मिट्टीके पात्र । यदि भिक्षामें कुछ न मिलता तो वे जल पीकर ही संतोष कर लेते । उनके मनमें तनिक भी क्षोभ नहीं होता था । पतिके सुखमें ही सुखी रहनेवाली ब्राह्मणी भी सब अवस्थाओंमें संतुष्ट रहती थी । दरिद्रताका पूरा परिकर उनके यहाँ निवास करता था ।

सुदामाको श्रीकृष्ण-सखा होनेका सौभाग्य प्राप्त था । दरिद्रता उस सौभाग्यको छीन न सकी थी । गुरुदेव महर्षि सांदीपनिके गुरुकुलमें सुदामा और श्रीकृष्ण साथ-साथ पढ़ते थे । दोनोंमें प्रगाढ़ मित्रता थी । एक बार गुरुपत्नीने सुदामाको सूखा ईंधन लानेके लिये आज्ञा दी । सुदामाके साथ मित्र श्री-कृष्ण भी हो गये और दोनों ईंधन लेने निकल पड़े । कुछ देर बाद रात्रि होनेसे अन्धकार छा गया, घनघोर वर्षा आरम्भ हो गयी, जिससे दोनों मित्र मार्ग भूल गये । रात्रिभर दोनों एक वृक्षके नीचे पड़े रहे । प्रातः गुरुजी दोनोंको खोजते हुए आये । गुरुजीका हृदय द्रवित हो उठा । उनकी कृपा हुई, अमोघ आशीर्वाद मिला और गुरु-कृपासे सुदामाको सम्पूर्ण वैदिक ज्ञान एवं मन्त्र तत्काल उपलब्ध हो गये । अध्ययन समाप्त हो गया । सुदामा अपने प्यारे सखा श्रीकृष्णकी मधुर स्मृति लेकर अपने लौटे ।

विप्र-पत्नी बड़ी साध्वी थी । पातिव्रत्य-धर्मका पालन करते हुए वह सदैव पतिकी सेवामें तत्पर रहती थी । उसका प्राणाधार था पति-सेवा और सुदामाके जीवनका आधार था अपने सखा श्रीकृष्णकी मधुर स्मृति । वेद-पाठ, हवनादि नित्य कर्म पूरा होनेके बाद वे अपने प्यारे सखाके गुण-चिन्तन, मननमें लग जाते थे । अपनी पत्नीके साथ भी उनकी चर्चाका विषय श्रीकृष्ण-गुण-गान ही था । गुरुकुलके उन दिनोंको सुदामा भूले नहीं थे । उन सर्वलोकमहेश्वरके साथ उठना, बैठना, खाना, सोना—सभी उनको विलक्षण लगा था । ब्राह्मण-पत्नी घास-फूसके बिस्तरपर आरामसे सोती थी । उसने कभी सुन्दर वस्त्राभूषण, धातुके बर्तन, स्वादिष्ट भोजन आदि देखे ही न थे । उसने कभी पतिसे इन वस्तुओंकी चाह भी नहीं की थी । अपने आहारकी भी ब्राह्मण-पत्नीने कभी चिन्ता न की । जिस दिन भिक्षामें कुछ नहीं मिलता, सुदामा तो व्रत करके संतोष कर लेते थे और इसीमें अपना अहोभाग्य समझते थे; परंतु बेचारी ब्राह्मणी पतिको निराहार देखकर उद्विग्न हो उठती थी । वह अपने पतिको भूखा देख सकनेमें असमर्थ थी । पतिका जर्जर तन, जिसमें शरीरकी एक-एक नस गिनी जा सकती थी, देख-देखकर उसका हृदय दहल उठता था ।

'करुणानिधि श्रीद्वारकाधीश आपके मित्र हैं, आप एक बार द्वारका जाकर उनसे मिल तो आइये ।' ब्राह्मणी बार-बार सुदामासे यह निवेदन करती रहती । दरिद्रता असह्य हो जानेपर एक दिन उसने डरते-डरते अपने पतिसे यह प्रार्थना की—

भगवान् श्रीकृष्णका कृपाविलास

पूतनापर कृपा

कालियनागपर कृपा

द्रौपदीपर कृपा

सुदामापर कृपा

इस अत्यन्त पवित्र कर्मभूमिमें मनुष्यका जन्म होना परम दुर्लभ है । मनुष्य-जीवन इतना पूर्ण है कि उसमें भजनके लिये कोई भी असुविधा नहीं है । अपने परम सौभाग्य और आपकी अहैतुकी कृपासे उस (शरीर)को अनायास ही प्राप्त करके भी जो अपनी मति, गति असत् संसारमें लगा देते हैं और तुच्छ विषयसुखके लिये ही सारा प्रयत्न करते हुए घर-गृहस्थीके अँधेरे कुएँमें पड़े रहते हैं—आपके चरणकमलोंकी उपासना नहीं करते, भजन नहीं करते, वे तो ठीक उस पशुके समान हैं, जो तुच्छ तृणके लोभसे अँधेरे कुएँमें गिर जाता है । भगवन् ! मैं तो ऐसा समझता हूँ कि आपने मेरे ऊपर परम अनुग्रहकी वर्षा की है । मैं आपके चरणकमलोंकी शरण लेता हूँ । सारे जगत्के एकमात्र स्वामी कृपासिन्धो ! आप मेरी रक्षा कीजिये ।'

भगवान्के बार-बार आग्रह करनेपर भी जब राजा मुचुकुन्दने कुछ नहीं माँगा, तब करुणासिन्धु प्रभुने उन्हें अपनेमें नित्य-निरन्तर रहनेवाली अनपायिनी भक्तिका वरदान देकर कहा कि तुम मुझमें मनको लगाकर पृथ्वीपर स्वच्छन्द विचरण करो—

> विचरस्व महीं कामं मय्यावेशितमानसः ।
> अस्त्वेव नित्यदा तुभ्यं भक्तिर्मय्यनपायिनी ॥
> (श्रीमद्भा० १० । ५१ । ६२)

(६)

भक्त सुदामापर कृपा

सुदामा एक सर्वथा अकिंचन ब्राह्मण थे । वे अत्यन्त अभावग्रस्त होकर भी प्रसन्नतापूर्वक गृहस्थ-धर्मका पालन करते थे । सुदामा स्वयं तो फटे-पुराने चिथड़ोंमें रहते ही थे, उनकी धर्मपत्नीके पास भी तन ढकनेको पूरे वस्त्र नहीं थे । रहनेके लिये घास-फूसकी एक जीर्ण झोंपड़ी थी और सम्पत्तिके नामपर थे दो-चार मिट्टीके पात्र । यदि भिक्षामें कुछ न मिलता तो वे जल पीकर ही संतोष कर लेते । उनके मनमें तनिक भी क्षोभ नहीं होता था । पतिके सुखमें ही सुखी रहनेवाली ब्राह्मणी भी सब अवस्थाओंमें संतुष्ट रहती थी । दरिद्रताका पूरा परिकर उनके यहाँ निवास करता था ।

सुदामाको श्रीकृष्ण-सखा होनेका सौभाग्य प्राप्त था । दरिद्रता उस सौभाग्यको छीन न सकी थी । गुरुदेव महर्षि सांदीपनिके गुरुकुलमें सुदामा और श्रीकृष्ण साथ-साथ पढ़ते थे । दोनोंमें प्रगाढ़ मित्रता थी । एक बार गुरुपत्नीने सुदामाको सूखा ईंधन लानेके लिये आज्ञा दी । सुदामाके साथ मित्र श्रीकृष्ण भी हो गये और दोनों ईंधन लेने निकल पड़े । कुछ देर बाद रात्रि होनेसे अन्धकार छा गया, घनघोर वर्षा आरम्भ हो गयी, जिससे दोनों मित्र मार्ग भूल गये । रात्रिभर दोनों एक वृक्षके नीचे पड़े रहे । प्रातः गुरुजी दोनोंको खोजते हुए आये । गुरुजीका हृदय द्रवित हो उठा । उनकी कृपा हुई, अमोघ आशीर्वाद मिला और गुरु-कृपासे सुदामाको सम्पूर्ण वैदिक ज्ञान एवं मन्त्र तत्काल उपलब्ध हो गये । अध्ययन समाप्त हो गया । सुदामा अपने प्यारे सखा श्रीकृष्णकी मधुर स्मृति लेकर अपने घर लौटे ।

विप्र-पत्नी बड़ी साध्वी थी । पातिव्रत्य-धर्मका पालन करते हुए वह सदैव पतिकी सेवामें तत्पर रहती थी । उसका प्राणाधार था पति-सेवा और सुदामाके जीवनका आधार था अपने सखा श्रीकृष्णकी मधुर स्मृति । वेद-पाठ, हवनादि नित्य कर्म पूरा होनेके बाद वे अपने प्यारे सखाके गुण-चिन्तन, मननमें लग जाते थे। अपनी पत्नीके साथ भी उनकी चर्चाका विषय श्रीकृष्ण-गुण-गान ही था । गुरुकुलके उन दिनोंको सुदामा भूले नहीं थे । उन सर्वलोकमहेश्वरके साथ उठना, बैठना, खाना, सोना—सभी उनको विलक्षण लगा था । ब्राह्मण-पत्नी घास-फूसके बिस्तरपर आरामसे सोती थी । उसने कभी सुन्दर वस्त्राभूषण, धातुके बर्तन, स्वादिष्ट भोजन आदि देखे ही न थे । उसने कभी पतिसे इन वस्तुओंकी चाह भी नहीं की थी । अपने आहारकी भी ब्राह्मण-पत्नीने कभी चिन्ता न की । जिस दिन भिक्षामें कुछ नहीं मिलता, सुदामा तो व्रत करके संतोष कर लेते थे और इसीमें अपना अहोभाग्य समझते थे; परंतु बेचारी ब्राह्मणी पतिको निराहार देखकर उद्विग्न हो उठती थी । वह अपने पतिको भूखा देख सकनेमें असमर्थ थी । पतिका जर्जर तन, जिसमें शरीरकी एक-एक नस गिनी जा सकती थी, देख-देखकर उसका हृदय दहल उठता था ।

'करुणानिधि श्रीद्वारकाधीश आपके मित्र हैं, आप एक बार द्वारका जाकर उनसे मिल तो आइये ।' ब्राह्मणी बार-बार सुदामासे यह निवेदन करती रहती । दरिद्रता असह्य हो जानेपर एक दिन उसने डरते-डरते अपने पतिसे यह प्रार्थना की—

भगवान् श्रीकृष्णका कृपाविलास

पूतनापर कृपा

कालियनागपर कृपा

द्रौपदीपर कृपा

सुदामापर कृपा

पूरन पैज करी प्रहलाद की, खंभ सों बाँध्यो पिता जिहि बेरे।
द्रौपदी ध्यान धरयौ जबहीं, तबहीं पट-कोट लगे चहुँ फेरे॥
ग्राह तै छूटि गयंद गयो पिय, है हरि को निहचै जिय मेरे।
ऐसे दरिद्र हजार हरैं वै, कृपानिधि लोचन-कोर के हेरे॥

सुदामा इस प्रकारकी बातें प्रायः बार-बार ही सुनते थे, परंतु संतोष ही उनकी परम निधि थी, वे उसे छोड़ना नहीं चाहते थे। उनका तो एक ही कहना था, 'औरन को धन चाहिये बावरि, बाँभनको धन केवल भिच्छा।' वे पूर्णरूपसे निःस्पृह थे।

ब्राह्मणीको द्वारकाधीशकी करुणापर पूर्ण विश्वास था। वह गजेन्द्र, प्रह्लाद, द्रौपदी आदिपर करुणानिधानकी करुणाके विषयमें जानती तो थी, परंतु सम्भवतः वह उनकी सर्वव्यापकताकी बात भूली हुई थी।

आस्तेऽधुना द्वारवत्यां भोजवृष्ण्यन्धकेश्वरः। (श्रीमद्भा० १०।८०।११) 'आजकल वे भोज, वृष्णि और अन्धकवंशी यादवोंके स्वामीके रूपमें द्वारकामें ही निवास कर रहे हैं।' यह बात ब्राह्मणीके हृदयमें जँची हुई थी, इसीलिये वह सुदामाको बार-बार द्वारका जानेकी ही प्रेरणा करती। 'धनकी याचना लेकर अपने प्यारे सखाके पास जायँ'—यह बात सुदामाको अच्छी न लग रही थी। ब्राह्मण-पत्नीका आग्रह था—'आप धनकी याचना न करें, परंतु अपने सखाका दर्शन तो कर आइये।' सौन्दर्यनिधिके रूप-सौन्दर्य-के दर्शनकी इच्छा तो उनकी भी थी ही, अतः इस लालसा-को ठुकराना सुदामाके लिये इतना सहज नहीं था।

अन्तमें एक दिन सुदामाने अपनी साध्वी पत्नीसे कहा—'बिना किसी उपहारके खाली हाथ मित्रके पास कैसे जाऊँ?' इन शब्दोंने विप्र-पत्नीको उल्लसित कर दिया। उसने दो-चार घरोंसे भिक्षा माँगकर चार मुट्ठी चिउड़ेकी कनी इकट्ठी की; परंतु उन्हें कैसे ले जाया जाय—यह एक समस्या थी सुदामाके लिये। घरमें किसी पात्रकी बात तो अलग रही, स्वच्छ कपड़ा भी न था। अन्तमें विप्र-पत्नीको एक फटा-पुराना चिथड़ा मिल गया। उसमें किसी तरह चिउड़ेके दानोंकी छोटी पोटली बाँधकर सुदामाने बगलमें दबा ली और वे द्वारकाकी ओर चल पड़े।

सुदामा-जैसे दुर्बलके लिये मार्ग तय करना सरल काम न था, परंतु त्रिभुवनसुन्दर प्यारे सखाके दर्शनकी लालसा मार्ग-की बीहड़ताको भुलाये हुए थी।

अपने प्यारे सखाकी मधुर स्मृतिमें मग्न सुदामा चलते-चलते मार्गमें एक घने वृक्षकी छायामें बैठ गये और प्यारे श्यामसुन्दरके साथ गुरुकुल-निवासकी मधुर स्मृति-में खो गये। वे कितने समयतक अपने प्यारे सखाकी स्मृतिमें लीन रहे, पता नहीं; परंतु जब आँखें खुलीं और बाह्य ज्ञान हुआ तो उन्होंने अपने-आपको एक मनोहर उद्यानमें मौलश्रीके वृक्षके नीचे पाया। वे आश्चर्यमें डूब गये—'मैं कहाँ हूँ ? मार्ग तो नहीं है, यह तो एक सुन्दर उद्यान है।' इधर-उधर सुन्दर वेश-भूषामें संतरी-माली घूम रहे थे। उन्होंने एकसे पूछा—'भैया! यह कौन जगह है ? कौन-सा नगर है? मैं कहाँ हूँ?'

मालीने चरणोंमें सिर रखकर विनम्रतापूर्वक कहा—'महाराज! यह द्वारका नगरी है। जिस मनोरम बगीचेमें आप बैठे हैं, यह सर्वलोकेश्वर श्रीद्वारकाधीशका उद्यान है।'

'द्वारकापुरी! क्या सचमुच यह द्वारका ही है। भैया! मुझे अपने प्यारे सखा श्रीकृष्णसे मिलना है। वे कहाँ मिलेंगे?' सुदामाने बड़े कौतूहलसे याचना की।

'श्रीमन्! आपको खोजना नहीं होगा। देखें, वह सामने महाराज द्वारकाधीशका ही महल है।'

द्वारकाके वैभवने सुदामाको विस्मित कर दिया। ऊँची-ऊँची अट्टालिकाएँ देखकर सुदामा आश्चर्यमें डूब गये। सखाके महलपर पहुँचते सुदामाको देर न लगी। अतिथिका आदर श्रीकृष्ण-महलके द्वारपालोंका परम लक्ष्य था। एक द्वारपाल दौड़ा और द्वारकाधीशको सूचना दी—

सीस पगा न झगा तनपै प्रभु!
जाने को आहि बसै केहि ग्रामा।
धोती फटी-सी लटी दुपटी,
अरु पायँ उपानह की नहिं सामा॥
द्वार खड़ो द्विज दुर्बल देखि,
रह्यो चकि सो बसुधा अभिरामा।
पूछत दीनदयालको धाम,
बतावत आपनो नाम सुदामा॥

श्रीकृष्ण रुक्मिणीजीके महलमें भोजन करके आचमन कर रहे थे। जैसे ही उन्होंने 'सुदामा' नाम सुना, वे द्वारकी

ओर दौड़ पड़े। मुकुट वहीं रह गया, पादुका भी कौन पहने ? पीताम्बर मार्गमें गिर गया और वे लिपट गये अपने प्रिय सखा सुदामासे। कैसा अनोखा मिलन था प्रभुका अपने मित्रके साथ! दोनोंके नेत्र झर रहे थे। प्रभु अपने प्रिय सखाको अपने मुख्य महलमें लाये और सिंहासनपर बैठाया। प्रभुने पखारनेके लिये मित्रके चरण अपने हाथमें लिये, परंतु धोये कौन, वे तो मित्रके चरणोंकी ओर देखकर परम व्याकुल हो गये थे—

ऐसे बिहाल बिवाइनसों, पग कंटकजाल गड़े पुनि जोए।
हाय! महादुख पाये सखा, तुम आये इतै न कितै दिन खोए॥
देखि सुदामाकी दीन दसा, करुना करके करुनानिधि रोए।
पानी परातको हाथ छुयौ नहिं, नैननके जलसों पग धोए॥

श्रीरुक्मिणीजी स्वर्णनिर्मित सुगन्धित शीतल जलमय झारी लिये स्वामीके सखाके पैर पखारनेके लिये खड़ी ही रह गयीं। प्रभुने तो नेत्रोंके जलसे ही अपने प्रिय सखाके पाँव पखार दिये। बड़ा हृदयस्पर्शी दृश्य था। उद्धव एवं अक्रूरादि सभी इकट्ठे हो गये प्रभुके इस दीन सखाका स्वागत करनेके लिये। अन्ततः रुक्मिणीजीने स्वर्णमय झारीके जलसे सुदामाके पैर पखार कर चरणोदक लिया। महलोंको पवित्र करनेके लिये चरणोदक छिड़का गया। प्रभुने विधिवत् चन्दन, धूप, दीप आदिसे प्रिय सखा (ब्राह्मणदेवता)की पूजा की। श्रीकृष्ण उन्हें अन्तःपुरमें पलंगपर ले आये। स्वयं भगवती रुक्मिणीजी पंखा लिये सुदामाको हवा करने लगीं। अन्तःपुरकी सभी रानियाँ लक्ष्मीनाथकी इस ब्राह्मण-सेवाको देख विस्मित हो रही थीं—'न जानें इस दीन दरिद्रने कौन-सा पुण्य किया था, जो स्वयं लक्ष्मीपति इसकी सेवामें संलग्न हैं।' स्वर्णपात्रोंमें सुदामाको भोजन कराया गया और फिर वे विश्राम करने लगे।

'भैया! तुमने इतने दिन मेरी कुछ खबर ही नहीं ली।' सुदामाके पैर दबाते हुए रमानाथ कह रहे थे। 'गुरुकुलके उन मधुर दिनोंकी स्मृति मुझे आज भी प्रफुल्लित कर रही है। गुरुजी हमें कितना प्यार करते थे!'

सुदामा तो मानो सुध-बुध ही भूल गये थे। श्रीकृष्णका अलौकिक स्नेह-सौहार्द उनके हृदयको विह्वल किये हुए था। सुदामा चित्रलिखित-से बैठे थे, उनके नेत्रोंसे अविरल अश्रु-धारा प्रवाहित हो रही थी। मुखसे वाणी नहीं निकल पा रही थी।

'प्रिय सखे! गुरुकुलमें तुम्हारा वैराग्य अनुपम था। गुरुकुलसे लौटनेके बाद तुम्हें मनोऽनुकूल ही पत्नी प्राप्त हुई होगी? तुम्हारा गृहस्थ-धर्म सुखपूर्वक निभ रहा होगा?' रमापतिने विनम्रतासे पूछा। सुदामाके मौनसे वे समझ गये कि वे गृहस्थ हो गये हैं।

'भाभीने मेरे लिये अवश्य कुछ उपहार भेजा होगा?' श्रीकृष्णने अपने प्रिय सखाका हाथ दबाते हुए उनसे पूछा। सुदामाकी विचित्र स्थिति थी। वहाँका ऐश्वर्य देखकर वे जमीनमें गड़े-से जा रहे थे। वे संकोचसे बगल दबा रहे थे, कहीं छोटी-सी पोटली दीख न जाय।

'सर्वान्तर्यामी श्रीकृष्णसे क्या कुछ छिपा रह सकता है?' यह बात सुदामा भूल गये। लीलाविहारीकी लीला चल रही थी और वे सर्वथा ही अनभिज्ञ-से बने हुए थे, परंतु सुदामाकी भावभङ्गिमा बता रही थी कि उनकी बगलमें कुछ दबा है।

'मुझसे भी छिपा रहे हो।' करुणानिधानने अपने प्यारे मित्रका हाथ खींच लिया। चिथड़ोंमें लिपटी पोटली फर्शपर गिर पड़ी और चिउड़ोंके दाने बिखर गये। रमानाथ दोनों हाथोंसे बटोरकर उन चिउड़ोंको बड़े प्रेमसे पाने लगे। ऐसा लगता था मानो वे कई दिनोंसे भूखे हों। 'सखे! भाभीद्वारा मेरे लिये प्रेमसे भेजे गये इतने स्वादिष्ट चिउड़े इतनी देर तुमने मुझसे क्यों छिपाये?' चिउड़ोंका भोग लगाते समय लक्ष्मीपति बीच-बीचमें तिरछी दृष्टिसे अपने सखाको निहारते जाते थे।

वे बार-बार चिउड़ोंके स्वादका बखान कर रहे थे। सुदामाने रात्रिभर वहीं विश्राम किया। प्रातः उठकर उन्होंने सखा श्रीकृष्णसे जानेकी आज्ञा माँगी। श्रीकृष्णने अपने मित्रको रोकनेका बहुत आग्रह किया। सभी महारानियोंने भी सुदामासे आतिथ्यका सुअवसर देनेकी प्रार्थना की, परंतु सुदामाको बड़ा संकोच हो रहा था। उन्होंने प्यारे श्रीकृष्णसे पुनः आज्ञा माँगी और अपने घरको चल दिये। द्वारकाधीश अपने मित्रको पहुँचाने बहुत दूर-तक पैदल साथ आये। सुदामा जैसे आये थे, वैसे ही, उन्हीं फटे वस्त्रोंमें जा रहे थे। श्रीकृष्णने उन्हें कुछ भी न दिया। एक मुट्ठी अन्न या एक वस्त्रतक सुदामाको नहीं मिला।

श्रीकृष्ण-स्मृतिमें लीन सुदामा आगे बढ़ रहे थे। उनके पाँव जमीनपर पड़ रहे थे, परंतु मन प्यारे सखाकी

मधुर स्मृतिमें रम रहा था—'वे दीनानाथ कितने दयालु हैं! मुझ नगण्यको भुजाओंमें बाँध लिया। प्यारे प्रभुने वे न खानेयोग्य चिउड़े कितने प्यारसे खाये !! सुदामा प्रभुकी कृपावत्सलतापर विमुग्ध थे, वे मानो अपने आपसे ही कह रहे थे—

अधनोऽयं धनं प्राप्य माद्यन्नुच्चैर्न मां स्मरेत्।
इति कारुणिको नूनं धनं मेऽभूरि नाददात्॥

(श्रीमद्भा० १०। ८१। २०)

'परम कृपालु श्रीकृष्णने मुझे थोड़ा-सा भी धन नहीं दिया, उन्होंने सोचा कहीं यह दरिद्र ब्राह्मण धन पाकर मतवाला न हो जाय, मुझे भूल न बैठे। उनकी कितनी कृपा है, कैसा संरक्षण है!' सुदामा गद्गद हुए जा रहे थे।

प्रभुकी मधुर स्मृतिमें डूबे सुदामा न जाने कब अपने गाँव पहुँच चुके थे। एकाएक वे चौंक पड़े—'अरे! मैं कहीं वापस द्वारका तो नहीं पहुँच गया हूँ?' सामने ही उनके घरकी जगह एक विशाल महल खड़ा था। आस-पास मनोहर उद्यान-उपवन लगे थे। पास ही सरोवरमें कमलके पुष्प विकसित हो रहे थे। रंग-बिरंगे पक्षिगण कलरव कर रहे थे। सुदामाने आस-पासके मकानोंको बहुत ध्यानसे देखा। वे सोचने लगे कि यह द्वारका तो नहीं है, परंतु अपनी झोपड़ी न देखकर वे विस्मित थे। उन्होंने देखा कि उनकी अगवानीके लिये हाथमें आरतीकी थाल लिये एक लक्ष्मी-जैसी सुन्दरी आ रही है। किसी पर-स्त्रीकी ओर न देखनेवाले सुदामाने मुख मोड़ लिया। तभी मधुर स्वर सुनायी दिया—'देव! इस दासीको कृतार्थ करें।' सुनकर सुदामा चौंक पड़े। यह वाणी तो उनकी साध्वी पत्नीकी ही थी। वे कुछ भी समझ न सके। 'कहीं मैं स्वप्न तो नहीं देख रहा हूँ।' सुदामा अपनी आँखें मलने लगे।

'स्वामिन्! यह आपके चरणोंकी दासी है।' ब्राह्मण-पत्नीने सुदामाके चरण पकड़ लिये। वह नाना प्रकारके वस्त्राभूषणोंसे अलंकृत थी। उसके साथकी दासियाँ भी नूतन वस्त्राभूषण पहने हुए थीं। वे महलमें गये। महलके अंदरकी शोभा तो और भी निराली थी। स्वर्णकी चौकियाँ, रत्नमय पलंग और मखमली गद्दोंसे सुशोभित कक्ष। बहुत-से दास और दासियाँ जगह-जगह अपने कामपर नियुक्त थे।

अब सुदामाको अपने प्यारे सखा श्रीकृष्णका कृपा-विलास समझमें आया। वे मन-ही-मन कहने लगे—'मैं जन्मसे ही भाग्यहीन और दरिद्र हूँ। मेरी इस सम्पत्ति-समृद्धिका कारण क्या है? अवश्य ही परमैश्वर्यशाली यदुवंशशिरोमणि भगवान् श्रीकृष्णके कृपाकटाक्षके अतिरिक्त और कोई कारण नहीं हो सकता।'

नूनं बतैतन्मम दुर्भगस्य
शश्वद्दरिद्रस्य समृद्धिहेतुः।
महाविभूतेरवलोकतोऽन्यो
नैवोपपद्येत यदूत्तमस्य॥

(श्रीमद्भा० १०। ८१। ३३)

(६)

द्रौपदीपर कृपा

कौरवोंकी राजसभा लगी थी। पितामह भीष्म, गुरु द्रोण, महाराज धृतराष्ट्र आदि वयोवृद्धजन उपस्थित थे। शकुनिकी द्यूतक्रीडामें उसकी, दुर्योधन और कर्णकी सभी छलपूर्ण चालें सफल हुईं। युधिष्ठिर अपना सर्वस्व हार चुके थे। अपना सम्पूर्ण धन-वैभव, राज्य, चारों भाई, तदनन्तर स्वयं अपनेको, एक-एक करके वे सभी कुछ जुएमें हार गये थे। अन्तमें शकुनिके उकसानेपर द्रौपदी भी दाँवपर रखी गयी और युधिष्ठिर उसे भी अन्य वस्तुओं-की तरह ही हार गये।

'प्रातिकामी! पाण्डव-कुलवधूको इसी समय सभामें ले आओ। तुम्हें अब पाण्डवोंसे कोई डर नहीं है।' दुर्योधन-ने अपने सारथिको आदेश दिया। वचनबद्ध पाण्डव चुप-चाप सुन रहे थे।

'द्रुपदकुमारी! आपको दासीके रूपमें कौरव-सभामें उपस्थित होना है। दुर्योधनने द्यूतमें धर्मराज युधिष्ठिरका सर्वस्व जीत लिया है। दुर्योधनके आदेशसे आपको उनके महलमें दासीका कार्य करना होगा।' पाञ्चालकुमारीको प्रातिकामीने यह आदेश सुनाया। वह सुनकर विस्मित हो उठी। उसने प्रातिकामीसे द्यूतक्रीडाका पूरा विवरण सुना और बोली—'प्रातिकामी! तुम जाकर सभासदोंसे पूछो कि क्या इस तरह मेरा सभामें उपस्थित होना न्याययुक्त है? क्या धर्मराज स्वयं अपनेको हारकर मुझे भी दाँवपर रख सकते हैं?'

प्रातिकामीको अकेला आते देखकर दुर्योधन क्रुद्ध हो उठा—'दुःशासन ! यह प्रातिकामी बड़ा मूर्ख है, तुम तुरंत जाओ और द्रौपदीको पकड़कर सभामें ले आओ।' अपने छोटे भाईको उसने आदेश दिया। इस बीभत्स आदेशको सुनकर भी सभासद् पूर्ववत् मौन थे।

'पाञ्चाली ! आजसे तुम हमारी दासी हो। अब तुम्हें दुर्योधनकी सेवा करनी है। शीघ्र सभामें चलो।' क्रुद्ध हुए दुःशासनने द्रौपदीके महलमें पहुँचकर उसको आदेश दिया।

दुःखिता द्रौपदी शीघ्रतासे धृतराष्ट्रके रनिवासकी ओर बढ़ी, सम्भव है, मैया गान्धारी कुछ सहायता करें। 'ठहरो !' क्रोधित दुःशासनने दौड़कर द्रौपदीके खुले केशोंको पकड़ लिया।

'दुःशासन ! मैं रजस्वला हूँ। एकवस्त्रा हूँ। गुरुजन, वृद्धजन एवं आदरणीय सभासदोंके सम्मुख मुझे इस अवस्थामें मत ले जाओ।' द्रौपदीने अत्यन्त दीनतासे गिड़गिड़ाते हुए कहा।

'दुर्योधनका आदेश है। मैं कुछ नहीं जानता, अब तुम हमारी दासी हो। तुमको चलना ही होगा।' ऐसा कहकर दुःशासन बाल पकड़कर द्रौपदीको घसीटने लगा। पाण्डव-कुलवधू लज्जासे मानो गड़ी जा रही थी। स्वयंवरके बाद जिसको वायुने भी स्वच्छन्दतासे नहीं देखा था, वही नारी-भूषण द्रुपदसुता आज दुष्ट दुःशासनके द्वारा बलपूर्वक सभा-प्राङ्गणमें घसीटकर लायी गयी। सभासदोंका मस्तक इस भीषण अन्यायके सामने उठ नहीं पा रहा था।

'आज महापुरुषोंका सदाचार लुप्त हो गया है, आज नरेशोंका क्षत्रिय-धर्म नष्ट हो गया। आज पितामह, आचार्य, महाराज धृतराष्ट्र, महात्मा विदुर आदिकी धर्मपरायणता समाप्त हो गयी। अहो ! इस पापाचारकी ओर दृष्टिपात करनेवाला कोई नहीं है।' द्रौपदी इस प्रकार करुण-विलाप कर रही थी। दुर्योधन, कर्ण, शकुनि आदि प्रसन्न हो रहे थे। दुःशासनकी प्रशंसा की जा रही थी। पाण्डवोंकी दृष्टि जमीन-पर लगी थी और चेहरे व्यथापूर्ण थे। द्रौपदी सभासदोंसे कृपा-याचना करती हुई बोली—'सभासदो ! धर्म एवं नीतिके मर्मज्ञो ! क्या स्वयंको हारे हुए धर्मराजका पुनः मुझको दाँव-पर लगाना न्याययुक्त था ? अरे ! कुलवधूके सम्मानकी रक्षा करो।' परंतु सभी मौन थे। निर्लज्ज कर्णने दुःशासनको पाण्डवों एवं पाञ्चालीके वस्त्र उतारनेके लिये प्रेरित किया। पाण्डवोंने तत्काल उत्तरीय वस्त्रोंका त्याग कर दिया। अब दुःशासन द्रौपदीकी साड़ीका छोर हाथमें लिये था। द्रौपदी बड़ी करुण-दृष्टिसे सभासदोंकी ओर बारंबार देख रही थी। उसकी दृष्टि कभी पितामह, कभी द्रोण और कभी धृतराष्ट्रके चेहरेपर टिक जाती थी। उसने एक तिरछी दृष्टि पाण्डवोंपर भी डाली; परंतु वे सभी निष्प्राण-से थे। नारीके शीलकी रक्षा करनेवाला कोई न था। जिन पतियोंके बलपर द्रौपदीको गर्व था, जिन धर्मज्ञों और नीतिज्ञोंसे उसे आशा थी, वे सभी निर्जीव-से थे। उन सबके देखते द्रौपदी सभामें निर्वस्त्रा की जा रही थी। द्रौपदी बारंबार चीख रही थी, परंतु उसका रक्षक कोई न था।

नीच दुःशासनका हाथ बढ़ा और वह द्रौपदीकी साड़ीका छोर खींचने लगा। याज्ञसेनी बिलख पड़ी। संसारके सभी प्राणियोंसे उसकी आशाएँ टूट गयीं और अब उसकी धारणा एकमात्र कृपासिन्धु करुणावरुणालय दीनबन्धु श्यामसुन्दरपर टिक गयी। वह आर्तस्वरसे पुकार उठी—

गोविन्द द्वारकावासिन् कृष्ण गोपीजनप्रिय।
कौरवैः परिभूतां मां किं न जानासि केशव॥
हे नाथ हे रमानाथ व्रजनाथार्तिनाशन।
कौरवार्णवमग्नां मामुद्धरस्व जनार्दन॥
कृष्ण कृष्ण महायोगिन् विश्वात्मन् विश्वभावन।
प्रपन्नां पाहि गोविन्द कुरुमध्येऽवसीदतीम्॥

(महा० सभा० ६८। ४१-४३)

'हे गोविन्द ! हे द्वारकावासी श्रीकृष्ण ! हे गोपाङ्गनाओंके प्राणवल्लभ केशव ! कौरव मेरा अपमान कर रहे हैं। क्या आप नहीं जानते ? हे नाथ ! हे रमानाथ ! व्रजनाथ ! हे संकटनाशन ! हे जनार्दन ! मैं कौरवरूप समुद्रमें डूबी जा रही हूँ, मेरा उद्धार कीजिये। सच्चिदानन्दस्वरूप श्रीकृष्ण ! महायोगिन् ! विश्वात्मन् ! विश्वभावन ! गोविन्द ! कौरवोंके बीचमें कष्ट पाती हुई मुझ शरणागत अबलाकी रक्षा कीजिये।' कृपानिधि श्रीकृष्णका कृपाके रूपमें वस्त्रावतार हुआ। वे रंग-बिरंगे बस्त्रोंमें तुरंत प्रकट हो गये।

सभा सभासद निरखि पट पकरि उठायो हाथ।
तुलसी कियो इगारहों बसन बेस जदुनाथ॥

(दोहावली १६८)

दुःशासन खींचता गया और खींचता ही गया। रंग-बिरंगी साड़ियोंका अम्बार लग गया। भाँति-भाँतिके सुन्दर वस्त्रोंसे द्रौपदी आच्छादित होती गयी। जैसे-जैसे वह दुरात्मा

भगवान् श्रीकृष्णका कृपा-विलास

कौरव-सभामें द्रौपदी

[पृष्ठ ४५२

वनवासिनी द्रौपदीको श्रीकृष्णका कृपादा

[पृष्ठ

भक्तवत्सल भगवान्‌का प्रतिज्ञा-भंग

[पृष्ठ ४५५

अर्जुनपर कृपा

[पृष्ठ ४५५

भगवत्कृपासे कृतकृत्य भक्त

कृपाभाजन जयदेवजी

[पृष्ठ ४६३

कृपासे धन्य सखूबाई

[पृष्ठ ४६५

नरहरिपर हरि-हरकी कृपा

[पृष्ठ ४६८

प्रेमनिधिपर कृपा

[पृष्ठ ४७२

याज्ञसेनीकी साड़ी खींच रहा था, वैसे-वैसे ही मानो कृपालु श्रीकृष्णकी कृपाकी बाढ़-सी आ रही थी। बड़ा अद्भुत दृश्य था। कृपासिन्धुकी करुणाकी बौछार सबको भिगो रही थी। लज्जासे दुष्ट दुःशासनका सिर ऊँचा नहीं उठ रहा था, उसकी भुजाओंकी शक्ति समाप्त हो गयी थी। वह थककर चूर हो गया और अन्तमें उसे श्रीकृष्ण-कृपाविलासके सम्मुख नतमस्तक होना पड़ा। वह सिर नीचा करके सभामें एक किनारे जाकर चुपचाप बैठ गया।

× × ×

पाण्डवगण द्रुपदकुमारीसहित वनवासमें थे। वे काम्यकवनमें नाना प्रकारके कष्ट झेलते हुए वनवासकी अवधि व्यतीत कर रहे थे। उधर दुष्ट दुर्योधन किसी भी प्रकारसे पाण्डवोंका अन्त कर देनेके प्रयासमें था; क्योंकि वे किसी भी समय दुर्योधनसे अपने राज्यका अधिकार माँग सकते थे।

'यदि महर्षि दुर्वासा पाण्डवोंपर कुपित हो जायँ तो शीघ्र काम बन सकता है।' यह दुर्योधनके मस्तिष्ककी एक नयी सूझ थी। महर्षि दुर्वासाको प्रसन्न करनेकी योजना बनायी गयी। दुर्योधन स्वयं अपने सुखकी परवाह छोड़कर तत्परतासे महर्षिकी सेवामें लग गया। रात्रि हो अथवा दिन, महर्षि किसी भी समय कुछ भी चाहें, तैयार मिलता था। उन्हें प्रसन्न करनेका कोई भी अवसर दुर्योधनने नहीं खोया।

अन्तमें महर्षि पूर्णरूपसे संतुष्ट होकर जाने लगे और जाते-जाते बोले—'दुर्योधन! मैं तुम्हें वर देना चाहता हूँ।' धूर्त दुर्योधन अपनी चाल सफल हुई जानकर मन-ही-मन प्रसन्न हुआ। उसने कहा—'मुने! आपकी दयासे सभी कुछ सुलभ है। आपने आतिथ्यका सुअवसर देकर हमलोगोंपर बड़ी कृपा की। ऐसी ही कृपा आप हमारे बड़े भाई युधिष्ठिरपर करें। वे हमारे ज्येष्ठ और श्रेष्ठ भ्राता हैं। आजकल वे अपने भाइयों एवं पत्नी द्रौपदीसहित वनमें निवास कर रहे हैं। मुनिदेव! एक बातका और ध्यान रखें। जब द्रौपदी समस्त ब्राह्मणों तथा पाँचों पतियोंको भोजन कराकर स्वयं भी भोजन कर विश्राम करने लगे, तब आप उनके यहाँ अपने शिष्योंसहित भोजनके लिये पधारें तो उत्तम होगा।' महर्षिने बिना किसी हिचकके इतनी-सी बात स्वीकार कर ली। दुर्योधनको तो मानो निधि ही प्राप्त हो गयी, वह सोच रहा था—'द्रौपदीके भोजन करनेके उपरान्त उस सूर्यपात्रमें महर्षिके आतिथ्यके लिये कुछ नहीं बचेगा। महर्षि अवश्य कुपित होंगे और इनका कोप पाण्डवोंके विनाशका कारण होगा ही।'

महर्षि दुर्वासाको दुर्योधनके कपटका क्या पता? वे अपने सहज स्वभावसे अपने दस हजार शिष्योंसहित द्रौपदीके भोजन करनेके उपरान्त पाण्डवोंके विश्रामके समय उनके यहाँ पहुँच गये। महर्षि दुर्वासाके आगमनका समाचार सुनकर राजा युधिष्ठिर अपने भाइयोंसहित उनकी अगवानीमें पहुँच गये। विधिपूर्वक उनका पूजन एवं आतिथ्य करनेमें युधिष्ठिरने कोई कमी न रखी। आये हुए अतिथि भोजन किये बिना युधिष्ठिरके यहाँसे कैसे लौटते? युधिष्ठिरने आदरपूर्वक उन लोगोंसे भोजनके लिये आग्रह किया। महर्षिने मध्याह्नकालिक नित्यकर्म—संध्यावन्दन करनेके उपरान्त प्रसाद ग्रहण करना स्वीकार किया।

महर्षि अपने शिष्योंसहित नित्यकर्मके लिये नदी-तटपर चले गये। इधर पतिव्रता द्रौपदीको इस बातका पता लगा। दस हजार व्यक्तियोंके भोजनकी व्यवस्था कोई सहज बात न थी। 'इतने अन्नकी व्यवस्था कैसे हो?' सभी विचार-मग्न हो गये। महर्षिकी कोप-कथाएँ उन्हें भी ज्ञात थीं, परंतु इस विपत्ति-नाशका कोई निर्णय वे लोग न निकाल पाये। अपने विनाशका समय उन्हें समीप जान पड़ा; परंतु पाञ्चाली वस्त्रावतारी कृपानिधिकी कृपाको इतना शीघ्र कैसे भूल सकती थी? 'क्या आज वे कृपासिन्धु कृपा नहीं करेंगे?' द्रौपदी विचारमग्न थी। मन-ही-मन पुकारने लगी—

कृष्ण कृष्ण महाबाहो देवकीनन्दनाव्यय॥
वासुदेव जगन्नाथ प्रणतार्तिविनाशन।
विश्वात्मन् विश्वजनक विश्वहर्तः प्रभोऽव्यय॥
× × ×
दुःशासनादहं पूर्वं सभायां मोचिता यथा।
तथैव संकटादस्मान्मामुद्धर्तुमिहार्हसि॥
(महा० वन० २६३। ८-९, १६)

'हे कृष्ण! हे महाबाहु श्रीकृष्ण! देवकीनन्दन! हे अविनाशी वासुदेव! चरणोंमें पड़े हुए दुःखियोंका दुःख दूर करनेवाले हे जगदीश्वर! आप ही सम्पूर्ण जगत्के आत्मा हैं। अविनाशी प्रभो! आप ही इस विश्वकी उत्पत्ति और संहार करनेवाले हैं। हे भगवन्! पहले कौरव-सभामें दुःशासनके हाथसे जैसे आपने मुझे बचाया था, उसी प्रकार इस वर्तमान संकटसे भी मेरा उद्धार कीजिये।'

भगवान् तो ठहरे कृपामूर्ति, करुणावरुणालय, द्रौपदीकी पुकार सुनते ही तुरंत दौड़ पड़े।

'कृष्णे! बहुत दूरसे आ रहा हूँ। थककर चूर हो गया हूँ। शीघ्र ही मुझे कुछ खानेको दो।' माधवने पहुँचते ही द्रौपदीसे कहा। भगवान्को देखकर द्रौपदीका हृदय गद्गद हो गया। वह बड़े विस्मयसे बोली—'प्रभो! आप क्या विनोद कर रहे हैं? यदि मेरे पास इस समय कुछ भी भोज्य सामग्री होती तो मैं आपको कष्ट क्यों देती? महर्षि दुर्वासाने दस हजार शिष्योंसहित हमारा आतिथ्य

स्वीकार किया है। उन लोगोंके भोजनका शीघ्र प्रबन्ध करना है। अब आप ही हमारे रक्षक हैं। हमें तो इस संकटसे उबरनेका कोई मार्ग नहीं सूझता।'

भगवान् श्रीकृष्णने मुस्कुराते हुए कहा—'कृष्णे! मैं तनिक भी विनोद नहीं कर रहा हूँ। मैं क्षुधातुर हूँ। पहले तुम मुझे कुछ खिलाओ। तुम अपनी वह बटलोई तो यहाँ लाओ, अवश्य ही तुमने मेरे लिये उसमें कुछ छोड़ा है।' द्रौपदी भगवान्की वाणीका तिरस्कार कैसे कर सकती थी, वह शीघ्र जाकर बटलोई ले आयी। भगवान् उसके हाथसे बटलोई लेकर ध्यानपूर्वक देखने लगे, थोड़ा-सा शाक-कण उसमें एक ओर लगा हुआ था। विश्वात्मा-यज्ञभोक्ता श्रीकृष्णने तुरंत उस शाक-कणको अपने मुख-में रख लिया और तृप्त एवं संतुष्ट हो गये। उन विश्वात्माका तृप्त होना अत्यन्त रहस्यपूर्ण था। भगवान् श्रीकृष्णने सहदेवको आदेश दिया—'भैया! शीघ्र जाकर मुनिगणको ले आओ।'

इधर महर्षि दुर्वासा अपने दस हजार शिष्योंसहित नदीमें संध्या-वन्दन कर रहे थे। एकाएक उन्हें एवं उनके शिष्योंको एक साथ डकारें आने लगीं। उन सबको ऐसे लगा, जैसे उनके गलेतक अन्न भरा है। दुर्वासा असमञ्जसमें पड़ गये कि राजा युधिष्ठिरके यहाँ बनी रसोईका क्या होगा? उन्हें तुरंत पुरानी बात स्मरण हो आयी—

स्मृत्वानुभावं राजर्षेरम्बरीपस्य धीमतः।
बिभेमि सुतरां विप्रा हरिपादाश्रयाज्जनात्॥
पाण्डवाश्च महात्मानः सर्वे धर्मपरायणाः।
शूराश्च कृतविद्याश्च व्रतिनस्तपसि स्थिताः॥
सदाचाररता नित्यं वासुदेवपरायणाः।
(महा० वन० २६३। ३३-३५)

'ब्राह्मणो! परम बुद्धिमान् राजर्षि अम्बरीषके प्रभावको याद करके मैं उन भक्तजनोंसे सदा डरता रहता हूँ, जिन्होंने भगवान् श्रीहरिके चरणोंका आश्रय ले रखा है। सब पाण्डव महामना, धर्मपरायण, विद्वान्, शूरवीर, व्रतधारी तथा तपस्वी हैं। वे सदाचार-परायण तथा भगवान् वासुदेवको अपना परम आश्रय माननेवाले हैं।'

महर्षिको बड़ा भय लगा। वे सोचने लगे—'पाण्डव एवं पतिव्रता द्रौपदी—सभी भगवान्के परम भक्त हैं, कहीं वे लोग कुपित हो गये तो हम सबको भस्म होनेमें देर न लगेगी।' वे सुदर्शनचक्रको भूले नहीं थे, अतः उन्होंने शिष्योंसहित वहाँसे भागनेमें ही अपना श्रेय समझा। वे लोग नदीतटसे ही लौट गये। इधर सहदेव उन लोगोंको खोजते हुए वापस आये और उन्होंने आकर मुनिगणके लौट जानेकी सूचना दी। दीनवत्सल भगवान्की कैसी अनोखी कृपा थी!

(७)

द्रौपदी और भीष्मपितामहपर कृपा

महाभारत-युद्धमें आठ दिनोंकी पराजयके बाद भी दुर्योधनके मनमें यह बात दृढ़तासे जँची हुई थी कि यदि पितामह सच्चे हृदयसे चाहें तो हमारी विजय हो सकती है। यह सोचकर वह पितामहके शिविरमें गया और दुःखी हो उसने अपने मनकी बात उनके सामने प्रकट की। उसे व्यथित देख भीष्मपितामहने कहा 'देखो, यदि भगवान् श्रीकृष्ण अपनी प्रतिज्ञापर दृढ़ रहें और शिखण्डी (जो जन्मसे स्त्री था, बादमें वरदानसे पुरुष हुआ, उसे मैं अभी भी स्त्री ही मानता हूँ) मेरे सम्मुख न आये तो कल मैं पाँचों पाण्डवोंका अन्त कर दूँगा।'

पाँचों पाण्डवोंके अन्तकी बात सुनकर दुर्योधन प्रफुल्लित हो उठा। उसने पितामहके चरणोंमें प्रणाम किया और अपने शिविरकी ओर चल दिया। उसने सबसे पितामहकी प्रतिज्ञाकी बात कह दी। कौरव-दलमें चारों ओर प्रसन्नता-की लहर दौड़ गयी।

भीष्म-प्रतिज्ञाका समाचार गुप्तचरोंद्वारा पाण्डवोंके पास भी पहुँचा। द्रौपदीने भीष्म-प्रतिज्ञा सुनी और उसकी प्रतिक्रिया भी देखी। उसके शोकका तो अन्त ही न था। वह भी अपने अन्तिम आधार भगवान् श्रीकृष्णके शिविरमें पहुँची। उसने वहाँ पहुँचकर श्रीकृष्णसे पूछा—'माधव! क्या आपके रहते मेरा सौभाग्य लुट जायगा?'

श्रीकृष्णने कहा—'पाञ्चाली! भक्तकी प्रतिज्ञाके आगे मैं विवश हूँ। पितामहकी प्रतिज्ञा मिथ्या हो, यह सम्भव नहीं।'

'माधव! क्या आज आपकी कृपाका स्रोत सूख गया।' शोकातुर द्रौपदी भगवान्पर क्रुद्ध-सी होने लगी। 'श्यामसुन्दर! आपने मुझे लंबे-लंबे आश्वासन दिये थे। क्या वे सभी मिथ्या होंगे? मेरे बिखरे बाल देखकर आपने जो कहा था, क्या आज वह सब व्यर्थ हो जायगा?' उसकी आँखोंसे टप-टप आँसू गिरने लगे।

श्रीकृष्ण गम्भीर ही बने रहे। वे कुछ न बोले। तब द्रौपदीने पुनः कहा—'प्रभो! आपके सामने ही यदि मुझे वैधव्यके महान् दुःखको देखना है तो इससे यही अच्छा है कि मैं पहले ही चिता-रोहण करके शरीर त्याग दूँ।' यह सुनकर भी भगवान् पूर्ववत् मौन ही रहे, अतः द्रौपदी चितारोहणकी तैयारी करने लग गयी। चिताकी परिक्रमाके समय भगवान् श्रीकृष्ण साथ थे।

अचानक भगवान्ने कहा—'चलो मेरे साथ' और द्रौपदी भगवान्के पीछे-पीछे चलने लगी। पितामहका शिविर आया, तब दयानिधि भगवान्ने आज्ञा दी—'द्रौपदी! शिविरके अंदर जाकर चुपचाप पितामहको प्रणाम करो और देखो, प्रणाम करते समय अपने आभूषणोंको बजा देना।' द्रौपदीने शिविरमें प्रवेश किया। उसने देखा, पितामह नेत्र मूँदे बैठे थे। उसने पितामहके चरणोंमें सिर टेककर प्रणाम किया। आभूषणोंकी झंकार सुनकर पितामहने कहा—'बेटी! सौभाग्यवती हो।' शोकातुर द्रौपदी रो पड़ी तथा गद्गद होकर बोली—'पूज्यवर! आपका आशीर्वाद कभी मिथ्या नहीं हो सकता।'

पितामह चौंक पड़े—'द्रौपदी! तुम, इस समय!' भीष्मने सोचा था कि दुर्योधनकी पत्नी आयी होगी। वे तो चिन्तामग्न थे यह सोचकर कि 'आज मैंने यह क्या प्रतिज्ञा कर डाली। जिन पाण्डवोंके रक्षक स्वयं कृपा-सिन्धु श्रीकृष्ण हैं, उनको मैं कैसे मारूँगा?' वे मन-ही-मन भगवान्से प्रार्थना कर रहे थे—'प्रभो! इस विपत्तिसे छुड़ा लो, मैं यह क्या अनर्थ करने जा रहा हूँ।' अस्तु! पितामहने समझ लिया कि इस घटनाका सूत्रधार तो निश्चितरूपसे कोई और ही है। 'बेटी! तुम्हारे साथ और कौन है?' इतना कहकर पितामह दौड़े द्वारकी ओर। द्वारकी ओटमें छिपे श्रीकृष्णको देखकर वे प्रणत हो गये उनके चरणोंमें और बोले—'प्रभो! आपकी लीला विचित्र है, जिनके रक्षक आप हैं, उन्हें कौन मार सकता है? परंतु नाथ! आज आप मेरी प्रतिज्ञा तुड़वा रहे हैं, कल आपको भी अपनी प्रतिज्ञा तोड़नी पड़ेगी।' भगवान् मुस्करा दिये—'भीष्म! मैं तो सदैव भक्तोंके अधीन हूँ।'

महाभारत-युद्धके नौवें दिन वही हुआ, जो कृपा-सिन्धु भगवान्को स्वीकार था। भक्तवत्सल भगवान् अपनी युद्धमें शस्त्र न उठानेकी प्रतिज्ञा तोड़कर हाथमें चाबुक लिये भीष्मकी ओर दौड़ पड़े। वस्तुतः यह तो भगवान् श्रीकृष्णका एक कृपाविलासमात्र था, जिससे उन्होंने अपने भक्तोंकी रक्षा और अपने भक्त भीष्मकी आन्तरिक इच्छा पूर्ण की। यद्यपि पितामह दुर्योधनकी बातोंमें अवश्य आ गये थे, परंतु हृदयसे भगवान्के आश्रित पाण्डवोंकी रक्षा ही चाहते थे।

(८)

अर्जुनपर कृपा

महाभारत-युद्धका अन्तिम समय था। कौरव-सेनापति महारथी भीष्म, द्रोण, कर्ण एवं शल्यका रणभूमिमें अन्त हो चुका था। दुर्योधनने भागकर द्वैपायनसरोवरमें शरण ले ली थी, परंतु पाण्डवोंने खोजकर उसका पता लगा लिया और उसे गदायुद्धके लिये सहमत कर लिया था। भीमसेनने कौरव-सभामें द्रौपदीके वस्त्रहरणके समय अपनी भुजाएँ उठाकर की हुई प्रतिज्ञा सत्य की। उन्होंने अपनी गदासे दुर्योधनकी दोनों जाँघें तोड़ दीं। अब दुर्योधन रणभूमिमें पड़ा अन्तिम साँसें ले रहा था। पाण्डव-विजयकी शङ्ख-ध्वनि हो चुकी थी। पाण्डवोंने कौरवोंके श्रीहीन शिविरोंमें प्रवेश किया। दुर्योधनके सेवकोंने नतमस्तक हो पाण्डवोंको नमन किया। पाण्डव अपने-अपने रथसे उतरने लगे।

'अर्जुन! जरा सावधान हो जाओ।' भगवान् श्रीकृष्णने रथमें बैठे पाण्डुनन्दनसे कहा। अर्जुन चौंक गये, वे समझ नहीं पाये कि अब सावधान होनेकी क्या बात है। कौरव तो परास्त हो ही चुके थे; परंतु भगवान्की आज्ञा अर्जुनको शिरोधार्य थी।

'अर्जुन! पहले अपने गाण्डीव धनुष एवं बाणोंसे भरे हुए दोनों अक्षय तरकसोंको उतार लो, तदनन्तर तुम स्वयं उतरो। तुम्हारे रथसे उतरनेपर मैं उतरूँगा।' भगवान्ने बड़ी सावधानीसे कहा।

नित्य श्रीकृष्ण स्वयं पहले उतरकर रथ थामते थे, परंतु आज तो वे विपरीत ही कर रहे थे। भगवान्की आज्ञा थी। अर्जुनने ठीक उसी तरह किया। रथसे पाण्डुनन्दनके उतरते ही भगवान् श्रीकृष्ण घोड़ोंकी बागडोर छोड़कर स्वयं रथसे उतरे। भगवान्के रथसे उतरते ही रथमें अग्निकी ज्वालाएँ प्रज्वलित हो उठीं। देखते-देखते ही वह विशाल रथ उपासंग, बागडोर, जूआ, बन्धुकाष्ठ एवं घोड़ोंसहित भस्म हो गया। पवनसुत हनुमान्जी तो भगवान्के उतरते ही ध्वजापरसे अन्तर्हित हो ही गये थे।

चारों भाइयोंसहित अर्जुन आश्चर्यचकित हो उठे। भगवान्की कृपाने ही आज अर्जुनकी रक्षा की थी। अर्जुनका रथ तो नाना प्रकारके अस्त्रों एवं ब्रह्मास्त्रके तेजसे कभीका दग्ध हो गया था, भगवान् श्रीकृष्णकी कृपाने ही उसे ध्वस्त होनेसे बचा लिया था।

युधिष्ठिर भगवान्का स्तवन करते हुए कहने लगे—

भगवतस्तु प्रसादेन संशप्तकगणा जिताः॥
महारणगतः पार्थो यच्च नासीत् पराङ्मुखः।

'भगवन्! आपकी कृपासे संशप्तकगण परास्त हुए हैं और कुन्तीकुमार अर्जुनने उस महासमरमें जो कभी पीठ नहीं दिखायी है, वह भी आपके ही अनुग्रहका फल है।'

भगवान्

भक्तिके समक्ष जहाँ लक्ष गुण वैभवको,
कुलको न मानको महत्त्व दिया जाता है।
भक्तिहीन भूपका भी मेवा है न भाता जिसे,
भक्त-गेह सागका कलेवा ही सुहाता है॥
भक्त-हेतु ऊपरसे भूपर उतर आता
होके मुक्तिदाता बन्धनोंमें बँध जाता है।
उस भगवान्को है वन्दन हमारा नित्य,
भक्तको रिझानेमें सदा जो मोद पाता है॥

भक्त

पाहन दे प्रिय, याकि रस अवगाहन दे,
चाह न घटा जो लिये चातक-सा पन है।
व्यथित वियोगमें गुविन्द मन-भावनके,
दृग-अरविन्द हुए सावनके घन है॥
प्रीतम सुखी हों, प्रीत मनका यही है सुख,
दुखको प्रसाद मान रहता मगन है।
सरबस श्यामको दे, परवश कामके न,
नर अभिराम उस भक्तको नमन है॥

—'राम'

भगवत्कृपा

बरस रही प्रभु-कृपा सभीपर बिना भेद अनवरत अपार।
किंतु न कर पाते अनुभव विश्वासहीन हम मोहागार॥
पर प्रभु-कृपा न वंचित रखती कभी किसीको परम उदार।
समुचित मधुर-तिक्त औषध दे हरती रहती रोग-विकार॥

—'श्रीभाईजी'

भगवत्कृपासे कृतकृत्य भक्तोंके पावन चरित

(लेखक—पं० श्रीराजेन्द्रजी शर्मा)

भाईजी श्रीहनुमानप्रसादजी पोद्दारने एक स्थलपर लिखा है—'भक्तोंके चरित सदा ही मङ्गलमय, सात्त्विक, स्फूर्तिदायक, चिन्तन, मनन और सेवन करने योग्य एवं नित्य-नवीन हैं। आदर्श व्यवहार, इन्द्रिय-मनपर विजय, पवित्र सेवा-भाव, त्याग और तपस्या, विषय-विरक्ति, भगवद्भक्ति और प्रेम आदिका सच्चा स्वरूप उपदेशोंमें नहीं मिलता, वह तो भक्त-चरितोंमें ही प्रत्यक्ष प्राप्त होता है। भक्त-चरित स्वयं मूर्तिमान् उपदेश हैं। भक्तोंके विभिन्न विचित्र भाव होते हैं। अपने प्रभुके साथ वे अपने भावके अनुसार ही सम्बन्ध स्थापित करते हैं और भक्तवत्सल भगवान् भक्तोंके उसी भावको स्वीकारकर तदनुकूल ही लीला करके उन्हें सुख देते हैं और उनके पवित्र प्रेम-रस-पूर्ण भावका रसास्वादन करते हैं। भक्तोंका स्मरण अन्तःकरणको पवित्र करता है और भगवान्‌में प्रीति उत्पन्न करता है। भक्त-चरितोंको श्रद्धा, भक्ति और चित्तकी संलग्नतासे पढ़नेपर दुर्लभ भगवद्भक्तिकी प्राप्ति सहज हो सकती है। इसलिये भक्त-चरितकी बहुत बड़ी उपयोगिता है।'

कलिकालमें ऐसे अनेक भगवद्भक्त हुए हैं, जिनकी भक्तिके वशीभूत हो भगवान्‌ने साक्षात् दर्शन देकर उनपर अद्भुत अनुग्रह किया है। इनमेंसे भगवत्कृपाके सहस्रों रूपोंको परिलक्षित करनेवाले कतिपय भक्त-चरितोंकी झलकियाँ प्रस्तुत हैं, जिन्हें श्रद्धापूर्वक पढ़नेसे निश्चय ही भगवत्प्रेम—भगवद्भक्तिकी प्राप्ति और भगवत्कृपाका अनुभव किया जा सकता है। भक्तोंकी महिमा इतनेसे ही जान लेनी चाहिये कि भगवान् उन्हें अपना 'मुकुटमणि' मानते हैं, उनके वशमें रहते हैं, उनकी सेवामें प्रस्तुत होनेके लिये नाना रूप धारण करते हैं और घोषणा करते हैं—'**न मे भक्तः प्रणश्यति।**' (गीता ९ । ३१) अर्थात् मेरे भक्तका कभी विनाश नहीं होता।

भगवत्कृपासे कृतकृत्य हुए कलिकालके इन भक्तोंके पवित्र चरित पढ़कर हमारे हृदयोंमें भी भगवद्भक्तिकी अखण्ड ज्योति जग उठे, यही उन भक्तवत्सल प्रभुसे प्रार्थना है।

गोस्वामी तुलसीदासजीपर भगवत्कृपा

भगवान्‌की प्रतिज्ञा है—

'ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्।'

(गीता ४ । ११)

'जो मुझे जैसे भजते हैं, मैं भी उन्हें वैसे ही भजता हूँ।' अपनी इसी प्रतिज्ञाके अनुसार भगवान् भक्तोंके हाथ बिक जाते हैं और भक्तोंका योगक्षेम वे ही वहन करते हैं। अपनी अहैतुकी कृपासे वे भक्तको विभोर कर देते हैं। उन कृपायतनके अतिरिक्त ऐसा कृपालु और कौन हो सकता है! उनकी तो यही बान है—

करउँ सदा तिन्ह कै रखवारी। जिमि बालक राखइ महतारी॥

(मानस ३ । ४२ । ३)

जो सांसारिक आश्रय तजकर एकमात्र भगवान्‌को ही भजते हैं, भगवान् उनकी सदा वैसे ही रखवाली करते हैं, जैसे माता बालककी रक्षा करती है।

संतशिरोमणि भक्तप्रवर गोस्वामी तुलसीदासजीको अपने जीवनमें भगवत्कृपाका कुछ ऐसा ही आह्लादकारी अनुभव हुआ था। बात तबकी है, जब गोस्वामीजी 'श्रीरामचरितमानस'की रचना सम्पूर्ण करनेके पश्चात् भगवान् विश्वनाथकी पावन नगरी काशीमें आये। उन दिनों 'अस्सी' नालेसे आगे खेत और जंगल ही थे। वहीं आपकी पर्णकुटी थी। सुनसान स्थान, दूर-दूर तक जन-मानसका कोई चिह्न नहीं, स्वर नहीं, शब्द नहीं। सामने भागीरथीकी मन्द-मन्द धारा बहती थी और उस छोटी-सी कुटियामें भी भक्ति-भागीरथीकी धारा प्रवहमान थी। गोस्वामीजी भगवान् गौरीपति, गजानन और माता पार्वतीको श्रीरामचरितमानस-का श्रवण करानेके पुण्य-संकल्पसे काशी आये थे।

पूरी निष्ठा और श्रद्धाके साथ तुलसीदासजीने गद्गद वाणीसे भगवान् आशुतोष और माता पार्वतीको 'मानस'का पाठ सुनाया और तत्पश्चात् अपनी 'तुच्छ' रचना भगवान्‌को समर्पित कर दी। विश्वनाथ-मन्दिरके पट बंद कर दिये गये; क्योंकि संस्कृतज्ञ पण्डितोंका दुराग्रह था कि यदि

बाबा शिवजीको हिंदीमें 'श्रीरामचरितमानस' श्रेष्ठ प्रतीत होगा तो प्रातः उनकी सही इस पोथीपर होनी चाहिये।

भगवत्कृपाके प्रकार भी विलक्षण होते हैं। प्रातःकाल प्रकाण्ड पण्डितों, विद्वानों और साधु-संन्यासियोंके समक्ष जब मन्दिरके पट खोले गये तो कहते हैं 'श्रीरामचरितमानस'पर सुन्दर-सुन्दर अक्षरोंमें **'सत्यं शिवं सुन्दरम्'** लिखा मिला। मन्दिर-में यही दिव्य घोष सुनायी भी दिया। भक्त भगवान्‌की कृपाके समक्ष भक्तिपूर्वक नत हो गया; किंतु ईर्ष्यालु पण्डित वैमनस्य-की अग्निमें झुलसने लगे। उन्हें चिन्ता हुई कि तुलसीदास तो हमारी मान-प्रतिष्ठा ही समाप्त कर देगा। 'मानस'की और प्रतियाँ तो उस समय थीं नहीं। पण्डितोंने 'श्रीरामचरितमानस'-की **'सत्यं शिवं सुन्दरम्'**के दिव्याक्षरोंसे अलंकृत पोथीको नष्ट करनेका कुकृत्य विचारा।

कृष्णपक्षकी काले मेघोंसे घिरी गहरी अन्धकारपूर्ण रात्रिमें दो चोर धीरे-धीरे 'अस्सी'के खेतों और जंगलोंको पार करते जा रहे थे। धड़कते हृदयोंसे वे अन्ततः गोस्वामीजीकी कुटीके समीप पहुँचकर एक विशाल वृक्षके तनेकी ओटमें छिप गये। वे आहट लेना चाहते थे। दूरसे उन्हें दीपकके मन्द प्रकाशमें तुलसीदासजी गहरी निद्रामें निमग्न दिखायी दिये। उनके सिरहाने ही छोटी-सी चौकीपर लाल रेशमी वस्त्रमें बँधी भगवान् शंकरद्वारा सम्मानित 'मानस'की पोथी रखी थी। चोरोंने सोचा—'अब देर नहीं करनी चाहिये।' उनकी दृष्टिमें तो वे स्वर्णमुद्राएँ नाच रही थीं, जो उन्हें 'मानस'की प्रतिके बदलेमें मिलनेवाली थीं।

वृक्षकी ओटसे निकलकर उन्होंने जैसे ही कुटियाकी ओर पहला पग दबाकर बढ़ाया, वे भयसे काँप उठे और ठिठक-कर पुनः वृक्षकी ओटमें आकर छिप गये। मोटे तनेकी ओटसे उन्होंने एक बार फिर कुटियाकी ओर झाँका। उस गहन अन्धकारमें उन्होंने देखा—दो राजकिशोर कुटियाके द्वारके साथ सीधे तनकर खड़े हैं। एक श्यामवर्ण प्रतीत होता है, दूसरा गौरवर्ण। दोनों मणियोंसे युक्त मुकुट और हार पहने हुए हैं। दोनोंके उन्नत ललाट हैं, नेत्र विशाल हैं। वे पीताम्बर धारण किये और रत्नजटित स्वर्ण करधनी पहने हैं। उनके कंधेपर निषङ्ग और लंबे बाहुओंमें भृकुटियोंकी तरह झुके हुए धनुष हैं। ऐसे अद्भुत किशोरको देखकर वे भयविकम्पित हो काष्ठवत् खड़े रहे। बार-बार ध्यानपूर्वक देखा। यह स्वप्न तो नहीं था। वास्तविकता थी। उनके मनमें फिर स्वर्णमुद्राएँ झनझना उठीं। वे धीरे-धीरे पर्ण-कुटीके पीछे गये। वहाँ भी वे ही राजकिशोर पहरा दे रहे हैं। दायीं ओर भी वही भय उत्पन्न करनेवाला दृश्य और बायीं ओर भी वही। उन्हें लगा मानो राजकुँवर अभी प्राणभेदी बाण छोड़ देंगे। चोर इतने घबराये कि मूर्च्छित होकर वहीं गिर पड़े।

सूर्योदय होनेवाला ही था, गोस्वामीजी गङ्गाजीसे स्नान करके लौट रहे थे। कुटियाके समीप वृक्षकी आड़में दो अपरिचित क्रूर आकृतिवाले व्यक्तियोंको पड़े देख उन्होंने पूछा—'तुम कौन हो रे, भैया ?'

संतकी मधुर वाणीसे उन्हें चेत हुआ। आँखें खोलीं तो देखा सामने भक्तशिरोमणि गोस्वामीजी खड़े हैं। उन्होंने दयाकी याचना करते हुए तुलसीदासजीके चरण पकड़ लिये—'क्षमा करें महाराज! हम बड़े पापी हैं।' और विस्मित खड़े तुलसीदासजीको उन्होंने रात्रिकी सारी घटना सुना दी।

तुलसीदासजी उनकी निश्छल वाणीसे अपने प्रभुके रूप-माधुर्यका वर्णन सुनकर श्रीरामके कृपा-समुद्रमें मानो डूबने-उतराने लगे। प्रेम-विह्वल हो अश्रुओंको किंचित् पोंछते हुए वे बोले—'तुम दोनों धन्य हो। भाग्यवान् हो। तुम्हें भगवान्‌के दिव्य दर्शन प्राप्त हुए। भुवन-मोहन दीन-हित-कारी प्रभुको मेरे कारण ऐसा कष्ट.......?' गोस्वा[illegible] वाणी अवरुद्ध हो गयी। चोरोंने उसी दिनसे चौर्यव[illegible] दिया और श्री[illegible] भजनमें लग गये।

तुलसीदा[illegible] वह मलजीके पास [illegible] पुनः एक तैयार की। इ[illegible] विद्वान् गये। जिसपर [illegible] सीम कि चाँपि [illegible]

भगवत्कृपाके अप्रतिम पात्र भक्त न[illegible]

भगवान् श्रीकृष्णके परमप्रिय भक्त नरसी मेहताने अपने एक पदमें गाया है—

भक्त आधीन छे, श्यामसुन्दर सदा,
ते तारां कारज सिद्ध करशे।

ईश्वने [illegible]

'द्वारकानाथ [illegible]

कृपा कर भक्तका कार्य सिद्ध करते हैं। ईश्वरको जीवोंसे कोई ईर्ष्या नहीं है, अपने ही अवगुणोंसे यह (जीव) ईश्वरसे अलग (दूर) हो रहा है।' भक्त नरसी मेहताकी इन पङ्क्तियोंसे यह स्पष्ट हो जाता है कि भगवान् सदा-सर्वदा कृपालु हैं। वे भक्तोंके तो अधीन हो जाते हैं। नरसी मेहताके जीवनमें ऐसे प्रेरक निश्छल एवं भक्तिकी पावन गङ्गा प्रवाहित करनेवाले प्रसङ्गोंका बाहुल्य रहा है, जिनसे भगवत्कृपाकी अलौकिक अनुभूति होती है।

वास्तवमें नरसी मेहतापर बाल्यकालसे ही भगवत्कृपाका अमृत बरसता रहा। उनका जन्म लगभग सं० १४७० वि० में जूनागढ़के निकट 'तलाजा' नामक ग्रामके एक प्रतिष्ठित नागर-ब्राह्मण-परिवारमें हुआ था। नरसीराय अभी पाँच वर्षके ही थे कि उनके माता-पिताका शरीरान्त हो गया। बाईस वर्षीय बड़े भाई वंशीधर और दादी जयकुँवरीने उनका लालन-पालन किया।

आठ वर्षकी आयु होनेको आयी, पर अभीतक नरसी मेहताकी वाणी मूक थी। संयोगवश, दादी उन्हें एक दिन दर्शनार्थ बडनगर-स्थित हाटकेश्वरके मन्दिरमें ले गयीं। वहाँ एक संत विराजमान थे। जयकुँवरीने उन्हें अपने पौत्रकी दयनीय स्थिति बतायी। इन महात्माका दर्शन नरसी मेहतापर पहली भगवत्कृपा थी—'बिनु हरि कृपा मिलहिं नहिं संता।' (मानस ५। ६। २) महात्माने अपने दिव्य स्पर्शसे मानो बालकको पवित्र कर दिया। उन्होंने आशीर्वाद दिया—'यह बालक भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रका परम भक्त होगा।' बालकके निर्दोष नेत्रोंमें महात्माने अपनी अलौकिक दृष्टिसे झाँका और कहा—'बच्चे! बोलो राधाकृष्ण, राधाकृष्ण।' नरसीने सर्वप्रथम 'राधा-कृष्ण'—इस पावन नामका उच्चारण किया। प्रभु-कृपासे मूक वाचाल हो गया। साथ-ही-साथ बालक नरसीको इष्ट-मन्त्र भी मिल गया।

जैसे-जैसे आयु बढ़ती गयी, वैसे-वैसे नरसीजीके भक्ति-रूप चन्द्रमाकी कलाएँ भी बढ़ती गयीं—कभी क्षीण न होने-वाली पूर्णताकी ओर। सांसारिक जीव तो स्वभावसे ईर्ष्यालु होते हैं। नरसी मेहताको सर्वप्रथम अग्रज वंशीधर और भाभी दुरितगौरीकी ईर्ष्याका शिकार होना पड़ा। नरसी मेहताने भजन-कीर्तन, साधु-सङ्गत और भगवत्प्रेमका कल्याणकारी मार्ग अपनाया था। पढ़ना-लिखना, खाना-पीना, दुःख-सुख, निन्दा-स्तुति—सब कुछ उन्होंने भगवत्प्रेमपर वार

दिया र्पित कर गोसाईं विट्ठलनाथजी परासोली पहुँचे।
नरसीजीके पास श्रीनाथजीके ध्वजका वन्दन कर उसी ओर
अलग होना ये चबूतरेपर अर्धचेतनावस्थामें लेटे थे। श्रीविट्ठल-
पुत्री कुँवरबाईके ाते ही उनमें मानो प्राणोंका नव-संचार हुआ।
एक श्रीमन्त ना ावृत्तिको पूर्णतया एकाग्र कर श्रीनाथजीमें ध्यान
साथ करा दिया साईंजीने उनका हाथ अपने हाथमें ले लिया।
कुँवरबाईके ानो भगवान्का ही सांनिध्य मिल गया हो।
करनेकी कुंकुं ोके पहुँचते ही भगवान्की भक्तवत्सलताका कृतज्ञताके
कर सूरदासजीने गाया—'देखो जू हरि जूको एक
काम ा।' फिर एक और पद गाकर श्रीवल्लभके प्रति अनन्य
जिसका भाव प्रकट किया—'भरोसो दृढ़ इन चरनन केरो।'
विवाहके फिर भक्तने इहलीला-संवरण करनेसे पूर्व भक्तवत्सल
ब्राह्मणोंमें नके करुणापूर्ण नेत्र देखे। 'खंजन नैन रूप-रस माते'
विवाह ाते-गाते वे भगवान्के परमधाममें पधार गये।
अवसरपर हती कृपा थी सूरदासजीपर भगवान् श्रीकृष्णकी।
को निर्धन ी जब उनके पद गाये जाते हैं तो ऐसी अनुभूति
ननदने उप मानो सूरदासजी गा रहे हैं और श्रीकृष्ण
गोपीचन्दनके का श्रवण कर रहे हैं।
कुँवरबाईका
कहा—'आखि —मीरा
तो आकर मिल ी हो गयी। भक्तिके इस
समधीको भी कुंकु अब स्वयं भी पद-रचना क
नरसीजीको तो उसका भगवत्प्रेम दिन
उन्होंने वह कुंकुम-पत्रि वि०में जब सीसो
दी। समय आनेपर वे सा का विवाह
उनकी निर्धनता और ण्डपमें
एक जीर्ण-शीर्ण मकानमें ाथ
उन्हें अपने समीप ठहरानेमें

अतिरिक्त हृदय विदीर्ण हो ... वे मेरे पिता हैं। ... तो जायँगे।' ... प-पत्रिका भेज दी। प्रभुकी अनुकम्पाका ही ... का द्वारकानाथके चरणोंमें ... मण्डलीके साथ 'जूना' ... साधु-सङ्गतको देखते हुए ... ठहराया गया। सम्भवतः रंगधर ... हीनताका अनुभव करते ... मिली आयी ... समर्थता

पुत्री कुँवरबाई पिताके ... एक निगाहमें ही पिताकी अस ... कल्पनासे ... लिया और उनके जाति-अपमानकी कल्पनासे ... उठी। पिता उसका भाव समझ गये और बोले—'बेटी! मैं 'भात'में देनेके लिये लाता भी क्या? मेरे पास रखा क्या है? मुझे तो गिरधर गोपालका ही आश्रय है। तू निश्चिन्त रह, समय आनेपर वे भक्तकी लाज अवश्य रखते हैं।' पर सांसारिक जीवोंको भगवत्कृपापर ऐसा अडिग विश्वास कहाँ होता है! अस्तु,

अगले दिन 'भात' भरनेका समय आया तो नरसीजी रंगधरजीके सुसज्जित मण्डपमें बैठकर अपनी साधु-सङ्गतके

बाबा शिवजीको हिंदीमें 'श्रीरामचरितमानस' श्रेष्ठ प्रतीत .द गाने
तो प्रातः उनकी सही इस पोथीपर होनी चाहिये। .नदके उपा-

भगवत्कृपाके प्रकार भी विलक्षण होते हैं, रसीजी भजन-
प्रकाण्ड पण्डितों, विद्वानों और साधु-संन्यासि-न्मयता, गद्गद
मन्दिरके पट खोले गये तो कहते हैं 'श्रीरा अविरल प्रेमाश्रु-
सुन्दर-सुन्दर अक्षरोंमें 'सत्यं शिवं सुन्दरम्' लिख रकानाथ उनके
में यही दिव्य घोष सुनायी भी दिया। भक्त भग-
समक्ष भक्तिपूर्वक नत हो गया; किंतु ईर्ष्यालु पण्डि डपमें एक
की अग्निमें झुलसने लगे। उन्हें चिन्ता हुई कि ा आकर
तो हमारी मान-प्रतिष्ठा ही समाप्त कर देगा। 'मानस ने चर्म-
प्रतियाँ तो उस समय थीं नहीं। पण्डितोंने 'श्रीरामचरित सका।
की 'सत्यं शिवं सुन्दरम्'के दिव्याक्षरोंसे अलंकृत पोथ ट गये।
करनेका कुकृत्य विचारा।

कृष्णपक्षकी काले मेघोंसे घिरी गहरी अन्धकार
दो चोर धीरे-धीरे 'अस्सी'के खेतों और जंगलोंको
ा रहे थे। धड़कते हृदयोंसे वे अन्ततः गोपि
.टीके समीप पहुँचकर एक विशाल वृक्षके तले
.ये। वे आहट लेना चाहते थे। दूरसे
.काशमें तुलसीदासजी गहरी निद्रामें नि
.के सिरहाने ही छोटी-सी चौकी
भगवान् शंकरद्वारा सम्मानित
.रोंने सोचा—'अब देर न
.ने तो वे स्वर्णमुद्राएँ
.ी प्रतिके बदलेमें

उनकी भक्त-कष्ट-
.रयदान—ये
.ही अनुभवमें
.सजी भगवान्
श्रीकृष्णकी कृपासे
.हाज' कहलाये।
.सजी तब अठारह वर्षके
.ऊघाटपर स्थित एकान्त
.निकलकर उन्हें .चना किया करते थे।
.ा, वे भय सारस्वत ब्राह्मण-परिवारमें
.ें आकर .े उनके नेत्रोंमें ज्योति नहीं
फिर न बालक जन-जनकी उपेक्षासे
.ी-सी अवस्थामें ही भगवत्कृपाके
.स्वरूप अन्तर्ज्योति प्रकट हुई। बालक सूरदास
.कृष्ण-प्रेमका आश्रय लेकर मथुरा आ गया। शकुन-
.चारमें उसे अद्भुत सफलता प्राप्त थी। इसी कारण उसके
.स लोगोंकी भीड़ लगी रहती थी, जिससे भजन-कीर्तन और
.गवान्का यशोगान करनेमें बाधा पहुँचती थी। प्रभु-प्रेरणा
.से गऊघाटपर ले आयी।

गऊघाट सूरदासके लिये सही अर्थोंमें श्रीकृष्णचन्द्रजीकी
.पार कृपाका स्रोत बन गया। मधुर पद-रचनाके कारण
.ी ख्याति तो थी ही। उन्हीं दिनों (संवत् १५६०वि०

उन 'सेठजी'ने रंगधर मेहताको सम्बोधित करते हुए कहा—'मेहताजी! नरसीजी मेरे अभिन्न सखा हैं। द्वारकामें रहकर मैं इनकी साझीदारीमें व्यवसाय करता हूँ। मेरी समस्त सम्पत्ति इन्हींकी कृपाका फल है।' इतना कहकर उन्होंने रंगधरजीके सभी स्वजन-सम्बन्धियोंको नाना प्रकारके बहुमूल्य वस्त्राभूषण भेंट किये। सभी जातिवाले नरसीजीके प्रति श्रद्धावनत हो गये। सेठजीने रंगधरजीके आग्रहपर एक दिनका आतिथ्य स्वीकार करनेके पश्चात् अगले दिन विदा ली। प्रभुकी कृपालुताका अनुभवकर नरसीजीके नेत्र अविरल अश्रु-धारा बहा रहे थे। रूँधे कण्ठसे वे गाने लगे—

कृष्णजी ए अहल्या तारी, गुणका ओधारी।
कृष्णजीना नाम ऊपर, जाऊँ बलिहारी॥

.पा-गुण-गायक—सूरदास

के लगभग) पुष्टिसम्प्रदायके आचार्य महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्य व्रजयात्रा करते हुए गऊघाटपर पधारे। सूरदासजी आचार्य महाप्रभुसे मिलनेके लिये उत्सुक थे। श्रीवल्लभने भगवान् श्रीकृष्णके बालस्वरूपकी सेवा-पूजाको नया स्वरूप दिया था और श्रीकृष्ण-उपासकोंमें वे अग्रगण्य थे। सूरदासजीने उनसे पुष्टिमार्गमें दीक्षा ली। महाप्रभुने भी पूर्व-जन्मोंके संस्कारवश श्रीकृष्ण-भक्त सूरको अपनाया और अपने पावन संस्पर्शसे सूरदासके अङ्ग-अङ्गमें भगवद्भक्तिकी रसामृतधारा प्रवाहित कर दी। सूरने महाप्रभुको 'विनय'के पद सुनाये। जिनमें अपनेको 'पतित', 'नमकहरामी' आदि कहा था। आचार्यश्रीने सूरको 'घिघियाना' छोड़कर भगवान्की लीलाके पद गानेके लिये प्रेरित किया। बस, तीन-चार दिनके संसर्गसे ही सूरदासके दिव्य चक्षु भगवान्की लीलाका दर्शन करने लगे।

श्रीमद्भागवतका श्रवण करना, नित्य श्रीनाथजीके दर्शनार्थ गोवर्धन जाना और वहाँ जाकर श्रीनाथजीको लीलाके पद सुनाना—यही सूरदासजीका क्रम बन गया। जब वे पहले गोकुलमें रहे तो नवनीतप्रियके दर्शन कर, उनके श्रृङ्गारका अपने पदोंमें अपूर्व माधुर्यके साथ वर्णन करते थे। भक्तवत्सल अपने भक्तकी वाणीको वही शब्द दे देते, जिनसे उनके अलौकिक स्वरूप और छविका सही-सही वर्णन होता। इस 'चमत्कार'की परीक्षा उस दिन हुई, जब गोसाईं विट्ठलनाथजीके पुत्र गिरधरजीने भगवान्का अद्भुत श्रृङ्गार किया, उन्हें वस्त्रोंके स्थानपर बहुमूल्य मोतियोंकी मालाएँ

धारण करायीं और सूरदासजीने भावविभोर हो अश्रु बहाते हुए गाया—

'जलसुत भूषन अंग विराजत, बसन हीन छबि उठत तरंगा।
अंग-अंग प्रति अमित माधुरी, निरख लजित रतिकोटि अनंगा॥'

सूरदासजीपर गोसाईं श्रीविट्ठलनाथजीकी विशेष कृपा हुई। उन्होंने सूरदासजीको अष्टछापके कवियोंमें प्रथम स्थान प्रदान किया और अन्त समयमें उन्हें 'पुष्टिमार्गका जहाज' शब्दसे सम्बोधित किया। सूरदासजी श्रीनाथजीके आठों दर्शन नित्य किया करते थे। अन्त समयमें वे परासोली गाँवमें चन्द्रसरोवरपर रह रहे थे। मङ्गला-आरतीके दर्शन कर उस दिन सूरदासजी अपनी कुटिया-पर लौट आये। लगभग दस बजे जब शृङ्गारके दर्शन हुए तो श्रीनाथजीका अनन्य गायक मन्दिरके प्राङ्गणमें नहीं था। आज श्रीनाथजीका श्रीमुख भी मानो उदास था। श्रीविट्ठलनाथजीने जब लक्ष्य किया कि सूरदासजी नहीं हैं, तब वे करुण स्वरमें कह उठे—'आज पुष्टिमार्गका जहाज जानेवाला है।' शृङ्गारके दर्शनके पश्चात् राजभोगकी सेवा अर्पित कर गोसाईं विट्ठलनाथजी परासोली पहुँचे। सूरदास श्रीनाथजीके ध्वजका वन्दन कर उसी ओर मुद्रा किये चबूतरेपर अर्धचेतनावस्थामें लेटे थे। श्रीविट्ठल-नाथजीके आते ही उनमें मानो प्राणोंका नव-संचार हुआ। उन्होंने चित्तवृत्तिको पूर्णतया एकाग्र कर श्रीनाथजीमें ध्यान लगाया। गोसाईंजीने उनका हाथ अपने हाथमें ले लिया। भक्तको मानो भगवान्‌का ही सांनिध्य मिल गया हो। गोसाईंजीके पहुँचते ही भगवान्‌की भक्तवत्सलताका कृतज्ञतासे स्मरण कर सूरदासजीने गाया—'देखो जू हरि जूको एक सुभाय।' फिर एक और पद गाकर श्रीवल्लभके प्रति अनन्य दृढ़ भाव प्रकट किया—'भरोसो दृढ़ इन चरनन केरो।' और फिर भक्तने इहलीला-संवरण करनेसे पूर्व भक्तवत्सल भगवान्‌के करुणापूर्ण नेत्र देखे। 'खंजन नैन रूप-रस माते' पद गाते-गाते वे भगवान्‌के परमधाममें पधार गये। कैसी महती कृपा थी सूरदासजीपर भगवान् श्रीकृष्णकी! आज भी जब उनके पद गाये जाते हैं तो ऐसी अनुभूति होती है, मानो सूरदासजी गा रहे हैं और श्रीकृष्ण कन्हैया प्रेमसे उनका श्रवण कर रहे हैं।

गिरधरकी कृपासे निहाल—मीरा

गोपियोंका भगवान् श्रीकृष्णके प्रति जैसा अनन्य प्रेम था, वैसा ही राठौर रतनसिंहजीकी इकलौती कन्या मीराका भी था। उसे बाल्यकालसे एक ही रट लगी थी—'**सर्वदा सर्वभावेन भजनीयो व्रजाधिपः।**' (श्रीवल्लभ-चतुःश्लोकी १) एक दिन रतनसिंहजीके प्रासादमें एक संत पधारे। उनके पास भगवान् श्रीकृष्णकी एक अत्यन्त सुन्दर मूर्ति थी। उन्होंने मीराकी उत्सुकता देखकर उसे बाल-सुलभ सरलतासे ही समझाया—'ये वृन्दावनविहारी गिरधरलाल हैं भगवान् श्रीकृष्ण! तू प्रतिदिन प्रेमसे इनकी पूजा किया कर।' शुद्ध और सरल-हृदया मीराबाईको महात्माकी बात बड़ी रुचिकर प्रतीत हुई और वह उसी समयसे भगवान्‌की पूजा, सेवा, भक्तिमें संलग्न हो गयी। दस वर्षकी उस अबोध बालिकाने सूरदासजीका एक पद भी कण्ठस्थ कर लिया। भगवान्‌की उस मूर्तिको अपनी शुद्ध भक्तिका अर्घ्य चढ़ाते हुए वह गाती—

'कहा करौं छबि-राशि श्यामघन, लोचन द्वै न अघाऊँ।
ये ते पर ये निमिष 'सूर' सुनु यह दुख काहि सुनाऊँ॥'

गाते-गाते मीरा भाव-विभोर हो जाती, उसे अपनी सुध-बुध न रहती। उसपर घनश्यामका ऐसा रंग चढ़ा कि वह श्याममयी ही हो गयी। भक्तिके इस अबाध प्रवाहमें प्रवहमाना मीरा अब स्वयं भी पद-रचना कर अपने श्यामसुन्दर-को रिझाने लगी। उसका भगवत्प्रेम दिनानुदिन बढ़ता गया।

संवत् १५७३ वि०में जब सीसोदिया-वंशके राजकुमार भोजराजके साथ मीराका विवाह हुआ, तब मीराने अपने ठाकुरजीकी मूर्ति मण्डपमें विराजमान कर दी और श्रीगिरधर गोपालजीके साथ सात फेरे ले लिये। मीराने बादमें गाया भी—

'ऐसे बर को क्या बरूँ जो जन्मै और मर जाय।
बर बरिये गोपालजी म्हारो चुड़लो अमर हो जाय॥'

विवाह हुआ, मीरा ससुराल पहुँची। कुलाचारके अनुसार देव-पूजाका आयोजन हुआ, पर मीराने श्रीकृष्णको छोड़कर और किसीकी पूजा नहीं की। सम्बन्धी रुष्ट हो गये, सास रुष्ट हुई; पर मीराबाईने तो गोपालको वरा था। यही यथार्थ था। पति भोजराजने अन्ततः उसकी प्रसन्नताके लिये राजप्रासादमें ही रणछोड़जीका एक सुन्दर मन्दिर बनवा दिया। मीराकी श्रीकृष्ण-भक्ति बढ़ती गयी। साधु-सङ्गति, भजन-कीर्तन और पद-रचनाद्वारा वह अपने 'साँवरे'के

रंगमें रँगने लगी। विरहाग्नि सताती तो वह विह्वल होकर गाती—

'सूली ऊपर सेज हमारी किस विध सोणा होय।
गगन मँडल पै सेज पिया की, किस बिध मिलणा होय॥'

भक्तिका यह अविरल प्रवाह भगवान् श्रीकृष्णकी कृपासे निर्बाध गतिसे चलता रहा। दस वर्ष यों ही बीत गये। उसी समय भोजराजका स्वर्गवास हो गया; परंतु मीराने तो गोपालको वरकर अपना सुहाग अमर कर लिया था।

मीराके दूसरे देवर विक्रमाजीत राजसिंहासनपर बैठे। वे राजोन्मादमें ऐसे बहे कि मीराबाईके रणछोड़-मन्दिरमें साधु-संतोंका आना कठिन हो गया। मीराके भजन-कीर्तनमें बाधा पड़ने लगी। कुल-मर्यादा, लोक-लाजकी दुहाई देकर उन्हें तरह-तरहके कष्ट दिये जाने लगे, पर मीराको तो भगवत्कृपापर पूर्ण विश्वास था। वे जानती थीं कि भगवच्चरणारविन्दकी कृपासे ही गौतम-नारी तर गयी थी, कालियनागका उद्धार हो गया था, भक्त ध्रुव अटल हो गये थे—फिर उसे दुःख कैसा?

उन्हें भगवत्कृपाका पूर्ण आश्रय था। उन्होंने दृढ़तासे गाया—'सीसोद्यो रूठ्यो तो म्हारो काईं कर लेसी?' मीराका भक्ति-हठ देखकर विक्रमाजीत ईर्ष्याग्निमें जलने लगे। मीराकी भक्ति-परक चेष्टाएँ उन्हें तनिक भी न सुहातीं। अन्तमें उनकी दुष्ट प्रकृतिने मीराकी इहलीला ही समाप्त करनेका दुःसंकल्प किया। एक दिन मीरा जब अपने रणछोड़जीके सम्मुख भाव-विभोर हो नृत्य-कीर्तन कर रही थीं, तभी विक्रमाजीतकी एक विश्वासपात्रा दासी आयी और कृत्रिम मधुरतासे मीरासे बोली—'राणाजीने आपके लिये भगवान्का चरणामृत भेजा है।'

'अहो भगवान्का चरणामृत!' मीरा आनन्दसे मानो पागल हो उठीं। उन्होंने बड़ी प्रसन्नतासे विषभरा चाँदीका पात्र हाथमें लिया, मस्तकसे लगाया और हृदयमें अपने साँवरेका ध्यान करते हुए वे बड़े शान्तभावसे उसे पी गयीं। भगवान्के चरणामृतसे बढ़कर और अमृत हो ही क्या सकता है! सचमुच भगवत्कृपासे वह विष मीराबाईके लिये अमृत ही हो गया।

उधर विक्रमाजीतके अत्याचार बढ़ते गये और इधर तन्मयता बढ़ती गयी—

'जबसे तुमसे बिछुरे प्रभुजी, कबहुँ न पायो चैन।'

विष पिलाकर भी विक्रमाजीत संतुष्ट नहीं हुए। वे ईर्ष्याकी अग्निमें और अधिक जलने लगे। उनका रहा-सहा विवेक भी नष्ट हो गया। तब उन्होंने मीराके पास एक विषैली नागिनको पिटारीमें रखकर भेजा। अपने कुटिल स्वामीकी आज्ञाका पालन करनेवाली विश्वासघातिनी दासीने एक बार पुनः मीराके निकट जाकर कहा—'बाई! राणाजीने आपके लिये शालग्रामकी मूर्ति भेजी है।'

'प्रभुकी कैसी कृपा है! देवरजीने शालग्राम भेजे हैं। ओह! मेरा बड़ा भाग्य है। लाओ, आज शालग्रामजीको पञ्चामृतसे स्नान कराऊँगी।'

दासीने कुटिलतासे भौंहें सिकोड़कर पिटारी मीराबाईको सौंप दी। मीराबाईने शालग्रामके दर्शनकी उत्सुकताके कारण जल्दीसे पिटारी खोली। उसमें सचमुच शालग्राम-की दिव्य मूर्ति थी। मीराकी आँखोंसे प्रेमाश्रु बहने लगे। वह दासी पश्चात्तापसे गल गयी और मीराके पाँव पकड़-कर क्षमा माँगने लगी। मीराके हृदयमें तो वैरभावका कभी स्वप्नमें भी उद्रेक नहीं हुआ था।

'सदा सहाई' और 'राखे विघ्न हटाय' पदोंसे मीराने भगवदनुग्रहकी महिमा ही बतायी है। अन्तमें एक दिन ऐसा आया कि मीरा सब कुछ छोड़कर अपने प्रियतम गिरिधर नागरकी पावन, आनन्ददायिनी वृन्दावन-भूमिमें आ गयी। प्रेमदिवानी मीरा वृन्दावनकी कुञ्ज-वीथियोंको गुंजायमान करने लगी—'श्यामको निहारि इन आँखिन तें, मीरा भई बावरी सुबावरी सुबावरी।'

जीवनके अन्तिम चरणमें मीराबाई द्वारका आ गयी थीं। वे प्रभुकी कृपाके लिये उनसे बराबर याचना करती रहीं—

'तुम बिन मेरे और न कोई कृपा रावरि कीजै।'

कहते हैं, संवत् १६३०वि०के लगभग मीराबाई रणछोड़जीके स्वरूपमें विलीन हो गयीं—

नृत्यत नूपुर बाँधिके गावत लै करतार।
देखत ही हरि में मिली तृण-सम गनि संसार॥
मीराको निज लीन किय, नागर नन्द किशोर।
जग प्रतीत हित-नाथ-मुख, रह्यो चुनरी छोर॥

श्रीराधा-माधवके कृपाभाजन जयदेवजी

भगवान् प्रेम-पयोधि हैं, करुणाके सागर हैं। भक्तकी कीर्तिका विस्तार करना और पग-पगपर उसका योग-क्षेम वहन करना उन दयासिन्धुकी 'बान' है। भक्त जयदेवपर तो मानो उनकी अपार कृपा बरस ही गयी थी।

आजसे लगभग छः-सात सौ वर्ष पूर्व जयदेवजीका आविर्भाव बंगालके वीरभूमि जिलेके केन्दुविल्व ग्राममें हुआ था। वे भारद्वाज-गोत्री श्रीहर्षके वंशज थे। प्रभुने बाल्यकालसे ही उनकी बाँह पकड़ ली। छोटी अवस्थामें ही उनके माता-पिताका स्वर्गवास हो गया। निर्धनताके कारण कष्ट सदा उन्हें घेरे ही रहते, पर भगवदाश्रित तो सांसारिक विपत्तियोंमें भी प्रभुकी अहैतुकी कृपाका दर्शन करता हुआ अपने मार्गपर निर्बाध बढ़ता रहता है। जयदेवजीने परिश्रम करके अच्छा विद्याभ्यास भी कर लिया था। रूखा-सूखा खाकर निरन्तर भगवद्भजनमें लगे रहना उनका स्वभाव बन गया था।

धनके लोभी मनुष्य विपत्तिमें गरीबको दबाकर अपना उल्लू सीधा करते हैं। जयदेवजीके पिताका स्वर्गवास होते ही निरञ्जन नामका एक ब्राह्मण, जो कभी-कभी जयदेवजीके पिताको ऋण दिया करता था, लोभवश जयदेवजीका जीर्ण-शीर्ण मकान हड़पनेकी सोचने लगा। वह उनके पास आकर बोला—'जयदेव! तुम्हारे पिताने ऋण लिया था; उसे चुकाना तुम्हारा कर्तव्य है; पर तुम्हारे पास अतिरिक्त युगल-सरकारकी मूर्तिके और है ही क्या? लो कागजपर सही कर दो और यह टूटा-फूटा मकान मेरे नाम लिखकर ऋणमुक्त हो जाओ।' सांसारिक सम्पत्तिको तो जयदेव भगवद्भजनमें बाधा मानते थे। उन्होंने बड़े हर्षसे कागज लेकर उसपर सही कर दी। ठीक उसी समय निरञ्जनकी कन्या दौड़ी-दौड़ी वहाँ आयी और रोती हुई कहने लगी—'बाबा! घरमें भीषण आग लगी है, जल्दी चलो।' निरञ्जन अब उलटे पैरों दौड़ पड़ा। इस समाचारसे जयदेवजीपर तो मानो दुःखका पहाड़ ही टूट पड़ा। वे निरञ्जनसे भी तीव्र गतिसे दौड़े और सीधे ही उस लोभी ब्राह्मणके जलते घरमें घुस गये। घरमें भगवद्भक्त जयदेवके चरण पड़ते ही अग्नि अदृश्य हो गयी, ऐसा लग रहा था जैसे कुछ हुआ ही न हो। ब्राह्मणका हृदय पलट गया। अपने कुकृत्यके लिये उसने जयदेवजीसे क्षमा माँगी।

इस घटनासे जयदेवजीको पहली बार प्रभुके प्रत्यक्ष अनुग्रह-का साक्षात्कार हुआ। वे प्रेम-विह्वल हो नेत्रोंसे अश्रु बहाने लगे। कुछ ही दिनों बाद वे घर-द्वार छोड़कर प्रभुका गुणगान करते हुए पुरुषोत्तमक्षेत्र पुरीकी ओर चल पड़े। चलते-चलते उन्हें प्यास सताने लगी। दूरतक कहीं जल नहीं मिला। जयदेवजीके पास भगवन्नामका ही सम्बल था। जबतक जिह्वासे श्रीकृष्णका नाम निकलता रहा, वे उन्मत्तभावसे उन्हें पुकारते रहे और चलते गये। अन्तमें पार्थिव शरीर उस ग्रीष्मकी दोपहरीमें निश्चेष्ट होकर पृथ्वीपर गिर पड़ा। कृपा-कटाक्ष-से भक्तको जीवन-दान देनेवाले प्रभु ग्वालेके वेशमें प्रकट हुए और मूर्च्छित जयदेवजीपर पीताम्बरसे हवा करने लगे। इससे उनकी चेतना कुछ-कुछ लौटी। भगवान्ने जयदेवजीको अर्धचेतनावस्थामें ही अमृत-सदृश धारोष्ण दूध पिलाया और अदृश्य हो गये। जयदेवजीको ऐसा लगा मानो हाथमें आया हुआ अमूल्य रत्न निकल गया हो। उनकी समाधि लग गयी। ध्यानावस्थामें उन्हें युगल-सरकारकी मनोहारिणी छविके दर्शन हुए। मन्दस्मित और विशाल नेत्रोंकी मोहिनीने जयदेवजीको ठग लिया। कविताका स्फुरण हुआ और यह छवि उन्होंने पद्यबद्ध कर ली। कृपासिन्धुकी कीर्तिका गुणगान 'गीत-गोविन्द' यहींसे प्रारम्भ हुआ। भगवत्कृपासे अभिभूत हो उन्होंने भगवान्के दसों अवतारोंकी गद्गद कण्ठसे स्तुति की।

पुरी आकर जयदेवजीने भगवान् श्रीजगन्नाथजीके भव्य दर्शनका लाभ उठाया और वहीं एक विरक्तकी भाँति रहने लगे। संन्यासियोंकी तरह वे मधुकरीसे क्षुधा-निवृत्ति करते और कहीं भी वृक्षके नीचे पड़ रहते। यहीं कुछ समय बीतनेपर उन्होंने दैवी आज्ञासे सुदेव नामक ब्राह्मणकी कन्या पद्मावतीसे विवाह किया। वह भी पतिकी तरह ही भगवान्की अपार कृपा-पात्र थी। कुछ समयके बाद पति-पत्नी केन्दुविल्व लौट आये। घर आकर वे युगल-सरकारकी सेवा-पूजामें इस तरह संलग्न हो गये जैसे गृहस्थका और कोई काम ही न हो।

समय बीतता गया। भक्तिने उन्हें निष्पाप, निष्कपट, सरल स्वभाव और दयालु बना दिया था। इतना दयालु कि अपना अहित करनेवालेका भी वे उपकार ही करते। अहर्निश वे भगवान्के प्रेममें ही निमग्न रहते। उनकी असीम कृपाको बार-बार स्मरण करते हुए वे विरह-व्यथित हो अश्रु बहाते रहते थे। उन्हीं दिनों उन्हें भगवत्कृपाका एक

भगवत्कृपासे कृतकृत्य भक्त

दीन-हितकारीकी धन्नापर कृपा

[पृष्ठ ४७४

गङ्गाधरदास एवं श्रियाजीपर कृपा

[पृष्ठ ४७५

भक्त सदन कसाईपर कृपा

[पृष्ठ ४७७

कूर्मदासपर विठोबाका अनुग्रह

[पृष्ठ ४७८

भगवत्कृपासे कृतकृत्य भक्त

कृपासे कृतार्थ कुब्बा

[पृष्ठ ४७९

भगवान् राघवेन्द्र सेना नाईके रूपमें

[पृष्ठ ४८०

भगवत्कृपाकी अधिकारिणी करमैतीबाई

[पृष्ठ ४८१

जोग परमानन्दपर कृपा

[पृष्ठ ४८७

लाया गया, निर्ममतासे पीटा भी गया और बाँध दिया गया। चेतावनी दी गयी—'अब एकादशीतक तू यहीं बँधी रहेगी।' सखूने उन्हें एक शब्द भी नहीं कहा। व्यथित-मनसे वह अपने प्रभुसे कह उठी—'हे नाथ! आप ही मेरे सर्वस्व हैं। आपके दर्शनकी उत्कट अभिलाषा थी, दयासिन्धो! उसे आप ही पूरा कर सकते हैं। मेरा और कौन है, स्वामी? एक बार आपके दर्शन हो जाते तो सुखपूर्वक शरीर त्याग सकती।'

भक्तकी आर्त पुकार सुनकर वे करुणानिधि द्रवित कैसे न होते? अकस्मात् अर्धमूर्च्छित-सी सखूको एक सुन्दर महिलाके सुखद स्पर्श और मधुर वाणीने चकित कर दिया। वह बोली—'सखू! तू मुझे नहीं पहचानती? मैं तेरी सहेली हूँ। मैं तेरे बन्धन खोल देती हूँ और तेरे स्थानपर स्वयं बध जाती हूँ, तू चुपकेसे पण्ढरपुर चली जा।'

'सास क्या कहेगी?'

'कुछ नहीं, तू मेरी बतायी युक्तिसे ही घर लौट आना। तबतक मैं यहाँ बँधी रहूँगी।' लीलापुरुषोत्तमने सखूके वस्त्र पहने और अपने उसे पहनाये। यह स्वाँग पूरा हुआ और सखू मानो पवन-पंखपर बैठकर पण्ढरपुर पहुँच गयी।

प्रभुको सखूबाईके स्थानपर बँधे हुए पंद्रह दिन बीत गये। उसके पतिको चिन्ता हुई कि यदि यह अन्न-जलके बिना मर गयी तो हमें हत्या तो लगेगी ही, राज्य-दण्ड भी मिल सकता है। उसने पत्नीरूपधारी प्रभुको मुक्त किया। वे भी सखूकी भाँति ही घरके कार्यमें लग गये। भोजन बनाकर सबको खिलाया। बहूके व्यवहारमें नयापन न होते हुए भी उस दिन रसोईमें सबको अपूर्व स्वादका अनुभव हुआ। कुछ ही दिनोंमें सास-श्वशुर एवं पति अपना दुर्व्यवहार त्यागकर उसके साथ सहृदयतापूर्ण व्यवहार करने लगे।

इधर प्रभु-कृपाका विलक्षण दृश्य उपस्थित हुआ। सखूबाई पण्ढरपुर न छोड़नेकी प्रतिज्ञा कर निराहार, निर्जला ही प्रभुके ध्यानमें मग्न हो पार्थिव तनको त्यागकर अपने प्रियतम साँवरे प्रभुसे जा मिली। संयोगवश एक ब्राह्मणने उसके शवको पहचानकर अन्त्येष्टि-क्रिया सम्पन्न करायी।

इधर भगवान् सखूबाईका अभिनय कर रहे थे। श्रीरुक्मिणीजीको चिन्ता हुई, किंतु सखूबाईके अपने घर पहुँचनेसे पूर्व भगवान् श्रीकृष्ण वहाँसे आ कैसे सकते थे। स्वयं बँधकर भक्तको मुक्ति देना उनका स्वभाव जो है। अतः रुक्मिणीजीने सखूकी अस्थियाँ समेटकर उनमें पुनः प्राण-संचार कर उसे समझाया कि तेरी पण्ढरपुरसे बाहर न जानेकी प्रतिज्ञा उस शरीरसे थी। अब तेरा शरीर नया हो गया है, तू लौट जा। यह जानकर कि उसके स्थानपर बँधे हुए उसके प्रभु कष्ट उठा रहे हैं, सखूका हृदय दुःखसे भर आया। विठ्ठलनाथकी कृपाका अनुभव कर वह गद्गद हो रो उठी और चल पड़ी मुक्तिदाताको भी मुक्त कराने, उसके पैर मानो पंख हो गये थे।

वह 'कर्हाड़' जा पहुँची। लीलाधारी भगवान् भी उस समय पानीका घड़ा लेकर कृष्णाके तटपर आये थे। वहीं भक्त और भगवान्का अपूर्व मिलन हुआ। सखूबाईको घड़ा देकर प्रभु तो अन्तर्धान हो गये। पर सखूबाईने मानो पाकर भी सब खो दिया हो, पंथमें लुटे पथिक-सी वह छटपटाकर रह गयी। लुटी-लुटी-सी घड़ा लेकर वह घर पहुँची और अपने काम-काजमें लग गयी। सास, श्वशुर एवं पतिके व्यवहारमें अप्रत्याशित परिवर्तन देखकर उसने समझ लिया कि यह उन आर्तिहर प्रभुकी ही कृपा है।

कुछ समय बीतनेपर 'क्रिंवल' गाँवका वह ब्राह्मण, जिसने पण्ढरपुरमें सखूकी अन्त्येष्टि-क्रिया करवायी थी, वहाँ आया। सखूबाईको सास-श्वशुरकी सेवामें लगी हुई देखकर एक बार तो अपनी आँखोंपर उसे विश्वास नहीं हुआ। उसने सखूके सास-श्वशुरको पण्ढरपुरमें घटित पूरी घटना सुनायी और कहा—'मैंने तो वहाँ इसका मृतक-कर्म कराया था।' सासने पूरे विश्वाससे कहा कि सखूको तो हमने बाँधकर रखा था। वह पण्ढरपुर जा कैसे सकती थी। ब्राह्मण भी कैसे मान लेता? आखिर सखूको बुलाकर पूछा गया। भगवान्की उस सरल-हृदया अनन्य सेविकाने सारी घटना सुना दी।

उसके सास-श्वशुर एवं पतिदेव घोर पश्चात्ताप करते हुए कहने लगे—'हाय! हम कैसे पापी हैं। जो हमने कृपानाथको ही रस्सीसे बाँधकर रखा।' वे अत्यन्त दुःखी हो प्रलाप करने लगे। सखूके विरोध करनेपर भी वे उसके पैर पकड़कर बोले—'हमें क्षमा करना, देवि! हमने तुम्हें और कृपालु प्रभुको बहुत कष्ट दिये। हे कृपानाथ! आप भी हमें क्षमा करना, हम अज्ञानी हैं।'

सच्चे हृदयसे जो पश्चात्ताप करता है, उसे भगवान् अपनी भक्ति अवश्य प्रदान करते हैं। भक्त और भगवान्की कृपासे वह पूरा परिवार ही श्रीविठ्ठलनाथजीका कृपाभाजन बन गया।

आर्त भक्त ज्योतिपंतपर श्रीगणेश-कृपा

भगवान्ने अपने भक्तोंके चार प्रकार बताये हैं—

चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन ।
आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ ॥

(गीता ७ । १६)

ये चार पुण्यात्मा हैं—आर्त, जिज्ञासु, अर्थार्थी और ज्ञानी । ये चारों जो कुछ भी चाहते हैं, केवल भगवान्से ही चाहते हैं । 'आर्त' वे हैं, जो दुःख पड़नेपर भगवान्का भजन करते हैं । दुःख होता है अभावके अनुभवसे । अभाव चाहे धनका हो, चाहे संतानका, चाहे मान-बड़ाई या विद्याका । किसी भी प्रकारके अभावके अनुभवसे दुःख होगा ही । आर्त भक्तकी एक विशेषता है, उसमें जिज्ञासु और अर्थार्थीकी अपेक्षा अनन्यता शीघ्रतासे उत्पन्न होती है । ज्ञानीको तो भगवान्ने अपना आत्मा ही कहा है । अस्तु,

महाभागवत ज्योतिपंत भी भगवान्के आर्त भक्त थे । महाराष्ट्रके सातारा जिलान्तर्गत 'विरे' ग्राममें गोपालपंत नामक एक निर्धन ब्राह्मणके यहाँ ज्योतिपंतका जन्म हुआ था । इनका जन्म-समय अठारहवीं शताब्दी माना जाता है । इनके पिता गोपालपंत शास्त्रके पण्डित थे । वे विद्यार्थियोंको निःस्वार्थ-भावसे विद्याध्ययन कराते और बिना माँगे जो कुछ मिल जाता, उसीमें संतोषपूर्वक निर्वाह करते । ज्योतिपंत उनके एकमात्र पुत्र थे । अतः उन्हें भी विद्यामें पारंगत करनेकी उनकी बड़ी प्रबल इच्छा थी । उनकी दृष्टिमें बिना विद्याके तो मनुष्य इस पृथ्वीपर बिना पूँछ-विषाणका पशु है । पर दुर्भाग्य ! बीस वर्षीय ज्योतिपंतके लिये तो अबतक 'काला अक्षर भैंस-बराबर' ही था । पिताने हर सम्भव उपाय किया, पर उन्हें गायत्री-मन्त्रतक याद न करा सके ।

एक दिन पिता बहुत क्रुद्ध हुए । सोचने लगे, वज्र-मूर्ख पुत्रसे तो मैं निःसंतान ही अच्छा था । इस दुःखसे दुःखी होकर उन्होंने ज्योतिपंतको बहुत मारा-पीटा तथा घरसे निकाल दिया । उन्होंने कठोर वाणीमें कहा—'विद्योपार्जन कर पण्डित हो जानेके पश्चात् ही घरमें घुसना, अन्यथा यहाँ कदापि न आना ।'

ज्योतिपंत रोते-चिल्लाते ग्रामसे बाहर वनप्रदेशमें आ गये । वहाँ उनके समवयस्क कुछ बालक खेल रहे थे । उनके साथ खेल-कूदमें वे मारकी पीड़ा भूल गये । खेलते-खेलते उनकी दृष्टि उस एकान्त प्रदेशमें बने एक गणेश-मन्दिरपर चली गयी । अनायास बालक ज्योतिपंतने सोचा—'गणेशजी तो विद्यावारिधि हैं, क्यों न इन्हींसे विद्या माँगूँ ।' उन्होंने अपने साथियोंसे कहा—'आओ, सब मिलकर श्रीगणेशजीकी स्तुति करें और इनसे विद्या माँगें ।' बालकोंने सोचा—'इस मूर्खकी बातोंमें क्या मिलेगा ? अपने घर चलो ।' वे उन्हें अकेला छोड़कर ग्राममें वापस जाने लगे तो ज्योतिपंतने सरल हृदयसे कहा—'अच्छा ! तुमलोग आप ही अपना अहित करोगे, मत रुको; पर मेरे कहनेसे एक काम करो, इस मन्दिरके द्वारको बाहरसे लीप-पोतकर बंद कर दो और ग्राममें जाकर मेरे यहाँ रहनेका समाचार किसीसे मत कहना ।' बालकोंने सोचा—'यह मूर्ख है, आज इसे मूर्खताका ही मजा लेने दो ।' बस, उन्होंने पासके पोखरेसे मिट्टी और जल लाकर मन्दिरका द्वार लीप-पोतकर बंद कर दिया ।

ज्योतिपंत गणेशजीके विग्रहके सामने बैठकर नेत्र मूँदे अपनी टूटी-फूटी, किंतु प्रेम-लपेटी वाणीमें उनकी स्तुति करने लगे ।

छः दिन बीत गये । उन आर्त भक्तको निद्रा, क्षुधा, पिपासा आदि किसी भी शारीरिक क्लेशका किंचित् भी भान न हुआ । उधर क्रोध शान्त होनेपर गोपालपंत पश्चात्ताप करने लगे—'हाय ! न जाने वह मूर्ख कहाँ, किस स्थितिमें होगा ?' उनकी पत्नी भी पुत्र-शोकमें व्याकुल हो रोने लगीं । रोते-रोते उसकी आँखें सूज गयीं । छठे दिन गोपालपंतको स्वप्नमें अवढर-दानी चन्द्रमौलि भगवान् शिवने आश्वासन दिया—'बालककी चिन्ता मत करो, वह यशस्वी और महान् भगवद्भक्त होगा ।'

उधर सातवें दिन मन्दिर एक अलौकिक प्रकाशसे जगमगा उठा । गजानन गणेश अपने विग्रहसे दिव्य चतुर्भुज रूपमें प्रकट हो गये । उनका दक्षिणहस्त वरद-मुद्रामें था । एक अजस्र कृपाधारा मानो उनके दिव्य शरीरसे प्रवहमान होकर ज्योतिपंतको आप्लावित कर रही थी । भगवान् गणेशका ऐसा दिव्य स्वरूप देखकर वे पुलकित हो उठे । गणेशजीने प्रसन्न होकर कहा—'वत्स ! जो इच्छा हो माँग, मैं तेरी अभिलाषा पूर्ण करनेके लिये ही प्रकट हुआ हूँ ।'

ज्योतिपंतने निष्कपट भावसे कहा—'महाराज ! पहले तो मैं विद्या ही चाहता था, परंतु अब मेरी अभिलाषा तत्त्वज्ञान और भगवान्‌की प्रेमा-भक्ति पानेकी ही है ।' गणेशजीने प्रसन्नतापूर्वक कहा—'वत्स ! तेरी विद्यामें पारंगत होनेकी अभिलाषा अभी—इसी समय पूर्ण होगी और दूसरा मनोरथ कुछ समय पश्चात् पूरा होगा ।' तत्पश्चात् गणेशजीने कृपापूर्वक ज्योतिपंतकी जिह्वापर 'ॐ' लिख दिया और इस प्रकार उसे सम्पूर्ण विद्याका दान कर वे अन्तर्धान हो गये । जानेसे पूर्व उन्होंने कहा—'वत्स ! जब तू मेरा प्रेमसे आह्वान करेगा, उसी समय मैं प्रकट हो जाऊँगा ।'

अब ज्योतिपंत ग्राममें आये । उन्हें अनायास विद्या-विनयसम्पन्न देखकर माता-पिताके हर्षका पार न था । उनके सखा गणेश-दर्शनसे वञ्चित रहनेके कारण बहुत पछताये ।

कालान्तरमें ज्योतिपंतने पूनामें पेशवाके यहाँ प्रधान पदपर कार्य करनेवाले अपने मामा महीपतिके पास नौकरी की । वहाँ भी गणेशजीकी कृपासे उन्होंने कई मासमें पूरा होनेवाले हिसाब-किताब (बही-खाता)को तीन दिनमें पूरा किया और राजासे पुरस्कृत हुए ।

तत्त्वज्ञान और प्रेमा-भक्तिकी प्राप्तिके लिये वे भगवत्प्रेरणासे काशी गये । वहाँ गङ्गा-स्नान और मन्त्र-जप करते हुए छः मास बीतनेपर उन्हें भगवान् वेदव्यासने दर्शन दिया और कृपा कर श्रीमद्भागवतकी पावन पोथी भेट की । तत्पश्चात् ज्योतिपंत मणिकर्णिकाघाटपर प्रातःस्नान करके बैठ जाते और सूर्यास्तपर्यन्त भागवत-पारायण करते । इसी स्थितिमें एक दिन इनपर कृपा कर भगवान् शंकरने दर्शन दिया तथा आश्वासन देते हुए कहा—'वत्स ! मेरी कृपासे तुम्हें तत्त्वज्ञान और प्रेमा-भक्ति दोनों प्राप्त हों । आज तुम्हारा मनोरथ सफल हुआ । अब अन्य लोगोंको भगवद्भजनमें लगाकर उनका कल्याण करो ।' विद्वानोंने श्रीमद्भागवतके साथ उन्हें भी पालकीमें बैठाकर उनकी सम्मान-सवारी निकाली । वे आजीवन भगवद्भक्तिका ही प्रचार करते रहे । संवत् १८४५ वि० मार्गशीर्ष त्रयोदशीको महाभागवत ज्योतिपंतकी इहलीलाका संवरण हुआ । महाराष्ट्रमें उनकी प्रेरणासे निर्मित अनेकों मन्दिर आज भी उनपर हुई श्रीगणेश, श्रीवेदव्यास और भगवान् शंकरकी महती कृपाका पावन स्मरण कराते हैं ।

नरहरिपर हरि-हरकी कृपा

कण-कणमें रमण करनेवाले परब्रह्म परमात्माके हरि, हर एवं राम, कृष्ण आदि सगुण रूप निज-जनोंको आनन्द प्रदान करनेके लिये मोहक अभिनय हैं । वे चतुर रसिक हैं, भक्तरूप रसिक दर्शकोंको वे स्वयं एक होते हुए भी लीला-रसास्वादन-हेतु अनेक भेदमय पात्रताएँ दिखा-दिखाकर चकित करते रहते हैं, हैं तो वे अभेद ही—

बहु रस घन रसिकेशके, रमण रास अभिराम ।
कहीं शेषशायी बने, कहीं शेषधर नाम ॥

रसिकविहारीने कृपाकौतुकवश अपने ऐसे ही भेदमय अभेदस्वरूपका दर्शन देकर अपने भक्त नरहरि सुनारको कृतकृत्य कर दिया । पण्ढरपुरके ये स्वर्णकार भक्त भगवान् शिवके अनन्य उपासक थे । पण्ढरपुर ठहरा विठोबा (श्रीविट्ठलनाथजी)का पावन धाम; पर नरहरिजीको स्वप्नमें भी विट्ठलनाथजीके मन्दिरमें जाना स्वीकार न था । भवसिन्धुका विष पीकर भी निर्मलताका अमृत बाँटनेवाले नरहरिको तो विषपायी भोले धूर्जटि ही प्रिय लगते थे ।

एक बार श्रीविट्ठलनाथजीके एक भक्तने भगवद्विग्रहके लिये स्वर्णकी करधनी भेट करनेका संकल्प किया । पुजारीसे भगवान्‌की कटिका माप लेकर वे नरहरिके पास आये और उन्हें पर्याप्त स्वर्ण देकर करधनी बनानेका कार्य सौंप दिया । उनके अतिरिक्त उन्हें किसी अन्यकी शिल्पचातुरीपर विश्वास न था । भेटकर्ता जानते थे कि नरहरि शिव-भक्त हैं, इसलिये उन्होंने यह प्रकट नहीं किया कि करधनी श्रीविट्ठलनाथजीके लिये बनवायी जा रही है । नरहरिने बड़े मनोयोगसे अपनी कला-कुशलताका प्रयोग किया । पर उन कृपानाथकी कलाकारी तो अनोखी ही होती है; किस रूपमें वे कैसे और कब कृपा करेंगे, इसे जाननेमें कौन समर्थ है ? करधनी तैयार हुई, किंतु चार अङ्गुल बड़ी हो गयी । उन्होंने उसे पुनः सँवारा तो इस बार वह चार अङ्गुल छोटी पड़ गयी । कई बार करधनी बड़ी और छोटी हुई । अन्तमें श्रद्धालु भेटकर्ताने भेद खोल ही दिया और नरहरिजीसे प्रार्थना की कि 'आप स्वयं ही चलकर श्रीविठोबाकी कटिका माप ले लें ।'

अत्यधिक अनुनय-विनयके पश्चात् किसी प्रकार नरहरि अपना प्रण तोड़ श्रीविठोबाके मन्दिरमें जानेको तैयार हुए । विट्ठलदेवजीसे उन्होंने इतनी उपरामता प्रदर्शित की कि अपनी आँखोंपर पट्टीतक बाँध ली और भोले शंकरका ध्यान करते हुए वे मन्दिरमें जा पहुँचे । राजमन्दिरमें आकर जब उन्होंने

आर्त भक्त ज्योतिपंतपर श्रीगणेश-कृपा

भगवान्ने अपने भक्तोंके चार प्रकार बताये हैं—

चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन।
आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ॥

(गीता ७। १६)

ये चार पुण्यात्मा हैं—आर्त, जिज्ञासु, अर्थार्थी और ज्ञानी। ये चारों जो कुछ भी चाहते हैं, केवल भगवान्से ही चाहते हैं। 'आर्त' वे हैं, जो दुःख पड़नेपर भगवान्का भजन करते हैं। दुःख होता है अभावके अनुभवसे। अभाव चाहे धनका हो, चाहे संतानका, चाहे मान-बड़ाई या विद्याका। किसी भी प्रकारके अभावके अनुभवसे दुःख होगा ही। आर्त भक्तकी एक विशेषता है, उसमें जिज्ञासु और अर्थार्थीकी अपेक्षा अनन्यता शीघ्रतासे उत्पन्न होती है। ज्ञानीको तो भगवान्ने अपना आत्मा ही कहा है। अस्तु,

महाभागवत ज्योतिपंत भी भगवान्के आर्त भक्त थे। महाराष्ट्रके सातारा जिलान्तर्गत 'विरे' ग्राममें गोपालपंत नामक एक निर्धन ब्राह्मणके यहाँ ज्योतिपंतका जन्म हुआ था। इनका जन्म-समय अठारहवीं शताब्दी माना जाता है। इनके पिता गोपालपंत शास्त्रके पण्डित थे। वे विद्यार्थियोंको निःस्वार्थ-भावसे विद्याध्ययन कराते और बिना माँगे जो कुछ मिल जाता, उसीमें संतोषपूर्वक निर्वाह करते। ज्योतिपंत उनके एकमात्र पुत्र थे। अतः उन्हें भी विद्यामें पारंगत करनेकी उनकी बड़ी प्रबल इच्छा थी। उनकी दृष्टिमें बिना विद्याके तो मनुष्य इस पृथ्वीपर बिना पूँछ-विषाणका पशु है। पर दुर्भाग्य! बीस वर्षीय ज्योतिपंतके लिये तो अबतक 'काला अक्षर भैंस-बराबर' ही था। पिताने हर सम्भव उपाय किया, पर उन्हें गायत्री-मन्त्रतक याद न करा सके।

एक दिन पिता बहुत क्रुद्ध हुए। सोचने लगे, वज्र-मूर्ख पुत्रसे तो मैं निःसंतान ही अच्छा था। इस दुःखसे दुःखी होकर उन्होंने ज्योतिपंतको बहुत मारा-पीटा तथा घरसे निकाल दिया। उन्होंने कठोर वाणीमें कहा—'विद्योपार्जन कर पण्डित हो जानेके पश्चात् ही घरमें घुसना, अन्यथा यहाँ कदापि न आना।'

ज्योतिपंत रोते-चिल्लाते ग्रामसे बाहर वनप्रदेशमें आ गये। वहाँ उनके समवयस्क कुछ बालक खेल रहे थे। उनके साथ खेल-कूदमें वे मारकी पीड़ा भूल गये। खेलते-खेलते उनकी दृष्टि उस एकान्त प्रदेशमें बने एक गणेश-मन्दिरपर चली गयी। अनायास बालक ज्योतिपंतने सोचा—'गणेशजी तो विद्यावारिधि हैं, क्यों न इन्हींसे विद्या माँगूँ।' उन्होंने अपने साथियोंसे कहा—'आओ, सब मिलकर श्रीगणेशजीकी स्तुति करें और इनसे विद्या माँगें।' बालकोंने सोचा—'इस मूर्खकी बातोंमें क्या मिलेगा? अपने घर चलो।' वे उन्हें अकेला छोड़कर ग्राममें वापस जाने लगे तो ज्योतिपंतने सरल हृदयसे कहा—'अच्छा! तुमलोग आप ही अपना अहित करोगे, मत रुको; पर मेरे कहनेसे एक काम करो, इस मन्दिरके द्वारको बाहरसे लीप-पोतकर बंद कर दो और ग्राममें जाकर मेरे यहाँ रहनेका समाचार किसीसे मत कहना।' बालकोंने सोचा—'यह मूर्ख है, आज इसे मूर्खताका ही मजा लेने दो।' बस, उन्होंने पासके पोखरेसे मिट्टी और जल लाकर मन्दिरका द्वार लीप-पोतकर बंद कर दिया।

ज्योतिपंत गणेशजीके विग्रहके सामने बैठकर नेत्र मूँदे अपनी टूटी-फूटी, किंतु प्रेम-लपेटी वाणीमें उनकी स्तुति करने लगे।

छः दिन बीत गये। उन आर्त भक्तको निद्रा, क्षुधा, पिपासा आदि किसी भी शारीरिक क्लेशका किंचित् भी भान न हुआ। उधर क्रोध शान्त होनेपर गोपालपंत पश्चात्ताप करने लगे—'हाय! न जाने वह मूर्ख कहाँ, किस स्थितिमें होगा?' उनकी पत्नी भी पुत्र-शोकमें व्याकुल हो रोने लगीं। रोते-रोते उसकी आँखें सूज गयीं। छठे दिन गोपालपंतको स्वप्नमें अवढरदानी चन्द्रमौलि भगवान् शिवने आश्वासन दिया—'बालककी चिन्ता मत करो, वह यशस्वी और महान् भगवद्भक्त होगा।'

उधर सातवें दिन मन्दिर एक अलौकिक प्रकाशसे जगमगा उठा। गजानन गणेश अपने विग्रहसे दिव्य चतुर्भुज रूपमें प्रकट हो गये। उनका दक्षिणहस्त वरद-मुद्रामें था। एक अजस्र कृपाधारा मानो उनके दिव्य शरीरसे प्रवहमान होकर ज्योतिपंतको आप्लावित कर रही थी। भगवान् गणेशका ऐसा दिव्य स्वरूप देखकर वे पुलकित हो उठे। गणेशजीने प्रसन्न होकर कहा—'वत्स! जो इच्छा हो माँग, मैं तेरी अभिलाषा पूर्ण करनेके लिये ही प्रकट हुआ हूँ।'

ज्योतिपंतने निष्कपट भावसे कहा—'महाराज! पहले तो मैं विद्या ही चाहता था, परंतु अब मेरी अभिलाषा तत्त्वज्ञान और भगवान्‌की प्रेमा-भक्ति पानेकी ही है।' गणेशजीने प्रसन्नतापूर्वक कहा—'वत्स! तेरी विद्यामें पारंगत होनेकी अभिलाषा अभी—इसी समय पूर्ण होगी और दूसरा मनोरथ कुछ समय पश्चात् पूरा होगा।' तत्पश्चात् गणेशजीने कृपापूर्वक ज्योतिपंतकी जिह्वापर 'ॐ' लिख दिया और इस प्रकार उसे सम्पूर्ण विद्याका दान कर वे अन्तर्धान हो गये। जानेसे पूर्व उन्होंने कहा—'वत्स! जब तू मेरा प्रेमसे आह्वान करेगा, उसी समय मैं प्रकट हो जाऊँगा।'

अब ज्योतिपंत ग्राममें आये। उन्हें अनायास विद्या-विनयसम्पन्न देखकर माता-पिताके हर्षका पार न था। उनके सखा गणेश-दर्शनसे वञ्चित रहनेके कारण बहुत पछताये।

कालान्तरमें ज्योतिपंतने पूनामें पेशवाके यहाँ प्रधान पदपर कार्य करनेवाले अपने मामा महीपतिके पास नौकरी की। वहाँ भी गणेशजीकी कृपासे उन्होंने कई मासमें पूरा होनेवाले हिसाब-किताब (बही-खाता)को तीन दिनमें पूरा किया और राजासे पुरस्कृत हुए।

तत्त्वज्ञान और प्रेमा-भक्तिकी प्राप्तिके लिये वे भगवत्प्रेरणासे काशी गये। वहाँ गङ्गा-स्नान और मन्त्र-जप करते हुए छः मास बीतनेपर उन्हें भगवान् वेदव्यासने दर्शन दिया और कृपा कर श्रीमद्भागवतकी पावन पोथी भेंट की। तत्पश्चात् ज्योतिपंत मणिकर्णिकाघाटपर प्रातःस्नान करके बैठ जाते और सूर्यास्तपर्यन्त भागवत-पारायण करते। इसी स्थितिमें एक दिन इनपर कृपा कर भगवान् शंकरने दर्शन दिया तथा आश्वासन देते हुए कहा—'वत्स! मेरी कृपासे तुम्हें तत्त्वज्ञान और प्रेमा-भक्ति दोनों प्राप्त हों। आज तुम्हारा मनोरथ सफल हुआ। अब अन्य लोगोंको भगवद्भजनमें लगाकर उनका कल्याण करो।' विद्वानोंने श्रीमद्भागवतके साथ उन्हें भी पालकीमें बैठाकर उनकी सम्मान-सवारी निकाली। वे आजीवन भगवद्भक्तिका ही प्रचार करते रहे। संवत् १८४५ वि० मार्गशीर्ष त्रयोदशीको महाभागवत ज्योतिपंतकी इहलीलाका संवरण हुआ। महाराष्ट्रमें उनकी प्रेरणासे निर्मित अनेकों मन्दिर आज भी उनपर हुई श्रीगणेश, श्रीवेदव्यास और भगवान् शंकरकी महती कृपाका पावन स्मरण कराते हैं।

नरहरिपर हरि-हरकी कृपा

कण-कणमें रमण करनेवाले परब्रह्म परमात्माके हरि, हर एवं राम, कृष्ण आदि सगुण रूप निज-जनोंको आनन्द प्रदान करनेके लिये मोहक अभिनय हैं। वे चतुर रसिक हैं, भक्तरूप रसिक दर्शकोंको वे स्वयं एक होते हुए भी लीला-रसास्वादन-हेतु अनेक भेदमय पात्रताएँ दिखा-दिखाकर चकित करते रहते हैं, हैं तो वे अभेद ही—

बहु रस घन रसिकेशके, रमण रास अभिराम।
कहीं शेषशायी बने, कहीं शेषधर नाम॥

रसिकविहारीने कृपाकौतुकवश अपने ऐसे ही भेदमय अभेदस्वरूपका दर्शन देकर अपने भक्त नरहरि सुनारको कृतकृत्य कर दिया। पण्ढरपुरके ये स्वर्णकार भक्त भगवान् शिवके अनन्य उपासक थे। पण्ढरपुर ठहरा विठोबा (श्रीविट्ठलनाथजी)का पावन धाम; पर नरहरिजीको स्वप्नमें भी विट्ठलनाथजीके मन्दिरमें जाना स्वीकार न था। भवसिन्धुका विष पीकर भी निर्मलताका अमृत बाँटनेवाले नरहरिको तो विषपायी भोले धूर्जटि ही प्रिय लगते थे।

एक बार श्रीविट्ठलनाथजीके एक भक्तने भगवद्विग्रहके लिये स्वर्णकी करधनी भेंट करनेका संकल्प किया। पुजारीसे भगवान्‌की कटिका माप लेकर वे नरहरिके पास आये और उन्हें पर्याप्त स्वर्ण देकर करधनी बनानेका कार्य सौंप दिया। उनके अतिरिक्त उन्हें किसी अन्यकी शिल्पचातुरीपर विश्वास न था। भेंटकर्ता जानते थे कि नरहरि शिव-भक्त हैं, इसलिये उन्होंने यह प्रकट नहीं किया कि करधनी श्रीविट्ठलनाथजीके लिये बनवायी जा रही है। नरहरिने बड़े मनोयोगसे अपनी कला-कुशलताका प्रयोग किया। पर उन कृपानाथकी कलाकारी तो अनोखी ही होती है; किस रूपमें वे कैसे और कब कृपा करेंगे, इसे जाननेमें कौन समर्थ है? करधनी तैयार हुई, किंतु चार अङ्गुल बड़ी हो गयी। उन्होंने उसे पुनः सँवारा तो इस बार वह चार अङ्गुल छोटी पड़ गयी। कई बार करधनी बड़ी और छोटी हुई। अन्तमें श्रद्धालु भेंटकर्ताने भेद खोल ही दिया और नरहरिजीसे प्रार्थना की कि 'आप स्वयं ही चलकर श्रीविठोबाकी कटिका माप ले लें।'

अत्यधिक अनुनय-विनयके पश्चात् किसी प्रकार नरहरि अपना प्रण तोड़ श्रीविठोबाके मन्दिरमें जानेको तैयार हुए। विट्ठलदेवजीसे उन्होंने इतनी उपरामता प्रदर्शित की कि अपनी आँखोंपर पट्टीतक बाँध ली और भोले शंकरका ध्यान करते हुए वे मन्दिरमें जा पहुँचे। राजमन्दिरमें आकर जब उन्होंने

भगवद्विग्रहका पुनीत स्पर्श किया तो एक विलक्षण घटना घटी। उन्हें व्याघ्रचर्मधारी भगवान् शिवजीके स्पर्शका ही अनुभव हुआ। सर्पोंकी मालापर नरहरिकी अँगुलियाँ काँपने लगीं। मस्तकपर हाथ गये,तो गङ्गाजीकी अजस्र प्रवाहित धारासे शीतल हो गये। पावन जलसे धुले हाथोंने आगे पाँच मुखोंका स्पर्श-सुख लिया। दस भुजाओंका स्पर्श करते-करते तो उनके रोम-रोममें विद्युत्की लहर-सी दौड़ गयी। प्रसन्नतासे वे चिल्ला उठे—'मेरे भोलानाथ! भोले बाबाकी जय!' और झटकेसे आँखोंपर बँधी पट्टी उतार फेंकी। नेत्र खुले तो वहाँपर पञ्चवदन चन्द्रशेखर नहीं, श्रीविठ्ठलनाथजी विराज रहे थे। लज्जित हो नरहरिने पुनः शीघ्र ही पट्टी आँखोंपर बाँध ली। पुनः उसी विग्रहका स्पर्श हुआ, वही भूलभुलैया, कैसा कौतुक था! शिवजीने फिर अपने मङ्गलमय स्वरूपकी हृदयहारिणी अनुभूति करायी। भक्त किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया। तीन बार इसी प्रकार आँखमिचौनी होनेके पश्चात् जब नरहरि कैलासपतिकी कृपाका स्मरण कर भावविह्वल हो अश्रु बहाने लगे, तब भगवत्कृपावश उनके हृदयमें श्रीविठ्ठलनाथ और चन्द्रमौलि भगवान् शंकरमें अभेदकी भावना प्रकाशित हो उठी।

अब सम्पूर्ण सृष्टि ही उनके लिये 'सत्यं शिवं सुन्दरम्' थी। अपने स्वर्णशिल्प-व्यवसायको ही उन्होंने भगवद्भक्तिका रूप दे दिया। उनके कृपा-विभोर अन्तस्तलसे भाव मुखरित हो उठे, शब्दोंके स्वर्णसे कीर्तनके गहने गढ़े जाने लगे, एक अभंग (पद्य)में उन्होंने गाया—'मैं आपके नामका व्यवहार करनेवाला स्वर्णकार हूँ। अन्तरात्मा स्वर्ण है। त्रिगुणके साँचेमें मैंने ब्रह्मरस भरा और विवेकके हथौड़ेसे काम-क्रोधका मैल चूर-चूर करके मन-बुद्धिकी कतरनीसे तुम्हारा नाम चुराता रहा। ज्ञानके काँटेसे 'हरि-हर' दोनों अक्षरोंको तौला और थैलीमें रखा। मार्गका यह सम्बल कंधेपर रखकर मैं दुर्गम पथ पार कर गया। हे विठ्ठलनाथ! हे महादेव!! मैं नरहरि सुनार रात-दिन आपका ही तो स्मरण करता हूँ।'

कृपा-सुधा-सिन्धुमें गोते लगाते बिल्वमङ्गल

जन्म-जन्मान्तरसे विषय-वासनाओंकी भूल-भुलैयामें भटकते हुए इस जीवपर जब महती भगवत्कृपा होती है, तब इसके चर्मचक्षुओंसे संसार ओझल हो जाता है। दीनवत्सल भगवान् इसे दिव्य चक्षु प्रदान करते हैं और यह करुणासिन्धुकी मनोहारिणी छविका दिव्य दर्शन कर कृतार्थ हो जाता है।

भगवान्‌की ऐसी ही विशिष्ट कृपाके पात्र थे बिल्वमङ्गल। दक्षिण प्रदेशकी कृष्णवेणी नदीके तटपर स्थित एक ग्रामके भगवद्भक्त ब्राह्मण श्रीरामदासजीके यहाँ बिल्वमङ्गलका जन्म हुआ था। आपके पिता भगवान्‌के परम भक्त थे। इसलिये बिल्वमङ्गलकी शिक्षा-दीक्षा भी भक्तिमय वातावरणमें हुई। वे स्वभावसे शान्त, सम्भ्रान्त और भगवत्परायण थे।

किंतु माता-पिताके देहावसानके पश्चात् कुसङ्गके कारण बिल्वमङ्गलके जीवनमें कालुष्य छा गया। बिल्वमङ्गलका धन-वैभव देखकर नीच प्रकृतिके कुछ स्वार्थी मित्रोंने उन्हें घेर लिया। एक बार ग्राममें नदीके उस पार रहनेवाली चिन्तामणि नामक एक वेश्याके नृत्यका आयोजन हुआ। मित्रोंके कहनेसे बिल्वमङ्गल भी उस नृत्यको देखने गये। वे उस वेश्याके रूपपर आसक्त हो गये। रज (महान्) पवनके साथ आकाश छूती है और (नीच) जलके साथ मिलकर कीच बन जाती है। संस्कारी ब्राह्मण-युवक कुलकी लाज, मान-मर्यादा, धन-वैभव सब कुछ भूलकर चिन्तामणिके दास हो गये।

बिल्वमङ्गल अब न रात देखते, न दिन; न पर्व, न त्योहार। प्रायः हर समय वे चिन्तामणिके कोठेपर ही बैठे रहते। काम-लोलुपताने बिल्वमङ्गलको विवेकहीन बना दिया था। एक बार उनके पिताका श्राद्ध था। घरमें विद्वान् ब्राह्मण आमन्त्रित थे; परंतु बिल्वमङ्गलका मन तो चिन्तामणिके चिन्तनमें लगा था। श्रद्धावान् पिताका पुत्र श्रद्धाविहीन हो गया था। पिताका श्राद्ध जिस-किसी प्रकारसे सम्पन्न कर वे नदी-पार जानेके लिये तैयार हो गये। उस रात तूफानसे नदी मानो उफन रही थी, पर कामान्ध बिल्वमङ्गलको तो केवल चिन्तामणिका रूप-लावण्य ही दिखायी दे रहा था। मल्लाहोंने नाव खोलनेसे इन्कार कर दिया। बिल्वमङ्गल जीवनकी परवाह न करते हुए तैरकर पार जानेके लिये नदीमें कूद पड़े। उन्होंने नदीमें बहते एक शवको काष्ठ समझकर पकड़ लिया। गहन अँधेरी रात, सनसन करती डरावनी हवा। बिल्वमङ्गल किसी प्रकार नदी पार कर कौंधती बिजलीके प्रकाशमें चिन्तामणिके द्वारपर आ पहुँचे। उन्होंने चिन्तामणिको आवाज दी, पर ऐसे डरावने और तूफानी वातावरणमें वह उनकी आवाज कहाँ सुनती। फिर, चिन्तामणिको पता था कि आज उनके पिताका श्राद्ध है, इसलिये वे नहीं आयेंगे।' अतः वह दरवाजा बंद करके सो गयी थी।

पर बिल्वमङ्गलने ऊपर पहुँचकर किवाड़ोंपर एक जोरका धक्का मारा। सहसा डरकर चिन्तामणि चीख उठी, फिर

विल्वमङ्गलको खड़ा देख वह आश्चर्यमें पड़ गयी—'अरे ! तुम ऐसी भयंकर रातमें यहाँ कैसे पहुँचे ? ऊपर कैसे आये विल्वमङ्गल ?'

वह कामलोलुप युवक हँसा—'अरे, इसमें क्या कठिनाई थी, वह देखो, छज्जेपर जो मोटा रस्सा बँधा है, उसीके सहारे ऊपर आ गया और सुनो चिन्तामणि ! तुम्हारे लिये आज मैंने भयंकर नदी एक काष्ठके सहारे तैरकर पार की ।'

फटी हुई आँखोंसे चिन्तामणि उन्हें देख रही थी, उसे विश्वास न हुआ । 'कैसा रस्सा ? मैंने तो कोई रस्सा नहीं लटकाया । दिखाओ तो विल्वमङ्गल ?' दोनों साथ-साथ छज्जेपर आये । दीपके प्रकाशमें छज्जेसे लटके हुए एक विशालकाय अजगरको देखकर चिन्तामणि भयसे चिल्ला उठी—'अरे ! तुम इस अजगरके सहारे ऊपर आये ?' विल्वमङ्गल भी अपनेपर विश्वास न कर सके । तभी चिन्तामणिने कहा—'दिखाओ तो सही, वह काष्ठ कहाँ है, जिसके सहारे तुम तैरकर आये हो ?'

अब दोनों नदी-तटपर आये । विजलीकी चमकमें चिन्तामणिने देखा, नदी-तटपर एक फूला हुआ दुर्गन्धयुक्त शव पड़ा था । सहसा वह रोषभरे स्वरमें बोली—'धिक्कार है तुम्हें, विल्वमङ्गल ! मुझे पानेके लिये तुमने मुर्देको नाव और विषैले सर्पको सीढ़ी बनायी ! तुम सचमुच कामान्ध हो । इतनी ही आसक्ति यदि तुम श्यामसुन्दरमें करते तो नदीके स्थानपर आज भवसागर पार हो जाते । छिः, छिः, जाओ ! जैसे आये हो, वैसे ही लौट जाओ । तुम्हारे इस कुकृत्यने आज मुझे अपने जीवनके प्रति भी घृणासे भर दिया है ।'

क्षण भर तो विल्वमङ्गल निश्चेष्ट खड़े रहे । अचानक उनके हृदयमें पिछले संस्कार जगे, कर्तव्यकी विजली कौंधी । तूफान शान्त हो गया, ज्ञानका प्रकाश फैलने लगा । उन्होंने चिन्तामणिको गुरु माना और उसके पैर पकड़ लिये—'माता ! आज तुमने मेरी आँखें खोल दी हैं । मेरा इतना जीवन श्यामसुन्दरकी आराधनाके विना व्यर्थ ही गया ।' पश्चात्तापके आँसुओंसे उनका हृदय निर्मल हो गया था, उसमें भगवान् श्यामसुन्दर आकर विराज गये ।

उनकी मधुर मुरली सुननेके लिये, उनकी हृदयहारिणी झाँकीके लिये अब विल्वमङ्गल जगह-जगह भटकने लगे । वे सब कुछ भूल गये ।

कुछ समय ऐसी ही उन्मत्त अवस्थामें बीता, पर मनका कलुष अभी पूरी तरह धुला नहीं था । एक दिन मार्ग चलते विल्वमङ्गलकी दृष्टि एक अत्यन्त रूपवती युवतीपर पड़ गयी । वे फिर भटक गये । उसके रूपमें बँधे पैर उन्हें उस युवतीके घरतक ले आये । युवती घरमें चली गयी । विल्वमङ्गल द्वारपर ही बैठ गये । थोड़ी देर पश्चात् ही गृहस्वामी उधर आये । एक सीधे-सादे-से दीखनेवाले व्यक्तिको बैठा देखकर उन्होंने उससे घरके द्वार-पर बैठनेका कारण पूछा । विल्वमङ्गल सर्वथा दुराचारी तो थे नहीं, उन्होंने सत्य बता दिया । गृहस्वामीने सोचा—'यदि ब्राह्मण मेरी पत्नीका सौन्दर्य एक बार निगाह भरकर देख भी लेगा तो क्या बिगड़ जायगा ?' उन्होंने विल्वमङ्गलसे कहा—'मैं आपकी अभिलाषा पूरी करके ही आपको द्वारसे लौटाऊँगा ।' वे भीतर चले गये । विल्वमङ्गलके हृदयपर जैसे कोई आघात हुआ, वे सँभले । उन्होंने तुरंत ही पासके बेल-वृक्षसे दो काँटे तोड़ लिये । इसी बीच गृहपति अपनी पत्नीके साथ आये । उन्होंने सुना—'हे अभागी आँखो ! तुम्हारे कारण ही आज पुनः मेरा यह पतन हुआ है ।' और विल्वमङ्गलने दोनों काँटे अपनी आँखोंमें चुभो लिये । रक्तकी धार बह चली । गृहस्थके हृदयमें बड़ा शोक हुआ, पर विल्वमङ्गल श्यामसुन्दरको पुकारते, हर्षसे नाचते हुए अपनी राह चल पड़े, मानो उन्हें कुछ कष्ट ही न हुआ हो । वास्तवमें आज उनके चर्मचक्षु नष्ट हो गये थे और उनके स्थानपर प्रभु-कृपासे उन्हें मिल गये थे दिव्यचक्षु !

विल्वमङ्गल अपने मुरलीमनोहरको ढूँढ़ते रहे—ढूँढ़ते ही रहे । न भूखका पता है, न प्यासका; न अपना पता है, न पन्थका । मुखसे 'कृष्ण-कृष्ण'की ध्वनि निकल रही है और विल्वमङ्गल ग्राम-ग्राम, वन-वन श्यामसुन्दरकी छविके पीछे मतवाले-से फिर रहे हैं ।

ऐसे ही भटकते-भटकते भक्त विल्वमङ्गलका बहुत समय बीत गया । भूखे-प्यासे विल्वमङ्गलके पास एक दिन सहसा एक बालकका मधुर स्वर गूँज उठा—'सूरदास बाबा ! तुम बहुत भूखे जान पड़ते हो । लो, मैं तुम्हारे लिये रोटी लाया हूँ ।'

ऐसी मधुर वाणी विल्वमङ्गलने पहले कभी नहीं सुनी थी । उन्होंने नन्हे बालकका कोमल हाथ पकड़ लिया ।

स्पर्शसे ही उसके स्वरूपका ज्ञान प्राप्त करनेके लिये वे उसे टटोलने लगे—'तुम्हारा नाम क्या है। तुम कहाँ रहते हो ? अरे ! तुम्हारे हाथमें यह छोटी-सी लकुटी कैसी है ? तुम क्या करते हो ?' अंधी आँखें भी एक विचित्र हर्षसे फैलने लगी थीं। मधुर वाणीमें वह बालक बोला—'बाबा ! मेरा गाँव पास ही है, जो जिस नामसे पुकारता है, उसी नामसे मैं बोल पड़ता हूँ और मेरा काम भी साधारण है, गायें चराता हूँ, बाबा ! अच्छा, लो पहले यह रोटी खा लो। मैं तुम्हें नित्य रोटी दे जाया करूँगा।' बिल्वमङ्गलके हाथमें रोटी थी और बालकका स्वर श्रवणातीत हो चुका था।

ऐसी मधुर रोटी बिल्वमङ्गलने पहले कभी न खायी थी। बालककी एक-एक बात उनके हृदयमें मानो अमृत घोलने लगी। कैसे विलक्षण कृपालु हैं वे प्रभु ! वे करुणासिन्धु गोप-बालकके रूपमें नित्य आते और वन-प्रदेशके एकान्तमें बैठे बिल्वमङ्गलको देव-दुर्लभ प्रसाद छकाकर अदृश्य हो जाते। जबतक वह बालक रोटी लेकर नहीं आता, बिल्वमङ्गल छटपटाते रहते। इसी तरह कुछ समय बीता। बालककी मधुर-मधुर बातोंसे उन्हें अनुराग हो गया। वे हर समय उसीका चिन्तन करते थे। गलेकी वनमाला, हाथकी लकुटिया, कोमल-कोमल नन्हे हाथ, अमृत-सी मीठी वाणी। बिल्वमङ्गल उसीके ध्यानमें मग्न रहने लगे। एक दिन फिर उन्हें कुछ चेत हुआ। मनको धिक्कारते हुए अपने-आपसे कहने लगे—'अरे मूढ़ ! पहले वेश्यामें अनुरक्त हुआ, फिर उस युवतीके रूपपर भौंरा बनकर उड़ चला और अब यह बालक—अब तुझे यह बालक श्यामसुन्दरसे दूर ले चला है।' तभी बिल्वमङ्गलको उस बालककी मनोमोहिनी वाणी सुन पड़ी—'अरे बाबा ! आज किस सोचमें बैठे हो ?'

लम्बी साँस खींचकर बिल्वमङ्गल बोले—'सोचता हूँ, यों तुम्हें कबतक कष्ट देता रहूँगा। अब अपने प्यारे श्यामसुन्दरके पास वृन्दावन ही क्यों न चला जाऊँ' और पेड़की छायासे उठ खड़े हुए।

'आज रोटी नहीं खाओगे, बाबा ?'

'रोटी ?—नहीं मेरे कुँवर ! अब तो वृन्दावनमें ही प्रसाद लूँगा।'

'तो चलो, मैं तुम्हें वृन्दावन ही ले चलूँ।'

'सच ?' बिल्वमङ्गल हर्षसे विह्वल हो उठे और गद्गद वाणीसे बोले—'मैं तो अंधा ठहरा ! ले चलो। बड़ी कृपा होगी, तुम्हारी लाठी कहाँ है ? लाओ, लाठी मुझे पकड़ा दो और ले चलो वृन्दावन !' बिल्वमङ्गलने लाठी पकड़ ली। भक्त और भगवान् चल पड़े।

भक्त बेसुध और भगवान् लीलाधारी ! कुछ ही दूर चलनेके पश्चात् वह रसिकशिरोमणि बोला—'बाबा ! वृन्दावन आ गया। मैं अब चलूँ !' आश्चर्यचकित बिल्वमङ्गलने बालकका हाथ पकड़ लिया। उसके दिव्य हाथका स्पर्श करते ही इस बार बिल्वमङ्गलके शरीरमें दिव्य प्रकाश दौड़ गया। चक्षुओंको दिव्य ज्योति मिली और उनके सामने हृदयचोर श्यामसुन्दरकी भव्य मोहिनी मूर्ति थी। नेत्रोंसे आँसुओंकी गङ्गा-यमुना-सी बह चली। बिल्वमङ्गलने साँवरेका हाथ और भी कसकर पकड़ लिया और बोले—'अब कैसे छोड़ूँ लाला ! बहुत खोजा है, बहुत खोजा है।' प्रभुके नेत्रोंसे भी प्रेमवर्षा होने लगी। भगवान्का कोमल स्पर्श पाकर बिल्वमङ्गलके नेत्र सचमुच ज्योतिर्मय हो गये थे। दोनोंने एक दूसरेको हृदयसे लगा लिया, दोनों तन्मय थे, अभिन्न थे।

ब्रजाधिपतिके अनन्य कृपा-पात्र भक्त रसखान

प्रभुकी जब असीम कृपा होती है, तब इस संसारी जीवको सत्सङ्ग प्राप्त होता है। सत्सङ्गसे जन्म-जन्मान्तरके पापोंका नाश हो जाता है, भगवान्में अनन्य-भक्तिका उद्भव होता है और यह जीव सदाके लिये भगवान्के अनन्त, दिव्य प्रेम-साम्राज्यका ही एक अङ्ग हो जाता है।

भगवान् वृन्दावनविहारीके परम भक्त रसखान दिल्लीके बादशाही-वंशसे सम्बन्धित थे। उनके किसी प्रकारका लौकिक अभाव नहीं था। वे स्वभावसे उदार और संत-सेवी थे। एक बार उन्होंने भागवत-कथाका श्रद्धापूर्वक श्रवण किया। वहाँ श्यामसुन्दरका चित्र देखकर वे उनकी अतुलित छवि और रूप-माधुरीपर आसक्त हो गये। श्रवणेन्द्रियोंसे ही तो संसार हमारे भीतर आकर घुस गया है, इसलिये भगवच्चर्चाका श्रवण करके ही संसारको निकाला जा सकता है। संसार हृदयसे निकला कि भगवान्को सिंहासन मिला।

भक्त रसखानने कथा-व्यासले भगवान् श्यामसुन्दरके मिलनेका ठिकाना पूछा। उन्होंने रसखानजीकी बातपर विशेष गम्भीरतासे विचार नहीं किया और साधारण रीतिसे कह दिया—'अरे वृन्दावन जाओ, पठान!' पर रसखान तो भगवत्प्रेमका अमृत-रस चख रहे थे। उनका सांसारिक अनुराग पारमार्थिक अनुरागमें बदलने लगा।

भगवान् श्रीकृष्णके रूप-माधुर्यके प्रेमी रसखान वृन्दावनके लिये चल पड़े। श्रीमद्भागवतका फारसी अनुवाद सुननेके पश्चात्से ही वे गोपी-प्रेमका पुनः-पुनः चिन्तन करते हुए एक विचित्र सुखानुभूतिका अनुभव कर रहे थे। बाँकेविहारीकी मनोहारिणी झाँकीने उनका चित्त चुरा लिया था। राज-वैभव छोड़कर वे लीलाभूमि वृन्दावनमें आ गये।

वृन्दावनकी तो रज ही मनकी मलिनताका नाश कर हृदयमें भगवद्भक्तिका स्फुरण करनेवाली है। रसखान वहाँ सर्वत्र ही भगवान् श्रीकृष्णकी चित्त चुरानेवाली छविको खोयी हुई अमूल्य निधिकी भाँति ढूँढ़ रहे थे। उन्हें कदम्बकी छायामें वेणु-वादकके दर्शन होते, कुञ्ज-लताओंके बीच राधा-कृष्णकी रास-लीलाका दर्शन होता, यमुना-पुलिन-पर भी उन्हींकी जलक्रीड़ाका दिव्य दृश्य दिखायी देता, गौ-बछड़ोंके बीच वे काली-कमली और लकुटिया धारण किये दीखते, दूध-माखनकी मटकियोंके पीछे भी उन माखन-चोरके चपल नयन और दधि-लिपटा मुख दिखायी देता, और तो और, मयूर, हंस, सारस, तोते आदि पक्षियोंके कलरवमें भी उन्हीं श्यामसुन्दरकी मधुर ध्वनि सुनायी देती। उनके लिये वृन्दावनका कोना-कोना उन्हीं आनन्दघन कृपासिन्धु भगवान् श्रीकृष्णकी अनुपम छविसे ही ओतप्रोत था।

ऐसी भाव-भूमिमें विचरण करते हुए रसखान गोवर्धन (जतीपुरा) श्रीनाथजीके दर्शन करने पहुँचे। श्रीकृष्णके प्रति उनके आत्मनिवेदनके भावको न पहचाननेके कारण मन्दिरके द्वारपालने उन्हें सिंहद्वारसे ही बलपूर्वक हटा दिया। भगवान्-की कृपा अनन्त होती है। उनका वास तो भक्तके हृदयमें होता ही है। रसखानजीने सोचा—'कोई पूर्वजन्मका पाप है, जो श्रीनाथजीके दर्शनका लाभ नहीं मिला।' पर इसीसे उन्होंने संतोष नहीं कर लिया। वे मन्दिरके बाहर ही डेरा डालकर पड़ गये। अन्न-जल त्यागकर वे प्रेमाश्रु बहाते हुए केवल व्रजाधिपतिका अनन्य भावसे स्मरण करने लगे। उन्हें पूर्ण विश्वास था—'अहीरको लाड़लो छैल' मेरी पीर अवश्य मिटायेगा।

भगवान्में भक्तके दृढ़ विश्वासको मिटानेकी शक्ति नहीं है। श्रीनाथजीने चौथे दिन ही उन्हें अपने दिव्य स्वरूपसे साक्षात् दर्शन दिया। साँवली सूरतपर मोरपिच्छका मुकुट, उन्नत ललाटपर केसरका तिलक, ग्रीवामें मणियोंका हार, 'मुक्तामाल स्याम उर ऊपर मनु फूले बनराय', बाहोंमें रत्नजटित बाजूबंद, हाथमें प्राणप्यारी बाँसुरी, पीताम्बरकी मनोहारिणी छवि और पगोंमें ब्रह्मनाद करते नूपुर, अधरोंमें स्मितकी रेखा और नयनोंसे झरते भक्तानुरागी प्रभुके दिव्य अश्रु देख भक्त-हृदयका विरह-ताप सदाके लिये शान्त हो गया। रसखान धन्य हो गये। उसके पश्चात् ही गोसाईं श्रीविट्ठलनाथजी महाराजने उन्हें गोविन्दकुण्डमें स्नान कराया और ब्रह्म-सम्बन्ध (पुष्टिमार्गीय दीक्षा) दे दिया। अब तो रसखानजी इस अद्भुत भगवत्कृपासे निहाल हो गये। उन्हें भगवान् श्रीकृष्णकी सेवाका अधिकार मिल गया। भगवान्की प्रेमभरी भक्त-मनोमल-हारिणी लीलाओंका उन्हें प्रत्यक्ष दर्शन होने लगा। वे प्रेमामृतमें डूबकर मधुर भावोंमें भगवान् श्रीकृष्णका यशोगान करने लगे। व्रजराज ही उनके सखा, स्नेही, सम्बन्धी, स्वजन—सर्वस्व थे।

पैंतालीस वर्षकी अल्प आयुमें ही रसखानजीने परमधाम-की यात्रा की। प्रसिद्ध है, भगवान्के परम कृपापात्र इस भक्तने जब संसार छोड़ा तो स्वयं भक्तवत्सल राधारमणजीने उन्हें दर्शन दिये। रसखानने अपनी अन्तिम अभिलाषा प्रभुके चरणोंमें निवेदित की—'हे कृपानाथ! मनुष्य-जन्म फिर मिले तो व्रजके गाँवोंसे बाहर न भेजना, पशु बनूँ तो व्रजकी गौओंमें रहूँ, पत्थर बनूँ तो इसी गोवर्धन पर्वतका, वृक्ष बनूँ तो वही कदम्ब, जिसकी छाया आपको अत्यन्त प्रिय है, पक्षी बनूँ तो भी व्रजमें यमुना-किनारेके तरुओंपर मेरा निवास हो।' कहा जाता है, अपने ऐसे विलक्षण प्रेमीकी अन्त्येष्टि-क्रिया भी श्यामसुन्दरने अपने हाथों की। भगवान्की कृपासे रसखान उन्हींके हो गये और उनकी भक्तिसे भगवान् श्रीकृष्णको अपना विरद अक्षुण्ण रखनेका सुयश मिल गया—ऐसा सुयश जिसे गा-गाकर आज भी अनेकों जीव उनकी कृपाका पात्र बन जाते हैं।

प्रेमनिधिपर भगवान् श्रीकृष्णकी कृपा

शरीर, मन, बुद्धि, इन्द्रियाँ और सांसारिक पदार्थमात्र, जिन्हें संसारी लोग अपना मानते हैं, भक्त उन सबको परमात्माका मानता है। उसकी प्रत्येक क्रिया भगवान्की प्रसन्नताके लिये पूजारूपसे ही होती है। उसका भगवान्के अतिरिक्त अन्य कहीं राग नहीं होता। प्रेमके अगाध उदधि भगवान् ही तो प्रेम करने योग्य हैं।

प्रभुकी सेवामें कभी भी प्रमाद न करना, सोते-जागते, उठते-बैठते उन्हीं **'कामकोटि छबि स्यामसरीरा'**की रूप-माधुरीका रस पान करना भक्त प्रेमनिधिके जीवनका श्रेय, प्रेय और सर्वस्व था।

प्रेमनिधिने अपने प्रभुके स्नान-पानके लिये सूर्योदयसे पूर्व ही यमुना-स्नान करके गागरमें पावन यमुना-जल ले आनेका नियम बना रखा था। यमुनाजी भगवान् श्रीकृष्णकी पटरानी हैं। उनके जलसे वे बहुत आनन्दित होते हैं—इसी भावनासे प्रेमनिधिने यह व्रत लिया था। नित्य यमुना-जलसे प्रभुका जलपात्र भरे बिना उन्हें अपना जीवन ही अधूरा लगता था।

समय बीतता गया। वर्षा-ऋतुकी एक रात्रिके दूसरे प्रहरसे मूसलाधार जल बरसना आरम्भ हो गया। घोर अन्धकारमें बिजली कौंधती तो भयसे छाती काँप जाती। अरुणोदयसे पूर्व प्रेमनिधि जाग तो पड़े, किंतु कभी बुद्धि कहती कि इतने कीचड़में कैसे यमुना पहुँचोगे? और कभी भावुक भक्त-हृदय कहता—'चलो प्रेमनिधि! अपने प्यारे श्रीकृष्णकी सेवामें प्रमाद करना ठीक नहीं। यमुना मैया आप ही राह दिखायेंगी'—अन्तमें भक्तको हृदयकी ही बात माननी पड़ी।

कीचड़से लथपथ मार्गमें लड़खड़ाते हुए प्रेमनिधि बढ़ चले। ऊपरसे वर्षाका वेग, बिजलीकी कड़कड़ाहट, पवन-प्रेरित बूँदें मानो चपत लगा रही थीं। उसी समय एक दस-बारह वर्षका बालक मशाल लिये यमुनाजीकी ओर जाता हुआ दिखायी पड़ा। प्रेमनिधिको थोड़ा प्रकाशका सहारा मिला। बालकको राजपथका मशालची समझ वे उसके पीछे चलते हुए यमुना-तटपर पहुँच गये। मशालचीका अब कहीं पता न था। प्रेमनिधिने सोचा कि 'वह अपने रास्ते गया होगा'; पर यमुना-जलसे गागर भरकर जब वे लौटे, तब कुछ ही पग चलनेपर वैसा ही एक मशालची फिर उनके आगे चलने लगा। घरके द्वारतक सुखपूर्वक आकर वे ठिठके। एक दृष्टि मशालचीपर डालनेके लिये वे मुड़े, पर वहाँ न मशालची था, न प्रकाश। अँधेरा-ही-अँधेरा, किंतु अन्तरात्मामें अरुणोदय हो चुका था। वे विह्वल हो उठे, 'हे गोपाल! तुम कैसे कृपायतन हो, नयन-भर दर्शन भी नहीं करने दिये और अन्तर्धान हो गये!' ऐसा कहते हुए वे विलाप करने लगे। वे प्रभुकी सेवा करते जाते और प्रेमाश्रु भी बहाते जाते।

इस घटनासे उनकी सेवा और भक्तिभावनामें और भी निखार आ गया था। अब तो उन्हें उस रासेश्वरके नित्य, सर्वदा अपने अत्यन्त समीप होनेकी अनुभूति होने लगी।

भागवत-कथाका समय बढ़ाकर प्रेमनिधि प्रभुकी लीलाका अधिक गायन करने लगे। कथामें अब मानो विशेष रसानुभूति एवं रस-वर्षा होने लगी थी। प्रभुकी लीलाओंका गुणानुवाद वे ऐसी विलक्षण मधुरतासे करते थे, मानो उनका गोपाल मयूर-पिच्छका मुकुट धारण किये मुखपर चपल भङ्गिमाओंसहित कहीं पास ही खड़ा बातें कर रहा हो। श्रोतागण भी आनन्द-उदधिमें डूबने लगे। उनकी संख्या प्रतिदिन बढ़ने लगी। प्रेमनिधिके कथामृत-वर्षणकी ख्यातिका विस्तार होने लगा। महिलाएँ भी उसका पान करने अधिकतासे आने लगीं।

यह देखा गया है कि भगवद्भक्त जब संसारसे विमुख होकर पूर्णतया ईश्वरोन्मुख हो जाता है, तब उसे प्रायः संसारसे तिरस्कार, लाञ्छन, अपमान और निन्दाका पुरस्कार भी मिलने लगता है; पर इससे उसकी भक्तिकी दृढ़तामें कमी थोड़े ही आती है। सोना तो आगमें तपकर और भी निखर उठता है।

उस समय यवन-शासन था। कुछ ईर्ष्यालु लोगोंसे भक्तका बढ़ता हुआ यश देखा न गया। षड्यन्त्र रचा गया। प्रेमनिधिपर अनेक स्त्रियोंको कथाके बहाने अपने पास बुलाने और उनके साथ सांसारिक प्रेम-वासनामें फँसे रहनेका दूषित आरोप लगाया गया। प्रभुता-मदसे उन्मत्त शासकने उन्हें कारागारमें डालनेका आदेश दिया। एक दिन प्रेमनिधि अपने कन्हैयाके लिये यमुना-जल लेने जा रहे थे कि क्रूर सिपाही घरमें घुस आये और उनका हाथ पकड़कर खींचने लगे।

तत्काल प्रभु-विग्रहके सम्मुख ही ढुलक गया। वे प्रेमनिधिको बाँधकर ले चले। प्रेमनिधि तो प्रत्येक क्रियाको प्रभुका ही विधान मानते थे; अतः किसीके प्रति भी उनके मनमें द्वेषकी भावना कैसे उत्पन्न हो सकती।

कारागारकी कोठरीमें पड़े-पड़े वे सोचने लगे—'हाय! मैं कैसा अधम जीव हूँ, जो आज अपने नन्दलालको प्यासा ही छोड़ आया? धिक्कार है मुझे, अब मेरे नन्दलालको यमुना-जल कौन पिलायेगा?'

समय क्षणोंको पीता जा रहा था, किंतु प्रेमनिधिकी विरह-प्यास बढ़ रही थी। ऐसी स्थिति थी, मानो पपीहेकी चञ्चुमें गिरनेसे पूर्व स्वातिबिन्दु किसीने बीचमें ही पी लिया हो। भक्तको तो अपने प्रभुका वियोग सहन होता ही नहीं, पर करुणाकरको भी अपने भक्तका वियोग कब सहन होता है!

उसी रात यवन-शासकने स्वप्नमें देखा कि बालक-रूपमें श्रीकृष्ण असहाय-से खड़े रोनी सूरत बनाकर कह रहे हैं—**'मोए बड़ी प्यास लगी है, अरे अत्यारी, तोने मोकूं नेक जमुना जल भी पीवे नांय दिओ।'** बालककी मोहिनी सूरतने यवनराजपर जादू-सा कर दिया था। स्वप्नमें ही वह गागरमें बड़े यत्नपूर्वक यमुना-जल लाया और उसे प्रभुको अर्पित किया, किंतु वे छिटककर दूर खड़े हो गये और उपालम्भभरे स्वरमें कहने लगे—'ना, ना! मैं तेरे हाथको जल नांय पीऊँ! मेरे प्यारेको तो तोने बन्दीगृहमें डार दीन्हों है। मैं तो वाइके हाथकौ जल पीऊँगो।' स्वप्न-लीला समाप्त हुई।

भयसे काँपता हुआ यवन-शासक उसी समय कारागारकी ओर दौड़ा। अपने हाथोंसे ही प्रेमनिधिकी कोठरीका ताला खोलकर वह उनके चरणोंपर गिर पड़ा—'क्षमा करना महाराज!'—उसका कण्ठ आर्द्र था—'मैंने झूठी शिकायतोंको सच मानकर आपको व्यर्थ कष्ट दिया। आप शीघ्र अपने घर जाइये। आपके प्यारे कन्हैया प्यासे बैठे हैं।' आगे वह कुछ बोल न सका। उसकी वाणी पश्चात्तापसे अवरुद्ध हो गयी थी।

प्रेमनिधिको रात्रिके उसी क्षण उनके घर पहुँचाया गया। प्रेमनिधिजी भी घरसे गागर उठाकर अविलम्ब यमुना-तटपर जा पहुँचे। स्नान किया। यमुना-जलसे गागर भरी और आकर अपने नन्दनन्दन गिरिधर गोपालको शीतल यमुना-जल अर्पित किया। भगवान् श्रीकृष्णके दिव्य विग्रहपर उस समय एक अनोखी तृप्ति झलक रही थी। अखिल ब्रह्माण्डको तृप्त करनेवाले प्रभु कृपावश आज प्रेमी भक्त प्रेम-निधिसे जल-ग्रहण कर तृप्तिका अनुभव कर रहे थे। कैसे कृपायतन हैं वे श्रीहरि!

दीन-हितकारी भगवान्‌की धन्नापर कृपा

भगवान् न तो जाति देखते हैं, न धन, न रूप, न वय, न बल; बस, वे तो सच्ची भावनाके ही भूखे हैं। उनकी तो एक ही प्रतिज्ञा है—

'भक्त हमारो पग धरै, तहाँ धरौं मैं हाथ।
लारे लागो ही फिरूँ, कबहूँ न छोड़ौं साथ॥'

जाट-परिवारका धन्ना तब पाँच वर्षका अबोध शिशु था। उसके घर एक ईश्वर-भक्त ब्राह्मण पधारे। ब्राह्मणने स्वयं कुएँसे जल भरा, स्नान किया और फिर वे श्रद्धासे भगवान् शालग्रामकी पूजा करने लगे। बालक धन्ना अपरिचित ब्राह्मणकी सभी चेष्टाओंको पूरे मनोयोगसे देखकर अपने हृदय-पटलपर उतार रहा था—ब्राह्मणदेवने शालग्रामको स्नान कराया, चन्दन लगाया, तुलसीदल अर्पित किये, तत्पश्चात् धूप दिखाकर नैवेद्य अर्पण किया और फिर उन्होंने प्रेमपूर्वक चरणामृत पान किया। पूजा समाप्त हुई। बाल-सुलभ उत्सुकतासे धन्नाने पूछा—'बाबा! क्या ये आपके भगवान् हैं?'

'हाँ, बेटा!'

'तो इन्हें मुझे दे दीजिये न!' धन्नाने हठ किया—'मैं भी भगवान्‌की पूजा करूँगा।'

ब्राह्मणदेवता बालकको शालग्राम कैसे दे देते? पर धन्नाका हठ सीमा पार कर जब रुदनमें बदल गया, तब उन्हें एक युक्ति सूझी। उन्होंने झोपड़ीके बाहरसे ही एक काले पत्थरका टुकड़ा उठाया और धन्नाको दे दिया—'ले, बेटा! ये ही तेरे भगवान् हैं।' रोने-धोनेमें बालक धन्ना यह नहीं देख पाया कि ब्राह्मणने झोलीमेंसे भगवान्‌की मूर्ति दी है अथवा बाहरसे पत्थरका टुकड़ा उठाया है। बच्चेको बहका-कर ब्राह्मण चलते बने। धन्नाको क्या पता था कि करुणा-सागर भगवान् तो कण-कणमें व्याप्त हैं और प्रेमसे प्रकट होते हैं। धन्ना तो उस शिलाखण्डकी पूजा-अर्चामें तुरंत संलग्न हो गया। जैसा उसने ब्राह्मणको करते देखा था, वैसा ही किया। पर तुलसीदल तो था नहीं, उसने पाससे नीमकी पत्तियाँ ही एकत्रकर प्रभुको अर्पित कर

सूखे तृण जलाकर धूप दिखा दी और माँने मोटी-मोटी बाजरेकी रोटियाँ सेंककर दी थीं, उनको पूरी श्रद्धासे नैवेद्य-रूपमें अर्पित कर दिया। अब आँखें मूँदकर वह अबोध बालक ध्यानकी मुद्रामें बैठ गया। मनमें अपूर्व प्रसन्नता थी कि अब भगवान् आयेंगे और प्रसाद पायेंगे।

पर समय बीतते-बीतते उसकी प्रसन्नता उदासीमें बदल गयी। भगवान् नहीं आये। हताश बालकने सोचा, 'कोई मेरी ही भूल होगी—कल सही, कल तो आयेंगे भगवान्!' रोटी उसने भी नहीं खायी और माताकी आँख बचाकर उसे खेतमें डाल आया। इसी तरह एक दिन और बीता, दो दिन बीते, तीन दिन बीते। बालक और भी अधिक मनोयोगसे अपने भगवान्‌की पूजा करता और फिर निराश होकर जंगलमें रोटी डाल आता। पहले दिनकी रोटियाँ जब वहाँ नहीं मिलतीं, तब बालक धन्ना सोचता—'सम्भव है, भगवान् यहीं आकर खा जाते हैं चुपचाप।' पर उसका तो प्रण था कि 'जबतक भगवान् मेरेद्वारा अर्पित रोटी मेरे हाथसे नहीं खायेंगे, तबतक मैं भी अन्न ग्रहण नहीं करूँगा।'

घरमें किसीको इस रहस्यका पता नहीं चला। भक्तका धैर्य नहीं टूटा; परंतु भक्तवत्सलका धैर्य टूट गया। करुणासिन्धुका हृदय पिघल गया और एक दिन वे धन्नाके सम्मुख प्रकट हो गये। बाजरेकी रोटियाँ उस दधिचोरको मक्खन-मिश्रीसे भी कहीं अधिक मधुर लगीं। तब धन्नाने उपालम्भ देते हुए उनका हाथ पकड़ लिया—'क्यों, इतने दिनतक तो मुझे भूखों मारा और आज आये हो तो सारी ही रोटियोंपर हाथ साफ करने लगे?' भक्तवत्सलने धन्नाके लिये शेष रोटियाँ छोड़ दीं और एक पत्ता खाकर ही विश्वको तृप्त करनेवाले वे कृपासिन्धु अदृश्य हो गये। यह भक्त-भगवान्‌की लीला अब नित्य चलने लगी। किसीको भी इस बातका पता न चला। उधर धन्ना भगवान्‌के प्रेमका रस पान कर उन्मत्त हो नाचने लगा। उसके मुखपर अलौकिक तेज छा गया, वाणीमें माधुर्य भर आया और शनैः-शनैः वह पूजाका पूरा विधि-विधान सीख गया।

कालान्तरमें किशोरावस्था पार करते-करते धन्ना प्रभुप्रेरणासे काशी गया। वहाँ संत रामानन्दजीने उसे कृपापूर्वक 'मन्त्र' दिया। तदनन्तर जब वह अपने गाँव लौटा तो लोकमर्यादाकी रक्षाके लिये घरके काम-काजमें भी प्रेमसे हाथ बँटाने लगा।

एक बार ऐसी घटना घटी कि धन्ना पिताकी आज्ञासे खेतमें बीज डालने जा रहा था। पर मार्गमें साधुमण्डलीके दर्शन हुए तो वह बड़ी प्रसन्नतासे वहीं सत्सङ्ग करने लगा। जब उसे ज्ञात हुआ, साधुगण क्षुधार्त हैं तो धन्नाने अपना सारा गेहूँ (बीज) उन्हें भेट कर दिया।

साधु अपनी राह चले गये और धन्ना अपनी धुनमें भगवन्नाम जपते हुए खेतपर पहुँचा। वहाँ पहुँचकर उसे स्मरण हुआ कि 'गेहूँ तो महात्माओंको दे दिया, अब बीज काहेका डालें।' बिना सोचे-विचारे उसने खेत उसी प्रकार जोत दिया, जैसे बीज बोते समय जोता जाता है और अपनी कुटियापर लौट आया। पितासे आँखें चुराता रहा, पर भगवान्‌को तो अपने भक्तकी 'चोरी'का पता था।

चार-पाँच दिन बाद गाँवमें यह चर्चा होने लगी कि 'इस बार जाटके खेतमें तो बड़ी जोरदार फसल आयी है।' धन्ना इस चर्चाको सुनकर सहम जाता। उसकी समझमें नहीं आया कि जब बीज ही नहीं डाला तो फसल कैसे उग आयी? सम्भवतः ग्रामीण उसके पितापर व्यङ्ग कस रहे हैं। जब सब ओर वही चर्चा होने लगी तो एक दिन धन्ना सायंकालके झुटपुटेमें स्वयं खेतपर पहुँचा। सचमुच गेहूँके पौधे जोर-से फूट पड़े थे। उसे अपनी आँखोंपर विश्वास नहीं हुआ।

धन्ना प्रभु-कृपाका साक्षात् चमत्कार देखकर प्रेममें पागल हुआ नृत्य कर उठा। भला, जिसपर भगवान्‌की ऐसी कृपा हो, वह अपनी सुध-बुध क्यों न खो बैठेगा?

गङ्गाधरदासपर अगाध कृपा

भगवान्‌को स्वामी, सखा, मित्र, पुत्र आदि जिस सम्बन्ध, भाव, रूप अथवा प्रकारसे याद किया जाता है, वे कृपापूर्वक उसीको मानकर भक्तके समीप उपस्थित हो उसे कृतार्थ करते हैं। हनुमान्‌जीके स्वामी, सुदामाके सखा, अर्जुनके सारथि और इसी प्रकार माता कौसल्या, देवकी एवं यशोदाके पुत्र बनकर उन्होंने अपने प्यारे भक्तोंके प्रति अगाध स्नेहका परिचय दिया।

इस कलियुगमें भी भगवान्‌ने अपने भक्त गङ्गाधरदासपर ऐसी ही कृपाकी वर्षा की थी। गङ्गाधरदास राजा प्रतापरुद्रके समयमें पुरुषोत्तम-क्षेत्रके गोविन्दपुर नामक ग्रामके निवासी थे। वे और उनकी धर्मपत्नी श्रियाजी—दोनों ही भगवान्‌के अनन्य उपासक थे। दिन-रात भगवान्‌का नाम-स्मरण-जप करते हुए संतोषपूर्वक दिन कट रहे थे, परंतु

जब वृद्धावस्थाने आकर द्वार खटखटाया तो श्रियाजीको थोड़ी लौकिक चिन्ता भी हुई। वे निःसंतान थीं। दूसरोंके बच्चोंको देखकर ही वे प्रसन्न होतीं, उनका लाड़-दुलार भी मातृवत् ही करतीं, पर ग्रामकी अन्य पुत्रवती युवतियाँ श्रेष्ठताके अभिमानसे उन्हें भाँति-भाँतिके ताने मारा करती थीं। कभी-कभी किसीकी कटूक्तिपूर्ण वाणी सरल हृदयमें चुभ जाया करती है। ऐसे ही एक अवसरपर श्रियाजी अत्यन्त अधीर होकर अपने पतिसे कहने लगीं—'आप किसी दरिद्र बालकको ही गोद ले लीजिये अथवा किसी बालकका यज्ञोपवीत और विवाह करा दीजिये—किसी प्रकार कुछ तो इस वृद्धावस्थामें मनको संतोष हो।'

गङ्गाधरदासजीने भार्याको समझाया कि सच्चा संतोष तो हरि-भजनमें ही है। संतान होनेसे सांसारिक मोह-मायामें ही फँसना पड़ेगा। इस सत्परामर्शसे श्रियाजीका नारी-हृदय संतुष्ट नहीं हुआ। गङ्गाधरदासजी पत्नीको सान्त्वना देकर बाजार चले गये। घर लौटे तो उनकी गोदमें एक अत्यन्त सुन्दर अर्चा-विग्रह था। वे उसे एक शिशुके समान ही सार-सँभालके साथ गोदमें ला रहे थे।

उनकी मुद्रापर ऐसी ही प्रसन्नता थी, जैसे वे अपने ही आत्मजको कहींसे ढूँढ़ लाये हों। घर आकर पत्नीसे बोले—'देवि! लो, यह तुम्हारा पुत्र है। इसकी सेवामें अब किसी प्रकारकी कोर-कसर न रखना। यही हमारे बुढ़ापेकी लाठी होगा। इसीसे हमारा कल्याण होगा। सुपुत्र जैसे पिता-माताकी सारी कामनाएँ पूर्ण करता है, वैसे ही यह बालक हमारी समस्त कामनाओंको पूर्ण करेगा, यहाँतक कि परलोकमें भी हमारा हाथ नहीं छोड़ेगा।'

उस भक्त-दम्पतिने सुन्दर सिंहासनपर अपने 'लाला'को विराजमान किया। वे अपने शरीरसे भी अधिक उसकी सुविधाका ध्यान रखते। उत्तम-से-उत्तम भोजन-वस्त्र अर्पित करते। समयसे शयन कराते, पंखा डुलाते, उष्ण जलसे स्नान कराते, ग्राममें खिलौने बिकने आते तो अपने लालाके लिये खरीदते। श्रियाजी अपने लालाको कभी गोदमें बैठातीं, कभी प्यारसे चुम्बन करतीं, कभी स्तन-पान करानेका 'अभिनय' करतीं। उनकी प्रसन्नता सम्भवतः कोख-जनित-बालक पाकर भी इस सीमाको नहीं छू पाती। चौबीस घंटे लालाके चिन्तन और उसे सुख पहुँचानेमें ही वे पति-पत्नी अपनेको धन्य मानने लगे। कैसा आत्म-विश्वास! कैसी प्रसन्नता! कैसा पुत्रवत् स्नेह! कैसा उदार वात्सल्य!

कुछ समय बाद गङ्गाधरदास कमानेके लिये बाहर गये, पर 'लाला'का वियोग उनसे सहन नहीं हुआ। वे शीघ्र ही बहुत-से फल, मिठाई और रेशमी वस्त्र लेकर गोविन्दपुर लौट चले। मुखपर श्रीकृष्णका नाम था और पैरोंमें उतावलापन। दैवयोगसे वे ग्राममें पहुँचते-पहुँचते ठोकर खाकर गिर पड़े और श्रीकृष्ण-नाम जपते-जपते ही गोलोक-वासी हो गये।

ग्रामवासियोंने करुणावश यह समाचार श्रियाजीको सुनाया। वे शोकातुर हो अपने पुत्रके आगे जाकर बोलीं—'तू ही बता, बेटा! अब मैं क्या करूँ? हे वंशीधर! तू तो हमारे बुढ़ापेका सहारा बना था। तूने हमारी रक्षाका भार अपने ऊपर लिया और तेरे ही पिता यों मार्गमें गिरकर गोलोक सिधार गये।' उनकी करुण पुकार सुन वात्सल्यके भूखे कृपानिधि बोल उठे—**'अरी मैया! तू क्यों विलाप करै है? मेरो बाबा तो थक कै सोय रह्यो है। जा तो, तू वाय सँभाल जगाके लै आ।'** श्रियाजी यह दिव्य वाणी सुनकर आश्वस्त हुईं। वे दौड़ी-दौड़ी पतिके पास पहुँचीं। साध्वी नारीकी भाँति ही उन्होंने चरण-स्पर्श कर उन्हें उठाया। भगवत्कृपासे गङ्गाधरदास अपने लाला श्रीकृष्णका नामोच्चारण करते हुए उठ बैठे।

घर आकर दोनों पति-पत्नी अपने लालासे और भी अधिक लाड़ लड़ाने लगे; परंतु यह संसारी जीव कभी-कभी भूलवश घरमें धन-धान्यकी वृद्धिको ही भगवत्कृपा मान बैठता है। ऐसी ही मोह-मायामें फँसकर एक दिन गङ्गाधरदास अपने लालासे कहने लगे—'ओ, मैया कृष्ण! तेरा एक क्षणका भी वियोग मुझसे सहन नहीं होता। फिर भी यह पेट बड़ा पापी है। इसके लिये कभी-कभी व्यापारके चक्करमें तुझसे दूर जाना ही पड़ता है।' प्रभुकी इच्छा-अनिच्छाकी चिन्ता न कर गङ्गाधरदासने घरसे जानेकी तैयारी की। भगवान्‌ने देखा—भक्त मेरा वियोग सहन न करनेकी बात बनाकर मुझे छोड़े जा रहा है। बस, वे यों कहते-कहते अन्तर्धान हो गये—'पिताजी! आप चिन्ता न करें। आपका घर धन-धान्यसे भर जायगा। जिसके मेरे-जैसा पुत्र हो, उसे अभाव नहीं सता सकते।' भगवान्‌की वाणी अमोघ होती है। गङ्गाधरदासका घर धनधान्यसम्पन्न तो हुआ, पर सिंहासन तत्काल सूना हो गया।

अब तो दम्पतिकी बुद्धि ठिकाने आ गयी। श्रीकृष्ण-वियोगकी वेदनासे वे तड़पने लगे—'हा वत्स! तेरे बिना यह जीवन व्यर्थ है। तनिक-से लोभने मुझे प्राणप्यारेसे विलग कर दिया। हा कृष्ण! हा कृष्ण! तुम कहाँ गये, बेटा!' विलापका अन्त ही नहीं हो रहा था। ओठोंसे कृष्ण-नामकी और आँखोंसे प्रेमाश्रुओंकी झड़ी लग गयी। गङ्गाधरदासने अपने प्यारे 'लाला'के वियोगमें प्राण त्याग दिये। प्रातःकाल पति-परायणा श्रियादेवीने घरकी सारी सामग्री दान कर दी और चिता बनाकर पतिके शवके साथ ही 'कृष्ण-कृष्ण' उच्चारण करते हुए परम शान्तभावसे सती हो गयीं।

प्रसिद्ध है, वहाँ उपस्थित ग्रामवासियोंने एक दिव्य प्रकाश देखा और चितासे निकली दो दिव्य ज्योति-धाराएँ उस महान् ज्योतिमें विलीन हो गयीं। करुणानिधान श्रीभगवान् स्वयं विमानपर पधारे और अपनेमें वात्सल्यभाव रखनेवाले भक्त-दम्पतिको गोलोक ले गये।

भक्त सदन कसाईपर कृपा

'महाभारत'में धर्मव्याधकी कथा पढ़नेको मिलती है। पैतृक व्यवसायके रूपमें उन्हें कसाईका कर्म मिला था, परंतु थे वे पूर्णतः ईश्वर-परायण।

कलियुगमें भी बहुत समय पहले भक्त सदन हुए हैं, वे भी जन्मसे कसाई थे; किंतु उन्होंने स्वयं किसी जीवका वध नहीं किया। वे दूसरे कसाइयोंसे मांस खरीद लेते और अपनी दूकानपर तौलकर बेच देते। इस कार्य-व्यापारको भी वे यन्त्रवत् ही करते, रुचिके साथ नहीं। पारिवारिक व्यवसायके रूपमें केवल जीविकोपार्जनके लिये। पूर्वजन्मके संस्कारवश सारा व्यवहार करते हुए भी उनका मन निरन्तर श्रीहरिके चरणोंमें ही रमा रहता। इनकी जिह्वासे अविकल 'हरि-हरि'का ही जप होता रहता।

भगवान्‌की प्रतिज्ञा है, जहाँ उनका नाम-कीर्तन होता है, वहाँ वे सदैव प्रसन्नमुद्रामें विराजमान रहते हैं। सदनके पास भी शालग्राम विराजमान थे, पर सरल-हृदय भक्त भगवान्‌की उपस्थितिका रहस्य जानते न थे। वे तो उस शालग्राम-शिलाको बाट मानकर उससे मांस तौलते थे।

एक बार एक साधु अकस्मात् उधरसे निकले, उनकी श्रद्धापूर्ण दृष्टिने शालग्रामके स्वरूपको पहचाना। 'मांस-विक्रेताके तराजूका बाट? प्रभु शालग्रामका यह उपयोग? छिः! छिः!!' घृणासे उनका मुख बिचक गया। उन्होंने सदनसे शालग्राम-शिलाकी माँग की। सदनने सोचा—'एक पत्थरके टुकड़ेसे साधु प्रसन्न होते हैं तो मेरा अहो-भाग्य! मैं दूसरा पत्थर तराजूमें रख लूँगा।' सदनने साधुको शालग्राम दे दिया।

पर भगवान् भक्तका पार्थक्य कैसे सहते? साधुने शालग्रामकी पूजा की, भोग लगाया, पूरे विधि-विधानका पालन किया। पूजा करने और कसाईके यहाँसे शालग्रामके 'उद्धार'की भावनाके अहंकारसे वे अपनेको महान् समझ बैठे; पर भगवान् तो विधि-विधानसे कहीं अधिक भावनाके भूखे हैं। अहंकारी उपासकसे उन्हें प्रसन्नता नहीं होती, वे तो सरल सहृदय भक्तके प्रेमपर आठ-आठ आँसू बहाकर उसके ही आगे-पीछे फिरते हैं।

उसी रात साधुको स्वप्न हुआ। भगवान्‌ने कहा—'मुझे सदनके ही यहाँ पहुँचा दो। उसके कीर्तनको सुन-सुनकर मेरा रोम-रोम पुलकित होता था। उसका स्पर्श मुझे सुखद शीतल जान पड़ता था। मेरा मन यहाँ बिलकुल नहीं रमता। मुझे अपने भक्त सदनके पास ही वापस ले चलो।' साधु भय और ग्लानिसे अपनेको धिक्कारने लगे। स्वप्नकी बात सुनाते हुए उन्होंने शालग्राम वापस सदनको भेंट कर दिये तथा सदनके भाग्यकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनके दर्शनसे अपने आपको कृतकृत्य माना। प्रभुकी इस कृपाका वृत्तान्त सुनकर सदन भी प्रभुके प्रेममें निमग्न हो गये। वे रो-रोकर प्रभुसे अपने दुर्व्यवहारकी क्षमा माँगने लगे। उन्होंने अपने घृणित व्यवसायको तिलाञ्जलि दे दी और पुरुषोत्तमक्षेत्र पुरीकी यात्रापर चल पड़े।

जगन्नाथपुरी अभी दूर थी। मार्गमें दैवयोगसे सदन एक गृहस्थके यहाँ रात्रि व्यतीत करनेकी दृष्टिसे ठहर गये। हृदयमें हरिनाम था और थी भगवान्‌का दर्शन पानेकी उत्कट इच्छा। उस छोटे परिवारमें पति-पत्नी दो ही प्राणी थे। सदनका स्वस्थ शरीर तथा रूप-यौवन देखकर उस घरकी मालकिन इनपर आसक्त हो गयी। रात्रिके अन्धकारमें वह इनके कक्षमें आयी और अपनी वासना शान्त करनेकी कुचेष्टा करने लगी। सच्चा भक्त प्रपञ्चमें कैसे फँस सकता है? सदनजीने दीनतासे कहा—

'माताजी ! मैं आपका पुत्र हूँ, मुझे क्षमा कीजिये । मैं अभी अपनी यात्रापर चला जाता हूँ ।' उस कुलटाने समझा कि यह मेरे पतिके कारण डर रहा है, अतः उसने बाहर आकर सोते हुए अपने पतिका सिर काट डाला और पुनः सदनके पास आकर काम-याचना करने लगी—'देखो यात्री ! अब इस घरमें मेरे और तुम्हारे अतिरिक्त कोई अन्य नहीं है । मैंने अपने पतिको भी यमलोक भेज दिया है, हमें डरनेकी कोई आवश्यकता नहीं ।' वह सदनकी ओर बढ़ने लगी; पर भक्त सदनपर इसका क्या प्रभाव होता । हताश हो वह पिशाचिनी द्वारपर बैठकर रोने लगी—'हाय ! इस यात्रीने मेरे पतिकी हत्या कर दी और अब मुझे पाप-गर्तमें ढकेलना चाहता है ।'

ग्रामवासी इकट्ठे हो गये । भक्त सदनके मुखपर न पश्चात्ताप था, न शोक । भगवान् और उनकी कृपामयी लीलाको स्मरण करते हुए वे मौन रहे । अन्तमें उन्हें न्यायाधीशके सम्मुख उपस्थित होना पड़ा । वहाँ भी वे हरि-स्मरणमें ही अनुरक्त रहे । वाणी संसारकी ओरसे मौन हो गयी थी । दण्ड मिला । दोनों हाथ काटकर उन्हें नगरीसे निकाल दिया गया ।

प्रभुकी लीलाका गुणगान करते हुए वे पुरीकी ओर चल पड़े । प्रभुका अनुग्रह भी अनेक बार बड़ा रहस्यमय होता है । जगन्नाथपुरीके पुजारीको स्वप्नमें आदेश हुआ कि 'मेरा एक प्रिय भक्त आ रहा है । उसके हाथ कटे हुए हैं । उसे सम्मानपूर्वक ले आओ ।'

मन्दिरके लोग सदनके पास पहुँचे और उनसे पालकीमें बैठनेका आग्रह करने लगे । सदनकी समझमें कुछ भी न आ रहा था । 'एक स्थानपर तो हाथ काट लिये गये, दूसरे स्थानपर पालकी आ रही है । जिन भक्तवत्सलको मेरा इतना ध्यान है, उन्हें क्या हाथ कटनेका पता न होगा ?' सोचते-सोचते वे प्रभुके ध्यानमें बेसुध हो गये । भक्तलोग उन्हें पालकीमें बैठाकर पुरीकी ओर बढ़ते जा रहे थे ।

जगन्नाथपुरी पहुँचकर जब सदनने भगवान्‌को दण्डवत्-प्रणाम किया और उनका नाम-कीर्तन करनेके लिये उन्मत्त हो जैसे ही उन्होंने भुजाएँ ऊपर उठायीं, उनके हाथ पूर्ववत् हो गये और वे 'हरि हरि बोल, बोल हरि बोल'के मधुर स्वरके साथ नृत्य करने लगे । नाम-स्मरण करते-करते ही उन्हें कब निद्रा आ गयी, पता नहीं चला । मनमें एक ऊहापोह उठा था कि 'भगवन् ! मेरे हाथ किस अपराधके कारण कटे थे ?' पर यह वृत्ति आकर चली गयी थी । अन्तर्यामी प्रभुसे तो हमारी कोई वृत्ति छिपी नहीं है । निद्रामग्न सदनको स्वप्न हुआ—'पूर्वजन्ममें तुम एक सदाचारी ब्राह्मण थे । एक कसाई गायके पीछे दौड़ रहा था । तुमने दोनों भुजाएँ गायके कण्ठमें डालकर उसे रोक दिया । इस जन्ममें वही कसाई उस स्त्रीका पति बना । गाय ही उस स्त्रीके रूपमें जन्मी और पूर्व-जन्मका बदला लेनेके लिये उसने उसका गला काटा । तुमने भुजाओंसे गायको रोकी थी, इस अपराधसे तुम्हारे हाथ कटे ।' प्रभुने स्वप्नमें दर्शन दिया । भक्तका समाधान हुआ । अब तो भक्त सदन हर समय भगवान्‌की रूप-माधुरीका ही दिव्य दर्शन करने लगे ।

कालान्तरमें उन्होंने भगवान् जगन्नाथजीके चरणोंमें ही यह नश्वर शरीर त्यागकर परमधामकी यात्रा की । भगवान्‌ने अनुग्रह कर उन्हें इस जीवनमें भी साक्षात् दर्शन देकर कृतार्थ किया था ।

भक्त कूर्मदासपर विठोबाका विशेष अनुग्रह

महात्माओंसे सुना गया है कि कृपासिन्धु भगवान् गृहस्थ या संन्यासीको नहीं, अपितु भक्तिमान्‌को मिलते हैं । 'कृपा-सिन्धु जन हित तनुधारी ।' भक्त वे हैं, जो हर समय अपने प्यारे श्यामसुन्दरका स्मरण करते हैं, उन्हें अपना मानते हैं; निरन्तर उनके ही ध्यानमें डूबे रहते हैं । भक्त कूर्मदास ऐसे ही भक्तोंमेंसे एक थे ।

महाराष्ट्रके पैठण नगरमें कूर्मदासका जन्म एक सद्‌गृहस्थ ब्राह्मणके यहाँ हुआ था । ये संत श्रीज्ञानदेवके समकालीन थे । जन्मसे ये कर-पाद-विहीन थे । सम्भवतः इसी कारण इन्हें कूर्मदासकी संज्ञा प्राप्त हुई हो । माता-पिताने ऐसे बालकको भी प्रभुका प्रसाद मानकर उसे पूरी ममतासे पाला-पोसा । विशेषकर माताके स्नेहने कूर्मदासको हीन भावनासे ग्रस्त होनेसे बचाया । पर माता-पिताकी छाया भी उनपर अधिक समयतक न रह सकी ।

सम्भवतः उनमें अपनी शारीरिक असमर्थताके कारण ही भगवान् विठोबा (विट्ठलनाथ)की भक्तिका संचार हुआ । आयु बढ़नेके साथ-साथ शरीर भी वृद्धिको प्राप्त हुआ और बालक कूर्मदास कच्छपकी भाँति ही रेंग-रेंगकर इधर-उधर आने-जाने लगे । कुटिल जन उनकी असमर्थतापर हँसते और उदार पुरुष उनकी भक्ति-भावनाके लिये

उनकी सराहना करते; परंतु सच्चे भगवद्भक्तकी तरह कूर्मदास न तो उपहास करनेवालोंकी निन्दा करते, न अपनी प्रशंसा सुनकर कोई अभिमान ही करते। जहाँ भी भगवच्चर्चा होती, धीरे-धीरे रेंगकर वे वहाँ पहुँच जाते। उन्हें भगवान् विट्ठलनाथकी भक्तिके आगे अपना शारीरिक कष्ट भूल जाता। जो मिल जाता, वे उससे ही उदर-पूर्ति कर संतोष कर लेते।

संयोगकी बात, एक बार पैठणमें एक संस्कारी भक्तके यहाँ श्रीहरि-कथाका आयोजन हुआ। संत-महात्माओंके दर्शनसे कूर्मदासको एक विशेष प्रकारका आनन्द मिलता था। वे रेंगते-रेंगते वहाँ पहुँच गये, जहाँ आयोजन था। कथा-वाचक महोदयने अनेक दृष्टान्तों और आख्यानोंके द्वारा पण्ढरपुरकी आषाढ़ी-कार्तिकी-यात्रा और विठोबाके पुण्य-दर्शनका माहात्म्य सुनाया। शुद्ध-हृदय कूर्मदास इसके श्रवणमात्रसे विठोबाकी कृपाका स्मरण कर भक्तिभावसे रोने लगे। मन-ही-मन उन्होंने कार्तिकी एकादशीको पण्ढरपुर पहुँचकर विठोबाके दर्शनका दृढ़ संकल्प कर लिया। शारीरिक असमर्थतासे तनिक भी विचलित हुए बिना उन्होंने तुरंत यात्रा आरम्भ कर दी।

कार्तिकी एकादशीके अभी चार मास थे और कूर्मदास दिनभरमें कठिनाईसे एक कोस ही रास्ता तय कर पाते। पर उन्हें विश्वास था कि अपने भक्तका दुलार रखनेके लिये जिन द्वारकाधीशने डाकोर पहुँचकर भक्तको दर्शन दिये थे, वे ही मेरा भी व्रत निभायेंगे। उनकी निष्ठामें कोई कमी न आयी। रास्तेमें कहीं भोजन मिल जाता तो ग्रहण कर लेते, अन्यथा भगवत्स्मरणमें तल्लीन हुए यात्रा करते। किसीने उन्हें बैलगाड़ीपर बैठानेका प्रस्ताव भी नहीं रखा; पर भगवद्भक्त संसारकी आशा ही कब करता है ? उसके तो सर्वस्व वे ही कृपासिन्धु भक्तवत्सल नारायण होते हैं। चार मासतक रात-दिन विट्ठलनाथमें लौ लगाये कूर्मदास 'लहुल' गाँवतक ही पहुँच पाये। उस दिन दशमी थी। भगवान्‌की लीलाभूमि पण्ढरपुर अभी सात कोस दूर थी। एक दिनमें सात कोस ? असम्भव था कूर्मदासके लिये; किंतु प्रभुके लिये भी क्या कोई कार्य असम्भव है ? कूर्मदासने मनमें निराशाका भाव नहीं आने दिया। प्रभुकी कृपामें उनका अडिग विश्वास था। उन्होंने दीन भावसे अपने विठोबाके नाम उलाहना-भरा पत्र लिखा—

'हे शरणागतवत्सल ! मुझ अङ्गहीनपर दया कीजिये। कल एकादशीकी पुण्य तिथि है। मैं आपतक कैसे पहुँच सकूँगा। दयासिन्धो ! क्या आप मुझ अधम जीवको दर्शन देनेकी कृपा नहीं करेंगे ? प्रभो ! आपका विरद सुनकर आया हूँ—कृपा करो ! कृपा करो !!' पण्ढरपुर जानेवाले एक यात्रीको कूर्मदासने यह पत्र दे दिया।

पत्र एकादशीके दिन ही प्रभु विठोबाके चरणकमलोंमें पहुँच गया। घट-घटकी जाननेवाले करुणासागर भगवान्‌के कानोंमें कोई व्याकुल होकर यह घोष कर रहा था—'प्रभो ! बहुत देर हो गयी। कब दर्शन दोगे, दीनानाथ ! हे विठोबा ! मुझ दीन-हीनको अब तो करुणा कर दर्शन दो।' सचमुच कूर्मदास विलाप कर रहे थे। भगवान् भक्तकी व्याकुल पुकारसे द्रवित हुए और 'लहुल'में ही कूर्मदासके समक्ष प्रकट हो गये। कूर्मदासजी एकादशीको प्रभुके चरणोंका स्पर्श पाकर कृतकृत्य हो गये। प्रसिद्ध है, जबतक कूर्मदासजी सशरीर इस गाँवमें रहे, विठोबा भी वहीं उनके समीप रहे। 'लहुल'में श्रीविट्ठलनाथका मन्दिर कूर्मदासपर भगवद-नुग्रहका ही मूर्तरूप है।

कृपानाथकी कृपासे कृतार्थ कूबा

हरि अनन्त हैं, उनकी कथाएँ भी अनन्त हैं। इसी प्रकार उनकी कृपाका भी कोई ओर-छोर नहीं है। कई सौ वर्ष पूर्व राजस्थानके एक गाँवमें एक कुम्भकार रहते थे। नाम था भक्त कूबा। उनकी धर्मपत्नी पुरी भी भक्तिमती थी। एक तो कुम्हार वैसे ही सम्पन्न नहीं होते, फिर कूबा तो संसार-व्यापारको भगवान्‌के भजनमें बाधा मानकर जीविकोपार्जनकी ओर पूरा ध्यान ही नहीं देते थे। ध्यान देने योग्य वस्तु तो केवल भगवान् ही हैं, इस दृष्टिसे कूबा मासमें केवल तीस बर्तन गिनकर गढ़ते थे और उनकी साधारण-सी आयसे ही उदरपूर्तिके साधन जुटाते। शेष समय उठते-बैठते, सोते-जागते, खाते-पीते वे अपने प्रभुका ही ध्यान करते। लोभ था तो भजनका, मोह था तो भजनका और संग्रह था तो वह भी भजनका ही। कोई दूसरा काम था तो वह था घर आये अतिथियोंकी भगवद्‌बुद्धिसे यथाशक्ति सेवा करना। इस प्रकार कूबाका प्रभु-परायण आदर्श जीवन था।

एक बार भक्त कूबाकी ख्याति सुनकर उनके ग्राममें-से जाती हुई एक साधु-मण्डली उनकी कुटियापर जा पहुँची। गाँवमें अन्य धनी-मानी व्यक्ति भी थे; पर साधु भी तो भगवान्‌की ही तरह भावके भूखे होते हैं। अस्तु, कूबाने बड़ी प्रसन्नतासे साधुओंका स्वागत किया और यथाशक्ति उनके ठहरनेकी व्यवस्था की। अब निर्धन कूबाके सम्मुख साधुओंको भोजन करानेका धर्म-संकट उपस्थित हुआ। साधु भी थोड़े-बहुत नहीं, दो सौ थे। घरमें अन्न दो व्यक्तियोंके लिये भी न था, पर वे तो अपने भाग्यपर फूले नहीं समा रहे थे, सोच रहे थे—'साधु भगवान्‌के ही स्वरूप होते हैं। इनकी सेवा करके मेरा जन्म सफल हो जायगा।' इसी उधेड़-बुनमें वे ग्रामके एक धनी महाजनके घर जा पहुँचे और अपनी समस्या उनके सामने रखी। महाजनने वणिक्-बुद्धिसे सौदा किया; बोला—'देखो कूबा! आटा, दाल, चावल, दूध, घी—सब सामग्री जुटा देता हूँ; पर मेरी एक शर्त है, मुझे ग्रामके पूर्वी छोरपर एक कुआँ बनवाना है, यदि तुम बिना किसी और श्रमिककी सहायता लिये यह कार्य कर सको तो·······।'

कूबाको और चाहिये ही क्या था? उन्होंने महाजनको आगे बोलनेका भी अवसर नहीं दिया। सौदा तय हो गया। भोजनकी सामग्री कूबाकी कुटियामें पहुँच गयी। भण्डारा हुआ। बड़ी शान्तिसे उस छोटे-से गाँवमें एक अपूर्व महायज्ञ हो गया और वह भी एक अकिंचन कुम्हारके घर। साधु उनकी सेवासे संतुष्ट हुए। कूबाकी श्रद्धा-भक्ति देखकर तो उनकी प्रसन्नताका ठिकाना ही न रहा। उन्होंने कूबाको भगवद्भक्तिका आशीर्वाद दिया और वहाँसे विदा ली।

भगवान्‌में पूर्ण निष्ठा रखनेवाले कूबा साधुओंके प्रस्थानके अनन्तर ही अपनी पत्नी पुरीके साथ ग्रामके पूर्वी छोरपर यथास्थान कुआँ खोदनेमें संलग्न हो गये। हरिनाम-संकीर्तनकी ध्वनिके साथ वे पति-पत्नी मिट्टी खोदते और बाहर डालते जाते। क्षण-क्षणपर मानो श्रमरूप भगवान्‌की ही उपासना हो रही थी। कूबाके लिये तो यह महान् नाम-यज्ञ था। अन्तमें भक्तके शुभ श्रमकी विजय हुई, जलका स्रोत निकल आया; पर कुएँकी तलीमें बालूकी परत थी। वह मिट्टीका बोझ न सह सकी। कुआँ बैठ गया और भक्त कूबा नीचे दब गये। पुरी हाहाकार कर उठी। कूबाको मिट्टी खोदकर बचानेका साहस किसीको न हुआ। सबने यह विवशता स्वीकार कर ली कि 'कूबाको जल-समाधि मिल गयी। प्रभुकी इच्छा!'

कालान्तरमें वह स्थान वर्षा-जलसे बहकर आनेवाली मिट्टीसे पट गया। ग्रामवासी कूबाको भूल गये; पर करुणासागर अपने भक्तको कैसे भूलते? वे तो अपने अनन्य सेवककी सब प्रकारसे, सब स्थितियोंमें कृपापूर्वक रक्षा करते हैं।

कुछ समय बीतनेपर उस ग्राममें यात्रियोंका एक दल आया। वे रात्रि-विश्राम-हेतु उसी स्थानपर ठहरे, जहाँ भक्त कूबाने कुआँ खोदा था। उन्हें नींद नहीं आ रही थी। भूमिके नीचेसे करताल-मृदङ्गके मधुर स्वरोंके बीच—**'श्रीकृष्ण गोविन्द हरे मुरारे, हे नाथ नारायण वासुदेव'**-का घोष स्पष्ट सुनायी दे रहा था। ज्यों-ज्यों रात्रिकी नीरवता बढ़ी, यह कृष्ण-कीर्तन और भी स्पष्ट सुनायी देने लगा। ग्रामके लोग एकत्र हुए। कोई कहता—'कूबाका भूत है।' कोई कहता—'ऐसा न कहो, यह भगवान्‌के परम भक्तकी वाणी है।' होते-होते उस प्रदेशका राजा भी अपने अमात्योंसहित वहाँ आया। सावधानीपूर्वक मिट्टी खोदी गयी। अनेक श्रमिक थे, राज-शक्ति थी। कुछ ही समयमें राजा और उपस्थित जनोंके सम्मुख प्रकाश हो गया। कुएँके तलमें निर्मल जलकी धारा प्रवाहित हो रही थी। एक ओर दिव्य कमलासनपर शङ्ख, चक्र, गदा, पद्मधारी चतुर्भुज भगवान् विराजमान थे तथा दूसरी ओर हाथमें करताल लिये कूबा तन्मय होकर कीर्तन कर रहे थे। भगवान्‌के विग्रहसे अश्रु-प्रवाहके बीच दिव्य मुस्कान चमक रही थी और उधर कूबाकी वाणीमें कम्प था, नेत्रोंसे नीर बह रहा था तथा रोमावलि खड़ी थी। ऐसा अनोखा दृश्य देखकर सभीने अपने भाग्यको सराहा।

भक्तपर प्रसन्न होकर उन कृपानाथने सबको दिव्य दर्शन दिया और अन्तर्धान हो गये। राजाने कूबाकी चरण-धूलि मस्तकपर धारण की तथा उनके नित्य-दर्शनका नियम लिया। पुरीके जीवनकी तो सम्पूर्ण साधना ही फलवती हो गयी थी। पति-पत्नी पूर्ववत् भगवद्-भजन और सत्सङ्गमें लग गये। कूबा भगवत्कृपाका स्मरण कर प्रायः विदेहावस्थामें ही रहते थे।

भगवान् राघवेन्द्रके कृपापात्र भक्त सेना नाई

गोस्वामी तुलसीदासजीने 'मानस'में कहा है—

पुन्य पुंज बिनु मिलहिं न संता। सत संगति संसृति कर अंता॥
(७ । ४४ । ३)

संत-कृपा वास्तवमें कल्पतरुके समान है। संतोंकी कृपासे यह पामर जीव अनन्त ब्रह्माण्डके नायक श्रीराघवेन्द्रका साक्षात्कार कर कृतकृत्य हो जाता है।

लगभग छः सौ वर्षपूर्व बघेलखण्डके बान्धवगढ़ नगरमें भक्त सेना नाईपर श्रीराघवेन्द्र सरकारकी ऐसी ही अपार कृपा हुई। बान्धवगढ़के राजा वीरसिंहके राजप्रासादमें सेना प्रायः नित्य ही क्षौर-कर्म करने जाते थे। वे अपना कार्य पूरी कर्तव्य-निष्ठाके साथ करते थे; परंतु लौकिक कर्मोंके साथ-साथ सेना भगवद्भजनमें भी तत्परतासे लगे रहते। ब्राह्ममुहूर्तमें उठना, स्नान आदिसे निवृत्त होकर भगवान्‌की उपासना करना, संत-अतिथियोंकी निष्कपट सेवा करना उनका सहज स्वभाव था। उनकी सरलता, उदारता, अद्वेष-भावना और भगवत्परायणतासे स्वयं राजा-तक प्रभावित थे। भगवत्परायण साधककी सांसारिक वासनाएँ शान्त हो जाती हैं, इसलिये उसके जीवनमें सरलता और यथालाभ-संतुष्ट रहनेकी प्रवृत्ति तो स्वाभाविक आ ही जाती है।

जिसपर भगवान्‌की विशेष कृपा होती है, उसपर संत-महात्मा भी अनुग्रह करते हैं। एक बार सेना नाई जब राजप्रासाद-की ओर जानेके लिये घरसे निकले तो मार्गमें उन्हें एक संत-मण्डली आती दिखायी दी। मृदङ्गकी सुमधुर तालके साथ वे लोग मँजीरे बजाते हुए भावावेशमें '**रघुपति राघव राजा राम। पतित पावन सीता राम**'की भक्ति-प्रदायिनी ध्वनिका घोष कर रहे थे। सेना नाईने इस अनायास संत-समागमको भगवदनुग्रह माना और उन श्रीराम-भक्तों-को अपनी कुटियापर ले आये। वे एकनिष्ठ हो उनके आतिथ्यमें लगे रहे। फिर सत्सङ्ग हुआ, श्रीरामका यशोगान करते हुए सभी तन्मय हो गये।

बहुत समय बीत गया। संत-महात्माओंने प्रसाद पाकर प्रस्थानकी तैयारी की। तब सेना भी उस भक्ति-सागरकी आह्लाद-कारिणी शान्तिसे बाह्य जगत्‌में आये। राजप्रासाद पहुँचनेका समय बीत चुका था। अब उन्हें अपनी भूल ध्यानमें आयी। बिना प्रसाद पाये उन्होंने कैंची, दर्पण, उस्तरा आदिकी पेटी कंधेपर डाली और राजमहलकी ओर लपके।

राजप्रासादका सिंहद्वार आया ही था कि एक सैनिकने उन्हें टोका—'अरे अभी तो तुम बाहर गये थे, क्या कुछ भूल गये?'

सरल-हृदय सेनाने सोचा—'नाईसे सभी लोग मसखरी करते हैं।' उसकी बातका कोई उत्तर न देकर वे लंबे-लंबे डग भरकर राजा वीरसिंहके कक्षमें पहुँचे। भयके कारण उनका चेहरा पीला पड़ गया था। उन्हें देखकर राजा वीरसिंह आश्चर्यमें पड़ गये और स्वयं सेना भी उन्हें देखकर एक क्षण विस्मय-विमुग्ध रह गये। राजा क्षौर-कर्म करा चुके थे, उनके शरीरपर तेल-मर्दन और स्नानके कारण एक अलौकिक तेज दृष्टिगत हो रहा था, सारा कक्ष एक दिव्य सुगन्धसे महक रहा था। सेनाने निष्कपटतासे कहा—'महाराज! मुझसे भूल हुई। क्षमा करें। घरपर साधु पधारे थे, उनकी सेवामें लगा रहा, अतः देर·······।'

आश्चर्यमिश्रित मुस्कानसे राजा बोले—'तुम क्या कह रहे हो, अभी-अभी तुम नहीं आये थे तो कौन आया था? तुम्हारी-सी ही वाणी, तुम्हारी-सी ही सेवा, और तो और तुम्हारी-सी ही अन्तरङ्ग बातें और कौन करता? पर ऐसा सुख तथा मधुर स्पर्श मैंने तुम्हारे हाथोंसे आजतक कभी नहीं पाया।'

अब तो सेनाके भक्त-हृदयमें सारा खेल स्पष्ट हो गया। प्रेमाधिक्यके कारण उनके नेत्रोंसे टप-टप आँसू गिरने लगे। वे बोले—'महाराज! हो-न-हो स्वयं श्रीराघवेन्द्रने ही आज आपपर और मुझपर यह अवर्णनीय अनुग्रह किया है। आप धन्य हैं, मैं अधम हूँ, जो मेरे लिये पतितपावन श्रीराघवेन्द्रने इतना कष्ट उठाया।' सेना भगवन्नाम जपते-जपते भाव-विभोर हो रो पड़े। राजा वीरसिंहने कृतज्ञतावश अपने भृत्य सेना नाईके चरण छू लिये; क्योंकि राजाके लिये अब वे अपने सेवक न होकर भगवान्‌के परम सेवक थे। राजाने सेनासे कहा—'महा राज! आपके कारण आज हमारा वंश पवित्र हो गया। आपके कारण ही आज हमें भगवान् राघवेन्द्रके मङ्गलकारी दर्शन हुए। आप-जैसे प्रभुके कृपापात्रको पाकर आज बान्धवगढ़-की भूमि पवित्र हो गयी।'

राजाकी आज्ञासे अब सेना अपना सारा समय एकान्तमें भगवद्भजन करते हुए बिताने लगे।

भगवत्कृपाकी अधिकारिणी—करमैती

भगवत्कृपासे अनेक संतोंके जीवनमें अलौकिक घटनाएँ घटी हैं। प्रभुकी कृपाका सर्वोत्तम फल तो उनके चरणोंमें सच्चा अनुराग हो जाना ही है। भगवत्कृपाकी ऐसी ही पात्रा थी राजस्थानकी भक्त करमैती बाई। करमैती जयपुर राज्यान्तर्गत 'खंडेला'के सेखावत सरदारोंके कुलपुरोहित पण्डित परशुराम-जीकी गुणवती कन्या थी।

पूर्वजन्मके संचित पुण्योंसे बचपनमें ही उसके हृदयमें भक्तिभावका स्फुरण हुआ। माता-पिताके संस्कार भी भक्तिमय थे। इसलिये पुत्रीका भगवान् श्रीकृष्णमें सच्चा अनुराग देखकर वे अपने भाग्यको सराहने लगे। करमैती प्रायः सारा समय एकान्तमें श्रीकृष्ण-नाम जपनेमें व्यतीत करती। प्रतिदिन उसकी प्यारे श्यामसुन्दरमें प्रीति गाढ़ी होती गयी अथवा यों कहें कि उसपर श्रीकृष्णकी कृपाका अमृत विशेषरूपसे बरसने लगा। माता-पिताने छोटी अवस्थामें ही करमैतीके हाथ पीले कर दिये थे। उन्हें भय था कि कन्याके कन्हैया-प्रेमको सजातीय बन्धु उन्माद मानकर कहीं विवाहका प्रस्ताव ही स्वीकार न करें और कन्या कुँवारी रह जाय; पर मीराबाईकी तरह ही करमैतीने भी साँवले-सलोने श्यामसुन्दरका ही वरण कर लिया था।

कुछ वर्षों बाद जब पतिगृह जानेका अवसर आया, तब करमैतीको ज्ञात हुआ कि मेरी ससुरालमें तो भगवान्का नाम लेना भी अपराध माना जाता है। वहाँ मैं अपने 'नाथ'का स्तवन, भजन, गायन कैसे कर पाऊँगी। वह मन-ही-मन बहुत दुःखी हुई। उसने प्रार्थना की—'हे कृपालो! अब संसार-चक्रसे उबारनेवाले आप ही हैं। मुझे अपनी शरणमें ले लीजिये, प्रभो!

करमैतीके माता-पिता कन्याको ससुराल भेजनेकी तैयारीमें लगे रहे; पर प्रभुकी जिसपर असीम कृपा हो, वह तो उनका ही हो जाता है, संसारसे उसका क्या नाता। करमैतीको कुछ न सूझा। प्रभु-प्रेरणासे वह ब्राह्मण-कन्या, जो कभी घरसे बाहर भी नहीं निकली थी, रात्रिमें चुपकेसे घरसे निकल पड़ी और निर्जन वन-प्रान्तमें रात्रिके गहन अन्धकारको चीरती हुई दौड़ने लगी, दौड़ती रही—दौड़ती रही। उधर प्रातःकाल ही घरमें कन्याको न देखकर पिता परशुराम घबरा गये। माता विलाप करने लगी। इधर-उधर घुड़सवार भेजे गये। दो घुड़सवार उत्तर दिशामें भी दौड़े।

करमैतीने वही राह तो पकड़ी थी—अपने प्रियतम श्याम-सुन्दरकी दिव्य भूमिकी राह! निर्जन मरुभूमिमें सहसा घोड़ोंकी टापोंका कर्णभेदी स्वर सुनकर करमैती भयसे काँप उठी। अब इस निर्जन वनमें क्या करे! छिपनेका भी कोई स्थान नहीं। तभी उसने देखा, रेतीली भूमिपर एक मरा हुआ ऊँट पड़ा है। गीदड़ोंने मांस खाकर उसके पेटमें पोल बना दी थी। करमैतीने संसारकी दुर्गन्धमयी वासनाओंमें फँसनेकी अपेक्षा ऊँटके उस दुर्गन्धयुक्त कंकालको श्रेष्ठ समझा। वह उसीमें छिप गयी। उसे इस अवस्थामें श्रीकृष्णका ही ध्यान था, उनका ही स्मरण था। दुर्गन्धसे घृणा नहीं थी, पकड़े जानेपर श्रीकृष्ण-भक्तिके पथसे विचलित होनेका भय था। घुड़सवार आगे निकल गये। फिर भी, कहते हैं, करमैती तीन दिनतक उसी अवस्थामें पड़ी भगवान् श्रीकृष्णका स्मरण करती रही।

समय बीता और भक्तिमती करमैती श्रीकृष्णकी लीला-भूमि वृन्दावनमें पहुँच गयी।

पिता परशुरामकी भूख-प्यास तो करमैतीके साथ ही चली गयी थी। पुत्रीको ढूँढ़ते-ढूँढ़ते वे भी वृन्दावन पहुँच गये। बहुत खोज करनेपर एक दिन वे एक वृक्षपर चढ़कर देखने लगे, पुत्रीको ब्रह्मकुण्डके निकट सघन वनमें श्रीकृष्णके गुण-गानमें तल्लीन देखकर वे हर्ष और शोकके मिश्रित भावोंसे घिर गये। कन्याकी अवस्था देखकर उनकी आँखोंसे आँसू बहने लगे।

करमैतीके समीप आकर वे भी श्रीकृष्ण-प्रेममें देरतक रोते रहे। कुछ समय पश्चात् सुधि आयी तो पुत्रीसे घर लौटने-की अनुनय-विनय करने लगे; परंतु करमैती तो भक्ति-सागरमें आकण्ठ डूब चुकी थी। सांसारिक विषय अब उसके लिये काकविष्ठाके समान तुच्छ थे। वह घर लौटनेके लिये राजी न हुई। अन्ततः पिता परशुराम उसकी अनन्य-भक्तिके आगे नतमस्तक हुए और 'खंडेला' लौट आये। पत्नीसे उन्होंने भारी कण्ठसे इतना ही कहा—'तू धन्य है, आर्ये! तूने श्रीकृष्ण-भक्त पुत्रीरत्नको जन्म दिया।'

करमैतीने माता-पिताको ही नहीं, अपने राज्य और देशको भी धन्य किया। तत्कालीन सेखावत राजा भी वृन्दा-वन गये। करमैतीको भक्तिमें तल्लीन देखकर वे भी

अपने भाग्यकी सराहना करने लगे। पुरोहितजीकी भक्तिमती कन्याके लिये उन्होंने कुटिया बनवानेका प्रस्ताव किया। करमैतीने संत-स्वभावसे प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया, पर राजाके अत्यधिक आग्रह करनेपर उसने तटस्थ भावसे उनके कार्यमें बाधा नहीं डाली। जिसे भगवदनुराग हो गया हो, उसके लिये क्या कुटिया, क्या वन! भगवत्प्रेमसे बढ़कर भी क्या कोई सुख है उसके लिये। करमैती यही देव-दुर्लभ भगवत्कृपा पा चुकी थी।

सरलहृदय कण्णप्पपर कृपा-वृष्टि

परमात्मा सर्वत्र समानरूपसे व्याप्त हैं। सबके हृदयोंमें वे ही विराजते हैं, परंतु उनका दर्शन नहीं होता; क्योंकि हृदय-सिंहासनपर जीवने ममता और प्रियतावश संसारको बैठा लिया है। उसने संसारकी वस्तुओंमें सुख और संग्रह-बुद्धि कर ली और बँध गया है। जिसने सांसारिक भोगों तथा देहकी सुविधा-सामग्रीकी आसक्तिको भी त्याग दिया है, उसका हृदय निश्चय ही निर्मल हुआ है। वह चाहे पापात्मा भी क्यों न हो, प्रभुकी कृपा और अपने दृढ़ निश्चयके बलपर वह जीवनका चरम फल भगवत्साक्षात्कार प्राप्त कर सकता है। क्रूर, हिंसा-धर्म-प्रेमी, कर्मसे शून्य कण्णप्पका ऐसा ही शिक्षाप्रद आख्यान है।

कण्णप्प दक्षिणके वनप्रदेशमें रहनेवाली एक व्याध-जातिके सरदारका बलिष्ठ पुत्र था। उसके पिताका नाम 'नाग' और माताका नाम 'तत्ता' था। दोनों ही स्वभावसे क्रोधी, कामी और पशु-वृत्तिसे पूर्ण थे। पुत्रका जन्म होनेपर पिताने जब उसे गोदमें उठाया तो वह बोझिल जान पड़ा। इसलिये उसका नाम रखा गया—'तिण्ण' अर्थात् भारी। यही तिण्ण सोलह वर्षकी अवस्थामें सिंह-शावककी भाँति बलवान्, शिकार-प्रेमी और बाण-संधानमें अत्यन्त कुशल हो गया। जब वह शिकार करने निकलता तो तीक्ष्ण बाणोंसे अनेक पशु-पक्षियोंकी हत्या करके लौटता था। पिताकी वृद्धावस्था आनेपर तिण्ण अपने कबीलेका सरदार हो गया।

पहली बार वह अपने कुशल सेवकों—'नाण' और 'काण'के साथ शिकारपर निकला। अनेक पशुओंका संहार करते हुए उसने गहन वनमें जाकर एक विशालकाय सूकरको अपने तीक्ष्ण बाणसे धराशायी कर दिया। बहुत समय हो चुका था। वह भूख-प्याससे व्याकुल होने लगा। तब वनके सभी भागोंसे पूर्णतया परिचित नाणसे उसने पूछा—'नाण! यहाँ पानी कहाँ मिलेगा?'

नाणने उसे उस भयानक वन-प्रदेशकी जानकारी देते हुए बताया—'उस पहाड़ीपर चढ़ चलिये। उसीके दूसरी ओर नीचे स्वर्णा नामक नदी है और पहाड़ीपर जटाजूटधारी शिवका एक मन्दिर भी है। चाहें तो आप पूजा भी कर सकते हैं।'

तिण्ण पहली बार उस क्षेत्रमें आया था। पहाड़ीका मनोरम दृश्य उसे अत्यन्त रमणीक जान पड़ा। नाणके साथ वह पहाड़ीपर चढ़ने लगा। ज्यों-ज्यों वह चढ़ाई चढ़ता जाता था, त्यों-त्यों उसे अधिक आनन्द आ रहा था, मानो सिरसे कोई बोझ उतर रहा हो। ऊपर पहुँचकर उसने जैसे ही देव-प्रतिमाका दर्शन किया, एक अनिर्वचनीय आनन्दसे वह पुलकित हो उठा। उसने प्रतिमाको बाहुपाशमें जकड़ लिया और प्रेमाश्रु गिराते हुए बोला—'जंगली जानवरोंके बीच आप अकेले कैसे रहते हैं? आपको डर नहीं लगता, मेरे प्यारे परमात्मा?' प्रेमाधिक्यके कारण वह रोमाञ्चित हो उठा। उसका धनुष खिसककर नीचे गिर पड़ा। उसे उठानेके लिये जब वह नीचे झुकने लगा तो उसने देखा मूर्तिके शीशपर हरे पत्ते, जंगली फूल और शीतल जल चढ़ा हुआ था। दुःखित हो वह नाणसे पूछने लगा—'कौन नराधम मेरे देवताको ये वस्तुएँ चढ़ाता है?' नाणने बताया—'आपके पिताजीके साथ मैं कई बार पहले इधर आया हूँ। एक ब्राह्मणने हमारे सामने इसपर पानी चढ़ाकर जंगली फूल रखे थे। सम्भवतः आज भी यह निन्दनीय कर्म उसीने किया होगा।'

तिण्णने पूजाकी विधि तो कहीं सीखी, सुनी, देखी नहीं थी; परंतु फिर भी उसके मनमें उस देव-प्रतिमाकी पूजा करनेका विचार उठा। बस, उसने संकल्प किया—'मैं अपने भूखे भगवान्‌को फलका गूदा पकाकर भोजन कराऊँगा।' तिण्ण मन्दिरसे बाहर आने लगा; पर तुरंत ही किसी अज्ञात शक्तिसे बँधा हुआ-सा वह फिर प्रतिमाके निकट लौट आया। बार-बार ऐसा ही हुआ। वह फलका गूदा ले आनेकी दृष्टिसे बाहर आता, फिर उलटे पैरों वापस लौट जाता। प्रतिमामें ऐसा विलक्षण आकर्षण था कि तिण्ण उससे बँध-सा गया। अन्तमें

अपने प्रिय परमात्माकी भूखकी कल्पनासे व्याकुल हो वह फलका गूदा पकानेके लिये पहाड़ीसे नीचे उतर आया। नीचे आनेपर उसके अन्य सेवकोंको नाणसे जब यह ज्ञात हुआ कि उनका स्वामी देव-प्रतिमाका आलिङ्गन कर प्रेमसे रोया है और अब वह उसके लिये फलका गूदा पकाकर ले जानेके लिये आया है तो वे सभी उसके पागलपनपर नाक-भौं सिकोड़ने लगे। तिण्णने उनके प्रलापकी ओर कोई ध्यान न दिया। फलका गूदा पकाया, उसे चखा और उसके स्वादसे संतुष्ट होकर उसने उसे शालके पत्तेमें सावधानीसे लपेट लिया। भगवान्‌को भोजन करानेकी भावनासे वह फिर पहाड़ीपर चढ़ चला। न उसने अपनी भूख-प्यासकी चिन्ता की और न नौकरोंकी ही, फलस्वरूप नौकर उसे छोड़कर चले गये। संसार जब हृदयसे निकाल दिया जाता है, तब मनुष्य संसारमें रहता हुआ भी उससे निर्लिप्त ही रहता है।

तिण्णने देव-प्रतिमाके अभिषेकके लिये पहाड़ीके नीचे बहते एक झरनेका स्वच्छ पानी मुखमें भर लिया, अपनी केशराशिमें कुछ पुष्प खोंस लिये और एक हाथमें धनुष एवं एक हाथमें फलके गूदेका पत्ता लेकर वह मन्दिरकी ओर चढ़ता चला जा रहा था। दोपहरकी कड़ी धूपमें अपनी भूख-प्यास भूलकर पहाड़ीपर चढ़नेमें उसे तनिक भी क्लेश प्रतीत नहीं हो रहा था। अध्यात्म-पथपर चलनेवालोंको भला शारीरिक क्लेश क्या रहता! मन्दिरमें पहुँचकर तिण्णने पैरोंसे ही प्रतिमापर पड़े फूल-पत्ते हटा दिये; क्योंकि उसके हाथ खाली न थे। मुखसे जल छिड़ककर उसने प्रतिमाको नहलाया और फलके गूदेका पत्ता आगे रख दिया। स्नेहसे उसने अपनी कवाली बोलीमें प्यारे प्रभुसे भोजन करनेकी प्रार्थना की। तबतक रात्रिका संनाटा और अन्धकार छा गया। तिण्णने हिंस्र पशुओंसे आक्रान्त उस प्रदेशमें अपने भगवान्‌की रक्षाके लिये धनुष-बाण साधा और वहीं वीरासन लगाकर बैठ गया, रात बीत गयी, पर उसे देव-प्रतिमा (परमात्मा)-को संतुष्ट करनेके अतिरिक्त और किसी कामका ध्यान नहीं था। वह प्रातःकालकी पहली किरणोंके साथ अपने 'देवता'के लिये ताजा आहार लेने निकल पड़ा।

उधर पुजारी मन्दिरमें आया। यत्र-तत्र फलका गूदा बिखरा देखकर वह बड़ा खिन्न हुआ। उसने पूरे विधि-विधानसे मन्दिरकी शुद्धि की और प्रभुसे दीन-भावसे क्षमा माँगने लगा।

यही क्रम पूरे पाँच दिनतक चला। तिण्ण शहदके छत्ते तोड़कर फलके गूदेमें शहद मिलाता। अपनी दृष्टिमें अत्यन्त सुस्वादु गूदा बनाकर भगवान्‌की भूख मिटाना ही उसका लक्ष्य था। इस लक्ष्यकी पूर्तिमें उसे अपनी भूख, प्यास, नींद—किसीका ध्यान न था। उसका अब यही कार्य हो गया था। निष्कपट सेवासे उसका अन्तःकरण निर्मल हो गया, उसमें भगवत्प्रेमकी ज्योति उद्दीप्त हो उठी।

इधर पुजारी नित्यकी इस दुर्घटनासे भयभीत हुआ प्रभुसे प्रार्थना करने लगा—'हे भगवन्! इस कुकृत्यको रोकिये।' तबतक एक रात स्वप्नमें उसे भगवान् शिवने दर्शन दिया और कहा—'पुजारी! एक शिकारी मेरी इस प्रकार पूजा करता है। वह मेरा अत्यन्त प्रेमी भक्त है। वह अशिक्षित जब अपने हाथोंसे मुझपर फूल चढ़ाता है तो मैं नन्दनवनको भी भूल जाता हूँ। उसके अट-पटे प्रेमलपेटे बैन मुझे देवर्षि नारदकी मधुर वीणाके स्वरोंपर की जानेवाली स्तुतिसे भी मधुर लगते हैं। यदि उसकी सच्ची भक्ति देखना चाहते हो तो कल आकर मेरी प्रतिमाके पीछे छिपकर खड़े हो जाना। उसके हृदयमें अब मेरे अतिरिक्त दूसरा कुछ भी नहीं है।'

पुजारीने प्रभुकी आज्ञा स्वीकार की। प्रातःकाल हुआ। नित्यकी भाँति इस दिन भी तिण्ण मन्दिरमें आया। पर आज वह कुछ देरीसे आया था। वह चिन्तित था; क्योंकि अपनी जातिमें प्रचलित अंधविश्वासोंके आधारपर आज उसे कहीं रक्त गिरनेकी आशङ्का थी। जैसे ही वह प्रतिमाके सम्मुख आया, उसने देखा प्रतिमाकी दाहिनी आँखसे रक्तकी धारा बह रही है। वह दौड़ता हुआ गया, जंगलसे अनेक जड़ी-बूटियाँ लाया, पर उपचारमें सफल न हुआ। तब उसने अपने बाल नोंचकर घावमें भरे, पर रक्त न रुका; पत्ते लगाये, रक्त बहता रहा; कपड़ा फाड़कर ठूँस दिया, पर रक्त नहीं थमा। अन्तमें उसे एक उपाय सूझा, उसने सोचा, 'मांसका घाव मांससे ही भरता है'—यह विचार आते ही उसने अपने बाणसे अपनी एक आँख निकाली और भगवान्‌की आँखमें घुसेड़ दी। रक्तधारा रुक गयी। वह हर्षसे मस्त हो उठा। फलके गूदेका पत्ता प्रतिमाके आगे सरकाया। पर यह क्या? तभी देव-प्रतिमाकी दूसरी आँखसे भी रक्त-प्रवाह होने लगा। अब तिण्णने विचार करनेमें देर नहीं की। उसने सोचा—'दूसरी आँख निकालते ही

मुझे दिखायी नहीं देगा।' इसलिये प्रतिमाके पीड़ित नेत्रपर उसने पैर रख लिया, जिससे अपनी दूसरी आँख यथास्थान लगा सके। बस, जैसे ही उसने बाणकी नोंकसे अपनी दूसरी आँखको गोलकसे निकालनेका कार्य आरम्भ किया, देवता फूल बरसाने लगे और जटाजूटधारी भगवान् शिवने प्रकट होकर उसका हाथ पकड़ लिया—'ठहर, मेरे प्यारे कण्णप्प! ठहर, तू मेरा अभिन्न भक्त है। त्याग और प्रेमकी मूर्ति कण्णप्प! तू अब सदा मेरे पास ही रहना।' प्रभुने उसे हृदयसे लगा लिया। उनके हृदयमें बसकर तिण्ण अब 'कण्णप्प' हो गया था। प्रभु-कृपासे उसकी दुष्प्रवृत्ति और दुराचार मिटकर सद्भाव और सदाचारमें परिणत हो गये। पुजारीने अब समझा कि भगवान् भावशून्य आडम्बरयुक्त भक्तिके वशमें नहीं हैं, वे तो आडम्बरहीन, छल-कपटरहित सच्ची भक्तिके वशमें ही होते हैं।

घाटमपर दीनवत्सलका अलौकिक अनुग्रह

कल्पवृक्ष, कामधेनु और चिन्तामणि क्रमशः कल्पित, इच्छित और चिन्तित लौकिक पदार्थ ही प्रदान करते हैं, परंतु सत्सङ्गति तो दुःखोंका नाश कर लौकिक-पारलौकिक—समस्त शुभ फलोंकी प्राप्ति कराती है। सत्सङ्गतिसे तृष्णाका नाश हो जाता है, उन्माद शान्त होकर ज्ञान और नीतिका उदय होता है एवं विपत्ति टलकर सम्पत्तिकी प्राप्ति होती है। निकृष्ट धूल भी श्रेष्ठ पवनके सङ्गसे (ऊँचाईपर) आकाशमें पहुँच जाती है। सचमुच, सत्सङ्गकी महिमा अपार है।

घाटम जातिसे मीना और कर्मसे चोर होते हुए भी भगवान्‌की भक्तिका अधिकारी हो गया, यह सत्सङ्गका ही प्रभाव था। एक बार वह चोरी करने निकला तो मार्गमें उसे एक संत मिल गये। पूर्वजन्मका कोई पुण्य ही उदय हुआ था कि घाटमको उनकी बात सुनकर अपने कर्मसे ग्लानि हुई और उसका विवेक किंचित् जगा।

घाटम जयपुर राज्यके घोड़ी (खोड़ी) ग्रामका रहनेवाला था। वह चोरी करनेमें दक्ष, निर्भय और निःशङ्क था। भगवद्भक्त भी दक्ष, निर्भय और निःशङ्क होता है, परंतु उसकी ये वृत्तियाँ पारमार्थिक होती हैं। अस्तु, संत चोरी छोड़नेके लिये नहीं कह रहे थे, अब घाटमको उनकी बात माननेमें कोई आपत्ति न थी। वह बोला—'कहो, महाराज! मैं आपकी चार बातें अवश्य मानूँगा।'

'तो सुन' कृपालु संत बोले—'एक तो सदा सत्य बोलना, दूसरे साधु-सेवामें प्रमाद न करना, तीसरे जो कुछ खाना, उसे पहले भगवान्‌को अर्पण कर देना और चौथे भगवान्‌की आरतीमें नित्य सम्मिलित होना।' घाटम राजी हो गया। इन चारों बातोंमें उसे कोई कठिनाई न थी।

संत जिसे कृपादृष्टिसे देख लेते हैं, उसके समस्त दुष्कर्म शनैः-शनैः छूट जाते हैं। चौर्य-कर्मके साथ-साथ घाटम उन महात्माके चारों उपदेशोंका दृढ़तासे पालन करने लगा। उसे पता न था कि उसका हृदय पवित्र हो चला है। घाटम भगवत्कृपासे सर्वथा अनभिज्ञ था!

जिन गुरुने घाटमको उपदेश किया था, उन्हें भी इस बातसे प्रसन्नता थी कि घाटम चाहे कुछ भी करे, उनकी चार बातोंका नियमपूर्वक निर्वाह कर रहा है। एक बार उन्होंने भी उसे अपने यहाँ भगवत-उत्सवमें आमन्त्रित किया। गुरुके यहाँ बिना भेट-र[illegible] घाटमने उचित न समझा। [illegible] सुन्दर वे[illegible] वह राजप्रासादमें गया [illegible] चराकर चल पड़ा।

तभी आरतीका समय हुआ। घण्टे-घड़ियालोंका आनन्ददायी स्वर कानोंमें पड़ा। घाटमने घोड़ा वृक्षसे बाँध दिया। गुरु-आज्ञानुसार वह आरतीमें सम्मिलित हो गया।

उधर घोड़ेकी खोज हो रही थी। राजाके सिपाही घोड़ेके पदचिह्न देखते हुए उस मन्दिरतक पहुँच गये। पर घोड़ा देखते ही वे ठिठककर रह गये। घोड़ेके सभी लक्षण वही थे, अलंकार भी वही थे, परंतु रंग श्यामके स्थानपर स्फटिकवत् श्वेत था। राजाके सेवक भयसे काँप उठे—'घोड़ा न मिलनेसे राजा उनके प्राण ले लेगा।'

आरतीके पश्चात् प्रभुका प्रसाद ग्रहण कर घाटम मन्दिरसे बाहर आया। अश्वके समीप राजसेवकोंको देखकर वह सीधा उनके पास ही पहुँच गया। हड़बड़ीमें उसने घोड़ेकी ओर ध्यानपूर्वक देखा भी नहीं। राजाके सिपाहियोंसे बोला—'देखो, मैंने तो आपसे सत्य ही कहा था कि मैं घाटम चोर हूँ और घोड़ा चुराकर ले जा रहा हूँ।'

राजसेवक उसे देखकर चकित थे। वेश वही, वाणी वही, संवाद वही, किंतु अश्व! अश्व कैसे बदल गया? तब उनमेंसे एक वरिष्ठ सेवकने कहा—'भाई घाटम! तू तो काला घोड़ा लाया था?'

अब घाटमने अश्वकी ओर ध्यानसे देखा। प्रभुकी भक्ति जो दीर्घ कालसे उसके हृदयमें पूरी गोपनीयताके साथ सुदृढ़ और पुष्ट हो रही थी, सहसा प्रकट हो गयी। वह भावुक हो अश्रु गिराते हुए बोला—'राजसेवको! मेरी रक्षाके लिये स्वयं भगवान् श्यामसुन्दरने ही इस अश्वको श्यामसे श्वेत कर दिया है। आप यह अश्व ले जाकर राजाको दे दें।' वह पुनः मन्दिरमें जाकर भगवान्के चरणोंमें गिरकर अधीर हो रोने लगा।

राजसेवकोंने जब महलमें जाकर यह सारी घटना राजाको सुनायी, तब चकित हो वे घाटमके पास दौड़े आये। गुरु-उत्सवके लिये उन्होंने घाटमको बहुत-सा धन दिया तथा उसके चरण छूकर अपनेको कृतार्थ माना। राजाने वह अश्व भी उसे ही भेंट कर दिया।

गुरु-कृपासे घाटमके अन्तश्चक्षु खुल चुके थे। उन्होंने समस्त पदार्थ गुरु-चरणोंमें अर्पित कर दिये और वे स्वयं पूर्णतया भगवान्के श्रीचरणोंमें समर्पित हो गये।

वीर भुवनसिंह चौहानपर भगवत्कृपा

भगवान् अहंकार तो किसीका भी नहीं टिकने देते, फिर अपने भक्तमें वे अभिमान कैसे देख सकते हैं! अकारण कृपा कर अपनी अहैतुकी कृपाद्वारा वे उसका अभिमान विगलित कर देते हैं। फिर वह चाहे रूपका हो या विद्याका, चाहे धन, ऐश्वर्य, सम्पत्ति, बल अथवा अन्य किसी वस्तुका।

उदयपुरके महाराणाके एक दरबारी भुवनसिंह चौहान बड़े शूरवीर, साहसी और युद्ध-कलामें निष्णात थे। इसके साथ ही श्रीनाथजीके चरणोंमें भी उनका परम अनुराग था। ब्राह्ममुहूर्तमें उठकर वे भगवद्भजन करने बैठ जाते और ग्यारह बजेतक सेवा-पूजा आदि नित्यकर्मोंसे निवृत्त होकर ही दरबारमें उपस्थित होते। रात्रिमें फिर भगवदाराधनमें घंटों तल्लीन रहते। उनकी उदारता, सत्यनिष्ठा, सेवा-परायणता और विनम्रतासे महाराणा भी अत्यधिक संतुष्ट रहते। जिसपर समग्र भूमण्डलके महाराणाकी प्रसन्नता हो, उसपर संसारी महाराजाओंकी प्रसन्नता क्यों न हो।

एक बार महाराणा शिकारके लिये गये। यद्यपि मृगया राजाओंका अवश्य पालनीय धर्म नहीं है, तथापि अधिकांश राजाओंको इसका व्यसन रहा है। महाराणाके साथ सभी प्रमुख सामन्त थे। कई पशुओंका शिकार किया गया; पर भुवनसिंह-द्वारा किसी जीवने प्राणोंसे हाथ नहीं धोया। अकस्मात् उन भगवद्भक्तसे भी परिस्थितिवश भयंकर भूल हो गयी। महाराणाको एक सुन्दर हिरणी दिखायी दी और उन्होंने उसके पीछे अपना घोड़ा लगा दिया; पर उस पर्वतीय प्रदेशमें हिरणी कहीं छिप गयी। महाराणा क्लान्त थे। उन्होंने अपने विश्वसनीय शूर भुवनसिंह चौहानको संकेत किया। अपने स्वामीका संकेत पाकर अपनी शूरवीरताका गर्व रखनेवाले भुवनसिंह उस हिरणीको खोजने लगे। वे उसे ढूँढ़नेमें सफल ही नहीं हुए, प्रत्युत उन्होंने अपनी बिजली-सी चमकती खड्गसे एक वृक्षके पीछे छिपी हुई उस निरीह हिरणीके पलक झपकते दो टुकड़े भी कर डाले। उसके नेत्रोंकी करुणासे भुवनसिंह चौहानका हृदय बिंध गया। उनके नेत्रोंके सामने वह मूक पशु अपने उदरस्थ शावकसहित तड़पकर शान्त हो गया।

भुवनसिंहका हृदय उन्हें धिक्कार उठा—'अरे अभिमानी योद्धा! तूने एक गर्भवती हिरणीका वध कर कौन-सी शूर-वीरता दिखायी! क्या तेरी यही भगवद्भक्ति है? जीवघाती चौहान! तुझे धिक्कार है!!'

मुझे दिखायी नहीं देगा।' इसलिये प्रतिमाके पीड़ित नेत्रपर उसने पैर रख लिया, जिससे अपनी दूसरी आँख यथास्थान लगा सके। बस, जैसे ही उसने बाणकी नोंकसे अपनी दूसरी आँखको गोलकसे निकालनेका कार्य आरम्भ किया, देवता फूल बरसाने लगे और जटाजूटधारी भगवान् शिवने प्रकट होकर उसका हाथ पकड़ लिया—'ठहर, मेरे प्यारे कण्णप्प[1]! ठहर, तू मेरा अभिन्न भक्त है। त्याग और प्रेमकी मूर्ति कण्णप्प! तू अब सदा मेरे पास ही रहना।' प्रभुने उसे हृदयसे लगा लिया। उनके हृदयमें बसकर तिण्ण अब 'कण्णप्प' हो गया था। प्रभु-कृपासे उसकी दुष्प्रवृत्ति और दुराचार मिटकर सद्भाव और सदाचारमें परिणत हो गये। पुजारीने अब समझा कि भगवान् भावशून्य आडम्बरयुक्त भक्तिके वशमें नहीं हैं, वे तो आडम्बरहीन, छल-कपटरहित सच्ची भक्तिके वशमें ही होते हैं।

घाटमपर दीनवत्सलका अलौकिक अनुग्रह

कल्पवृक्ष, कामधेनु और चिन्तामणि क्रमशः कल्पित, इच्छित और चिन्तित लौकिक पदार्थ ही प्रदान करते हैं, परंतु सत्सङ्गति तो दुःखोंका नाश कर लौकिक-पारलौकिक—समस्त शुभ फलोंकी प्राप्ति कराती है। सत्सङ्गतिसे तृष्णाका नाश हो जाता है, उन्माद शान्त होकर ज्ञान और नीतिका उदय होता है एवं विपत्ति टलकर सम्पत्तिकी प्राप्ति होती है। निकृष्ट धूल भी श्रेष्ठ पवनके सङ्गसे (ऊँचाईपर) आकाशमें पहुँच जाती है। सचमुच, सत्सङ्गकी महिमा अपार है।

घाटम जातिसे मीना और कर्मसे चोर होते हुए भी भगवान्‌की भक्तिका अधिकारी हो गया, यह सत्सङ्गका ही प्रभाव था। एक बार वह चोरी करने निकला तो मार्गमें उसे एक संत मिल गये। पूर्वजन्मका कोई पुण्य ही उदय हुआ था कि घाटमको उनकी बात सुनकर अपने कर्मसे ग्लानि हुई और उसका विवेक किंचित् जगा।

घाटम जयपुर राज्यके घोड़ी (खोड़ी) ग्रामका रहनेवाला था। वह चोरी करनेमें दक्ष, निर्भय और निःशङ्क था। भगवद्भक्त भी दक्ष, निर्भय और निःशङ्क होता है, परंतु उसकी ये वृत्तियाँ पारमार्थिक होती हैं। अस्तु,

संत-कृपा ईश्वर-कृपासे भिन्न नहीं होती। संतने अपने अनुभवी नेत्रोंसे अन्तःकरणतक झाँककर घाटमको देखा—परख लिया। सरलस्वभाव घाटमने निवेदन किया—'महाराज! चोरी तो मेरी जीविका है, इसे छोड़ दूँगा तो भूखों मरना पड़ेगा। यह स्वभाव अब बदल नहीं सकता। खोटा कर्म है तो मैं क्या करूँ?' महात्माने युक्तिसे घाटमको समझाया—'देख, चोरी नहीं छूटती तो न छोड़, परंतु मेरे कहनेसे चार बातें अपना ले।'

संत चोरी छोड़नेके लिये नहीं कह रहे थे, अब घाटमको उनकी बात माननेमें कोई आपत्ति न थी। वह बोला—'कहो, महाराज! मैं आपकी चार बातें अवश्य मानूँगा।'

'तो सुन' कृपालु संत बोले—'एक तो सदा सत्य बोलना, दूसरे साधु-सेवामें प्रमाद न करना, तीसरे जो कुछ खाना, उसे पहले भगवान्‌को अर्पण कर देना और चौथे भगवान्‌की आरतीमें नित्य सम्मिलित होना।' घाटम राजी हो गया। इन चारों बातोंमें उसे कोई कठिनाई न थी।

संत जिसे कृपादृष्टिसे देख लेते हैं, उसके समस्त दुष्कर्म शनैः-शनैः छूट जाते हैं। चौर्य-कर्मके साथ-साथ घाटम उन महात्माके चारों उपदेशोंका दृढ़तासे पालन करने लगा। उसे पता न था कि उसका हृदय पवित्र हो चला है। घाटम भगवत्कृपासे सर्वथा अनभिज्ञ था!

जिन गुरुने घाटमको उपदेश किया था, उन्हें भी इस बातसे प्रसन्नता थी कि घाटम चाहे कुछ भी करे, उनकी चार बातोंका नियमपूर्वक निर्वाह कर रहा है। एक बार उन्होंने भी उसे अपने यहाँ भगवत्-उत्सवमें आमन्त्रित किया। गुरुके यहाँ बिना भेंट-सामग्रीके जाना घाटमने उचित न समझा। अतः सुन्दर वेश धारण कर वह राजप्रासादमें गया और एक श्याम रंगका मुश्की घोड़ा चुराकर चल पड़ा। सिंहद्वारपर उसे प्रहरियोंने रोका तो उसने सत्य बोल दिया कि 'मैं घाटम चोर हूँ और घोड़ा चुराकर ले जा रहा हूँ।' प्रहरियोंने समझा कि कोई हमारा ही साथी है, हँसी-ठट्ठा कर रहा है। कहीं चोर भी अपनेको चोर कहता है और वह भी राजमहलके प्रहरियोंके समक्ष।

घाटम निर्द्वन्द्व-भावसे गुरुके आश्रमकी ओर चल पड़ा। संध्या-समय वह एक मन्दिरके निकटसे जा रहा था।

---

१. कण्णप्प (कण्ण—आँख; अप्प—वत्स।)

तभी आरतीका समय हुआ। घण्टे-घड़ियालोंका आनन्ददायी स्वर कानोंमें पड़ा। घाटमने घोड़ा वृक्षसे बाँध दिया। गुरु-आज्ञानुसार वह आरतीमें सम्मिलित हो गया।

उधर घोड़ेकी खोज हो रही थी। राजाके सिपाही घोड़ेके पदचिह्न देखते हुए उस मन्दिरतक पहुँच गये। पर घोड़ा देखते ही वे ठिठककर रह गये। घोड़ेके सभी लक्षण वही थे, अलंकार भी वही थे, परंतु रंग श्यामके स्थानपर स्फटिकवत् श्वेत था। राजाके सेवक भयसे काँप उठे—'घोड़ा न मिलनेसे राजा उनके प्राण ले लेगा।'

आरतीके पश्चात् प्रभुका प्रसाद ग्रहण कर घाटम मन्दिरसे बाहर आया। अश्वके समीप राजसेवकोंको देखकर वह सीधा उनके पास ही पहुँच गया। हड़बड़ीमें उसने घोड़ेकी ओर ध्यानपूर्वक देखा भी नहीं। राजाके सिपाहियोंसे बोला—'देखो, मैंने तो आपसे सत्य ही कहा था कि मैं घाटम चोर हूँ और घोड़ा चुराकर ले जा रहा हूँ।'

राजसेवक उसे देखकर चकित थे। वेश वही, वाणी वही, संवाद वही, किंतु अश्व! अश्व कैसे बदल गया? तब उनमेंसे एक वरिष्ठ सेवकने कहा—'भाई घाटम! तू तो काला घोड़ा लाया था?'

अब घाटमने अश्वकी ओर ध्यानसे देखा। प्रभुकी भक्ति जो दीर्घ कालसे उसके हृदयमें पूरी गोपनीयताके साथ सुदृढ़ और पुष्ट हो रही थी, सहसा प्रकट हो गयी। वह भावुक हो अश्रु गिराते हुए बोला—'राजसेवको! मेरी रक्षाके लिये स्वयं भगवान् श्यामसुन्दरने ही इस अश्वको श्यामसे श्वेत कर दिया है। आप यह अश्व ले जाकर राजाको दे दें।' वह पुनः मन्दिरमें जाकर भगवान्‌के चरणोंमें गिरकर अधीर हो रोने लगा।

राजसेवकोंने जब महलमें जाकर यह सारी घटना राजाको सुनायी, तब चकित हो वे घाटमके पास दौड़े आये। गुरु-उत्सवके लिये उन्होंने घाटमको बहुत-सा धन दिया तथा उसके चरण छूकर अपनेको कृतार्थ माना। राजाने वह अश्व भी उसे ही भेंट कर दिया।

गुरु-कृपासे घाटमके अन्तश्चक्षु खुल चुके थे। उन्होंने समस्त पदार्थ गुरु-चरणोंमें अर्पित कर दिये और वे स्वयं पूर्णतया भगवान्‌के श्रीचरणोंमें समर्पित हो गये।

वीर भुवनसिंह चौहानपर भगवत्कृपा

भगवान् अहंकार तो किसीका भी नहीं टिकने देते, फिर अपने भक्तमें वे अभिमान कैसे देख सकते हैं! अकारण कृपा कर अपनी अहैतुकी कृपाद्वारा वे उसका अभिमान विगलित कर देते हैं। फिर वह चाहे रूपका हो या विद्याका, चाहे धन, ऐश्वर्य, सम्पत्ति, बल अथवा अन्य किसी वस्तुका।

उदयपुरके महाराणाके एक दरबारी भुवनसिंह चौहान बड़े शूरवीर, साहसी और युद्ध-कलामें निष्णात थे। इसके साथ ही श्रीनाथजीके चरणोंमें भी उनका परम अनुराग था। ब्राह्ममुहूर्तमें उठकर वे भगवद्भजन करने बैठ जाते और ग्यारह बजेतक सेवा-पूजा आदि नित्यकर्मोंसे निवृत्त होकर ही दरबारमें उपस्थित होते। रात्रिमें फिर भगवदाराधनमें घंटों तल्लीन रहते। उनकी उदारता, सत्यनिष्ठा, सेवा-परायणता और विनम्रतासे महाराणा भी अत्यधिक संतुष्ट रहते। जिसपर समग्र भूमण्डलके महाराणाकी प्रसन्नता हो, उसपर संसारी महाराजाओंकी प्रसन्नता क्यों न हो।

एक बार महाराणा शिकारके लिये गये। यद्यपि मृगया राजाओंका अवश्य पालनीय धर्म नहीं है, तथापि अधिकांश राजाओंको इसका व्यसन रहा है। महाराणाके साथ सभी प्रमुख सामन्त थे। कई पशुओंका शिकार किया गया; पर भुवनसिंह-द्वारा किसी जीवने प्राणोंसे हाथ नहीं धोया। अकस्मात् उन भगवद्भक्तसे भी परिस्थितिवश भयंकर भूल हो गयी। महाराणाको एक सुन्दर हिरणी दिखायी दी और उन्होंने उसके पीछे अपना घोड़ा लगा दिया; पर उस पर्वतीय प्रदेशमें हिरणी कहीं छिप गयी। महाराणा क्लान्त थे। उन्होंने अपने विश्वसनीय शूर भुवनसिंह चौहानको संकेत किया। अपने स्वामीका संकेत पाकर अपनी शूरवीरताका गर्व रखनेवाले भुवनसिंह उस हिरणीको खोजने लगे। वे उसे ढूँढ़नेमें सफल ही नहीं हुए, प्रत्युत उन्होंने अपनी बिजली-सी चमकती खड्गसे एक वृक्षके पीछे छिपी हुई उस निरीह हिरणीके पलक झपकते दो टुकड़े भी कर डाले। उसके नेत्रोंकी करुणासे भुवनसिंह चौहानका हृदय बिंध गया। उनके नेत्रोंके सामने वह मूक पशु अपने उदरस्थ शावकसहित तड़पकर शान्त हो गया।

भुवनसिंहका हृदय उन्हें धिक्कार उठा—'अरे अभिमानी योद्धा! तूने एक गर्भवती हिरणीका वध कर कौन-सी शूर-वीरता दिखायी! क्या तेरी यही भगवद्भक्ति है? जीवघाती चौहान! तुझे धिक्कार है!!'

आत्मग्लानिसे दग्ध होते हुए भुवनसिंह चौहान घर लौट आये। उन्होंने आठ-आठ आँसू रोकर भगवान्से अपने अपराधके लिये क्षमा माँगी। उसी समय उन्होंने तलवारका त्याग कर दिया और काष्ठ (दार)की तलवार म्यानमें डाल ली।

महाराणाको भुवनसिंहके हृदयकी बातका क्या पता ? वे तो उनका और भी अधिक सम्मान करने लगे। शूरवीरताके लिये उन्हें पुरस्कृत किया गया; पर भक्त तो शूरवीरताका अभिमान छोड़ चुका था। एक ईर्ष्यालु सामन्तने उनके काठकी तलवार ग्रहण करनेके भेदका पता लगाकर महाराणासे चुगली की। दरबारका एक मुकुटमणि सरदार दारकी तलवार रखे, यह असम्भव था। राजाको विश्वास नहीं हुआ; परंतु बार-बार राणाके कानोंमें जब यही बात दुहरायी गयी तो वे भ्रमित हो गये। अन्तमें उन्होंने एक युक्ति निकाली, जिससे भुवनसिंहजीकी तलवार भी देख ली जाय और वे अपमानित भी न हों।

राणाने एक वन-भोजका आयोजन किया और उसमें सभी दरबारियोंको आमन्त्रित किया। नाना प्रकारके मनोरञ्जक कार्यक्रमोंके बीच महाराणा सहसा बोले—'अच्छा सभी सामन्त अपनी-अपनी तलवारें दिखायें। देखें, किसकी तलवारमें अधिक चमक है ?' बारी-बारी सभी अपनी-अपनी तलवारें म्यानोंसे निकालते और रख देते। भुवनसिंह चौहान बड़े धर्म-संकटमें पड़े। सभीके नेत्र उन्हींकी ओर लगे थे। उन्होंने कहना चाहा—'मेरी तलवार तो दार (काठ)-की है', पर भगवत्कृपासे उनसे कहते यह बन पड़ा कि 'मेरी तलवार सार (असली लौह धातु)की है' और जैसे ही विकम्पित हाथसे उन्होंने तलवार म्यानसे निकाली तो उनके सहित सबके नेत्र आश्चर्यसे फटे-से रह गये। वह तलवार सचमुच सारकी थी और वही सबसे अधिक चमक रही थी। लगता था, जैसे बिजली कौंध गयी हो। भगवान्ने अपने भक्तकी लाज रखी, उसके वचनको सत्य किया। अब राणासे नहीं रहा गया। वे रोषसे आग-बबूला हो गये और भरी सभामें उन्होंने भुवनसिंहजीको सारी घटना सुनानेके बाद उस चुगलखोर सामन्तका सिर उड़ा देनेकी घोषणा की।

भुवनसिंहने इस सारे घटनाचक्रमें श्रीनाथजीकी अहैतुकी कृपाका दर्शन किया और अपराधी सामन्तके लिये प्राणदानकी याचना करते हुए आर्द्रवाणीसे कहा—'राणाजी ! वास्तवमें गर्भवती हिरणीका प्राण लेनेके पश्चात् मैंने दारकी तलवार ही धारण कर ली थी। यह तो भगवत्कृपा है कि आपको यह सारकी दृष्टिगोचर हुई।' उन्होंने फिर म्यानसे तलवार निकाली तो वह इस बार दारकी ही थी। सब लोग और भी चकित हुए। राणा उनकी भगवद्भक्ति और अहिंसा-भावनासे बहुत प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा—'सरदार भुवनसिंह ! अब आपको दरबारमें आनेकी आवश्यकता नहीं। मैं नहीं चाहता कि आपकी भगवदाराधनामें विघ्न पड़े। आवश्यकता होनेपर मैं ही आपके पास आऊँगा। आप तो भगवान् त्रिलोकीनाथके ही दरबारी होने योग्य हैं। आजसे आपकी जागीर दो लाखके स्थानपर चार लाख रुपये वार्षिक की जाती है। आप धन्य हैं।'

विनयावनत भुवनसिंहजीने निवेदन किया—'राणाजी ! मुझे जागीर नहीं चाहिये। आपसे यही प्रार्थना है कि आप भी शिकारका व्यसन छोड़कर सभी भूत-प्राणियोंके प्रति दयाका भाव अपनायें।' प्राणिमात्रके प्रति निर्वैर होना ही तो भक्तका लक्षण है—'**निर्वैरः सर्वभूतेषु**' (गीता ११।५५)। राणाने उनकी सम्मति स्वीकार कर ली। जिसे अनन्त ब्रह्माण्डोंके अधिपतिकी कृपा प्राप्त हो गयी हो, उसे सांसारिक सम्पत्ति—जागीरसे क्या काम ! भुवनसिंहजीकी भक्ति-भावना दिनोंदिन पुष्ट होती गयी। वे शेष जीवनमें भगवदाराधन करते हुए अन्तमें दिव्य भगवद्धामको प्राप्त हुए।

भगवदनुग्रहसे जोग परमानन्दकी बन्धन-मुक्ति

भगवान् केवल भक्तिका ही नाता मानते हैं। भक्तकी जाति-पाँति, कुल, धर्म, बड़ाई, धन, बल, कुटुम्ब, गुण और चतुराईकी ओर तो वे आँख उठाकर भी नहीं देखते। भक्तकी दृढ़ता देखकर ही वे करुणानिधि

जोग परमानन्दके हो गये थे। वे 'बारसी'के रहनेवाले एवं जातिके तेली थे। उनकी भगवद्भक्तिका इसीसे थोड़ा परिचय मिल जाता है कि वे 'बारसी'के मुख्य देव-मन्दिरतक दण्डवत् करते हुए दर्शनार्थ जाते थे। श्रीमद्भगवद्गीताके प्रत्येक श्लोक-पर एक-एक दण्डवत् करते जोग परमानन्द भगवान् श्रीकृष्ण-की पावन स्मृतिमें लीन हुए शनैः-शनैः मन्दिरकी ओर बढ़ते जाते थे। सात सौ श्लोक समाप्त होते-होते वे श्रीविग्रहके सम्मुख पहुँच जाते। उस समय उनके मुखपर अद्भुत संतोषकी झलक होती थी। नेत्रोंसे आँसुओंकी धारा बह चलती और प्रभु-प्रेममें उन्मत्त जोग परमानन्द अनिर्वचनीय आनन्दकी अनुभूतिसे आह्लादित हो जाते।

सात सौ दण्डवत्-प्रणाम करनेके इस उपक्रममें जोग परमानन्दका शरीर मार्गके कण्टकों एवं रोड़े-पत्थरोंसे क्षत-विक्षत हो जाता। प्रायः रक्त भी वह चलता, पर उनकी एकाग्रता श्रीमद्भगवद्गीताके पाठ और प्रभुके चरणारविन्दोंमें साष्टाङ्ग प्रणाम करनेमें ही बनी रहती। जोग परमानन्दकी ऐसी साध देखकर एक सज्जन उनपर मुग्ध हो गये। उन्होंने भक्तकी कुछ सेवा करनेकी इच्छा प्रकट की, पर सच्चे भक्तकी कोई सांसारिक इच्छा तो होती नहीं। उन्होंने सेवा स्वीकार नहीं की; पर वे सज्जन बड़े हठी थे; भाँति-भाँतिसे अनुनय-विनय करके उन्होंने जोग परमानन्दको एक मूल्यवान् पीत उपरना भेट कर ही दिया।

जोग परमानन्दने उस सद्‌गृहस्थकी प्रसन्नताके लिये वह बहुमूल्य दुपट्टा ओढ़कर जब दण्डवत्-प्रणामका नित्य-नियम आरम्भ किया तो बार-बार उनका ध्यान दुपट्टेकी ओर ही खिंचने लगा। उसे कीच-धूलके लेपसे बचाते और श्लोकोंका पाठ करते हुए वे आगे बढ़ते जाते थे। परिणाम यह हुआ कि आज वे देव-मन्दिर किंचित् विलम्बसे पहुँचे। उन्हें अपनेपर बड़ी ग्लानि हुई—'ओह! मैं रेशमी दुपट्टेके मोहमें फँसकर अपने प्रभुका विस्मरण कर बैठा। कैसी भूल हुई, प्रभो! क्षमा करना, दयानिधे!' ग्लानिसे भरे हुए जोग परमानन्दने उसी समय वह रेशमी वस्त्र त्यागनेका संकल्प किया। संयोगवश उस मार्गसे एक व्यक्ति जुएमें जुते दो बैलोंको हाँककर ले जा रहा था। जोग परमानन्दने उसे रोका। बोले—'भाई! देखो, मेरे पास यह मूल्यवान् उपरना है। तुम्हारे बैलोंसे इसका मूल्य कहीं अधिक है। क्या तुम यह उपरना लेकर बदलेमें मुझे बैलोंकी जोड़ी दे दोगे?' बैलोंका स्वामी इस विनिमयके लिये तैयार हो गया।

बस, जोग परमानन्दने तुरंत प्रभुकी सेवामें त्रुटिके लिये अपने शरीरको दण्डित करनेकी योजना बना ली। जुएकी रस्सीमें अपने पैर बाँध दिये और उस व्यक्तिसे प्रार्थना की कि बैलोंको तेजीसे भगाओ। वह भोला व्यक्ति कुछ न समझा। बैल बहुत तेजीसे दौड़ रहे थे और पैरोंसे बँधे हुए जोग भी बैलोंके पीछे-पीछे घिसटने लगे। मुखसे गीताके श्लोक निकल रहे थे और प्रभुको हाथ जोड़कर प्रणाम करते वे घिसटते जा रहे थे। शरीरकी क्या दुर्गति हो रही थी, इसकी उन्हें कोई परवाह न थी। शरीर लहू-लुहान हो चला। बैलोंको कोई रोकता तो वे स्तम्भित होकर और भी वेगसे भागते। ग्राम, खेत, वन और ऊबड़-खाबड़ प्रदेशको कूदते-फाँदते वे बहुत दूर निकल गये।

जोग परमानन्द बेसुध हो गये, पर मुखसे भगवन्नामका उच्चारण अब भी हो रहा था। कृपासिन्धु प्रभु अपने भक्तकी यह दशा कैसे देख सकते! उनके संकेतमात्रसे बैल रुक गये। प्रभुके वरदहस्तसे जोगका शरीर पूर्ववत् सुगठित, सुकुमार हो गया। उसका बन्धन खोलते हुए करुणाकर बोले—'ऐसा कठोर दण्ड अपने शरीरको क्यों दिया जोग? तुम जो कुछ ग्रहण करते हो, वह मैं ही तो प्राप्त करता हूँ। तुम जहाँ-कहीं भी चलते हो, वह मेरी परिक्रमा ही तो करते हो, तुम सुखपूर्वक सोते हो, वही तो मेरा साष्टाङ्ग नमन है। जोग! तुम्हारी वाणीसे जो कुछ निःसृत होता है, वह मेरी ही तो स्तुति होती है।'

जोग परमानन्द तो मानो किसी वशीकरणमन्त्रसे मोहित हो गये थे। उन्होंने प्रेमाकुल होकर अपने सामने खड़े श्यामसुन्दरको साष्टाङ्ग दण्डवत् किया। प्रभुने उन्हें बलपूर्वक उठाया और गलबहियाँ देकर प्रेमसे बातें करते हुए धीरे-धीरे चलने लगे।

'बारसी' में उस महान् भक्तकी, जिसके जन्म-जन्मके बन्धन स्वयं भक्तवत्सल भगवान्ने अपने हाथोंसे खोले थे, समाधि आज भी विद्यमान है।

भगवत्कृपासे कृतकृत्य परमेष्ठी दर्जी

गीतामें श्रीभगवान्‌के वचन हैं—

पत्रं पुष्पं फलं तोयं यो मे भक्त्या प्रयच्छति।
तदहं भक्त्युपहृतमश्नामि प्रयतात्मनः॥

(९। २६)

'जो कोई भक्त मेरे लिये प्रेमसे पत्र, पुष्प, फल, जल आदि (अर्थात् साधारण मनुष्योंको भी बिना परिश्रमके प्राप्त पदार्थ) अर्पण करता है, उस शुद्ध-बुद्धि निष्काम प्रेमी भक्तका प्रेमपूर्वक अर्पण किया हुआ वह पत्र-पुष्पादि मैं सगुणरूपसे प्रकट होकर प्रीतिसहित खाता हूँ।' इस श्लोकमें 'यः' पदके प्रयोगसे भगवान्‌ने यह स्पष्ट किया है कि बल, रूप, धन, आयु, जाति, गुण और विद्या आदिके कारण उनकी किसीमें भेद-बुद्धि नहीं है। किसी भी वर्ण, आश्रम, जातिका कोई भी मनुष्य उन्हें सर्वथा शुद्ध और प्रेमपूर्णभावसे जो कुछ अर्पित करता है, वे कृपालु उसे अवश्य ग्रहण करते हैं।

भगवान् जगन्नाथजीके निष्काम प्रेमी भक्त परमेष्ठी-के जीवनमें यही सत्य कृपा बनकर उद्घटित हुआ। लगभग साढ़े चार सौ वर्ष पूर्व दिल्ली महानगरीमें परमेष्ठी नामके एक दर्जी रहा करते थे। रंग काला, कमरमें कूबड़ और धनसे हीन; पर इतने अवगुणोंके होते हुए भी भगवान्‌की निष्काम भक्तिके महान् गुणसे अलंकृत। घरमें साध्वी पत्नी विमला, एक सदाचारी पुत्र और दो गुणवती कन्याएँ थीं। जीविकाके लिये अपनी कार्य-कुशलता—कारीगरीसे वे निर्वाहमात्रके साधन जुटा लेते थे; अधिककी तृष्णा न थी।

एक बार परमेष्ठी रथ-यात्राके उत्सवपर अपने इष्टदेवकी नगरी जगन्नाथपुरी जाकर भगवान्‌के दर्शन कर आये थे; तबसे वे प्रायः अपने प्रभुके स्मरण-भजन-कीर्तनमें निमग्न रहने लगे। यहाँतक कि सिलाईका कार्य करते-करते वे कई बार भाव-समाधिमें चले जाते। हाथ जहाँके तहाँ रुक जाते, देह अचल हो जाती, नेत्रोंसे अश्रुप्रवाह होने लगता और किसी भी सांसारिक कार्य-कलापकी सुधि न रहती। बस, उन्हें यही अनुभव होता कि उन त्रिलोकीनाथकी गरिमामयी रथ-यात्रामें वे भी भाव-विभोर हुए कीर्तन कर रहे हैं। तुमुल कीर्तन-घोषके मध्य जगन्नाथजी अपने भक्तों-पर कृपा-अमृतकी वर्षा कर रहे हैं।

परमेष्ठीजीकी सत्य-निष्ठा और कार्य-कुशलतासे तत्कालीन बादशाह भी प्रभावित था। एक बार बादशाहने बहुमूल्य उन्नावी मखमलपर सोनेके तारोंसे कसीदाकारी करवायी और उसे बहुमूल्य रत्नोंसे खचित कर इत्रोंसे सुगन्धित कराया। उसने वह अलंकार-मण्डित मखमल परमेष्ठीजीको सौंपते हुए दो तकिये बनानेका आदेश दिया। पूरी निष्ठाके साथ परमेष्ठीने तकिये बनाने आरम्भ किये; पर जैसे-जैसे वह रत्नजटित एवं सुवासित मखमल तकियेका स्वरूप लेने लगी, वैसे-ही-वैसे परमेष्ठीजी भगवान्‌के ध्यानमें निमग्न हो यह संकल्प करने लगे कि ऐसे उत्तमोत्तम तकिये तो श्रीभगवान्‌के ही अनुरूप हैं, किसी मनुष्यके लिये वे उपयुक्त नहीं हैं। संयोग ऐसा हुआ कि उन्हीं दिनों जगन्नाथपुरीमें रथ-यात्रा-उत्सव चल रहा था। इधर परमेष्ठी अपनी भाव-समाधिमें इष्टदेवका दर्शन करते हुए प्रत्यक्ष देख रहे हैं कि भगवान्‌की भव्य रथ-यात्रा हो रही है। सहस्रों नर-नारियोंके मध्य वे (परमेष्ठी) स्वयं भी भगवान्‌का कीर्तन कर रहे हैं। सहसा रथके कठोर आघातसे श्रीजगन्नाथके नीचे बिछी हुई दुग्ध-श्वेत चादर उन्हें पधराते समय फट गयी। पुजारी मन्दिरसे दूसरा वस्त्र लेने दौड़े; पर अनन्य-भक्तसे प्रभुकी तनिक-सी भी असुविधा सहन न हुई। उन्होंने एक तकिया तुरंत अपने प्रभुको अर्पित कर दिया। प्रभुने कृपा कर वह भेंट स्वीकार की। परमेष्ठीके हर्षका पार न रहा। वे सुध-बुध भूलकर नाचने लगे। इसी स्थितिमें भीड़की धक्का-मुक्कीसे वे पीछे पड़ गये और प्रभुका भव्य-दर्शन विलुप्त हो गया। एक व्यवधानके साथ समाधि टूट गयी।

सर्वतःपाणिपादं तत्सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम्।
सर्वतःश्रुतिमल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति॥

(गीता १३। १३)

वे प्रभु सर्वव्यापक हैं, सब ओर हाथ-पैरवाले, सब ओर नेत्र, मुख और सिरवाले तथा सब ओर कानवाले हैं; क्योंकि वे संसारमें सबको व्याप्त करके स्थित हैं। उन्हें कोई भी वस्तु कहींसे भी समर्पित की जाय, वे वहींसे उसे ग्रहण करनेमें समर्थ हैं।

उधर वास्तवमें श्रीजगन्नाथजीके नीचे बिछा हुआ वस्त्र फट गया था और पुजारियोंने देखा कि किसी अज्ञात भक्तने एक मूल्यवान् रत्नजटित तकिया भगवान्‌को अर्पित किया है।

नियत समयपर बादशाहके सिपाही जब परमेष्ठीको बुलाने आये, तब वे एक ही तकिया लेकर दरबारमें उपस्थित हुए। राजाने सोचा भी न था कि परमेष्ठी-जैसा सत्यनिष्ठ दर्जी इस प्रकार सहसा बेईमान हो जायगा। बादशाहके बार-बार पूछनेपर भी परमेष्ठीने निश्छल भावसे यही उत्तर दिया कि 'मैंने एक तकिया श्रीजगन्नाथजीको भेंट कर दिया है।' राजाको क्रोध आ गया और चोरीके अपराधमें उसने परमेष्ठीको हथकड़ी-बेड़ी डलवाकर कारागृहमें बंद करवा दिया। अंधकारपूर्ण कोठरीमें भगवन्नामकी ज्योति जगमग हो गयी। भूखे-प्यासे परमेष्ठी अपने प्रभुके स्मरणमें निमग्न हो गये। कुछ समय बीता। एक रात सहसा उनकी हथकड़ी-बेड़ी टूट गयी, कारागृहकी दीवारें ढह गयीं और अत्यन्त दिव्य स्वरूपमें भगवान् श्रीविष्णु उनके सामने प्रत्यक्ष प्रकट हो गये। आश्वासनका दिव्य स्वर सुन पड़ा—'वत्स परमेष्ठी! जबतक मेरा यह चक्र है, तबतक मेरे अनन्य-भक्तको कौन कष्ट दे सकता है? आओ, मेरे समीप आओ, वत्स!' भगवान्ने अपना अभय कर-कमल भक्तके मस्तकपर रखा, उसे हृदयसे लगाकर अनिर्वचनीय सुख दिया और अन्तर्धान हो गये।

इधर, उसी समय बादशाहने स्वप्नमें देखा कि महाकाल-जैसा ही एक भयंकर पुरुष उसे कठोर दण्ड दे रहा है और ताड़ना-भरे शब्दोंमें कह रहा है—'तू मेरे भक्तको बंदी बनायेगा? कौन है तू?' राजा भयसे काँपता हुआ उठ बैठा। सचमुच उसका शरीर पीड़ासे दर्द कर रहा था। वह तुरंत अपने सिपाहियोंके साथ कारागृहमें पहुँचा। उसने वहाँ जाकर देखा कि परमेष्ठीजीकी हथकड़ी-बेड़ी टूटी पड़ी हैं, जेलकी कोठरी ध्वस्त है और वे ध्यान-मग्न हैं। बादशाह उनके चरणोंमें गिर पड़ा—'क्षमा करें, महाराज!' उसकी आर्तवाणीसे परमेष्ठीका ध्यान टूटा। उनके शरीरसे एक दिव्य प्रकाश निःसृत हो रहा था। राजाने स्वप्नकी बात बताकर भक्त परमेष्ठीका आदर-सत्कार किया। उन्हें पुरस्कृत कर तथा सुसज्जित हाथीपर बैठाकर उनके घर पहुँचाया।

भगवान्का निष्काम भक्त सांसारिक आदर-सम्मानमें कोई रुचि नहीं रखता। परमेष्ठीजी तो एकान्त-साधनाके प्रेमी थे। वे अपनी 'भक्त' नामसे होनेवाली ख्यातिसे संकोच—लज्जाका अनुभव करने लगे और अन्तमें दिल्ली छोड़कर अज्ञातवासमें चले गये। वे श्रीजगन्नाथजीकी अपूर्व कृपासे कृतकृत्य थे।

'करुणासिन्धो बन्धुरसि'

(रचयिता—आचार्य श्रीलक्ष्मीनारायणजी पुरोहित, कविकलानिधि, वाचस्पति)

संस्कृत-दोहावली

करुणासिन्धो! बन्धुरसि सत्यस्त्वं सकलस्य।
अणोरणीयस्त्वं दधन्निवसति मनसि न कस्य?॥

'हे करुणासिन्धो! आप सभीके सच्चे बन्धु हैं; क्योंकि आप अणुसे भी अणु रूप धारण करके किसके मनमें निवास नहीं करते! अर्थात् आप सर्वहृदयवासी हैं।

भगवन्! यद्यपि ज्ञानघन एव भवानाभाति।
नोपेक्षितुमसतां मुदः सतां खिदो जानाति॥

हे भगवन्! यद्यपि आप ज्ञानघन-रूपसे ही प्रकाशित हो रहे हैं, तथापि आप दुर्जनोंके मोद और सज्जनोंके खेदकी उपेक्षा करना तो जानते ही नहीं।

सदा पूर्णकामो भगवन् श्रीवर! कृपानिधान।
यदा तदा ते सक्ततां वक्तुं कापि विधा न॥

हे लक्ष्मीपति कृपानिधान भगवन्! जब आप सदैव पूर्णकाम हैं, तब ऐसा कोई कारण ही नहीं है कि (किसी वस्तुमें) आपकी आसक्तिका वर्णन किया जाय।

श्रीवर! तव दययैव मे सन्तु तानि दिवसानि।
त्वां गायन्ननुवेलमिह रसेन यानि नयानि॥

हे श्रीवर! आपकी दयासे ही मेरे वे दिन ऐसे हो जायँ कि जिन्हें मैं आपके गुण-कर्म-स्वरूपका भक्तिपूर्वक निरन्तर गान करता हुआ ही व्यतीत करूँ।

भगवत्कृपासम्बन्धी लघु कथाएँ

'मैं हरिका, हरि मेरे रक्षक,
यह भरोस नहिं जाय कभी।
जो हरि करिहैं सो मेरे हित,
यह निश्चय नहिं जाय कभी॥'

'ईश्वरका प्रत्येक विधान हमारे लिये कृपामय है' जब ऐसा पक्का निश्चय हो जाता है, तब 'दुःख' शब्द हमारे लिये निरर्थक-सा हो जाता है। माता जब हमारे मनोऽनुकूल भोजन खिलाती है, उस समय जिस प्रकार हम प्रसन्न होते हैं, उसी प्रकार जब हमें ज्वर आता है और माता कड़वी औषध पिलाती है, उस समय भी हमें (यदि हम समझदार हैं तो उतनी ही) प्रसन्नता होती है; क्योंकि हम जानते हैं कि वह हमारे हितके लिये है। इसलिये अनुकूल दीख पड़े या प्रतिकूल—दोनों ही प्रकारकी परिस्थितियाँ अपने हितके लिये हैं—ऐसा जिसका दृढ़ विश्वास है, उसके मनमें फिर अनुकूलता और प्रतिकूलता राग-द्वेष पैदा नहीं कर सकतीं। इस प्रकार जिसको ईश्वरके विधानमें विश्वास है, उसके लिये संसारमें दुःख-जैसी कोई वस्तु नहीं होती, उसके लिये तो प्रत्येक परिस्थिति ही अनुकूल है— सुखमय है।

(१)

मङ्गलमय विधान

एक छोटे-से राज्यका राजा एक दिन अपने दरबारमें बैठा था। किसीने लाकर उसे एक तलवार भेट की। राजा धीरे-धीरे अँगुलीसे उसकी धार देखने लगा, थोड़ा जोर पड़ गया, जिससे अँगुली कट गयी। पास ही भगवद्विश्वासी दीवान बैठा था। सहज ही उसके मुखसे निकल पड़ा—'ईश्वर जो करता है, सब भलेके लिये ही करता है।' और दीवानने अपना साफा फाड़कर अँगुलीका रक्त पोंछकर गीले कपड़ेकी पट्टी बाँध दी। इतनी तात्कालिक सेवाके उपरान्त भी राजाके क्रोधका पार न रहा। वह बिगड़ उठा—'अरे दुष्ट दीवान! मुझे इतना कष्ट हुआ और तू कहता है कि ईश्वर सब भला करता है! मेरा दुःख देखकर दुःखी होनेके बदले तू प्रसन्न हो रहा है? तुझे मैं मार ही डालता, पर इतने दिनोंसे पास रहा है, इससे जेल भेजता हूँ।' यों कहकर राजाने सिपाहियोंको आदेश दिया। वे दीवानको पकड़कर कारागारमें ले गये।

तनिक भी दुःखी न होकर दीवान जाते समय राजाके पैर छूकर यह कहता हुआ चला गया कि 'ईश्वर जो करता है, सब भलेके लिये ही करता है।'

कुछ दिन बीते। एक दिन राजा शिकारके लिये वनमें गया। सिपाही पीछे रह गये। राजा जंगलमें अकेला भटक गया। कुछ लुटेरोंने आकर उसे पकड़ लिया और बाँधकर देवीके मन्दिरकी ओर ले चले।

लुटेरोंने देवीको एक नर-बलि देनेकी मनौती मानी थी और इसी कामके लिये वे राजाको पकड़ ले गये थे। नंगी तलवार लेकर दो व्यक्ति उसके दोनों ओर खड़े हो गये। पुजारीने आकर राजाका शरीर देखा तो उसके हाथकी एक अँगुलीमें पट्टी बँधी थी। उसने पट्टी खोलकर देखा तो अँगुली कटी दिखायी दी। पुजारी बोला—'अङ्ग खण्डित है, इसलिये इसकी बलि नहीं दी जा सकती' और राजा छोड़ दिया गया। वहाँसे छूटते ही वह घोड़ेपर सवार होकर सीधा जेलखाने पहुँचा।

राजाने दीवानको छातीसे लगा लिया। दीवानने हाथ जोड़कर अभिवादन किया। राजाने सब बातें सुनाकर कहा—"मेरी अँगुली कटनेके कारण मैं तो मौतके मुँहसे बचा, इसलिये मेरे विषयमें तो 'ईश्वर जो करता है, सब भलेके लिये ही करता है—यह तुम्हारी बात ठीक निकली; परंतु तुम्हारा तिरस्कार करके मैंने तुम्हें जेलखानेमें डलवा दिया, तब भी तुमने कहा कि 'ईश्वर जो करता है, सब भलेके लिये ही करता है' तो इसमें तुम्हारा क्या भला हुआ?"

दीवानने कहा—'राजन्! मेरा भला तो प्रत्यक्ष है, फिर भी आपने कैसे नहीं समझा? आप शिकारको जब भी जाते, मैं साथ रहता। वे लुटेरे हम दोनोंको पकड़ ले जाते। अँगुली कटी होनेके कारण आपको तो वे छोड़ देते, परंतु मुझे तो मरना ही पड़ता। इस प्रकार मेरे विषयमें भगवान्ने आपके मनमें क्षोभरूप उत्पात पैदा करके मुझे मृत्युसे बचा लिया। ईश्वर शूलीके विघ्नको सूईसे दूर कर देता है, परंतु हमारी दृष्टिकी सीमा वर्तमानकालपर्यन्त ही होती है; इसलिये हम उसका अनुभव नहीं कर पाते। ईश्वरके मङ्गलमय विधानमें जिसका विश्वास है, वह इसका अनुभव अवश्य कर सकता है।'

(२)

'ईश्वर जो करता है, सब भलेके लिये ही'

एक छोटे-से गाँवमें एक व्यापारी रहता था। उसके पास रुपयोंकी कुछ बहुतायत हो गयी, उसने माल खरीदनेका तथा शेष रुपये एक साहूकारके यहाँ अमानत रखनेका विचार किया। 'प्रातः शीघ्र जाना है', ऐसा निश्चय करके वह सो गया। रातको लघुशङ्का करने उठा और अँधेरेमें सीढ़ीसे सरककर गिर पड़ा। चोट लगी, पर प्राण बच गये; किंतु इससे दूसरे दिन उसका शहर जानेका कार्यक्रम स्थगित हो गया।

उसी गाँवमें एक प्रभु-विश्वासी भक्त रहते थे। वे कभी-कभी सेठके घर आया-जाया करते थे। जब सेठके गिरनेकी बात सुनी तो दूसरे दिन वे उसके घर गये। सेठने भक्तसे सारी बातें कहीं तो भक्तजीने कहा—'ईश्वर जो करता है, सब भलेके लिये ही करता है।' यह सुनते ही सेठको बड़ा क्रोध आया; परंतु क्रोधको कुछ दबाकर वह बोला—"भगत! तुम तो एकदम गँवार ही हो, मुझे इतनी चोट लगी कि मेरा शहर जाना रुक गया और आवश्यक काम बिगड़ गया; फिर तुम कहते हो कि 'ईश्वर जो करता है, सब भलेके लिये ही करता है,' यह मैं कैसे मानूँ? ईश्वरने मेरा कोई भला किया हो, वह तो देखनेमें नहीं आया। हाँ, बुरा किया है, यह तो प्रत्यक्ष है।"

प्रत्युत्तर देते हुए भक्तजीने कहा—'सेठ! हमलोगोंकी दृष्टि केवल वर्तमानकालको ही देख सकती है, भविष्यके गर्भमें हमारी दृष्टि नहीं पहुँचती। इसीसे तुम ऐसा कह रहे हो, परंतु मैं तो अब भी कहता हूँ कि ईश्वर जो करता है, उसमें हमारा हित भरा होता है, भले ही हम उसे न देख सकें।'

कुछ दिनों बाद वे भक्तजी सेठके यहाँ फिर गये, तब सेठने उनके पैरोंमें पड़कर कहा—"भगतजी! आपकी सब बातें सच्ची हैं। यदि मैं उस दिन नहीं गिरा होता तो अवश्य शहरकी ओर गया होता और मेरी मृत्यु हो गयी होती तथा साथ ही बहुत-सा धन भी चला जाता। ठगोंको मेरे जानेकी खबर लग गयी थी और उन्होंने मुझे मारकर धन लूट लेनेकी पूरी तैयारी कर ली थी; परंतु ईश्वरने मेरी यात्रा रोककर मुझे बचा लिया। शूलीके कष्टोंको काँटा गड़ाकर ईश्वरने दूर कर दिया और मैं मूर्ख काँटा गड़ जानेके कारण अपनी असावधानीको दोष देनेके बदले ईश्वरको दोष देने लगा। कितनी बड़ी भूल की मैंने! अब निश्चितरूपसे मेरी समझमें आ गया कि 'ईश्वर जो करता है, सब भलेके लिये ही करता है'।"

—स्वामी श्रीचिदानन्दजी महाराज

(३)

घनश्यामजीका कृपा-चमत्कार

एक नगरमें एक सत्यनिष्ठ, संतोषी, भगवद्भक्त गृहस्थ ब्राह्मण रहते थे। उनकी पत्नी और दुधमुँही बच्चीतक ही उनका परिवार सीमित था। ब्राह्मणदेव ब्राह्ममुहूर्तमें उठते, शौचादिसे निवृत्त हो घनश्यामजीके मन्दिरमें चले जाते, जहाँ वे दर्शन, कीर्तन और भक्तिमें निमग्न हो जाते। मध्याह्नके समय वे घर आते, भोजन करते और पुनः वहीं चले जाते, शामतक वहीं भजन-कीर्तन करते और रात्रिको घर आते। भोजनोपरान्त घरसे फिर मन्दिर पहुँच जाते और अर्धरात्रितक वहीं घनश्यामजीकी चाकरीमें रत रहते। जो कुछ अपने-आप आ प्राप्त होता उसीमें वे ब्राह्मण-दम्पति अपनी उदरपूर्ति कर संतुष्ट रहते। इसी दिन-चर्यासे जीवन-यापन करते-करते कई वर्ष व्यतीत हो गये। बच्ची सयानी हो गयी। ब्राह्मणीको अपनी पुत्रीके हाथ पीले करनेकी चिन्ता हुई। ब्राह्मणदेव निश्चिन्त और भक्ति-निमग्न थे। ब्राह्मणी उन्हें अब नित्यप्रति पुत्रीके विवाहके विषयमें कहने लगी; परंतु पतिकी दिनचर्या और मानसिक स्थितिमें कोई अन्तर नहीं आया। ब्राह्मणीने किसी प्रकार लड़कीका सम्बन्ध (सगाई—वाग्दान) किया। विवाहका दिन तय हुआ और निश्चित लग्न—मुहूर्त निकट आने लगा; परंतु ब्राह्मणके कानपर जूँ तक न रेंगी। दिन व्यतीत होते गये। विवाह-की तिथि अत्यन्त निकट आ गयी। ब्राह्मणीका आग्रह बढ़ा। वह कहने लगी—'धन लाओ, जिससे पुत्रीका विवाह सम्पन्न हो।' ब्राह्मणने कहा—'ठाकुरजीसे निवेदन कर दूँगा।' पतिपरायणाने विश्वास कर लिया। दूसरे दिन पत्नीने पुनः धन माँगा। पतिने कहा—'आज निवेदन कर दूँगा, कल घनश्यामजीसे निवेदन करना भूल गया था।'

दूसरे दिन ब्राह्मणदेवने भगवान्‌के दर्शन किये और प्रार्थना की—'प्रभो! पुत्रीके विवाहके लिये धन चाहिये।' तत्पश्चात् वे सदैवकी भाँति भगवद्भक्तिमें तल्लीन हो गये। संध्याको पत्नीके पूछनेपर बताया कि वह घनश्यामजीसे निवेदन कर चुका है। पत्नीका धैर्य छूटने लगा। ब्राह्मण-ने पूछा—'कितने धनकी आवश्यकता होगी?' हिसाब लगाया

गया तो ज्ञात हुआ कि तीन सौ इक्कीस रुपये चार आनेमें कार्य चल सकेगा। ब्राह्मणने एक प्रार्थना-पत्र लिखा और दूसरे दिन दर्शन करते समय उन्होंने वह प्रार्थना-पत्र भगवान्-(घनश्यामजी)के सामने रख दिया एवं बड़ी सरलतासे निवेदन भी कर दिया—'प्रभो! अब ब्राह्मणी अधिक अधीर हो गयी है।'

रात्रिको जब ब्राह्मणदेव मन्दिरसे घर जा रहे थे, एक भद्रपुरुष उन्हें मन्दिरके आँगनमें मिला और बोला—'यह थैली मन्दिरके स्वामीने आपकी पुत्रीके विवाहके लिये भेजी है, आप इसका उपयोग करें।' ब्राह्मणदेव उसे घर ले गये, उसमें पाँच सौ रुपये थे। उन्होंने रुपये पत्नीको दे दिये। विवाहका कार्य सम्पन्न हुआ और संतोषी ब्राह्मणने उतने ही रुपये खर्च किये, जितने प्रार्थना-पत्रमें लिखे थे एवं शेष धनराशि तथा एक प्रार्थना-पत्र भी उसी थैलीमें रख दिया, जिसमें उन्होंने लिखा—'आपकी कृपासे पुत्रीका विवाह सम्पन्न हो गया है और शेष राशि सेवामें वापस समर्पित है।' थैली दूसरे दिन ठाकुरजीके चरणोंमें रख दी गयी।

ब्राह्मणका जीवन पूर्व-निर्दिष्टरूपसे चलता रहा। पड़ोसिनको ईर्ष्या हुई कि यह गरीब ब्राह्मण जो कुछ नहीं अर्जित करता, उसकी लड़कीका विवाह विधिवत् कैसे हो गया?

उधर, राजाने एक दिन अचानक अपना कोष सँभाला। कोषकी एक तिजोरीमें ब्राह्मणके लिखे हुए दो प्रार्थना-पत्र मिले। राजाने कोषाध्यक्षको कारागृहमें डलवा दिया। उसने ब्राह्मणको भी बुलवाया।

ब्राह्मणके घर राजाके दूत पहुँचे और उसे पकड़कर किलेमें ले गये। ईर्ष्यालु पड़ोसिन आज प्रसन्न थी, कहने लगी कि सत्यव्रतकी दुहाई देनेवाले ब्राह्मणने चोरी करके अपनी लड़कीका विवाह किया था, नहीं तो राजाके दूत उसे क्यों पकड़कर ले जाते? मोहल्लेमें भिन्न-भिन्न प्रकारकी चर्चाएँ चलने लगीं। ब्राह्मणी खिन्न हुई। वह मन-ही-मन सोचने लगी—'मैंने क्यों पतिदेवको धनके लिये कहा? क्या निर्धनोंकी पुत्रियाँ अविवाहित रहती हैं, यदि रहें भी तो क्या, अब मेरे पतिका क्या होगा?' उसके नेत्र झरने लगे।

ब्राह्मणको राजाके सम्मुख प्रस्तुत किया गया। राजाने अत्यन्त कठोर स्वरमें पूछा—'तुमने ये प्रार्थना-पत्र लिखे?'

ब्राह्मणने निर्भीकतासे कहा—हाँ।

राजा—रुपये भी तुम्हें मिले?

ब्राह्मण—हाँ।

राजा—तुम्हारी पुत्रीका विवाह हुआ?

ब्राह्मण—हाँ!

राजाकी क्रोधाग्नि भड़क उठी। उसने तत्काल उसे कारागृहमें डालनेका आदेश दिया और स्वयं उठकर अन्तःपुरमें चला गया। कोतवाल ब्राह्मणको कारागृहमें ले जाने लगे। उसी समय उसी प्रतिष्ठित भद्र पुरुषने आकर अनुचरोंको आज्ञा दी कि वे ब्राह्मणको तबतक न ले जायँ, जबतक वह राजासे मिलकर बाहर न आ जाय।' उस तेजस्वी पुरुषकी वाणी सुनकर राजाके अनुचर न जाने क्यों आतङ्कित हो गये। ब्राह्मण निःशङ्क वहीं बैठा रहा।

भद्रपुरुष महलमें गया। राजा तबतक शयन-कक्षमें पहुँच चुका था। उस भद्रपुरुषने कड़कती आवाजमें राजासे कहा—'क्यों, क्या कर रहे हो?'

राजाको कुछ भी दिखायी नहीं दिया, केवल स्वर सुनायी पड़ा। प्रश्न पुनः दोहराया गया। राजा भयभीत हुआ। प्रश्न पुनः किया गया। राजा अत्यन्त आतङ्कित हुआ।

राजा—महाराज! आप कौन हैं?

स्वर—तुम नहीं जानते? मैं घनश्याम हूँ।

राजा—(भयभीत स्वरमें) क्या आज्ञा है!

स्वर—तुमने मेरे भक्तको कष्ट दिया है। तुम्हें ज्ञात नहीं, उस ब्राह्मणने प्रार्थना-पत्र मुझे लिखा था। मैंने उसे पाँच सौ रुपये दिये और उसने बची हुई रकम लौटा भी दी, फिर भी तुमने उसे दण्ड दिया।

राजा—क्षमा करें, प्रभो!

स्वर—उसकी आजीविका-निर्वाहका प्रबन्ध करो एवं उसे ससम्मान घर पहुँचाओ। कोषाध्यक्षको भी तुरंत छोड़ दो।

राजा—जैसी आज्ञा, प्रभो!

ब्राह्मणको पालकीमें बैठाकर घर भेजा गया। सदाके लिये उसकी आजीविका-निर्वाहका प्रबन्ध हो गया।

पड़ोसी स्तब्ध थे। ब्राह्मणकी दिनचर्या पूर्ववत् चलने लगी। (सत्य घटनापर आधारित) —*श्रीहेमराजजी रामकाचा*

कृपामृत-बिन्दु

सब कृपाओंमें भगवत्कृपा ही प्राण है।

* * * *

जिसे सर्वत्र-सर्वदा-सर्वथा सभी अवस्थाओंमें भगवत्कृपाका दर्शन होने लग गया, उससे भगवान् छिप नहीं सकते।

* * * *

कर्मयोग, भक्तियोग, अष्टाङ्गयोग, वेदाध्ययन, सत्य-वचन आदि जितने साधन हैं, उनसे जो कुछ मिलता है, वह सब भगवत्कृपासे ही प्राप्त होता है। साधन तो निमित्तमात्र हैं।

* * * *

बछड़ेपर गौका जो स्वाभाविक कृपाभाव होता है, उससे अनन्तगुना कृपाभावद्वारा श्रीहरि मुझे सँभाले हुए हैं, ऐसा अनुभव करते रहो, फिर कृपाभाव उमड़ पड़ेगा।

* * * *

बच्चे अपनी माताको अनेक प्रकारकी बोलियोंसे पुकारते हैं, माँ कृपावश उन सभी शब्दोंमें अपनी ही पुकार मानती है, वैसे ही तुम चाहे जिस भाषासे भगवान्‌को पुकारो, वे कृपावश तुम्हारी पुकार मान ही लेंगे।

* * * *

कृपाके आश्रित होकर सदा-सर्वदा नाम-संकीर्तन और श्रीहरि-कथा-गान करनेसे चित्तमें अखण्ड आनन्द बना रहता है।

* * * *

कृपासे नाम-जपका और नाम-जपसे कृपाका तत्त्व पहचाननेमें आता है।

* * * *

जिस साधकके लिये जो मार्ग—माध्यम ठीक होता है, उसकी व्यवस्था प्रभु अपनी ओरसे करते ही रहते हैं, यही तो उनकी सहज कृपा है।

* * * *

उस बड़प्पनमें आग लगे, जिसमें कृपाका आश्रय छूट जाय।

* * * *

जैसे वृक्षके मूलको सींचनेपर पत्ते, फूल, किसलय (कोंपल), फल अपने-आप पुष्ट होते जाते हैं, ऐसे ही केवल कृपाका आश्रय लेनेसे सभी साधन साङ्गोपाङ्ग पूर्ण हो जाते हैं।

* * * *

भूलवश बहुतोंकी कृपाकी ओर ताकते रहे, मिला क्या ?—जलन और निराशा ! जब भगवत्कृपापर विश्वास किया तो आशातीत परम शान्तिका समुद्र उमड़ पड़ा।

* * * *

भगवत्कृपाके आश्रित रहकर पाप करना कृपाका घोर निरादर है; वास्तवमें पाप करनेवालेने कृपाको पहचाना ही नहीं।

* * * *

जिसने सरलता एवं पूर्ण विश्वासके साथ कृपाका आश्रय लिया, उसका बेड़ा पार लग गया।

* * * *

जो जीवोंके साथ कठोरता एवं निर्दयतापूर्ण तथा अहितकर वर्ताव करता है, वह भगवत्कृपाके दर्शनका पात्र नहीं है, भगवत्कृपा होते हुए भी उसको दीखती नहीं।

* * * *

याद रखो, भगवान्पर विश्वास-भरोसा करनेसे ही भगवान्की सहज कृपाका अनुभव होता है।

* * * *

यदि सुख चाहते हो तो किसी अन्यकी कृपाकी ओर, अन्य परिणामकी ओर ललचायी दृष्टिसे न देखो, केवल भगवान्की अमोघ कृपाकी ओर अपनी दृष्टि लगा दो।

* * * *

तुम्हारे मनने भगवत्कृपाकी झाँकी की कि भगवत्कृपाके परमवलसे तुम्हारा सारा अभाव मिटा।

* * * *

भगवत्कृपाकी अनुभूतिके लिये कृपाश्रितोंकी जीवन-कथाएँ विश्वासपूर्वक पढ़नी चाहिये।

* * * *

शरीर चाहे जहाँ और चाहे जिस स्थितिमें रहे, मनसे भगवत्कृपाको मत छोड़ो।

* * * *

भगवत्कृपाकी गोद बहुत उदार और वहुत ही व्यापक है, अतः प्रत्येक देश, काल, घटना एवं परिस्थितिमें सर्वत्र उस कृपाका ही दर्शन करना चाहिये।

* * * *

विषको अमृत, शत्रुको मित्र, समुद्रको गोवत्सपदवत्, अग्निको हिम भगवत्कृपा ही तो करती है।

* * * *

कृपामैयाका आश्रय लेनेवाला स्वतः अन्योंको भी कृपाश्रय देनेवाला वन जाता है।

* * * *

भगवत्कृपाका जो मिठास है, इसकी कोई तुलना नहीं है।

* * * *

जो केवल लौकिक लालसाओंकी पूर्तिमें ही भगवत्कृपा मान लेता है, वह भोला वालक ही तो है।

* * * *

कृपापात्रमें कृतघ्नताका तो सर्वथा नाश ही हो जाता है।

* * * *

जो स्वयं दीन-दुःखियों, निराश्रितों और अपनेसे छोटोंपर कृपा नहीं करता, वह दीनवन्धु, सर्वाधार एवं महान् परमात्माकी कृपाका अनुभव कैसे कर सकता है?

* * * *

'है' तो केवल कृपा-ही-कृपा है, अन्य सब कुछ तो 'नहीं' है।

कृपा-वर्षा

'देवर्षिभूताप्तमनुष्यदैत्यगन्धर्वविद्याधरकिंनरेषु।
सर्वेष्वहो स्थावरजंगमेषु कृपा हरेर्वर्षति सर्वदैव॥'

—महाकवि श्रीवनमालिदासजी महाराज, शास्त्री

अहो! यह बड़े हर्षकी वात है कि देवर्षिगण, भूतसमुदाय, आप्त-जन, मनुष्य, दैत्य, गन्धर्व, विद्याधर, किन्नर तथा समस्त स्थावर-जङ्गमात्मक जीव समुदायपर भगवान् श्रीहरिकी कृपा नित्य-निरन्तर बरस रही है।

भगवत्कृपाकी विविध घटनाएँ

(१)

निर्बलके बल राम

घटना सन् १९५८ ई०के अक्टूबर मासकी है। मैं हिमाचल-प्रदेशमें सरकारी कार्यपर नियुक्त था। सरकारी जीपसे किसी कामके लिये अम्बाला जा रहा था। साथमें केवल ड्राइवर था। सायंकालके कुछ पहले जब अम्बाला पाँच-छः मील दूर रह गया तो सामने घावरा नदी आयी। ड्राइवरने एकाएक नदीके पत्थरके रपटपर गाड़ी उतार दी। रपटके ऊपरसे पानीका स्रोत बहता था। नदीका पाट कम-से-कम दो सौ गज चौड़ा था। लगभग आधी दूर जानेके बाद गाड़ी एक गड्ढेमें अटक गयी। पत्थर टूटे हुए थे। नीचे उतरकर ढकेलनेपर भी हम गाड़ीको नहीं हिला सके। आगे-पीछे दोनों ओरसे वह बुरी तरहसे फँस गयी थी। जगह वीरान थी।

इधर नदीमें पानी कुछ बढ़ने लगा, बहाव भी तेजी पकड़ रहा था। धीरे-धीरे अँधेरा छा गया। कई बसें और ट्रक बाजूसे पार हो गयीं, परंतु सहायता माँगनेपर भी किसीने कुछ ध्यान नहीं दिया; कारण, ड्राइवर पुलिसका होनेपर भी वर्दी पहने हुए न था और वह था पंजाब, भिन्न प्रदेश। मेरी वहाँ कुछ जान-पहचान न थी।

पानी धीरे-धीरे बढ़ता हुआ इंजनकी ऊँचाईके समकक्ष आ गया। उतरकर मैंने सरकारी कागजात पेटी आदि सब सामान नदीके किनारेपर भेजा। गाड़ी कुछ हल्की हुई, एक बार फिर बहुत चेष्टा की, परंतु गाड़ी न हिली। मैं तटपर खड़ा हो गया। थोड़ी बरसात भी होने लगी थी।

कहीं कोई सहारा नहीं दीख रहा था, मैंने मन-ही-मन इष्टदेवका जप एवं करुण-प्रार्थना आरम्भ की। कुछ देर बाद अँधेरेमें ही एक सज्जन आ गये। उनसे परिचय हुआ। कालिदास-काव्यके विषयपर कुछ वार्तालाप हुआ। मैंने उनको अपनी स्थिति बताकर कहींसे रस्सी और कुछ आदमी बुलानेका अनुरोध किया। वे कुछ बोले नहीं और किसी ट्रकपर बैठकर दूसरे किनारे चले गये।

अब तो गाड़ीके नदीकी बाढ़में बह जानेकी पूरी सम्भावना दीखती थी। धीरे-धीरे ट्रक और बसोंकी संख्या घटती गयी। रातके लगभग साढ़े आठका समय हो गया। अब तो उद्धारकी आशा एकदम छोड़नी ही पड़ी। मैं तटपर किंकर्तव्यविमूढ़-सा खड़ा था। गाड़ी भी अब दृष्टिसे ओझल हो गयी थी।

परंतु यह क्या ! सहसा मैंने देखा—सामने नदीके गर्भमें कुछ काली-सी वस्तु हिल रही है। धीरे-धीरे वह निकट आने लगी और मैंने आश्चर्यचकित होकर देखा कि सचमुच मेरी जीप-गाड़ी ही तटपर आ रही है। वे महाशय किसी गाँवसे कुछ लोगों और रस्सीका प्रबन्ध कर लाये थे। सबने मिलकर गाड़ीको रस्सीमें बाँधकर और ढकेलकर गड्ढेसे निकाला था।

भयंकर नदी, उसपर पहाड़ी बाढ़; गाड़ी तृणके बराबर बह जाती, उसके बचनेकी कोई आशा न थी; परंतु अनाथ-नाथ दीनबन्धुने अहैतुकी कृपा कर इस निर्बल तुच्छातितुच्छकी लाज रखी।

—श्रीनीरजाकान्त चौधुरी देवशर्मा, एम्० ए०, एल्-एल्० बी०, पी-एच्० डी०

(२)

(क)

प्रार्थना और भगवत्कृपा

उत्तरी अमेरिकामें 'नयाग्रा' नामका विश्वप्रसिद्ध प्रपात (झरना) है। इसकी चौड़ाई २५०० फीट है, घनत्वका अंदाज इस बातसे लग सकता है कि प्रतिमिनट बारह करोड़ गैलन पानी ऊपर बहती हुई नदीसे नीचे गिरता है; तेज धाराके कारण नीचेकी चट्टान तीस फीट घिस गयी है।

हम भी अपनी विश्वयात्राके दौरान यहाँ पहुँचे। प्रथम दर्शनने ही हमें आत्मविभोर कर दिया। नास्तिकको भी यहाँ आकर ईश्वरकी शक्तिपर विश्वास हो जाता है।

हमें बताया गया कि पिछले एक सौ बीस वर्षोंमें अनेक व्यक्तियोंने विविध प्रकारसे झरनेकी ऊँचाईसे कूदनेका साहस किया, परंतु किसीको सफलता न मिली। बहुतोंकी जान गयी—कोई रबरके थैलेमें बैठकर कूदा तो कोई कार्ककी बनी पेटीमें; परंतु तेज धाराके थपेड़ोंमें सब टूटकर बह गये। 'नयाग्रा'के म्युजियममें इनके चित्र विवरण-सहित लगे हुए हैं। यहीं हमने एक सच्ची घटना सुनी—मल्लाहोंका एक दस वर्षीय बालक नयाग्रा नदीमें झरनेसे पाँच-छः मील ऊपरकी ओर अपनी छोटी-सी नौकामें बैठकर जा रहा था। अचानक नाव धाराकी चपेटमें आ गयी, उसने लाख हाथ-पैर पटके, परंतु नाव नहीं सँभल पायी; वह बच्चे-

सहित धाराके साथ तीव्र गतिसे झरनेकी ओर बढ़ी। दोनों किनारोंपर हजारों व्यक्ति खड़े हुए असहाय-से देख रहे थे, परंतु बचानेका उपाय भी क्या था ! सब मिलकर ईश्वरसे प्रार्थना करने लगे। थोड़ी देर बाद देखा गया कि लड़केकी नौका ऊपरसे नीचे झरनेके प्रवाहमें गिरकर अपने-आप किनारेकी ओर लगी हुई है। लड़का सही-सलामत बैठा है। आजतक यह रहस्य किसीकी समझमें नहीं आया। हमने उस लड़केकी फोटो और वह नौका वहाँके संग्रहालयमें देखी।

(ख)

राम-नामने रक्षा की

सन् १९६२ ई०में मैं मोटर-गाड़ीद्वारा सपरिवार काश्मीरसे दिल्ली आ रहा था। ड्राइवर इस पहाड़ी इलाकेके लिये नया था, इसलिये गाड़ी धीरे-धीरे चला रहा था।

हम 'बठोट'के पास पहुँचे, तबतक शाम हो गयी थी। रास्तेके किनारे कोट-पैंट पहने एक युवक खड़ा था। उसने हाथसे गाड़ी रोकनेका संकेत किया। हमने गाड़ी रोक ली। कहने लगा कि बड़ी कृपा होगी, यदि आप मुझे अगले गाँवतक पहुँचा देंगे। मैं अपना ठेकेदारीका काम सँभालने आया था। यहाँ देर हो गयी। ट्रकें सब पहले ही आ चुकी हैं। हमारे पास जगह थी। युवककी वेश-भूषा और बातचीतका भी प्रभाव पड़ा। हमने उसे गाड़ीमें बैठा लिया।

थोड़ी देर बाद युवकने कहा कि मेरा इस ओर गाड़ी चलानेका नित्यका अभ्यास है, अगर आप कहें तो मैं चलाऊँ। ड्राइवरको आराम मिल जायगा और 'बटोट' कुछ जल्दी पहुँच जायँगे।

हमें ऐसा लगा कि युवकका वह रास्ता पूरी तौरपर जाना हुआ था। ३५-४० मीलकी गतिसे वह गाड़ी चला रहा था। मोड़नेकी भी उसे अच्छी तरह जानकारी थी। थोड़ी देर बाद एक गहरा उतार आया, गाड़ीकी स्पीड बढ़ी, अचानक एक घुमावदार मोड़ आया और युवकसे बेकाबू होकर गाड़ी सामनेके खड्डकी ओर तेजीसे बढ़ी।

आसन्नमृत्युको सामने पाकर मनुष्यका मन किस प्रकारका हो जाता है, इसका उस दिन मुझे पता चला। सामने तीन-चार हजार फीट गहरा खड्ड अजगरकी तरह मुख फैलाये था और गाड़ी उसी ओर बढ़ी जा रही थी। उस कड़ी सर्दीमें भी हम सब पसीनेसे तर थे। आँखोंके आगे अँधेरा छा गया और होश-हवास गुम हो गये।

हमारे दादाजी कहा करते थे कि संकटके समय 'राम'के नामसे कष्ट कट जाते हैं। मुझे उनकी बात याद आयी और मैंने जोर-जोरसे 'राम'का नाम लेना आरम्भ किया। जीवनमें शायद ही कभी इतने सच्चे मनसे प्रभुका नाम लिया होगा।

हम सब आँखें मीचे मृत्युकी राह देख रहे थे। कुछ ही क्षण बीते होंगे कि गाड़ीको एक जोरका धक्का लगा। आँखें खोलीं तो देखा कि सड़कके किनारे मरम्मत-हेतु पड़े पत्थरोंके एक ढेरमें गाड़ी फँस गयी है। किसी प्रकार साहस कर नीचे उतरे, अब भी शरीर काँप रहा था, सिर चकरा रहा था। देखा, गाड़ीके आगेका हिस्सा थोड़ा-सा टूट गया है, रेडियेटरमेंसे प्रायः सारा पानी निकल चुका था।

दूसरे दिन कुलियोंकी सहायतासे ठेलकर गाड़ी बठोट लायी गयी। रास्तेमें हमलोग आपसमें बातें करते रहे कि मारनेवालेसे बचानेवाला बड़ा है—'जाको राखे साइयाँ मार सके ना कोय।'

—श्रीरामेश्वरजी टाँटिया

(३)

भगवत्कृपाने जीवन ही बदल दिया

पश्चिमी देशोंमें 'अतिभौतिकवाद'ने मानसिक अशान्ति, घोर निराशा आदि विकृतियोंको खूब पनपाया है। भौतिकवादसे मानसिक शान्ति मिल भी कैसे सकती है ? वह तो उस भाग्यशाली व्यक्तिको ही सुलभ हो सकती है, जिसपर प्रभुकी अनुपम कृपा हो। विलासिता, मांस-मदिरा एवं आधुनिकतम सुविधाएँ मानवको सुख-शान्ति नहीं, अपितु घोर अशान्ति प्रदान करती हैं तथा मानवसे दानव बनानेका ही कारण बनती हैं। पश्चिमी देशोंमें संस्कृतिके नामपर पनप रही विकृतियोंके ही कारण बलात्कार, अपहरण और आत्महत्याओंकी घटनाएँ दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही हैं। अध्यात्मशून्य जीवनसे मानवका कल्याण असम्भव है, यह पश्चिमी देशोंके अनेक विचारकों एवं बुद्धिजीवियोंने पचासों वर्ष पूर्व अनुभव कर लिया था। वे यह भलीभाँति समझ गये थे कि अध्यात्मवाद और आस्तिकताके बिना जीवन व्यर्थ है। अनेक विदेशी विद्वान् भौतिकवादकी चकाचौंधसे मुक्त होकर अध्यात्मवादकी शरणमें आये। यहाँ इसी प्रकारके एक अमेरिकन विद्वान् पादरीका वर्णन प्रस्तुत है—

(क)

पादरी स्टौक्सपर भगवत्कृपा

कई वर्ष पहले अमेरिकासे एक सुशिक्षित एवं तेजस्वी युवकको ईसाई-धर्मका प्रचार और प्रसार करनेके उद्देश्यसे भारत भेजा गया। इस प्रतिभाशाली एवं समर्पित-भावनावाले युवकका नाम था—'सैम्युल एवन्स स्टौक्स।

भारतमें उसे हिमाचल प्रदेशके पहाड़ी इलाकेमें ईसाई-धर्मके प्रचारका कार्य सौंपा गया। यह क्षेत्र निर्धनता और पिछड़ेपनसे ग्रसित था; अतः पादरी स्टौक्सने गरीब पर्वतीय लोगोंमें कुछ ही समयमें अपनी सेवा-भावनासे अच्छा स्थान बना लेनेमें सफलता प्राप्त कर ली। वह बच्चोंके लिये दूधके डिब्बे, बीमारोंके लिये ओषधियाँ और भूखोंके लिये अन्न उपलब्ध कराता। बच्चोंकी शिक्षाके लिये स्कूलों-की व्यवस्था करता। अल्प समयमें ही वह उस क्षेत्रमें देवताके समान पूजा जाने लगा।

स्टौक्सने अपने प्रभाव और सेवा-भावसे हजारों पर्वतीयों-को हिंदू-धर्मसे च्युत कर ईसाई बना लिया। उनके घरोंसे रामायण, गीता और अवतारोंकी मूर्तियाँ हटाकर बाइबिल एवं ईसाकी मूर्तियाँ स्थापित करा दीं।

एक दिन पादरी स्टौक्स कोटागढ़के अपने केन्द्रसे सैर करनेके लिये निकले कि सड़कपर उन्होंने एक तेजस्वी गेरुवे-वस्त्रधारी संन्यासीको घूमते देखा। एक दूसरेसे परिचय हुआ तो पता चला कि वे मद्रासके एक अवकाश-प्राप्त जन स्वामी सत्यानन्दजी हैं तथा हिमालय-यात्रापर निकले हैं। पादरी स्टौक्स विनम्रताकी मूर्ति तो थे ही, अतः उन्होंने स्वामीजीसे रात्रिको अपने निवासस्थानपर विश्राम कर धर्मके सम्बन्धमें विचार-विमर्श करनेका अनुरोध किया। जिसे स्वामीजीने सहर्ष स्वीकार कर लिया।

स्वामीजीने रात्रिको गीताका पाठ कर भगवान् श्रीकृष्ण-की उपासना की। स्टौक्स और उनका परिवार जिज्ञासाके साथ इस दृश्यको देखते रहे। रात्रिभर गीता, अध्यात्म-वाद, हिंदू-धर्मके महत्त्व और 'अतिभौतिकवाद'से उत्पन्न अशान्तिपर चर्चा होती रही। स्टौक्स-परिवार गीताकी व्याख्या सुनकर गीता-तत्त्वसे बहुत ही प्रभावित हुआ। भारतके अध्यात्मवाद, भारतीय दर्शन और संस्कृतिकी महत्ताने उनकी आँखें खोल दीं। भगवान् श्रीकृष्ण तथा गीताने उनके जीवनको ही बदल दिया।

प्रातःकाल ही युवा पादरी स्टौक्सने स्वामीजीसे प्रार्थना की—'आप मुझे अविलम्ब सपरिवार हिंदू-धर्ममें दीक्षित करनेकी कृपा करें। मैं अपना शेष जीवन गीता और हिंदू-धर्मके प्रचारमें लगाऊँगा तथा पर्वतीय गरीबोंकी सेवा कर अपना जीवन धर्मप्राण भारतमें ही व्यतीत करूँगा।'

कालान्तरमें उन्होंने कोटागढ़में भव्य 'गीता-मन्दिर'का निर्माण कराया। वहाँ भगवान् श्रीकृष्णकी मूर्तियाँ स्थापित करायीं। बर्मासे कलात्मक लकड़ी मँगवाकर उसपर पूरी गीताके श्लोक खुदवाये। सेवोंका विशाल बगीचा लगवाया। सत्यानन्द स्टौक्स अब भारतको ही अपनी पुण्य-भूमि मानकर उसकी सुख-समृद्धिमें तन्मय होकर लग गये। भारतके स्वाधीनता-आन्दोलनमें भी उन्होंने सक्रिय रूपसे भाग लिया तथा छः मासतक जेल-यातनाएँ भी सहन कीं। महामना मालवीयजीके प्रति उनकी अगाध निष्ठा थी।

उन्होंने 'देवोपासना', 'दु एवेकिंग इंडिया' तथा 'गीता-तत्त्व' आदि पुस्तकें लिखीं। उनकी 'पश्चिमी देशोंका दिवाला' पुस्तक तो बहुत ही लोकप्रिय हुई, जिसकी भूमिका श्रीदीनबन्धु एंड्रूजने लिखी थी।

महामना मालवीयजीने एक बार उनसे पूछा—'आप हिंदुओंको धर्म-परिवर्तन कर ईसाई बनानेके उद्देश्य-से भारत आये थे' किंतु स्वयं किस कारण ईसाई-धर्म त्यागकर हिंदू-धर्ममें दीक्षित हो गये?' इसपर उन्होंने उत्तर दिया—'भगवान्‌की कृपासे मेरी यह भ्रान्ति दूर हो गयी कि अमेरिका या ब्रिटेन भारतको ईसाका संदेश देकर सुख-शान्तिकी स्थापना और मानवताकी सेवा कर सकते हैं। मानवताकी वास्तविक सेवा तो गीता, हिंदू-धर्म और अध्यात्मवादके मार्गसे ही सम्भव है। इसीलिये गीता-तत्त्वसे प्रभावित होकर मैंने हिंदू-धर्म और भारतकी शरण ली है।'

(ख)

मुस्लिम श्रीकृष्ण-भक्ता रैहाना तय्यबजीपर भगवत्कृपा

स्वाधीनता-संग्रामके महान् सेनानी श्रीअब्बास तय्यबजीकी सुपुत्री तथा गांधीजीकी प्रमुख शिष्या रैहाना तय्यबजी मुस्लिम-परिवारमें जन्म लेनेपर भी भगवान् श्रीकृष्ण, गीता तथा हिंदू-धर्मके प्रति अगाध निष्ठा रखती थीं। वे प्रतिदिन नियमित रूपसे भगवान् श्रीकृष्णकी उपासना और गीताका पाठ करतीं तथा जीवनके अन्तिम क्षणोंतक परम वैष्णवका जीवन व्यतीत करती रहीं।

राजघाट (दिल्ली)-स्थित 'गांधी-संनिधि'में एक बार मुझे उनसे मिलनेका अवसर मिला। काकासाहब कालेलकरने कहा—'जबतक वे अपने इष्टदेव श्रीकृष्णके ध्यानमें मग्न हैं, आप चुप बैठे रहना।' मूर्तिके समक्ष एक सुप्रतिष्ठित मुस्लिम महिलाको भगवान् श्रीकृष्णकी उपासनामें तल्लीन देखकर मैं मुग्ध था। ध्यान खुलनेपर उन्होंने घण्टी बजाकर अर्चना की, पुष्प चढ़ाये तथा मूर्तिके समक्ष सिर नवाकर मुझसे बात-चीत करना आरम्भ किया।

बातचीतके दौरान मैंने उनसे पूछा—'भगवान् श्रीकृष्णके प्रति आपको श्रद्धा कैसे उत्पन्न हुई? यह भगवत्कृपा किस प्रकार प्राप्त हुई?'

प्रश्न सुनकर वयोवृद्धा मुस्लिम भक्ता तय्यबजी गम्भीर हो उठीं। वे बोलीं—'सन् १९२३ ई०में मैंने 'यंग इंडिया'में गीताकी महिमापर गांधीजीका लेख पढ़ा। मैंने कहींसे गीता प्राप्त की; उसे पढ़ा और पढ़ते-पढ़ते मेरे मन, मस्तिष्क और समस्त प्राणोंपर मानो बिजलियाँ-सी गिरती चली गयीं। मैं पागल हो गयी, विह्वल हो गयी, व्याकुल हो गयी। मैंने लगातार उसे बीस बार पढ़ लिया, उसे हाथसे रख न सकी। रातको तकिया तले रखकर सोती। मेरी आँखोंके सामने एक अद्भुत, सुन्दर, तेजोमय, आनन्दमय दुनिया खुल गयी। गीताके सात सौ श्लोकोंमें मुझे चौदह ब्रह्माण्डोंके रहस्य दिखायी देने लगे। मेरे सभी प्रश्नोंके उत्तर एकदम मिल गये। प्रत्येक उलझनका सुलझाव मिल गया। हर अँधेरेका दीपक मिल गया। हर भुलावेमें पथप्रदर्शक मिल गया। गीतामें मुझे सभी कुछ मिल गया। भगवत्कृपासे ही मुझे गीताका यह साक्षात्कार हुआ और इससे मैं सच्चे मार्गपर आकर भगवान् श्रीकृष्णकी उपासनाकी ओर प्रवृत्त हुई।'

'आप श्रीकृष्णको साक्षात् अवतार मानती हैं अथवा महापुरुष या योगी?' मैंने प्रश्न किया।

रैहाना तय्यबजीने कहा—'भगवान् श्रीकृष्ण साक्षात् परब्रह्म परमात्मा, सम्पूर्णावतार हैं। वे समय-समयपर प्रकट होकर साक्षात् दर्शन देते हैं। धर्मपर विपत्ति आनेपर अवतार लेकर धर्मद्रोहियोंका उद्धार करते हैं। मीराबाईको उन्होंने दर्शन दिये, सूरदासके साथ क्रीड़ाएँ कीं, नरसी भगतकी सहायता की। कर्महीन (अभागा) ही उन्हें साधारण मनुष्य मान सकता है। जिसपर भगवत्कृपा होती है, वही उनके तत्त्वको जान सकता है।'

मैं इन महती श्रीकृष्ण-भक्ता मुस्लिम बहनसे विदा लेने लगा तो वे बोलीं—'बेटा! यह भगवान्की महती कृपाका ही फल है कि गीताजीने मुझे सच्चा मार्ग दिखाया। उन्हींकी कृपासे मांस, अण्डे, मछलीका सेवन छोड़कर शुद्ध सात्त्विक भगवत्प्रसाद ग्रहण करनेको मिला, भगवान् श्रीकृष्णकी भक्ति मिली। पूर्वजन्मके किसी महान् पुण्य और भगवत्कृपाके कारण ही आज मैं इस रूपमें विद्यमान हूँ।'

इन महती श्रीकृष्ण-भक्ताका ७४ वर्षकी आयुमें गत वर्ष ही निधन हुआ है। वे जीवनके अन्तिम क्षणोंतक श्रीकृष्ण-भक्तिमें तल्लीन रहीं। गांधीजी आदि महापुरुष भी उनकी निष्काम भक्ति-भावनाको देखकर आश्चर्यचकित रहते थे।

—श्रीशिवकुमारजी गोयल, पत्रकार

(४)

भगवत्कृपापर विश्वास

मैं ग्रीष्मकालमें सप्ताहके तीन दिन तीसरे पहरका समय 'ब्रुथसेंटर'के पुस्तकालयमें, जिसमें मेरी रुचि थी, बिताया करती थी। पत्र-पत्रिकाओं तथा पुस्तकोंसे सजे मेज और आराम-कुर्सियोंसे अलंकृत पुस्तकालयके ठंडे मनोरम कमरेमें सड़ककी चिलमिलाती धूपसे निकलकर प्रवेश करना बहुत आनन्ददायक लगता था।

एक दिन तीसरे पहर मैंने पुस्तकालयमें एक युवती लड़कीको देखा। उसे मैंने पहले कभी-कभी रविवारकी प्रार्थनामें भी देखा था। वह खिड़कीके समीप बैठकर 'यूनिटी मैगजिन' पढ़नेका प्रयत्न कर रही थी। सिसकनेकी-सी आवाज आयी। एक बार जब मैंने उसकी ओर देखा, तब वह चश्मा उतारकर आँखें पोंछ रही थी। उसने घूमकर देखा कि किसीने उसे ऐसा करते देख तो नहीं लिया है। मैं अपने काममें लग गयी, जैसे कि मैंने उधर देखा ही न हो।

कुछ क्षणोंके बाद मैंने देखा कि लड़की पत्रिकाको अलग रखकर निराशाकी मुद्रामें खिड़कीके बाहरकी ओर देख रही है और उसकी आँखोंमें आँसू छलक आये हैं। समय अधिक हो रहा था, अतः वाचनालयमें हम दोनोंके सिवा अन्य कोई न था। मैंने उसके समीप जाकर उससे पूछा—'क्या इस सम्बन्धमें तुम मुझे कुछ बतला सकोगी? या इसे अपनेतक ही सीमित रखोगी?'

आँसुओंसे भींगा रूमाल हटाकर वह जोर-जोरसे सिसकने लगी। मैंने उसके पास ही खिड़कीके निकट बैठकर उसे

समझाया—'बहन! यहाँ न कोई देख रहा है, न सुन रहा है, जो कुछ भी बात हो, कह डालो। इसके बाद ही तुम्हारा बोझा हल्का हो जायगा।' थोड़ी ही देरमें उसने एक गहरी सिसकी ली। फिर कहा—'आपकी बड़ी दया है, परंतु मुझे खेद है कि मैं वह बात आपको नहीं बतला सकती।'

उसके फिर कुछ कहनेके पहले ही मैंने कहा—'मुझे मालूम है। कभी-कभी ऐसे उद्गार निकल ही पड़ते हैं, फिर भी अब सोचना यह है कि क्या किया जाय? मान लिया जाय कि हम इस सम्बन्धमें कुछ न कर पायें, परंतु ऐसी कोई भी बात नहीं है, जिसे ईश्वर न कर सकें। ईश्वर सब कुछ कर सकते हैं और वे हमींसे करायेंगे। धैर्य धारण करो और इसका उत्तरदायित्व ईश्वरपर छोड़ दो।'

उसने सम्भवतः वैसा ही किया। उसका भार हल्का हो गया। उसकी गम्भीर आँखोंने मुझे यह विश्वास दिलाया।

उसने फिर अपने-आप ही कहा—'यदि आप सुनना चाहती हैं तो मैं कुछ इस सम्बन्धमें निवेदन करती हूँ। सम्भवतः आपसे सहायता मिले। क्या आप ध्यान देंगी?'

'ध्यान! मैं किसीकी सहायता कर सकूँ, इससे बढ़कर और अच्छी बात मेरे लिये हो ही क्या सकती है? मैंने दूसरोंसे बड़ी सहायता ली है, इसीलिये दूसरोंकी सहायता करनेकी मुझे सदा चाह रहती है।' किंतु 'ईश्वर ही सब कुछ करते हैं'—अपनी इस बातको ध्यानमें रखते हुए मैंने उससे कहा—'तुम अपनी सारी बातें मुझे सुनाओ।'

कुर्सीपर आरामसे बैठकर उसने कहा—'मेरा एक बहुत आवश्यक कागज नहीं मिल रहा है। मैंने बहुत ढूँढ़ा, पर उसका कहीं पता न लगा। कल सवेरे ही मुझे उसकी अनिवार्य आवश्यकता है। कागज नहीं मिलेगा तो पता नहीं, मुझपर कितनी वैधानिक विपत्तियाँ आयेंगी! वह कागज सवेरे ही दिखलाना है। बताइये, मैं क्या करूँ?'

डेस्कके दराजों या भीतरी पाकेटोंमें खोजनेकी बात न करके मैंने निर्भीकताके साथ उससे कहा—'कागज मिले या न मिले! तुम्हें अपने कामसे मतलब है या कागजसे? तुम कागजके लिये इतनी परेशान क्यों हो?'

उसने आश्चर्यसे कहा—'क्यों? मेरी वस्तु है, मुझे मिलनी ही चाहिये।'

'ठीक है, थोड़ी देरके लिये कागजकी बात भूल जाओ और सोचो कि वह तुम्हारा कौन-सा काम है, जो सरलतासे सफल हो जाय और उससे सम्बन्धित दूसरे सभी लोगोंका हित हो।'

'पर यह सब तो कागज मिलनेपर ही होगा। मुझे तो सबसे पहले कागज दिखलाना है।'

'सम्भवतः नहीं', कहकर मैं मुस्करायी। 'कदाचित् बिना कागज दिखाये ही ईश्वर सब कुछ ठीक कर दें। तुम यदि ईश्वरपर विश्वास करके सब बातें उन्हें सही-सही बता दो और उचित रूपसे अपनी स्थिति समझा दो तो तुम उनके निर्णयपर आश्चर्यचकित हो जाओगी। कोई कागज रहे या न रहे। ईश्वर ठीक कर लेंगे, सब कुछ ठीक कर लेंगे।'

एक क्षण सोचनेके बाद उसने कहा—'मैं आपका विश्वास करती हूँ।' वह शिष्ट और दृढ़-संकल्पवाली प्रतीत होती थी। उसने अपने झोलेको सँभालकर हैट (टोप) ठीक किया, साँस ली और लहँगेका किनारा ठीककर (वह अपने शरीरके बलपर) खड़ी हो गयी।

"क्या आप कागजके टुकड़ेपर लिख देंगी कि 'ईश्वर सब कुछ ठीक कर देंगे', जिससे मैं उसे अपने साथ ले जा सकूँ।"

मैंने उसके कहनेके अनुसार लिख दिया, तब उसने कहा—'अब मैं घर जाकर एक बार फिर कागज खोज निकालनेका प्रयत्न करूँगी। यदि मैं न पा सकी तो भी मैं कल उनसे मिलने जाऊँगी। मैं कागजके लिये इतनी किंकर्तव्यविमूढ़ हो गयी थी कि मुझे पता ही न चला कि इस कामके लिये दूसरा रास्ता भी हो सकता है। अब मुझे विश्वास हो गया है कि सब कुछ ठीक ही होगा। जो कुछ भी होगा, मैं आपको बतला दूँगी।'

मुझे चुपकेसे धन्यवाद देकर वह चली गयी। मैंने और बातोंसे मन हटाकर देखा कि वह निश्चिन्त और स्वस्थ-चित्त होकर चली जा रही है। अब उसके चेहरेपर किसी प्रकारके भयकी रेखा न थी। उसने स्वीकार किया था कि सब कुछ ठीक होगा और ऐसा ही हुआ भी। ईश्वरने पहलेसे ही सब बातें ठीक कर रखी थीं। दूसरे सप्ताह वह लौट आयी। वह मेरी डेस्कके सामने धीरेसे खड़ी हो गयी और प्रेम तथा कृतज्ञता प्रकटकर मुसकराने लगी।

राजघाट (दिल्ली)-स्थित 'गांधी-संनिधि'में एक बार मुझे उनसे मिलनेका अवसर मिला। काकासाहब कालेलकरने कहा—'जबतक वे अपने इष्टदेव श्रीकृष्णके ध्यानमें मग्न हैं, आप चुप बैठे रहना।' मूर्तिके समक्ष एक सुप्रतिष्ठित मुस्लिम महिलाको भगवान् श्रीकृष्णकी उपासनामें तल्लीन देखकर मैं मुग्ध था। ध्यान खुलनेपर उन्होंने घण्टी बजाकर अर्चना की, पुष्प चढ़ाये तथा मूर्तिके समक्ष सिर नवाकर मुझसे बात-चीत करना आरम्भ किया।

बातचीतके दौरान मैंने उनसे पूछा—'भगवान् श्रीकृष्णके प्रति आपको श्रद्धा कैसे उत्पन्न हुई? यह भगवत्कृपा किस प्रकार प्राप्त हुई?'

प्रश्न सुनकर वयोवृद्धा मुस्लिम भक्ता तय्यबजी गम्भीर हो उठीं। वे बोलीं—'सन् १९२३ ई०में मैंने 'यंग इंडिया'-में गीताकी महिमापर गांधीजीका लेख पढ़ा। मैंने कहींसे गीता प्राप्त की; उसे पढ़ा और पढ़ते-पढ़ते मेरे मन, मस्तिष्क और समस्त प्राणोंपर मानो बिजलियाँ-सी गिरती चली गयीं। मैं पागल हो गयी, विह्वल हो गयी, व्याकुल हो गयी। मैंने लगातार उसे बीस बार पढ़ लिया, उसे हाथसे रख न सकी। रातको तकिया तले रखकर सोती। मेरी आँखोंके सामने एक अद्भुत, सुन्दर, तेजोमय, आनन्दमय दुनिया खुल गयी। गीताके सात सौ श्लोकोंमें मुझे चौदह ब्रह्माण्डोंके रहस्य दिखायी देने लगे। मेरे सभी प्रश्नोंके उत्तर एकदम मिल गये। प्रत्येक उलझनका सुलझाव मिल गया। हर अँधेरेका दीपक मिल गया। हर भुलावेमें पथप्रदर्शक मिल गया। गीता-में मुझे सभी कुछ मिल गया। भगवत्कृपासे ही मुझे गीताका यह साक्षात्कार हुआ और इससे मैं सच्चे मार्गपर आकर भगवान् श्रीकृष्णकी उपासनाकी ओर प्रवृत्त हुई।'

'आप श्रीकृष्णको साक्षात् अवतार मानती हैं अथवा महापुरुष या योगी?' मैंने प्रश्न किया।

रैहाना तय्यबजीने कहा—'भगवान् श्रीकृष्ण साक्षात् परब्रह्म परमात्मा, सम्पूर्णावतार हैं। वे समय-समयपर प्रकट होकर साक्षात् दर्शन देते हैं। धर्मपर विपत्ति आनेपर अवतार लेकर धर्मद्रोहियोंका उद्धार करते हैं। मीराबाईको उन्होंने दर्शन दिये, सूरदासके साथ क्रीड़ाएँ कीं, नरसी भगतकी सहायता की। कर्महीन (अभागा) ही उन्हें साधारण मनुष्य मान सकता है। जिसपर भगवत्कृपा होती है, वही उनके तत्त्वको जान सकता है।'

मैं इन महती श्रीकृष्ण-भक्ता मुस्लिम बहनसे विदा लेने लगा तो वे बोलीं—'बेटा! यह भगवान्‌की महती कृपाका ही फल है कि गीताजीने मुझे सच्चा मार्ग दिखाया। उन्हीं-की कृपासे मांस, अण्डे, मछलीका सेवन छोड़कर शुद्ध सात्त्विक भगवत्प्रसाद ग्रहण करनेको मिला, भगवान् श्रीकृष्णकी भक्ति मिली। पूर्वजन्मके किसी महान् पुण्य और भगवत्कृपाके कारण ही आज मैं इस रूपमें विद्यमान हूँ।'

इन महती श्रीकृष्ण-भक्ताका ७४ वर्षकी आयुमें गत वर्ष ही निधन हुआ है। वे जीवनके अन्तिम क्षणोंतक श्रीकृष्ण-भक्ति-में तल्लीन रहीं। गांधीजी आदि महापुरुष भी उनकी निष्काम भक्ति-भावनाको देखकर आश्चर्यचकित रहते थे।

—श्रीशिवकुमारजी गोयल, पत्रकार

(४)

भगवत्कृपापर विश्वास

मैं ग्रीष्मकालमें सप्ताहके तीन दिन तीसरे पहरका समय 'ट्रुथसेंटर'के पुस्तकालयमें, जिसमें मेरी रुचि थी, बिताया करती थी। पत्र-पत्रिकाओं तथा पुस्तकोंसे सजे मेज और आराम-कुर्सियोंसे अलंकृत पुस्तकालयके ठंडे मनोरम कमरेमें सड़ककी चिलमिलाती धूपसे निकलकर प्रवेश करना बहुत आनन्ददायक लगता था।

एक दिन तीसरे पहर मैंने पुस्तकालयमें एक युवती लड़कीको देखा। उसे मैंने पहले कभी-कभी रविवारकी प्रार्थनामें भी देखा था। वह खिड़कीके समीप बैठकर 'यूनिटी मैगजिन' पढ़नेका प्रयत्न कर रही थी। सिसकनेकी-सी आवाज आयी। एक बार जब मैंने उसकी ओर देखा, तब वह चश्मा उतारकर आँखें पोंछ रही थी। उसने घूमकर देखा कि किसीने उसे ऐसा करते देख तो नहीं लिया है। मैं अपने काममें लग गयी, जैसे कि मैंने उधर देखा ही न हो।

कुछ क्षणोंके बाद मैंने देखा कि लड़की पत्रिकाको अलग रखकर निराशाकी मुद्रामें खिड़कीके बाहरकी ओर देख रही है और उसकी आँखोंमें आँसू छलक आये हैं। समय अधिक हो रहा था, अतः वाचनालयमें हम दोनोंके सिवा अन्य कोई न था। मैंने उसके समीप जाकर उससे पूछा—'क्या सम्बन्धमें तुम मुझे कुछ बतला सकोगी? या इसे ही सीमित रखोगी?'

आँसुओंसे भींगा रूमाल हटाकर वह जोर-ज लगी। मैंने उसके पास ही खिड़कीके निकट

लगाया—'बहन! यहाँ न कोई देख रहा है, न सुन रहा है, जो कुछ भी बात हो, कह डालो। इसके बाद ही तुम्हारा बोझा हल्का हो जायगा।' थोड़ी ही देरमें उसने एक गहरी सिसकी ली। फिर कहा—'आपकी बड़ी दया है, परंतु मुझे खेद है कि मैं वह बात आपको नहीं बतला सकती।'

उसके फिर कुछ कहनेके पहले ही मैंने कहा—'मुझे मालूम है। कभी-कभी ऐसे उद्गार निकल ही पड़ते हैं, फिर भी अब सोचना यह है कि क्या किया जाय? मान लिया जाय कि हम इस सम्बन्धमें कुछ न कर पायें, परंतु ऐसी कोई भी बात नहीं है, जिसे ईश्वर न कर सकें। ईश्वर सब कुछ कर सकते हैं और वे हमींसे करायेंगे। धैर्य धारण करो और इसका उत्तरदायित्व ईश्वरपर छोड़ दो।'

उसने सम्भवतः वैसा ही किया। उसका भार हल्का हो गया। उसकी गम्भीर आँखोंने मुझे यह विश्वास दिलाया।

उसने फिर अपने-आप ही कहा—'यदि आप सुनना चाहती हैं तो मैं कुछ इस सम्बन्धमें निवेदन करती हूँ। सम्भवतः आपसे सहायता मिले। क्या आप ध्यान देंगी?'

'ध्यान! मैं किसीकी सहायता कर सकूँ, इससे बढ़कर और अच्छी बात मेरे लिये हो ही क्या सकती है? मैंने दूसरोंसे बड़ी सहायता ली है, इसीलिये दूसरोंकी सहायता करनेकी मुझे सदा चाह रहती है।' किंतु 'ईश्वर ही सब कुछ करते हैं'—अपनी इस बातको ध्यानमें रखते हुए मैंने उससे कहा—'तुम अपनी सारी बातें मुझे सुनाओ।'

कुर्सीपर आरामसे बैठकर उसने कहा—'मेरा एक बहुत आवश्यक कागज नहीं मिल रहा है। मैंने बहुत ढूँढ़ा, पर उसका कहीं पता न लगा। कल सवेरे ही मुझे उसकी अनिवार्य आवश्यकता है। कागज नहीं मिलेगा तो पता नहीं, मुझपर कितनी वैधानिक विपत्तियाँ आयेंगी! वह कागज सबेरे ही दिखलाना है। बताइये, मैं क्या करूँ?'

डेक्सके दराजों या भीतरी पाकेटोंमें खोजनेकी बात न करके मैंने निर्भीकताके साथ उससे कहा—'कागज मिले या न मिले! तुम्हें अपने कामसे मतलब है या कागजसे? तुम कागजके लिये इतनी परेशान क्यों हो?'

उसने आश्चर्यसे कहा—'क्यों? मेरी वस्तु है, मुझे मिलनी ही चाहिये।'

'ठीक है, थोड़ी देरके लिये कागजकी बात भूल जाओ और सोचो कि वह तुम्हारा कौन-सा काम है, जो सरलतासे सफल हो जाय और उससे सम्बन्धित दूसरे सभी लोगोंका हित हो।'

'पर यह सब तो कागज मिलनेपर ही होगा। मुझे तो सबसे पहले कागज दिखलाना है।'

'सम्भवतः नहीं', कहकर मैं मुस्करायी। 'कदाचित् बिना कागज दिखाये ही ईश्वर सब कुछ ठीक कर दें। तुम यदि ईश्वरपर विश्वास करके सब बातें उन्हें सही-सही बता दो और उचित रूपसे अपनी स्थिति समझा दो तो तुम उनके निर्णयपर आश्चर्यचकित हो जाओगी। कोई कागज रहे या न रहे। ईश्वर ठीक कर लेंगे, सब कुछ ठीक कर लेंगे।'

एक क्षण सोचनेके बाद उसने कहा—'मैं आपका विश्वास करती हूँ।' वह शिष्ट और दृढ़-संकल्पवाली प्रतीत होती थी। उसने अपने झोलेको सँभालकर हैट (टोप) ठीक किया, साँस ली और लहँगेका किनारा ठीककर (वह अपने शरीरके बलपर) खड़ी हो गयी।

"क्या आप कागजके टुकड़ेपर लिख देंगी कि 'ईश्वर सब कुछ ठीक कर देंगे', जिससे मैं उसे अपने साथ ले जा सकूँ।"

मैंने उसके कहनेके अनुसार लिख दिया, तब उसने कहा—'अब मैं घर जाकर एक बार फिर कागज खोज निकालनेका प्रयत्न करूँगी। यदि मैं न पा सकी तो भी मैं कल उनसे मिलने जाऊँगी। मैं कागजके लिये इतनी किंकर्तव्यविमूढ़ हो गयी थी कि मुझे पता ही न चला कि इस कामके लिये दूसरा रास्ता भी हो सकता है। अब मुझे विश्वास हो गया है कि सब कुछ ठीक ही होगा। जो कुछ भी होगा, मैं आपको बतला दूँगी।'

मुझे चुपकेसे धन्यवाद देकर वह चली गयी। मैंने और बातोंसे मन हटाकर देखा कि वह निश्चिन्त और स्वस्थ-चित्त होकर चली जा रही है। अब उसके चेहरेपर किसी प्रकारके भयकी रेखा न थी। उसने स्वीकार किया था कि सब कुछ ठीक होगा और ऐसा ही हुआ भी। ईश्वरने पहलेसे ही सब बातें ठीक कर रखी थीं। दूसरे सप्ताह लौट आयी। वह मेरी डेक्सके सामने धीरेसे खड़ी हो और प्रेम तथा कृतज्ञता प्रकटकर मुसकराने लगी।

'सब ठीक है ।' उसने कहा—'कागज तो नहीं मिला। सचमुच खो ही गया, ऐसा समझती हूँ; किंतु दूसरे दिन सवेरे जब मैं उनसे भेंट करने गयी तो उन लोगोंने कागजके सम्बन्धमें पूछातक नहीं। मैंने उनसे कह दिया कि कागज नहीं मिल सका, इसपर उन्होंने कुछ भी नहीं कहा। मैं मुसकरायी। या तो उन्होंने यह समझा कि मैंने सत्य कहा है या वे भूल गये। पर फिर न मैंने ही वह बात चलायी और न उन्होंने ही प्रसङ्ग छेड़ा। बस, जो कागज मेरे पास थे, उन्हींसे काम चल गया। निर्णय सर्वथा आशातीत और संतोषजनक हुआ।'

इतना कहकर उसने मुझे धन्यवाद दिया (जो मेरी अपेक्षा ईश्वरके लिये ही अधिक था) और मुसकान बिखेरती हुई कुर्सीपर बैठ गयी।

मैं आजतक नहीं जान सकी कि वह कागज क्या था और उसमें क्या खास बात थी? हाँ, मैंने उस डेस्कपर एक छोटा-सा चिह्न अवश्य बना दिया था, जिसे कि दिनमें मैं कई बार पढ़ सकूँ कि 'ईश्वर सब कुछ ठीक कर देंगे।'

(यूनिटी) —एक अमेरिकन बहन

(५)

गांधीजीको ईश्वरकी अनुकम्पाका अनुभव

मैंने देखा है कि गांधीजी जब उठते हैं, बैठते हैं, जँभाई लेते हैं या अँगड़ाई लेते हैं तो लंबी साँस लेकर 'हे राम! हे राम!' ऐसा उच्चारण करते हैं। मैंने ध्यानपूर्वक अवलोकन किया है कि इनके 'हे राम! हे राम!'में कुछ आह-सी होती है, कुछ करुणा होती है, कुछ थकान होती है।

जयपुरके महाराज प्रतापसिंह कवि थे। अपनी बीमारीके असह्य दुःखको जब वे सहन न कर सके, तब उन्होंने ईश्वरको उलाहना देते हुए गाया—

'ग्वालीड़ा, थे काई जाणो पीड़ पराई।
थारे हाथ लकुटिया कांधे कमलिया, थे वन-वन धेनु चराई॥'

गांधीजीका करुणामय 'हे राम! हे राम! कुछ द्रौपदीकी पुकार या गजके आर्तनादकी-सी कल्पना कराता है।

कुछ वर्षों पहलेकी बात है, एक सज्जनने, जो भक्त माने हैं, गांधीजीको लिखा—'मुझे रातमें एक स्वप्न आया। मैंने श्रीकृष्णको देखा। श्रीकृष्णने मुझसे 'गांधीसे कहो कि अब उसका अन्त-समय समीप आ। इसलिये उसे चाहिये कि वह सारे काम-धाम छोड़कर केवल ईश्वर-भजनमें ही लगे।' गांधीजीने उस मित्रको लिखा—'भाई! मैं तो एक पलके लिये भी ईश्वर-भजनको नहीं बिसारता; पर मेरे लिये लोक-सेवा ही ईश्वर-भजन है। दूसरी बात, समय समीप आ गया है, क्या इसीलिये हम ईश्वर-भजन करें? मैं तो यह मानता हूँ कि हम जन्मते हैं, उसी दिनसे हमारी गर्दन यमराजके हाथमें है। फिर हम ईश्वर-भजन करनेके लिये बुढ़ापेतक क्यों ठहरें? ईश्वर-भजन तो हर अवस्थामें हमें करना चाहिये—

अजरामरवत् प्राज्ञो विद्यामर्थं च चिन्तयेत्।
गृहीत इव केशेषु मृत्युना धर्ममाचरेत्॥

(हितोपदेश, प्रस्ताविका ३)

ईश्वरमें उनकी श्रद्धा ऐसी दृढ़ हो गयी कि प्रत्येक वस्तुमें वे ईश्वरकी ही कृति देखते हैं। आश्रममें साँपोंने किसीको नहीं काटा, यह ईश्वरीय चमत्कार (कृपा) है। कोई छोटी-से-छोटी घटना होनेपर भी वे कहते हैं—'इसमें ईश्वरका हाथ था।'

गांधी-अरविन्द-समझौतेके बाद वायसरायके मकानसे आते ही उन्होंने पत्र-प्रतिनिधियोंको एक लम्बा बयान दिया, जो उस समयका एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण वक्तव्य समझा गया था। वक्तव्य देनेसे पहले उन्हें स्मरण भी न था कि क्या कहना उचित होगा। पर ज्यों ही बोलना आरम्भ किया कि जिह्वा धाराप्रवाह चलने लगी, मानो सरस्वती वाणीपर बैठी हो। इसी तरह गोलमेज-परिषद्में उनका पहला व्याख्यान महत्त्वपूर्ण व्याख्यानोंमेंसे एक था। उस व्याख्यानके देनेसे पहले भी उन्होंने कोई सोच-विचार नहीं किया था। वैसे तो उनके लिये यह साधारण घटना थी, पर दोनों घटनाओंके पश्चात् जब मैंने कहा—'आपका यह वक्तव्य अनुपम था, आपका यह व्याख्यान अद्वितीय था' तो उन्होंने कहा—'इसमें ईश्वरका हाथ था।'

यदि कोई कहे कि आपका अमुक काम अच्छा हुआ, तो हमलोग भी सम्भवतः यही कहेंगे—'हाँ, आपकी दयासे अच्छा हुआ, या ईश्वरका अनुग्रह था।' पर हमलोग जब ईश्वरके अनुग्रहकी बात कहते हैं, [illegible] यह सौजन्य या शिष्टाचारकी बात होती [illegible] गांधीजी जब यह कहते हैं कि 'इस [illegible] तब वे अक्षरशः इसी तरह [illegible] श्रद्धा एक महत्त्वपूर्ण वस्तु है। सौजन्यकी बात नहीं। ('बापू'से [illegible]

(६)

साक्षात् भगवत्कृपा

घटना अक्टूबर-नवम्बर १९५१ ई०की है। उस समय मैं दरभंगा जिला-स्कूलमें संस्कृताध्यापक था। उन दिनों मेरे पास धनाभावके साथ-साथ समयाभाव भी था। धनाभावके कारण मैं सामनेकी दूकानसे दीपावलीके लिये समयपर सामान उधार नहीं ले सका। इधर दीपावलीके दो दिन पूर्वसे दूकानदारोंने उधार देना बंद कर दिया था।

दीपावलीके दिन किसीसे दो-चार रुपये कर्ज भी लेना सम्भव नहीं था, इसलिये मुख भी नहीं खोला। एक भी पैसा हाथमें न था। घरमें छोटे-छोटे तीन बच्चे, एक छोटा भाई तथा पत्नी थी। चारों ओर दो दिन पहलेसे ही दीपावलीकी चहल-पहल थी।

मैंने अपनी पत्नीके साथ गुप्त रूपसे यह तय किया कि प्रातः चार बजेके लगभग ही हमलोग सभी बच्चोंके साथ दरभंगा रेलवे-स्टेशनकी ओर चल दें और घूमते-फिरते रात नौ-दस बजे घरपर आकर चुपचाप सो जायँगे। घर बंद देखकर मुहल्लेवाले समझेंगे कि पण्डितजी अपने गाँव चले गये। (यद्यपि यह चक्कर भी पैदल ही लगाना होता; क्योंकि पासमें पैसे नहीं थे।)

इसी विचारमें मग्न था कि सड़कपर एक ताँगा रुका, उससे एक नवयुवक उतरा और उसने मेरा नाम लेकर कहा कि 'मैं उनसे मिलना चाहता हूँ।' मैंने कहा—'कहिये, मैं ही हूँ।' वह नवयुवक बोला—"मैं प्राइवेटसे 'मैट्रिक परीक्षा'के टेस्टमें बैठूँगा। मैं अपने आवेदन-पत्रको लेकर प्रधानाध्यापकसे मिला, उन्होंने कहा कि जाओ 'मैथिलोंका ठेका पं० आद्याचरण झा लिये हुए हैं, वे ही तुम्हारे फोटोको अभी प्रमाणित कर देंगे, दीपावलीके बाद अमुक तिथिको विद्यालय खुलेगा, उसी दिन फार्म जमा करना होगा।' इसलिये कृपया मेरे चित्रको प्रमाणित कर दें; फार्म-फीस रख लें तथा विद्यालय खुलनेके दिन जमा कर दें। मैं पुनः शीघ्र आऊँगा।" यह कहते हुए फोटोसहित फार्म तथा दस रुपये फीस आदिके लिये देते हुए उसने प्रणाम किया और घर जानेकी आज्ञा माँगी; क्योंकि ट्रेन छः बजे खुलती थी, उसे उसीसे घर जाना था। मैं किंकर्तव्यविमूढ़-सा देखता रहा और वह छात्र बड़ी नम्रतासे पुनः मैथिली भाषामें प्रणाम निवेदन करते हुए चला गया।

विद्यालयके तत्कालीन प्रधानाध्यापक मुझसे किसी विषयको लेकर अप्रसन्न थे। यद्यपि प्रधानाध्यापक महोदयने उक्त छात्रसे सीधे व्यङ्ग्यमें ही मेरी ओर इशारा किया था, किंतु वह अज्ञात छात्र इसे न समझ सका और सीधे मेरे पास चला आया।

मैंने अस्थायी रूपमें प्राप्त उक्त दस रुपयेसे तुरंत दीपावलीके लिये सामानकी व्यवस्था की। उन दिनों दस रुपये पर्याप्त थे।

संकट-भरे दिनोंमें मुझ-जैसे गरीब शिक्षकको दीपावलीके दिन बच्चोंके साथ चुपके-चुपके मोहल्लासे पैदल भाग निकलनेकी कारुणिक स्थितिसे भगवान्ने असामयिक, अकाल्पनिक दस रुपये भेजकर बचा लिया।

इस अविस्मरणीय रहस्यमय घटनाको लगभग पचीस वर्ष बीत चुके हैं। आज भी उस समयकी स्मृति मुझमें भगवच्चरणोंके प्रति अगाध प्रीतिका संचार कर रही है। आजका पाश्चात्त्य विचार-धाराप्रभावित मानव सम्भवतः इसे मात्र 'संयोग' कहकर टाल देगा, परंतु मेरी दृष्टिमें यह साक्षात् भगवत्कृपा है। —पं० श्रीआद्याचरणजी झा

(७)

भगवत्कृपाके प्रत्यक्ष दर्शन

भगवत्कृपाका न नियत काल है, न नियत स्थान, वह तो सर्वत्र समानरूपसे बरस रही है। उक्त घटना परासकोल कुलियारीकी है, यह स्थान आसनसोलमें है।

चंचनी कम्पनीद्वारा १९६८ ई०के नवम्बर मासकी २६ तारीखसे श्रीमद्भागवतपर प्रवचनका कार्यक्रम बड़े उत्साहसे प्रारम्भ कराया गया।

प्रवचनके लिये मुझे आमन्त्रित किया गया था। मैं अपने एक वेदपाठी मित्रके साथ वहाँ पहुँचा और कम्पनीके श्रमिक-सलाहकार श्रीचतुर्वेदीजीके घरपर ठहरा। उत्साहसे श्रीमद्भागवत-सप्ताह सम्पन्न हुआ। ३ दिसम्बरको कथा समाप्त कर मैंने घरके लिये प्रस्थान किया। कारमें हम कुल सात व्यक्ति थे। श्रीमती चतुर्वेदी, उनका एकमात्र पुत्र, श्रीमती चतुर्वेदीकी देवरानी तथा उनका एक वर्षीय पुत्र—ये पीछेकी सीटपर और आगे ड्राइवरके पास मेरे वेदपाठी मित्र और खिड़कीके पास मैं बैठा था। लगभग रात्रिके नौ बज रहे थे। हम प्रसन्नतापूर्वक कारके चारों ओर खड़े हितैषी मित्र सज्जनोंका यथोचित अभिवादन कर रहे थे। थोड़ी दूरीपर रेलवे लाइन थी,

जिसपर मालगाड़ी आ रही थी। उल्टा इंजिन खींच रहा था, अतः न लाइट आ रही थी, न सीटी ही दी गयी थी तथा न फाटक ही बंद होनेकी व्यवस्था थी। मैंने दस हाथ दूरसे ही देखकर ड्राइवरसे कहा—'अरे! कार रोको, गाड़ी आ रही है, गाड़ी आ रही है।' अन्य लोगोंने भी हो-हल्ला करना प्रारम्भ कर दिया। कोनेसे मालगाड़ी एकदम आ गयी थी, अतः किसीको इतनी शीघ्र दिखलायी न दे सकी कि वह सुरक्षा कर सके। ड्राइवरने कारकी चाल बंद की। ब्रेक काम न दिया, उसने लाइन पार करनी चाही कि इंजिनके बफरने कारमें तेज धक्का दिया। शीशे क्षणभरमें गायब थे। खिड़की बफरपर टँग गयी। पूरी कार उसके साथ हो गयी और धक-धक-धक करते इंजिनके साथ बफरपर टँगी खिलौनेकी-सी गाड़ी चलती रही। आउटर सिगनलोंसे टकराती गयी। कार टूटे कनस्तरकी दशाको प्राप्त कर चुकी थी। पीछेकी सीटपर बैठी श्रीमती चतुर्वेदी सीटके नीचे थीं। बच्चा बाहर लटक रहा था, पैर ऊपर थे। करुण दृश्य था। दर्शकोंमें कुछ चिल्ला रहे थे—'गाड़ी रोको, गाड़ी रोको', कुछ बेहोशीकी दशामें थे, कुछ गाड़ीके साथ-साथ भाग रहे थे।

गाड़ीके दोनों और इंजिन लगे थे। इधरके ड्राइवरने ब्रेक दिये तो पीछेके ड्राइवरने और भी जोर लगाया; क्योंकि लम्बी गाड़ी थी और उसे एक्सीडेंटका पता उस समयतक नहीं लगा था। जब उसने दर्शकोंको चिल्लाते देखा, तब गाड़ी रुकी। खींचातानीमें हम सात सौ फीटकी दूरी उसी इंजिनमें लटके-लटके पार कर चुके थे; भीड़ साथ दौड़ती आ रही थी। हम निःशब्द और बेहोश थे; परंतु पीछेकी सीटपर जो बैठे थे, वे निरापद थे। फलतः तुरंत बाहर निकल आये। ड्राइवर भी सुरक्षित था। मेरे वेदपाठी मित्र सीटसे भिड़े पड़े थे। हम कारके ऊपरी और भीतरी भागमें टक्करोंसे चिपक गये थे, अतः निकलनेका कोई प्रश्न ही नहीं था। सब लोगोंने जीवनकी आशा त्याग दी। जब कारकी टीनपर हथौड़े तथा कुदाल पड़ने लगे, तब मेरे मित्रने हाथ हिलाया, लोगोंको थोड़ी खुशी हुई कि एक तो जीवित है, उन्हें निकाला गया। रातका संनाटा, औजारोंकी आवाज, बाहरसे करुण पुकार तथा विभिन्न उपायोंकी बौछार। कारकी छत तोड़कर हमारे शरीरको निकाला गया, जीवन शेष था। सब प्रसन्न हो गये। बड़ी गाड़ीमें डालकर हम दोनोंको सबके साथ समीपके अस्पतालमें ले जाया गया। सबका परीक्षण हुआ, तात्कालिक उपचार भी हुआ। किसीके कोई सांघातिक चोट नहीं आयी थी। हाँ, मेरी छः हड्डियाँ क्रेक हुईं, औरोंके शरीरमें शीशेके कुछ अंश समाये थे। मुझे ऐसा लगा था कि किसी भयंकर आत्माने हमें रेलके सामने डाला था और दिव्य ज्योतिने गोदमें उठा लिया था। वह ज्योति और कुछ नहीं, जिसके आश्रयसे गये थे, श्रीमद्भागवतके नायक उन्हीं साक्षात् भगवान् श्रीकृष्णकी कृपा थी। इतने भयंकर एक्सीडेंटमें किसीके प्राण नहीं गये, वहाँके रेल-कर्मचारियोंद्वारा यह रेलवेके इतिहासकी एक अभूतपूर्व घटना बतलायी गयी।

जिस प्रकार व्रज-गोपिकाओंने पूतनाके वक्षःस्थलपर भगवान् श्रीकृष्णको लीला करते पाया था, उसी प्रकार चतुर्वेदीजीके बालकको किलकारी भरते देखकर लोग आश्चर्यचकित थे।

मैं आज भी प्रभुकी उस कृपाका स्मरण करता हूँ, जिसके कारण अबतक सर्वावयवपरिपूर्ण उनके गुणगान करनेका सौभाग्य मिल रहा है। प्रभुकी कृपा धन्यातिधन्य है।

—डॉ० श्रीवासुदेवकृष्णजी चतुर्वेदी, डी० लिट्०

(८)

विपत्तिमें सहायता

सब जानत प्रभु प्रभुता सोई। तदपि कहे बिनु रहा न कोई॥

(मानस १।१२।१)

वैशाखका महीना था। कुछ यात्री माहिष्मतीसे श्रीजगदीशजी जा रहे थे। मैं पहलेसे ही प्रवासमें था। चोली-महेश्वरसे मैं भी इस दलके साथ हो गया। विद्यार्थी व्रजलाल मेरे साथ था। हमलोग नर्मदाके तटपर घूमते हुए दक्षिणकी ओर मध्यप्रदेशके सघन वनमें चले गये। दलके सभी लोग बड़े सज्जन थे। पं० श्रीरामनारायणजी मुख्य पथ-प्रदर्शक थे। सबका सामान ढोनेके लिये एक मजदूर था। वस्त्र, पुस्तक आदि आवश्यक वस्तुएँ हमलोगोंके पास थीं। सायंकालतक हम एक ऊँचे पर्वतकी तलहटीमें पहुँचे। वहाँ जंगल-विभागकी एक चौकी थी, उसमें दो व्यक्ति रहते थे। सुहावना जंगल था, पास ही फलोंसे भरी सुन्दर हरित वृक्ष-श्रेणियाँ थीं और एक स्वच्छ जलाशय था। आज वहीं ठहर गये। स्नान, संध्या और भोजनादिसे निवृत्त होकर सोनेके लिये वृक्षोंके नीचे बिस्तर लगा लिये गये। वृक्षोंकी हरियाली थी, ठण्डी वायु बह रही थी, व्रजवासी पं०

श्रीसरयूशरणजीने व्रजभाषाके दो-एक मनोहर पद सुनाये और फिर बड़े प्रेमसे 'जगन्नाथाष्टक' गाने लगे। मुझे भी उमंग आ गयी, मैं और व्रजलाल भी उनके साथ गानेमें तन्मय हो गये। कुछ समय भगवच्चर्चामें बीत गया।

चौकीदार बहुत भले आदमी थे। उन्होंने कहा—'कल आपलोगोंको इस पहाड़पर बीस मील चढ़ना पड़ेगा। रास्तेमें दूकान या गाँव नहीं है, न कहीं पानी ही मिलेगा, फिर गर्मीका मौसम है, अतः आपलोग सवेरे पाँच बजे नित्यकर्म, जलपान आदि करके अपने साथ जल अवश्य लेकर रवाना होइयेगा। भयंकर जंगल है, सावधानीसे जाना पड़ेगा।' सुनकर सब चुपचाप सो गये। प्रातःकाल सबने स्नानादि करके जलके लोटे भर लिये और 'जय जगदीश' कहकर यात्रा आरम्भ कर दी।

पर्वतपर पगडंडी गयी थी, दोनों ओर ढालू जगह थी। हमलोग दो-चार मील तो हँसते-खेलते ही चढ़ गये। आठ बज चुके थे, अभी कड़ी धूप नहीं थी, पर दोपहरकी आनेवाली धूपको सोचकर सब चुपचाप आगे बढ़ने लगे। बारह बजते-बजते सूर्यकी प्रचण्ड किरणोंसे पर्वतके पत्थर तपने लगे, वृक्षोंके पत्ते भी गिर रहे थे, कहीं शीतल छाया नहीं थी। गरम लू चल रही थी। सभी पसीनेसे तर हो रहे थे। सबको अपनी-अपनी लगी थी। मैं और व्रजलाल सबसे पीछे रह गये। साथी कई मील आगे निकल गये। इस समयतक हमलोग सम्भवतः दस मील ही चढ़ पाये थे।

पैर आगे नहीं बढ़े, भारी हो गये। दोपहरका समय था। व्रजलाल घबराकर एक पलास-वृक्षके नीचे बैठ गया। अब सामानको एक ओर रख मैं भी वहीं बैठ गया। जल प्रायः आधा पी चुके थे। एक कदम भी आगे बढ़ना कठिन ही नहीं, दुष्कर-सा था। व्रजलाल थकावटसे वहीं सो गया। उस विशाल वनमें मैं अकेला जग रहा था। पर्वतपर कहीं योजनों लम्बी झील दिखलायी पड़ रही थी तो कहीं दावानलका धुआँ बड़े जोरोंसे उठ रहा था। बीच-बीचमें गुफाओंसे गरजनेकी आवाजें सुनकर मैं चौंक पड़ता था। हम दोनोंके पास लगभग तीन सौ रुपये कमरमें बँधे थे। मैं इस कठिन यात्राका अनुभव कर चिन्तित-सा हो रहा था। भयंकर वनमें न किसी पथिकके दर्शन, न कोई ढाढस देनेवाला। हम दोनों नये अनजान यात्री पगडंडीके किनारे पड़े थे। अभी लगभग पाँच कोस मार्ग शेष था, जल लानेका कोई उपाय नहीं। हमारे पास थोड़ा-सा जल बचा था, भूख बड़े जोरोंसे लग रही थी। चारों ओर केवल वन और नीला आकाश दिखलायी पड़ता था। मेरी चिन्ता बढ़ रही थी। इतनेमें सामनेसे उसी पगडंडीपर एक भयानक भील कुल्हाड़ी लिये आता दिखलायी पड़ा। उसकी आँखें लाल थीं और चालमें बड़ी तड़क-भड़क थी। मैंने सोचा, यह अवश्य कोई डाकू है। व्रजलालको धीरेसे जगाया और कहा—'यह देखो लुटेरा आ गया, अब हम नहीं बचेंगे।' व्रजलाल घबराकर काँपने लगा। मैं भी धैर्यच्युत हो गया था। वह हमारे निकट अपनी पीठपरकी गठरी नीचे रखकर बैठ गया। व्रजलालने कहा—'भाई! हमारे पास जो है, वह ले लो; पर हमें जानसे मत मारो।' यह सुनकर वह मुस्कराया और बोला—'मुझे थोड़ा पानी पिलाओ।' मेरे होश उड़ गये; क्योंकि यह थोड़ा पानी ही हमारा जीवन था, पर भगवान्‌का भरोसा कर मैंने पानी पिला दिया। यही खैर थी कि दूसरे लोटेका पानी उसने नहीं माँगा। अब उसने अपनी गठरी खोली। उसमें केले थे। मुझे और व्रजलालको आठ-आठ केले देकर उसने कहा—'खा लो।' हम भूखे तो थे ही, उसकी यह प्यार-भरी बोली सुन, भगवान्‌को अर्पण कर केले खा गये। तृप्तिके साथ ही आत्मामें शान्ति प्रतीत हुई; फिर दूसरी बार उसने मुस्कराकर उतने ही केले हमें और दिये और कहा—'जब भूख लगे तो इन्हें खा लेना। डरो मत, वह देखो, 'चीखलदा' पास ही है, वहीं जल मिलेगा। तुम्हारे चार साथी आगे कुछ दूरपर बैठे हैं। उनमें पं० श्रीरामनारायणने मुझसे कहा है कि दो लड़के तुम्हें रास्तेमें मिलेंगे, उन्हें शीघ्र भेज देना, अतः जाओ, तुम्हारे साथी शीघ्र ही मिल जायँगे।' मैंने उसकी दयालुतापर मुग्ध हो कुछ और बातें करनी चाहीं, पर उसकी भयावनी मुखाकृति देख मैं और कुछ भी कहनेका साहस नहीं कर सका। वह हमें समझाकर चल दिया।

अब हममें बल आ गया था। कुछ विनोदकी बातें भी होने लगीं। भूख-प्यास मिट गयी थी। झपाटेसे चढ़ने लगे। लगभग एक बजे चले थे और पाँच बजेतक ऊपर चढ़ गये। वहाँ शिखरपर एक पुराना किला था और पास ही फला-फूला गूलरका वृक्ष था। वहाँ पहुँचते ही पेड़पर कोलाहल सुनायी पड़ा। वे कह रहे थे—'आओ भाई! आपलोग आ गये? हमलोग बड़े हैरान थे कि इतनी देर कहाँ हो गयी?' आवाजसे व्रजलालने साथियोंको पहचान लिया। वे गूलर खा रहे थे। हम भी पास ही एक वृक्षके नीचे बैठ गये। अब

पं० श्रीरामनारायणजीने कहा—'क्या करें, प्यासके भयसे हम आगे चले आये। आप पीछे रह गये, क्षमा कीजियेगा। भूखे होंगे। हम फल फेंकते हैं, इन्हें खाइये। गाँव यहाँसे दो मील दूर है। अभी थोड़ा विश्राम करके चलेंगे।'

ये बातें सुन ब्रजलालने हँसकर मुझसे कहा—'देखो भाई! हमें अनजान भयानक जंगलमें छोड़ ये यहाँ गूलरके फल खा रहे हैं' और फिर जोरसे कहा—'पण्डितजी! आप तो उपदेशक हैं और इन भुनगोंसे भरे गूलरके फलोंको कैसे पावन कर रहे हैं?' यह सुन पण्डितजी थोड़ा लज्जित-से हो गये और बोले—'भाई! भूखा क्या नहीं करता? फिर भी हम फलको तोड़कर फूँकसे भुनगोंको उड़ा देते हैं, तब खाते हैं। तुम भी भूखे हो, कुछ खा लो न?' ब्रजलालने मुझे संकेत किया और दोनोंने केलेकी फली निकालकर दिखलायी कि 'हमारे पास तो ये हैं, हम क्यों गूलर खाने जायँ? खूब केले खाये हैं, क्या आपको नहीं मिले?'

पं० श्रीरामनारायणजी नीचे उतर आये। साथी भी उनके पीछे-पीछे आ गये। आते ही उन्होंने पूछा—'ये केले कहाँ मिले? रास्तेमें तो जंगलके सिवा और कुछ भी न था।' मैंने कहा—'आपने जिस भीलसे संदेश कहला भेजा था, उसीने आठ-आठ केले हमें खिलाये और उतने ही हमारे साथ बाँध दिये। ये रखे हैं।' मेरी बात सुनकर सब आश्चर्यचकित हो गये। कहने लगे—'जगदीशकी शपथ, मार्गमें हमें कोई मनुष्य नहीं मिला और न हमने किसीसे संदेश कहलवाया! आप हँसी कर रहे हैं।'

मैंने पं० श्रीरामनारायणजीका हाथ पकड़कर कहा—'पण्डितजी! क्या मैं आपसे हँसी कर सकता हूँ? जगदीश-यात्रामें आपसे जो कुछ कहा है, बिल्कुल सच है।' सुनकर पं० श्रीसरयूशरणजी तो स्तब्ध-से हो गये। सभी गहरे विचारमें डूबे थे। मैं तो अभीतक उसे जंगली पथिक समझ रहा था, अब मेरा हृदय भी डावाँडोल होने लगा। मार्गमें साथियोंसे न मिलकर उस 'भील'ने उनकी संख्या और नाम कैसे बतला दिये? प्रभुकी अद्भुत लीला थी!

इसी समय पं० श्रीसरयूशरणजीने रोते हुए केले माँगे, मैंने सोलहों केले उनके सामने रख दिये। सबने दो-दो केले उठा लिये। पं० श्रीसरयूशरणजी तो छिलकेसहित खा गये। शेष केले हमारे लिये बच गये।

मेरे हृदयमें हिलोरें उठने लगीं, हृदय भर आया। वियोगसे रहा नहीं गया, मैं रो पड़ा और कहने लगा—'वे दयासिन्धु केले खिलानेवाले कौन थे? जिन्होंने जल पीकर हमें ढाढस बँधाया, नयी शक्तिका संचार कर इस पर्वतपर पहुँचा दिया। वे पतितपावन प्रभु कहाँ गये?' मैं बार-बार इसी प्रकार कहकर रोने लगा। पं० श्रीसरयूशरणजीने मुझे हृदयसे लगाकर रूँधे कण्ठसे कहा—'वे दयासागर थे, घट-घटकी जाननेवाले अन्तर्यामी प्रभु थे। हमलोगोंने आप दोनोंको अकेले छोड़कर जो अपराध किया है, उसे क्षमा कीजिये और अब कुछ न कहिये।'

मैं चुप हो गया। शेष केले मित्रोंमें बँट गये थे। मैंने प्रेमवश एक रख लिया था, वह बहुत दिनोंतक सूखता रहा। हमारे दुःखमें सहायता पहुँचानेवाले ये कौन थे, यह तो प्रभु ही जानते हैं! —गोस्वामी श्रीलक्ष्मणाचार्यजी, वाणी-भूषण

(९)
भगवान् शिवकी प्रत्यक्ष भक्तवत्सलता

घटना कई वर्ष पहलेकी है। पटना जिलेके एक गाँवमें श्री''नामक एक सज्जन रहते थे, जो भगवान्‌की शिवरूपमें उपासना करते थे। उनके सर्वस्व शिव ही थे। वे जो कुछ कहते, भगवान् शिवसे ही कहते और उनका सारा काम किसी-न-किसी प्रकार चल ही जाता।

उस वर्ष वैशाख या ज्येष्ठ मासमें उनकी पुत्रीका विवाह था। वर-पक्षवालोंने इनसे बड़ी रकम तिलकके रूपमें तो ली ही थी, साथ ही बारात सजाने, रोशनी, बाजे-गाजे आदिका भी सारा भार इन्हींके जिम्मे कर दिया था।

इन्होंने सब कुछ स्वीकार कर लिया। वरके पिताने जो कुछ कहा, इन्होंने मान लिया और दिन-रात एक करके सारी बातें पूरी कीं। सारा प्रबन्ध हुआ, किंतु विवाहके दिन बाजेका प्रबन्ध न हो सका। उस दिन 'लग्न' अधिक संख्यामें थी, इसीलिये बहुत प्रयत्न करनेपर भी उन्हें कोई बाजा नहीं मिला। संध्या हो चली और यह भी सूचना मिल गयी थी कि बारातके लोग आ रहे हैं और गाँवके निकट पहुँच रहे हैं। फिर भी बाजेका प्रबन्ध न हो सका। बात छोटी-सी थी, पर उनके लिये तो यह एक बड़ी भारी समस्या हो गयी।

गाँववालोंने भी ताना मारते हुए कहा—'आज बिना बाजेके ही बारात श्री'''बाबूके द्वार लगेगी। किसीने उनकी भक्तिकी हँसी उड़ाते हुए कहा—'सम्भवतः शिवजी अब भी कोई प्रबन्ध कर दें।'

ये सब बातें श्री'''के लिये असह्य हो उठीं। वे चुपचाप खिसक गये और अपने आराध्यदेवके मन्दिरमें जा पहुँचे। भक्त अपने भगवान्‌के अतिरिक्त और किसके पास जा सकता है। उन्होंने शिवलिङ्गके समक्ष रो-रोकर कहना प्रारम्भ किया—

'भगवन्! यह कौन-सी लीला कर रहे हैं? आपने सारी व्यवस्था तो कर दी, क्या एक बाजेका प्रबन्ध करना आपके लिये कठिन था। जो कुछ अबतक हुआ है, सब आपने ही तो किया है। मैं तथा मेरे कुटुम्बके लोग तो सब निमित्तमात्र रहे हैं। अब यदि बाजेका प्रबन्ध नहीं हुआ तो मैं मुख दिखलाने योग्य नहीं रह जाऊँगा। बस, यही आपसे मेरी प्रार्थना—टेक है।'

उधर बारात गाजे-बाजेके साथ गाँवके पास पहुँची; किंतु श्री'''लापता हैं। लोगोंने बहुत छान-बीन की, किंतु वे कहीं न मिले। सबको चिन्ता-सी सताने लगी। लोग कहने लगे—'ठीक समयपर ही वे कहाँ चले गये? अब कैसे क्या होगा?' इतनेमें ही किसीको उनकी शिव-भक्तिकी याद हो आयी। अनुमान लगाया गया कि वे शिव-मन्दिरमें होंगे। वास्तवमें खोजनेपर वे मिले भी वहीं।

लोगोंने कहा—'आप यहाँ क्यों पड़े हैं?'

श्री'''बोले—'बाजेका प्रबन्ध जो नहीं कर सका। अब क्या मुख दिखाऊँ?'

उत्तर मिला—'बाजा तो बज रहा है। आप क्यों चिन्ता कर रहे हैं? सम्भवतः बारातवालोंने ही बाजेका प्रबन्ध कर लिया है।'

बाजेका शब्द सुनायी पड़ रहा था, इसीलिये श्री'''को विश्वास करनेमें देर न लगी।

बारात द्वारपर आयी और शुभ लग्नमें विवाह हो गया। बड़ा सुन्दर बैंड बाजा था। लोग मुग्ध थे। ऐसा बाजा पहले उन लोगोंने नहीं सुना था। विवाह सम्पन्न हुआ। अब आया बारातवालोंको भोजन करानेका समय। इससे पहले बारातमें पूरी-मिठाई भेज दी गयी थी, उस समय सबकी अलग-अलग खोज नहीं की गयी थी; किंतु भोजन करानेके लिये तो सबकी खोज आवश्यक थी। सब आये; किंतु बाजेवाले नहीं आये। बारातवालोंसे पूछा गया—'आपके बाजेवाले कहाँ गये?'

उत्तर मिला—'हमारे बाजेवाले कहाँ? उन्हें तो आपने ही भेजा था।'

श्री'''''बोले—'मैंने भेजा था, यह आपको किसने कहा?'

वरके पिता—'उन्हीं बाजेवालोंने तो! हमलोग आ रहे थे, ये बाजेवाले रास्तेमें मिले और हमसे बोले क्या अमुक बाबू आप ही हैं? क्या आपके ही पुत्रकी बारात अमुक गाँवमें जा रही है? हमको श्री'''''ने आपके ही लिये भेजा ह!'

उत्तर सुनकर श्री'''''अवाक् रह गये। उन्होंने अधिक पूछ-ताछ नहीं की। भोलेनाथकी अद्भुत कृपाका प्रत्यक्ष अनुभव कर वे रोने लगे। इतना रोये कि घिग्घी बँध गयी, किंतु इस रोनेमें जो आनन्द था, उसका अनुभव कोई भाग्यवान् भक्त ही कर सकता है।

—श्रीरघुनन्दनप्रसादसिंहजी

(१०)

श्रीहनुमान्‌जीकी दयालुता

बात जून १९७५ ई० की है। मेरी दो वर्षीय पुत्रीको 'डिहाइड्रेशन'की शिकायत हुई। उसे स्थानीय बड़े अस्पतालमें भरती कराया। इंजेक्शन आदि दिये गये, सुबहतक ठीक हो गयी। घर ले आये। दूसरे दिन उसके बायें पैरमें कुछ असामान्यता दिखायी दी। चलते समय वह ऐसे चलती जैसे कोई काँटा आदि चुभ गया हो। बात साधारण-सी समझकर किसीने विशेष ध्यान नहीं दिया। एकाएक ध्यान आया कि डाक्टरको दिखा दें, जिससे पिछली चल रही दवाओंके चालू रखने या न रखनेपर वे अपनी राय दे सकें। डाक्टरको दिखाया। उन्होंने उसका पैर भी देखा और पूछा कि इसे पोलियो वैक्सीन दिया या नहीं। मेरा माथा ठनका। तीन खुराकमेंसे केवल एक ही खुराक दी थी। मैंने उन्हें सारी बात बतलायी। उन्होंने कहा कि इसे पोलियोका असर हो गया है। इसकी दवा कोई नहीं, केवल रोकथामके लिये गरम-ठंडे पानीका सेंक कर सकते हैं। तीन सप्ताहतक इसका प्रभाव देखना होगा। इतनी अवधिमें यह बढ़ता है या नहीं,

पं० श्रीरामनारायणजीने कहा—'क्या करें, प्यासके भयसे हम आगे चले आये। आप पीछे रह गये, क्षमा कीजियेगा। भूखे होंगे। हम फल फेंकते हैं, इन्हें खाइये। गाँव यहाँसे दो मील दूर है। अभी थोड़ा विश्राम करके चलेंगे।'

ये बातें सुन व्रजलालने हँसकर मुझसे कहा—'देखो भाई! हमें अनजान भयानक जंगलमें छोड़ ये यहाँ गूलरके फल खा रहे हैं' और फिर जोरसे कहा—'पण्डितजी! आप तो उपदेशक हैं और इन भुनगोंसे भरे गूलरके फलोंको कैसे पावन कर रहे हैं?' यह सुन पण्डितजी थोड़ा लज्जित-से हो गये और बोले—'भाई! भूखा क्या नहीं करता! फिर भी हम फलको तोड़कर फूँकसे भुनगोंको उड़ा देते हैं, तब खाते हैं। तुम भी भूखे हो, कुछ खा लो न?' व्रजलालने मुझे संकेत किया और दोनोंने केलेकी फली निकालकर दिखलायी कि 'हमारे पास तो ये हैं, हम क्यों गूलर खाने जायँ? खूब केले खाये हैं, क्या आपको नहीं मिले?'

पं० श्रीरामनारायणजी नीचे उतर आये। साथी भी उनके पीछे-पीछे आ गये। आते ही उन्होंने पूछा—'ये केले कहाँ मिले? रास्तेमें तो जंगलके सिवा और कुछ भी न था।' मैंने कहा—'आपने जिस भीलसे संदेश कहला भेजा था, उसीने आठ-आठ केले हमें खिलाये और उतने ही हमारे साथ बाँध दिये। ये रखे हैं।' मेरी बात सुनकर सब आश्चर्यचकित हो गये। कहने लगे—'जगदीशकी शपथ, मार्गमें हमें कोई मनुष्य नहीं मिला और न हमने किसीसे संदेश कहलवाया! आप हँसी कर रहे हैं।'

मैंने पं० श्रीरामनारायणजीका हाथ पकड़कर कहा—'पण्डितजी! क्या मैं आपसे हँसी कर सकता हूँ? जगदीश-यात्रामें आपसे जो कुछ कहा है, बिल्कुल सच है।' सुनकर पं० श्रीसरयूशरणजी तो स्तब्ध-से हो गये। सभी गहरे विचारमें डूबे थे। मैं तो अभीतक उसे जंगली पथिक समझ रहा था, अब मेरा हृदय भी डावाँडोल होने लगा। मार्गमें साथियोंसे न मिलकर उस 'भील'ने उनकी संख्या और नाम कैसे बतला दिये? प्रभुकी अद्भुत लीला थी!

इसी समय पं० श्रीसरयूशरणजीने रोते हुए केले माँगे, मैंने सोलहों केले उनके सामने रख दिये। सबने दो-दो केले उठा लिये। पं० श्रीसरयूशरणजी तो छिलकेसहित खा गये। शेष केले हमारे लिये बच गये।

मेरे हृदयमें हिलोरें उठने लगीं, हृदय भर आया। मैं रो पड़ा और कहने लगा—'वे दयासिन्धु केले खिलानेवाले कौन थे? जिन्होंने जल पीकर हमें ढाढस बँधाया, नयी शक्तिका संचार कर इस पर्वतपर पहुँचा दिया। वे पतितपावन प्रभु कहाँ गये?' मैं बार-बार इसी प्रकार कहकर रोने लगा। पं० श्रीसरयूशरणजीने मुझे हृदयसे लगाकर रूँधे कण्ठसे कहा—'वे दयासागर थे, घट-घटकी जाननेवाले अन्तर्यामी प्रभु थे। हमलोगोंने आप दोनोंको अकेले छोड़कर जो अपराध किया है, उसे क्षमा कीजिये और अब कुछ न कहिये।'

मैं चुप हो गया। शेष केले मित्रोंमें बँट गये थे। मैंने प्रेमवश एक रख लिया था, वह बहुत दिनोंतक सूखता रहा। हमारे दुःखमें सहायता पहुँचानेवाले ये कौन थे, यह तो प्रभु ही जानते हैं! —गोस्वामी श्रीलक्ष्मणाचार्यजी, वाणी-भूषण

(९)

भगवान् शिवकी प्रत्यक्ष भक्तवत्सलता

घटना कई वर्ष पहलेकी है। पटना जिलेके एक गाँवमें श्री··नामक एक सज्जन रहते थे, जो भगवान्‌की शिवरूपमें उपासना करते थे। उनके सर्वस्व शिव ही थे। वे जो कुछ कहते, भगवान् शिवसे ही कहते और उनका सारा काम किसी-न-किसी प्रकार चल ही जाता।

उस वर्ष वैशाख या ज्येष्ठ मासमें उनकी पुत्रीका विवा था। वर-पक्षवालोंने इनसे बड़ी रकम तिलकके रूपमें तो ल ही थी, साथ ही बारात सजाने, रोशनी, बाजे-गाजे आदि भी सारा भार इन्हींके जिम्मे कर दिया था।

इन्होंने सब कुछ स्वीकार कर लिया। वरके पिताने जो कुछ कहा, इन्होंने मान लिया और दिन-रात एक करके सारी बातें पूरी कीं। सारा प्रबन्ध हुआ, किंतु विवाहके दिन बाजेका प्रबन्ध न हो सका। उस दिन 'लग्न' अधिक संख्यामें थी, इसीलिये बहुत प्रयत्न करनेपर भी उन्हें कोई बाजा नहीं मिला। संध्या हो चली और यह भी सूचना मिल गयी थी कि बारातके लोग आ रहे हैं और गाँवके निकट पहुँच रहे हैं। फिर भी बाजेका प्रबन्ध न हो सका। बात छोटी-सी थी, पर उनके लिये तो यह एक बड़ी भारी समस्या हो गयी थी।

गाँववालोंने भी ताना मारते हुए कहा—'आज बिना बाजेके ही बारात श्री···बाबूके द्वार लगेगी। किसीने उनकी भक्तिकी हँसी उड़ाते हुए कहा—'सम्भवतः शिवजी अब भी कोई प्रबन्ध कर दें।'

ये सब बातें श्री···के लिये असह्य हो उठीं। वे चुपचाप खिसक गये और अपने आराध्यदेवके मन्दिरमें जा पहुँचे। भक्त अपने भगवान्‌के अतिरिक्त और किसके पास जा सकता है। उन्होंने शिवलिङ्गके समक्ष रो-रोकर कहना प्रारम्भ किया—

'भगवन्! यह कौन-सी लीला कर रहे हैं? आपने सारी व्यवस्था तो कर दी, क्या एक बाजेका प्रबन्ध करना आपके लिये कठिन था। जो कुछ अबतक हुआ है, सब आपने ही तो किया है। मैं तथा मेरे कुटुम्बके लोग तो सब निमित्तमात्र रहे हैं। अब यदि बाजेका प्रबन्ध नहीं हुआ तो मैं मुख दिखलाने योग्य नहीं रह जाऊँगा। बस, यही आपसे मेरी प्रार्थना—टेक है।'

उधर बारात गाजे-बाजेके साथ गाँवके पास पहुँची; किंतु श्री···लापता हैं। लोगोंने बहुत छान-बीन की, किंतु वे कहीं न मिले। सबको चिन्ता-सी सताने लगी। लोग कहने लगे—'ठीक समयपर ही वे कहाँ चले गये! अब कैसे क्या होगा?' इतनेमें ही किसीको उनकी शिव-भक्तिकी याद हो आयी। अनुमान लगाया गया कि वे शिव-मन्दिरमें होंगे। वास्तवमें खोजनेपर वे मिले भी वहीं।

लोगोंने कहा—'आप यहाँ क्यों पड़े हैं?'

श्री···बोले—'बाजेका प्रबन्ध जो नहीं कर सका। अब क्या मुख दिखाऊँ?'

उत्तर मिला—'बाजा तो बज रहा है। आप क्यों चिन्ता कर रहे हैं? सम्भवतः बारातवालोंने ही बाजेका प्रबन्ध कर लिया है।'

बाजेका शब्द सुनायी पड़ रहा था, इसीलिये श्री···को विश्वास करनेमें देर न लगी।

बारात द्वारपर आयी और शुभ लग्नमें विवाह हो गया। बड़ा सुन्दर बैंड बाजा था। लोग मुग्ध थे। ऐसा बाजा पहले उन लोगोंने नहीं सुना था। विवाह सम्पन्न हुआ। अब आया बारातवालोंको भोजन करानेका समय। इससे पहले बारातमें पूरी-मिठाई भेज दी गयी थी, उस समय सबकी अलग-अलग खोज नहीं की गयी थी; किंतु भोजन करानेके लिये तो सबकी खोज आवश्यक थी। सब आये; किंतु बाजेवाले नहीं आये। बारातवालोंसे पूछा गया—'आपके बाजेवाले कहाँ गये?'

उत्तर मिला—'हमारे बाजेवाले कहाँ? उन्हें तो आपने ही भेजा था।'

श्री·····बोले—'मैंने भेजा था, यह आपको किसने कहा?'

वरके पिता—'उन्हीं बाजेवालोंने तो! हमलोग आ रहे थे, ये बाजेवाले रास्तेमें मिले और हमसे बोले क्या अमुक बाबू आप ही हैं? क्या आपके ही पुत्रकी बारात अमुक गाँवमें जा रही है? हमको श्री·····ने आपके ही लिये भेजा है!'

उत्तर सुनकर श्री·····अवाक् रह गये। उन्होंने अधिक पूछ-ताछ नहीं की। भोलेनाथकी अद्भुत कृपाका प्रत्यक्ष अनुभव कर वे रोने लगे। इतना रोये कि घिग्घी बँध गयी, किंतु इस रोनेमें जो आनन्द था, उसका अनुभव कोई भाग्यवान् भक्त ही कर सकता है।

—श्रीरघुनन्दनप्रसादसिंहजी

(१०)

श्रीहनुमान्‌जीकी दयालुता

बात जून १९७५ ई० की है। मेरी दो वर्षीय पुत्रीको 'डिहाइड्रेशन'की शिकायत हुई। उसे स्थानीय बड़े अस्पतालमें भरती कराया। इंजेक्शन आदि दिये गये, सुबहतक ठीक हो गयी। घर ले आये। दूसरे दिन उसके बायें पैरमें कुछ असामान्यता दिखायी दी। चलते समय वह ऐसे चलती जैसे कोई काँटा आदि चुभ गया हो। बात साधारण-सी समझकर किसीने विशेष ध्यान नहीं दिया। एकाएक ध्यान आया कि डाक्टरको दिखा दें, जिससे पिछली चल रही दवाओंके चालू रखने या न रखनेपर वे अपनी राय दे सकें। डाक्टरको दिखाया। उन्होंने उसका पैर भी देखा और पूछा कि इसे पोलियो वैक्सीन दिया या नहीं। मेरा माथा ठनका। तीन खुराकोंमेंसे केवल एक ही खुराक दी थी। मैंने उन्हें सारी बात बतलायी। उन्होंने कहा कि इसे पोलियोका असर हो गया है। इसकी दवा कोई नहीं, केवल रोकथामके लिये गरम-ठंडे पानीका सेंक कर सकते हैं। तीन सप्ताहतक इसका प्रभाव देखना होगा। इतनी अवधिमें यह बढ़ता है या नहीं,

उन्होंने पोलियो वैक्सीनके पूरी तीन खुराक पहले न देनेके लिये एवं बच्चीको हुए कष्टके लिये मुझे दोषी ठहराया।

मैंने कई मित्रों और डाक्टरोंसे इसके उपचार-हेतु सलाह देनेको कहा, परंतु सभीने यही कहा कि यह तो ईश्वरके हाथ है, पोलियोका कोई उपचार नहीं। मैंने अपने-आपको बहुत असहाय अनुभव किया। 'कल्याण'में अशरण-शरण बजरंगबली श्रीहनुमान्‌जीकी यशोगाथा एवं दयाके बारेमें पढ़ा था **'नासै रोग हरै सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा'** मैंने मन-ही-मन उनका स्मरण किया और लगभग सारी रात ही उनसे अपनी पुत्रीके जीवन-सुधार-हेतु इस जघन्य रोगसे रक्षाके लिये प्रार्थना की। डाक्टरोंने देखा, तीन सप्ताह बाद भी रोग एक रत्ती भी नहीं बढ़ा और बोले कि यह इतना हल्का असर है कि धीरे-धीरे पूरी तरह ठीक हो जायगा। दो-तीन दिन बाद भोपालके एक प्रसिद्ध बाल-विशेषज्ञ विदेश-यात्रासे लौटे थे। उन्होंने पुत्रीको देखकर कहा कि पोलियोका असर इतना कम है कि इसका यह पैर एकदम ठीक हो जायगा। यह ईश्वरीय कृपा ही थी।

यह है 'निर्बलके बल राम'के प्रिय महादयालु हनुमान्‌जीकी दयाका असर। उन्हींकी कृपासे लड़कीका जीवन सुखी हो सका।

—श्रीरमेशचन्द्रजी

(११)

ईश्वरकी अनुकम्पा

ईश्वरकी शक्ति असीम और अनन्त है। वे समय-समयपर हमारी अप्रत्यक्षरूपसे सहायता करते रहते हैं, पर अज्ञानी एवं मूढ़ प्राणी ईश्वरकी महती अनुकम्पाको समझ नहीं पाते। कई चमत्कारिक घटनाओंको हम 'संयोग' कहकर ईश्वरीय शक्तिकी उपेक्षा कर बैठते हैं।

भगवान् अपनी मङ्गलमयी सर्वज्ञता और इच्छासे हमारे लिये जो कुछ भी फल-विधान करते हैं, वह चाहे हमारी सीमित और अदूरदर्शिनी दृष्टिके कारण हमें अशुभ या दुःखप्रद ही जान पड़े, वास्तवमें परम शुभ और परम कल्याणकारी होता है। ईश्वर न्यायकारी एवं कृपास्वरूप हैं। प्रार्थना ईश्वराराधनाका एक प्रमुख अङ्ग है। सच्चे हृदय एवं भावसे की गयी प्रार्थना कभी व्यर्थ नहीं जाती। कई व्यक्ति ईश्वरकी महती कृपाके कारण भयंकर दुर्घटनाओंके शिकार होनेसे बचे हैं। अनेक व्यक्तियोंको असाध्य रोगोंसे छुटकारा मिला है। भगवान्‌पर श्रद्धा और विश्वास होना आवश्यक है। श्रद्धा और विश्वास ही वे तत्त्व हैं, जो मनुष्यकी गुप्त आध्यात्मिक शक्तियोंका द्वार खोलकर उसे आत्म-विकासकी ओर ले जाते हैं। हम श्रद्धापूर्वक जो कार्य करते हैं, उनसे हमें दैवी सहायता अवश्य प्राप्त होती है।

इस कलिकालमें भी अनेकों ऐसी सच्ची घटनाएँ देखनेमें आती हैं जो ईश्वरीय अनुकम्पाकी प्रतीक हैं। कुछ घटनाएँ नीचे दी जा रही हैं। सभी घटनाएँ सच्ची हैं—

(क)

'जाको राखे साइयाँ·········!'

यदि कोई व्यक्ति किसी दुर्घटनामें फँस जाय, असाध्य रोगसे पीड़ित हो जाय तो भी उसका बाल बाँका नहीं होगा, यदि परमात्माका वरद हाथ उसपर है।

मेरे अग्रज उन दिनों सवाई माधोपुर (राजस्थान)में मुंसिफके पदपर कार्य कर रहे थे। १९६२ के चुनावोंके दिन थे। उनकी भी ड्यूटी चुनाव-कार्यमें लगायी गयी थी। उन्हें कई मतगणना-केन्द्रोंका निरीक्षण करना था।

एक दिन वे एक मतगणना-केन्द्रका निरीक्षण कर दूसरे गाँवको जा रहे थे। मार्ग विकट था। अँधेरा हो चला था। वर्षा हो जानेके कारण मार्गमें कीचड़ भी था। जीप पाँच-सात व्यक्तियोंको लेकर तीव्रगतिसे दौड़ रही थी। मार्गमें अचानक उसका एक टायर फट गया। नीचे उतरकर देखा गया तो सबको बड़ा आश्चर्य हुआ; क्योंकि जहाँ जीप रुकी थी, उससे दो-तीन गज आगे कच्चे मार्गसे लगता एक कुँआ था। यदि जीप चलती रही होती तो अवश्य कुँएमें गिरती।

निःसंदेह भगवान्‌की कृपाके कारण ही उस स्थानविशेषपर टायर फटा और भयानक दुर्घटना होते-होते बची। धन्य है ईश्वरकी कृपा!

(ख)

अबोध बालककी रक्षा

पाठकोंने पढ़ा होगा कि महाभारत-युद्धके मैदानमें जहाँ करोड़ों व्यक्ति मरे थे, एक चिड़ियाके बच्चे एक गज-

घण्टेके नीचे सुरक्षित पाये गये । ऐसी घटनाएँ इस कलिकालमें भी घटती हैं, जिन्हें देखकर बरबस ही जगत्पिताकी कृपापर दृढ़ आस्था उत्पन्न होती है ।

यह घटना मुझे अमरसर (राजस्थान) शासकीय उच्च-माध्यमिक विद्यालयके प्रधानाचार्य श्रीघासीलालजी शर्मा, एम्० ए०ने सुनायी थी । घटना इस प्रकार है—

कोटाके पास एक गाँवमें एक परिवार कच्चे मकानमें रहता था । बरसातके दिनोंमें भयंकर वृष्टि हुई । मकान ढह गया । दिनका समय था, परिवारके व्यक्ति मकानके बाहर काम कर रहे थे । वे बच गये, पर एक तीन वर्षीय बच्चा मकानके मलवेमें दब गया । जब मलवा हटाया गया तो यह देखकर सबको बड़ा आश्चर्य हुआ कि दो पट्टियोंके बीच बालक जीवित लेटा था । काष्ठकी पट्टियाँ एक दूसरेसे सटकर इस प्रकार खड़ी थीं कि बच्चेका शरीर सकुशल रह सके । कृपालु ईश्वरने ही उस अबोध शिशुकी रक्षा की ।

(ग)

'भूत-पिसाच निकट नहि आवै⋯।'

उन दिनों मेरे पिताजीकी नियुक्ति जहाजपुर (जिला—भीलवाड़ा)में थी । यह घटना सन् १९४५ ई०की है । मैं पाँच-छः वर्षका बालक ही था । पिताजी सपरिवार एक मकानमें रहते थे । उस मकानके विषयमें लोगोंकी धारणा थी कि 'वह भूतहा है, उसमें एक व्यक्तिने आत्महत्या की थी, उसकी प्रेतात्मा वहाँ चक्कर लगाती है ।' कुछ समयतक तो हमारे साथ कोई घटना नहीं घटी ।

एक दिन अर्धरात्रिको अकस्मात् मकानकी एक कोठरीमेंसे किसीके चीखनेकी आवाज आयी । हम सभी हड़बड़ाकर उठ बैठे । साहस करके कोठरीमें गये तो कुछ नहीं था । दूसरे दिन रात्रिको भी इसी घटनाकी पुनरावृत्ति हुई । अब हमारी समझमें आया कि यह प्रेत-प्रकोप है । कभी-कभी किसी कमरेमें अचानक कूड़े-करकट या छोटे-छोटे पत्थरोंकी वर्षा होने लगती । घरके बालक इन घटनाओंको देखकर पर्याप्त भयभीत हो रहे थे । अन्तमें पिताजीने इस प्रेत-बाधाके निवारणके लिये 'हनुमान-चालीसा'का आश्रय लिया । भगवत्कृपासे प्रेतका प्रकोप बंद हो गया । उसके पश्चात् कोई घटना देखनेमें नहीं आयी ।

यदि आर्त अन्तःकरणसे श्रद्धा और निष्ठापूर्वक याचनाके शब्द निकले तो ईश्वर अवश्य सहायता करता है ।

—श्रीश्याममनोहरजी व्यास, एम्० एस-सी०, बी० एड्०

(१२)

भगवत्कृपाका चमत्कार

अभी हालमें ही मेरी दो पुत्रियाँ किसी कारणसे ग्वालियर गयी थीं, उन्हें एक सक्सेना-परिवारमें कुछ दिन रुकना पड़ा । एक दिन प्रसङ्गवश सक्सेना साहबकी वृद्धा माताजीने अपनी तीर्थयात्राका विवरण सुनाया । यहाँ उनकी यात्राके केवल अन्तिम भागकी ही चर्चा करनी उचित है । उन (माताजी)के कथनका भाव इस प्रकार है—

आजसे लगभग बीस वर्ष पूर्व मैं अकेली ही तीर्थयात्राके लिये निकल पड़ी । वापसीमें मथुरा-वृन्दावन-जैसे पवित्र तीर्थ-स्थानोंका भ्रमण कर जब मैं अपने घर (ग्वालियर)के लिये लौट रही थी, तब मेरे मनमें यह उत्कण्ठा जगी कि नाथद्वारे (उदयपुर) जाकर भगवान् श्रीनाथजी महाराजका भी दर्शन करूँ, ऐसा करूँगी तभी सचमुच मेरी यात्रा सफल होगी; परंतु मेरे साथके सभी यात्रियोंने वहाँ जानेके लिये इन्कार कर दिया । चूँकि एक तो मैं अकेली थी, दूसरे वहाँ कैसे जाया जाय, कहाँ ठहरा जाय ? कुछ भी नहीं जानती थी और इसी कारण मुझे बेचैनी हो रही थी कि मुझे भगवान् कब और कैसे दर्शन देंगे । मैं इसी सोच-विचारमें डूबी हुई थी कि मेरी दृष्टि दूर एक साधुबाबापर पड़ी, जो अपने सिरपर सामान लिये दौड़े चले आ रहे थे । चलती गाड़ीमें उन्होंने मेरे पासवाली खिड़कीसे सामान फेंका और न जाने कब मेरी सीटके पास आकर खड़े हो गये । कुछ देर पश्चात् साधुने मुझे अपनी कर्कश वाणीसे कहा—'बुढ़िया ! दूर हट, मुझे भी बैठने दे ।' मैंने उनको स्थान दे दिया ।

थोड़ी देर पश्चात् बाबाने मुझसे पूछा—'बुढ़िया ! कहाँ जायगी ?' मैंने उत्तर दिया—'मेरी इच्छा भगवान् श्रीनाथजी महाराजके दर्शनकी है, परंतु मैं नहीं जानती, वहाँ कैसे जाऊँ ?' बाबाने कहा 'चल मेरे साथ, मैं भी वहीं जा रहा हूँ ।' सुनकर मुझे कुछ ढाढ़स हुआ । बीचमें कई प्रकारकी बातें होती रहीं । मैंने बाबासे कहा—'क्या आप भोजन करेंगे ?' उत्तर मिला—'क्यों

नहीं, अवश्य करूँगा ।' मैंने उनको भोजन दिया। उदयपुर स्टेशन आनेपर बाबाने कहा—'बुढ़िया! देखती क्या है ? उतरो, उदयपुर आ गया ।' मैंने कहा—'बाबा! मैं अब कहाँ जाऊँ, मैं तो मार्ग नहीं जानती ।' उत्तरमें बाबाने कहा—'नाथद्वाराकी बसमें बैठ जाना और वहाँ अमुक धर्मशालामें ठहर जाना ।' इतना कह बाबा अपना सामान लेकर पैदल ही चल पड़े।

बतायी हुई धर्मशालापर जाकर मैंने वहाँके एक अधिकारी-से ठहरनेके लिये स्थान माँगा तो मुझे उत्तर मिला कि 'यहाँ कोई स्थान नहीं है।' लाचार मैं धर्मशालाके बाहर सड़कपर ही पड़ रही। वहाँपर मुझे एक स्त्री और मिली, वह भी वहाँके विषयमें कुछ भी नहीं जानती थी। रात हो गयी थी। हम दोनों बातें कर ही रही थीं कि इतनेमें वे ही बाबा आये और मुझसे बोले—'अंदर क्यों नहीं गयी, बाहर क्यों पड़ी है ?' मैंने कहा—'बाबा! मुझे अंदर नहीं जाने दिया गया।' उन्होंने कहा—'चलो, मेरे साथ आओ।' हम दोनों बाबाके पीछे-पीछे चल पड़ीं। अंदर जाकर बाबा-ने हमें रहनेको एक सुरक्षित स्थान बता दिया। आश्चर्य यह था कि जिस व्यक्तिने मुझे अंदर घुसनेसे मना किया था, उसने इस बार कुछ भी नहीं कहा। फिर बाबाने पूछा—'भोजन पा लिया ?' मैंने उत्तर दिया—'हमारे पास तो अब कुछ खानेको है नहीं और रात भी हो गयी, सबेरे देखा जायगा।' यह सुनकर बाबाने दो कचौरी और एक लड्डू देकर कहा—'लो खा लो।' हमने प्रसाद ले तो लिया, परंतु मनमें सोचा—'इतनी-सी वस्तुसे हम दोनोंको क्या होगा ?' बाबाने आगे कहा—'शीघ्र उठकर सबेरे तीन बजे दर्शनके लिये मन्दिरमें आ जाना।' इतना कहकर वे चले गये। हम दोनोंने प्रसाद आधा-आधा ले लिया और खाने लगीं। इतने प्रसादसे हमारा पेट इस प्रकार भर गया, जैसे खूब खा लिया हो। सोते ही गहरी नींद आ गयी। तीन कब बजे, कुछ पता ही न लगा।

सबेरे अचानक बाबाने आकर हमको जगाया और फटकारते हुए बोले—'दर्शन करने आयी हो या सोने। शीघ्र ही निपटकर मन्दिर आ जाओ।' यह कहकर वे चल दिये। हम दोनों शीघ्रतापूर्वक स्नानादिसे निपटकर मन्दिर गयीं। बाबा पहलेसे ही वहाँ थे। हमने दूरसे भगवान्‌के दर्शन किये। बाबा हमारे पास आये और बोले—'अच्छी तरह दर्शन कर लेना।' यह कहकर भीड़को चीरते हुए हमें भगवान्‌के निज-मन्दिरके पास ले गये। वहाँसे हमें बड़ी अच्छी तरह दर्शन हुए। इसके पश्चात् बाबाने स्वयं हमारे साथ जाकर भगवान् श्रीनाथजी महाराजके मन्दिरका कोना-कोना बताया; तोशागार, केसर-चन्दन पीसनेका स्थान, रसोवड़ा, खाद्य-सामग्री रखनेके स्थान आदि सभी स्थान दिखाये। यह देखकर आश्चर्य हुआ कि बाबाको कहीं भी जानेसे किसीने नहीं टोका। इसी प्रकार दो दिनतक बाबाने हमारी पूरी-पूरी सँभाल की और वापसीमें मुझे स्टेशनतक पहुँचाने आये तथा मार्गकी सारी व्यवस्था स्वयंने ही कर दी। तत्पश्चात् 'अच्छी तरह दर्शन तो कर लिये'—इतना कहकर बाबा चल दिये और देखते-देखते आँखोंसे ओझल हो गये।

मुझे पूरा विश्वास है कि स्वयं भगवान् श्रीनाथजी महाराजने मेरी इच्छा पूरी करने साधु-वेशमें आकर मुझे दर्शन दिये थे। मैं तो यही कहूँगी कि यदि भगवान्‌में पूरी श्रद्धा होती है और दर्शनोंके लिये जी तड़प उठता है तो भगवान् स्वयं आकर उसकी इच्छा पूरी कर देते हैं। इस घटनाको यदि भगवत्कृपाका चमत्कार नहीं कहा जाय तो और क्या कहा जाय ?

—श्रीकंवरकिशोरजी माथुर

(१३)

प्रत्यक्ष श्रीहनुमत्कृपा

यों तो परमात्माकी अनुकम्पासे हर जगह ऐसी घटनाएँ घटित होती ही रहती हैं, जिनको देखकर उनकी व्यापकतामें कोई संदेह नहीं रह जाता; परंतु कभी-कभी ऐसी विचित्र घटनाएँ भी होती हैं, जिनको सुनकर ही मनुष्यको रोमाञ्च हो आता ह तथा भक्तिसे हृदय ओतप्रोत हो जाता है।

बहुत पुरानी बात है। लक्ष्मणगढ़ (सीकर) राजस्थानमें बाबू शिवदत्तरायजी सोमानी—फर्म नवलराम सूरजमल सोमानीके एक पुत्रको, जिसका नाम गणपतराय था, उसके एक निकटस्थ कुटुम्बीने जोशियोंके (एक पुराना कूआँ, जिसकी अब मरम्मत हो गयी है और कोठीके नामसे पुकारा जाता है) झाड़में डाल दिया था। गणपतरायकी आयु उस समय लगभग छः वर्षकी थी। बालकके एकाएक लापता हो जानेसे गाँवभरमें सनसनी

फैल गयी । घरवालोंने गाँवका कोना-कोना खोज डाला और हताश होकर बैठ रहे ।

जोशियोंका वह खेत, जिसमें यह कूआँ है, लक्ष्मणगढ़ शहरके दक्षिण-पूर्व कोनेपर पहला खेत है । इसलिये उस ओरके जाट एवं मालियोंके बालक वर्षा ऋतुको छोड़कर अपनी भेड़-बकरियोंको प्रायः यहीं, इस कूएँके आस-पास ही चराया करते हैं । यह कूआँ बहुत दिनोंसे ध्वस्त पड़ा था । इसकी भीतरी कोठी (दीवार) आधी गिर गयी थी । इसमें पानी नहीं था और गाँववाले जब किसीके घरमें कोई साँप-बिच्छू निकलता, तब लाकर इसमें छोड़ देते थे । न इस कूएँके भरवा था और न इसका ऊपरी हिस्सा ठीक-से बनाया गया था । इसके ऊपर जाने तथा अंदर झाँकनेसे भय लगता था ।

इसमें गणपतरायके डाले जानेके तीन दिन बाद एक भेड़-बकरी चरानेवाला लड़का इस कूएँपर गया और उसने कुछ दूरसे ही एक कंकड़ उठाकर कूएँमें फेंक दिया । उसे कूएँमेंसे आती हुई एक स्पष्ट मानवी आवाज सुनायी दी । लड़का डरकर भागा और उसने उस खेतके बाहर गाँवकी ओर आने-जानेवाले दो-चार व्यक्तियोंको यह समाचार कह सुनाया । धीरे-धीरे गणपतरायके घरवालोंको भी यह खबर लगी । वे एक पनडुब्बे (कूएँमें उतरकर काम करनेमें दक्ष व्यक्ति)को साथ लेकर कूएँपर आये । सरकारी सिपाही भी वहाँ मौजूद थे । तमाशा देखनेवाले भी कई इकट्ठे हो गये थे । श्रीऋषिकुल-ब्रह्मचर्याश्रम संस्कृत कालेजके तत्कालीन मन्त्री बाबू श्रीरामनिरञ्जनलालजी चूड़ीवाल भी वहाँ मौजूद थे । पनडुब्बेको कूएँमें उतारा गया । राजस्थान एक मरुप्रधान प्रान्त है । यहाँ कूओंकी कोठी (दीवार), जिसको नाल भी कहते हैं, दोहरी चुनी जाती है । एक बार खोदते समय चुनाई ऊपरसे नीचे जाती है और पानीतक पहुँचनेपर फिर नीचेसे ऊपरतक आती है । इस कूएँकी एक नाल आधी गिर गयी थी और उसके तमाम ढेले कूएँके अंदर पेंदेमें ही थे । यह आधी नालका घेरा तलके कुछ ऊपर दिखायी देता था । गणपतराय एकदम तलमें था, जो कर्दम-मय था तथा वहाँ गिरी हुई नालके बड़े-बड़े ढेले पड़े थे । आदमी (पनडुब्बे)को अपनी ओर आता देखकर गणपतरायने उसे अपनेको कूएँके बाहर निकालनेके लिये कहा । पनडुब्बेने उसको रस्सीमें लगी हुई फाँसीमें, जो बिल्कुल नहीं सरकती, पैर डालकर बैठने और रस्सीको पकड़नेके लिये कहा । लड़केके यह कहनेपर कि मुझे ऐसा करनेमें डर लगता है, उसने ऊपरवालोंको एक पीढ़ा, जो खाट-जैसा बना होता है, कूएँमें उतारनेको कहा । ऐसा ही किया गया और चूँकि लड़का तीन दिनतक कूएँके अंदर रह चुका था, उसको बाहरकी हवा नहीं लगी थी, इसलिये एकाएक बाहरकी भारी हवामें आनेसे किसी प्रकारकी खराबीकी आशङ्कासे उसे रूईके पहलोंमें लपेटकर बाहर निकाला गया । उस समयतक वहाँ गाँवके बहुत-से बाल-वृद्ध एकत्र हो गये थे । सबने उस बालकको रूईके पहलोंमें लिपटे हुए देखा ।

बाहर निकाले जानेके बाद जब लड़केसे पूछा गया—'तुम्हें कोई चोट तो नहीं आयी ?' तब उसने उत्तर दिया—'मुझे गिरते समय बीचमें ही एक आदमीने अपने हाथोंपर थाम लिया था । वही मुझे खानेके लिये रोज चूरमाके लड्डू देता था, प्यालेमें पानी पिलाता था, मेरे पास आकर बैठता था । वह मुझे धीरज देता, खेल खिलाता और एक गुफा (गड्ढा)में सुलाता था । वह लाल लँगोट पहने हुए था, इतने दिनतक उसीने मेरी देख-भाल की ।'

उसके मुँहसे यह सुनकर लोगोंके आश्चर्य और हर्षकी सीमा न रही । भक्तिसे सबके हृदय गद्गद हो गये । सब एक स्वरसे 'बजरंगबलीकी जय' बोल उठे । सब भावविभोर थे, उनके मस्तिष्कमें लाल लंगोटवालेकी दयालुताके विचार थे ।

सूरजमलजी जबतक जीते रहे, तबतक हर शनिवार और मंगलवारको वहाँ जाकर महावीर हनुमान्‌जीको प्रसाद चढ़ाते और घीके दीपक जलाते थे ।

—श्रीहरदत्तजी व्यास

स्तोत्र-कदम्ब और भगवत्कृपा

(लेखक—श्रीनाथूशंकरजी शुक्ल)

भगवान्‌के गुणोंकी महिमा अपार है, इस बातको जानते हुए ब्रह्मादि देवताओंने उनका वर्णन अपनी शक्तिके अनुसार यथास्थान और यथासमय किया है। श्रुति भी परमात्माका गुणगान करनेमें अपने-आपको कृतार्थ मानती है। उन गुणोंपर आकृष्ट होकर हृतन्त्रियोंसे जो उद्गार निकलते हैं, उन्हींको 'स्तुति' कहते हैं। ऐसे स्तोत्रोंसे करुणा-वरुणालय प्रभु स्वयं आकृष्ट होकर भक्तकी इच्छा-पूर्ति तथा क्लेशादिकी निवृत्तिके लिये परमातुर हो उठते हैं। यद्यपि भक्तके मनमें सुख-भोगकी कोई कामना शेष नहीं रह जाती, तथापि वे उन्हें भोग-मोक्ष आदि सहज ही प्रदान किया करते हैं। यहाँतक कि वे वर देते-देते अघाते नहीं और अन्तमें सब कुछ देकर भी उसके ऋणी ही बने रहते हैं।

शास्त्रोंमें प्रायः सभी स्थलोंपर स्तोत्रोंकी महत्ता स्वीकार की गयी है। पूर्वमीमांसामें भी वैदिक कर्म—यज्ञादि इष्टियोंमें मन्त्रोंद्वारा परमेश्वरके विविध स्वरूपोंकी महिमा गायी गयी है। निराकार-चिन्तनमें भी भौतिक पदार्थोंका समन्वय उन्हीं ब्रह्ममें किया गया है, यह उनकी एक प्रकारकी तटस्थ लक्षणसे स्तुति ही मानी जाती है। इसीलिये कहा गया है—**'कस्मै देवाय हविषा विधेम।'** (श्वेता० ४। १३) 'उस आनन्दस्वरूप देवकी हम हविके द्वारा परिचर्या (पूजा) करें।' इसी प्रकार नाम-रूपरहित उन परमेश्वरको ही सम्बोधित करते हुए **'यस्मै, कस्मै, तस्मै'** आदि पदोंद्वारा नमस्कार एवं अनेक उपकरणोंद्वारा उनका पूजन करके भी अन्तमें स्तुतिद्वारा भक्त क्षमा-याचना करता है। पूजासे करोड़ों-गुना फल स्तुतिका माना गया है—**'पूजाकोटिसमं स्तोत्रम्।'**

स्वरूप-लक्षणोंमें भी भक्तोंने या तो परब्रह्मके स्वरूपका अङ्गाङ्गिभावसे वर्णन किया है या अवतार-स्वरूपोंके लीला-वैभवका। इस प्रकार हृदयके भावोंको शब्दोंद्वारा प्रकट करनेकी क्रियाको ही स्तुति-पाठ माना जाता है, यह निर्विवाद है। कोई-कोई तो अधिक कुछ न कहकर केवल उनके नामोंका ही उच्चारण करते हैं।

अनन्तके नामोंकी गणना कौन कर सकता है? चाहे कोई पृथ्वीके रजःकणों एवं आकाशके तारोंकी गणना भले ही कर ले, परंतु भगवन्नामकी महिमा और संख्याका पार नहीं पाया जा सकता। सहस्रको अनन्तका पर्यायवाचक शब्द मानकर ऋषियोंने सहस्रनामावलियोंका यथामति वर्णन किया है। पञ्चदेवोपासना आदिमें भी उन-उन देवताओंकी सहस्रनामावलियाँ हैं, जैसे 'विष्णुसहस्रनाम' आदि।

उन्हींको समासरूपमें अष्टोत्तरशतनामावलिके रूपमें भी ऋषियोंने कहा है। इसीका एक अत्यन्त संक्षिप्त रूप द्वादशनामावलि भी है, जो सर्वसाधारणसे लेकर महापुरुषोंतकके लिये परम कल्याणप्रद सिद्ध हुई है। ऐसे तो संसारमें सभी लोगोंको अपनी स्तुति सुनकर आनन्द एवं संतोषका अनुभव होता है, परंतु भगवान् तो स्तुति और स्तोत्रोंका भाव जानकर स्तोताके वशीभूत ही हो जाते हैं।

सकाम-भावसे जो स्तुति की जाती है, वह रजोगुणी है। भय, राग-द्वेष और दूसरोंके अनिष्टकी भावनासे जो स्तुति की जाती है, वह तमोगुणी है। इन दोनोंसे रहित केवल समर्पणकी भावनासे भगवद्गुणोंका या लीलामाधुरीका जो वर्णन किया जाता है, वह शुद्ध सत्त्वगुणका द्योतक है।

स्तुति करते-करते भगवान्‌के स्वरूपका ध्यान अवश्य हो जाता है, ध्यानसे ध्येयमें चित्त आकर्षित होकर तल्लीन हो जाता है और अन्तःकरणमें स्थित पापोंकी ग्रन्थियाँ पिघलकर नेत्रोंसे मोती बरसाने लगती हैं, शरीर पुलकित और कण्ठ अवरुद्ध हो जाता है, साथ ही जीवको ब्रह्मानन्दके समान सहज सुखका अनुभव होने लगता है। इसके बाद ब्रह्म (परमात्मा) साकार हो अर्थात् उसके द्वारा किये गये ध्यानके आकारमें प्रकट होकर उसके मनोरथोंको पूर्ण करते हैं।

न्यास, ध्यान, ऋषि, छन्द आदिका उच्चारण करके, पवित्र स्थानपर बैठ मन-वाणी-शरीरसे शुद्ध होकर स्तोत्रोंका पाठ करनेसे संकल्पसिद्धि होती है। अपनेद्वारा किया हुआ अनुष्ठान सर्वश्रेष्ठ है, परंतु योग्य नैष्ठिक ब्राह्मणद्वारा भी पाठ कराये जा सकते हैं।

गुरुजनोंसे आज्ञा लेकर अथवा ग्रन्थको गुरु मानकर परब्रह्मका ध्यान करके ही स्तोत्रोंके पाठका अनुष्ठान करना चाहिये। ध्येय देवताकी मूर्ति, चित्र-पट आदिके अभावमें जलका कलश और घृत या तैलका दीपक ही मुख्यरूपसे साक्षी है, ऐसा मानकर उनके सामने स्तोत्रपाठ करनेसे भगवत्कृपाका अनुभव शीघ्र ही होता है तथा अभीष्ट-सिद्धि भी होती है। किसी भी नामका जप या किसी भी स्तोत्रका पाठ अर्थ और भावसहित करनेसे विशेष लाभ होता है।

शिव-स्तुति

प्रसीद दक्षयज्ञघ्न नरकार्णवतारक । सर्वात्मरूप सर्वेश परमानन्दविग्रह ॥ १ ॥

सर्वेश्वर शिव ! आप दक्ष-यज्ञका विध्वंस करनेवाले, शरणागतोंको नरकके समुद्रसे उबारनेवाले तथा सबके आत्मस्वरूप हैं, आपका श्रीविग्रह परमानन्दमय है, आप मुझपर प्रसन्न हों।

गुणार्णव गुणातीत गुणयुक्त गुणेश्वर । गुणबीज महाभाग प्रसीद गुणिनां वर ॥ २ ॥

गुणवानोंमें श्रेष्ठ महाभाग शंकर ! आप गुणोंके सागर होते हुए भी गुणातीत हैं, गुणोंसे युक्त, गुणोंके स्वामी और गुणोंके आदिकारण हैं, आप मुझपर प्रसन्न होइये ।

योगाधार योगरूप योगज्ञ योगकारण । योगीश योगिनां बीज प्रसीद योगिनां गुरो ॥ ३ ॥

प्रभो ! आप योगके आश्रय, योगरूप, योगके ज्ञाता, योगके कारण, योगीश्वर तथा योगियोंके आदिकारण एवं गुरु हैं, आप मुझपर कृपा करें ।

प्रलय प्रलयाद्यैक भव प्रलयकारण । प्रलयान्ते सृष्टिबीजं प्रसीद परिपालक ॥ ४ ॥

भव ! आपमें ही सब प्राणियोंका लय होता है, इसलिये आप 'प्रलय' हैं। प्रलयके एकमात्र आदि तथा कारण हैं। प्रलयके अन्तमें सृष्टिके बीजरूप हैं और उस सृष्टिका पूर्णतः परिपालन करनेवाले हैं, आप मुझपर प्रसन्न होइये ।

संहारकाले घोरे च सृष्टिसंहारकारण । दुर्निवार्य दुराराध्य चाशुतोष प्रसीद मे ॥ ५ ॥

भयंकर संहार-कालमें सृष्टिका संहार करनेवाले आप ही हैं। आपके वेगको रोकना किसीके लिये भी अत्यन्त कठिन है। आराधनाद्वारा आपको रिझा लेना भी सहज नहीं है, तथापि आप भक्तोंपर शीघ्र ही प्रसन्न हो जाते हैं, प्रभो ! आप मुझपर कृपा करें ।

कालस्वरूप कालेश काले च फलदायक । कालबीजैक कालघ्न प्रसीद कालपालक ॥ ६ ॥

आप कालस्वरूप, कालके स्वामी, कालानुसार फल देनेवाले, कालके एकमात्र आदिकारण तथा कालके नाशक एवं पोषक हैं, आप मुझपर कृपा करें ।

शिवस्वरूप शिवद शिवबीज शिवाश्रय । शिवभूत शिवप्राण प्रसीद परमाश्रय ॥ ७ ॥

आप कल्याणकी मूर्ति, कल्याणदाता, कल्याणके बीज और कल्याणके आश्रय हैं। आप ही कल्याणमय तथा कल्याणस्वरूप प्राण हैं, सबके परम आश्रय शिव ! मुझपर कृपा करें ।

इत्येवं स्तवनं कृत्वा विरराम हिमालयः । प्रशशंसुः सुराः सर्वे मुनयश्च गिरीश्वरम् ॥ ८ ॥

इस प्रकार स्तुति कर हिमालय चुप हो गये, उस समय समस्त देवताओं और मुनियोंने गिरिराजकी सराहना की ।

हिमालयकृतं स्तोत्रं संयतो यः पठेन्नरः । प्रददाति शिवस्तस्मै वाञ्छितं राधिके ध्रुवम् ॥ ९ ॥

(भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं—) राधिके ! जो मनुष्य सावधान-चित्त होकर हिमालयद्वारा किये गये इस स्तोत्रका पाठ करता है, उसके लिये शिव निश्चय ही मनोवाञ्छित वस्तु प्रदान करते हैं ।

॥ इति श्रीब्रह्मवैवर्ते हिमालयकृतं शिवस्तोत्रं सम्पूर्णम् ॥

(श्रीकृष्णजन्मखण्ड ४४ । ६३–७१)

भवान्यष्टक

न तातो न माता न बन्धुर्न दाता न पुत्रो न पुत्री न भृत्यो न भर्ता ।
न जाया न विद्या न वृत्तिर्ममैव गतिस्त्वं गतिस्त्वं त्वमेका भवानि ॥ १ ॥

हे भवानि ! पिता, माता, भाई, दाता, पुत्र, पुत्री, भृत्य, स्वामी, स्त्री, विद्या और वृत्ति—इनमेंसे कोई भी मेरा नहीं है, हे देवि ! एकमात्र आप ही मेरी गति हैं ।

भवाब्धावपारे महादुःखभीरुः पपात प्रकामी प्रलोभी प्रमत्तः ।
कुसंसारपाशप्रबद्धः सदाहं गतिस्त्वं गतिस्त्वं त्वमेका भवानि ॥ २ ॥

मैं अपार भवसागरमें पड़ा हुआ हूँ, महान् दुःखोंसे भयभीत हूँ, कामी, लोभी और मतवाला हूँ तथा निरन्तर घृणायोग्य संसारके बन्धनोंसे जकड़ा हुआ हूँ, हे भवानि ! अब एकमात्र आप ही मेरी गति हैं ।

न जानामि दानं न च ध्यानयोगं न जानामि तन्त्रं न च स्तोत्रमन्त्रम् ।
न जानामि पूजां न च न्यासयोगं गतिस्त्वं गतिस्त्वं त्वमेका भवानि ॥ ३ ॥

हे देवि ! मैं न तो दान देना जानता हूँ और न ध्यानयोगकी ही मुझे जानकारी है, तन्त्र और स्तोत्र-मन्त्रोंका भी ज्ञान मुझे नहीं है, पूजा तथा न्यास आदिकी क्रियाओंसे तो मैं एकदम कोरा ही हूँ, अब एकमात्र आप ही मेरी गति हैं ।

न जानामि पुण्यं न जानामि तीर्थं न जानामि मुक्तिं लयं वा कदाचित् ।
न जानामि भक्तिं व्रतं वापि मातर्गतिस्त्वं गतिस्त्वं त्वमेका भवानि ॥ ४ ॥

मैं न पुण्य जानता हूँ न तीर्थ, मुझे न मुक्तिका पता है न लयका । हे मातः ! भक्ति और व्रत भी मुझे ज्ञात नहीं हैं, हे भवानि ! अब केवल आप ही मेरा सहारा हैं ।

कुकर्मी कुसङ्गी कुबुद्धिः कुदासः कुलाचारहीनः कदाचारलीनः ।
कुदृष्टिः कुवाक्यप्रबन्धः सदाहं गतिस्त्वं गतिस्त्वं त्वमेका भवानि ॥ ५ ॥

मैं कुकर्मी, बुरी सङ्गतिमें रहनेवाला, दुर्बुद्धि, दुष्टदास, कुलोचित सदाचारसे हीन, दुराचारपरायण, कुत्सित दृष्टि रखनेवाला और सदा दुर्वचन बोलनेवाला हूँ, हे भवानि ! मुझ अधमकी एकमात्र आप ही गति हैं ।

प्रजेशं रमेशं महेशं सुरेशं दिनेशं निशीथेश्वरं वा कदाचित् ।
न जानामि चान्यत् सदाहं शरण्ये गतिस्त्वं गतिस्त्वं त्वमेका भवानि ॥ ६ ॥

मैं बहुत दिनोंसे ब्रह्मा, विष्णु, शिव, इन्द्र, सूर्य, चन्द्रमा तथा अन्य किसी भी देवताको नहीं जानता, हे शरण देनेवाली भवानि ! एकमात्र आप ही मेरी गति हैं ।

विवादे विषादे प्रमादे प्रवासे जले चानले पर्वते शत्रुमध्ये ।
अरण्ये शरण्ये सदा मां प्रपाहि गतिस्त्वं गतिस्त्वं त्वमेका भवानि ॥ ७ ॥

हे शरण्ये ! आप विवाद, विषाद, प्रमाद, परदेश, जल, अनल, पर्वत, वन तथा शत्रुओंके मध्यमें सदा ही मेरी रक्षा कीजिये । हे भवानि ! एकमात्र आप ही मेरी गति हैं ।

अनाथो दरिद्रो जरारोगयुक्तो महाक्षीणदीनः सदा जाड्यवक्त्रः ।
विपत्तौ प्रविष्टः प्रणष्टः सदाहं गतिस्त्वं गतिस्त्वं त्वमेका भवानि ॥ ८ ॥

हे भवानि ! मैं सदासे ही अनाथ, दरिद्र, जरा-जीर्ण, रोगी, अत्यन्त दुर्बल, दीन, गूँगा, विपद्ग्रस्त और नष्ट हूँ, अब आप ही एकमात्र मेरी गति हैं ।

॥ इति श्रीमच्छङ्कराचार्यकृतं भवान्यष्टकं सम्पूर्णम् ॥

श्रीरामकृपाकटाक्षस्तोत्र

(रचयिता—श्रीरामस्नेहिदासजी महाराज 'साकेत')

ब्रह्मार्थितो भूमिभरक्षयायाभयप्रदानाय निजाश्रितेभ्यः ।
यो भारतेऽस्मिन् कृपयावतीर्णः कृपाकटाक्षं मयि संविदध्यात् ॥ १ ॥

ब्रह्माजीकी प्रार्थनासे पृथ्वीका भार दूर करने और अपने आश्रितजनोंको अभय प्रदान करनेके लिये जिन्होंने कृपापूर्वक इस भारत-भूपर अवतार लिया है, वे श्रीरामचन्द्रजी मुझपर अपनी कृपादृष्टि डालें ।

यस्यावलोक्यातिललामलीला आनन्दमग्नौ पितरावजस्रम् ।
सत्यौकसां प्राणपरप्रियोऽसौ कृपाकटाक्षं मयि संविदध्यात् ॥ २ ॥

जिनकी सुललित बाल-लीलाओंको देखकर माता-पिता नित्य-निरन्तर आनन्दमें निमग्न रहते हैं, जो सत्याश्रयी लोगों अथवा सत्यलोकवासियोंके लिये प्राणसे भी बढ़कर प्रिय हैं, वे श्रीरामचन्द्रजी मुझपर अपनी कृपादृष्टि डालें ।

यच्चेष्टितं ब्रह्ममहेश्वराद्या विदुर्न देवा मुनयो यतीन्द्राः ।
स सत्यसंकल्प उदारधामा कृपाकटाक्षं मयि संविदध्यात् ॥ ३ ॥

जिनके चेष्टित क्रिया-कलापको ब्रह्मा, शंकर आदि देवता, मुनि और त्यागी-संन्यासी भी (यथार्थरूपसे) नहीं जान पाते और जो उदारधामा (जिनका धाम पापी-तापी आदि सभीके लिये खुला है) हैं, वे सत्यसंकल्प श्रीरामचन्द्रजी मुझपर अपनी कृपादृष्टि डालें ।

यः कौशिकस्य क्रतुरक्षणेन तपोवनं वीतभयं चकार ।
विभज्य चापं श्रियमाप्तवान् स कृपाकटाक्षं मयि संविदध्यात् ॥ ४ ॥

जिन्होंने महर्षि विश्वामित्रकी यज्ञरक्षाके निमित्तसे सम्पूर्ण तपोवनको भयरहित कर दिया और (जनकपुरीमें) शिव-चापको तोड़कर लक्ष्मीस्वरूपा श्रीसीताजीको प्राप्त किया, वे श्रीरामचन्द्रजी मुझपर अपनी कृपादृष्टि डालें ।

यदद्भुतं रूपमतुल्यशोभं यन्नाम सर्वाघहरं प्रसिद्धम् ।
स जानकीजानिरनन्ददाता कृपाकटाक्षं मयि संविदध्यात् ॥ ५ ॥

जिनका स्वरूप अद्भुत एवं अनुपम शोभाशाली है और जिनका नाम सम्पूर्ण पापसमूहोंका विनाश करनेके लिये विख्यात है, वे आनन्ददाता जानकी-जीवन श्रीरामचन्द्रजी मुझपर अपनी कृपादृष्टि डालें ।

कारुण्यरूपा सुषमैकमूर्तिः क्षमाद्वितीया श्रुतिगीतकीर्तिः ।
यद्वल्लभा दीनपरायणासौ कृपाकटाक्षं मयि संविदध्यात् ॥ ६ ॥

जो करुणाकी मूर्ति, सौन्दर्यकी अनुपम प्रतिमा, अद्वितीय क्षमाशालिनी और दीनोंपर कृपा करनेवाली हैं तथा श्रुतियाँ जिनकी कीर्तिका गान करती हैं, वे (सीताजी) जिनकी प्राणवल्लभा हैं, ऐसे श्रीरामचन्द्रजी मुझपर अपनी कृपादृष्टि डालें ।

भक्तानुकारी प्रणतानुसारी कल्याणकारी जनदुःखहारी ।
रामोऽभिरामो भगवानघारिः कृपाकटाक्षं मयि संविदध्यात् ॥ ७ ॥

जो भक्तोंका अनुकरण करनेवाले, शरणापन्न भक्तोंके पीछे-पीछे चलनेवाले, कल्याणकारक, स्वजनोंके दुःखहर्ता और पापोंके शत्रु हैं, वे नयनाभिराम भगवान् श्रीराम मुझपर अपनी कृपादृष्टि डालें ।

यस्मात्समो नास्त्यधिकः कुतोऽन्यो गुणेषु शक्तौ न च बुद्धियोगे ।
स सर्वधर्माचरणैर्विहीने कृपाकटाक्षं मयि संविदध्यात् ॥ ८ ॥

जब गुण, बुद्धि और शक्तिमें उनकी समताका कोई अन्य है ही नहीं, तब उनसे अधिक कैसे हो सकता है, वे श्रीरामचन्द्रजी समस्त धर्माचरणोंसे हीन मुझपर अपनी कृपादृष्टि डालें ।

श्रीजानकीकृपाकटाक्षस्तोत्र

(रचयिता – श्रीरामस्नेहिदासजी महाराज 'साकेत')

विहाय धामवैभवं सुखं चिदात्मकं परं
प्रदित्सया शरीरिणां यया निजानुकम्पया ।
नृलोकमासदत्यहो तयावलम्बवर्जितं
कदा करिष्यसीह मां कृपाकटाक्षभाजनम् ॥ १ ॥

अहो ! जो अपनी जिस अनुकम्पासे (द्रवित हो) सम्पूर्ण शरीरधारियोंको चिदात्मक परम सुख प्रदान करनेकी इच्छासे अपने धाम-वैभवका परित्याग कर मनुष्यलोकमें आती हैं अर्थात् अवतीर्ण होती हैं, उस अनुकम्पाके आश्रयसे रहित मुझे वे (श्रीसीताजी) इस लोकमें अपने कृपा-कटाक्षका पात्र कब बनायेंगी !

उपासिताङ्घ्रिपङ्कजे जितेन्द्रियात्मसत्तमै-
र्विदेहराजवल्लभापरानुरागलालिते ।
निरस्तसर्वसाधनं त्वदङ्घ्रिमूलमागतं
कदा करिष्यसीह मां कृपाकटाक्षभाजनम् ॥ २ ॥

जितेन्द्रिय महापुरुषोंद्वारा जिनके चरणारविन्दोंकी उपासना की गयी है तथा विदेहराज जनककी धर्मपत्नी—नयनाजीके द्वारा जिनका अत्यन्त स्नेहसे लालन-पालन किया गया है, वे जानकीजी अपने चरणकमलोंकी शरणमें आये हुए सम्पूर्ण साधनोंसे हीन मुझ (बालकको) इस लोकमें अपने कृपाकटाक्षका पात्र कब बनायेंगी !

चराचरात्मकं जगद्यदीययाल्पलीलया
सदैव सृज्यते तथानुपाल्यते विलीयते ।
जगन्मृषासुखेच्छया चिरात्मनः पराङ्मुखं
कदा करिष्यसीह मां कृपाकटाक्षभाजनम् ॥ ३ ॥

जिनकी स्वल्प लीलाद्वारा सदैव चराचरात्मक जगत्का सर्जन, अनुपालन और विलयन होता है, वे (श्रीसीताजी) जगत्के मिथ्या सुखोंकी इच्छाके वशीभूत हो अविनाशी परमात्मासे विमुख मुझ दीनको इस लोकमें अपने कृपाकटाक्षका पात्र कब बनायेंगी !

अखण्डभूतिसौभगप्रभुत्वबोधसागरे
यशोनिधिः सुखाम्बुधिस्त्वमेव दीनवत्सले ।
गतोपमा निरुत्तमा गतिः समस्तदेहिनां
कदा करिष्यसीह मां कृपाकटाक्षभाजनम् ॥ ४ ॥

हे अखण्ड ऐश्वर्य, सौभाग्य, प्रभुत्व और बोधकी समुद्ररूपा दीनवत्सले ! आप ही यशकी निधि, सुखार्णव, समस्त प्राणधारियोंकी आश्रय, अनुपम एवं सर्वश्रेष्ठ हैं, आप मुझे इस लोकमें अपने कृपाकटाक्षका पात्र कब बनायेंगी !

अनन्तकालतो गता स्मृतिस्तवामृतोपमा
तयोज्झितैः सुधा विषं विषं सुधा प्रतीयते।
त्वमेव सर्वदेहिनां पराम्बिकेति कथ्यसे
कदा करिष्यसीह मां कृपाकटाक्षभाजनम् ॥ ५ ॥

अनन्तकालसे (जिनके हृदयसे) आपकी अमृतोपम स्मृति नष्ट हो गयी है, उन स्मृतिहीन प्राणियोंको अमृत (पारमार्थिक सुख) विष और विष (सांसारिक सुख) अमृतके समान प्रतीत होता है, परंतु आप तो समस्त देहधारियोंकी पराम्बा कही जाती हैं, आप मुझे इस लोकमें अपने कृपाकटाक्षका पात्र कब बनायेंगी !

त्वदंशसम्भवाश्चतुर्मुखत्रिलोचनादयो
जगत्प्रधाननायकाः सदा निदेशपालकाः।
असुप्रिया त्वमेव तत्प्रियस्य पङ्कजेक्षणे
कदा करिष्यसीह मां कृपाकटाक्षभाजनम् ॥ ६ ॥

कमलनयनी माँ सीते ! ब्रह्मा और शंकर आदि जगत्के प्रधान नायक आपके अंशसे उत्पन्न हुए हैं और सदा आपकी आज्ञाका पालन करते हैं, उन देवगणके प्रिय श्रीरामकी प्राणप्रियतमा आप ही हैं। आप इस लोकमें मुझे अपने कृपाकटाक्षका पात्र कब बनायेंगी !

दयावती क्षमावती भवादृशी धरासुते
न काप्यभूज्जगत्त्रये न कर्हिचिद्भविष्यति।
विनिश्चयस्य सिद्धये हृदिस्थितस्य सन्नुते
कदा करिष्यसीह मां कृपाकटाक्षभाजनम् ॥ ७ ॥

हे धरणिसुते ! त्रिलोकीमें आपके समान दयामयी एवं क्षमाशीला आजतक न कोई हुई है और न कभी भविष्यमें होगी। भगवती सीते ! सत्पुरुष हृदयस्थित विनिश्चयकी सिद्धिके लिये आपकी स्तुति करते हैं। आप मुझे इस लोकमें अपने कृपाकटाक्षका पात्र कब बनायेंगी !

न मत्समौघसागरो भवादृशी क्षमानिधि-
र्न नास्तिको ममोपमो न पात्रमस्ति धिक्कृतेः।
अनन्तदोषविग्रहो न साम्यमेति जातु मे
कदा करिष्यसीह मां कृपाकटाक्षभाजनम् ॥ ८ ॥

(इस संसारमें) मेरे समान पापोंका भण्डार दूसरा कोई नहीं है, न कोई तिरस्कारका पात्र है और न मुझ-जैसा कोई नास्तिक ही है। मैं केवल अनन्त दोषोंकी मूर्ति हूँ। (इस विषयमें) कोई कभी भी मेरी समता नहीं कर सकता, परंतु आपके समान क्षमा करनेवाला भी तो दूसरा कोई नहीं है, (माँ !) आप मुझे इस लोकमें अपने कृपाकटाक्षका पात्र कब बनायेंगी !

श्रीकृष्णाष्टक

भजे व्रजैकमण्डनं समस्तपापखण्डनं
स्वभक्तचित्तरञ्जनं सदैव नन्दनन्दनम् ।
सुपिच्छगुच्छमस्तकं सुनादवेणुहस्तकं
अनङ्गरङ्गसागरं नमामि कृष्णनागरम् ॥ १ ॥

व्रज-भूमिके एकमात्र आभूषण, समस्त पापोंको नष्ट करनेवाले तथा अपने भक्तोंके चित्तोंको आनन्दित करनेवाले नन्दनन्दनको मैं सर्वदा भजता हूँ। जिनके मस्तकपर मनोहर मोर-पंखका मुकुट है, हाथोंमें सुरीली बाँसुरी है तथा जो प्रेम-तरङ्गके सागर हैं, उन नटनागर श्रीकृष्णचन्द्रको मैं नमस्कार करता हूँ।

मनोजगर्वमोचनं विशाललोललोचनं
विधूतगोपशोचनं नमामि पद्मलोचनम् ।
करारविन्दभूधरं स्मितावलोकसुन्दरं
महेन्द्रमानदारणं नमामि कृष्णवारणम् ॥ २ ॥

कामदेवका मान-मर्दन करनेवाले, बड़े-बड़े सुन्दर चञ्चल नेत्रोंवाले तथा व्रजगोपोंका शोक हरनेवाले कमलनयन भगवान्‌को मैं नमस्कार करता हूँ। जिन्होंने अपने करकमलोंपर गिरिराजको धारण किया था तथा जिनकी मुसकान और चितवन अत्यन्त मनोहर है, देवराज इन्द्रका मान-मर्दन करनेवाले उन श्रीकृष्णरूप गजराजको मैं नमस्कार करता हूँ।

कदम्बसूनुकुण्डलं सुचारुगण्डमण्डलं
व्रजाङ्गनैकवल्लभं नमामि कृष्णदुर्लभम् ।
यशोदया समोदया सगोपया सनन्दया
युतं सुखैकदायकं नमामि गोपनायकम् ॥ ३ ॥

जिनके कानोंमें कदम्ब-पुष्पोंके कुण्डल हैं, परम सुन्दर कपोल हैं तथा व्रजबालाओंके जो एकमात्र प्राणाधार हैं, उन दुर्लभ श्रीकृष्णचन्द्रको मैं नमस्कार करता हूँ। जो गोपगण और नन्दजीके सहित अतिप्रसन्ना यशोदाजीसे युक्त हैं और एकमात्र आनन्ददायक हैं, उन गोपनायक गोपालको मैं नमस्कार करता हूँ।

सदैव पादपङ्कजं मदीयमानसे निजं
दधानमुत्तमालकं नमामि नन्दबालकम् ।
समस्तदोषशोषणं समस्तलोकपोषणं
समस्तगोपमानसं नमामि नन्दलालसम् ॥ ४ ॥

जिन्होंने अपने चरणकमलोंको मेरे मनरूप सरोवरमें स्थापित कर रखा है, उन अति सुन्दर अलकोंवाले नन्दकुमारको मैं नमस्कार करता हूँ। जो समस्त दोषोंको दूर करनेवाले, समस्त लोकोंका पालन-पोषण करनेवाले और समस्त व्रजगोपोंके हृदय हैं, उन नन्दजीकी लालसारूप श्रीकृष्णचन्द्रको मैं नमस्कार करता हूँ।

भुवो भरावतारकं भवाब्धिकर्णधारकं
यशोमतीकिशोरकं नमामि चित्तचोरकम् ।
दृगन्तकान्तभङ्गिनं सदासदालिसङ्गिनं
दिने दिने नवं नवं नमामि नन्दसम्भवम् ॥ ५ ॥

जो भूमिका भार उतारनेवाले, संसार-सागरके कर्णधार और चित्तको चुरानेवाले हैं, उन यशोदाकुमारको मैं नमस्कार करता हूँ। अति कमनीय कटाक्षवाले, दिव्य सखियोंद्वारा निरन्तर सेवित, नित्य नूतन नन्दकुमारको मैं नमस्कार करता हूँ।

गुणाकरं सुखाकरं कृपाकरं कृपावरं
सुरद्विषन्निकन्दनं नमामि गोपनन्दनम् ।
नवीनगोपनागरं नवीनकेलिलम्पटं
नमामि मेघसुन्दरं तडित्प्रभालसत्पटम् ॥ ६ ॥

जो गुणोंके भण्डार, सुखके सागर, कृपानिधान और देव-शत्रुओंको ध्वस्त करनेवाले हैं, उन कृपालु गोपालको मैं नमस्कार करता हूँ। जिनकी शरीर-कान्ति श्याम मेघकी-सी है और उसपर बिजलीकी-सी आभावाला अत्यन्त सुन्दर पीताम्बर फहरा रहा है, उन नित्य नूतन लीलाविहारी, नटनागर गोपालको मैं नमस्कार करता हूँ।

समस्तगोपनन्दनं हृदम्बुजैकमोदनं
नमामि कुञ्जमध्यगं प्रसन्नभानुशोभनम् ।
निकामकामदायकं दृगन्तचारुसायकं
रसालवेणुगायकं नमामि कुञ्जनायकम् ॥ ७ ॥

जो समस्त गोपोंको आनन्दित करनेवाले, हृदयकमलको विकसित करनेवाले और देदीप्यमान सूर्यके समान शोभायमान हैं, उन कुञ्जमध्यवर्ती श्यामसुन्दरको मैं नमस्कार करता हूँ। जो कामनाओंको भलीभाँति पूर्ण करनेवाले हैं और जिनकी चारु चितवन बाणके समान बींधनेवाली है, सुमधुर वेणु बजाकर गान करनेवाले उन कुञ्जनायकको मैं नमस्कार करता हूँ।

विदग्धगोपिकामनोमनोज्ञतल्पशायिनं
नमामि कुञ्जकानने प्रवृद्धवह्निपायिनम् ।
किशोरिकान्तिरञ्जितं दृगञ्जनं सुशोभितं
गजेन्द्रमोक्षकारिणं नमामि श्रीविहारिणम् ॥ ८ ॥

जो चतुर गोपिकाओंके मनरूप सुकोमल शय्यापर शयन करनेवाले तथा कुञ्जवनमें बढ़ती हुई दवाग्निको पान कर जानेवाले हैं, उन श्रीकृष्णचन्द्रको मैं नमस्कार करता हूँ। श्रीवृषभानुकिशोरीकी अङ्ग-कान्तिसे जिनके अङ्ग झलक रहे हैं, जिनके नेत्रोंमें अञ्जन शोभा दे रहा है, गजराजको मोक्ष देनेवाले तथा श्रीजीके साथ विहार करनेवाले (श्रीकृष्णचन्द्र) को मैं नमस्कार करता हूँ।

यदा तदा यथा तथा तथैव कृष्णसत्कथा
मया सदैव गीयतां तथा कृपा विधीयताम् ।
प्रमाणिकाष्टकद्वयं जपत्यधीत्य यः पुमान्
भवेत्स नन्दनन्दने भवे भवे सुभक्तिमान् ॥ ९ ॥

मुझपर ऐसी कृपा हो कि जब-तब मैं जैसी भी परिस्थितिमें रहूँ, सदा श्रीकृष्णचन्द्रकी सत्कथाओंका गान करूँ। जो पुरुष इस द्वयष्टक प्रमाणिका छन्द (स्तोत्र) का पाठ या जप करेगा, वह जन्म-जन्ममें नन्दनन्दन श्यामसुन्दरकी भक्तिसे युक्त होगा।

॥ इति श्रीमदाचार्यशंकराचार्यकृतं श्रीकृष्णाष्टकं सम्पूर्णम् ॥

श्रीराधाकृपाकटाक्षस्तोत्र

मुनीन्द्रवृन्दवन्दिते त्रिलोकशोकहारिणि
प्रसन्नवक्त्रपङ्कजे निकुञ्जभूविलासिनि ।
व्रजेन्द्रभानुनन्दिनि व्रजेन्द्रसूनुसङ्गते
कदा करिष्यसीह मां कृपाकटाक्षभाजनम् ॥ १ ॥

राजा वृषभानुकी लाड़िली श्रीराधिके ! मुनीन्द्र-वृन्द आपके चरणोंकी वन्दना करते हैं, आप तीनों लोकोंका शोक दूर करनेवाली हैं, आपका मुखकमल सदा प्रफुल्लित रहता है, आप निकुञ्ज-भवनमें विलास करनेवाली और श्रीव्रजराजकुमारकी सङ्गिनी हैं, आप मुझे इस लोकमें अपने कृपाकटाक्षका पात्र कब बनायेंगी !

अशोकवृक्षवल्लरीवितानमण्डपस्थिते
प्रवालवालपल्लवप्रभारुणाङ्घ्रिकोमले ।
वराभयस्फुरत्करे प्रभूतसम्पदालये
कदा करिष्यसीह मां कृपाकटाक्षभाजनम् ॥ २ ॥

अपार ऐश्वर्यकी भण्डार श्रीराधिके ! आप अशोकवृक्षकी लताओंके वितानसे सुशोभित मण्डपमें विराजमान रहती हैं, आपके कोमल चरण मूँगे तथा नवीन लाल-लाल पल्लवोंके सदृश अरुण वर्णके हैं, आपके वरद हस्त सदा अभय दान देनेके लिये उद्यत रहते हैं, आप मुझे इस लोकमें अपने कृपाकटाक्षका पात्र कब बनायेंगी !

अनङ्गरङ्गमङ्गलप्रसङ्गभङ्गुरभ्रुवां
सुविभ्रमैः ससम्भ्रमैर्दृगन्तबाणपातनैः ।
निरन्तरं वशीकृतप्रतीतनन्दनन्दने
कदा करिष्यसीह मां कृपाकटाक्षभाजनम् ॥ ३ ॥

प्रेम-क्रीड़ाके रङ्ग-मञ्चपर मङ्गलमय प्रसङ्गमें बाँकी भृकुटियोंके साथ सहसा परम विस्मयकारक कटाक्षरूप बाणोंकी वर्षासे श्रीनन्दनन्दनको विश्वासपूर्वक निरन्तर वशमें कर लेनेवाली श्रीराधिके ! आप मुझे इस लोकमें अपने कृपाकटाक्षका पात्र कब बनायेंगी !

तडित्सुवर्णचम्पकप्रदीप्तगौरविग्रहे
मुखप्रभापरास्तकोटिशारदेन्दुमण्डले ।
विचित्रचित्रसंचरच्चकोरशावलोचने
कदा करिष्यसीह मां कृपाकटाक्षभाजनम् ॥ ४ ॥

श्रीराधिके ! आपका श्रीविग्रह बिजली, स्वर्ण तथा चम्पाके पुष्पके समान सुनहली कान्तिसे देदीप्यमान गौर वर्णका है, आपके मुखकी प्रभा करोड़ों शारदीय चन्द्र-मण्डलोंको परास्त करनेवाली है, आपके नेत्र चञ्चल चकोर-शावकके समान विचित्र भावभङ्गिमासे संचरित होते हैं, आप मुझे इस लोकमें अपने कृपाकटाक्षका पात्र कब बनायेंगी !

मदोन्मदातियौवने प्रमोदमानमण्डिते
प्रियानुरागरञ्जिते कलाविलासपण्डिते ।
अनन्यधन्यकुञ्जराजकामकेलिकोविदे
कदा करिष्यसीह मां कृपाकटाक्षभाजनम् ॥ ५ ॥

प्रियतमके अनुरागमें अनुरक्त श्रीराधिके ! आप अपने अपूर्व रूप-यौवनके मदमें मत्त, प्रमोदमय मानसे विभूषित, क्रीडाकलामें कुशल और सर्वातिशय महिमाशाली कुञ्जराज श्रीकृष्णकी प्रेम-क्रीडाओंको जाननेवाली हैं, आप मुझे इस लोकमें अपने कृपाकटाक्षका अधिकारी कब बनायेंगी !

अशेषहावभावधीरहीरहारभूषिते
प्रभूतशातकुम्भकुम्भकुम्भिकुम्भसुस्तनि ।
प्रशस्तमन्दहास्यचूर्णपूर्णसौख्यसागरे
कदा करिष्यसीह मां कृपाकटाक्षभाजनम् ॥ ६ ॥

अनन्त हाव-भाव, धीरता और रत्नहारसे विभूषिता श्रीराधिके ! आपके उरोज सुवर्ण-कलश तथा हस्ति-कुम्भके समान उन्नत एवं सुन्दर हैं तथा आपका प्रशस्त मन्द-हास्य तरंगोंसे परिपूर्ण आनन्दसिन्धुके समान है, आप मुझे इस लोकमें अपने कृपाकटाक्षका पात्र कब बनायेंगी !

मृणालबालवल्लरीतरङ्गरङ्गदोर्लते
लताग्रलास्यलोललीललोचनावलोकने ।
ललल्लुलम्मिलन्मनोज्ञमुग्धमोहनाश्रये
कदा करिष्यसीह मां कृपाकटाक्षभाजनम् ॥ ७ ॥

श्रीराधिके ! आपकी भुजाएँ जल-तरङ्गोंके द्वारा प्रकम्पित नव-कमल-नालके समान कोमल हैं, आप लताओंके हिलते हुए अग्रभागके सदृश चञ्चल रतनारे नेत्रोंसे अवलोकन करती हैं और प्रलुब्ध होकर मिलनकी आकाङ्क्षासे ललचाये हुए पीछे-पीछे फिरनेवाले मनोज्ञ मनमोहनकी आश्रय-प्रदायिका हैं, आप मुझे इस लोकमें अपने कृपाकटाक्षका अधिकारी कब बनायेंगी

सुवर्णमालिकाञ्चिते त्रिरेखकम्बुकण्ठगे
त्रिसूत्रमङ्गलीगुणत्रिरत्नदीप्तिदीधिते ।
सलोलनीलकुन्तले प्रसूनगुच्छगुम्फिते
कदा करिष्यसीह मां कृपाकटाक्षभाजनम् ॥ ८ ॥

श्रीराधिके ! आपका कण्ठ सुवर्णमालाओंसे अलंकृत एवं त्रिरेखाङ्कित शङ्खके समान है और उसमें बँधे हुए माङ्गलिक त्रिसूत्र और त्रिरत्नोंकी प्रभासे उद्दीप्त हो रहा है । आपके हिलते काले घुँघराले केशोंमें सुन्दर पुष्पगुच्छ गुँथे हुए हैं, आप मुझे इस लोकमें अपने कृपाकटाक्षका पात्र कब बनायेंगी !

नितम्बबिम्बलम्बमानपुष्पमेखलागुण-
प्रशस्तरत्नकिङ्किणीकलापमध्यमञ्जुले ।
करीन्द्रशुण्डदण्डिकावरोहसौभगोरुके
कदा करिष्यसीह मां कृपाकटाक्षभाजनम् ॥ ९ ॥